यत् । ते॒ । का॒म॒ । शर्म॑ । त्रि॒-वरू॑थम् । उ॒त्-भु । ब्रह्म॑ । वर्म॑ । वि-त॑तम् । अ॒न॒ति॒-व्या॒ध्य॑म् । कृ॒तम् ॥ तेन॑ । स॒-पत्ना॑न् । परि॑ । वृ॒ङ्ग्धि॒ । ये । मम॑ । परि॑ । ए॒ना॒न् । प्रा॒णः । प॒शव॑ः । जीव॑नम् । वृ॒ण॒क्तु॒ ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(काम) हे कामना योग्य [जगदीश्वर !] (यत्) जो (ते) तेरा (शर्म) सुखप्रद, (त्रिवरूथम्) तीन [शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक] रक्षा वाला, (उद्भु) बलवान्, (ब्रह्म) वेद (विततम्) फैला हुआ, (अनतिव्याध्यम्) न कभी छेदने योग्य (वर्म) कवच (कृतम्) बना है। (तेन) उस [वेद] से (सपत्नान्) उन बैरियों को (परि वृङ्ग्धि) हटा दे। (ये) जो (मम) मेरे [शत्रु हैं], (एनान्) उन [शत्रुओं] को (प्राणः) प्राण, (पशवः) सब जीव और (जीवनम्) जीवनवृत्ति (परिवृणक्तु) छोड़ देवे ॥ १६

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की आज्ञा मानकर शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करके सब शत्रुओं को निर्बल करें ॥ १६ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध कुछ भेद में म० ५ में आ चुका है ॥

परमेश्वरः (द्रविणेन) बलेन—निघ० । २ । ९ (तेजसा) प्रतापेन (नीचैः) (सपत्नान्) (नुदताम्) प्रेरयतु (मे) मम (सहस्वान्) बलवान् ॥

१६—(यत्) (ते) तव (काम) (शर्म) सुखम्-निघ० ३ । ६ । सुखकरम् (त्रिवरूथम्) अ० ८ । ५ । २० । त्रीणि शारीरिकात्मिकसामाजिकानि वरूथानि रक्षणानि यस्मिन् तत् । (उद्भु) भू–डु । प्रभु । समर्थम् (ब्रह्म) वेदः (वर्म) कवचम् (विततम्) विस्तृतम् (अनतिव्याध्यम्) व्यध ताडने-ण्यत् । नैव छेदनीयम् (कृतम्) सम्पादितम् (तेन) ब्रह्मणा । अन्यत् पूर्ववत्–म० ५ ॥

येन॑ दे॒वा असु॑रा॒न् प्राणु॑दन्त॒ येनेन्द्रो॒ दस्यू॑नध॒मं तमो॑ नि॒नाय॑। तेन॒ त्वं का॑म॒ मम॒ ये स॒पत्ना॒स्तान॒स्मा-ल्लो॒कात् प्र णु॑दस्व दू॒रम् ॥ १७ ॥

येन॑। दे॒वाः। असु॑रान्। प्र-अनु॑दन्त। येन॑। इन्द्रः॑। दस्यू॑न्। अ॒ध॒मम्। तमः॑। नि॒नाय॑ ॥ तेन॑। त्वम्। का॒म॒। मम॑। ये। स॒-पत्नाः॑। तान्। अ॒स्मात्। लो॒कात्। प्र। नु॒द॒स्व॒। दू॒रम् ॥१७॥

भाषार्थ—(येन) जिस [उपाय] से (देवाः) विजयी लोगों ने (असुरान्) असुरों [विद्वानों के विरोधियों] को (प्राणुदन्त) निकाल दिया है, (येन) जिस [यत्न] से (इन्द्रः) महाप्रतापी पुरुष ने (दस्यून्) डाकुओं को (अधमम् तमः) नीचे अन्धकार में (निनाय) पहुंचाया था। (काम) हे कामना योग्य [परमेश्वर] (त्वम्) तू (मम) मेरे (ये) जो (सपत्नाः) शत्रु हैं, (तेन) उसी [उपाय] से (तान्) उनको (अस्मात् लोकात्) इस स्थान से (दूरम्) दूर (प्र णुदस्व) निकाल दे ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि परमेश्वर के ज्ञान रखनेवाले पूर्वज विद्वानों और वीरों के समान उपाय करके दुराचारियों का नाश करें ॥ १७ ॥

यथा॑ दे॒वा असु॑रा॒न् प्राणु॑दन्त॒ यथेन्द्रो॒ दस्यू॑नध॒मं तमो॑ बबा॒धे। तथा॒ त्वं का॑म॒ मम॒ ये स॒पत्ना॒स्तान॒स्मा-ल्लो॒कात् प्र णु॑दस्व दू॒रम् ॥ १८ ॥

यथा॑। दे॒वाः। असु॑रान्। प्र-अनु॑दन्त। यथा॑। इन्द्रः॑। द॒-स्यू॑न्। अ॒ध॒मम्। तमः॑। ब॒बा॒धे ॥ तथा॑। त्वम्। का॒म॒। मम॑। ये।

१७—(येन) प्रयत्नेन (देवाः) विजिगीषवः (असुरान्) सुरविरोधिनो दुष्टान् (प्राणुदन्तः) प्रेरितवन्तः (येन) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (दस्यून्) अ० २। १४। ५। चोरादीन् (अधमम्) कुत्सितम् (तमः) अन्धकारम् (निनाय) प्रापितवान् (तेन) उपायेन (अस्मात्) दृश्यमानात् (लोकात्) स्थानात् (प्रणुदस्व) बहिष्कुरु। अन्यद् गतम् ॥

सु-पत्नाः। तान् । अस्मात् । लोकात् । प्र। नुदस्व । दूरम् ॥१८

भाषार्थ—(यथा) जैसे (देवाः) व्यवहार कुशल लोगों ने (असुरान्) असुरों [विद्वानों के विरोधियों] को (प्राणुदन्त) निकाल दिया है, (यथा) जैसे (इन्द्रः) महाप्रतापी पुरुष ने (दस्यून्) डाकुओं को (अधमम् तमः) नीचे अन्धकार में (बबाधे) रोका था। (काम) हे कामना योग्य [परमेश्वर !] (त्वम्) तू (मम ये सपत्नाः) मेरे जो शत्रु हैं, (तथा) वैसे ही (तान्) उनको (अस्मात् लोकात्) इस स्थान से (दूरम्) दूर (प्र णुदस्व) निकाल दे ॥१८॥

भावार्थ—मनुष्य सर्वदा परमेश्वर का आश्रय लेकर यथावत् व्यवहारों को समझ कर दुष्कर्मियों का नाश करें ॥ १८ ॥

कामो जज्ञे प्रथमो नैनं देवा आपुः पितरो न मर्त्याः। ततस्त्वमसि ज्यायान् विश्वहा महांस्तस्मै ते काम नम इत् कृणोमि ॥ १९ ॥

कामः। जज्ञे । प्रथमः । न । एनम् । देवाः । आपुः । पितरः । न । मर्त्याः ॥ ततः । त्वम् । असि । ज्यायान् । विश्वहा । महान् । तस्मै । ते । काम । नमः । इत् । कृणोमि । १९ ।

भाषार्थ—(कामः) कामना योग्य [परमेश्वर] (प्रथमः) पहिले ही पहिले [होकर] (जज्ञे) प्रकट हुआ, (एनम्) इसको (न) न तो (पितरः) पालन शील (देवाः) चलने वाले लोकों [पृथिवी, सूर्य आदि] और (न) न (मर्त्याः) मनुष्यों ने (आपुः) पाया। (ततः) उससे (त्वम्) तू (ज्यायान्) अधिक बड़ा, (विश्वहा) सब प्रकार (महान्) महान् [पूजनीय] (असि)

१८—(यथा) येन प्रकारेण (देवाः) व्यवहारकुशलाः (बबाधे) बाधितवान्। निरुद्धवान् (तथा) तेन प्रकारेण। अन्यत् पूर्ववत्—म० ॥ १७ ॥ १८ ॥

१९—(कामः) कमनीयः परमेश्वरः (जज्ञे) प्रादुर्बभूव (प्रथमः) सृष्टेः प्राग् वर्तमानः (न) निषेधे (एनम्) परमेश्वरम् (देवाः) गतिमन्तो लोकाः पृथिवीसूर्यादयः (आपुः) प्राप्तवन्तः (पितरः) रक्षितारः (न) (मर्त्याः) मनुष्याः (ततः) तस्मात् कारणात् (त्वम्) (असि) (ज्यायान्) वृद्ध—ईयसुन्।

है, (तस्मै ते) उस तुझको (इत्) ही, (काम) हे कामना योग्य [परमेश्वर!] (नमः) नमस्कार (कृणोमि) करता हूं ॥ १६ ॥

भावार्थ—जो परमेश्वर अनादि, अनुपम, सर्वशक्तिमान् है, उसी की प्रार्थना उपासना सब मनुष्य करें ॥ १६ ॥

यावती द्यावापृथिवी वरिम्णा यावदापः सिष्यदुर्यावदग्निः । ततस्त्वम् ० ॥ २० ॥ (४)

यावती इति । द्यावापृथिवी इति । वरिम्णा । यावत् । आपः । सिस्यदुः । यावत् । अग्निः ॥ ० ॥ २० ॥ (४)

भाषार्थ—(यावती) जितने कुछ (द्यावापृथिवी) सूर्य और भूलोक (वरिम्णा) अपने फैलाव से हैं, (यावत्) जहां तक (आपः) जल धारायें (सिस्यदुः) बही हैं और (यावत्) जितना कुछ (अग्निः) अग्नि वा बिजुली है । (ततः) उससे (त्वम्) तू......म० १६ ॥ २० ॥

भावार्थ—सूर्य, पृथिवी आदि पदार्थों का उत्पन्न करने वाला और जानने वाला परमेश्वर ही है ॥ २० ॥

यावतीर्दिशः प्रदिशो विषूचीर्यावतीराशा अभिचक्षणा दिवः । ततस्त्वम् ० ॥ २१ ॥

यावतीः । दिशः । प्र-दिशः । विषूचीः । यावतीः । आशाः । अभि-चक्षणाः । दिवः ॥ ० ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(यावतीः) जितनी बड़ी (विषूचीः) फैली हुई (दिशः)

वृद्धतरः (विश्वहा) विश्वधा । सर्वथा (महान्) पूजनीयः (तस्मै) तथाविधाय (ते) तुभ्यम् (काम) (नमः) सत्कारम् (इत्) एव (कृणोमि) करोमि ॥

२०—(यावती) यावत्यौ । यत्प्रमाणे (द्यावापृथिवी) सूर्यभूलोकौ (वरिम्णा) अ० ४ । ६ । २ । विस्तारेण (यावत्) यत्प्रमाणम् (आपः) जलधाराः (सिस्यदुः) स्यन्दू प्रस्रवणे—लिटि छान्दसं रूपम् । सस्यन्दिरे (यावत्) (अग्निः) पावकः । विद्युत् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२१—(यावतीः) यत्प्रमाणाः (दिशः) पूर्वादयः (प्रदिशः) अन्तर्दिशाः

दिशायें और (प्रदिशः) मध्य दिशायें, और (यावतीः) जितनी बड़ी (आशाः) सब भूमि और (दिवः) आकाश के (अभिचक्षणाः) दृश्य हैं। (ततः) उस से (त्वम्) तू......म० १६ ॥ २१ ॥

भावार्थ—परमेश्वर सब दिशाओं और सब दृश्योंकी सीमा से बाहिर है॥२१

यावतीर्भृङ्गा जत्वः कुरूरवो यावतीर्वघा वृक्षसर्प्यो बभूवुः। ततस्त्वम् ०॥ २२॥

यावतीः। भृङ्गाः। जत्वः। कुरूरवः। यावतीः। वघाः। वृक्ष-सर्प्यः। बभूवुः। ०॥ २२॥

भाषार्थ—(यावतीः) जितनी (कुरूरवः) कुत्सित ध्वनि वाली (भृङ्गाः) भ्रमरी आदि और (जत्वः) चिमगादड़ आदि और (यावतीः) जितनी (वघाः) टिड्डी आदि और (वृक्षसर्प्यः) वृक्षों पर रेंगने वाली [कीटादि पङ्क्तियां] (बभूवुः) हुई हैं (ततः) उस से (त्वम्) तू...म०१६॥२२

भावार्थ—वह परमात्मा छोटे छोटे जीवों की पहुंच से भी बाहर है ॥ २२ ॥

ज्यायान् निमिषतोऽसि तिष्ठतो ज्यायान्त्समुद्रादसि

(विषूचीः) अ० १। १६। १। सर्वत्रव्यापिकाः (आशाः) आ + अशू व्याप्तौ–अच्। दिशाः। तत्रत्या देशाः (अभिचक्षणाः) चक्षिङ् दर्शने–ल्यु। दृश्यानि। अन्यत् पूर्ववत् ॥

२२—(भृङ्गाः) भृञः किन्नुट् च। उ० १। १२५। डु भृञ् भरणे–गन्, कित् नुट् च। भ्रमर्यः (जत्वः) फलिपाटिनमि०। उ० १। १८। जनी प्रादुर्भावे–ड, नस्य तः। जतुकाः। निशाचरपक्षिविशेषाः (कुरूरवः) रुशातिभ्यां क्रुन्। उ० ४। १०३। कु + रु शब्दे—क्रुन्, छान्दसो दीर्घः। कुत्सितध्वनयः (वघाः) अ० ६। ५०। ३। अन्येष्वपि दृश्यते। पा० ३। २। १०१। अव + हन हिंसागत्योः–ड, टाप्। वष्टि भागुरिरल्लोपम्–अवशब्दस्य अलोपः। अवहननशीलाः कीटादयः (वृक्षसर्प्यः) वृक्षेषु सर्पणशीला जन्तुपङ्क्तयः (बभूवुः) अन्यत् पूर्ववत् ॥

काम मन्यो । ततस्त्वम्० ॥ २३ ॥

ज्यायान् । नि-मिषतः । असि । तिष्ठतः । ज्यायान् । समु-द्रात् । असि । काम । मन्यो इति ॥ ० ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(काम) हे कामना योग्य ! (मन्यो) हे पूजनीय [परमेश्वर !] तू (निमिषतः) पलक मारने वाले [मनुष्य, पशु, पक्षी आदि] से और (तिष्ठतः) खड़े रहने वाले [वृक्ष पर्वत आदि] से (ज्यायान्) अधिक बड़ा (असि) है और (समुद्रात्) समुद्र [आकाश वा जलनिधि] से (ज्यायान्) अधिक बड़ा (असि) है । (ततः) उससे (त्वम्) तू...१९ ॥२३ ॥

भावार्थ—वह जगदीश्वर मनुष्य, पर्वत, आकाश आदि की भी सीमा में नहीं आता है ॥ २३ ॥

न वै वातश्चन काममाप्नोति नाग्निः सूर्यो नोत चन्द्रमाः । ततस्त्वमसि ज्यायान् विश्वहा महांस्तस्मै ते काम नम इत् कृणोमि ॥ २४ ॥

न । वै । वातः । चन । कामम् । आप्नोति । न । अग्निः । सूर्यः । न । उत । चन्द्रमाः ॥ ततः । त्वम् । असि । ज्यायान् । विश्वहा । महान् । तस्मै । ते । काम । नमः । इत् । कृणोमि २४

भाषार्थ—(न वै चन) न तो कोई (वातः) पवन (कामम्) कामना योग्य [परमेश्वर] को (आप्नोति) पाता है, (न) न (अग्निः) अग्नि और (सूर्य्यः) सूर्य (उत) और (न) (चद्रमाः) चन्द्रमा । (ततः) उस से (त्वम्) तू

२३–(निमिषतः) मिष स्पर्धायाम्—शतृ । चक्षुर्मुद्रणशीलात् । मनुष्य-पशुपक्षिसकाशात् (असि) (तिष्ठतः) स्थितिशीलात् । वृक्षपर्वतादिसकाशात् (समुद्रात्) अन्तरिक्षात्–निघ० १ । ३ । जलनिधेर्वा (असि) (काम) (मन्यो) यजिमनिशुन्धि० । उ० ३ । २० । मन पूजायाम्, ज्ञाने गर्वे च—युच, अनादेशो न । हे पूजनीय परमेश्वर । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२४—(न) निषेध (वै) एव (वातः) पवनः (चन) कश्चिदपि

(ज्यायान्) अधिक बड़ा (विश्वहा) सब प्रकार (महान्) महान् [पूजनीय] (असि) है, (तस्मै ते) उस तुझ को (इत्) ही, (काम) हे कामना योग्य [परमेश्वर !] (नमः) नमस्कार (कृणोमि) करता हूं ॥ २४ ॥

भावार्थ—उस परमात्मा को वायु, अग्नि, सूर्य आदि नहीं पहुंच सकते हैं, वह सब से बड़ा है ॥ २४ ॥

यास्ते॑ शि॒वास्त॒न्व॑: काम भ॒द्रा याभि॑: स॒त्यं भव॑ति॒ यद्वृ॑णी॒षे । ताभि॒ष्ट्वम॒स्माँ अ॑भि॒संवि॑शस्वा॒न्यत्र॑ पा॒पीरप॑ वेशया॒ धिय॑: ॥ २५ ॥ (५)

याः । ते॒ । शि॒वाः । त॒न्व॑: । का॒म॒ । भ॒द्राः । याभि॑: । स॒त्यम् । भव॑ति । यत् । वृ॒णी॒षे ॥ ताभि॑: । त्वम् । अ॒स्मान् । अ॒भि॒ऽसंवि॑शस्व । अ॒न्यत्र॑ । पा॒पीः । अप॑ । वे॒श॒य॒ । धिय॑: ॥२५॥ (५)

भावार्थ—(काम) हे कामना योग्य [परमेश्वर !] (ते) तेरी (याः) जो (शिवाः) मङ्गलवती और (भद्राः) कल्याणी (तन्वः) उपकार शक्तियां हैं, (याभिः) जिनसे (सत्यम्) वह सत्य (भवति) होता है (यत्) जो कुछ (वृणीषे) तू चाहता है । (ताभिः) उन [उपकार शक्तियों] से (त्वम्) तू (अस्मान्) हम लोगों में (अभिसंविशस्व) प्रवेश करता रहे, (अन्यत्र) दूसरों [पापियों] में (पापीः धियः) पाप बुद्धियों को (अप वेशय) प्रवेश करदे ॥ २५ ॥

(कामम्) कमनीयं परमेश्वरम् (आप्नोति) प्राप्नोति (न) (अग्निः) (सूर्यः) (न) (उत) अपि (चन्द्रमाः) चन्द्रः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२५—(याः) (ते) तव (शिवाः) मङ्गलवत्यः (तन्वः) भृमृशीङ्० । उ० १ । ७ । तनु श्रद्धोपकरणयोः, विस्तारे च—उप्रत्ययः, स्त्रियाम्-ऊङ् । उपकारशक्तयः (काम) हे कमनीयपरमेश्वर (भद्राः) कल्याण्यः (याभिः) उपकारशक्तिभिः (सत्यम्) यथार्थम् (भवति) (यत्) यत्किञ्चित् (वृणीषे) इच्छसि (ताभिः) तनूभिः (त्वम्) (अस्मान्) धार्मिकान् (अभिसंविशस्व) सर्वतः प्रविश (अन्यत्र) धर्मात्मभिर्भिन्नेषु (पापीः) नरकहेतुकाः (अपवेशय) प्रवेशय (धियः) बुद्धीः ॥

भावार्थ—परम उपकारी परमेश्वर अपने न्याय सामर्थ्य से धर्म्मात्माओं को पुरुषार्थ देता और दुष्टों को उनकी कुबुद्धि के कारण दण्ड देता है ॥ २५ ॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

अथ द्वितीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ३ ॥

१—३१॥ शाला देवता ॥ १—५, ८—१४, १६, १८—२०, २२—२४ अनुष्टुप्; ६ पथ्या पङ्क्तिः ७ परोष्णिक्; १५ भुरिक् शक्करी; १७ निचृत् प्रस्तारपङ्क्तिः; २१ आस्तारपङ्क्तिः; २५, ३१ प्राजापत्या बृहती; २६ साम्नीत्रिष्टुप्; २७—३० प्रतिष्ठा गायत्री ॥

शालानिर्माणविध्युपदेशः—शाला बनाने की विधि का उपदेश ॥

[इस सूक्त का मिलान अथर्व काण्ड ३ सूक्त १२ से करो]

उपमितां प्रतिमितामथो परिमितामुत ।
शालाया विश्ववाराया नद्धानि वि चृतामसि ॥ १ ॥

उप-मिताम् । प्रति-मिताम् । अथो इति । परि-मिताम् । उत ॥
शालायाः । विश्व-वारायाः । नद्धानि । वि । चृतामसि ॥१॥

भाषार्थ—(विश्ववारायाः) सब ओर द्वारों वाली वा सब श्रेष्ठ पदार्थों वाली (शालायाः) शाला की (उपमिताम्) उपमायुक्त [देखने में सराहने योग्य], (प्रतिमिताम्) प्रतिमान युक्त [जिसके आमने सामने की भीतें, द्वार, खिड़की आदि एक नाप में हों] (अथो) और भी (परिमिताम्) परिमाणयुक्त [चारों ओर से नाप कर सम चौरस की हुई] [बनावट] को [उत)

१—(उपमिताम्) माङ् माने—क । द्यतिस्यतिमास्थामित्ति किति । पा० ७ । ४ । ४० । आकारस्य इकारः । उपमायुक्ताम् प्रशंसायुक्ताम् (प्रतिमिताम्) माङ्—क । प्रतिमानयुक्ताम् । मानप्रतिमानेन सदृशीकृताम् (अथो) अपि च (परिमिताम्) माङ्—क । कृतपरिमाणाम् । सर्वतो मानेन समीकृताम् । रचनामिति शेषः (उत) अपि च (शालायाः) अ० । ३ । १२ । १ । गृहस्य (विश्व-

और (नद्धानि) बन्धनों [चिनाई, काष्ठ आदि के मेलों] को (वि चृतामसि) हम अच्छे प्रकार ग्रन्थित [बन्धन युक्त] करते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि विचार पूर्वक प्रतिकृति अर्थात् चित्र बना कर घरों को उत्तम सामग्रीसे भले प्रकार सुथरे, सुडौल, सुदृश्य, दिखनौत, और चित्तविनोदक बनावें ॥ १ ॥

यह मन्त्र स्वामिदयानन्दकृतसंस्कारविधि-गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात है ॥

इस सूक्त के संस्कार विधि में आये सब मन्त्रों का अर्थ प्रशंसित महात्मा के आधार पर किया गया है ॥

यत् ते नुद्धं विश्ववारे पाशो ग्रन्थिश्च यः कृतः ।
बृहस्पतिरिवाहं बलं वाचा वि स्रंसयामि तत् ॥ २ ॥

यत् । ते । नुद्धम् । विश्व-वारे । पाशः । ग्रन्थिः । च । यः । कृतः ॥ बृहस्पतिः-इव । अहम् । बलम् । वाचा । वि । स्रंस-यामि । तत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(विश्ववारे) हे सब उत्तम पदार्थों वाली ! (यत्) जिस कारण से (ते) तेरा (नद्धम्) बन्धन, (पाशः) जाल (च) और (ग्रन्थिः) गांठ (यः) जो (कृतः) बनाई गई है । (तत्) उसी कारण से (बृहस्पतिः इव) बड़े विद्वान् के समान (अहम्) मैं (बलम्) अन्नराशि को (वाचा) वाणी [विद्या] के साथ (वि) विशेष करके (स्रंसयामि) पहुंचाता हूं ॥ २ ॥

वारायाः) अ० ७ । २० । ४ । वृञ् वरणे—घञ् । विश्वतो वारा द्वाराणि यस्यां तस्याः । सर्वे वाराः श्रेष्ठ पदार्थाः यस्यां तस्याः । (नद्धानि) णह बन्धने—क्त । बन्धनानि (वि) विशेषेण (चृतामसि) चृती हिंसाग्रन्थनयोः । ग्रन्थयामः । बध्नीमः । दृढीकुर्मः ॥

२—(यत्) यस्मात् कारणात् (ते) तव (नद्धम्) बन्धनम् (विश्ववारे) सर्ववरणीयपदार्थयुक्ते (पाशः) जालः (ग्रन्थिः) ग्रन्थ सन्दर्भे—इन् । सन्धि-साधनम् (च) (यः) (कृतः) निष्पादितः (बृहस्पतिः) बृहत्या वेदवाचः पालकः (इव) यथा (अहम्) गृहस्थः (बलम्) बल प्राणने धान्यावरोधने च-अच् । धान्यराशिम् (वाचा) वाण्या । विद्यया सह (वि) विशेषेण (स्रंसयामि) स्रंसु अधः पतने-णिच् । प्रवेशयामि (तत्) तस्मात् कारणात् ॥

भावार्थ—मनुष्य शाला के सब अङ्गों को ठीक ठीक बना के अन्न आदि से भरपूर करें ॥ २ ॥

आ यंयाम् सं बंबर्ह ग्रन्थींश्चकार ते दृढान् ।
परूंषि विद्वाञ्छस्तेवेन्द्रेण वि चृंतामसि ॥ ३ ॥

आ । ययाम । सम् । बबर्ह । ग्रन्थीन् । चकार । ते । दृढान् ॥
परूंषि । विद्वान् । शस्ता-इव । इन्द्रेण । वि । चृतामसि ॥३॥

भाषार्थ—उस [शिल्पी] ने (ते) तेरी (ग्रन्थीन्) गाठों को (आ ययाम) फैलाया है, (सम् बबर्ह) मिलाया है और (दृढान्) दृढ़ (चकार) किया है । (परूंषि) जोड़ों को (विद्वान्) विद्वान् (शस्ता इव) चीड़ फाड़ करनेवाले [वैद्य] के समान हम लोग (इन्द्रेण) ऐश्वर्य के साथ (वि) विशेष करके (चृतामसि) बांधते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ—शिल्पी लोग सब आवश्यक सामग्री एकत्र करके घरों को दृढ़ बनावें जिस प्रकार वैद्य टूटे अवयवों को जोड़ कर दृढ़ बनाता है ॥ ३ ॥

वंशानां ते नहंनानां प्राणाहस्य तृणंस्य च ।
पक्षाणां विश्ववारे ते नद्धानि वि चृंतामसि ॥ ४ ॥

वंशानाम् । ते । नहंनानाम् । प्राणाहस्य । तृणंस्य । च ॥
पक्षाणाम् । विश्व-वारे । ते । नद्धानि । वि । चृतामसि ॥४॥

भाषार्थ—(विश्ववारे) हे सब उत्तम पदार्थों वाली ! (ते) तेरे (वंशानाम्) बांसों, (नहनानाम्) गांठों (च) और (प्राणाहस्य) बन्धन की

३—(आ ययाम) यमु उपरमे । विस्तारितवान् (सम् बबर्ह) बृह वृद्धौ संवर्द्धितवान् । संयोजितवान् (ग्रन्थीन्) सन्धीन् (चकार) कृतवान्) (ते) तव (दृढान्) कठिनान् (परूंषि) अवयवान् (विद्वान्) पण्डितः (शस्ता) शसु हिंसायाम्-तृन् । रुग्णाङ्गानां छेत्ता वैद्यः (इव) यथा (इन्द्रेण) ऐश्वर्येण (वि) विशेषेण (चृतामसि) दृढीकुर्मः ॥

४—(वंशानाम्) वश कान्तौ—अच् घञ् वा, नुम् च । वेणूनाम् (ते) तव (नहनानाम्) ग्रन्थीनाम् (प्राणाहस्य) प्र+आङ्+णह बन्धने—घञ् ।

(तृणस्य) घास के और (ते) तेरे (पक्षाणाम्) पक्खों [भीति आदि] के (नद्धानि) बन्धनों को (वि) अच्छे प्रकार (चृतामसि) हम गूथते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य घर बनाने में सब अङ्गों के जोड़ों को यथावत् दृढ़ करें ॥४॥

सं॒दं॒शानां॑ पल॒दानां॒ परि॑ष्वञ्जल्यस्य च ।

इ॒दं मान॑स्य॒ पत्न्या॑ न॒द्धानि॒ वि चृ॑तामसि ॥ ५ ॥

सम्-दं॒शानां॑म् । प॒ल॒दाना॑म् । परि-स्वञ्जल्यस्य । च॒ ॥

इ॒दम् । मान॑स्य । पत्न्याः॑ । न॒द्धानि॑ । वि । चृ॒ता॒म॒सि॒ ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (मानस्य) मान [सम्मान] की (पत्न्याः) रक्षा करनेवाली [शाला] के (संदंशानाम्) संडासियों [वा आंकड़ों] को (च) और (पलदानाम्) पल [अर्थात् सुवर्ण आदि की तोल और विघटिका मुहूर्त आदि] देने वाले [यन्त्रों] के (परिष्वञ्जल्यस्य) जोड़ के (नद्धानि) बन्धनों को (वि चृतामसि) हम भली भांति बांधते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य पदार्थ पकड़ने के साधनों और वैज्ञानिक तोल और समय जानने के यन्त्रों को अपने घरों में यथावत् बनावें ॥ ५ ॥

यानि॑ ते॒ऽन्तः शि॒क्यान्या॑बे॒धू र॒ण्याय॒ कम् । प्र ते॒ तानि॑ चृ॒तामसि शि॒वा मान॑स्य॒ पत्नी॑ न॒ उद्धि॑ता त॒न्वे॑ भव ॥६॥

यानि॑ । ते॒ । अ॒न्तः । शि॒क्यानि॑ । आ॒-बे॒धुः । र॒ण्याय॑ । कम् ॥

बन्धनसाधनस्य (तृणस्य) (च) (पक्षाणाम्) पक्ष परिग्रहे—अच् । गृहपार्श्वानाम् (विश्ववारे) हे सर्ववरणीयपदार्थयुक्ते । अन्यत् पूर्ववत् ॥

५—(संदंशानाम्) सम्+दंश दंशने—अच् । ग्रहणसाधनानां यन्त्रविशेषाणाम् (पलदानाम्) पल गतौ रक्षणे च—अप्+दा दाने-क । पलस्य सुवर्णादितोलनस्य विघटिकादिकालस्य च दातॄणां ज्ञापकानां यन्त्राणाम् (परिष्वञ्जल्यस्य) मञ्जेरलच् । उ० ५ । ७० । परि+ष्वञ्ज परिष्वङ्गे—अलच् । सख्युर्यः । पा० ५ । १ । १२६ । भावे यः । परिष्वञ्जनस्य । संयोगस्य (च) (इदम्) इदानीम् (मानस्य) मान पूजायाम्—अच् । सम्मानस्य (पत्न्याः) रक्षित्र्याः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

प्र । ते । तानि । चृतामसि । शिवा । मानस्य । पत्नी । नः । उद्धिता । तन्वे । भव ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(ते अन्तः) तेरे भीतर (यानि) जिन (शिक्यानि) छींकों को (कम्) सुख से (रण्याय) रमणीय वा सांग्रामिक कर्म के लिये (आबेधुः) उन [शिल्पियों] ने भली भांति बांधा है। (ते) तेरे लिये (तानि) उन सब को (प्र चृतामसि) हम भली भांति दृढ़ करते हैं, (मानस्य) सन्मान की (पत्नी) रक्षा करने वाली तू (नः) हमारे (तन्वे) उपकार के लिये (शिवा) कल्याणी और (उद्धिता) ऊंची उठी हुई (भव) हो ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य विज्ञानवृद्धि, मन बहलाव और युद्ध आदि के लिये कला यन्त्र आदिकों के लटकाने के लिये सुखदायक ऊंचे घर बनावें ॥ ६ ॥

हविर्धानमग्निशालं पत्नीनां सदनं सदः ।
सदो देवानामसि देवि शाले ॥ ७ ॥

हविः-धानम् । अग्नि-शालम् । पत्नीनाम् । सदनम् । सदः ॥ सदः । देवानाम् । असि । देवि । शाले ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(देवि) हे दिव्य कमनीय (शाले) शाला ! तू (हविर्धानम्) देने लेने योग्य पदार्थों [वा अन्न और हवन सामग्री] का घर, (अग्नि-

---

६—(यानि) (ते) तव (अन्तः) मध्ये (शिक्यानि) स्रंसेः शिः कुट् किच्च । उ० ५ । १६ । स्रंसु अधःपतने—यत्, कित्, कुट् च, धातोः शिः । द्रव्यरक्षार्थरज्जुमयाधारविशेषान् । काचान् (आबेधुः) बध बन्धने । समन्तात् संयोजितवन्तः (रण्याय) रमु उपरमे—यत्, मस्य णः, यद्वा, रण शब्दे—यत् रण्या...रण्यौ रमणीयौ सांग्राम्यौ वा—निरु० ६ । ३३ । रमणीयाय साङ्ग्रामिकाय वा कर्मणे (प्र) प्रकर्षेण (ते) तुभ्यम् (तानि) शिक्यानि (चृतामसि) बध्नीमः (शिवा) कल्याणी (मानस्य) सत्कारस्य (पत्नी) रक्षिका (नः) अस्माकम् (उद्धिता) धि धारणे—क्त । उद्धृता । उच्छ्रिता (तन्वे) उपकृतये (भव) ॥

७—(हविर्धानम्) हविषां दातव्यादातव्यपदार्थानामन्नहवनवस्तूनां

शालम्) अग्नि [वा बिजुली आदि] का स्थान, (पत्नीनाम्) रक्षा करने वाली स्त्रियों का (सदनम्) घर और (सदः) सभास्थान और (देवानाम्) विद्वान् पुरुषों का (सदः) सभास्थान (असि) है ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को ऐसे घर बनाने चाहियें जो कला कौशल आदि कर्मों, कुटुम्बियों के रहने, स्त्री सम्मेलन और पुरुष सभा करने में सुखदायी हों ॥ ७ ॥

अक्षुमोपशं विततं सहस्राक्षं विषूवति ।
अवनद्धमभिहितं ब्रह्मणा वि चृतामसि ॥ ८ ॥

अक्षुम् । ओपशम् । वि-ततम् । सहस्र-अक्षम् । विषु-वति ॥
अव-नद्धम् । अभि-हितम् । ब्रह्मणा । वि । चृतामसि ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(विषुवति) व्याप्ति वाले [ऊंचे] स्थान पर (विततम्) फैले हुये, (सहस्राक्षम्) सहस्रों व्यवहार वा झरोखे वाले (ओपशम्) उपयोगी, (ब्रह्मणा) वेदज्ञ विद्वान् करके (अवनद्धम्) अच्छे प्रकार छाये गये और (अभिहितम्) बताये गये (अक्षुम्) व्याप्ति वाले [सर्वदर्शक स्तम्भगृह] को (विचृतामसि) हम अच्छे प्रकार ग्रन्थित करते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग विद्वान् शिल्पियों की सम्मति से ऊंचे स्थान पर सर्वदर्शक स्तम्भ, अर्थात् ज्योतिष चक्र, प्रकाश लाट, घटिकाधान आदि सर्वोपयोगी स्थान बनावें ॥ ८ ॥

यस्त्वा शाले प्रतिगृह्णाति येन चासि मिता त्वम् ।

च स्थानम् (अग्निशालम्) पावकस्य विद्युतो वा गृहम् (पत्नीनाम्) रक्षणस्वभावानां स्त्रीणाम् (सदनम्) गृहम् (सदः) सभास्थानम् (देवानाम्) विदुषां पुरुषाणाम् (असि) (देवि) हे दिव्ये । कमनीये (शाले) गृह ॥

८—(अक्षुम्) अक्षू व्याप्तौ संघाते च–उ । व्याप्तं सर्वदर्शकं स्तम्भगृहम् (ओपशम्) आ + उप + शीङ् स्वप्ने–ड । अर्श आद्यच् । बहूपशयम् । सर्वोपयोगिनम् (विततम्) विस्तृतम् (सहस्राक्षम्) सहस्राणि व्यवहारा गवाक्षा वा यस्मिन् तम् (विषुवति) विष्लृ व्याप्तौ—कु, मतुप् । व्याप्तिमति । उच्चस्थाने (अवनद्धम्) आच्छादितम् (अभिहितम्) कथितम् । विज्ञापितम् (ब्रह्मणा) वेदज्ञेन विप्रेण शिल्पिना (वि चृतामसि) विशेषेण ग्रन्थयामः ॥

उभौ मानस्य पत्नि तौ जीवतां जरदष्टी ॥ ९ ॥

यः । त्वा । शाले । प्रति-गृह्णाति । येन । च । असि । मिता । त्वम् ॥ उभौ । मानस्य । पत्नि । तौ । जीवताम् । जरदष्टी इति जरत्-अष्टी ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(शाले) हे शाला ! (यः) जो (त्वा) तुझको (प्रतिगृह्णाति) अङ्गीकार करता है (च) और (येन) जिस करके (त्वम्) तू (मिता असि) बनाई गयी है। (मानस्य पत्नि) हे सन्मान की रक्षा करने वाली ! (तौ उभौ) वे दोनों (जरदष्टी) स्तुति के साथ प्रवृत्ति वा भोजन वाले [होकर] (जीवताम्) जीते रहें ॥ ९ ॥

भावार्थ—शाला बनाने में ध्यान रहे कि बनाने वाले गृहस्वामी आदि और रहने वाले सुख से निर्वाह करें ॥ ९ ॥

अमुत्रैनमा गच्छताद् दृढा नद्धा परिष्कृता ।
यस्यास्ते विचृतामस्यङ्गमङ्गं परुष्परुः ॥ १० ॥ (६)

अमुत्र । एनम् । आ । गच्छतात् । दृढा । नद्धा । परिष्कृता । यस्याः । ते । वि-चृतामसि । अङ्गम्-अङ्गम् । परुः-परुः ॥ १० ॥ (६)

भाषार्थ—(दृढा) दृढ़ बनी हुयी, (नद्धा) छायी हुयी और (परिष्कृता) सजी हुई तू (अमुत्र) वहां पर (एनम्) इस [पुरुष] को (आ गच्छतात्) प्राप्त हो। (यस्याः ते) जिस तेरे (अङ्गमङ्गम्) अङ्ग अङ्ग और (परुष्परुः) पोरुये

९—(प्रतिगृह्णाति) स्वीकरोति (मिता) निर्मिता । रचिता (उभौ) द्वौ (मानस्य) सम्मानस्य (पत्नि) हे रक्षिके (तौ) (जीवताम्) प्राणान् धारयताम् (जरदष्टी) अ० २ । २८ । ५ । जरता स्तुत्या सह अष्टिः कार्यव्याप्तिः भोजनं वा ययोस्तौ । अन्यद् गतम् ॥

१०—(अमुत्र) तत्र निर्दिष्टे स्थाने (एनम्) गृहिणम् (आगच्छतात्) आगच्छ । प्राप्नुहि (दृढा) (नद्धा) अवनद्धा । आच्छादिता (परिष्कृता) परि + कृ—क्त । संपर्युपेभ्यः करोतौ भूषणे । पा० ६ । १ । १३७ । इति सुट् । परिनिविभ्यः० । पा० ८ । ३ । ७० इति षत्वम् । अलङ्कृता (यस्याः) (ते)

पोहये को (विचृतामसि) हम अच्छे प्रकार ग्रन्थित करते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य शाला को दृढ़ बना कर सुसज्जित करें ॥ १० ॥

यस्त्वा शाले निमिमायं संजभार वनस्पतीन् ।

प्रजायै चक्रे त्वा शाले परमेष्ठी प्रजापतिः ॥ ११ ॥

यः । त्वा । शाले । नि-मिमायं । सम्-जभार । वनस्पतीन् ॥

प्र-जायै । चक्रे । त्वा । शाले । परमे-स्थी । प्रजा-पतिः ॥११॥

भाषार्थ—(शाले) हे शाला ! (यः) जिस [गृहस्थ] ने (त्वा) तुझे (निमिमाय) जमाया है और (वनस्पतीन्) सेवन करने वालों के रक्षक पदार्थों को (संजभार) एकत्र किया है । (शाले) हे शाला ! (परमेष्ठी) सब से उच्च पद पर रहने वाले (प्रजापतिः) उस प्रजा पालक [गृहस्थ] ने (प्रजायै) प्रजा के सुखके लिये (त्वा) तुझे (चक्रे) बनाया है ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य ऐसी शाला बनावें जिसमें आप और सन्तान आदि सब सुखी रहें ॥ ११ ॥

नमस्तस्मै नमो दात्रे शालापतये च कृण्मः ।

नमोग्नयै प्रचरते पुरुषाय च ते नमः ॥ १२ ॥

नमः । तस्मै । नमः । दात्रे । शाला-पतये । च । कृण्मः ॥

नमः । अग्नयै । प्र-चरते । पुरुषाय । च । ते । नमः ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस (नमो दात्रे) अन्न देने वाले (च) और (शालापतये) शाला के स्वामी को (नमः) सत्कार (कृण्मः) हम करते हैं ।

तव (विचृतामसि) (अङ्गमङ्गम्) प्रत्यङ्गम् (परुष्परुः) प्रतिपर्व ॥

११—(यः) (त्वा) (शाले) (निमिमाय) डु मिञ् प्रक्षेपणे-लिट् । मूलेन दृढीकृतवान् (संजभार) संजहार । संगृहीतवान् (वनस्पतीन्) अ० १ । ३५ । ३ । सेवनशीलानां मनुष्याणां रक्षकपदार्थान् (प्रजायै) सन्तानादिहिताय (चक्रे) कृतवान् (परमेष्ठी) अ० १ । ७ । २ । उच्चपदस्थः (प्रजापतिः) प्रजापालको गृहस्थः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१२—(नमः) सत्कारम् (तस्मै) (नमः) अन्नम्—निघ० २ । ७ ।

(अग्नये) अग्नि [की सिद्धि] को (नमः) अन्न (च) और (प्रचरते) सेवा करने वाले (पुरुषाय) पुरुष के लिये (ते) तेरे हित के लिये (नमः) अन्न होवे ॥ १२ ॥

भावार्थ—मनुष्य अन्न आदि के दाता गृहस्थों का आदर करते रहें और यज्ञ आदि के करने और पुरुषों के पोषण के लिये घर में अन्न आदि पदार्थ उपस्थित रहें ॥ १२ ॥

गोभ्यो अश्वेभ्यो नमो यच्छालायां विजायते ।
विजावति प्रजावति वि ते पाशांश्चृतामसि ॥ १३ ॥

गोभ्यः । अश्वेभ्यः । नमः । यत् । शालायाम् । वि-जायते ॥
विजा-वति । प्रजा-वति । वि । ते । पाशान् । चृतामसि ॥१३॥

भाषार्थ—(गोभ्यः) गौओं के लिये, (अश्वेभ्यः) घोड़ों के लिये और (यत्) जो कुछ (शालायाम्) शाला में (विजायते) उत्पन्न होवे, [उसके लिये] (नमः) अन्न [होवे] । (विजावति) हे विविध उत्पन्न पदार्थों वाली ! और (प्रजावति) हे उत्तम प्रजाओं वाली ! (ते) तेरे (पाशान्) बन्धनों को (विचृतामसि) हम अच्छे प्रकार ग्रन्थित करते हैं ॥ १३ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को विविध पोषण सामग्री सुदृढ़ घरों में रखनी उचित है ॥ १३ ॥

अग्निमन्तश्छादयसि पुरुषान् पशुभिः सह ।
विजावति प्रजावति वि ते पाशांश्चृतामसि ॥ १४ ॥

(दात्रे) ददातेस्तृन् । दत्तवते (शालापतये) गृहस्वामिने (च) (कृण्मः) कुर्मः (नमः) अन्नम् (अग्नये) यज्ञादिष्वग्निसिद्धये (प्रचरते) सेवमानाय (च) (ते) तुभ्यम् ॥

१३—(गोभ्यः) गवां रक्षणाय (अश्वेभ्यः) अश्वानां पोषणाय (नमः) अन्नम् (यत्) अन्यजातम् (शालायाम्) गृहे (विजायते) विविधमुत्पद्यते (विजावति) हे विविधोत्पन्नपदार्थयुक्ते (प्रजावति) हे श्रेष्ठप्रजाविशिष्टे (ते) तव (पाशान्) निर्माणबन्धान् (विचृतामसि) ॥

अ॒ग्निम् । अ॒न्तः । छा॒द॒य॒सि॒ । पुरु॑षान् । प॒शु-भिः॑ । स॒ह ।
विजा॑-वति । प्रजा॑-वति । वि । ते॒ । पाशा॑न् । चृ॒ता॒-म॒सि॒ ॥१४

भाषार्थ—[हे शाला !] (अग्निम्) अग्नि को और (पुरुषान्) पुरुषों को (पशुभिः सह) पशुओं सहित (अन्तः) अपने भीतर (छादयसि) तू ढक लेती है। (विजावति) हे विविध उत्पन्न पदार्थों वाली ! और (प्रजावति) हे उत्तम प्रजाओं वाली ! (ते) तेरे (पाशान्) बन्धनों को (वि चृतामसि) हम अच्छे प्रकार ग्रन्थित करते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्य यज्ञ आदि की सिद्धि और मनुष्य और पशुओं के लिये सुखदायी घर बनावें ॥ १४ ॥

अ॒न्त॒रा द्यां च॑ पृथि॒वीं च॒ यद्व्यच॒स्तेन॒ शालां॒ प्रति॑ गृह्णामि त इ॒माम् । यद॒न्तरि॑क्षं॒ रज॑सो वि॒मानं॒ तत् कृ॑ण्वे॒ऽहमु॒दरं॑ शेव॒धिभ्यः॑ । तेन॒ शालां॒ प्रति॑ गृह्णामि॒ तस्मै॑ ॥ १५ ॥

अ॒न्त॒रा । द्याम् । च॒ । पृ॒थि॒वीम् । च॒ । यत् । व्यचः॑ । तेन॑ । शाला॑म् । प्रति॑ । गृ॒ह्णा॒मि॒ । ते॒ । इ॒माम् ॥ यत् । अ॒न्तरि॑क्षम् । रज॑सः । वि॒-मान॑म् । तत् । कृ॒ण्वे॒ । अ॒हम् । उ॒दर॑म् । शे॒व॒-धि-भ्यः॑ ॥ तेन॑ । शाला॑म् । प्रति॑ । गृ॒ह्णा॒मि॒ । तस्मै॑ ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(द्याम्) सूर्य [के प्रकाश] (च च) और (पृथिवीम् अन्तरा) पृथिवी के बीच (यत्) जो (व्यचः) खुला स्थान है, (तेन) उस [विस्तार] से (इमाम् शालाम्) इस शाला को [हे मनुष्य !] (ते) तेरे

१४—(अग्निम्) यज्ञस्य पाकस्य वा पावकम् (अन्तः) मध्ये (छादयसि) संवृणोषि (पुरुषान्) मनुष्यान् (पशुभिः) गवादिभिः (सह) अन्यत् पूर्ववत् म०१३

१५—(अन्तरा) मध्ये (द्याम्) सूर्यप्रकाशम् (च) (पृथिवीम्) (च) (यत्) (व्यचः) विस्तारः (तेन) विस्तारेण (शालाम्) गृहम् (प्रति गृह्णामि) स्वीकरोमि (ते) तुभ्यम् (इमाम्) (यत्) (अन्तरिक्षम्) अवकाशः (रजसः) लोकस्य। गृहस्य । लोका रजांस्युच्यन्ते—निरु० ४ । १९

लिये (प्रति गृह्णामि) मैं ग्रहण करता हूं। (यत्) जो (रजसः) घर का (अन्तरिक्षम्) अवकाश (विमानम्) विशेष मान परिमाण युक्त है, (तत्) उस [अवकाश] को (अहम्) मैं (शेवधिभ्यः) अनेक निधियों (उदरम्) पेट (कृण्वे) बनाता हूं। (तेन) उसी [कारण] से (तस्मै) [प्रयोजन] के लिये (शालाम्) शाला को (प्रति गृह्णामि) मैं ग्रहण करता हूं ॥

भावार्थ—मनुष्यों को विचार और परिमाण करके शाला ऐसी बनानी चाहिये जिसमें प्रकाश और वायु का गमन आगमन रहे और जिस के भीतर कोष आदि रखने के लिये गुप्तघर, तल घर आदि हों ॥ १५ ॥

१५—यह और अगला मन्त्र स्वामिदयानन्दकृतसंस्कारविधि, गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं।

ऊर्जस्वती पर्यस्वती पृथिव्यां निमिता मिता ।
विश्वान्नं बिभ्रती शाले मा हिंसीःप्रतिगृह्णतः॥१६॥

ऊर्जस्वती । पर्यस्वती । पृथिव्याम् । नि-मिता । मिता ॥ विश्व-अन्नम् । बिभ्रती । शाले । मा । हिंसीः । प्रति-गृह्णतः ॥१६॥

भाषार्थ—(शाले) हे शाला ! (पृथिव्याम्)उचित भूमि पर (मिता) परिमाण युक्त (निमिता) जमाई गई, (ऊर्जस्वती) बल पराक्रम बढ़ाने वाली, (पयस्वती) जल और दुग्ध आदि से पूर्ण, (विश्वान्नम्) सम्पूर्ण अन्न को (बिभ्रती) धारण करती हुई तू (प्रतिगृह्णतः) ग्रहण करने हारों को (मा हिंसीः) मत पीड़ा दे ॥ १६ ॥

(विमानम्) विशेषेण मानपरिमाणयुक्तम् (तत्) अन्तरिक्षम् (कृण्वे) करोमि (अहम्) गृहस्वामी (उदरम्) अ० २। ३३। ४। जठरमिव रक्षाधारम् (शेवधिभ्यः) अ० ६। १२३। १। निधिभ्यः। कोषेभ्यः (तेन) कारणेन (शालाम्) (प्रति गृह्णामि) (तस्मै) प्रयोजनाय ॥

१६—(ऊर्जस्वती) बलपराक्रमवर्धयित्री (पयस्वती) जलदुग्धादियुक्ता (पृथिव्याम्) उचितभूम्याम् (निमिता) प्रतिष्ठापिता (मिता) परिमाणयुक्ता (विश्वान्नम्) सर्वान्नम् (बिभ्रती) धारयन्ती (शाले) (मा हिंसीः) मा पीडय (प्रतिगृह्णतः) स्वीकर्तॄन् पुरुषान् ॥

भावार्थ—जो मनुष्य उचित भूमि पर सोच विचार कर घर बनाते हैं, वे बल पराक्रम बढ़ाकर दुग्ध, अन्न आदि पदार्थ संग्रह करके स्वस्थता के साथ सदा सुखी रहते हैं ॥ १६ ॥

तृणै॒राव॑ृता पल॒दान् वसा॑ना रात्री॑व॒ शाला॒ जग॑तो नि॒वेश॑नी । मि॒ता पृ॑थि॒व्यां ति॑ष्ठसि ह॒स्तिनी॑व प॒द्वती॑ ॥१७॥

तृणैः । आ-वृ॑ता । प॒ल॒दान् । वसा॑ना । रात्री॑-इव । शाला॑ । जग॑तः । नि॒-वेश॑नी ॥ मि॒ता । पृ॒थि॒व्याम् । ति॒ष्ठ॒सि॒ । ह॒स्तिनी॑-इव । प॒त्-वती॑ ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(तृणैः) तृण आदि से (आवृता) छाई हुयी, (पलदान्) पल [अर्थात् सुवर्ण आदि की तोल और विघटिका मुहूर्त आदि] देने वाले [यन्त्रों] को (वसाना) पहिने हुये (शाला) शाला तू (जगतः) संसार की (निवेशनी) सुख प्रवेश करने वाली (रात्री इव) रात्रि के समान [होकर] (पद्वती) पैरों वाली [चारों पैरों पर दृढ़ खड़ी हुयी] (हस्तिनी इव) हथिनी के समान (पृथिव्याम्) उचितभूमि पर (मिता) बनाई हुयी (तिष्ठसि) (स्थित) है ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्य शाला को सुदृढ़ बनाकर अनेक कला कौशल आदि के यन्त्रों से उपयोगी करे ॥ १७ ॥

इट॑स्य ते॒ वि चृ॑ता॒म्यपि॑नद्धमपोर्णु॒वन् ।
वरु॑णेन॒ समु॑ब्जितां मि॒त्रः प्रा॒तर्व्यु॑ब्जतु ॥ १८ ॥

इट॑स्य । ते॒ । वि । चृ॒ता॒मि॒ । अपि॑-नद्धम् । अ॒प॒-ऊ॒र्णु॒वन् ॥

१७—(तृणैः) तृणादिपदार्थैः (आवृता) आच्छादिता (पलदान्) म० ५ । पलस्य सुवर्णादितोलनस्य विघटिकादिकालस्य च दातॄन् ज्ञापकान् पदार्थान् (वसाना) अ० ३ । १२ । ५ । आच्छादयन्ती (रात्री) सुखदात्री निशा (इव) यथा (शाला) (जगतः) चराचरस्य (निवेशनी) सुखस्य प्रवेशयित्री (मिता) निर्मिता (पृथिव्याम्) उचितभूमौ (तिष्ठसि) स्थिता भवसि (हस्तिनी) गजस्त्री (इव) यथा (पद्वती) पादैर्युक्ता । पादचतुष्टयेन दृढं स्थिता ॥

वरुणेन । सम्-उब्जिताम् । मित्रः । प्रातः । वि । उब्जतु ॥१८॥

भाषार्थ—[हे शाला !] (ते) तेरे (इटस्य) द्वार के (अपिनद्धम्) बन्धन को (अपोर्णुवन्) खोलता हुआ मैं (वि चृतामि) अच्छे प्रकार ग्रन्थित करता हूं। (वरुणेन) ढकने वाले अन्धकार से (समुब्जिताम्)दबाई हुई [तुझ] को (मित्रः) सर्वप्रेरक सूर्य (प्रातः) प्रातः काल (वि उब्जतु) खोल देवे ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य घर के द्वारों में शृङ्खला चटकनी आदि ऐसी लगावें, जिससे अन्धकार के समय बन्द करने और प्रकाशके समय खोलने में सुभीता हो॥ १८ ॥

ब्रह्मणा शालां निमितां कविभिर्निमितां मिताम् ।
इन्द्राग्नी रक्षतां शालाममृतौ सोम्यं सदः ॥ १९ ॥

ब्रह्मणा । शालाम् । नि-मिताम् । कवि-भिः । नि-मिताम् । मिताम् ॥ इन्द्राग्नी इति । रक्षताम् । शालाम् । अमृतौ । सोम्यम् । सदः ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(अमृतौ) मरण रहित [सुखप्रद] (इन्द्राग्नी) पवन और अग्नि (ब्रह्मणा) चारो वेद जानने हारे विद्वान् करके (निमिताम्) जमाई हुई [नेव डाली गयी] (शालाम्) शाला की, (कविभिः) विद्वानों [शिल्पियों] करके (मिताम्) मापी गई और (निमिताम्) दृढ़ बनायी गयी (शालाम्) शाला, (सोम्यम्) ऐश्वर्य युक्त (सदः) घर की (रक्षताम्) रक्षा करें ॥ ६ ॥

१८—(इटस्य) इट् गतौ-क। गमनागमनस्थानस्य द्वारस्य (ते) तव (वि चृतामि) विशेषेण ग्रन्थयामि (अपिनद्धम्) बन्धनम् (अपोर्णुवन्) विवृण्वन् (वरुणेन) आवरकेण तमसा (समुब्जिताम्) संवृतां त्वाम् (मित्रः) सर्वप्रेरकः सूर्यः (प्रातः) प्रभाते (वि उब्जतु) विवृणोतु ॥

१९—(ब्रह्मणा) चतुर्वेदज्ञेन ब्राह्मणेन (शालाम्) गृहम् (निमिताम्) प्रतिष्ठापिताम् (कविभिः) मेधाविभिः। शिल्पिभिः (निमिताम्) सुदृढं निर्मिताम् (मिताम्) परिमाणयुक्ताम् (इन्द्राग्नी) वायुपावकौ (रक्षताम्) (शालाम्) (अमृतौ) मरणरहितौ । सुखकरौ (सोम्यम्) अ० ३ । १४ । ३ । ऐश्वर्यमयम् (सदः) गृहम् ॥

भावार्थ—बड़े विद्वानों और शिल्पी विश्वकर्माओं की सम्मति से बनाये हुये घर वायुयन्त्र और अग्नियन्त्र आदि लगाने के योग्य हों ॥ १९ ॥

यह मन्त्र स्वामि दयानन्दकृत संस्कारविधि, गृहआश्रम प्रकरण में व्याख्यात है।

कुलायेऽधि कुलायं कोशे कोशः समुब्जितः । तत्र मर्तो वि जायते यस्माद् विश्वं प्रजायते ॥ २० ॥ (७)

कुलाये । अधि । कुलायम् । कोशे । कोशः । सम्-उब्जितः ॥ तत्र । मर्तः । वि । जायते । यस्मात् । विश्वम् । प्र-जायते ॥२०॥(७)

भाषार्थ—[जैसे] (कुलाये अधि) घोंसले पर (कुलायम्) घोंसला और (कोशे) कोश [निधि] पर (कोशः) कोश [धन संचय] (समुब्जितः) यथावत् दबा होता है । [वैसे ही] (तत्र) वहां [शाला में] (मर्तः) मनुष्य (वि जायते) विविध प्रकार प्रकट होता है, (यस्मात्) जिस [कारण] से (विश्वम्) सब [सन्तान समूह] (प्रजायते) उत्तमता से उत्पन्न होता है ॥ २० ॥

भावार्थ—जिस प्रकार पक्षी अपने घोंसलों में और अनेक धन धनों के द्वारा बढ़ते हैं, वैसे ही मनुष्य सुखप्रद घर में नीरोग रहकर उत्तम सन्तानों से उन्नति करते हैं ॥ २० ॥

या द्विपक्षा चतुष्पक्षा षट्पक्षा या निमीयते । अष्टापक्षां दशपक्षां शालां मानस्य पत्नीमग्निर्गर्भइवा शये ॥२१

या । द्वि-पक्षा । चतुःपक्षा । षट्-पक्षा । या । नि-मीयते ॥ अष्टा-पक्षाम् । दश-पक्षाम् । शालाम् । मानस्य । पत्नीम् । अग्निः । गर्भःइव । आ । शये ॥ २१ ॥

२०—(कुलाये) नीडे (अधि) (कुलायम्) कुलानां पक्षिसमूहानामयो वासस्थानम् (कोशे) धनसंचये (कोशः) निधिः (समुब्जितः) संवृतः (तत्र) शालायाम् (मर्तः) मनुष्यः (वि) विविधम् (जायते) प्रादुर्भवति (यस्मात्) कारणात् (विश्वम्) सर्वमपत्यजातम् (प्रजायते) प्रकर्षेणोत्पद्यते॥

भाषार्थ—(या) जो (द्विपक्षा) दो पक्ष वाली [अर्थात् जिसके मध्य में एक, और पूर्व पश्चिम में एक एक शाला हो], (चतुष्पक्षा) चार पक्ष वाली [जिसके मध्य में एक और पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर में एक एक शाला हो], (या) जो (षट्पक्षा) छह पक्ष वाली [जिसके बीच में बड़ी शाला और दो दो पूर्व पश्चिम और एक एक उत्तर दक्षिण में शाला हों] (निमीयते) बनाई जाती है। [उसको और] (अष्टापक्षाम्) आठ पक्ष वाली [जिसके बीच में एक और चारों ओर दो दो शाला हों] और (दशपक्षाम्) दश पक्ष वाली [जिसके मध्य में दो शाला और चारों दिशाओं में दो दो शाला हों], [उस] (मानस्य) सम्मान की (पत्नीम्) रक्षा करने हारी (शालाम्) शाला में (अग्निः) जाठराग्नि और (गर्भः इव) गर्भस्थ बालक के समान (आ शये) मैं ठहरता हूं ॥ २१ ॥

भावार्थ—जैसे जाठराग्नि शरीर में और गर्भस्थ बालक गर्भाशय में सुरक्षित रहता है, इसी प्रकार मनुष्य अस्त्र, शस्त्र, शिल्प, कला, कौशल आदि के योग्य छोटे बड़े स्थानों को अनेक मान परिमाण युक्त बनाकर सुरक्षित रहें ॥ २१ ॥


यह और अगला मन्त्र स्वामिदयानन्दकृतसंस्कारविधि गृहाश्रमप्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

यहां पर द्विपदा आदि शालाओं के कुछ चित्र दिये जाते हैं, और भी इनके अनेक चित्रहो सकते हैं। चतुर बृहस्पति, विश्वकर्मा शिल्पाधिकारियों की सम्मति से सब लोग, वायु धूप आदि आने जाने योग्य स्तम्भ, द्वार, खिड़की, छत आदि विचार पूर्वक लगाकर शालाओं के सुदृढ़ रुचिर !और सुखदायी बनावें ॥


२१—(या) शाला (द्विपक्षा) गृहपक्षद्वययुक्ता (चतुष्पक्षा) पक्षचतुष्टयोपेता (षट्पक्षा) षट्पक्षयुक्ता (या) (निमीयते) निर्मिता भवति (अष्टापक्षाम्) छन्दसि च। पा० ६। ३। १२६। अष्टन आत्वम्। अष्टपक्षयुक्ताम् (दशपक्षाम्) दशपक्षवतीम् (शालाम्) (मानस्य) गौरवस्य (पत्नीम्) रक्षित्रीम् (अग्निः) जाठराग्निः (गर्भः) भ्रूणः (इव) यथा (आ शये) अधितिष्ठामि ॥

उत्तर ॥


द्विपत्ता १




चतुष्पत्ता १




चतुष्पत्ता २




चतुष्पत्ता ३




षट्पत्ता १




षट्पत्ता २




अष्टपत्ता १




अष्टपत्ता २




अष्टपत्ता ३




दशपत्ता १




दशपत्ता २



दशपत्ता ३



दशपत्ता ४



प्रतीचीं त्वा प्रतीचीनः शाले प्रैम्यहिंसतीम् ।
अग्निर्ह्य१न्तरापश्चर्तस्य प्रथमा द्वाः ॥ २२ ॥

प्रतीचीम् । त्वा । प्रतीचीनः । शाले । प्र । एमि । अहिंसतीम् ॥
अग्निः । हि । अन्तः । आपः । च । ऋतस्य । प्रथमा । द्वाः ॥२२॥

भाषार्थ—(शाले) हे शाला ! (प्रतीचीनः) [तेरे] सन्मुख चलता हुआ मैं (प्रतीचीम्) [मेरे] सन्मुख होती हुयी, (अहिंसतीम्) न पीड़ा देती हुयी (त्वा) तुझको (प्र एमि) अच्छे प्रकार प्राप्त होता हूं । (हि) निश्चय करके (अन्तः) [तेरे] भीतर (अग्निः) अग्नि [का घर] और (आपः) जल [का स्थान] (च) और (ऋतस्य) सत्य [के ध्यान] का (प्रथमा) पहिला (द्वाः) द्वार है ॥ २२ ॥

भावार्थ—जिस शाला में शिल्प आदि यज्ञों के लिये कार्यालय और सत्य असत्य विचारने के लिये वेद पठन स्थान होता है, वहां मनुष्य प्रसन्नता पूर्वक आते जाते हैं ॥ २२ ॥

इमा आपः प्र भराम्ययक्ष्मा यक्ष्मनाशनीः ।
गृहानुप प्र सीदाम्यमृतेन सहाग्निना ॥ २३ ॥

इमाः । आपः [= आ । अपः] । प्र । भरामि । अयक्ष्माः । यक्ष्म-नाशनीः ॥ गृहान् । उप । प्र । सीदामि । अमृतेन । सह । अग्निना ॥ २३ ॥

२२—(प्रतीचीम्) अ० १ । २८ । २ । प्रत्यक्तं गच्छन्तीम् (त्वा) शालाम् (प्रतीचीनः) अ० ४ । ३२ । ६ । प्रत्यक्तं गच्छन् (अहिंसतीम्) अपीडयन्तीम् (अग्निः) अग्निस्थानम् (हि) निश्चयेन (अन्तः) मध्ये (आपः) जलस्थानम् (च) (ऋतस्य) सत्यस्य । वेदस्य (प्रथमा) मुख्या (द्वाः) द्वृ संवरणे-णिच्—विच् । द्वारम् ॥

भाषार्थ—(इमाः) इस (अयक्ष्माः) रोगरहित (यक्ष्मनाशनीः) रोग नाशक (अपः) जल को (प्र) अच्छे प्रकार (आ भरामि) मैं लाता हूं। (अमृतेन) मृत्यु से बचाने वाले अन्न, घृत, दुग्धादि सामग्री और (अग्निना सह) अग्नि के सहित (गृहान्) घरों में (उप=उपेत्य) आकर (प्र) अच्छे प्रकार (सीदामि) मैं बैठता हूं ॥ २३ ॥

भावार्थ—गृहपति रोगों से बचने और स्वास्थ्य बढ़ाने के लिये अपने घरों में शुद्ध, जल, अग्नि आदि पदार्थों का सदा उचित प्रयोग करें ॥ २३ ॥

यह मन्त्र पहिले आ चुका है—अ० ३ । १२ । ६ ॥

मा नः पाशं प्रति मुचो गुरुर्भारो लघुर्भव ।
वधूमिव त्वा शाले यत्रकामं भरामसि ॥ २४ ॥

मा । नः । पाशम् । प्रति । मुचः । गुरुः । भारः । लघुः । भव ॥
वधूम्-इव । त्वा । शाले । यत्र-कामम् । भरामसि ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(शाले) हे शाला ! तू (नः) हमारे लिये [अपने] (पाशम्) बन्धन को (मा प्रति मुचः) मत कभी छोड़, (गुरुः) भारी (भारः) बोझ तू (लघुः) हल का (भव) हो जा, (वधूम् इव) वधू के समान (त्वा) तुझको (यत्रकामम्) जहां कामना हो वहां (भरामसि) हम पुष्ट करते हैं ॥ २४

भावार्थ—शिल्पी लोग शाला के जोड़ों को सुदृढ़ मिलावें, और अच्छे प्रकार लम्बी चौड़ी बनाकर सुखदायिनी करें, और कुलवधू के समान आवश्यकीय पदार्थों से उसको परिपूर्ण करें ॥ २४ ॥

यह मन्त्र स्वामी दयानन्दकृतसंस्कारविधि गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात है ॥

प्राच्या दिशः शालाया नमो महिम्ने स्वाहा देवेभ्यः

२३—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अ० ३ । १२ । ६ ॥

२४—(नः) अस्मभ्यम् (पाशम्) शालाबन्धनम् (मा प्रति मुचः) मा कदापि त्यज (गुरुः) गॄ शब्दे विज्ञापने-उ, उच्च । गुरुत्ववान् (भारः) गुरुत्वान् पदार्थः (लघुः) लाघवगुणान्वितः । मनोहरः (भव) (वधूम्) नवोढां भार्याम् (इव) यथा (त्वा) (शाले) (यत्रकामम्) यत्र कामना भवेत् तत्र (भरामसि) पोषयामः । दृढीकुर्मः ॥

स्वाहयेभ्यः ॥ २५ ॥

प्राच्याः । दिशः । शालायाः । नमः । महिम्ने । स्वाहा । देवेभ्यः । स्वाह्येभ्यः ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(प्राच्याः दिशः) पूर्व दिशा से (शालायाः) शाला की (महिम्ने) महिमा के लिये (नमः) अन्न हो, (स्वाह्येभ्यः) सुवाणी के योग्य (देवेभ्यः) कमनीय विद्वानों के लिये (स्वाहा) सुवाणी [वेदवाणी] हो ॥२५॥

मन्त्र २५ से ३१ तक स्वामिदयानन्दकृतसंस्कारविधि गृहाश्रम प्रकरण में आये हैं ॥

दक्षिणाया दिशः० ॥ २६ ॥ दक्षिणायाः । दिशः । ० ॥२६॥

भाषार्थ—(दक्षिणायाः दिशः) दक्षिण दिशा से......म० २५ ॥२६॥

प्रतीच्या दिशः० ॥ २७ ॥ प्रतीच्याः । दिशः । ० ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(प्रतीच्याः दिशः) पश्चिम दिशा से......म०॥ २५ ॥ २७ ॥

उदीच्या दिशः० ॥ २८ ॥ उदीच्याः । दिशः । ० ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(उदीच्याः दिशः) उत्तर दिशा से......म० २५ ॥ २८ ॥

ध्रुवाया दिशः० ॥ २९ ॥ ध्रुवायाः । दिशः । ० ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(ध्रुवायाः दिशः) नीचे वाली दिशा से......म० २५ ॥ २९ ॥

ऊर्ध्वाया दिशः० ॥ ३० ॥ ऊर्ध्वायाः । दिशः । ०॥ ३० ॥

२५—(प्राच्याः) अ० ३ । २६ । १ । पूर्वाया सकाशात् (दिशः) दिशायाः (शालायाः) गृहस्य (नमः) अन्नम्—निघ० २ । ७ । (महिम्ने) महत्त्वाय (स्वाहा) अ० २ । १६ । १ । सुवाणी । वेदवाणी (देवेभ्यः) कमनीयेभ्यो विद्वद्भ्यः (स्वाह्येभ्यः) तदर्हति । पा० ५ । १ । ६३ । स्वाहा—यत् । सुवाणीयोगेभ्यः ॥

२६—(दक्षिणायाः) अ० ३ । २६ । २ । दक्षिणदिशासकाशात् ॥

२७—(प्रतीच्याः) अ० ३ । २६ । ३ । पश्चिमायाः सकाशात् ॥

२८—(उदीच्याः) अ० ३ । २६ । ४ । उत्तरस्याः सकाशात् ॥

२९—(ध्रुवायाः) अ० २ । २६ । ४ । नीचस्थायाः सकाशात् ॥

भाषार्थ—(ऊर्ध्वायाः दिशः) ऊपर वाली दिशा से......म० २५ ॥३०॥

दिशोदिशः शालाया नमो महिम्ने स्वाहा देवेभ्यः स्वाह्येभ्यः ॥ ३१ ॥ (८)

दिशः-दिशः । शालायाः । नमः । महिम्ने । स्वाहा । देवेभ्यः । स्वाह्येभ्यः ॥ ३१ ॥ (८)

भाषार्थ—(दिशोदिशः) प्रत्येक विदिशा से (शालायाः) शाला की (महिम्ने) महिमा के लिये (नमः) अन्न हो, (स्वाह्येभ्यः) सुवाणी के योग्य (देवेभ्यः) कमनीय विद्वानों के लिये (स्वाहा) सुवाणी [वेदवाणी] हो ॥३१॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि पूर्वादि सब दिशाओं से पुष्कल अन्न आदि पदार्थ संग्रह करके शाला में रक्खें जिस में विद्वान् लोग वेदों का विचार करते रहें ॥ २५—३१ ॥

सूक्तम् ४ ॥

१—२४ ॥ ऋषभो देवता ॥ १—५, ७, ६, १०, २२ त्रिष्टुप्; ६, २४ निचृज्जगती; ८ भुरिक् त्रिष्टुप्; ११, १३, १४, १६, १७, १६, २०, २३ अनुष्टुप्; १२, १५ भुरिगनुष्टुप्; १८ उपरिष्टाद् बृहती; २१ आस्तारपङ्क्तिः ॥

आत्मोन्नत्युपदेशः—आत्मा की उन्नति का उपदेश ॥

साहस्रस्त्वेष ऋषभः पयस्वान् विश्वा रूपाणि वक्षणासु बिभ्रत् । भद्रं दात्रे यजमानाय शिक्षन् बार्हस्पत्य उस्रियस्तन्तुमातान् ॥ १ ॥

साहस्रः । त्वेषः । ऋषभः । पयस्वान् । विश्वा । रूपाणि । वक्षणासु । बिभ्रत् ॥ भद्रम् । दात्रे । यजमानाय । शिक्षन् । बार्हस्पत्यः । उस्रियः । तन्तुम् । आ । अतान् ॥ १ ॥

३०—(ऊर्ध्वायाः) अ० ३ ।२६ । ६ । उपरिवर्तमानायाः सकाशात्......॥

३१—(दिशोदिशः) सर्वमध्यदिशासकाशात् । अन्यत् पूर्ववत्—म० २५ ॥

भाषार्थ—(साहस्रः) सहस्रों पराक्रम वाले, (त्वेषः) प्रकाशमान, (पयस्वान्) अन्नवान्, (विश्वा) सब (रूपाणि) रूपवान् द्रव्यों को (वक्षणासु) अपनी छाती के अवयवों में (बिभ्रत्) धारण करते हुये, (दात्रे) दानशील (यजमानाय) यजमान [देवपूजा, संयोग, वियोग व्यवहार में चतुर] के लिये (भद्रम्) कल्याण (शिक्षन्) करने की इच्छा करते हुये, (बार्हस्पत्यः) बृहस्पतियों [वेद रक्षक विद्वानों] से व्याख्या किये गये। (उस्रियः) सब के निवास, (ऋषभः) सर्वव्यापक वा सर्वदर्शक [परमेश्वर] ने (तन्तुम्) विस्तृत [जगत् रूप तन्तु] को (आ अतान्) सब ओर फैलाया है ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रकाशस्वरूप, सर्वरचक, सर्वरक्षक, आदि गुणयुक्त परमेश्वर की उपासना करके आनन्द प्राप्त करें ॥ १ ॥

अपां यो अग्रे प्रतिमा बभूव प्रभूः सर्वस्मै पृथिवीव देवी। पिता वत्सानां पतिरघ्न्यानां साहस्रे पोषे अपि नः कृणोतु ॥ २ ॥

अपाम् । यः । अग्रे । प्रति-मा । बभूव । प्र-भूः । सर्वस्मै । पृथिवी-इव । देवी ॥ पिता । वत्सानाम् । पतिः । अघ्न्यानाम् । साहस्रे । पोषे । अपि । नः । कृणोतु ॥ २ ॥

१—(साहस्रः) अण् च । पा० ५ । २ । १०३ । अण् मतुबर्थे । सहस्री । महापराक्रमवान् (त्वेषः) अ० ४ । १५ । ५ । दीप्यमानः (ऋषभः) अ० ३ । ६ । ४ । ऋष गतौ दर्शने च अभक् । ऋषिर्दर्शनात्—निरु० २ । ११ । सर्वव्यापकः । सर्वदर्शकः परमेश्वरः (पयस्वान्) अन्नवान्—निघ० २ । ७ (विश्वा) सर्वाणि (रूपाणि) अ० १ । १ । १ । रूपवन्ति द्रव्याणि (बिभ्रत्) धारयन् (भद्रम्) कल्याणम् (दात्रे) दानशीलाय (यजमानाय) देवपूजकसंयोजकवियोजकाय (शिक्षन्) अ० ६ । ११४ । २ । शक्लृ शक्तौ–सनि, शतृ । शक्तुं निष्पादयितुमिच्छन् (बार्हस्पत्यः) दित्यदित्यादित्यपत्युत्तरपदात् ण्यः । पा० ४ । १ । ८५ । बृहस्पति–ण्य । तेन प्रोक्तम् । पा० ४ । ३ । १०१ । इत्यर्थे । बृहस्पतिभिर्वेदरक्षकैर्विद्वद्भिः प्रकर्षेणोक्तो व्याख्यातः (उस्रियः) अ० ४ । २६ । ५ । वस निवासे–रक्, स्वार्थे घ । सर्वेषां निवासः (तन्तुम्) विस्तृतं जगद्रूपं सूत्रम् (आ) समन्तात् (अतान्) लुङि छान्दसं रूपम् । अतानीत् । विस्तारितवान् ॥

भाषार्थ—(यः) जो [ईश्वर] (अग्रे) पहिले ही पहिले (अपाम्) व्याप्त प्रजाओं की (प्रतिमा) प्रत्यक्ष मान करने वाली [सब जानने वाली] शक्ति और (सर्वस्मै) सब [जगत्] के लिये (देवी) दिव्य गुणवाली (पृथिवी इव) पृथिवी के समान (प्रभूः) समर्थ (बभूव) हुआ है, वह (वत्सानाम्) निवास करने वालों का (पिता) पालनकर्ता और (अघ्न्यानाम्) अहिंसकों [प्रजापतियों] का (पतिः) स्वामी [परमेश्वर] (साहस्रे) सहस्रों पराक्रम युक्त (पोषे) पोषण में (नः) हमें (अपि) अवश्य (कृणोतु) करे ॥२॥

भावार्थ—अनादि, अनन्त, सर्वपालक परमात्मा के उपासक पुरुष पुरुषार्थ पूर्वक सब प्रकार वृद्धि करते हैं ॥ २ ॥

पुमा॑नु॒न्तर्वा॑न्त्स्थवि॒रः पय॑स्वा॒न् वसोः॒ कब॑न्धमृष॒भो बि॑भर्ति । तमिन्द्रा॑य प॒थिभि॑र्दे॒व॒यानै॑र्हु॒तम॒ग्निर्व॑हतु जा॒तवे॑दाः ॥ ३ ॥

पुमा॑न् । अ॒न्तः-वा॑न् । स्थवि॑रः । पय॑स्वान् । वसोः॑ । कब॑न्धम् । ऋ॒ष॒भः । बि॒भ॒र्ति॒ ॥ तम् । इन्द्रा॑य । प॒थि-भिः॑ । दे॒व॒-यानैः॑ । हु॒तम् । अ॒ग्निः । व॒ह॒तु॒ । जा॒त-वे॑दाः ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(पुमान्) रक्षा करनेवाला, (अन्तर्वान्) [सब को अपने]

२—(अपाम्) आपः, आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये यजु० ६ । २७ । व्याप्तानां प्रजानाम् (यः) ऋषभः परमेश्वरः (अग्रे) सृष्टेः प्राक् (प्रतिमा) प्रतिमीयतेऽनया, प्रति + माङ् माने—अ । प्रत्यक्ष मानकर्त्री सर्वज्ञात्री शक्तिः । परमेश्वरः (बभूव) (प्रभूः) अन्येभ्योऽपि दृश्यते । पा० ३ । २ । ७८ । भू सत्तायाम्—क्विप् । समर्थः । (सर्वस्मै) सर्वजगद्धिताय (पृथिवी) (इव) (देवी) दिव्यगुणयुक्ता (पिता) पालकः (वत्सानाम्) वृतॄवदिवसि० । उ० ३ । ६२ । वस निवासे—स । निवासशीलानाम् (पतिः) स्वामी (अघ्न्यानाम्) अ० ३ । ३० । १ । अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । नञ् + हन हिंसागत्योः—यक् । अहन्तॄणां प्रजापतीनाम् (साहस्रे) म० १ । महापराक्रमयुक्ते (पोषे) पोषणे । अभ्युदये (अपि) अवधारणे (नः) अस्मान् (कृणोतु) करोतु ॥

३—(पुमान्) अ० १ । ८ । १ । पा रक्षणे—डुमसुन् । रक्षकः (अन्तर्वान्)

भीतर रखने वाला, (स्थविरः) स्थिर स्वभाव [ब्रह्मा] (पयस्वान्) अन्नवान् (ऋषभः) सर्वव्यापक परमेश्वर (वसोः) निवास करने वाले [संसार] के (कबन्धम्) उदर को (बिभर्त्ति) भरता है। (तम् हुतम्) उस दाता) को (इन्द्राय) परम ऐश्वर्य के लिये (देवयानैः) विद्वानों के जाने योग्य (पथिभिः) मार्गों से (जातवेदाः) बड़े ज्ञान वाला (अग्निः) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष] (वहतु) प्राप्त करे ॥ ३ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा सब संसार में भीतर और बाहिर व्यापक होकर सबका पालन करता है, ज्ञानी पुरुष उसी की उपासना से ऐश्वर्य प्राप्त करते हैं ॥ ३ ॥

पिता वत्सानां पतिरघ्न्यानामथो पिता महतां गर्गराणाम्। वत्सो जरायु प्रतिधुक् पीयूषं आमिक्षा घृतं तद्वस्य रेतः ॥ ४ ॥

पिता। वत्सानाम्। पतिः। अघ्न्यानाम्। अथो इति। पिता। महताम्। गर्गराणाम्॥ वत्सः। जरायु। प्रति-धुक्। पीयूषः। आमिक्षा। घृतम्। तत्। ऊं इति। अस्य। रेतः॥ ४ ॥

भाषार्थ—(वत्सानाम्) निवास करने वालों का (पिता) पालनकर्ता और (अघ्न्यानाम्) अहिंसकों [प्रजापतियों] का (पतिः) स्वामी (अथो)

अन्तर्—मतुप्। अन्तर्मध्ये सर्वं विद्यतेऽस्य सः (स्थविरः) अजिरशिशिरशिथिल०। उ० १। ५३। ष्ठा गतिनिवृत्तौ—किरच्, धातोर्वुक्, ह्रस्वत्वं च। स्थिरः (पयस्वान्) अन्नवान् (वसोः) निवासशीलस्य संसारस्य (कबन्धम्) केन वायुना बध्यते, क + बन्ध बन्धने—घञ्। उदरम् (ऋषभः) म० १। सर्वव्यापकः (बिभर्त्ति) भरति (तम्) ऋषभम् (इन्द्राय) परमैश्वर्यप्राप्तये (पथिभिः) मार्गैः (देवयानैः) विद्वद्भिर्गमनीयैः (हुतम्) हु दानादानादनेषु—क्विप्, तुक् च। दातारम् (अग्निः) अग्निवत्तेजस्वी पुरुषः (वहतु) प्राप्नोतु (जातवेदाः) जातानि विद्यमानानि वेदांसि ज्ञानानि यस्य सः ॥

४—(अथो) अपि च (पिता) पालकः (महताम्) पूजनीयानाम् (गर्गराणाम्) अ० ४। १५। १२। गॄ शब्दे—गप्रत्ययः + रा दाने—क। गर्गस्य

और भी (महताम्) बड़े (गर्गराणाम्) उपदेश देनेवाले पुरुषों का (पिता) पिता [पालक परमेश्वर] है। (वत्सः) निवास, (जरायु) जेर [गर्भ की झिल्ली], (प्रतिधुक्) तुरन्त दुहा हुआ (पीयूषः) रुचिर दूध, (आमिक्षा) आमिक्षा [पकाये उष्ण दूध में दही मिलाने से उत्पन्न वस्तु], (घृतम्) घी (तत्) यह [पदार्थ समूह] (अस्य) इस [परमेश्वर] का (उ) ही (रेतः) वीर्य [सामर्थ्य] है ॥ ४ ॥

भावार्थ—संसार के भीतर संयोग वियोग से उत्पन्न सब पदार्थों का आदि कारण सर्वनियन्ता जगदीश्वर है ॥ ४ ॥

देवानां भाग उपनाह एषो३ऽपां रस ओषधीनां घृतस्य ।
सोमस्य भक्षमवृणीत शक्रो बृहन्नद्रिरभवद् यच्छरीरम् ॥५॥

देवानाम् । भागः । उप-नाहः । एषः । अपाम् । रसः । ओषधीनाम् । घृतस्य ॥ सोमस्य । भक्षम् । अवृणीत । शक्रः । बृहन् । अद्रिः । अभवत् । यत् । शरीरम् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(एषः) यह [परमेश्वर] (देवानाम्) दिव्य गुणों का (भागः) ऐश्वर्यवान् (उपनाहः) नित्य सम्बन्धी, और (अपाम्) जलों का (ओषधीनाम्) ओषधियों [अन्न आदि पदार्थों] का और (घृतस्य) घृत का (रसः) रसरूप है। (शक्रः) उसी शक्तिमान् ने (सोमस्य) अमृत के (भक्षम्)

शब्दस्योपदेशस्य दातॄणां पुरुषाणाम् (वत्सः) निवासः (जरायु) अ० १ । ११ । ४ । उल्वम् (प्रतिधुक्) प्रति + दुह प्रपूरणे-क्विप् । प्रत्यक्षं सद्यो दुग्धः (पीयूषः) अ० ८ । ३ । १७ । पीय प्रीणने—ऊषन् । रुचिरं क्षीरम् (आमिक्षा) आ—मिष सेचने—सक् । आमिक्षा सा शृतोष्णे या क्षीरे स्याद् दधियोगतः ।इत्यमरः १७ । २३ । दधिकूर्चिका (घृतम्) पक्वनवनीतम् (तत्) समूहजातम् (उ) एव (अस्य) ऋषभस्य । परमेश्वरस्य (रेतः) वीर्यम् । सामर्थ्यम् ।अन्यद् यथा म० २॥

५—(देवानाम्) दिव्यगुणानाम् (भागः) भग-मतुबर्थे-अण् ।भगवान् । ऐश्वर्यवान् (उपनाहः) नित्यसम्बन्धी (एषः) ऋषभः (अपाम्) जलानाम् (रसः) रसरूपः (ओषधीनाम्) अन्नादीनाम् (सोमस्य) अमृतस्य (भक्षम्) भोगम् (अवृणीत) स्वीकृतवान् (बृहन्) महान् (अद्रिः) अ० ५ । २० । १० ।

भोग को [हमारे लिये] (अवृणीत) स्वीकार किया है और (यत्) जो [उसका] (शरीरम्) शरीर [अस्तित्व] है, वह (बृहन्) बड़ा (अद्रिः) कोठार (अभवत्) हुआ है ॥ ५ ॥

भावार्थ—सर्व व्यापी परमेश्वर ने अपनी सत्ता से उपयोगी पदार्थों को उत्पन्न करके सब प्राणियों को अन्न आदि पदार्थ देकर पुष्ट किया है ॥ ५ ॥

सोमे॑न पू॒र्णं क॒लशं॑ बिभर्षि॒ त्वष्टा॑ रू॒पाणां॑ जनि॒ता प॑शू॒नाम् । शि॒वास्ते॑ सन्तु प्रज॒न्व॑ इ॒ह या इ॒मा न्य१॒॑स्मभ्यं॑ स्वधिते यच्छ या अ॒मूः ॥ ६ ॥

सोमे॑न । पू॒र्णम् । क॒लश॑म् । बि॒भ॒र्षि॒ । त्वष्टा॑ । रू॒पाणा॑म् । ज॒नि॒ता । प॒शू॒नाम् ॥ शि॒वाः । ते॒ । स॒न्तु॒ । प्र॒-ज॒न्वः॑ । इ॒ह । याः । इ॒माः । नि । अ॒स्मभ्य॑म् । स्व॒-धि॒ते॒ । य॒च्छ॒ । याः । अ॒मूः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(रूपाणाम्) सब रूपों का (त्वष्टा) बनाने वाला और (पशूनाम्) सब जीवों का (जनिता) उत्पन्न करने वाला तू (सोमेन) अमृत से (पूर्णम्) पूर्ण (कलशम्) कलस (बिभर्षि) धारण करता है। (स्वधिते) हे स्वयं धारण करने वाले! (ते) तेरी (प्रजन्वः) प्रजनन शक्तियां (इह) यहां पर (शिवाः) कल्याणी (सन्तु) होवें, (याः) जो प्रजनन शक्तियां (इमाः)

अद भक्षणे क्तिन्। भक्षणीयपदार्थानां राशिः (अभवत्) (यत्) (शरीरम्) अस्तित्वम् ॥

६—(सोमेन) अमृतेन (पूर्णम्) पूरितम् (कलशम्) अ० ३। १२। ७। पात्रम् (बिभर्षि) धरसि (त्वष्टा) अ० २। ५। ६। विश्वकर्मा (रूपाणाम्) रूपवताम् (जनिता) जनयिता (पशूनाम्) अ० ३। २८। १। पशवोऽव्यक्तवाचश्चाव्यक्तवाचश्च—निरु० ११। २९। जीवानाम् (शिवाः) कल्याण्यः (ते) तव (सन्तु) (प्रजन्वः) कृषिचमितनि०। उ० १। ८०। जन जनने–ऊः स्त्रियाम्। प्रजननशक्तयः (इह) अत्र संसारे (याः) प्रजननशक्तयः (इमाः) समीप-

यह हैं और (याः) जो (अमूः) वे हैं [उन सब को] (अस्मभ्यम्) हमें (नि) नियम पूर्वक (यच्छ) दान कर ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर के महान् उपकारों को विचार कर पुरुषार्थ पूर्वक संसार के समीपस्थ और दूरस्थ पदार्थों को उपयोगी बनावें ॥ ६ ॥

आज्यं बिभर्ति घृतम॑स्य रेतः॑ साहस्रः पोषस्तमु॑ यज्ञमा॑हुः । इन्द्र॑स्य रूपमृ॑षभो वसा॑नः सो अस्मान् दे॑वाः शिव ऐतु॑ दत्तः ॥ ७ ॥

आज्य॑म् । बिभर्ति॑ । घृतम् । अस्य । रेत॑ः । साहस्रः । पोष॑ः । तम् । ऊं इति॑ । यज्ञम् । आहुः ॥ इन्द्र॑स्य । रूपम् । ऋषभः । वसा॑नः । सः । अस्मान् । देवाः । शिवः । आ-एतु । दत्तः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(अस्य) इस [परमेश्वर] का (घृतम्) प्रकाश युक्त (रेतः) सामर्थ्य (आज्यम्) सब उपाय (बिभर्ति) धारण करता है, (साहस्रः) वह सहस्रों पराक्रम युक्त (पोषः) पोषक है, (तम् उ) उसको ही (यज्ञम्) यज्ञ [संयोजक वियोजक] (आहुः) कहते हैं। (देवाः) हे विद्वान् लोगो! (इन्द्रस्य) ऐश्वर्य का (रूपम्) रूप (वसानः) धारण करता हुआ (शिवः) मङ्गलकारी, (दत्तः) दिया हुआ [हृदय में रक्खा गया] (सः) वह (ऋषभः)

वर्तिन्यः (नि) नियमेन (अस्मभ्यम्) पुरुषार्थिभ्यः (स्वधिते) स्व + धि धारणे, यद्वा डु धाञ् धारणे-क्तिच्। स्वधितिः...स्वयं कर्माण्यात्मनि धत्ते—निरु० १४। १३। स्वधितिर्वज्रनाम—निघ० २। २०। हे स्वयं धारक परमेश्वर (यच्छ) देहि (याः) (अमूः) दूरवर्तिन्यः ॥

७—(आज्यम्) अ० ६। २। १। सर्वोपायम् (बिभर्ति) धरति (घृतम्) दीप्तम् (अस्य) ऋषभस्य (रेतः) सामर्थ्यम् (साहस्रः) म० १। सहस्रपराक्रमयुक्तः (पोषः) पोषकः (तम्) (उ) निश्चयेन (यज्ञम्) संयोजकवियोजकम् (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यस्य (रूपम्) स्वरूपम् (ऋषभः) म० १। सर्वदर्शकः (वसानः) धारयन् (सः) अस्मान्) पुरुषार्थिनः (देवाः) हे विद्वांसः (शिवः) मङ्गलकारी (आ एतु) सम्यक् प्राप्नोतु (दत्तः) आत्मनि रक्षिता ॥

सर्वदर्शक परमेश्वर (अस्मान्) हम लोगों को (आ एतु) अच्छे प्रकार प्राप्त हो ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्वपोषक परमेश्वर का आश्रय लेकर सर्वदा पुरुषार्थ करें ॥ ७ ॥

इन्द्र॑स्यौजो॒ वरु॑णस्य बा॒हू अ॒श्विनो॒रंसौ॑ म॒रुता॑मि॒यं क॒कुत् । बृह॒स्पतिं॒ संभृ॑तमे॒तमा॑हु॒र्ये धीरा॑सः क॒वयो॒ ये म॑नी॒षिण॑: ॥ ८ ॥

इन्द्र॑स्य । ओज॑: । वरु॑णस्य । बा॒हू इति॑ । अ॒श्विनो॑: । अंसौ॑ । म॒रुता॑म् । इ॒यम् । क॒कुत् ॥ बृह॒स्पति॑म् । सम्-भृ॑तम् । ए॒तम् । आ॒हु॒: । ये । धीरा॑सः । क॒वय॑: । ये । म॒नी॒षिण॑: ॥८॥

भाषार्थ—(इन्द्रस्य) सूर्य का (ओजः) बल, (वरुणस्य) जल का (बाहू) दो भुजा [समान], (अश्विनोः) दिन और रात का (अंसौ) दो कन्धों [समान) और (मरुताम्) प्राण अपान आदि पवनों की (इयम्) यह (ककुत्) सुखका शब्द करनें वाली शक्ति [वह परमेश्वर है] । (एतम्) इसी को (बृहस्पतिम्) बड़े बड़े लोकों का स्वामी (संभृतम्) यथावत् पोषणकर्ता (आहुः) वे बताते हैं, (ये) जो (धीरासः) धीर (कवयः) बुद्धिमान् और (ये) जो (मनीषिणः) मन की गति वाले हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—वह परमेश्वर सब जगत् का आश्रय दाता है, उसको तत्त्वदर्शी लोग पहिचान कर आनन्द पाते हैं ॥ ८ ॥

८—(इन्द्रस्य) सूर्यस्य (ओजः) बलम् (वरुणस्य) जलस्य (बाहू) भुजौ यथा (अश्विनोः) अ० २ । २९ । ६ । अहोरात्रयोः—निरु० १२ । १ । (अंसौ) अम गतौ—स । स्कन्धौ यथा (मरुताम्) अ० १ । २० । १ । प्राणापानादिवायूनाम् (इयम्) (ककुत्) कं सुखं कौति, क+कु शब्दे—क्विप्, तुक् । सुखस्य शब्दयित्री शक्तिः (बृहस्पतिम्) बृहतां लोकानां स्वामिनम् (संभृतम्) क्विबन्तः । संभर्तारम् (एतम्) ऋषभम् (आहुः) कथयन्ति (ये) (धीरासः) धीमन्तः (कवयः) मेधाविनः (ये) (मनीषिणः) अ० ३ । ५ । ६ । मनस् + षा—इनि । मनसो गतियुक्ताः ॥

दैवी॒र्विश॒: पय॑स्वा॒ना त॑नोषि॒ त्वामिन्द्रं॒ त्वां सर॑स्वन्त-
माहुः । स॒हस्रं॒ स एक॑मुखा ददाति॒ यो ब्रा॑ह्म॒ण ऋ॑ष॒भ-
मा॑जु॒होति॑ ॥ ९ ॥

दैवीः । वि॒शः । पय॑स्वान् । आ । त॒नो॒षि॒ । त्वाम् । इन्द्र॑म् । त्वाम् । सर॑स्वन्तम् । आ॒हुः ॥ स॒हस्र॑म् । सः । एक॑-मुखाः । द॒दा॒ति॒ । यः । ब्रा॒ह्म॒णे । ऋ॒ष॒भम् । आ॒-जु॒होति॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(पयस्वान्) अन्नवान् तू (दैवीः) दिव्यगुण वाली (विशः) प्रजाओं को (आ) सब ओर (तनोषि) फैलाता है, (त्वाम्) तुझको (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्यवान्, (त्वाम्) तुझको (सरस्वन्तम्) महाज्ञानवान् (आहुः) वे कहते हैं। (सः) वह [ब्राह्मण] (सहस्रम्) सहस्र (एकमुखाः) एक [परमेश्वर] में मुख [मुख्यता] रखनेवाली [विद्याओं] को (ददाति) देता है, (यः) जो (ब्राह्मणे) वेदज्ञान में (ऋषभम्) सर्वदर्शक परमेश्वर को (आजुहोति) सब ओर से ग्रहण करता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—सर्वपोषक सर्वज्ञ परमात्मा के ज्ञान से ब्राह्मण वेदद्वारा अनेक विज्ञानों का उपदेश करता है ॥ ९ ॥

बृह॒स्पति॑: सवि॒ता ते॒ वयो॑ दधौ॒ त्वष्टु॑र्वा॒योः पर्या॒त्मा
त॒ आभृ॑तः । अ॒न्तरि॑क्षे॒ मन॑सा त्वा जुहोमि ब॒र्हिष्टे॒
द्यावा॑पृथि॒वी उ॒भे स्ता॑म् ॥ १० ॥ (९)

बृह॒स्पति॑ः । स॒वि॒ता । ते॒ । वयः॑ । द॒धौ॒ । त्वष्टुः॑ । वा॒योः ।

९—(दैवीः) दिव्यगुणयुक्ताः (विशः) प्रजाः (पयस्वान्) अन्नवान् (आ) समन्तात् (तनोषि) विस्तारयसि (त्वाम्) (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तम् (त्वाम्) (सरस्वन्तम्) सरांसि विज्ञानानि यस्य तम् (आहुः) (सहस्रम्) बहुप्रकारम् (एकमुखाः) एकस्मिन् परमेश्वरे मुखं प्रधानत्वं यासां ता विद्याः (ददाति) यः (ब्राह्मणे) ब्रह्मन्—अण् । ब्रह्मणो वेदस्य ज्ञाने (ऋषभम्) म० १ । सर्वदर्शकं परमेश्वरम् (आजुहोति) समन्तादादत्ते । स्वीकरोति ॥

परि । आत्मा । ते । आ-भृतः ॥ अन्तरिक्षे । मनसा । त्वा । जुहोमि । बर्हिः । ते । द्यावापृथिवी इति । उभे इति । स्ताम् ॥ १० ॥ (८)

भाषार्थ—[हे मनुष्य !] (बृहस्पतिः) सब लोकों के स्वामी (सविता) सर्वप्रेरक परमेश्वर ने (ते) तेरे लिये (वयः) अन्न [वा बल] (दधौ) दिया है, (त्वष्टुः) उसी विश्वकर्मा (वायोः) सर्वव्यापक परमेश्वर से (ते) तेरा (आत्मा) आत्मा (परि) सब ओर (आभृतः) पुष्ट किया गया है । (अन्तरिक्षे) सब में दीखते हुये परमेश्वर के बीच (त्वा) तुझ को (मनसा) विज्ञान से (जुहोमि) मैं ग्रहण करता हूं, (उभे) दोनों (द्यावापृथिवी) सूर्य और भूमि (ते) तेरे लिये (बर्हिः) वृद्धि (स्ताम्) होवें ॥ १० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य सर्वनियन्ता परमेश्वर को सब स्थानों में साक्षात् करते हैं, वे सर्वदा वृद्धि करते रहते हैं ॥ १० ॥

य इन्द्र इव देवेषु गोष्वेति विवावदत् ।
तस्य ऋषभस्याङ्गानि ब्रह्मा सं स्तौतु भद्रया ॥ ११ ॥

यः । इन्द्रः-इव । देवेषु । गोषु । एति । वि-वावदत् ॥ तस्य । ऋषभस्य । अङ्गानि । ब्रह्मा । सम् । स्तौतु । भद्रया ॥११॥

भाषार्थ—(इन्द्र इव) बड़े ऐश्वर्यवान् पुरुष के समान (देवेषु)

१०—(बृहस्पतिः) बृहतां लोकानां पालकः (सविता) सर्वप्रेरकः परमेश्वरः (ते) तुभ्यं मनुष्याय (वयः) अन्नम् । बलम् (दधौ) ददौ (त्वष्टुः) विश्वकर्मणः सकाशात् (वायोः) सर्वव्यापकात् परमेश्वरात् (परि) सर्वतः (आत्मा) आत्मबलम् (ते) तव (आभृतः) सम्यक् पोषितः (अन्तरिक्षे) अ० १ । ३० । ३ । सर्वमध्ये दृश्यमाने परमेश्वरे (मनसा) विज्ञानेन (त्वा) मनुष्यम् (जुहोमि) गृह्णामि (बर्हिः) अ० ५ । २२ । १ । वृद्धिः । वृद्धिकारणम् (ते) तुभ्यम् (द्यावापृथिवी) सूर्यभूलोकौ (उभे) द्वे (स्ताम्) भवताम् ॥

११—(यः) ऋषभः । परमेश्वरः (इन्द्रः) प्रतापी मनुष्यः (देवेषु)

विद्वानों के बीच, (यः) जो [परमेश्वर] (विवावदत्) अनेक प्रकार बोलता हुआ (गोषु) भूमि आदि लोकों में (एति) चलता है। (तस्य) उस (ऋषभस्य) सर्वव्यापक के (अङ्गानि) अङ्गों को (ब्रह्मा) ब्रह्मा [चारों वेद जानने वाला विद्वान्] (भद्रया) कल्याणी रीति से (सम्) भले प्रकार (स्तौतु) सत्कार से वर्णन करे ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो परमेश्वर वेद द्वारा अनेक नियमों का उपदेश करता हुआ सर्वलोक नियन्ता है, विद्वान् पुरुष उसके गुणों की महिमा को यथावत् जाने ॥११॥

पार्श्वे आस्तामनुमत्या भगस्यास्तामनुवृजौ ।
अष्ठीवन्तावब्रवीन्मित्रो ममैतौ केवलाविति ॥ १२ ॥

पार्श्वे इति । आस्ताम् । अनु-मत्याः । भगस्य । आस्ताम् । अनु-वृजौ ॥ अष्ठीवन्तौ । अब्रवीत् । मित्रः । मम । एतौ । केवलौ । इति ॥ १२ ॥

भाषार्थ—[परमेश्वर की] (पार्श्वे) दोनों कांखें [कक्षायें] (अनुमत्याः) अनुकूल बुद्धि की (आस्ताम्) थीं, (अनुवृजौ) [उसकी) दोनों कोखें (भगस्य) ऐश्वर्य की (आस्ताम्) थीं। (अष्ठीवन्तौ) [उसके] दोनों घुटनों को (मित्रः) प्राण ने (अब्रवीत्) बतलाया, " (एतौ) यह दोनों (केवलौ) केवल (मम) मेरे हैं, (इति) बस" ॥ १२ ॥

विद्वत्सु (गोषु) गौः पृथिवी—निघ० १ । १ । पृथिव्यादिलोकेषु (एति) गच्छति। व्याप्नोति (विवावदत्) वि+वद व्यक्तायां वाचि यङ्लुकि—शतृ। अनेकप्रकारेण प्रवदन् सन् (तस्य) (ऋषभस्य) म० १। सर्वव्यापकस्य (अङ्गानि) गुणावयवान् (ब्रह्मा) चतुर्वेदज्ञो विद्वान् (सम्) सम्यक् (स्तौतु) अर्चतु—निघ० ३ । १४ (भद्रया) कल्याण्या रीत्या ॥

१२—(पार्श्वे) अ० २ । ३३ । ३ । कक्षयोरधोभागौ (आस्ताम्) अभवताम् (अनुमत्याः) अ० २ । २६ । २ । अनुकूलबुद्धेः (भगस्य) ऐश्वर्यस्य (आस्ताम्) (अनुवृजौ) वृजी वर्जने आच्छादने च—क्विप् । कुक्षिवाम—दक्षिणभागौ (अष्ठीवन्तौ) अ० २ । ३३ । ५ । जानुभागौ (अब्रवीत्) अकथयत् (मित्रः) प्रेरकः प्राणः (मम) (एतौ) केवलौ) निश्चितौ । (इति) वाक्यसमाप्तौ ॥

भावार्थ—अलङ्कार से निराकार परमेश्वर में मनुष्य आदि के आकार की कल्पना करके उसके गुणों का वर्णन है। वह जगदीश्वर सर्वथा अनुकूल बुद्धि वाला परम ऐश्वर्यवान् और प्राण आदि का चलाने वाला है ॥ १२ ॥

भसदासीदादित्यानां श्रोणी आस्तां बृहस्पतेः ।
पुच्छं वातस्य देवस्य तेन धूनोत्योषधीः ॥ १३ ॥

भसत् । आसीत् । आदित्यानाम् । श्रोणी इति । आस्ताम् । बृहस्पतेः ॥ पुच्छम् । वातस्य । देवस्य । तेन । धूनोति । ओषधीः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(भसत्) [परमेश्वर की] पेड़ू (आदित्यानाम्) अनेक सूर्यलोकों की (आसीत्) थी, [उसके] (श्रोणी) दोनों कूल्हे (बृहस्पतेः) बृहस्पति लोक के (आस्ताम्) थे। [उसकी] (पुच्छम्) पूंछ (देवस्य) गतिमान् (वातस्य) वायु की [थी], (तेन) उससे (ओषधीः) ओषधियों को (धूनोति) वह हिलाता है ॥ १३ ॥

भावार्थ—इस मन्त्र में परमेश्वर को पूंछ वाले पक्षी पशु आदि के समान माना है। उस परमेश्वर में अनन्त सूर्य और बृहस्पति आदि लोक और वायु मण्डल रह कर उसी की शक्ति से चलते हैं ॥ १३ ॥

गुदा आसन्त्सिनीवाल्याः सूर्यायास्त्वचमब्रुवन् ।
उत्थातुरब्रुवन् पद ऋषभं यदकल्पयन् ॥ १४ ॥

गुदाः । आसन् । सिनीवाल्याः । सूर्यायाः । त्वचम् । अब्रुवन् ॥ उत्थातुः । अब्रुवन् । पदः । ऋषभम् । यत् । अकल्पयन् ॥ १४ ॥

१३—(भसत्) अ० ४ । १४ । ८ । नाभितलभागः (आसीत्) (आदित्यानाम्) सूर्याणाम् (श्रोणी) अ० २ । ३३ । ५ । नितम्बौ (आस्ताम्) (बृहस्पतेः) बृहस्पतिलोकस्य (पुच्छम्) अ० ७ । ५६ । ६ । लाङ्गूलम् (वातस्य) पवनस्य (देवस्य) गतिमतः (तेन) (पुच्छेन) (धूनोति) कम्पयति (ओषधीः) अन्नादिपदार्थान् ॥

भाषार्थ—[परमेश्वर की] (गुदाः) गुदा की नाड़ियां (सिनीवाल्याः) चौदस के साथ मिली हुई अमावस की (आसन्) थीं, [उसकी] (त्वचम्) त्वचा को (सूर्यायाः) सूर्य की धूप का (अब्रुवन्) उन्होंने बतलाया। (पदः) [उसके] पैरों को (उत्थातुः) उठने वाले [उत्साही पुरुष] का (अब्रुवन्) उन्होंने बतलाया, (यत्) जब (ऋषभम्) सर्वव्यापक परमेश्वर को (अकल्पयन्) उन्होंने कल्पना से माना ॥ १४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर अन्धकार और प्रकाश का जतानेवाला और पुरुषार्थियों को चलाने वाला है, ऐसा विद्वान् लोग समझते हैं [चौदस के साथ मिली अमावस में प्रकाश थोड़ा और अन्धकार अधिक होता है] ॥ १४ ॥

क्रोड आसीज्जामिशंसस्य सोमस्य कलशो धृतः ।
देवाः संगत्य यत् सर्व ऋषभं व्यकल्पयन् ॥ १५ ॥

क्रोडः । आसीत् । जामि-शंसस्य । सोमस्य । कलशः । धृतः ॥
देवाः । सम्-गत्य । यत् । सर्वे । ऋषभम् । वि-अकल्पयन् १५

भाषार्थ—[परमेश्वर की] (क्रोडः) गोद (जामिशंसस्य) ज्ञानियों

१४—(गुदाः) अ० २।३३।४। मलत्यागनाड्यः (आसन्) (सिनीवाल्याः) अ० २।२६।२। सिन्या शुक्लया चन्द्रकलया वल्यते मिश्र्यते या सा सिनीवाली। सिनी+वल मिश्रणे—घञ्, ङीष्। चतुर्दशीयुक्ताया अमावास्यायाः। सिनीवाली कुहुरिति देवपत्न्याविति नैरुक्ता अमावास्ये इति याज्ञिका या पूर्वामावस्या सा सिनीवाली योत्तरा सा कुहूरिति विज्ञायते—निरु० ११।३१। सा दृष्टेन्दुः सिनीवाली सा नष्टेन्दुकला कुहूः—इत्यमरः ४।६ (सूर्यायाः) राजसूयसूर्य०। पा० ३।१।११४। सृ गतौ यद्वा षू प्रेरणे निपातनात् क्यपि रूपसिद्धिः, टाप्। सूर्या वाङ्नाम—निघ०।१।११। पदनाम—निघ० ५।६। सूर्या सूर्यस्य पत्नी—निरु० १२।७। सूर्यदीप्तेः (अब्रुवन्) अकथयन् (उत्थातुः) उत्थानशीलस्य। उत्साहिनः पुरुषस्य (पदः) पद गतौ—क्विप्। पादान् (ऋषभम्) म० १। सर्वव्यापकं परमेश्वरम् (यत्) यदा (अकल्पयन्) अ० ६।१०९।१। कल्पितवन्तः। कल्पनया ज्ञातवन्तः॥

१५—(क्रोडः) क्रुड बाल्ये—घञ्। अङ्कः। वक्षः (आसीत्) (जामिशं-

में प्रशंसा वाले पुरुष की (आसीत्) थी, [उसका] (कलशः) कलस [जल-पात्र] (सोमस्य) अमृत का (धृतः) धरा हुआ [था] । (यत्) जब (सर्वे) सब (देवाः) विद्वानों ने (संगत्य) मिलकर (ऋषभम्) सर्वदर्शक परमेश्वर को (व्यकल्पयन्) विविध प्रकार कल्पना से माना ॥ १५ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग निश्चय करके मानते हैं कि परमेश्वर विद्वानों का आश्रय और अमृतस्वरूप है ॥ १५ ॥

ते कुष्ठिकाः सरमायै कूर्मेभ्यो अदधुः शफान् ।
ऊबध्यमस्य कीटेभ्यः श्ववर्तेभ्यो अधारयन् ॥ १६ ॥

ते । कुष्ठिकाः । सरमायै । कूर्मेभ्यः । अदधुः । शफान् ॥ ऊबध्यम् । अस्य । कीटेभ्यः । श्व-वर्तेभ्यः । अधारयन् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(ते) उन्हों ने [ऋषियों ने] (कुष्ठिकाः) [पदार्थों को] बाहिर निकालने [चुराने] की प्रकृतियां (सरमायै) सरक सरक कर चलने वाली कुतिया को, और (शफान्) हिंसक स्वभाव (कूर्मेभ्यः) हिंसा करने

सस्य) नियो मिः । उ० ४ । ४३ । या गतौ यद्वा ज्ञा ज्ञाने—मि, आदेर्जत्वम् । शंसु हिंसागत्योः—अप्रत्ययः, टाप् । ज्ञातृषु विद्वत्सु शंसा प्रशंसा यस्य तस्य (सोमस्य) अमृतस्य (कलशः) जलपात्रम् (धृतः) स्थापितः (देवाः) विद्वांसः (संगत्य) मिलित्वा (यत्) यदा (सर्वे) (ऋषभम्) (व्यकल्पयन्) विविधं कल्पितवन्तः ॥

१६—(ते) ऋषयः (कुष्ठिकाः) कुष्ठ-कन् स्वर्थे, टाप् । प्रत्ययस्थात् कात पूर्वस्यात इदाप्यसुपः । पा० ७ । ३ । ४४ । अत इत्त्वम् । निष्कर्षणस्य वहिष्करणस्य प्रकृतीः (सरमायै) कलिकर्योरमः । उ० ४ । ८४ । सृ गतौ—अमप्रत्ययः, टाप् । सरमा पदनाम्-निघ० ५ । ५ । सरमा सरणात्-निरु० ११ । २४ । श्वा काक इति कुत्सायाम्-निरु० ३ । १८ । सरणशीलायै कुक्कुर्यै (कूर्मेभ्यः) इषियुधीन्धि० । उ० १ । १४५ । डु कृञ् करणे कृञ् हिंसायां वा—मक्, ऊत्त्वं च । यद्वा । अर्त्तेरूच्च । उ० ४४ । ४ । ऋ गतौ—मि, ऊत् । के देहे जले वा ऊर्मिर्वेगो यस्य स कूर्मः । शरीरस्थो वायुः । कच्छपः । सृष्टिकर्त्ता "परमेश्वरो यथा, परमेश्वरेणेदं सकलं जगत् क्रियते तस्मात् तस्य कूर्म इति संज्ञा"—दयानन्दकृता ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, पृष्ठे २९१ । हिंसकेभ्यः कच्छपेभ्यः (अदधुः) दत्तवन्तः (शफान्) शम शान्तौ हिंसायां च—

वाले वा जल में धसजाने वाले कछुओं को (अदधुः) दीये । (अस्य) उसका (ऊबध्यम्) कुपचा अन्न (श्ववर्तेभ्यः) कुत्तों [वा मृतक देहों में] रहने वाले (कीटेभ्यः) कीड़ों को (अधारयन्) उन्होंने रक्खा ॥ १६ ॥

भावार्थ—ऋषियों ने निश्चय किया है कि कुतिये, कुत्ते, कछुये, कीट आदि जो हिंसक योनियां हैं, वे ईश्वर नियमसे परपदार्थ हरने वाले प्राणियों के दुष्कर्मों के फल हैं ॥ १६ ॥

शृङ्गाभ्यां रक्ष ऋषत्यवर्तिं हन्ति चक्षुषा ।
शृणोति भद्रं कर्णाभ्यां गवां यः पतिरघ्न्यः ॥ १७

शृङ्गाभ्याम् । रक्षः । ऋषति । अवर्तिम् । हन्ति । चक्षुषा ॥
शृणोति । भद्रम् । कर्णाभ्याम् । गवाम् । यः । पतिः । अघ्न्यः १७

भाषार्थ—[वह परमेश्वर] (शृङ्गाभ्याम्) दो प्रधानताओं [प्रजापालन और शत्रुनाशन] से (रक्षः) राक्षस [विघ्न] को (ऋषति) हटाता है, (चक्षुषा) नेत्र से (अवर्तिम्) निर्जीविका (हन्ति) नाश करता है । (कर्णाभ्याम्) दोनों कानों से (भद्रम्) कल्याण (शृणोति) सुनता है, (यः) जो (अघ्न्यः) अहिंसक प्रजापति (गवाम्) सब लोकों का (पतिः) स्वामी है ॥ १७ ॥

भावार्थ—सर्वद्रष्टा, सर्वश्रोता परमेश्वर सब क्लेशों का नाश करके अपने भक्तों को आनन्द देता है ॥ १७ ॥

अच्, मस्य फः पृषोदरादित्वात् । शम्नातिर्वधकर्मा—निघ० २ । १९ । हिंसकस्वभावान् (ऊबध्यम्) दुर्+बध संयमने=बन्धने-यत्, पृषोदरादित्वाद्दकारलोपे ऊत्वम् । दुर्बध्यं दुर्बन्धनीयं दुःखेन पचनीयम् । अजीर्णमन्नम् (अस्य) ऋषभस्य (कीटेभ्यः) कीट बन्धे वर्णे च—अच् । कृमिजातिभ्यः (श्ववर्तेभ्यः) श्वन् शव वा+वृतु वर्तने—घञ् । श्वसु कुक्कुरेषु शवेषु मृत देहेषु वा वर्त्तमानेभ्यः (अधारयन्) धारितवन्तः ॥

१७—(शृङ्गाभ्याम्) अ० ८ । ३ । २४ । प्रधान्याभ्यां प्रजापालनशत्रुनाशनाभ्याम् (रक्षः) राक्षसम् । विघ्नम् (ऋषति) रिषति । हिनस्ति । निर्गमयति (अवर्तिम्) निर्जीविकाम् (हन्ति) नाशयति (चक्षुषा) दृष्ट्या (शृणोति) (भद्रम्) कल्याणम् (कर्णाभ्याम्) श्रोत्राभ्याम् (गवाम्) पृथिव्यादिलोकानाम् (यः) परमेश्वरः (पतिः) स्वामी (अघ्न्यः) अहिंसकः । प्रजापतिः ॥

शतयाजं स यजते नैनं दुन्वन्त्यग्नयः। जिन्वन्ति विश्वे तं देवा यो ब्राह्मण ऋषभमाजुहोति ॥ १८ ॥

शत-याजम्। सः। यजते। न। एनम्। दुन्वन्ति। अग्नयः॥ जिन्वन्ति। विश्वे। तम्। देवाः। यः। ब्राह्मणे। ऋषभम्। आ-जुहोति ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (ब्राह्मणः) ब्राह्मण [परमेश्वर और वेद जानने वाला] (ऋषभम्) श्रेष्ठ परमात्मा को (आजुहोति) अच्छे प्रकार प्रसन्न करता है, (सः) वह (शतयाजम्) शीघ्र सैकड़ों प्रकार से यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] करके (यजते) मिलता है, (एनम्) उसको (अग्नयः) तापें [आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक] (न) नहीं (दुन्वन्ति) तपाते हैं, (तम्) उसको (विश्वे) सब (देवाः) दिव्यगुण (जिन्वन्ति) तृप्त करते हैं ॥ १८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर का भक्त विद्वान् पुरुष संसार की भलाई में तत्पर होकर तीनों तापों से छूटकर आनन्द भोगता है ॥ १८ ॥

ब्राह्मणेभ्य ऋषभं दत्त्वा वरीयः कृणुते मनः।
पुष्टिं सो अघ्न्यानां स्वे गोष्ठेव पश्यते ॥ १९ ॥

ब्राह्मणेभ्यः। ऋषभम्। दत्त्वा। वरीयः। कृणुते। मनः॥ पुष्टिम्। सः। अघ्न्यानाम्। स्वे। गो-स्थे। अव। पश्यते ॥ १९ ॥

भाषार्थ—[जो आचार्य] (ब्राह्मणेभ्यः) ब्राह्मणों [ब्रह्म जिज्ञासुओं]

१८—(शतयाजम्) द्वितीयायां च। पा० ३।४।५३। यज देवपूजासङ्गतिकरणदानेषु—परीप्सायां णमुल्। त्वरया शतानि इष्ट्वा श्रेष्ठव्यवहारान् कृत्वा (सः) ब्राह्मणः (यजते) सङ्गच्छते (न) निषेधे (एनम्) ब्राह्मणम् (दुन्वन्ति) उपतापयन्ति (अग्नयः) त्रितापाः (जिन्वन्ति) जिन्वतिर्गतिकर्मा—निघ० २। १४। प्रीतिकर्मा—निरु० ६। २२। तर्पयन्ति (विश्वे) सर्वे (तम्) (देवाः) दिव्या गुणाः (यः) (ब्राह्मणः) अ० २। ६। ३। ब्रह्मज्ञः (ऋषभम्) श्रेष्ठं परमात्मानम् (आजुहोति) हु प्रीणने। समन्तात् प्रीणाति ॥

१९—(ब्राह्मणेभ्यः) अ० २। ६। ३। तदधीते तद्वेद। पा० ४। २। ५९।

को (ऋषभम्) श्रेष्ठ परमेश्वर [के बोध] को (दत्त्वा) देकर (मनः) मन (वरीयः) अधिक विस्तृत (कृणुते) करता है। (सः) वह पुरुष (स्वे) अपने (गोष्ठे) वाचनालय में (अघ्न्यानाम्) हिंसा न करने वालों की (पुष्टिम्) पुष्टि (अव पश्यते) देखता है॥ १९ ॥

भावार्थ—आचार्य को योग्य है कि ब्रह्म जिज्ञासुओं को यथावत् रीति से ब्रह्म ज्ञान कराके उनके लिये सुख वृद्धि करे ॥ १९ ॥

गावः सन्तु प्रजाः सन्त्वथो अस्तु तनूबलम् ।
तत् सर्वमनु मन्यन्तां देवा ऋषभदायिने ॥ २० ॥

गावः । सन्तु । प्र-जाः । सन्तु । अथो इति । अस्तु । तनू-बलम् ॥ तत् । सर्वम् । अनु । मन्यन्ताम् । देवाः । ऋषभ-दायिने ॥ २० ॥

भाषार्थ—(गावः) विद्यायें (सन्तु) होवें, (प्रजाः) प्रजायें (सन्तु) होवें, (अथो) और भी (तनूबलम्) शरीर बल (अस्तु) होवे। (देवाः) विद्वान् लोग (ऋषभदायिने) सर्वदर्शक परमेश्वर के [ज्ञान] देने वाले के लिये (तत् सर्वम्) वह सब (अनु मन्यन्ताम्) स्वीकार करें ॥ २० ॥

भावार्थ—ब्रह्मवेत्ता, ब्रह्मोपदेशक जन को सब सुख प्राप्त होते हैं ॥२०॥

अयं पिपान इन्द्र इद् रयिं दधातु चेतनीम्। अयं धेनुं

ब्रह्मणः परमेश्वरस्याध्येतृभ्यो जिज्ञासुभ्यः (ऋषभस्य) श्रेष्ठस्य परमात्मनो बोधमित्यर्थः (दत्त्वा) (वरीयः) उरुतरम् (कृणुते) करोति (मनः) अन्तःकरणम् (पुष्टिम्) वृद्धिम् (सः) आचार्यः (अघ्न्यानाम्) म० १७। अहिंसकानां प्रजापतीनाम् (स्वे) स्वकीये (गोष्ठे) अ० २। १४। २। वाचनालये (अव पश्यते) अवलोकते ॥

२०—(गावः) वाचः। विद्याः (सन्तु) (प्रजाः) पुत्रपौत्रादयः (अथो) अपि च (अस्तु) (तनूबलम्) शरीरसामर्थ्यम् (तत्) (सर्वम्) (अनुमन्यन्ताम्) स्वीकुर्वन्तु (देवाः) विद्वांसः (ऋषभदायिने) परमेश्वरस्य बोधदात्रे-इत्यर्थः ॥

सुदुघां नित्यवत्सां वशां दुहां विपश्चितं परो दिवः॥२१॥

अयम् । पिपानः । इन्द्रः । इत् । रयिम् । दधातु । चेतनीम् ॥ अयम् । धेनुम् । सु-दुघाम् । नित्य-वत्साम् । वशम् । दुहाम् । विपः-चितम् । परः । दिवः ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (पिपानः) प्रवृद्ध, बली (इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्य वाला जगदीश्वर (इत्) ही (चेतनीम्) चेताने वाली (रयिम्) लक्ष्मी (दधातु) देवे। (अयम्) यही [परमेश्वर] (सुदुघाम्) अच्छे प्रकार पूर्ण करने हारी, (नित्यवत्साम्) नित्य निवास देने वाली (धेनुम्) वाणी और (वशम्) प्रभुत्व को (दिवः) हिंसा वा मद से (परः) परे [रहने वाले] (विपश्चितम्) बुद्धिमान् पुरुष के लिये (दुहाम्) परिपूर्ण करे ॥ २१ ॥

भावार्थ—अहिंसक, निरभिमानी विद्वान् पुरुष परमेश्वर की वेदवाणी द्वारा उन्नति करके आनन्द भोगते हैं ॥ २१ ॥

पिशङ्गरूपो नभसो वयोधा ऐन्द्रः शुष्मो विश्वरूपो न आगन् । आयुरस्मभ्यं दधत् प्रजां च रायश्च पोषैरभि नः सचताम् ॥ २२ ॥

पिशङ्ग-रूपः । नभसः । वयः-धाः । ऐन्द्रः । शुष्मः । विश्व-रूपः । नः । आ । अगन् ॥ आयुः । अस्मभ्यम् । दधत् । प्र-

२१—(अयम्) व्यापकः (पिपानः) ओप्यायी वृद्धौ—कानच्, यलोपः । पिप्यानः । प्रवृद्धः । बली (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् जगदीश्वरः । ऋषभः (इत्) एव (रयिम्) अ० १ । १५ । २ । धनम् (दधातु) ददातु (चेतनीम्) चित संचेतने—ल्युट्, ङीप् । चेतयन्तीम् (अयम्) (धेनुम्) वाचम् (सुदुघाम्) अ० ७ । ७३ । ७ । यथावत् कामपूरयित्रीम् (नित्यवत्साम्) वस निवासे—स, उ० ३ । ६२ । सदानिवासयित्रीम् (वशम्) प्रभुत्वम् (दुहाम्) अ० ३ । १० । १, द्विकर्मकः । दुग्धाम् । प्रपूरयतु (विपश्चितम्) अ० ६ । ५२ । ३ । मेधाविनम्—निघ० ३ । १५ । (परः) परस्तात् (दिवः) दिवु अर्दे मर्दने वा मदे च—डिवि । हिंसनात् । मदात् ॥

जाम् । च । रायः । च । पोषैः । अभि । नः । सचताम् ॥२२॥

भाषार्थ—(पिशङ्गरूपः) अवयवों का रूप करने वाला, (नभसः) सूर्य वा मेघ वा आकाश का (वयोधाः) जीवन धारण करने वाला, (ऐन्द्रः) बड़े ऐश्वर्य वालों का स्वामी, (शुष्मः) बलवान् और (विश्वरूपः) सब जगत् का रूप करने वाला [परमेश्वर] (नः) हम को (आ अगन्) प्राप्त हुआ है। (च) और (अस्मभ्यम्) हम को (आयुः) आयु (च) और (प्रजाम्) प्रजा [सन्तान आदि] (दधत्) देता हुआ वह (रायः) धन की (पोषैः) वृद्धियों से (नः) हमें (अभि) सब ओर से (सचताम्) सींचे ॥ २२ ॥

भावार्थ—परमेश्वर व्यष्टि रूप और समष्टि रूप जगत् और सब लोकों का धारण करने वाला है, उस सर्वशक्तिमान् सर्वान्तर्यामी की उपासना से मनुष्य अपनी वृद्धि करें ॥ २२ ॥

उपेहोपपर्चनास्मिन् गोष्ठ उप पृञ्च नः ।
उप ऋषभस्य यद्रेत उपेन्द्र तव वीर्यम् ॥ २३ ॥

उप । इह । उप-पर्चन । अस्मिन् । गो-स्थे । उप । पृञ्च । नः ॥
उप । ऋषभस्य । यत् । रेतः । उप । इन्द्र । तव । वीर्यम् ॥२३

भाषार्थ—(उपपर्चन) हे समीप सम्बन्ध वाले [परमेश्वर !] (इह) यहां पर (अस्मिन्) इस (गोष्ठे) प्राणियों के स्थान में (नः) हमें (उप उप)

२२—(पिशङ्गरूपः) पिडादिभ्यः कित् । उ० १ । १२१ । पिश अवयवे—अङ्गच्, कित् । खष्पशिल्पशष्प० । उ० ३ । २८ । रु शब्दे—पप्रत्ययः, दीर्घः । यद्वा, रूप रूपस्य दर्शने करणे वा—अच् । अवयवानां रूपं दर्शनं यस्मात् सः (नभसः) अ० २ । ७६ । २ । सूर्यस्य मेघस्याकाशस्य वा (वयोधाः) जीवनधारकः (ऐन्द्रः) इन्द्राणामैश्वर्यवतां स्वामी (शुष्मः) बलवान् (विश्वरूपः) सर्वस्य जगतो रूपकर्ता (नः) अस्मान् (आ अगन्) प्राप्तवान् (आयुः) जीवनम् (अस्मभ्यम्) (दधत्) धारयन् (प्रजाम्) (च) (रायः) धनस्य (पोषैः) वृद्धिभिः (अभि) सर्वतः (नः) अस्मान् (सचताम्) षच सेचने । सिञ्चतु ॥

२३—(उप उप) अति समीपम् (इह) अत्र (उपपर्चन) पृची संपर्के-

अत्यन्त समीप से (पृञ्च) मिल। (इन्द्र) हे परमैश्वर्य वाले परमात्मा ! (ऋषभस्य तव) तुझ श्रेष्ठ का (यत्) जो (रेतः) पराक्रम और (वीर्यम्) वीरत्व है, [उसके साथ] (उप उप) अति समीप से [मिल] ॥ २३ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर से घनिष्ठ सम्बन्ध करके अपना बल पराक्रम बढ़ावे ॥ २३ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—म० ६ सू० २८ म० ८ ॥

एतं वो युवानं प्रति दध्मो अत्र तेन क्रीडन्तीश्चरत वशाँ अनु। मा नो हासिष्ट जनुषा सुभागा रायश्च पोषैरभि नः सचध्वम् ॥ २४ ॥ (१०)

एतम्। वः। युवानम्। प्रति। दध्मः। अत्र। तेन। क्रीडन्तीः। चरत। वशान्। अनु ॥ मा। नः। हासिष्ट। जनुषा। सुभागाः। रायः। च। पोषैः। अभि। नः। सचध्वम् ॥२४॥ (१०)

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] (वः) तुम को (एतम्) इस (युवानम् प्रति) बलवान् [परमेश्वर] के प्रति (दध्मः) हम रखते हैं, (अत्र) यहां पर (तेन) उस [परमेश्वर] के साथ (क्रीडन्तीः) मन बहलाती हुई [तुम प्रजाओ !] (वशान् अनु) अनेक प्रभुताओं के साथ साथ (चरत) विचरो। (सुभागाः) हे बड़े ऐश्वर्य वाले ! (नः) हमें (जनुषा) जनता [मनुष्यों] से (मा हासिष्ट) मत पृथक् करो, (च) और (रायः) धन की (पोषैः) वृद्धियों

ल्यु। हे समीपसम्बन्धिन् (अस्मिन्) (गोष्ठे) वाचां स्थाने (पृञ्च) संयोजय (नः) अस्मान् (उप) (ऋषभस्य) श्रेष्ठस्य (यत्) (रेतः) पराक्रमः (उप) (इन्द्र) हे परमैश्वर्यवन् जगदीश्वर (तव) (वीर्यम्) वीरत्वं बलम् ॥

२४—(एतम्) समीपवर्तिनम् (वः) युष्मान् (युवानम्) बलिनं परमेश्वरम् (प्रति) अभिलक्ष्य (दध्मः) स्थापयामः (अत्र) (तेन) यूना। परमेश्वरेण (क्रीडन्तीः) खेलनं कुर्वन्त्यः (चरत) चलत (वशान्) प्रभुत्वानि (अनु) अनुसृत्य (नः) अस्मान् (मा हासिष्ट) ओ हाक् त्यागे-लुङ्। मा त्यजत (जनुषा) जनेरुसिः। उ० २। ११५। जनी प्रादुर्भावे-उसि। जनतया। जन-

से (नः) हमें (अभि) सब ओर से (सचध्वम्) सींचो ॥ २४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य विद्वानों के उपदेश से परमात्मा की आज्ञा में चलते हैं, वे मनुष्यों के बीच उत्तम सन्तान आदि और धन प्राप्त करके अनेक प्रकार प्रभुता करते हैं ॥ २४ ॥

इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥

अथ तृतीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ५ ॥

१-३८ ॥ मन्त्रोक्तोऽजः पञ्चौदनो देवता । १, २, ५, ६, ८, ९, ११, १२, १३, १५, १९, त्रिष्टुप् ; ३ आर्षी जगती; ४ जगती, ७, १०, भुरिक् त्रिष्टुप् ; १४, १७ २७-३० अनुष्टुप् ; १६ त्रिपदा बृहती; १८, ३७ त्रिपदा त्रिष्टुप् ; २०-२२ भुरिग् बृहती; २३ पुर उष्णिक्; २४ स्वराड् ज्योतिर्जगती; २५ पङ्क्तिः; २६ भुरिग् जगती ज्योतिष्मती; ३१ सप्तपदाष्टिः; ३२-३५ दशपदा प्रकृतिः; ३६ दशपदाऽऽकृतिः; ३८ साम्नी त्रिष्टुप् छन्दः ॥

ब्रह्मज्ञानेन सुखोपदेशः—ब्रह्मज्ञान से सुख का उपदेश ॥

आ न॑यै॒तमा र॑भस्व सु॒कृतां॑ लो॒कमपि॑ गच्छतु प्रजा॒नन् ।
ती॒र्त्वा तमां॑सि बहु॒धा म॒हान्त्य॒जो नाक॒मा क्र॑मतां तृ॒तीय॑म् ॥ १ ॥

आ । न॒य॒ । ए॒तम् । आ । र॒भ॒स्व॒ । सु॒-कृता॑म् । लो॒कम् । अपि॑ । ग॒च्छ॒तु॒ । प्र॒-जा॒नन् ॥ ती॒र्त्वा । तमां॑सि । ब॒हु॒-धा । म॒हान्ति॑ । अ॒जः । नाक॑म् । आ । क्र॒म॒ता॒म् । तृ॒तीय॑म् ॥ १ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्य !] (एतम्) इस [जीवात्मा] को (आ नय) ला और (आ) भले प्रकार (रभस्व) उत्सुक [उत्साही] बन, (प्रजानन्)

समूहेन (सुभागाः) भग—अण् । शोभनं भगमैश्वर्यसमूहो येषां ते (सचध्वम्) सिञ्चत । वर्धयत । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१—(आ नय) प्रापय (एतम्) अजं जीवात्मानम् (आ) समन्तात्

भले प्रकार जानता हुआ वह (सुकृताम्) सुकर्मियों के (लोकम्) दर्शनीय लोक को (अपि) ही (गच्छतु) प्राप्त हो। (बहुधा) अनेक प्रकार से (महान्ति) बड़े बड़े (तमांसि) अन्धकारों [अज्ञानों] को (तीर्त्वा) तरके (अजः) अजन्मा वा गतिशील अज अर्थात् जीवात्मा (तृतीयम्) तीसरे [जीव और प्रकृति से भिन्न] (नाकम्) सुख स्वरूप परमात्मा को (आ क्रमताम्) यथावत् प्राप्त करे ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्य पुरुषार्थ करके अपने आत्मा को अज्ञानों से हटाकर सच्चिदानन्द स्वरूप परमेश्वर को पाकर आनन्द भोगे ॥ १ ॥

इस सूक्त का मिलान अथर्ववेद काण्ड ४ सूक्त १४ से करो ॥

यह मन्त्र स्वामिदयानन्दकृतसंस्कारविधि वानप्रस्थप्रकरण में व्याख्यात है उन्होंने (नाकम्) का अर्थ "दुःख रहित वानप्रस्थ" किया है, जो ब्रह्मचर्य और गृहाश्रम से तीसरा है ॥

इन्द्रा॑य भा॒गं परि॑ त्वा नयाम्य॒स्मिन् य॒ज्ञे यज॑मानाय सू॒रिम्। ये नो॑ द्वि॒षन्त्यनु॒ तान् र॑भस्वाना॑गसो॒ यज॑मानस्य वी॒राः ॥ २ ॥

इन्द्रा॑य। भा॒गम्। परि॑। त्वा॒। न॒या॒मि॒। अ॒स्मिन्। य॒ज्ञे। यज॑मानाय। सू॒रिम् ॥ ये। नः॒। द्वि॒षन्ति॑। अनु॑। तान्। र॒भ॒स्व॒। अना॑गसः। यज॑मानस्य। वी॒राः ॥ २ ॥

(रभस्व) उत्सुको भव। उत्साहं कुरु (सुकृताम्) सुकर्मिणाम् (लोकम्) दर्शनीयं पदम् (अपि) अवधारणे (गच्छतु) प्राप्नोतु (प्रजानन्) प्रकर्षेण विद्वान् (तीर्त्वा) पारयित्वा (तमांसि) अन्धकारान्। अबोधान् (बहुधा) अनेकप्रकारेण (महान्ति) बृहन्ति (अजः) न जायते यः, नञ्+जन—ड। यद्वा, अज गतिक्षेपणयोः—अच्। अजा अजनाः—निरु० ४। २५। अजन्मा। गतिशीलः। परमेश्वरः। जीवात्मा (नाकम्) अ० १। ६। २। सुखस्वरूपं परमात्मानम् (आ) समन्तात् (क्रमताम्) प्राप्नोतु (तृतीयम्) जीवप्रकृतिभ्यां भिन्नम् ॥

भाषार्थ—[हे अज, आत्मा !] (अस्मिन्) इस (यज्ञे) संगतिकरण व्यवहार में (यजमानाय) यजमान [संगतिकर्ता] को (इन्द्राय) परम ऐश्वर्य के लिये (त्वा) तुझे (सूरिम्) विद्वान् (भागम् परि) सेवनीय [परमात्मा] की ओर (नयामि) मैं लाता हूं। (ये) जो [दोष] (नः) हमें (द्विषन्ति) सताते हैं, (तान्) उनको (अनु रभस्व) निरन्तर पकड़ [वश में कर], (यजमानस्य) श्रेष्ठ व्यवहार वाले के (वीराः) वीर पुरुष (अनागसः) निर्दोष [होवें] ॥ २ ॥

भावार्थ—जो पुरुष परम ऐश्वर्य वाले परमात्मा में श्रद्धा करके अपने दोषों को मिटाते हैं, वे अपनी और संसार की उन्नति करते हैं ॥ २ ॥

प्र पदोऽव नेनिग्धि दुश्चरितं यच्चचार शुद्धैः शफैरा क्रमतां प्रजानन्। तीर्त्वा तमांसि बहुधा विपश्यन्नजो नाकमा क्रमतां तृतीयम् ॥ ३ ॥

प्र । पदः । अव । नेनिग्धि । दुः-चरितम् । यत् । चचार । शुद्धैः । शफैः । आ । क्रमताम् । प्र-जानन् ॥ तीर्त्वा । तमांसि । बहु-धा । वि-पश्यन् । अजः । नाकम् । आ । क्रमताम् । तृतीयम् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—[हे ईश्वर !] [इसके] (पदः) पद [अधिकार] से (दुश्चरितम्) उस दुष्ट कर्म को (प्र) अच्छे प्रकार (अव नेनिग्धि) शुद्ध करदे, (यत्) जो कुछ (चचार) उस [जीव] ने किया है, (प्रजानन्)

२—(इन्द्राय) परमैश्वर्यप्राप्तये (भागम्) भज सेवायाम्—घञ्। सेवनीयम् (परि) प्रति। अनुलक्ष्य (त्वा) जीवात्मानम् (नयामि) गमयामि (अस्मिन्) (यज्ञे) संगतिकरणे (यजमानाय) संगतिकरणशीलाय (सूरिम्) अ० २। ११। ४। विद्वांसम् (ये) दोषाः (नः) अस्मान् (द्विषन्ति) दूषयन्ति (अनु) निरन्तरम् (तान्) (रभस्व) लभस्व। निगृहाण (अनागसः) अ० ७। ६। ३। अनपराधाः (यजमानस्य) श्रेष्ठव्यवहारिणः (वीराः) शूराः ॥

३—(प्र) प्रकर्षेण (पदः) पद स्थैर्ये गतौ च—क्विप्। पदात्। अधिकारात् (अव) सर्वथा (नेनिग्धि) णिजिर् शौचपोषणयोः—लोट्। शोधय

बड़ा ज्ञानवान् वह (शुद्धैः) शुद्ध (शफैः) सूक्ष्म विचारों से (आ क्रमताम्) ऊपर चढ़ जावे। (तमांसि) अन्धकारों को (तीर्त्वा) पार करके, (बहुधा) अनेक प्रकार से (विपश्यन्) दूर दूर देखता हुआ (अज्ञः) अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा (तृतीयम्) तीसरे [जीव और प्रकृति से अलग] (नाकम्) सुखस्वरूप परमात्मा को (आ क्रमताम्) यथावत् प्राप्त करे॥ ३॥

भावार्थ—योगी जन ज्ञान द्वारा अविद्या आदि अन्धकारों से छूटकर शुद्ध मुक्त स्वरूप परमात्मा की शरण लेकर बड़ा दूरदर्शी होकर आनन्द भोगता है॥ ३॥

अनु॑ च्छ्य श्या॒मेन॒ त्वच॑मे॒तां वि॑शस्त॒र्य॑थाप॒र्व॑१॒सि-ना॒ माभि मं॑स्थाः। माभि द्रु॑हः परु॒शः क॑ल्पयैनं तृ॒तीये॒ नाके॒ अधि॒ वि श्र॑यैनम्॥ ४॥

अनु॑। छ्य॒। श्या॒मेन॑। त्वच॑म्। ए॒ताम्। वि॒-श॒स्तः॒। य॒था॒-प॒रु। अ॒सिना॑। मा। अ॒भि। मं॒स्थाः॥ मा। अ॒भि। द्रु॒हः॒। प॒रु॒-शः। क॒ल्प॒य॒। ए॒न॒म्। तृ॒तीये॑। नाके॑। अधि॑। वि। श्र॒य॒। ए॒न॒म्॥ ४॥

भाषार्थ—(विशस्तः) हे अविद्या नाशक! तू (एताम्) इस [हृदयस्थ] (त्वचम्) ढकने वाली [अविद्या] को (यथापरु) पूर्णता के साथ (श्यामेन) ज्ञान से और (असिना) गति अर्थात् उपाय से (अनु छ्य) काट

(दुश्चरितम्) दुष्कर्म (यत्) (चचार) कृतवान् (शुद्धैः) निर्मलैः (शफैः) शम शान्तिकरणे आलोचने च—अच्, मस्य फः। सूक्ष्मविचारैः (विपश्यन्) परितोऽवलोकयन्। अन्यत्पूर्ववत्—म० १॥

४—(अनु) निरन्तरम् (छ्य) तनूकुरु (श्यामेन) इषियुधीन्धिदसिश्याधूसूभ्यो मक्। उ० १। १४५। श्यैङ् गतौ—मक्। श्याम श्यायतेः—निरु० ४। ३। ज्ञानेन (त्वचम्) त्वच आवरणे—क्विप्। आवरणशीलाम्। अविद्याम् (एताम्) हृदयस्थाम् (विशस्तः) असितस्कभितस्तभितो०। पा० ७। २। ३४। शसु हिंसायाम्—तृच्, इडभावः हे अविद्यानाशक (यथापरु)

डाल, और (मा अभि मंस्थाः) मत अभिमान कर। (परुशः) पालन का विचार करने वाला तू (मा अभि द्रुहः) मत द्रोह कर, (एनम्) इस [जीव] को (कल्पय) समर्थ कर और (तृतीये) तीसरे [जीव और प्रकृति से अलग] (नाके) सुखस्वरूप परमेश्वर में (एनम्) इसको (अधि) अधिकार पूर्वक (वि श्रय) फैलकर आश्रय दे ॥ ४ ॥

भावार्थ—आत्मदर्शी विवेक पूर्वक मिथ्या ज्ञान का नाश करके निरभिमानी, सर्वोपकारी और पराक्रमी होकर परमात्मा का आश्रय लेकर आनन्दित होता है ॥ ४ ॥

ऋचा कुम्भीमध्यग्नौ श्रयाम्या सिञ्चोदकमव धेह्येनम्। पर्याधत्ताग्निना शमितारः शृतो गच्छतु सुकृतां यत्र लोकः ॥ ५ ॥

ऋचा। कुम्भीम्। अधि। अग्नौ। श्रयामि। आ। सिञ्च। उदकम्। अव। धेहि। एनम् ॥ परि-आधत्त। अग्निना। शमितारः। शृतः। गच्छतु। सु-कृताम्। यत्र। लोकः ॥ ५ ॥

भाषार्थ-[हे जीवात्मा !](ऋचा) वेदवाणी से (कुम्भीम्) बटलोही को (अग्नौ अधि) अग्नि पर (श्रयामि) मैं रखता हूं, तू (उदकम्) जल (आ सिञ्च) सींच दे, (एनम्) इस [अन्न जैसे जीवात्मा] को (अव धेहि)

भृमृशीङ्तृ० । उ० १ । ७ । पॄ पालनपूरणयोः-उप्रत्ययः । पूर्णतामनतिक्रम्य (असिना) खनिकष्यज्यसिवसि० । उ० ४ । १४० । अस गतौ दीप्तौ च—इ प्रत्ययः । गत्या प्रयत्नेन (मा अभि मंस्थाः) मन ज्ञाने-लुङ् । अभिमानं मा कुरु (मा अभि द्रुहः) अनिष्टं मा चिन्तय (परुशः) पॄ पालनपूरणयोः—उप्रत्ययः + शम आलोचने—ड प्रत्ययः । परुं पालनं शमयति विचारयति यः (कल्पय) समर्थय (एनम्) जीवात्मानम् (तृतीये) म० १ (नाके) सुखस्वरूपे परमात्मनि (अधि) अधिकृत्य (वि) विस्तारेण (श्रय) स्थापय (एनम्) ॥

५—(ऋचा) ऋच स्तुतौ—क्विप् । ऋग् वाङ्नाम—निघ० १ । ११ । वेदवाण्या (कुम्भीम्) उखाम् (अधि) उपरि (अग्नौ) वह्नौ (श्रयामि)

तू धर दे। (शमितारः) हे विचारवानो! (अग्निना) अग्नि से [अन्न जैसे उसको] (पर्याधत्त) तुम ढक दो, (शृतः) परिपक्व [दृढ़ बुद्धि वाला] वह [वहां] (गच्छतु) जावे (यत्र) जहां (सुकृताम्) सुकर्मियों का (लोकः) दर्शनीय स्थान है ॥ ५ ॥

भावार्थ—जैसे चतुर सूपकार आग पर बटलोही धर जल डालकर अन्न को आग द्वारा पकाकर उपकारी बनाता है, वैसे ही योगी जन आचार्य्य की शिक्षा से ब्रह्मचर्य आदि तप करके वेद द्वारा शान्त और परिपक्व बुद्धि वाला होकर धर्म्मात्माओं के बीच धर्म्मात्मा होता है ॥ ५ ॥

उत्क्रा॑मातः॒ परि॑ चे॒दत॑प्तस्त॒प्ताच्च॒रोरधि॒ नाकं॑ तृ॒तीय॑म्।
अ॒ग्नेर॒ग्निरधि॒ सं ब॑भूविथ॒ ज्योति॑ष्मन्तम॒भि लो॒कं ज॑यै॒तम् ॥ ६ ॥

उत् । क्राम॒ । अतः॑ । परि॑ । च॒ । इत् । अत॑प्तः । त॒प्तात् । च॒रोः । अधि॑ । नाक॑म् । तृ॒तीय॑म् ॥ अ॒ग्नेः । अ॒ग्निः । अधि॑ । सम् । ब॒भू॒वि॒थ॒ । ज्योति॑ष्मन्तम् । अ॒भि । लो॒कम् । ज॒य॒ । ए॒तम् ॥६॥

भाषार्थ—[हे मनुष्य!] (च) और (इत्) भी (अतप्तः) असन्तप्त [बिना थका हुआ] तू (परि) सब ओर से (तप्तात्) तपाये हुये (अतः) इस (चरोः) चरु [बटलोही] से (तृतीयम्) तीसरे [जीव और प्रकृति से भिन्न] (नाकम् अधि) सुखस्वरूप जगदीश्वर की ओर (उत् क्राम) ऊपर चढ़। (अग्निः) ज्ञानवान् (अग्नेः) ज्ञानवान् परमेश्वर से (अधि) अधिकार

स्थापयामि (आ) समन्तात् (सिञ्च) (उदकम्) (अवधेहि) अधस्ताद् धर (एनम्) जीवात्मानम् (पर्याधत्त) आच्छादयत (अग्निना) (शमितारः) शम अलोचने—तृच्। हे विचारवन्तः (शृतः) अ० ४। १४। ६। परिपक्वज्ञानः (गच्छतु) (सुकृताम्) पुण्यात्मनाम् (यत्र) (लोकः) दर्शनीयं स्थानम् ॥

६—(उत् क्राम) उद्गच्छ (अतः) एतस्मात् (परि) सर्वतः (च) (इत्) एव (अतप्तः) तप—क्त। असन्तप्तः। अपरिश्रान्तः (तप्तात्) (चरोः) पात्रात् (अधि) अधिलक्ष्य (नाकम्) सुखस्वरूपं परमात्मानम् (तृतीयम्) जीवप्रकृतिभ्यां भिन्नम् (अग्नेः) ज्ञानवतः परमेश्वरात् (अग्निः) ज्ञानवान्

पूर्वक (सम् बभूविथ) पराक्रमी हुआ है, (एतम्) इस (ज्योतिष्मन्तम्) प्रकाशयुक्त (लोकम् अभि) लोक की ओर (जय) जय कर ॥ ६ ॥

भावार्थ—समर्थ विद्वान् मनुष्य परिपक्व बुद्धि से परिपक्व अन्न के समान उपकारी होता हुआ परमात्मा में ध्यान लगाकर विज्ञानमय प्रकाश को प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

अजो अग्निरजमु ज्योतिराहुरजं जीवता ब्रह्मणे देयमाहुः । अजस्तमांस्यप हन्ति दूरमस्मिंल्लोके श्रद्दधानेन दत्तः ॥ ७ ॥

अजः । अग्निः । अजम् । ऊं इति । ज्योतिः । आहुः । अजम् । जीवता । ब्रह्मणे । देयम् । आहुः ॥ अजः । तमांसि । अप । हन्ति । दूरम् । अस्मिन् । लोके । श्रत्-दधानेन । दत्तः ॥७॥

भाषार्थ—(अजः) अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा (अग्निः) अग्नि [समान शरीर में] है, (अजम्) जीवात्मा को (उ) ही [शरीर के भीतर] (ज्योतिः) ज्योति (आहुः) वे [विद्वान्] बताते हैं, और (अजम्) जीवात्मा को (जीवता) जीते हुये पुरुष करके (ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमेश्वर] के लिये (देयम्) देने योग्य (आहुः) कहते हैं । (श्रद्दधानेन) श्रद्धा रखने वाले पुरुष करके (दत्तः) दिया हुआ (अजः) जीवात्मा (अस्मिन् लोके) इस लोक में (तमांसि) अन्धकारों को (दूरम्) दूर (अप हन्ति) फेंक देता है ॥ ७ ॥

जीवात्मा (अधि) अधिकृत्य (संबभूविथ) समर्थो बभूविथ (ज्योतिष्मन्तम्) प्रकाशवन्तम् (अभि) अभिलक्ष्य (लोकम्) (जय) प्राप्नुहि (एतम्) ॥

७—(अजः) म० १ । जीवात्मा (अग्निः) शरीरेऽग्निवद् व्यापकः (अजम्) जीवात्मानम् (उ) एव (ज्योतिः) प्रकाशम् (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (अजम्) (जीवता) प्राणं पुरुषार्थं धारयता पुरुषेण (ब्रह्मणे) परमात्मने (देयम्) समर्पणीयम् (अजः) (तमांसि) अविद्यान्धकारान् (अप हन्ति) विनाशयति (दूरम्) विप्रकृष्टदेशम् (अस्मिन्) (लोके) (श्रद्दधानेन) परमेश्वरे विश्वासधारकेण (दत्तः) समर्पितः ॥

भावार्थ—जीता हुआ अर्थात् पुरुषार्थी योगी विद्या की प्राप्ति से परमात्मा में श्रद्धा करता हुआ अविद्यारूपी अन्धकारों को मिटा कर देदीप्यमान होता है ॥ ७ ॥

पञ्चौदनः पञ्चधा वि क्रमतामाक्रंस्यमानस्त्रीणि ज्योतींषि । ईजानानां सुकृतां प्रेहि मध्यं तृतीये नाके अधि वि श्रयस्व ॥ ८ ॥

पञ्च-ओदनः । पञ्च-धा । वि । क्रमताम् । आ-क्रंस्यमानः । त्रीणि । ज्योतींषि ॥ ईजानानाम् । सु-कृताम् । प्र । इहि । मध्यम् । तृतीये । नाके । अधि । वि । श्रयस्व ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश] से सींचा हुआ [जीवात्मा] (पञ्चधा) पांच प्रकार [गन्ध, रस, रूप, स्पर्श शब्द से] (त्रीणि) तीन [शरीर इन्द्रिय और विषय] (ज्योतींषि) ज्योतियों [दर्शन साधनों] को (आक्रंस्यमानः) पाने की इच्छा करता हुआ (वि क्रमताम्) विक्रम [पराक्रम करे । (ईजानानाम्) यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण, दान] कर चुकने वाले (सुकृताम्) सुकर्मियों के (मध्यम्) मध्य में (प्र) आगे बढ़कर (इहि) पहुंच, और (तृतीये) तीसरे [जीव प्रकृति से भिन्न] (नाके)

८—(पञ्चौदनः) अ० ४ । १४ । ७ । पृथिव्यादि पञ्चभिर्भूतैः ओदनः सेचनं यस्य स जीवात्मा (पञ्चधा) गन्धरसरूपस्पर्शशब्दैः पञ्चप्रकारेण (विक्रमताम्) विक्रमं पराक्रमं करोतु (आक्रंस्यमानः) लृटः सद्वा । पा० ३ । ३ । १४ । आङ्+क्रमु पादविक्षेपे-लृटः शानच् । प्राप्तुमिच्छन् (त्रीणि) शरीरेन्द्रियविषयरूपाणि (ज्योतींषि) द्योतमानानि । दर्शनसाधनानि (ईजानानाम्) लिटः कानज्वा । पा० ३ । २ । १०६ । यजतेः कानच् । वचिस्वपियजादीनां किति । पा० ६ । १ । १५ । इति सम्प्रसारणम् । लिट्त्वाद्द्विर्वचने दीर्घः । इष्टवताम् । देवपूजासंगतिकरणदानानि कुर्वताम् (सुकृताम्) सुकर्मिणाम् (प्र) प्रकर्षेण (इहि) प्राप्नुहि (मध्यम्) अन्तर्देशम् (तृतीये) जीवप्रकृतिभ्यां भिन्ने

सुखस्वरूप परमात्मा में (अधि) अधिकार पूर्वक (वि श्रयस्व) फैलकर विश्राम ले ॥ ८ ॥

भावार्थ—विवेकी पुरुष पृथिवी आदि पञ्च भूतों और उनके गन्ध आदि गुणों द्वारा संसार के शरीर, इन्द्रिय और विषय का ज्ञान प्राप्त करके धर्मात्माओं में महाधर्मात्मा होकर परमात्मा की शरण लेता है ॥ ८ ॥

अजा रोह सुकृतां यत्र लोकः शरभो न चत्तोति दुर्गाण्येषः । पञ्चौदनो ब्रह्मणे दीयमानः स दातारं तृप्त्या तर्पयाति ॥ ९ ॥

अज । आ । रोह । सु-कृताम् । यत्र । लोकः । शरभः । न । चत्तः । अति । दुः-गानि । एषः ॥ पञ्च-ओदनः । ब्रह्मणे । दीयमानः । सः । दातारम् । तृप्त्या । तर्पयाति ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(अज) हे अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा ! [वहां] (आ रोह) चढ़कर जा (यत्र) जहां (सुकृताम्) सुकर्मियों का (लोकः) लोक [स्थान] है, और (शरभः न) शत्रुनाशक [शूर] के समान (चत्तः) प्रार्थना किया गया तू (दुर्गाणि) संकटों को (अति) पार करके (एषः) चल । (सः) वह (ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमेश्वर] को (दीयमानः) दिया जाता हुआ (पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिव्यादि—म० ८] से सींचा हुआ [जीवात्मा] (दातारम्) दाता [अपने आप] को (तृप्त्या) तृप्ति [सुख की परिपूर्णता से] (तर्पयाति) तृप्त करे ॥ ९ ॥

(नाके) सुखस्वरूपे परमात्मनि (अधि) अधिकृत्य (वि) विस्तारेण (श्रयस्व) आश्रितो भव ॥

९—(अज) हे अजन्मन् गतिशील वा (आ रोह) उद्गच्छ (सुकृताम्) (यत्र) (लोकः) (शरभः) कृशृशलि० । उ० ३ । १२२ । शृ हिंसायाम्—अभच् । शत्रुनाशकः शूरः (न) इव (चत्तः) असितस्कभितस्तभितोत्तभितचत्त० । पा० ७ । २ । ३४ । चते याचने—क्त, इडभावः । याचितः (अति) अतीत्य (दुर्गाणि) दुरितानि (एषः) इण् गतौ अथवा इष गतौ—लेट् । गच्छेः (पञ्चौदनः) म० ८ । पञ्चभूतैः सिक्तो जीवात्मा (ब्रह्मणे) परमात्मने (दीयमानः) समर्प्यमाणः (सः) (दातारम्) समर्पयितारं स्वात्मानम् (तृप्त्या) मुक्त्या (तर्पयाति) हर्षयेत् ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पुरुषार्थ करके विघ्नों को हटाकर परमेश्वर की भक्ति में लवलीन होता है, वह मोक्ष सुख से तृप्त रहता है ॥ ६ ॥

अजस्त्रिनाके त्रिदिवे त्रिपृष्ठे नाकस्य पृष्ठे ददिवांसं दधाति । पञ्चौदनो ब्रह्मणे दीयमानो विश्वरूपा धेनुः कामदुघास्येका ॥ १० ॥ (११)

अजः । त्रि-नाके । त्रि-दिवे । त्रि-पृष्ठे । नाकस्य । पृष्ठे । ददिवांसम् । दधाति ॥ पञ्च-ओदनः । ब्रह्मणे । दीयमानः । विश्व-रूपा । धेनुः । काम-दुघा । असि । एका ॥ १० ॥ (११)

भाषार्थ—"(ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमेश्वर] को (दीयमानः) दिया जाता हुआ, (पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिव्यादि–म० ८] से सींचा हुआ (अजः) अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा (त्रिनाके) तीन [शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक] सुखों वाली, (त्रिदिवे) तीन [आय, व्यय और वृद्धि] व्यवहारों वाली, (त्रिपृष्ठे) तीन [धर्म, अर्थ और काम] से सींची हुई (नाकस्य पृष्ठे) सुख की सिंचाई [वृद्धि] में (ददिवांसम्) दे चुकने वाले [अपने आत्मा] को (दधाति) धरता है"—यह (एका) एक (विश्वरूपा) संसार को रूप देने वाली (कामदुघा) कामनायें पूरी करने वाली (धेनुः) तृप्त करने वाली वेदवाणी (असि=अस्ति) है ॥ १० ॥

भावार्थ—वेद पुकार पुकार कहता है कि परोपकारी आत्मज्ञानी मनुष्य सब प्रकार परमेश्वर की आज्ञा पालन में मोक्ष सुख पाता है ॥ १० ॥

१०—(अजः) जीवात्मा (त्रिनाके) त्रीणि शारीरिकात्मिकसामाजिकसुखानि यस्मिन् तस्मिन् (त्रिदिवे) इगुपधज्ञेति दिवु व्यवहारे—क । त्रयो दिवा आयव्ययवृद्धिव्यवहारा यस्मिन् तस्मिन् (त्रिपृष्ठे) तिथपृष्ठगूथयूथप्रोथाः । उ० २ । १२ । पृषु सेचने-थक् । त्रयाणां धर्मार्थकामानां सेचनं वर्धनं यस्मिन् तस्मिन् (नाकस्य) अ० १ । ६ । २ । सुखस्य (पृष्ठे) सेचने वर्धने (ददिवांसम्) ददातेः क्वसु । दत्तवन्तम् (दधाति) स्थापयति (विश्वरूपा) जगतो रूपदात्री (धेनुः) अ० ३ । १० । १ । वाक्—निघ० १ । ११ । तर्पयित्री वेदवाणी (कामदुघा) अ० ४ । ३४ । ८ । कामानां प्रपूरयित्री (एका) अद्वितीया ॥

एतद् वो ज्योतिः पितरस्तृतीयं पञ्चौदनं ब्रह्मणेऽजं ददाति । अजस्तमांस्यप हन्ति दूरमस्मिंल्लोके श्रद्दधानेन दत्तः ॥ ११ ॥

एतत् । वः । ज्योतिः । पितरः । तृतीयम् । पञ्च-ओदनम् । ब्रह्मणे । अजम् । ददाति ॥ अजः । तमांसि । अप । हन्ति । दूरम् । अस्मिन् । लोके । श्रत्-दधानेन । दत्तः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(पितरः) हे पालन करने वालो विद्वानो ! (वः) तुम्हारे लिये (एतद्) यह (तृतीयम्) तीसरी (ज्योतिः) ज्योति [परमेश्वर] (ब्रह्मणे) वेद ज्ञान के लिये (पञ्चौदनम) पांच भूतों [पृथिवी आदि–म० ८] से सींचे हुये (अजम्) अजन्मे वा गति शील जीवात्मा का (ददाति) दान करती है । (श्रद्धधानेन) श्रद्धा रखने वाले पुरुष करके (दत्तः) दिया हुआ (अजः) जीवात्मा (अस्मिन् लोके) इस लोक में (तमांसि) अन्धकारों को (दूरम्) दूर (अप हन्ति) फैंक देता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने विद्वानों को वेद द्वारा उपकार के लिये उत्पन्न किया है । इस से वे ईश्वर की आज्ञा का पालन करके अविद्या का नाश करें ॥ ११ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध ऊपर म० ७ । में आ चुका है ॥

ईजानानां सुकृतां लोकमीप्सन् पञ्चौदनं ब्रह्मणेऽजं ददाति । स व्याप्तिमभि लोकं जयैतं शिवो३ऽस्मभ्यं प्रतिगृहीतो अस्तु ॥ १२ ॥

ईजानानाम् । सु-कृताम् । लोकम् । ईप्सन् । पञ्च-ओदनम् ।

११—(एतत्) सर्वत्र वर्तमानम् (वः) युष्मदर्थम् (ज्योतिः) प्रकाशस्वरूपं ब्रह्म (पितरः) हे पालका विद्वांसः (तृतीयम्) जीवप्रकृतिभ्यां भिन्नम् (पञ्चौदनम्) म० ८ । पञ्चभिर्भूतैः सिक्तम् (ब्रह्मणे) वेदज्ञानाय (अजम्) म० १ । जीवात्मानम् (ददाति) प्रयच्छति । अग्रे व्याख्यातम्—म० ७ ॥

ब्रह्मणे। अजम्। ददाति॥ सः। वि-आप्तिम्। अभि। लोकम्। जय। एतम्। शिवः। अस्मभ्यम्। प्रति-गृहीतः। अस्तु॥१२॥

भाषार्थ—(ईजानानाम्) यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण, दान] कर चुकनेवाले (सुकृताम्) सुकर्मियों के (लोकम्) लोक को (ईप्सन्) चाहता हुआ पुरुष (ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमेश्वर] के लिये (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] से सींचे हुये (अजम्) अजन्मे वा गतिशील जीवात्मा का (ददाति) दान करता है। [इसलिये] (सः) वह तू (व्याप्तिम् अभि) [सुख की] पूर्ण प्राप्ति के लिये (एतम् लोकम्) इस लोक को (जय) जीत, [जिस से, परमेश्वर करके] (प्रतिगृहीतः) स्वीकार किया हुआ [जीवात्मा] (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः) मङ्गलकारी (अस्तु) होवे॥ १२॥

भावार्थ—जो मनुष्य अग्रज आप्त विद्वानों के समान परमेश्वर की आज्ञा पालन में आत्मसमर्पण करके पुरुषार्थ करता है, वह सब के लिये मङ्गलकारी होता है॥ १२॥

अजो ह्य१ग्नेरजनिष्ट शोकाद् विप्रो विप्रस्य सहसो विपश्चित्। इष्टं पूर्तमभिपूर्तं वषट्कृतं तद् देवा ऋतुशः कल्पयन्तु॥ १३॥

अजः। हि। अग्नेः। अजनिष्ट। शोकात्। विप्रः। विप्रस्य। सहसः। विपः-चित्॥ इष्टम्। पूर्तम्। अभि-पूर्तम्। वषट्-कृतम्। तत्। देवाः। ऋतु-शः। कल्पयन्तु॥ १३॥

१२—(ईजानानाम्) म० ८। यज्ञं कुर्वताम् (सुकृताम्) सुकर्मिणाम् (लोकम्) दर्शनीयं पदम् (ईप्सन्) प्राप्तुमिच्छन् (पञ्चौदनम्) म० ८। पञ्चभूतैः सिक्तम् (ब्रह्मणे) परमेश्वराय (अजम्) जीवात्मानम् (ददाति) (सः) स त्वम् (व्याप्तिम्) विविधां सुखप्राप्तिम् (अभि) प्रति (लोकम्) (जय) उत्कर्षेण प्राप्नुहि (एतम्) (शिवः) मङ्गलकारी (अस्मभ्यम्) (प्रतिगृहीतः) ब्रह्मणा स्वीकृतः (अस्तु)॥

भाषार्थ—(अजः) अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा (शोकात्) दीप्यमान (अग्नेः, सर्व व्यापक परमेश्वर से (हि) ही (अजनिष्ट) प्रकट हुआ है, [वह] (विप्रः) बुद्धिमान् [जीव] (विप्रस्य) बुद्धिमान् [परमेश्वर] के (सहसः) बल का (विपश्चित्) भले प्रकार विचारने वाला है। (तत्) इस लिये (देवाः) विद्वान् लोग (अभिपूर्तम्) सम्पूर्ण (वषट्कृतम्) भक्ति से सिद्ध किये हुये (इष्टम्) यज्ञ, वेदाध्ययन आदि और (पूर्तम्) अन्नदानादि पुण्यकर्म को (ऋतुशः) प्रत्येक ऋतु में (कल्पयन्तु) समर्थ करें ॥ १३ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की महिमा को जानकर अपने सब उत्तम कर्मों को सब काल में सिद्ध करें ॥ १३ ॥

इस मन्त्र का प्रथम पाद आ चुका है—अ० ४ । १४ । १ ॥

अमोतं वासो दद्याद्धिरण्यमपि दक्षिणाम् ।
तथा लोकान्त्समाप्नोति ये दिव्या ये च पार्थिवाः ॥१४

अमा-उतम् । वासः । दद्यात् । हिरण्यम् । अपि । दक्षिणाम् ॥ तथा । लोकान् । सम् । आप्नोति । ये । दिव्याः । ये । च । पार्थिवाः ॥ १४ ॥

भाषार्थ—वह (अमोतम्) ज्ञान के साथ बुना हुआ (वासः) वस्त्र

१३—(अजः) म० १ । जीवात्मा (हि) निश्चयेन (अग्नेः) सर्वव्यापकात् परमेश्वरात् (अजनिष्ट) प्रादुरभूत् (शोकात्) अ० ४ । १४ । १ । दीप्यमानात् (विप्रः) अ० ३ । ३ । २ । मेधावी जीवात्मा (विप्रस्य) मेधाविनः परमेश्वरस्य (सहसः) बलस्य (विपश्चित्) अ० ६ । ५२ । ३ । विविधं प्रकर्षेण चेतिता ज्ञाता (इष्टम्) अ० २ । १२ । ४ । यज्ञवेदाध्ययनादि कर्म (पूर्तम्) अन्नदानादि पुण्यकर्म (अभिपूर्तम्) सम्पूर्णम् (वषट्कृतम्) अ० १ । ११ । १ । वह प्रापणे—डषटि+करोतेः क्त । भक्त्या निष्पादितम् (तत्) तस्मात् (देवाः) विद्वांसः (ऋतुशः) संख्यैकवचनाच्च वीप्सायाम् । पा० ५ । ४ । ४३ । ऋतु—शस् । ऋतावृतौ । काले काले (कल्पयन्तु) समर्थयन्तु ॥

१४—(अमोतम्) पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण । पा० ३ । ३ । ११८ । अम

और (हिरण्यम्) सुवर्ण (अपि) भी (दक्षिणाम्) दक्षिणा (दद्यात्) देवे। (तथा) उससे वह [उन] (लोकान्) लोकों को (सम्) पूरा पूरा (आप्नोति) पाता है (ये) जो (दिव्याः) अन्तरिक्ष के (च) और (ये) जो (पार्थिवाः) पृथिवी के हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्य सुपात्रों का यथावत् उत्तम पदार्थों से सत्कार करके संसार में प्रतिष्ठा बढ़ावें ॥ १४ ॥

एतास्त्वाजोपं यन्तु धाराः सोम्या देवीर्घृतपृष्ठा मधुश्चुतः। स्तभान पृथिवीमुत द्यां नाकस्य पृष्ठेऽधि सप्तरश्मौ ॥ १५ ॥

एताः। त्वा। अज। उप। यन्तु। धाराः। सोम्याः। देवीः। घृत-पृष्ठाः। मधु-श्चुतः॥ स्तभान। पृथिवीम्। उत। द्याम्। नाकस्य। पृष्ठे। अधि। सप्त-रश्मौ ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(अज) हे जीवात्मा ! (त्वा) तुझको (एताः) ये सब (सोम्याः) अमृतमय, (देवीः) उत्तम गुण वाली, (घृतपृष्ठाः) प्रकाश [वा सार तत्त्व] से सींचने वाली, (मधुश्चुतः) मधुरपन बरसाने वाली (धाराः) धारण शक्तियां (उप) आदर से (यन्तु) प्राप्त हों। (सप्तरश्मौ) व्याप्त किरणों

गतौ + घप्रत्ययः, टाप्—वेञ् तन्तुसन्ताने—क, सम्प्रसारणं च। ज्ञानेन स्यूतम् (वासः) वस्त्रम् (दद्यात्) (हिरण्यम्) सुवर्णम् (अपि) (दक्षिणाम्) दानम् (तथा) तेन प्रकारेण (लोकान्) प्रतिष्ठास्थानानि (सम्) सम्यक् (आप्नोति) प्राप्नोति (ये) लोकाः (दिव्याः) दिवि अन्तरिक्षे भवाः (ये) (च) (पार्थिवाः) पृथिव्यां भवाः ॥

१५—(एताः) (त्वा) त्वाम् (अज) हे जीवात्मन् (उप) आदरेण (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (धाराः) धारणशक्तयः (सोम्याः) अ० ३। १४। ३। अमृतमय्यः (देवीः) दिव्यगुणयुक्ताः (घृतपृष्ठाः) अ० २। १३। १। प्रकाशेन संचायन्त्यः (मधुश्चुतः) अ० ७। ५६। २। माधुर्य्यस्य क्षरणशीलाः (स्तभान) दृढीकुरु (पृथिवीम्) पृथिवीस्थपदार्थानित्यर्थः। (उत) अपि च (द्याम्) अन्तरिक्षस्थान् पदार्थानित्यर्थः (नाकस्य) सुखस्य (पृष्ठे) आश्रये (अधि)

वाले, यद्वा, सात प्रकार की [शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश और चित्र] किरणों वाले सूर्य [पूर्ण प्रकाश] में (नाकस्य) सुख के (पृष्ठे) पीठ [आश्रय] में (अधि) अधिकार पूर्वक (पृथिवीम्) पृथिवी (उत) और (द्याम्) अन्तरिक्ष लोक को (स्तभान) सहारा दे ॥ १५ ॥

भावार्थ—उद्योगी पुरुष अनेक प्रकार से धारण शक्तियां प्राप्त करके सूर्य के समान ज्ञान में प्रकाशित होकर आनन्द पूर्वक संसार भर का उपकार करते हैं ॥ १५ ॥

निरुक्त ४ । २६ में कहा है—"सात फैली हुई संख्या है, सात सूर्य की किरणें हैं", और निरुक्त ४ । २७ । में वर्णन है—"सप्त नामा सूर्य है सात किरणें इसकी ओर रसों को झुकाती हैं, अथवा सात ऋषि [इन्द्रियां] इसकी स्तुति करते हैं ॥"

अजो३ स्यजं स्वर्गोऽसि त्वया लोकमङ्गिरसः प्राजानन् ।
तं लोकं पुण्यं प्र ज्ञेषम् ॥ १६ ॥

अजः । असि । अज । स्वः-गः । असि । त्वया । लोकम् ।
अङ्गिरसः । प्र । अजानन् ॥ तम् । लोकम् । पुण्यम् । प्र । ज्ञेषम् ॥१६॥

भाषार्थ—(अज) हे अजन्मे जीवात्मा ! (अजः असि) तू गतिशील है, (स्वर्गः असि) तू सुख प्राप्त करने वाला है, (त्वया) तेरे साथ (अङ्गिरसः) बुद्धिमानों ने (लोकम्) देखने योग्य परमात्मा को (प्र) अच्छे प्रकार (अजानन्)

अधिकृत्य (सप्तरश्मौ) सप्यशूभ्यां तुट् च । उ० १ । १५७ । षप समवाये-कनिन् तुट् च, यद्वा, क्तप्रत्ययः । सप्त सृप्ता संख्या, सप्तादित्यरश्मयः—निरु० ४ । २६ । सप्तनामादित्यः सप्तास्मै रश्मयो रसानभिसन्नामयन्ति सप्तैनमृषयः स्तुवन्तीति वा—निरु० ४ । २७ । व्याप्तकिरणे, यद्वा शुक्लनीलपीतादिवर्णाः सप्तकिरणाः सन्ति यस्मिन् तस्मिन् सूर्यलोके ॥

१६—(अजः) गतिशीलः (असि) (अज) हे अजन्मन् जीवात्मन् (स्वर्गः) सुखप्रापकः (असि) (त्वया) (लोकम्) द्रष्टव्यं परमात्मानम् (अङ्गिरसः) अ० २ । १२ । ४ । ज्ञानिनः (प्र) (अजानन्) ज्ञातवन्तः (तम्) प्रसिद्धम (लोकम) दर्शनीयमीश्वरम (पुण्यम्) पवित्रम् (प्र) (ज्ञेषम्)

जाना है। (तम्) उस (पुण्यम्) पवित्र (लोकम्) देखने योग्य परमात्मा को (प्र ज्ञेषम्) मैं अच्छे प्रकार जानूं ॥ १६ ॥

भावार्थ—ज्ञानी पुरुषों ने जीवात्मा को ज्ञानी बनाकर परमात्मा को पाया है, इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य ज्ञानवान् होकर सर्वव्यापक परमेश्वर के दर्शन से आनन्दित होवे ॥ १६ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम पाद—यजु० २० । २५ । में है ॥

येना॑ स॒हस्रं॒ वह॑सि॒ येना॑ग्ने सर्ववे॒दस॑म् ।
तेने॒मं य॒ज्ञं नो॑ वह॒ स्व॑र्दे॒वेषु॒ गन्त॑वे ॥ १७ ॥

येन॑ । स॒हस्र॑म् । वह॑सि । येन॑ । अ॒ग्ने॒ । स॒र्व॒ऽवे॒द॒सम् ॥
तेन॑ । इ॒मम् । य॒ज्ञम् । नः॒ । व॒ह॒ । स्वः॑ । दे॒वेषु॑ । गन्त॑वे ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वन्! (येन) जिस (येन) नियम से (सहस्रम्) बलवान् पुरुषों को (सर्ववेदसम्) सब प्रकार के ज्ञानों वा धनों से युक्त [यज्ञ] में (वहसि) तू ले जाता है। (तेन) उसी [नियम] से (नः) हमें (इमम्) इस (यज्ञम्) प्राप्त होने योग्य यज्ञ में (देवेषु) विद्वानों के बीच (स्वः) सुख (गन्तवे) पाने के लिये (वह) ले चल ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि विद्वानों के बीच सुख प्राप्त करने के लिये सदा प्रयत्न करते रहें ॥ १७ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से यजु० १५ । ५५ है तथा स्वामिदयानन्दकृत संस्कारविधि संन्यासाश्रम प्रकरण में भी व्याख्यात है ॥

सिब् बहुलं लेटि। पा० ३ । १ । ३४ । जानातेर्लेटि सिपीटि च रूपम् । जानीयाम् ॥

१७—(येन) प्रयत्नेन (सहस्रम्) सहो बलम्—निघ० २ । ९ । रो मत्वर्थे । बलवन्तं पुरुषम् (वहसि) प्रापयसि (येन) यम—ड । नियमेन (अग्ने) हे विद्वन् (सर्ववेदसम्) सर्वाणि वेदांसि ज्ञानानि धनानि वा यस्मिन् तं यज्ञम् (तेन) (इमम्) क्रियमाणम् (यज्ञम्) संगन्तव्यं व्यवहारं प्रति (नः) अस्मान् (वह) नय (स्वः) सुखम् (देवेषु) विद्वत्सु (गन्तवे) तुमर्थे तवेप्रत्ययः । प्राप्तुम् ॥

अ॒जः प॒क्वः स्व॒र्गे लो॒के द॑धाति॒ पञ्चौ॑दनो॒ निर्ऋ॑तिं॒ बाध॑मानः । तेन॑ लो॒कान्त्सूर्य॑वतो जयेम ॥ १८ ॥

अ॒जः । प॒क्वः । स्वः॒-गे । लो॒के । द॒धा॒ति॒ । पञ्च॑-ओदनः । निः-ऋ॑तिम् । बाध॑मानः ॥ तेन॑ । लो॒कान् । सूर्य॑-वतः । ज॒ये॒म॒ १८

भाषार्थ--(पक्वः) पक्का [दृढ़ स्वभाव], (पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिवी आदि] से सींचा हुआ (निर्ऋतिम्) महाविपत्ति को (बाधमानः) हटाता हुआ (अजः) अजन्मा वा गतिशील जीवात्मा (स्वर्गे) सुख प्राप्त कराने वाले (लोके) लोक में [आत्मा को] (दधाति) रखता है । (तेन) उसी [उपाय] से (सूर्यवतः) सूर्य [प्रकाश] वाले (लोकान्) लोकों को (जयेम) हम जीतें ॥ १८ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार निश्चल बुद्धि वाला मनुष्य महाविघ्नों को हटाकर सुख भोगता है, वैसे ही सब मनुष्य विद्या द्वारा पुरुषार्थ करके सुखी होवें ॥ १८ ॥

यं ब्रा॑ह्म॒णे नि॑द॒धे यं च॑ वि॒क्षु या वि॒प्रुष॑ ओद॒नाना॑म॒जस्य॑ । सर्वं॒ तद॑ग्ने सुकृ॒तस्य॑ लो॒के जा॑नी॒तान्नः॑ सं॒गम॑ने पथी॒नाम् ॥ १९ ॥

यम् । ब्रा॒ह्म॒णे । नि॒-द॒धे । यम् । च॒ । वि॒क्षु । याः । वि॒-प्रुषः॑ । ओ॒द॒नाना॑म् । अ॒जस्य॑ ॥ सर्व॑म् । तत् । अ॒ग्ने॒ । सु॒-कृ॒तस्य॑ । लो॒के । जा॒नी॒तात् । नः॒ । स॒म्-गम॑ने । प॒थी॒नाम् ॥ १९ ॥

१८—(अजः) म० १ । अजन्मा गतिशीलो वा जीवात्मा (पक्वः) दृढस्वभावः (स्वर्गे) सुख प्रापके (लोके) दर्शनीये स्थाने (दधाति) स्थापयति, जीवमितिशेषः (पञ्चौदनः) म० ८ । पृथिव्यादिपञ्चभूतैः सिक्तः (निर्ऋतिम्) अ० २ । ११ । २ । कृच्छ्रापत्तिम् (बाधमानः) निवारयन् (तेन) उपायेन (लोकान्) (सूर्यवतः) विद्याप्रकाशयुक्तान् (जयेम) उत्कर्षेण प्राप्नुयाम ॥

भाषार्थ—(यम्) जिस (यम्) नियम को (ब्राह्मणे) ब्रह्म ज्ञानी में (च) और (अजस्य) [प्रत्येक] जीवात्मा के (ओदनानाम्) सेचन धर्मों की (याः) जिन (विप्रुषः) विविध पूर्तियों को (विक्षु) प्रजाओं के बीच (निदधे) उस [परमेश्वर] ने रक्खा है। (अग्ने) हे विद्वान् पुरुष ! (नः) हमारे (तत् सर्वम्) उस सब को (सुकृतस्य लोके) सुकर्मी के लोक में (पथीनाम्) मार्गों के (संगमने) संगम पर (जानीतात्) तू जान ॥ १९ ॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानी अपने में और सब सृष्टि में वृद्धियों के ईश्वर नियमों को विविध प्रकार विचार कर पुण्यात्माओं के मार्ग पर चलकर सुखी होवे ॥ १९ ॥

अजो वा इदमग्रे व्यक्रमत तस्योर इयमभवद्द्यौः पृष्ठम् । अन्तरिक्षं मध्यं दिशः पार्श्वे समुद्रौ कुक्षी ॥२०(१२)

अजः । वै । इदम् । अग्रे । वि । अक्रमत । तस्य । उरः । इयम् । अभवत् । द्यौः । पृष्ठम् ॥ अन्तरिक्षम् । मध्यम् । दिशः । पार्श्वे इति । समुद्रौ । कुक्षी इति ॥ २० ॥(१२)

भाषार्थ—(अजः) अजन्मा वा गतिशील परमात्मा (वै) ही (अग्रे) पहिले ही पहिले (इदम्) इस [जगत्] में (वि अक्रमत) विचरता था,

---

१९—(यम्) (ब्राह्मणे) ब्रह्मज्ञे (निदधे) स्थापितवान् सः परमेश्वरः (यम्) यम—ड । नियमम् (च) (विक्षु) प्रजासु (विप्रुषः) प्रुष स्नेहन-सेवनपूरणेषु—क्विप् । विविधपूर्तीः (ओदनानाम्) उन्देर्नलोपश्च । उ० २ । ७६ । उन्दी क्लेदने—युच् । ओदनो मेघः—निघ० १ । १० । ओदनमुदकदानं मेघम्—निरु० ६ । ३४ । सेचनानाम् (अजस्य) जीवात्मनः (सर्वम्) (तत्) (अग्ने) हे विद्वन् (सुकृतस्य) पुण्यात्मनः (लोके) स्थाने (जानीतात्) जानीहि (नः) अस्माकम् (संगमने) संयोगे (पथीनाम्) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । पथे गतौ—इन् । पथाम् । मार्गाणाम् ॥

२०—(अजः) म० १ । अजन्मा गतिशीलो वा परमात्मा (वै) अवश्यम् (इदम्) दृश्यमानं जगत् (अग्रे) सृष्टेः प्राक् (व्यक्रमत) व्यचरत् (तस्य)

(तस्य) उसकी (उरः) छाती (इयम्) यह [भूमि] और (पृष्ठम्) पीठ (द्यौः) आकाश (अभवत्) हुआ। (मध्यम्) कटिभाग (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष, (दिशः) दिशायें (पार्श्वे) दोनों कांखें [कक्षायें] और (समुद्रौ) दोनों [अन्तरिक्ष और भूमि के] समुद्र (कुक्षी) दोनों कोखें [हुईं]॥ २० ॥

भावार्थ—अनादि, अनन्त, परमेश्वर सृष्टि का कर्ता, सर्व नियन्ता और सर्वव्यापक है ॥ २० ॥

सत्यं च॒र्तं च॒ चक्षु॑षी॒ विश्वं॑ स॒त्यं श्र॒द्धा प्रा॒णो वि॒राट्

शिरः॑। ए॒ष वा अप॑रिमितो य॒ज्ञो यद॒जः पञ्चौ॑दनः॥२१॥

स॒त्यम् । च॒ । ऋ॒तम् । च॒ । चक्षु॑षी॒ इति॑ । विश्व॑म् । स॒त्यम् । श्र॒द्धा । प्रा॒णः । वि॒-राट् । शिरः॑ ॥ ए॒षः । वै । अप॑रि-मितः । य॒ज्ञः । यत् । अ॒जः । पञ्च॑-ओदनः ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(सत्यम्) सत्य [यथार्थस्वरूप वा अस्तित्व] (च च) और (ऋतम्) ऋत [वेद आदि यथार्थ शास्त्र] (चक्षुषी) [उसकी] दोनों आंखें, (विश्वम्) सब (सत्यम्) सत्य और (श्रद्धा) श्रद्धा (प्राणः) उसका प्राण, और (विराट्) विविध प्रकाशमान प्रकृति (शिरः) [उसका] शिर [हुआ]। (यत्) क्योंकि (एषः वै) यही (अपरिमितः) परिमाण रहित, (यज्ञः)

(उरः) अर्तेरुच्च । उ० ४ । १९५ । ऋ गतौ—असुन् उत्वं रपरत्वं च । वक्षः (इयम्) भूमिः (अभवत्) (द्यौः) आकाशः (पृष्ठम्) देहपश्चाद्भागः (अन्तरिक्षम्) (मध्यम्) कटिभागः (दिशः) पूर्वादयः (पार्श्वे) अ० ४ । १४ । ७ । कक्षयोरधो भागौ (समुद्रौ) अन्तरिक्षभूमिस्थ जलौघौ (कुक्षी) अ० २ । ५ । ४ । दक्षिणोत्तरकुक्षिद्वयम् ॥

२१-(सत्यम्) अस सत्तायाम्-शतृ । सते हितम्-यत् । यथार्थस्वरूपम् । अस्तित्वम् (च) (ऋतम्) अञ्जिघृसिभ्यः क्तः । उ० ३ । ८९ । ऋ गतौ-क्त । वेदादि यथार्थशास्त्रम् (च) (चक्षुषी) नेत्रे (विश्वम्) सर्वम् (सत्यम्) (श्रद्धा) अ० ६ । १३३ । ४ । वेदेषु विश्वासः (प्राणः) (विराट्) विविध-प्रकाशमाना प्रकृतिः (शिरः) (एषः) (वै) एव (अपरिमितः) परिमाण-

पूजनीय (अजः) अजन्मा वा गतिशील परमात्मा (पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिवी आदि] का सींचने वाला है ॥ २१ ॥

भावार्थ—सत्यस्वरूप, अनन्त, सब सृष्टि का स्वामी परमेश्वर सब का उपास्य देव है ॥ २१ ॥

अप॑रिमितमे॒व य॒ज्ञमा॒प्नोत्यप॑रिमितं लो॒कमव॑ रुन्द्धे ।
यो॒३॒ऽजं पञ्चौ॑दनं॒ दक्षि॑णाज्योतिषं॒ ददा॑ति ॥ २२ ॥

अप॑रि-मितम् । ए॒व । य॒ज्ञम् । आ॒प्नोति । अप॑रि-मितम् । लो॒कम् । अव॑ । रु॒न्द्धे॒ ॥ यः । अ॒जम् । पञ्च॑-ओदनम् । दक्षि॑णा-ज्योतिषम् । ददा॑ति ॥ २२ ॥

भाषार्थ—वह [पुरुष] (अपरिमितम्) परिमाण रहित (यज्ञम्) पूजनीय परमेश्वर को (एव) ही (आप्नोति) पाता है, और (अपरिमितम्) तोल नाप रहित (लोकम्) दर्शनीय परमात्मा को (अव रुन्द्धे) ध्यान में रखता है, (यः) जो पुरुष (पञ्चौदनम्) पांचभूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ २२ ॥

भावार्थ—आत्मसमर्पक पुरुष पूर्ण भक्ति से उस अनन्त जगदीश्वर को पाता है ॥ २२ ॥

रहितः (यज्ञः) पूजनीयः (यत्) यस्मात् (अजः) परमेश्वरः (पञ्चौदनः) अ० ४। १४। ७। पञ्चसु पृथिव्यादिभूतेषु ओदनः सेचनं यस्य सः ॥

२२—(अपरिमितम्) अनन्तम् (एव) अवश्यम् (यज्ञम्) यष्टव्यम् (आप्नोति) प्राप्नोति (अपरिमितम्) (लोकम्) दर्शनीयं जगदीश्वरम् (अव रुन्द्धे) दक्षतया धारयति (यः) (अजम्) जगदीश्वरम् (पञ्चौदनम्) पञ्चभूतसेचकम् (दक्षिणाज्योतिषम्) दक्षिणा दानं ज्योतिः प्रकाशो यस्य तम् (ददाति) समर्पयति स्वहृदये ॥

नास्यास्थीनि भिन्द्यान्न मुज्ज्ञो निर्धयेत् ।
सर्वमेनं समादायेदमिदं प्र वेशयेत् ॥ २३ ॥

न । अस्य । अस्थीनि । भिन्द्यात् । न । मुज्ज्ञः । निः । धुयेत् ॥ सर्वम् । एनम् । सम्-आदाय । इदम्-इदम् । प्र । वेशयेत् ॥२३

भाषार्थ—वह [रोग] (अस्य) इस [प्राणी] की (अस्थीनि) हड्डियों को (न भिन्द्यात्) नहीं तोड़ सकता और (न) न (मज्ज्ञः) मज्जाओं [हाड़ के भीतरी रसों] को (निर्धयेत्) निरन्तर पी सकता है। [जो] (एनम्) इस [ईश्वर] को (समादाय) ठीक ठीक ग्रहण करके (सर्वम्) सब प्रकार से (इदमिदम्) इस इस [प्रत्येक वस्तु] में (प्रवेशयेत्) प्रवेश करें ॥२३॥

भावार्थ—वह मनुष्य सब विपत्तियों से निर्भय रहता है जो परमात्मा को प्रत्येक वस्तु में साक्षात् करता है ॥ २३ ॥

इदमिदमेवास्य रूपं भवति तेनैनं सं गमयति ।
इषं मह ऊर्जमस्मै दुहे योऽजंपञ्चौदनं दक्षिणा-
ज्योतिषं ददाति ॥ २४ ॥

इदम्-इदम् । एव । अस्य । रूपम् । भवति । तेन । एनम् । सम् । गमयति ॥ इषम् । महः । ऊर्जम् । अस्मै । दुहे । यः । अजम् । पञ्च-ओदनम् । दक्षिणा-ज्योतिषम् । ददाति ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(अस्य) इस [परमेश्वर] का (रूपम्) रूप [सौन्दर्य]

२३—(न) निषेधे (अस्य) पुरुषस्य (अस्थीनि) असिसञ्जिभ्यां क्थिन्। उ० ३ । १५४ । असु क्षेपे-क्थिन् । शरीरस्थधातुविशेषान् (भिन्द्यात्) विदारयेत् (मज्ज्ञः) श्वन्नुक्षन्पूषन्प्लीहन्० । उ० १ । १५६ । टु मस्जो शुद्धौ-कनिन्, निपातनात् सिद्धिः । अस्थिसारान् (निर्धयेत्) धेट् पाने । नितरां पिबेत् (सर्वम्) सर्वथा (एनम्) परमेश्वरम् (समादाय) सम्यग् गृहीत्वा (इदमिदम्) दृश्यमानं प्रत्येकं वस्तु (प्रवेशयेत्) प्रविशेत् ॥

२४—(इदमिदम्) प्रतिद्रव्यम् (एव) निश्चयेन (अस्य) परमात्मनः

(इदमिदम्) इस इस [प्रत्येक वस्तु] में (एव) ही (भवति) पहुंचता है, [तभी वह सर्वव्यापक रूप] (तेन) उस [परमात्मा] के साथ (एनम्) इस जीवात्मा को (सम् गमयति) मिला देता है। वह [पुरुष] (इषम्) अन्न, (महः) बड़ाई (ऊर्जम्) और पराक्रम (अस्मै) इस के लिये [अपने लिये] (दुहे) दोहता है (यः) जो पुरुष (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ २४ ॥

भावार्थ—मनुष्य पूर्ण भक्ति से परमात्मा के नियमों पर चलकर सब प्रकार के आनन्द और पराक्रम को प्राप्त होता है ॥ २४ ॥

पञ्च रुक्मा पञ्च नवानि वस्त्रा पञ्चास्मै धेनवः कामदुघा भवन्ति । योऽजं पञ्चौदनं दक्षिणाज्योतिषं ददाति ॥ २५ ॥

पञ्च । रुक्मा । पञ्च । नवानि । वस्त्रा । पञ्च । अस्मै । धेनवः । काम-दुघाः । भवन्ति ॥ यः । अजम् । ० ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(पञ्च) विस्तृत (रुक्मा) रोचक वस्तुयें [सुवर्ण आदि], (पञ्च) विस्तृत (नवानि) नवीन (वस्त्रा) वस्त्र, और (पञ्च) विस्तृत (धेनवः) तृप्त करने वाली वेद वाचायें [विद्यायें] (अस्मै) उस [पुरुष] के लिये (कामदुघाः) कामनायें पूरी करने वाली (भवन्ति) होती हैं। (यः)

(रूपम्) सौन्दर्य्यम् (भवति) भू प्राप्तौ। प्राप्नोति (तेन) ईश्वरेण सह (एनम्) जीवात्मानम् (संगमयति) संयोजयति तद्रूपम् (इषम्) अन्नम् (महः) महत्त्वम् (ऊर्जम्) पराक्रमम् (अस्मै) समीपवर्तिने। स्वस्मै (दुहे) दुग्धे। प्रपूरयति। अन्यत् गतम्—म० २२ ॥

२५—(पञ्च) शप्यशूभ्यां तुट् च। उ० १। १५७। पचि विस्तारे—कनिन्। सुपां सुलुक्०। पा० ७। १। ३९। जसः सुः। विस्तृतानि (रुक्मा) युजिरुचितिजां कुश्च। उ० १। १४६। रुच दीप्तावभिप्रीतौ च—मक् कुत्वं च। रोचकानि वस्तूनि सुवर्णादीनि (पञ्च) (नवानि) नूतनानि (वस्त्रा) वासांसि

जो पुरुष (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ २५ ॥

भावार्थ—आत्मत्यागी मनुष्य परमेश्वर की भक्ति से पंच प्रकार के सुख प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

पञ्च॑ रु॒क्मा ज्योति॑रस्मै भवन्ति॒ वर्म॑ वासां॑सि त॒न्वे॑ भवन्ति । स्व॒र्गं लो॒कम॑श्नुते॒ यो॒३॑ऽजं पञ्चौ॑दनं॒ दक्षि॑णाज्योतिषं॒ ददा॑ति ॥ २६ ॥

पञ्च॑ । रु॒क्मा । ज्योतिः॑ । अ॒स्मै॒ । भ॒व॒न्ति॒ । वर्म॑ । वासां॑सि । त॒न्वे॑ । भ॒व॒न्ति॒ ॥ स्वः॒-ग॒म् । लो॒कम् । अ॒श्नु॒ते॒ । यः । अ॒जम् । पञ्च॑-ओदनम् । दक्षि॑णा-ज्योतिषम् । ददा॑ति ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(पञ्च) विस्तृत (रुक्मा) रोचक वा चमकीले वस्तु [सुवर्ण आदि] (अस्मै) उस [पुरुष] के लिये (ज्योतिः) ज्योति (भवन्ति) होते हैं, (वासांसि) वस्त्र [उसके] (तन्वे) शरीर के लिये (वर्म) कवच (भवन्ति) होते हैं । वह (स्वर्गम्) स्वर्ग [सुख देने वाला] (लोकम्) लोक (अश्नुते) पाता है, (यः) जो पुरुष (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ २६ ॥

(पञ्च) विस्तृताः (अस्मै) पुरुषाय (धेनवः) अ० ७ । ७३ । २ । तर्पयित्र्यो वेदवाचः (कामदुघाः) अ० ४ । ३४ । ८ । कामानां पूरयित्र्यः (भवन्ति) सन्ति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२६—(पञ्च) म० २५ । विस्तृतानि (रुक्मा) रोचकानि वस्तूनि (ज्योतिः) प्रकाशः (अस्मै) मनुष्याय (भवन्ति) (वर्म) कवचम् (वासांसि) वस्त्राणि (तन्वे) शरीराय (स्वर्गम्) स्वः सुखं गच्छति प्राप्नोति यत्र (लोकम्) दर्शनीयं स्थानम् (अश्नुते) प्राप्नोति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा में विश्वास रखता है, वह ब्रह्मचर्य से विद्या प्राप्त करके स्वस्थ, दृढ़ और धनी होकर आनन्दित रहता है ॥ २६ ॥

या पूर्वं पतिं वित्त्वाथान्यं विन्दतेऽपरम् ।
पञ्चौदनं च तावजं ददातो न वि योषतः ॥ २७ ॥

या । पूर्वम् । पतिम् । वित्त्वा । अथ । अन्यम् । विन्दते । अपरम् ॥ पञ्च-ओदनम् । च । तौ । अजम् । ददातः । न । वि । योषतः ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(या) जो स्त्री (पूर्वम्) पहिले (पतिम्) पति को (वित्त्वा) पाकर (अथ) उसके पीछे [मृत्यु आदि विपत्ति काल में] (अन्यम्) दूसरे (अपरम्) पिछले [पति] को (विन्दते) पाती है [उसी प्रकार जो पति मृत्यु आदि विपत्ति में दूसरी स्त्री को पाता है] । (तौ) वे दोनों (च) निश्चय करके (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले (अजम्) अजन्मे वा गति शील परमेश्वर को [अपने आत्मा में] (ददातः) समर्पित करें (न वि योषतः) वे दोनों अलग न होवें ॥ २७ ॥

भावार्थ—जैसे विपत्ति काल में स्त्री दूसरे पति को और पुरुष दूसरी स्त्री को प्राप्त होकर सुख पाते हैं, वैसे ही मनुष्य परमात्मा को पाकर दुःखों से छूटकर सुखी होते हैं ॥ २७ ॥

समानलोको भवति पुनर्भुवापरः पतिः ।
योऽजं पञ्चौदनं दक्षिणाज्योतिषं ददाति ॥२८॥

समान-लोकः । भवति । पुनः भुवा । अपरः । पतिः ॥ यः ।

२७—(या) स्त्री (पूर्वम्) विवाहितम् (पतिम्) स्वामिनम् (वित्त्वा) विद्लृ लाभे—क्त्वा । लब्ध्वा (अन्यम्) द्वितीयं पतिम् (विन्दते) लभते (अपरम्) नियोजितं पतिम् (पञ्चौदनम्) पञ्चभूतसेचकम् (च) अवश्यम् (तौ) स्त्रीपुरुषौ (अजम्) अजन्मानं गतिशीलं वा परमात्मानम् (ददातः) घो लोपो लेटि वा । पा० ७ । ३ । ७० । इति रूपसिद्धिः । दद्याताम् (न) निषेधे (वि योषतः) यु मिश्रणामिश्रणयोः—लेट् । वियुक्तौ भवेताम् ॥

अजम् । पञ्च॑-ओदनम् । दक्षिणा-ज्योतिषम् । ददाति ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(अपरः) दूसरा (पतिः) पति (पुनर्भुवा) दूसरी वार विवाहित [वा नियोजित] स्त्री के साथ (समानलोकः) एक स्थान वाला (भवति) होता है। (यः) जो पुरुष (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ २८ ॥

भावार्थ—जैसे आत्मत्यागी परमेश्वर भक्त अपत्नीक पुरुष और धर्मात्मा विधवा स्त्री यथावत् विधि के साथ विपत्ति से छूटकर कर्तव्य पालन करते हैं, वैसे ही ब्रह्मज्ञानी पुरुष अविद्या से छूट कर परमात्मा से मिलकर आनन्द पाता है ॥ २८ ॥

अनुपूर्ववत्सां धेनुमनड्वाहमुपबर्हणम् ।
वासो हिरण्यं दत्त्वा ते यन्ति दिवमुत्तमाम् ॥ २९ ॥

अनुपूर्व-वत्साम् । धेनुम् । अनड्वाहम् । उप-बर्हणम् ॥ वासः । हिरण्यम् । दत्त्वा । ते । यन्ति । दिवम् । उत्-तमाम् ।२९

भाषार्थ—(अनुपूर्ववत्साम्) यथाक्रम [एक के पीछे एक] बच्चे वाली (धेनुम्) गौ, (अनड्वाहम्) अन्न पहुंचाने वाला बैल, (उपबर्हणम्) बालिश [सिराहने का वस्त्र आदि], (वासः) वस्त्र, (हिरण्यम्) सुवर्ण (दत्त्वा)

२८—(समानलोकः) एकस्थानः (भवति) (पुनर्भुवा) पुनः + भू सत्तायाम्—क्विप् । पुनर्भूर्दिधिषूरूढा द्विस्तस्यां दिधिषुः पतिः।स तु द्विजोऽग्रेदिधिषूः सैव यस्य कुटुम्बिनी । इत्यमरः १६ । २३ । द्विरूढया नियोजितया वा स्त्रिया सह (अपरः) द्वितीयः । देवरः (पतिः) अन्यत् पूर्ववत् ॥

२९—(अनुपूर्ववत्साम्) यथाक्रमशिशुमतीम् (धेनुम्) तर्पयित्रीं गाम् (अनड्वाहम्) अ० ४ । ११ । १ । अनस् + वह प्रापणे—क्विप् । अन्नप्रापकं वृषभम् (उपबर्हणम्) उप + बृह वृद्धौ उद्यमे च—ल्युट् । शिरोधानम् । बालिशम् (वासः) वस्त्रम् (हिरण्यम्) सुवर्णम् (दत्त्वा) (ते) धार्मिकाः (यन्ति)

दान करके (ते) वे [धर्म्मात्मा लोग] (उत्तमाम्) उत्तम (दिवम्) गति (यन्ति) पाते हैं ॥ २६ ॥

भावार्थ—धर्म्मात्मा मनुष्य सुपात्रों को विविध प्रकार दान करके उनकी उन्नति से अपनी उन्नति करते हैं ॥ २६ ॥

आत्मानं पितरं पुत्रं पौत्रं पितामहम् ।
जायां जनित्रीं मातरं ये प्रियास्तानुप ह्वये ॥३०॥ (१३)

आत्मानम् । पितरम् । पुत्रम् । पौत्रम् । पितामहम् ॥ जायाम् । जनित्रीम् । मातरम् । ये । प्रियाः । तान् । उप । ह्वये ॥ ३० (१३)

भाषार्थ—(आत्मानम्) आत्मबल, (पितरम्) पिता, (पुत्रम्) पुत्र, (पौत्रम्) पौत्र, (पितामहम्) दादा, (जायाम्) पत्नी, (जनित्रीम्) उत्पन्न करने वाली (मातरम्) माता को और (ये) जो (प्रियाः) प्रिय हैं, (तान्) उन सब को (उप ह्वये) मैं आदर से बुलाता हूं ॥ ३० ॥

भावार्थ—मनुष्य सब आत्मसम्बन्धियों के साथ यथावत् उपकार करके सदा सुखी रहें ॥ ३० ॥

यो वै नैदाघं नामर्तुं वेद ।
एष वै नैदाघो नामर्तुर्यदजः पञ्चौदनः ।
निरेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियं दहति भवत्यात्मना
यो३ऽजं पञ्चौदनं दक्षिणाज्योतिषं ददाति ॥ ३१ ॥

यः । वै । नैदाघम् । नाम । ऋतुम् । वेद ॥ एषः । वै । नैदाघः ।

प्राप्नुवन्ति । (दिवम्) दिवु गतौ—डिवि । गतिम् (उत्तमाम्) श्रेष्ठाम् ॥

३०—(आत्मानम्) आत्मबलम् (पितरम्) पातारं जनकम् (पुत्रम्) अ० १ । ११ । ५ । कुलशोधकं सुतम् (पौत्रम्) पुत्र—अण् । नप्तारम् (पितामहम्) पितृव्यमातुलमातामहपितामहाः । पा० ४ । २ । ३ । ६ । पितृ—डामहच् । पितुः पितरम् (जायाम्) पत्नीम् (जनित्रीम्) जनयित्रीं जननीम् (मातरम्) (ये) (प्रियाः) प्रीतिकराः (तान्) (उप) आदरेण (ह्वये) आह्वयामि ॥

नाम॑ । ऋ॒तुः । यत् । अ॒जः । पञ्च॑-ओदनः ॥ निः । ए॒व । अप्रि॑यस्य । भ्रातृ॑व्यस्य । श्रिय॑म् । द॒ह॒ति॒ । भव॑ति । आ॒त्मना॑ ॥ यः । अ॒जम् । पञ्च॑-ओदनम् । दक्षि॑णा-ज्योतिषम् । ददा॑ति ३१

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (नैदाघम्) अतिताप वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु को (वेद) जानता है । (एषः वै) वही (नैदाघः) अतिताप वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुः) ऋतु [के समान] (यत्) पूजनीय ब्रह्म (अजः) अजन्मा (पञ्चौदनः) पांच भूतों [पृथिवी आदि] का सींचने वाला [परमेश्वर] है । वह [मनुष्य अपने] (एव) निश्चय करके (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (श्रियम्) श्री को (निर् दहति) जला देता है, और (आत्मना) अपने आत्मबल के साथ (भवति) रहता है । (यः) जो [पुरुष] (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणाज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ ३१ ॥

भावार्थ—सूर्य और पृथिवी का घुमाव उष्ण, शीत आदि ऋतुओं का कारण है, उन सूर्य आदि लोकों का आदि कारण परमेश्वर है, ऐसा साक्षात् करने वाला पुरुष निर्विघ्न होकर आनन्द भोगता है ॥ ३१ ॥

यो वै कु॒र्वन्तं॒ नामर्तुं वेद॑ ।

कु॒र्व॒तींकु॑र्वतीमे॒वाप्रि॑यस्य॒ भ्रातृ॑व्यस्य॒ श्रिय॒मा द॑त्ते ।

३१—(यः) परमेश्वरः (वै) निश्चयेन (नैदाघः) तस्येदम् । पा० ४ । ३ । १२० । निदाघस्य महातापस्य सम्बन्धिनम् (नाम) प्रसिद्धौ (ऋतुम्) कालविशेषम् (वेद) जानाति (एषः) परमेश्वरः (नैदाघः) महातापसम्बन्धी (नाम) (ऋतुः) कालविशेषः (यत्) त्यजितनियजिभ्यो डित् । उ० १ । १३२ । यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु—अदि, डित् । पूजनीयं ब्रह्म (अजः) म० १ । अजन्मा (पञ्चौदनः) पञ्चभूतानां सेचनं यस्मात् सः (निः) नितराम् (एव) (अप्रियस्य) अहितस्य (भ्रातृव्यस्य) भ्रातृभावरहितस्य (श्रियम्) लक्ष्मीम् (दहति) भस्मीकरोति (भवति) वर्तते (आत्मना) आत्मबलेन सह । अन्यत् पूर्ववत् ॥

एष वै कुर्वन्नामर्तुर्यद्वुजः ० । ० । ० ॥ ३२ ॥

०। वै । कुर्वन्तम् । नाम ।०॥ कुर्वतीम्-कुर्वतीम् । एव । अप्रियस्य । भ्रातृव्यस्य । श्रियम् । आ । दत्ते ॥०। वै । कुर्वन् । नाम ।०।३२

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (कुर्वन्तम्) बनाने वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु को (वेद) जानता है । और [जो] (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (कुर्वतीं कुर्वतीम्) अच्छे प्रकार बनाने वाली (श्रियम्) श्री को (एव) निश्चय करके (आ दत्ते) ले लेता है । (एषः वै) वही (कुर्वन्) बनाने वाला (नाम) प्रसिद्ध...... म० ३१ ॥३२॥

भावार्थ—वर्षा आदि ऋतु अन्न आदि उत्पन्न करके बुभुक्षा आदि कष्ट मिटाते हैं, उन ऋतुओं का आदि कारण परमेश्वर है ऐसा जानने वाला पुरुष निर्विघ्न रहता है ॥ ३२ ॥

यो वै संयन्तं नामर्तुं वेद ।

संयतींसंयतीमेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियमा दत्ते ।

एष वै संयन्नाम ० । ० । ० ॥ ३३ ॥

० । वै । सम्-यन्तम् । नाम ।०॥ संयतीम्-संयतीम् । एव ।०॥ ० । वै । सम्-यन् । नाम । ० ॥३३॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (संयन्तम्) [अन्न आदि] मिलाने वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु को (वेद) जानता है और [जो] (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (संयतीं संयतीम्) अत्यन्त एकत्र करने वाली (श्रियम्) लक्ष्मी को (एव) निश्चय करके (आ दत्ते) ले लेता है । (एषः वै) वही परमेश्वर (संयन्) एकत्र

३२—(कुर्वन्तम्) करोतेः शतृ रचयन्तम् (कुर्वतींकुर्वतीम्) रचन्तीं रचन्तीम् (श्रियम्) लक्ष्मीम् (आ दत्ते) गृह्णाति (कुर्वन्) निष्पादयन् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३३—(संयन्तम्) इण् गतौ—शतृ, अन्तर्गतण्यर्थः । अन्नादि संगमयन्तम्

करने वाला (नाम) प्रसिद्ध......म० ३१ ॥ ३३ ॥

भावार्थ—अन्न आदि वस्तुओं के पकाने वाले ऋतुओं का नियन्ता परमेश्वर है, शेष पूर्ववत् ॥ ३३ ॥

यो वै पिन्वन्तं नामर्तुं वेद । पिन्वतींपिन्वतीमेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियमा दत्ते । एष वै पिन्वन्नाम ०।०।० ॥ ३४ ॥

०। वै । पिन्वन्तम् । नाम । ० ॥ पिन्वतीम्ऽपिन्वतीम् । एव । ० ॥ ० । वै । पिन्वन् । नाम । ० ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (पिन्वन्तम्) सींचने वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु को (वेद) जानता है और [जो] (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (पिन्वतीं पिन्वतीम्) अत्यन्त सींचने वाली (श्रियम्) श्री को (एव) अवश्य (आ दत्ते) लेलेता है । (एषः वै) वही [परमेश्वर] (पिन्वन्) सींचने वाला (नाम) प्रसिद्ध ......म० ३१ ॥ ३४ ॥

भावार्थ—अन्न आदि पुष्ट करने का नियम जानने वाला परमेश्वर है-अन्यत् पूर्ववत् ॥ ३४ ॥

यो वा उद्यन्तं नामर्तुं वेद । उद्यतीमुद्यतीमेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियमा दत्ते । एष वा उद्यन्नाम ०।०।० ॥ ३५

०। वै । उत्ऽयन्तम् । नाम । ० ॥ उद्यतीम्ऽउद्यतीम् । एव । ० ॥ ० । वै । उत्ऽयन् । नाम । ० ॥ ३५ ॥

(संयतीं संयतीम्) संगमयन्तीं संगमयन्तीम् (संयन्) संगमयन् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३४—(पिन्वन्तम्) पिवि सेचने सेवने च—शतृ । सिञ्चन्तम् । पोषयन्तम् (पिन्वतीं पिन्वतीम् अतिशयेन पोषयन्तीम् (पिन्वन्) पोषयन् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (उद्यन्तम्) उदय होते हुये (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु [वसन्त] को (वेद) जानता है। और [जो] (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (उद्यतीमुद्यतीम्) अत्यन्त उदय होती हुई (श्रियम्) श्री को (एव) अवश्य (आ दत्ते) लेलेता है। (एषः वै) वही परमेश्वर (उद्यन्) उदय होता हुआ (नाम) प्रसिद्ध......म० ३१ ॥ ३५ ॥

भावार्थ—वसन्त आदि ऋतुओं का नियामक परमेश्वर है...इत्यादि॥३५

यो वा अभिभुवं नामर्तुं वेद। अभिभवन्तीमभिभवन्तीमेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियमा दत्ते। एष वा अभिभूर्नामर्तुर्यदजः पञ्चौदनः। निरेवाप्रियस्य भ्रातृव्यस्य श्रियं दहति भवत्यात्मना। योऽजं पञ्चौदनं दक्षिणाज्योतिषं ददाति ॥ ३६ ॥

यः। वै। अभि-भुवम्। नाम। ऋतुम्। वेद॥ अभिभवन्तीम्-अभिवन्तीम्। एव। अप्रियस्य। भ्रातृव्यस्य। श्रियम्। आ। दत्ते॥ एषः। वै। अभि-भूः। नाम। ऋतुः। यत्। अजः। पञ्च-ओदनः॥ निः। एव। अप्रियस्य। भ्रातृव्यस्य। श्रियम्। दहति। भवति। आत्मना॥ यः। अजम्। पञ्च-ओदनम्। दक्षिणा-ज्योतिषम्। ददाति॥ ३६॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (वै) निश्चय करके (अभिभुवम्) [दुःखों के] हराने वाले (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुम्) ऋतु को (वेद) जानता है और [जो] (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (अभिभवन्तीम-

३५—(उद्यन्तम्) इण्—शतृ। उद्गच्छन्तम् (उद्यतीमुद्यतीम्) अतिशयेनोदयं प्राप्नुवतीम् (उद्यन्) उद्गच्छन्। अन्यत् पूर्ववत्॥

३६—(अभिभुवम्) अभिभवितारम्। दुःखनाशकम् (अभिभवन्तीम-

भिवन्तीम्) अत्यन्त हरा देने वाली (श्रियम्) श्री को (एव) निश्चय करके (आ दत्ते) लेलेता है। (एषः वै) वही (अभि भूः) [शत्रुओं का] हरा देने वाला (नाम) प्रसिद्ध (ऋतुः) ऋतु [के समान] (यत्) पूजनीय ब्रह्म (अजः) अजन्मा (पञ्चौदनः) पञ्चभूतों [पृथिवी आदि] का सींचने वाला [परमेश्वर] है। वह [मनुष्य अपने] (एव) निश्चय करके (अप्रियस्य) अप्रिय (भ्रातृव्यस्य) शत्रु की (श्रियम्) श्री को (निर् दहति) जला देता है और (आत्मना) अपने आत्मबल के साथ (भवति) रहता है। (यः) जो [पुरुष] (पञ्चौदनम्) पांच भूतों [पृथिवी आदि] के सींचने वाले, (दक्षिणा-ज्योतिषम्) दानक्रिया की ज्योति रखने वाले (अजम्) अजन्मे वा गतिशील परमात्मा को [अपने आत्मा में] (ददाति) समर्पित करता है ॥ ३६ ॥

भावार्थ-जो मनुष्य दुःखहर्ता परमेश्वर की उपासना करते हैं वे दुःखों से छूटकर आनन्दयुक्त होते हैं ॥ ३६ ॥

अ॒जं च॒ पच॑त॒ पञ्च॑ चौद॒नान् । सर्वा॒ दिश॒: संम॑नसः स॒ध्रीची॒: सान्त॑र्देशा॒: प्रति॑ गृह्णन्तु त ए॒तम् ॥ ३७ ॥

अ॒जम् । च॒ । पच॑त । पञ्च॑ । च॒ । ओ॒द॒नान् ॥ सर्वा॑: । दिश॑: । सम्-म॑नसः । स॒ध्रीची॑: । स-अ॑न्तर्देशाः । प्रति॑ । गृ॒ह्ण॒न्तु॒ । ते॒ । ए॒तम् ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] (च) निश्चय करके (अजम्) अजन्मे वा गतिशील जीवात्मा को (च) और (पञ्च) पांच [भूतों से युक्त] (ओद-नान्) सेचक पदार्थों को (पचत) पक्का [दृढ़] करो। (सान्तर्देशाः) अन्तर्देशों के सहित (सध्रीचीः) साथ साथ रहने वाली, (सर्वाः) सब

भिभवन्तीम्) अतिशयेन पराजयन्तीम् (अभिभूः) भू सत्तायाम्—क्विप् । अभिभविता । कष्टहर्ता । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३७—(अजम्) म० १ । अजन्मानं गतिशीलं वा जीवात्मानम् (च) अव-धारणे (पचत) परिपक्वं सुदृढ़स्वभावं कुरुत (पञ्च) पञ्चभूतयुक्तान् (च) समुच्चये (ओदनान्) म० १९। सेचकान् । प्रवर्धकान् पदार्थान् (सर्वाः) प्राच्यादयः (दिशः) दिशाः (संमनसः) समानमनस्काः (सध्रीचीः) अ० ६। ८८ ३।

(दिशः) दिशायें (संमनसः) एक मन होके (ते) तेरे लिये, (एतम्) इस [जीवात्मा] को (प्रति गृह्णन्तु) स्वीकार करें ॥३७॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमेश्वर में परिपक्वबुद्धि होकर पदार्थों से उपकार लेते हैं, उनके लिये संसार के सब पदार्थ सुखदायी होते हैं ॥ ३७ ॥

इस मन्त्र का दूसरा पाद आ चुका है—अ० ६ । ८८ । ३ ॥

तास्ते रक्षन्तु तव तुभ्यमेतं ताभ्य आज्यं हविरिदं जुहोमि ॥ ३८ ॥ (१४)

ताः । ते । रक्षन्तु । तव । तुभ्यम् । एतम् । ताभ्यः । आज्यम् । हविः । इदम् । जुहोमि ॥ ३८ ॥ (१४)

भाषार्थ—(ताः) वे सब [दिशायें] (ते) तेरे लिये, (तुभ्यम्) तेरे लिये (तव) तेरे (एतम्) इस [जीवात्मा] की (रक्षन्तु) रक्षा करें, (ताभ्यः) उन सब से (इदम्) इस (आज्यम्) प्रकाश करने योग्य (हविः) ग्राह्यकर्म को (जुहोमि) मैं ग्रहण करता हूं ॥ ३८ ॥

भावार्थ-मनुष्य सब पदार्थों से गुण ग्रहण करके संसार में विख्यात करें३८

सूक्तम् ९ (पर्यायः १) ॥

१—१७ ॥ अतिथिरतिथिपातश्च देवते ॥ १,२ गायत्री, ३, ७, ६ भुरिक् साम्नी त्रिष्टुप् ; ४ आर्च्यनुष्टुप् ; ५ आसुरी गायत्री; ६ साम्नी जगती ; ८ याजुषी त्रिष्टुप्; १० साम्नी भुरिग् बृहती ; ११, १४, १५, १६ साम्न्यनुष्टुप् ; १२ साम्नी पङ्क्तिः ; १३ साम्नी निचृत् पङ्क्तिः ; १७ आर्ष्यनुष्टुप् छन्दः ॥

सध्रीच्यः। सहवर्तमानाः (सान्त र्देशाः) अन्तर्दिग्भिः सहिताः (प्रति गृह्णन्तु) स्वीकुर्वन्तु (ते) तुभ्यम् (एतम्) जीवात्मानम् ॥

३८—(ताः) पूर्वोक्ता दिशाः (ते) तुभ्यम् (रक्षन्तु) पान्तु (तव) (तुभ्यम्) वीप्सायां द्विर्वचनम् (एतम्) जीवात्मानम् (ताभ्यः) दिशानां सकाशात् (आज्यम्) अ० ५ । ८ । १ । आङ्+अञ्जू व्यक्तिकरणे—क्यप् । व्यक्तीकरणीयम् । व्याख्यातव्यम् (हविः) ग्राह्यं कर्म (इदम्) (जुहोमि) आददे । गृह्णामि ॥

संन्यासिगृहस्थयोर्धर्मोपदेशः—संन्यासी और गृहस्थ के धर्म का उपदेश ॥

यो विद्याद् ब्रह्म प्रत्यक्षं परूंषि यस्य संभारा ऋचो यस्यानूक्यम् ॥ १ ॥

यः । विद्यात् । ब्रह्म । प्रति-अक्षम् । परूंषि । यस्य । सम्-भाराः । ऋचः । यस्य । अनुक्यम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(यः) संयमी पुरुष [अथवा जो कोई विद्वान् हो वह] (प्रत्यक्षम्) प्रत्यक्ष करके (ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] को (विद्यात्) जाने (यस्य) जिस [ब्रह्म] के (परूंषि) पालन सामर्थ्य (संभाराः) विविध संग्रह और (यस्य) जिसका (अनूक्यम्) अनुकूल वाक्य (ऋचः) ऋचायें [स्तुति योग्य वेद मन्त्र] हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—विद्वान् संयमी पुरुष सर्वपोषक, सर्वोपदेशक परमात्मा को साक्षात् कर सकते हैं ॥ १ ॥

मन्त्र १—४ और ६ स्वामिदयानन्दकृत संस्कारविधि संन्यासाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

सामानि यस्य लोमानि यजुर्हृदयमुच्यते परिस्तरणमिद्धविः ॥ २ ॥

सामानि । यस्य । लोमानि । यजुः । हृदयम् । उच्यते । परि-स्तरणम् । इत् । हविः ॥ २ ॥

१—(यः) यम नियमने—ड । संयमी । संन्यासी । अथवा यो विद्वान् भवतु सः (विद्यात्) जानीयात् (ब्रह्म) अ० १ । ८ । ४ । सर्वेभ्यो बृहन्तं परमेश्वरम् (प्रत्यक्षम्) साक्षात्कारेण (परूंषि) अर्तिपृवपि० । उ० २ । ११७ । पॄ पालनपूरणयोः—उसि । पालनसामर्थ्यानि (यस्य) ब्रह्मणः (संभाराः) विविधाः संग्रहाः (ऋचः) ऋच स्तुतौ—क्विप् । ऋग् वाङ्नाम—निघ० १ । ११ । स्तुत्या वेदवाचः (यस्य) (अनूक्यम्) ऋहलोर्ण्यत् । पा० ३ । १ । १२४ । अनु+वच परिभाषणे–ण्यत्, छान्दसं सम्प्रसारणम्, चजोः कु घिण्ण्यतोः । पा० ७ । ३ । ५२ । इति कुत्वम् । अनुकूलवाक्यम् ॥

भाषार्थ—(सामानि) दुःखनाशक [मोक्ष विज्ञान] (यस्य) जिस [ब्रह्म] के (लोमानि) रोम [सदृश हैं], (यजुः) विद्वानों का सत्कार, विद्यादान और पदार्थों का संगतिकरण [जिसके] (हृदयम्) हृदय [के समान] और (परिस्तरणम्) सब ओर फैलाव (इत्) ही (हविः) ग्राह्यकर्म (उच्यते) कहा जाता है ॥ २ ॥

भावार्थ—विद्वान् ही कर्म, उपासना और ज्ञान से परमेश्वर के उपकारों को साक्षात् करके आनन्दित होते हैं ॥ २ ॥

यद्वा अतिथिपतिरतिथीन् प्रतिपश्यति देवयजनं प्रेक्षते ॥ ३ ॥

यत् । वै । अतिथि-पतिः । अतिथीन् । प्रति-पश्यति । देव-यजनम् । प्र । ईक्षते ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(यत् वै) जब ही (अतिथिपतिः) अतिथियों का पालन करने हारा (अतिथीन्) अतिथियों [नित्य मिलने योग्य विद्वानों] को (प्रतिपश्यति) प्रतीक्षा से देखता है, वह (देवयजनम्) उत्तम गुणों का संगति करण (प्र ईक्षते) अच्छे प्रकार देखता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग प्रीति से महामान्य विद्वानों का सत्कार करके उत्तम गुण प्राप्त करते हैं ॥ ३ ॥

२—(सामानि) अ० ७ । ५४ । १ । षो अन्तकर्मणि—मनिन् । दुःखनाशकानि मोक्षज्ञानानि (यस्य) ब्रह्मणः (लोमानि) लोमतुल्यानि (यजुः) अ० ७ । ५४ । २ । विदुषां सत्कारो विद्यादानं पदार्थसंगतिकरणं च (हृदयम्) हृदयसमानम् (उच्यते) (परिस्तरणम्) सर्वतो विस्तारः (इत्) एव (हविः) ग्राह्यं कर्म ॥

३—(यत्) यदा (वै) निश्चयेन (अतिथिपतिः) अतिथीनां पालकः (अतिथीन्) अ० ७ । २१ । १ । अत सातत्यगमने—इथिन् । नित्यप्रापणीयान् महामान्यान् । विदुषः पुरुषान् (प्रतिपश्यति) प्रतीक्षया पश्यति (देवयजनम्) उत्तमगुणानां संगतिकरणम् (प्र) प्रकर्षेण (ईक्षते) अवलोकयति ॥

यद॑भि॒वद॑ति दी॒क्षामु॒पैति॒ यदु॑द॒कं याच॑त्य॒पः प्र ण॑यति ॥४॥

यत् । अ॒भि॒ऽवद॑ति । दी॒क्षाम् । उप॑ । ए॒ति॒ । यत् । उ॒द॒कम् । याच॑ति । अ॒पः । प्र । न॒य॒ति॒ ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वह [गृहस्थ] (अभिवदति) अभिवादन करता है, वह (दीक्षाम्) दीक्षा [व्रत का उपदेश] (उप एति) आदर पूर्वक पाता है, (यत्) जब (उदकम्) जल को वह [गृहस्थ] (याचति) विनय करके देता है, वह [गृहस्थ] (अपः) जल (प्र णयति) [प्रणीता पात्र में] सन्मुख लाता है ॥ ४ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग आदर पूर्वक अभिवादन आदि करके और पाद्य, अर्घ्य और पानीय जल आदि समर्पण करके अतिथियों से उत्तम शिक्षा ग्रहण करें ॥ ४ ॥

या ए॒व य॒ज्ञ आप॑: प्रणी॒यन्ते॒ ता ए॒व ताः ॥ ५ ॥

याः । ए॒व । य॒ज्ञे । आप॑: । प्र॒ऽनी॒यन्ते॑ । ताः । ए॒व । ताः ॥५॥

भाषार्थ—(याः) जो (एव) ही (आपः) जल (यज्ञे) यज्ञ में (प्रणीयन्ते) आदर से लाये जाते हैं, (ताः) वे (एव) ही (ताः) वे [अतिथि के लिये उपकारी होते हैं] ॥ ५ ॥

भावार्थ—संन्यासी लोग उपकार दृष्टि से ही जल पान आदि करते हैं ॥५॥

यत् त॒र्पण॑मा॒हर॑न्ति॒ य ए॒वाग्नी॑षो॒मीय॑: प॒शुर्ब॒ध्यते॒ स ए॒व सः ॥ ६ ॥

४—(यत्) यदा (अभिवदति) संवदति प्रणमति वा (दीक्षाम्) अ० ८। ५। १५। व्रतोपदेशम् (उपैति) आदरेण प्राप्नोति (यत्) यदा (याचति) याचृ आत्मने दानार्थं प्रेरणे, ग्रहणार्थं प्रेरणेऽपि—शब्दकल्पद्रुमः। विनयेन ददाति। (अपः) जलानि (प्र णयति) प्रणीतापात्रेण समर्पयति गृहस्थः ॥

५—(याः) (एव) (यज्ञे) सत्करणीये व्यवहारे (आपः) जलानि (प्रणीयन्ते) आदरेण दीयन्ते (ताः) जलानि (एव) (ताः) उपकारिण्य इत्यर्थः ॥

यत् । तर्पणम् । आ-हरन्ति । यः । एव । अग्नी_षोमीयः ।
पशुः । बध्यते । सः । एव । सः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वे [घर के लोग (तर्पणम्) तृप्ति कारक द्रव्य (आहरन्ति) लाते हैं, [तब] (यः) जो (एव) ही (अग्नीषोमीयः) ज्ञान और ऐश्वर्य के लिये हितकारी (पशुः) समदर्शी [अतिथि] (बध्यते) [प्रेम डोरी से] बांधा जाता है (सः एव सः) वही वह [अतिथि होता है] ॥६॥

भावार्थ—अतिथि संन्यासी गृहस्थ की सेवा इस प्रयोजन से स्वीकार करते हैं कि वे विद्वान् प्रेम पूर्वक संसार के लिये ज्ञान और ऐश्वर्य बढ़ावें ॥६॥

यदा॑वस॒थान् क॒ल्पय॑न्ति सदोहविर्धा॒नान्ये॒व तत् क॑ल्पयन्ति ॥ ७ ॥

यत् । आ-व॒स॒थान् । क॒ल्पय॑न्ति । स॒दः-ह॒वि॒र्धाना॑नि । ए॒व । तत् । क॒ल्प॒य॒न्ति॒ ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वे (गृहस्थ लोग] (आवसथान्) निवास स्थानों को (कल्पयन्ति) बनाते हैं, (तत्) तब वे [अतिथि लोग] (सदोह-विर्धानानि) यज्ञशाला और हवि [लेने देने योग्य कर्मों] के स्थानों को (एव) ही (कल्पयन्ति) विचारते हैं ॥ ७ ॥

६—(यत्) यदा (तर्पणम्) तृप्तिकरं द्रव्यम् (आहरन्ति) आनयन्ति गृहस्थाः (यः) अतिथिः (एव) (अग्नीषोमीयः) अङ्गेर्नलोपश्च । उ० ४ । ५० । अगि गतौ—नि । अर्त्तिस्तुसुहु० । उ० १ । १४० । षु ऐश्वर्ये—मन् । तस्मैहितम् । पा० ५ । १ । ५ । इति छप्रत्ययः । अग्नीषोमाभ्यां ज्ञानैश्वर्याभ्यां हितः (पशुः) अ० ३ । २८ । १ । समदर्शी देवः । संन्यासी (बध्यते) बध संयमने वा बन्ध बन्धने—कर्मणि यक् । प्रेमबन्धने क्रियते (सः) (एव) (सः) अतिथिः ॥

७—(यत्) यदा (आवसथान्) उपसर्गे वसेः । उ० ३ । ११६ । आ+वस निवासे—अथ । निवासान् (कल्पयन्ति) रचयन्ति (सदोहविर्धानानि) यज्ञगृहग्राह्यदातव्यकर्मस्थानानि (एव) (तत्) तदा (कल्पयन्ति) विचारयन्ति । समर्थयन्ति ॥

भावार्थ—गृहस्थों के बनाये स्थानों में संन्यासी महात्मा विद्यालय, अद्भुतालय, बिजुली, तार आदि स्थानों का विचार करते हैं ॥ ७ ॥

यदु॑प॒स्तृ॒णन्ति॑ ब॒र्हिरे॒व तत् ॥ ८ ॥

यत् । उ॒प॒-स्तृ॒णन्ति॑ । ब॒र्हिः । ए॒व । तत् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो कुछ वे [गृहस्थ] (उपस्तृणन्ति) बिछौना करते हैं, (तत्) वह [संन्यासी के लिये] (बर्हिः) कुशासन (एव) ही होता है ॥ ८

भावार्थ—संन्यासी लोग अल्पमूल्य वस्तुओं में निर्वाह करके यज्ञ सामग्री का ध्यान रखते हैं ॥ ८ ॥

यदु॑परिशय॒नमा॒हर॑न्ति स्व॒र्गमे॒व तेन॑ लो॒कमव॑ रुन्द्धे ९

यत् । उ॒परि॒-श॒य॒नम् । आ॒-हर॑न्ति । स्वः॒-गम् । ए॒व । तेन॑ । लो॒कम् । अव॑ । रु॒न्द्धे॒ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(यत्) जैसे वे [गृहस्थ लोग] (उपरिशयनम्) ऊंचे शयन स्थान को (आहरन्ति) यथावत् प्राप्त होते हैं, (तेन) वैसे ही वह [संन्यासी] (स्वर्गम्) सुख देने वाले (लोकम्) दर्शनीय परमेश्वर को (एव) निश्चय करके (अव रुन्द्धे) प्राप्त होता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग तो शय्या आदि में विश्राम पाते हैं, किन्तु संन्यासी एक परमात्मा के आश्रय में सुखी रहता है ॥ ९ ॥

यत् क॑शिपूपब॒र्हण॒मा॒हर॑न्ति परि॒धय॑ ए॒व ते ॥ १० ॥

यत् । क॒शि॒पु॒-उ॒प॒ब॒र्हण॒म् । आ॒-हर॑न्ति । प॒रि॒-धय॑ः । ए॒व । ते १०

८—(यत्) यत् किंचित् (उपस्तृणन्ति) आच्छादनानि कुर्वन्ति (बर्हिः) अ० ५ । २२ । १ । कुशासनम् । यज्ञसामग्री ॥

९—(यत्) येन प्रकारेण (उपरिशयनम्) उच्चशय्यास्थानम् (आहरन्ति) समन्तात् प्राप्नुवन्ति गृहस्थाः (स्वर्गम्) सुखप्रापकम् (एव) निश्चयेन (तेन) प्रकारेण (लोकम्) दर्शनीयं परमात्मानम् (अव रुन्द्धे) प्राप्नोति ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (कशिपूपबर्हणम्) बिछौना और बालिश को वे [गृहस्थ लोग] (आहरन्ति) प्राप्त होते हैं, [संन्यासी के लिये] (ते) वे [प्रसिद्ध ईश्वर की] (एव) ही (परिधयः) सब ओर से धारण शक्तियां हैं १०

भावार्थ—संन्यासी शारीरिक सुख की उपेक्षा करके परमेश्वर का अवलम्बन करता है ॥ १० ॥

यदा॑ञ्जनाभ्यञ्ज॒नमा॒हर॒न्त्याज्य॑मे॒व तत् ॥ ११ ॥

यत् । आ॒ञ्ज॒न॒-अ॒भ्य॒ञ्ज॒नम् । आ॒-हर॑न्ति । आज्य॑म् । ए॒व । तत् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (आञ्जनाभ्यञ्जनम्) चन्दन और तेल आदि के मर्दन को (आहरन्ति) वे [गृहस्थ लोग] प्राप्त होते हैं,(तत्) तब [संन्यासी के लिये] (आज्यम्) [संसार का] व्यक्त करने वाला ब्रह्म (एव) ही है ॥११॥

भावार्थ—संन्यासी पुरुष परमात्मा के चिन्तन में अपनी शरीर शोभा समझता है ॥ ११ ॥

यत् पु॒रा परि॑वे॒षात् खा॒दमा॒हर॑न्ति पुरो॒डाशा॑वे॒व तौ १२

यत् । पु॒रा । परि॒-वे॒षात् । खा॒दम् । आ॒-हर॑न्ति । पु॒रो॒डाशौ॑ । ए॒व । तौ ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वे [गृहस्थ लोग] (पुरा) पहिले (परि-

१०—(यत्) यदा (कशिपूपबर्हणम्) कशिपुर्व्याख्यातः—अ० ६ । १३८ । ५ । उपबर्हणं व्याख्यातम्—अ० ६ । ५ । २६ । परिस्तरणं बालिशं च (आहरन्ति) (परिधयः) उपसर्गे घोः किः । पा० ३ । ३ । ६२ परि + दधातेः-कि । ईश्वरस्य परितोधारणशक्तयः (एव) (ते) प्रसिद्धाः ॥

११—(यत्) यदा (आञ्जनाभ्यञ्जनम्) अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु—ल्युट् । सम्यक् चन्दनादिलेपनं तैलादिमर्दनं च (आहरन्ति) (आज्यम्) अ० ५ । ८ । १ । आङ् + अञ्जू व्यक्तौ—क्यप् । संसारस्य व्यक्तिकरं ब्रह्म (एव) (तत्) तदा ॥

१२—(यत्) यदा (पुरा) आदौ (परिवेषात्) परि + विषॢ व्याप्तौ—

वेषात्) परोसकर (खादम्) भोजन को (आहरन्ति) खाते हैं । [तब संन्यासी के लिये] (तौ) वे (पुरोडाशौ) दो पुरोडाश [मुनि अन्न की दो रोटियां] (एव) ही हैं ॥ १२ ॥

भावार्थ—संन्यासी लोग बहुमूल्य आहारों को छोड़कर थोड़े मुनि अन्न, नीवार, कन्द आदि का भोजन करते हैं ॥ १२ ॥

पुरोडाश का वर्णन मनु० अ० ६ । श्लो० ११ में इस प्रकार है ॥

वासन्तशारदैर्मेध्यैर्मुन्यन्नैः स्वयमाहृतैः ।
पुरोडाशांश्चरूंश्चैव विधिवन्निर्वपेत्पृथक् ॥ १ ॥

अपने हाथ से लाये हुये वसन्त और शरद् में उत्पन्न हुये पवित्र मुनियों के अन्नों से पुरोडाश और चरु को विधि के अनुसार अलग अलग फैलावे [परोसे]॥

यद॑शनकृतं॒ ह्वय॑न्ति हवि॒ष्कृत॑मे॒व तद्ध्व॑यन्ति ॥ १३ ॥

यत् । अ॒श॒न॒-कृ॒तम् । ह्वय॑न्ति । ह॒वि॒ः-कृ॒तम् । ए॒व । तत् । ह्व॒-य॒न्ति॒ ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वे [गृहस्थ लोग] (अशनकृतम्) भोजन बनाने वाले को (ह्वयन्ति) बुलाते हैं, (तत्) तब वे [संन्यासी लोग] (हविष्कृतम्) देने और लेने योग्य व्यवहार करने हारे [परमेश्वर] को (एव) ही (ह्वयन्ति) बुलाते हैं ॥ १३ ॥

भावार्थ—संन्यासी लोग गृहस्थों के समान सूपकार आदि की अपेक्षा न करके ईश्वर का ध्यान करते हुये आत्मावलम्बी होते हैं ॥ १३ ॥

ये व्री॒हयो॒ यवा॑ निरु॒प्यन्ते॒ऽंशव॑ ए॒व ते ॥ १४ ॥

घञ् । पञ्चमी विधानेल्यब्लोपे कर्मण्युपसंख्यानम् । वा० पा० २ । ३ । २८ । ल्यब्लोपे कर्मणि पञ्चमी । परिवेषं भोजनार्थं पात्रे अन्नादेर्दानं समाप्य (खादम्) भोजनम् (आहरन्ति) खादन्ति (पुरोडाशौ) अ० ८ । ८ । २२ । मुन्यन्नरोटिका-विशेषौ—मनुः ६ । ११ (तौ) ॥

१३—(यत्) यदा (अशनकृतम्) सूपकारम् (ह्वयन्ति) आह्वयन्ति (हविष्कृतम्) दातव्यादातव्यव्यवहाराणां कर्तारं परमेश्वरम् (एव) (तत्) तदा (ह्वयन्ति) ॥

ये । व्रीहयः । यवाः । निः-उप्यन्ते । अंशवः । एव । ते ॥१४॥

भाषार्थ—(ये) जो (व्रीहयः) चावल और (यवाः) जौ [गृहस्थों करके] (निरुप्यन्ते) फैलाये [परोसे] जाते हैं, (ते) वे (एव) ही [संन्यासी को] (अंशवः) सूक्ष्म विचार [होते हैं] ॥ १४ ॥

भावार्थ—जब गृहस्थ लोग चावल जौ आदि बोकर भोजन करते हैं, संन्यासी लोग स्वयंसिद्ध मुनि अन्नों से निर्वाह करके सूक्ष्म विचार करते हैं॥ १४

यान्युलूखलमुसलानि ग्रावाण एव ते ॥ १५ ॥

यानि । उलूखल-मुसलानि । ग्रावाणः । एव । ते ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(यानि) जो [गृहस्थों के] (उलूखलमुसलानि) ओखली मूसल हैं, (ते) वे [वैसे] (एव) ही [संन्यासियों के] (ग्रावाणः) शास्त्र उपदेश हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार गृहस्थ लोग ओखली मूसल से कूटकर अन्न का सार निकालते हैं, उसी प्रकार संन्यासी लोग तपश्चरण करके सत्यशास्त्रों का उपदेश करते हैं ॥ १५ ॥

शूर्पं पवित्रं तुषा ऋजीषाभिषवणीरापः ॥ १६ ॥

शूर्पम् । पवित्रम् । तुषाः । ऋजीषाः । अभि-सवनीः । आपः॥१६

स्रुग् दर्विर्नेक्षणमायवनं द्रोणकलशाःकुम्भ्यो वायव्या-

१४—(ये) (व्रीहयः) अ० ६ । १४० । २ धान्यविशेषाः (यवाः) (निरुप्यन्ते) डु वप बीजसन्ताने मुण्डने च । प्रक्षिप्यन्ते (अंशवः) मृगय्वादयश्च । उ० १ । ३७ । अंश विभाजने—कु । सूक्ष्मांशाः । सोमलतावयवाः ॥

१५—(यानि) (उलूखलमुसलानि) उरु+खल चलने—अच् । उरु विस्तीर्णं खलं धान्यमर्दनस्थानं यस्य तद् उलूखलं पृषोदरादिरूपम् । उलूखल-मुरुकरं वोर्करं वोर्ध्वखं वा-निरु० ६ । २० । वृषादिभ्यश्चित् । उ० १ । १०६ । मुस खण्डने—कल, चित् । मुसलं मुहुः सरम्—निरु० ६ । ३५ । धान्यादिकण्डन-साधनानि(ग्रावाणः) अ० ३ । १० । ५ । गॄ विज्ञापे शब्दे च-कनिप् । शास्त्रोपदेशाः (एव) (ते) ॥

नि पात्राणीयमेव कृष्णाजिनम् ॥ १७ ॥ (१५)

स्रुक् । दर्विः । नेक्षणम् । आ-यवनम् । द्रोण-कलशाः । कुम्भ्यः । वायव्यानि । पात्राणि । इयम् । एव । कृष्ण-अजिनम् ॥ १७ ॥ (१५)

भाषार्थ—(शूर्पम्) सूप [छाज], (पवित्रम्) चालनी, (तुषाः) भुसी (ऋजीषा) सोम का फोक [नीरस वस्तु], (अभिसवनीः) मार्जन वा स्नान के पात्र, (आपः) [यज्ञ का] जल । (स्रुक्) स्रुचा [घी चढ़ाने का पात्र], (दर्विः) चमचा, (नेक्षणम्) शूल, शलाका आदि, (आयवनम्) कढ़ाही, (द्रोणकलशाः) द्रोणकलश [यज्ञ के कलश], (कुम्भ्यः) कुम्भी [गगरी], (वायव्यानि) पवन करने के (पात्राणि) पात्र [गृहस्थों के हैं], (इयम्) यह [पृथिवी] (एव) ही [संन्यासियों को] (कृष्णाजिनम्) कृष्णसार हरिन की मृग छाला [के समान है] ॥ १६, १७ ॥

१६,१७—(शूर्पम्) सुशृभ्यां निच्च । उ० ३ । २६ । शॄ हिंसायाम्—पप्रत्ययः, नित् किच् च, यद्वा शूर्प माने—घञ् । शूर्पमशनपवनं शृणाते र्वा—निरु० ६ । ८ । धान्यस्फोटनयन्त्रम् (पवित्रम्) पुवः संज्ञायाम् । पा० । ३ । २ । १८५ । पूञ् शोधने—इत्र । चालनी (तुषाः) तुष प्रीतौ—क, टाप् । धान्यत्वचः (ऋजीषा) अर्जेर्ऋज् च । उ० । २८ । अर्ज अर्जने—ईषन्, कित्, ऋजादेशः, टाप् । यत्सोमस्य पूयमानस्यातिरिच्यते तदृजीषमपार्जितं भवति—निरु० ५ । १२ । नीरसं सोमचूर्णम् (अभिसवनीः) अभि+षुञ् स्नपने स्नाने च—ल्युट्, ङीप् । मार्जन्यः । प्रोक्षण्यः (आपः) यज्ञजलानि (स्रुक्) चिक् च । उ० २ । ६२ । स्रु गतौ चिक् । वटपत्राकृतिर्यज्ञपात्रभेदः (दर्विः) अ० ४ । १४ । १ । काष्ठादिचमसः (नेक्षणम्) णिक्ष चुम्बने-ल्युट् । शूलशलाकादिद्रव्यम् (आयवनम्) यु मिश्रणामिश्रणयोः—ल्युट् । पाकसाधनपात्रम् । कटाहः (द्रोणकलशाः) यज्ञघटाः (कुम्भ्यः) उखाः (वायव्यानि) वाय्वृतुपित्रुषसो यत् । पा० ४ । २ । ३१ । वायु—यत् । वायुदेवताकानि । वायुसाधकानि (पात्राणि) पा रक्षणे ष्ट्रन् । भाजनानि । यन्त्राणि (इयम्) प्रसिद्धा भूमिः (एव) (कृष्णाजिनम्) कृष्णसारमृगचर्मवत् ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग अनेक प्रकार की सामग्री से यज्ञ आदि काम करते हैं, संन्यासी पुरुष जितेन्द्रिय होकर समस्त पृथिवी को, अपना सर्वस्व और विस्तर आदि समझ प्रसन्न रहते है ॥ १६, १७ ॥

मनुस्मृति—अ० ६। श्लो० ४३ में इस प्रकार वर्णन है ॥

अनग्निरनिकेतः स्याद् ग्राममन्नार्थमाश्रयेत् ।
उपेक्षकोऽशङ्कुसुको मुनिर्भावसमाहितः ॥ १ ॥

(उपेक्षकः) [बुरे कर्मों की] उपेक्षा करने वाला, (अशङ्कुसुकः) स्थिर बुद्धि, (भावसमाहितः) परमेश्वर की भावना में ध्यान लगाये हुये (मुनिः) मुनि अर्थात् संन्यासी (अनग्निः) आहवनीय आदि अग्नियों से रहित और (अनिकेतः) विना घर वाला (स्यात्) रहे और (अन्नार्थम्) अन्न के लिये (ग्रामम् आश्रयेत्) ग्राम का आश्रम ले ॥

सूक्तम् ६ (पर्यायः २) ॥

१—१३ ॥ अतिथिरतिथिपतिश्च देवते ॥ १ विराट् पुरस्ताद् बृहती; २,१२ साम्नी त्रिष्टुप् ३ याजुषी जगती, ४ साम्न्युष्णिक्; ५ साम्नी बृहती; ६ आर्च्यनुष्टुप्; ७,१० आर्ची त्रिष्टुप्; ८,९ आसुरी गायत्री; ११ भुरिक् साम्नी बृहती; १३ आर्ची पङ्क्तिश्छन्दः ॥

अतिथिसत्कारोपदेशः—अतिथि के सत्कार का उपदेश ॥

यजमानब्राह्मणं वा एतदतिथिपतिः कुरुते यदाहार्याणि प्रेक्षत इदं भूया३ इदा३मिति ॥ १ ॥

यजमान-ब्राह्मणम् । वै । एतत् । अतिथि-पतिः । कुरुते । यत् । आहार्याणि । प्र-ईक्षते । इदम् । भूया३ः । इदा३म् । इति ॥१॥

भाषार्थ—(अतिथिपतिः) अतिथियों का पालन करने हारा [गृहपति] (यजमानब्राह्मणम्) यजमान के लिये [अपने लिये] ब्राह्मण [वेदवेत्ता संन्यासी] को (वै) निश्चय करके (एतत्) इस प्रकार (कुरुते) अपने लिये बनाता है, (यत्) जब वह [गृहस्थ] (आहार्याणि) स्वीकार करने

१—(यजमानब्राह्मणम्) यजमानाय ब्रह्मज्ञानिनम् (वै) निश्चयेन (एतत्) एवम् (अतिथिपतिः) अतिथीनां पालकः (कुरुते) स्वहिताय स्वीकुरुते (यत्) यदा (आहार्याणि) स्वीकरणीयानि कर्माणि (इदम्) सर्व-

योग्य कर्मों को (प्रेक्षते) निहारता है, "(इदम्) यह [ब्रह्म] (भूया३ः) और अधिक है [वा] (इदा३म्) यही, (इति) बस" ॥ १ ॥

भावार्थ—ब्रह्म जिज्ञासु ब्रह्मज्ञानी संन्यासी से प्रश्नोत्तर करके ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करे ॥ १ ॥

यदाह भूय उद्धरेति प्राणमेव तेन वर्षीयांसं कुरुते ॥२॥

यत् । आह । भूयः । उत् । हर । इति । प्राणम् । एव । तेन । वर्षीयांसम् । कुरुते ॥ २ ॥

भाषार्थ -(यत्) जब वह [अतिथि] (आह) कहे "-[इस ब्रह्म को] (भूयः) और अधिक (उत् हर इति) उत्तमता से ग्रहण कर"-(तेन) उस से वह [गृहस्थ] (प्राणम्) अपने प्राण [जीवन] को (एव) निश्चय करके (वर्षीयांसम्) अधिक बड़ा (कुरुते) बनाता है ॥ २ ॥

भावार्थ--गृहस्थ अतिथि संन्यासी से सर्वोत्तम परमात्मा का उपदेश लेकर अपने जीवन को अधिक उन्नत करे ॥२ ॥

उप हरति हवींष्या सादयति ॥ ३ ॥

उप । हरति । हवींषि । आ । सादयति ॥ ३ ॥

भाषार्थ—वह [गृहस्थ] (हवींषि) हवन द्रव्यों को (उप हरति) भेट करता है और (आ सादयति) समीप लाता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—गृहस्थ हवन द्रव्यों को लाकर संन्यासी से हवन का लाभ पूछता है ॥ ३ ॥

व्यापकं ब्रह्म (भूया ३ः) प्लुतप्रयोगः । बहु—ईयसुन् । बहुतरम् (इदा३म्) इदं ब्रह्म (इति) वाक्यसमाप्तौ ॥

२—(यत्) यदा (आह) ब्रूते (भूयः) अधिकतरम् (उद्धर) उत्तमतया गृहाण (इति) (प्राणम्) जीवनम् (एव) निश्चयेन (तेन) कारणेन (वर्षीयांसम्) वृद्धतरम् ॥

३—(उप हरति) समर्पयति (हवींषि) हवनद्रव्याणि (आ सादयति) समीपं प्रापयति ॥

तेषामासंन्नानामतिथिरात्मन् जुहोति ॥ ४ ॥

तेषाम् । आ-संन्नानाम् । अतिथिः । आत्मन् । जुहोति ॥ ४ ॥

स्रुचा हस्तेन प्राणे यूपे स्रुक्कारेणं वषट्कारेणं ॥ ५ ॥

स्रुचा । हस्तेन । प्राणे । यूपे । स्रुक्-कारेणं । वषट्-कारेणं ५

भाषार्थ—(अतिथिः) अतिथि [संन्यासी] (स्रुचा) स्रुचा [चमचा रूप] (हस्तेन) हाथ से (यूपे) जयस्तम्भरूप (प्राणे) प्राण पर स्रुक्कारेण) स्रुचा की क्रिया से और (वषट्कारेण) आहुति की क्रिया से [जैसे हो वैसे] (आत्मन्) परमात्मा में (तेषाम्) उन (आसन्नानाम्) समीप रक्खी हुयी [हवन द्रव्यों] की (जुहोति) [मानो] आहुतियां देता है ॥ ४,५ ॥

भावार्थ—संन्यासी उपदेश करता है कि जिस प्रकार हवन करके वायु आदि की शुद्धि से उपकार किया जाता है, वैसे ही मनुष्य परमात्मा की आज्ञा में आत्मदान से आत्मा की उन्नति करके अधिक अधिक उपकार करें ॥ ४, ५ ॥

म० ४. ५ और ६ स्वामिदयानन्दकृत संस्कारविधि संन्यासाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

एते वै प्रियाश्चाप्रियाश्चर्त्विजंः स्वर्गं लोकं गंमयन्ति यदतिथयः ॥ ६ ॥

एते । वै । प्रियाः । च । अप्रियाः । च । ऋत्विजंः । स्वः-गम् । लोकम् । गमयन्ति । यत् । अतिथयः ॥ ६ ॥

४, ५—(तेषाम्) हविषाम्—म० ३ (आसन्नानाम्) समीपस्थानाम् (अतिथिः) अभ्यागतः । संन्यासी (आत्मन्) परमात्मनि (जुहोति) आहुतीः करोति (स्रुचा) यज्ञपात्रभेदेन यथा (हस्तेन) (प्राणे) जीवने (यूपे) कुयुभ्यां च । उ० ३।२७। यु मिश्रणामिश्रणयोः–प प्रत्ययः कित् दीर्घश्च। यज्ञस्तम्भे जयस्तम्भे (स्रुक्कारेण) करोतेर्घञ् । स्रुवाक्रियया (वषट्कारेण) अ० १। ११ । १। आहुतिक्रियया ॥

भाषार्थ—(यत्) क्योंकि (एते) यह (एव) ही (प्रियाः) प्रियमाने गये (च) और (अप्रियाः) अप्रिय माने गये (च) भी (ऋत्विजः) सब ऋतुओं में यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण और दान] करने वाले (अतिथयः) अतिथि [संन्यासी] जन (स्वर्गम्) सुख देने वाले (लोकम्) दर्शनीय लोक में [मनुष्य को] (गमयन्ति) पहुंचाते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—संन्यासी लोग चाहे उनको कोई प्रिय माने वा अप्रिय माने, वे निर्भय होकर संसार का उपकार करते हैं ॥ ६ ॥

स य एवं विद्वान् न द्विषन्नंश्नीयान्न द्विषतोऽन्नमश्नीयान्न मीमांसितस्य न मीमांसमानस्य ॥ ७ ॥

सः । यः । एवम् । विद्वान् । न । द्विषन् । अश्नीयात् । न । द्विषतः । अन्नम् । अश्नीयात् । न । मीमांसितस्य । न । मीमांसमानस्य ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (एवम्) इस प्रकार प्रकार [पूर्वोक्त विधि से] (विद्वान्) ज्ञानवान् है, (सः) वह (द्विषन्) आप द्वेष करता हुआ (न) न (अश्नीयात्) खावे [नाश करे] और (न) न (द्विषतः) द्वेष करते हुये पुरुष का, और (न) न (मीमांसितस्य) संशय वाले का और (न)

६—(एते) (वै) निश्चयेन (प्रियाः) प्रीताः (च) (अप्रियाः) अप्रीताः (ऋत्विजः) अ० ६ । २ । १ । सर्वर्तुयाजकाः (स्वर्गम्) सुखप्रापकम् (लोकम्) दर्शनीयं पदम् (गमयन्ति) प्रापयन्ति (यत्) यस्मात् कारणात् (अतिथयः) संन्यासिनः ॥

७—(सः) अतिथिः (यः) (एवम्) पूर्वोक्त विधिना (न) निषेधे (द्विषन्) अप्रीणन् (अश्नीयात्) भुञ्जीत । नाशयेत् (न) (द्विषतः) अप्रीणतः पुरुषस्य (अन्नम्) अन प्राणने—नन् । यद्वा अद भक्षणे—क्त । भोजनम् (अश्नीयात्) (न) (मीमांसितस्य) आशङ्कायामुपसंख्यानम् । वा० पा० ३ । १ । ७ । मान पूजायाम्, आशङ्कायाम्—सन् आशङ्कायाम् , ततः क्त । संशययुक्तस्य (न) (मीमांसमानस्य) अ० ६ । १ । ३ । विचारेण तत्त्वनिर्णयं कुर्वतः ॥

न (मीमांसमानस्य) विचार से तत्त्व निर्णय करते हुये का (अन्नम्) अन्न (अश्नीयात्) खावे [बिगाड़े] ॥ ७ ॥

भावार्थ—अतिथि संन्यासी राग द्वेष छोड़कर निष्पक्ष और निर्भय होकर पूर्वोक्त विधि से सब का उपकार करता हुआ भोजन करे, और विना उपकार किये कभी किसी का अन्न वृथा न खावे ॥ ७ ॥

सर्वो वा एष जग्धपाप्मा यस्यान्नमश्नन्ति ॥ ८ ॥

सर्वः । वै । एषः । जग्ध-पाप्मा । यस्य । अन्नम् । अश्नन्ति ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(सर्वः) प्रत्येक (एषः वै) वही गृहस्थ (जग्धपाप्मा) भक्षण [नाश] किये हुये पाप वाला [होता है] (यस्य अन्नम्) जिसका अन्न (अश्नन्ति) वे [महामान्य] खाते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—अतिथि संन्यासी भोजन करके गृहस्थ को उत्तम उपदेश देकर दुःखों से छुड़ाते हैं। इस से गृहस्थ भोजन दान करके संन्यासियों से शिक्षा लेकर सुखी होवें ॥ ८ ॥

सर्वो वा एषोऽजग्धपाप्मा यस्यान्नं नाश्नन्ति ॥ ९ ॥

सर्वः । वै । एषः । अजग्ध-पाप्मा । यस्य । अन्नम् । न । अश्नन्ति ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(सर्वः) प्रत्येक (एषः वै) वही [गृहस्थ] (अजग्धपाप्मा) बिना भक्षण [नाश] किये हुये पाप वाला [होता है], (यस्य अन्नम्) जिस का अन्न (न अश्नन्ति) वे [अतिथि] नहीं खाते हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—जो गृहस्थ अतिथियों को अन्न नहीं देते, वे उत्तम शिक्षा न पाने से दुःखी रहते हैं ॥ ९ ॥

सर्वदा वा एष युक्तग्रावार्द्रपवित्रो वितताध्वर आहृतयज्ञक्रतुर्य उपहरति ॥ १० ॥

८—(सर्वः) प्रत्येकः (वै) एव (एषः) गृहस्थः (जग्धपाप्मा) अद भक्षणे—क्त । अदो जग्धिर्ल्यप्ति किति । पा० २ । ४ । ३६ । जग्धादेशः । नामन्सीमन् व्योमन् । उ० ४ । १५१ । पा रक्षणे, पा पाने वा—मनिन् धातोः पुक् । भक्षितं नाशितं पापं येन (यस्य) गृहस्थस्य (अन्नम्) (अश्नन्ति) खादन्ति ॥

९—(अजग्धपाप्मा) अनाशितपापः । अन्यत् सुगमम् ॥

सर्वदा । वै । एषः । युक्त-ग्रावा । आर्द्र-पवित्रः । वितत-अध्वरः । आहृत-यज्ञक्रतुः । यः । उप-हरति ॥ १० ॥

भाषार्थ—(एषः वै) वही मनुष्य (सर्वदा) सर्वदा (युक्तग्रावा) सिल बट्टे ठीक किये हुये, (आर्द्रपवित्रः) [दूध घी छानने से] भीगे छन्नेवाला, (विततावध्वरः) विस्तृत यज्ञ वाला और (आहृतयज्ञक्रतुः) स्वीकार किये हुये यज्ञ कर्म वाला [होता है], (यः) जो [अन्न] (उपहरति) भेट करता है ॥१०

भावार्थ—अतिथियों को भोजन देने और उनसे शिक्षा ग्रहण करने से गृहस्थों का भण्डार आवश्यक पदार्थों से सदा भरा रहता है ॥ १० ॥

प्राजापत्यो वा एतस्य यज्ञो विततो य उपहरति ॥११॥

प्राजा-पत्यः । वै । एतस्य । यज्ञः । वि-ततः । यः । उप-हरति ११

भाषार्थ—(एतस्य) उस [गृहस्थ] का (एव) ही (प्राजापत्यः) प्रजापति परमात्मा की प्राप्ति कराने वाला [और प्रजापालक गृहस्थ का हितकारी] (यज्ञः) यज्ञ (विततः) विस्तृत [होता है], (यः) जो [अन्न] (उपहरति) दान करता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—अतिथियों का सत्कारी गृहस्थ संसार में कीर्तिमान् होता है ॥ ११ ॥

यह और आगे के दोनों मन्त्र स्वामी दयानन्दकृत संस्कारविधि संन्यासाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

प्रजापतेर्वा एष विक्रमाननुविक्रमते य उपहरति १२

१०—(सर्वदा) नित्यम् (एषः) गृहस्थः (युक्तग्रावा) संगृहीतपेषणपाषाणः (आर्द्रपवित्रः) क्लिन्नशोधनपात्रः (विततावध्वरः) विस्तृतयज्ञः (आहृतयज्ञक्रतुः) क्रतुः कर्मनाम—निघ० २ । १ । स्वीकृतयज्ञकर्मा (उपहरति) उपहारेण भोजनं ददाति ॥

११—(प्राजापत्यः) अ० ३ । २३ । ५ । प्रजापति-एय । प्रजापतेः परमात्मनः प्राप्ति कारको यद्वा गृहस्थस्य हितकारकः (वै) (एतस्य) गृहस्थस्य (यज्ञः) शुभव्यवहारः (विततः) विस्तृतः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

प्रजा-पतेः । वै । एषः । वि-क्रमान् । अनु-विक्रमते । यः । उप-हरति ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(एषः वै) वही [गृहस्थ] (प्रजापतेः) प्रजापति [प्रजापालक परमेश्वर वा मनुष्य] के (विक्रमान्) विक्रमों [पराक्रमों] का (अनुविक्रमते) अनुकरण करके विक्रम करता है, (यः) जो [अन्न] (उपहरति) भेट करता है ॥ १२ ॥

भावार्थ—अतिथि विद्वानों की सेवा करने वाला मनुष्य पुरुषार्थी होकर महापराक्रमी होता है ॥ १२ ॥

योऽतिथीनां स आहवनीयो यो वेश्मनि स गार्हपत्यो यस्मिन् पचन्ति स दक्षिणाग्निः ॥ १३ ॥ (१६)

यः । अतिथीनाम् । सः । आ-हवनीयः । यः । वेश्मनि । सः । गार्ह-पत्यः । यस्मिन् । पचन्ति । सः । दक्षिण-अग्निः १३ (१६)

भाषार्थ—(यः) जो (अतिथीनाम्) अतिथियों, [उत्तम संन्यासियों] का [संग है], (सः) वह [संन्यासियों के लिये] (आहवनीयः) आहवनीय [ग्राह्य अग्नि है, जिसमें ब्रह्मचर्य आश्रम में ब्रह्मचारी होम करते हैं], और (यः) जो (वेश्मनि) घर में [अर्थात् अपने आश्रम में निवास है], (सः) वह [उसके लिये] (गार्हपत्यः) गार्हपत्य [गृहसम्बन्धी अग्नि है] और (यस्मिन्) जिसमें [अर्थात् जिस जाठराग्नि में अन्न आदि] (पचन्ति)

१२—(प्रजापतेः) प्रजापालकस्य परमेश्वरस्य मनुष्यस्य वा (वै) (एषः) गृहस्थः (विक्रमान्) पराक्रमान् (अनुविक्रमते) अनुसृत्य पराक्रमान् करोति। अन्यत् पूर्ववत् ॥

१३—(यः) सङ्गः (अतिथीनाम्) विदुषां संन्यासिनाम् (सः) सङ्गः (आहवनीयः) अ० ८ । १० (१) । ४ । ब्रह्मचारिभिर्ग्राह्यो होमाग्निः (यः) निवासः (वेश्मनि) गृहे (सः) (गार्हपत्यः) अ० ५ । ३१ । ५ । गृहपतिभिः संयुक्तः (यस्मिन्) जाठराग्नौ (पचन्ति) (सः) (दक्षिणाग्निः) अ० ८ । १० । (१) । ६ । दक्षिणोऽनुकूलोऽग्निः । वानप्रस्थानां होमाग्निः ॥

पचाते हैं, (सः) वह [संन्यासियों के लिये] (दक्षिणाग्निः) दक्षिणाग्नि [अनुकूल अग्नि वानप्रस्थ सम्बन्धी है] ॥ १३ ॥

भावार्थ—संन्यासी अपने आत्मा में सब अग्नियों का आरोपण करके सब आश्रमों का हित करता है ॥ १३ ॥

सूक्तम् ६ (पर्यायः ३) ॥

१—६ ॥ अतिथिरतिथिपतिश्च देवते ॥ १–६, ६ पिपीलिकामध्या गायत्री; ७ साम्नी बृहती; ८ आर्च्युष्णिक् छन्दः ॥

अतिथिसत्कारोपदेशः—अतिथि के सत्कार का उपदेश ॥

इ॒ष्टं च॒ वा ए॒ष पू॒र्तं च॑ गृ॒हाणा॑मश्नाति॒ यः पूर्वोऽतिथे॑रश्नाति ॥ १ ॥

इ॒ष्टम् । च॒ । वै । ए॒षः । पू॒र्तम् । च॒ । गृ॒हाणा॑म् । अ॒श्ना॒ति॒ । यः । पूर्वः । अति॑थेः । अ॒श्नाति॑ ॥ १ ॥

भाषार्थ—(एषः) वह [गृहस्थ] (वै) निश्चय करके (इष्टम्) इष्ट सुख [यज्ञ, वेदाध्ययन आदि] (च च) और (पूर्तम्) अन्न दान आदि को (गृहाणाम्) घरों के बीच (अश्नाति) भक्षण [अर्थात् नाश] करता है, (यः) जो (अतिथेः पूर्वः) अतिथि से पहिले (अश्नाति) खाता है ॥ १ ॥

भावार्थ—गृहस्थों को उचित है कि अपने सुख वृद्धि के लिये उपस्थित अतिथियों को जिमाकर आप जीमें ॥ १ ॥

यह मन्त्र स्वामिदयानन्दकृत संस्कारविधि संन्यासाश्रम प्रकरण में व्याख्यात है ॥

पय॑श्च॒ वा ए॒ष रसं॑ च० ॥ २ ॥

पयः । च॒ । वै । ए॒षः । रस॑म् । च॒ । ० ॥ २ ॥

१—(इष्टम्) अ० २ । १२ । ४ । अभीष्टं सुखं यज्ञवेदाध्ययनादिकम् (च) (वै) (एषः) गृहस्थः (पूर्तम्) अ० २ । १२ । ४ । अन्नदानादिकम् (च) (गृहाणाम्) तेषां मध्ये (अश्नाति) भक्षयति । नाशयति (यः) गृहस्थः (पूर्वः) प्रथमः सन् (अतिथेः) महामान्यात् (अश्नाति) खादति ॥

भावार्थ—(एषः) वह [गृहस्थ] (एव) निश्चय करके (पयः) दूध [वा अन्न] (च च) और (रसम्) रस [स्वादिष्ठ पदार्थ]को......म० १॥२॥

ऊ॒र्जां च॒ वा ए॒ष स्फा॒तिं च॑ ० ॥ ३ ॥

ऊ॒र्जाम् । च॒ । वै । ए॒षः । स्फा॒तिम् । च॒ । ० ॥ ३ ॥

भावार्थ—(एषः) वह [गृहस्थ] (वै) निश्चय करके (ऊर्जाम्) पराक्रम (च च) और (स्फातिम्) वृद्धि को......म० १ ॥ ३ ॥

प्र॒जां च॒ वा ए॒ष प॒शूंश्च॑ ० ॥ ४ ॥

प्र॒-जाम् । च॒ । वै । ए॒षः । प॒शून् । च॒ । ० ॥ ४ ॥

भावार्थ—(एषः) वह [गृहस्थ] (वै) निश्चय करके (प्रजाम्) प्रजा (च च) और (पशून्) पशुओं को......म० १ ॥ ४ ॥

की॒र्तिं च॒ वा ए॒ष यश॑श्च ० ॥ ५ ॥

की॒र्तिम् । च॒ । वै । ए॒षः । यशः॑ । च॒ । ० ॥ ५ ॥

भावार्थ—(एषः) वह [गृहस्थ] (वै) निश्चय करके (कीर्तिम्) कीर्ति (च च) और (यशः) यश [अर्थात् प्रताप) को......म० १ ॥ ५ ॥

श्रियं॑ च॒ वा ए॒ष सं॒विदं॑ च गृ॒हाणा॑मश्नाति॒ यः पूर्वोऽतिथेर॒श्नाति॑ ॥ ६ ॥

श्रियम् । च॒ । वै । ए॒षः । स॒म्-विद॑म् । च॒ । गृ॒हाणा॑म् । अ॒श्ना॒ति॒ । यः । पूर्वः॑ । अतिथेः॑ । अ॒श्नाति॑ ॥ ६ ॥

२—(पयः) दुग्धमन्नं वा (च) (वै) (एषः) (रसम्) स्वादिष्ठं पदार्थम् ॥

३—(ऊर्जाम्) पराक्रमम् (स्फातिम्) वृद्धिम् ॥

४—सुगमम् ॥

५—(कीर्तिम्) प्रसिद्धिम् (यशः) प्रतापम् ॥

भाषार्थ—(एषः) वह पुरुष (वै) निश्चय करके (श्रियम्) सेवनीय ऐश्वर्य (च च) और (संविदम्) और यथावत् बुद्धि को (गृहाणाम्) घरों के बीच (अश्नाति) भक्षण [अर्थात् नाश] करता है, (यः) जो (अतिथेः पूर्वः) अतिथि से पहिले (अश्नाति) खाता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग अतिथि का तिरस्कार करने से महाविपत्तियों में फंसते हैं ॥ २—६ ॥

एष वा अतिथिर्यच्छ्रोत्रियस्तस्मात् पूर्वो नाश्नीयात् ॥ ७ ॥

एषः । वै । अतिथिः । यत् । श्रोत्रियः । तस्मात् । पूर्वः । न । अश्नीयात् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यत्) क्योंकि (एषः वै) यही (अतिथिः) अतिथि (श्रोत्रियः) श्रोत्रिय [वेद जानने वाला पुरुष है], (तस्मात्) उस [अतिथि] से (पूर्वः) पहिले [गृहस्थ] (न) न (अश्नीयात्) जीमें ॥ ७ ॥

भावार्थ—गृहस्थ का धर्म है कि अतिथि को भोजन कराके आप भोजन करे ॥ ७ ॥

अशितावत्यतिथावश्नीयाद् यज्ञस्य सात्मत्वाय यज्ञस्याविच्छेदाय तद् व्रतम् ॥ ८ ॥

अशित-वति । अतिथौ । अश्नीयात् । यज्ञस्य । सात्म-त्वाय । यज्ञस्य । अवि-छेदाय । तत् । व्रतम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(अतिथौ अशितवति) अतिथि के भोजन कर लेने पर

६—(श्रियम्) सेवनीयां सम्पत्तिम् (संविदम्) अ० ३ । ५ । ५ । यथार्थबुद्धिम् । अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

७—(यत्) यस्मात् कारणात् (श्रोत्रियः) श्रोत्रियंश्छन्दोऽधीते । पा० ५ । २ । ८४ । छन्दस्—घन् । वेदाध्येतृपुरुषः (तस्मात्) अतिथेः सकाशात् (न) निषेधे (अश्नीयात्) जेमेत् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

८—(अशितवति) सांहितिको दीर्घः । भुक्तवति (अतिथौ) संन्यासिनि

(अश्नीयात्) वह [गृहस्थ] खावे, (यज्ञस्य) यज्ञ [देव पूजा, सङ्गतिकरण और दान] की (सात्मत्वाय) चैतन्यता के लिये और (यज्ञस्य) यज्ञ की (अविच्छेदाय) निरन्तर प्रवृत्ति के लिये (तत्) वह (व्रतम्) नियम है ॥ ८ ॥

भावार्थ—अतिथि का सत्कार करने से गृहस्थ के शुभकर्म निर्विघ्न होकर सदा चलते रहते हैं ॥ ८ ॥

एतद्वा उ॒ स्वादी॑यो॒ यद॑धिग॒वं क्षी॒रं वा॑ मां॒सं वा॒ तदे॒व नाश्नी॑यात् ॥ ९ ॥ (१७)

ए॒तत् । वै । ऊं॒ इति॑ । स्वादी॑यः । यत् । अ॒धि॒-ग॒वम् । क्षी॒रम् । वा॒ । मां॒सम् । वा॒ । तत् । ए॒व । न । अ॒श्नी॒या॒त् ९ (१७)

भाषार्थ—(एतद् वै) यहां (उ) निश्चय करके (स्वादीयः) अधिक स्वादु है, (यत्) कि (तत् एव) उसी ही (अधिगवम्) अधिकृत जल, (वा) और (क्षीरम्) दूध (वा) और (मांसम्) मनन साधक [बुद्धिवर्धक] वस्तु को (न) अब [अतिथि के जीमने पर-म० ८] (अश्नीयात्) वह [गृहस्थ] खावे ॥ ९ ॥

भावार्थ—गृहस्थ को यही सुखदायी है कि अतिथि को अच्छे अच्छे रोचक बुद्धिवर्धक पदार्थ फल, बादाम, अक्षोट आदि जिमाकर आप जीमे, जिस से वह सत्कृत विद्वान् यथावत् उपदेश करे ॥ ९ ॥

(अश्नीयात्) जेमेत् (यज्ञस्य) शुभव्यवहारस्य (सात्मत्वाय) सजीवनत्वाय । वृद्धिकरणाय (अविच्छेदाय) निरन्तरत्वाय । अविरामाय । अन्यत् पूर्ववत् ॥

९—(एतद्) वक्ष्यमाणम् [वै) एव (उ) निश्चयेन (स्वादीयः) स्वादु—ईयसुन् । रोचकतरम् (यत्) वाक्यारम्भे (अधिगवम्) गौर्जलम् । गोरतद्धितलुकि । पा० ५ । ४ । ९२ । अधि+गो—टच्, तत्पुरुषात् । अधिकृतश्चासौ गौश्चेति अधिगवः तम् । अधिकृतं जलम् (क्षीरम्) दुग्धम् (वा) समुच्चये (मांसम्) अ० ६ । ७० । १ । मनेर्दीर्घश्च । उ० ३ । ६४ । मन ज्ञाने सप्रत्ययो दीर्घश्च । मांस माननं वा मानसं वा मनोऽस्मिन्त्सीदतीति वा-निरु० ४ । ३ । मननसाधकं बुद्धिवर्धकं वस्तु (तत्) (एव) (न) सम्प्रति-निरु० ७ । ३१ । न शब्दः सम्प्रत्यर्थे-इति सायणः, ऋग्० ७ । १०३ । ७ । इदानीम्॥ अतिथेर्भोजनपश्चादित्यर्थः (अश्नीयात्) खादयेत् ॥

सूक्तम् ६ (पर्यायः ४) ॥

१—१० ॥ अतिथिरतिथिपतिश्च देवते ॥ १, ३, ५, ७ प्राजापत्याऽनुष्टुप्; २, ४, ६, ८ त्रिपदा गायत्री ; ९ भुरिक् प्राजापत्याऽनुष्टुप्; १० निचृत् प्रस्तारपङ्क्तिश्छन्दः ॥

अतिथिसत्कारोपदेशः—अतिथि के सत्कार का उपदेश ॥

स य एवं विद्वान् क्षीरमुपसिच्योपहरति ॥ १ ॥

सः । यः । एवम् । विद्वान् । क्षीरम् । उप-सिच्य । उप-हरति १

यावदग्निष्टोमेनेष्ट्वा सुसमृद्धेनावरुन्द्धे तावदेनेनाव रुन्द्धे २

यावत् । अग्नि-स्तोमेन । इष्ट्वा । सु-समृद्धेन । अव-रुन्द्धे । तावत् । एनेन । अव । रुन्द्धे ॥ २ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [गृहस्थ] (एवम्) ऐसा (विद्वान्) विद्वान् है, (सः) वह (क्षीरम्) दूध को (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेट करता है। (यावत्) जितना [फल] (सुसमृद्धेन) बड़ी सम्पत्ति वाले (अग्निष्टोमेन) अग्निष्टोम से [जो वसन्तकाल में सोम याग किया जाता है] (इष्ट्वा) यज्ञ करके (अवरुन्द्धे) [मनुष्य] पाता है, (तावत्) उतना [फल] (एनेन) इस [कर्म] से (अव रुन्द्धे) वह [विद्वान्] पाता है ॥१,२॥

भावार्थ—जैसे विज्ञानी पुरुषों के यज्ञ और संगति करने से वसन्त काल आदि ऋतु में पुष्ट अन्न उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार विद्वान् संन्यासियों की सेवा से उपदेश पाकर गृहस्थ सदा समृद्ध रहते हैं ॥ १, २ ॥

१, २—(सः) गृहस्थः (यः) (एवम्) पूर्वोक्तप्रकारेण (विद्वान्) (क्षीरम्) दुग्धम् (उपसिच्य) संसाध्य (उपहरति) समर्पयति (यावत्) यत्परिमाणं फलम् (अग्निष्टोमेन) अर्त्तिस्तुसुहु० । उ० १ । १४० । ष्टुञ् स्तुतौ-मन् । अग्नेः स्तुत्स्तोमसोमाः । पा० ८ । ३ । ८२ । इति षः । वसन्तकाले सोमयागविशेषेण (इष्ट्वा) यज्ञं कृत्वा (सुसमृद्धेन अतिसम्पत्तियुक्तेन (अवरुन्द्धे) प्राप्नोति (तावत्) (एनेन) पूर्वोक्तकर्मणा (अव रुन्द्धे) प्राप्नोति ॥

स य एवं विद्वान्त्सर्पिरुपसिच्योपहरति ॥ ३ ॥

०। विद्वान् । सर्पिः । उप-सिच्य । ० ॥ ३ ॥

यावदतिरात्रेणेष्ट्वा ० ॥ ४ ॥

यावत् । अति-रात्रेण । इष्ट्वा । ० ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [गृहस्थ] (एवम्) ऐसा (विद्वान्) विद्वान् है, (सः) वह (सर्पिः) घृत (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेट करता है। (यावत्) जितना [फल] (सुसमृद्धेन) बड़ी सम्पत्ति वाले (अतिरात्रेण) अतिरात्र से (इष्ट्वा) यज्ञ करके......म० १, २ ॥ ३, ४ ॥

भावार्थ—"अतिरात्र" जो रात्रि बिताकर सोमयाग वा अन्नेष्टि किया जाता है, जैसे होलिका, दीपावली। आगे ऊपर के समान है-म० १, २ ॥ ३,४ ॥

स य एवं विद्वान् मधूपसिच्योपहरति ॥ ५ ॥

०। विद्वान् । मधु । उप-सिच्य । ० ॥ ५ ॥

यावत् सत्त्रसद्येनेष्ट्वा ० ॥ ६ ॥

यावत् । सत्त्र-सद्येन । इष्ट्वा । ० ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [गृहस्थ] (एवम्) ऐसा (विद्वान्) विद्वान् है, (सः) वह (मधु) मधु [मक्षिका रस] (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेट करता है। (यावत्) जितना [फल] (सुसमृद्धेन) बड़ी सम्पति वाले (सत्त्रसद्येन) सत्र सद्य से [सोम याग विशेष से] (इष्ट्वा) यज्ञ करके......म० १,२ ॥ ५,६ ॥

भावार्थ—ऊपर के समान है—म० १,२ ॥ ५,६ ॥

३, ४—(सर्पिः) अ० १ । १५ । ४ । घृतम् (अतिरात्रेण) अहः सर्वैकदेशसंख्यातपुण्याच्च रात्रेः । पा० ५ । ४ । ८७ । अच् प्रत्ययः । रात्रिमतीत्य वर्तते स अतिरात्रः । तेन सोमयागविशेषेण । अन्यत् पूर्ववत् ॥

५,६—(मधु) क्षौद्रम् (सत्त्रसद्येन) गुधृवीपचि० । उ० । ४ । १६७ । षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु-त्रप्रत्ययः, यद्वा सत्र विस्तारे-घञ् + षद्लृ-क्विप् । तदर्हति । पा० ५० । १ । ६३ । इति यत् । सत्त्रसदां सभ्यानां योग्येन सोमयागविशेषेण । अन्यत् पूर्ववत् ॥

स य एवं विद्वान् मांसमुपसिच्योपहरति ॥ ७ ॥
० विद्वान् । मांसम् । उप-सिच्य । ० ॥ ७ ॥
यावद् द्वादशाहेनेष्ट्वा सुसमृद्धेनावरुन्द्धे तावदेनेनाव रुन्द्धे
यावत् । द्वादश-अहेन । इष्ट्वा । सु-समृद्धेन । अव-रुन्द्धे । तावत् । एनेन । अव । रुन्द्धे ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [गृहस्थ] (एवम्) ऐसा (विद्वान्) विद्वान् है, (सः) वह (मांसम्) मननसाधक [बुद्धिवर्धक वस्तु] को (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेट करता है। (यावत्) जितना [फल] (सुसमृद्धेन) बड़ी सम्पत्ति वाले (द्वादशाहेन) बारह दिन वाले [सोम याग] से (इष्ट्वा) यज्ञ करके (अवरुन्द्धे) [मनुष्य] पाता है, (तावत्) उतना [फल] (एनेन) इस [कर्म] से (अव रुन्द्धे) वह [विद्वान्] पाता है ॥ ७,८ ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्य बड़े बड़े यज्ञों के करने से संसार का उपकार करके सुख पाता है, वैसे ही विद्वान् गृहस्थ विद्वान् अतिथियों के सत्संग से लाभ उठाकर आनन्द भोगता है ॥ ७,८ ॥

स य एवं विद्वानुदकमुपसिच्योपहरति ॥ ९ ॥
सः । यः । एवम् । विद्वान् । उदकम् । उप-सिच्य । उप-हरति ॥ ९ ॥
प्रजानां प्रजननाय गच्छति प्रतिष्ठां प्रियः प्रजानां भवति य एवं विद्वानुदकमुपसिच्योपहरति ॥ १० ॥ (१८)
प्र-जानाम् । प्र-जननाय । गच्छति । प्रति-स्थाम् । प्रियः । प्र-जानाम् । भवति । यः । एवम् । विद्वान् । उदकम् । उप-सिच्य । उप-हरति ॥ १० ॥ (१८)

७,८—(मांसम्) अ० ६ । ६ (३) । ६ । मननसाधकं ज्ञानवर्धकं वस्तु (द्वादशाहेन) राजाहःसखिभ्यष्टच् । पा० ५।४।९१ । द्वादशानामह्नांसमाहारो यस्मिन् क्रतौ स क्रतुर्द्वादशाहः । द्वादशदिनसिद्धसोमयज्ञेन । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(यः) जो [गृहस्थ] (एवम् विद्वान्) ऐसा विद्वान् है, (सः) वह (उदकम्) जल को (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेंट करता है। वह (प्रजानाम्) सन्तानों के (प्रजननाय) उत्पन्न करने के लिये (प्रतिष्ठाम्) दृढ़ स्थिति (गच्छति) पाता है और (प्रजानाम्) सन्तानों का (प्रियः) प्रिय (भवति) होता है, (यः) जो (एवम्) ऐसा (विद्वान्) विद्वान् [गृहस्थ] (उदकम्) जल को (उपसिच्य) सिद्ध करके (उपहरति) भेंट करता है ॥ ९, १० ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वान् अतिथियों की सेवा से बलवान् और गुणवान् सन्तान प्राप्त करके सुख पाता है ॥ ९,१० ॥

सूक्तम् ६ [पर्यायः ५] ॥

१—१० ॥ अतिथिरतिथिपतिश्च देवते ॥ १ साम्न्युष्णिक्; २ पुर उष्णिक्; ३, ५ उत्तरभागः, ७ उत्तरभागः, १० भुरिक् साम्नी बृहती; ४, ६, ६ साम्न्यनुष्टुप्; ५ पूर्वभाग, ७ पूर्वभागः साम्नी त्रिष्टुप्; ८ विराडार्ष्यनुष्टुप् छन्दः ॥

अतिथिसत्कारोपदेशः—अतिथि के सत्कार का उपदेश ॥

तस्मा उषा हिङ् कृणोति सविता प्र स्तौति ॥ १ ॥

तस्मै । उषाः । हिङ् । कृणोति । सविता । प्र । स्तौति ॥ १ ॥

बृहस्पतिरूर्जयोद्गायति त्वष्टा पुष्ट्या प्रति हरति विश्वे देवा निधनम् ॥ २ ॥

बृहस्पतिः । ऊर्जया । उत् । गायति । त्वष्टा । पुष्ट्या । प्रति । हरति । विश्वे । देवाः । नि-धनम् ॥ २ ॥

निधनं भूत्याः प्रजायाः पशूनां भवति य एवं वेद ३

९,१०—(उदकम्) अ० ३ । १३ । ४ । जलम् (प्रजानाम्) सन्तानानाम् (प्रजननाय) उत्पादनाय (गच्छति) प्राप्नोति (प्रतिष्ठाम्) प्रकृष्टां दृढां स्थितिम् (प्रियः) प्रीतिपात्रम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

नि-धनम् । भूत्याः । प्र-जायाः । पशूनाम् । भवति । यः । एवम् । वेद ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [गृहस्थ] के लिये (उषाः) उषा [प्रभात वेला] (हिङ्) तृप्ति कर्म (कृणोति) करती है, (सविता) प्रेरणा करने वाला सूर्य (प्र) अच्छी भांति (स्तौति) स्तुति करता है । [उसके लिये] (बृहस्पतिः) बड़े सोम [अमृत रस] का रक्षक, वायु (ऊर्जया) प्राण शक्ति के साथ (उत् गायति) उद्गीथ [वेद गान] करता है, (त्वष्टा) [अन्न आदि] उत्पन्न करने वाला, मेघ (पुष्ट्या) पुष्टि के साथ (निधनम्) निधि (प्रति) प्रत्यक्ष (हरति) प्राप्त कराता है और (विश्वे) सब (देवाः) उत्तम गुण वाले पदार्थ [निधि प्रत्यक्ष प्राप्त कराते हैं]। [उस गृहस्थ के लिये] (भूत्याः) वैभव का, (प्रजायाः) प्रजा [सन्तान भृत्य आदि] का और (पशूनाम्) पशुओं [गौ, घोड़े, हाथी आदि] का (निधनम्) निधि (भवति) होता है, (यः) जो गृहस्थ (एवम्) इस प्रकार (वेद) जानता है ॥ १, २, ३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पूर्वोक्त विधि से विद्वानों का सत्कार करता है, उसको सब कालों में सब पदार्थों से आनन्द मिलता है ॥ १, २, ३ ॥

१, २, ३—(तस्मै) गृहस्थाय (उषाः) प्रभातवेला (हिङ्) ऋत्विक्-दधृक्० । पा० ३ । २ । ५६ । इति बाहुलकात् । हिवि प्रीणने–क्विन् , इति हिन्व् । स्वमोर्नपुंसकात् । पा० ७ । १ । २३ । अमो लुक् । संयोगान्तस्य लोपः । पा० ८ । २ । २३ । वलोपः । क्विन्प्रत्ययस्य कुः । पा० ८ । २ । ६२ । इति सानुनासिकं कुत्वम् । हिन्वति प्रीणातीति हिङ् । प्रीणनम् । तृप्तिकर्म (कृणोति) करोति (सविता) प्रेरकः सूर्यः (प्र) प्रकर्षेण (स्तौति) प्रशंसति (बृहस्पतिः) अ० १ । ८ । २ । मध्यस्थानदेवतात्वात्—निरु० १० । ११ । बृहतः सोमरसस्य पाता रक्षिता वायुः (ऊर्जया) प्राणशक्त्या (उत् गायति) उद्गीथं वेदगानं करोति (त्वष्टा) अ० २ । ५ । ६ । त्वक्षतेः करोति कर्मणः—तृन् । मध्यस्थानदेवतात्वात्—निरु० १० । ३४ । अन्नादीनां कर्ता मेघः (पुष्ट्या) पोषणेन (प्रति) प्रत्यक्षम् (हरति) प्रापयति (विश्वे) सर्वे (देवाः) उत्तमगुणाः पदार्थाः (निधनम्) कृपृवृजिमन्दिनिधाञः क्युः । उ० २ । ८१ । निदधातेः-क्यु । नितरां धारणम् । निधिम् (भूत्याः) वैभवस्य (प्रजायाः) सन्तानभृत्यादेः (पशूनाम्) गवाश्वगजादीनाम् (भवति) वर्तते (यः) (एवम्) पूर्वोक्तप्रकारेण (वेद) जानाति ॥

तस्मा॑ उ॒द्यन्त्सूर्यो॒ हिङ् कृ॑णोति संग॒वः प्र स्तौ॑ति ॥ ४ ॥

तस्मै॑ । उ॒त्-यन् । सूर्यः॑ । हिङ् । कृ॒णोति॒ । स॒म्-ग॒वः । प्र । ०।४

म॒ध्यन्दि॑न॒ उद् गा॑यत्यप॒राह्णः॒ प्रति॑ हरत्यस्तं॒ यन्नि॒धनं॑म् ।

नि॒धनं॒ ० ॥ ५ ॥

म॒ध्यन्दि॑नः । उत् । गा॒य॒ति॒ । अ॒प॒र-अ॒ह्नः । प्रति॑ । ह॒र॒ति॒ ।

अ॒स्त॒म्-यन् । नि॒-धनं॑म् ॥ नि॒-धनं॑म् । ० ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [गृहस्थ] के लिये (उद्यन्) उदय होता हुआ (सूर्यः) सूर्य (हिङ्) तृप्ति कर्म (कृणोति) करता है, (संगवः) किरणों से संगति वाला [दोपहर से पहिले सूर्य] (प्र) अच्छी भांति (स्तौति) स्तुति करता है। (मध्यन्दिनः) मध्याह्न काल (उत् गायति) उद्गीथ [वेद गान] करता है, (अपराह्णः) तीसरा पहर (निधनम्) निधि (प्रति) प्रत्यक्ष (हरति) प्राप्त कराता है और (अस्तंयन्) डूबता हुआ [सूर्य, निधि प्रत्यक्ष प्राप्त कराता है]। [उसके लिये] (भूत्याः) वैभव का, (प्रजायाः) प्रजा......म० १–३ ॥ ४, ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वान् अतिथियों के सत्संग से पुरुषार्थ करके सब काल में आनन्द करता है ॥ ४,५ ॥

तस्मा॑ अ॒भ्रो भव॒न् हिङ् कृ॑णोति स्त॒नय॒न् प्र स्तौ॑ति ६

तस्मै॑ । अ॒भ्रः । भव॑न् । हिङ् । कृ॒णोति॒ । स्त॒नय॑न् । प्र । स्तौ॒ति॒६

४,५—(तस्मै) गृहस्थाय (उद्यन्) उद्गच्छन् (सूर्यः) (संगवः) गोरद्धितलुकि । पा० ५ । ४ । ९२ । सम्+गो—टच् । गोभिः किरणैः सङ्गतो मध्याह्नपूर्वः सूर्यः (मध्यन्दिनः) अ० ४ । ११ । १२ । मध्याह्नः (अपराह्णः) पूर्वापराधरो० । पा० २ । २ । १ । इति समासः । राजाहःसखिभ्यष्टच् । पा० ५ । ४ । ९१ । टच् । अह्नोऽह्न एतेभ्यः । पा० ५ । ४ । ८८ । अह्नादेशः । अह्नोऽदन्तात् । पा० ८ । ४ । ७ । णत्वम् । रात्राह्नाहाः पुंसि । पा० । २ । ४ । २९ । इति पुंस्त्वम् । दिनस्य तृतीयभागः (अस्तंयन्) अदर्शनं प्राप्नुवन् सूर्यः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

विद्योतमानः प्रति हरति वर्षन्नुद्गायत्युद्गृह्णन् निधनम्। निधनं० ॥ ७ ॥

वि-द्योतमानः । प्रति । हरति । वर्षन् । उत् । गायति । उत्-गृह्णन् । नि-धनम् । नि-धनम् । ० ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [गृहस्थ] के लिये (भवन्) घिरा हुआ (अभ्रः) मेघ (हिङ्) तृप्ति कर्म (कृणोति) करता है. (स्तनयन्) गरजता हुआ (प्र) अच्छी भांति (स्तौति) स्तुति करता है। और (विद्योतमानः) [बिजुली से] चमचमाता हुआ (निधनम्) निधि (प्रति) प्रत्यक्ष (हरति) प्राप्त कराता है, और (वर्षन्) बरसता हुआ [मेघ, निधि को] (उद्गृह्णन्) थांभता हुआ (उत् गायति) उद्गीथ [वेदगान] करता है। [उसके लिये] (भूत्याः) वैभव का, (प्रजायाः) प्रजा......म० १–३ ॥ ६, ७ ॥

भावार्थ--मनुष्य तत्त्वदर्शी अतिथियों के ज्ञान से वर्षा का तत्त्वज्ञान प्राप्त करके सुखी होता है ॥ ६, ७ ॥

अतिथीन् प्रति पश्यति हिङ्कृणोत्यभि वदति प्र स्तौत्युदकं याचत्युद्गायति ॥ ८ ॥

अतिथीन् । प्रति । पश्यति । हिङ् । कृणोति । अभि । वदति । प्र । स्तौति । उदकम् । याचति । उत् । गायति ॥ ८ ॥

उप हरति प्रति हरत्युच्छिष्टं निधनम् ॥ ९ ॥

उप । हरति । प्रति । हरति । उत्-शिष्टम् । नि-धनम् ॥ ९ ॥

निधनं भूत्याः प्रजायाः पशूनां भवति य एवं वेद १०(१९)

नि-धनम् । भूत्याः । प्र-जायाः । पशूनाम् । भवति । यः।१०।१९(१९)

६, ७—(अभ्रः) अ० ४ । १५ । १ । मेघः (भवन्) व्याप्नुवन् (स्तनयन्) गर्जन् सन् (विद्योतमानः) विद्युता विविधं दीप्यमानः (वर्षन्) वृष्टिं कुर्वन् (उद्गृह्णन्) उत्कर्षेण धारयन् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—[जब] वह [गृहस्थ] (अतिथीन् प्रति) अतिथियों की ओर (पश्यति) देखता है, वह [अतिथि] (हिङ्) तृप्ति कर्म (कृणोति) करता है, [जब] वह [गृहस्थ] (अभि वदति) अभिवादनकरता है, वह [अपने भाग्य की] (प्र स्तौति) अच्छी भांति स्तुति करता है, [जब] वह [गृहस्थ] (उदकम्) जल (याचति) विनय करके देता है, (उत् गायति) वह उद्गीथ [वेद गान] करता है। [जब] वह [गृहस्थ,-भोजन] (उप हरति) भेट करता है, (उच्छिष्टम्) अतिशिष्ट [उत्तम] (निधनम्) निधि (प्रति हरति) [अतिथि] प्रत्यक्ष प्राप्त कराता है। [उस गृहस्थ के लिये] (भूत्याः) वैभव का, (प्रजायाः) प्रजा [सन्तान भृत्य आदि] का और (पशूनाम्) पशुओं [गौ, घोड़े, हाथी आदि] का (निधनम्) निधि (भवति) होता है, (यः) जो [गृहस्थ] (एवम्) इस प्रकार (वेद) जानता है ॥ ८, ९, १० ॥

भावार्थ—"अतिथियों" शब्द आदरार्थ बहुवचन है। जो गृहस्थ विद्वान् अतिथि का यथावत् सत्कार करता है, वह उसके आशीर्वाद से सब प्रकार उन्नति कर आनन्द भोगता है ॥ ८, ९, १० ॥

सूक्तम् ६ [पर्यायः ६] ॥

१—१४ ॥ अतिथिरतिथिपतिश्च देवते ॥ १ आसुरी गायत्री ; २ साम्न्युष्णिक् ३, ५ आर्चीपङ्क्तिः; ४ प्राजापत्या गायत्री; ६-८ आर्ची बृहती; ९ प्राजापत्या पङ्क्तिः; १०, ११ स्वराट् साम्नी जगती; १२ आसुरी जगती; १३ याजुषी त्रिष्टुप्; १४ आसुर्युष्णिक् छन्दः ॥

अतिथिसत्कारोपदेशः—अतिथि के सत्कार का उपदेश ॥

८, ९, १०—(अतिथीन्) आदरार्थं बहुवचनम्। अभ्यागतान्। महामान्यान् (प्रति) प्रतीत्य (पश्यति) अवलोकयति (अभि वदति) नमस्करोति (प्र) प्रकर्षेण (स्तौति) आत्मानं प्रशंसति (उदकम्) जलम् (याचति) अ० ९। ६ (१) । ४। ग्रहणार्थं प्रेरयति। विनयेन ददाति (उच्छिष्टम्) उत्+शासु अनुशिष्टौ—क्त। शास इदङ्हलोः। पा० ६। ४। ३४। इकारः। शासिवसिघसीनां च। पा० ८। ३। ६०। सस्य षः। अतिशयेन शिष्टं श्रेष्ठम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

यत् क्षत्तारं ह्वयत्या श्रावयत्येव तत् ॥ १ ॥

यत् । क्षत्तारम् । ह्वयति । आ । श्रावयति । एव । तत् ॥१॥

भाषार्थ—(यत्) जब वह [अतिथि] (क्षत्तारम्) कष्ट से तारनें वाले [धर्मात्मा गृहस्थ] को (ह्वयति) बुलाता है, (तत्) तब वह [अतिथि] (एव) निश्चय करके (आ श्रावयति) आदेश सुनाता है ॥ १ ॥

भावार्थ—अतिथि लोग गृहस्थों के पास परोपकार में सहायता के लिये आते हैं ॥ १ ॥

यत् प्रतिशृणोति प्रत्याश्रावयत्येव तत् ॥ २ ॥

यत् । प्रति-शृणोति । प्रति-आश्रावयति । एव । तत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वह [गृहस्थ] (प्रतिशृणोति) ध्यान से सुनता है, (तत्) तब (एव) ही वह [अतिथि] (प्रत्याश्रावयति) ध्यान से [उपदेश] सुनाता है ॥ २ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग अतिथि से सावधानी के साथ उपदेश सुनें ॥२॥

यत् परिवेष्टारः पात्रहस्ताः पूर्वे चापरे च प्रपद्यन्ते चमसाध्वर्यव एव ते ॥ ३ ॥

यत् । परि-वेष्टारः । पात्र-हस्ताः । पूर्वे । च । अपरे । च । प्र-पद्यन्ते । चमस-अध्वर्यवः । एव । ते ॥ ३ ॥

तेषां न कश्चनाहोता ॥ ४ ॥

तेषाम् । न । कः । चन । अहोता ॥ ४ ॥

१—(यत्) यदा (क्षत्तारम्) अ० ३ । २४ । ७ । क्षतः क्षतात् तारकं धर्मात्मानं गृहस्थम् (ह्वयति) आह्वयति (आ श्रावयति) आदिशति स्वप्रयोजनम् (एव) (तत्) तदा ॥

२—(प्रतिशृणोति) प्रतीत्य श्रद्धया शृणोति (प्रत्याश्रावयति) श्रद्धयोपदिशति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (पात्रहस्ताः) पात्र हाथ में लिये हुये (पूर्वे) अगले (च) और (अपरे) पिछले (च) भी (परिवेष्टारः) परोसने वाले पुरुष (प्रपद्यन्ते) आगे बढ़ते हैं, (ते) वे (एव) निश्चय करके (चमसाध्वर्यवः) अन्न के लिये हिंसा रहित व्यवहार चाहने वाले [होते हैं] [क्योंकि] (तेषाम्) उनमें से (कश्चन) कोई भी (अहोता) अदानी (न) नहीं [होता है] ॥ ३, ४ ॥

भावार्थ—बुद्धिमान् अन्नदाताओं के समान सब लोग अन्नदान करके वृद्धि प्राप्त करें ॥ ३, ४ ॥

यद् वा अतिथिपतिरतिथीन् परिविष्य गृहानुपोदैत्यवभृथमेव तदुपावैति ॥ ५ ॥

यत् । वै । अतिथि-पतिः । अतिथीन् । परि-विष्य । गृहान् । उप-उदैति । अव-भृथम् । एव । तत् । उप-अवैति ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (वै) ही (अतिथिपतिः) अतिथियों की रक्षा करने वाला (अतिथीन्) अतिथियों को (परिविष्य) भोजन परसकर (गृहान्) घरों [घर वालों] में (उपोदैति) पहुंचता है, (तत्) तब वह (अवभृथम्) यज्ञ समाप्ति स्नान (एव) ही (उपावैति) प्राप्त करता है ॥ ५ ॥

भावार्थ—गृहस्थ अतिथियों का सत्कार करके और अपने घर वालों को तृप्त करके प्रसन्न होवे ॥ ५ ॥

३, ४—(परिवेष्टारः) भोजनाय पात्रे भोजनसमर्पकाः (पात्रहस्ताः) पाणिषु भोजनपात्रयुक्ताः (पूर्वे) पूर्वगामिनः (च च) समुच्चये (अपरे) पश्चाद् गामिनः (प्रपद्यन्ते) प्रकर्षेण गच्छन्ति (चमसाध्वर्यवः) अध्वर्युर्व्याख्यातः । अ० ७ । ७३ । ५ । चमस+अध्वर-क्यच्, उप्रत्ययः । चमसाय अन्नाय अध्वरस्य हिंसारहितव्यवहारस्य इच्छुकाः (एव) (ते) पुरुषाः (तेषाम्) परिवेषकाणां मध्ये (न) निषेधे (कश्चन) कोऽपि (अहोता) अदानी ॥

५—(यत्) यदा (वै) एव (अतिथिपतिः) गृहस्थः (अतिथीन्) अभ्यागतान् (परिविष्य) भोजनं समर्प्य (गृहान्) गृहस्थान् पुरुषान् (उपोदैति) उप+उत्+आ+एति । यथावत् प्राप्नोति (अवभृथम्) अवे भृञः । उ० २ । ३ । अव+डु भृञ् धारणपोषणयोः—क्थन् । यज्ञान्तस्नानम् (एव) (तत्) (उपावैति) उप+अव+एति । प्राप्नोति ॥

यत् संभागयति दक्षिणाः सभागयति यदनुतिष्ठंत उद्-
वस्यत्येव तत् ॥ ६ ॥

यत् । सुभागयति । दक्षिणाः । सुभागयति । यत् । अनु-ति-
ष्ठते । उत्-अवस्यति । एव । तत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब वह [गृहस्थ अन्न आदि] (सभागयति) बांटता है, वह [अतिथि] (दक्षिणाः) वृद्धि क्रियाओं को (सभागयति) बांटता है, [इस लिये] वह [गृहस्थ] (यत्) जब (अनुतिष्ठते) [शास्त्रोक्त कर्म] करता है, (तत्) तब वह [उसको] (एव) निश्चय करके (उदवस्यति) पूरा कर डालता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग विद्वानों से उपदेश लेकर शास्त्रोक्त कर्म पूरे करें ॥

स उपहूतः पृथिव्यां भक्षयत्युपहूतस्तस्मिन् यत् पृथि-
व्यां विश्वरूपम् ॥ ७ ॥

सः । उप-हूतः । पृथिव्याम् । भक्षयति । उप-हूतः । तस्मिन् ।
यत् । पृथिव्याम् । विश्व-रूपम् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया (पृथिव्याम्) पृथिवी पर [वर्तमान अन्न आदि] (भक्षयति) भोगता है, (तस्मिन्) उस [अतिथि] के [भोग करने के] उपरान्त (उपहूतः) बुलाया गया वह

६—(यत्) यदा (सभागयति) समानश्चासौ भागश्च । तत्करोतीत्युपसंख्यानम् । वा० पा० ३ । १ । २६ । सभाग—णिच् । भागशो ददाति (दक्षिणाः) अ० ५ । ७ । १ । दक्ष वृद्धौ–इनन् । वृद्धिक्रियाः (सभागयति) (यत्) (अनुतिष्ठते) विहितकर्म करोति (उदवस्यति) षो अन्तकर्मणि–लट् । समापयति (एव) (तत्) ॥

७—(सः) अतिथिः (उपहूतः) कृतावाहनः (पृथिव्याम्) भूमौ वर्तमानं पदार्थजातम् (भक्षयति) भोगयति । परीक्षणेन निश्चिनोति (उपहूतः) कृतावाहनो गृहस्थः (तस्मिन्) अतिथावशितवति (यत्) यत् किंचित् (पृथिव्याम्) (विश्वरूपम्) विविधं द्रव्यम्—तद् भक्षयति, इति शेषः ॥

[गृहस्थ] (पृथिव्याम्) पृथिवी पर (यत्) जो कुछ (विश्वरूपम्) विविध रूप [वस्तु है, उसे भोगता है] ॥ ७ ॥

भावार्थ—अतिथि के सत्कार, सत्संग, उपदेश और आशीर्वाद से गृहस्थ पृथिवी के सब उत्तम गुणों के ज्ञान से लाभ उठाता है ॥ ७ ॥

स उप॑हूतो॒ऽन्तरि॑क्षे भक्षय॒त्युप॑हूत॒स्तस्मि॒न् यद॒न्तरि॑क्षे वि॒श्वरू॑पम् ॥ ८ ॥

सः । उप॑ऽहूतः । अ॒न्तरि॑क्षे । भ॒क्षय॑ति । उप॑ऽहूतः । तस्मि॑न् । यत् । अ॒न्तरि॑क्षे । वि॒श्वऽरू॑पम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष में [वर्तमान वायु आदि] (भक्षयति) भोगता है, (तस्मिन्) उसके [भोग करने के] उपरान्त (उपहूतः) बुलाया गया वह [गृहस्थ] (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष में (यत्) जो कुछ (विश्वरूपम्) विविध रूप [वस्तु है, उसे भोगता है] ॥ ८ ॥

भावार्थ—जो अतिथि अन्तरिक्ष के वायु, मेघमण्डल आदि के धर्मों को साक्षात् कर चुका है, उसके शिष्टाचार से गृहस्थ अन्तरिक्ष के पदार्थों से उपकार लेता है ॥ ८ ॥

स उप॑हूतो दि॒वि भ॑क्षय॒त्युप॑हूत॒स्तस्मि॒न् यद् दि॒वि वि॒श्वरू॑पम् ॥ ९ ॥

सः । उप॑ऽहूतः । दि॒वि । भ॒क्षय॑ति । उप॑ऽहूतः । तस्मि॑न् । यत् । दि॒वि । वि॒श्वऽरू॑पम् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया (दिवि) सूर्य में [वर्तमान प्रकाश, धारण, आकर्षण आदि गुण] (भक्षयति) भोगता

८—(अन्तरिक्षे) अ० १। ३०। ३। मध्यलोके वर्तमानं वाय्वादिपदार्थजातम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

९—(दिवि) सूर्यमण्डले वर्तमानं प्रकाशधारणाकर्षणादिगुणम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

है, (तस्मिन्) उसके [भोग करने के] उपरान्त (उपहूतः) बुलाया गया वह [गृहस्थ] (दिवि) सूर्य लोक में (यत्) जो कुछ (विश्वरूपम्) विविध रूप [वस्तु है, उसे भोगता है] ॥ ९ ॥

भावार्थ—गृहस्थ तत्त्वज्ञानी ऋषियों से सूर्य मण्डल, तारागण आदि का ज्ञान प्राप्त करके आत्मा की उन्नति करे ॥ ९ ॥

स उप॑हूतो दे॒वेषु॑ भक्षय॒त्युप॑हूत॒स्तस्मि॒न् यद् दे॒वेषु॑ वि॒श्वरू॑पम् ॥ १० ॥

० । उप॑-हूतः । दे॒वेषु॑ । भ॒क्षय॒ति॒ । उप॑-हूतः । तस्मि॒न् । यत् । दे॒वेषु॑ । वि॒श्व-रू॑पम् ॥ १० ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया (देवेषु) विद्वानों में [वर्तमान ब्रह्मचर्य, वेदाध्ययन, ईश्वर प्रणिधान आदि शुभ गुण] (भक्षयति) भोगता है, (तस्मिन्) उसके [भोग करने के] उपरान्त (उपहूतः) बुलाया गया वह [गृहस्थ] (देवेषु) विद्वानों में (यत्) जो कुछ (विश्वरूपम्) विविध रूप [वस्तु है, उसे भोगता है] ॥ १० ॥

भावार्थ—गृहस्थ ब्रह्मचारी ब्राह्मण से दीक्षा प्राप्त करके पूर्ण ब्रह्मचर्य से धर्मवृद्धि करके आनन्दित होवे ॥ १० ॥

स उप॑हूतो लो॒केषु॑ भक्षय॒त्युप॑हूत॒स्तस्मि॒न् यल्लो॒केषु॑ वि॒श्वरू॑पम् ॥ ११ ॥

० । उप॑-हूतः । लो॒केषु॑ । भ॒क्षय॒ति॒ । उप॑-हूतः । तस्मि॒न् । यत् । लो॒केषु॑ । वि॒श्व-रू॑पम् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया (लोकेषु) [दीखते हुये] लोकों में [वर्तमान परस्पर सम्बन्ध को] (भक्षयति)

१०—(देवेषु) विद्वत्सु वर्तमानं ब्रह्मचर्यस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानादिशुभगुणम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

११—(लोकेषु) दृश्यमानेषु भुवनेषु सूर्यचन्द्रपृथिवीमङ्गलबुधबृहस्पत्यादिलोकेषु वर्तमानं परस्परसम्बन्धम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भोगता है, (तस्मिन्) उसके [भोग करने के] उपरान्त (उपहूतः) बुलाया गया वह [गृहस्थ] (लोकेषु) लोकों में (यत्) जो कुछ (विश्वरूपम्) विविध रूप [वस्तु है, उसे भोगता है] ॥ ११ ॥

भावार्थ—गृहस्थ उत्तम विद्वानों द्वारा सूर्य, चन्द्र, पृथिवी, मङ्गल, बुध, बृहस्पति आदि लोकों के परस्पर सम्बन्ध का ज्ञान प्राप्त करके आत्मोन्नति से महा उपकारी होवे ॥ ११ ॥

स उपहूत उपहूतः ॥ १२ ॥

सः । उप-हूतः । उप-हूतः ॥ १२ ॥

आप्नोतीमं लोकमाप्नोत्यमुम् ॥ १३ ॥

आप्नोति । इमम् । लोकम् । आप्नोति । अमुम् ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [अतिथि जब] (उपहूतः) बुलाया गया है, [तब वह गृहस्थ] (उपहूतः) बुलाया गया, (इमम्) इस (लोकम्) लोक को (आप्नोति) पाता है और (अमुम्) उस [लोक] को (आप्नोति) पाता है ॥ १२, १३ ॥

भावार्थ—सन्तुष्ट अतिथियों के आशीर्वाद अर्थात् ज्ञान दान से गृहस्थ दूरदर्शी और सर्वोपकारी होकर इस लोक और परलोक में सुख भोगता है १२,१३॥

ज्योतिष्मतो लोकान् जयति य एवं वेद ॥ १४ ॥ (२०)

ज्योतिष्मतः । लोकान् । जयति । यः । ० ॥ १४ ॥ (२०)

भाषार्थ—वह [गृहस्थ] (ज्योतिष्मतः) प्रकाशमय (लोकान्) लोकों को (जयति) जीतता है, (यः) जो (एवम्) ऐसा (वेद) जानता है ॥ १४ ॥

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से अतिथिसेवा और विद्याप्राप्ति करके गृहस्थ ज्ञान प्रकाश के कारण सर्वत्रगति हो जाता है ॥ १४ ॥

इति तृतीयोऽनुवाकः ॥

१२, १३—(आप्नोति) प्राप्नोति (इमम्) वर्तमानम् (लोकम्) जन्म (अमुम्) आगामिनम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१४—(ज्योतिष्मतः) ज्ञानप्रकाशमयान् (लोकान्) ज्ञानदशाविशेषान् (जयति) उत्कर्षेण प्राप्नोति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

अथ चतुर्थोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ७ ॥

१–२६ ॥ प्रजापतिः परमेष्ठी देवता ॥ १ निचृदार्ची बृहती; २ आर्च्युष्णिक्; ३, ५ आर्च्यनुष्टुप्; ४, १४–१६ साम्नी बृहती; ६, ८ आसुरी गायत्री; ७ पिपीलिकामध्या गायत्री; ९, १३ साम्नी गायत्री; १० निचृत् पुर उष्णिक्; ११, १२, १७, २५ साम्न्युष्णिक्; १८, २२ आसुरी जगती; १९ आसुरी पङ्क्तिः; २०, २१ याजुषी जगती; २३ आसुरी बृहती; २४ भुरिक् साम्नी बृहती; २६ साम्नी त्रिष्टुप् ॥

सृष्टिधारणविद्योपदेशः—सृष्टि की धारणविद्या का उपदेश ॥

प्र॒जाप॑तिश्च पर॑मे॒ष्ठी च॒ शृङ्गे॒ इन्द्र॒ः शिरो॑ अ॒ग्निर्ल॒लाटं॑ य॒मः कृक॑टम् ॥ १ ॥

प्र॒जा-प॑तिः । च॒ । प॒र॒मे॒-स्थी । च॒ । शृङ्गे॒ इति॑ । इन्द्रः॑ । शिरः॑ । अ॒ग्निः । ल॒लाट॑म् । य॒मः । कृक॑टम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(प्रजापतिः) प्रजापति [प्रजापालक] (च) और (परमेष्ठी) परमेष्ठी [सब से उच्च पद वाला परमेश्वर] (च) निश्चय करके (शृङ्गे) दो प्रधान सामर्थ्य [स्वरूप है], [इसी कारण से सृष्टि में] (इन्द्रः) सूर्य (शिरः) शिर, (अग्निः) [पार्थिव] अग्नि (ललाटम्) माथा, (यमः) वायु (कृकाटम्) कण्ठ की सन्धि [के समान है] ॥ १ ॥

भावार्थ—परमेश्वर में दो प्रधान शक्तियां हैं, एक प्रजा अर्थात् सृष्टि की रक्षा और दूसरी परमेष्ठिता अर्थात् सर्वशक्तिमत्ता। इसी से दूरदर्शी जगदीश्वर ने सृष्टि में सूर्य, अग्नि, वायु आदि पदार्थ ऐसे उपयोगी बनाये हैं जैसे उसने हमारे शरीर में शिर, माथा, गला आदि उपयोगी अङ्ग रचे हैं ॥ १ ॥

१—(प्रजापतिः) प्रजापालकः परमेश्वरः (च) समुच्चये (परमेष्ठी) अ० १। ७। २। सर्वोत्तमपदस्थः सर्वशक्तिमान् परमात्मा (च) अवधारणे (शृङ्गे) अ० ८। ३। २४। द्वे प्राधान्ये (इन्द्रः) सूर्यः (शिरः) मस्तकरूपः (अग्निः) पार्थिवाग्निः (ललाटम्) लल ईप्सायाम्—अच्+अट गतौ—अण्, ललमीप्सामटति ज्ञापयतीति। कपालः (यमः) मध्यस्थानदेवता यमोयच्छतीति सतः—निरु० १०। १९। वायुः (कृकाटम्) कृक+अट गतौ—अण्। कृकं गलमटतीति। कण्ठसन्धिः। कृकाटिका ॥

सोमो॒ राजा॑ म॒स्तिष्को॒ द्यौरु॑त्तरह॒नुः पृ॑थि॒व्य॑धरह॒नुः॥२

सोमः॑ । राजा॑ । म॒स्तिष्कः॑ । द्यौः । उ॒त्त॒र॒-ह॒नुः । पृ॒थि॒वी । अ॒ध॒र॒-ह॒नुः ॥ २ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (राजा) शासक (सोमः) ऐश्वर्य [अथवा अमृत जल वा चन्द्रमा] (मस्तिष्कः) भेजा [कपाल की चिकनाई], (द्यौः) आकाश (उत्तरहनुः) ऊपर का जबाड़ा, (पृथिवी) पृथिवी (अधरहनुः) नीचे का जबाड़ा [के तुल्य है] ॥ २ ॥

भावार्थ—जैसे भेजे की शक्ति का प्रभाव मनुष्य के शरीर और विचारों पर रहता है, अथवा जैसे जल और चन्द्रमा अन्न आदि के लिये उपयोगी हैं वैसे ही चक्राकार सृष्टि के प्रत्येक पदार्थ में ईश्वरत्व प्रधान गुण है, ॥ २ ॥

वि॒द्यु॒ज्जि॒ह्वा म॒रुतो॒ दन्ता॑ रे॒वतीर्ग्री॒वाः कृत्ति॑का स्क॒न्धा घ॒र्मो वहः॑ ॥ ३ ॥

वि॒-द्युत् । जि॒ह्वा । म॒रुतः॑ । दन्ताः॑ । रे॒वतीः॑ । ग्री॒वाः । कृत्ति॑काः । स्क॒न्धाः । घ॒र्मः । वहः॑ ॥ ३ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (विद्युत्) [लपक लेने वाली] बिजुली (जिह्वा) जीभ, (मरुतः) [दोषों के मारने वाले] पवन (दन्ताः) [दमन शील] दांत, (रेवतीः) रेवती आदि [चलने वाले नक्षत्र] (ग्रीवाः) गला, (कृत्तिकाः)

२—(सोमः) अ० १ । ६ । २ । षु ऐश्वर्ये—मन् । ऐश्वर्यम् (राजा) शासकः (मस्तिष्कः) मस्त+इष गतौ–क, पृषोदरादित्वात् साधुः । मस्तं मस्तकमिष्यति प्राप्नोतीति । मस्तकभवघृताकारस्नेहः (द्यौः) आकाशः (उत्तरहनुः) उपरिस्थकपोलप्रदेशः (पृथिवी) (अधरहनुः) नीचस्थकपोलभागः ॥

३—(विद्युत्) अभिसर्पणी तडित् (जिह्वा) अ० १ । १० । ३ । जि जये—वन् हुक् च । रसना (मरुतः) अ० १ । २० । १ । दोषनाशकाः पवनाः (दन्ताः) अ० ४ । ३ । ६ । दशनाः (रेवतीः) भृमृदृशियजि० । उ० ३ । ११० । रेवृ गतौ—अतच्, ङीष् । रेवत्यादीनि नक्षत्राणि (ग्रीवाः) (कृत्तिकाः) कृतिभिदिलतिभ्यः कित् । उ० ३ । १४७ । कृती छेदने वेष्टने च—तिकन्, टाप् । कृत्तिकादीनि

कृत्तिका आदि [छेदन शील नक्षत्र] (स्कन्धाः) कन्धे, (घर्मः) ताप [प्रकाश] (वहः) ले चलने वाले सामर्थ्य [के समान है] ॥ ३ ॥

भावार्थ—सृष्टि को एक शरीर विशेष और अवयवी और अवयव का सम्बन्ध समझ कर मन्त्र का भावार्थ पूर्ववत् लगालो ॥ ३ ॥

विश्वं वायुः स्वर्गो लोकः कृष्णद्रं विधरणी निवेष्यः ॥४

वि-श्वम् । वायुः । स्वः-गः । लोकः । कृष्ण-द्रम् । वि-धरणी । नि-वेष्यः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (विश्वम्) व्यापनसामर्थ्य (वायुः) वायु, (कृष्णद्रम्) आकर्षण का वेग (स्वर्गः) सुखदायक (लोकः) घर, (विधरणी) विविध धारणशक्ति (निवेष्यः) सेना ठहरने के स्थान [के समान है] ॥ ४ ॥

भावार्थ—मन्त्र ३ के समान है ॥ ४ ॥

श्येनः क्रोडोऽन्तरिक्षं पाजस्यं १ बृहस्पतिः ककुद् बृहतीः कीकसाः ॥ ५ ॥

श्येनः । क्रोडः । अन्तरिक्षम् । पाजस्यम् । बृहस्पतिः । ककुत् । बृहतीः । कीकसाः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (श्येनः) [चलने वाला] सूर्य (क्रोडः) गोद (अन्तरिक्षम्) मध्य अवकाश (पाजस्यम्) [बल के लिये हितकारी]

नक्षत्राणि (स्कन्धाः) (घर्मः) सूर्यप्रकाशः (वहः) वह प्रापणे—अच् । वहन-सामर्थ्यम् ॥

४—(विश्वम्) व्यापनसामर्थ्यम् (वायुः) (स्वर्गः) सुखप्रापकः (लोकः) गृहम् (कृष्णद्रम्) कृषेर्वर्णे । उ० ३ । ४ । कृष विलेखने—नक्+द्रु गतौ—डप्रत्ययः । आकर्षणस्य द्रावो वेगः (विधरणी) विविधधारणशक्तिः (निवेष्यः) ऋहलोर्ण्यत् । पा० ३ । १ । १२४ । नि+विष्लृ व्याप्तौ—ण्यत् । सेनानिवासः । निवेशः ॥

५—(श्येनः) अ० ३ । ३ । ३ । श्येन आदित्यो भवति श्यायतेर्गति—कर्मणः—निरु० १४ । १३ । सूर्यः (क्रोडः) अ० ६ । ४ । १५ । अङ्कः (अन्तरिक्षम्) मध्यलोकः (पाजस्यम्) अ० ४ । १४ । ८ । पाजसे बलाय हितम् । जठरम्

पेट (बृहस्पतिः) बृहस्पति [लोकविशेष] (ककुत्) शिखा, (बृहतीः) बड़ी दिशायें (कीकसाः) हंसली [गले] की हड्डियां [के समान है] ॥ ५ ॥

भावार्थ—मन्त्र ३ के समान है ॥ ५ ॥

दे॒वानां॒ पत्नी॑ः पृ॒ष्टय॑ उप॒सद॑ः पर्श॑वः ॥ ६ ॥

दे॒वाना॑म् । पत्नी॑ः । पृ॒ष्टय॑ः । उ॒प॒-सद॑ः । पर्श॑वः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (देवानाम्) दिव्य गुण वाले [अग्नि, वायु आदि] पदार्थों की (पत्नीः) पालन शक्तियां (पृष्टयः) पसलियों की हड्डियां, (उपसदः) सङ्ग रहने वाली [अग्नि वायु आदि की तन्मात्रायें] (पर्शवः) पसलियों [के समान हैं] ॥ ६ ॥

भावार्थ—जैसे शरीर की मोटी हड्डियों में पसलियां लगी हैं, वैसे ही अग्नि आदि की स्थूल और सूक्ष्म अवस्था का सम्बन्ध सृष्टि के साथ है ॥ ६ ॥

मि॒त्रश्च॒ वरु॑ण॒श्चांसौ॒ त्वष्टा॑ चार्य॒मा च॑ दो॒षणी॑ महादे॒वो बा॒हू ॥ ७ ॥

मि॒त्रः । च॒ । वरु॑णः । च॒ । अंसौ॑ । त्वष्टा॑ । च॒ । अ॒र्य॒मा । च॒ । दो॒षणी॒ इति॑ । म॒हा॒-दे॒वः । बा॒हू इति॑ ॥ ७ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (मित्रः) प्राण वायु (च) और (वरुणः) अपान वायु (च) ही (अंसौ) दोनों कन्धे, (त्वष्टा) [अन्न जल आदि उत्पन्न करने वाला] मेघ (च) और (अर्यमा) सूर्य (च) ही (दोषणी)

(बृहस्पतिः) लोकविशेषः (ककुत्) अ० ६ । ८६ । ३ । शिखा (बृहतीः) महत्यो दिशाः (कीकसाः) अ० २ । ३३ । २ । जत्रुवक्षोगतास्थीनि ॥

६—(देवानाम्) दिव्यगुणवतामग्निवाय्वादीनाम् (पत्नीः) अ० २ १२ । १ । पालनशक्तयः (पृष्टयः) अ० ४ । ३ । ६ । पार्श्वास्थीनि (उपसदः) संगताः सूक्ष्मतन्मात्राः (पर्शवः) स्पृशेः श्वणूशुनौ पृ च । उ० ५ । २७ । स्पृश स्पर्शने—शुन्, धातोश्च पृ इत्यादेशः । पार्श्वाधःस्थास्थीनि ॥

७—(मित्रः) प्राणः (च) (वरुणः) अपानः (च) एव (अंसौ) स्कन्धौ (त्वष्टा) अ० ६ । ६ (५) । २ । अन्नादीनामुत्पादको मेघः (च) (अर्यमा) अ० ३ । १४ । २ । आदित्यः (दोषणी) दमेर्डोसिः । उ० २ । ६६ । दमु उपशमे-डोसि ।

दो भुजदण्ड और (महादेवः=०—ञौ) अधिक जीतने की इच्छा और स्तुति गुण (बाहू) दो भुजाओं [के तुल्य हैं] ॥ ७ ॥

भावार्थ—जैसा शरीर और उसके अवयवों का परस्पर सम्बन्ध है, वैसा ही प्राण आदि का सम्बन्ध सृष्टि से है ॥ ७ ॥

इन्द्राणी भसद् वायुः पुच्छं पर्वमानो बालाः ॥ ८ ॥

इन्द्राणी । भसत् । वायुः । पुच्छम् । पर्वमानः । बालाः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (इन्द्राणी) इन्द्राणी [इन्द्र की पत्नी, सूर्य की धूप] (भसत्) कटिभाग, (वायुः) वायु (पुच्छम्) प्रसन्नता का साधन [वा पीछे का भाग], (पवमानः) शोधक पदार्थ [अग्नि जल आदि] (बालाः) [बालों अर्थात् केशों के समान आकार वाली] झाड़ुओं [कूर्चियों के समान है] ॥ ८ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ८ ॥

ब्रह्म च क्षत्रं च श्रोणी बलमूरू ॥ ९ ॥

ब्रह्म । च । क्षत्रम् । च । श्रोणी इति । बलम् । ऊरू इति । ९

भाषार्थ—[सृष्टि में] (ब्रह्म) ब्राह्मणत्व (च) और (क्षत्रम्) क्षत्रियत्व (च) ही (श्रोणी) दोनों कूल्हों और (बलम्) बल (ऊरू) दोनों जंघाओं [के समान है] ॥ ९ ॥

पद्दन्नोमास्० । पा०६ । १ । ६३ । इति दोषन् आदेशः । नपुंसकाच्च । पा०७ । १ । १९ । इत्यौङःशी । भुजदण्डौ (महादेवः) दिवु विजिगीषायां स्तुतौ च—अच् । सुपां सुलुक्० । पा०७ । १ । ३९ । द्विवचनस्य सुविभक्तिः । महाविजिगीषास्तुतिगुणौ (बाहू) भुजौ ॥

८—(इन्द्राणी) अ० १ । २७ । ४ । इन्द्रस्य पत्नी । सूर्यदीप्तिः (भसत्) अ० ४ । १४ । ८ । कटिभागः (पुच्छम्) पुच्छ प्रसादे-अच्, इति शब्दकल्पद्रुमः । प्रसन्नताकारणम् । पश्चाद्भागः (पवमानः) अ० ३ । ३१ । २ । संशोधकपदार्थः (बालाः) बाल-अर्श आद्यच्, टाप् । बालाः केशाकाराः अवयवाः सन्ति यासां ताः । कूर्च्यः ॥

९—(ब्रह्म) ब्राह्मणत्वम् (च) (क्षत्रम्) अ० २ । १५ । ४ । क्षत्रियत्वम् (   ) एव (श्रोणी) अ० २ । ३३ । ५ । कटिभागौ (बलम्) (ऊरू) अ० २ । ३३ । ५ । जानूपरिभागौ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ९ ॥

धाता च॑ सवि॒ता चा॑ष्ठी॒वन्तौ॒ जङ्घा॑ गन्ध॒र्वा अ॑प्स॒रसः॑ कुष्ठि॑का॒ अदि॑तिः श॒फाः ॥ १० ॥

धा॒ता । च॒ । स॒वि॒ता । च॒ । अ॒ष्ठी॒वन्तौ॑ । जङ्घाः॑ । ग॒न्ध॒र्वाः । अ॒प्स॒रसः॑ । कुष्ठि॑काः । अदि॑तिः । श॒फाः ॥ १० ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (धाता) धारण करने वाला गुण (च) और (सविता) ऐश्वर्य करने वाला गुण (च) ही (अष्ठीवन्तौ) दोनों घुटने, (गन्धर्वाः) पृथिवी धारण करने वाले गुण (जङ्घाः) जङ्घायें (अप्सरसः) प्राणियों में व्यापक गुण (कुष्ठिकाः) [नख अङ्गुली आदि] बाहिरी अङ्गों [के समान] और (अदितिः) [अदीन वा अखण्डित] वेदवाणी (शफाः) शान्ति व्यवहार [हैं] ॥ १० ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १० ॥

चेतो॒ हृद॑यं॒ यकृ॑न्मे॒धा व्र॒तं पु॑री॒तत् ॥ ११ ॥

चेतः॑ । हृद॑यम् । यकृ॑त् । मे॒धा । व्र॒तम् । पु॒रि॒-तत् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (चेतः) विचार (हृदयम्) हृदय (मेधा)

१०—(धाता) धारको गुणः (च) (सविता) ऐश्वर्यप्रापको गुणः (अष्ठीवन्तौ) अ० २ । ३३ । ५ । जानुनी (जङ्घाः) गत्यर्थकस्य हन्तेः—कौटिल्ये यङ्, अ, टाप् । गुल्फजान्वोरन्तराले अवयवाः (गन्धर्वाः) अ० ४ । ३७ । १२ पृथिवीधारका गुणाः (अप्सरसः) अ० ४ । ३७ । २ । अप्सु प्राणेषु व्यापका गुणाः (कुष्ठिकाः) अ० ९ । ४ । १६ । बहिर्भूता अवयवाः (अदितिः) अ० २ । २८ । ४ । अदीना अखण्डिता वा वेदवाणी (शफाः) शम शान्तौ-अच्, मस्य फः पृषोदरादित्वात् । इति शब्दस्तोममहानिधिः । शान्तिव्यवहाराः ॥

११—(चेतः) ज्ञानम् (हृदयम्) हृदयं चेतनास्थानमोजसश्चाश्रयम् । शार्ङ्गधरः, अ० ५ । ४२ । (यकृत्) शकेऋतिन् । उ० ४ । ५८ । यज सङ्गतिकरणे-ऋतिन्, जस्य कः । संगच्छमानम् । कालखण्डम् । यकृद्रञ्जकपित्तस्य स्थानं रक्तस्य संश्रयम् । शार्ङ्गधरः, अ० ५ । ३९ (मेधा) बुद्धिः (व्रतम्) वरणीयो व्यवहारः ।

बुद्धि (यक्नत्) [सङ्गति करने वाला] कलेजा (व्रतम्) व्रत [नियम] (पुरितत्) पुरीतत् [शरीर को फैलाने वाली सूक्ष्म आंत के समान है] ॥ ११ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ११ ॥

क्षुत् कुक्षिरिरा वनिष्ठुः पर्वताः प्लाशयः ॥ १२ ॥

क्षुत् । कुक्षिः । इरा । वनिष्ठुः । पर्वताः । प्लाशयः ॥ १२ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (क्षुत्) भूख (कुक्षिः) कोख, (इरा) अन्न (वनिष्ठुः) वनिष्ठु [अन्न रक्त आदि बांटने वाली आंत], (पर्वताः) मेघ (प्लाशयः) प्लाशियें [अन्न के आधार आंतों के समान हैं] ॥ १२ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १२ ॥

क्रोधो वृक्कौ मन्युराण्डौ प्रजा शेपः ॥ १३ ॥

क्रोधः । वृक्कौ । मन्युः । आण्डौ । प्र-जा । शेपः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (क्रोधः) क्रोध (वृक्कौ) दोनों वृक्क [दो कुक्षिगोलक,] (मन्युः) तेज (आण्डौ) दोनों अण्डकोष, और (प्रजा) प्रजा [वंशावली] (शेपः) प्रजनन सामर्थ्य [के समान है] ॥ १३ ॥

भावार्थ—जैसे देह में दोनों वृक्क ["गुरदे"], दोनों अण्डकोष और सन्तानोत्पादन नाड़ी शरीरबल के सूचक हैं, वैसे ही क्रोध आदि सृष्टि में हैं ॥१३॥

नियमः (पुरितत्) कृगृशृपृकुटि० । उ० ४ । १४३ । पृ पालनपूरणयोः—इ + तनु विस्तारे—क्विप् । पुरिं शरीरं तनोतीति । सूक्ष्मान्त्रम् ॥

१२—(क्षुत्) बुभुक्षा (कुक्षिः) उदरपार्श्वः (इरा) अन्नम् (वनिष्ठुः) अ० २ । ३३ । ४ । अन्नरक्तादिसंभाजकं स्थूलान्त्रम् (पर्वताः) मेघाः—निघ० १ । १० । (प्लाशयः) अ० २ । ३३ । ४ । प्र + अश भोजने—इञ् । रस्य लः । अन्नाधारा अन्त्रविशेषाः ॥

१३—(क्रोधः) कोपः (वृक्कौ) अ० ७ । ९६ । १ । स्नुव्रश्च० । उ० ३ । ४१ । वृजी वर्जने वृक आदाने वा—कक् । कुक्षिगोलकौ (मन्युः) अ० १ । १० । १ । मन्युर्मन्यतेर्दीप्तिकर्मणः—निरु० १० । २९ । दीप्तिः । प्रतापः (आण्डौ) अण्ड—अण । अण्डकोषौ । वृषणौ (प्रजा) वंशावली (शेपः) अ० ४ । ३७ । ७ । प्रजननसामर्थ्यम् ॥

इन नाड़ियों के लक्षण इस प्रकार हैं।

वृक्कौ पुष्टिकरौ प्रोक्तौ जठरस्थस्य मेदसः ॥ १ ॥
वीर्यवाहिशिराधारौ वृषणौ पौरुषावहौ।
गर्भाधानकरं लिङ्गमयनं वीर्यमूत्रयोः ॥ २ ॥

यह शार्ङ्गधर के वचन हैं—खण्ड १ अ० ५ श्लोक ४० व ४१ ॥

(वृक्कौ) दोनों वृक्क अर्थात् कुक्षिगोलक [गुरदे] पेटमें रहने वाले मेद पुष्ट करने वाले कहे जाते हैं ॥ १ ॥

दोनों वृषण अर्थात् आण्ड वीर्यवाही नाड़ियों के आधार, पुरुषार्थ के देने वाले हैं, लिङ्ग गर्भाधान करने वाला, वीर्य और मूत्र का मार्ग है ॥ २ ॥

नदी सूत्री वर्षस्य पतय स्तना स्तनयित्नुरूधः ॥ १४ ॥

नदी। सूत्री। वर्षस्य। पतयः। स्तनाः। स्तनयित्नुः। ऊधः॥ १४

भाषार्थ—[सृष्टि में] (नदी) नदी (सूत्री) जन्मदात्री [नाड़ी], (वर्षस्य पतयः) वर्षा के रक्षक [मेघ] (स्तनः) स्तन [दूध के आधार], (स्तनयित्नुः) गर्जन (ऊधः) मेड़ [दूध के छिद्र स्थान के समान है] ॥ १४ ॥

भावार्थ—सृष्टि और शरीर के अवयवों का परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट है १४

विश्वव्यचाश्चर्मौषधयो लोमानि नक्षत्राणि रूपम् १५

विश्व-व्यचाः। चर्म। ओषधयः। लोमानि। नक्षत्राणि। रूपम् १५

भाषार्थ—[सृष्टि में] (विश्वव्यचाः) सर्वव्याप्ति (चर्म) चर्म, (ओषधयः) ओषधें [अन्न आदि] (लोमानि) रोम, (नक्षत्राणि) नक्षत्र (रूपम्) रूप [के समान हैं] ॥ १५ ॥

१४—(नदी) सरित् (सूत्री) अमिचिमिशसिभ्यः क्त्रः। उ० ४। १६४। षूङ् प्राणिगर्भविमोचने—क्त्र, ङीप्। उत्पादयित्री नाडी (वर्षस्य पतयः) वृष्टि-रक्षका मेघाः (स्तनाः) दुग्धाधाराः (स्तनयित्नुः) अ० ४। १५। ११। गर्जनम् (ऊधः) अ० ४। ११। ४। आपीनम् ॥

१५—(विश्वव्यचाः) व्यच छले सम्बन्धे च—असुन् सर्वव्याप्तिः (चर्म) त्वचा (ओषधयः) अन्नादिपदार्थाः (लोमानि) रोमाणि (नक्षत्राणि) अ० ३। ७। ७। तारागणाः (रूपम्) सौन्दर्यम् ॥

भावार्थ—मन्त्र १४ के समान है ॥ १५ ॥

देवजना गुदा मनुष्या आन्त्राण्यत्रा उदरम् ॥ १६ ॥

देव-जनाः । गुदाः । मनुष्याः । आन्त्राणि । अत्राः । उदरम् ॥ १६

भाषार्थ—[सृष्टि में] (देवजनाः) उन्मत्त लोग (गुदाः) गुदा [मल त्याग नाड़ियां], (मनुष्याः) मननशील मनुष्य (आन्त्राणि) आंतें, (अत्राः) [अतनशील] विज्ञानी पुरुष (उदरम्) पेट [के समान हैं] ॥१६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १४ के समान है ॥ १६ ॥

रक्षांसि लोहितमितरजना ऊबध्यम् ॥ १७ ॥

रक्षांसि । लोहितम् । इतर-जनाः ऊबध्यम् ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(रक्षांसि) राक्षस [दुष्ट जीव] (लोहितम्) रुधिर रोग, (इतरजनाः) पामर लोग (ऊबध्यम्) कुपचे अन्न [के समान हैं] ॥ १७ ॥

भावार्थ—मन्त्र १४ के समान है ॥ १७ ॥

अभ्रं पीबो मज्जा निधनम् ॥ १८ ॥

अभ्रम् । पीबः । मज्जा । नि-धनम् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में] (अभ्रम्) मेघ (पीबः) मेद [शरीर के भीतर

१६—(देवजनाः) दिवु मदे—अच्। उन्मत्तजनाः (गुदाः) अ० २। ३३। ४। मलत्यागनाड्यः (मनुष्याः) अ० ३। ४। ६। मननशीलाः (आन्त्राणि) अ० २। ३३। ४। उदरनाडीविशेषाः (अत्राः) अमिचिमिशसिभ्यः क्त्रः। उ० ४। १६४। अत सातत्यगमने—क्त्र, तलोपः। अतनशीलाः। अतिथयः। विज्ञानिनः (उदरम्) अ० २। ३३। ४। जठरम् ॥

१७—(रक्षांसि) दुष्टजीवाः (लोहितम्) अ० ६। १२७। १। रुधिर-विकारः (इतरजनाः) अ० ८। १० (५)। ९। पामराः (ऊबध्यम्) अ० ९। ४। १६। अजीर्णमन्नम् ॥

१८—(अभ्रम्) मेघः (पीबः) अ० १। ११। ४। पीव स्थौल्ये—असुन्,

चिकनाई], (निधनम्) राशीकरण (मज्जा) मज्जा [हड्डियों की चिकनाई के समान है] ॥ १८ ॥

भावार्थ—मन्त्र १४ के समान है ॥ १८ ॥

अ॒ग्निरासी॑न् उत्थि॒तो॑ऽश्विना॑ ॥ १९ ॥

अ॒ग्निः । आसी॑नः । उत्थि॑तः । अ॒श्विना॑ ॥ १९ ॥

भाषार्थ—[सृष्टि में वह प्रजापति] (आसीनः) बैठा हुआ (अग्निः) [पार्थिव वा जाठर] अग्नि, (उत्थितः) उठा हुआ वह (अश्विना) सूर्य और चन्द्रमा [के समान है] ॥ १९ ॥

भावार्थ—जैसे अग्नि और सूर्य और चन्द्रमा अपने अपने लोकों के लिये उपकारी हैं, वैसे ही परमेश्वर समस्त ब्रह्माण्ड का हितकारी है ॥१९ ॥

इन्द्रः॒ प्राङ् तिष्ठ॑न् दक्षि॒णा तिष्ठ॑न् य॒मः ॥ २० ॥

इन्द्रः॑ । प्राङ् । तिष्ठ॑न् । द॒क्षि॒णा । तिष्ठ॑न् । य॒मः ॥ २० ॥

प्र॒त्यङ् तिष्ठ॑न् धा॒तोदङ् तिष्ठ॑न्त्सवि॒ता ॥ २१ ॥

प्र॒त्यङ् । तिष्ठ॑न् । धा॒ता । उद॑ङ् । तिष्ठ॑न् । स॒वि॒ता ॥२१॥

भाषार्थ—[वह परमेश्वर] (प्राङ्) पूर्व वा सन्मुख (तिष्ठन्) ठहरा हुआ (इन्द्रः) परम ऐश्वर्यवान्, (दक्षिणा) दक्षिण वा दाहिनी ओर (तिष्ठन्) ठहरा हुआ (यमः) न्यायकारी (प्रत्यङ्) पश्चिम वा पीछे की ओर (तिष्ठन्) ठहरा हुआ (धाता) धारण करने वाला और (उदङ्) उत्तर वा बाईं ओर (तिष्ठन्)

बस्य यः । शरीरस्नेहः (मज्जा) अ० १ । ११ । ४ । अस्थिस्नेहः (निधनम्) अ० ९ । ६ (५) । २ । राशीकरणम् ॥

१९—(अग्निः) पार्थिवो जाठरोऽग्निर्वा (आसीनः) उपविष्टः (उत्थितः) (अश्विना) अ० २ । २९ । ६ । सूर्याचन्द्रमसौ यथा ॥

२०,२१—(इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् परमेश्वरः (प्राङ्) प्र + अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । पूर्वस्यां स्वाभिमुखीभूतायां वा दिशि (तिष्ठन्) प्रादुर्भवन् (दक्षिणा) दक्षिणस्यां दक्षिणहस्तस्थितायां वा दिशि (यमः) नियामकः (प्रत्यङ्) पश्चिमायां पश्चाद् भागे स्थितायां वा दिशि (धाता) सर्वधारकः

ठहरा हुआ (सविता) सब का चलाने वाला [है] ॥ २०,२१ ॥

भावार्थ—वह प्रजापति परमेष्ठी परमेश्वर ही सर्वशक्तिमान्, सर्व-नियन्ता और सर्वव्यापक है ॥ २०,२१ ॥

तृणा॑नि प्राप्तः सोमो॒ राजा॑ ॥ २२ ॥

तृणा॑नि । प्र-आ॒प्तः । सोमः॑ । राजा॑ ॥ २२ ॥

भाषार्थ—[वह] (तृणानि) तृणों [सृष्टि के पदार्थों] में (प्राप्तः) प्राप्त होकर (राजा) सर्वशासक (सोमः) जन्म दाता है ॥ २२ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ही सृष्टिकर्ता और सर्वनियन्ता है ॥ २२ ॥

मि॒त्र ईक्ष॑माण॒ आवृ॑त्त आन॒न्दः ॥ २३ ॥

मि॒त्रः । ईक्ष॑माणः । आ-वृ॑त्तः । आ॒-न॒न्दः ॥ २३ ॥

भाषार्थ—[वह] (ईक्षमाणः) देखता हुआ (मित्रः) मित्र [हित-कारी], (आवृत्तः) सन्मुख वर्तमान (आनन्दः) आनन्द [स्वरूप है] ॥ २३ ॥

भावार्थ—सर्वदर्शी सर्वव्यापक परमेश्वर सब का हितकारी है ॥ २३ ॥

यु॒ज्यमा॑नो वैश्वदे॒वो यु॒क्तः प्र॒जाप॑ति॒र्विमु॑क्तः॒ सर्व॑म् २४

यु॒ज्यमा॑नः । वै॒श्व-दे॒वः । यु॒क्तः । प्र॒जा-प॑तिः । वि-मु॑क्तः । सर्व॑म् ॥ २४ ॥

भाषार्थ—[वह] (युज्यमानः) ध्यान किया जाता हुआ (वैश्वदेवः) सब विद्वानों का हितकारी, (युक्तः) समाधि किया गया वह (विमुक्तः) वि-विध मुक्तस्वभाव (प्रजापतिः) प्रजापालक परमेश्वर (सर्वम्) व्यापक

(उदङ्) उत्तरस्यां वामहस्तस्थितायां वा दिशि (सविता) सर्वप्रेरकः ॥

२२—(तृणानि) अ० २ । ३० । १ । तृणवत् सृष्टिवस्तूनि (प्राप्तः) व्याप्तः सन् (सोमः) उत्पादकः (राजा) सर्वशासकः ॥

२३—(मित्रः) हितः (ईक्षमाणः) पश्यन् सन् (आवृत्तः) समन्ताद् वर्तमानः (आनन्दः) सुखस्वरूपः ॥

२४—(युज्यमानः) ध्यायमानः (वैश्वदेवः) सर्वविदुषां हितः (युक्तः)

ब्रह्म [है] ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमात्मा की उपासना से मनुष्य सुख लाभ करते हैं ॥ २४ ॥

एतद् वै विश्वरूपं सर्वरूपं गोरूपम् ॥ २५ ॥

एतत् । वै । विश्व-रूपम् । सर्व-रूपम् । गो-रूपम् । ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(एतद्) व्यापक ब्रह्म (वै) ही (विश्वरूपम्) जगत् का रूप देने वाला, (सर्वरूपम्) सब का रूप देन वाला और (गोरूपम्) [प्राप्ति योग्य] स्वर्ग [सुख विशेष] का रूप देने वाला [है] ॥ २५ ॥

भावार्थ—सर्वस्रष्टा परमेश्वर प्राणियों को उनके कर्मानुसार सुख देता है ॥ २५ ॥

उपैनं विश्वरूपाः सर्वरूपाः पशवस्तिष्ठन्ति य एवं वेद ॥ २६ ॥ (२१)

उप । एनम् । विश्व-रूपाः । सर्व-रूपाः । पशवः । तिष्ठन्ति । यः । एवम् । वेद ॥ २६ ॥ (२१)

भाषार्थ—(एनम्) उस [पुरुष] को (विश्वरूपाः) सब रूप [वर्ण] वाले और (सर्वरूपाः) सब आकार वाले (पशवः) [व्यक्त वाणी और अव्यक्त वाणी वाले] जीव (उप तिष्ठन्ति) पूजते हैं, (यः) जो (एवम्) इस प्रकार (वेद) जानता है ॥ २६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा की महिमा विचार कर पूर्वोक्त प्रकार से उपासना करके अपनी उन्नति करता है, वह सब प्राणियों का शासक होता है २६

समाहितः (प्रजापतिः) प्रजापालकः परमेश्वरः (विमुक्तः) विविधमुक्तस्वभावः (सर्वम्) व्यापकं ब्रह्म ॥

२५—(एतद्) एतेस्तुट् च । उ० १ । १३३ । इण् गतौ-अदि, तुट् च । व्यापकं ब्रह्म (वै) हि (विश्वरूपम्) जगतो रूपं यस्मात् तत् (सर्वरूपम्) सर्वरूपकरम् (गोरूपम्) गौः स्वर्गः । स्वर्गस्य रूपकरम् ॥

२६—(उप तिष्ठन्ति) पूजयन्ति (एनम्) ब्रह्मवादिनम् (विश्वरूपाः) सर्ववर्णाः (सर्वरूपाः) सर्वाकाराः (पशवः) पशवो व्यक्त वाचश्चाव्यक्तवाचश्च-निरु० ११ । २९ । प्राणिनः (यः) (एवम्) (वेद) जानाति ॥

सूक्तम् ८ ॥

१-२२ ॥ वैद्यो देवता ॥ १-११, १३, १४, १६, १७, १९, २० अनुष्टुप् ; १२ विराडनुष्टुप् ; १५, १८ निचृदनुष्टुप् ; २१ विराट् पथ्या बृहती; २२ पथ्यापङ्क्तिः ॥

सर्वशरीररोगनाशोपदेशः—समस्त शरीर के रोग नाश का उपदेश ॥

इस सूक्त का मिलान अ० का० २ सूक्त ३३ से करो ॥

शीर्षक्तिं शीर्षामयं कर्णशूलं विलोहितम् ।
सर्वं शीर्षण्यं ते रोगं बहिर्निर्मन्त्रयामहे ॥ १ ॥

शीर्षक्तिम् । शीर्ष-आमयम् । कर्ण-शूलम् । वि-लोहितम् ।
सर्वम् । शीर्षण्यम् । ते । रोगम् । बहिः । निः । मन्त्रयामहे ॥१॥

भाषार्थ—(शीर्षक्तिम्) शिर की पीड़ा, (शीर्षामयम्) शिर की व्यथा (कर्णशूलम्) कर्णशूल [कान की सूजन वा टीस] और (विलोहितम्) बिगड़े लोहू [सूजन आदि] को । (सर्वम्) सब (ते) तेरे (शीर्षण्यम्) शिर के (रोगम्) रोग को (बहिः) बाहिर (निः मन्त्रयामहे) हम विचार पूर्वक निकालते हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—जैसे उत्तम वैद्य निदान पूर्वक बाहिरी और भीतरी रोगों का नाश करके मनुष्यों को हृष्ट पुष्ट बनाता है, वैसे हीं विद्वान् लोग विचार पूर्वक अविद्या को मिटा कर आनन्दित होते हैं ॥ १ ॥

यही भावार्थ २ से २२ तक अगले मन्त्रों में जानो ॥

कर्णाभ्यां ते कङ्कूषेभ्यः कर्णशूलं विसल्पकम् । सर्वं०॥२

कर्णाभ्याम् । ते । कङ्कूषेभ्यः । कर्ण-शूलम् । वि-सल्पकम् ।०।२।

१—(शीर्षक्तिम्) अ० १ । १२ । ३ । शिरः पीडाम् (शीर्षामयम्) शिरो रोगम् (कर्णशूलम्) शूल रोगे-अच् । श्रोत्ररोगम् । (विलोहितम्) विकृत रक्तम् (सर्वम्) समस्तम् (शीर्षण्यम्) अ० २ । ३१ । ४ । शिरसि भवम् (ते) तव (रोगम्) व्याधिम् (बहिः) बहिर्भावे (निः मन्त्रयामहे) मन्त्रा मननात्—निरु० ७ । १२ । सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन् । उ० ४ । १५९ । मन ज्ञाने—ष्ट्रन् । मन्त्रो मननम् । ततो नामधातुरूपम् । मननेन निः सारयामः ॥

भाषार्थ—(ते) तेरे (कर्णाभ्याम्) दोनों कानों से और (कङ्कूषेभ्यः कङ्कूषों [फैली हुई कान की भीतरी नाड़ियों] से (कर्णशूलम्) कर्णशूल [कान की सूजन वा टीस] और (विसल्पकम्) विसल्प [विसर्प रोग, हड़ फूटन] को। (सर्वम्) सब (ते) तेरे......म० १ ॥ २ ॥

यस्य॑ हे॒तोः प्र॒च्यव॑ते॒ यक्ष्मः॒ कर्ण॒त आ॒स्य॒तः । सर्वं॑० ॥ ३ ॥

यस्य॑ । हे॒तोः । प्र॒-च्यव॑ते । यक्ष्मः॑ । क॒र्ण॒तः । आ॒स्य॒तः ।० ।३।

भाषार्थ—(यस्य) जिस [रोग] के (हेतोः) कारण से (यक्ष्मः) राजरोग [क्षयी आदि] (कर्णतः) कान से और (आस्यतः) मुख से (प्रच्यवते) फैलता है। (सर्वम्) सब (ते) तेरे......म० १ ॥ ३ ॥

यः कृ॒णोति॑ प्र॒मोत॑म॒न्धं कृ॒णोति॒ पूरु॑षम् । सर्वं॑० ॥ ४ ॥

यः । कृ॒णोति॑ । प्र॒-मोत॑म् । अ॒न्धम् । कृ॒णोति॑ । पुरु॑षम् ।० ।४।

भावार्थ—(यः) जो [रोग] (पुरुषम्) पुरुष को (प्रमोतम्) गूंगा [वा बहिरा] (कृणोति) करता है, [वा] (अन्धम्) अन्धा (कृणोति) करता है। (सर्वम्) सब (ते) तेरे......म० १ ॥ ४ ॥

अ॒ङ्ग॒भे॒दम॑ङ्गज्व॒रं वि॒श्वा॒ङ्ग्यं॑ वि॒स॒ल्प॑कम् ।
सर्वं॑ शीर्ष॒ण्यं॑ ते॒ रोगं॑ ब॒हिर्नि॒र्मं॑न्त्रयामहे ॥ ५ ॥

अ॒ङ्ग॒-भे॒दम् । अ॒ङ्ग॒-ज्व॒रम् । वि॒श्व॒-अ॒ङ्ग्य॑म् । वि॒-स॒ल्प॑कम् ॥

२—(कर्णाभ्याम्) अ० २ । ३३ । १ । श्रोत्राभ्याम् (कङ्कूषेभ्यः) पीयेरूषन् । उ० ४ । ७६ । ककि गतौ–ऊषन् । व्यापकेभ्यः कर्णनाडीविशेषेभ्यः (विसल्पकम्) अ० ७ । १२७ । १ । विसर्परोगम् । अन्यद् गतम् ॥

३—(यस्य) रोगस्य (हेतोः) कमिमनिजनि० । उ० १ । ७३ । हि गतिवृद्ध्योः—तु । कारणात् (प्रच्यवते) विस्तीर्यते (यक्ष्मः) अ० २ । १० । ५ । राजरोगः । अन्यत् सुगमम् ॥

४—(यः) रोगः (प्रमोतम्) मुट आक्षेपमर्दनयोः–घञ्, टस्य तः । प्रमोटं कुटिलीकृतं मूकं बधिरं वा (अन्धम्) अन्ध दृष्टिनाशे–अच्, चक्षुर्हीनम् । अन्यत् सुगमम् ॥

सर्वम् । शीर्षण्यम् । ते । रोगम् । बहिः । ० ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(अङ्गभेदम्) अङ्ग अङ्ग की फूटन, (अङ्गज्वरम्) अङ्ग अङ्ग के ज्वर और (विश्वाङ्ग्यम्) सर्वाङ्गव्यापी (विसल्पकम्) विसर्प रोग को। (सर्वम्) सब (ते) तेरे (शीर्षण्यम्) शिर के (रोगम्) रोग को (बहिः) बाहिर (निः मन्त्रयामहे) हम विचार पूर्वक निकालते हैं ॥ ५ ॥

यस्य॑ भी॒मः प्र॑ती॒का॒श उ॑द्वे॒पय॑ति॒ पूरु॑षम् ।
त॒क्मानं॑ वि॒श्वश॑ारदं ब॒हि० ॥ ६ ॥

यस्य॑ । भी॒मः । प्र॒ति॒-का॒शः । उ॒त्-वे॒पय॑ति । पुरु॑षम् ॥ त॒क्मा-न॑म् । वि॒श्व-शा॑रदम् । ब॒हिः । ० ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यस्य) जिस [ज्वर] का (भीमः) भयानक (प्रतिकाशः) स्वरूप (पुरुषम्) पुरुष को (उद्वेपयति) कंपा देता है। [उस] (विश्वशारदम्) सब शरीर में चकत्ते करने वाले (तक्मानम्) ज्वर को (बहिः) बाहिर ·····म० ५ ॥ ६ ॥

य ऊ॒रू अ॑नु॒सर्प॒त्यथो॒ एति॑ ग॒वीनि॑के ।
यक्ष्मं॑ ते अ॒न्तरङ्गे॑भ्यो ब॒हि० ॥ ७ ॥

यः । ऊ॒रू इति॑ । अ॒नु-सर्प॑ति । अथो॒ इति॑ । एति॑ । ग॒वीनि॑-के॒ इति॑ ॥ यक्ष्म॑म् । ते॒ । अ॒न्तः । अङ्गे॑भ्यः । ब॒हिः । ० ॥ ७ ॥

५—(अङ्गभेदम्) अ० ५ । ३० । ९ । शरीरावयवविदारम् (अङ्गज्वरम्) प्रत्यङ्गतापम् (विश्वाङ्ग्यम्) सर्वाङ्गभवम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

६—(यस्य) तक्मनः (भीमः) भयानकः (प्रतिकाशः) काशृ दीप्तौ—घञ् । दर्शनम् । स्वरूपम् (उद्वेपयति) कम्पयते (पुरुषम्) (तक्मानम्) अ० १ । २५ । १ । कृच्छ्रजीवनकारकं ज्वरम् (विश्वशारदम्) शार दौर्बल्ये—अच्, यद्वा शॄ हिंसायाम्—घञ् । सर्वस्मिन् शरीरे शारं कर्बूरवर्णं ददातीति तम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ -(यः) जो [राजरोग] (ऊरू) दोनों जंघाओं में (अनुसर्पति) रेंगता जाता है, (अथो) और भी (गवीनिके) पार्श्वस्थ दोनों नाड़ियों में (एति) पहुंचता है। [उस] (यक्ष्मम्) राज रोग को (ते) तेरे (अन्तः) भीतरी (अङ्गेभ्यः) अङ्गों से (बहिः) बाहिर......म० ५ ॥ ७ ॥

यदि कामा॑दपका॒माद्धृद॑या॒ज्जाय॑ते॒ परि॑ ।

हृ॒दो ब॒लास॒मङ्गे॑भ्यो ब॒हिः ॥ ८ ॥

यदि॑ । कामा॑त् । अ॒प॒-का॒मात् । हृद॑यात् । जाय॑ते । परि॑ ॥

हृ॒दः । ब॒लास॑म् । अङ्गे॑भ्यः । ब॒हिः । ० ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यदि) यदि वह [बलास रोग] (कामात्) इच्छा से [अथवा] (अपकामात्] द्वेष के कारण (हृदयात्) हृदय से (परि) सब ओर (जायते) उत्पन्न होता है। (हृदः) हृदय के (बलासम्) बलास [बल के गिराने वाले, संनिपात, कफादि रोग] को (अङ्गेभ्यः) अङ्गों से (बहिः) बाहिर......म० ५ ॥ ८ ॥

ह॒रि॒माणं॑ ते॒ अङ्गे॑भ्यो॒ऽप्वाम॑न्त॒रोद॑रात् ।

य॒क्ष्मो॒धाम॒न्तरा॒त्मनो॑ ब॒हिर्निर्म॑न्त्रयामहे ॥ ९ ॥

ह॒रि॒माण॑म् । ते॒ । अङ्गे॑भ्यः । अ॒प्वाम् । अ॒न्त॒रा । उ॒दरा॑त् ।

य॒क्ष्मः॒-धाम् । अ॒न्तः । आ॒त्मनः॑ । ब॒हिः । निः । म॒न्त्र॒या॒म॒हे॒ ९

भाषार्थ—(हरिमाणम्) पीलिया [वा कामला रोग] को (ते) तेरे (अङ्गेभ्यः) अङ्गों से, और (अप्वाम्) वायु गोला को (अन्तरा) भीतर (उद-

७—(यः) यक्ष्मः (ऊरू) जानूपरिभागौ (अनुसर्पति) अनुक्रमेण गच्छति (अथो) अपि च (एति) प्राप्नोति (गवीनिके) अ० १। ११। ५। पार्श्वस्थनाड्यौ (अन्तः) मध्येभ्यः। अन्यत् पूर्ववत् ॥

८—(यदि) सम्भावनायाम् (कामात्) अभिलाषात् (अपकामात्) द्वेषात् (हृदयात्) (जायते) उत्पद्यते (परि) सर्वतः (हृदः) हृदयस्य (बलासम्) अ० ४। ९। ८। बलमस्यतीति। श्लेष्मविकारम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

९—(हरिमाणम्) अ० १। २२। १। कामिलादिरोगम् (ते) तव (अङ्गेभ्यः) (अप्वाम्) अ० ३। २। ५। अपवातीति हिनस्तीति। अप्वा यदेनया

रात्) पेट से। (यक्ष्मोधाम्) राज रोग करने वाली [व्यथा] को (अन्तः) भीतर (आत्मनः) देह से (बहिः) बाहिर (निः मन्त्रयामहे) हम विचार पूर्वक निकालते हैं ॥ ६ ॥

आसो बलासो भवतु मूत्रं भवत्वामयत् ।
यक्ष्माणां सर्वेषां विषं निरवोचमहं त्वत् ॥१०॥ (२२)

आसः । बलासः । भवतु । मूत्रम् । भवतु । आमयत् ॥ यक्ष्माणाम् । सर्वेषाम् । विषम् । निः । अवोचम् । अहम् । त्वत् १०(२२)

भाषार्थ—[यदि] (बलासः) बलास [बलका गिराने वाला संन्निपात, कफ़ादि] (आसः) धनुष [अङ्ग को धनुष समान टेढ़ा करने वाला] (भवतु) हो जावे, [और उससे] (मूत्रम्) मूत्र (आमयत्) पीड़ा देनेवाला (भवतु) होजावे। (सर्वेषाम्) सब (यक्ष्माणाम्) क्षय रोगों के (विषम्) विष को (त्वत्) तुझ से (अहम्) मैंने (निः) निकालकर (अवोचम्) बता दिया है ॥ १० ॥

बहिर्बिलं निर्द्रवतु काहाबाहं तवोदरात् । यक्ष्माणां०११

बहिः । बिलम् । निः । द्रवतु । काहाबाहम् । तव । उदरात् ।०।११

भाषार्थ—(काहाबाहम्) खांसी लाने वाला (बिलम्) बिल [फूटन रोग (तव उदरात्) तेरे पेट से (बहिः) बाहिर (निःद्रवतु) निकल जावे।

विद्धोऽपवीयते। व्याधिर्वा भयं वा-निरु० ६ । १२। वायुशूलम् (अन्तरा) मध्ये (यक्ष्मोधाम्) यक्ष्म+दधातेः—क, सकारोपसर्जनम् । क्षयधारिणीं व्यथाम् (अन्तः) मध्ये (आत्मनः) देहस्य । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१०—(आसः) असु क्षेपणे—घञ् । धनुः (बलासः) म० ८ । श्लेष्मविकारः (भवतु) (मूत्रम्) अ० १ । ३ । ६ । प्रस्रावः (आमयत्) अम पीडने, चुरादेः—शतृ । पीडयत् (यक्ष्माणाम्) राजरोगाणाम् (सर्वेषाम्) (विषम्) कष्टकरं प्रभावम् (निः) निःसार्य (अवोचम्) कथितवानस्मि (अहम्) वैद्यः (त्वत्) त्वत्सकाशात् ॥

११—(बहिः) बहिर्भावे (बिलम्) बिल भेदने-क। भेदनरोगः (निः) (द्रवतु) गच्छतु (काहाबाहम्) कास+आङ्+वह प्रापणे—अण्, सस्य हः,

(सर्वेषाम् यक्ष्माणाम्) सब क्षय रोगों के .... म० १० ॥ ११ ॥

उदरात् ते क्लोम्नो नाभ्या हृदयादधि ।

यक्ष्माणां सर्वेषां विषं निरवोचमहं त्वत् ॥ १२ ॥

उदरात् । ते । क्लोम्नः । नाभ्याः । हृदयात् । अधि ॥ यक्ष्मा-णाम् । सर्वेषाम् । विषम् । निः । अवोचम् । अहम् । त्वत् ॥१२॥

भाषार्थ—(ते) तेरे (उदरात्) उदरसे, (क्लोम्नः) फेफड़े से, (नाभ्याः) नाभी से और (हृदयात् अधि) हृदय से भी । (सर्वेषाम्) सब (यक्ष्माणाम्) क्षय रोगों के (विषम्) विष को (त्वत्) तुझ से (अहम्) मैं ने (निः) निकाल कर (अवोचम्) बता दिया है ॥ १२ ॥

याः सीमानं विरुजन्ति मूर्धानं प्रत्यर्षणीः ।

अहिंसन्तीरनामया निर्द्रवन्तु बहिर्बिलम् ॥ १३ ॥

याः । सीमानम् । वि-रुजन्ति । मूर्धानम् । प्रति । अर्षणीः ॥ अहिंसन्तीः । अनामयाः । निः । द्रवन्तु । बहिः । बिलम् ॥१३

भाषार्थ—(याः) जो (अर्षणीः) दौड़ने वाली [महापीड़ायें] (मूर्धानम् प्रति) मस्तक की ओर [चलकर] (सीमानम्) चांद [खोपड़ी] को (विरुजन्ति) फोड़ डालती हैं । वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई, (अनामयाः) रोगरहित होकर (बहिः) बाहिर (निः द्रवन्तु) निकल जावें, और (बिलम्) बिल [फूटन रोग भी, निकल जावे] ॥ १३ ॥

वस्य वः । कासावाहम् । कासरोगोत्पादकम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१२—(क्लोम्नः) अ० २ । ३३ । ३ । फुप्फुसात् । पिपासास्थानात् (अधि) अपि । अन्यत् सुगमम् ॥

१३—(याः) (सीमानम्) नामन्सीमन्व्योमन्० । उ० ४ । १५१ । षिञ् बन्धने—मनिन् । मस्तकभागम् । कपालम् (विरुजन्ति) विदारयन्ति (मूर्धानम्) मस्तकम् (प्रति) प्रतिगत्य (अर्षणीः) सुयुरुवृञो युच् । उ०२ । ७४ । ऋष गतौ—युच्, ङीप् । धावन्त्यः । महापीडाः (अहिंसन्तीः) अनाशयन्त्यः (अनामयाः) रोगरहिताः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

या हृदयमुपर्षन्त्यनुतन्वन्ति कीकसाः । अहिं० ॥ १४ ॥

याः । हृदयम् । उप-ऋषन्ति । अनु-तन्वन्ति । कीकसाः ।०॥१४

भाषार्थ—(याः) जो [महापीड़ायें] (हृदयम्) हृदय में (उपर्षन्ति) घुस जाती हैं और (कीकसाः) हंसली की हड्डियों में (अनुतन्वन्ति) फैलती जाती हैं। वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई ......१३ ॥ १४ ॥

याः पार्श्वे उपर्षन्त्यनुनिक्षन्ति पृष्टीः । अहिं० ॥ १५ ॥

याः । पार्श्वे इति । उप-ऋषन्ति । अनु-निक्षन्ति । पृष्टीः ।०।१५

भाषार्थ—(याः) जो [महापीड़ायें] (पार्श्वे) दोनों कांखों में (उपर्षन्ति) घुस जाती हैं और (पृष्टीः) पसलियों को (अनुनिक्षन्ति) चुबा डालती हैं। वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई ...... १३ ॥ १५ ॥

यास्तिरश्चीरुपर्षन्त्यर्षणीर्वक्षणासु ते । अहिं० ॥ १६

याः । तिरश्चीः । उप-ऋषन्ति । अर्षणीः । वक्षणासु । ते ।०। १६

भाषार्थ—(याः) जो (अर्षणीः) महापीड़ायें (तिरश्चीः) तिरछी होकर (ते) तेरी (वक्षणासु) छाती के अवयवों में (उपर्षन्ति) घुस जाती हैं। वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई ......१३ ॥ १६ ॥

या गुदा अनुसर्पन्त्यान्त्राणि मोहयन्ति च । अहिं० ॥१७॥

याः । गुदाः । अनु-सर्पन्ति । आन्त्राणि । मोहयन्ति । च ।०।१७

१४—(याः) अर्षण्यः (उपर्षन्ति) ऋषी गतौ । प्रविशन्ति (अनुतन्वन्ति) अनुलक्ष्य विस्तीर्यन्ते (कीकसाः) अ० २ । ३३ । २ । जत्रुवक्षोगतास्थीनि । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१५—(पार्श्वे) अ० २ । ३३ । ३ । कक्षयोरधोभागौ (अनुनिक्षन्ति) णिक्ष चुम्बने । निरन्तरं पीडयन्ति (पृष्टीः) अ०२ । ७ । ५ । पार्श्वास्थीनि । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१६—(याः) (तिरश्चीः) वक्रगामिन्यः (अर्षणीः) म० १३ । महापीडाः (वक्षणासु) अ० ७ । ११४ । १ । वक्षःस्थलेषु । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भावार्थ—(याः) जो [महापीड़ायें] (गुदाः) गुदा की नाड़ियों में (अनुसर्पन्ति) रेंगती जाती हैं (च) और (आन्त्राणि) आंतों को (मोहयन्ति) गड़बड़ कर देती हैं। वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई ......१३॥ १७॥

या मुज्ज्ञो निर्धयन्ति परूंषि विरुजन्ति च ।

अहिंसन्तीरनामुया निर्द्रवन्तु बुहिर्बिलम् ॥ १८ ॥

याः । मुज्ज्ञः । निः-धयन्ति । परूंषि । वि-रुजन्ति । च ॥

अहिंसन्तीः । अनामुयाः । निः । द्रवन्तु । बुहिः । बिलम् ।१८

भावार्थ—(याः) जो [महापीड़ायें] (मज्ज्ञः) मज्जाओं [हड्डी की मींगों] को(निर्धयन्ति) चूस लेती हैं (च) और (परूंषि) जोड़ों को (विरुजन्तिः) फोड़ डालती हैं। वे (अहिंसन्तीः) न सताती हुई,(अनामयाः) रोग रहित होकर (बहिः) बाहिर (निः द्रवन्तु) निकल जावें, और (बिलम्) बिल [फूटन रोग भी, निकल जावे] ॥ १८ ॥

ये अङ्गानि मुदयन्ति यक्ष्मासो रोपुणास्तव ।

यक्ष्माणां सर्वेषां विषं निरवोचमुहं त्वत् ॥ १९ ॥

ये । अङ्गानि । मुदयन्ति । यक्ष्मासः । रोपुणाः । तव ॥ यक्ष्माणाम् । सर्वेषाम् । विषम् । निः । अवोचम् । अहम् । त्वत् ।१९।

भावार्थ—(ये) जो (रोपणाः) व्याकुल करने वाले (यक्ष्मासः) क्षयरोग

१७—(याः) अर्पयः (गुदाः) अ० २ । ३३ ।४ । मलत्यागनाडीः (अनुसर्पन्ति) अनुक्रमेण प्राप्नुवन्ति (आन्त्राणि) अ० ६ । ७ । १६ । नाडीविशेषान् (मोहयन्ति) व्याकुलीकुर्वन्ति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१८—(याः) अर्पयः (मज्ज्ञः) अ० १ । ११ ।४ । अस्थिमध्यस्थस्नेहान् (निर्धयन्ति) धेट् पाने । नितरां पिबन्ति (परूंषि) ग्रन्थीन् । अन्यत् पूर्ववत्—म० १३ ॥

१९—(ये) (अङ्गानि) शरीरावयवान् (मदयन्ति) उन्मत्तानि कुर्वन्ति (यक्ष्मासः) असुगागमः । यक्ष्माः । क्षयरोगाः (रोपणाः) रुपुरुरुभ्रो शुच् ।

(तव) तेरे (अङ्गानि) अङ्गों को (मदयन्ति) उन्मत्त कर देते हैं ॥ (सर्वेषाम्) [उन] सब (यक्ष्माणाम्) क्षय रोगों के (विषम्) विष को (त्वत्) तुझ से (अहम्) मैं ने (निः) निकालकर (अवोचम्) बता दिया है ॥ १९ ॥

विसल्पस्य विद्रधस्य वातीकारस्य वालजेः ।
यक्ष्मणां सर्वेषां विषं निरवोचमहं त्वत् ॥ २० ॥

वि-सल्पस्य । वि-द्रधस्य । वाती-कारस्य । वा । अलजेः ॥ यक्ष्मणाम् । सर्वेषाम् । विषम् । निः । अवोचम् । अहम् । त्वत् २०

भाषार्थ—(विसल्पस्य) [विसर्प रोग, हड़फूटन] के, (विद्रधस्य) हृदय के फोड़े के, (वातीकारस्य) गठिया रोग के, (वा) और (अलजेः) अलजि [नेत्र रोग] के। (सर्वेषाम्) [इन] सब (यक्ष्माणाम्) क्षय रोगों के (विषम्) विष को (त्वत्) तुझ से (अहम्) मैं ने (निः) निकालकर (अवोचम्) बता दिया है ॥ २० ॥

पादाभ्यां ते जानुभ्यां श्रोणिभ्यां परि भंससः ।
अनूकादर्षणीरुष्णिहाभ्यः शीर्ष्णो रोगमनीनशम् ॥ २१ ॥

पादाभ्याम् । ते । जानु-भ्याम् । श्रोणि-भ्याम् । परि । भंससः ॥ अनूकात् । अर्षणीः । उष्णिहाभ्यः । शीर्ष्णः । रोगम् । अनीनशम् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(ते) तेरे (पादाभ्याम्) दोनों पैरों से, (जानुभ्याम्) दोनों जानुओं से, (श्रोणिभ्याम्) दोनों कूल्हों से और (भंससः परि) गुह्य स्थान के

उ० २ । ७४ । रुप विमोहने—युच् । व्याकुलीकराः । अन्यत् पूर्ववत्—म० १० ॥

२०—(विसल्पस्य) म० २ । विसर्परोगस्य (विद्रधस्य) अ० ६ । १२७ । १ । हृदयव्रणस्य (वातीकारस्य) वातरोगस्य (वा) च (अलजेः) अल भूषणपर्याप्तिशक्तिवारणेषु—क्विप् । सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । अज गतिक्षेपणयोः—इन् । शक्तिनाशकस्य नेत्ररोगविशेषस्य । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२१—(ते) तव (पादाभ्याम्) पद्भ्याम् (जानुभ्याम्) दृसनिजनि० । उ० १ । ३ । जन जनने, जनी प्रादुर्भावे—ञुण् । जङ्घोपरिभागाभ्याम् (श्रोणि-

चारों ओर से। (अनूकात्) रीढ़ से और (उष्णिहाभ्यः) गुद्दी की नाड़ियों से (अर्षणीः) महापीड़ाओं को और (शीर्ष्णः) शिर के (रोगम्) रोग को (अनीनशम्) मैं ने नाश कर दिया है ॥ २१ ॥

सं ते शीर्ष्णः कपालानि हृदयस्य च यो विधुः। उद्यन्नादित्य रश्मिभिः शीर्ष्णो रोगमनीनशोऽङ्गभेदमशीशमः ॥ २२ ॥ (२३)

सम्। ते। शीर्ष्णः। कपालानि। हृदयस्य। च। यः। विधुः ॥ उत्-यन्। आदित्य। रश्मिभिः। शीर्ष्णः। रोगम्। अनीनशः। अङ्ग-भेदम्। अशीशमः ॥ २२ ॥ (२३)

भाषार्थ—[हे रोगी !] (ते) तेरे (शीर्ष्णः) शिर के (कपालानि) कपाल की हड्डियां (सम्) स्वास्थ [होवें], (च) और (हृदयस्य) हृदय की (यः) जो (विधुः) धड़क [है वह भी ठीक होवे]।

(आदित्य) हे सूर्य [समान तेजस्वी वैद्य !] (उद्यन्) उदय होते हुये तू ने (रश्मिभिः) [जैसे सूर्य अपनी] किरणों से (शीर्ष्णः) शिर के (रोगम्) रोग को (अनीनशः) नाश कर दिया है, और (अङ्गभेदम्) अङ्गों की फूटन को (अशीशमः) तू ने शान्त कर दिया है ॥ २२ ॥

भावार्थ—जैसे सूर्यके उदय होने से अन्धकार का नाश होता है, वैसे ही

भ्याम्) अ० २। ३३। ५। नितम्बाभ्याम् (परि) सर्वतः (भंससः) अ० २। ३३। ५। गुह्यस्थानात् (अनूकात्) अ० ४। १४। ८। पृष्ठवंशात् (अर्षणीः) म० १३। महापीड़ाः (उष्णिहाभ्यः) अ० २। ३३। २। ग्रीवानाड़ीभ्यः (शीर्ष्णः) शिरसः (रोगम्) (अनीनशम्) अ० १। २३। ४। नाशितवानस्मि ॥

२२—(सम्) सम्यक्। स्वस्थानि (शीर्ष्णः) मस्तकस्य (कपालानि) तमिविशिविडि०। उ० १। ११८। कपि चलने—कालन्, नलोपः। शिरोऽस्थीनि (हृदयस्य) (च) (यः) (विधुः) पृभिदिव्यधि०। उ०१। २३। व्यध ताडने-कु। ग्रहिज्यावयिव्यधि०। पा० ६। १। १६। इति सम्प्रसारणम्। ताडनम् (उद्यन्) उद्गच्छन् (आदित्य) हे सूर्यवत्तेजस्विन् वैद्य (रश्मिभिः) किरणैर्यथा (शीर्ष्णः) मस्तकस्य (रोगम्) (अनीनशः) नाशितवानसि (अङ्गभेदम्) अङ्गानां विदारणम् (अशीशमः) शान्तीकृतवानसि ॥

उत्तम वैद्यों की चिकित्सा से रोगों का निवारण होता है, और इसी प्रकार विद्वान् पुरुष आत्मदोष की निवृत्ति करके आत्मोन्नति करता है ॥ २२ ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

अथ पञ्चमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ९ ॥

१-२२ ॥ आत्मा देवता ॥ १-११, १३,१५, १९-२२ त्रिष्टुप् ; १२, १६ जगती; १४, १८ निचृत् जगती; १७ भुरिक् त्रिष्टुप् ॥

जीवात्मपरमात्मज्ञानोपदेशः—जीवात्मा और परमात्मा के ज्ञान का उपदेश ॥

अस्य वामस्य पलितस्य होतुस्तस्य भ्राता मध्यमो अस्त्यश्नः । तृतीयो भ्राता घृतपृष्ठो अस्यात्रापश्यं विश्पतिं सप्तपुत्रम् ॥ १ ॥

अस्य । वामस्य । पलितस्य । होतुः । तस्य । भ्राता । मध्यमः ॥ अस्ति । अश्नः । तृतीयः । भ्राता । घृत-पृष्ठः । अस्य । अत्र । अपश्यम् । विश्पतिम् । सप्त-पुत्रम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(अस्य) इस [जगत्] के (वामस्य) प्रशंसनीय, (पलितस्य) पालनकर्ता, (होतुः) तृप्ति करने वाले (तस्य) उस [सूर्य] का (मध्यमः) मध्यवर्ती (भ्राता) भ्राता [भाई समान हितकारी] (अश्नः) [व्यापक] बिजुली (अस्ति) है । (अस्य) इस [सूर्य] का (तृतीयः) तीसरा (भ्राता) भ्राता (घृतपृष्ठः) घृतों [प्रकाश करने वाले घी, काष्ठ आदि] से स्पर्श किया

१—(अस्य) दृश्यमानस्य जगतः (वामस्य) प्रशस्यस्य-निघ० ३ । ८ । (पलितस्य) फलेरितजादेश्च पः । उ० ५ । ३४ । फल निष्पत्तौ यद्वा ञि फला विशरणे-इतच्, फस्य पः । यद्वा पल गतौ पालने च—इतच् । पालयितुः—निरु० ४ । २६ (होतुः) तर्पकस्य । दातुः (तस्य) आदित्यस्य (भ्राता) भ्र०

हुआ [पार्थिव अग्नि है], (अत्र) इस [सूर्य] में (सप्तपुत्रम्) सात [इन्द्रियों–त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि] को शुद्ध करने वाले (विश्पतिम्) प्रजाओं के पालनकर्ता [जगदीश्वर] को (अपश्यम्) मैं ने देखा है ॥१॥

भावार्थ—संसार में सूर्य के तेजोरूप अंश बिजुली और अग्नि हैं और तीनों भाई के समान परस्पर भरण करते हैं, जिससे अनेक लोकों की स्थिति है। विज्ञानी पुरुष साक्षात् करते हैं वह परमात्मा अन्तर्यामी रूप से विराजकर उस सूर्य को भी अपनी शक्ति में रखता है ॥ १ ॥

१—यह मन्त्र निरुक्त ४। २६। में व्याख्यात है ॥

२—मन्त्र १–२२ ऋग्वेद मण्डल १ सूक्त १६४ के मन्त्र १–२२ कहीं कहीं आगे पीछे और कुछ पाठ भेद से हैं ॥ मन्त्र १–४ ऋग्वेद में १–४ हैं ॥

सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो वहति सप्तनामा।
त्रिनाभि चक्रमजरमनर्वं यत्रेमा विश्वा भुवनाधि तस्थुः॥२॥

सप्त। युञ्जन्ति। रथम्। एक-चक्रम्। एकः। अश्वः। वहति। सप्त-नामा॥ त्रि-नाभि। चक्रम्। अजरम्। अनर्वम्। यत्र। इमा। विश्वा। भुवना। अधि। तस्थुः॥ २॥

भाषार्थ—(सप्त) सात [इन्द्रियां त्वचा आदि—म० १] (एकचक्रम्) एक चक्रवाले [अकेले पहिये के समान काम करने वाले जीवात्मा से युक्त]

४। ४। ५। भ्रातेव हितकारी (मध्यमः) मध्यवर्ती (अश्नः) धापॄवस्यज्यतिभ्यो नः। उ० ३। ६। अशू व्याप्तौ अश भोजने वा-नप्रत्ययः। अशनः। व्यापनः। अशनिः। विद्युत्। (तृतीयः) (भ्राता) (घृतपृष्ठः) पृष्ठं स्पृशतेः संस्पृष्टमङ्गैः—निरु० ४। ३। घृतैः प्रकाशसाधनैः स्पृष्टः। (अस्य) सूर्यस्य (अत्र) सूर्ये (अपश्यम्) अद्राक्षम् (विश्पतिम्) विशां प्रजानां पालकम् (सप्तपुत्रम्) पुनातीति पुत्रः। सप्तानां त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धीनां शोधकम् ॥

२—(सप्त) त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धयः (युञ्जन्ति) योजयन्ति (रथम्) रथो रंहतेर्गतिकर्मणः स्थिरतेर्वा स्याद्विपरीतस्य रममाणोऽस्मिंस्तिष्ठतीति वा रपते र्वा रसते र्वा–निरु० ९। ११। रंहणशीलं रथरूपं वा शरीरम्। (एकचक्रम्) एकचारिणम्—निरु० ४। २६। एकचक्रवद्भ्रमणशीलेनात्मना युक्तम्।

(रथम्) रथ [वेगशील वा रथ समान, शरीर] को (युञ्जन्ति) जोड़ते हैं, (एकः) अकेला (सप्तनामा) सात [त्वचा आदि इन्द्रियों] से झुकने वाला [प्रवृत्ति करने वाला] (अश्वः) अश्व [अश्वरूप व्यापक जीवात्मा] (त्रिनाभि) [सत्त्व, रज और तमोगुण रूप] तीन बन्धन वाले (अजरम्) चलने वाले [वा जीर्णता रहित], (अनर्वम्) न टूटे हुये (चक्रम्) चक्र [चक्र समान काम करने वाले अपने जीवात्मा] को [उस परमात्मा में] (वहति) ले जाता है (यत्र) जिस [परमात्मा] में (इमा) यह (विश्वा) सब (भुवना) लोक (अधि) यथावत् (तस्थुः) ठहरे हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—अकेला अपने पुरुषार्थ का भोगने वाला जो निश्चल ब्रह्मचारी त्वचा आदि सात इन्द्रियों से सम्पन्न होकर सत्त्वादि तीनों गुणों को साक्षात् कर लेता है, वह जगदीश्वर परमात्मा में पहुंच कर आनन्द पाता है ॥ २ ॥

यह मन्त्र आगे आया है—अ० १३ । ३ । १८ ॥

२—भगवान् यास्कमुनि के अनुसार अर्थ—निरु० ४ । २७ ॥

(सप्त) सात [किरण] (एकचक्रम्) अकेले चलने वाले (रथम्) रथ [रंहणशील सूर्य] को (युञ्जन्ति) जोड़ते हैं, (एकः) अकेला (सप्त-

---

यः । त्वा । उवाच । परा । इहि । इति । प्रति-कूलम् । उत्-आय्यम् ॥ तम् । कृत्ये । अभि-निवर्तस्व । मा । अस्मान् । इच्छः । अनागसः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यः) जिस [दुष्ट] ने (त्वा) तुझ से (उवाच) कहा–"(उदाय्यम्) उदय को प्राप्त हुये (प्रतिकूलम्) विरुद्ध पक्षवाले शत्रु को (परा इहि इति) जाकर प्राप्त हो"। (कृत्ये) हे हिंसा क्रिया ! (तम्) उसकी ओर (अभिनिवर्तस्व) लौटकर जा, (अस्मान्) हम (अनागसः) निर्दोषियों को (मा इच्छः) मत चाह ॥ ७ ॥

भावार्थ--जो दुष्ट जन धर्मात्माओं को शत्रु जान कर सतावें, उन्हें पूरा पूरा दण्ड मिले ॥ ७ ॥

यस्ते परूंषि संदधौ रथस्येवर्भुर्धिया । तं गच्छ तत्र तेऽयनमज्ञातस्तेऽयं जनः ॥ ८ ॥

(अध्यक्षः) अधिपतिः (नः) अस्माकम् (पुरोहितः) अ० ३ । १९ । १ । अग्रेसरः (प्रतीचीः) प्रतिकूलगतीः (कृत्याः) म० ४ । हिंसाः (आकृत्य) निष्पाद्य (अमून्) (कृत्याकृतः) म० २ । हिंसाकर्तॄन् (जहि) मारय ॥

७—(यः) शत्रुः (त्वा) त्वाम् (उवाच) कथितवान् (परा) दूरे (इहि) प्राप्नुहि (इति) वाक्यसमाप्तौ (प्रतिकूलम्) विरुद्धपक्षवन्तं शत्रुम् (उदाय्यम्) उत् + आय–यत् । उदयं गच्छन्तम् (तम्) शत्रुम् (कृत्ये) म० ४ । हे हिंसाक्रिये (अभिनिवर्तस्व) अभितो निवर्त्य प्राप्नुहि (मा इच्छः) मा वाञ्छ (अनागसः) निर्दोषान् ॥

यः । ते॒ । परू॑ंषि । स॒म्-द॒धौ । रथ॑स्य-इव । ऋ॒भुः । धि॒या ॥ तम् । ग॒च्छ॒ । तत्र॑ । ते॒ । अय॑नम् । अज्ञा॑तः । ते॒ । अ॒यम् । जनः॑ ॥ ८ ॥

भाषार्थ—[हे हिंसा क्रिया !] (यः) जिस [शत्रु] ने (ते) तेरे (परूंषि) जोड़ों को (सन्दधौ) जोड़ा था, (इव) जैसे (ऋभुः) बुद्धिमान् [शिल्पी] (रथस्य) रथ के [जोड़ों को] (धिया) अपनी बुद्धि से। (तम्) उसको (गच्छ) पहुंच, (तत्र) वहां पर (ते) तेरा (अयनम्) घर है, (अयम्) यह (जनः) पुरुष (ते) तेरा (अज्ञातः) अनजान [होवे] ॥ ८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य प्रपंच रचकर प्रजा जनों को गुप्त रीति से सतावें उन्हें दण्ड दिया जावे ॥ ८ ॥

ये त्वा॑ कृ॒त्वाले॑भि॒रे वि॑द्व॒ला अ॑भिचा॒रिणः॑ । शं॒भ्व्1॒॑दं कृ॑त्या॒दूष॑णं प्रतिव॒र्त्म पु॑नःस॒रं तेन॑ त्वा स्नपयामसि ॥ ९ ॥

ये । त्वा॒ । कृ॒त्वा । आ॒-ले॒भि॒रे । वि॒द्व॒लाः । अ॒भि॒-चा॒रिणः॑ ॥ श॒म्-भु । इ॒दम् । कृ॒त्या॒-दूष॑णम् । प्र॒ति॒-व॒र्त्म । पु॒नः॒-स॒रम् । तेन॑ । त्वा॒ । स्न॒प॒या॒म॒सि॒ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—[हे हिंसा !] (ये) जिन (विद्वलाः) दुःखदायी, (अभिचारिणः) विरुद्ध आचारण वालों ने (त्वा) तुझे (कृत्वा) बनाकर (आलेभिरे) ग्रहण किया था। (इदम्) यह (शंभु) सुखदायी (कृत्यादूषणम्) हिंसा का

८—(यः) शत्रुः (ते) तव (परूंषि) अवयवान् (संदधौ) संयोजितवान् (रथस्य) (इव) (ऋभुः) अ० १ । २ । ३ । मेधावी-निघ० ३ । १५ । शिल्पी (धिया) बुद्ध्या (तम्) शत्रुम् (गच्छ) प्राप्नुहि (तत्र) (ते) तव (अयनम्) गृहम् (अज्ञातः) अपरिचितः (अयम्) (जनः) ॥

९—(ये) (त्वा) त्वां कृत्याम् (आलेभिरे) गृहीतवन्तः (विद्वलाः) सानसिवर्णसि० । उ० ४ । १०७ । विद ज्ञाने वेदनायां च—वलच्, गुणाभावः । वेदनाशीलाः । दुःखदायिनः (अभिचारिणः) विरुद्धाचाराः (शम्भु) शान्तिकरम्

खण्डन [उनके लिये] (पुनः सरम्) अवश्य ज्ञान कराने वाला (प्रतिवर्त्म) प्रत्यक्ष मार्ग है। (तेन) उसी [कारण] से (त्वा) तुझे (स्नपयामसि) हम शुद्ध करते हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—राजा दुराचारियों को ऐसी उत्तम नीति से सुधारे कि उन के आचार विचार फिर धार्मिक हो जावें ॥ ९ ॥

यद् दुर्भगां प्रस्नंपितां मृतवंत्सामुपेयिम ।
अपैतु सर्वं मत् पापं द्रविणं मोपं तिष्ठतु ॥ १० ॥ (१)

यत् । दुः-भगाम् । प्र-स्नंपिताम् । मृत-वंत्साम् । उप-एयिम ॥
अपं । एतु । सर्वम् । मत् । पापम् । द्रविणम् । मा । उपं । तिष्ठतु ॥ १० ॥ (१)

भाषार्थ—(यत्) यदि (दुर्भगाम्) दुर्भाग्य वाली, [अथवा] (स्नपिताम्) शुद्ध आचरण वाली, [अथवा] (मृतवत्साम्) मरे बच्चे वाली [शोकातुर स्त्री] के (उपेयिम) हम पास गये हैं। (सर्वम्) सब (पापम्) पाप (मत्) मुझ से (अप एतु) हट जावे, (द्रविणम्) बल (मा) मुझको (उप तिष्ठतु) प्राप्त हो ॥ १० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य से दुष्कर्म हो जावे वह यथावत् दण्ड भोगकर धर्म में प्रवृत्त होकर सुखी होवे ॥ १० ॥

यत् ते पितृभ्यो ददंतो यज्ञे वा नामं जगृहुः ।
संदेश्या३त् सर्वस्मात् पापादिमा मुञ्चन्तु त्वौषधीः ॥ ११ ॥

(इदम्) (कृत्यादूषणम्) हिंसाखण्डनम (प्रतिवर्त्म) प्रत्यक्षमार्गः (पुनःसरम्) पुनः अवधारणे + सृ गतौ–अच्। निश्चयेन सरो ज्ञानं यस्मात् तत् (तेन) कारणेन (त्वा) त्वां कृत्याम् (स्नपयामसि) स्नपयामः। शोधयामः ॥

१०—(यत्) यदि (दुर्भगाम्) दुर्भाग्यवतीम् (स्नपिताम्) शोधिताम् शुद्धाचाराम् (मृतवत्साम्) मृतबालकाम्। शोकग्रस्तामित्यर्थः (उपेयिम) उप+आङ्–ईयिम। वयं प्राप्तवन्तः (अपैतु) दूरे गच्छतु (सर्वम्) (मत्) मत्तः (पापम्) अनिष्टं दुःखम् (द्रविणम्) बलम् (मा) माम् (उप तिष्ठतु) प्राप्नोतु ॥

यत् । ते । पितृ-भ्यः । ददतः । यज्ञे । वा । नाम । जगृहुः ॥ सम्-देश्यात् । सर्वस्मात् । पापात् । इमाः । मुञ्चन्तु । त्वा । ओषधीः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(यत्) यदि (यज्ञे) यज्ञ [श्रेष्ठ कर्म करने] में (पितृभ्यः) पितरों [माता पिता आचार्य आदि] को (ददतः) दान करते हुये (ते) तेरा (नाम वा) नाम (जगृहुः) उन्होंने लिया है । (सर्वस्मात्) [उनके] प्रत्येक (संदेश्यात्) अभीष्ट (पापात्) पाप से (इमाः) यह (औषधीः) ओषधियां [ओषधि रूप दुःख नाशक विद्वान् पुरुष] (त्वा) तुझको (मुञ्चन्तु) मुक्त करें ॥ ११ ॥

भावार्थ—यदि कोई पुरुष किसी सत्पुरुष को दान आदि शुभकर्म में मिथ्या दोष लगावें, विद्वान् लोग यथायोग्य अनुसन्धान करके उस दोष से उसे मुक्त करें ॥ ११ ॥

देवैनसात् पित्र्यान्नामग्राहात् संदेश्यादभिनिष्कृतात् । मुञ्चन्तु त्वा वीरुधो वीर्येण ब्रह्मणा ऋग्भिः पयस ऋषीणाम् १२

देव-एनसात् । पित्र्यात् । नाम-ग्राहात् । सम्-देश्यात् । अभि-निष्कृतात् ॥ मुञ्चन्तु । त्वा । वीरुधः । वीर्येण । ब्रह्मणा । ऋक्-भिः । पयसा । ऋषीणाम् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(देवैनसात्) विजयी पुरुषों के लिये पाप से, (पित्र्यात्) पितरों [माता पिता गुरु आदि] के लिये पाप से, (संदेश्यात्) अभीष्ट और

११—(यत्) यदि (ते) तव (पितृभ्यः) मातापितृगुर्वादिभ्यः (ददतः) दानशीलस्य (यज्ञे) धर्मकर्मणि (वा) पादपूरणे (नाम) मिथ्यापवादम् (जगृहुः) गृहीतवन्तः । आरोपितवन्तः (सन्देश्यात्) दिश दाने-ण्यत् । अभिलषितात् । अभीष्टात् (सर्वस्मात्) (पापात्) (इमाः) (मुञ्चन्तु) वियोजयन्तु (त्वा) (ओषधीः) ओषधयः । ओषधिवत् तापनाशका विद्वांसः ॥

१२–(देवैनसात्) विजिगीषून् प्रति पापात् (पित्र्यात्) अ० ६ । १२० । २ । पितॄन् प्रति पापात् (नामग्राहात्) मिथ्यापवादात् (संदेश्यात्) म० ११ । अभी-

(अभिनिष्कृतात्) प्रतिकूल सिद्ध किये हुये (नामग्राहात्) नामग्रहण से (वीरुधः) ओषधें [ओषधिसमान उपकारी लोग] (त्वा) तुझ को (वीर्येण) अपने सामर्थ्य द्वारा, (ब्रह्मणा) तप द्वारा, (ऋग्भिः) वेदवाणियों द्वारा और (ऋषीणाम्) ऋषियों के (पयसा) ज्ञान द्वारा (मुञ्चन्तु) मुक्त करें ॥ १२ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग दुष्कर्मियों को धर्मानुसार दण्ड देकर और यथावत् वेदादि शास्त्रों के उपदेश से उनको उनके दुष्ट स्वभावों से छोड़ावें ॥१२॥

यथा वातश्च्यावयति भूम्या रेणुमन्तरिक्षाच्चाभ्रम् ।
एवा मत् सर्वं दुर्भूतं ब्रह्मनुत्तमपायति ॥ १३ ॥

यथा । वातः । च्यवयति । भूम्याः । रेणुम् । अन्तरिक्षात् । च । अभ्रम् ॥ एव । मत् । सर्वम् । दुः-भूतम् । ब्रह्म-नुत्तम् । अप । अयति ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (वातः) वायु (भूम्याः) भूमि से (रेणुम) रेणु [धूलि] को (च) और (अन्तरिक्षात्) आकाश से (अभ्रम्) मेघ को (च्यावयति) सरका देता है । (एव) वैसे ही (मत्) मुझ से (सर्वम्) सब (ब्रह्मनुत्तम्) ब्राह्मणों द्वारा हटाया गया (दुर्भूतम्) पाप (अप-अयति) दूर चला जावे ॥ १३ ॥

भावार्थ—मनुष्य सदुपदेश पाकर पाप कर्म छोड़ने में शीघ्रता करे ॥१३॥

अप क्राम नानदती विनद्धा गर्दभीव ।
कर्तॄन् नक्षस्वेतो नुत्ता ब्रह्मणा वीर्यावता ॥ १४ ॥

ष्टात् (अभिनिष्कृतात्) प्रतिकूलं साधितात् (मुञ्चन्तु) (त्वा) (वीरुधः) ओषधिवदुपकारिणः (वीर्येण) स्वसामर्थ्येन (ब्रह्मणा) तपसा (ऋग्भिः) वेदवाग्भिः (पयसा) पय गतौ—असुन् । ज्ञानेन (ऋषीणाम्) कृतसाक्षात्धर्मणाम् ॥

१३—(यथा) येन प्रकारेण (वातः) वायुः (च्यावयति) अपगमयति (भूम्याः) (रेणुम्) अजिवृरीभ्यो निच्च । उ० ३ । ३८ । री गतिरेषणयोः—णु । धूलिम् (अन्तरिक्षात्) अकाशात् (च) (अभ्रम्) मेघम् (एव) एवम् (मत्) मत्तः (सर्वम्) (दुर्भूतम्) पापम् । दुःखम् (ब्रह्मनुत्तम्) ब्रह्मभिर्वेदविद्भिः प्रेरितम् (अप अयति) नश्यतु ॥

अप॑ । क्रा॒म॒ । नान॑दती । वि-न॑द्धा । ग॒र्द॒भी-इ॑व ॥
क॒र्तॄन् । न॒क्ष॒स्व॒ । इ॒तः । नु॒त्ता । ब्रह्म॑णा । वी॒र्य॑-वता ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(विनद्धा) खुली हुई, (गर्दभी इव) गदही के समान (नानदती) अति रेंकती हुई तू (अप काम) भाग जा । (वीर्यवता) पराक्रमी (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञानी करके (इतः) यहां से (नुत्ता) निकाली हुई तू (कर्तॄन्) हिंसकों में (नक्षस्व) पहुंच ॥ १४ ॥

भावार्थ—नीति निपुण लोगों के उपाय से हिंसक लोग आपस में विरोध करके निर्बल हो जावें ॥ १४ ॥

अ॒यं पन्थाः॑ कृ॒त्येति॑ त्वा नयामोऽभि॒प्र॒हि॑तां॒ प्रति॑ त्वा॒ प्र हि॑ण्मः । तेना॒भि या॑हि भञ्ज॒त्यन॑स्वतीव वा॒हिनी॑ वि॒श्वरू॑पा कुरू॒टिनी॑ ॥ १५ ॥

अ॒यम् । पन्थाः॑ । कृ॒त्ये॒ । इति॑ । त्वा॒ । न॒या॒मः॒ । अ॒भि॒-प्र॒हि॑ताम् । प्रति॑ । त्वा॒ । प्र । हि॒ण्म॒ः ॥ तेन॑ । अ॒भि । या॒हि॒ । भ॒ञ्जती॑ । अन॑स्वती-इव । वा॒हिनी॑ । वि॒श्व-रू॑पा । कु॒रू॒टिनी॑ ॥ १५ ॥

भाषार्थ—"(कृत्ये) हे हिंसा ! [अर्थात् हिंसक] (अयम् पन्थाः इति) यह मार्ग है"—(त्वा) तुझे (नयामः) हम ले चलते हैं, (अभिप्रहिताम्) [हमारे] प्रतिकूल भेजी हुई (त्वा) तुझ को (प्रति) उलटा (प्र हिण्मः) हम हटाते हैं । (तेन) उसी [मार्ग] से (भञ्जती) टूटती हुई तू [उन पर]

१४—(अप क्राम) दूरं गच्छ (नानदती) णद अव्यक्ते शब्दे यङ्लुकि-शतृ । भृशं ध्वनिं कुर्वती (विनद्धा) वियुक्ता (गर्दभी) गर्द रवे—अभच् । रासभी (इव) यथा (कर्तॄन्) म० ३ । हिंसकान् (नक्षस्व) गच्छ (इतः) अस्मात् स्थानात् (नुत्ता) बहिष्कृता (ब्रह्मणा) चतुर्वेदिना (वीर्यवता) पराक्रमिणा ॥

१५—(अयम्) (पन्थाः) मार्गः (कृत्ये) हे हिंसाक्रिये (इति) वाक्य-समाप्तौ (त्वा) त्वाम् (नयामः) प्रापयामः (अभिप्रहिताम्) अस्मान् प्रति प्रेषिताम् (प्रति) प्रतिकूलम् (त्वा) (प्र) (हिण्मः) प्रेरयामः (तेन) (अभि याहि) तान् प्रति गच्छ (भञ्जती) भञ्जनं कुर्वती (अनस्वती) रथैर्युक्ता (इव)

(अभि याहि) चढ़ाई कर, (इव) जैसे (अनस्वती) बहुत रथों वाली, (विश्वरूपा) सब अङ्गों [हाथी, घोड़ों आदि] वाली (कुरूटिनी) बांकेपन से रोकनेवाली (वाहिनी) सेना [चढ़ाई करती है] ॥ १५ ॥

भावार्थ—नीतिमान् सेनापति अपने पराक्रम से शत्रुसेना में शीघ्र हलचल मचा देवे कि वे आपस में लड़ने लगें ॥ १५ ॥

परा॒क् ते॒ ज्योति॒रप॑थं ते अ॒र्वाग॒न्यत्रा॒स्मदय॑ना कृणुष्व ।
परे॒णेहि न॒वतिं॑ ना॒व्याऽ३॒ अति॑ दु॒र्गाः स्रो॒त्या मा क्ष॑णिष्ठाः परे॑हि ॥ १६ ॥

परा॑क् । ते॒ । ज्योति॑ः । अप॑थम् । ते॒ । अ॒र्वाक् । अ॒न्यत्र॑ । अ॒स्मत् । अय॑ना । कृ॒णु॒ष्व॒ ॥ परे॑ण । इ॒हि॒ । न॒व॒तिम् । ना॒व्याः । अति॑ । दुः॒-गाः । स्रो॒त्याः । मा । क्ष॒णि॒ष्ठाः॒ । परा॑ । इ॒हि॒ ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(पराक्) आगे की ओर (ते) तेरे लिये (ज्योतिः) ज्योति [अग्नि आदि प्रकाश] है, (अर्वाक्) इस ओर (ते) तेरे लिये (अपथम्) मार्ग नहीं है, (अस्मत्) हम से (अन्यत्र) दूसरे स्थान में [अपने] (अयना) मार्गों को (कृणुष्व) कर। (परेण) दूसरे [मार्ग] से (नवतिम्) नव्वे [अर्थात् अनेक] (दुर्गाः) बड़ी कठिन, (नाव्याः) नावों से उतरने योग्य (स्रोत्याः) नदियों को (अति) पार करके (इहि) जा, [हमको] (मा क्षणिष्ठाः) मत घायल कर, (परा इहि) हट जा ॥ १६ ॥

यथा (वाहिनी) सेना (विश्वरूपा) सर्वाङ्गोपेता (कुरूटिनी) कु + रुट प्रतिघाते भाषायां च-क, इनि, ङीप्, छान्दसो दीर्घः। कु कुटिलं प्रतिघातिनी, अवरोधिका ॥

१६—(पराक्) अभिमुखम् (ते) तुभ्यम् (ज्योतिः) प्रकाशः (अपथम्) पथो विभाषा। पा० ५।४।७२। नञ् + पथिन्-अप्रत्ययः। अपथं नपुंसकम्। पा० २।४।३०। इति नपुंसकम्। मार्गाभावः। कुमार्गः (ते) तुभ्यम् (अर्वाक्) अवरदेशे (अन्यत्र) (अस्मत्) (अयना) मार्गान् (कृणुष्व) कुरु (परेण)

भावार्थ—चतुर सेनापति उचित व्यूह रचना से शत्रु सेना को आग्नेय आदि अस्त्र शस्त्रों द्वारा आगे पीछे से रोक दे और अपने बचाने के लिये पार्श्व मार्ग से उसे निकल जाने दे ॥ १६ ॥

वातं इव वृक्षान् नि मृ॑णीहि पादय मा गामश्वं पुरु॑षमुच्छिष एषाम् । कर्तॄन् निवृत्येतः कृत्येऽप्रजास्त्वाय बोधय ॥ १७ ॥

वातः-इव । वृक्षान् । नि । मृणीहि । पादय । मा । गाम् । अश्वम् । पुरुषम् । उत् । शिषः । एषाम् ॥ कर्तॄन् । नि-वृत्य । इतः । कृत्ये । अप्रजाः-त्वाय । बोधय ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(कर्तॄन्) हिंसकों को (नि मृणीहि) मार डाल और (पादय=पातय) गिरा दे, (वातः इव) जैसे वायु (वृक्षान्) वृक्षों को, (एषाम्) इनकी (गाम्) गौ, (अश्वम्) घोड़ा और (पुरुषम्) पुरुष को (मा उत् शिषः) मत छोड़ । (कृत्ये) हे हिंसा शील ! (इतः) यहां से (निवृत्य) लौट कर (अप्रजास्त्वाय) [उनकी] प्रजा [पुत्र, पौत्र, सेवक आदि] की हानि के लिये [उन्हें] (बोधय) जगा दे ॥ १७ ॥

भावार्थ—सेनापति शत्रुओं को ऐसा हरा देवे कि वे सर्वथा उपायहीन और राज्यहीन हो जावें ॥ १७ ॥

यां ते बर्हिषि यां श्मशाने क्षेत्रे कृत्यां वलगं वा निचख्नुः ।

यथा (इहि) गच्छ (नवतिम्) बह्वीः—इत्यर्थः (नाव्याः) अ० ८ । ५ । ६ । नौभिर्तार्याः (अति) अतीत्य (दुर्गाः) दुर्गमनीयाः (स्रोत्याः) अ० १ । ३२ । ३ । जलप्रवाहाः (मा क्षणिष्ठाः) क्षणु हिंसायाम्-लुङ् । मा हिंसीः (परा इहि) दूरं गच्छ ॥

१७-(वातः) (इव) (वृक्षान्) (नि) नितराम् (मृणीहि) मारय (पादय) तस्य दः । पातय (मा उत् शिषः) । अ० ६ । १२७ । १ । मोच्छेषय (गाम्) (अश्वम्) (पुरुषम्) (एषाम्) हिंसकानाम् (कर्तॄन्) म० ३ । हिंसकान् (निवृत्य) परागत्य (इतः) अस्मात् स्थानात् (कृत्ये) हे हिंसा-क्रिये (अप्रजास्त्वाय) अ० ८ । ६ । २६ । पुत्रपौत्रसेवकादिराहित्याय (बोधय) विज्ञापय ॥

अग्नौ वा त्वा गार्हपत्येऽभिचेरुः पाकं सन्तं धीरतरा अनागसम् ॥ १८ ॥

याम् । ते । बर्हिषि । याम् । श्मशाने । क्षेत्रे । कृत्याम् । वलगम् । वा । नि-चख्नुः ॥ अग्नौ । वा । त्वा । गार्ह-पत्ये । अभिचेरुः । पाकम् । सन्तम् । धीर-तराः । अनागसम् ॥ १८ ॥

उपाहृतमनुबुद्धं निखातं वैरं त्सार्यन्वविदाम कर्त्रम् । तदेतु यत आभृतं तत्राश्व इव वि वर्ततां हन्तु कृत्याकृतः प्रजाम् १९

उप-आहृतम् । अनु-बुद्धम् । नि-खातम् । वैरम् । त्सारि । अनु । अविदाम । कर्त्रम् ॥ तत् । एतु । यतः । आ-भृतम् । तत्र । अश्वः-इव । वि । वर्तताम् । हन्तु । कृत्या-कृतः । प्र-जाम् ॥ १९ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्य !] (याम् याम्) जिस जिस (कृत्याम्) हिंसा क्रिया को (वा) अथवा (वलगम्) गुप्त कर्म को (ते) तेरे (बर्हिषि) जल में, (श्मशाने) मरघट में [अथवा] (क्षेत्रे) खेत में (धीरतराः) धीरों के दबाने वालों ने (निचख्नुः) दबा दिया है। (वा) अथवा (गार्हपत्ये) गृहपतियों करके संयुक्त (अग्नौ) अग्नि में (पाकम्) परिपक्व स्वभाववाले, (सन्तम्) सन्त [सदाचारी] और (अनागसम्) निर्दोषी (त्वा) तेरे (अभिचेरुः) उन्होंने विरुद्ध आचरण किया है ॥ १८ ॥

१८—(याम्) (ते) तव (बर्हिषि) अ० ५ । २२ । १ । जले—निघ० १ । १२ (याम्) (श्मशाने) अ० ५ । ३१ । ८ । शवदाहस्थाने (क्षेत्रे) शस्योत्पत्तिस्थाने (कृत्याम्) हिंसाम् (वलगम्) अ० ५ । ३१ । ४ । आच्छादनम् । गुप्तकर्म (वा) (निचख्नुः) अ० ५ । ३१ । ८ । निखातवन्तः (अग्नौ) (वा) (त्वा) (गार्हपत्ये) अ० ६ । १२० । १ । गृहपतिभिः संयुक्ते (अभिचेरुः) अ० ५ । ३० । २ । दुष्कृतवन्तः (पाकम्) अ० ६ । ६ । २२ । परिपक्वमनस्कम् (सन्तम्) सदाचारिणम् (धीरतराः) धीर+तॄ प्लवने अभिभवे च—अच् । धीराणां बुद्धिमतामभिभवितारः (अनागसम्) अ० ७ । ६ । ३ । अनपराधिनम् ॥

[उस] (अनुबुद्धम्) ताक लगाये गये, (उपाहृतम्) प्रयोग किये गये, (निखातम्) दबाये गये [सुरंग, गढ़े आदि में छिपाये गये] (वैरम्) वैर रूप (त्सारि) टेढ़े (कर्त्रम्) कटार को (अनु अविदाम) हमने ढूंढ़ लिया है। (तत्) वह (एतु) चला जावे, (यतः) जहां से (आभृतम्) लाया गया है, (तत्र) वहां पर (अश्वः इव) घोड़े के समान (वि वर्तताम्) लोट जावे, (कृत्याकृतः) हिंसा करने वाले की (प्रजाम्) प्रजा [पुत्र, पौत्र, भृत्य आदि] को (हन्तु) मारे ॥ १९ ॥

भावार्थ—जो शत्रु लोग जल आदि के उपयोगी स्थानमें प्रकट वा गुप्त खाई, सुरंग आदि बनाकर हानिकारक क्रिया करें, चतुर सेनापति उन का खोज लगाकर उनको वैसी ही क्रियाओंसे विध्वंस करे ॥ १८, १९ ॥

इन मन्त्रों का मिलान करो—अथर्व० ५। ३१। ८, ९ ॥

स्वायसा असयः सन्ति नो गृहे विद्मा ते कृत्ये यतिधा परूंषि। उत्तिष्ठैव परेहीतोऽज्ञाते किमिहेच्छसि ॥ २० ॥ (२)

सु-आयसाः। असयः। सन्ति। नः। गृहे। विद्म। ते। कृत्ये। यति-धा। परूंषि ॥ उत्। तिष्ठ। एव। परा। इहि। इतः। अज्ञाते। किम्। इह। इच्छसि ॥ २० ॥ (२)

भाषार्थ-(स्वायसाः) सुन्दर रीतिसे लोहे की बनी (असयः) तलवारें (नः गृहे) हमारे घर में (सन्ति) हैं, (कृत्ये) हे हिंसा क्रिया ! (ते)

१९—(उपाहृतम्) प्रयुक्तम् (अनुबुद्धम्) अनुक्रमेण विचारितम् (निखातम्) खनित्वा स्थापितम् (वैरम्) द्वेषम् (त्सारि) त्सर छद्मगतौ—णिनि। वक्रम् (अनु) अनुसन्धानेन (अविदाम) विद्लृ लाभे—लुङ्। वयंप्राप्तवन्तः (कर्त्रम्) सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्। उ० ४। १५९ । कृती छेदने—ष्ट्रन्, तलोपः। यद्वा, कृञ् हिंसायाम्—ष्ट्रन्। कर्तनायुधम् । कृपाणम (तत्) (एतु) (यतः) यस्मात् (आभृतम्) आहृतम् (तत्र) (अश्वः इव) (वि वर्तताम्) विविधं वर्तनं करोतु (हन्तु) (कृत्याकृतः) म० २। हिंसाकारकस्य (प्रजाम्) पुत्रपौत्रभृत्यादिरूपाम् ॥

२०-(स्वायसाः) अयस्—अण्। सु सुष्ठु अयसा लौहेन निर्मिताः (असयः) तरवारयः (सन्ति) (नः) अस्माकम् (गृहे) (विद्म) जानीमः

तेरे (परूंषि) जोड़ों को, (यतिधा) जितने प्रकार के हैं, (विद्म) हम जानते हैं। (एव) बस (उत् तिष्ठ) खड़ी होजा, (इतः) यहां से (परा इहि) चली जा, (अज्ञाते) हे अपरिचित ! तू (इह) यहां (किम) क्या (इच्छसि) चाहती है ॥ २० ॥

भावार्थ—सेनापति अच्छे २ अस्त्र शस्त्रों से शत्रुओं के अस्त्र शस्त्र और सेना का नाश करे, और अनजान पुरुष को न आने दे ॥ २० ॥

ग्रीवास्ते॑ कृत्ये॒ पादौ॒ चापि॑ कर्त्स्यामि॒ निर्द्र॑व ।
इन्द्रा॒ग्नी अ॒स्मान् र॑क्षतां॒ यौ प्र॒जानां॑ प्र॒जाव॑ती ॥ २१ ॥

ग्रीवाः । ते॒ । कृत्ये॒ । पादौ॑ । च॒ । अपि॑ । कर्त्स्या॒मि॒ । निः । द्र॒व॒ ॥ इन्द्रा॒ग्नी इति॑ । अ॒स्मान् । र॒क्ष॒ता॒म् । यौ । प्र॒-जाना॑म् । प्र॒जाव॑ती॒ इति॑ प्र॒जा-व॑ती ॥ २१ ॥

भाषार्थ-(कृत्ये) हे हिंसा क्रिया ! (ते) तेरी (ग्रीवाः) ग्रीवा की नाड़ियों (च) और (पादौ) दोनों पैरों को (अपि) भी (कर्त्स्यामि) मैं काटूंगा, (निः द्रव) निकल जा। (इन्द्राग्नी) वायु और अग्नि [के समान राजा और मन्त्री] (अस्मान्) हमारी (रक्षताम्) रक्षा करें, (यौ) जो दोनों (प्रजानाम्) प्रजाओं के बीच (प्रजावती) श्रेष्ठ प्रजा वाली [माता के तुल्य हैं] ॥ २१ ॥

भावार्थ—राजा और मन्त्री दुराचारियों के गले और पदादि अङ्ग कटवा कर प्रजा की सदा रक्षा करें ॥ २१ ॥

(ते) तव (कृत्ये) हे हिंसाक्रिये (यतिधा) यत्प्रकाराणि (परूंषि) ग्रन्थीन् (उत्तिष्ठ) (एव) अवश्यम् (परेहि) (इतः) (अज्ञाते) हे अपरिचिते हिंसे (किम्) (इह) (इच्छसि) आकाङ्क्षसि ॥

२१—(ग्रीवाः) कण्ठनाडीः (ते) तव (कृत्ये) हे हिंसाक्रिये (पादौ, च, अपि) (कर्त्स्यामि) छेत्स्यामि (निर्द्रव) निर्गच्छ (इन्द्राग्नी) वाय्वग्नि-तुल्यौ राजमन्त्रिणौ (अस्मान्) प्रजागणान् (रक्षताम्) (यौ) (प्रजानाम्) प्रजानां मध्ये (प्रजावता) श्रेष्ठप्रजायुक्ता माता यथा ॥

सोमो राजाधिपा मृडिता च भूतस्य नः पतयो मृडयन्तु ॥२२॥

सोमः । राजा । अधि-पाः । मृडिता । च । भूतस्य । नः । पतयः । मृडयन्तु ॥ २२ ॥

भाषार्थ (सोमः) ऐश्वर्यवान् (राजा) राजा (अधिपाः) अधिक पालन करने वाला (च) और (मृडिता) सुख देने वाला है, (भूतस्य) संसार के (पतयः) पालन करने वाले [राजपुरुष] (नः) हमें (मृडयन्तु) सुख देते रहें ॥ २२ ॥

भावार्थ—राजा और राजपुरुष प्रजा को सुख पहुंचाने में सदा तत्पर रहें ॥ २२ ॥

भवाशर्वावस्य ताम् पापकृते कृत्याकृते ।
दुष्कृते विद्युतं देवहेतिम् ॥ २३ ॥

भवाशर्वौ । अस्यताम् । पाप-कृते । कृत्या-कृते ॥
दुः-कृते । वि-द्युतम् । देव-हेतिम् ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(भवाशर्वौ) सुख देने वाले और दुःख नाश करने वाले [राजा और मन्त्री दोनों] (पापकृते) पाप करने वाले (कृत्याकृते) हिंसा करने वाले और (दुष्कृते) दुष्कर्मी पुरुष के लिये (देवहेतिम्) विद्वानों के वज्र (विद्युतम्) बिजुली [के शस्त्र] को (अस्यताम्) गिरावें ॥ २३ ॥

भावार्थ—राजा और मन्त्री दुष्टों को यथावत् दंड देकर प्रजा में शांति रक्खें ॥ २३ ॥

२२—(सोमः) ऐश्वर्यवान् (राजा) शासकः (अधिपाः) अधिकपालकः (मृडिता) सुखयिता (च) (भूतस्य पतयः) संसारस्य पालका राजपुरुषाः (नः) अस्मान् (मृडयन्तु) सुखयन्तु ॥

२३—(भवाशर्वौ) अ० ८ । २ । ७ । सुखस्य भावयिता कर्ता भवो राजा, दुःखस्य शरिता नाशकः शर्वो मन्त्री च तौ (अस्यताम्) प्रेरयताम् (पापकृते) पापकारिणे (कृत्याकृते) म० २ । हिंसाकारिणे (दुष्कृते) दुष्कर्मिणे (विद्युतम्) अशनिरूपं शस्त्रम् (देवहेतिम्) विदुषां वज्रम् ॥

यद्येयथं द्विपदी चतुंष्पदी कृत्याकृता संभृता विश्वरूपा ।
सेतोऽष्टापंदी भूत्वा पुनः परेहि दुच्छुने ॥ २४ ॥

यदि । आ-इयथं । द्वि-पदी । चतुंः-पदी । कृत्या-कृता । सम्-भृता विश्व-रूपा ॥ सा । इतः । अष्टा-पंदी । भूत्वा । पुनः । परा । इहि । दुच्छुने ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(यदि) जो (कृत्याकृता) हिंसा करने वाले पुरुष द्वारा (संभृता) साधी गयी, (विश्वरूपा) अनेक रूप वाली [हिंसा] (द्विपदी) दोनों [स्त्री पुरुष समूह] में गति वाली, (चतुष्पदी) चारों [ब्रह्मचर्य,गृहस्थ, वानप्रस्थ,सन्यासाश्रम] में पद वाली और (अष्टापदी) आठों [चार पूर्व आदि और चार आग्नेय आदि मध्य दिशाओं] में व्याप्ति वाली (भूत्वा) होकर (एयथ) तू आयी है । (सा) सो (दुच्छुने) हे दुष्टगति वाली ! तू (इतः) यहां से (पुनः) लौटकर (परा इहि) चली जा ॥ २४ ॥

भावार्थ—स्त्री पुरुषों में हिंसा कर्म बढ़ने से आश्रम व्यवस्था टूटकर संसार में दुःख फैलता है, इससे बुद्धिमान् राजा हिंसा को सदा नष्ट करे ॥२४

अभ्यंक्ताक्ता स्वरंकृता सर्वं भरन्ती दुरितं परेहि ।
जानीहि कृत्ये कर्तारं दुहितेवं पितरं स्वम् ॥ २५ ॥

अभि-अंक्ता । आ-अंक्ता । सु-अरंकृता । सर्वंम् । भरन्ती । दुः-इतम् । परा । इहि ॥ जानीहि । कृत्ये । कर्तारंम् । दुहिता-इंव । पितरंम् । स्वम् ॥ २५ ॥

२४—(यदि) सम्भावनायाम् (एयथ) आ + इण् गतौ–लिट् । एयेथ । त्वमागतवती (द्विपदी) द्वयोः स्त्रीपुरुषसमूहयोर्मध्ये पदं गमनं यस्याः सा (चतुष्पदी) चतुर्षु ब्रह्मचर्याद्याश्रमेषु पदं स्थितिर्यस्याः सा (कृत्याकृता) म० २ । हिंसाकारकेण (संभृता) निष्पादिता (विश्वरूपा) अनेकविधा (सा) सा त्वम् (इतः) अस्मात् स्थानात् (अष्टापदी) अष्टसु चतसृषु पूर्वादिदिक्षु आग्नेयादिमध्यदिक्षु च पदं व्याप्तिर्यस्याः सा (भूत्वा) (पुनः) पश्चात् (परेहि) निर्गच्छ (दुच्छुने) अ० ५ । १७ । ४ । हे दुष्टगते।

भाषार्थ--(अभ्यक्ता) मली गयी, (आक्ता) चिकनी की गयी, (स्व-रङ्कृता) भले प्रकार सजाई गयी, (सर्वम्) प्रत्येक (दुरितम्) सङ्कट को (भरन्ती) धारण करती हुयी तू (परा इहि) चली जा। (कृत्ये) हे हिंसा! तू (कर्तारम्) अपने बनाने वाले को (जानीहि) जान, (इव) जैसे (दुहिता) पुत्री (स्वम् पितरम्) अपने पिता को [जानती है] ॥ २५ ॥

भावार्थ--जो शत्रु लोग छल करके दुःख देनेवाली क्रिया को सुखदायी दिखावें, विद्वान् उस भेद को जानकर दुष्टों को दंड देवें ॥ २५ ॥

परे॑हि कृत्ये॒ मा ति॑ष्ठो वि॒द्धस्ये॑व प॒दं न॑य।

मृ॒गः स मृ॑ग॒युस्त्वं न त्वा॒ निक॑र्तु॒मर्ह॑ति ॥ २६ ॥

परा॑। इ॒हि॒। कृ॒त्ये॒। मा। ति॒ष्ठः॒। वि॒द्धस्य॑-इव। प॒दम्। न॒य॒॥

मृ॒गः। सः। मृ॒ग॒-युः। त्वम्। न। त्वा॒। नि-क॑र्तु॒म्। अर्ह॑ति॒ २६

भाषार्थ—(कृत्ये) हे हिंसा! (परा इहि) चली जा, (मा तिष्ठः) मत खड़ी हो, (विद्धस्य) घायल के [पद से] (इव) जैसे (पदम्) ठिकाने को (नय) पाले।

[हे शूर!] (सः) वह [शत्रु] (मृगः) मृग [समान है], और (त्वम्) तू (मृगयुः) व्याध [समान है], वह (त्वा) तुझ को (न) नहीं (निकर्तुम् अर्हति) गिरा सकता है ॥ २६ ॥

भावार्थ—राजा प्रयत्न पूर्वक अन्वेषण करके दुराचारियों का खोज लगावे, जैसे व्याध घायल आखेट के रुधिर चिन्ह से उसे ढूंढ़ लेता है ॥२६॥
मनु महाराज कहते हैं—अध्याय ८ श्लोक ४४ ॥

२५--(अभ्यक्ता) अञ्जू-क्त। अभितो मर्दिता (आक्ता) आङ् अञ्जू-क्त। समन्तात् स्निग्धा (स्वरङ्कृता) सुभूषिता (सर्वम्) (भरन्ती) धरन्ती (दुरितम्) कष्टम् (परेहि) (जानीहि) (कृत्ये) हे हिंसाक्रिये (कर्तारम्) रचयितारम् (दुहिता इव) पुत्री यथा (पितरम्, स्वम्) ॥

२६—(परेहि) निर्गच्छ (कृत्ये) हे हिंसे (मा तिष्ठः) (विद्धस्य) व्यध ताडने-क्त। प्रहृतस्य (इव) (पदम्) स्थानम् (नय) प्राप्नुहि (मृगः) (सः) शत्रुः (मृगयुः) मृगय्वादयश्च। उ० १। ३७। मृग+या प्रापणे-कु। व्याधः (त्वम्) (न) निषेधे (त्वा) (निकर्तुम्) अभिभवितुम् (अर्हति) युज्यते ॥

यथा नयत्यसृक्पातैर्मृगस्य मृगयुः पदम् ।
नयेत्तथाऽनुमानेन धर्मस्य नृपतिः पदम् ॥ १ ॥

जैसे व्याध रुधिर के गिरने से मृग का ठिकाना पालेता है, वैसे ही राजा अनुमान से धर्म का ठिकाना पावे ॥ १ ॥

उत हंन्ति पूर्वासिनं प्रत्यादायापर इष्वा ।
उत पूर्वस्य निघ्नतो नि हन्त्यपरः प्रति ॥ २७ ॥

उत । हन्ति । पूर्व-आसिनम् । प्रति-आदाय । अपरः । इष्वा ॥
उत । पूर्वस्य । नि-घ्नतः । नि । हन्ति । अपरः । प्रति ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(अपरः) अति श्रेष्ठ [बड़ा सावधान पुरुष] (उत) ही (पूर्वासिनम्) पहिले [चोट] चलाने वाले को (प्रत्यादाय) उलटा पकड़कर (इष्वा) तीर से (हन्ति) मारता है । (अपरः) अति श्रेष्ठ (उत) ही (पूर्वस्य निघ्नतः) पहिले चोट मारने वाले का (प्रति) बदले में (नि) निरन्तर (हन्ति) हनन करता है ॥ २७ ॥

भावार्थ—सावधान दूरदर्शी पुरुष शत्रु की चोट लगने से पहिले ही उसे मारता है, और वीर मनुष्य ही वैरी की चोट से बचकर उसका ही हनन करता है ॥ २७ ॥

एतद्धि शृणु मे वचोऽथेहि यत एयथ ।
यस्त्वा चकार तं प्रति ॥ २८

एतत् । हि । शृणु । मे । वचः । अथ । इहि । यतः । आ-इयथ ॥ यः । त्वा । चकार । तम् । प्रति ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(मे) मेरे (एतत्) इस [निर्णय सूचक] (वचः) वचन

२७—(उत) एव (हन्ति) (पूर्वासिनम्) पूर्व + असु क्षेपणे—णिनि । पूर्वशस्त्रक्षेप्तारम् (प्रत्यादाय) प्रतिकूलं गृहीत्वा (अपरः) नास्ति परः श्रेष्ठो यस्मात् सः । अनुत्तमः । अतिसावधानः (इष्वा) बाणेन (उत) (पूर्वस्य) अग्रवर्त्तिनः (निघ्नतः) नितरां हननं कुर्वतः (नि) निरन्तरम् (हन्ति) (अपरः) अतिसावधानः (प्रति) प्रतिकूलत्वेन ॥

२८—(एतत्) इदं निर्णयसूचकम् (हि) अवश्यम् (शृणु) (मे) मम

को (हि) अवश्य (शृणु) सुन, (अथ) फिर (इहि) जा (यतः) जहां से (एयथ) तू आयी है। (यः) जिसने (त्वा) तुझे (चकार) बनाया है (तम् प्रति) उसके पास [जा] ॥ २८ ॥

भावार्थ—राजा निर्णय पूर्वक अपराधी को दोष बताकर दोष के अनुसार दण्ड देवे ॥ २८ ॥

अनागोहत्या वै भीमा कृत्ये मा नो गामश्वं पुरुषं वधीः ।
यत्रंयत्रासि निहिता ततस्त्वोत्थापयामसि पर्णाल्लघीयसी भव २९

अनागः-हत्या । वै । भीमा । कृत्ये । मा । नः । गाम् । अश्वम् । पुरुषम् । वधीः ॥ यत्रं-यत्र । असि । नि-हिता । ततः । त्वा । उत् । स्थापयामसि । पर्णात् । लघीयसी । भव २९

भाषार्थ—(कृत्ये) हे हिंसा क्रिया ! (अनागोहत्या) निर्दोषी की हत्या (वै) अवश्य (भीमा) भयानक है, (नः) हमारी (गाम्) गौ, (अश्वम्) घोड़े और (पुरुषम्) पुरुष को (मा वधीः) मत मार। (यत्रयत्र) जहां जहां पर तू (निहिता) गुप्त रक्खी गयी (असि) है, (ततः) वहां से (त्वा) तुझ को (उत् स्थापयामसि) हम उठाये देते हैं, तू (पर्णात्) पत्ते से (लघीयसी) अधिक हलकी (भव) होजा ॥ २९ ॥

भावार्थ—राजा विचार पूर्वक अनपराधियों के गुप्तरीति से सताने वाले दुराचारियों को उचित दण्ड देकर अपने वश में रक्खे ॥ २९ ॥

यदि स्थ तमसावृता जालेनाभिहिता इव ।
सर्वाः संलुप्येतः कृत्याः पुनः कर्त्रे प्र हिण्मसि ॥ ३० ॥

(वचः) वचनम् (अथ) तदा (इहि) गच्छ (यतः) यस्मात् स्थानात् (एयथ) आङ् + इण् गतौ—लिट्। एयेथ। आगतवती त्वम् (यः त्वा, चकार, तम् प्रति) ॥

२९—(अनागोहत्या) अनपराधिनो घातः (वै) अवश्यम् (भीमा) भयावहा (कृत्ये) हे हिंसाक्रिये (नः) अस्माकम् (गाम्, अश्वम्, पुरुषम्) (मा वधीः) मा हिंसीः (यत्रयत्र) यस्मिंश्चित् स्थाने (असि) (निहिता) गुप्तं स्थापिता (ततः) (त्वा) (उत् स्थापयामसि) उत्थापयामः (पर्णात्) तरुपत्रात् (लघीयसी) लघुतरा (भव) ॥

यदि । स्थ । तमसा । आ-वृता । जालेन । अभिहिताः-इव ॥ सर्वाः । सम्-लुप्य । इतः । कृत्याः । पुनः । कर्त्रे । प्र । हिण्मसि ३०

भाषार्थ—(यदि) जो तुम (तमसा) अन्धकार से (आवृता) ढकलेने वाले (जालेन) जाल से (अभिहिताः इव) बन्धी हुई के समान (स्थ) हो । (इतः) यहां से (सर्वाः) सब (कृत्याः) हिंसा क्रियाओं को (संलुप्य) काट डालकर (पुनः) फिर (कर्त्रे) बनाने के पास (प्र हिण्मसि) हम भेजे देते हैं ॥ ३० ॥

भावार्थ—जो छली मनुष्य दीन अज्ञानियों को फांसकर उनसे अपराध करावें, राजा खोज करके उन बहकाने वालों को उचित दण्ड देवे ॥ ३० ॥

कृत्याकृतो वलगिनोऽभिनिष्कारिणः प्रजाम् ।
मृणीहि कृत्ये मोच्छिषोऽमून् कृत्याकृतो जहि ॥ ३१ ॥

कृत्या-कृतः । वलगिनः । अभि-निष्कारिणः । प्र-जाम् ॥ मृणीहि । कृत्ये । मा । उत् । शिषः । अमून् । कृत्या-कृतः । जहि ३१

भाषार्थ—(कृत्ये) हे कर्तव्य कुशल [सेना !] (कृत्याकृतः) हिंसा करने वाले (वलगिनः) गुप्त कर्म करने वाले और (अभिनिष्कारिणः) विरुद्ध यत्न करने वाले की (प्रजाम्) प्रजा [सेवक आदि] को (मृणीहि) मार डाल, (मा उत् शिषः) मत छोड़, (अमून्) उन (कृत्याकृतः) हिंसा करने वालों को (जहि) नाश कर ॥ ३१ ॥

३०—(यदि, स्थ) (तमसा) अन्धकारेण (आवृता) वृणोतेः-क्विप् तुक् च । आवरकेण (जालेन) पाशेन (अभिहिताः) बद्धाः (इव) (सर्वाः) (संलुप्य) सम्यक् छित्वा (कृत्याः) दोषक्रियाः (इतः) अस्मात् स्थानात् (पुनः) पश्चात् (कर्त्रे) रचयित्रे पुरुषाय (प्र हिण्मसि) प्रेरयामः ॥

३१—(कृत्याकृतः) म० २ । हिंसाकारकस्य (वलगिनः) अ० ५ । ३१ । १२ । गुप्तकर्मकारिणः (अभिनिष्कारिणः) प्रतिकूलयत्नसाधकस्य (प्रजाम्) भृत्यादिरूपाम् (मृणीहि) मारय (कृत्ये) करोतेः क्यप् तुक् च, ततः अर्श-आद्यच्, टाप्, तत्सम्बुद्धौ । हे कृत्ये कर्तव्ये कुशले सेने प्रजे वा (अमून्) (कृत्याकृतः) हिंसाकारकान् (जहि) नाशय ॥

भावार्थ—चतुर सेनापति अपनी सुशिक्षित सेना द्वारा शत्रुओं को दल बल सहित नाश करदे ॥ ३१ ॥

यथा सूर्यो मुच्यते तमसस्परि रात्रिं जहात्युषसंश्च केतून् । एवाहं सर्वं दुर्भूतं कर्त्रं कृत्याकृता कृतं हस्तीव रजो दुरितं जहामि ॥ ३२ ॥ (३)

यथा । सूर्यः । मुच्यते । तमसः । परि । रात्रिम् । जहाति । उषसः । च । केतून् ॥ एव । अहम् । सर्वम् । दुः-भूतम् । कर्त्रम् । कृत्या-कृता । कृतम् । हस्ती-इव । रजः । दुः-इतम् । जहामि ॥ ३२ ॥ (३)

भाषार्थ—(यथा) जैसे (सूर्यः) सूर्य (तमसः परि) अन्धकार में से (मुच्यते) छुटता है और (रात्रिम्) (च) और (उषसः) उषा [प्रभात समय] के (केतून्) चिह्नों को (जहाति) त्यागता है। (एव) वैसे ही (अहम्) मैं (कृत्याकृता) हिंसा करने वाले करके (कृतम्) किये हुये (सर्वम्) सब (दुर्भूतम्) दुष्ट (कर्त्रम्) कर्म को (जहामि) त्यागता हूं, (इव) जैसे (हस्ती) हाथी (दुरितम्) कठिन (रजः) देश को [पार कर जाता है] ॥ ३२ ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि अपनी तीव्र बुद्धि द्वारा दुष्टों की दुष्टता से पार होकर प्रकाशमान और प्रसन्न होवे, जैसे सूर्य अन्धकार को हटाकर प्रकाशमान होता है, अथवा जैसे हाथी कठिन स्थानों को पार कर जाता है ॥ ३२ ॥

३२—(यथा, सूर्यः) (मुच्यते) त्यज्यते (तमसः) अन्धकारात् (परि) पृथक् (रात्रिम्) (जहाति) त्यजति (उषसः) प्रभातवेलायाः (च) (केतून्) चिह्नानि (एव) तथा (अहम्) (सर्वम्) (दुर्भूतम्) दुष्टम् (कर्त्रम्) करोतेः त्रन् । कर्म (कृत्याकृता) म० २ । हिंसाकारिणा (कृतम्) निष्पादितम् (हस्ती, इव) (रजः) लोकम्–निरु० ४ । १६ । देशम् (दुरितम्) दुर्गमनीयम् (जहामि) त्यजामि ॥

सूक्तम् २ ॥

१—३३ ॥ प्रजापतिर्ब्रह्म वा देवता ॥ १-३, ७, ८ त्रिष्टुप्, ४ निचृत् त्रिष्टुप्; ५, ६, १०, १२—२७, २६—३२ अनुष्टुप्; ६ निचृज् जगती; ११ जगती; २८ बृहती; ३३ निचृदनुष्टुप् ॥

मनुष्यशरीरमहिमोपदेशः—मनुष्य शरीर की महिमा का उपदेश ॥

केन॒ पार्ष्णी॒ आभृ॑ते॒ पूरु॑षस्य॒ केन॑ मां॒सं संभृ॑तं॒ केन॑ गु॒ल्फौ । केना॒ङ्गुली॒ः पेश॑नी॒ः केन॒ खानि॒ केनो॑च्छ्ल॒ङ्खौ म॑ध्य॒तः कः प्र॑ति॒ष्ठाम् ॥ १ ॥

केन॑ । पार्ष्णी॒ इति॑ । आभृ॑ते । पुरु॑षस्य । केन॑ । मां॒सम् । सम्-भृ॑तम् । केन॑ । गु॒ल्फौ । केन॑ । अ॒ङ्गुली॑ः। पेश॑नीः। केन॑ । खानि॑ । केन॑ । उ॒त्-श्ल॒ङ्खौ । म॒ध्य॒तः । कः। प्र॒ति॒-स्थाम् ॥१॥

भाषार्थ—(केन) किस करके (पुरुषस्य) मनुष्य की (पार्ष्णी) दोनों एड़ियां (आभृते) पुष्ट की गयीं; (केन) किस करके (मांसम्) मांस (संभृतम्) जोड़ा गया, (केन) किस करके (गुल्फौ)दोनों टकने। (केन) किस करके (पेशनीः) सुन्दर अवयवों वाली (अङ्गुलीः) अङ्गुलियां, (केन) किस करके (खानि) इन्द्रियां, (केन) किस करके (उच्छ्लङ्खौ) दोनों उच्छ्लङ्ख [पांव के तलवे, जोड़े गये], (कः) किस ने [भूगोल के] (मध्यतः) बीचो बीच (प्रतिष्ठाम्) ठिकाना [पांव रखने को, बनाया] ॥ १ ॥

१—(केन) प्रश्ने (पार्ष्णी) अ० २ । ३३ । ५ । गुल्फस्याधोभागौ (आभृते) सम्यक् पोषिते (पुरुषस्य) अ० १ । १६ । ४ । मनुष्यस्य (केन) (मांसम्) शरीरधातुविशेषः (संभृतम्) संयोजितम् (केन) (गुल्फौ) कलिगलिभ्यां फगस्योच्च । उ० ५ । २६ । गल अदने—फक्, अकारस्य उत्वम् । पादग्रन्थी (केन) (अङ्गुलीः) अङ्गुलयः (पेशनीः) पिश अवयवे-ल्युट्, ङीप् । पेशन्यः । उत्तमावयवयुक्ताः (केन) (खानि) खन विदारे-ड । छिद्राणि । इन्द्रियाणि (केन) (उच्छ्लङ्खौ) उत्+श्लकि गतौ-अच् । कस्य खः । द्वे पादतले (मध्यतः) भूगोलमध्य इत्यर्थः (कः) (प्रतिष्ठाम्) (पादाश्रयम्, चकारेतिशेषः ॥

भावार्थ—मन्त्र १-४ प्रश्न हैं। जिज्ञासु सदा खोजता रहे कि मनुष्य का अद्भुत शरीर, अद्भुत अंग, और स्थान आदि किस अद्भुत स्वरूप ने बनाये हैं ॥ १ ॥

कस्मा॒न्नु गु॒ल्फा॒वध॑रावकृण्वन्न॒ष्ठीव॑न्ता॒वुत्त॑रौ॒ पू॑रु॑षस्य। जङ्घे॒ नि॒र्ऋ॑त्य॒ न्य॑दधुः क्व॑ स्वि॒ज्जानु॑नोः॒ सं॒धी क उ॒ तच्चि॑केत ॥२॥

कस्मा॑त्। नु। गु॒ल्फौ। अध॑रौ। अ॒कृ॒ण्व॒न्। अ॒ष्ठी॒वन्तौ॑। उ॒त्ऽत॑रौ। पुरु॑षस्य ॥ जङ्घे॒ इति॑। निः॒ऽऋत्य॑। नि। अ॒द॒धुः। क्व॑। स्वि॒त्। जानु॑नोः। सं॒धी इति॑ स॒म्ऽधी। कः। ऊं॒ इति॑। तत्। चि॒के॒त॒ ॥ २ ॥

भाषार्थ—(कस्मात्) किस [पदार्थ] से (नु) अब (पुरुषस्य) मनुष्य के (अधरौ) नीचे के (गुल्फौ) दोनों टकने और (उत्तरौ) ऊपर के (अष्ठीवन्तौ) दोनों घुटने (अकृण्वन्) उन [ईश्वर गुणों] ने बनाये हैं। (जङ्घे) दोनों टांगों को (निर्ऋत्य) अलग अलग करके (क स्वित्) किसके भीतर (जानुनोः) दोनों घुटनों के (संधी) दोनों जोड़ो को (नि अदधुः) उन्हों ने जमाया, (कः उ) किस ने ही (तत्) उसे (चिकेत) जाना है ॥ २ ॥

भावार्थ—अब यह प्रश्न है कि किस वस्तु से, किस बुद्धिमत्ता से, किस ने मनुष्य देह के अद्भुत अंगों को एक दूसरे में जोड़ा है ॥ २ ॥

२—(कस्मात्) पदार्थात् (नु) इदानीम् (गुल्फौ) म० १। पाद—ग्रन्थी (अधरौ) निम्नौ (अकृण्वन्) कृवि हिंसाकरणयोः। ते परमेश्वरगुणाः कृतवन्तः (अष्ठीवन्तौ) अ० २। ३३। ५। जान्वोः सन्धिस्थाने (उत्तरौ) उपरिभवौ (पुरुषस्य) म०१ (जङ्घे) अ० । ४। ११। १०। गुल्फजान्वोरन्तरालौ अवयवौ (निर्ऋत्य) निर् + ऋ गतौ—ल्यप्। निर्गम्य (नि) दृढम् (अदधुः) धृतवन्तः (क स्वित्) कुत्रचित् (जानुनोः) अ०६। ८। २१। जङ्घोपरिभागयोः (सन्धी) ग्रन्थी (कः) कश्चित् (उ) एव (तत्) प्रयोजनम् (चिकेत) ज्ञानवान् ॥

चतुष्टयं युज्यते संहितान्तं जानुभ्यामूर्ध्वं शिथिरं कबन्धम् ।
श्रोणी यदूरू क उ तज्जजान याभ्यां कुसिन्धं सुदृढं बभूव ॥३॥
चतुष्टयम् । युज्यते । संहित-अन्तम् । जानु-भ्याम् । ऊर्ध्वम् ।
शिथिरम् । कबन्धम् ॥ श्रोणी इति । यत् । ऊरू इति । कः ।
ऊं इति । तत् । जजान । याभ्याम् । कुसिन्धम् । सु-दृढम् ।
बभूव ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(चतुष्टयम्) चार प्रकार से (संहितान्तम्) सटे हुये सिरों वाला, (जानुभ्याम् ऊर्ध्वम्) दोनों घुटनों से ऊपर, (शिथिरम्) शिथिर [ढीला] (कबन्धम्) धड़ (युज्यते) जुड़ता है। (यत्) जो (श्रोणी) दोनों कूल्हे और (ऊरू) दोनों जांघें हैं, (कः उ) किसने ही (तत्) उनको (जजान) उत्पन्न किया, (याभ्याम्) जिन दोनों के साथ (कुसिन्धम्) [चिपचिपा] धड़ (सुदृढम्) बड़ा दृढ़ (बभूव) हुआ है ॥ ३ ॥

भावार्थ—अब यह प्रश्न है कि चार अर्थात् दोनों कूल्हे और दोनों जांघों पर जमे हुये जल वा रुधिर आदि रसों से संयुक्त इस ढीले ढीले शरीर को अनेक नाडियों में कसकर किसने ऐसा दृढ़ बनाया है ॥ ३ ॥

कति देवाः कतमे त आसन् य उरो ग्रीवाश्चिक्युः पूरुषस्य ।

३—(चतुष्टयम) संख्याया अवयवे तयप् । पा० ५ । २ । ४२ । चतुर्—तयप्, रेफस्य विसर्गे सत्वे च कृते। ह्रस्वात्तादौ तद्धिते। पा० ८ । ३ । १०१ । इति षत्वम् । चतुरवयवयुक्तम् (युज्यते) (संहितान्तम्) संधृतप्रान्तम् (जानुभ्याम्) जङ्घोपरिभागाभ्यां सह (ऊर्ध्वम्) (शिथिरम्) अजिरशिशिरशिथिल०। उ०१।५३। श्रथ मोचने—किरच्, उपधाया इत्वम्, रेफस्य लोपः। अदृढम् (कबन्धम्) अ० ६ । ४ । ३ । उदरं शरीरम् (श्रोणी) अ० २ । ३३ । ५ । कटिप्रदेशौ (यत्) ये द्वे (ऊरू) अ० २ । ३३ । ५ । जङ्घे (कः) प्रश्ने (उ) एव (तत्) ते द्वे (जजान) उत्पादयामास (याभ्याम्) (कुसिन्धम्) इगुपधात् कित् । उ० ४ । १२० । कुस श्लेषणे—इन्, कित् + दधातेः—क, अलुक् समासः। श्लेषधारकं देहम् (सुदृढम्) (बभूव) ॥

४

कति स्तनौ व्यदधुः कः कफोडौ कति स्कन्धान् कति पृष्टी-
रचिन्वन् ॥ ४ ॥

कति । देवाः । कतमे । ते । आसन् । ये । उरः । ग्रीवाः । चिक्युः । पुरुषस्य ॥ कति । स्तनौ । वि । अदधुः । कः । कफोडौ । कति । स्कन्धान् । कति । पृष्टीः । अचिन्वन् ॥ ४ ॥

भाषार्थ (ते) वे (कति) कितने और (कतमे) कौन से (देवाः)दिव्य गुण (आसन्) थे, (ये) जिन्होंने (पुरुषस्य) मनुष्य के (उरः) छाती और (ग्रीवाः) गले को (चिक्युः) एकत्र किया। (कति) कितनों ने (स्तनौ) दोनों स्तनों को (वि अदधुः) बनाया, (कः) किसने (कफोडौ) दोनों कपोलों [गालों] को [बनाया], (कति) कितनों ने (स्कन्धान्) कन्धों को और (कति) कितनों ने (पृष्टीः) पसलियों को (अचिन्वन्) एकत्र किया ॥ ४ ॥

भावार्थ—अब यह प्रश्न है कि कितने और किन गुणों के कारण से छाती ग्रीवा आदि अवयवों में अद्भुत गुण रक्खे गये हैं ॥ ४ ॥

को अस्य बाहू समभरद् वीर्यं करवादिति ।
अंसौ को अस्य तद् देवः कुसिन्धे अध्या दधौ ॥ ५ ॥

कः । अस्य । बाहू इति । सम् । अभरत् । वीर्यम् । करवात् । इति ॥ अंसौ । कः । अस्य । तत् । देवः । कुसिन्धे । अधि । आ । दधौ ॥ ५ ॥

४—(कति) कियन्तः । किंपरिमाणाः (देवाः) दिव्यगुणाः (कतमे) बहूनां मध्ये के (ते) (आसन्) (ये) (उरः) हृदयम् (ग्रीवाः) गलावयवान् (चिक्युः) संचितवन्तः (पुरुषस्य) (कति) (स्तनौ) (व्यदधुः) अकार्षुः (कः) प्रश्ने (कफोडौ) कपिगडिगरिड० । उ० १ । ६६ । कपि चलने—ओलच् । पस्य फः, लस्य डः । कपोलौ । गल्लौ (कति) (स्कन्धान्) अंसान् (कति) (पृष्टीः) अ० ४ । ३ । ६ । पार्श्वास्थीनि (अचिन्वन्) संचितवन्तः ॥

भाषार्थ—(कः) कर्ता [परमेश्वर] ने (अस्य) इस [मनुष्य] के (बाहू) दोनों भुजाओं को [इस लिये] (सम् अभरत्) यथावत् पुष्ट किया है—कि वह (वीर्यम्) वीर कर्म (करवात् इति) करता रहे । (तत्) इसी लिये (देवः) प्रकाशमान (कः) प्रजापति ने (अस्य) इस [मनुष्य] के (अंसौ) दोनों कन्धों को (कुसिन्धे) धड़ में (अधि) ऐश्वर्य से (आ) यथावत् (दधौ) धारण कर दिया है ॥ ५ ॥

भावार्थ—यहां से गत मन्त्रों का उत्तर है—सृष्टि कर्ता परमेश्वर ने इस मनुष्य को भुजा आदि अमूल्य अंग पुरुषार्थ करने के लिये दिये हैं ॥ ५ ॥

कः सप्त खानि वि ततर्द शीर्षणि कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम् । येषां पुरुत्रा विजयस्य मह्मनि चतुष्पादो द्विपदो यन्ति यामम् ॥ ६ ॥

कः । सप्त । खानि । वि । ततर्द । शीर्षणि । कर्णौ । इमौ । नासिके इति । चक्षणी इति । मुखम् ॥ येषाम् । पुरु-त्रा । वि-जयस्य । मह्मनि । चतुः-पादः । द्वि-पदः । यन्ति । यामम् ६

भाषार्थ—(कः) कर्त्ता [परमेश्वर] ने [मनुष्य के] (शीर्षणि) मस्तक में (सप्त) सात (खानि) गोलक (वि ततर्द) खोदे, (इमौ कर्णौ)

५—(कः) अ० ७ । १०३ । १ । अन्येष्वपि दृश्यते । पा० ३ । २ । १०१ । डु कृञ् करणे—ड । मारुते वेधसि ब्रध्ने पुंसि कः कं शिरोऽम्बुनोः—इत्यमरः, व० २३ । ५ । कर्ता । विधाता । प्रजापतिः (अस्य) मनुष्यस्य (बाहू) भुजौ (सम्) सम्यक् (अभरत्) अपोषयत् (वीर्यम्) वीरकर्म । पराक्रमम् (करवात्) कुर्यात् (इति) वाक्यसमाप्तौ (अंसौ) स्कन्धौ (कः) (अस्य) (तत्) तस्मात् (देवः) प्रकाशमानः (कुसिन्धे) म० ३ । देहे (अधि) ऐश्वर्येण (आ) समन्तात् (दधौ) धारितवान् ॥

६—(कः) म० ५ । कर्ता । जगदीश्वरः (सप्त) (खानि) म० १ । छिद्राणि (वि ततर्द) तर्द हिंसायाम् । विदारितवान् (शीर्षणि) शिरसि (कर्णौ) (इमौ) (नासिके) नासाछिद्रे (चक्षणी) अर्तिसृधृ० । उ० २ ।

यह दोनों कान, (नासिके) दोनों नथने, (चक्षणी) दोनों आंखें और (मुखम्) एक मुख। (येषाम्) जिनके (विजयस्य) विजय की (मह्मनि) महिमा में (चतुष्पादः) चौपाये और (द्विपदः) दोपाये जीव (पुरुत्रा) अनेक प्रकार से (यामम्) मार्ग (यन्ति) चलते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—कर्ता जगदीश्वर ने मस्तक के सातो गोलक अमूल्य पदार्थ बनाये हैं। जो प्राणी जितेन्द्रिय होकर इनको वेद विहित कर्मों में लगाते हैं वे सुखी होते हैं ॥ ६ ॥

हन्वोर्हि जि॒ह्वामद॑धात् पुरू॒चीमधा॑ म॒हीमधि॒ शि॒श्राय॒ वाच॑म् ।
स आ व॑रीवर्ति॒ भुव॑नेष्व॒न्तर॒पो वसा॑नः॒ क उ॒ तच्चि॑केत ॥ ७ ॥

हन्वोः॑ । हि । जि॒ह्वाम् । अद॑धात् । पु॒रू॒चीम् । अध॑ । म॒हीम् । अधि॑ । शि॒श्राय॒ । वाच॑म् ॥ सः । आ । व॒री॒व॒र्ति॒ । भुव॑नेषु । अ॒न्तः । अ॒पः । वसा॑नः । कः । ऊं॒ इति॑ । तत् । चि॒के॒त॒ ॥७॥

भाषार्थ—उसने (हि) ही [मनुष्य के](हन्वोः) दोनों जाबड़ों में (पुरूचीम्) बहुत चलने वाली (जिह्वाम्) जीभ को (अदधात्) धारण किया है, (अध) और [जीभ में] (महीम्) बड़ी [प्रभावशाली] (वाचम्) वाणी को (अधि शिश्राय) उपयुक्त किया है। (सः) वह (लोकेषु अन्तः) लोकों के

१०२। चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि दर्शने च—अनि। चक्षुषी (मुखम्) (येषाम्) (पुरुत्रा) बहुविधम् (विजयस्य) (मह्मनि) सर्वधातुभ्यो मनिन् । उ० ४। १४५। मह पूजायाम्—मनिन् । महत्त्वे (चतुष्पादः) गवाश्वादयः पशवः (द्विपदः) पक्षिमनुष्यादयः (यन्ति) गच्छन्ति (यामम्) अर्तिस्तुसुहुसृधृ०। उ० १। १४०। या प्रापणे—मन् । मार्गम् ॥

७—(हन्वोः) कपोलावयवविशेषयोर्मध्ये (हि) एव (जिह्वाम्) रसनाम् (अदधात्) (पुरूचीम्) अ० २ । १३ । ३। बहुगमनाम् (महीम्) प्रभावशीलाम् (अधि शिश्राय) उपयुक्तवान् (वाचम्) वाणीम् (सः) परमेश्वरः (आ) समन्तात् (वरीवर्ति) वर्ततेर्यङ्लुकि । भृशं भ्रमति (भुवनेषु) लोकेषु

भीतर (आ) सब ओर (वरीवर्ति) घूमता रहता है और (अपः) आकाश को (वसानः) ढकते हुये (कः उ) कर्ता परमेश्वर ने ही (तत्) उसे (चिकेत) जाना है ॥ ७ ॥

भावार्थ—जिस सृष्टिकर्ता ने मनुष्य को वेद आदि शास्त्रों के सूक्ष्म विचार जानने और प्रकाश करने के लिये जीभ दी है, वह परमात्मा सब स्थानों में व्यापक है ॥७॥

मुस्तिष्कमस्य यतुमो लुलाटं कुकाटिकां प्रथुमो यः कुपालम् ॥
चित्वा चित्यं हन्वोः पूरुषस्यु दिवं रुरोह कतुमः स देवः ॥८॥

मुस्तिष्कम् । अुस्यु । यतुमः । लुलाटम् । कुकाटिकाम् । प्रथुमः । यः । कुपालम् ॥ चित्वा । चित्यम् । हन्वोः । पुरुषस्य । दिवम् । रुरोह । कुतमः । सः । देवः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यतमः) जौनसा (प्रथमः) सब से पहिला (यः) नियन्ता (अस्य) इस (पुरुषस्य) मनुष्य के (मस्तिष्कम्) भेजे को, (ललाटम्) ललाट [माथे] को, (ककाटिकाम्) ककाटिका [शिर के पिछले भाग] को, (कपालम्) कपाल [खोपड़ी] को और (हन्वोः) दोनों जावड़ों के (चित्यम्) संचय को (चित्वा) संचय करके [वर्तमान है], (सः) वह (कतमः) कौन सा (देवः) देव [स्तुति योग्य] (दिवम्) प्रकाश को (रुरोह) चढ़ा है ॥ ८ ॥

(अन्तः) मध्ये (अपः) आपः = अन्तरिक्षम्—निघ० १ । ३ । आकाशम् (वसानः) आच्छादयन् (कः) म० ५ । कर्ता (उ) एव (तत्) (चिकेत) जज्ञौ ॥

८—(मस्तिष्कम्) अ० २ । ३३ । १ । मस्तकस्नेहम् (अस्य) मनुष्यस्य (यतमः) बहूनां मध्ये यः (ललाटम्) अ० ६ । ७ । १। भ्रुवोरूर्ध्वभागम् । भालम् (ककाटिकाम्) क + कट गतौ—घञ् , स्वार्थे कप्रत्ययः, टाप्, अकारस्य इत्वम् । के शिरसि काटो गतिर्यस्याः ककाटिका ताम् । शिरःपश्चाद्भागम् (प्रथमः) (यः) यम्—ड । नियन्ता (कपालम्) अ० ६ । ८ । २२ । शरोऽस्थि (चित्वा) चयनं कृत्वा (चित्यम्) चिञ् चयने—क्यप् , तुक् । चयनम् (हन्वोः) म० ७ । (पुरुषस्य) मनुष्यस्य (दिवम्) प्रकाशम् (रुरोह) आरूढवान् (कतमः) बहूनां मध्ये कः (सः) (देवः) स्तुत्यः ॥

भावार्थ—प्रश्न है कि जिसने मनुष्य देह के अति सुखदायी अंग बनाये हैं, वह सब में कौन सा प्रकाशमान देव है ॥ ८ ॥

प्रियाप्रियाणि बहुला स्वप्नं संबाधतन्द्र्यः।
आनन्दानुग्रो नन्दांश्च कस्माद् वहति पूरुषः ॥ ९ ॥

प्रिय-अप्रियाणि । बहुला । स्वप्नम् । संबाध-तन्द्र्यः ॥ आनन्दान् । उग्रः। नन्दान् । च । कस्मात् । वहति । पुरुषः ॥९॥

भाषार्थ—(बहुला) बहुत से (प्रियाप्रियाणि) प्रिय और अप्रिय कर्मों, (स्वप्नम्) सोने, (संबाधतन्द्र्यः) बाधाओं और थकावटों, (आनन्दान्) आनन्दों, (च) और (नन्दान्) हर्षों को (उग्रः) प्रचण्ड (पुरुषः) मनुष्य (कस्मात्) किस [कारण] से (वहति) पाता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—अब प्रश्न है कि भलाई बुराई, सुख दुःख आदि मनुष्य किस कारण से पाता है ॥ ९ ॥

आर्तिरवर्तिर्निर्ऋतिः कुतो नु पुरुषेऽमतिः।
राद्धिः समृद्धिरव्यृद्धिर्मतिरुदितयः कुतः ॥ १० ॥ (४)

आर्तिः । अवर्तिः । निः-ऋतिः । कुतः। नु । पुरुषे। अमतिः॥ राद्धिः। सम्-ऋद्धिः। अवि-ऋद्धिः। मतिः। उत्-इतयः। कुतः॥१०(४)

भाषार्थ—(पुरुषे) मनुष्य में (नु) अब (आर्तिः) पीड़ा, (अवर्तिः)

९—(प्रियाप्रियाणि) हिताहितानि कर्माणि (बहुला) बहूनि (स्वप्नम्) निद्राम् (संबाधतन्द्र्यः) बाधृ प्रतिघाते-घञ् । वङ्क्र्यादयश्च । उ० ४ । ६६ । तद्रि मोहे—क्रिन्, ङीप्, यद्वा, तद्रि अवसादे मोहे च—इन्, ङीष् । द्वितीया स्थाने प्रथमा । प्रतिरोधान् आलस्यान् च (आनन्दान्) प्रमोदान् (उग्रः) प्रचण्डः (नन्दान्) हर्षान् (च) (कस्मात्) कारणात् (वहति) प्राप्नोति (पुरुषः) मनुष्यः ॥

१०—(आर्तिः) अ० ३ । ३१ । २ । पीडा (अवर्तिः) अ० ४ । ३४ । ३ । दरिद्रता (निर्ऋतिः) अ० २ । १० । १ । कृच्छ्रापत्तिः—निरु० २ । ७ (कुतः)

दरिद्रता, (निर्ऋतिः) महामारी और (अमतिः) कुमति (कुतः) कहां से [हैं]। (राद्धिः) पूर्णता, (समृद्धिः) सम्पत्ति, (अव्यृद्धिः) अन्यूनता, (मतिः) बुद्धि और (उदितयः) उदय क्रियायें (कुतः) कहां से [हैं] ॥१०॥

भावार्थ—मनुष्य अपने दुःख सुख, हानि लाभ, कुमति सुमति आदि के कारणों को विचारता रहे ॥ १० ॥

को अ॒स्मिन्नापो॒ व्य॑दधाद् विषु॒वृतः॑ पुरू॒वृतः॑ सिन्धु॒सृत्या॑य जा॒ताः । ती॒व्रा अ॑रु॒णा लोहि॑नीस्ताम्रधू॒म्रा ऊ॒र्ध्वा अवा॑चीः पुरु॑षे ति॒रश्चीः॑ ॥ ११ ॥

कः । अ॒स्मिन् । आपः॑ । वि । अ॒द॒धा॒त् । वि॒षु॒ऽवृतः॑ । पु॒रु॒ऽवृतः॑ । सि॒न्धु॒ऽसृत्या॑य । जा॒ताः ॥ ती॒व्राः । अ॒रु॒णाः । लोहि॑नीः । ता॒म्र॒ऽधू॒म्राः । ऊ॒र्ध्वाः । अवा॑चीः । पुरु॑षे । ति॒रश्चीः॑ ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(कः) प्रजापति [परमेश्वर] ने (अस्मिन् पुरुषे) इस मनुष्य में (विषुवृतः) नाना प्रकार घूमने वाले, (पुरुवृतः) बहुत घूमने वाले, (सिन्धुसृत्याय) समुद्र समान बहने के लिये (जाताः) उत्पन्न हुये, (तीव्राः) तीव्र [शीघ्रगामी], (अरुणाः) बैंगनी, (लोहिनीः) लाल वर्णवाले (ताम्रधूम्राः) तांबे समान धूयें के वर्ण वाले, (ऊर्ध्वाः) ऊपर जानेवाले, (अवाचीः)

कस्मात् स्थानात् (नु) सम्प्रति (पुरुषे) मनुष्ये (अमतिः) दुर्मतिः (राद्धिः) राध संसिद्धौ—क्तिन्। संसिद्धिः। पूर्णता (समृद्धिः) सम्पत्तिः (अव्यृद्धिः) ऋद्धिर्वृद्धिः, विगता ऋद्धिर्व्यृद्धिर्न्यूनता, न व्यृद्धिः अन्यूनता (मतिः) बुद्धि (उदितयः) उत्+इण् गतौ—क्तिन्। उदयक्रियाः (कुतः) ॥

११—(कः) म० ५। कर्ता प्रजापतिः (अस्मिन्) (आपः) अपः। जलानि रुधिररूपाणि (व्यदधात्) कृतवान् (विषुवृतः) नानारूपेण वर्तमानाः (पुरुवृतः) बहुवर्तनशीलाः (सिन्धुसृत्याय) सृ गतौ—क्यप्, तुक्। समुद्रवद् गमनाय (जाताः) उत्पन्नाः (तीव्राः) शीघ्रगतीः (अरुणाः) कृष्णमिश्रितरक्तवर्णाः (लोहिनीः) वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तो नः। पा० ४। १। ३९। लोहित-

नीचे की ओर चलने वाले और (तिरश्चीः) तिरछे बहने वाले (आपः=अपः) जलों [रुधिर धाराओं] को (वि अदधात्) बनाया है ॥ ११ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने मनुष्य शरीर में रुधिर के सञ्चार के लिये नाना वर्ण अनेक स्थूल सूक्ष्म नाड़ियां बनाई हैं जिसके कारण से मनुष्य अनेक चेष्टायें करके अपने मनोरथ सिद्ध करता है ॥ ११ ॥

को अस्मिन् रूपमदधात् को मह्मानं च नाम च ।
गातुं को अस्मिन् कः केतुं कश्चरित्राणि पूरुषे ॥ १२ ॥

कः । अस्मिन् । रूपम् । अदधात् । कः । मह्मानम् । च । नाम । च ॥ गातुम् । कः । अस्मिन् । कः । केतुम् । कः । चरित्राणि । पुरुषे ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(कः) कर्ता [परमेश्वर] ने (अस्मिन्) इस [मनुष्य] में (रूपम्) रूप, (कः) कर्ता ने (मह्मानम्) महत्त्व (च) और (नाम) नाम (च) भी (अदधात्) रक्खा है, (कः) कर्ता ने (अस्मिन्) इस (पुरुषे) मनुष्य में (गातुम्) गति [प्रवृत्ति], (कः) कर्ता ने (केतुम्) विज्ञान (च) और (चरित्राणि) अनेक आचरणों को [रक्खा है] ॥ १२ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने अपनी न्याय व्यवस्था से मनुष्य में पराक्रम करने के लिये अनेक शक्तियां दी हैं ॥ १२ ॥

को अस्मिन् प्राणमवयत् को अपानं व्यानमु ।
समानमस्मिन् को देवोऽधि शिश्राय पूरुषे ॥ १३ ॥

ङीप्, तस्य नश्च । रक्तवर्णाः (ताम्रधूम्राः) ताम्रधूम्रवर्णाः (ऊर्ध्वाः) उपरिगतीः (अवाचीः) अधोगतिशीलाः (पुरुषे) मनुष्ये (तिरश्चीः) तिर्यग्गतियुक्ताः ॥

१२—(कः) म० ५ । कर्ता वेधाः (मह्मानम्) म० ६ । महत्त्वम् (गातुम्) गतिम् । प्रवृत्तिम् (केतुम्) विज्ञानम् (चरित्राणि) आचरणानि (पुरुषे) मनुष्ये । अन्यत् सरलम् ॥

कः । अस्मिन् । प्राणम् । अवयत् । कः । अपानम् । वि-आनम् । ऊं इति ॥ सम्-आनम् । अस्मिन् । कः । देवः । अधि । शिश्राय । पुरुषे ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(कः) कर्ता [प्रजापति] ने (अस्मिन्) इस [मनुष्य] में (प्राणम्) प्राण [भीतर जाने वाले श्वास] को, (कः) प्रजापति ने (अपानम्) अपान [बाहिर आने वाले श्वास] को (उ) और (व्यानम्) व्यान [सब शरीर में घूमने वाले वायु] को (अवयत्) बुना है । (देवः) देव [स्तुति योग्य] (कः) प्रजापति ने (अस्मिन्) इस (पुरुषे) मनुष्य में (समानम्) समान [हृदयस्थ वायु] को (अधि शिश्राय) ठहराया है ॥ १३॥

भावार्थ—परमेश्वर ने शरीर में प्राण आदि वायु का ताना तानकर मनुष्य को प्रबल बनाया है ॥ १३ ॥

को अस्मिन् यज्ञमदधादेको देवोऽधि पूरुषे ।
को अस्मिन्त्सत्यं कोऽनृतं कुतो मृत्युः कुतोऽमृतम् ॥ १४ ॥

कः । अस्मिन् । यज्ञम् । अदधात् । एकः । देवः । अधि । पुरुषे ॥ कः । अस्मिन् । सत्यम् । कः । अनृतम् । कुतः । मृत्युः । कुतः । अमृतम् ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(कः) किस (एकः) एक (देवः) देव [स्तुति योग्य] ने (अस्मिन् पुरुषे) इस मनुष्य में (यज्ञम्) यज्ञ [देवपूजा, संगतिकरण और

१३—(कः) म० ५ । कर्ता । प्रजापतिः (अस्मिन्) मनुष्ये (प्राणम्) अ० २ । १६ । १ । प्र + अन जीवने–घञ् । अन्तर्मुखश्वासम् (अवयत) वेञ् तन्तुसन्ताने–लङ् । तन्तुवत् प्रसारितवान् (कः) (अपानम्) बहिर्मुखश्वासम् (व्यानम्) वि + अन–घञ् । सर्वशरीरव्यापकं वायुम् (उ) अपि (समानम्) हृदयस्थवायुम् (अस्मिन्) (कः) (देवः) स्तुत्यः (अधि शिश्राय) आश्रितवान् । स्थापितवान् (पुरुषे) मनुष्ये ॥

१४—(कः) प्रश्ने (अस्मिन्) (यज्ञम्) देवपूजासङ्गतिकरणदानसामर्थ्यम् (अदधात) धृतवान् (एकः) (देवः) स्तुत्यः (अधि) (पुरुषे) मनुष्ये

दान सामर्थ्य] को, (कः) किस ने (अस्मिन्) इस [मनुष्य] में (सत्यम्) सत्य [विधि] को, (कः) किस ने (अनृतम्) असत्य [निषेध] को (अधि अदधात्) रख दिया है। (कुतः) कहां से (मृत्युः) मृत्यु और (कुतः) कहां से (अमृतम्) अमरपन [आता है] ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्य विधि और निषेध के मर्म को समझकर शारीरिक और आत्मिक बल बढ़ाने में प्रयत्न करे ॥ १४ ॥

को अस्मै वासः पर्यदधात् को अस्यायुरकल्पयत् ।
बलं को अस्मै प्रायच्छत् को अस्याकल्पयज्जवम् ॥ १५ ॥

कः । अस्मै । वासः । परि । अदधात् । कः । अस्य । आयुः । अकल्पयत् ॥ बलम् । कः । अस्मै । प्र । अयच्छत् । कः । अस्य । अकल्पयत् । जवम् ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(कः) विधाता [परमेश्वर] ने (अस्मै) इस [मनुष्य] को (वासः) निवास स्थान (परि) सब ओर से (अदधात्) दिया है, (कः) विधाता ने (अस्य) इस [मनुष्य] का (आयुः) आयु [जीवन काल] (अकल्पयत्) बनाया है । (कः) विधाता ने (अस्मै) इस [मनुष्य] को (बलम्) बल (प्र अयच्छत्) दिया है, (कः) विधाता ने (अस्य) इस [मनुष्य] के (जवम्) वेग को(अकल्पयत्) रचा है ॥ १५ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने मनुष्य के पुरुषार्थ अनुसार उसे उन्नति के अनेक साधन दिये हैं ॥ १५ ॥

(कः) (अस्मिन्) (सत्यम्) वेदविहितं कर्म (कः) (अनृतम्) वेदनिषिद्धं कर्म (कुतः) कस्मात् स्थानात् (मृत्युः) मरणम् (कुतः) (अमृतम्) अमरणम् ॥

१५—(कः) म० ५ । विधाता (अस्मै) मनुष्याय (वासः) वसेर्णित् । उ० ४ । ११८ । वस निवासे आच्छादने च-असुन्, णित् । निवासस्थानम् । वस्त्रम् (परि) सर्वतः (अदधात्) धृतवान् (कः) (अस्य) मनुष्यस्य (आयुः) जीवनकालम् (अकल्पयत्) रचितवान् (बलम्) सामर्थ्यम् (कः) परमेश्वरः (प्रायच्छत्) दत्तवान् (कः) (अस्य) (अकल्पयत्) (जवम्) वेगम् ॥

केनापो अन्वतनुत केनाहरकरोद् रुचे ।
उषसं केनान्वैन्द्ध केन सायंभवं ददे ॥ १६ ॥

केन । आपः । अनु । अतनुत । केन । अहः । अकरोत् । रुचे ॥
उषसम् । केन । अनु । ऐन्द्ध । केन । सायम्-भवम् । ददे ॥१६॥

भाषार्थ—(केन) किस [सामर्थ्य] से उस [परमेश्वर] ने (आपः) जल को (अनु) लगातार (अतनुत) फैलाया है, (केन) किस [सामर्थ्य] से (अहः) दिन (रुचे) चमकने के लिये (अकरोत्) बनाया है। (केन) किस [सामर्थ्य] से उसने (उषसम्) प्रभात को (अनु) लगातार (ऐन्द्ध) चमकाया है, (केन) किस [सामर्थ्य] से उसने (सायंभवम्) सायंकाल की सत्ता को (ददे) दिया है ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य को जानना चाहिये कि परमेश्वर ने किस सामर्थ्य से यह सृष्टि रची है ॥ १६ ॥

को अस्मिन् रेतो न्यदधात् तन्तुरा तायतामिति ।
मेधां को अस्मिन्नध्यौहत् को बाणं को नृतो दधौ ॥ १७ ॥

कः । अस्मिन् । रेतः । नि । अदधात् । तन्तुः । आ । ताय-ताम् । इति ॥ मेधाम् । कः । अस्मिन् । अधि । औहत् । कः । बाणम् । कः । नृतः । दधौ ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(कः) प्रजापति [परमेश्वर] ने (अस्मिन्) इस [मनुष्य] में (रेतः) पराक्रम [इस लिये] (नि) निरन्तर (अदधात्) रख दिया है

---

१६ (केन) सामर्थ्येन (आपः) अपः । जलानि (अनु) निरन्तरम् (अतनुत) विस्तारितवान् (केन) (अहः) दिनम् (अकरोत्) अरचयत् (रुचे) दीप्तये (उषसम्) प्रभातवेलाम् (केन) (अनु) अनुक्रमेण (ऐन्द्ध) ञि इन्धी दीप्तौ-लङ्, अन्तर्गतण्यर्थः । प्रदीपितवान् (केन) (सायंभवम्) सायंकालसत्ताम् (ददे) दत्तवान् ॥

१७—(कः) म० ५ । प्रजापतिः (अस्मिन्) मनुष्ये (रेतः) पराक्रमम् (नि) निरन्तरम् (अदधात्) दत्तवान् (तन्तुः) सूत्रवद् विस्तारः (आ) समन्तात्

[कि उस का] (तन्तुः) तन्तु [तांता] (आ) चारों ओर (तायताम् इति) फैले। (कः) प्रजापति ने (मेधाम्) बुद्धि (अस्मिन्) इस [मनुष्य] में(अधि औहत्) लाकर दी हैं, (कः) प्रजापति ने (वाणम) बोलना और(कः) प्रजापति ने (नृतः) नृत [शरीर चलाना] (दधौ) दिया है ॥१७॥

भावार्थ—परमात्मा ने मनुष्य को परक्रम, बुद्धि आदि इस लिये दिये हैं कि मनुष्य सब से यथावत् उपकार लेकर आगे बढ़े ॥ १७ ॥

केने॒मां भूमि॑मौर्णो॒त् केन॒ पर्य॑भवद्दि॒वम् ।

केना॒भि म॒ह्ना पर्व॑ता॒न् केन॒ कर्मा॑णि॒ पूरु॑षः ॥ १८ ॥

केन॑ । इ॒माम् । भूमि॑म् । औ॒र्णो॒त् । केन॑ । परि॑ । अ॒भ॒व॒त् । दिव॑म् ॥

केन॑ । अ॒भि । म॒ह्ना । पर्व॑तान् । केन॑ । कर्मा॑णि । पुरु॑षः ॥१८॥

भाषार्थ—(पुरुषः) मनुष्य ने (केन) प्रजापति [परमेश्वर] द्वारा (इमाम् भूमिम्) इस भूमि को (और्णोत्) ढका है, (केन) प्रजापति द्वारा (दिवम्) आकाश को (परि अभवत्) घेरा है। (केन) प्रजापति द्वारा (मह्ना) [अपनी] महिमा से (पर्वतान्) पर्वतों और (केन) प्रजापति द्वारा (कर्माणि) रचे हुये वस्तुओं को (अभि=अभि अभवत्) वश में किया है॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की उपासना से विवेक और आत्मिक बल द्वारा सृष्टि के सब पदार्थों को वश में करे ॥ १८ ॥

(तायताम्) तनोतेर्यकि। पा०६।४।४४। आकारोऽन्तादेशो वा। तन्यताम्। विस्तीर्यताम् (इति) वाक्यसमाप्तौ (मेधाम्) प्रज्ञाम् (कः) (अस्मिन्) (अधि) उपरि (औहत्) वह प्रापणे लङि छान्दसं रूपम्। अवहत्। प्रापितवान् (कः) (वाणम्) वण शब्दे—घञ्। वाणीम् (कः) (नृतः) अयतेः स्वाङ्गे शिरः किच्च। उ० ४। १९४। नृती गात्रविक्षेपे—असुन्, कित्। देहचालनम् (दधौ) ददौ ॥

१८—(केन) म० ५। कर्त्रा प्रजापतिना सह (इमाम्) (भूमिम्) (और्णोत्) आच्छादितवान् (केन) परमेश्वरेण (परि अभवत्) सर्वतो व्याप्तवान् (दिवम्) आकाशम् (केन) (अभि) अभ्यभवत्। व्याप्तवान् (मह्ना) महिम्ना (पर्वतान्) शैलान् (केन) (कर्माणि) कृतानि रचितानि वस्तूनि (पुरुषः) मनुष्यः ॥

केन॑ प॒र्जन्य॒मन्वे॑ति॒ केन॒ सोमं॑ विचक्ष॒णम् ।
केन॑ य॒ज्ञं च॑ श्र॒द्धां च॒ केना॑स्मि॒न् निहि॑तं॒ मनः॑ ॥ १८ ॥
केन॑ । प॒र्जन्य॑म् । अनु॑ । ए॒ति॒ । केन॑ । सोम॑म् । वि॒-च॒क्ष॒णम् ॥
केन॑ । य॒ज्ञम् । च॒ । श्र॒द्धाम् । च॒ । केन॑ । अ॒स्मि॒न् । नि-हि॑-तम् । मनः॑ ॥ १८ ॥

भाषार्थ—वह [मनुष्य] (केन) प्रजापति [परमेश्वर] द्वारा (पर्जन्यम्) सींचने वाले [मेघ] को, (केन) प्रजापति द्वारा (विचक्षणम्) दर्शनीय (सोमम्) अमृत रस को, (केन) प्रजापति द्वारा (यज्ञम्) यज्ञ [देवपूजा संगतिकरण और दान] (च) और (श्रद्धाम्) श्रद्धा [सत्य धारण सामर्थ्य] को (च) भी, और (केन) प्रजापति द्वारा (अस्मिन्) इस [शरीर] में (निहितम्) रक्खे हुये (मनः) मन को (अनु) लगातार (एति) पाता है ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की आराधना से अनेक सामर्थ्य प्राप्त करके अपने और दूसरों के मन को वश में करता है ॥ १६ ॥

केन॒ श्रोत्रि॑यमाप्नोति॒ केने॒मं प॑रमे॒ष्ठिन॑म् ॥
केने॒मम॒ग्निं पूरु॑षः॒ केन॑ संवत्स॒रं म॑मे ॥ २० ॥ (५)
केन॑ । श्रोत्रि॑यम् । आ॒प्नोति॒ । केन॑ । इ॒मम् । प॒र॒मे॒-स्थिन॑म् ॥
केन॑ । इ॒मम् । अ॒ग्निम् । पुरु॑षः । केन॑ । स॒म्-व॒त्स॒रम् । म॒मे॒ २०(५

भाषार्थ—(पुरुषः) मनुष्य (केन) किसके द्वारा (श्रोत्रियम्) वेदज्ञानी [आचार्य] को, (केन) किसके द्वारा (इमम्) इस (परमेष्ठिनम्) सब

१६—(केन) प्रजापतिना (पर्जन्यम्) सेचकं मेघम् (अनु) निरन्तरम् (एति) प्राप्नोति (केन) (सोमम्) अमृतरसम् (विचक्षणं) दर्शनीयं (केन) (यज्ञम्) देवपूजासंगतिकरणदानसामर्थ्यम् (च) (श्रद्धाम्) सत्यधारणशक्तिम् (च) (केन) (अस्मिन्) दृश्यमाने शरीरे (निहितम्) धृतम् (मनः) अन्तःकरणम् ॥

२०—(केन) द्वारा (श्रोत्रियम्) अ० ६ । ६ (३) । ७ । वेदज्ञमाचार्य्यम्

से ऊंचे ठहरने वाले [परमेश्वर] को (आप्नोति) पाता है। उसने (केन) किसके द्वारा (इमम्) इस (अग्निम्) अग्नि [सूर्य, बिजुली और पार्थिव अग्नि] को, (केन) किसके द्वारा (संवत्सरम्) संवत्सर [अर्थात् काल] को (ममे) मापा है ॥ २० ॥

भावार्थ—मनुष्य विचारता रहे कि वह किस प्रकार से आचार्य और परमेश्वर की आज्ञा पूरण कर सकता है और सूर्य आदि पदार्थों से कैसे उपकार ले सकता है। इसका उत्तर आगामी मन्त्र में है ॥ २० ॥

ब्रह्म श्रोत्रियमाप्नोति ब्रह्मेमं परमेष्ठिनम्।

ब्रह्मेममग्निं पूरुषो ब्रह्म संवत्सरं ममे ॥ २१ ॥

ब्रह्म । श्रोत्रियम् । आप्नोति । ब्रह्म । इमम् । परमे-स्थिनम् ॥

ब्रह्म । इमम् । अग्निम् । पुरुषः । ब्रह्म । सम्-वत्सरम् । ममे ॥२१॥

भाषार्थ—(पुरुषः) मनुष्य (ब्रह्म=ब्रह्मणा) ब्रह्म [वेद] द्वारा (श्रोत्रियम्) वेदज्ञानी [आचार्य] को और (ब्रह्म) वेद द्वारा (इमम्) इस (परमेष्ठिनम्) सबसे ऊपर ठहरने वाले [परमात्मा] को (आप्नोति) पाता है। उस [मनुष्य] ने (ब्रह्म) वेद द्वारा (इमम्) इस (अग्निम्) अग्नि [सूर्य, बिजुली और पार्थिव अग्नि] को, (ब्रह्म) वेद द्वारा (संवत्सरम्) संवत्सर [अर्थात् काल] को (ममे) मापा है ॥ २१ ॥

भावार्थ—यह गत मन्त्र का उत्तर है। मनुष्य वेद द्वारा आचार्य और परमेश्वर की आज्ञा पालन करे और सूर्य और काल आदि से उपकार लेवे ॥ २१ ॥

केन देवाँ अनु क्षियति केन दैवंजनीर्विशः ।

केनेदमन्यन्नक्षत्रं केन सत् क्षत्रमुच्यते ॥ २२ ॥

(आप्नोति) प्राप्नोति (केन) (परमेष्ठिनम्) अ० १ । ७ । २ । उत्तमपदस्थं परमात्मानम् (केन) (इमम्) (अग्निम्) सूर्यविद्युत्पार्थिवाग्निरूपम् (पुरुषः) मनुष्यः (केन) (संवत्सरम्) कालमित्यर्थः (ममे) माङ् मने-लिट् । मापितवान् । वशीकृतवान् ॥

२१—(ब्रह्म) सुपां सुलुक् । पा० ७ । १ । ३९ । तृतीयार्थे सुः । ब्रह्मणा । वेदज्ञानेन । परमेश्वरेण । अन्यत् पूर्ववत्—म० २० ॥

केन॑ । दे॒वान् । अनु॑ । क्षि॒य॒ति॒ । केन॑ । दैव॑-जनीः । विशः॑ ॥
केन॑ । इ॒दम् । अ॒न्यत् । नक्ष॑त्रम् । केन॑ । सत् । क्ष॒त्रम् । उ॒च्य॒ते॒ २२

भाषार्थ—वह [मनुष्य] (केन) किस के द्वारा (देवान्) स्तुति योग्य गुणों, और (केन) किस के द्वारा (दैवजनीः) दैव [पूर्वजन्मके अर्जित कर्म] से उत्पन्न (विशः अनु) मनुष्यों में (क्षियति) रहता है। (केन) किस के द्वारा (इदम्) यह (सत्) सत्य (क्षत्रम्) राज्य, और (केन) किसके द्वारा (अन्यत्) दूसरा [भिन्न] (नक्षत्रम्) अराज्य (उच्यते) बताया जाता है २२

भावार्थ—विचारशील मनुष्य उत्तम गुणों और उत्तम लोगों से मिलने, धर्मयुक्त राज्य की विधि और अधर्म युक्त कुराज्य के निषेध पर विचार करे। इस का उत्तर आगामी मन्त्र में है ॥ २२ ॥

ब्रह्म॑ दे॒वाँ अनु॑ क्षियति॒ ब्रह्म॒ दैव॑जनी॒र्विशः॑ ।
ब्रह्मे॒दम॒न्यन्नक्ष॑त्रं॒ ब्रह्म॒ सत् क्ष॒त्रमु॑च्यते ॥ २३ ॥

ब्रह्म॑ । दे॒वान् । अनु॑ । क्षि॒य॒ति॒ । ब्रह्म॑ । दैव॑-जनीः । विशः॑ ॥
ब्रह्म॑ । इ॒दम् । अ॒न्यत् । नक्ष॑त्रम् ब्रह्म॑ । सत् । क्ष॒त्रम् । उ॒च्य॒ते॒॥२३

भाषार्थ—वह [मनुष्य] (ब्रह्म=ब्रह्मणा) ब्रह्म [परमेश्वर] द्वारा (देवान्) स्तुति योग्य गुणों, और (ब्रह्म) ब्रह्म द्वारा (दैवजनीः) दैव [पूर्व-जन्म के अर्जित कर्म] से उत्पन्न (विशः अनु) मनुष्यों में (क्षियति) रहता है। (ब्रह्म) ब्रह्म द्वारा (इदम्) यह (सत्) सत्य (क्षत्रम्) राज्य और (ब्रह्म) ब्रह्म द्वारा (अन्यत्) दूसरा [भिन्न] (नक्षत्रम्) अराज्य (उच्यते) बताया जाता है ॥ २३ ॥

२२—(केन) केन द्वारा (देवान्) दिव्यगुणान् (अनु) अनुलक्ष्य (क्षियति) निवसति (केन) (दैवजनीः) देवाद् यञञौ । वा० पा० ४ । १ । ८५ । देव—अञ् । दैवात् पूर्वजन्मार्जितकर्मणो जाताः (विशः) प्रजाः । मनुष्यान्–निघ० २ । ३ (केन) (इदम्) प्रत्यक्षम् (अन्यत्) भिन्नम् (नक्षत्रम्) नभ्राण्नपान्नवेदानासत्या० । पा० ६ । ३ । ७५ । इति नञः प्रकृतिभावः नक्षत्रम् अक्षत्रम् अराज्यं कुराज्यम् (केन) (सत्) सत्यम् । धर्म्यम् (क्षत्रम्) राज्यम् (उच्यते) कथ्यते ॥

२३—(ब्रह्म) सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । विभक्तेः लुः । ब्रह्मणा । परमेश्वरद्वारा । अन्यत् पूर्ववत्—मन्त्र २२ ॥

भावार्थ --यह गत मन्त्र का उत्तर है। मनुष्य परमेश्वर से वेदद्वारा उत्तम गुणों उत्तम लोगों को पावे और वेद द्वारा ही धर्म्म राज्य की विधि और अधर्म्म कुराज्य का निषेध सीखे ॥ २३ ॥

केनेयं भूमिर्विहिता केन द्यौरुत्तरा हिता ।
केनेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ॥ २४ ॥

केन । इयम् । भूमिः । वि-हिता । केन । द्यौः । उत्-तरा । हिता ॥ केन । इदम् । ऊर्ध्वम् । तिर्यक् । च । अन्तरिक्षम् । व्यचः । हितम् ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(केन) किस करके (इयम् भूमिः) यह भूमि (विहिता) सुधारी गई है, (केन) किस करके (द्यौः) सूर्य (उत्तरा) ऊंचा (हिता) धरा गया है। (च) और (इदम्) यह (ऊर्ध्वम्) ऊंचा, (तिर्यक्) तिरछा, चलने वाला (व्यचः) फैला हुआ (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष [आकाश] (हितम्) धरा गया है ॥ २४ ॥

भावार्थ—ब्रह्म जिज्ञासु के लिये इन प्रश्नों का उत्तर अगले मन्त्रों में है ॥२४

ब्रह्मणा भूमिर्विहिता ब्रह्म द्यौरुत्तरा हिता ।
ब्रह्मेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ॥ २५ ॥

ब्रह्मणा । भूमिः । वि-हिता । ब्रह्म । द्यौः । उत्-तरा । हिता ॥ ब्रह्म । इदम् । ऊर्ध्वम् । तिर्यक् । च । अन्तरिक्षम् । व्यचः । हितम् ॥ २५ ॥

२४—(केन) प्रश्ने (इयम्) (भूमिः) (विहिता) विशेषेण धारिता (केन) (द्यौः) सूर्यः (उत्तरा) उपरिभवा (हिता) धृतः (केन) (इदम्) (ऊर्ध्वम्) उपरिस्थम् (तिर्यक्) वक्रगामि (च) (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (व्यचः) विस्तृतम् (हितम्) धृतम् ॥

भाषार्थ—(ब्रह्मणा) ब्रह्म [परमेश्वर] करके (भूमिः) भूमि (विहिता) सुधारी गयी है, (ब्रह्म) ब्रह्म करके (द्यौः) सूर्य (उत्तरा) ऊंचा (हिता) धरा गया है। (च) और (ब्रह्म) ब्रह्म करके (इदम्) यह (ऊर्ध्वम्) ऊंचा, (तिर्यक्) तिरछा चलने वाला, (व्यचः) फैला हुआ (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष [आकाश] (हितम्) धरा गया है ॥ २५ ॥

भावार्थ—ब्रह्म परमेश्वर ने सब ऊंचे, नीचे और मध्यलोक बनाये हैं २५

मूर्धानमस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत्।
मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत् पवमानोऽधि शीर्षतः ॥ २६ ॥

मूर्धानम् । अस्य । सम्-सीव्य । अथर्वा । हृदयम् । च । यत् ॥ मस्तिष्कात् । ऊर्ध्वः । प्र । ऐरयत् । पवमानः । अधि । शीर्षतः ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(पवमानः) शुद्ध स्वभाव (अथर्वा) निश्चल परमात्मा (अस्य) इस [मनुष्य] के (मूर्धानम्) शिर (च) और (यत्) जो कुछ (हृदयम्) हृदय है [उसको भी] (संसीव्य) आपस में सींकर, (मस्तिष्कात्) भेजे [मस्तक बल] से (ऊर्ध्वः) ऊपर होकर (शीर्षतः अधि) शिर से ऊपर (प्र ऐरयत्) बाहिर निकल गया ॥ २६ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने मनुष्य के शिर और हृदय को नाड़ियों द्वारा आपस में मिलाकर विवेक सामर्थ्य दिया है। परन्तु वह आप अनन्त अनादि सर्व शक्तिमान् होकर मनुष्य की समझ से बाहिर है ॥ २६ ॥

२५—(ब्रह्मणा) परमेश्वरेण (ब्रह्म) म०२३। ब्रह्मणा। अन्यत् पूर्ववत्मन्त्रे २४

२६—(मूर्धानम्) अ० ३ । ६ । ६ । मस्तकम् (अस्य) मनुष्यस्य (संसीव्य) सम्+षिवु तन्तुसन्ताने-ल्यप् । संवाय । तन्तुभिर्नाडिभिर्यथा संगतं कृत्वा (अथर्वा) अ० ४ । १ । ७ । अ+थर्व चरणे=गतौ-वनिप् । अथर्वाणोऽथनवन्तस्थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः-निरु० ११ । १८ । निश्चलः परमात्मा (हृदयम्) (च) (यत्) (मस्तिष्कात्) अ० २ । ३३ । १ । मस्तकस्नेहात् । मस्तकबलात् (ऊर्ध्वः) (प्र) बहिः (ऐरयत्) आगच्छत् (पवमानः) अ० ३ । ३१ । २ । शुद्धस्वभावः (अधि) उपरि (शीर्षतः) मस्तकात् ॥

तद् वा अथर्वणः शिरो देवकोशः समुब्जितः ।
तत् प्राणो अभि रक्षति शिरो अन्नमथो मनः ॥ २७ ॥

तत् । वै । अथर्वणः । शिरः । देव-कोशः । सम्-उब्जितः ॥
तत् । प्राणः । अभि । रक्षति । शिरः । अन्नम् । अथो इति । मनः ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(तत् वै) वही (शिरः) शिर (अथर्वणः) निश्चल परमात्मा के (देवकोशः) उत्तम गुणों का भण्डार [भाण्डागार] (समुब्जितः) ठीक ठीक बना है। (तत्) उस (शिरः) शिर की (प्राणः) प्राण [जीवन वायु] (अभि) सब ओर से (रक्षति) रक्षा करता है, (अन्नम्) अन्न (अथो) और (मनः) मन [रक्षा करता है] ॥ २७ ॥

भावार्थ—मनुष्य शिर के भीतर ब्रह्मरन्ध्र में ध्यान लगाकर परमात्मा की सत्ता का सूक्ष्म विचार करता है। वह शिर प्राण, अन्न और मन द्वारा रक्षित रहता है ॥ २७ ॥

ऊर्ध्वो नु सृष्टा३स्तिर्यङ् नु सृष्टा३ः सर्वा दिशः पुरुष आ बभूवाँ३ । पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥ २८ ॥

ऊर्ध्वः । नु । सृष्टा३ः । तिर्यङ् । नु । सृष्टा३ः । सर्वाः । दिशः । पुरुषः । आ । बभूवाँ३ ॥ पुरम् । यः । ब्रह्मणः । वेद । यस्याः । पुरुषः । उच्यते ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(नु) क्या (ऊर्ध्वः) ऊंचा (सृष्टा ३ः) उत्पन्न होता हुआ और (नु) क्या (तिर्यङ्) तिरछा (सृष्टा ३ः) उत्पन्न होता हुआ (पुरुषः)

२७—(तत्) (वै) एव (अथर्वणः) म० २६। निश्चलपरमेश्वरस्य (शिरः) मस्तकम् (देवकोशः) कुश श्लेषे-घञ्। दिव्यगुणानां भाण्डागारः (समुब्जितः) सम्यक् सरलीकृतः (तत्) प्राणः जीवनवायुः (अभि) सर्वतः (रक्षति) पाति (शिरः) (अन्नम्) (अथो) अपि च (मनः) ॥

२८-(ऊर्ध्वः) उच्चस्थः (नु) प्रश्ने। किम् (सृष्टा ३ः) विचार्य-

वह मनुष्य (सर्वाः दिशः) सब दिशाओं में (आ) यथावत् (बभूवा ३) व्यापा है ? (यः) जो [मनुष्य] (ब्रह्मणः) ब्रह्म [परमात्मा] की (पुरम्) [उस] पूर्ति को (वेद) जानता है, (यस्याः) जिस [पूर्ति] से [वह परमेश्वर] (पुरुषः) पुरुष [परिपूर्ण] (उच्यते) कहा जाता है ॥ २८ ॥

भावार्थ—अब यह प्रश्न है कि जो योगी परमात्मा को साक्षात् कर लेता है, क्या उसके भीतर सब संसार में व्यापने की शक्ति हो जाती है ? इसका उत्तर अगले मन्त्र में है ॥ २८ ॥

यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम् ।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः ॥ २९ ॥

यः । वै । ताम् । ब्रह्मणः । वेद । अमृतेन । आ-वृताम् । पुरम् ॥ तस्मै । ब्रह्म । च । ब्राह्माः । च । चक्षुः । प्राणम् । प्र-जाम् । ददुः ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [मनुष्य] (वै) निश्चय करके (ब्रह्मणः) ब्रह्म [परमात्मा] की (अमृतेन) अमरपन [मोक्षसुख] से (आवृताम्) छायी

माणानाम् । पा० ८ । २ । ९७ । इति टेः प्लुतः । सम्यक् सृष्टः (तिर्यङ्) वक्रगामी (नु) (सृष्टा ३ः) (सर्वाः) (दिशः) (आ) समन्तात् (बभूवाँ ३) विचार्यमाणनाम् । पा० ८ । २ । ९७ । टेः प्लुतः । अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः । पा० ८ । ४ । ५७ । इत्यनुनासिकः । बभूव । व्याप (पुरम्) क्विप् च । पा० ३ । २ । ७६ । पॄ पालनपूरणयोः—क्विप् । उदोष्ठ्यपूर्वस्य । पा० ७ । १ । १०२ । उकारादेशः । पूर्तिम् । नगरीम् (यः) योगी (ब्रह्मणः) परमेश्वरस्य (वेद) जानाति (यस्याः) पुरः सकाशात् । पूर्तिकारणात् (पुरुषः) पुरः कुषन् । उ० ४ । ७४ । पुर अग्रगमने—कुषन् । यद्वा, पॄ पालनपूरणयोः—कुषन् । उदोष्ठ्यपूर्वस्य । पा० ७ । १ । १०२ । उकारः । यद्वा पुर्+षद्लृ गतौ, यद्वा, शीङ् स्वप्ने षस स्वप्ने वा—ड, पृषोदरादिरूपम् । पुरुषः पुरिषादः पुरिशयः पूरयतेर्वा–निरु० २ । ३ । अग्रगामी । पूरयिता । परिपूर्णः । परमेश्वरः। मनुष्यः (उच्यते) कथ्यते ॥

२९—(यः) मनुष्यः (वै) निश्चयेन (ताम्) (ब्रह्मणः) परमेश्वरस्य (वेद) जानाति (अमृतेन) अमरणेन । मोक्षसुखेन (आवृताम्) आच्छादिताम्

हुई (ताम्) उस (पुरम्) पूर्णता को (वेद) जानता है, (तस्मै) उस [मनुष्य] को (ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] (च च) और (ब्राह्माः) ब्रह्म सम्बन्धी बोधों ने (चक्षुः) दृष्टि, (प्राणम्) प्राण [जीवन सामर्थ्य] और (प्रजाम्) प्रजा [मनुष्य आदि] (ददुः) दिये हैं ॥ २९ ॥

भावार्थ—यह गत मन्त्र का उत्तर है। ब्रह्मज्ञानी पुरुष दिव्य दृष्टि वाला और महाबली होकर सब प्रकार से परिपूर्ण होता हुआ आनन्द भोगता है ॥ २९ ॥

न वै तं चक्षु॑र्जहाति॒ न प्रा॒णो ज॒रसः॑ पु॒रा ।
पुरं॒ यो ब्रह्म॑णो वेद॒ यस्याः॒ पुरु॑ष उ॒च्यते॑ ॥ ३० ॥

न । वै । तम् । चक्षुः॑ । ज॒हा॒ति॒ । न । प्रा॒णः । ज॒रसः॑ । पु॒रा ॥
पुर॑म् । यः । ब्रह्म॑णः । वेद॑ । यस्याः॑ । पुरु॑षः । उ॒च्यते॑ ॥ ३० ॥

भाषार्थ—(तम्) उस [मनुष्य] को (न वै) न कभी (चक्षुः) दृष्टि और (न) न (प्राणः) प्राण [जीवनसामर्थ्य (जरसः पुरा) [पुरुषार्थ के] घटाव से पहिले (जहाति) तजता है। (यः) जो मनुष्य (ब्रह्मणः) ब्रह्म [परमात्मा] की (पुरम्) [उस] पूर्ति को (वेद) जानता है, (यस्याः) जिस [पूर्ति] से वह [परमेश्वर] (पुरुषः) पुरुष [परिपूर्ण] (उच्यते) कहा जाता है ॥ ३० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पूर्ण परमात्मा को जानता है, उस मनुष्य में दिव्यदृष्टि और आत्मबल सदा बना रहता है, जब तक वह पुरुषार्थ करता रहता है ॥ ३० ॥

(पुरम्) म० २८। पूर्तिम् (तस्मै) मनुष्याय (ब्रह्म) परमेश्वरः (च) (ब्राह्माः) सास्य देवता। पा० ७। २। २४। ब्रह्मन्-अण्, टिलोपः। ब्रह्मसम्बधिनो बोधाः (च) (चक्षुः) दृष्टिम् (प्राणम्) जीवनसामर्थ्यम् (प्रजाम्) मनुष्यादिरूपाम् (ददुः) दत्तवन्तः ॥

३०—(न) निषेधे (वै) एव (तम्) मनुष्यम् (चक्षुः) दृष्टिः (जहाति) त्यजति (न) (प्राणः) (जरसः) जरायाः। पुरुषार्थहानेः सकाशात् (पुरा) पूर्वम्। अन्यत्-पूर्ववत्-मन्त्रे २८ ॥

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या ।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥ ३१ ॥

अष्टा-चक्रा । नव-द्वारा । देवानाम् । पूः । अयोध्या ॥ तस्याम् । हिरण्ययः । कोशः । स्वः-गः । ज्योतिषा । आ-वृतः ॥ ३१ ॥

तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते ।
तस्मिन् यद् यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः ॥ ३२ ॥

तस्मिन् । हिरण्यये । कोशे । त्रि-अरे । त्रि-प्रतिस्थिते ॥ तस्मिन् । यत् । यक्षम् । आत्मन्-वत् । तत् । वै । ब्रह्म-विदः । विदुः ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—(अष्टाचक्रा) [योग के अङ्ग अर्थात् यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि, इन] आठों का कर्म [वा चक्र] रखनेवाली, (नवद्वारा) [सात मस्तक के छिद्र और मन और बुद्धिरूप] नवद्वार वाली (पूः) पूर्ति [पुरी देह] (देवानाम्) उन्मत्तों के लिये (अयोध्या) अजेय है। (तस्याम्) उस [पूर्ति] में (हिरण्ययः) अनेक बलों से युक्त (कोशः) कोश [भण्डार अर्थात् चेतन जीवात्मा] (स्वर्गः) सुख [सुखस्वरूप परमात्मा]की ओर चलने वाला (ज्योतिषा) ज्योति [प्रकाश स्वरूप ब्रह्म] से (आवृतः) छाया हुआ है ॥ ३१ ॥

३१—(अष्टाचक्रा) करोतेर्घञर्थे—क, द्वित्वम् । चक्रं कर्म रथाङ्गं वा । यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि—योगदर्शने । २ । २९ । इत्यष्टावङ्गानि कर्माणि यस्याः सा (नवद्वारा) मनोबुद्धिसहितैः सप्तशोर्षण्यच्छिद्रैर्युक्ता (देवानाम्) दिवु मदे—अच् । उन्मत्तानां मूर्खाणाम् (पूः) म० २८ । पूर्तिपुरी (अयोध्या) अजेया (तस्याम्) पुरि (हिरण्ययः) ऋत्व्यवास्त्व्यवास्त्वमाध्वीहिरण्ययानि छन्दसि । पा० ६ । ४ । १७५ । मयटो मलोपः । हिरण्यमयः । हिरण्यानि रेतांसि बलानि यस्मिन् सः (कोशः) कुश श्लेषे—घञ् । भाण्डागारः (स्वर्गः) स्वः सुखं गच्छति प्राप्नोतीति यः (ज्योतिषा) प्रकाशस्वरूपेण परमात्मना (आवृतः) आच्छादितः ॥

(तस्मिन् तस्मिन्) उसी ही (हिरण्यये) अनेक बलों से युक्त, (त्र्यरे) [स्थान, नाम, जन्म इन] तीनों में गति वाले, (त्रिप्रतिष्ठिते) [कर्म, उपासना ज्ञान इन] तीनों में प्रतिष्ठा वाले (कोशे) कोश (भण्डार रूप जीवात्मा] में (यत्) जो (यक्षम्) पूजनीय (आत्मन्वत्) आत्मा वाला [महापराक्रमी परब्रह्म] है, (तत् वै) उसको ही (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानी लोग (विदुः) जानते हैं ३२

भावार्थ—शरीर की गति को अज्ञानी दुर्बलेन्द्रिय लोग नहीं समझते। शरीर के भीतर चेतन जीवात्मा है। जीवात्मा के बाहिर और भीतर ज्योतिः स्वरूप परब्रह्म है। उस परब्रह्म को वेदवेत्ता योगीजन साक्षात् करते हैं ।३१।३२॥

प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम् ।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम् ॥ ३३ ॥ (६)

प्र-भ्राजमानाम्। हरिणीम्। यशसा। सम्-परिवृताम् ॥ पुरम् ।
हिरण्ययीम् । ब्रह्म । आ । विवेश । अपरा-जिताम् ॥३३॥(६)

भाषार्थ—(ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] ने (भ्राजमानाम्) बड़ी प्रकाशमान (हरिणीम्) दुःख हरने वाली (यशसा) यश से (संपरिवृतात्) सर्वथा छायी हुई, (हिरण्ययीम्) अनेक बलों वाली, (अपराजिताम्) कभी न जीती गई (पुरम्) पूर्ति में (आ) सब ओर से (विवेश) प्रवेश किया है ॥३३॥

भावार्थ—विज्ञानी पुरुष सर्वथा अक्षय परिपूर्ण परमात्मा की उपासना से सदा आनन्द में मग्न रहते हैं ॥ ३३ ॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

३२—(तस्मिन्) हिरण्यये। बलयुक्ते (कोशे) (त्र्यरे) त्रयाणां स्थाननामजन्मनाम् अरो गतिर्यस्मिन् तस्मिन् (त्रिप्रतिष्ठिते) त्रयाणां कर्मोपासना ज्ञानानां प्रतिष्ठायुक्ते (तस्मिन्) (यत्) (यक्षम्) पूजनीयम् (आत्मन्वत्) अ० ४। १०। ७। आत्मबलवत्। महापराक्रमयुक्तं परब्रह्म (तत्) ब्रह्म (वै) (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानिनः (विदुः) जानन्ति ॥

३३—(प्रभ्राजमानाम्) प्रदीप्यमानाम् (हरिणीम्) हृञ्—इनन्, ङीप्। दुःख हरणशीलाम् (यशसा) कीर्त्या (संपरिवृताम्) समन्तादाच्छादिताम् (पुरम्) म०२८। पूर्तिम् (हिरण्ययीम्) म०३१। हिरण्यय-ङीप्। बलैर्युक्ताम् (ब्रह्म) परमेश्वरः (आ) समन्तात् (विवेश) प्रविष्टवान् (अपराजिताम्) अपराभूताम् ॥

अथ द्वितीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ३ ॥

१—२५ ॥ वरणो देवता ॥ १, ४, ७, ६, १०, १२ अनुष्टुप्; २, ३, ६ भुरिक् त्रिष्टुप्, ५ निचृदनुष्टुप्; ८, १३, १४ पथ्या पङ्क्तिः; ११, १६ भुरिगनुष्टुप्; १५, १७—२५ षट्पदा जगती ॥

सर्वसम्पत्तिप्राप्त्युपदेशः—सब सम्पत्तियों के पाने का उपदेश ॥

अ॒यं मे॑ व॒र॒णो म॒णिः स॑पत्न॒क्षय॑णो॒ वृषा॑ ।
तेना र॑भस्व॒ त्वं शत्रू॑न् प्र मृ॑णीहि दु॒रस्य॒तः ॥ १ ॥

अ॒यम् । मे॒ । व॒र॒णः । म॒णिः । स॒प॒त्न॒-क्षय॑णः । वृषा॑ ॥ तेन॑ । आ । र॒भ॒स्व॒ । त्वम् । शत्रू॑न् । प्र । मृ॒णी॒हि॒ । दु॒र॒स्य॒तः ॥१॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (मणिः) प्रशंसनीय (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध, अथवा वरना वा वरुण औषध] (मे) मेरे (सपत्नक्षयणः) बैरियों का नाश करने वाला (वृषा) वीर्यवान् है। [हे प्राणी!] (तेन) उस से (त्वम्) तू (शत्रून्) शत्रुओं को (आ रभस्व) पकड़ ले, और (दुरस्यतः) दुराचारियों को (प्र मृणीहि) मार डाल ॥ १ ॥

भावार्थ—जैसे सद्वैद्य वरण आदि औषध द्वारा शरीर के रोगों का नाश करता है, वैसे ही विद्वान् वेदविद्या द्वारा आत्मिक दोष मिटावे ॥ १ ॥

१—(अयम्) प्रसिद्धः (मे) मम (वरणः) अ० ६ । ८५ ॥ १ । वृञ् वरणे: स्वीकरणे—युच् । स्वीकरणीयः । वेदबोधः । वरुणौषधिर्वा (मणिः) अ० १ । २९ । १ । मण कूजे—इन् । प्रशंसनीयः (सपत्नक्षयणः) शत्रुनाशकः (वृषा) वीर्यवान् (तेन) (आरभस्व) निगृहाण (त्वम्) (शत्रून्) (प्रमृणीहि) सर्वथा मारय (दुरस्यतः) अ० १ । २९ । २ । दुरस्य-शतृ । दुष्टीयतः । अनिष्टं कर्तुमिच्छून् ।

(वरणः) वरण ओषधिविशेष है, उसका वर्णन इस प्रकार है-देखो भावप्रकाश, पूर्वखण्ड, वटादिवर्ग, श्लोक ५६।५७॥

वरुण [के नाम] वरण, सेतु, तिक्तशाक, कुमारक हैं। वरना पित्तकारक, मल भेदक, और कफ़, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, वात, गुल्म, वात से उत्पन्न रक्तविकार, और कृमि को मिटाता है,वह उष्ण, अग्निको दीपन करने वाला, कसैला, मधुर कड़वा, चर्परा, रूखा और हलका होता है॥ १, २॥

प्रैणाञ्छृणीहि प्र मृणा रभस्व मणिस्ते अस्तु पुरएता पुरस्तात्।
अवारयन्त वरणेन देवा अभ्याचारमसुराणां श्वःश्वः॥ २॥

प्र। एनान्। शृणीहि। प्र। मृण। आ। रभस्व। मणिः। ते। अस्तु। पुरः-एता। पुरस्तात्॥ अवारयन्त। वरणेन। देवाः। अभि-आचारम्। असुराणाम्। श्वः-श्वः॥ २॥

भाषार्थ—(एनान्) इनको (प्रशृणीहि) कुचलडाल, (प्रमृण) मार डाल, (आ रभस्व) पकड़ले, (मणिः) प्रशंसनीय [वैदिक बोध] (ते) तेरा (पुर एता) अगुआ (पुरस्तात्) साम्हने (अस्तु) होवे। (देवाः) देवताओं [विजयी लोगों] ने (वरणेन) वरण [श्रेष्ठ वैदिक बोध वा वरना औषध) से (असुराणम्) सुर विरोधी [दुष्टों] के (अभ्याचारम्) विरुद्ध आचरण को (श्वः श्वः) एक आगामी कल्यसे दूसरी कल्य को (अर्थात् पहिले से ही] (अवारयन्त) रोका था॥ २॥

भावार्थ—जैसे दूरदर्शी पूर्वज महात्माओं ने उत्तम ज्ञानों और उत्तम औषधों द्वारा आत्मिक और शारीरिक रोग मिटाये हैं, वैसे ही सब मनुष्य उत्तम गुणों और उत्तम ओषधियों के सेवन से उन्नति करें॥ २॥

२—(प्र) प्रकर्षेण (एनान्) शत्रून् (शृणीहि) नाशय (प्र) (मृण) (आरभस्व) (मणिः) (ते) तव (अस्तु) (पुर एता) अग्रगामी (पुरस्तात्) अग्रे (अवारयन्त) निवारितवन्तः (वरणेन) म० १। स्वीकरणीयेन। वैदिकबोधेन। वरणौषधेन (देवाः) विजिगीषवः (अभ्याचारम्) विरुद्धाचरणम् (असुराणम्) सुरविरोधिनाम् (श्वः श्वः) आगामिन्यागामिनि दिवसे। पूर्वविचारेणेत्यर्थः॥

अयं मणिर्वरणो विश्वभेषजः सहस्राक्षो हरितो हिरण्ययः । स ते शत्रूनधरान् पादयाति पूर्वस्तान् दभ्नुहि ये त्वा द्विषन्ति ॥३॥

अयम् । मणिः । वरणः । विश्व-भेषजः । सहस्र-अक्षः । हरितः । हिरण्ययः ॥ सः । ते । शत्रून् । अधरान् । पादयाति । पूर्वः । तान् । दभ्नुहि । ये । त्वा । द्विषन्ति ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (मणिः) प्रशंसनीय (वरणः) वरण [वरणीय, मानने योग्य, वैदिक बोध वा वरना औषध] (विश्वभेषजः) समस्त भय जीतने वाला, (सहस्राक्षः) सहस्रों व्यवहार वाला, (हरितः) सिंह [समान] (हिरण्ययः) तेजोमय है । (सः) वह (ते) तेरे (शत्रून्) शत्रुओं को (अधरान्) नीचे (पादयाति) गिरावे, (पूर्वः) पहिले होकर तू (तान्) उन्हें (दभ्नुहि) दबा ले, (ये) जो (त्वा) तुझसे (द्विषन्ति) बैर करते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ—दूरदर्शी मनुष्य आत्मिक और शारीरिक रोग मिटाकर स्वस्थ होकर आनन्द भोगे ॥ ३ ॥

अयं ते कृत्यां विततां पौरुषेयादयं भयात् ।
अयं त्वा सर्वस्मात् पापाद् वरणो वारयिष्यते ॥ ४ ॥

अयम् । ते । कृत्याम् । वि-तताम् । पौरुषेयात् । अयम् । भयात् ॥ अयम् । त्वा । सर्वस्मात् । पापात् । वरणः । वारयिष्यते ॥४॥

भाषार्थ—(अयम अयम्) यही [वरण] (ते) तेरे लिये (विततम्) फैली हुयी (कृत्याम्) हिंसा को (पौरुषेयात्) मनुष्य से किये हुये (भयात्)

३—(अयम्) (मणिः) प्रशंसनीयः (वरणः) म० १ (विश्वभेषजः) सर्वभयजेता (सहस्राक्षः) अ० । ४ । १६ । ४ । बहुव्यवहारोपेतः (हरितः) सिंहरूपः (हिरण्ययः) तेजोमयः (सः) वरणः (ते) तव (शत्रून्) (अधरान्) नीचान् (पादयाति) पातयेत् (पूर्वः) प्रथमः सन् (तान्) (दभ्नुहि) वशीकुरु (ये) (त्वा) (द्विषन्ति) वैरायन्ते ॥

४—(अयम्) (ते) तुभ्यम् (कृत्याम्) अ० ४ । ६ । ५ । हिंसाम् (विततम्) विस्तृताम् (पौरुषेयात्) अ० ७ । १०५ । १ । पुरुषेण कृतात् (भयात्)

भय से, और (अयम्) यह (वरणः) वरण [वैदिक बोध वा वरना औषध ही] (त्वा) तुझ को (सर्वस्मात्) सब (पापात्) पापसे (वारयिष्यते) रोकेगा ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य वैदिकज्ञान और पथ्य खान पान से बलवान् होवें ॥४॥

वरुणो वारयाता अयं देवो वनस्पतिः ।
यक्ष्मो यो अस्मिन्नाविष्टस्तमु देवा अवीवरन् ॥ ५ ॥

वरणः । वारयातै । अयम् । देवः । वनस्पतिः ॥ यक्ष्मः । यः । अस्मिन् । आ-विष्टः । तम् । ऊं इति । देवाः । अवीवरन् ॥५॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (देवः) दिव्य गुण वाला (वनस्पतिः) सेवनीय गुणोंका रक्षक (वरणः) वरण [वैदिक बोध वा वरना औषध] [उस राजरोग को] (वारयातै) हटावे (यः) जो (यक्ष्मः) राजरोग (अस्मिन्) इस [पुरुष] में (आविष्टः) प्रवेश कर गया है, (तम्) उस को (उ) निश्चय करके (देवाः) व्यवहार जानने वाले विद्वानों ने (अवीवरन्) हटाया है ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य पूर्वज विद्वानों के समान प्रयत्न करके आत्मिक और शारीरिक रोगों का नाश करे ॥ ५ ॥

यह मन्त्र आचुका है—अथर्व० ६ । ८५ । १ ॥

स्वप्नं सुप्त्वा यदि पश्यासि पापं मृगः सृतिं यति धावादजुष्टाम् । परिक्षवाच्छकुनेः पापवादादयं मणिर्वरणो वारयिष्यते ॥ ६ ॥

स्वप्नम् । सुप्त्वा । यदि । पश्यासि । पापम् । मृगः । सृतिम् । यति । धावात् । अजुष्टाम् ॥ परि-क्षवात् । शकुनेः । पापवादात् । अयम् । मणिः । वरणः । वारयिष्यते ॥ ६ ॥

दरात् (अयम् (त्वा) सर्वस्मात्) (पापात्) दुःखात् (वरणः) म० १ । वैदिकबोधो वरुणौषधं वा (वारयिष्यते) वृञ् आवरणे—लृट् । प्रतिरोत्स्यति ॥

५—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अथर्व० ६ । ८५ । १ ॥

भाषार्थ—(यदि) जो तू (सुप्त्वा) सोकर (पापम्) बुरे (स्वप्नम्) स्वप्न को (पश्यासि) देखे, (यति=यदि) जो (मृगः) बनैला पशु (अजुष्टाम्) अप्रिय (सृतिम्) मार्ग में (धावात्) दौड़े। (शकुनेः) पक्षी [गिद्ध वा चील्ह] के (परिक्षवात्) नाक के फुरफुराहट से और (पापवादात्) [मुखके] कठोर शब्दसे (अयम्) यह (मणिः) प्रशंसनीय (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (वारयिष्यते) रोकेगा ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य आत्मिक और शारीरिक बल बढ़ाकर कुस्वप्न आदि रोगों और हिंसक पशुओं और पक्षियों की दुष्टता से निर्भय रहें ॥ ६ ॥

अरा॑त्यास्त्वा नि॒र्ऋ॑त्या अभि॒चा॒राद॒थो॑ भ॒यात् ।

मृ॒त्योरोजी॑यसो व॒धाद्व॒र॒णो वा॑रयिष्यते ॥ ७ ॥

अरा॑त्याः । त्वा॒ । निः॒-ऋ॑त्याः । अ॒भि॒-चा॒रात् । अथो॒ इति॑ । भ॒यात् ॥ मृ॒त्योः । ओजी॑यसः । व॒धात् । व॒र॒णः । वा॒र॒यि॒ष्य॒ते॒ ॥ ७

भाषार्थ—(वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (त्वा) तुझ को (अरात्याः) कंजूसी से, (निर्ऋत्याः) महामारी से, (अभिचारात्) विरुद्ध आचरण से, (भयात्) भय से, (मृत्योः) मृत्यु [आलस्य आदि] से (अथो) और (ओजीयसः) अधिक बलवान् के (वधात्) वज्र से (वारयिष्यते) रोकेगा ॥ ७ ॥

६—(स्वप्नम्) सुप्तस्य मानसिकवृत्तिभेदम् (सुप्त्वा) शयित्वा) (यदि) सम्भावनायाम् (पश्यासि) अवलोकेथाः (पापम्) दुःखप्रदम् (मृगः) अरण्यपशुः (सृतिम्) मार्गम् (यति) दस्य तः। यदि (धावात्) शीघ्रं गच्छेत् (अजुष्टाम्) अप्रियाम् (परिक्षवात्) टु क्षु नासाशब्दे—अप्। नासातो वायुनिःसरणजन्यशब्दात् (शकुनेः) पक्षिणः। गृध्रचिल्हादेः (पापवादात) दुष्टशब्दात्। अन्यद् व्याख्यातम् ॥

७—(अरात्याः) अ० १। २। २। रा दाने- क्तिन्। अदानात्। कृपणत्वात् (त्वा) (निर्ऋत्याः) अ० २। १०। १। कृच्छ्रापत्तेः सकाशात् (अभिचारात्) विरुद्धाचरणात् (अथो) अपि च (भयात्) (मृत्योः) मरणात्। आलस्यात् (ओजीयसः) अ० ५। २। ४। बलवत्तरस्य (वधात्) वज्रात्-निघ० २। २०। (वरणः) म० १ (वारयिष्यते) ॥

भावार्थ—मनुष्य विवेकी और बलवान् होकर सब विपत्तियों से बचे ७

यन्मे माता यन्मे पिता भ्रातरो यच्च मे स्वा यदेनश्चकृमा वयम्। ततो नो वारयिष्यतेऽयं देवो वनस्पतिः ॥ ८ ॥

यत्। मे। माता। यत्। मे। पिता। भ्रातरः। यत्। च। मे। स्वाः। यत्। एनः। चकृम। वयम् ॥ ततः। नः। वारयिष्यते। अयम्। देवः। वनस्पतिः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो कुछ (एनः) पाप (मे माता) मेरी माता ने, (यत्) जो कुछ (मे पिता) मेरे पिता ने, (यत्) जो कुछ (मे भ्रातरः) मेरे भाइयों ने (च) और (स्वाः) ज्ञाति वालों ने और (यत्) जो कुछ (वयम्) हमने (चकृम) किया है (ततः) उस से (नः) हमको (अयम्) यह (देवः) दिव्य गुण वाला (वनस्पतिः) सेवनीय गुणों का रक्षक [पदार्थ] (वारयिष्यते) बचावेगा ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वे अपने बन्धुओं सहित सदा विवेकी और बलवान् रह कर पाप कर्म से बचें ॥ ८ ॥

वरणेन प्रव्यथिता भ्रातृव्या मे सबन्धवः।
असूर्तं रजो अप्यगुस्ते यन्त्वधमं तमः ॥ ९ ॥

वरणेन। प्र-व्यथिताः। भ्रातृव्याः। मे। स-बन्धवः ॥ असूर्तम्। रजः। अपि। अगुः। ते। यन्तु। अधमम्। तमः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(वरणेन) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] द्वारा (प्रव्यथिताः) पीड़ित किये गये (मे) मेरे (भ्रातृव्याः)

८—(यत्) यत् किञ्चित् (मे) मम (भ्रातरः) सहोदराः (स्वाः) ज्ञातयः (एनः) पापम् (चकृम) कृतवन्तः (ततः) पापात् (नः) अस्मान् (वारयिष्यते) प्रतिरोत्स्यते (अयम्) (देवः) दिव्यगुणः (वनस्पतिः) अ० ६। ८५। १। वननीयानां सेवनीयानां गुणानां पालकः। अन्यत् सुगमम् ॥

९—(वरणेन) म० १। श्रेष्ठेन (प्रव्यथिताः) अतिपीडिताः (भ्रातृव्याः) शत्रवः (मे) मम (सबन्धवः) बान्धवैः सहिताः (असूर्तम्) नक्षत्रनिषत्ता-

बैरी लोग (सबन्धवः) अपने बन्धुओं सहित (असूर्तम्) न जाने योग्य (रजः) लोक [देश] में (अपि) ही (अगुः) गये हैं। (ते) वे लोग (अधमम्) अति नीचे (तमः) अन्धकार में (यन्तु) जावें ॥ ६ ॥

भावार्थ—सर्वनियन्ता परमेश्वर द्वारा और बलवान् राजा की नीति से दुष्ट लोग सदा बन्धीगृह आदि भोगते रहे हैं और सदा भोगते रहें ॥ ६ ॥

अरिष्टोऽहमरिष्टगुरायुष्मान्त्सर्वपूरुषः ।
तं मायं वरुणो मणिः परि पातु दिशोदिशः ॥ १० ॥ (७)

अरिष्टः । अहम् । अरिष्ट-गुः । आयुष्मान् । सर्व-पुरुषः ॥ तम् । मा । अयम् । वरुणः । मणिः । परि । पातु । दिशः-दिशः १०॥ (७)

भाषार्थ—(अहम) मैं (अरिष्टः) न हारा हुआ, (अरिष्टगुः) न हारी हुयी विद्या वाला, (आयुष्मान्) उत्तम जीवन वाला और (सर्वपुरुषः) सब पुरुषों वाला हूं। (तम्) उस (मा) मुझ को (अयम्) यह (मणिः) प्रशंसनीय (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (दिशोदिशः) दिशा दिशा से (परि पातु) सब प्रकार बचावे ॥१०॥

भावार्थ—दृढ़ स्वभाव विद्वान् मनुष्य शरीर से बलवान् होकर परमेश्वर में विश्वास करके परस्पर रक्षा करें ॥ १० ॥

अयं मे वरण उरसि राजा देवो वनस्पतिः ।
स मे शत्रून् वि बाधतामिन्द्रो दस्यूनिवासुरान् ॥ ११ ॥

अयम् । मे । वरणः । उरसि । राजा । देवः । वनस्पतिः ॥

नुत्त० । पा० ८ । २ । ६१ । नञ्+सृ गतौ-क, ऋकारस्य उत्वम् । असरणीयमगन्तव्यम् (रजः) लोकम् (अपि) एव (अगुः) प्रापुः (ते) शत्रवः (यन्तु) गच्छन्तु (अधमम्) अतिनीचम् (तमः) अन्धकारम् ॥

१०—(अरिष्टः) अहिंसितः (अहम्) (अरिष्टगुः) गौर्वाङ्नाम—निघ० १ । ११ । गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य । पा० १।२।४८। गोर्ह्रस्वः । अहिंसितविद्यः (आयुष्मान्) उत्तमजीवनोपेतः (सर्वपुरुषः) सर्वपुरुषयुक्तः (तम्) तादृशम् (मा) माम् (दिशोदिशः) सर्वस्या दिशायाः सकाशात् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

सः । मे । शत्रू॑न् । वि । बा॒धता॒म् । इन्द्रः॑ । दस्यू॑न्-इव ।
असु॑रान् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (राजा) राजा, (देवः) दिव्य गुण वाला (वनस्पतिः) सेवनीय गुणों का रक्षक (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (मे) मेरे (उरसि) हृदय में है। (सः) वह (मे) मेरे (शत्रून्) शत्रुओं को (वि बाधताम्) हटा देवें, (इव) जैसे (इन्द्रः) इन्द्र [बड़ा ऐश्वर्यवान् पुरुष] (असुरान्) सज्जनों के विरोधी (दस्यून्) डाकुओं को [हटाता है] ॥ ११ ॥

भावार्थ—विद्वान् मनुष्य परमात्मा में श्रद्धा करके आत्मा और शरीर की उन्नति करता हुआ प्रतापी शूरों के समान शत्रुओं का नाश करे ॥ ११ ॥

इ॒मं बि॑भर्मि व॒रण॒मायु॑ष्माञ्छ॒तशा॑रदः ।
स मे॑ रा॒ष्ट्रं च॑ क्ष॒त्रं च॑ प॒शूनोज॑श्च मे दधत् ॥ १२ ॥

इ॒मम् । बि॒भ॒र्मि॒ । व॒रण॑म् । आयु॑ष्मान् । श॒त-शा॑रदः ॥ सः । मे॒ । रा॒ष्ट्रम् । च॒ । क्ष॒त्रम् । च॒ । प॒शून् । ओजः॑ । च॒ । मे॒ । द॒ध॒त् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(आयुष्मान्) उत्तम जीवन वाला, (शतशारदः) सौ वर्ष जीवन वाला (इमम्) (वरणम्) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] को (बिभर्मि) धारण करता हूं। (सः) वह (मे) मेरे (राष्ट्रम्) राज्य (च) और (क्षत्रम्) क्षत्रिय धर्म को (च) और (पशून्) पशुओं (च) और (मे) मेरे (ओजः) बल को (दधत्) पुष्ट करे ॥ १२ ॥

११—(उरसि) हृदये (राजा) ऐश्वर्यवान् (शत्रून्) अरीन् (वि) विशेषेण (बाधताम्) निवारयतु (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् (दस्यून्) चौरान् महासाहसिकान् (इव) यथा (असुरान्) सज्जनविरोधकान् ॥

१२—(इमम्) पूर्वोक्तम् (बिभर्मि) धरामि (वरणम्) म० १। श्रेष्ठम् (आयुष्मान्) (शतशारदः) अ० १। ३५। १। शतसंवत्सरयुक्तः (सः) वरणः (मे) मम (राष्ट्रम्) राज्यम् (च) (क्षत्रम्) क्षत्रियधर्मम् (च) (पशून्) (ओजः) बलम् (च) (मे) (दधत्) पोषयेत् ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि आत्मिक और शारीरिक बल द्वारा संसार की रक्षा करें ॥ १२ ॥

यथा वातो वनस्पतीन् वृक्षान् भनक्त्योजसा । एवा सपत्नान् मे भङ्ग्धि पूर्वान् जाताँ उतापरान् वरणस्त्वाभि रक्षतु ॥१३॥

यथा । वातः । वनस्पतीन् । वृक्षान् । भनक्ति । ओजसा ॥ एव । स-पत्नान् । मे । भङ्ग्धि । पूर्वान् । जातान् । उत । अपरान् । वरणः । त्वा । अभि । रक्षतु ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (वातः) वायु (वनस्पतीन्) वनस्पतियों [बिना फूल फल देने वाले पीपल आदि] और (वृक्षान्) वृक्षों को (ओजसा) बल से (भनक्ति) तोड़ता है । (एव) वैसे ही (मे) मेरे (सपत्नान्) शत्रुओं को (भङ्ग्धि) तोड़ डाल, (पूर्वान्) पहिले (जातान्) उत्पन्नों (उत) और (अपरान्) पिछलों को । (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (त्वा) तेरी (अभि) सब ओर से (रक्षतु) रक्षा करे ॥१३॥

भावार्थ—मनुष्य आत्मिक और शारीरिक बल से वायु समान शीघ्रगामी होकर दोषों और शत्रुओं का नाश करे ॥ १३ ॥

यथा वातश्चाग्निश्च वृक्षान् प्सातो वनस्पतीन् ।
एवा सपत्नान् मे प्साहि पूर्वान्० ॥ १४ ॥

यथा । वातः । च । अग्निः । च । वृक्षान् । प्सातः । वनस्पतीन् ॥ एव । स-पत्नान् मे । प्साहि । पूर्वान् ।० ॥ १४ ॥

१३—(यथा) येन प्रकारेण (वातः) वायुः (वनस्पतीन्) पुष्पं विना जायमानफलान् अश्वत्थादीन् वृक्षान् (वृक्षान्) स्थावरयोनिविशेषान् विटपान् (भनक्ति) छिनत्ति (ओजसा) बलेन (एव) तथा (सपत्नान्) शत्रून् (मे) मम (भङ्ग्धि) भिन्धि (पूर्वान्) प्रथमान् (जातान्) उत्पन्नान् (उत) अपि (अपरान्) अर्वाचीनान् (वरणः) म० १ । स्वीकरणीयः (त्वा) (अभि) सर्वतः (रक्षतु) पातु ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (वातः) वायु (च च) और (अग्निः) अग्नि (वृक्षान्) वृक्षों और (वनस्पतीन्) वनस्पतियों को (प्सातः) खाते हैं। (एव) वैसे ही (मे) मेरे (सपत्नान्) शत्रुओं को (प्साहि) खा ले, (पूर्वान्) पहिले......म० १३ ॥ १४ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १४ ॥

यथा वातेन प्रक्षीणा वृक्षाः शेरे न्यर्पिताः । एवा सपत्नांस्त्वं मम प्र क्षिणीहि न्यर्पय पूर्वान् जाताँ उतापरान् वरणस्त्वाभि रक्षतु ॥ १५ ॥

यथा । वातेन । प्र-क्षीणाः । वृक्षाः । शेरे । नि-अर्पिताः ॥ एव । सु-पत्नान् । त्वम् । मम । प्र । क्षिणीहि । नि । अर्पय । पूर्वान् । जातान् । उत । अपरान् । वरणः । त्वा । अभि । रक्षतु ॥१५॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (वातेन) वायु से (प्रक्षीणाः) नष्टकर दिये गये और (न्यर्पिताः) झुकाये हुये (वृक्षाः) वृक्ष (शेरे=शेरते) सो जाते हैं। (एव) वैसे ही (मम) मेरे (सपत्नान्) वैरियों को (त्वम्) तू (प्र क्षिणीहि) नाश कर दे और (नि अर्पय) झुका दे, (पूर्वान्) पहिले (जातान्) उत्पन्नों (उत) और (अपरान्) पिछलों को। (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (त्वा) तेरी (अभि) सब ओर से (रक्षतु) रक्षा करे ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को शत्रुओं के नाश करने में सदा उद्योग करना चाहिये ॥ १५ ॥

तांस्त्वं प्र च्छिन्द्धि वरण पुरा दिष्टात् पुरायुषः ।
य एनं पशुषु दिप्संन्ति ये चास्य राष्ट्रदिप्सवः ॥ १६ ॥

१४—(प्सातः) भक्षतः (प्साहि) भक्ष । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१५—(यथा) (वातेन) वायुना (प्रक्षीणाः) विनाशिताः (वृक्षाः) (शेरे) छान्दसं रूपम् । शेरते । वर्तन्ते (न्यर्पिताः) नीचीकृताः (प्र क्षिणीहि) विनाशय (न्यर्पय) नीचय । अन्यत् पूर्ववत् ॥

तान् । त्वम् । प्र । छिन्द्धि । वरुण । पुरा । दिष्टात् । पुरा । आयुषः ॥ ये । एनम् । पशुषु । दिप्सन्ति । ये । च । अस्य । राष्ट्र-दिप्सवः ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(वरण) हे वरण ! [स्वीकार करने योग्य वैदिक बोध वा वरना औषध] (त्वम्) तू (तान्) उन [शत्रुओं] को (दिष्टात्) नियुक्त [प्रण] से (पुरा) पहिले और (आयुषः) आयु [के अन्त] से (पुरा) पहिले (प्र छिन्द्धि) काट डाल । (ये) जो (एनम्) इस [पुरुष] को (पशुषु) पशुओं के निमित्त (दिप्सन्ति) मार डालना चाहते हैं (च) और (ये) जो (अस्य) इसके (राष्ट्रदिप्सवः) राज्य के हानि कारक हैं ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य अपनी बुद्धि और बाहुबल से प्रजा और राज्य के हानिकारक शत्रुओं का नाश करे ॥ १६ ॥

यथा सूर्यो अतिभाति यथास्मिन् तेज आहितम् ।
एवा मे वरणो मणिः कीर्तिं भूतिं नि यच्छतु
तेजसा मा समुक्षतु यशसा समनक्तु मा ॥ १७ ॥

यथा । सूर्यः । अति-भाति । यथा । अस्मिन् । तेजः । आ-हितम् ॥ एव । मे । वरणः । मणिः । कीर्तिम् । भूतिम् । नि । यच्छतु । तेजसा । मा । सम् । उक्षतु । यशसा । सम् । अनक्तु । मा ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (सूर्यः) सूर्य (अतिभाति) बड़े प्रताप से चम-

---

१६—(तान्) शत्रून् (त्वम्) (प्र) (छिन्द्धि) भिन्धि (वरण) म० १ । हे स्वीकरणीय (पुरा) पूर्वम् (दिष्टात्) नियुक्तात् प्रणयात् (पुरा) (आयुषः) जीवनान्तात् (ये) शत्रवः (एनम्) प्राणिनम् (पशुषु) पशूनां निमित्ते (दिप्सन्ति) दम्भितुं हन्तुमिच्छन्ति (ये) (च) (अस्य) (राष्ट्रदिप्सवः) राज्यं विनाशयितुमिच्छवः ॥

१७—(यथा) (सूर्यः) (अतिभाति) बहुप्रतापेन दीप्यते (यथा)

कता है और (यथा) जैसे (अस्मिन्) इस [सूर्य] में (तेजः) तेज (आहितम्) स्थापित है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये (मणिः) श्रेष्ठ (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग्य; वैदिक बोध वा वरना औषध] (कीर्तिम्) कीर्ति और (भूतिम्) विभूति [ऐश्वर्य, सम्पत्ति] को (नि यच्छतु) दृढ़ करे, (तेजसा) तेज के साथ (मा) मुझे (सम्) यथावत् (उक्षतु) बढ़ावे और (यशसा) यश के साथ (मा) मुझे (सम्) यथावत् (अनक्तु) प्रकाशित करे ॥ १७ ॥

भावार्थ—जैसे सूर्य अपने प्रताप से जगत् में विख्यात है, वैसे ही मनुष्य ईश्वर ज्ञान और शरीर बल से प्रतापी होकर संसार में अपनी कीर्ति बढ़ावे ॥ १७ ॥

यथा यशश्चन्द्रमस्यादित्ये च नृचक्षसि । एवा मे० ॥ १८ ॥

यथा । यशः । चन्द्रमसि । आदित्ये । च । नृ-चक्षसि ॥०॥१८॥

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (चन्द्रमसि) चन्द्रमा में (च) और (नृचक्षसि) मनुष्यों को देखने वाले (आदित्ये) सूर्य में है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये……मन्त्र १७ ॥ १८ ॥

भावार्थ—मन्त्र १७ के समान है ॥ १८ ॥

यथा यशः पृथिव्यां यथास्मिन् जातवेदसि । एवा० ॥ १९ ॥

यथा । यशः । पृथिव्याम् । यथा । अस्मिन् । जात-वेदसि ॥०॥१९

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (पृथिव्याम्) पृथिवी में और (यथा) जैसा (अस्मिन्) इस (जातवेदसि) उत्पन्न पदार्थों में विद्यमान

(अस्मिन्) सूर्ये (तेजः) प्रतापः (आहितम्) स्थापितम् (एव) तथा (मे) मह्यम् (वरणः) म० १ । स्वीकरणीयः (मणिः) श्रेष्ठः (कीर्तिम्) विख्यातिम् (भूतिम्) विभूतिम् । सम्पत्तिम् (नि यच्छतु) दृढीकरोतु । नियोजयतु (तेजसा) (मा) माम् (सम्) सम्यक् (उक्षतु) उक्षण उक्षतेर्वृद्धिकर्मणः-निरु० १२ । ९ । वर्धयतु (यशसा) (सम्) (अनक्तु) अञ्जू कान्तौ । प्रदीपयतु (मा) माम् ॥

१८—(यथा) (यशः) (चन्द्रमसि) चन्द्रमण्डले (आदित्ये) अ० १ । ९ । १ । आदीप्यमाने सूर्ये (च) (नृचक्षसि) मनुष्याणां दर्शके । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१९—(पृथिव्याम्) भूमौ (जातवेदसि) अ० १ । ७ । २ । जातेषु वेदो

[अग्नि] में है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये ...... मन्त्र १७ ॥ १६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १७ के समान है ॥ १६ ॥

यथा यशः कन्यायां यथास्मिन्त्संभृते रथे । एवा० ॥ २० ॥ (८)

यथा । यशः । कन्यायाम् । यथा । अस्मिन् । सम्-भृते । रथे ।०।२०(८)

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (कन्यायाम्) कामना योग्य [कन्या] में और (यथा) जैसा (अस्मिन्) इस (संभृते) सुन्दर बने (रथे) रथ में है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये ...... म० १७ ॥ २० ॥

भावार्थ—जैसे सुशीला गुणवती कन्या से माता पिता आदि कीर्ति पाते हैं और जैसे सुन्दर यान विमान आदि से बनाने वाले की शिल्पविद्या प्रख्यात होती है वैसे ही सब मनुष्य अपनी कीर्ति बढ़ावें ॥ २० ॥

यथा यशः सोमपीथे मधुपर्के यथा यशः । एवा० ॥ २१ ॥

यथा । यशः । सोम-पीथे । मधु-पर्के । यथा । यशः ॥०॥ २१ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (सोमपीथे) सोमरस पीने में और (यथा) जैसा (यशः) यश (मधुपर्के) मधुपर्क [मधु, दही, घी, जल और शर्करा के पञ्चमेल वा पञ्चामृत] में है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये ......म० १७ ॥ २१ ॥

भावार्थ—जैसे सोमरस और मधुपर्क बल बढ़ाने में प्रसिद्ध हैं, वैसेही मनुष्य अपनी कीर्ति फैलावे ॥ २१ ॥

यथा यशोऽग्निहोत्रे वषट्कारे यथा यशः । एवा० ॥ २२ ॥

यथा । यशः । अग्नि-होत्रे । वषट्-कारे । यथा । यशः०॥२२॥

विद्यमानता यस्य तस्मिन् । अग्नौ । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२०—(कन्यायाम्) अ० १ । १४ । २ । कन दीप्तौ द्युतौ गतौ च-यक्, टाप् । कमनीयायां पुत्र्याम् (संभृते) सम्यक् पोषिते रचिते (रथे) यानविमानादौ । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२१—(सोमपीथे) पातृतुदिवचि० । उ० २ । ७ । पा पाने पा रक्षणे वा-थक् । सोमरसपाने (मधुपर्के) पृची संपर्चने-घञ् । मधुनः पर्को योगोऽत्र । दधि सर्पिर्जलं क्षौद्रं सिता चैतैः पञ्चभिः संयुक्ते पदार्थे । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ - (यथा) जैसा (यशः) यश (अग्निहोत्रे) अग्निहोत्र [अग्नि में सुगन्धित द्रव्य चढ़ाने वा अग्नि का शिल्प विद्या में प्रयोग करने] में और (यथा) जैसा (यशः) यश (वषट्कारे) दान कर्म में है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये......म० १७॥ २२॥

भावार्थ—जैसे अग्निहोत्र से वायु शुद्धि और शिल्पविद्या की उन्नति होती है और जैसे सुपात्रों को दान देने से कीर्ति बढ़ती है वैसेहीं मनुष्य अपना यश बढ़ावें॥ २२॥

यथा यशो यजमाने यथास्मिन् यज्ञ आहितम्। एवा० ॥२३॥

यथा। यशः। यजमाने। यथा। अस्मिन्। यज्ञे। आ-हितम्। ०॥२३॥

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (यजमाने) यजमान [देव-पूजक, सङ्गतिकारक और दानी] में और (यथा) जैसा [यश] (अस्मिन्) इस (यज्ञे) यज्ञ [देव पूजा, संगतिकरण और दान] में (आहितम्) स्थापित है। (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये......म० १७। २३॥

भावार्थ—स्पष्ट है॥ २३॥

यथा यशः प्रजापतौ यथास्मिन् परमेष्ठिनि। एवा० ॥ २४॥

यथा। यशः। प्रजा-पतौ। यथा। अस्मिन्। परमे-स्थिनि॥०॥२४

भाषार्थ—(यथा) जैसा (यशः) यश (प्रजापतौ) प्रजापालक [राजा] में और (यथा) जैसा [यश] (अस्मिन्) इस (परमेष्ठिनि) सब से ऊंची स्थिति वाले [परमात्मा] में है। (एव) वैसेही (मे) मेरे लिये....म०१७॥२४

भावार्थ—स्पष्ट है॥ २४॥

२२—(अग्निहोत्रे) हुयामाश्रुभसिभ्यस्त्रन्। उ० ४। १६८। हु दानादानादनेषु-त्रन्। अग्नौ सुगन्धितद्रव्यदाने, अथवा अग्नेः शिल्पविद्यायां प्रयोगे (वषट्कारे) अ० ५। २६। १२। वह प्रापणे डषटि। दानकर्मणि। अन्यत् पूर्ववत्॥

२३—(यजमाने) देवपूजकसंगतिकारकदानशीले (यज्ञे) देवपूजासंगतिकारकदानकर्मणि (आहितम्) स्थापितम्। अन्यत् पूर्ववत्॥

२४—(प्रजापतौ) प्रजापालके नृपतौ (परमेष्ठिनि) सर्वोपरिस्थिते परमात्मनि। अन्यत् पूर्ववत्॥

यथा॑ दे॒वेष्व॒मृतं॒ यथै॑षु स॒त्यमाहि॑तम् । ए॒वा मे॑ वर॒णो म॒णिः ।
कीर्तिं॑ भू॒तिं नि य॑च्छतु तेज॑सा मा॒ समु॑क्षतु य॒शसा॒ सम॑नक्तु
मा ॥ २५ ॥ (८)

यथा॑ । दे॒वेषु॑ । अ॒मृत॑म् । यथा॑ । ए॒षु॒ । स॒त्यम् । आ-हि॑तम् ॥
ए॒व । मे॒ । व॒र॒णः । म॒णिः । कीर्ति॑म् । भूति॑म् । नि । य॒च्छ॒तु ॥
तेज॑सा । मा॒ । सम् । उ॒क्ष॒तु॒ । य॒शसा॑ । सम् । अ॒न॒क्तु॒ । मा॒ २५(८)

भाषार्थ—(यथा) जैसे (देवेषु) विजय चाहने वालों में (अमृतम्) अमरपन [पुरुषार्थ] और (यथा) जैसा (एषु) इनमें (सत्यम्) सत्य (आ-हितम्) स्थापित है । (एव) वैसे ही (मे) मेरे लिये (मणिः) श्रेष्ठ (वरणः) वरण [स्वीकार करने योग वैदिक बोध वा वरना औषध] (कीर्तिम्) कीर्ति और (भूतिम्) विभूति [ऐश्वर्य, सम्पत्ति] को (नि यच्छतु) दृढ़ करे, (तेजसा) तेज के साथ (मा) मुझे (सम्) यथावत् (उक्षतु) बढ़ावे और (यशसा) यश के साथ (मा) मुझे (सम्) यथावत् (अनक्तु) प्रकाशित करे२५॥

भावार्थ—जैसे विजयी शूरों में पुरुषार्थ और सत्य व्रत धारण होता है वैसे ही मनुष्य ईश्वर ज्ञान और शरीर बल से प्रतापी हो कर संसार में अपनी कीर्ति बढ़ावे ॥ २५ ॥

सूक्तम् ४ ॥

१—२६ ॥ इन्द्रः प्रजापतिर्वा देवता ॥ १ पथ्यापङ्क्तिः; २ भुरिग्मध्या गायत्री; ३, ४ निचृत् पथ्या बृहती; ५, ६, ७, ९-११, १३—१५, १७-२०, २२, २४, २५ अनुष्टुप्; ८ आर्ष्यनुष्टुप्; १२ भुरिग् गायत्री; १६ प्रतिष्ठा गायत्री; २१ विराडनुष्टुप्; २३ त्रिष्टुप्; २६ आर्षी त्रिष्टुप् ॥

सर्परूपदोषनाशोपदेशः—सर्प रूप दोषों के नाश का उपदेश ॥

इन्द्र॑स्य प्रथ॒मो रथो॑ दे॒वाना॒मप॑रो रथो॒ वरु॑णस्य तृ॒तीय॒ इत् ।
अ॒हीना॑मप॒मा रथ॑ स्था॒णुमा॑र॒दथा॑र्षत् ॥ १ ॥

२५—(देवेषु) विजिगीषुषु शूरेषु (अमृतम्) अमरणम् । पौरुषम् (सत्यम्) सत्यव्रतम् । अन्यत् पूर्ववत् म० १७ ॥

इन्द्रस्य। प्रथमः। रथः। देवानाम्। अपरः रथः। वरुणस्य। तृतीयः। इत्॥ अहीनाम्। अप-मा। रथः। स्थाणुम्। आरत्। अथ। अर्षत्॥ १॥

भाषार्थ—(इन्द्रस्य) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले राजा] का (प्रथमः) पहिला (रथः) रथ है, (देवानाम्) विजयी [शूर मन्त्रियों] का (अपरः) दूसरा (रथः) रथ, और (वरुणस्य) वरुण [श्रेष्ठ वैद्य] का (तृतीयः) तीसरा (इत्) ही है (अहीनाम्) महाहिंसक [सापों] का (अपमा) खोटा (रथः) रथ (स्थाणुम्) ठूंठ [सूखे पेड़] पर (आरत्) पहुंचा है, (अथ) अब (अर्षत्) वह चला जावे॥ १॥

भावार्थ—राजा, मन्त्री और वैद्य के प्रयत्न से सर्परूप कुठौर में वर्तमान दुष्ट लोग और दुष्ट रोग प्रजा में से नष्ट हो जावें॥ १॥

दुर्भः शोचिस्तरूणकमश्वस्य वारः परुषस्य वारः।
रथस्य बन्धुरम्॥ २॥

दुर्भः। शोचिः। तरूणकम्। अश्वस्य। वारः। परुषस्य। वारः॥ रथस्य। बन्धुरम्॥ २॥

१—(इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवतो राज्ञः (प्रथमः) अग्रगामी (रथः) यानम् (देवानाम्) विजिगीषूणां मन्त्रिणाम् (अपरः) द्वितीयः (रथः) (वरुणस्य) श्रेष्ठस्य वैद्यस्य (तृतीयः) (इत्) एव (अहीनाम्) अ० २।५।५। आङि श्रिहनिभ्यां ह्रस्वश्च। उ० ४। १३८। आङ्+हन हिंसागत्योः—इण् डित्, आङो ह्रस्वत्वम्। अहिरयनादेति अन्तरिक्षे, अयमपीतरोऽहिरेतस्मादेव, निर्ह्रसित उपसर्ग आहन्तीति—निरु० २। १७। आहन्तॄणाम्। महाहिंसकानाम्। सर्पाणाम् (अपमा) अन्येष्वपि दृश्यते। पा० ३।२।१०१। अप+माङ् माने—ड। सुपां सुलुक्०। पा० ७। १। ३९। विभक्तेराकारः। अपमः। अवमः। कुत्सितः। नीचः (रथः) (स्थाणुम्) स्थो णुः। उ० ३। ३७। ष्ठा गतिनिवृत्तौ—णु। निश्चलः। शुष्कवृक्षः (आरत्) ऋ गतौ—लुङ्। अगमत् (अथ) इदानीम् (अर्षत्) ऋषी गतौ—लेट्। लेटोऽडाटौ। पा० ३।४।९४। इत्यटि गुणश्च। गच्छेत् स रथः॥

भाषार्थ—(दर्भः) दाभ घास [सर्पों का] (शोचिः) प्रकाश, (तरूण-कम्) छोटी नवीन [दाभ] [उनके] (अश्वस्य) घोड़े की (वारः) पूंछ (परुषस्य) कड़े [दाभ] की (वारः) पूंछ [सिरा] [उनके] (रथस्य) रथ की (बन्धुरम्) बैठक है ॥ २॥

भावार्थ—जैसे साँप आदि छिपकर रहते हैं वैसेही चोर आदि दुष्कर्मी छिपे रहते हैं ॥ २ ॥

अवं श्वेत पुदा जहि पूर्वेण चापरेण च ।
उदप्लुतमिव दार्वहीनामरसं विषं वारुग्रम् ॥ ३ ॥

अवं । श्वेत । पदा । जहि । पूर्वेण । च । अपरेण । च ॥
उदप्लुतम्-इव । दारुं । अहीनाम् । अरसम् । विषम् । वाः । उग्रम् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(श्वेत) हे प्रवृद्ध [मनुष्य !] तू (पूर्वेण) अगले (च च) और (अपरेण) पिछले (पदा) पाद [पैर की चोट] से (अव जहि) मार डाल । (उदप्लुतम्) जल में बही हुई (दारु इव) लकड़ी के समान (अहीनाम्) सर्पों का (उग्रम्) क्रूर (वाः) जल [अर्थात्] (विषम्) विष (अरसम्) नीरस होवे ॥ ३ ॥

२—(दर्भः) तृणविशेषः । कुशः । काशः (शोचिः)प्रकाशः (तरूणकम्) ह्रस्वे च । पा० ५ । ३ । ८६ । इति कप्रत्ययः । अन्येषामपि दृश्यते । पा० ६ । ३ । १३७ । इति दीर्घः । क्षुद्रनवीनदर्भः (अश्वस्य) घोटकस्य (वारः) बालः । पुच्छः (परुषस्य) कठोरदर्भस्य (वारः) (रथस्य) (बन्धुरम्) अ० ३ । ६ । ३ । स्थितिस्थानम् ॥

३—(श्वेत) हसिमृग्रिण्० उ० ३ । ८६ । टु ओश्वि गतिवृद्ध्योः—तन् । हे प्रवृद्ध । मनुष्य (पदा) पादेन (अव जहि) विनाशय (पूर्वेण) अग्रभागेन (च) (अपरेण) पश्चाद् भागेन (उदप्लुतम्) जले सृतम् (इव) (दारु) काष्ठम् (अहीनाम्) म० १ । सर्पाणाम् (अरसम्) सारहीनम् (विषम्) गरलम् (वाः) जलम् (उग्रम्) क्रूरम् ॥

भावार्थ—राजा के प्रबन्ध से दुष्ट लोग ऐसे निर्बल हो जावें जैसे उत्तम वैद्य के प्रयत्न से विष निकम्मा हो जाता है, जैसे लकड़ी जल में बहती बहती गलकर सार हीन हो जाती है ॥ ३ ॥

अरंघुषो निमज्योन्मज्य पुनरब्रवीत् ।
उदप्लुतमिव दार्वहीनामरसं विषं वारुग्रम् ॥ ४ ॥

अरम्-घुषः । नि-मज्य । उत्-मज्य । पुनः । अब्रवीत् ॥ उद-प्लुतम्-इव । दारु । अहीनाम् । अरसम् । विषम् । वाः । उग्रम् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(अरंघुषः) पूरी घोषणा करने वाले [पुरुष] ने (निमज्य) डुबकी लगाकर और (उन्मज्य) उछल कर (पुनः) फिर (अब्रवीत्) कहा। "(उदप्लुतम्) जल में बही हुई (दारु इव) लकड़ी के समान (अहीनाम्) सर्पों का (उग्रम्) क्रूर (वाः) जल [अर्थात्] (विषम्) विष (अरसम्) नीरस [होवे]" ॥ ४ ॥

भावार्थ—विवेकी जन घोषणा देकर विचार पूर्वक शत्रुओं को ऐसा निर्बल करे, जैसे वैद्य द्वारा विष जल में बही लकड़ी के समान निकम्मा हो जाता है ॥ ४ ॥

पैद्वो हन्ति कसर्णीलं पैद्वः श्वित्रमुतासितम् ।
पैद्वो रथर्व्याः शिरः सं बिभेद पृदाक्वाः ॥ ५ ॥

पैद्वः । हन्ति । कसर्णीलम् । पैद्वः । श्वित्रम् । उत । असितम् ॥ पैद्वः । रथर्व्याः । शिरः । सम् । बिभेद । पृदाक्वाः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(पैद्वः) शीघ्रगामी [पुरुष] (कसर्णीलम्) बुरे मार्ग में छिपे हुये और (पैद्वः) शीघ्रगामी ही (श्वित्रम्) श्वेत (उत) और (असितम्)

४—(अरंघुषः) अलम्+घुषिर् अविशब्दने—क, लस्य रः । पर्याप्त-घोषणाकारी (निमज्य) जले प्रविश्य यथा (उन्मज्य) जलादुद्गत्य यथा (पुनः) (अब्रवीत्) । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३ ॥

५—(पैद्वः) कॄगॄशॄदभ्यो वः । उ० १ । १५५ । पद गतौ-वप्रत्ययः, अस्यैकारः पैद्वः = अश्वः-निघ० १ । १४ । शीघ्रगामी पुरुषः (हन्ति) नाशयति (कसर्णी-

काले [सांप] को (हन्ति) मारता है। (पैद्वः) शीघ्रगामी ने (रथर्व्याः) दौड़ती हुई (पृदाक्वाः) फुंसकारती हुई [सांपिन] का (शिरः) शिर (सम् बिभेद) तोड़ डाला था ॥ ५ ॥

भावार्थ—फुरतीला वीर पुरुष पूर्वज शूरों के समान सांप और सांपिन रूप शत्रुओं और शत्रुसेना का नाश करे ॥ ५ ॥

पैद्व प्रेहि प्रथमोऽनु त्वा वयमेमसि ।
अहीन् व्यस्यतात् पथो येन स्मा वयमेमसि ॥ ६ ॥

पैद्व । प्र । इहि । प्रथमः। अनु । त्वा । वयम् । आ । ईमसि ॥
अहीन् । वि । अस्यतात् । पथः । येन । स्म । वयम् । आ-ईमसि ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(पैद्व) हे शीघ्रगामी [पुरुष !] (प्रथमः) आगे होकर (प्र इहि) बढ़ा चल, (त्वा अनु) तेरे पीछे पीछे (वयम्) हम (आ ईमसि) आते हैं। (अहीन्) महाहिंसक [सांपों] को (पथः) उस मार्ग से (वि अस्यतात्) मार गिरा (येन) जिस से (वयम्) हम (स्म) ही (आ—ईमसि) आते हैं ॥ ६ ॥

लम्) अन्येष्वपि दृश्यते । पा० ३ । २ । १०१ । क+सरणी+लीङ् श्लेषणे-ड, अकारलोपः। कोः कादेशः। कु कुत्सितायां सरण्यां मार्गे लीनं श्लिष्टम् (पैद्वः) (श्वित्रम्) अ० ३। २७। ६। श्वेतम् (उत) अपिच (असितम्) अ० ३ । २७। १। कृष्णसर्पम् (रथर्व्या) रथर्यतिर्गतिकर्मा-निघ० २। १४। कृगृशृद्भ्यो वः। उ०१। १५५ रथर् गतौ—व। जातेरस्त्री०। पा० ४। १। ६३। ङीष्। शीघ्रगामिन्याः सर्पिण्याः (शिरः) (सम्) सम्यक् (बिभेद) विच्छेद (पृदाकाः) अ० १। २७। १। पर्द कुत्सिते शब्दे—काकु, ऊङ्। कुत्सितशब्दकारिण्याः सर्पिण्याः ॥

६—(पैद्व) मं० ५। हे शीघ्रगामिन् (प्र इहि) अग्रे गच्छ (प्रथमः) प्रधानः (अनु) अनुसृत्य (त्वा) (वयम्) (आ—ईमसि) ई गतौ—लट्, मसो मसि। ईमः। आगच्छामः (अहीन्) म० १। महाहिंसकान्। सर्पान् (वि) विशेषेण (अस्यतात्) अस्य। क्षिप (पथः) मार्गात् (येन) यथा (स्म) अवधारणे (वयम् , आ ईमसि) ॥

भावार्थ—अग्रगामी शूर को शत्रुओं के नाश करने में सब लोग सहाय करें ॥ ६ ॥

इ॒दं पै॒द्वो अ॑जायते॒दम॑स्य प॒राय॑णम् ।

इ॒मान्यर्व॑तः प॒दाहि॒घ्न्यो वा॒जिनी॑वतः ॥ ७ ॥

इ॒दम् । पै॒द्वः । अ॒जा॒य॒त॒ । इ॒दम् । अ॒स्य॒ । प॒रा॒-अय॑नम् ॥

इ॒मानि॑ । अर्व॑तः । प॒दा । अ॒हि॒-घ्न्यः । वा॒जिनी॑-वतः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (पैद्वः) शीघ्रगामी पुरुष (अजायत) प्रकट हुआ है, (इदम्) यह (अस्य) इसका (परायणम्) पराक्रम का मार्ग है। (अर्वतः) शीघ्र गामी (अहिघ्न्यः) महाहिंसक [सापों] के मारनेवाले (वाजिनीवतः) अन्न युक्त क्रिया वाले [पुरुष] के (इमानि) यह (पदा) पदचिह्न हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—पूर्वज महात्माओं के चरित्रों पर चलकर मनुष्य आगे बढ़े ७॥

सं॒य॑तं॒ न वि ष्प॑रद्व्यात्तं॒ न सं य॑मत् ।

अ॒स्मिन् क्षेत्रे॒ द्वाव॒ही॒ स्त्री च॒ पुमां॑श्च॒ तावु॒भाव॑र॒सा ॥ ८ ॥

सम्-य॑तम् । न । वि । स्प॒र॒त् । वि॒-आत्त॑म् । न । सम् । य॒म॒त् ॥

अ॒स्मिन् । क्षेत्रे॑ । द्वौ । अ॒ही॒ इति॑ । स्त्री । च॒ । पुमा॑न् । च॒ ।

तौ । उ॒भौ । अ॒र॒सा ॥ ८ ॥

भाषार्थ—वह [सांप] (संयतम्) मुंदे हुये मुख को (न) न (वि स्प-

७—(इदम्) इदानीम् (पैद्वः) म० ५। शीघ्रगामी (अजायत) प्रादुरभवत् (इदम्) (अस्य) पुरुषस्य (परायणम्) परा पराक्रमयुक्तम् अयनं मार्गः (इमानि) (अर्वतः) अ० ६। ९२। २। ऋ गतौ—वनिप्। शीघ्रगामिनः। विज्ञानिनः (पदा) पदचिह्नानि (अहिघ्न्यः) अघ्न्यादयश्च। उ० ४। ११२। अहि+हन हिंसागत्योः—यक्। सुपां सुलुक्०। पा० ७। १। ३९। षष्ठ्याः सुः। अहिघ्न्यस्य महाहिंसकस्य सर्पस्य नाशकस्य (वाजिनीवतः) अ० ४। ३८। ६। अन्नवतीक्रियायुक्तस्य ॥

८—(संयतम्) संकुचितंमुखम् (न) निषेधे (वि) विधून्य (स्परत्)

रत्) खोले और (व्यात्तम्) खुले मुख को (न) न (सम् यमत्) मूंदे । (अस्मिन्) इस (क्षेत्रे) खेत [संसार] में (द्वौ) दो (अही) महाहिंसक [सांप] (स्त्री) स्त्री (च च) और (पुमान्) नर हैं, (तौ) वे (उभौ) दोनों (अरसा) नीरस [हो जावें] ॥ ८ ॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुष ऐसा प्रयत्न करें कि सर्पिणी सर्प समान स्त्री और पुरुष रूप दोनों प्रकार की प्रजायें उपद्रव न मचावें ॥ ८ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध—अ० ६ । ५६ । १ । के उत्तर भाग में आचुका है ॥

अरसास इहाहयो ये अन्ति ये च दूरके ।
घनेन हन्मि वृश्चिकमहिं दण्डेनागतम् ॥ ९ ॥

अरसासः । इह । अहयः । ये । अन्ति । ये । च । दूरके ॥
घनेन । हन्मि । वृश्चिकम् । अहिम् । दण्डेन । आ-गतम् ॥९॥

भाषार्थ—(इह) यहां पर (अहयः) महाहिंसक [सांप] (अरसासः) नीरस हों, (ये) जो (अन्ति) पास (च) और (ये) जो (दूरके) दूर हैं । (आगतम्) आये हुये (वृश्चिकम्) डंक मारने वाले बिच्छू और (अहिम्) महाहिंसक [सांप] को (घनेन) सोंटे वा मोंगरे से और (दण्डेन) दण्डे से (हन्मि) मैं मारता हूं ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य सांप रूप दुःखदायियों को यथावत् दण्ड देवें ॥ ९ ॥

स्पृ प्रीतिचालनयोः—लेट् । चालयेत् (व्यात्तम्) अ० ६ । ५६ । १ । विवृतं मुखम् (संयमत्) संश्लिष्येत् (अस्मिन्) प्रत्यक्षे (क्षेत्रे) क्षेत्ररूपे संसारे (द्वौ) (अही) म० १ । महाहिंसकौ सर्पौ (स्त्री) (च) (पुमान्) अ० १ । ८ । १ । नरः (च) (तौ) (उभौ) (अरसा) सारहीनौ ॥

९—(अरसासः) अरसाः । सारहीनाः (इह) अत्र (अहयः) म० १ । महाहिंसकाः । सर्पाः (ये) (अन्ति) पार्श्वे (ये) (च) (दूरके) दूरे (घनेन) काष्ठस्य लोहस्य वा मुद्गरेण (हन्मि) (वृश्चिकम्) वृश्चिकृष्योः किकन् । उ० २ । ४० । ओ व्रश्चू छेदने-किकन् । छेदनशीलम् । कीटभेदम् (अहिम्) (दण्डेन) अमन्ताड् डः । उ० १ । ११४ । दमु उपशमे-ड, यद्वा डण्ड दण्डपातने-अच् । दमनसाधनेन लगुडेन (आगतम्) ॥

अघाश्वस्येदं भेषजमुभयोः स्वजस्य च ।
इन्द्रो मेऽहिमघायन्तमहिं पैद्वो अरन्धयत् ॥ १० ॥ (१०)
अघ-अश्वस्य । इदम् । भेषजम् । उभयोः । स्वजस्य । च ॥
इन्द्रः । मे । अहिम् । अघ-यन्तम् । अहिम् । पैद्वः । अर-न्धयत् ॥ १० ॥ (१०)

भाषार्थ—(उभयोः) दोनों, (अघाश्वस्य) अघाश्व [कष्ट फैलाने वाले सर्प विशेष] का (च) और (स्वज्यस्य) स्वज [लिपट जाने वाले सर्प विशेष] का (इदम्) यह (भेषजम्) औषध है। (इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्य वाले (पैद्वः) शीघ्रगामी [पुरुष] ने (मे) मेरे लिये (अघायन्तम्) बुरा चीतने वाले (अहिम्) महाहिंसक (अहिम्) सांप को (अरन्धयत्) मारा है ॥ १० ॥

भावार्थ—जैसे वैद्यराज बड़े बड़े विषैले सांपों को वश में करता है वैसे ही राजा दुष्टों को वश में करे ॥ १० ॥

पैद्वस्य मन्महे वयं स्थिरस्य स्थिरधाम्नः ।
इमे पश्चा पृदाकवः प्रदीध्यत आसते ॥ ११ ॥
पैद्वस्य । मन्महे । वयम् । स्थिरस्य । स्थिर-धाम्नः ॥
इमे । पश्चा । पृदाकवः । प्र-दीध्यतः । आसते ॥ ११ ॥

१०—(अघाश्वस्य) अघमश्नुते । अघ पापकरणे-अच्+अशू व्याप्तौ-कन् । कष्टप्रस्तारकस्य सर्पविशेषस्य (इदम्) (भेषजम्) औषधम् (उभयोः) (स्वजस्य) ष्वञ्ज आलिङ्गने-क । आलिङ्गनशीलस्य । सर्पविशेषस्य (च) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् (मे) मह्यम् (अहिम्) म० १ । महाहिंसकम् (अघायन्तम्) छन्दसि परेच्छायामपि वक्तव्यम् । वा० पा० ३ । १ । ८ । अघ-क्यच्-शतृ । अश्वाघस्यात् । पा० ७ । ४ । ३७ । आत्वं सांहितिकम् । अघमिच्छन्तम् (अहिम्) सर्पम् (पैद्वः) म० ५ । शीघ्रगामी (अरन्धयत्) रध हिंसासंराद्ध्योः—णिच्-लङ् । रध्यतिर्वशगमनेऽपि दृश्यते-निरु० १० । ४० । मारितवान् । वशीकृतवान् ॥

भाषार्थ—(स्थिरस्य) स्थिर स्वभाव वाले (स्थिरधाम्नः) स्थिर तेज वाले (पैद्वस्य) शीघ्रगामी [पुरुष] का (वयम्) हम (मन्महे) चिन्तन करते हैं। (इमे) यह (प्रदीध्यतः) क्रीड़ा करते हुये (पृदाकवः) फुंसकारने वाले [सांप] (पश्चा) पीछे (आसते) बैठते हैं ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य कुटिल सांप के समान छिपे उपद्रवियों का खोज लगाते हैं, वे संसार में सरणीय होते हैं ॥ ११ ॥

नृष्टासंवो नृष्टविषा हृता इन्द्रैण वृज्रिणा ।
जुघानेन्द्रो जघ्निमा वृयम् ॥ १२ ॥

नृष्ट-असवः । नृष्ट-विषाः । हृताः । इन्द्रैण । वृज्रिणा ॥
जुघान । इन्द्रः । जुघ्निम । वृयम् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(वज्रिणा) वज्रधारी (इन्द्रेण) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले मनुष्य] करके (हताः) मारे गये [सांप] (नष्टासवः) प्राणों से नष्ट और (नष्टविषाः) विष से नष्ट [होवें]। (इन्द्रः) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले पुरुष] ने [सांपों को] (जघान) मारा था, और (वयम्) हम ने (जघ्निम) मारा था ॥ १२ ॥

भावार्थ—दुष्टों के मारने में पूर्वजों के समान सब लोग शूर का सहाय देवें ॥ १२ ॥

हृतास्तिरंश्चिराजयो निर्पिष्टासः पृदाकवः ।
दर्विं करिक्रतं श्वित्रं दुर्भेष्वसितं जहि ॥ १३ ॥

११—(पैद्वस्य) म० ५। शीघ्रगामिनः पुरुषस्य। अधीगर्थदयेशां कर्मणि। पा० २।३।५२। इति षष्ठी (मन्महे) चिन्तयामः। स्मरामः (वयम्) (स्थिरस्य) दृढस्वभावस्य (स्थिरधाम्नः) दृढतेजस्कस्य (इमे) (पश्चा)तलोपः। पश्चात् (पृदाकवः) कुत्सितशब्दकारकाः। सर्पाः (प्रदीध्यतः) वर्तमाने पृषद्बृहन्०। उ० २। ८४। दीधीङ् दीप्तिदेवनयोः-अति। क्रीडन्तः (आसते) तिष्ठन्ति ॥

१२—(नष्टासवः) विगतप्राणाः (नष्टविषाः) विगतगरलाः(हताः)मारिताः (इन्द्रेण) परमैश्वर्यवता पुरुषेण (वज्रिणा) वज्रधारिणा (जघान) नाशितवान् (जघ्निम) नाशितवन्तः(वयम्) ॥

हुताः । तिरश्चि-राजयः । नि-पिष्टासः । पृदाकवः ॥
दर्विम् । करिक्रतम् । श्वित्रम् । दर्भेषु । असितम् । जहि ॥१३॥

भाषार्थ—(तिरश्चिराजयः) तिरछी धारी वाले (पृदाकवः) फुंसकारने वाले [सांप] (हताः) मार डाले गये और (निपिष्टासः) कुचिल डाले गये [हों]। (दर्भेषु) दाभों में (दर्विम्) फन को (करिक्रतम्) बड़ा करने वाले, (श्वित्रम्) श्वेत और (असितम्) काले [सांप] को (जहि) मार डाल ॥१३॥

भावार्थ—मनुष्य महाउपद्रवियों को सांपों के समान मारें ॥ १३ ॥

कैरातिका कुमारिका सका खनति भेषजम् ।
हिरण्ययीभिरभ्रिभिर्गिरीणामुप सानुषु ॥ १४ ॥

कैरातिका । कुमारिका । सका । खनति । भेषजम् ॥
हिरण्ययीभिः । अभ्रि-भिः । गिरीणाम् । उप । सानुषु ॥१४॥

भाषार्थ—(सका) वह [प्रसिद्ध] (कैरातिका) चिरायता और (कुमारिका) कुवारपाठा, (औषधम्) ओषधि (हिरण्ययीभिः) तजोमयी [चमकीली, उजली] (अभ्रिभिः) खुरपियों से (गिरीणाम्) पहाड़ों की (सा-

---

१३—(हताः) नाशिताः (तिरश्चिराजयः) अ० ३ । २७ । २ । तिर्यगवस्थितरेखाः (निपिष्टासः) अत्यन्तचूर्णिताः (पृदाकवः)कुत्सितशब्दाः । सर्पाः (दर्विम्) अ० ४ । १४ । ७ । दॄ विदारणे-विन् । सूपचालनपात्रवद्विदारकं फणम् (करिक्रतम्) दाधर्तिदर्धर्ति० । पा० ७ । ४ । ६५ । करोतेर्यङ्लुकि शतृ । भृशं कुर्वन्तम् (श्वित्रम्) म० ५ । श्वेतम् (दर्भेषु) काशेषु (असितम्) म० ५ । कृष्णम् (जहि) नाशय ॥

१४—(कैरातिका) किरात-स्वार्थे कन् , अण् टाप् च । भूनिम्बः, ओषधिविशेषः (कुमारिका) कुमारी-स्वार्थे कन्, टाप् च । घृतकुमारिका, ओषधिविशेषः (सका) अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक् टेः । पा० । ५ । ३ । ७१ । सा-अकच् । सा प्रसिद्धा (खनति) कर्मणि कर्तृप्रयोगः । खन्यते (भेषजम्) औषधम् (हिरण्ययीभिः) तेजोमयीभिः । उज्ज्वलाभिः (अभ्रिभिः) सर्वधातुभ्य

नुषु उप) समभूमियों के ऊपर (खनति=खन्यते) खोदी जाती है ॥ १४ ॥

भावार्थ—वैद्य लोग दूर दूर से मंगाकर उपकारी ओषधियों का प्रयोग करते हैं, वैसे ही विद्वान् लोग विद्या प्राप्त करके मूर्खता का नाश करें ॥ १४ ॥

यह (कैरातिका) शब्द कैरात वा किरातक अर्थात् चिरायते के लिये और (कुमारिका) शब्द कुमारी अर्थात् गुआरपाठे [घी गुआर] के लिये आया है ॥

चिरायते के संक्षिप्त नाम और गुण इस प्रकार हैं—भावप्रकाश, हरीतक्यादिवर्ग, श्लोक १४४, १४६ ॥ किराततिक्त, कैरात, कटुतिक्त और किरातक चिरायते के नाम हैं ॥ वह सन्निपातज्वर, श्वास, कफ, पित्त, रुधिर विकार और दाहनाशक तथा खांसी, सूजन, प्यास, कुष्ठ, ज्वर, व्रण और कृमिरोग नाशक है ॥

गुआरपाठे के संक्षिप्त नाम और गुण—भावप्रकाश, गुडूच्यादिवर्ग, श्लोक २१३, २१४ ॥ कुमारी, गृहकन्या, कन्या, घृतकुमारिका घी कुवार के नाम हैं, घीकुवार रेचक, शीतल, कड़वी, नेत्रों को हितकारी, रसायनरूप, मधुर, पुष्टिकारक, बलकारक, वीर्यवर्धक और वात, विष नाशक है ॥

आयमगन् युवा भिषक् पृश्निहापराजितः ।
स वै स्वजस्य जम्भन उभयोर्वृश्चिकस्य च ॥ १५ ॥

आ । अयम् । अगन् । युवा । भिषक् । पृश्नि-हा । अपराजितः ॥ सः । वै । स्वजस्य । जम्भनः । उभयोः । वृश्चिकस्य । च ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (युवा) युवा (पृश्निहा) स्पर्श करने वाले [सर्प] का नाश करने वाला, (अपराजितः) न हारा हुआ (भिषक्) वैद्य (आ अगन्) आया है । (सः) वह (वै) निश्चय करके (उभयोः) दोनों (स्वजस्य)

इन् । उ० ४ । ११८ । अभ्र गतौ–इन् तीक्ष्णाग्रैर्लोहद ण्डैः (गिरीणाम्) शैलानाम् (उप) उपरि (सानुषु) समभूमिदेशेषु ॥

१५—(आ अगन्) आगतवान् (अयम्) प्रसिद्धः (भिषक्) चिकित्सकः (पृश्निहा) घृणिपृश्निपार्ष्णि० । उ० ४ । ५२ । स्पृश स्पर्शे–नि, सलोपः + हन

स्वज [लिपट जाने वाले सर्प विशेष] (च) और (वृश्चिकस्य) डंक मारने वाले विच्छू का (जम्भनः) नाश करने वाला है ॥ १५ ॥

भावार्थ—बलवान् चतुर वैद्य सब प्रकार के विषैले जीवों का नाश करे १५

इन्द्रो मेऽहिमरन्धयन्मित्रश्च वरुणश्च ।
वातापर्जन्योभा ॥ १६ ॥

इन्द्रः । मे । अहिम् । अरन्धयत् । मित्रः । च । वरुणः । च ॥ वातापर्जन्या । उभा ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(मित्रः) सूर्य [के समान] (च च) और (वरुणः) जल [के समान] और (उभा) दोनों (वातापर्जन्या) वायु और मेघ [के समान गुण वाले] (इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्यवान् पुरुष ने (मे) मेरे लिये (अहिम्) महाहिंसक [सर्प] को (अरन्धयत्) मारा है ॥ १६ ॥

भावार्थ—परोपकारी विद्वान् वैद्य संसार के उपकार के लिये विषैले जीवों को वश में करे ॥ १६ ॥

इन्द्रो मेऽहिमरन्धयत् पृदाकुं च पृदाक्वम् ।
स्वजं तिरश्चिराजिं कसर्णीलं दशोनसिम् ॥ १७ ॥

इन्द्रः । मे । अहिम् । अरन्धयत् । पृदाकुम् । च । पृदाक्वम् ॥ स्वजम् । तिरश्चि-राजिम् । कसर्णीलम् । दशोनसिम् ॥१७॥

भाषार्थ—(इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्यवान् पुरुष ने (मे) मेरे लिये (पृदाकुम्)

हिंसागत्योः-क्विप् । स्पर्शनशीलानां सर्पाणां नाशकः (अपराजितः) अनभिभूतः (सः) भिषक् (वै) निश्चयेन (स्वजस्य) म० १० । आलिङ्गनशीलस्य सर्पस्य (जम्भनः) नाशकः (वृश्चिकस्य) छेदनशीलस्य कीटस्य (च) ॥

१६—(इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् वैद्यः (मे) मह्यम् (अहिम्) म० १ । महाहिंसकं सर्पम् (अरन्धयत्) म० १० । मारितवान् (मित्रः) प्रेरकः सूर्यो यथा (च) (वरुणः) जलवद् गुणकारी (वातापर्जन्या) वायुमेघौ यथा (उभा) द्वौ ॥

१७—(इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (मे) मह्यम् (अहिम्) महाहिंसकम्

फुंसकारने वाले (अहिम्) सांप (च) और (पृदाकम्) फुंस कारती हुई सांपिन को, (स्वजम्) स्वज [लिपट जाने वाले], (तिरश्चिराजिम्) तिरछी धारा वाले, (कसर्णीलम्) बुरे मार्ग में छिपे हुये और (दशोनसिम्) काटकर हानि पहुंचाने वाले [सांप] को (अरन्धयत्) नाश किया है ॥ १७ ॥

भावार्थ—मन्त्र १६ के समान है ॥ १७ ॥

इन्द्रो॑ जघान प्रथ॒मं ज॑नि॒तार॑महे॒ तव॑ ।
तेषा॑मु तृ॒ह्यमा॑णाना॒ं कः स्वि॒त् तेषा॑मस॒द् रसः॑ ॥ १८ ॥

इन्द्रः॑ । ज॒घान॑ । प्र॒थ॒मम् । ज॒नि॒तार॑म् । अ॒हे॒ । तव॑ ॥
तेषा॑म् । ऊं॒ इति॑ । तृ॒ह्यमा॑णानाम् । कः । स्वि॒त् । तेषा॑म् । अ॒स॒त् । रसः॑ ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(अहे) हे महाहिंसक [सांप !] (इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्यवान् पुरुष ने (तव) तेरे (जनितारम्) जन्म दाता को (प्रथमम्) पहिले (जघान) मारा था। (तेषाम् तेषाम्) उनहीं (तृह्यमाणानाम्) छिदे हुओं का (उ) ही (कः स्वित्) कौनसा (रसः) रस [पराक्रम] (असत्) होवे ॥ १८ ॥

भावार्थ—बलवान् प्रतापी पुरुष हिंसक जीवों के बड़े और छोटों को नाश करे ॥ १८ ॥

सं हि शी॒र्षाण्यग्र॑भं पौञ्जि॒ष्ठ इ॑व॒ कर्व॑रम् ।

(अरन्धयत्) म० १० मारितवान् (पृदाकुम्) कुत्सितशब्दकारिणम् (च) (पृदाकम) कुत्सितशब्दकरीं सर्पिणीम् (स्वजम्) आलिङ्गनशीलम् (तिरश्चिराजिम्) म० १३। तिर्यगवस्थितरेखम् (कसर्णीलम्) म० ५। कुत्सितमार्गे लीनं श्लिष्टम् (दशोनसिम्) दंश दंशने—घञर्थेक। सानसिवर्णसि०। उ० ४। १०७। ऊन परिहाणे-असि। दशेन दंशनेन ऊनलिर्हानिर्यस्मात् तं सर्पम् ॥

१८—(इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (जघान) नाशितवान् (प्रथमम्) आदौ (जनितारम्) जनयितारं जनकम् (अहे) हे महाहिंसक (तव) (तेषाम् तेषाम्) तेषामेव (उ) निश्चयेन (तृह्यमाणानाम्) हिंस्यमानानाम् (कः स्वित्) (असत्) भवेत् (रसः) पराक्रमः ॥

सिन्धोर्मध्यं परेत्य व्यनिजमहेर्विषम् ॥ १८ ॥

सम् । हि । शीर्षाणि । अग्रभम् । पौञ्जिष्ठः-इव । कर्वरम् ॥
सिन्धोः । मध्यम् । परा-इत्य । वि । अनिजम् । अहेः । विषम् १८

भाषार्थ—(हि) क्योंकि [सांपों के] (शीर्षाणि) शिरों को (सम् अग्रभम्) मैं ने पकड़ लिया है, (पौञ्जिष्ठः इव) जैसे महा ओजस्वी पुरुष (कर्वरम्) व्याघ्र को [पकड़ लेता है] । (सिन्धोः) नदी के (मध्यम्) मध्य में (परेत्य) दूर जाकर (अहेः) महाहिंसक [सांप] के (विषम्) विषको (वि अनिजम्) मैं ने धो डाला है ॥ १८ ॥

भावार्थ—जैसे पराक्रमी मनुष्य व्याघ्र आदि को पकड़ लेता है, वैसे ही बलवान् गुणवान् पुरुष उपद्रवियों की दुष्टता को इस प्रकार नष्ट कर दे, जैसे मल आदि को नदी में बहा देते हैं ॥ १८ ॥

अहीनां सर्वेषां विषं परा वहन्तु सिन्धवः ।
हतास्तिरश्चिराजयो निपिष्टासः पृदाकवः ॥ २० ॥ (११)

अहीनाम् । सर्वेषाम् । विषम् । परा । वहन्तु । सिन्धवः ॥
हताः । तिरश्चि-राजयः । नि-पिष्टासः । पृदाकवः ॥ २० ॥ (११)

भाषार्थ—(सिन्धवः) नदियां (सर्वेषाम्) सब (अहीनाम्) महाहिंसक [सांपों] के (विषम्) विष को (परा वहन्तु) दूर बहा ले जावें

१८-(सम्) सम्यक् (हि) यस्मात् कारणात् (शीर्षाणि) मस्तकानि (अग्रभम्) अग्रहम् । अग्रहीषम् (पौञ्जिष्ठः) प्र-ओजिष्ठः प्र-ओजस्वी-इष्ठन् । विन्मतोर्लुक् । पा० ५ । ३ । ६५ । विनो लुक्, छान्दसं रूपम् । प्रौजिष्ठः । पराक्रमितमः (इव) यथा (कर्वरम्) कृगृशृवृञ्चतिभ्यः ष्वरच् । उ० २ । १२१ । कॄ क्षेपे हिंसायां च यद्वा कृञ् हिंसायाम्-ष्वरच् । हिंसकम् । व्याघ्रम् । राक्षसम् (सिन्धोः) नद्याः (मध्यम्) (परेत्य) दूरं गत्वा (वि) विविधम् (अनिजम्) णिजिर् शौचपोषणयोः-लुङ् (अहेः) म० १ । सर्पस्य (विषम्) ॥

२०-(अहीनाम्) म० १ । सर्पाणाम (सर्वेषाम्) (विषम्) (परा) दूरे (वहन्तु) नयन्तु (सिन्धवः) नद्यः । अन्यत् पूर्ववत्-म० १३ ॥

(तिरश्चिराजयः) तिरछी धारी वाले, (पृदाकवः) फुंसकरने वाले सांप (हताः) मार डाले गये और (निपिष्टासः) कुचिल डाले गये [हों] ॥ २० ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्प समान दुःखदायी दुर्गुणों को ऐसा नष्ट करें जैसे मल आदि को पानी में बहा देते है ॥ २० ॥

ओषधीनामुहं वृंण उुर्वरीरिव साधुया ।
नयाम्यर्वतीरिवाहे निरैतु ते विषम् ॥ २१ ॥

ओषधीनाम् । अहम् । वृणे । उुर्वरीः-इव । साधु-या ॥
नयामि । अर्वतीः-इव । अहे । निः-ऐतु । ते । विषम् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(ओषधीनाम्) ओषधियों मेंसे (उर्वरीःइव) बड़ोंको मिलनें योग्य [ओषधियों] को (साधुया) योग्यता से (अहम्) मैं (वृणे) अङ्गीकार करता हूं। और (अर्वतीः इव) बड़ी बुद्धिमती [स्त्रियों] के समान (नयामि) में लाता हूं, (अहे) हे महाहिंसक [सांप !] (ते विषम्) तेरा विष (निरैतु) निकल आवे ॥ २१ ॥

भावार्थ—वैद्य लोग रोग निवृत्ति के लिये उत्तम ओषधियों को ऐसे आदर से ग्रहण करें, जैसे विद्वान् गुणवती बुद्धिमती स्त्रियों का मान करते हैं २१॥

यद्ग्नौ सूर्ये विषं पृथि॒व्यामोषधीषु यत् ।
कान्दाविषं कुनक्नकं निरैत्वैतु ते विषम् ॥ २२ ॥

यत् । अग्नौ । सूर्ये । विषम् । पृथिव्याम् । ओषधीषु । यत् ॥

२१—(ओषधीनाम्) (अहम्) (वृणे) अङ्गीकरोमि (उर्वरीः) उरु + ऋ गतिप्रापणयोः—अच् , ङीप् । उरुभिर्महद्भिः प्रापणीया ओषधीः (इव) पादपूरणः (साधुया) सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । विभक्तेर्याजादेशः । साधुना धर्मेण सह (नयामि) प्रापयामि (अर्वतीः) अ० ६ । ९२ । २ । ऋ गति प्रापणयोः—वनिप् । अर्वणस्त्रसावनञः । पा० ६ । ४ । १२७ । इति तृ, उगित्वाद् ङीप् बुद्धिमतीः स्त्रीः । अर्वतीः प्रशस्तबुद्धिमत्यः कन्याः-दयानन्दभाष्ये, ऋ० १ । १४५ ३ (इव) यथा (अहे) हे सर्प (निरैतु) बहिरागच्छतु (ते) तव (विषम्) ॥

कान्दा-विषम् । कनक्कंकम् । निः-ऐतु । आ । एतु । ते । विषम् २२

भाषार्थ—[हे सर्प !] (यत् विषम्) जो विष (अग्नौ) अग्नि में, (सूर्ये) सूर्य में, (पृथिव्याम्) पृथिवी में, और (यत्) जो (ओषधीषु) ओषधियों [अन्न आदि पदार्थों] में है। (कान्दाविषम्) मेघ से उत्पन्न [ओषधियों] में व्यापक, (कनक्कम्) गति [उद्योग] नाशक (ते विषम्) तेरा विष (निरैतु) निकल आवे, (आ एतु) [निकल] आवे ॥ २२ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि अग्नि आदि पदार्थों में अति वृद्धि वा अति न्यूनता के कारण सर्प के विष के समान रोगकारक क्रिया को त्याग कर विचार पूर्वक समता ग्रहण करके स्वस्थ रहें ॥ २२ ॥

ये अ॒ग्निजा ओ॑षधि॒जा अही॑नां॒ ये अ॑प्सु॒जा वि॒द्युत॑ आबभू॒वुः।
येषां॑ जा॒तानि॑ बहु॒धा म॒हान्ति॒ तेभ्यः॑ स॒र्पेभ्यो॒ नम॑सा विधेम २३

ये । अ॒ग्नि-जाः । ओ॒ष॒धि-जाः । अही॑नाम् । ये । अ॒प्सु-जाः । वि-द्युतः॑ । आ-ब॒भू॒वुः ॥ येषा॑म् । जा॒तानि॑ । ब॒हु-धा । म॒हान्ति॑ । तेभ्यः॑ । स॒र्पेभ्यः॑ । नम॑सा । वि॒धे॒म ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(अहीनाम्) सर्पों में से (ये) जो (अग्निजाः) अग्नि में उत्पन्न, (ओषधिजाः) ओषधियों [अन्न आदि में उत्पन्न, (ये) जो (अप्सुजाः) जल में उत्पन्न होकर (विद्युतः) बिजुलियों [समान] (आबभूवुः) सब ओर हुये हैं। (येषाम्) जिनके (जातानि) समूह (बहुधा) बहुधा [नाना

२२—(कान्दाविषम्) अब्दादयश्च। उ० ४। ६८। कनी दीप्तिकान्तिगतिषु—दप्रत्ययः। कन्दो मेघः। तस्यापत्यम्। पा० ४। १। ६२। अण्, टाप् कन्दात् मेघात् जातासु ओषधीषु विषं प्रवेशो यस्य तत् (कनक्ककम्) कनी दीप्त्यादिषु अच् + क्नथ वधे—ड, स्वार्थे—कन्। गतिनाशकम्। उद्योगवर्जकम् (ऐतु) आगच्छतु। अन्यत् सुगमं गतं च ॥

२३—(ये) अहयः (अग्निजाः) अग्नौ जाताः (ओषधिजाः) ओषधिषु जाताः (अहीनाम्) सर्पाणां मध्ये (ये) (अप्सुजाः) जलजाताः (विद्युतः) तडितो यथा (आबभूवुः) समन्तात्प्रादुर्बभूवुः (येषाम्) (जातानि) वृन्दानि

प्रकार से] (महान्ति) बड़े बड़े हैं, (तेभ्यः सर्पेभ्यः) उन सर्पों के [नाश के] लिये (नमसा) वज्र से (विधेम) हम शासन करें ॥ २३ ॥

भावार्थ—मनुष्य अग्नि आदि पदार्थों में से सर्प रूप हानिकारक अवगुणों का नाश करके स्वास्थ्य बढ़ावें ॥ २३ ॥

तौदी नामासि कन्या घृताची नाम वा असि ।
अधस्पदेन ते पदमा ददे विषदूषणम् ॥ २४ ॥

तौदी । नाम । असि । कन्या । घृताची । नाम । वै । असि ॥
अधः-पदेन । ते । पदम् । आ । ददे । विष-दूषणम् ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(तौदी) वृद्धि [बलवृद्धि] वाली (कन्या) कामना योग्य [कन्या अर्थात् गुआरपाठा] (नाम) नाम वाली (असि) तू है, (घृताची) घृत [समान रस] पहुंचाने वाली (नाम) नाम वाली (वै) ही (असि) तू है । (अधस्पदेन) [शत्रु के] नीचे पद के कारण (ते) तेरे (विषदूषणम्) विष खण्डक (पदम्) पद को (आ ददे) मैं ग्रहण करता हूं ॥ २४ ॥

भावार्थ—गुआरपाठा ओषधि पुष्टिकारक और विषनाशक है, टिप्पणी मन्त्र १४ देखो । मनुष्य गुआर पाठे आदि ओषधियों द्वारा रोगों का नाश करके स्वस्थ रहें ॥ २४ ॥

अङ्गादङ्गात् प्र च्यावय हृदयं परि वर्जय ।
अधा विषस्य यत् तेजोऽवाचीनं तदेतु ते ॥ २५ ॥

(बहुधा) नानाप्रकारेण (महान्ति) विशालानि (तेभ्यः) (सर्पेभ्यः) सर्पान् नाशयितुम् (नमसा) वज्रेण (विधेम) विध विधाने=शासने-लिङ् । शासनं कुर्याम ॥

२४—(तौदी) अब्दादयश्च । उ० ४ । ६८ । तु गतिवृद्ध्योः-दप्रत्ययः । तोदो वृद्धिः, अण्, ङीप् । तोदेन बलवृद्ध्या युक्ता (नाम) नाम्ना (असि) (कन्या) अ० १ । १४ । २ । कनी दीप्तिकान्तिगतिषु—यक् । कमनीया । कुमारिका । ओषधिविशेषः (घृताची) घृतं रसमञ्चयति प्रापयति सा (नाम) (वै) एव (अधस्पदेन) शत्रूणां नीचपदेन (ते) तव (पदम्) प्रापणीयं गुणम् (आ ददे) गृह्णामि (विषदूषणम्) विषनाशकम् ॥

अङ्गात्-अङ्गात् । प्र । च्युवय । हृदयम् । परि । वर्जय ॥
अध । विषस्य । यत् । तेजः । अवाचीनम् । तत् । एतु । ते । २५

भाषार्थ—[हे ओषधि !] (अङ्गादङ्गात्) अङ्ग अङ्ग से [विष को] (प्र च्यवय) सरका दे और (हृदयम्) हृदय को [उस से] (परि वर्जय) त्याग करा दे । (अध) फिर (विषस्य) विष का (यत् तेजः) जो तेज [प्रचण्डता] है, (तत्) वह (ते) तेरे लिये (अवाचीनम्) नीचे (एतु) जावे ॥२५

भावार्थ-मनुष्य सब रोगों को ओषधि द्वारा शान्त करके प्रसन्न रहें ॥२५॥

आरे अभूद् विषमरौद् विषे विषमप्रागपि ।
अग्निर्विषमहेर्निरधात् सोमो निरणयीत् ।
दंष्टारमन्वगाद् विषमहिरमृत ॥ २६ ॥ (१२)

आरे । अभूत् । विषम् । अरौत् । विषे । विषम् । अप्राक् । अपि ॥ अग्निः । विषम् । अहेः । निः । अधात् । सोमः । निः । अनयीत् ॥ दंष्टारम् । अनु । अगात् । विषम् । अहिः । अमृत ॥ २६ ॥ (१२)

भाषार्थ—वह [विष] (आरे) दूर (अभूत्) हुआ है, [क्योंकि] उस [वैद्य] ने (विषम्) विष को (अरौत्) रोक दिया है, और (विषे) विष में (विषम्) विष को (अपि) भी (अप्राक्) मिला दिया है । (सोमः) ऐश्वर्यवान् (अग्निः) ज्ञानी [पुरुष] ने (अहेः) महाहिंसक [सांप के] (विषम्)

२५—(अङ्गादङ्गात्) (प्र च्यवय) बहिर्गमय (हृदयम्) (परि) सर्वतः (वर्जय) रोधय (अध) अथ (विषस्य) (यत्) (तेजः) तीक्ष्णता (अवाचीनम्) अधोमुखं गतम् (तत्) (एतु) गच्छतु (ते) तुभ्यम् ॥

२६—(आरे) दूरे-निघ० ३ । २६ (अभूत्) (विषम्) (अरौत्) रुधिर् आवरणे-छान्दसो लुङ् । अरुधत् । अरौत्सीत् (विषे) (विषम्) (अप्राक्) पृची सम्पर्के लुङ् । अपर्चीत् (अपि) एव (अग्निः) ज्ञानवान् पुरुषः (विषम्) (अहेः) सर्पस्य (निरधात्) बहिर्धृतवान् (निर् अनयीत्) णीञ् प्रापणे । अनै-

विष को (निः अधात्) निकाल लिया है और (निः अनयीत्) बाहिर पहुंचा दिया है। (विषम्) विष (दंष्टारम् अनु) काटने वाले के साथ (अगात्) गया है और (अहिः) सांप (अमृत) मर गया है ॥ २५ ॥

भावार्थ—इस मन्त्र का मिलान अ० ७। ८८। १। से भी करो। जैसे सद्वैद्य विष ओषधि द्वारा विष रोग को हटाता है, वैसे ही विद्वान् एक इन्द्रिय को वश में करके दूसरे इन्द्रिय दोष को मिटावे ॥ २६ ॥

इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥

अथ तृतीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ५ ॥ मन्त्राः १-५० ॥

विभागः १। मन्त्राः १–२४ ॥ आपो देवताः ॥ १–५, ११, १४ आर्षी पङ्क्तिः; ६ आर्षी जगती; ७–१०, १२, १३ आर्षी बृहती; १५–१८, २१ अतिधृतिः; १९, २० कृतिः; २२, २३ अनुष्टुप्; २४ त्रिपदा त्रिष्टुप् ॥

विदुषां कर्तव्योपदेशः—विद्वानों के कर्तव्य का उपदेश ॥

इन्द्र॒स्यौज॒ स्थेन्द्र॑स्य॒ सह॒ स्थेन्द्र॑स्य॒ बलं॒ स्थेन्द्र॑स्य वी॒र्य॑१॒ स्थेन्द्र॑स्य नृ॒म्णं स्थ॑। जि॒ष्णवे॒ योगा॑य ब्रह्मयो॒गैर्वो॑ युनज्मि ॥१॥

इन्द्र॑स्य। ओजः॑। स्थ॒। इन्द्र॑स्य। सहः॑। स्थ॒। इन्द्र॑स्य। बल॑म्। स्थ॒। इन्द्र॑स्य। वी॒र्य॑म्। स्थ॒। इन्द्र॑स्य। नृ॒म्णम्। स्थ॒ ॥ जि॒ष्णवे॑। योगा॑य। ब्र॒ह्म॒ऽयो॒गैः। वः॒। यु॒न॒ज्मि॒ ॥१॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा के (सहः) पुरुषार्थ (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा के (बलम्) बल (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा की (वीर्यम्) वीरता

नीत्। प्रापितवान् (दंष्टारम्) दंशकं सर्पम् (अनु) अनुसृत्य (अगात्) अगच्छत् (विषम्) (अहिः) (अमृत) मृङ् प्राणत्यागे—लुङ्। मृतवान् ॥

१—(इन्द्रस्य) आत्मनः (ओजः) पराक्रमः (स्थ) भवथ (सहः) पुरुषार्थः (बलम्) सामर्थ्यम् (वीर्यम्) वीरता (नृम्णम्) अ० ४। २४। ३।

(स्थ) हो। (इन्द्रस्य) आत्मा की (नृम्णम्) शूरता (स्थ) हो। (जिष्णवे) विजयी (योगाय) संयोग के लिये (ब्रह्मयोगैः) ब्रह्मयोगों [परमात्मा के ध्यानों] से (वः) तुम को (युनज्मि) मैं जोड़ता हूं ॥ १ ॥

भावार्थ–जो मनुष्य परमात्मा के गुणों में चित्त लगाते हैं, वे सब प्रकार आत्मोन्नति करके अनेक प्रकार से ऐश्वर्यवान् होते हैं ॥ १ ॥

इन्द्रस्यौज॰। जिष्णवे योगाय क्षत्रयोगैर्वो युनज्मि ॥ २ ॥

० योगाय। क्षत्र-योगैः। वः। ० ॥ २ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम ......म० १। (जिष्णवे) विजयी (योगाय) संयोग के लिये (क्षत्रयोगैः) राज्य के ध्यानों से (वः) तुमको (युनज्मि) मैं जोड़ता हूं ॥ २ ॥

भावार्थ—मन्त्र १ के समान है ॥ २ ॥

इन्द्रस्यौज॰। जिष्णवे योगायेन्द्रयोगैर्वो युनज्मि ॥ ३ ॥

० योगाय। इन्द्र-योगैः। वः। ० ॥ ३ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम ......म० १। (जिष्णवे) विजयी (योगाय) संयोग के लिये (इन्द्रयोगैः) आत्मा के ध्यानों से (वः) तुम को (युनज्मि) मैं जोड़ता हूं ॥३॥

भावार्थ–मन्त्र १ के समान है ॥ ३ ॥

इन्द्रस्यौज॰। जिष्णवे योगाय सोमयोगैर्वो युनज्मि ॥ ४ ॥

० योगाय। सोम-योगैः। वः। ० ॥ ४ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम ......म० १। (जिष्णवे) विजयी (योगाय) संयोग के लिये (सोमयोगैः) ऐश्वर्य के ध्यानों से (वः) तुमको (युनज्मि) मैं जोड़ता हूं ॥ ४ ॥

भावार्थ—मन्त्र १ समान है ॥ ४ ॥

शूरत्वम् (जिष्णवे) अ० ३। १९। १। विजयिने (योगाय) संयोगाय। अवसराय (ब्रह्मयोगैः) ब्रह्मणः परमेश्वरस्य ध्यानैः (वः) युष्मान् (युनज्मि) संयोजयामि ॥

२—(क्षत्रयोगैः) राज्यध्यानैः। अन्यत् पूर्ववत्–म० १ ॥

३—(इन्द्रयोगैः) आत्मनो जीवस्य ध्यानैः। अन्यत् पूर्वत्–म० १ ॥

४—(सोमयोगैः) षु ऐश्वर्ये-मन्। ऐश्वर्यचिन्तनैः। अन्यत् पूर्ववत्–म० १॥

इन्द्रस्यौज०। जिष्णवे योगायाप्सुयोगैर्वो युनज्मि ॥ ५ ॥

० योगाय । अप्सु-योगैः । वः । युनज्मि ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम ......म० १। (जिष्णवे) विजयी (योगाय) संयोग के लिये (अप्सुयोगैः) प्राणों में ध्यान के साथ (वः) तुमको (युनज्मि) मैं जोड़ता हूं ॥ ५ ॥

भावार्थ—मन्त्र १ के समान है ॥ ५ ॥

इन्द्रस्यौज स्थेन्द्रस्य सह स्थेन्द्रस्य बलं स्थेन्द्रस्य वीर्यं १ स्थेन्द्रस्य नृम्णं स्थ । जिष्णवे योगाय विश्वानि मा भूतान्युप तिष्ठन्तु युक्ता म आप स्थ ॥ ६ ॥

इन्द्रस्य । ओजः । स्थ । इन्द्रस्य । सहः । स्थ । इन्द्रस्य । बलम् । स्थ । इन्द्रस्य । वीर्यम् । स्थ । इन्द्रस्य । नृम्णम् । स्थ ॥ जिष्णवे । योगाय । विश्वानि । मा । भूतानि । उप । तिष्ठन्तु । युक्ताः । मे । आपः । स्थ ॥ ६ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) आत्मा के (ओजः) पराक्रम (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा के (सहः) पुरुषार्थ (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा के (बलम्) बल (स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा की (वीर्यम्) वीरता(स्थ) हो, (इन्द्रस्य) आत्मा की(नृम्णम्)शूरता (स्थ) हो। (जिष्णवे) विजयी(योगाय) संयोग के लिये (विश्वानि) सब (भूतानि) उत्पन्न वस्तुयें (मा) मुझे (उप तिष्ठन्तु) सेवें, (आपः) हे सब विद्याओं में व्यापक विद्वानो ! तुम (मे) मेरे लिये (युक्ताः) योगाभ्यासी [पुरुष] (स्थ) हो ॥ ६ ॥

५—(अप्सुयोगैः) अप्सु प्राणेषु-दयानन्दभाष्ये यजु० ८। २५। प्राणेषु ध्यानैः सह । अन्यत् पूर्ववत्-म० १ ॥

६—(विश्वानि) सर्वाणि (मा) माम् (भूतानि) उत्पन्नवस्तूनि (उपतिष्ठन्तु) सेवन्ताम् (युक्ताः) अभ्यस्तयोगाः (मे) मह्यम् (आपः) हे सर्वविद्याव्यापिनो विपश्चितः-यथा दयानन्दभाष्ये, यजु० ६। १७। अन्यत् पूर्ववत्-म० १॥

भावार्थ—मनुष्य यती विद्वानों के सत्सङ्ग द्वारा संसार के सब पदार्थों से उपकार लेकर कार्य सिद्ध करें ॥ ६ ॥

अग्नेर्भाग स्थ । अपां शुक्रमापो देवीर्वर्चो अस्मासु धत्त ।
प्रजापतेर्वो धाम्नास्मै लोकाय सादये ॥ ७ ॥

अग्नेः । भागः । स्थ ॥ अपाम् । शुक्रम् । आपः । देवीः ।
वर्चः । अस्मासु । धत्त ॥ प्रजा-पतेः । वः । धाम्ना । अस्मै ।
लोकाय । सादये ॥ ७ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (अग्नेः) अग्नि का (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् तेजस्वी हो] । (देवीः) हे उत्तम गुण वाली (आपः) विदुषी प्रजाओ ! (अपाम्) विद्वानों के बीच (अस्मासु) हम में (शुक्रम्) वीरता और (वर्चः) तेज (धत्त) धारण करो । (वः) तुमको (प्रजापतेः) प्रजापति [परमेश्वर] के (धाम्ना) धर्म [नियम] से (अस्मै) इस (लोकाय) लोक [के हित] के लिये (सादये) मैं बैठाता हूं ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य अग्नि आदि के समान तेजस्वी आदि गुणवान् होकर ईश्वर नियम पर चल कर संसार का उपकार करें ॥ ७ ॥

इन्द्रस्य भाग स्थ । ० । ० ॥ ८ ॥

इन्द्रस्य । भागः । ० ॥ ८ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (इन्द्रस्य) सूर्य के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् प्रतापी हो]...... म० ७ ॥ ८ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ८ ॥

७—(अग्नेः) पावकस्य (भागः) अंशः । तेजः (स्थ) (अपाम्) म० ६ । विदुषां मध्ये (शुक्रम्) वीर्यम् । पराक्रमम् (आपः) हे आप्ताः प्रजाः–यथा दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ (देवीः) दिव्याः (वर्चः) तेजः (अस्मासु) (धत्त) धरत (प्रजापतेः) प्रजापालकस्य परमेश्वरस्य (वः) युष्मान् (धाम्ना) धर्मणा । नियमेन (अस्मै) पुरोवर्तमानाय (लोकाय) संसारहिताय (सादये) स्थापयामि ॥

८—(इन्द्रस्य) सूर्यस्य । अन्यत् पूर्ववत्—म० ७ ॥

सोमस्य भाग स्थं । ० । ० ॥ ९ ॥

सोमस्य । भागः । ० ॥ ९ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (सोमस्य) चन्द्रमा के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् शान्त स्वभाव हो]......म० ७ ॥ ९ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ९ ॥

वरुणस्य भाग स्थं । ० । ० ॥ १० ॥ (१३)

वरुणस्य । भागः । ० ॥ १० ॥ (१३)

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (वरुणस्य) जल के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् गम्भीर स्वभाव हो]......म० ७ ॥ १० ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १० ॥

मित्रावरुणयोर्भाग स्थं । ० । ० ॥ ११ ॥

मित्रावरुणयोः । भागः । ० ॥ ११ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (मित्रावरुणयोः) प्राण और अपान के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् महाबली हो]......म० ७ ॥ ११ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ ११ ॥

यमस्यं भाग स्थं । ० । ० ॥ १२ ॥

यमस्यं । भागः । ० ॥ १२ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (यमस्य) न्याय के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् महान्यायकारी हो]......म० ७ ॥ १२ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १२ ॥

पितृणां भाग स्थं । ० । ० ॥ १३ ॥

९—(सोमस्य) चन्द्रस्य । अन्यत् पूर्ववत्—म० ७ ॥

१०—(वरुणस्य) जलस्य । अन्यत् पूर्ववत्—म० ७ ॥

११—(मित्रावरुणयोः) प्राणापानयोः । अन्यत् पूर्ववत् म० ७ ॥

१२—(यमस्य) नियमस्य । न्यायस्य । अन्यत् पूर्ववत्—म० ७ ॥

पितॄणाम् । भागः । ० ॥ १३ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (पितॄणाम्) पालन करने वाले गुणों के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् महापालक हो]......म० ७ ॥ १३ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १३ ॥

दे॒वस्य॑ सवि॒तुर्भा॒ग स्थ॑ । अ॒पां शु॒क्रमापो देवी॒र्वर्चो॑ अ॒स्मासु॑ धत्त । प्र॒जाप॑तेर्वो धाम्ना॒स्मै लो॒काय॑ सादये ॥ १४ ॥

दे॒वस्य॑ । स॒वि॒तुः । भा॒गः । स्थ॒ ॥ अ॒पाम् । शु॒क्रम् । आ॒पः । दे॒वीः । वर्चः॑ । अ॒स्मासु॑ । ध॒त्त॒ ॥ प्र॒जा-प॑तेः । वः॒ । धाम्ना॑ । अ॒स्मै । लो॒काय॑ । सा॒द॒ये॒ ॥ १४ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] तुम (देवस्य) प्रकाशमान (सवितुः) परमेश्वर के (भागः) अंश (स्थ) हो [अर्थात् परमेश्वर में व्याप्त हो]। (देवीः) हे उत्तम गुण वाली (आपः) विदुषी प्रजाओ ! (अपाम्) विद्वानों के बीच (अस्मासु) हम में (शुक्रम्) वीरता और (वर्चः) तेज (धत्त) धारण करो। (वः) तुमको (प्रजापतेः) प्रजापति [परमेश्वर] के (धाम्ना) धर्म [नियम] से (अस्मै) इस (लोकाय) लोक [के हित] के लिये (सादये) मैं बैठाता हूं ॥ १४ ॥

भावार्थ—मन्त्र ७ के समान है ॥ १४ ॥

यो व॑ आपो॒ऽपां भा॒गो॒३॒॑प्स्व॒१॒॑न्तर्य॑जु॒ष्यो॑ देव॒यज॑नः । इ॒दं तमति॑ सृजामि॒ तं माभ्यव॑निक्षि । तेन॒ तम॒भ्यति॑सृजामो॒ यो॒३॒॑स्मान् द्वेष्टि॒ यं व॒यं द्वि॒ष्मः । तं व॑धेयं॒ तं स्तृ॑षीया॒नेन॒ ब्रह्म॑णा॒नेन॒ कर्म॑णा॒नया॑ मे॒न्या ॥ १५ ॥

यः । वः॒ । आ॒पः॒ । अ॒पाम् । भा॒गः । अ॒प्-सु । अ॒न्तः । य॒जु॒ष्यः॑ ।

१३—(पितॄणाम्) पालकगुणानाम्। अन्यत् पूर्ववत्—म० ७ ॥

१४-(देवस्य) प्रकाशमानस्य (सवितुः) परमेश्वरस्य। अन्यत् पूर्ववत्-म०७ ॥

देव-यजनः ॥ इदम् । तम् । अति । सृजामि । तम् । मा । अभि-अवनिक्षि ॥ तेन । तम् । अभि-अतिसृजामः । यः । अस्मान् । द्वेष्टि । यम् । वयम् । द्विष्मः ॥ तम् । वधेयम् । तम् । स्तृषीय । अनेन । ब्रह्मणा । अनेन । कर्मणा । अनया । मेन्या ॥१५

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों का (भागः) अंश (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच (यजुष्यः) पूजा योग्य और (देवयजनः) विद्वानों करके संगति योग्य है। (इदम्) अब (तम्) उस [तुम्हारे पूजनीय अंश] को (अति) आदर पूर्वक (सृजामि) मैं सिद्ध करता हूं, (तम्) उस [अंश] को (मा अभ्यवनिक्षि) मैं न धो डालूं [न नष्ट करूं]। (तेन) उस [पूजनीय अंश] से (तम्) उस [शत्रु] को (अभ्यतिसृजामः) हम हराकर छोड़ते हैं, (यः) जो (अस्मान्) हम से (द्वेष्टि) कुप्रीति करता है और (यम्) जिससे (वयम्) हम (द्विष्मः) कुप्रीति करते हैं। (अनेन ब्रह्मणा) इस वेद ज्ञान से, (अनेन कर्मणा) इस कर्म से और (अनया मेन्या) इस वज्र से (तम्) उस [दुष्ट] को (वधेयम्) मैं मारूं और (तम्) उसको (स्तृषीय) मैं ढक लूं ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि दृढ़ता पूर्वक विद्वानों से उत्तम शिक्षा ग्रहण करके और उनके उपकारों पर पानी न फेर कर वेद विद्या द्वारा बाहिरी और भीतरी शत्रुओं का नाश करें ॥ १५ ॥

१५-(यः) (वः) युष्माकम् (आपः) म० ६। हे विद्वांसः (अपाम्)म० ६। विदुषाम् (भागः) अंशः (अप्सु) विद्वत्सु (अन्तः) मध्ये (यजुष्यः) यजुष्-यत्। पूजार्हः (देवयजनः) विद्वद्भिः संगन्तव्यः (इदम्) इदानीम् (तम्) भागम् (अति) पूजायाम् (सृजामि) निष्पादयामि (मा अभ्यवनिक्षि) णिजिर् शौचपोषणयोः-लुङ् । मा अभितोऽवशोधयामि । न विनाशयामि (तेन) भागेन (तम्) शत्रुम् (अभ्यतिसृजामः) अभिभूय सर्वतो त्यजामः । वशीकुर्मः (यः) (अस्मान्) (द्वेष्टि) वैरायते (यम्) शत्रुम् (वयम्) धार्मिकाः (द्विष्मः) अप्रीतिं कुर्मः (तम्) (वधेयम्) वध हिंसायाम्-लिङ् । अहं हन्याम् (तम्) (स्तृषीय) स्तृञ् आच्छादने-आ० लिङ् । आच्छादितं क्रियासम् (अनेन) (ब्रह्मणा) वेदज्ञानेन (अनेन) (कर्मणा) (अनया) (मेन्या) अ० २। ११। १। वज्रेण ॥

यो व॑ आपोपामूर्मिर॒प्स्वु॒ ० । ० । ० । ० ॥ १६ ॥

० अ॒पाम् । ऊ॒र्मिः । अ॒प्-सु । ० ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों का (ऊर्मिः) वेग (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच······मन्त्र १५ ॥ १६ ॥

भावार्थ-मन्त्र १५ के समान है ॥ १६ ॥

यो व॑ आपोऽपां व॒त्सो॒ ३॒॑प्स्व॒ ० । ० । ० । ० ॥ १७ ॥

० अ॒पाम् । व॒त्सः । अ॒प्-सु । ० ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों का (वत्सः) निवास (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच···म० १५ ॥ १७ ॥

भावार्थ—मन्त्र १५ के समान है ॥ १७ ॥

यो व॑ आपोऽपां वृ॑ष॒भो ३॒॑प्स्व॒ ० । ० । ० । ० ॥ १८ ॥

० अ॒पाम् । वृ॒ष॒भः । अ॒प्-सु । ० ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों का (वृषभः) महापराक्रमी स्वभाव (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच······ ··· म० १५ ॥ १८ ॥

भावार्थ—मन्त्र १५ के समान है ॥ १८ ॥

यो व॑ आपोऽपां हि॑रण्यग॒र्भो ३॒॑प्स्व॒ ० । ० । ० । ० ॥ १९ ॥

० अ॒पाम् । हि॒र॒ण्य॒-ग॒र्भः । अ॒प्-सु । ० ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों

१६-(ऊर्मिः) अर्तेरूच्च । उ० ४ । ४४ । ऋ गतौ–मि, ऊत्वम् । तरङ्गः । प्रकाशः । वेगः । अन्यत् पूर्ववत्–म० १५ ॥

१७-(वत्सः) वृतॄवदिवचिवसि० । उ० ३ । ६२ । वस निवासे–सप्रत्ययः । निवासः । अन्यत् पूर्ववत्–म० १५ ॥

१८—(वृषभः) अ० ४ । ५ । १ । वृष प्रजननैश्वर्ययोः–अभच्, कित् । महापराक्रमी स्वभावः । अन्यत् पूर्ववत्—म० १५ ॥

१९-(हिरण्यगर्भः) अ० ४ । २ । ७ । हर्यतेः कन्यन् हिरच् । उ० ४ । ४४ ।

का (हिरण्यगर्भः) कामना योग्य [तेजों] का आधार (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच...... म० १५ ॥ १९ ॥

भावार्थ—मन्त्र १५ के समान है ॥ १९ ॥

यो व आपोऽपामश्मा पृश्निर्दिव्यो३ऽप्सु०।०।०।०॥२०॥ (१४)

यः । वः । आपः । अपाम् । अश्मा । पृश्निः । दिव्यः । अप्-सु ॥ २० ॥ (१४)

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (यः) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों का (दिव्यः) दिव्य (अश्मा) व्यापक गुण (पृश्निः) सूर्य [समान] (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच...... म० १५ । २० ॥

भावार्थ—मन्त्र १५ के समान है ॥ २० ॥

ये व आपोऽपामग्नयोऽप्स्व१न्तर्यजुष्या देवयजनाः ।
इदं तानति सृजामि तान् माभ्यवनिक्षि ।
तैस्तमभ्यतिसृजामो यो३ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः ।
तं वधेयं तं स्तृषीयानेन ब्रह्मणानेन कर्मणानया मेन्या ॥ २१॥

ये । वः । आपः । अपाम् । अग्नयः । अप्-सु । अन्तः । यजुष्याः । देव-यजनाः ॥ इदम् । तान् । अति । सृजामि । तान् । मा । अभि-अवनिक्षि ॥ तैः । तम् । अभि-अतिसृजामः । यः । अस्मान् । द्वेष्टि । यम् । वयम् । द्विष्मः ॥ तम् । वधेयम् । तम् ।

हर्य गतिकान्त्योः—कन्यन्, हिरादेशः । कमनीयानां तेजसामाधारः । अन्यत् पूर्ववत्...म० १५ ॥

२०—(अश्मा) अशू व्याप्तौ अश भोजने वा—मनिन् । व्यापकस्वभावः (पृश्निः) अ० १ । ११ । ४ । पृश्निरादित्यो भवति-प्राश्नुत एनं वर्ण इति नैरुक्ताः संस्प्रष्टा रसान् संस्प्रष्टा भासं ज्योतिषां, संस्पृष्टो भासेति वा-निरु० २ । १४ । सूर्यो यथा (दिव्यः) उत्तमः । अन्यत् पूर्ववत्—म० १५ ॥

स्तृषीय । अनेन । ब्रह्मणा । अनेन । कर्मणा । अनया । मेन्या ॥२१

भाषार्थ—(आपः) हे विद्वानो ! (ये) जो (वः अपाम्) तुम विद्वानों के (अग्नयः) ज्ञान प्रकाश (अप्सु अन्तः) विद्वानों के बीच (यजुष्यः) पूजा योग्य और (देवयजनाः) विद्वानों करके सङ्गति योग्य हैं। (इदम्) अब (तान्) उन [तुम्हारे ज्ञान प्रकाशों] को (अति) आदर पूर्वक (सृजामि) मैं सिद्ध करता हूं, (तान्) उन [ज्ञान प्रकाशों] को (मा अभ्यवनिक्षि) मैं न धो डालूं [न नष्ट करूं]। (तैः) उन [ज्ञान प्रकाशों] से (तम्) उस [शत्रु] को (अभ्यतिसृजामः) हम हराकर छोड़ते हैं (यः) जो (अस्मान्) हम से (द्वेष्टि) कुप्रीति करता है और (यम्) जिससे (वयम्) हम (द्विष्मः) कुप्रीति करते हैं। (अनेन ब्रह्मणा) इस वेद ज्ञान से, (अनेन कर्मणा) इस कर्म से और (अनया मेन्या) इस वज्र से (तम्) उस [दुष्ट] को (वधेयम्) मैं मारूं और (तम्) उसको (स्तृषीय) ढक लूं ॥ २१ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य विद्वानों के सत्संग से सुशिक्षित होकर दृढ़ चित्त रहते और उनके उपकारों पर पानी नहीं फेरते, वे दुष्ट शत्रु को जीतने में समर्थ होते हैं ॥ २१ ॥

यदर्वाचीनं त्रैहायणादनृतं किं चोदिम । आपो मा तस्मात् सर्वस्माद् दुरितात् पान्त्वंहसः ॥ २२ ॥

यत् । अर्वाचीनम् । त्रैहायनात् । अनृतम् । किम् । च । ऊदिम ॥ आपः । मा । तस्मात् । सर्वस्मात् । दुःइतात् । पान्तु । अंहसः ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(त्रैहायनात्) तीन उद्योगों [परमेश्वर के कर्म, उपासना और ज्ञान] से [अलग होकर] (यत् किम् च) जो कुछ भी (अर्वाचीनम्)

२१—(अग्नयः) ज्ञानप्रकाशाः । अन्यत् पूर्वगतमन्त्रात् १५ यथाविधि संयोजनीयम् ॥

२२-(यत्) (अर्वाचीनम्) अवर + अञ्च गतौ—क्विन्, अर्वादेशः, अर्वाच्-खप्रत्ययः । अर्वाचि अवरे अधमे कर्मणि भवम् (त्रैहायनात्) हश्च व्रीहिका-

नीच कर्म में होने वाले (अनृतम्) झूंठ को (ऊदिम) हम बोले हैं। (आपः) विद्वान् लोग (मा) मुझ को (तस्मात् सर्वस्मात्) उस सब (दुरितात्) कठिन (अंहसः) अपराध से (पान्तु) बचावें ॥ २२ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वानों के सत्संग द्वारा परमेश्वर के कर्म, उपासना और ज्ञान की प्राप्ति से मिथ्या कथन आदि दुराचारों को छोड़कर धर्मात्मा होवें ॥ २२ ॥

इस मन्त्र का उत्तर भाग आचुका है—अ० ७। ६४। १॥

समुद्रं वः प्र हिणोमि स्वां योनिमपीतन ।
अरिष्टाः सर्वहायसो मा च नः किं चनाममत् ॥ २३ ॥

समुद्रम् । वः । प्र । हिनोमि । स्वाम् । योनिम् । अपि । इतन ॥ अरिष्टाः । सर्व-हायसः । मा । च । नः । किम् । चन । आम-मत् ॥ २३ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वानो !] (वः) तुम्हें (समुद्रम्) प्राणियों के यथावत् उदय करने हारे [परमात्मा] की ओर (प्र हिणोमि) मैं आगे बढ़ाता हूं,

---

लयोः। पा० ३। १। १८४। ओहाक् त्यागे, ओहाङ् गतौ च—ण्युट् बाहुलकात्। आतो युक् चिण्कृतोः। पा० ७। ३। ३३। युक्। तस्य समूहः। पा० ४। २। ३७। अण्। त्रयाणां हायनानां गतीनां परमेश्वरस्य कर्मोपासनाज्ञानरूपाणामुद्योगानां समूहस्त्रैहायनं तस्मात् पृथक् भूत्वा (अनृतम्) असत्यम् (किम च) किंचन (ऊदिम) वयं कथितवन्तः (आपः) म० ६। विद्वांसः (मा) माम् (तस्मात्) (सर्वस्मात्) (दुरितात) कठिनात् (पान्तु) अंहसः) अपराधात् ॥

२३—(समुद्रम्) अ० १। १३। ३। सम्+उत्+द्रु गतौ–डप्रत्ययः, यद्वा, सम्+मुद हर्षे—रक्, यद्वा, सम्+उन्दी क्लेदने-रक्। समुद्रः कस्मात्समुद्द्रवन्त्यस्मादापः, समभिद्रवन्त्येनमापः, सम्मोदन्तेऽस्मिन् भूतानि समुदको भवति, समुनत्तीति वा—निरु० २। १०। समुद्र आदित्यः, समुद्र आत्मा—निरु० १४। १६। समुद्रः समुद्द्रवन्ति भूतानि यस्मात्सः–दयानन्दभाष्ये, यजु० ५। ३३। सर्वे देवाः सम्यगुत्कर्षेण द्रवन्ति यत्रेति समुद्रः—महीधरभाष्ये, यजु० ५। ३३।

(अरिष्टाः) बिना हारे हुये (सर्वहायसः) सब ओर गति वाले तुम (स्वाम्) अपने (योनिम्) कारण को (अपि) ही (इतन) प्राप्त हो, (च) और (नः) हमें (किम् चन) कोई भी [दुःख] (मा आममत्) न पीड़ा देवे ॥ २३ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब के आदि कारण जगदीश्वर की यथावत् भक्ति करके सब दुःखों से छूटें ॥ २३ ॥

इस मन्त्र का पिछला पाद आ चुका है–अ० ६ । ५७ । ३ ॥

अ॒रि॒प्रा आपो॒ अप॑ रि॒प्रम॒स्मत् । प्रास्मदेनो॑ दुरि॒तं सु॒प्रती॑का॒ः प्र दु॒ष्वप्न्य॒ं प्र मलं॑ वहन्तु ॥ २४ ॥

अ॒रि॒प्राः । आपः॑ । अप॑ । रि॒प्रम् । अ॒स्मत् ॥ प्र । अ॒स्मत् । एनः॑ । दुः॒-इ॒तम् । सु॒-प्रती॑काः । प्र । दुः॒-स्वप्न्य॑म् । प्र । मल॑म् । व॒ह॒न्तु ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(अरिप्राः) निर्दोष (आपः) विद्वान् लोग (रिप्रम्) पाप को (अस्मत्) हम से (अप) दूर [पहुंचावें] (सुप्रतीकाः) बड़ी प्रतीति वाले वा सुन्दर रूप वाले लोग (अस्मत्) हम से (दुरितम्) कठिन (एनः) पाप को (प्र) दूर (दुष्वप्न्यम्) दुष्ट स्वप्न को (प्र) दूर और (मलम्) मलिनता को (प्र) दूर (वहन्तु) पहुंचावें ॥ २४ ॥

भूतानां समुदयकारणं परमात्मानम् (वः) युष्मान् (प्र) अग्रे (हिणोमि) हि गतिवृद्ध्योः—अन्तर्गतणिच् । हाययामि । गमयामि (स्वाम्) आत्मीयाम् (योनिम्) कारणम् (अपि) एव (इतन, लोटि तनादेशः । इत । प्राप्नुत (अरिष्टाः) अहिंसिताः (सर्वहायसः) अ० ८ । २ । ७ । सर्व + ओ हाङ् गतौ–असुन्, युक् । सर्वगतयः (च) (नः) अस्मान् (किं चन) किमपि दुःखम् (मा आममत्) अ० ६ । ५७ । ३ । अम पीडने लुङि चङि रूपम् । न पीडयेत् ॥

२४—(अरिप्राः) निर्दोषाः (आपः) म० ६ । विद्वांसः (अप) दूरे (रिप्रम्) अ० ६ । ५१ । २ । पापम् (अस्मत्) (प्र) दूरे (अस्मत्) (एनः) पापम् (दुरितम्) कठिनम (सुप्रतीकाः) अ० ४ । २१ । ६ । सु+प्र+इण् गतौ–ईकन् तुट् च । शोभनप्रतीतिमन्तः । शोभनरूपाः (प्र) (दुःस्वप्न्यम्) दुष्टस्वप्नभावम् (प्र) (मलम्) मालिन्यम् (वहन्तु) गमयन्तु ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग घोर पापों से बचकर दूसरों को पापों से छुड़ा कर सुखी करते हैं ॥ २४ ॥

विभागः २ । मन्त्राः २५–३६ ॥ विष्णुर्देवता ॥ २५, २७–३५ शक्वरी; २६ अतिशक्वरी, ३६ अष्टिः ॥

विदुषां कर्तव्योपदेशः—विद्वानों के कर्तव्य का उपदेश ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा पृथिवीसंशितोऽग्नितेजाः। पृथिवीमनु वि क्रमेऽहं पृथिव्यास्तं निर्भजामो योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः । स मा जीवीत् तं प्राणो जहातु ॥ २५ ॥

विष्णोः । क्रमः । असि । सपत्न-हा । पृथिवी-संशितः । अग्नि-तेजाः ॥ पृथिवीम् । अनु । वि । क्रमे । अहम् । पृथिव्याः । तम् । निः । भजामः । यः । अस्मान् । द्वेष्टि । यम् । वयम् । द्विष्मः ॥ सः । मा । जीवीत् । तम् । प्राणः । जहातु ॥ २५ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्व व्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) बैरियों का नाश करने हारा, (पृथिवीसंशितः) पृथिवी से तीक्ष्ण किया गया, (अग्नितेजाः) अग्नि से तेज पाया हुआ (असि) है । (पृथिवीम् अनु) पृथिवी के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (पृथिव्याः) पृथिवी से (तम्) उस [शत्रु] को (निः भजामः) हम भाग रहित करते हैं, (यः) जो (अस्मान्) हम से (द्वेष्टि) द्वेष करता है और (यम्) जिससे (वयम्) हम (द्विष्मः) द्वेष करते हैं । (सः) वह (मा जीवीत्) न जीता रहे, (तम्) उसको (प्राणः) प्राण (जहातु) छोड़ देवे ॥ २५ ॥

२५—(विष्णोः) सर्वव्यापकात् परमेश्वरात् (क्रमः) क्रम—अर्श आद्यच् । पराक्रमयुक्तः (असि) (सपत्नहा) शत्रुनाशकः (पृथिवीसंशितः) पृथिवीसकाशात् तीक्ष्णीकृतः (अग्नितेजाः) अग्नेः प्राप्ततेजाः (पृथिवीम्) (अनु) अनुसृत्य (वि क्रमे) पराक्रमं करोमि (अहम्) (पृथिव्याः) भूमिसकाशात् (तम्) शत्रुम् (निर्भजामः) भागहीनं कुर्मः (मा जीवीत्) लुङिरूपम् । न जीवेत् । अन्यद् गतम् ॥

भावार्थ—परमेश्वर की दी हुई अद्भुत शक्तियों से मनुष्य पृथिवी और अग्नि के उपकारों को विचार कर अपने दोषों और शत्रुओं का नाश करके आनन्दित होवे ॥ २५ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहान्तरिक्षसंशितो वायुतेजाः। अन्तरिक्षमनु वि क्रमेऽहमन्तरिक्षात् तं निर्भजामो ०।०॥ २६ ॥

०सुपत्न-हा । अन्तरिक्ष-संशितः । वायु-तेजाः ॥ अन्तरिक्षम् । अनु । वि । क्रमे । अहम् । अन्तरिक्षात् । तम् । ० ॥ २६ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा, (अन्तरिक्षसंशितः) अन्तरिक्ष [मध्य लोक] से तीक्ष्ण किया गया, (वायुतेजाः) प्राण आदि वायु से तेज पाया हुआ (असि) है। (अन्तरिक्षम् अनु) अन्तरिक्ष के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (अन्तरिक्षात्) अन्तरिक्ष से (तम्) उस [शत्रु] को (निः भजामः) हम भाग रहित करते हैं……म० २५ ॥ २६ ॥

भावार्थ-मनुष्य अन्तरिक्ष और वायु के उपकारों को विचारकर संसार में उपकारी बने ॥ २६ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा द्यौसंशितः सूर्यतेजाः।
दिवमनु वि क्रमेऽहं दिवस्तं ०।०॥ २७ ॥

० सुपत्न-हा । द्यौ-संशितः । सूर्य-तेजाः ॥ दिवम् । अनु । वि । क्रमे । अहम् । दिवः । तम् । ० ॥ २७ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा (द्यौसंशितः) आकाश से तीक्ष्ण किया गया, (सूर्यतेजाः) सूर्य से तेज पाया हुआ (असि) है। (दिवम्

२६—(अन्तरिक्षसंशितः) अन्तरिक्षात् तीक्ष्णीकृतः (वायुतेजाः) वायुसकाशात् प्राप्ततेजाः । अन्यत् पूर्ववत् सुगमंच ॥

२७—(द्यौसंशितः) छान्दसी वृद्धिः । द्युसंशितः। आकाशात् तीक्ष्णीकृतः (सूर्यतेजाः) सूर्यात् प्राप्ततेजाः (दिवम्) आकाशम् (दिवः) आकाशात् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

अनु) आकाश के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (दिवः) आकाश से (तम्) उस [शत्रु] को······म० २५ ॥ २७ ॥

भावार्थ—मनुष्य संसार के आधार आकाश और वृष्टिआदि के कारण सूर्य के उपकारों को विचार कर संसार में उपकार करें ॥ २७ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा दिक्संशितो मनस्तेजाः ।
दिशोऽनु वि क्रमेऽहं दिग्भ्यस्तं ० । ० ॥ २८ ॥

० सपत्न-हा । दिक्-संशितः । मनः-तेजाः । दिशः । अनु ।
वि । क्रमे । अहम् । दिक्-भ्यः । तम् । ० ॥ २८ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से, (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा (दिक्संशितः) दिशाओं से तीक्ष्ण किया गया, (मनस्तेजाः) मन से तेज पाया हुआ (असि) है। (दिशः अनु) दिशाओं के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (दिग्भ्यः) दिशाओं से (तम्) उस [शत्रु] को······म० २५ ॥ २८ ॥

भावार्थ—मनुष्य दिशाओं के और मन के ज्ञान से उपकार लेकर उपकारी होवें ॥ २८ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहाशासंशितो वाततेजाः ।
आशा अनु वि क्रमेहमाशाभ्यस्तं ० । ० ॥ २९ ॥

० सपत्न-हा । आशा-संशितः । वात-तेजाः ॥ आशाः । अनु ।
वि । क्रमे । अहम् । आशाभ्यः । तम् । ० ॥ २९ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रमयुक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा, (आशासंशितः) मध्य दिशाओं से तीक्ष्ण किया गया, (वाततेजाः) पवन से तेज पाया हुआ (असि)

२८—(दिक्संशितः) दिक्सकाशात् तीक्ष्णीकृतः (मनस्तेजाः) मनसः प्राप्ततेजाः । अन्यत् सुगमं गतं च ॥

२९—(आशासंशितः) मध्यदिशासकाशात् तीक्ष्णीकृतः (वाततेजाः) पवनात् प्राप्ततेजाः······अन्यत् सुगमं गतं च ॥

है। (आशाः अनु) मध्य दिशाओं के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (आशाभ्यः) मध्यदिशाओं से (तम्) उस शत्रु को......म० २५॥ २६॥

भावार्थ—मन्त्र २८ के समान है॥ २६॥

विष्णोः क्रमो॑ऽसि सपत्न॒हा ऋक्सं॑शितः साम॑तेजाः।
ऋचोऽनु॒ वि क्र॑मे॒ऽहमृ॒ग्भ्यस्तं ०। ०॥ ३०॥ (१५)

० स॒पत्न॒-हा। ऋक्-सं॑शितः। साम॑-तेजाः॥ ऋचः॑। अनु॑।
वि। क्र॒मे॒। अ॒हम्। ऋ॒क्-भ्यः। तम्। ०॥ ३०॥ (१५)

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्व व्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा, (ऋक्संशितः) वेद वाणियों से तीक्ष्ण किया गया, (सामतेजाः) दुःखनाशक मोक्ष ज्ञान से तेज पाया हुआ (असि) है। (ऋचः अनु) वेद वाणियों के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (ऋग्भ्यः) वेद वाणियों से (तम्) उस शत्रु को...म० २५॥३०

भावार्थ—मनुष्य वेदविद्याओं और मोक्षविद्याओं द्वारा दुःख से छूट कर सुख प्राप्त करे॥ ३०॥

विष्णोः क्रमो॑ऽसि सपत्न॒हा य॒ज्ञसं॑शितो ब्रह्म॑तेजाः।
य॒ज्ञमनु॒ वि क्र॑मे॒ऽहं य॒ज्ञात् तं ०। ०॥ ३१॥

० स॒पत्न॒-हा। य॒ज्ञ-सं॑शितः। ब्रह्म॑-तेजाः॥ य॒ज्ञम्। अनु॑।
वि। क्र॒मे॒। अ॒हम्। य॒ज्ञात्। तम्। ०॥ ३१॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रमयुक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा, (यज्ञसंशितः) शुभ कर्म

३०—(ऋक्संशितः) ऋग् वाङ्नाम—निघ० १। ११। वेदवाणीसकाशात् तीक्ष्णीकृतः (सामतेजाः) साम व्याख्यातम्—अ० ७। ५४। १। षो अन्तकर्मणि-मनिन्। दुःखनाशकमोक्षज्ञानात् प्राप्ततेजाः (ऋचः) वेदवाणीः। अन्यत् सुगमं गतं च॥

३१—(यज्ञसंशितः) शुभकर्मसकाशात् तीक्ष्णीकृतः (ब्रह्मतेजाः) परमेश्वरात् प्राप्ततेजाः। अन्यत् सुगमं गतं च॥

से तीक्ष्ण किया गया और (ब्रह्मतेजाः) ब्रह्म [परमेश्वर] से तेज पाया हुआ (असि) है। (यज्ञम् अनु) शुभ कर्म के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (यज्ञात्) शुभकर्म से (तम्) उस [शत्रु] को......म० २५ ॥ ३१ ॥

भावार्थ-मनुष्य शुभ कर्म द्वारा ईश्वर से तेज प्राप्त करके सुखी होवे ३१

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहौषधीसंशितः सोमतेजाः।
ओषधीरनु वि क्रमेऽहमोषधीभ्यस्तं ०।०॥ ३२ ॥

० सपत्न-हा। ओषधी-संशितः सोम-तेजाः॥ ओषधीः। अनु। वि। क्रमे। अहम्। ओषधीभ्यः। तम्। ०॥ ३२ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्व व्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा (ओषधीसंशितः) ओषधियों से तीक्ष्ण किया गया, (सोमतेजाः) सोम [अमृतरस] से तेज पाया हुआ (असि) है। (ओषधीः अनु) ओषधियों के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (ओषधीभ्यः) ओषधियों से (तम्) उस [शत्रु] को...... म० २५ ॥ ३२ ॥

भावार्थ—मनुष्य उत्तम ओषधियों और सोम आदि के रस के प्रयोग से बलवान् होकर प्रसन्न रहें ॥ ३२ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहाप्सुसंशितो वरुणतेजाः।
अपोऽनु वि क्रमेऽहमद्भ्यस्तं ०।०॥ ३३ ॥

०सपत्न-हा। अप्सु-संशितः। वरुण-तेजाः॥ अपः। अनु। वि। क्रमे। अहम्। अत्-भ्यः। तम्। ०॥ ३३॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्व व्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) वैरियों का नाश करने हारा, (अप्सुसंशित,) जलों

३२—(ओषधीसंशितः) ओषधिसकाशात् तीक्ष्णीकृतः (सोमतेजाः) सोमरसात्प्राप्ततेजाः। अन्यत् सुगमं गतं च ॥

३३—(अप्सुसंशितः) जलसकाशात् तीक्ष्णीकृतः (वरुणतेजाः) मेघात् प्राप्ततेजाः (अपः) जलानि। अन्यत् सुगमं गतं च ॥

से तीक्ष्ण किया गया, (वरुणतेजाः) मेघ से तेज पाया हुआ (असि) है। (अपः अनु) जलों के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (अद्भ्यः) जलों से (तम्) उस (शत्रु) को......म० २५ ॥ ३३ ॥

भावार्थ—मनुष्य जल विद्याओं में निपुण होकर मेघ समान उपकारी होवे ॥ ३३ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा कृषिसंशितोऽन्नतेजाः ।
कृषिमनु वि क्रमेऽहं कृष्यास्तं ० । ० ॥ ३४ ॥

० सपत्न-हा । कृषि-संशितः । अन्न-तेजाः ॥ कृषिम् । अनु । वि । क्रमे । अहम् । कृष्याः । तम् । ० ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) बैरियों का नाश करने हारा, (कृषिसंशितः) खेती से तीक्ष्ण किया गया और (अन्नतेजाः) अन्न से तेज पाया हुआ (असि) है। (कृषिम् अनु) खेती के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (कृष्याः) खेती से (तम्) उस [शत्रु] को......म० २५ ॥ ३४ ॥

भावार्थ—मनुष्य खेती और अन्न के प्रयोग से ऐश्वर्यवान् होवे ॥ ३४ ॥

विष्णोः क्रमोऽसि सपत्नहा प्राणसंशितः पुरुषतेजाः । प्राणमनु वि क्रमेऽहं प्राणात् तं निर्भजामो यो३ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः। स मा जीवीत् तं प्राणो जहातु ॥ ३५ ॥

विष्णोः । क्रमः । असि । सपत्न-हा । प्राण-संशितः । पुरुष-तेजाः ॥ प्राणम् । अनु । वि । क्रमे । अहम् । प्राणात् । तम् । निः । भजामः । यः । अस्मान् । द्वेष्टि । यम् । वयम् । द्विष्मः ॥ सः । मा । जीवीत् । तम् । प्राणः । जहातु ॥ ३५ ॥

३४—(कृषिसंशितः) भूमिकर्षणात् तीक्ष्णीकृतः (अन्नतेजाः) अदनीयपदार्थात् प्राप्ततेजाः । अन्यत् सुगमं गतं च ॥

भाषार्थ—तू (विष्णोः) विष्णु [सर्वव्यापक परमेश्वर] से (क्रमः) पराक्रम युक्त, (सपत्नहा) शत्रुओं का नाश करने हारा, (प्राणसंशितः) प्राण से तीक्ष्ण किया गया और (पुरुषतेजाः) पुरुष [आत्मा] से तेज पाया हुआ (असि) है। (प्राणम् अनु) प्राण के पीछे (अहम्) मैं (वि क्रमे) पराक्रम करता हूं, (प्राणात्) प्राण से (तम्) उस [शत्रु] को (निः भजामः) हम भागरहित करते हैं, (यः) जो (अस्मान्) हम से (द्वेष्टि) द्वेष करता है और (यम्) जिससे (वयम्) हम (द्विष्मः) द्वेष करते हैं। (सः) वह (मा जीवीत्) न जीता रहे, (तम्) उसको (प्राणः) प्राण (जहातु) छोड़ देवे ॥३५॥

भावार्थ—मनुष्य प्राण [जीवन साधन वायु] और आत्मा [परमात्मा और जीवात्मा] के बोध से संसार में उन्नति करे ॥ ३५ ॥

जितमुस्माकुमुद्भिन्नमुस्माकंमुभ्यंष्ठां विश्वाः पृतंना अरातीः।
इदमहमांमुष्यायुणस्यामुष्याः पुत्रस्यं वर्चस्तेजः प्राणमायुर्नि वेष्टयामीदमैनमधराञ्चं पादयामि ॥ ३६ ॥

जितम्। अस्माकम्। उत्-भिन्नम्। अस्माकम्। अभि। अस्थाम्। विश्वाः। पृतनाः। अरातीः॥ इदम्। अहम्। आमुष्यायणस्यं। अमुष्याः। पुत्रस्यं। वर्चः। तेजः। प्राणम्। आयुः। नि। वेष्टयामि। इदम्। एनम्। अधराञ्चम्। पादयामि ॥३६॥

भाषार्थ—(जितम्) जय किया गया (अस्माकम्) हमारा [हो], (उद्भिन्नम्) निकासी किया हुआ (अस्माकम्) हमारा [हो], (विश्वाः) सब (पृतनाः) [शत्रुओं की] सेनाओं और (अरातीः) कञ्जूसियों को

३५—(प्राणसंशितः) प्राणात् तीक्ष्णीकृतः (पुरुषतेजाः) पुरुषात् परमात्मनो जीवात्मनश्च प्राप्ततेजाः (प्राणम्) प्राणसाधनं वायुम् (अनु) अनुसृत्य- (प्राणात्) जीवनसाधनाद् वायुविशेषात्। अन्यत् पूर्ववत्—म० २५ ॥

३६—(जितम्) जयेन प्राप्तम् (अस्माकम्) धर्मात्मनाम् (उद्भिन्नम्) उद्भेदनं स्फुरणम्। आयधनम् (अस्माकम्) (अभि अस्थाम्) अभिभूतवानस्मि (विश्वाः) सर्वाः (पृतनाः) अ० ३। २१। ३। शत्रुसेनाः (अरातीः) अदानशक्तीः। अनुदारताः (इदम्) इदानीम् (अहम्) शूरः (आमुष्यायणस्य)

(अभि अस्थाम्) मैं ने रोक दिया है। (इदम्) अब (अहम्) मैं (आमुष्यायणस्य) अमुक पुरुष के और (अमुष्याः) अमुक स्त्री के (पुत्रस्य) पुत्र का (वर्चः) प्रताप, (तेजः) तेज (प्राणम्) प्राण और (आयुः) जीवन को (नि वेष्टयामि) लपेटे लेता हूं, (इदम्) अब (एनम्) इसको (अधराञ्चम्) नीचे (पादयामि) गिराता हूं ॥ ३६ ॥

भावार्थ—प्रजापालक शूर वीर पुरुष एक शत्रु को जीतकर उसकी आय से सुप्रबन्ध करे और दूसरे प्रसिद्ध प्रसिद्ध वैरियों को इसी प्रकार अधीन करे ॥३६

विभागः ३। मन्त्राः ३७—४१ ॥ मन्त्रोक्ता देवताः ॥ ३७ अनुष्टुप्; ३८ पुर-उष्णिक्; ३९, ४१ गायत्री; ४० विराड् गायत्री छन्दः ॥

विदुषां कर्तव्योपदेशः-विद्वानों के कर्तव्य का उपदेश ॥

सूर्य॑स्यावृत॒मन्वाव॑र्ते॒ दक्षि॑णाम॒न्वा॒वृत॑म् ।
सा मे॒ द्रवि॑णं यच्छतु॒ सा मे॑ ब्राह्मणवर्च॒सम् ॥ ३७ ॥

सूर्य॑स्य । आ॒-वृत॑म् । अ॒नु-आव॑र्ते । दक्षि॑णाम् । अनु॑ । आ॒-वृत॑म् ॥ सा । मे॒ । द्रवि॑णम् । य॒च्छ॒तु॒ । सा । मे॒ । ब्रा॒ह्म॒ण-व॒र्च॒सम् ३७

भाषार्थ—(सूर्यस्य) सूर्य की (आवृतम्) परिपाटी [रीति पर) (अन्वावर्ते) मैं चला चलता हूं. [उसकी] (दक्षिणाम्) वृद्धियुक्त (आवृतम् अनु) परिपाटी पर। (सा) वह [परिपाटी] (मे) मुझे (द्रविणम्) बल और

अ० ४। १६। ६। नडादिभ्यः फक्। पा० ४। १। ६६। अमुष्य—फक्। आमुष्यायणामुष्यपुत्रिकामुष्यकुलिकेति च। वा० पा० ६। ३। २१। षष्ठ्या अलुक्। अमुष्य पुरुषस्य पुत्रस्य (अमुष्याः) अमुकजनन्याः (पुत्रस्य) सुतस्य (वर्चः) प्रतापम् (तेजः) प्रकाशम् (प्राणम्) (आयुः) जीवनम् (नि) नितराम् (वेष्टयामि) आच्छादयामि (इदम्) (एनम्) शत्रुम् (अधराञ्चम्) अधोगतम् (पादयामि) पातयामि ॥

३७—(सूर्यस्य) (आवृतम्) वृञ् वरणे-क्विप्, तुक्। परिपाटीम्। रीतिम् (अन्वावर्ते) निरन्तरं गच्छामि (दक्षिणाम्) दक्ष वृद्धौ शैघ्र्ये च-इनन्, टाप्। प्रवृद्धाम् (अनु) क्रियायोगे। अन्वावर्ते (आवृतम्) (सा) आवृत् (मे) मह्यम् (द्रविणम्) बलम्-निघ० २। ६ (यच्छतु) दाण् दाने। ददातु (सा)

(सा) वह (मे) मुझे (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] का प्रताप (यच्छतु) देवे ॥ ३७ ॥

भावार्थ—मनुष्य सूर्य के समान ईश्वरकृत नियम पर चलकर बल और ब्रह्मविद्या प्राप्त करे ॥ ३७ ॥

दिशो ज्योतिष्मतीरभ्यावर्ते । ता मे द्रविणं यच्छन्तु ता मे ब्राह्मणवर्चसम् ॥ ३८ ॥

दिशः । ज्योतिष्मतीः । अभि-आवर्ते ॥ ताः । मे । द्रविणम् । यच्छन्तु । ताः । मे । ०॥ ३८ ॥

भाषार्थ—(ज्योतिष्मतीः) प्रकाशमयी (दिशः) दिशाओं की ओर (अभ्यावर्ते) मैं घूमता हूं । (ताः) वे [दिशायें] (मे) मुझे (द्रविणम्) बल और (ताः) वे (मे) मुझे (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] का प्रताप (यच्छन्तु) देवें ॥ ३८ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब दिशाओं से विज्ञान द्वारा बल प्राप्त करके ईश्वर आज्ञा का पालन करे ॥ ३८ ॥

सप्तऋषीनभ्यावर्ते । ते मे द्रविणं यच्छन्तु ते मे ब्राह्मणवर्चसम् ॥ ३९ ॥

सप्त-ऋषीन् । अभि-आवर्ते ॥ ते । मे । द्रविणम् । यच्छन्तु । ते । मे । ० ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—(सप्तऋषीन्) सात व्यापन शीलों वा दर्शनशीलों [अर्थात् त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि, अथवा दो कान, दो नथने, दो आंख और मुख इन सात छिद्रों] की ओर (अभ्यावर्ते) मैं घूमता हूं । (ते)

(मे) (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्रह्महस्तिभ्यां वर्चसः । पा० ५ । ४ । ७८ । अच् बाहुलकात् । ब्राह्मणस्य ब्रह्मज्ञानिनः पुरुषस्य प्रतापम् ॥

३८—(दिशः) प्राच्यादीः (ज्योतिष्मतीः) प्रकाशवतीः (अभ्यावर्ते) अभीत्य वर्तनं करोमि (ताः) दिशः (यच्छन्तु) ददतु । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३९—(सप्तऋषीन्) अ० ४ । ११ । ६ । त्वक्चक्षुःश्रवणरसनघ्राणम-

वे (मे) मुझे (द्रविणम्) बल और (ते) वे (मे) मुझे (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] का प्रताप (यच्छन्तु) देवें ॥ ३६ ॥

भावार्थ—मनुष्य इन्द्रियों से यथावत् उपकार लेकर बली और ब्रह्मवर्चसी होवें ॥ ३६ ॥

ब्रह्माभ्यावर्ते । तन्मे द्रविणं यच्छतु तन्मे ब्राह्मणवर्चसम् ॥४०॥(१६)

ब्रह्म । अभि-आवर्ते ॥ तत् । मे । द्रविणम् । यच्छतु । तत् । मे ।०॥ ४० ॥ (१६)

भाषार्थ—(ब्रह्म) ब्रह्म [परमेश्वर] की ओर (अभ्यावर्ते) मैं घूमता हूं । (तत्) वह [ब्रह्म] (मे) मुझे (द्रविणम्) बल और (तत्) वह (मे) मुझे (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] का प्रताप (यच्छतु) देवे ॥ ४० ॥

भावार्थ—मनुष्य ब्रह्मज्ञान से ब्राह्मण समान बलवान् और प्रतापी होवें ॥ ४० ॥

ब्राह्मणाँ अभ्यावर्ते । ते मे द्रविणं यच्छन्तु ते मे ब्राह्मणवर्चसम् ॥ ४१ ॥

ब्राह्मणान् । अभि-आवर्ते ॥ ते । मे । द्रविणम् । यच्छन्तु । ते । मे । ब्राह्मण-वर्चसम् ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—(ब्राह्मणान्) ब्राह्मणों [ब्रह्मज्ञानियों] की ओर (अभ्यावर्ते) मैं घूमता हूं । (ते) वे (मे) मुझे (द्रविणम्) बल और (ते) वे (मे) मुझे (ब्राह्मणवर्चसम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञानी] का प्रताप (यच्छन्तु) देवें ॥ ४१ ॥

भावार्थ—मनुष्य ब्रह्मज्ञानियों के सत्संग से ऐश्वर्य और ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे ॥ ४१ ॥

विभागः ४ । मन्त्राः ४२–५० ॥ प्रजापतिर्देवता ॥ ४२, ४३, ४६, ४७, अनुष्टुप्; ४४ आर्चीपङ्क्तिः; ४५ भुरिगनुष्टुप् ४८, ४६ भुरिक् त्रिष्टुप् ; ५० निचृत् त्रिष्टुप् ॥

नोदुच्चीः । अथवा । शीर्षण्यानि सप्तच्छिद्राणि । अन्यत् पूर्ववत् ॥

४०—(ब्रह्म) प्रवृद्धं परमेश्वरम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

४१—(ब्राह्मणान्) ब्रह्मज्ञानिनः पुरुषान् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

शत्रुनाशोपदेशः—शत्रुओं के नाश का उपदेश ॥

यं वयं मृगयामहे तं वधै स्तृणवामहै ।
व्यात्ते परमेष्ठिनो ब्रह्मणापीपदाम तम् ॥ ४२ ॥

यम् । वयम् । मृगयामहे । तम् । वधैः । स्तृणवामहै ॥ वि-आत्ते । परमे-स्थिनः । ब्रह्मणा । आ । अपीपदाम । तम् ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—(यम्) जिस [शत्रु] को (वयम्) हम (मृगयामहे) ढूंढ़ते हैं, (तम्) उसको (वधैः) वज्रों से (स्तृणवामहै) हम विनाशें । (परमेष्ठिनः) सब से ऊंचे पद वाले [राजा] के (व्यात्ते) खुले मुख [वश] में (ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञान से (तम्) उसको (आ=आनीय) लाकर (अपीपदाम) हमने गिरा दिया है ॥ ४२ ॥

भावार्थ—सब शूरवीर शुभचिन्तक मनुष्य दुष्टों को पकड़ कर राजा के वशीभूत करें ॥ ४२ ॥

वैश्वानरस्य दंष्ट्राभ्यां हेतिस्तं समधादभि ।
इयं तं प्सात्वाहुतिः समिद् देवी सहीयसी ॥ ४३ ॥

वैश्वानरस्य । दंष्ट्राभ्याम् । हेतिः । तम् । सम् । अधात् । अभि ॥ इयम् । तम् । प्सातु । आ-हुतिः । सम्-इत् । देवी । सहीयसी ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—(वैश्वानरस्य) सब नरों का हित करने हारे [राजा] के (दंष्ट्राभ्याम्) [प्रजा रक्षण और शत्रुनाशन रूप] दोनों डाढ़ों से (हेतिः) वज्र ने

४२—(यम्) शत्रुम् (वयम्) राजप्रजागणाः (मृगयामहे) अन्विच्छामः (तम्) (वधैः) वज्रैः (स्तृणवामहै) स्तृणातिर्वधकर्मा-निघ० २ । १६। विनाशयाम । (व्यात्ते) प्रसारिते मुखे । वशे (परमेष्ठिनः) अत्युच्चपदस्थितस्य राज्ञः (ब्रह्मणा) वेदज्ञानेन (आ) आनीय (अपीपदाम) पातयतेर्लुङ्, तस्य दः । वयं पातितवन्तः (तम्) शत्रुम् ॥

४३—(वैश्वानरस्य) अ० १ । १० । ४ । सर्वनरहितस्य राज्ञः (दंष्ट्राभ्याम्) प्रजारक्षणशत्रुनाशनरूपाभ्यां दन्तविशेषाभ्याम् (हेतिः) वज्रः (तम्) शत्रुम्

(तम्) उस [शत्रु] को (सम् अभि अधात्) दबोच लिया है। (इयम्) यह (आहुतिः) आहुति [होम का चढ़ावा], (देवी) उत्तम गुण वाली (सहीयसी) अधिक बल वाली (समित्) समिधा [काष्ठ घृत आदि] (तम्) उसको (प्सातु) खा जावे ॥ ४३ ॥

भावार्थ—प्रजापालक राजा उपद्रवियों को सदा वश में रक्खे और उन को ऐसा नष्ट कर देवे जैसे हवन में उत्तम सामग्री और काष्ठ आदि से रोग-कारक दुर्गन्ध आदि नष्ट हो जाते हैं ॥ ४३ ॥

राज्ञो वरुणस्य बन्धोऽसि । सोऽमुमामुष्यायणममुष्याः पुत्रमन्ने प्राणे बधान ॥ ४४ ॥

राज्ञः । वरुणस्य । बन्धः । असि ॥ सः । अमुम् । आमुष्यायणम् । अमुष्याः । पुत्रम् । अन्ने । प्राणे । बधान ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—[हे सेनापति !] तू (वरुणस्य) श्रेष्ठ (राज्ञः) राजा का [शत्रुओं के लिये] (बन्धः) बन्धन (असि) है। (सः) सो तू (अमुम्) अमुक पुरुष, (आमुष्यायणम्) अमुक पिता के पुत्र और (अमुष्याः) अमुक माता के (पुत्रम्) पुत्र को (अन्ने) अन्न में और (प्राणे) श्वास में (बधान) बांध ले ॥ ४४ ॥

भावार्थ—मन्त्री, सेनापति आदि राजपुरुषों को योग्य है कि माता पिता आदि के नाम से पता लगाकर दुराचारी को अन्न और वायु की रोक के साथ कारागार में बन्ध कर दें ॥ ४४ ॥

यत् ते अन्नं भुवस्पत आक्षियति पृथिवीमनु ।

(सम् अधात्) निगृहीतवती (अभि) अभितः (इयम्) (तम्) (प्सातु) भक्षयतु (आहुतिः) मन्त्रेणाग्नौ हविःक्षेपः (समित्) समिधा (देवी) उत्तमगुणा (सहीयसी) बलवत्तरा ॥

४४—(राज्ञः) प्रजाशासकस्य (वरुणस्य) श्रेष्ठस्य (बन्धः) पाशरूपः (असि) (सः) स त्वम् (अमुम्) अमुकनामानम् (आमुष्यायणम्) म० ३६ । अमुष्य पुरुषस्य पुत्रम् (अमुष्याः) अमुकजनन्याः (पुत्रम्) (अन्ने) अन्नसंयमने (प्राणे) वायुसंयमने (बधान) निगृहाण ॥

तस्यं नुस्त्वं भुंवस्पते सुंप्रयंच्छ प्रजापते ॥ ४५ ॥

यत् । ते । अन्नंम् । भुवः । पुते । आ-क्षियति । पृथिवीम् । अनु ॥ तस्यं । नः । त्वम् । भुवः । पुते । सुम्-प्रयंच्छ । प्रजा-पते ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—(भुवः पते) हे भूपति [राजन् !] (यत्) जो (ते) तेरा (अन्नम्) अन्न (पृथिवीम् अनु) पृथिवी पर (आक्षियति) रहा करता है। (भुवः पते) हे भूपति! (प्रजापते) हे प्रजापति [राजन् !] (त्वम्) तू (नः) हमें (तस्य) उस [अन्न] का (संप्रयच्छ) दान करता रहे ॥ ४५ ॥

भावार्थ—राजा अपने सुप्रबन्ध से अन्न आदि पदार्थों को खेत और भाण्डागार में सुरक्षित रखकर प्रजा पालन करे ॥ ४५ ॥

अपो दिव्या अंचायिषुं रसैन सर्मपृक्ष्महि ।
पर्यस्वानग्न आर्गमुं तं मा सं सृंज वर्चसा ॥ ४६ ॥

अपः । दिव्याः । अचायिषम् । रसैन । सम् । अपृक्ष्महि ॥ पर्यस्वान् । अग्ने । आ । अगमम् । तम् । मा । सम् । सृज । वर्चसा ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—(दिव्याः) दिव्य गुण स्वभाव वाले (अपः) जलों [के समान शुद्ध करने वाले विद्वानों] को (अचायिषम्) मैं ने पूजा है (रसेन) पराक्रम से (सम् अपृक्ष्महि) हम संयुक्त हुये हैं। (अग्ने) हे विद्वान् ! (पयस्वान्) गतिवाला मैं (आ अगमम्) आया हूं (तम्) उस (मा) मुझ को (वर्चसा) [वेदाध्ययन आदि के] तेज से (सम् सृज) संयुक्त कर ॥ ४६ ॥

४५—(यत्) (ते) तव (अन्नम्) भोज्यं वस्तु (भुवः) भूमेः (पते) स्वामिन् (आ क्षियति) समन्तात् निवसति। वर्तते (पृथिवीम्) (अनु) प्रति (तस्य) अन्नस्य (नः) अस्मभ्यम् (भुवः पते) (संप्रयच्छ) सम्यग् दानं कुरु (प्रजापते) हे प्रजापालक ॥

४६—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अ० ७ । ८६ । १ ॥

भावार्थ—मनुष्य उद्योग करके विद्वानों से और वेद आदि शास्त्रों से विद्या प्राप्त करके यशस्वी होवें ॥ ४६ ॥

यह मन्त्र आ चुका है—अ० ७ । ८९ । १ ॥

सं माग्ने वर्चसा सृज सं प्रजया समायुषा ।
विद्युर्मे अस्य देवा इन्द्रो विद्यात् सह ऋषिभिः ॥ ४७ ॥

सम् । मा । अग्ने । वर्चसा । सृज । सम् । प्र-जया । सम् । आयुषा ॥ विद्युः । मे । अस्य । देवाः । इन्द्रः । विद्यात् । सह । ऋषि-भिः ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् ! (मा) मुझ को (वर्चसा) [ब्रह्म विद्या के] तेजसे (सम्) अच्छे प्रकार, (प्रजया) प्रजा से (सम्) अच्छे प्रकार, और (आयुषा) जीवन से (सम् सृज) अच्छी प्रकार संयुक्त कर । (देवाः) विद्वान् लोग (अस्य) इस (मे) मुझ को (विद्युः) जानें, (इन्द्रः) बड़ा ऐश्वर्यवान् आचार्य (ऋषिभिः सह) ऋषियों के साथ [मुझे] (विद्यात्) जाने ॥ ४७ ॥

भावार्थ—मनुष्य उत्तम विद्या पाकर संसार के सुधार से अपना जीवन सफल करके विद्वानों और गुरुजनों में प्रतिष्ठा पावें ॥ ४७ ॥

यह मन्त्र आचुका है—अ० ७ । ८९ । २ ॥

यदग्ने अद्य मिथुना शपातो यद्वाचस्तृष्टं जनयन्त रेभाः ।
मन्योर्मनसः शरव्या३ जायते या तया विध्य हृदये यातुधानान् ॥ ४८ ॥

यत् । अग्ने । अद्य । मिथुना । शपातः । यत् । वाचः । तृष्टम् । जनयन्त । रेभाः ॥ मन्योः । मनसः । शरव्या । जायते । या । तया । विध्य । हृदये । यातु-धानान् ॥ ४८ ॥

४७—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अ० ७ । ८९ । २ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे अग्नि [समान तेजस्वी राजन्!] (यत्) जो (अद्य) आज (मिथुना) दो हिंसक मनुष्य [सत्पुरुषों से] (शपातः) कुवचन बोलते हैं, और (यत्) जो (रेभाः) शब्द करने वाले [शत्रु लोग] (वाचः) वाणी की (तृष्टम्) कठोरता (जनयन्त) उत्पन्न करते हैं, (मन्योः) क्रोध से (मनसः) मन को (या) जो (शरव्या) बाणों की झड़ी (जायते) उत्पन्न होती है, (तया) उस से (यातुधानान्) दुःखदायिओं को (हृदये) हृदय में (विध्य) तू बेध ले ॥ ४८ ॥

भावार्थ—राजा दुर्वचनभाषियों को विचार पूर्वक दण्ड देता रहे ॥४८॥

यह मन्त्र आचुका है—अ० ८ । ३ । १२ ॥

परा॑ शृणीहि॒ तप॑सा यातु॒धाना॒न् परा॑ग्ने॒ रक्षो॒ हर॑सा शृणीहि ।
परा॒र्चिषा॒ मूर॑देवां छृणीहि॒ परा॑सु॒तृपः॒ शोशु॑चतः शृणीहि ४९ ॥

परा॑ । शृ॒णी॒हि॒ । तप॑सा । या॒तु॒-धाना॑न् । परा॑ । अ॒ग्ने॒ । रक्षः॑ । हर॑सा । शृ॒णी॒हि॒ ॥ परा॑ । अ॒र्चिषा॑ । मूर॑-देवान् । शृ॒णी॒हि॒ । परा॑ । अ॒सु॒-तृपः॑ । शोशु॑चतः । शृ॒णी॒हि॒ ॥ ४९ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे अग्नि [समान तेजस्वी राजन्!] (तपसा) अपने तप [ऐश्वर्य वा प्रताप] से (यातुधानान्) दुःखदायिओं को (परा शृणीहि) कुचल डाल, (रक्षः) राक्षसों [दुराचारियों वा रोगों] को (हरसा) अपने बल से (परा शृणीहि) मिटा दे। (अर्चिषा) अपने तेज से (मूरदेवान्) मूढ़ [निर्बुद्धि] व्यवहार वालों को (परा शृणीहि) नाश कर दे, (शोशुचतः) अत्यन्त दमकते हुये, (असुतृपः) [दूसरों के] प्राणों से तृप्त होने वालों को (परा शृणीहि) चूर चूर कर दे ॥ ४९ ॥

भावार्थ—राजा अत्यन्त क्लेशदायक प्राणियों के नाश करने में सदा उद्यत रहे ॥ ४९ ॥

यह मन्त्र आ चुका है-अ० ८ । ३ । १३ ॥

४८—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अ० ८ । ३ । १२ ॥

४९—अयं मन्त्रो व्याख्यातः-अ० ८ । ३ । १३ ॥

अपामस्मै वज्रं प्र हरामि चतुर्भृष्टिं शीर्षभिद्याय विद्वान्। सो अस्याङ्गानि प्र शृणातु सर्वा तन्मे देवा अनु जानन्तु विश्वे ॥ ५० ॥ (१७)

अपाम्। अस्मै। वज्रम्। प्र। हरामि। चतुःभृष्टिम्। शीर्ष-भिद्याय। विद्वान् ॥ सः। अस्य। अङ्गानि। प्र। शृणातु। सर्वा। तत्। मे। देवाः। अनु। जानन्तु। विश्वे ॥५०॥ (१७)

भाषार्थ—(विद्वान्) विद्वान् मैं (अस्मै) इस [शत्रु पर] (शीर्षभिद्याय) शिर तोड़ने के लिये (अपाम्) जलों का (चतुर्भृष्टिम्) चौफाले (वज्रम) वज्र [अस्त्र] को (प्र हरामि) चलाता हूं। (सः) वह [वज्र] (अस्य) उस के (सर्वा) सब (अङ्गानि) अङ्गों को (प्र शृणातु) चूर चूर कर डाले, (मे) मेरे (तत्) उस [कर्म] को (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (अनु जानन्तु) मान लेवें ॥ ५० ॥

भावार्थ—राजा चारो ओर चोट करने वाले वारुणेय [जल में छुटने वाले] अस्त्र [इसी प्रकार आग्नेय, वायव्य अस्त्र] से शत्रु का नाश करके विद्वानों में कीर्ति पावे ॥ ५० ॥

सूक्तम् ६ ॥

१-३५ ॥ बृहस्पतिः प्रजापतिर्वा देवता ॥ १, ४, २१ गायत्री; २, ३, १८, १६, २२, २८, २६, ३०, ३३, ३४ अनुष्टुप्; ५, ३५ आर्षी जगती; ६,१२-१७ शक्करी; ७, ८, ६ अष्टिः; १० धृतिः; ११, २०, २३-२७ पथ्या पङ्क्तिः; ३१ भुरिज्जगती ; ३२ भुरिगनुष्टुप् छन्दः ॥

सर्वकामसिद्ध्युपदेशः—सब कामनाओं की सिद्धि का उपदेश ॥

अरातीयोर्भ्रातृव्यस्य दुर्हार्दो द्विषतः शिरः। अपि वृश्चा-

भावार्थ—परमात्मा सब दिशाओं में व्यापकर श्रेष्ठ व्यवहार करनेवाले पुरुष को पराक्रमी बनाता है ॥ १६ ॥

ये पुरुषे ब्रह्म विदुस्ते विदुः परमेष्ठिनम् । यो वेद परमेष्ठिनं यश्च वेद प्रजापतिम् । ज्येष्ठं ये ब्राह्मणं विदुस्ते स्कम्भमनुसंविदुः ॥ १७ ॥

ये । पुरुषे । ब्रह्म । विदुः । ते । विदुः । परमे-स्थिनम् ॥
यः । वेद । परमे-स्थिनम् । यः । च । वेद । प्रजा-पतिम् ॥
ज्येष्ठम् । ये । ब्राह्मणम् । विदुः । ते । स्कम्भम् । अनु-संविदुः ॥१७

भाषार्थ—(ये) जो लोग (पुरुषे) मनुष्य में (ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] को (विदुः) जानते हैं, (ते) वे (परमेष्ठिनम्) परमेष्ठी [सब से ऊपर स्थित परमात्मा] को (विदुः) जानते हैं। (यः) जो [उस को] (परमेष्ठिनम्) परमेष्ठी (वेद) जानता है, (च) और (यः) जो [उस को] (प्रजापतिम्) प्रजापति [प्राणियों का रक्षक] (वेद) जानता है। और (ये) जो लोग

१६—(यस्य) (चतस्रः) प्रदिशः) पूर्वादयः (नाड्यः) (तिष्ठन्ति) सन्ति (प्रथमाः) मुख्याः (यज्ञः) श्रेष्ठव्यवहारः (यत्र) परमात्मनि (पराक्रान्तः) पराक्रमयुक्तः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१७—(ये) ब्रह्मज्ञानिनः (पुरुषे) मनुष्ये (ब्रह्म) परमात्मानम् (विदुः) जानन्ति (ते) विद्वांसः (विदुः) (परमेष्ठिनम्) अ०.१।७।२। सर्वोपरि-

[उसको] (ज्येष्ठम्) ज्येष्ठ [सब से बड़ा वा सबसे श्रेष्ठ] (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [वेदज्ञाता] (विदुः) जानते हैं, (ते) वे सब (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाले परमात्मा] को (अनुसंविदुः) पूर्ण रूप से पहिचानते हैं॥ १७ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा को अपने भीतर और बाहिर उसके अचल उच्च गुणों से साक्षात् करते हैं, वे अपने आत्मा को उच्च बनाते हैं ॥१७॥

यस्य शिरो वैश्वानरश्चक्षुरङ्गिरसोऽभवन् । अङ्गानि यस्य यातवः स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः ॥ १८ ॥

यस्य । शिरः । वैश्वानरः । चक्षुः । अङ्गिरसः । अभवन् ॥ अङ्गानि । यस्य । यातवः । स्कम्भम् । तम् । ब्रूहि । कतमः । स्वित् । एव । सः ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(यस्य) जिस [परमेश्वर] के (शिरः) शिर [के तुल्य] (वैश्वानरः) सब नरों का हितकारी गुण [है], (चक्षुः) नेत्र [के तुल्य] (अङ्गिरसः) अनेक ज्ञान (अभवन्) हुये हैं। (यस्य) जिसके (अङ्गानि) अङ्गों [के समान] (यातवः) प्रयत्न हैं, (सः) वह (कतमः स्वित्) कौन सा (एव) निश्चय करके है ? [उत्तर] (तम्) उसको (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाला परमात्मा] (ब्रूहि) तू कह ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमात्मा को सर्व हितकारी, सर्वज्ञ और परम पुरुषार्थयुक्त जानकर उन्नति करे ॥ १८ ॥

विराजमानम् (यः) पुरुषः (वेद) जानाति (प्रजापतिम्) सर्वप्राणिरक्षकम् (ज्येष्ठम्) वृद्ध वा प्रशस्य—इष्ठन् । वृद्धस्य च । पा० ५ । ३ । ६२ । ज्यादेशः । वृद्धतमम् । प्रशस्यतमम् (ये) (ब्राह्मणम्) अ० २ । ६ । ३ । वेदज्ञातारम् (अनुसंविदुः) पूर्णरीत्या जानन्ति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१८—(यस्य) (शिरः) मस्तकं यथा (वैश्वानरः) अ० १ । १० । ४ । सर्वनरहितो गुणः (चक्षुः) (अङ्गिरसः) अ० २ । १२ । ४ । अगि गतौ—असि, इरुडागमः । बोधाः । ज्ञानानि (अभवन्) (अङ्गानि) (यातवः) कृवापाजि० । उ० १ । १ । यती प्रयत्ने—उण् । प्रयत्नाः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

यस्य ब्रह्म मुखमाहुर्जिह्वां मधुकशामुत। विराजमूधो यस्याहुः स्कम्भं तं० ॥ १९ ॥

यस्य। ब्रह्म। मुखम्। आहुः। जिह्वाम्। मधु-कशाम्। उत॥ वि-राजम्। ऊधः। यस्य। आहुः। स्कम्भम्। ०॥ १९ ॥

भाषार्थ—(ब्रह्म) ब्रह्माण्ड को (यस्य) जिस [परमेश्वर] का (मुखम्) मुख [समान] (उत) और (मधुकशाम्) मधुविद्या [वेद वाणी] को (जिह्वाम्) जिह्वा [समान] (आहुः) वे [ऋषि लोग] कहते हैं। (विराजम्) विराट् [विविध शक्ति वाली प्रकृति] को (यस्य) जिसका (ऊधः) सेचन साधान [वा दूध का आधार] (आहुः) बताते हैं, (सः) वह (कतमः स्वित्) कौन सा (एव) निश्चय कर के है ? [उत्तर] (तम्) उसको (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाला परमात्मा] (ब्रूहि) तू कह ॥ १९ ॥

भावार्थ—महात्मा लोग जानते हैं कि यह सब ब्रह्माण्ड, वेदविद्या और जगत् की सामग्री परमात्मा के सामर्थ्य में वर्तमान हैं ॥ १९ ॥

यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन्। सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसो मुखं स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः ॥२०॥(२३)

यस्मात्। ऋचः। अप-अतक्षन्। यजुः। यस्मात्। अप-अकषन्॥ सामानि। यस्य। लोमानि। अथर्व-अङ्गिरसः। मुखम्। स्कम्भम्। तम्। ब्रूहि। कतमः। स्वित्। एव। सः ॥२०॥(२३)

भाषार्थ—(यस्मात्) जिस से [प्राप्त करके] (ऋचः) ऋग् मन्त्रों [स्तुति विद्याओं] को (अप-अतक्षन्) उन्होंने [ऋषियों ने] सूक्ष्म किया

१९—(यस्य) परमात्मनः (ब्रह्म) ब्रह्माण्डम् (मुखम्) मुखतुल्यम् (आहुः) ब्रुवन्ति (जिह्वाम्) (मधुकशाम्) अ० ६। १। १। मधुविद्याम्। वेदवाणीम् (उत) अपि च (विराजम्) अ० ६। ८। १। विविधेश्वरीं प्रकृतिम् (ऊधः) उन्दनसाधनम्। दुग्धाधारम्। अन्यत् पूर्ववत्॥

२०—(यस्मात्) परमेश्वरात् प्राप्य (ऋचः) ऋग् वाङ्नाम—निघ० १। ११। ऋग्वेदमन्त्राः [अपातक्षन्] तक्षू तनूकरणे—लङ्। सूक्ष्मीकृत-

[भले प्रकार विचारा], (यस्मात्) जिससे [प्राप्त करके] (यजुः) यजुर्ज्ञान [सत्कर्मों के बोध] को (अप-अकषन्) उन्होंने कसे अर्थात् कसौटी पर रक्खा। (सामानि) मोक्ष विद्यायें (यस्य) जिस के (लोमानि) रोम [समान व्यापक] हैं और (अथर्व-अङ्गिरसः) अथर्व मन्त्र [निश्चल ब्रह्म के ज्ञान] (मुखम्) मुख [तुल्य हैं], (सः) वह (कतमः स्वित्) कौन सा (एव) निश्चय करके है? [उत्तर] (तम्) उसको (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाला परमात्मा] (ब्रूहि) तू कह ॥ २० ॥

भावार्थ—ऋषियों ने निश्चय किया है कि ऋग्वेद यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ईश्वरकृत और समस्त संसार के कल्याण कारक हैं ॥ २० ॥

यह मन्त्र महर्षि दयानन्द कृत ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका पृष्ठ ६। में व्याख्यात है ॥

असच्छाखां प्रतिष्ठन्तीं परममिव जना विदुः ।
उतो सन्मन्यन्तेऽवरे ये ते शाखामुपासते ॥ २१ ॥

असत्-शाखाम् । प्र-तिष्ठन्तीम् । परमम्-इव । जनाः। विदुः ॥
उतो इति । सत् । मन्यन्ते । अवरे । ये । ते । शाखाम् ।
उप-आसते ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(जनाः) पामर जन (प्रतिष्ठन्तीम्) फैलती हुई (असच्छा-

वन्तः। यथावद् विचारितवन्तः (यजुः) अ० ७। ५४। २। यजुर्वेदम्। सत्कर्मज्ञानम् (यस्मात्) (अपाकषन्)कष हिंसायाम्—लङ्। कषपाषाणेन सुवर्णघर्षणप्रस्तरेण यथा साक्षात्कृतवन्तः (सामानि) अ० ७। ५४। १। षो अन्तकर्मणि-मनिन्। सामज्ञानानि। मोक्षज्ञानानि (यस्य) (लोमानि) रोमतुल्यानि (अथर्वाङ्गिरसः) स्नामदिपद्यति०। उ० ।४। ११३। अ+थर्व चरणे=गतौ—वनिप्, वलोपो विकल्पेन। अथर्वाणोऽथनवन्तस्थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः—निरु० ११। १८। अङ्गतेरसिरिरुडागमश्च। उ० ४। २३६। अगि गतौ-असि, इरुडागमश्च। अथर्वणो निश्चलस्वभावस्य परमेश्वरस्य अङ्गिरसो बोधाः। अथर्ववेदमन्त्राः (मुखम्)। अन्यत् पूर्ववत् ॥

२१—(असच्छाखाम्) अनित्यस्य कार्यरूपजगतो व्याप्तिम् (प्रतिष्ठ-

खाम्) असत् [अनित्य कार्य रूप जगत्] की व्याप्ति को (परमम् इव) परम उत्कृष्ट पदार्थ के समान (विदुः) जानते हैं। (उतो) और (ये) जो (अवरे) पीछे होने वाले, [कार्य रूप जगत्] में (सत्) सत् [नित्य कारण] को (मन्यन्ते) मानते हैं, वे [लोग] (ते) तेरी (शाखाम्) व्याप्ति को (उपासते) भजते हैं ॥ २१ ॥

भावार्थ—अज्ञानी मनुष्य कार्य रूप संसार को परम अवधि मानते हैं, परन्तु ज्ञानी मनुष्य कार्य रूप जगत् में कारण को खोजकर आदि कारण परमात्मा की व्याप्ति को साक्षात्कार करते हैं ॥ २१ ॥

यत्रा॑दि॒त्याश्च॑ रु॒द्राश्च॒ वस॑वश्च स॒माहि॑ताः। भू॒तं च॒ यत्र॒ भव्यं॑ च॒ सर्वे॑ लो॒काः प्रति॑ष्ठिताः स्क॒म्भं तं ब्रू॑हि कत॒मः स्वि॑दे॒व सः ॥ २२ ॥

यत्र॑। आ॒दि॒त्याः। च॒। रु॒द्राः। च॒। वस॑वः। च॒। स॒म्ऽआहि॑ताः। भू॒तम्। च॒। यत्र॑। भव्य॑म्। च॒। सर्वे॑। लो॒काः। प्रति॑ऽस्थिताः। स्क॒म्भम्। तम्। ब्रू॒हि॒। क॒त॒मः। स्वि॒त्। ए॒व। सः॥२२

भाषार्थ—(यत्र) जिस [परमेश्वर] में (आदित्याः) प्रकाशमान [सूर्य आदि लोक] (च च) और (रुद्राः) गति देने वाले पवन (च) और (वसवः) निवास करने वाले [प्राणी] (समाहिताः) परस्पर ठहराये गये हैं। (यत्र) जिसमें (भूतम्) भूतकाल (च) और (भव्यम्) भविष्यत् काल

न्तीम्। प्रकर्षेण विस्तारेण वर्तमानाम् (परमम्) उत्कृष्टमवधिम् (इव) यथा (जनाः) पामरलोकाः (विदुः) जानन्ति (उतो) अपि च (सत्) नित्यं कारणम् (मन्यन्ते) जानन्ति (अवरे) पूर्वादिभ्यो नवभ्यो वा। पा० ७। १। १६। स्मिन् इत्यस्याभावः। पश्चाद् वर्तिनि काले कार्यरूपजगति (ये) विद्वांसः (ते) तव परमेश्वरस्य (शाखाम्) शाखृ व्याप्तौ—अच्, टाप्। व्याप्तिम् (उपासते) भजन्ते ॥

२२—(यत्र) यस्मिन् परमेश्वरे (आदित्याः) अ० १। ६। १। आदीप्यमानाः सूर्यादिलोकाः (च च) (रुद्राः) रुङ् गतिरेषणयोः—क्विप्, तुक्+रा दाने—क। गतिदातारः पवनाः (वसवः) निवासिनः प्राणिनः (समाहिताः)

(च) और (सर्वे) सब (लोकाः) लोक (प्रतिष्ठिताः) ठहरे हैं, (सः) वह (कतमः स्वित्) कौन सा (एव) निश्चय करके है ? [उत्तर] (तम्) उसको (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाला परमात्मा] (ब्रूहि) तू कह ॥ २२ ॥

भावार्थ—ये सब सूर्य, वायु, प्राणी आदि जगत् परमात्मा की महिमा से परस्पर आकर्षण द्वारा स्थित हैं ॥ २२ ॥

यस्य त्रयस्त्रिंशद् देवा निधिं रक्षन्ति सर्वदा ।
निधिं तमद्य को वेद यं देवा अभिरक्षथ ॥ २३ ॥

यस्य । त्रयः-त्रिंशत् । देवाः । नि-धिम् । रक्षन्ति । सर्वदा ॥ नि-धिम् । तम् । अद्य । कः । वेद । यम् । देवाः । अभि-रक्षथ ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(यस्य) जिस [परमेश्वर] के (निधिम्) कोष [संसार] को (त्रयस्त्रिंशत्) तेतीस (देवाः) देव [दिव्य पदार्थ] (सर्वदा) सर्वदा (रक्षन्ति) रखाते हैं । (तम्) उस (निधिम्) कोष को (अद्य) आज (कः) कौन (वेद) जानता है, (यम्) जिस को, (देवाः) हे देवो ! [दिव्यपदार्थो](अभिरक्षथ) तुम सर्वदा रखवाली करते हो ॥ २३ ॥

भावार्थ—आठ वसु, ग्यारह रुद्र बारह आदित्य, एक इन्द्र और एक प्रजापति [मन्त्र १३ देखो] परमेश्वर के नियम से संसार के व्यवहार सदा सिद्ध करते हैं ॥ २३ ॥

यत्र देवा ब्रह्मविदो ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते । यो वै तान् विद्यात् प्रत्यक्षं स ब्रह्मा वेदिता स्यात् ॥ २४ ॥

यत्र । देवाः । ब्रह्म-विदः । ब्रह्म । ज्येष्ठम् । उप-आसते ॥

सम्यक् स्थापिताः (भूतम्) गतकालः (च च) (यत्र) (भव्यम्) अनागतकालः (लोकाः) भुवनानि (प्रतिष्ठिताः) दृढं स्थिताः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२३—(यस्य) परमेश्वरस्य (त्रयस्त्रिंशत्) म० १३ (देवाः) वस्वादयो दिव्यपदार्थाः (निधिम्) कोषम् । संसारम् (रक्षन्ति) पालयन्ति (सर्वदा) (वेद) जानाति । अन्यत् सुगमम् ॥

यः । वै । तान् । विद्यात् । प्रति-अक्षम् । सः । ब्रह्मा । वेदि-ता । स्यात् ॥ २४ ॥

भाषार्थ--(यत्र) जहां पर (देवाः) विजयी (ब्रह्मविदः) ब्रह्म ज्ञानी पुरुष(ज्येष्ठम्) ज्येष्ठ [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्म) ब्रह्म को(उपासते) भजते हैं । [वहां] (यः) जो (वै) ही (तान्) उन [ब्रह्मज्ञानियों] को (प्रत्यक्षम्) प्रत्यक्ष करके (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह (ब्रह्मा) ब्रह्मा [महापण्डित] (वेदिता) ज्ञाता [जानकार] (स्यात्) होवे ॥ २४ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् ब्रह्मज्ञानियों से ईश्वर ज्ञान प्राप्त करते हैं, वेही संसार में तत्त्वदर्शी विद्वान् होते हैं ॥ २४ ॥

बृहन्तो नाम ते देवा येऽसतः परि जज्ञिरे । एकं तदङ्गं स्कम्भस्यासदाहुः परो जनाः ॥ २५ ॥

बृहन्तः । नाम । ते । देवाः । ये । असतः । परि । जज्ञिरे ॥ एकम् । तत् । अङ्गम् । स्कम्भस्य । असत् । आहुः । परः । जनाः ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(ते) वे [कारण रूप] (देवाः) दिव्य पदार्थ (नाम) अवश्य (बृहन्तः) बड़े हैं, (ये) जो (असतः) असत् [अनित्य कार्य रूप जगत्] से (परि जज्ञिरे) सब ओर प्रकट हुये हैं । (जनाः) लोग (परः) परे [कारण से परे] (तत्) उस (असत्) असत् [अनित्य कार्य रूप जगत्] को (स्कम्भस्य)

२४—(यत्र) यस्मिन् देशे (देवाः) विजयिनः (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानिनः (ज्येष्ठम्) म० १७ । वृद्धतमम् । उत्कृष्टतमम् (उपासते) पूजयन्ति (यः) (वै) एव (तान्) (ब्रह्मविदः) (विद्यात्) जानीयात् (प्रत्यक्षम्) समक्षम् (सः) जिज्ञासुः (ब्रह्मा) महापण्डितः (वेदिता) ज्ञाता (स्यात्) ॥

२५—(बृहन्तः) महान्तः (नाम) अवश्यम् (ते) प्रसिद्धाः (देवाः) कारणरूपदिव्यपदार्थाः (ये) (असतः) अनित्यात् कार्यरूपजगतः (परि) सर्वतः (जज्ञिरे) प्रादुर्बभूवुः (एकम्) अल्पमित्यर्थः (तत्) (अङ्गम्) (स्कम्भस्य)

स्कम्भ [धारण करने वाले परमात्मा] का (एकम्) एक (अङ्गम्) अङ्ग (आहुः) वे [विद्वान्] बताते हैं ॥ २५ ॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानी लोग जानते हैं कि कार्य रूप जगत् से कारण रूप जगत् अति अधिक है और परमेश्वर उससे भी अधिक है ॥ २५ ॥

यत्र स्कुम्भः प्रजुनयन् पुराणं व्यवर्तयत् । एकं तदङ्गं स्कुम्भस्य पुराणमनुसंविदुः ॥ २६ ॥

यत्र । स्कुम्भः । प्र-जुनयन् । पुराणम् । वि-अवर्तयत् ॥ एकम् । तत् । अङ्गम् । स्कुम्भस्य । पुराणम् । अनु-संविदुः ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(यत्र) जहां [जिस काल में] [कार्यरूप जगत् को] (प्रजनयन्) उत्पन्न करते हुये (स्कम्भः) स्कम्भ [धारण करने वाले परमात्मा] ने (पुराणम्) पुराने [कारण] को (व्यवर्तयत्) चक्राकार घुमाया, (तत्) उस (पुराणम्) पुराने [कारण] को (स्कम्भस्य) स्कम्भ [धारण करने वाले परमेश्वर] का (एकम् अङ्गम्) एक अङ्ग वे [तत्त्ववेत्ता] (अनुसंविदुः) पूर्ण रीति से जानते हैं ॥ २६ ॥

भावार्थ—कारण रूप पदार्थ कार्यरूप जगत् से पुरातन है। उस कारण-रूप पदार्थ को विविध प्रकार चेष्टा देकर उसके जिस अङ्ग से सब जगत् रचा गया है, वह परमात्मा के सामर्थ्य का छोटा अंश है ॥ २६ ॥

यस्य त्रयस्त्रिंशद् देवा अङ्गे गात्रा विभेजिरे । तान् वै त्रयस्त्रिंशद् देवानेके ब्रह्मविदो विदुः ॥ २७ ॥

परमेश्वरस्य (असत्) अनित्यं कार्यं जगत् (आहुः) कथयन्ति (परः) परस्तात् (जनाः) विद्वांसः ॥

२६—(यत्र) यस्मिन् काले (स्कम्भः) सर्वधारकः परमेश्वरः (प्रजनयन्) संसारमुत्पादयन् (पुराणम्) सायंचिरंप्राह्णेप्रगे० । पा० ४ । ३ । २३ । पुरा-ट्यु । तुडभावः । यद्वा, पुरा + णीञ् प्रापणे-ड, णत्वम् । पुरातनं कारणम् (व्यवर्तयत्) चक्राकारेण वर्तनमकारयत् (अनुसंविदुः) अनुसन्धानेन यथावत् जानन्ति ॥

यस्यं । त्र्यः-त्रिंशत् । देवाः । अङ्गें । गात्रां । वि-भेजिरे ॥ तान् । वै । त्र्यः-त्रिंशत् । देवान् । एकें । ब्रह्म-विदः । विदुः ॥२७॥

भाषार्थ—(यस्य) यजनीय [पूजनीय परमेश्वर] के (अङ्ग) अङ्ग में [वर्तमान] (त्रयस्त्रिंशत्) तेतीस (देवाः) देवों [दिव्य पदार्थों]ने (गात्रा) अपने गातों को (विभेजिरे) अलग अलग बांटा था। (तान् वै) उन्हीं (त्रयस्त्रिंशत्) तेतीस (देवान्) देवों को (एके) कोई कोई (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानी (विदुः) जानते हैं ॥ २७ ॥

भावार्थ—आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, एक इन्द्र और एक प्रजापति [भावार्थ मन्त्र १३ तथा २३ देखो] परमात्मा में वर्तमान रहकर जगत् के सब प्राणियों का पालन पोषण और धारण विविध प्रकार करते हैं, इस मर्म को विरले तत्त्ववेत्ता जानते हैं ॥ २७ ॥

हिरण्यगर्भं परमर्मनत्युद्यं जना विदुः । स्कम्भस्तदग्रे प्रासिञ्चुद्धिरण्यं लोके अन्तरा ॥ २८ ॥

हिरण्य-गर्भम् । परमम् । अनति-उद्यम् । जनाः । विदुः ॥ स्कम्भः । तत् । अग्रे । प्र । असिञ्चत् । हिरण्यम् । लोके । अन्तरा ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(जनाः) लोग (हिरण्यगर्भम्) तेज के गर्भ [आधार परमेश्वर] को (परमम्) सर्वोत्कृष्ट [प्रणव वा ओ३म्] और (अनत्युद्यम्) सर्वथा अकथनीय [ईश्वर] (विदुः) जानते हैं। (स्कम्भः) उस स्कम्भ

२७—(यस्य) यज पूजने—ड। यजनीयस्य पूजनीयस्य परमेश्वरस्य (त्रयस्त्रिंशत्) म० १३ (देवाः) दिव्यपदार्थाः (अङ्गे) अवयवे (गात्रा) अवयवान् (विभेजिरे) विभक्तवन्तः (तान्) (वै) एव (त्रयस्त्रिंशत्) (देवान्) (एके) केचित् (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानिनः (विदुः) जानन्ति ॥

२८—(हिरण्यगर्भम्) अ० ४। २। ७। तेजसो गर्भमाधारम् (परमम्) सर्वोत्कृष्टं प्रणवम् (अनत्युद्यम्) वद व्यक्तायां वाचि-क्यप्। सर्वतोऽकथनीयं परमात्मानम् (जनाः) विद्वांसः (स्कम्भः) स्तम्भः। सर्वधारकः परमेश्वरः

[धारण करने वाले परमात्मा] ने (अग्रे) पहिले ही पहिले (तत्) उस (हिरण्यम्) तेज को (लोके अन्तरा) संसार के भीतर (प्र असिञ्चत्) सींच दिया है ॥ २८ ॥

भावार्थ—सर्वशक्तिमान् जगदीश्वर के गुण और सामर्थ्य मनुष्य की कथन शक्ति से बाहिर हैं। सृष्टि के प्रादुर्भाव में केवल परमेश्वर का ही तेज अर्थात् सामर्थ्य दीख पड़ता है ॥ २८ ॥

स्कम्भे लोकाः स्कम्भे तपः स्कम्भेऽध्यृतमाहितम्। स्कम्भं त्वा वेद प्रत्यक्षमिन्द्रे सर्वं समाहितम् ॥ २९ ॥

स्कम्भे। लोकाः। स्कम्भे। तपः। स्कम्भे। अधि। ऋतम्। आ-हितम् ॥ स्कम्भम्। त्वा। वेद। प्रति-अक्षम्। इन्द्रे। सर्वम्। सम्-आहितम् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(स्कम्भे) स्कम्भ [धारण करने वाले परमेश्वर] में (लोकाः) सब लोकाः (स्कम्भे) स्कम्भ में (तपः) तप [ऐश्वर्य वा सामर्थ्य], (स्कम्भे अधि) स्कम्भ में ही (ऋतम्) सत्यशास्त्र (आहितम्) यथावत् स्थापित है। (स्कम्भ) हे स्कम्भ ! [धारण करने वाले परमात्मन् !] (त्वा) तुझ को (प्रत्यक्षम्) प्रत्यक्ष (वेद) मैं जानता हूं, (इन्द्रे) इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् तुझ] में (सर्वम्) सब [जगत्] (समाहितम्) परस्पर धरा हुआ है ॥ २९ ॥

भावार्थ—जिस परमेश्वर के नाम स्कम्भ और इन्द्र हैं, उसके सामर्थ्य में सब लोक आदि ठहरे हैं ॥ २९ ॥

(तत्) पूर्वोक्तम् (अग्रे) सृष्ट्यादौ (प्र) प्रकर्षेण (असिञ्चत्) सिक्तवान् (हिरण्यम्) प्रकाशम् (लोके) (अन्तरा) मध्ये ॥

२९—(स्कम्भे) सर्वधारके परमेश्वरे (लोकाः) भुवनानि (तपः) ऐश्वर्यम्। सामर्थ्यम् (अधि) आधिक्ये (ऋतम्) सत्यं वेदशास्त्रम् (आहितम्) समन्तात् स्थापितम् (स्कम्भ) हे सर्वधारक (त्वा) त्वाम् (वेद) जानामि (प्रत्यक्षम्) साक्षात् (इन्द्रे) परमैश्वर्यवति त्वयि (सर्वम्) समस्तं जगत् (समाहितम्) परस्परं धृतम् ॥

इन्द्रे लोका इन्द्रे तप इन्द्रेऽध्यृतमाहितम् ।
इन्द्रं त्वा वेद प्रत्यक्षं स्कुम्भे सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥ ३० ॥(२४)

इन्द्रे । लोकाः । इन्द्रे । तपः । इन्द्रे । अधि । ऋतम् । आ-हितम् ॥ इन्द्रम् । त्वा । वेद । प्रति-अक्षम् । स्कुम्भे । सर्वम् प्रति-स्थितम् ॥ ३० ॥ (२४)

भाषार्थ—(इन्द्रे) इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान् परमात्मा] में (लोकाः) सब लोक, (इन्द्रे) इन्द्र में (तपः) तप [ऐश्वर्य वा सामर्थ्य] (इन्द्रे अधि) इन्द्र में ही (ऋतम्) सत्य शास्त्र (आहितम्) सब प्रकार ठहरा है। (त्वा) तुझ को (इन्द्रम्) इन्द्र [परम ऐश्वर्यवान्] (प्रत्यक्षम्) प्रत्यक्ष (वेद) जानता हूं, (स्कम्भे) स्कम्भ [धारण करने वाले, तुझ] में (सर्वम्) सब [जगत्] (प्रतिष्ठितम्) परस्पर ठहरा है ॥ ३० ॥

भावार्थ—इन्द्र अर्थात् परमेश्वर में सब सूर्य आदि लोक और सब पदार्थ वर्तमान हैं, उसी को मनुष्य स्कम्भ कहते हैं ॥ ३० ॥

नाम नाम्ना जोहवीति पुरा सूर्यात् पुरोषसः । यदजः प्रथमं संबभूव स ह तत् स्वराज्यमियाय यस्मान्नान्यत् परमस्ति भूतम् ३१

नाम । नाम्ना । जोहवीति । पुरा । सूर्यात् । पुरा । उषसः ॥ यत् । अजः । प्रथमम् । सम्-बभूव । सः । ह । तत् । स्व-राज्यम् । इयाय । यस्मात् । न । अन्यत् । परम् । अस्ति । भूतम् ॥ ३१॥

भाषार्थ—वह [मनुष्य] (सूर्यात्) सूर्य से (पुरा) पहिले और (उषसः) उषा [प्रभात] से (पुरा) पहिले [वर्तमान] (नाम) एक नाम

३०—(इन्द्रे) परमैश्वर्यवति जगदीश्वरे (स्कम्भे) सर्वधारके (प्रतिष्ठितम्) परस्परं स्थितम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३१—(नाम) एकं नाम परमेश्वरम् (नाम्ना) अन्येन बहुनाम्ना (जोहवीति) अ० २ । १२ ।३ । पुनः पुनराह्वयति (पुरा) पूर्वम् (सूर्यात्) (पुरा)

[परमेश्वर] को (नाम्ना) दूसरे नाम [इन्द्र, स्कम्भ, अज आदि] से (जोहवीति) पुकारता रहता है। (यत्) क्योंकि (अजः) अजन्मा [परमेश्वर] (प्रथमम्) पहिले ही पहिले (संबभूव) शक्तिमान् हुआ, (सः) उस ने (ह) ही (तत्) वह (स्वराज्यम्) स्वराज्य [स्वतन्त्र राज्य] (इयाय) पाया, (यस्मात्) जिस [स्वराज्य] से (परम्) बढ़कर (अन्यत्) दूसरा (भूतम्) द्रव्य (न अस्ति) नहीं है ॥ ३१ ॥

भावार्थ—परमेश्वर कार्य रूप काल और उस के अवयवों के पहिले सृष्टि के आदि में प्रलय में भी वर्तमान था। गुण कर्म स्वभाव के अनुसार उसके अनन्त नाम हैं। वह अपनी सर्वशक्तिमत्ता से अनन्यजित स्वराज्य करता है। उसी की उपासना सब मनुष्य करें ॥ ३१ ॥

यस्य भूमिः प्रमान्तरिक्षमुतोदरम्। दिवं यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ ३२ ॥

यस्य । भूमिः। प्र-मा । अन्तरिक्षम् । उत । उदरम् ॥ दिवम् । यः । चक्रे । मूर्धानम् । तस्मै । ज्येष्ठाय । ब्रह्मणे । नमः ॥३२॥

भाषार्थ—(भूमिः) भूमि (यस्य) जिस [परमेश्वर] के (प्रमा) पादमूल [के समान] (उत) और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष [पृथिवी और सूर्य के बीच का आकाश] (उदरम्) उदर [समान] है। (दिवम्) सूर्य को (यः) जिसने (मूर्धानम्) मस्तक [समान] (चक्रे) रचा, (तस्मै)

(उषसः) प्रभातकालात् (यत्) यस्मात् कारणात् (अजः) अजन्मा (प्रथमम्) सृष्ट्यादौ (संबभूव) शक्तिमान् बभूव (सः) अजः (ह) एव (तत्) (स्वराज्यम्) स्वतन्त्राधिपत्यम् (इयाय) प्राप (यस्मात्) स्वराज्यात् (न) निषेधे (अन्यत्) (परम्) उत्कृष्टम् (अस्ति) (भूतम्) द्रव्यम् ॥

३२—(यस्य) परमात्मनः (भूमिः) (प्रमा) पादमूलं यथा (अन्तरिक्षम्) (उत) अपि (उदरम्) उदरतुल्यम् (दिवम्) प्रकाशमयं सूर्यम् (यः) (चक्रे) रचितवान् (मूर्धानम्) शिरोवत् (तस्मै) (ज्येष्ठाय) म० १७। वृद्धतमाय । सर्वोत्कृष्टाय (ब्रह्मणे) बृहेर्नोऽच्च। उ० ४। १४६। बृहि वृद्धौ-मनिन्,

उस (ज्येष्ठाय) ज्येष्ठ [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमात्मा] को (नमः) नमस्कार है ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जैसे जीवात्मा शरीर के सब अङ्गों में व्यापक है, वैसेही परमात्मा जगत् के सब लोकों में निरन्तर व्यापक है, उसको हम सदा मस्तक झुकाते हैं ॥ ३२ ॥

मन्त्र ३२-३४ महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका पृ० ४ में व्याख्यात हैं ॥

यस्य सूर्यश्चक्षुश्चन्द्रमाश्च पुनर्णवः। अग्निं यश्चक्र आस्यं१ तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ ३३ ॥

यस्य । सूर्यः । चक्षुः । चन्द्रमाः । च । पुनः-नवः । अग्निम् । यः । चक्रे । आस्यम् । तस्मै । ज्येष्ठाय । ब्रह्मणे । नमः ॥३३

भाषार्थ—(पुनर्णवः) [सृष्टि के आदि में] वारंवार नवीन होने वाला (सूर्यः) सूर्य (च) और (चन्द्रमाः) चन्द्रमा (यस्य) जिसके (चक्षुः) नेत्र [समान] हैं। (यः) जिसने (अग्निम्) अग्नि को (आस्यम्) मुख [समान] (चक्रे) रचा है, (तस्मै) उस (ज्येष्ठाय) ज्येष्ठ [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्मणे) ब्रह्मा [परमात्मा] को (नमः) नमस्कार है ॥ ३३ ॥

भावार्थ—परमात्मा सूर्य चन्द्र आदि पदार्थों को सृष्टि के आदि में रचकर सब में व्यापक है ॥ ३३ ॥

ऋग्वेद—म० १० । सू० १९० । मन्त्र ३ में वर्णन है-(सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्) सूर्य और चन्द्रमा को धाता ने पहिले के समान रचा ॥

यस्य वातः प्राणापानौ चक्षुरङ्गिरसोऽभवन् । दिशो यश्चक्रे प्रज्ञानीस्तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥३४॥

नस्य अकारः, रत्वम् । वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म ब्रह्मा विप्रः प्रजापतिः—इत्यमरः २३ । ११४ । बृंहति वर्धत इति ब्रह्म ब्रह्मा वा । सर्वमहते परमेश्वराय (नमः) सत्कारः ॥

३३—(यस्य) (सूर्यः) (चक्षुः) नेत्रतुल्यः (चन्द्रमाः) (च) (पुनर्णवः) पुनः पुनः सर्गादौ नवीनः सृष्टः (अग्निम्) (यः) (चक्रे) कृतवान (आस्यम्) मुखतुल्यम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

यस्य॑ । वात॑: । प्रा॒णा॒पा॒नौ । चक्षु॑: । अङ्गि॑रसः । अभ॑वन् ॥ दिश॑: । यः । च॒क्रे । प्र॒-ज्ञानी॑: । तस्मै॑ । ज्ये॒ष्ठाय॑ । ब्रह्म॑णे । नम॑: ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—(वातः) वायु (यस्य) जिसके (प्राणापानौ) प्राण और अपान [के समान] और (अङ्गिरसः) प्रकाश करने वाली किरणें (चक्षुः) नेत्र [समान] (अभवन्) हुये। (दिशः) दिशाओं को (यः) जिस ने (प्रज्ञानीः) व्यवहार जताने वाली (चक्रे) बनाया, (तस्मै) उस (ज्येष्ठाय) [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्मणे) ब्रह्मा [परमात्मा] को (नमः) नमस्कार है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—जो जगदीश्वर वायु, किरणों और दिशाओं में व्यापक है उसको सब नमस्कार करें ॥ ३४ ॥

स्क॒म्भो दा॑धार॒ द्यावा॑पृथि॒वी उ॒भे इ॒मे स्क॒म्भो दा॑धारो॒र्व॑१॒न्तरि॑क्षम् । स्क॒म्भो दा॑धार प्र॒दिश॒: षडु॒र्वीः स्क॒म्भ इ॒दं विश्वं॒ भुव॑न॒मा वि॑वेश ॥ ३५ ॥

स्क॒म्भः । दा॒धा॒र॒ । द्यावा॑पृथि॒वी इति॑ । उ॒भे इति॑ । इ॒मे इति॑ । स्क॒म्भः । दा॒धा॒र॒ । उ॒रु । अ॒न्तरि॑क्षम् ॥ स्क॒म्भः । दा॒धा॒र॒ । प्र॒-दिश॑: । षट् । उ॒र्वीः । स्क॒म्भे । इ॒दम् । विश्व॑म् । भुव॑नम् । आ । वि॒वे॒श॒ ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—(स्कम्भः) स्कम्भ [धारण करने वाले परमेश्वर] ने (इमे उभे) इन दोनों (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी को (दाधार) धारण किया

३४—(यस्य) (वातः) वायुः (प्राणापानौ) श्वासप्रश्वासतुल्यः (चक्षुः) (अङ्गिरसः) अङ्गिरा अङ्गरा अङ्कना अञ्चनाः—निरु० ३ । १७ । प्रकाशकाः किरणाः (अभवन्) (दिशः) (यः) (चक्रे) (प्रज्ञानीः) प्रज्ञापिनीर्व्यवहार-प्रज्ञापयित्रीः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३५—(स्कम्भः) सर्वधारकः परमेश्वरः (दाधार) धृतवान् (द्यावापृथिवी) सूर्यभूलोकौ (उभे) (इमे) (उरु) विस्तृतम् (अन्तरिक्षम्) मध्यलोकम्

था, (स्कम्भः) स्कम्भ ने (उरु) विस्तृत (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को (दाधार) धारण किया। (स्कम्भः) स्कम्भ ने (षट्) छह [पूर्वादि चार और एक ऊपर और एक नीचे की] (उर्वीः) विस्तृत (प्रदिशः) दिशाओं को (दाधार) धारण किया, (स्कम्भे) स्कम्भ में (इदम्) यह (विश्वम्) सब (भुवनम्) सत्ता मात्र [जगत्] (आ) सब ओर से (विवेश) प्रविष्ट हुआ है ॥ ३५ ॥

भावार्थ—इस सूर्य, पृथिवी, आदि जगत् को परमेश्वर रचकर धारण करता है और यह सब संसार उसके बीच व्याप्त है ॥ ३५ ॥

यः श्रमात् तपसो जातो लोकान्त्सर्वान्त्समानशे । सोमं यश्चक्रे केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ ३६ ॥

यः । श्रमात् । तपसः । जातः । लोकान् । सर्वान् । सम्ऽआनशे ॥ सोमम् । यः । चक्रे । केवलम् । तस्मै । ज्येष्ठाय । ब्रह्मणे । नमः ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (श्रमात्) [अपने] श्रम [प्रयत्न] से और (तपसः) तप [सामर्थ्य] से (जातः) प्रसिद्ध होकर (सर्वान् लोकान्) सब लोकों में (समानशे) पूरा पूरा व्यापा। (यः) जिस ने (सोमम्) ऐश्वर्य को (केवलम्) केवल [अपना ही] (चक्रे) बनाया, (तस्मै) उस (ज्येष्ठाय) ज्येष्ठ [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्मणे) ब्रह्म [परमात्मा] को (नमः) नमस्कार है ॥ ३६ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा परम पुरुषार्थी, परम पराक्रमी और परम ऐश्वर्यवान् होकर सब जगत् का अधिष्ठाता है, उस को हम सब का नमस्कार है ॥ ३६ ॥

(प्रदिशः) पूर्वादिचतस्रो दिशा उच्चनीचे च द्वे (षट्) (उर्वीः) विस्तृताः (इदम्) दृश्यमानम (विश्वम्) सर्वम् भुवनम्) अस्तित्वम्। जगत् (आ) समन्तात् (विवेश) प्रविष्टवान्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

३६—(यः) परमेश्वरः (श्रमात्) परिश्रमात्। प्रयत्नात् (तपसः) सामर्थ्यात् (जातः) प्रादुर्भूतः सन् (लोकान्) (सर्वान्) (समानशे) सम्यग् व्याप (सोमम्) ऐश्वर्यम् (यः) (चक्रे) रचितवान् (केवलम्) सेवनीयम्। आत्मीयम्। अन्यत् पूर्ववत् ॥

कथं वातो नेलयति कथं न रमते मनः। किमापः सत्यं प्रेप्सन्तीर्नेलयन्ति कदा चन ॥ ३७ ॥

कथम् । वातः । न । इलयति । कथम् । न । रमते । मनः ॥ किम् । आपः । सत्यम् । प्र-ईप्सन्तीः । न । इलयन्ति । कदा । चन ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—(कथम्) कैसे (वातः) वायु (न) नहीं (इलयति) सोता है, (कथम्) कैसे (मनः) मन (न) नहीं (रमते) ठहरता है। (किम्) क्यों (आपः) प्रजायें वा जल (सत्यम्) सत्य [ईश्वर नियम] को (प्रेप्सन्तीः) पाने की इच्छा करते हुये (कदा चन) कभी भी (न) नहीं (इलयन्ति) सोते हैं ॥ ३७ ॥

भावार्थ—यह वायु, मन, सब प्राणी वा जल आदि क्यों अपना कर्तव्य करते रहते हैं, इसलिये कि एक परब्रह्म संसार में व्याप कर सब को चला रहा है—अगला मन्त्र देखो ॥ ३७ ॥

महद् यक्षं भुवनस्य मध्ये तपसि क्रान्तं सलिलस्य पृष्ठे। तस्मिन्छ्रयन्ते य उ के च देवा वृक्षस्य स्कन्धः परित इव शाखाः ॥ ३८ ॥

महत् । यक्षम् । भुवनस्य । मध्ये । तपसि । क्रान्तम् । सलिलस्य । पृष्ठे ॥ तस्मिन् । श्रयन्ते । ये । ऊं इति । के । च । देवाः । वृक्षस्य । स्कन्धः । परितः-इव । शाखाः ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—(महत्) बड़ा (यक्षम्) यक्ष [पूजनीय ब्रह्म] (भुवनस्य

३७—(कथम्) केन प्रकारेण (वातः) वायुः (न) निषेधे (इलयति) इल स्वप्नक्षेपणयोः। स्वपिति (कथम्) (न) (रमते) उपरमति। तिष्ठति (मनः) सङ्कल्पविकल्पात्मकमन्तःकरणम् (किम्) (आपः) प्रजाः। जलानि (सत्यम्) परमात्मनियमम् (प्रेप्सन्तीः) प्राप्तुमिच्छन्त्यः (न) (इलयन्ति) शेरते (कदा चन) कस्मिन्नपिकाले ॥

३८—(महत्) बृहत् (यक्षम्) यक्ष पूजायाम्—घञ्। पूजनीयं ब्रह्म

मध्ये) जगत् के बीच (तपसि) [अपने] सामर्थ्य में (क्रान्तम्) पराक्रम युक्त हो कर (सलिलस्य) अन्तरिक्ष की (पृष्ठे) पीठ पर [वर्तमान है] । (तस्मिन्) उस [ब्रह्म] में, (ये उ के च देवाः) जो कोई भी दिव्य लोक हैं, वे (श्रयन्ते) ठहरते हैं (इव) जैसे (वृक्षस्य शाखाः) वृक्ष की शाखायें (स्कन्धः परितः) [धड़ वा पीड़] के चारो ओर ॥ ३८ ॥

भावार्थ—अनन्त आकाश के बीच परमेश्वर की महिमा में पृथ्वी आदि लोक ठहरे हैं, जैसे पेड़ की टहनियां पीड़ में लगी होती हैं– गत मन्त्र देखो ॥३८

यस्मै हस्ताभ्यां पादाभ्यां वाचा श्रोत्रेण चक्षुषा । यस्मै देवाः सदा बलिं प्रयच्छन्ति विमितेऽमितं स्कम्भं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः ॥ ३९ ॥

यस्मै । हस्ताभ्याम् । पादाभ्याम् । वाचा । श्रोत्रेण । चक्षुषा ॥ यस्मै । देवाः । सदा । बलिम् । प्र-यच्छन्ति । वि-मिते । अमितम् । स्कम्भम् । तम् । ब्रूहि । कतमः । स्वित् । एव । सः ३९

भाषार्थ—(यस्मै) जिस [परमेश्वर] को, (यस्मै) जिस [परमेश्वर] को (हस्ताभ्याम्) दोनों हाथों से, (पादाभ्याम) दोनों पैरों से, (वाचा) वाणी से, (श्रोत्रेण) श्रोत्र से और (चक्षुषा) दृष्टि से (देवाः) विद्वान् लोग (विमिते) विविध प्रकार मापे गये [जगत्] में (अमितम्) अपरिमित

(भुवनस्य) ब्रह्माण्डस्य (मध्ये) (तपसि) सामर्थ्ये (क्रान्तम्) पराक्रमयुक्तम् (सलिलस्य) षल गतौ—इलच् । अन्तरिक्षस्य—दयानन्दभाष्ये, ऋक्० ७ । ४९ । १ । (पृष्ठे) उपरिभागे (तस्मिन्) ब्रह्मणि (श्रयन्ते) तिष्ठन्ति (ये) (उ) एव (के) (च) अपि (देवाः) दिव्यलोकाः (वृक्षस्य) (स्कन्धः) सप्तम्याः सुः । स्कन्धे । वृक्षकाण्डे (परितः) सर्वतः (इव) यथा (शाखाः) शाखृ व्याप्तौ—अच् । वृक्षावयवभेदाः ॥

३९—(यस्मै यस्मै) परमात्मने नित्यम् (हस्ताभ्याम्) (पादाभ्याम्) (वाचा) वाण्या (श्रोत्रेण) श्रवणेन (चक्षुषा) दृष्ट्या (देवाः) विद्वांसः (सदा) (बलिम्) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । बल प्राणने धान्यावरोधने च-इन् । यद्वा, वर्णेर्बलिश्चाहिरण्ये । उ० ४ । १२४ । वर्ण स्तुतौ, विस्तारे

(बलिम्) सन्मान (सदा) (प्रयच्छन्ति) देते हैं, (सः) वह (कतमः स्वित्) कौन सा (एव) निश्चय करके है ? [उत्तर] (तम्) उसको (स्कम्भम्) स्कम्भ [धारण करने वाला परमात्मा] (ब्रूहि) तू कह ॥ ॥ ३९ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग हाथ पांव आदि अमूल्य उपकारी अङ्गों को पाकर संसार में उपकार करके परमात्मा का अत्यन्त आदर करते हैं ॥ ३९ ॥

अप तस्य हतं तमो व्यावृत्तः स पाप्मना । सर्वाणि तस्मिन् ज्योतींषि यानि त्रीणि प्रजापतौ ॥ ४० ॥

अप । तस्य । हतम् । तमः । वि-आवृत्तः । सः । पाप्मना ॥ सर्वाणि । तस्मिन् । ज्योतींषि । यानि । त्रीणि । प्रजा-पतौ ४०

भाषार्थ—(तस्य) उस [परमेश्वर] से (तमः) अन्धकार (अप हतम्) सर्वथा नष्ट है, (सः) वह (पाप्मना) पापसे (व्यावृत्तः) विमुक्त है। (तस्मिन् प्रजापतौ) उस प्रजा पालक [परमेश्वर] में (सर्वाणि) सब (ज्योतींषि) ज्योति हैं, (यानि) जो (त्रीणि) तीन [संयोग, वियोग और स्थिति रूप, यद्वा सत्त्व रज और तम रूप हैं] ॥ ४० ॥

भावार्थ—प्रकाशस्वरूप, निष्पाप, परमात्मा की महिमा से परमाणुओं के संयोग वियोग और स्थिति द्वारा, यद्वा, सत्त्व, रज और तम तीनों गुणों द्वारा यह संसार स्थित है ॥ ४० ॥

यो वेतसं हिरण्ययं तिष्ठन्तं सलिले वेद । स वै गुह्यः प्रजापतिः ॥ ४१ ॥

दीपनादिषु-इन्, धातोर्बल इत्यादेशः। राजकरम्। सत्कारम् (प्रयच्छन्ति) ददति (विमिते) विविधपरिमिते जगति (अमितम्) अपरिमितम्। अन्यत् पूर्ववत्-म० २२ ॥

४०—(अप हतम्) विनष्टम् (तस्य) तस्मात् परमेश्वरात् (तमः) अन्धकारः (व्यावृत्तः) निवृत्तः। विमुक्तः (पाप्मना) पापेन (सर्वाणि) (तस्मिन्) (ज्योतींषि) परमाणूनां संयोगवियोगस्थितिरूपाणि, सत्त्वरजस्तमोगुणरूपाणि वा तेजांसि (यानि) (त्रीणि) त्रिसंख्याकानि (प्रजापतौ) प्रजापालके जगदीश्वरे ॥

यः । वे॒त॒सम् । हि॒र॒ण्यय॑म् । तिष्ठ॑न्तम् । स॒लि॒ले । वेद॑ ॥
सः । वै । गुह्यः॑ । प्र॒जा-प॑तिः ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (सलिले) अन्तरिक्ष में (तिष्ठन्तम्) ठहरे हुये (हिरण्ययम्) तेजोमय (वेतसम्) परस्पर बुने हुये [संसार] को (वेद) जानता है। (सः वै) वह ही (गुह्यः) गुप्त (प्रजापतिः) प्रजा-पालक है ॥ ४१ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा समस्त संसार का पालन करता है वह सर्वज्ञ और सर्वान्तर्यामी है ॥ ४१ ॥

तन्त्र॒मेके॑ युव॒ती विरू॑पे अ॒भ्याक्रामं॑ वयतः॒ षण्म॑यूखम् । प्रान्या तन्तूं॑स्ति॒रते॑ ध॒त्ते अ॒न्या नाप॑ वृञ्जाते॒ न ग॑माते॒ अन्त॑म् ॥४२॥

त॒न्त्रम् । एके॒ इति॑ । यु॒व॒ती इति॑ । विरू॑पे॒ इति॒ वि-रू॑पे । अ॒भि-आ॒क्राम॑म् । व॒य॒तः॒ । षट्-म॑यूखम् ॥ प्र । अ॒न्या । तन्तू॑न् । ति॒रते॑ । ध॒त्ते । अ॒न्या । न । अप॑ । वृ॒ञ्जा॒ते॒ । इति॑ । न । ग॒मा॒तः॒ । अन्त॑म् ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—(एके) अकेली अकेली दो (युवती) युवा स्त्रियां [वा संयोग वियोग स्वभाव वाली] (विरूपे) विरुद्ध स्वरूप वाली [दिन और रात्रि की वेलायें] (अभ्याक्रामम्) परस्पर चढ़ाई करके (षण्मयू-

४१—(यः) परमेश्वरः (वेतसम्) वेञस्तुट् च । उ० ३ । ११८ । वेञ् तन्तुसन्ताने यद्वा वी गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु-असच् तुट् च । ऊतं परस्परं स्यूतं संसारम् (हिरण्ययम्) तेजोमयम् (तिष्ठन्तम्) वर्तमानम् (सलिले) म० ३८ । अन्तरिक्षे (वेद) जानाति (सः) (वै) एव (गुह्यः) गुह संवरणे—क्यप् । गुहायां स्थितः । गुप्तः (प्रजापतिः) प्रजापालकः परमेश्वरः ॥

४२ (तन्त्रम्) तनु विस्तारे-ष्ट्रन् । विस्तारम् । कालरूपजालम् (एके) एकैके (युवती) तरुणस्त्रियौ यथा । संयोगवियोगस्वभावे (विरूपे) विरुद्ध-स्वरूपे (अभ्याक्रामम्) आभीक्ष्ण्ये णमुल् च । पा० ३ । ४ । २२ । अभि + आङ् +

खम) छह [पूर्वादि चार और ऊपर नीचे की दो दिशाओं] में परिमाण वा गति वाले (तन्त्रम्) तन्त्र [जाल अर्थात् काल] को (वयतः) बुनती हैं। (अन्या) कोई एक (तन्तून्) तन्तुओं [तागों अर्थात् प्रकाश वा अन्धकार] को (प्र तिरते) फैलाती है, (अन्या) दूसरी [उन्हें] (धत्ते) समेट धरती है। वे दोनों [उन्हें] (न आप वृञ्जाते) न छोड़ बैठती हैं (न) न (अन्तम्) अन्त तक (गमातः) पहुंचती हैं ॥ ४२ ॥

भावार्थ—जैसे दिन और राति की वेलायें परस्पर विरुद्ध अर्थात् श्वेत और काली होकर भी प्रीति पूर्वक परमेश्वर की आज्ञा में चलकर संसार में परिगणनीय काल बनाती हैं, वैसे ही सब मनुष्य परस्पर मित्र होकर ईश्वर की आज्ञापालन में सदा तत्पर रहें ॥ ४२ ॥

तयो॑र॒हं प॑रि॒नृत्य॑न्त्योरिव॒ न वि जा॑नामि यत॒रा पु॒रस्ता॑त् ।
पु॒मानेनद्व॑यत्युद्गृ॑णत्ति पु॒माने॑नद् वि ज॑भा॒राधि॒ नाके॑ ॥ ४३ ॥

तयोः॑ । अ॒हम् । प॒रि॒नृत्य॑न्त्योः-इव । न । वि । जा॒ना॒मि॒ । य॒त॒रा । पु॒रस्ता॑त् ॥ पु॒मान् । ए॒न॒त् । व॒य॒ति॒ । उत् । गृ॒ण॒त्ति॒ । पु॒मान् । ए॒न॒त् । वि । ज॒भा॒र॒ । अधि॑ । नाके॑ ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—(अहम्) मैं (न वि जानामि) कुछ नहीं जानता हूं-(परिनृत्यन्त्योः इव) इधर उधर नाचती हुई जैसे, (तयोः) उन दोनों [स्त्रियों] में से (यतरा) कौन सी (परस्तात्) [दूसरी से] परे है। (पुमान्) पुरुष

क्रमु पादविक्षेपे—णमुल्। परस्परमतिक्रम्य (वयतः) तन्तुरूपेण विस्तारयतः (षण्मयूखम्) माङ ऊखो मय च। उ० ५। २५। माङ् माने ऊख, धातोर्मयादेशः यद्वा मय गतौ—ऊख। षट्सु दिक्षु मयूखो मानं गतिर्वा यस्य तत् (अन्या) एका (तन्तून्) प्रकाशान्धकाररूपाणि सूत्राणि (प्र तिरते) वर्धयति। विस्तारयति (धत्ते) धरति (अन्या) (न) निषेधे (आ वृञ्जाते) अपत्यजतः (न) (गमातः) लडर्थे लेट्। गच्छतः। प्राप्नुतः (अन्तम्) सीमाम् ॥

४३—(तयोः) युवत्योर्मध्ये (अहम्) (परिनृत्यन्त्योः) परितश्चेष्टायमानयोः (इव) यथा (न) निषेधे (वि) विशेषेण (जानामि) (यतरा) कतरा (परस्तात्) अग्रे वर्तमाना (पुमान्) अ० १। ८। १। पा रक्षणे-डुमसुन्।

[रक्षक परमेश्वर] (एनत्) इस [तन्त्र] को (वयति) बुनता है और (उत् गृणत्ति) निगल लेता है, (पुमान्) पुरुष ने (एनत्) इसको (नाके अधि) आकाश के भीतर (वि जभार) फैलाया था ॥ ४३ ॥

भावार्थ—मनुष्य को यह नहीं जान पड़ता कि काल चक्र में दिन और राति में से कौन सा पहिले है। परमेश्वर ही इनको बनाता बिगाड़ता है और उसी ने सृष्टि की आदि में इन्हें प्रकट किया था ॥ ४३ ॥

इमे मयूखा उप तस्तभुर्दिवं सामानि चक्रुस्तसराणि वातवे ४४(२५)

इमे । मयूखाः । उप । तस्तभुः । दिवम् । सामानि । चक्रुः । तसराणि । वातवे ॥ ४४ ॥ (२५)

भाषार्थ—(इमे) इन (मयूखाः) ज्ञानप्रकाशों ने (दिवम्) आकाश [ब्रह्माण्ड] को (उप तस्तभुः) धारण किया था और (तसराणि) विस्तारों को (वातवे) पाने के लिये (सामानि) मोक्ष ज्ञानों को (चक्रुः) बनाया था ॥४४

भावार्थ—सूक्तोक्त ईश्वरीय ज्ञानों द्वारा यह सब संसार स्थित है, और इन्हीं की पूर्ण प्राप्ति से मनुष्य मोक्ष सुख द्वारा अपना विस्तार करते हैं ॥ ४४ ॥

रक्षकः । पुरुषः । आदिपुरुषः (एनत्) (तन्त्रम्) (वयति) तन्तुवत् संतनोति (उत्) बन्धने (गृणत्ति) गॄ निगरणे, छान्दसं रूपम् । गिरति । निगरति । भक्षयति (पुमान्) (एनत्) (वि जभार) विहृतवान् । विस्तारितवान् (अधि) (नाके) अ० १ । ६ । २ । पिनाकादयश्च । उ० ४ । १५ । णीञ् प्रापणे आकप्रत्ययः, टिलोपः । नाक आदित्यो भवति नेता रसानां नेता भासां ज्योतिषां प्रणयः,अथ द्यौः निरु० २ । १४ । आकाशे ॥

४४—(इमे) सूक्तोक्ताः (मयूखाः) माङ ऊखो मय च । उ० ५ । २५ । माङ् माने ऊख, धातोर्मयादेशः, यद्वा, मय गतौ ऊख । मयूखाः, रश्मिनाम— निघ० १ । ५ । ज्ञानप्रकाशाः (उप) (तस्तभुः) नलोपः । तस्तम्भुः । दधुः (दिवम्) आकाशम् । तत्रत्यब्रह्माण्डम् (सामानि) म० २० । मोक्षज्ञानानि (चक्रुः) कृतवन्तः (तसराणि) तन्यृषिभ्यां क्सरन् । उ० ३ । ७५ । तनु विस्तारे क्सरन्, किस्वादनुनासिकलोपः । विस्तारान् (वातवे) तुमर्थे सेसेनसे० । पा० ३ । ४ । ९ । वा गतिगन्धनयोः—तवेन् । प्राप्तुम् ॥

सूक्तम् ८ ॥

१-४४ ॥ आत्मा देवता ॥ १ उपरिष्टाद् विराड् बृहती; २, ५ भुरिगनुष्टुप्; ३, ३५, ३६ निचृत् त्रिष्टुप्; ४, १३, ३० भुरिक् त्रिष्टुप्; ६, १४, १६, १९-२१, २३, २५, २६, ३१-३४, ३७, ३८, ४१, ४३ अनुष्टुप्; ७ विराट् त्रिष्टुप्; ८, ९, १८, २४, २८, ४०, ४४, त्रिष्टुप्; १० अनुष्टुब्गर्भा त्रिष्टुप्; ११ निचृज्जगती; १२ आर्षी पङ्क्तिः; १५ भुरिग् बृहती; १७, ३९ स्वराट् त्रिष्टुप्; २२ पुरउष्णिक्; २६ निचृदनुष्टुप्; २७ भुरिगार्षी बृहती; ४२ त्रिपदा त्रिष्टुप् ॥

परमात्म जीवात्मस्वरूपोपदेशः—परमात्मा और जीवात्मा के स्वरूप का उपदेश ॥

यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधितिष्ठति । स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ १ ॥

यः । भूतम् । च । भव्यम् । च । सर्वम् । यः । च । अधितिष्ठति ॥ स्वः । यस्य । च । केवलम् । तस्मै । ज्येष्ठाय । ब्रह्मणे । नमः ॥ १ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [परमेश्वर] (भूतम्) भूतकाल (च च) और (भव्यम्) भविष्यत् काल का (च) और (यः) जो (सर्वम्) सब [जगत्] का (अधितिष्ठति) अधिष्ठाता है। (च) और (स्वः) सुख (यस्य) जिसका (केवलम्) केवल स्वरुप है, (तस्मै) उस (ज्येष्ठाय) ज्येष्ठ [सब से बड़े वा सब से श्रेष्ठ] (ब्रह्मणे) ब्रह्म [महान् परमेश्वर] को (नमः) नमस्कार है ॥१॥

भावार्थ—तीनों कालों और सब जगत् के स्वामी सुखस्वरूप परमात्मा को हम सब का नमस्कार है ॥ १ ॥

यह मन्त्र महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका पृष्ठ ४ में व्याख्यात है ॥

१—(यः) परमेश्वरः (भूतम्) अतीतकालम् (च च) समुच्चये (भव्यम्) अनागतकालम् (सर्वम्) समस्तं जगत् (यः) (च) (अधितिष्ठति) शास्ति (स्वः) सुखम् (यस्य) ईश्वरस्य (च) (केवलम्) सेवनीयं स्वरूपम् (तस्मै) पूर्वोक्ताय (ज्येष्ठाय) अ० १० । ७ । १७ । वृद्धतमाय । प्रशस्यतमाय (ब्रह्मणे) अ०१० । ७ । ३२ । महते प्रजापतये परमेश्वराय (नमः) नमस्कारः ॥

२१

स्कम्भेने॒मे विष्ट॑भिते॒ द्यौश्च॒ भूमि॑श्च तिष्ठतः । स्कम्भ इ॒दं सर्व॑मात्म॒न्वद्य यत् प्रा॒णन्नि॑मि॒षच्च॒ यत् ॥ २ ॥

स्कम्भेन॑ । इ॒मे इति॑ । विस्त॑भिते॒ इति॒ वि-स्त॑भिते । द्यौः । च॒ । भूमि॑ः । च॒ । ति॒ष्ठ॒तः॒ । स्क॒म्भे । इ॒दम् । सर्व॑म् । आ॒त्म॒न्-व॒त् । यत् । प्रा॒णत् । नि॒-मि॒षत् । च॒ । यत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(स्कम्भेन) स्कम्भ [धारण करने वाले परमात्मा] करके (विष्टभिते) विविध प्रकार थांभे गये (इमे) यह दोनों (द्यौः) सूर्य (च च) और (भूमिः) भूमि (तिष्ठतः) स्थित हैं । (स्कम्भे) स्कम्भ [परमेश्वर] में (इदम्) यह (सर्वम्) सब (आत्मन्वत्) आत्मा वाला [जगत्] वर्तमान है, (यत्) जो कुछ (प्राणत्) श्वास लेता हुआ [चैतन्य] (च) और (यत्) जो (निमिषत्) आंखें मूंदे हुये [जड़] है ॥ २ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के सामर्थ्य से आकर्षण द्वारा सूर्य, पृथिवी आदि लोक अपने अपने स्थान पर और आत्मा वाला जङ्गम और स्थावर जगत् वर्तमान है ॥ २ ॥

ति॒स्रो ह॑ प्र॒जा अ॒त्या॒यमा॑य॒न् न्य॑१॒न्या अ॒र्कम॒भितो॑ऽविशन्त । बृ॒हन् ह॑ तस्थौ॒ रज॑सो वि॒मानो॒ हरि॑तो॒ हरि॑णी॒रा वि॑वेश ॥३॥

ति॒स्रः । ह॒ । प्र॒-जाः । अ॒ति॒-आ॒यम् । आ॒य॒न् । नि । अ॒न्याः । अ॒र्कम् । अ॒भितः॑ । अ॒वि॒श॒न्त॒ ॥ बृ॒हन् । ह॒ । त॒स्थौ॒ । रज॑सः । वि॒-मानः॑ । हरि॑तः । हरि॑णीः । आ । वि॒वे॒श॒ ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(तिस्रः) तीनों [ऊंची, नीची और मध्यम] (ह) ही (प्रजाः)

२—(स्कम्भेन) अ० १० । ७ । २ । सर्वधारकेण परमेश्वरेण (इमे) दृश्यमाने (विष्टभिते) विविधं धारिते (द्यौः) सूर्यः (च च) (भूमिः) (तिष्ठतः) वर्तेते (स्कम्भे) (इदम्) (सर्वम्) (आत्मन्वत्) अ० ४ । १० । ७ । आत्मना जीवन युक्तं जगत् (यत्) (प्राणत्) श्वसत् (निमिषत्) निमेषणं चक्षुर्मुद्रणं कुर्वत् (च) (यत्) ॥

३—(तिस्रः) उच्चनीचमध्यप्रकारेण त्रिसंख्याकाः (ह) एव (प्रजाः)

प्रजा [कार्यरूप उत्पन्न पदार्थ] (अत्यायम्) नित्य गमन आगमन को (आयन्) प्राप्त हुये, (अन्याः) दूसरे [कारण रूप पदार्थ] (अर्कम् अभि) पूजनीय [परमात्मा] के आस पास (नि अविशन्त) ठहरे। (रजसः) संसार का (बृहन् ह) बड़ा ही (विमानः) विविध प्रकार नापने वाला [वा विमान रूप आधार, परमेश्वर] (तस्थौ) खड़ा हुआ और (हरितः) दुःख हरने वाले [हरि, परमात्मा] ने (हरिणीः) दिशाओं में (आ विवेश) सब ओर प्रवेश किया ॥ ३ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के नियम से पदार्थ कार्य दशा प्राप्त करके आगमन गमन करते हैं, और दूसरे नित्य कारण रूप पदार्थ परमात्मा के सामर्थ्य में रहते हैं। इन सब पदार्थों की इयत्ता वही परमात्मा सब दिशाओं में व्याप कर जानता है ॥ ३ ॥

द्वा॒द॑श प्र॒धय॑श्च॒क्रमेकं॒ त्रीणि॒ नभ्या॑नि॒ क उ॒ तच्चि॑केत । तत्रा॑ह॒तास्त्रीणि॑ श॒तानि॑ श॒ङ्कवः॑ ष॒ष्टिश्च॒ खीला॑ अविचाच॒ला ये ॥४

द्वाद॑श । प्र॒-धयः॑ । च॒क्रम् । एक॑म् । त्रीणि॑ । नभ्या॑नि । कः । ऊं॒ इति॑ । तत् । चि॒के॒त॒ ॥ तत्र॑ । आ-ह॑ताः । त्रीणि॑ । श॒तानि॑ । श॒ङ्कवः॑ । ष॒ष्टिः । च॒ । खीलाः॑ । अवि-चाचलाः । ये ॥४॥

भाषार्थ—(द्वादश) बारह (प्रधयः) प्रधि [पुट्ठी अर्थात् महीने],

उत्पन्नपदार्थाः (अत्यायम्) सर्वधातुभ्य इन्। उ० ४। ११८। अत सातत्यगमने-इन्+आङ्+या गतौ-ड। अतिश्च आयश्च। स नपुंसकम्। पा० २। ४। १७। इति समाहारे नपुंसकम्। नित्यगमनागमने (आयन्) इण् गतौ-लङ्। प्राप्नुवन् (अन्याः) कारणरूपाः पदार्थाः (अर्कम्) अर्चनीयं परमात्मानम् (अभि) अभितः (नि अविशन्त) तस्थुः (बृहन्) महान् (ह) एव (तस्थौ) (रजसः) लोकस्य (विमानः) विविधं मानकर्ता। विमानतुल्याधारः (हरितः) हृश्याभ्यामितन्। उ० ३। ९३। हृञ् नाशने-इतन्। दुःखहरः। हरिः परमेश्वरः (हरिणीः) वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तो नः। पा० ४। १। ३९। इति बाहुलकाद् ङीब्नत्वे। हरितो दिङ्नाम—निघ० १। ६। दिशाः (आ) समन्तात् (विवेश) प्रविष्टवान् ॥

४—(द्वादश) (प्रधयः) प्रधितुल्यमासाः (चक्रम्) रथचक्रवद्वर्ष-

(एकम् चक्रम्) एक पहिया [वर्ष], (त्रीणि) तीन (नभ्यानि) नाभि के अङ्ग [ग्रीष्म, वर्षा और शीत] हैं, (कः उ) किसने ही (तत्) इस [मर्म] को (चिकेत) जाना है। (तत्र) उस [पहिये, वर्ष] में (त्रीणि) तीन (शतानि) सौ (च) और (षष्टिः) साठ (शङ्कवः) शङ्कु [कांटे] और (खीलाः) खीले [बड़े छोटे दिन] (आहताः) लगे हुये हैं, (ये) जो (अविचाचलाः) टेढ़े होकर विचल नहीं होते ॥ ४ ॥

भावार्थ—जैसे परमेश्वर ने अपने अपने प्रयोजन के लिये वर्ष के महीने, ऋतुयें और दिन आदि बनाये हैं, वैसे ही मनुष्य यान, विमान नौका आदि में कलायन्त्र आदि लगाकर जाना आना आदि व्यवहार किया करें ॥ ४ ॥

यह मन्त्र भेद से ऋग्वेद में है-म० १। सू० १६४। म० ४८, और निरुक्त ४। २७ में भी व्याख्यात है ॥

इदं सवितुर्वि जानीहि षड् यमा एकं एकुजः । तस्मिन् हापित्वमिच्छन्ते य एषामेकं एकुजः ॥ ५ ॥

इदम् । सवितः । वि । जानीहि । षट् । यमाः । एकः । एकुजः ॥ तस्मिन् । ह । अपि-त्वम् । इच्छन्ते । ये । एषाम् । एकः । एक-जः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(सवितः) हे ऐश्वर्यवान् [विद्वान् !] (इदम्) इस [बात] को (वि जानीहि) विज्ञान पूर्वक जान [कि] (षट्) छह (यमाः) यम

कालः (एकम्) (त्रीणि) नभ्यानि) रथनाभिभवानि अङ्गानि। ग्रीष्मवर्षाशीतरूपाणि (कः) विद्वान् (उ) एव (तत्) (चिकेत) ज्ञातवान् (तत्र) चक्रे वर्षे (आहताः) हन हिंसागत्योः—क्त। आगताः। स्थापिताः (त्रीणि) (शतानि) (शङ्कवः) खरुशङ्कुपीयु०। उ० १। ३६। शकि त्रासे शङ्कायां च-कु। कीलाः (षष्टिः) (च) (खीलाः) कील बन्धने—क, कस्य खः। अल्पशङ्कवः (अविचाचलाः) नित्यं कौटिल्ये गतौ। पा० ३। १। २३। अ + वि + चल गतौ—यङ्, अच्। अकुटिलगतयः (ये) ॥

५—(इदम्) वाक्यम् (सवितः) ऐश्वर्यवन् विद्वन् (वि) विशेषेण (जानीहि) (षट्) (यमाः) पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि षष्ठं मनः (एकः) जीवात्मा (एकजः)

[नियम से चलने चलाने वाले पांच ज्ञानेन्द्रिय और एक मन] और (एकः) एक [जीवात्मा] (एकजः) [अपने कर्मानुसार] अकेला उत्पन्न होने वाला है। (तस्मिन्) उस [जीवात्मा] में (ह) ही (अपित्वम्) बन्धुपन को (इच्छन्ते) वे [छह इन्द्रिय] प्राप्त करते हैं, (यः) जो [जीवात्मा] (एषाम्) इन [छह] के बीच (एकः) एक (एकजः) अकेला उत्पन्न होने वाला है ॥५॥

भावार्थ—मनुष्य को खोजना चाहिये कि इस शरीर में कौन से शुभ और अशुभ संस्कारों के कारण जीवात्मा के साथ पांच ज्ञानेन्द्रिय अर्थात् कान, त्वचा, नेत्र जिह्वा नासिका और छठे मनका संबन्ध है ॥ ५ ॥

आविः सन्निहितं गुहा जरन्नाम महत् पदम् । तत्रेदं सर्वमार्पितमेजत् प्राणत् प्रतिष्ठितम् ॥ ६ ॥

आविः । सत् । नि-हितम् । गुहा । जरत् । नाम । महत् । पदम् ॥ तत्र । इदम् । सर्वम् । आऽपितम् । एजत् । प्राणत् । प्रति-स्थितम् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(आविः) प्रकट, (जरत्) स्तुति योग्य, (नाम) प्रसिद्ध (महत्) पूजनीय, (पदम्) पाने योग्य (सत्) अविनाशी ब्रह्म (गुहा) हृदय में (निहितम्) दृढ़ स्थापित है। (तत्र) उसी [ब्रह्म] में (अर्पितम्) जमा हुआ (इदम् सर्वम्) यह सब (एजत्) चेष्टा करता हुआ और (प्राणत्)

एक एव जातः (तस्मिन्) जीवात्मनि (ह) एव (अपित्वम) इणजादिभ्यः। वा० पा० ३। ३। १०८। आप्लृ व्याप्तौ–इण्। छान्दसो ह्रस्वः। आपित्वम्। बन्धुत्वम् (इच्छन्ते) कामयन्ते (यः) जीवात्मा (एषाम्) यमानां मध्ये। अन्यत् पूर्ववत् ॥

६—(आविः) अ० ८। ३। २४। आङ्+अव रक्षणादिषु–इसि। प्रकटम् (सत्) अविनाशि ब्रह्म (निहितम्) दृढं स्थापितम् (गुहा) गुहायाम्। हृदये (जरत्) जीर्यतेरतृन्। पा० ३। २।१०४। इति जॄ स्तुतौ—अतृन्, बाहुलकात्। जरा स्तुति र्जरतेः स्तुतिकर्मणः-निरु० १०। ८। स्तुत्यम् (नाम) प्रसिद्धम् (महत्) पूजनीयम् (पदम्) प्रापणीयम् (तत्र) ब्रह्मणि (इदम्) दृश्यमानम्

श्वास लेता हुआ (प्रतिष्ठितम्) प्रत्यक्ष स्थित है ॥ ६ ॥

भावार्थ—वह परब्रह्म सब सृष्टि के भीतर और बाहिर व्यापकर सबको नियम में चलाता है ॥ ६ ॥

एकचक्रं वर्तत एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा । अर्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं क्व१ तद् बभूव ॥ ७ ॥

एक-चक्रम् । वर्तते । एक-नेमि । सहस्र-अक्षरम् । प्र । पुरः । नि । पश्चा ॥ अर्धेन । विश्वम् । भुवनम् । जजान । यत् । अस्य । अर्धम् । क्व । तत् । बभूव ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(एकचक्रम्) एक चक्र वाला और (एकनेमि) एक नेमी [नियम] वाला (सहस्राक्षरम्) सहस्रों प्रकार से व्याप्ति वाला [ब्रह्म] (प्र) भली भांति (पुरः) आगे और (नि) निश्चय करके (पश्चा) पीछे (वर्तते) वर्तमान है । उस ने (अर्धेन) आधे [खण्ड] से (विश्वम्) सब (भुवनम्) अस्तित्व [जगत्] को (जजान) उत्पन्न किया और (यत्) जो (अस्य) इस [ब्रह्म] का (अर्धम्) [दूसरा कारण रूप] आधा है, (तत्) वह (क्व) कहां (बभूव) रहा ॥ ७ ॥

भावार्थ—वह परब्रह्म अपने अटूट नियम से सब जगत् में व्यापकर सब से पहिले और पीछे निरन्तर वर्तमान है । उसने अपने थोड़े से सामर्थ्य से यह बहुत बड़ा ब्रह्माण्ड रचा है और जिस कारण से वह रचता चला जाता है उसका परिमाण मनुष्य नहीं कर सकता ॥ ७ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से आगे है—अ० ११ । ४ । २२ ॥

(सर्वम्) जगत् (आर्पितम्) समन्तात् स्थापितम् (एजत्) चेष्टायमानम् (प्राणत्) श्वसत् (प्रतिष्ठितम्) प्रत्यक्षं स्थितम् ॥

७—(एकचक्रम्) एकं चक्रं यस्य तत् (वर्तते) (एकनेमि) नियो-मिः । उ० ४ । ४३ । णीञ् प्रापणे—मि । एको नेमिर्नयनं चालनं यस्य तत् (सहस्राक्षरम्) अशेः सरः । उ० ३ । ७० । अशू व्याप्तौ—सरप्रत्ययः । बहुविधव्यापकम् (प्र) प्रकर्षेण (पुरः) पुरस्तात् । अग्रे (नि) (निश्चयेन) (पश्चा) पश्चात् (अर्धेन) अल्पखण्डेन (विश्वम्) सर्वम् (भुवनम्) अस्तित्वम् (जजान) उत्पादयामास (यत्) (अस्य) ब्रह्मणः (अर्धम्) (क्व) कुत्र (तत्) (बभूव) वर्तते ॥

पुञ्चवाही वहत्यग्रमेषां प्रष्टयो युक्ता अनुसंवहन्ति । अयातमस्य ददृशे न यातं परं नेदीयोऽवरं दवीयः ॥ ८ ॥

पुञ्च-वाही । वहति । अग्रम् । एषाम् । प्रष्टयः । युक्ताः । अनु-संवहन्ति ॥ अयातम् । अस्य । ददृशे । न । यातम् । परम् । नेदीयः । अवरम् । दवीयः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(पञ्चवाही) पांच [पृथिवी आदि तत्त्व] को ले चलने वाला [परमेश्वर] (एषाम्) इन [सब लोकों] के (अग्रम्) आगे आगे (वहति) चलता है, (प्रष्टयः) प्रश्न करने योग्य पदार्थ (युक्ताः) संयुक्त होकर (अनुसंवहन्ति) [उसके] पीछे चले चलते हैं। (अस्य) इस परमेश्वर] का (अयातम्) न जाना [निकट रहना, विद्वानों करके] (ददृशे) देखा गया है और (यातम्) जाना [दूर होना] (न) नहीं, (अवरम्) सर्वोत्तम (परम्) परब्रह्म [विद्वानों से] (नेदीयः) अधिक निकट और [अविद्वानों से] (दवीयः) अधिक दूर है ॥ ८ ॥

भावार्थ—परमात्मा पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश पांच तत्त्वों को रचकर नियम में चलाता है। विद्वान् लोग उसको अपने भीतर जानकर प्रबल, और मूर्ख उसे दूर समझकर निर्बल रहते हैं ॥ ८ ॥

तिर्यग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन्यशो निहितं विश्वरूपम् । तदासत ऋषयः सप्त साकं ये अस्य गोपा महतो बभूवुः ॥ ९ ॥

तिर्यक्-बिलः । चमसः । ऊर्ध्व-बुध्नः । तस्मिन् । यशः । नि-

८—(पञ्चवाही) वह प्रापणे-णिनि । पञ्चानां पृथिव्यादिपदार्थानां वाहको नायकः परमेश्वरः (वहति) गच्छति (अग्रम्) अग्र (एषाम्) लोकानाम् (प्रष्टयः) वसेस्तिः । उ० ४ । १८० । प्रच्छ ज्ञीप्सायाम्—ति । प्रष्टव्याः पदार्थाः (युक्ताः) संयुक्ताः सन्तः (अनुसंवहन्ति) ईश्वरमनुसृत्य मिलित्वा गच्छन्ति (अयातम्) अगमनम् (अस्य) ईश्वरस्य (ददृशे) दृष्टं बभूव (न) निषेधे (यातम्) गमनम् (परम्) परब्रह्म (नेदीयः) अन्तिकतरम् (अवरम्) नास्ति वरं यस्मात् तत् । अनुत्तमम् । सर्वश्रेष्ठम् (दवीयः) दूरतरम् ॥

हितम् । विश्व-रूपम् ॥ तत् । आसते । ऋषयः । सप्त । साकम् । ये । अस्य । गोपाः । महतः । बभूवुः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(तिर्यग्बिलः) तिरछे बिल [छिद्र] वाला, (ऊर्ध्वबुध्नः) ऊपर को बन्धन वाला (चमसः) पात्र [अर्थात् मस्तक] है, (तस्मिन्) उस [पात्र] में (विश्वरूपम्) सम्पूर्ण (यशः) यश [व्याप्ति वाला ज्ञान सामर्थ्य] (निहितम्) स्थापित है। (तत्) उस [पात्र] में (सप्त) सात (ऋषयः) ऋषि [ज्ञान कारक वा मार्गदर्शक इन्द्रियां] (साकम्) मिलकर (आसते) बैठते हैं, (ये) जो (अस्य) इस (महतः) बड़े [शरीर] के (गोपाः) रक्षक (बभूवुः) हुये हैं ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने मस्तक की विचित्र रचना की है, उसमें अद्भुत रचना वाले कान आदि गोलक तिरछे और केश ऊपर को हैं, उस में दो कान, दो नेत्र, दो नथने और एक मुख, इन सातों के द्वारा प्राणी ज्ञान प्राप्त करके शरीर की रक्षा करता है ॥ ९ ॥

या पुरस्ताद् युज्यते या च पश्चाद् या विश्वतो युज्यते या च सर्वतः । यया यज्ञः प्राङ् तायते तां त्वा पृच्छामि कतमा सर्चाम् ॥ १० ॥ (२९)

या । पुरस्तात् । युज्यते । या । च । पश्चात् । या । विश्वतः । युज्यते । या । च । सर्वतः । यया । यज्ञः । प्राङ् । तायते । ताम् । त्वा । पृच्छामि । कतमा । सा । ऋचाम् ॥ १० ॥ (२९)

९—(तिर्यग्बिलः) वक्रगतिच्छिद्रयुक्तः (चमसः) पात्रम् । मस्तकम् (ऊर्ध्वबुध्नः) बन्धेर्ब्रधिबुधी च । उ० ३ । ५ । उपरिबन्धनः (तस्मिन्) चमसे (यशः) अशेर्देवने युट् च । उ० ४ । १९१ । व्याप्तौ—असुन् युडागमः । व्याप्तिमद् ज्ञानसामर्थ्यम् (निहितम्) स्थापितम् (विश्वरूपम्) समस्तम् (तत्) तत्र (आसते) उपविशन्ति (ऋषयः) अ० ४ । ११ । ९ । ऋष गतौ दर्शने च—इन् । ज्ञानकराणि मार्गदर्शकानि वा शीर्षण्यानि सप्तच्छिद्राणि (सप्त) (साकम्) परस्परम् (ये) (अस्य) दृश्यमानस्य (गोपाः) गुपू रक्षणे—अच् । रक्षकाः (महतः) विशालस्य शरीरस्य (बभूवुः) ॥

भाषार्थ—(या) जो [वाणी] (पुरस्तात्) पहिले से (च) और (या) जो (पश्चात्) पीछे से (युज्यते) संयुक्त है, (या) जो (विश्वतः) सब ओर से (च) और (या) जो (सर्वतः) सब काल से (युज्यते) संयुक्त है। (यया) जिस [वाणी] करके (यज्ञः) यज्ञ [पूजनीय व्यवहार] (प्राङ्) आगे (तायते) फैलता है, (ताम्) उस [वाणी] को (त्वा) तुझसे (पृच्छामि) पूंछता हूं—"(ऋचाम्) वाणियों में से (सा) वह (कतमा) कौन सी [वाणी] है" ॥ १० ॥

भावार्थ—जो परमेश्वर सृष्टि के पहिले, पीछे और वर्तमान में है, और जो सब जगत् का कर्ता है, वह ओ३म् वा ब्रह्म है जिसका वर्णन अगले मन्त्रों में है। गोपथ ब्राह्मण, पूर्वभाग, प्रथम प्रपाठक, खण्ड २२ में इस मन्त्र की प्रतीक देकर ओङ्कार का विशेष वर्णन है ॥ १० ॥

यदेज॑ति॒ पत॑ति॒ यच्च॒ तिष्ठ॑ति प्रा॒णदप्रा॑णन्निमि॒षच्च॒ यद्भुव॑त्। तद्दा॑धार पृथि॒वीं वि॒श्वरू॑पं॒ तत् सं॒भूय॑ भवत्येक॑मे॒व ११

यत्। एज॑ति। पत॑ति। यत्। च॒। तिष्ठ॑ति। प्रा॒णत्। अप्रा॑णत्। नि॒-मि॒षत्। च॒। यत्। भुव॑त् ॥ तत्। दा॒धा॒र॒। पृ॒थि॒वीम्। वि॒श्व-रू॑पम्। तत्। स॒म्-भूय॑। भ॒व॒ति॒। एक॑म्। ए॒व ११

भाषार्थ—(यत्) जो कुछ [जगत्] (एजति) चेष्टा करता है, (पतति) उड़ता है, (च) और (यत्) जो कुछ (तिष्ठति) ठहरता है, (प्राणत्) श्वास लेता हुआ, (अप्राणत्) न श्वास लेता हुआ (च) और (यत्) जो कुछ

१०—(या) ऋक्। वाणी (पुरस्तात्) अग्रे (युज्यते) संयुक्ता भवति (च) (पश्चात्) (विश्वतः) सर्वदेशात् (सर्वतः) सर्वकालात् (यया) ऋचा। वाचा (यज्ञः) पूजनीयव्यवहारः (प्राङ्) अग्रगामी (तायते) विस्तीर्यते (ताम्) (त्वा) विद्वांसम् (पृच्छामि) अहं जिज्ञासे (कतमा) बह्वीनां मध्ये का (सा) (ऋचाम्) ऋग्वाङ्नाम—निघ० १। ११। वाचां मध्ये ॥

११—(यत्) यत्पदार्थमात्रम् (एजति) चेष्टते (पतति) उड्डीयते (यत्) (च) (तिष्ठति) (प्राणत्) प्रश्वसत् (अप्राणत्) अप्रश्वसत् (निमिषत्) चक्षुर्निमीलनं कुर्वत् (च) (यत् (भुवत्) शॄदृभसोऽदिः। उ० १। १३०। भू

(निमिषत्) आंख मूंदे हुये (भुवत्) विद्यमान है । (विश्वरूपम्) सबको रूप देने वाले (तत्) विस्तृत [ब्रह्म] ने [उस सबको और] (पृथिवीम्) पृथिवी को (दाधार) धारण किया था, (तत्) वह [ब्रह्म] (संभूय) शक्तिमान् होकर (एकम् एव) एकही (भवति) रहता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—एक अद्वितीय ब्रह्म विविध प्रकार जगत् को रचकर सबका धारण पोषण करता है ॥ ११ ॥

अनन्तं विततं पुरुत्रानन्तमन्तवच्चा समन्ते । ते नाकपालश्चरति विचिन्वन् विद्वान् भूतमुत भव्यमस्य ॥ १२ ॥

अनन्तम् । वि-ततम् । पुरु-त्रा । अनन्तम् । अन्त-वत् । च । समन्ते इति सम्-अन्ते ॥ ते इति । नाक-पालः । चरति । वि-चिन्वन् । विद्वान् । भूतम् । उत । भव्यम् । अस्य ॥१२॥

भाषार्थ—(अनन्तम्) अन्त रहित (पुरुत्रा) बहुत प्रकार (विततम्) फैला हुआ [ब्रह्म अर्थात्] (नाकपालः) मोक्ष सुख का स्वामी [परमात्मा] (समन्ते) परस्पर सीमा युक्त (ते) उन [दोनों अर्थात्] (अनन्तम्) अन्तरहित [कारण] (च) और (अन्तवत्) अन्त वाले [कार्य जगत्] को (विचिन्वन्) अलग अलग करता हुआ और (अस्य) इस [ब्रह्माण्ड] का (भूतम्) भूतकाल (उत) और (भव्यम्) भविष्यत् काल को (विद्वान्) जानता हुआ (चरति) विचरता है ॥ १२ ॥

सत्तायाम्-अदि, क्विप् । वर्तमानम् (तत्) त्यजितनि० । उ० १ ॥१३२ । तनु विस्तारे-अदि, डित् । विस्तृतं ब्रह्म (दाधार) पुपोष (पृथिवीम्) (विश्वरूपम्) सर्वेषां रूपकरम् (तत्) (संभूय) शक्तिमद् भूत्वा (भवति) वर्तते (एकम् । अद्वितीयम् (एव) ॥

१२—(अनन्तम्) अन्तरहितम् (विततम्) विस्तृतं ब्रह्म (पुरुत्रा) बहुविधम् (अनन्तम्) अन्तरहितं कारणम् (अन्तवत्) सान्तं कार्यम् (च) (समन्ते) परस्परसीमायुक्ते (ते) द्वे (नाकपालः) मोक्षसुखस्य स्वामी (चरति) गच्छति (विचिन्वन्) पृथक् पृथक् कुर्वन् (विद्वान्) जानन् (भूतम्) गतकालम् (उत) अपि (भव्यम्) अनागतकालम् (अस्य) जगतः ॥

भावार्थ—अनन्त मोक्षस्वरूप परमात्मा कारण कार्य रूप जगत् तथा भूत भविष्यत् और वर्तमान कालको जानता हुआ सदा वर्तमान है ॥ १२ ॥

प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरदृश्यमानो बहुधा वि जायते । अर्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं कतमः स केतुः ॥१३॥

प्रजा-पतिः । चरति । गर्भे । अन्तः । अदृश्यमानः । बहु-धा । वि । जायते ॥ अर्धेन । विश्वम् । भुवनम् । जजान । यत् । अस्य । अर्धम् । कतमः । सः । केतुः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(प्रजापतिः) प्रजा [सब जगत्] का पालने वाला (गर्भे) गर्भ [गर्भ रूप आत्मा] के (अन्तः) भीतर (चरति) विचरता है और (अदृश्यमानः) न दीखता हुआ वह(बहुधा) बहुत प्रकार (वि जायते) विशेष कर के प्रकट होता है। उसने (अर्धेन) आधे खण्ड से (विश्वम्) सब (भुवनम्) अस्तित्व [जगत्] को (जजान) उत्पन्न किया, और(यत्) जो (अस्य) इस [ब्रह्म] का (अर्धम्) [दूसरा कारणरूप]आधा है, (सः) वह (कतमः) कौन सा (केतुः) चिह्न है॥ १२ ॥

भावार्थ—परमात्मा अज्ञानियों को नहीं दीखता, उसको विवेकी जन सूक्ष्मदृष्टि से सब के भीतर व्यापक पाते हैं। उसी ईश्वर की सामर्थ्य से यह जगत् उत्पन्न हुआहै और उसी की शक्ति में अनन्त कारणरूप पदार्थ वर्तमान हैं ॥ १३ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध यजुर्वेद में है—अ० ३१ । म० १९ । और तीसरा पाद ऊपर मन्त्र ७ में आ चुका है ॥

ऊर्ध्वं भरन्तमुदकं कुम्भेनेवोदहार्यम् । पश्यन्ति सर्वे चक्षुषा न सर्वे मनसा विदुः ॥ १४ ॥

१३—(प्रजापतिः) जगत्पालकः परमेश्वरः (चरति) विचरति (गर्भे) गर्भरूपे जीवात्मनि (अन्तः) मध्ये (अदृश्यमानः) अनीक्ष्यमाणः (बहुधा) अनेकविधम् (वि) विशेषेण (जायते) प्रादुर्भवति) (कतमः) बहूनां मध्ये कः (सः) (केतुः) ज्ञापकः । बोधः । अन्यद् गतम्—म० ७ ॥

ऊर्ध्वम् । भरन्तम् । उदकम् । कुम्भेन-इव । उद-हार्यम् ॥
पश्यन्ति । सर्वे । चक्षुषा । न । सर्वे । मनसा । विदुः ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(कुम्भेन) घड़े से (उदकम्) जल को (ऊर्ध्वम्) ऊपर (भरन्तम्) भरते हुये (उदहार्यम्) जल लाने वाले को (इव) जैसे, [उस परमेश्वर को] (सर्वे) सब लोग (चक्षुषा) आंख से (पश्यन्ति) देखते हैं, (सर्वे) (मनसा) मन से (न) नहीं (विदुः) जानते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ—प्रायः मनुष्य परमेश्वर को उसकी स्थूल रचनाओं से देखते हैं जैसे कूप में से घड़े द्वारा जल खींचने वाले को। परन्तु विवेकी पुरुष उस उन्नति कर्ता ईश्वर को उसकी सूक्ष्म रचनाओं से अनुभव करते हैं ॥ १४ ॥

दूरे पूर्णेन वसति दूर ऊनेन हीयते । महद् यक्षं भुवनस्य मध्ये तस्मै बलिं राष्ट्रभृतो भरन्ति ॥ १५ ॥

दूरे । पूर्णेन । वसति । दूरे । ऊनेन । हीयते ॥ महत् । यक्षम् । भुवनस्य । मध्ये । तस्मै । बलिम् । राष्ट्र-भृतः । भरन्ति ॥१५॥

भाषार्थ—(महत्) बड़ा (यक्षम्) पूजनीय [ब्रह्म] (भुवनस्य मध्ये) संसार के बीच (दूरे) दूर में [वर्तमान होकर] (पूर्णेन) पूर्ण [पूरे विद्वान्] के साथ (वसति) वसता है, और (ऊनेन) हीन [अधूरे पुरुष] के साथ (दूरे) दूर देश में (हीयते) त्यागा जाता है, (तस्मै) उस [ब्रह्म] को

१४—(ऊर्ध्वम्) (भरन्तम्) हरन्तम् । प्रापयन्तम् (उदकम्) जलम् (कुम्भेन) घटेन (इव) यथा (उदहार्यम्) हृञ् प्रापणे-ण्यत् । कृत्यल्युटो बहुलम् । पा० ३ । ३ । ११३ । इति कर्तरि प्रत्ययः । जलहारम् । कहारम् (पश्यन्ति) सर्वे (चक्षुषा) नेत्रेण (न) निषेधे (सर्वे) (मनसा) मननेन (विदुः) जानन्ति ॥

१५—(दूरे) दूरे वर्तमानः सन् अतिसूक्ष्मत्वात् (पूर्णेन) महाविदुषा सह (वसति) वर्तते (दूरे) (ऊनेन) विद्याहीनेन सह (हीयते) त्यज्यते (महत्) बृहत् (यक्षम्) पूजनीयं ब्रह्म (भुवनस्य) जगतः (मध्ये) (तस्मै)

(राष्ट्रभृतः) राज्य धारण करने वाले लोग (बलिम्) सन्मान (भरन्ति) धारण करते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ—परमात्मा को विद्वान् लोग सब स्थान में पाकर बली होकर आनन्द भोगते हैं, और मूर्ख जन उसे न जान कर सदा दुःखी रहते हैं। उसी महाराजाओं के महाराजा की सब उपासना करें ॥ १५ ॥

यतः॒ सूर्यः॑ उ॒देत्यस्तं॒ यत्र॑ च॒ गच्छ॑ति । तदे॒व मन्ये॒ऽहं ज्ये॒ष्ठं तदु॒ नात्ये॑ति॒ किं च॒न ॥ १६ ॥

यतः॑ । सूर्यः॑ । उ॒त्-एति॑ । अस्त॑म् । यत्र॑ । च॒ । गच्छ॑ति ॥ तत् । ए॒व । म॒न्ये॒ । अ॒हम् । ज्ये॒ष्ठम् । तत् । ऊं॒ इति॑ । न । अति॑ । ए॒ति॒ । किम् । च॒न ॥ १६ ॥

भाषार्थ-(यतः) जिस से (सूर्यः) सूर्य (उदेति) उदय होता है, (च) और (यत्र) जिस में (अस्तम्) अस्त को (गच्छति) प्राप्त होता है। (तत् एव) उसे ही (ज्येष्ठम्) ज्येष्ठ [सब से बड़ा] (अहम्) मैं (मन्ये) मानता हूं, (तत् उ) उस से (किं चन) कोई भी (न अति एति) बढ़कर नहीं है ॥१६॥

भावार्थ जिस परमात्मा से सृष्टि समय में सूर्य आदि उत्पन्न होते और प्रलय काल में वे सब जिसमें लय हो जाते हैं, उस महान् की उपासना सब लोग करें ॥ १६ ॥

ये अ॒र्वाङ् मध्य॑ उ॒त वा॑ पु॒रा॒णं वेदं॑ वि॒द्वांस॑म॒भितो॑ वद॑न्ति । आ॒दि॒त्यमे॒व ते परि॑ वदन्ति॒ सर्वे॑ अ॒ग्निं द्वि॒तीयं॑ त्रि॒वृतं॑ च हं॒सम् ॥ १७ ॥

ब्रह्मणे (बलिम्) सत्कारम् (राष्ट्रभृतः) राज्यधारकाः । महाराजाः (भरन्ति) कुर्वन्ति ॥

१६—(यतः) यस्मात् परमेश्वरात् (सूर्यः) (उदेति) उद्गच्छति (अस्तम्) अदर्शनम् (यत्र) यस्मिन् ब्रह्मणि (च) (गच्छति) प्राप्नोति (तत्) ब्रह्म (एव) (मन्ये) जानामि (अहम्) (ज्येष्ठम्) महत्तमम् (तत्) ब्रह्म (उ) पादपूरणे (न) निषेधे (अत्येति) अतिक्रामति (किम् चन) किमपि ॥

ये । अर्वाङ् । मध्ये । उत । वा । पुराणम् । वेदम् । विद्वांसम् । अभितः । वदन्ति ॥ आदित्यम् । एव । ते । परि । वदन्ति । सर्वे । अग्निम् । द्वितीयम् । त्रि-वृतम् । च । हंसम् १७

भाषार्थ—(ये) जो [विद्वान्] (अर्वाङ्) अवर [इस काल वा लोक] में, (मध्ये) मध्य में (उत वा) अथवा (पुराणम्) पुराने काल में [वर्तमान] (वेदम्) वेद के (विद्वांसम्) जानने वाले [परमात्मा] को (अभितः) सब ओर से (वदन्ति) बखानते हैं। (ते सर्वे) वे सब [विद्वान्, उस] (आदित्यम्) खण्डन रहित [परमात्मा] को (एव) ही (अग्निम्) अग्नि [प्रकाश स्वरूप] (च) और (द्वितीयम्) दूसरा [दूसरे नाम वाला] (त्रिवृतम्) तीनों [कर्म, उपासना और ज्ञान] को स्वीकार करने वाला (हंसम्) हंस [सर्व व्यापक वा सर्वज्ञानी] (परि) निरन्तर (वदन्ति) बताते हैं ॥ १७ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा तीनों काल तीनों लोक में वर्तमान और सत्यज्ञानी है, उसको विवेकी जन वेदविहित कर्म, उपासना और ज्ञान से प्राप्त हो कर मुक्तिसुख भोगते हैं ॥ १७ ॥

सहस्राह्ण्यं वियतावस्य पक्षौ हरेर्हंसस्य पततः स्वर्गम् । स देवान्त्सर्वानुरस्युपदद्य संपश्यन् याति भुवनानि विश्वा ॥१८

१७—(ये) विद्वांसः (अर्वाङ्) अवरे देशे काले वा (मध्ये) (उत वा) अथवा (पुराणम्) अ० १० । ७ । २६ । पुरातनकाले (वेदम्) अ० ७ । २८ । १। परमेश्वरज्ञानम् (विद्वांसम्) विदेः शतुर्वसुः । पा० ७ । १ । ३ । वेत्तेः शतुर्वसुरादेशो वा । विदन्तं जानन्तं परमेश्वरम् (अभितः) सर्वतः (वदन्ति) कथयन्ति (आदित्यम्) अ० १ । ६ । १ । दो अवखण्डने-क्तिन् । दितिः खण्डः, अदितिः अखण्डः । दित्यदित्यादित्य० । पा० ४ । १ । ८५ । अदिति-ण्यप्रत्ययो भवार्थे । खण्डरहितं परमेश्वरम् (एव) (ते) (विद्वांसः) (परि) सर्वतः (वदन्ति) (सर्वे) (अग्निम्) प्रकाशस्वरूपम् (द्वितीयम्) द्वितीयनाम्ना प्रसिद्धम् (त्रिवृतम्) त्रि + वृञ् वरणे-क्विप् तुक् च । त्रीणि कर्मोपासनाज्ञानानि वृणोति स्वीकरोतीति तम् (च) (हंसम्) अ० ६ । १२ । १ । हन हिंसागत्योः-स । हन्ति गच्छतीति हंसः । सर्वव्यापकं परमात्मानम् ॥

सहस्र-अह्न्यम् । वि-यतौ । अस्य । पक्षौ । हरेः । हंसस्य । पततः । स्वः-गम् ॥ सः । देवान् । सर्वान् । उरसि । उप-दद्य । सम्-पश्यन् । याति । भुवनानि । विश्वा ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(स्वर्गम्) मोक्षसुख को (पततः) प्राप्त हुये (अस्य) इस [सर्वत्र वर्तमान] (हरेः) हरि [दुःख हरनेवाले] (हंसस्य) हंस [सर्वव्यापक परमेश्वर] के (पक्षौ) दोनों पक्ष [ग्रहण करने योग्य कार्य कारण रूप व्यवहार] (सहस्राह्न्यम्) सहस्रों दिनों वाले [अनन्त देश काल] में (वियतौ) फैले हुये हैं । (सः) वह [परमेश्वर] (सर्वान्) सब (देवान्) दिव्यगुणों को [अपने] (उरसि) हृदय में (उपदद्य) लेकर (विश्वा) सब (भुवनानि) लोकों को (संपश्यन्) निरन्तर देखता हुआ (याति) चलता रहता है ॥१८॥

भावार्थ—जैसे परमेश्वर अन्तर्यामी रूप से अनन्तकार्य कारण रूप जगत् की निरन्तर सुधि रखता है, वैसे ही मनुष्य परमेश्वर का विचार करता हुआ सब कामों में सदा सावधान रहे ॥ १८ ॥

सत्येनोर्ध्वस्तपति ब्रह्मणार्वाङ् वि पश्यति । प्राणेन तिर्यङ् प्राणति यस्मिन् ज्येष्ठमधि श्रितम् ॥ १९ ॥

सत्येन । ऊर्ध्वः । तपति । ब्रह्मणा । अर्वाङ् । वि । पश्यति ॥ प्राणेन । तिर्यङ् । प्र । अनति । यस्मिन् । ज्येष्ठम् । अधि । श्रितम् ॥ १९ ॥

१८—(सहस्राह्न्यम्) भवे च । पा० ४ । ४ । १३८ । बाहुलकाद् यप्रत्ययः । कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे । पा० २ । ३ । ५ । इति द्वितीया । सहस्रदिनयुक्तम् । अनन्तं देशं कालं वा (वियतौ) यम-क्त । विस्तृतौ (अस्य) (पक्षौ) पक्षपरिग्रहे-अच् । परिग्रहौ कार्यकारणरूपौ—यथा दयानन्दभाष्ये, यजु० १८ । ५२ (हरेः) दुःखहरस्य (हंसस्य) म० १७ (पततः) गच्छतः । प्राप्नुवतः (स्वर्गम्) मोक्षसुखम् (सः) (देवान्) दिव्यगुणान् (सर्वान्) (उरसि) हृदये (उपदद्य) उप+दद दाने-ल्यप् । आदाय (संपश्यन्) निरीक्षमाणः (याति) गच्छति (भुवनानि) लोकान् (विश्वा) सर्वाणि ॥

भाषार्थ—वह [पुरुष] (सत्येन) सत्य [मनकी सचाई] से (ऊर्ध्वः] ऊंचा होकर (तपति) प्रतापी होता है, (ब्रह्मणा) वेद ज्ञान से (अर्वाङ्) अवर [इस ओर] होकर (वि) विविध प्रकार (पश्यति) देखता है। (प्राणेन) प्राण [आत्मबल] के साथ (तिर्यङ्) आड़ा तिरछा होकर (प्र) अच्छी रीति से (अनति) जीता है, (यस्मिन्) जिस [पुरुष] के भीतर (ज्येष्ठम्) ज्येष्ठ [सब से बड़ा ब्रह्म] (अधि श्रितम्) निरन्तर ठहरा हुआ है ॥ १६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य अपने में परमात्मा को देखता है, वह सत्यव्रत धारण करके ज्ञान द्वारा आत्मबल प्राप्त करके उपकारी होकर जीवन सुफल करता है ॥ १६ ॥

यो वै ते विद्याद॒रणी॒ याभ्यां॑ निर्म॒थ्यते॒ वसु॑ । स वि॒द्वान् ज्ये॒ष्ठं म॑न्येत॒ स वि॑द्याद् ब्राह्म॑णं म॒हत् ॥ २० ॥ (२७)

यः । वै । ते इति॑ । वि॒द्यात् । अ॒रणी॒ इति॑ । याभ्या॑म् । निः॒ऽम॒थ्यते॑ । वसु॑ ॥ सः । वि॒द्वान् । ज्ये॒ष्ठम् । म॒न्ये॒त॒ । सः । वि॒द्यात् । ब्राह्म॑णम् । म॒हत् ॥ २० ॥ (२७)

भाषार्थ—(यः) जो [पुरुष] (वै) निश्चय करके (ते) उन दोनों (अरणी) अरणियों [रगड़ कर अग्नि निकालने की दो लकड़ियों] को (विद्यात्) जान लेवे, (याभ्याम्) जिन दोनों से (वसु) अग्नि (निर्मथ्यते) मथकर

१६—(सत्येन) सद्भ्यो हितम्. सत्—यत् । यथार्थ कथनं यच्च सर्वलोकसुखप्रदम् । तत् सत्यमिति विज्ञेयमसत्यं तद्विपर्ययम् ॥ १ ॥ यथार्थकर्मणा (ऊर्ध्वः) उपरिस्थः (तपति) ईष्टे । प्रतापी भवति (ब्रह्मणा) वेदज्ञानेन (अर्वाङ्) अवरदेशे भवन् (वि) विविधम् (पश्यति) (प्राणेन) आत्मबलेन (तिर्यङ्) इतस्ततो देशे भवन् (प्र) प्रकर्षेण (अनति) अनिति । जीवति (यस्मिन्) पुरुषे (ज्येष्ठम्) महत्तमम् ब्रह्म (अधि श्रितम्) प्रतिष्ठितम् ॥

२०—(यः) विद्वान् (वै) निश्चयेन (ते) उभे (विद्यात्) जानीयात् (अरणी) अर्त्तिसृधृ० । उ० २ । १०२ । ऋ गतौ—अनि । अरणी प्रत्यृत एने अग्निः समरणाज्जायत इति वा—निरु० ५ । १० । अग्न्युत्पत्तये मथनी द्वे दारुणी (याभ्याम्) अरणिभ्याम् (निर्मथ्यते) मथनेन निःसार्यते (वसु) विभक्ते-

निकाला जाता है। (सः) वह (विद्वान्) विद्वान् (ज्येष्ठम्) ज्येष्ठ [सब से बड़े ब्रह्म] को (मन्येत) समझ लेगा, और (सः) वह (महत्) बड़े (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] को (विद्यात्) जानेगा ॥ २० ॥

भावार्थ—जैसे दो लकड़ियों को रगड़ कर आग निकालते हैं, वैसे ही विद्वान् कार्य कारण की सूक्ष्मता को समझ कर परब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करते हैं २०

अपादग्रे समभवत् सो अग्रे स्वः॑ राभ॑रत्। चतु॑ष्पाद् भूत्वा भोग्यः सर्व॒माद॑त्त भोज॑नम् ॥ २१ ॥

अपात् । अग्रे॑ । सम् । अभवत् । सः । अग्रे॑ । स्वः॑ । आ । अभरत् ॥ चतुः॑-पात् । भूत्वा । भोग्यः॑ । सर्व॑म् । आ । अदत्त । भोज॑नम् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(अपात्) विभाग रहित [परमात्मा] (अग्रे) पहिले (सम् अभवत्) समर्थ हुआ, (सः) उस ने (अग्रे) पहिले (स्वः) मोक्ष सुखं (आ) सब ओर से (अभरत्) धारण किया। (चतुष्पात्) चारों दिशाओं में स्थिति वा गति वाले [उस परमेश्वर] ने (भोग्यः) [सुखों से] भोगने [अनुभव करने] योग्य (भूत्वा) होकर (सर्वम्) सब (भोजनम्) सुख वा ऐश्वर्य को (आ अदत्त) ग्रहण किया ॥ २१ ॥

भावार्थ—परमात्मा सृष्टि के आदि से सब संसार में व्यापकर सब सुखों का भण्डार है ॥ २१ ॥

लुक्। वसुः। अग्निः (सः) (विद्वान्) प्राज्ञः (ज्येष्ठम्) महत्तमं ब्रह्म [मन्येत] जानीयात् (सः) (विद्यात्) [ब्राह्मणम्] ब्रह्मणः परमेश्वराज् जातं विज्ञानम् (महत्) पूजनीयम् ॥

२१—(अपात्) अ० ६ । १० । २३ । पादेन विभागेन रहितः परमेश्वरतः (अग्रे) सृष्ट्यादौ (सम् अभवत्) समर्थोऽभवत् (सः) (अग्रे) (स्वः) मोक्षसुखम् (आ) समन्तात् (अभरत्) धृतवान् (चतुष्पात्) अ० ४ । ११ । ५ । पद स्थैर्ये गतौ च—घञ्, अन्तलोपः । चतसृषु दिक्षु पादः स्थितिर्गतिर्वा यस्य सः परमेश्वरः (भूत्वा) (भोग्यः) भुज पालनाभ्यवहारयोः—ण्यत् । सुखैरनुभवीयः (सर्वम्) (आ अदत्त) गृहीतवान् (भोजनम्) भुज—ल्युट् । सुखम् । ऐश्वर्यम् । धनम्—निघ० २ । १० ॥

भोग्यो॑ भवृदथो॒ अन्न॑मदद्‌ ब॒हु । यो दे॒वमु॑त्त॒राव॑न्तमु॒पासा॑तै सना॒तन॑म्‌ ॥ २२ ॥

भोग्य॑: । भव॒त्‌ । अथो॒ इति॑ । अन्न॑म्‌ । अ॒द॒त्‌ । ब॒हु ॥ यः । दे॒वम्‌ । उ॒त्त॒र-व॑न्तम्‌ । उ॒प-आसा॑तै । स॒ना॒तन॑म्‌ ॥ २२ ॥

भाषार्थ—वह (भोग्यः) [सुखों से] अनुभव योग्य (भवत्‌) होगा (अथो) और भी (बहु) बहुत (अन्नम्‌) अन्न [जीवन साधन] (अदत्‌) भोगेगा । (यः) जो [मनुष्य] (उत्तरवन्तम्‌) अति उत्तम गुण वाले (सनातनम्‌) सनातन [नित्य स्थायी] (देवम्‌) देव [स्तुति योग्य परमेश्वर] को (उपासातै) पूजेगा ॥ २२ ॥

भावार्थ—वह मनुष्य अनेक सुखों से युक्त होकर बहुत अन्नवान्‌ होगा, जो जगत्पिता परमेश्वर की उपासना करेगा ॥ २२ ॥

स॒ना॒तन॑मेनमाहुरु॒ताद्य स्या॒त्‌ पुन॑र्णवः । अ॒हो॒रा॒त्रे प्र जा॑येते अ॒न्यो अ॒न्यस्य॑ रू॒पयो॑: ॥ २३ ॥

स॒ना॒तन॑म्‌ । ए॒न॒म्‌ । आ॒हुः । उ॒त । अ॒द्य । स्या॒त्‌ । पुन॑:-नवः ॥ अ॒हो॒रा॒त्रे इति॑ । प्र । जा॒ये॒ते॒ इति॑ । अ॒न्यः । अ॒न्यस्य॑ । रू॒पयो॑: ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(एनम्‌) इस [सर्वव्यापक] को (सनातनम्‌) सनातन [नित्य स्थायी परमात्मा] (आहुः) वे [विद्वान्‌] कहते हैं, (उत) और वह

२२—(भोग्यः) सुखैरनुभवीयः (भवत्‌) लेट्‌ । भूयात्‌ (अथो) अपि च (अन्नम्‌) जीवनसाधनम्‌ (अदत्‌) लेट्‌ । अद्यात्‌ (बहु) (यः) पुरुषः (देवम्‌) स्तुत्यं परमात्मानम्‌ (उत्तरवन्तम्‌) अ० ४ । २२ । ५ । अतिश्रेष्ठगुणयुक्तम्‌ (उपासातै) आस उपवेशने—लेट्‌ । पूजयेत्‌ (सनातनम्‌) सायंचिरंप्राह्णेप्रगे० । पा० ४ । ३ । २३ । इति सना—ट्युल्‌ तुट्‌ च । सदाभवम्‌ । नित्यं परमेश्वरम्‌ ॥

२३—(सनातनम्‌) म० २२ । सदावर्तमानम्‌ (एनम्‌) सर्वव्यापकं परमात्मानम्‌ (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (उत) अपि (अद्य) वर्तमाने दिने ।

(अद्य) आज [प्रतिदिन] (पुनर्णवः) नित्य नवा (स्यात्) होता जावे। (अहोरात्रे) दिन और राति दोनों (अन्यो अन्यस्य) एक दूसरे के (रूपयोः) दो रूपों में से (प्र जायेते) उत्पन्न होते हैं ॥ २३ ॥

भावार्थ—नित्यस्थायी परमात्मा के गुण जिज्ञासुओं को नित्य नवीन विदित होते जाते हैं, जैसे दिन राति से और राति दिन से नित्य नवीन उत्पन्न होते हैं ॥ २३ ॥

श॒तं स॒हस्र॑म॒युतं॒ न्य॑र्बुदमसंख्ये॒यं स्वम॑स्मिन् निवि॑ष्टम् । त॒दस्य घ्नन्त्यभिपश्य॑त ए॒व तस्मा॑द् दे॒वो रो॑चत ए॒ष ए॒तत् ।२४

श॒तम् । स॒हस्र॑म् । अ॒युत॑म् । नि-अ॑र्बुदम् । अ॒स॒म्-ख्ये॒यम् । स्वम् । अ॒स्मि॒न् । नि-वि॑ष्टम् ॥ तत् । अ॒स्य॒ । घ्न॒न्ति॒ । अ॒भि-पश्य॑तः । ए॒व । तस्मा॑त् । दे॒वः । रो॒च॒ते॒ । ए॒षः । ए॒तत् ॥२४॥

भाषार्थ—(शतम्) सौ, (सहस्रम्) सहस्र, (अयुतम्) दस सहस्र, (न्यर्बुदम्) दस करोड़, (असंख्येयम्) बे गिनती (स्वम्) धन (अस्मिन्) इस [परमात्मा] में (निविष्टम्) रक्खा हुआ है। (अस्य) इस (अभिपश्यतः) सब ओर देखते हुये [परमात्मा] के (तत्) उस [धन] को (एव) निश्चय करके वे [सब प्राणी] (घ्नन्ति) पाते हैं, (तस्मात्) उस [कारण] से (एषः) यह (देवः) देव [स्तुतियोग्य परमात्मा] (एतत्) अब (रोचते)

प्रतिदिनम् (स्यात्) (पुनर्णवः) वारं वारं नवीनः (अहोरात्रे) रात्रिदिने (प्र जायेते) उत्पद्येते (अन्योऽन्यस्य) कर्मव्यतिहारे सर्वनाम्नो द्वे वाच्ये समासवच्च बहुलम्। इति द्वित्वम्। असमासवद्भावे पूर्वपदस्थस्य सुपः सुर्वक्तव्यः। वा० पा० ८।१।१२। इति पूर्वपदात् सुपः सुः। परस्परस्य (रूपयोः) स्वरूपयोः सकाशात् ॥

२४—(शतम्) (सहस्रम्) (अयुतम्) दशसहस्रम् (न्यर्बुदम्) दशकोटिसंख्याकम् (असंख्येयम्) अपरिमेयम् (स्वम्) धनम् (अस्मिन्) परमात्मनि (निविष्टम्) स्थापितम् (तत्) धनम् (अस्य) ईश्वरस्य (घ्नन्ति) हन हिंसागत्योः। गच्छन्ति। प्राप्नुवन्ति (अभिपश्यतः) अवलोकमानस्य (एव) अवश्यम् (तस्मात्) कारणात् (देवः) स्तुत्यः परमात्मा (रोचते) प्रियोभ-

रुचता है [प्रिय लगता है] ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमात्मा के अनन्त कोश से अनन्त प्राणी अपने पुरुषार्थ के अनुसार धन आदि पाकर बलवान् होते हैं, इसी से वह जगदीश्वर सब को सदा प्रिय लगता है ॥ २४ ॥

बालादेकमणीयस्कमुतैकं नेव दृश्यते । ततः परिष्वजीयसी देवता सा मम प्रिया ॥ २५ ॥

बालात् । एकम् । अणीयः-कम् । उत । एकम् । न-इव । दृश्यते ॥ ततः । परि-स्वजीयसी । देवता । सा । मम । प्रिया ॥ २५

भाषार्थ—(एकम्) एक वस्तु (बालात्) बाल [केश] से (अणीयस्कम्) अधिक सूक्ष्म है, (उत) और (एकम्) एक वस्तु (नेव) नहीं भी (दृश्यते) दीखती है । (ततः) उस [बड़ी सूक्ष्म वस्तु] से (परिष्वजीयसी) अधिक चिपटने वाला (सा) वह (देवता) देवता [परमेश्वर] (मम प्रिया) मेरा प्रिय है ॥ २५ ॥

भावार्थ—परमात्मा सूक्ष्म से भी सूक्ष्म हो कर प्राणियों के भीतर रम कर उनको बल देता है, इसी से वह सब प्राणियों का प्रिय है ॥ २५ ॥

इयं कल्याण्य१जरा मर्त्यस्यामृता गृहे । यस्मै कृता शये स यश्चकार जजार सः ॥ २६ ॥

इयम् । कल्याणी । अजरा । मर्त्यस्य । अमृता । गृहे ॥ यस्मै । कृता । शये । सः । यः । चकार । जजार । सः ॥ २६ ॥

वति (एषः) दृश्यमानः (एतत्) इदानीम् ॥

२५—(बालात्) केशात् (एकम्) वस्तुमात्रम् (अणीयस्कम्) अणुतरम् (उत) अपि (एकम्) (नेव) इव अवधारणे । नैव (दृश्यते) अवलोक्यते (ततः) तस्मात् सूक्ष्मवस्तुसकाशात् (परिष्वजीयसी) परि+ष्वञ्ज आलिङ्गने—तृच्, ईयसुन्, ङीप् । तुरिष्ठेमेयःसुः । पा० ६ । ४ । १५४ । तृचो लोपः । अधिकतरा परिष्वङ्क्त्री । आलिङ्गनशीला (देवता) देवः परमात्मा (सा) (मम) (प्रिया) हिता ॥

भाषार्थ—(इयम्) यह ।(कल्याणी) कल्याणी [आनन्दकारिणी, प्रकृति जगत् की सामग्री] (अजरा) अजर, (अमृता) अमर होकर (मर्त्यस्य) मरण धर्मी [मनुष्य] के (गृहे) घर में है। (यस्मै) जिस के लिये [जिस ईश्वर की आज्ञा मानने के लिये] (कृता) वह सिद्ध की गई है, (सः) वह [परमेश्वर, उस प्रकृति में] (शये) सोता है, (यः) जिस ने [उस प्रकृति को] (चकार) सिद्ध किया था, (सः) वह [परमेश्वर] (जजार) स्तुति योग्य हुआ ॥ २६ ॥

भावार्थ—प्रकृति जगत् का कारण प्रत्येक मनुष्य आदि प्राणी के शरीर में है। परमेश्वर ने प्रकृति को अनेक उपकारों के लिये कार्यरूप जगत् में परिणत किया है, वह परामात्मा सब का उपास्य देव है ॥ २६ ॥

त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत वा कुमारी ।
त्वं जीर्णो दण्डेन वञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः २७

त्वम् । स्त्री । त्वम् । पुमान् । असि । त्वम् । कुमारः । उत । वा । कुमारी ॥ त्वम् । जीर्णः । दण्डेन । वञ्चसि । त्वम् । जातः । भवसि । विश्वतः-मुखः ॥ २७ ॥

भाषार्थ—[हे जीवात्मा !] (त्वम्) तू (स्त्री) स्त्री, (त्वम्) तू (पुमान्) पुरुष, (त्वम्) तू (कुमारः) कुमार [लड़का], (उत वा) अथवा (कुमारी) कुमारी [लड़की] (असि) है। (त्वम्) तू (जीर्णः) स्तुति किया

२६—(इयम्) दृश्यमाना प्रकृतिः (कल्याणी) माङ्गलिका (अजरा) जराशून्या । अनिर्बला (मर्त्यस्य) मरणधर्मणो मनुष्यस्य (अमृता) मरणरहिता । पुरुषार्थशीला (गृहे) शरीर इत्यर्थः (यस्मै) परमेश्वराय । तदाज्ञापालनाय (कृता) निष्पादिता (शये) शेते । वर्तते प्रकृतौ (सः) परमेश्वरः (यः) (चकार) कृतवान् प्रकृतिं कार्यरूपेण (जजार) जॄ स्तुतौ—लिट् । जरा स्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० १० । ८ । जजरे । स्तुत्यो बभूव (सः) ईश्वरः॥

२७—(त्वम्) हे जीवात्मन् (स्त्री) (त्वम्) (पुमान्) पुरुषः (असि) (त्वम्) (कुमारः) बालकः (उत वा) अथवा (कुमारी) बालिका (त्वम्) (जीर्णः) जॄ स्तुतौ–क्त । जरा स्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः-निरु० १० । ८ । स्तुतः

गया [होकर] (दण्डेन) दण्ड [दमन सामर्थ्य] से (वञ्चसि) चलता है, (त्वम्) तू (विश्वतो मुखः) सब ओर मुखवाला [बड़ा चतुर होकर] (जातः) प्रसिद्ध (भवसि) होता है ॥ २७ ॥

भावार्थ—जैसे परमात्मा में कोई लिङ्ग विशेष नहीं है, वैसे ही जीवात्मा में विशेष चिन्ह नहीं है। वह शरीर के सम्बन्ध से स्त्री पुरुष लड़का लड़की आदि होता है और शत्रुओं का दमन करके सब ओर दृष्टि करता हुआ धर्मात्मा होकर स्तुति और कीर्ति पाता है ॥ २७ ॥

उतैषां पितोत वा पुत्र एषामुतैषां ज्येष्ठ उत वा कनिष्ठः ।
एको ह देवो मनसि प्रविष्टः प्रथमो जातः स उ गर्भे अन्तः॥२८॥

उत । एषाम् । पिता । उत । वा । पुत्रः । एषाम् । उत । एषाम् । ज्येष्ठः । उत । वा । कनिष्ठः ॥ एकः । ह । देवः । मनसि । प्र-विष्टः । प्रथमः । जातः । सः । ऊं इति । गर्भे । अन्तः ॥ २८ ॥

भाषार्थ—यह [जीवात्मा] (एषाम्) इन [प्राणियों] का (उत) अथवा (पिता) पिता, (उत वा) अथवा (एषाम्) इनका (पुत्रः) पुत्र है, (उत) अथवा (एषाम्) इनका (ज्येष्ठः) ज्येष्ठ भ्राता [सब से बड़ा भाई] (उत वा) अथवा (कनिष्ठः) कनिष्ठ भ्राता [सबसे छोटा भाई है]। (एकः ह) एक ही (देवः) देव [सर्वव्यापक परमात्मा] (मनसि) ज्ञान में (प्रविष्टः)

(दण्डेन) अमन्ताड् डः । उ० १ । ११४ । दमु उपशमे–ड, यद्वा, दण्ड दण्डनिपातने–अच् । दमनसामर्थ्येन । दण्डदानेन (वञ्चसि) वञ्चु गतौ प्रतरणे च। गच्छसि (त्वम्) (जातः) प्रसिद्धः (विश्वतोमुखः) विश्वेषु कर्मसु मुखं यस्य सः । महाविचक्षणः ।

२८—(उत) अथवा (एषाम्) समीपवर्तिनाम् (पिता) जनकः (पुत्रः) तनयः (एषाम्) (उत) (एषाम्) (ज्येष्ठः) वृद्ध–इष्ठन् । अग्रजो भ्राता (उत वा) (कनिष्ठः) युवाल्पयोः कनन्यतरस्याम् । पा० ५ । ३ । ६४ । युवन् अल्प वा–इष्ठनि कनादेशः । अनुजो भ्राता (एकः) अद्वितीयः (ह) एव (देवः)

प्रविष्ट होकर (प्रथमः) सब से पहिले (जातः) प्रसिद्ध हुआ, (सः उ) वही (गर्भे अन्तः) गर्भ के भीतर [प्राणियों के अन्तःकरण में] है ॥ २८ ॥

भावार्थ—नित्य जीवात्मा शरीर के सम्बन्ध से पिता पुत्रादि कहाता है। इस जीवात्मा से भी सूक्ष्म ज्ञानस्वरूप परमात्मा सब में व्यापक है ॥ २८ ॥

पूर्णात् पूर्णमुदचति पूर्णं पूर्णेन सिच्यते। उतो तदद्य विद्याम यतस्तत् परिषिच्यते ॥ २९ ॥

पूर्णात् । पूर्णम् । उत् । अचति । पूर्णम् । पूर्णेन । सिच्यते ॥ उतो इति । तत् । अद्य । विद्याम । यतः । तत् । परिसिच्यते ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(पूर्णात्) पूर्ण [ब्रह्म] से (पूर्णम्) सम्पूर्ण [जगत्] (उत् अचति) उदय होता है। (पूर्णेन) पूर्ण [ब्रह्म] करके (पूर्णम्) संपूर्ण [जगत्] (सिच्यते) सींचा जाता है। (उतो) और भी (तत्) उस [कारण] को (अद्य) आज (विद्याम) हम जानें, (यतः) जिस कारण से (तत्) वह [सम्पूर्ण जगत्] (परिषिच्यते) सब प्रकार सींचा जाता है ॥२६॥

भावार्थ—यह सम्पूर्ण जगत् परमात्मा से उत्पन्न होकर वृद्धि को प्राप्त होता है। उसी परब्रह्म की उपासना सब लोग करें ॥ २६ ॥

एषा सनत्नी सनमेव जातैषा पुराणी परि सर्वं बभूव । मही देव्युषसो विभाती सैकेनैकेन मिषता वि चष्टे ॥ ३०॥ (२८)

सर्वव्यापकः परमात्मा (मनसि) ज्ञाने (प्रविष्टः) (प्रथमः) आदिमः (जातः) प्रसिद्धः (सः) (उ) एव (गर्भे) अन्तःकरणरूपे गर्भाशये (अन्तः) मध्ये ॥

२६—(पूर्णात्) सर्वश्रेष्ठगुणपूरितात् परमात्मनः (पूर्णम्) समग्रं जगत् (उदचति) उदेति (पूर्णम्) समग्रम् (पूर्णेन) परमात्मना (सिच्यते) आर्द्री-क्रियते। वर्ध्यते (उतो) अपि च (तत्) कारणम् (अद्य) अस्मिन् दिने (विद्याम) जानीम (यतः) यस्मात् कारणात् (तत्) पूर्णं जगत् (परिषिच्यते) सर्वतो वर्ध्यते ॥

एषा । सुनत्नी । सनम् । एव । जाता । एषा । पुराणी । परि । सर्वम् । बभूव ॥ मही । देवी । उषसः । वि-भाती । सा । एकेन-एकेन । मिषता । वि । चष्टे ॥ ३० ॥ (२८)

भाषार्थ—(एषा) यह [शक्ति अर्थात् परमेश्वर] (सनम् एव) सदा से ही (सनत्नी) भक्तों की नेत्री [आगे बढ़ाने वाली] (जाता) प्रसिद्ध है, (एषा) इस (पुराणी) पुरानी ने (सर्वम्) सब [जगत्] को (परिबभूव) घेर लिया है। (उषसः) प्रभात वेलाओं को (विभाती) प्रकाशित करने वाली (सा) वह (मही) बड़ी (देवी) देवी [दिव्यशक्ति] (एकेनैकेन) एक एक (मिषता) पलक मारने से [सब को] (वि चष्टे) देखती रहती है॥ ३० ॥

भावार्थ—महान् शक्ति परमात्मा सर्वव्यापक और सर्वप्रकाशक होकर अपने भक्तों की बढ़ती करता और समस्त संसार की सुधि रखता है ॥ ३० ॥

अविर्वै नाम देवतर्तेनास्ते परीवृता । तस्या रूपेणेमे वृक्षा हरिता हरितस्रजः ॥ ३१ ॥

अविः । वै । नाम । देवता । ऋतेन । आस्ते । परि-वृता ॥ तस्याः । रूपेण । इमे । वृक्षाः । हरिताः । हरित-स्रजः ॥३१॥

भाषार्थ—(अविः) रक्षक (वै) ही (नाम) नाम (देवता) देवता [दिव्य शक्ति, परमात्मा] (ऋतेन) सत्यज्ञान से (परिवृता) घिरा हुआ

३०—(एषा) प्रसिद्धा (सनत्नी) वर्तमाने पृषद्बृहन्महज्० । उ० २ । ८४ । षण संभक्तौ—अति+णीञ् प्रापणे ड, ङीप् । सनतां भक्तानां नेत्री (सनम्) सदा (एव) (जाता) प्रसिद्धा (एषा) (पुराणी) अ० १० । ७ । २६ । पुराण ङीप् । पुरातनी (सर्वम्) जगत् (परि बभूव) व्याप (मही) महती (देवी) दिव्यगुणा (उषसः) प्रभातवेलाः (विभाती) अन्तर्गतण्यर्थः । विभापयन्ती । प्रकाशयन्ती (सा) शक्तिः (एकेनैकेन) प्रत्येकेन (मिषता) वर्तमाने पृषद्बृहन्महज्० । उ० २ । ८४ । मिष स्पर्धायाम्—अति । निमिषेण । चक्षुर्मुद्रणेन (वि चष्टे) विशेषेण पश्यति ॥

३१—(अविः) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । अव रक्षणादिषु—इन् ।

(आस्ते) स्थित है। (तस्याः) उस [देवता] के (रूपेण) रूप [स्वभाव] से (इमे) यह (हरिताः) हरे (वृक्षाः) वृक्ष (हरितस्रजः) दाख [समान फलों] की माला वाले हैं ॥ ३१ ॥

भावार्थ—ज्ञानस्वरूप परमात्मा सर्वरक्षक प्रसिद्ध है उसी की दया से यह हरे हरे वृक्ष आदि प्राणियों को फल आदि से सुखदायक होते हैं ॥३१॥

अन्ति सन्तं न जहात्यन्ति सन्तं न पश्यति। देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति ॥ ३२ ॥

अन्ति। सन्तम्। न। जहाति। अन्ति। सन्तम्। न। पश्यति ॥ देवस्य। पश्य। काव्यम्। न। ममार। न। जीर्यति ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—[जो विद्वान्] (अन्ति) समीप में (सन्तम्) वर्तमान [देव परमात्मा] को (न) नहीं (जहाति) छोड़ता है और (अन्ति) समीप में (सन्तम्) वर्तमान (न) जैसे [उसको] (पश्यति) देखता है। (देवस्य) देव [दिव्यगुण वाले परमात्मा] की (काव्यम्) बुद्धिमत्ता (पश्य) देख—वह [विद्वान्] (न ममार) न तो मरा और (न जीर्यति) न जीर्ण [निर्बल] होता है ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् दृढ़ चित्तसे परमात्मा को प्रत्यक्ष जानता है, वह कभी दुःखी नहीं होता, उसका आत्मबल सदा बढ़ता रहता है—यह ईश्वर नियम है ॥ ३२ ॥

रक्षिका (वै) एव (नाम) संज्ञा (देवता) दिव्यगुणा शक्तिः परमेश्वरः (ऋतेन) सत्यज्ञानेन (आस्ते) तिष्ठति (परिवृता) आच्छादिता (तस्याः) देवतायाः (रूपेण) स्वभावेन (इमे) दृश्यमानाः (वृक्षाः) तरवः (हरिताः) हरितवर्णाः (हरितस्रजः) हरिता कपिलद्राक्षा-इति शब्दकल्पद्रुमः, हरित एव हरिता। द्राक्षावत् फलानां स्रजो मालाः सन्ति येषां ते ॥

३२—(अन्ति) अन्तिके। समीपे (सन्तम्) वर्तमानम् (न) निषेधे (जहाति) त्यजति यो विद्वान् (अन्ति) (सन्तम्) (न) इव (पश्यति) अवलोकते (देवस्य) परमेश्वरस्य (पश्य) (काव्यम्) कवि-ष्यञ्। कविकर्म। मेधावित्वम् (न) निषेधे (ममार) मृत्युं प्राप (न) निषेधे (जीर्यति) जॄ वयोहानौ। जीर्णो निर्बलो भवति ॥

अपूर्वेणेषिता वाचस्ता वदन्ति यथायथम्। वदन्तीर्यत्र गच्छन्ति तदाहुर्ब्राह्मणं महत् ॥ ३३ ॥

अपूर्वेण। इषिताः। वाचः। ताः। वदन्ति। यथा-यथम् ॥ वदन्तीः। यत्र। गच्छन्ति। तत्। आहुः। ब्राह्मणम्। महत् ३३

भाषार्थ—(अपूर्वेण) अपूर्व [कारण रहित परमात्मा करके] (इषिताः) भेजी हुई (ताः) वे (वाचः) वाचायें (यथायथम्) जैसे का तैसा (वदन्ति) बोलती हैं। (वदन्तीः) बोलती हुई वे [वाचायें] (यत्र) जहां (गच्छन्ति) पहुंचती हैं। (तत्) उसको (महत्) बड़ा (ब्राह्मणम्) ब्रह्मज्ञान (आहुः) वे [विद्वान्] बताते हैं ॥ ३३ ॥

भावार्थ—कारणशून्य परमात्मा ने वेद द्वारा सत्य धर्म का उपदेश किया है, और वे वेदवाणी परमात्मा का ही यथावत् ज्ञान जनाती हैं ॥ ३३ ॥

यत्र देवाश्च मनुष्याश्चारा नाभाविव श्रिताः। अपां त्वा पुष्पं पृच्छामि यत्र तन्मायया हितम् ॥ ३४ ॥

यत्र। देवाः। च। मनुष्याः। च। अराः। नाभौ-इव। श्रिताः ॥ अपाम्। त्वा। पुष्पम्। पृच्छामि। यत्र। तत्। मायया। हितम् ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—(यत्र) जिस [तन्मात्राओं के विकाश] में (देवाः) दिव्य लोक वा पदार्थ (च) और (मनुष्याः) मनुष्य (च) भी (श्रिताः) आश्रित हैं, (इव) जैसे (नाभौ) [पहिये की] नाभि में (अराः) अरे [लगे होते हैं]।

३३—(अपूर्वेण) कारणशून्येन परमात्मना (इषिताः) प्रेरिताः (वाचः) वेदवाण्यः (ताः) प्रसिद्धाः (वदन्ति) कथयन्ति (यथायथम्) यथार्थम् (वदन्तीः) ज्ञापयन्तीः (यत्र) (गच्छन्ति) प्राप्नुवन्ति (तत्) (आहुः) ब्रुवन्ति (ब्राह्मणम्) म० २० । ब्रह्मज्ञानम् (महत्) बहु ॥

३४—(यत्र) यस्मिन् पुष्पे (देवाः) दिव्यलोकाः पदार्था वा (च) (मनुष्याः) (च) (अराः) चक्रस्य नाभिनेम्योर्मध्यस्थानि काष्ठानि (नाभौ) चक्रमध्ये (इव) यथा (श्रिताः) स्थिताः (अपाम्) आपः=व्यापिकास्त-

[हे विद्वान्!] (त्वा) तुझ से (अपाम्) व्यापक तन्मात्राओं के (पुष्पम्) पुष्प [फूल, विकाश] को (पृच्छामि) पूछता हूं, (यत्र) जिस [विकाश] में (तत्) वह ब्रह्म (मायया) बुद्धि के साथ (हितम्) स्थित है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—मनुष्य उस ब्रह्म का निश्चय करे जो अन्तर्यामी होकर व्यापक सूक्ष्म तन्मात्राओं में चेष्टा देकर संयोग द्वारा स्थूल लोक और मनुष्य आदि के शरीर रचता है ॥ ३४ ॥

येभि॒र्वात॑ इषि॒तः प्र॒वाति॒ ये दद॑न्ते॒ पञ्च॒ दिश॑ः स॒ध्रीची॑ः । य आहु॑तिम॒त्यम॑न्यन्त दे॒वा अ॒पां ने॒तार॑ः कत॒मे त आ॑सन् ॥३५॥

येभि॑ः । वात॑ः । इ॒षि॒तः । प्र॒-वाति॑ । ये । दद॑न्ते । पञ्च॑ । दिश॑ः । स॒ध्रीची॑ः ॥ ये । आ-हु॑तिम् । अ॒ति॒-अम॑न्यन्त । दे॒वाः । अ॒पाम् । ने॒तार॑ः । क॒त॒मे । ते । आ॒स॒न् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—(येभिः) जिन [संयोग वियोग आदि दिव्य गुणों] करके (इषितः) प्रेरा गया (वातः) वायु (प्रवाति) चलता रहता है, (ये) जो दिव्य गुण (सध्रीचीः) आपस में मिली हुई, (पञ्च) पांच [पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश तत्त्वों से सम्बन्ध वाली] (दिशः) दिशाओं का (ददन्ते) दान करते हैं। (ये) जिन (देवाः) देवों [संयोग, वियोग आदि दिव्यगुणों] ने (आहुतिम्) आहुति [दान क्रिया, उपकार] को (अत्यमन्यन्त)

न्मात्राः—दयानन्दभाष्ये, यजु० २७ । २५ । व्यापिकानां तन्मात्राणाम (त्वा) विद्वांसम् (पुष्पम्) पुष्प विकाशे—अच् । विकाशम् । प्रादुर्भावम् (पृच्छामि) अहं जिज्ञासे (यत्र) यस्मिन् पुष्पे (तत्) प्रसिद्धं ब्रह्म (मायया) प्रज्ञया—निघ० ३ । ९ (हितम्) धृतम् ॥

३५—(येभिः) यैः संयोगवियोगादिदिव्यगुणैः (वातः) वायुः (इषितः) प्रेरितः (प्रवाति) प्रगच्छति (ये) देवाः (ददन्ते) दद दाने । ददति (पञ्च) पृथिव्यादिपञ्चभूतैः संबद्धाः (दिशः) पूर्वादयः (सध्रीचीः) अ० ६ । ८८ । ३ । सह वर्तमानाः (ये) (आहुतिम्) दानक्रियाम् (अत्यमन्यन्त) अतिशयेन स्वीकृतवन्तः (देवाः) संयोगवियोगादयो दिव्यगुणाः (अपाम्) प्रजानाम् । सृष्टपदार्थानाम् । आपः—आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ (नेतारः) संचा-

अतिशय करके माना [स्वीकार किया] था, (ते) वे (अपाम्) प्रजाओं के (नेतारः) नेता [संचालक दिव्य गुण] (कतमे) कौनसे (आसन्) थे ॥३५॥

भावार्थ—विवेकी को विचारना चाहिये कि किन गुणों से वायु ऊपर नीचे चलता है, सब दिशाओं में पृथिवी आदि तत्त्व कैसे स्थित हैं, किस गुण से क्या उपकार होता है जिससे यह पृथिवी ठहरी है ॥ ३५ ॥

इमामेषां पृथिवीं वस्त एकोऽन्तरिक्षं पर्येको बभूव। दिवमेषां ददते यो विधर्ता विश्वा आशाः प्रति रक्षन्त्येके ॥ ३६ ॥

इमाम्। एषाम्। पृथिवीम्। वस्ते। एकः। अन्तरिक्षम्। परि। एकः। बभूव॥ दिवम्। एषाम्। ददते। यः। वि-धर्ता। विश्वाः। आशाः। प्रति। रक्षन्ति। एके ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—(एषाम्) इन [दिव्य पदार्थों] में से (एकः) एक [जैसे अग्नि] (इमाम्) इस (पृथिवीम्) पृथिवी को (वस्ते) ढकता है, (एकः) एक [जैसे वायु] ने (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष [मध्यलोक] को (परि बभूव) घेर लिया है। (येषाम्) इन में (यः) जो (विधर्ता) विविध प्रकार धारण करने वाला है [जैसे वायु], वह (दिवम्) प्रकाश को (ददते) देता है, (एकः) कोई एक [दिव्य पदार्थ] (विश्वाः) सब (आशाः प्रति) दिशाओं में (रक्षन्ति) रक्षा करते हैं ॥ ३६ ॥

भावार्थ—यह गत मन्त्र का उत्तर है। यद्यपि विशेष करके अग्नि पृथिवी का, वायु अन्तरिक्ष का और सूर्य प्रकाश का, रक्षक है। तथापि यह अन्य सब चन्द्र नक्षत्र आदि लोकों के परस्पर रक्षक हैं ॥ ३६ ॥

भगवान् यास्कमुनि ने निरु० ७। ५। में लिखा है–"निरुक्त ज्ञाता मानते हैं

लकाः (कतमे) बहूनां मध्ये के (ते) (आसन्) ॥

३६—(इमाम्) दृश्यमानाम् (एषाम्) दिव्यपदार्थानां मध्ये (वस्ते) आच्छादयति (एकः) अग्निर्यथा (अन्तरिक्षम् (एकः) वायुर्यथा (परि बभूव) आच्छादितवान् (दिवम्) प्रकाशम् (एषाम्) (ददते) दद दाने। ददाति (यः) (विधर्ता) विविधं धारकः सूर्यो यथा (आशाः) पूर्वादयो दिशाः (प्रति) लक्ष्यीकृत्य (रक्षन्ति) (एके) अन्ये। चन्द्रनक्षत्रादयः ॥

कि तीन ही देवता हैं, अग्नि पृथिवी स्थानी, वायु वा इन्द्र अन्तरिक्ष स्थानी, सूर्य द्युस्थानी। उनकी बड़ी महिमा के कारण एक एक के बहुत नाम होते हैं। अथवा कर्म के अलग अलग होने से जैसे होता, अध्वर्यु, ब्रह्मा, उद्गाता यह एक के होने से [एक ही के बहुत नाम हैं] अथवा वे अलग अलग होवें, क्यों कि [उनकी] अलग अलग स्तुतियां हैं, वैसे ही [अलग अलग] नाम हैं" ॥

यो विद्यात् सूत्रं वितंतं यस्मिन्नोताः प्रजा इमाः। सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात् स विद्याद् ब्राह्मणं महत् ॥ ३७ ॥

यः। विद्यात्। सूत्रम्। वि-ततम्। यस्मिन्। आ-ऊताः। प्र-जाः। इमाः ॥ सूत्रम्। सूत्रस्य। यः। विद्यात्। सः। विद्यात्। ब्राह्मणम्। महत् ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [विवेकी] (विततम्) फैलेहुये (सूत्रम्) सूत्र [तागे समान कारण] को (विद्यात्) जान लेवे, (यस्मिन्) जिस सूत वा कारण में (इमाः) यह (प्रजाः) प्रजायें [कार्य रूप] (ओताः) ओत प्रोत हैं। (यः) जो [विवेकी] (सूत्रस्य) सूत्र [कारण] के (सूत्रम्) सूत्र [कारण] को (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह (महत्) बड़े (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [ब्रह्मज्ञान] को (विद्यात्) जान लेवे ॥ ३७ ॥

भावार्थ—मनुष्य कार्यरूप जगत् के कारण प्रकृति आदि को, और कारण के आदि कारण परमात्मा को जानकर ब्रह्मज्ञानी होता है ॥ ३७ ॥

इस मन्त्र का चौथा पाद मन्त्र २० में आया है ॥

वेदाहं सूत्रं विततं यस्मिन्नोताः प्रजा इमाः। सूत्रं सूत्रस्याहं वेदाथो यद् ब्राह्मणं महत् ॥ ३८ ॥

३७—(यः) विवेकी (विद्यात्) जानीयात् (सूत्रम्) सिविमुच्योष्टेरू च। उ० ४। १६३। षिवु तन्तुसन्ताने—ष्ट्रन् टेः ऊ च, यद्वा, सूत्र वेष्टने—अच्। कारणरूपं तन्तुम् (विततम्) विस्तृतम् (यस्मिन्) सूत्रे (ओताः) आङ्+वेञ् तन्तुसन्ताने—क्त। परस्परस्यूताः (प्रजाः) सृष्टाः पदार्थाः (इमाः) दृश्यमानाः (सूत्रम्) तन्तुरूपं कारणम् (सूत्रस्य) तन्तुरूपस्य कारणस्य (यः) (विद्यात्) (सः) (विद्यात्) (ब्राह्मणम्) म० २०। ब्रह्मज्ञानम् (महत्) बृहत् ॥

वेद॑ । अ॒हम् । सूत्र॑म् । वि-त॑तम् । यस्मि॑न् । आ-उ॑ताः । प्र॒-जाः॑ । इ॒माः ॥ सूत्र॑म् । सूत्र॑स्य । अ॒हम् । वे॒द॒ । अथो॒ इति॑ । यत् । ब्राह्म॑णम् । म॒हत् ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—(अहम्) मैं (विततम्) फैले हुये (सूत्रम्) सूत्र [तागे समान कारण] को (वेद) जानता हूं, (यस्मिन्) जिस [सूत वा कारण] में (इमाः) ये (प्रजाः) प्रजायें (ओताः) ओत प्रोत हैं । (अथो) और भी (अहम्) मैं (सूत्रस्य) सूत्र [कारण] के (सूत्रम्) सूत्र [कारण] को (वेद) जानता हूं, (यत्) जो (महत्) बड़ा (ब्राह्मणम्) ब्रह्मण [ब्रह्मज्ञान] है ॥ ३८ ॥

भावार्थ—मनुष्य कार्य, कारण, और आदि कारण ब्रह्म को साक्षात् करके ब्रह्मज्ञान का उपदेश करे ॥ ३८ ॥

यद॑न्तरा द्यावा॑पृथि॒वी अ॒ग्निरैत् प्र॒दह॑न् विश्वदा॒व्यः॑ । यत्रा॑तिष्ठ॒न्नेक॑पत्नीः पु॒रस्ता॑त् क्वे॑वासी॒न्मात॒रिश्वा॑ त॒दानी॑म् ॥ ३९ ॥

यत् । अ॒न्त॒रा । द्यावा॑पृथि॒वी इति॑ । अ॒ग्निः । ऐत् । प्र॒-दह॑न् । वि॒श्व॒-दा॒व्यः॑ ॥ यत्र॑ । अति॑ष्ठन् । एक॑-पत्नीः । पु॒रस्ता॑त् । क्व॑-इव । आ॒सी॒त् । मा॒तरि॑श्वा । त॒दानी॑म् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (द्यावापृथिवी अन्तरा) सूर्य और पृथिवी के बीच (प्रदहन्) दहकता हुआ (विश्वदाव्यः) सब का जलाने वाला (अग्निः) अग्नि (ऐत्) प्राप्त हुआ । (यत्र) जहां [सूर्य और पृथिवी के बीच] (एकपत्नीः) एक [सूर्य] को पति [रक्षक वा स्वामी] रखने वाली [दिशायें]

३८—(वेद) जानामि (अहम्) विवेकी (अथो) अपिच । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३७ ॥

३९—(यत्) यदा (अन्तरा) मध्ये (द्यावा पृथिवी) सूर्यभूलोकौ (अग्निः) अग्नितत्त्वम् (ऐत्) अगच्छत् (प्रदहन्) दहनं कुर्वन् (विश्वदाव्यः) विश्व+टु दु उपतापे-ण्यत् कर्तरि । सर्वदाहकः (यत्र) द्यावापृथिव्योर्मध्ये (अतिष्ठन्) (एकपत्नीः) नित्यं संपत्न्यादिषु । पा० ४ । १ । ३५ । एकपति-ङीप् नुक् च । एकः सूर्यः पतिः पालकः स्वामी वा यासां ताः पूर्वादिदिशाः (पर-

(परस्तात्) दूर तक (अतिष्ठन्) ठहरी थीं, (तदानीम्) तब (मातरिश्वा) आकाश में चलने वाला [वायु वा सूत्रात्मा] (क) कहां (इव) निश्चय कर के (आसीत्) था ॥ ३९ ॥

भावार्थ—विद्वान् विचार करे कि संसार के बीच प्रलय समय में अग्नि तत्त्व के साथ वायुतत्त्व वा सूत्रात्मा कहां था ॥ ३९ ॥

अप्स्वासीन्मातरिश्वा प्रविष्टः प्रविष्टा देवाः सलिलान्यासन् । बृहन् ह तस्थौ रजसो विमानः पवमानो हरित आ विवेश ॥ ४० ॥

अप्-सु । आसीत् । मातरिश्वा । प्र-विष्टः । प्र-विष्टाः । देवाः । सलिलानि । आसन् ॥ बृहन् । ह । तस्थौ । रजसः । वि-मानः । पवमानः । हरितः । आ । विवेश ॥ ४० ॥

भाषार्थ—(मातरिश्वा) आकाश में चलने वाला [वायु वा सूत्रात्मा] (अप्सु) अन्तरिक्ष [वा तन्मात्राओं] में (प्रविष्टः) प्रवेश किये हुये (आसीत्) था, (देवः) [अन्य] दिव्य पदार्थ (सलिलानि) समुद्रों में [अगम्य कारणों में] (प्रविष्टाः) प्रवेश किये हुये (आसन्) थे । (रजसः) संसार का (बृहन् ह) बड़ा ही (विमानः) विविध प्रकार नापने वाला [वा विमान रूप आधार, परमेश्वर] (तस्थौ) खड़ा था और (पवमानः) शुद्धि करने वाले [परमेश्वर] ने (हरितः) सब दिशाओं में (आ विवेश) प्रवेश किया था ॥ ४० ॥

भावार्थ—प्रलय में वायु और अन्य सब पदार्थ अपने अपने कारणों में लीन थे, उस समय एक ही परमेश्वर का अनुभव होता था ॥ ४० ॥

मन्त्र का तीसरा पाद ऊपर मन्त्र ३ में आया है ॥

स्तात्) दूरदेशे (क) कुत्र (इव) एव (आसीत्) (मातरिश्वा) म० ५ । १० । ८ । मातरि मानकर्तरि आकाशे गमनशीलो वायुः सूत्रात्मा वा (तदानीम्)॥

४०—(अप्सु) म० ३५ । अन्तरिक्षे तन्मात्रासु वा (आसीत्) (मातरिश्वा) म० ३९ । वायुः सूत्रात्मा वा (प्रविष्टः) (प्रविष्टाः) (देवाः) अन्ये दिव्यपदार्थाः (सलिलानि) समुद्रान् । अगम्यकारणानि (आसन्) (बृहन्) महान् (ह) एव (तस्थौ) स्थितवान् (रजसः) लोकस्य (विमानः) विशेषेण मानकर्ता । विमानतुल्याधारः परमेश्वरः (पवमानः) संशोधकः परमात्मा (हरितः) पूर्वादिदिशाः-निघ० १ । ६ (आ विवेश) प्रविष्टवान् ॥

उत्तरेणेव गायत्रीममृतेऽधि वि चक्रमे । साम्ना ये साम संविदुरजस्तद् ददृशे क्व ॥ ४१ ॥

उत्तरेण-इव । गायत्रीम् । अमृते । अधि । वि । चक्रमे ॥ साम्ना । ये । साम । सम्-विदुः । अजः । तत् । ददृशे । क्व ॥४१॥

भाषार्थ—(उत्तरेण) उत्तम गुण से (इव=एव) ही (अमृते) अमृत [मोक्ष सुख] में (अधि) अधिकार करके वह परमेश्वर (गायत्रीम्) गायत्री [स्तुति] की ओर (वि) विविध प्रकार (चक्रमे) आगे बढ़ा। (ये) जो [विद्वान्] (साम्ना) मोक्षज्ञान [के अभ्यास] से (साम) मोक्षज्ञान को (संविदुः) यथावत् जानते हैं [वे मानते हैं कि] (अजः) अजन्मा [परमेश्वर] (तत्) तत्र [मोक्ष सुख पाता हुआ](क्व) कहां (ददृशे) देखा गया ॥ ४१॥

भावार्थ—मोक्षस्वरूप परमात्मा ही अपने अनुपम श्रेष्ठ गुणों से स्तुति योग्य है। उस मोक्ष दशा का अनुभव ब्रह्मज्ञानी ही कर सकते हैं ॥ ४१ ॥

निवेशनः संगमनो वसूनां देव इव सविता सत्यधर्मा । इन्द्रो न तस्थौ समरे धनानाम् ॥ ४२ ॥

नि-वेशनः । सम्-गमनः । वसूनाम् । देवः-इव । सविता । सत्य-धर्मा ॥ इन्द्रः । न । तस्थौ । सम्-अरे । धनानाम् ॥४२॥

भाषार्थ—(वसूनाम्) निवासों [पृथिवी आदि लोकों] का (निवेशनः) ठहराने वाला और (सगमनः) चलाने वाला, (सत्यधर्मा) सत्य धर्म

४१—(उत्तरेण) उत्कृष्टेन गुणेन (इव) एव (गायत्रीम्) अ० ८ । १० । १ । गै गाने-अत्रन् णित्, युक् ङीप् च । गायत्री गायतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० ७ । १२ । स्तुतिम् (अमृते) मोक्षसुखे (अधि) अधिकृत्य (वि) विशेषेण (चक्रमे) प्रजगाम । प्राप (साम्ना) अ० ७ । ५४ । १ । मोक्षज्ञानाभ्यासेन (ये) विद्वांसः (साम) मोक्षज्ञानम् (संविदुः) सम्यग् जानन्ति । त एव विदुः—इति शेषः (अजः) अजन्मा (तत्) तदा (ददृशे) दृष्टः (क्व) कुत्र ॥

४२—(निवेशनः) निवेशयिता । स्थापयिता (संगमनः) संगमयिता । संचालकः (वसूनाम्) निवासानां पृथिव्यादिलोकानाम् (देवः) देदीप्यमानः

वाला [परमेश्वर] (धनानाम्) धनों के लिये [हमारे] (समरे) संग्राम में (देवः) प्रकाशमान (सविता इव) चलाने वाले सूर्य के समान और (इन्द्रः न) वायु के समान (तस्थौ) स्थित हुआ ॥ ४२ ॥

भावार्थ—हम लोग सङ्ग्राम अर्थात् कठिनाई के समय सत्यस्वभाव, सर्वशक्तिमान् जगदीश्वर का ध्यान करते हुये सूर्य समान प्रतापी और वायु समान शीघ्रगामी होकर यथावत् प्रयत्न करें ॥ ४२ ॥

यह मन्त्र भेद से ऋग्वेद १० । १३६ । ३ और यजु० १२ । ६६ में है ॥

पुण्डरीकं नवद्वारं त्रिभिर्गुणेभिरावृतम् । तस्मिन् यद् यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः ॥ ४३ ॥

पुण्डरीकम् । नव-द्वारम् । त्रि-भिः । गुणेभिः । आ-वृतम् ॥ तस्मिन् । यत् । यक्षम् । आत्मन्-वत् । तत् । वै । ब्रह्म-विदः । विदुः ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—(नवद्वारम्) [सात शिर के और दो नीचे के छिद्र] नव द्वार वाला (पुण्डरीकम्) पुण्य का साधन [यह शरीर] (त्रिभिः) तीन [रज, तम और सत्त्व] (गुणेभिः) गुणों से (आवृतम्] ढका हुआ है । (तस्मिन्) उस [शरीर] में (आत्मन्वत्) जीवात्मा का स्वामी (यत्) जो (यक्षम्) पूजनीय [ब्रह्म] है, (तत्) उसको (वै) ही (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानी (विदुः) जानते हैं ॥ ४३ ॥

(इव) यथा (सविता) लोकप्रेरकः सूर्यः (सत्यधर्मा) यथार्थन्यायः । अवितथाचारः । अविकृतस्वभावः (इन्द्रः) वायुः (न) इव (तस्थौ) स्थितवान् (समरे) सङ्ग्रामे (धनानाम्) चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि । पा० ३ । २ । ६२ । इति षष्ठी । धनानां प्राप्तये ॥

४३—(पुण्डरीकम्) फर्फरीकादयश्च । उ० ४ । २० । पुण धर्मे कर्मणि शुद्धौ च—ईकन्, निपातनात् साधुः । पुण्यसाधनं शरीरम् । कमलपुष्पम् (नवद्वारम्) अ० १० । २ । ३१ । पायूपस्थसहितैः सप्तशीर्षण्यच्छिद्रैर्युक्तम् (त्रिभिः) (गुणेभिः) सत्त्वरजस्तमोगुणैः (आवृतम्) आच्छादितम् (तस्मिन्) शरीरे (यत्) (यक्षम्) पूजनीयं ब्रह्म (आत्मन्वत्) जीवात्माधिष्ठातृ (तत्) ब्रह्म (वै) एव (ब्रह्मविदः) ब्रह्मज्ञानिनः (विदुः) जानन्ति ॥

भावार्थ—मनुष्य शरीर, कान, नाक आदि इन्द्रियों, तीनों गुणों, जीवात्मा और परमात्मा के यथावत् ज्ञान से ब्रह्मज्ञानी होते हैं ॥ ४३ ॥

अकामो धीरो अमृतः स्वयंभू रसेन तृप्तो न कुतश्चनोनः ।
तमेव विद्वान् न बिभाय मृत्योरात्मानं धीरमजरं युवानम् ४४(२८)

अकामः । धीरः । अमृतः । स्वयम्-भूः । रसेन । तृप्तः । न । कुतः । चन । ऊनः ॥ तम् । एव । विद्वान् । न । बिभाय । मृत्योः । आत्मानम् । धीरम् । अजरम् । युवानम् ॥४४॥ (२८)

भाषार्थ—(अकामः) निष्काम, (धीरः) धीर [धैर्यवान्] (अमृतः) अमर, (स्वयंभूः) अपने आप वर्तमान वा उत्पन्न, (रसेन) रस [वीर्य वा पराक्रम] से (तृप्तः) तृप्त अर्थात् परिपूर्ण [परमात्मा] (कुतः चन) कहीं से भी (ऊनः) न्यून (न) नहीं है । (तम् एव) उस ही (धीरम्) धीर [बुद्धिमान्], (अजरम्) अजर [अक्षय], (युवानम्) युवा [महाबली] (आत्मानम्) आत्मा [परमात्मा] को (विद्वान्) जानता हुआ पुरुष (मृत्योः) मृत्यु [मरण वा दुःख] से (न) नहीं (बिभाय) डरा है ॥ ४४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य निष्काम, बुद्धिमान्, धैर्यवान् आदि गुण विशिष्ट परमात्मा को जान लेते हैं, वे परोपकारी धीर वीर पुरुष मृत्यु वा विपत्ति से निर्भय होकर आनन्द भोगते हैं ॥ ४४ ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

४४—(अकामः) निष्कामः । स्वप्रयोजनत्यागी (धीरः) अ० २ । ३५ । ३ । धीरो धीमान्—निरु० ३ । १२ । धीराः प्रज्ञावन्तो ध्यानवन्तः—निरु० ४ । १० । धैर्यवान् । मेधावी (अमृतः) अमरः (स्वयम्भूः) स्वयम् + भू-क्विप् । स्वयं वर्तमानः । स्वयमुत्पन्नः (रसेन) वीर्येण । पराक्रमेण (तृप्तः) सन्तुष्टः । परिपूर्णः (न) निषेधे (कुतः) (चन) अपि (ऊनः) हीनः (तम्) (एव) (विद्वान्) जानन् पुरुषः (न) निषेधे (बिभाय) भयं प्राप (मृत्योः) मरणात् (आत्मानम्) परमात्मानम् (धीरम्) धीमन्तम् (अजरम्) अक्षयम् (युवानम्) महाबलिनम् ॥

अथ पञ्चमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ८ ॥

१–२७ ॥ शतौदना देवता ॥ १ भुरिक् त्रिष्टुप् ; २—११, १३—१७, १६, २१–२५ अनुष्टुप् ; १२ निचृत् पथ्यापङ्क्तिः ; १८, २० निचृदनुष्टुप् ; २६ आर्षी जगती, २७ शक्करी छन्दः ॥

वेदवाणीमहिमोपदेशः—वेदवाणी की महिमा का उपदेश ॥

अ॒घा॒य॒तामपि॑ नह्या॒ मुखा॑नि स॒पत्ने॑षु॒ वज्र॒मर्प॑यै॒तम् । इन्द्रे॑ण द॒त्ता प्र॑थ॒मा श॒तौद॑ना भ्रातृव्य॒घ्नी यज॑मानस्य गा॒तुः ॥ १ ॥

अ॒घ॒-य॒ताम् । अपि॑ । न॒ह्य॒ । मुखा॑नि । स॒-पत्ने॑षु । वज्र॑म् । अ॒र्प॒य॒ । ए॒तम् ॥ इन्द्रे॑ण । द॒त्ता । प्र॒थ॒मा । श॒त-ओ॒द॒ना । भ्रा॒तृ॒व्य॒-घ्नी । यज॑मानस्य । गा॒तुः ॥ १ ॥

भाषार्थ—[हे वेदवाणी !] (अघायताम्) बुरा चीतने वालों के (मुखानि) मुखों को (अपि नह्य) बांध दे, (सपत्नेषु) बैरियों पर (एतम् वज्रम्) इस वज्र को (अर्पय) छोड़ । [तू] (इन्द्रेण) परमेश्वर करके (दत्ता) दी हुई, (प्रथमा) पहिली (शतौदना) सैकड़ों प्रकार सींचने वाली [वेदवाणी] (भ्रातृव्यघ्नी) शत्रु को नाश करने वाली (यजमानस्य) यजमान [श्रेष्ठकर्म करने वाले] का (गातुः) मार्ग [है] ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि जिस सर्वहितकारिणी वेदवाणी को परमेश्वर ने सृष्टि की आदि में दिया है, उस के द्वारा सुशिक्षित होकर अपने व्यवहारों को सुधारें ॥ १ ॥

१—(अघायताम्) अ० १० । ४ । १० । अघमिच्छताम् (अपि) सर्वथा (नह्य) सांहितिको दीर्घः । बधान (मुखानि) (सपत्नेषु) शत्रुषु (वज्रम्) (अर्पय) क्षिप (एतम्) (इन्द्रेण) परमेश्वरेण (दत्ता) आविष्कृता (प्रथमा) सृष्ट्यादौ जाता (शतौदना) उन्देर्नलोपश्च । उ० २ । ७६ । शत + उन्दी क्लेदने युच्, टाप् । ओदनो मेघः—निघ० १ । १० । ओदनमुदकदानं मेघम्—निरु० ६ । ३४ । शतप्रकारेण ओदनः सेचनं यस्याः सा वेदवाणी (भ्रातृव्यघ्नी) शत्रुनाशनी (यजमानस्य) श्रेष्ठकर्मकर्तुः (गातुः) अ० २ । ३४ । २ । गा स्तुतौ–तु । मार्गः ॥

वेदिष्टे चर्म भवतु बर्हिर्लोमानि यानि ते । एषा त्वा रशनाग्रभीद् ग्रावा त्वैषोऽधि नृत्यतु ॥ २ ॥

वेदिः । ते । चर्म । भवतु । बर्हिः । लोमानि । यानि । ते ॥ एषा । त्वा । रशना । अग्रभीत् । ग्रावा । त्वा । एषः । अधि । नृत्यतु ॥ २ ॥

भाषार्थ—[हे वेदवाणी !] (चर्म) [मेरा] चर्म (ते) तेरे लिये (वेदिः) वेदि [यज्ञभूमि] (भवतु) होवे, [मेरे] (यानि लोमानि) जो लोम हैं [वे] (ते) तेरे लिये (बर्हिः) यज्ञासन [होवें] । (एषा) [मेरी] इस (रशना) जीभ ने (त्वा) तुझे (अग्रभीत्) ग्रहण किया है, (एषः) यह (ग्रावा) शास्त्रों का उपदेशक [विद्वान्] (त्वा) तुझ को (अधि) अधिकारी करके (नृत्यतु) अङ्गों को हिलावे ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य वेदविद्या के लिये अपने चर्म अर्थात् शरीर को वेदि समान और अपने रोमों को कम्बल आदि आसन तुल्य बनावे अर्थात् अपने अङ्ग अङ्ग में और रोम रोम में वेदवाणी को व्यापक जाने और जिह्वा से अभ्यास करके संसार में विविध चेष्टा करे ॥ २ ॥

बालास्ते प्रोक्षणीः सन्तु जिह्वा सं मार्ष्ट्वघ्न्ये । शुद्धा त्वं यज्ञिया भूत्वा दिवं प्रेहि शतौदने ॥ ३ ॥

बालाः । ते । प्र-उक्षणीः । सन्तु । जिह्वा । सम् । मार्ष्टु ।

२—(वेदिः) परिस्कृता यज्ञभूमिः (ते) तुभ्यम् (चर्म) मम शरीरम् (भवतु) (बर्हिः) कम्बलकुशाद्यासनम् (लोमानि) रोमाणि (यानि) (ते) तुभ्यम्, तानीतिशेषः (एषा) दृश्यमाना (त्वा) त्वाम् (रशना) अशेरशच् । उ० २ । ७५ । अशू व्याप्तौ–युच्, टाप् । रशादेशश्च धातोः । जिह्वा–इति शब्दकल्पद्रुमः । रशनाः, अङ्गुलिनाम–निघ० २ । ५ (अग्रभीत्) गृहीतवती (ग्रावा) अ० ३ । १० । ५ । गॄ विज्ञापे–कनिप् । शास्त्रविज्ञापकः । पण्डितः । ग्रावाणः पदनाम–निघ० ५ । ३ (त्वा) (एषः) (अधि) अधिकृत्य (नृत्यतु) अङ्गानि विक्षिपतु ॥

अघ्न्ये ॥ शुद्धा । त्वम् । यज्ञिया । भूत्वा । दिवम् । प्र । इहि । शत-ओदने ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(अघ्न्ये) हे न मारने वाली शक्ति ! [वेदवाणी] (ते) तेरी (प्रोक्षणीः) शोधन शक्तियां [मेरे लिये] (बालाः) बाल [कूची समान] (सन्तु) होवें, [मेरी] (जिह्वा) जीभ (सम्) यथावत् (मार्ष्टु) शुद्ध होवे। (शतौदने) हे सैंकड़ों प्रकार सींचने वाली ! [वेदवाणी] (त्वम्) तू (शुद्धा) शुद्ध और (यज्ञिया) यज्ञ योग्य (भूत्वा) होकर (दिवम्) प्रकाश को (प्र) अच्छे प्रकार (इहि) प्राप्त हो ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य सदा रक्षा और वृद्धि करने हारी वेदवाणी द्वारा सत्य भाषण आदि से शुद्ध हो कर वेदविद्या का प्रकाश करे ॥ ३ ॥

यः शतौदनां पचति कामप्रेण स कल्पते । प्रीता ह्यस्यर्त्विजः सर्वे यन्ति यथायथम् ॥ ४ ॥

यः । शत-ओदनाम् । पचति । काम-प्रेण । सः । कल्पते ॥ प्रीताः । हि । अस्य । ऋत्विजः । सर्वे । यन्ति । यथा-यथम् ॥४

भाषार्थ—(यः) जो [मनुष्य] (शतौदनाम) सैकड़ों प्रकार सींचने वाली [वेदवाणी] को (पचति) पक्का [दृढ़] करता है, (सः] वह (कामप्रेण) कामनायें पूर्ण करने हारे व्यवहार से (कल्पते) समर्थ होता है। (हि)

३—(बालाः) केशाः । कूर्चिका यथा (ते) तव (प्रोक्षणीः) शोधनशक्तयः (सन्तु) (जिह्वा) (सम्) सम्यक् (मार्ष्टु) शुध्यतु (अघ्न्ये) अ० ७ । ३ । ८ । अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । नञ्+हन हिंसागत्योः-यक्, उपधालोपः, टाप् । अघ्न्यः प्रजापतिः । हे अहिंसिके रक्षिके वेदविद्ये (शुद्धा) पवित्रा (त्वम्) (यज्ञिया) यज्ञार्हा (भूत्वा) (दिवम्) प्रकाशम् (प्र) प्रकर्षेण (इहि) प्राप्नुहि (शतौदने) म० १ । शतप्रकारेण सेचिके ॥

४—(यः) (शतौदनाम्) बहुप्रकारसेचिकां वेदवाणीम् (पचति) पक्वां दृढां करोति (कामप्रेण) काम+प्रा पूरणे—क । शुभमनोरथपूरकेण व्यवहारेण (सः) (कल्पते) समर्थो भवति (प्रीताः) सन्तुष्टाः (हि) यस्मात् कारणात् (अस्य) पुरुषस्य (ऋत्विजः) अ० ६ । २ । १ । ऋतु+यजेः

क्योंकि (अस्य) इस [मनुष्य] के (सर्वे) सब (ऋत्विजः) ऋत्विक् लोग [ऋतु ऋतु में यज्ञ करने वाले] (प्रीताः) सन्तुष्ट हो कर (यथायथम्) जैसे का तैसा (यन्ति) पाते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेदविद्या को हृदय में दृढ़ करके व्यवहार करता है, वह अपनी शुभ कामनायें सिद्ध करके सब यज्ञ कर्ताओं को प्रसन्न रखता है ॥४॥

स स्वर्गमा रोहति यत्रादस्त्रिदिवं दिवः । अपूपनाभिं कृत्वा यो ददाति शतौदनाम् ॥ ५ ॥

सः । स्वः-गम् । आ । रोहति । यत्र । अदः । त्रि-दिवम् । दिवः ॥ अपूप-नाभिम् । कृत्वा । यः । ददाति । शत-ओदनाम् ।५

भाषार्थ—(सः) वह [पुरुष] (स्वर्गम्) स्वर्ग [सुख विशेष] को (आ रोहति) ऊंचा होकर पाता है, (यत्र) जहां पर (दिवः) विजय के (अदः) उस (त्रिदिवम्) तीन [आय, व्यय, वृद्धि] के व्यवहार का स्थान है। (यः) जो (शतौदनाम्) सैकड़ों प्रकार सींचने वाली [वेदवाणी] को (अपूपनाभिम्) अक्षीणबन्धु (कृत्वा) बनाकर (ददाति) दान करता है ॥५॥

भावार्थ—जहां पर विद्या के लाभ, दान और वृद्धि का व्यवहार है, और जो मनुष्य पूर्ण हितकारिणी वेदवाणी का प्रचार करते हैं, वे उन्नति करके सुख विशेष पाते हैं ॥ ५ ॥

क्विन्। ऋतौ ऋतौ याजकाः (सर्वे) (यन्ति) प्राप्नुवन्ति (यथायथम्) यथायोग्यम् ॥

५—(सः) पुरुषः (स्वर्गम्) सुखविशेषम् (आरोहति) उन्नत्या प्राप्नोति (यत्र) यस्मिन् स्वर्गे (अदः) तत् । प्रसिद्धम् (त्रिदिवम्) अ० ६ । ५ । १० । त्रि + दिवु व्यवहारे-क । त्रयाणां दिवानामायव्ययवृद्धिव्यवहाराणां स्थानम् (दिवः) दिवु विजिगीषायाम्-डिवि । विजयस्य (अपूपनाभिम्) पानीविषिभ्यः पः । उ० ३ । २३ । नञ् पूयी विशरणे दुर्गन्धे च-पप्रत्ययः, यलोपः नहोभश्च । उ० ४ । १२६ । णह बन्धने-इञ्, नस्य भः । अपूपमविशीर्णम् अक्षीणं नाभिं बन्धुम (कृत्वा) मत्वा (यः) (ददाति) प्रयच्छति (शतौदनाम्) म० १ । बहुप्रकारसेचिकां वेदवाणीम् ॥

स तांल्लोकान्त्समाप्नोति ये दिव्या ये च पार्थिवाः । हिरण्यज्योतिषं कृत्वा यो ददाति शतौदनाम् ॥ ६ ॥

सः । तान् । लोकान् । सम् । आप्नोति । ये । दिव्याः । ये । च । पार्थिवाः ॥ हिरण्य-ज्योतिषम् । कृत्वा । यः । ददाति । शत-ओदनाम् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [मनुष्य] (तान्) उन (लोकान्) दर्शनीय लोगों [जनों] को (सम्) यथावत् (आप्नोति) पाता है, (ये) जो [लोग] (दिव्याः) व्यवहार जानने वाले (च) और (ये) जो (पार्थिवाः) चक्रवर्ती राजा हैं । (यः) जो (शतौदनाम्) सैकड़ों प्रकार सींचने वाली [वेदवाणी] को (हिरण्यज्योतिषम्) सुवर्ण [वा वीर्य अर्थात् पराक्रम] को प्रकाश करने वाली (कृत्वा) करके (ददाति) दान करता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेदद्वारा धनी और पराक्रमी होते हैं, वे व्यवहार कुशल और सार्वभौम राजा बनते हैं ॥ ६ ॥

ये ते देवि शमितारः पक्तारो ये च ते जनाः । ते त्वा सर्वे गोप्स्यन्ति मैभ्यो भैषीः शतौदने ॥ ७ ॥

ये । ते । देवि । शमितारः । पक्तारः । ये । च । ते । जनाः ॥ ते । त्वा । सर्वे । गोप्स्यन्ति । मा । एभ्यः । भैषीः । शत-ओदने ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(देवि) हे देवी ! [विजयिनी वेदवाणी] (ये) जो (ते)

६—(सः) (तान्) प्रसिद्धान् (लोकान्) दर्शनीयान् जनान् (सम्) सम्यक् (आप्नोति) प्राप्नोति (ये) जनाः (दिव्याः) दिवु व्यवहारे-यत् । व्यवहारकुशलाः (ये) (च) (पार्थिवाः) सर्वभूमिपृथिवीभ्यामणञौ । पा० ५ । १ । ४१ । पृथिवी-अञ् । सार्वभौमाः । चक्रवर्तिनः (हिरण्यज्योतिषम्) हिरण्यस्य सुवर्णस्य वीर्यस्य पराक्रमस्य वा ज्योतिः प्रकाशो यया ताम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

७—(ये) (ते) तव (देवि) हे विजयिनि वेदवाणि (शमितारः) श०

तेरे (शमितारः) विचारने वाले (च) और (ये जनाः) जो जन (ते) तेरे (पक्तारः) पक्के [निश्चय] करने वाले हैं। (ते सर्वे) वे सब (त्वा) तेरी (गोप्स्यन्ति) रक्षा करेंगे, (शतौदने) हे सैकड़ों प्रकार सींचने वाली वेदवाणी (एभ्यः) इन [शत्रुओं] से (मा भैषीः) मत भय कर ॥ ७ ॥

भावार्थ—विचारवान् और दृढ़ विश्वासी पुरुष वेदविद्या की रक्षा करके शत्रुओं से निर्भय रहते हैं ॥ ७ ॥

वसवस्त्वा दक्षिणत उत्तरान्मरुतस्त्वा। आदित्याः पश्चाद् गोप्स्यन्ति साग्निष्टोममति द्रव ॥ ८ ॥

वसवः। त्वा। दक्षिणतः। उत्तरात्। मरुतः। त्वा ॥ आदित्याः। पश्चात्। गोप्स्यन्ति। सा। अग्नि-स्तोमम्। अति। द्रव ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(वसवः) श्रेष्ठ पुरुष (त्वा) तुझ को (दक्षिणतः) दाहिनी ओर से, (मरुतः) शूर पुरुष (त्वा) तुझ को (उत्तरात्) ऊंचे वा बायें स्थान से, (आदित्याः) आदित्य [अखण्ड ब्रह्मचारी लोग] (पश्चात्) पीछे से (गोप्स्यन्ति) बचावेंगे, (सा) सो तू (अग्निष्टोमम्) सर्वव्यापक परमात्मा की स्तुति को (अति) अत्यन्त करके (द्रव) शीघ्र प्राप्त हो [ग्रहणकर] ॥ ८ ॥

भावार्थ—सब विद्वान् शूरवीर पुरुष वेद की रक्षा करें जिससे ईश्वर के गुणों का अत्यन्त प्रकाश हो ॥ ८ ॥

९।५।५। शम आलोचने-तृच्। विचारवन्तः (पक्तारः) पक्वकारकाः। निश्चयकारकाः (ये) (च) (ते) (जनाः) मनुष्याः (ते) (त्वा) (सर्वे) (गोप्स्यन्ति) रक्षिष्यन्ति (एभ्यः) शत्रुभ्यः (मा भैषीः) भयं मा प्राप्नुहि (शतौदने) अन्यत् पूर्ववत्-म० १ ॥

८—(वसवः) श्रेष्ठाः पुरुषाः (त्वा) (दक्षिणतः) दक्षिणहस्तस्थितदेशात् (उत्तरात्) उच्चस्थानात्। वामदेशात् (मरुतः) अ० १।२०।१। शूरवीराः (त्वा) (आदित्याः) अ० १।९।१। अ+दिति-ण्य। अखण्डव्रता ब्रह्मचारिणः (पश्चात्) (गोप्स्यन्ति) (सा) सा त्वम् (अग्निष्टोमम्) अग्नेः सर्वव्यापकस्य परमेश्वरस्य स्तुतिम् (अति) अत्यन्तम् (द्रव) शीघ्रं प्राप्नुहि ॥

दे॒वाः पि॒तरो॑ मनु॒ष्या॑ गन्धर्वाप्स॒रस॑श्च॒ ये ।
ते त्वा॒ सर्वे॑ गोप्स्यन्ति॒ साति॑रात्रमति॑ द्रव ॥ ९ ॥

दे॒वाः । पि॒तरः॑ । म॒नु॒ष्याः॑ । ग॒न्ध॒र्व॒-अ॒प्स॒रसः॑ । च॒ । ये ॥ ते । त्वा॒ । सर्वे॑ । गो॒प्स्य॒न्ति॒ । सा । अ॒ति॒-रा॒त्रम् । अति॑ । द्र॒व ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(देवाः) विजय चाहने वाले, (पितरः) पालन करने वाले (मनुष्याः) मनन करने वाले (च) और (ये) जो (गन्धर्वाप्सरसः) गन्धर्व [पृथिवी धारण करनेवाले] और अप्सर लोग [आकाश में विमान आदि से चलने वाले, विवेकी लोग] हैं । (ते सर्वे) वे सब (त्वा) तेरी (गोप्स्यन्ति) रक्षा करेंगे, (सा) सो तू (अतिरात्रम्) उत्कृष्ट दान क्रिया को (अति) उत्तमरीति से (द्रव) शीघ्र प्राप्त हो [ग्रहण कर] ॥ ९ ॥

भावार्थ—विद्वान् सर्वोपकारी विवेकी जन वेद की रक्षा करके अत्यन्त दानशील होते हैं ॥ ९ ॥

अ॒न्तरि॑क्षं॒ दिवं॒ भूमि॑मादि॒त्यान् म॒रुतो॒ दिशः॑ । लो॒कान्त्स सर्वा॑नाप्नोति॒ यो ददा॑ति श॒तौद॑नाम् ॥ १० ॥ (३०)

अ॒न्तरि॑क्षम् । दिव॑म् । भूमि॑म् । आ॒दि॒त्यान् । म॒रुतः॑ । दिशः॑ ॥ लो॒कान् । सः । सर्वा॑न् । आ॒प्नो॒ति॒ । यः । ददा॑ति । श॒त-ओ॒द॒नाम् ॥ १० ॥ (३०)

भाषार्थ—(सः) वह [मनुष्य] (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष, (दिवम्)

९—(देवाः) विजिगीषवः (पितरः) पालकाः (मनुष्याः) मननशीलाः (गन्धर्वाप्सरसः) अ० २ । १ । २ ; ४ । ३७ । २ । गो + धृञ् धारणे-वप्रत्ययः, गमादेशः + अप् + सृ गतौ—असि । गां पृथिवीं धरन्तीति गन्धर्वास्ते, अप्सु आकाशे विमानादिना सरन्तीति अप्सरसः ते च पुरुषाः (च) (ये) (सा) सा त्वम् (अतिरात्रम्) राशदिभ्यां त्रिप् । उ० ४ । ६७ । रा दाने—त्रिप् । अहःसर्वैकदेश० । पा० ५ । ४ । ८७ । अच् । अति उत्कृष्टां रात्रिं दानक्रियाम् (अति) उत्कर्षेण (द्रव) शीघ्रं प्राप्नुहि ॥

१०—(अन्तरिक्षम्) (दिवम्) सूर्यलोकम् (भूमिम्) (आदित्यान्)

सूर्य लोक, (भूमिम्) भूमि, (आदित्यान्) अखण्डब्रह्मचारियों, (मरुतः) शूरों, (दिशः) आदेष्टाओं [शासकों], [अर्थात्] (सर्वान्) सब (लोकान्) दर्शनीय जनों को (आप्नोति) पाता है, (यः) जो (शतौदनाम्) सैकड़ों प्रकार सींचने वाली [वेदवाणी] का (ददाति) दान करता है ॥ १० ॥

भावार्थ—सर्वहितकारिणी वेदविद्या के प्रचार से मनुष्य ज्ञान और यान विमान आदि द्वारा नीचे, ऊपर और मध्य लोक में गति करके उत्तम उत्तम पुरुषों के सङ्ग से अति आनन्द पाता है ॥ १० ॥

घृतं प्रोक्षन्ती सुभगा देवी देवान् गमिष्यति । पक्तारमघ्न्ये मा हिंसीर्दिवं प्रेहि शतौदने ॥ ११ ॥

घृतम् । प्र-उक्षन्ती । सु-भगा । देवी । देवान् । गमिष्यति ॥ पक्तारम् । अघ्न्ये । मा । हिंसीः । दिवम् । प्र । इहि । शत-ओदने ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(घृतम्) घृत [तत्त्व पदार्थ] (प्रोक्षन्ती) सींचती हुयी, (सुभगा) बड़े ऐश्वर्य वाली (देवी) देवी [विजयिनी वेदवाणी] (देवान्) विद्वानों को (गमिष्यति) पहुंचेगी । (अघ्न्ये) हे न मारनेवाली ! [वेदवाणी] (पक्तारम्) [अपने] पक्के [दृढ़] करने वाले को (मा हिंसीः) मत मार, (शतौदने) हे सैकड़ों प्रकार सींचने वाली ! (दिवम्) प्रकाश को (प्र) अच्छे प्रकार (इहि) प्राप्त हो ॥ ११ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग वेद विद्या के तत्त्व को जानकर पुरुषार्थी होकर शुभ मनोरथ सिद्ध करें ॥ ११ ॥

म० ८ । अखण्डव्रतान् ब्रह्मचारिणः (मरुतः) म० ८ । शूरान् । देवान् (दिशः) दिश दाने आज्ञापने च-क्विप् । आदेष्टॄन् । शासकान् (लोकान्) जनान् (सर्वान्) (आप्नोति) प्राप्नोति । अन्यत् पूर्ववत्—म० ५ ॥

११—(घृतम्) सारपदार्थम् (प्रोक्षन्ती) प्रकर्षेण सिञ्चन्ती (सुभगा) परमैश्वर्यवती (देवी) विजयिनी वेदविद्या) देवान्) विदुषः पुरुषान् (गमिष्यति) प्राप्स्यति (पक्तारम्) दृढकारकम् (अघ्न्ये) म० ३ । हे अहिंसिके (मा हिंसीः) मा नाशय । अन्यत् पूर्ववत्–म० ३ ॥

ये देवा दिविषदो अन्तरिक्षसदश्च ये ये चेमे भूम्यामधि ।
तेभ्यस्त्वं धुक्ष्व सर्वदा क्षीरं सर्पिरथो मधु ॥ १२ ॥

ये । देवाः । दिवि-सदः । अन्तरिक्ष-सदः । च । ये । ये । च । इमे । भूम्याम् । अधि ॥ तेभ्यः । त्वम् । धुक्ष्व । सर्वदा । क्षीरम् । सर्पिः । अथो इति । मधु ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(ये) जो (देवाः) दिव्य गुण (दिविषदः) सूर्य में वर्तमान (च) और (ये) जो (अन्तरिक्षसदः) अन्तरिक्ष में व्याप्ति वाले (च] और (ये) जो (इमे) यह (भूम्याम् अधि) भूमि पर हैं। (त्वम्) तू (तेभ्यः) उन सब से (सर्वदा) सर्वदा (क्षीरम्) दूध (सर्पिः) घी (अथो) और भी (मधु) मधुविद्या [ब्रह्मज्ञान] (धुक्ष्व) भरपूर कर ॥

भावार्थ—मनुष्य वेद द्वारा संसार के सब पदार्थों से यथावत् उपकार लेकर दुग्ध, घृत आदि पदार्थ शरीर पुष्टि के लिये और ब्रह्मज्ञान, आत्मतुष्टि के लिये सदा प्राप्त करें ॥ १२ ॥

यत् ते शिरो यत् ते मुखं यौ कर्णौ ये च ते हनू ।
आमिक्षां दुहृतां दात्रे क्षीरं सर्पिरथो मधु ॥ १३ ॥

यत् । ते । शिरः । यत् । ते । मुखम् । यौ । कर्णौ । ये इति । च । ते । हनू इति ॥ आमिक्षाम् । दुहृताम् । दात्रे । क्षीरम् । ० ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो (ते) तेरा (शिरः) शिर, (यत्) जो (ते)

१२—(ये) (देवाः) दिव्यगुणाः (दिविषदः) सूर्ये स्थिताः (अन्तरिक्षसदः) अन्तरिक्षे वर्तमानाः (च) (ये) (ये) (च) (इमे) (भूम्याम्) (अधि) उपरि (तेभ्यः) देवेभ्यः सकाशात् (त्वम्) (धुक्ष्व) दुग्धि । प्रपूरय (सर्वदा) (क्षीरम्) दुग्धम् (सर्पिः) घृतम् (अथो) अपि च (मधु) मधुज्ञानम् । ब्रह्मविद्याम् ॥

१३—(हनू) अ० १ । २१ । ३ । कपोलद्वयोपरिमुखभागौ (आमिक्षाम्)

तेरा (मुखम्) मुख, (यौ) जो (कर्णौ) दो कान, (च) और (ये) जो (ते) तेरे (हनू) दो जावड़े हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा [पकाये उष्ण दूध में दही मिलाने से उत्पन्न वस्तु], (क्षीरम्) दूध, (सर्पिः) घी (अथो) और भी (मधु) मधु ज्ञान [ब्रह्मविद्या] (दात्रे) दाता को (दुहताम्) भरपूर करें ॥ १३ ॥

भावार्थ—यहां से मन्त्र २४ तक वेद वाणी को गौ आदि के समान आकार वाली मानकर वर्णन है। तात्पर्य्य यह है कि जैसे शरीर के अङ्ग प्राणियों के लिये अनेक प्रकार उपकारी बने हैं, वैसेही वेदवाणी से अनेक उपकार लेकर मनुष्य शारीरिक और आत्मिक पुष्टि करें ॥ १३ ॥

यौ तु ओष्ठौ ये नासिके ये शृङ्गे ये च तेऽक्षिणी । आमिक्षां० १४

यौ । ते । ओष्ठौ । ये इति । नासिके इति । ये इति । शृङ्गे इति । ये इति । च । ते । अक्षिणी इति ॥० ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(यौ) जो (ते) तेरे (ओष्ठौ) दो ओठ, (ये) जो (नासिके) दो नथने, (ये) जो (शृङ्गे) दो सींग (च) और (ये) जो (ते) तेरे तेरी (अक्षिणी) दो आंखें हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा…म० १३ ॥ १४ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १४ ॥

यत् ते क्लोमा यद्धृदयं पुरीतत् सहकण्ठिका । आमिक्षां० ।१५।

यत् । ते । क्लोमा । यत् । हृदयम् । पुरि-तत् । सह-कण्ठिका ॥०१५

भाषार्थ—(यत्) जो (ते) तेरा (क्लोमा) फेफड़ा, (यत्) जो (हृदयम्) हृदय और (सहकण्ठिका) कण्ठ के सहित (पुरीतत्) पुरीतत् [शरीर को फैलाने वाली सूक्ष्म आंत] है। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा…… म० १३ ॥ १५ ॥

अ० ६ । ४ । ४ । आङ्+मिष सेचने-सक् । पक्वोष्णक्षीरे दध्ना कृतं द्रव्यम् (दुहताम्) अ० ७ । ८२ । ६ । दुहताम् । प्रपूरयन्तु (दात्रे) दानशीलाय । अन्यत् स्पष्टं गतं च-म० १२ ॥

१४—(अक्षिणी) नेत्रे । अन्यत् स्पष्टम् ॥

१५—(क्लोमा) अ० २ । ३३ । ३ । फुप्फुसम् (पुरीतत्) अ० ६ । ७ । ११ । पुरिं शरीरं तनोतीति । सूक्ष्मान्तरम् (सहकण्ठिका) कण्ठेन सहिता । अन्यत् स्पष्टं गतं च ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १५ ॥

यत् ते॑ य॒कृद् ये म॑त॒स्ने यदा॒न्त्रं याश्च॑ ते गु॒दाः। आमिक्षां०१६

यत् । ते॒ । य॒कृत् । ये इति॑ । म॒त॑स्ने॒ इति॑ । यत् । आ॒न्त्रम् ।

याः । च॒ । ते॒ । गु॒दाः ॥ ० ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो (ते) तेरा (यकृत्) कलेजा, (ये) जो (मतस्ने) दो मतस्ने [गुर्दे], (यत्) जो (आन्त्रम्) आंत (च) और (याः) जो (ते) तेरी (गुदाः) गुदा [मल त्याग नाड़ियां] हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा ......म० १३ ॥ १६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १६ ॥

यस्ते॑ प्ला॒शिर्यो व॑नि॒ष्ठुर्यौ कु॒क्षी यच्च॒ चर्म॑ ते। आमिक्षां०॥१७॥

यः । ते॒ । प्ला॒शिः । यः । व॒नि॒ष्ठुः । यौ । कु॒क्षी इति॑ । यत् ।

च॒ । चर्म॑ । ते॒ ॥ ० ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (ते) तेरी (प्लाशिः) प्लाशि [अन्न की आधार आंत], (यः) जो (वनिष्ठुः) वनिष्ठु [अन्न, रक्त आदि बांटने वाली आंत], (यौ) जो (कुक्षी) दो कोखें (च) और (यत्) जो (ते) तेरा (चर्म) चर्म है। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा......म० १३ ॥ १७ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १७ ॥

यत् ते॑ म॒ज्जा यद॒स्थि यन्मां॒सं यच्च॒ लोहि॑तम् । आमिक्षां०।१८

१६—(यकृत्) अ० ६। ७। ११। कालखण्डम् (मतस्ने) अ० २। ३३। ३। ग्रीवाधस्ताद्भागस्थितहृदयोभयपार्श्वस्थे अस्थिनी (आन्त्रम्) अ० २। ३३। ४। उदरनाडीविशेषः (गुदाः) अ० २। ३३। ४। मलत्यागनाड्यः। अन्यत् स्पष्टम् ॥

१७—(प्लाशिः) अ० ६। ७। १२। अन्नाधार आन्त्रविशेषः (वनिष्ठुः) अ० ६। ७। १२। अन्नरक्तादिसंभाजकं स्थूलान्त्रम् (कुक्षी) उदरपार्श्वौ। अन्यत् स्पष्टम् ॥

यत् । ते । मुज्जा । यत् । अस्थि । यत् । मांसम् । यत् । च । लोहितम् । ॥ ० ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो (ते) तेरी (मज्जा) मज्जा [हड्डी की मींग] (यत्) जो (अस्थि) हड्डी, (यत्) जो (मांसम्) मांस (च) और (यत्) जो (लोहितम्) रक्त है। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा......मन्त्र १३ ॥ १८ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १८ ॥

यौ ते बाहू ये दोषणी यावंसौ या चं ते ककुत् । आमिक्षां०॥१९

यौ । ते । बाहू इति । ये इति । दोषणी इति । यौ । अंसौ । या । च । ते । ककुत् ॥ ० ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(यौ) जो (ते) तेरी (बाहू) दो भुजायें (ये), जो (दोषणी) दो भुजदण्ड, (यौ) जो (अंसौ) दो कन्धे (च) और (या) जो (ते) तेरा (ककुत्) कूवर [कुब्ब] है। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा......मन्त्र १३ ॥ १९ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ १९ ॥

यास्ते ग्रीवा ये स्कन्धा याः पृष्टीर्याश्च पर्शवः । आमिक्षां०॥२०॥(३१)

याः । ते । ग्रीवाः । ये । स्कन्धाः । याः । पृष्टीः । याः । च । पर्शवः ॥ ० ॥ २० ॥ (३१)

भाषार्थ—(याः) जो (ते) तेरी (ग्रीवाः) गले की नाड़ियां, (ये) जो (स्कन्धाः) कन्धे की हड्डियां, (याः) जो (पृष्टीः) छोटी पसलियां (च)

१८—(मज्जा) अ० १ । ११ । ४ । छान्दसो दीर्घः । अस्थिमध्यस्थस्नेहः । अन्यत् स्पष्टम् ॥

१९—(दोषणी) अ० ६ । ७ । ७ । भुजदण्डौ (ककुत्) अ० ३ । ४ । २ । वृषादिस्कन्धपृष्ठस्थ मांसपिण्डः । अन्यत् स्पष्टम् ॥

२०—(ग्रीवाः) कण्ठस्थनाड्यः (स्कन्धाः) स्कन्धास्थीनि (पृष्टीः) अ०

और (याः) जो (पर्शवः) बड़ी पसलियां हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा ......म० १३ ॥ २० ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ २० ॥

यौ ते॑ ऊ॒रू अ॑ष्ठी॒वन्तौ॒ ये श्रोणी॒ या च॑ ते भ॒सत्। आ॒मिक्षां॰॥२१

यौ। ते॒। ऊ॒रू इति॑। अ॒ष्ठी॒वन्तौ॑। ये इति॑। श्रोणी॒ इति॑। या। च॒। ते॒। भ॒सत् ॥ ० ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(यौ) जो (ते) तेरे (ऊरू) दो घुटने और (अष्ठीवन्तौ) घुटनों के दो जोड़, (ये) जो (श्रोणी) दो कूल्हे (च) और (या) जो (ते) तेरा (भसत्) पेडू है। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा.. ...म० १३ ॥ २१ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ २१ ॥

यत् ते॒ पुच्छं॒ ये ते॒ बाला॒ यदूधो॒ ये च॑ ते॒ स्तनाः। आ॒मिक्षां॰॥२२

यत्। ते। पुच्छम्। ये। ते॒। बालाः। यत्। ऊधः। ये। च॒। ते॒। स्तनाः ॥ ० ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो (ते) तेरी (पुच्छम्) पूंछ, (ये) जो (ते) तेरे (बालाः) बाल, (यत्) जो (ऊधः) मेड़ [दूध का छिद्रस्थान] (च) और (ये) जो (ते) तेरे (स्तनाः) स्तन [दूध के आधार] हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा.........म० १३ ॥ २२ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ २२ ॥

यास्ते॒ जङ्घा॒ याः कु॑ष्ठिका॑ ऋ॒च्छरा॒ ये च॑ ते श॒फाः। आ॒मिक्षां॰२३

६। ७। ६। पार्श्वास्थीनि (पर्शवः) अ० ६। ७। ६। पार्श्वाधःस्थास्थीनि। अन्यत् स्पष्टम् ॥

२१—(ऊरू) जानुनी (अष्ठीवन्तौ) अ० २। ३३। ५। जानुसंयोगास्थिनी (श्रोणी) कटिदेशौ (भसत्) नाभितलभागः। अन्यत् स्पष्टम् ॥

२२—(पुच्छम्) लाङ्गूलम् (बालाः केशाः (ऊधः) दुग्धच्छिद्रस्थानम् (स्तनाः) दुग्धाधाराः। अन्यत् स्पष्टम् ॥

याः । ते॒ । जङ्घाः । याः । कु॒ष्ठिकाः । ऋ॒च्छराः । ये । च॒ । ते॒ । श॒फाः ॥ ० ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(याः) जो (ते) तेरी (जङ्घाः) जङ्घायें, (याः) जो (कुष्ठिकाः) कुष्ठिकायें [नख अङ्गुली आदि बाहिरी अङ्ग] और (ऋच्छराः) ऋच्छरायें [खुरों के ऊपर के भाग] (च) और (ये) जो (ते) तेरे (शफाः) खुर हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा......म० १३ ॥ २३ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ २३ ॥

यत् ते॒ चर्म॑ शतौदने॒ यानि॒ लोमा॑न्यघ्न्ये । आ॒मिक्षां॑ दुहतां॑ दा॒त्रे क्षी॒रं स॒र्पिरथो॒ मधु॑ ॥ २४ ॥

यत् । ते॒ । चर्म॑ । श॒त-ओ॒द॒ने॒ । यानि॑ । लोमा॑नि । अ॒घ्न्ये॒ । आ॒मिक्षा॑म् । दु॒ह॒ता॒म् । दा॒त्रे । क्षी॒रम् । स॒र्पिः॒ । अथो॒ इति॑ । मधु॑ ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(शतौदने) हे सैकड़ों प्रकार सींचने वाली ! और (अघ्न्ये) हे न मारनेवाली ! [वेदवाणी] (यत्) जो (ते) तेरा (चर्म) चर्म और (यानि) जो (लोमानि) लोम हैं। वे सब (आमिक्षाम्) आमिक्षा [पकाये उष्ण दूध में दही मिलाने से उत्पन्न वस्तु], (क्षीरम्) दूध, (सर्पिः) घी (अथो) और भी (मधु) मधुज्ञान [ब्रह्मविद्या] (दात्रे) दाता को (दुहताम्) भरपूर करें ॥ २४ ॥

भावार्थ—मन्त्र १३ के समान है ॥ २४ ॥

क्रोडौ ते॑ स्तां पुरोडा॒शावाज्ये॑ना॒भिघा॑रितौ । तौ प॒क्षौ दे॑वि

२३—(जङ्घाः) अ० ६ । ७ । १० । गुल्फजान्वोरन्तराले अवयवाः (कुष्ठिकाः) अ० ६ । ४ । १६ । नखाङ्गुल्यादिबहिर्भूता अवयवाः (ऋच्छराः) ऋच्छेररः । उ० ३ । १३१ । ऋच्छ गतौ—अर । खुरोपरिस्थभागाः (शफाः) खुराः । अन्यत् स्पष्टम् ॥

२४—(शतौदने) म० १ । हे बहुप्रकारसेचनशीले (अघ्न्ये) म० ३ । हे अहिंसिके वेदवाणि । अन्यद् गतम्—म० १३ स्पष्टं च ॥

कृत्वा स्वा प्रक्कारं दिवं वह ॥ २५ ॥

क्रोडौ । ते । स्ताम् । पुरोडाशौ । आज्येन । अभि-घारितौ ॥ तौ । पक्षौ । देवि । कृत्वा । सा । पक्कारम् । दिवम् । वह ॥ २५

भाषार्थ—(ते) तेरी (क्रोडौ) दो गोदें (आज्येन) घी से (अभिघारितौ) चुपड़ी हुई (पुरोडाशौ) दो रोटियां [मुनि अन्न की पवित्र रोटियां] (स्ताम्) होवें । (देवि) हे देवी ! [विजयिनी वेदविद्या] (सा) सो तू (तौ) उन दोनों [गोदों] को (पक्षौ) दो पंख (कृत्वा) बनाकर (पक्कारम्) अपने पक्के [दृढ़] करने वाले को (दिवम्) प्रकाश में (वह) पहुंचा दे ॥ २५॥

भावार्थ - मनुष्य वेदवाणी के एक विद्यादायक और दूसरे पुरुषार्थ वर्धक गुणों को शीघ्र प्राप्त करके आत्मा को प्रकाश युक्त करे, जैसे बालक माता की दोनों गोदों में रहकर दुग्ध आदि से शीघ्र पुष्ट होता हुआ उत्तम मार्ग पर चलता है ॥ २५ ॥

उलूखले मुसले यश्च चर्मणि यो वा शूर्पे तण्डुलः कणः । यं वा वातो मातरिश्वा पवमानो ममाथाग्निष्टद्धोता सुहुतं कृणोतु २६

उलूखले । मुसले । यः । च । चर्मणि । यः । वा । शूर्पे । तण्डुलः कणः । यम् । वा । वातः । मातरिश्वा । पवमानः । ममाथ । अग्निः । तत् । होता । सु-हुतम् । कृणोतु ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (तण्डुलः) चावल [वा] (कणः) कनी [चावल का टुकड़ा] (उलूखले) ओखली में, (मुसले) मूसल में (च) और

२५—(क्रोडौ) क्रुड बाल्ये, निमज्जने भक्षणे च—घञ् । अङ्कौ (ते) तव (स्ताम्) भवताम् (पुरोडाशौ) अ० ९ । ६ । (१) । १२ । मुन्यन्नरोटिकाविशेषौ (आज्येन) घृतेन (अभिघारितौ) घृ क्षरणे—णिच्—क्त । सर्वतः स्निग्धौ (तौ) क्रोडौ (पक्षौ) पक्षिणां पतत्रौ (देवि) हे विजयिनि (कृत्वा) (सा) स त्वम् (प्रक्कारम्) पक्वकारकं दृढकारकम् (दिवम्) प्रकाशं प्रति (वह) नय ॥

२६—(उलूखले) अ० ९ । ६ (१) । १५ । धान्यादिकण्डनसाधने (मुसले) अ० ६ (१) । १५ । धान्यादिखण्डनसाधने (चर्मणि) आजनं

(चर्मणि) चर्म [मृग छाला वा बाघम्बर] में (वा) अथवा (यः) जो (शूर्पे) सूप में है। (वा) अथवा (यम्) जिसको (मातरिश्वा) आकाश में चलने वाले (पवमानः) शोधने वाले (वातः) वायु ने (ममाथ) मथा था, (होता) दाता (अग्निः) सर्वव्यापक परमेश्वर (तत्) उस को (सुहुतम्) धार्मिक रीति से स्वीकार किया हुआ (कृणोतु) करे ॥ २६ ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्य अन्न को एक एक बीज करके अनेक प्रकार कूट फटककर उपयोगी बनाते हैं, वैसे ही मनुष्य वेदवाणी को ब्रह्मचर्य आदि अनेक तप से प्राप्त करके परमेश्वर के आश्रय से संसार में उपकारी बनें ॥ २६ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम पाद अथर्व० ६ । ७१ । २ । में आचुका है ॥

अ॒पो दे॒वीर्मधु॑मतीर्घृत॒श्चुतो॑ ब्र॒ह्मणां॒ हस्ते॑षु प्रपृ॒थक् सा॑दयामि । यत्का॑म इ॒दम॑भिषि॒ञ्चामि॑ वो॒ऽहं तन्मे॒ सर्वं॒ सं प॑द्यतां व॒यं स्या॑म॒ पत॑यो रयी॒णाम् ॥ २७ ॥ (३२)

अ॒पः । दे॒वीः । मधु॑-मतीः । घृ॒त॒-श्चुतः॑ । ब्र॒ह्मणा॑म् । हस्ते॑षु । प्र-पृ॒थक् । सा॒द॒या॒मि॒ ॥ यत्-का॑मः । इ॒दम् । अ॒भि॒षि॒ञ्चामि॑ । वः॒ । अ॒हम् । यत् । मे॒ । सर्व॑म् । सम् । प॒द्य॒ता॒म् । व॒यम् । स्या॒म॒ । पत॑यः । र॒यी॒णाम् ॥ २७ ॥ (३२)

भाषार्थ—(देवीः) देवी [विजयिनी] (मधुमतीः) श्रेष्ठ मधुविद्या

चर्म कृत्तिः स्त्री—इत्यमरः १७ । ४७ । अजिने । मृगचर्मणि । व्याघ्रचर्मणि (शूर्पे) अ० ८ । ६ (१) । १६ । धान्यस्फोटकयन्त्रे (तण्डुलः) स्थानसिवर्णासिपर्णसितण्डुला० । उ० ४ । १७ । तडि आघाते—उलच् । यद्वा, कृञ्लुटितनिलाडिभ्य उलच् तण्डश्च । उ० ५ । ९ । कृञादिभ्यः—उलच्, सर्वेषां तण्डादेशश्च । तुषरहितो व्रीहिः (कणः) धान्यादेरतिसूक्ष्मांशः (यम्) (वा) (वातः) वायुः (मातरिश्वा) अ० ५ । १० । ८ । आकाशगमनः (पवमानः) संशोधकः (ममाथ) मथितवान् (अग्निः) सर्वव्यापकः परमेश्वरः (तत्) (होता) दाता (सुहुतम्) सुष्ठु स्वीकृतम् (कृणोतु) करोतु ॥

२७—(अपः) व्यापनशीला वेदविद्याः (देवीः) विजयिनीः (मधुमतीः)

[ब्रह्मज्ञान] वाली, (घृतश्चुतः) घृत [सारतत्त्व] बरसाने वाली (अपः) व्यापनशील [वेदवाणियों] को (ब्रह्मणाम्) ब्रह्माओं [वेदवेत्ताओं] के (हस्तेषु) हाथों में (प्रपृथक्) नाना प्रकार से (सादयामि) मैं रखता हूं। [हे विद्वानो !] (यत्कामः) जिस उत्तम कामना वाला (अहम्) मैं (इदम्) इस समय (वः) तुम्हारा (अभिषिञ्चामि) अभिषेक करता हूं, (तत् सर्वम्) वह सब (मे) मेरे लिये (सम् पद्यताम्) सम्पन्न हो, (वयम्) हम (रयीणाम्) अनेक धनों के (पतयः) स्वामी (स्याम) होवें ॥ २७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को उचित है कि सर्वगुणसम्पन्न वेदविद्या को विद्वानों के साथ विचार कर उत्तम शिक्षा प्राप्त करें, जिस से सब लोग विद्याधन और सुवर्ण आदि धन पाकर आनन्द भोगें ॥ २७ ॥

इस मन्त्र के पाद दो और तीन अथर्व ६ । १२२ , ५ । में आये हैं ॥

सूक्तम् १० ॥

१—३४ ॥ वशा देवता ॥ १, २, ३, ६, ७, ८, ११–२२, २५, २८, ३०, ३१, ३३ अनुष्टुप्; ४, ९ निचृदनुष्टुप्; ५, २३ आर्षी बृहती; १०, २७ विराडनुष्टुप्; २४, ३२ स्वराडनुष्टुप्, २६ विराट् पङ्क्तिः; २९ त्रिपदा विराड् गायत्री ३४ भुरिगनुष्टुप् ॥

ईश्वरशक्तिमहिमोपदेशः—ईश्वर शक्ति की महिमा का उपदेश ॥

नम॑स्ते जाय॑मानायै जा॒तायां उ॒त ते॒ नमः॑ । बाले॑भ्यः श॒फे॑भ्यो॑ रू॒पाया॑घ्न्ये ते॒ नमः॑ ॥ १ ॥

नमः॑ । ते॒ । जाय॑मानायै । जा॒तायै॑ । उ॒त । ते॒ । नमः॑ ॥ बाले॑भ्यः । श॒फेभ्यः॑ । रू॒पाय॑ । अ॒घ्न्ये॒ । ते॒ । नमः॑ ॥ १ ॥

ब्रह्मज्ञानेन युक्ताः (घृतश्चुतः) अ० ३ । ३३ । ४ । सारतत्त्वस्राविणीः (ब्रह्मणाम्) वेदज्ञानाम् (हस्तेषु) (प्रपृथक्) अ० ६ । १२२ । ५ । नानाप्रकारेण (सादयामि) स्थापयामि (यत्कामः] यत्पदार्थं कामयमानः (इदम्) इदानीम् (अभिषिञ्चामि) अभिषिक्तान् करोमि (वः) युष्मान् (अहम्) (तत्) (मे) मह्यम् (सर्वम्) (सम् पद्यताम्) सम्पन्नं साधितं भवतु (वयम्) (स्याम) (पतयः) स्वामिनः (रयीणाम्) नानाधनानाम् ॥

भाषार्थ—(ते जायमानायै) तुझ प्रकट होती हुई को (नमः) नमस्कार (उत) और (ते जातायै) तुझ प्रकट हो चुकी को (नमः) नमस्कार है। (अघ्न्ये) हे न मारने वाली [परमेश्वर शक्ति !] (वालेभ्यः) बलों के लिये और (शफेभ्यः) शान्ति व्यवहारों के लिये (ते) तेरे (रूपाय) स्वरूप [फैलाव] को (नमः) नमस्कार है ॥ १ ॥

भावार्थ--परमेश्वर के जिन गुणों को बुद्धिमान् लोग जानते जाते हैं और जिनको जान चुके हैं, विवेकी जन उन अद्भुत गुणों को साक्षात् करके बल वृद्धि और शान्ति प्रचार के लिये परमेश्वर को सदा नमस्कार करें ॥ १० ॥

यो विद्यात् सप्त प्रवतः सप्त विद्यात् परावतः। शिरो यज्ञस्य यो विद्यात् स वशां प्रति गृह्णीयात् ॥ २ ॥

यः। विद्यात्। सप्त। प्र-वतः। सप्त। विद्यात्। परा-वतः ॥ शिरः। यज्ञस्य। यः। विद्यात्। सः। वशाम्। प्रति। गृह्णीयात् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [विद्वान्] (सप्त) सात [२ हाथ, २ पांव, १ पायु, १ उपस्थ और १ उदर] (प्रवतः) उत्तम गति वाले [लोकों] को (विद्यात्) जाने, और (सप्त) सात [२ कान, २ नथने, २ आखें और १ मुख] (परावतः) दूर गति वाले [लोकों] को (विद्यात्) जान जावे। (यः) जो

१—(नमः) सत्कारः (ते) तुभ्यम् (जायमानायै) उत्पद्यमानायै (जातायै) पूर्वकालात् प्रसिद्धायै (उत) अपि (वालेभ्यः) वल प्राणने धान्यावरोधने च-घञ्। नानाबलेभ्यः (शफेभ्यः) अ० ६। ७। १०। शम शान्तौ—अच्, मस्य फः। शान्तिव्यवहाराणां सिद्धये (रूपाय) स्वरूपाय। विस्ताराय (अघ्न्ये) अ० १०। ६। ३। नञ्+हन हिंसागत्योः—यक्, टाप्। हे अहिंसिके रक्षिके। परमेश्वरशक्ते। अन्यद् गतम् ॥

२—(यः) विद्वान् (विद्यात्) जानीयात् (सप्त) हस्तपादद्वयपायूपस्थोदररूपान् (प्रवतः) अ० ३। १। ४। प्र-वति धात्वर्थे साधने। प्रकृष्टगतीन् लोकान् (सप्त) कर्णनासिकाचक्षुर्द्वयमुखरूपान् (परावतः) अ० ३। ४। ५। परा--वति धात्वर्थे साधने। दूरगतीन् देशान् (शिरः) प्रधानः स्यात्मेत्यर्थः (य-

(यज्ञस्य) यज्ञ [श्रेष्ठकर्म] के (शिरः) शिर [प्रधान अपने आत्मा] को (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह [पुरुष] (वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (प्रति) प्रतीति से (गृह्णीयात्) ग्रहण करे ॥ २ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य अपने शरीर के सात नीचे और सात ऊंचे, चौदह लोकों अर्थात् इन्द्रियों की अद्भुत शक्तियों को अपने आत्मा के सम्बन्ध के सहित जान लेवे, वही पुरुष सबके निर्माता परमेश्वर की शक्ति को साक्षात् करके अपनी शक्ति बढ़ावे ॥ २ ॥

वेदा॒हं स॒प्त प्र॒वतः॑ स॒प्त वे॑द परा॒वतः॑ । शिरो॑ य॒ज्ञस्या॒हं वे॑द॒ सोमं॑ चास्यां विचक्ष॒णम् ॥ ३ ॥

वेद॑ । अ॒हम् । स॒प्त । प्र॒-वतः॑ । स॒प्त । वे॒द॒ । प॒रा॒-वतः॑ ॥ शिरः॑ । य॒ज्ञस्य॑ । अ॒हम् । वे॒द॒ । सोम॑म् । च॒ । अ॒स्या॒म् । वि॒-च॒क्ष॒णम् ॥ ३

भाषार्थ—(अहम्) मैं (सप्त) सात [मन्त्र २] (प्रवतः) उत्तम गति वाले [लोकों] को (वेद) जानता हूं, (सप्त) सात [मन्त्र २] (परावतः) दूर गति वाले [लोकों] को (वेद) जानता हूं । (अहम्) मैं (यज्ञस्य) यज्ञ [श्रेष्ठ कर्म] के (शिरः) शिर [प्रधान अपने आत्मा] को (च) और (अस्याम्) इस [कमनीय शक्ति मन्त्र २] में वर्तमान (विचक्षणम्) विविध द्रष्टा [महापण्डित] (सोमम्) सर्वप्रेरक [परमात्मा] को (वेद) जानता हूं ॥३॥

भावार्थ—जब मनुष्य अपने शरीर के चौदह भुवन और अपने आत्मा की विचित्र गति को जान लेता है, वह परमेश्वर को और उसकी शक्ति को जानने में समर्थ होता है–मन्त्र २ देखो ॥ ३ ॥

ज्ञस्य) श्रेष्ठव्यवहारस्य (सः) पुरुषः (वशाम्) त्वशिरण्योरुपसंख्यानम् । वा० पा० ३ । ३ । ५८ । वश कान्तौ—अप् । वशा स्वाधीना–महीधरभाष्ये—यजु० २ । १६ । वशा कमनीयानि–दयानन्दभाष्ये, ऋक्० २ । २४ । १३ । कमनीयां परमेश्वरशक्तिम् (प्रति) प्रतीत्या (गृह्णीयात्) स्वीकुर्यात् ॥

३–(वेद) जानामि (अहम्) उपासकः (सोमम्) सोमः सूर्यः प्रसवनात्, सोम आत्माप्येतस्मादेव–निरु० १४ । १२ । सर्वोत्पादकं सर्वप्रेरकं वा परमात्मानम् (च) (अस्याम्) वशायाम । कमनीयायां शक्तौ वर्तमानम् (विचक्षणम्) विविधद्रष्टारम् । अन्यत् पूर्ववत्–म० २ ॥

यया द्यौर्यया पृथिवी ययापो गुपिता इमाः । वशां सहस्र-धारां ब्रह्मणाच्छावदामसि ॥ ४ ॥

यया । द्यौः । यया । पृथिवी । यया । आपः । गुपिताः । इमाः ॥ वशाम् । सहस्र-धाराम् । ब्रह्मणा । अच्छ-आवदामसि ॥४॥

भाषार्थ—(यया) जिस [शक्ति] करके (द्यौः) सूर्य, (यया) जिस करके (पृथिवी) पृथिवी और (यया) जिस करके (इमाः) यह (आपः) प्रजायें (गुपिताः) रक्षित हैं। (सहस्रधाराम्) सहस्रों पदार्थों को धारण करने वाली (वशाम्) [उस] वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (ब्रह्मणा) वेद द्वारा (अच्छावदामसि) हम आदर से बुलाते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ—हम लोग वेद द्वारा परमेश्वर की सर्वरक्षक शक्ति को यथावत् जानकर अपना सामर्थ्य बढ़ावें ॥ ४ ॥

शतं कंसाः शतं दोग्धारः शतं गोप्तारो अधि पृष्ठे अस्याः । ये देवास्तस्यां प्राणन्ति ते वशां विदुरेकधा ॥ ५ ॥

शतम् । कंसाः । शतम् । दोग्धारः । शतम् । गोप्तारः । अधि । पृष्ठे । अस्याः ॥ ये । देवाः । तस्याम् । प्राणन्ति । ते । वशाम् । विदुः । एक-धा ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(शतम्) सौ [बहुत से] (कंसाः) कामना करने वाले, (शतम्) सौ (दोग्धारः) दोहने वाले, (शतम्) सौ (गोप्तारः) रक्षा करने वाले [पुरुष] (अस्याः) इस [शक्ति] की (पृष्ठे) पीठ पर [सहारे में]

४—(यया) शक्त्या (द्यौः) सूर्यः (पृथिवी) (आपः) आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ (गुपिताः) रक्षिताः (इमाः) दृश्यमानाः (वशाम्) म० २ । कमनीयां परमात्मशक्तिम् (सहस्रधाराम्) अ० ७ । १५ । १ । असंख्यपदार्थानां धरित्रीम् (ब्रह्मणा) वेदद्वारा (अच्छावदामसि) अ० ७ । ३८ । ३ । सत्कारेणाह्वयामः । अन्यद् गतम् ॥

५—(शतम्) शतं बहुनाम-निघ० ३ । १ (कंसाः) वृतृवदिवचिवसिहनिकमिकषिभ्यः सः । उ० ३ । ६२ । कमु कान्तौ-सप्रत्ययः । कामयमानाः

(अधि) अधिकार पूर्वक हैं। और (ये) जो (देवाः) विद्वान् लोग (तस्याम्) उस [शक्ति] में (प्राणन्ति) जीवन करते हैं, (ते) वे लोग (वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (एकधा) एक प्रकार से [सत्य रीति से] (विदुः) जानते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—जो जो पुरुष कामना करके खोज लगाते हुये परमेश्वर की शक्ति का आश्रय लेकर पुरुषार्थ से जीवन करते हैं, वेही उस के सत्य ज्ञान को प्राप्त होते हैं ॥ ५ ॥

यज्ञपदीरांक्षीरा स्वधाप्रांणा महीलुका । वशा पर्जन्यपत्नी देवाँ अप्येति ब्रह्मणा ॥ ६ ॥

यज्ञ-पदी । इरा-क्षीरा । स्वधा-प्राणा । महीलुका ॥ वशा । पर्जन्य-पत्नी । देवान् । अपि । एति । ब्रह्मणा ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यज्ञपदी) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] में स्थिति वाली, (इराक्षीरा) अन्न और जल वाली, (स्वधाप्राणा) अपनी धारण शक्ति से जीने वाली, (महीलुका) बड़ी दीप्ति वाली, (पर्जन्यपत्नी) मेघ की पालने वाली (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (देवान्) विद्वानों को (ब्रह्मणा) वेद द्वारा (अपि एति) पहुंच जाती है ॥ ६ ॥

(दोग्धारः) प्रपूरयितारः । अन्वेष्टारः (गोप्तारः) रक्षितारः (अधि) अधिकारपूर्वकं (पृष्ठे) आश्रये (अस्याः) वशायाः (ये) देवाः विद्वांसः (तस्याम्) वशायाम् (प्राणन्ति) प्रकर्षेण जीवन्ति (ते) (वशाम्) म० २ । कमनीयां परमात्मशक्तिम् (विदुः) जानन्ति (एकधा) एकप्रकारेण । सत्यरीत्या ॥

६—(यज्ञपदी) पद स्थैर्ये गतौ च—अच्, ङीप् । यज्ञे श्रेष्ठव्यवहारे पदं स्थानं यस्याः सा (इराक्षीरा) इरा अन्नम्—निघ० २ । ७ । क्षीरमुदकम्—निघ० १ । १२ । इरा च क्षीरं च इराक्षीरम्, ततो मत्वर्थे अर्शआद्यच्, टाप् । अन्नजलवती (स्वधाप्राणा) स्वधया स्वधारणशक्त्या प्राणिति जीवतीति सा तथाभूता (महीलुका) रुच दीप्तावभिप्रीतौ च—क्विप्, टाप् । महती रुचा दीप्तिर्यस्याः सा (वशा) म० २ । कमनीया परमेश्वरशक्तिः (पर्जन्यपत्नी) देवपत्न्यो देवानां पत्न्यः—निरु० १२ । ४४ । मेघस्य पालयित्री (देवान्) विदुषः पुरुषान् (अपि) एव (एति) प्राप्नोति (ब्रह्मणा) वेदद्वारा ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग श्रेष्ठ कामों से वेद द्वारा ईश्वर शक्ति का ज्ञान प्राप्त करते हैं ॥ ६ ॥

अनु त्वाग्निः प्राविशदनु सोमो वशे त्वा । ऊधस्ते भद्रे पर्जन्यो विद्युतस्ते स्तना वशे ॥ ७ ॥

अनु । त्वा । अग्निः । प्र । अविशत् । अनु । सोमः । वशे । त्वा ॥ ऊधः । ते । भद्रे । पर्जन्यः । वि-द्युतः । ते । स्तनाः । वशे ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (त्वा अनु) तेरे पीछे पीछे (अग्निः) अग्नि ने [पदार्थों में], (त्वा अनु) तेरे पीछे पीछे (सोमः) प्रेरणा करने वाले [जीवात्मा] ने [शरीर में] (प्र अविशत्) प्रवेश किया है । (भद्रे) हे कल्याणी ! (वशे) वशा ! (पर्जन्यः) मेघ (ते) तेरा (ऊधः) मेड़ [दुग्ध के छिद्र स्थान के समान] और (विद्युतः) बिजुलिये (ते) तेरे (स्तनाः) स्तन [दुग्ध के आधारों के समान] हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—परमेश्वर की ही शक्ति से अग्नि, जीवात्मा, मेघ, बिजुली आदि अपना अपना काम करते हैं ॥ ७ ॥

अपस्त्वं धुक्षे प्रथमा उर्वरा अपरा वशे । तृतीयं राष्ट्रं धुक्षेऽन्नं क्षीरं वशे त्वम् ॥ ८ ॥

अपः । त्वम् । धुक्षे । प्रथमाः । उर्वराः । अपराः । वशे ॥ तृतीयम् । राष्ट्रम् । धुक्षे । अन्नम् । क्षीरम् । वशे । त्वम् ॥८॥

भाषार्थ—(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (त्वम्)

७—(अनु) अनुसृत्य (त्वा) त्वाम् (अग्निः) पावकः (प्र अविशत्) प्रविष्टवान् (अनु) (सोमः) सोमः सूर्यः प्रसवनात्, सोम आत्माप्येतस्मादेव-निरु० १४ । १२ । शरीरस्य प्रेरको जीवात्मा (वशे) म० २ । कमनीये परमात्म-शक्ते (त्वा) (ऊधः) आपीनम् (ते) तव (भद्रे) हे कल्याणि (पर्जन्यः) मेघः (विद्युतः) तडितः (स्तनाः) दुग्धाधाराः ॥

८—(अपः) म० ४ । प्रजाः । सृष्टपदार्थान् (त्वम्) (धुक्षे) दुह

तू (प्रथमाः) प्रधान और (अपराः) अप्रधान (अपः) प्रजाओं को (उर्वराः) उपजाऊ भूमियों से (धुक्षे) भरपूर करती है। (वशे) हे वशा ! [कामना योग्य शक्ति] (त्वम्) तू (अन्नम्) अन्न, (क्षीरम्) जल और (तृतीयम्) तीसरे (राष्ट्रम्) राज्य से [संसार] को (धुक्षे) भरपूर करती है ॥ ८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर की शक्ति से ही बड़े छोटे तथा मध्यम जीवों के लिये भोजन उत्पन्न होते हैं, और संसार में अन्न, जल और राज्यव्यवस्था चलती है ॥ ८ ॥

यदा॑दि॒त्यैर्हू॒यमा॑नोपाति॑ष्ठ ऋतावरि। इन्द्रः॑ स॒हस्रं॒ पात्रा॒न्त्सोमं॑ त्वापाययद् वशे ॥ ९ ॥

यत्। आ॒दि॒त्यैः। हू॒यमा॑ना। उ॒प॒ऽअति॑ष्ठः। ऋ॒त॒ऽव॒रि॒ ॥ इन्द्रः॑। स॒हस्र॑म्। पात्रा॑न्। सोम॑म्। त्वा॒। अ॒पा॒य॒य॒त्। व॒शे॒ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(ऋतावरि) हे सत्यशीला ! (यत्) जब (आदित्यैः) आदित्यों [अखण्ड ब्रह्मचारियों] करके (हूयमाना) पुकारी गई तू (उपातिष्ठः) पास पहुंची। (वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (इन्द्रः) इन्द्र [परमेश्वर] ने (सहस्रम्) सहस्र [अनेक] (पात्रान्) रक्षणीय दान योग्य पुरुषों को (सोमम्) मोक्षरूपी अमृत (त्वा=त्वया) तुझ से (अपाययत्) पान कराया है ॥ ९ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग ईश्वर शक्ति को पहिचानते हैं और वे सब पुरुष परमेश्वर के नियम अनुसार दुःखों से छूटकर आनन्द भोगते हैं ॥ ९ ॥

प्रपूरणे—लट्, द्विकर्मकः। प्रपूरयसि (प्रथमाः) प्रधानाः (उर्वराः) सर्वशस्ययुक्तभूमिभ्यः सकाशात् (अपराः) अप्रधानाः (वशे) म० २ (तृतीयम्) (राष्ट्रम्) राज्यम् (धुक्षे) प्रपूरयसि संसारमितिशेषः (अन्नम्) भोजनम् (क्षीरम्) अ० १। १५। ४। जलम्—निघ० १। १२। अन्यद् गतम् ॥

९—(यत्) यदा (आदित्यैः) अखण्डब्रह्मचारिभिः (हूयमाना) कृताह्वाना (उपातिष्ठः) समीपं स्थितवती (ऋतावरि) अ० ३। १३। ७। हे सत्यशीले (इन्द्रः) परमेश्वरः (सहस्रम्) बहून् (पात्रान्) रक्षणीयान् दानयोग्यान् पुरुषान् (सोमम्) मोक्षरूपममृतम् (त्वा) त्वया—इत्यर्थः (अपाययत्) पानं कारितवान् (वशे) म० २ ॥

यदनूचीन्द्रमैरात् त्वं ऋषभोऽह्वयत्। तस्मात् ते वृत्रहा पयः क्षीरं क्रुद्धोऽहरद् वशे ॥ १० ॥ (३३)

यत्। अनूची। इन्द्रम्। ऐः। आत्। त्वा। ऋषभः। अह्वयत् ॥ तस्मात्। ते। वृत्र-हा। पयः। क्षीरम्। क्रुद्धः। अहरत्। वशे ॥ १० ॥ (३३)

भाषार्थ—(यत्) जब (इन्द्रम् अनूची) जीवात्मा के पीछे चलती हुई तू (ऐः) गई है, (आत्) तब (ऋषभः) सूक्ष्मदर्शी परमेश्वर ने (त्वा) तुझे (अह्वयत्) बुलाया। (वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (तस्मात्) उस [पुरुष] से (ते) तेरे लिये (क्रुद्धः) क्रुद्ध (वृत्रहा) अन्धकार नाशक [परमेश्वर] ने (पयः) अन्न और (क्षीरम्) जल को (अहरत्) ले लिया ॥ १० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमेश्वर की सर्वव्यापक शक्ति में झगड़ा करके हाथ बढ़ाना चाहता है, वह मनुष्य मतिभ्रष्ट होकर दुःख भोगता है ॥ १० ॥

यत् ते क्रुद्धो धनपतिरा क्षीरमहरद् वशे। इदं तदद्य नाकस्त्रिषु पात्रेषु रक्षति ॥ ११ ॥

यत्। ते। क्रुद्धः। धन-पतिः। आ। क्षीरम्। अहरत्। वशे ॥ इदम्। तत्। अद्य। नाकः। त्रिषु। पात्रेषु। रक्षति ॥ ११ ॥

भाषार्थ-(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति (यत्)

१०—(यत्) यदा (अनूची) अ० ३। १। ४। अनु+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन्, ङीप्। पश्चाद् गच्छन्ती (इन्द्रम्) जीवात्मानम् (ऐः) अगच्छः (आत्) तदा (त्वा) त्वाम् (ऋषभः) अ० ३। ४। ६। ऋषिर्दर्शनात्—निरु० २। ११। सूक्ष्मदर्शी परमेश्वरः (अह्वयत्) आहूतवान् (तस्मात्) जीवात्मनः (ते) तुभ्यम् (वृत्रहा) अन्धकारनाशकः परमात्मा (पयः) अन्नम्—निघ० २। ७ (क्षीरम्) जलम्—निघ० १। १२ (क्रुद्धः) कुपितः (अहरत्) हृतवान् (वशे) म० २॥

११—(यत्) यदा (ते) तुभ्यम् (क्रुद्धः) कुपितः (धनपतिः)

जब (क्रुद्धः) क्रुद्ध (धनपतिः) धनों के स्वामी [परमेश्वर] ने (ते) तेरे लिये (क्षीरम्) जल [उत्पत्ति साधन] को (आ अहरत्) [दुष्ट जन से] ले लिया। (तत्) तब (इदम्) जल को (अद्य) आज (नाकः) क्लेश शून्य [आनन्दस्वरूप परमात्मा] (त्रिषु) तीन [ऊंचे, नीचे और मध्य] (पात्रेषु) रक्षा के आधार [लोकों] में (रक्षति) रक्षित रखता है ॥ ११॥

भावार्थ—परमात्मा की महिमा को न मानने वाले पुरुष को [मन्त्र-१० देखो] वह क्रुद्ध जगदीश्वर निर्बल करके उत्पत्ति साधन आदि द्रव्य को यथानियम ऊपर नीचे और मध्य लोकों में विभाग करके देता है ॥ ११ ॥

त्रिषु पात्रे॑षु॒ तं सोम॒मा दे॒व्य॑हर॒द् व॒शा । अथ॑र्वा॒ यत्र॒ दीक्षि॑-तो ब॒र्हिष्या॒स्ते॑ हिर॒ण्यये॑ ॥ १२ ॥

त्रिषु । पात्रे॑षु । तम् । सोम॑म् । आ । दे॒वी । अ॒ह॒र॒त् । व॒शा ॥ अथ॑र्वा । यत्र॑ । दी॒क्षि॒तः । ब॒र्हिषि । आस्ते॑ । हि॒र॒ण्यये॑ ॥१२॥

भाषार्थ—(त्रिषु) तीन [ऊंचे, नीचे और मध्य] (पात्रेषु) रक्षा के आधार [लोकों] में वर्तमान (तम्) उस (सोमम्) सर्व प्रेरक [परमेश्वर] को (देवी) विजयिनी (वशा) [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] ने (आ) सब प्रकार (अहरत्) स्वीकार किया। (यत्र) जहां [तीनों लोकों] में

धनानां स्वामी परमेश्वरः (आ) समन्तात् (क्षीरम्) जलम् (अहरत्) गृहीतवान् (वशे) म० २। हे कमनीये (इदम्) इन्देः कमिन्नलोपश्च । उ० ४ । १५७ । इदि परमैश्वर्ये-कमिन्, नलोपः । उदकम्-निघ० १ । १२ । (तत्) तदा (अद्य) अस्मिन् दिने (नाकः) क्लेशशून्यः। सुखस्वरूपः परमेश्वरः (त्रिषु) उच्चनीचमध्येषु (पात्रेषु) रक्षाधारेषु लोकेषु (रक्षति) पाति॥

१२—(त्रिषु) उच्चनीचमध्येषु (पात्रेषु) रक्षाधारेषु लोकेषु (सोमम्) सर्वप्रेरकं परमात्मानम् (आ) समन्तात् (देवी) विजयिनी (अहरत) स्वीकृतवती (वशा) म० २। कमनीया परमात्माशक्तिः (अथर्वा) अ० ४। १। ७। अ+थर्व चरणे-वनिप् । निश्चलः परमेश्वरः (यत्र) त्रिषु लोकेषु (दीक्षितः) तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच् । पा० ५ । २ । ६ । दीक्षा-इतच् ।

(दीक्षितः) नियमवान् (अथर्वा) निश्चल परमात्मा (हिरण्यये) तेजोमय (बर्हिषि) वृद्धि के बीच (आस्त) बैठा है ॥ १२ ॥

भावार्थ—बुद्धिमान् लोग ईश्वर शक्ति को त्रिलोकवर्त्ती परमेश्वर के आधीन जानते हैं, जो तेजोमय सदा प्रवृद्ध स्वतन्त्र परमात्मा सब का स्वामी है। तात्पर्य यह है कि ईश्वर और ईश्वर शक्ति में नित्य सम्बन्ध है ॥ १२ ॥

सं हि सोमे॒नाग॑त॒ समु॒ सर्वे॑ण प॒द्वता॑ । व॒शा स॑मु॒द्रमध्य॑ष्ठाद्
ग॑न्ध॒र्वैः क॒लिभिः स॒ह ॥ १३ ॥

सम् । हि । सोमे॑न । अग॑त । सम् । ऊं॒ इति॑ । सर्वे॑ण । प॒त्ऽवता॑ । व॒शा । स॒मु॒द्रम् । अधि॑ । अ॒स्था॒त् । ग॒न्ध॒र्वैः । क॒लिऽभिः । स॒ह ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (हि) ही (सोमेन) ऐश्वर्य के साथ (उ) और (सर्वेण) प्रत्येक (पद्वता) पांव वाले [चलते फिरते पुरुषार्थी] के साथ (सम् सम् अगत) निरन्तर संयुक्त हुई है, और (गन्धर्वैः) पृथिवी धारण करने वाले और (कलिभिः सह) गणना करने वाले [गुणों] के साथ (समुद्रम्) अन्तरिक्ष की (अधि अस्थात्) अधिष्ठात्री हुई है ॥ १३ ॥

नियमवान् (बर्हिषि) वृद्धौ (आस्त) आस–लङ् । उपविष्टवान् (हिरण्यये) तेजोमये ॥

१३—(हि) निश्चयेन (सोमेन) ऐश्वर्येण (सम् सम् अगत) अभ्यासे भूयांसमर्थं मन्यन्ते—निरु० १० । ४२ । समो गमृच्छिप्रच्छि० । पा० १ । ३ । २९ । आत्मने पदम् । मन्त्रे घसह्वरणश० । पा० २ । ४ । ८० । च्लेर्लुक् । अनुदात्तोपदेशवनतितनोत्यादीनाम० । पा० ६ । ४ । ३७ । अनुनासिकलोपः । निरन्तरं संगतवती (उ) च (सर्वेण) प्रत्येकेन (पद्वता) पदयुक्तेन । गतिशीलेन (वशा) म० २ (समुद्रम्) अन्तरिक्षम् (अध्यष्ठात्) अधिकृतवती (गन्धर्वैः) अ० २ । १ । २ । पृथिवीधारकैर्गुणैः (कलिभिः) सर्वधातुभ्यः इन् । उ० ४ । ११८ । कल गतौ संख्याने च । गणकैर्गुणैः (सह)॥

भावार्थ—प्रत्येक पुरुषार्थी जीव अपने पुरुषार्थ के अनुसार ईश्वरशक्ति से फल पाता है ॥ १३ ॥

सं हि वाते॒नाग॑त॒ समु॒ सर्वैः॑ पत॒त्रिभिः॑ ।
व॒शा स॑मु॒द्रे प्रानृ॑त्य॒दृचः॒ सामा॑नि॒ बिभ्र॑ती ॥ १४ ॥

सम् । हि । वाते॑न । अग॑त । सम् । ऊं॒ इति॑ । सर्वैः॑ । प॒त॒त्रि-भिः॑ ॥ व॒शा । स॒मु॒द्रे । प्र । अ॒नृ॒त्य॒त् । ऋचः॑ । सामा॑नि । बिभ्र॑ती ॥ १४ ॥

भावार्थ—(ऋचः) स्तुति योग्य [वेद वाणियों] और (सामानि) मोक्ष ज्ञानों को (बिभ्रती) रखती हुई (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (हि) ही (वातेन) वायु से (उ) और (सर्वैः) सब (पतत्रिभिः) पक्षियों से (सम् सम् अगत) निरन्तर मिली है, और उसने (समुद्रे) अन्तरिक्ष में (प्र) अच्छे प्रकार (अनृत्यत्) अङ्ग फड़काये हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ—ईश्वर शक्ति ईश्वर वाणी को मानती हुई वायु,पक्षियों और सब लोकों को अन्तरिक्ष में चलाती हुई विराजमान है ॥ १४ ॥

सं हि सूर्ये॒णाग॑त॒ समु॒ सर्वे॑ण॒ चक्षु॑षा । व॒शा स॑मु॒द्रमत्य॑ख्यद्
भ॒द्रा ज्योतीं॑षि॒ बिभ्र॑ती ॥ १५ ॥

सम् । हि । सूर्ये॑ण । अग॑त । सम् । ऊं॒ इति॑ । सर्वे॑ण । चक्षु॑षा ॥ व॒शा । स॒मु॒द्रम् । अति॑ । अ॒ख्य॒त् । भ॒द्रा । ज्योतीं॑षि । बिभ्र॑ती १५

भावार्थ—(भद्रा) उत्तम (ज्योतींषि) ज्योतियों को (बिभ्रती) रखती हुई (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वरशक्ति] (हि) ही (सूर्येण)

१४—(वातेन) वायुना (सम् सम् अगत) म० १३ । निरन्तरं संगतवती (सर्वैः) समस्तैः (पतत्रिभिः) पक्षिभिः (समुद्रे) अन्तरिक्षे (प्र) प्रकर्षेण (अनृत्यत्) अङ्गानि विक्षिप्तवती (ऋचः) स्तुत्या वेदवाणीः (सामानि) अ० ७ । ५४ । १ । मोक्षज्ञानानि (बिभ्रती) धारयन्ती । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१५—(सूर्येण) सूर्यमण्डलेन (चक्षुषा) दर्शनशक्त्या (अति) अत्यन्तम्

सूर्य के साथ (उ) और (सर्वेण) प्रत्येक (चक्षुषा) दृष्टि के साथ (सम् सम् अगत) निरन्तर मिली है और उसने (समुद्रम्) अन्तरिक्ष को (अति) अत्यन्त करके (अख्यत्) प्रकाशित किया है ॥ १५ ॥

भावार्थ—ईश्वर की शक्ति से ही सूर्य में, और सूर्य द्वारा आंख में और अन्तरिक्ष के सब लोकों को प्रकाश पहुंचता है ॥ १५ ॥

अभीवृता हिरण्येन यदतिष्ठ ऋतावरि । अश्वः समुद्रो भूत्वाध्यस्कन्दद्वशे त्वा ॥ १६ ॥

अभि-वृता । हिरण्येन । यत् । अतिष्ठः । ऋत-वरि ॥ अश्वः । समुद्रः । भूत्वा । अधि । अस्कन्दत् । वशे । त्वा ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(ऋतावरि) हे सत्यशील ! (यत्) जब (हिरण्येन) तेज वा पराक्रम से (अभिवृता) घिरी हुई तू (अतिष्ठः) खड़ी हुई । (वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (समुद्रः) [प्राणियोंके अच्छे प्रकार चलने का आधार] परमेश्वर (अश्वः) व्यापक (भूत्वा) होकर (त्वा) तुझ को (अधि) अधिकार पूर्वक (अस्कन्दत्) प्राप्त हुआ ॥ १६ ॥

भावार्थ - परमेश्वर अपनी शक्ति को अपने वश में रखकर यथा समय उसका प्रकाश करता है ॥ १६ ॥

तद्भद्राः समगच्छन्त वशा देष्ट्र्यथो स्वधा । अथर्वा यत्र दीक्षितो बर्हिष्यास्त हिरण्यये ॥ १७ ॥

(अख्यत्) चक्षिङ् व्यक्तायां वाचि दर्शने च । प्रकाशितवती (भद्रा) श्रेष्ठानि (ज्योतींषि) प्रकाशान् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१६—(अभिवृता) वेष्टिता (हिरण्येन) तेजसा वीर्येण वा (यत्) यदा (अतिष्ठः) स्थितवती (ऋतावरि) म० ६ । सत्यशीले (अश्वः) अशूप्रुषिलटि० । उ० १ । १५१ । अशू व्याप्तौ—क्वन् । व्यापकः (समुद्रः) समभिद्रवन्त्येनं भूतानि । समुद्र आदित्यः समुद्र आत्मा—निरु० १४ । १६ । सर्वभूतगमनाधारः परमात्मा (भूत्वा) (अधि) अधिकारपूर्वकम् (अस्कन्दत्) स्कन्दिर् गतिशोषणयोः । प्राप्तवान् (वशे) (त्वा) ॥

तत् । भद्राः । सम् । अगच्छन्त । वशा । देष्ट्री । अथो इति । स्वधा ॥ अथर्वा । यत्र । दीक्षितः । बर्हिषि । आस्त । हिरण्यये ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(तत्) वहां (भद्राः) श्रेष्ठ गुण (सम् अगच्छन्त) मिले हैं, और (देष्ट्री) शासन करने वाली (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (अथो) और (स्वधा) अन्न [मिले हैं] । (यत्र) जहां (दीक्षितः) नियमवान् (अथर्वा) निश्चल परमात्मा (हिरण्यये) तेजोमय (बर्हिषि) वृद्धि के बीच (आस्त) बैठा है ॥ १७ ॥

भावार्थ—विज्ञानी पुरुष अनन्त श्रेष्ठ गुणों और अन्न आदि को परमेश्वर की शक्ति के साथ पाकर परमात्मा की महिमा को ध्यान में रखते हैं ॥ १७॥

इस मन्त्र का दूसरा भाग—म० १२ में आचुका है ॥

वशा माता राजन्यस्य वशा माता स्वधे तव । वशाया यज्ञ आयुधं ततश्चित्तमजायत ॥ १८ ॥

वशा । माता । राजन्यस्य । वशा । माता । स्वधे । तव ॥ वशायाः । यज्ञे । आयुधम् । ततः । चित्तम् । अजायत ॥१८॥

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (राजन्यस्य) शासन कर्ता की (माता) माता [निर्मात्री], और (स्वधे) हे अन्न ! (वशा) वशा (तव) तेरी (माता) माता [जननी] है । (यज्ञे) यज्ञ [श्रेष्ठ कर्म] में (वशायाः) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] का (आयुधम्) जीवन धारक कर्म है । (ततः) उससे (चित्तम्) चित्त [विचार सामर्थ्य] (अजायत) उत्पन्न हुआ है ॥ १८ ॥

१७—(तत्) तत्र (भद्राः) शुभगुणाः (सम् अगच्छन्त) संगतवन्तः (देष्ट्री) आदेष्ट्री । शासिका (अथो) अपि च (स्वधा) अन्नम्–निघ० २ । ७ । अन्यत् पूर्ववत्–म० १२ ॥

१८—(वशा) कमनीया परमेश्वरशक्तिः (माता) निर्मात्री (राजन्यस्य) अ० ५ । १७ । ६ । ऐश्वर्यवतः । शासकस्य (स्वधे) हे अन्न (वशायाः) परमेश्वरशक्तेः (यज्ञे) श्रेष्ठकर्मणि (आयुधम्) आयु+डु धाञ् धारणपोषणयोः—क । जीवनधारकं कर्म (ततः) तस्याः । वशायाः सकाशात् (चित्तम्) ज्ञानम् (अजायत) अन्यद् गतम् ॥

भावार्थ—ईश्वर शक्ति के ज्ञान से मनुष्य को शासन शक्ति, अन्न प्राप्ति, जीवन धारण और विचार सामर्थ्य होता है ॥ १८ ॥

ऊ॒र्ध्वो बि॒न्दुरुद॑चर॒द् ब्रह्म॑णः क॒कु॑दा॒दधि । तत॒स्त्वं ज॑ज्ञिषे वशे॒ ततो॒ होता॑जायत ॥ १९ ॥

ऊ॒र्ध्वः । बि॒न्दुः । उत् । अ॒च॒र॒त् । ब्रह्म॑णः । क॒कु॑दात् । अधि ॥ तत॑ः । त्वम् । ज॒ज्ञि॒षे॒ । व॒शे॒ । ततः॑ । होता॑ । अ॒जा॒य॒त॒ ॥१९॥

भाषार्थ—(ऊर्ध्वः) ऊंचा (बिन्दुः) बिन्दु [थोड़ा अंश] (ब्रह्मणः) ब्रह्म [परमेश्वर] की (ककुदात्) प्रधानता से (अधि) अधिकार पूर्वक (उत् अचरत्) ऊंचा गया। (ततः) उससे (वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (त्वम्) तू (जज्ञिषे) उत्पन्न हुई थी, (ततः) और उसी से (होता) पुकारने वाला [यह जीवात्मा] (अजायत) उत्पन्न हुआ है ॥ १९ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के बिन्दु अर्थात् थोड़े सामर्थ्य से संसार में यह दृश्यमान शक्ति और सब प्राणी प्रकट हैं ॥१९॥

आ॒स्नस्ते॒ गाथा॑ अभवन्नु॒ष्णिहा॑भ्यो॒ बलं॑ वशे । पा॒ज॒स्या॑ज्जज्ञे य॒ज्ञ स्तने॑भ्यो र॒श्मय॒स्तव॑ ॥ २० ॥ (३४)

आ॒स्नः । ते॒ । गाथा॑ः । अ॒भ॒व॒न् । उ॒ष्णिहा॑भ्यः । बल॑म् । व॒शे॒ ॥ पा॒ज॒स्या॑त् । ज॒ज्ञे॒ । य॒ज्ञः । स्तने॑भ्यः । र॒श्मय॑ः । तव॑ २०(३४)

भाषार्थ—(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (ते) तेरे (आस्नः) मुख से (गाथाः) गाथायें [गाने योग्य वेदवाणियां] (अभवन्)

१९—(ऊर्ध्वः) उच्चस्थः (बिन्दुः) बिदि अवयवे-उ । अल्पांशः (उदचरत्) उदगच्छत् (ब्रह्मणः) परमेश्वरस्य (ककुदात्) कस्य सुखस्य कुं भूमिं ददातीति, क+कु+दा-क । प्राधान्ये राजलिङ्गे च वृषाङ्गे ककुदोऽस्त्रियाम् । इत्यमरः २३ । ९२ । प्राधान्यात् (अधि) अधिकारपूर्वकम् (ततः) बिन्दुसकाशात् (त्वम्) (जज्ञिषे) प्रादुर्बभूविथ (वशे) (ततः) तस्माद् बिन्दोः (होता) आह्वाता जीवः (अजायत) ॥

२०—(आस्नः) मुखात् (ते) तव (गाथाः) उषिकुषिगार्तिभ्यस्थन् । उ० २।४। गै गाने-थन् । गाथा वाङ्नाम-निघ० १ । ११ । गानयोग्या वेदवाण्यः

हुई हैं और (उष्णिहाभ्यः) उष्णियों [गले की हड्डियों] से (बलम्) बल [हुआ है]। (तव) तेरे (पाजस्यात्) उदर से (यज्ञः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] (जज्ञे) उत्पन्न हुआ था, (स्तनेभ्यः) स्तनों [दूध के आधारों] से (रश्मयः) किरणें ॥ २० ॥

भावार्थ—परमेश्वर की शक्ति से ही वेदविद्यायें, बल, यज्ञ और प्रकाश उत्पन्न हुये हैं ॥ २० ॥

ई॒र्माभ्या॒मय॑नं जा॒तं स॒क्थिभ्यां॑ च व॒शे तव॑ । आ॒न्त्रेभ्यो॑ जज्ञिरे अ॒त्रा उ॒दरा॒दधि॑ वी॒रुधः॑ ॥ २१ ॥

ई॒र्माभ्या॑म् । अय॑नम् । जा॒तम् । स॒क्थि-भ्या॑म् । च॒ । व॒शे॒ । तव॑ ॥ आ॒न्त्रेभ्यः॑। ज॒ज्ञि॒रे॒। अ॒त्राः। उ॒दरा॑त्। अधि॑ । वी॒रुधः॑।२१

भाषार्थ—(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (तव) तेरी (ईर्माभ्याम्) दोनों ईर्म [टांगों वा गोड़ों] से (च) और (सक्थिभ्याम्) दोनो जंघाओं से (अयनम्) सूर्य का दक्षिण और उत्तर मार्ग (जातम्) उत्पन्न हुआ है। (आन्त्रेभ्यः) आंतों से (अत्राः) भोजन पदार्थ और (उदरात्) पेट से (वीरुधः) विविध उगने वाली ओषधियां (अधि जज्ञिरे) उत्पन्न हुई थीं २१

भावार्थ—ईश्वर शक्ति से सूर्य के दक्षिणायन और उत्तरायण मार्ग, जिनसे तीन तीन ऋतुयें बनती हैं, सब भोजन पदार्थ और रोग नाशक पदार्थ उत्पन्न हुये हैं ॥ २१ ॥

यदु॒दरं॒ वरु॑णस्यानु॒प्रावि॑शथा वशे । तत॑स्त्वा ब्र॒ह्मोद॑ह्वय॒त् स हि ने॒त्रमवे॒त् तव॑ ॥ २२ ॥

यत् । उ॒दर॑म् । वरु॑णस्य । अ॒नु॒-प्रावि॑शथाः । व॒शे॒ ॥ तत॑ः । त्वा॒ । ब्र॒ह्मा । उत् । अ॒ह्व॒य॒त् । सः॒। हि। ने॒त्रम्। अवे॑त् । तव॑२२

अभवन् (उष्णिहाभ्यः) अ० २ । ३३ । २ । ग्रीवानाडीभ्यः (बलम्) सामर्थ्यम् (पाजस्यात्) अ० ४ । १४ । ८ । उदरात्) अन्यत् सुगमम् ॥

२१—(ईर्माभ्याम्) इषियुधीन्धि०। उ० १ । १४५ । ईर गतिकम्पनयोः- मक् । जङ्घाधोभागाभ्याम् (अयनम्) अय गतौ-ल्युट् । गतिः । दक्षिणत उत्तरस्याम्, उत्तरतश्च दक्षिणस्यां दिशि सूर्यस्य गतिः (सक्थिभ्याम्) अ० ६ । ९ । १ । जङ्घाभ्याम् (च) (वशे) (तव) (अत्राः) अ० ९ । ७ । १६ । अद भक्षणे-क्त्र । भोजनपदार्थाः । अन्यद् गतम्-अ० ९ । ७ । १६ ॥

भाषार्थ—(वशे) हे वशा ! [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (यत्) जब [प्रलय में] (वरुणस्य) वरुण [सब के ढकने वाले परमेश्वर] के (उदरम्) पेट में (अनुप्रविशथाः) तू ने प्रवेश किया। (ततः) फिर [सृष्टिकाल में] (त्वा) तुझे (ब्रह्मा) ब्रह्मा [महाविद्वान् परमेश्वर] ने (उत् अह्वयत्) ऊपर बुलाया, (हि) क्योंकि (सः) उस ने (ते) तेरा (नेत्रम्) नायकपन (अवेत्) जान था है॥ २२॥

भावार्थ—सर्वनेता परमेश्वर अपनी शक्ति को प्रलय समय में अपने भीतर लय और सृष्टि समय में संसार के भीतर प्रकट करता है॥ २२॥

सर्वे॒ गर्भा॑दवेपन्त॒ जाय॑मानादसू॒स्वः॑। स॒सूव॒ हि तामा॒हुर्व॒-शेति॒ ब्रह्म॑भिः क्लृ॒प्तः स ह्य॑स्या॒ बन्धुः॑॥ २३॥

सर्वे॑। गर्भा॑त्। अ॒वे॒प॒न्त॒। जाय॑मानात्। अ॒सू॒स्वः॑॥ स॒सूव॑। हि। ताम्। आ॒हुः। व॒शा। इति॑। ब्रह्म॑-भिः। क्लृ॒प्तः। सः। हि। अ॒स्याः। बन्धुः॑॥ २३॥

भाषार्थ—(सर्वे) सब [ऋषि] (असूस्वः) सत्ता की उत्पन्न करने वाली [परमेश्वर शक्ति] के (जायमानात्) उत्पन्न होते हुये (गर्भात्) गर्भ [संसार] से (अवेपन्त) थरथराये। (हि) क्योंकि (ताम्) उस [शक्ति] को (आहुः) वे [ब्रह्मज्ञानी] बताते हैं कि—"(वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] ने (ससूव इति) उत्पन्न किया था," (हि) क्योंकि (ब्रह्मभिः)

२२—(यत्) यदा। प्रलये (उदरम्) जठरम्। स्वरूपम् (वरुणस्य) सर्वस्य वारकस्याच्छादकस्य परमेश्वरस्य (अनुप्रविशथाः) अनुक्रमेण प्रविष्टवती त्वम् (वशे) म० २। हे कमनीये परमेश्वरशक्ते (ततः) तदुपरान्ते। सृष्टिकाले (ब्रह्मा) प्रवृद्धो महापण्डितः परमेश्वरः (उदह्वयत्) उत्कर्षेणाहूतवान्। प्रकटीकृतवान् (सः) ब्रह्मा (हि) यस्मात् (नेत्रम्) सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्। उ० ४। १५८। णीञ् प्रापणे-ष्ट्रन्। नयनम्। नेतृत्वम् (अवेत्) विद ज्ञाने-लङ्। अजानात् (तव)॥

२३—(सर्वे) ऋषयः (गर्भात्) गर्भरूपात् संसारात् (अवेपन्त) कम्पितवन्तः (जायमानात्) उत्पद्यमानात् (असूस्वः) असू-स्वः। कृषिचमितनि०। उ० १। ८०। अस सत्तायाम्-ऊ+षूङ् प्राणिगर्भविमोचने-क्विप्। आडभावो यणादेशश्च। असूं सत्तां सृष्टिं सूयते सा असूसूस्तस्याः असूस्वाः। सत्तायाः सृष्टेः जनयित्र्याः परमेश्वरशक्तेः(ससूव) षूङ् प्राणिगर्भविमोचने-लिट्।

वेदज्ञानों से (क्लृप्तः) समर्थ (सः) वह [परमेश्वर] (अस्याः) इस [शक्ति] का (बन्धुः) बन्धु [संबन्ध वाला] है ॥ २३ ॥

भावार्थ—ऋषि लोग बड़ा आश्चर्य मानते हैं कि महाबली परमेश्वर की महाबलवती शक्ति है जिसने यह महान् संसार रचा है ॥ २३ ॥

युध एकः सं सृजति यो अस्या एक इद् वशी । तरांसि यज्ञा अभवन् तरसां चक्षुरभवद् वशा ॥ २४ ॥

युधः । एकः । सम् । सृजति । यः । अस्याः । एकः । इत् । वशी ॥ तरांसि । यज्ञाः । अभवन् । तरसाम् । चक्षुः । अभवत् । वशा ॥ ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(एकः) एक [परमेश्वर] (युधः) लड़ाकों [परस्पर विरोधी, सुख दुःख, अग्नि जल, सिंह बकरी, आदि] को (सम्) यथावत् (सृजति) उत्पन्न करता है, (यः) जो [परमेश्वर] (एकः इत्) एक ही (अस्याः) इस [शक्ति] का (वशी) वश करने वाला है । [परमेश्वर के] (तरांसि) पराक्रम (यज्ञाः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] (अभवन्) हुये हैं, और (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (तरसाम्) [उन] पराक्रमों की (चक्षुः) नेत्र (अभवत्) हुई है ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर अपनी शक्ति और पराक्रम से समस्त संसार को रचकर सब की यथावत् सुधि रखता है ॥ २४ ॥

वशा यज्ञं प्रत्यगृह्णाद् वशा सूर्यमधारयत् । वशायामन्तरविशदोदनो ब्रह्मणा सह ॥ २५ ॥

ससूवेति निगमे । पा० ७ । ४ । ७४ । इति परस्मैपदे रूपम् । सुषुवे । जनयामास (हि) यस्मात् (ताम्) परमेश्वरशक्तिं प्रति (आहुः) कथयन्ति मनीषिणः (वशा) कमनीया परमेश्वरशक्तिः (ब्रह्मभिः) वेदज्ञानैः (क्लृप्तः) समर्थः (सः) परमेश्वरः (हि) यस्मात् (अस्याः) वशायाः (बन्धुः) सम्बन्धी ॥

२४—(युधः) योद्धारः । परस्परविरोधिनः (एकः) अद्वितीयः (सम्) सम्यक् (सृजति) जनयति (यः) परमेश्वरः (अस्याः) वशायाः (एकः) (इत्) एव (वशी) वशयिता । शासकः (तरांसि) बलानि—निघ० २ । ६ । पराक्रमाः (यज्ञाः) श्रेष्ठव्यवहाराः (अभवन्) (तरसाम्) बलानाम् (चक्षुः) दृष्टिः (अभवत्) (वशा) ॥

वशा । यज्ञम् । प्रति । अगृह्णात् । वशा । सूर्यम् । अधारयत् ॥
वशायाम् । अन्तः । अविशत् । ओदनः । ब्रह्मणा । सह ॥२५॥

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] ने (यज्ञम्) यज्ञ [संगति योग्य संसार] को (प्रति अगृह्णात्) ग्रहण कर लिया है, (वशा) वशा ने (सूर्यम्) सूर्य को (अधारयत्) धारण किया है। (वशायाम् अन्तः) वशा के भीतर (ओदनः) सींचने वाले [मेघ] ने (ब्रह्मणा सह) अन्न के साथ (अविशत्) प्रवेश किया है ॥ २५ ॥

भावार्थ—परमेश्वर की ही शक्ति में यह सब संसार सूर्य आदि लोकों और सब पालन साधनों सहित वर्तमान है ॥ २५ ॥

वशामेवामृतमाहुर्वशां मृत्युमुपासते । वशेदं सर्वमभवद् देवा मनुष्या३ असुराः पितर ऋषयः ॥ २६ ॥

वशाम् । एव । अमृतम् । आहुः । वशाम् । मृत्युम् । उप । आसते ॥ वशा । इदम् । सर्वम् । अभवत् । देवाः । मनुष्याः । असुराः । पितरः । ऋषयः ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (एव) ही (अमृतम्) अमृत [अमरपन] (आहुः) वे [ऋषि] बताते हैं, (वशाम्) वशा को (मृत्युम्) मृत्यु [समान] (उप आसते) वे मानते हैं। (वशा) वशा (इदम् सर्वम्) इस सब में (अभवत्) व्यापक हुई है, और

२५—(वशा) कमनीया परमेश्वरशक्तिः (यज्ञम्) संगन्तव्यं संसारम् (प्रत्यगृह्णात्) प्रत्यक्षं स्वीकृतवती (वशा) (सूर्यम्) (अधारयत्) धृतवती (वशायाम्) परमेश्वरशक्तौ (अन्तः) मध्ये (अविशत्) प्रविष्टवान् (ओदनः) अ० ६ । ५ । १६ । सेचकः । मेघः—निघ० १ । १० । (ब्रह्मणा) अन्नेन—निघ० २ । ७ (सह) ॥

२६—(वशाम्) कमनीयां परमेश्वरशक्तिम् (एव) (अमृतम्) अमरणम् । मोक्षम् (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (वशाम्) (मृत्युम्) मरणम् । दुःखभोगम् (उपासते) मन्यन्ते । पूजयन्ति (वशा) (इदम्) दृश्यमानम् (सर्वम्) जगत् (अभवत्) भू प्राप्तौ । व्याप्नोत् (देवाः) विजयिनः (मनु-

(देवाः) देव [विजयी] (मनुष्यः) मनुष्य [मननशील], (असुराः) असुर [बुद्धिमान्], (पितरः) पितर [पालन करने वाले] और (ऋषयः) ऋषि [सूक्ष्म दर्शी लोग] [जो हैं उन सब में वह व्यापक हुई है] ॥ २६ ॥

भावार्थ—ईश्वर शक्ति से प्राणी अपने कर्मानुसार अमृत अर्थात् मोक्ष और मृत्यु अर्थात् बन्धन पाते हैं। वही ईश्वर शक्ति समस्त जगत् में व्यापक है, जितेन्द्रिय विचारशील पुरुष उस शक्ति का अनुभव करते हैं ॥ २६ ॥

य एवं विद्यात् स वशां प्रति गृह्णीयात्। तथा हि यज्ञः सर्वपाद् दुहे दात्रेऽनपस्फुरन् ॥ २७ ॥

यः। एवम्। विद्यात्। सः। वशाम्। प्रति। गृह्णीयात् ॥ तथा। हि। यज्ञः। सर्व-पात्। दुहे। दात्रे। अनप-स्फुरन् २७

भाषार्थ—(यः) जो [मनुष्य] (एवम्) ऐसा (विद्यात्) जाने, (सः) वह (वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] को (प्रति) प्रतीति से (गृह्णीयात्) ग्रहण करे। (हि) क्योंकि (तथा) उसी प्रकार से (सर्वपात्) पूर्ण स्थिति वाला (अनपस्फुरन्) निश्चल रहता हुआ (यज्ञः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] (दात्रे) दाता को (दुहे) भरपूर रहता है ॥ २७॥

भावार्थ—जो मनुष्य दृढ़ निश्चय से ईश्वर शक्ति को साक्षात् करता है, उसको उत्तम कर्मों के अभ्यास से उत्तम फल मिलता रहता है ॥ २७ ॥

तिस्रो जिह्वा वरुणस्यान्तर्दीद्यत्यासनि। तासां या मध्ये राजति सा वशा दुष्प्रतिग्रहा ॥ २८ ॥

तिस्रः। जिह्वाः। वरुणस्य। अन्तः। दीद्यति। आसनि ॥

ष्याः) मननशीलाः (असुराः) अ० १। १०। १। असुरत्वंप्रज्ञावत्त्वम्—निरु० १०। ३४। प्रज्ञावन्तः (पितरः) पालकाः (ऋषयः) सूक्ष्मदर्शिनः। ये तान् अभवत् व्याप्नोत्—इति शेषः ॥

२७—(यः) पुरुषः (एवम्) पूर्वोक्तं यथा (विद्यात्) जानीयात् (सः) (वशाम्) (प्रति) प्रत्यक्षम् (गृह्णीयात्) स्वीकुर्यात् (तथा) तेन प्रकारेण (हि) यस्मात् कारणात् (यज्ञः) श्रेष्ठव्यवहारः (सर्वपात्) पूर्णस्थितिः (दुहे) दुग्धे। दुह्यते। प्रपूर्यते (दात्रे) सुखदानशीलाय (अनपस्फुरन्) अ० ६। १। ७। स्फुर संचलने-शतृ। निश्चलन् ॥

तासा॑म् । या । मध्ये॑ । राज॑ति । सा । व॒शा । दुः॒-प्र॒ति॒ग्र॒हा ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(वरुणस्य) वरुण [श्रेष्ठ परमेश्वर] के (आसनि अन्तः) मुखके भीतर (तिस्रः) तीन [सत्त्व, रज और तम रूप] (जिह्वाः) जीभें (दीद्यति = ०-न्ति) चमकती हैं। (तासाम्) उन [जीभों] के (मध्ये) बीच में (या) जो (राजति) राज करती है (सा) वह (दुष्प्रतिग्रहा) पाने में कठिन (वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] है ॥ २८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के मुखरूप सृष्टि में सत्त्व गुण, रजोगुण और तमोगुण रूप तीन जिह्वा हैं। इन तीनों की अधिष्ठात्री विशाल परमेश्वर शक्ति है, जिस का प्रभाव समझना मनुष्य को बड़ा कठिन है ॥ २८ ॥

च॒तु॒र्धा रेतो॑ अभवद् व॒शायाः॑। आप॒स्तुरी॑यम॒मृतं॒ तुरी॑यं य॒ज्ञ-स्तुरी॑यं प॒शव॒स्तुरी॑यम् ॥ २९ ॥

च॒तुः॒-धा । रेतः॑ । अ॒भ॒व॒त् । व॒शायाः॑ ॥ आपः॑ । तुरी॑यम् । अ॒मृत॑म् । तुरी॑यम् । य॒ज्ञः । तुरी॑यम् । प॒शवः॑ । तुरी॑यम् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(वशायाः) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] का (रेतः) वीर्य [वा सामर्थ्य] (चतुर्धा) चार प्रकार पर (अभवत्) हुआ है। (आपः) व्यापक तन्मात्रायें (तुरीयम्) एक चौथाई, (अमृतम्) अमृत [अमरपन] (तुरीयम्) एक चौथाई, (यज्ञः) यज्ञ [संगति क्रिया हुआ संसार] (तुरीयम्) एक चौथाई और (पशवः) दृष्टि वाले [सब प्राणी] (तुरीयम्) एक चौथाई खण्ड हैं ॥ २९ ॥

२८—(तिस्रः) सत्त्वरजस्तमोरूपाः (जिह्वाः) (वरुणस्य) वरणीयस्य श्रेष्ठस्य परमेश्वरस्य (अन्तः) मध्ये (दीद्यति) दीदयतिर्ज्वलतिकर्मा-निघ० १।१६। नैरुक्तो धातुः, दिवादित्वम् एकवचनं च छान्दसम्। दीद्यन्ति। दीप्यन्ते (आसनि) मुखे (तासाम्) जिह्वानाम् (या) (मध्ये) (राजति) ईष्टे। दीप्यते (सा) (वशा) म० २ (दुष्प्रतिग्रहा) दुःखेन ग्राह्या प्राप्तव्या ॥

२९—(चतुर्धा) चतुष्प्रकारेण (रेतः) वीर्यम्। सामर्थ्यम् (अभवत्) आसीत् (वशायाः) कमनीयायाः परमेश्वरशक्तेः (आपः) व्यापिकास्तन्मात्राः—दयानन्दभाष्ये, यजुः २७।२५ (तुरीयम्) चतुर्थं खण्डम् (अमृतम्) अमरणम् अविनाशः (यज्ञः) संगतिकरणव्यवहारः संसारः (पशवः) दृष्टिमन्तः प्राणिनः। अन्यद् गतम् ॥

भावार्थ—ईश्वर शक्ति चार प्रकार से प्रकट है-एक सूक्ष्म तन्मात्राओं में, दूसरे उनके अमृत अर्थात् अविनाश में, तीसरे संगतिकरण व्यवहार अर्थात् पृथिवी सूर्य आदि की रचना में, और चौथे चराचर प्राणियों की पालन पोषण क्रिया में ॥ २९ ॥

व॒शा द्यौर्व॒शा पृ॑थि॒वी व॒शा विष्णु॑: प्र॒जाप॑तिः । व॒शाया॑ दु॒ग्धम॑पिबन्त्सा॒ध्या वस॑वश्च॒ ये ॥ ३० ॥

व॒शा । द्यौः । व॒शा । पृ॒थि॒वी । व॒शा । विष्णु॑: । प्र॒जा-प॑तिः ॥ व॒शायाः॑ । दु॒ग्धम् । अ॒पि॒ब॒न् । सा॒ध्याः । वस॑वः । च॒ । ये ॥३०॥

पदार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] (द्यौः) आकाश में, (वशा) वशा (पृथिवी) पृथिवी में, (वशा) वशा (प्रजापतिः) प्रजापालक (विष्णुः) व्यापक सूर्य में है। (वशायाः) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] की (दुग्धम्) पूर्णता को (अपिबन्) उन्होंने पान किया है, (ये) जो (साध्याः) परोपकार साधने वाले [साधु] (च) और (वसवः) श्रेष्ठ स्वभाव वाले हैं ॥३०॥

भावार्थ—सर्वव्यापिनी परमेश्वरशक्ति के सुख दान का अनुभव करके परोपकारी ऋषि महात्मा लोग आनन्द पाते हैं ॥३० ॥

व॒शाया॑ दु॒ग्धं पी॒त्वा सा॒ध्या वस॑वश्च॒ ये । ते वै ब्र॒ध्नस्य॑ वि॒ष्टपि॒ पयो॑ अ॒स्या उपा॑सते ॥ ३१ ॥

व॒शायाः॑ । दु॒ग्धम् । पी॒त्वा । सा॒ध्याः । वस॑वः । च॒ । ये ॥ ते । वै । ब्र॒ध्नस्य॑ । वि॒ष्टपि॑ । पयः॑ । अ॒स्याः । उप॑ । आ॒स॒ते ॥३१॥

३०—(वशा) म० २ । कमनीया परमेश्वरशक्तिः (द्यौः) सुपां सुलुक्० । पा० ।७।१। ३९। विभक्तेः सुः। दिवि। आकाशे (पृथिवी) पृथिव्याम् (विष्णुः) विष्णौ व्यापके सूर्ये। शिपिविष्टो विष्णुरिति विष्णोर्द्वे नामनी भवतः निरु० ५।७ (प्रजापतिः) प्रजापालके (वशायाः) परमेश्वरशक्तेः (दुग्धम्) पूर्णत्वम् (अपिबन्) ते पीतवन्तः (साध्याः) अ० ७।५।१। परोपकारसाधकाः साधवः (वसवः) श्रेष्ठस्वभावयुक्ताः (च) (ये) ॥

व॒शां दे॒वा उप॑ जीवन्ति व॒शां म॑नु॒ष्या॑ उ॒त । व॒शेदं सर्व॑मभव॒द् याव॒त् सूर्यो॑ वि॒पश्य॑ति ॥ ३४ ॥ (३५)

व॒शाम् । दे॒वाः । उप॑ । जी॒व॒न्ति॒ । व॒शाम् । म॒नु॒ष्याः॑ । उ॒त ॥ व॒शा । इ॒दम् । सर्व॑म् । अ॒भ॒व॒त् । याव॑त् । सूर्यः॑ । वि॒-पश्य॑ति ॥ ३४ ॥ (३५)

भाषार्थ—(देवाः) देव [विजयी जन] (वशाम्) वशा [कामना योग्य परमेश्वर शक्ति] के, (उत) और (मनुष्याः) मनुष्य [मननशील लोग] (वशाम्) वशा के (उप जीवन्ति) आश्रय से जीते हैं । (वशा) वशा (इदम् सर्वम्) इस सब में (अभवत्) व्यापक हुई है, (यावत्) जितना कुछ (सूर्यः) सूर्य [सर्व प्रेरक परमात्मा] (विपश्यति) विविध प्रकार देखता है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—परमात्मा की समस्त सृष्टि में उसकी शक्ति से सब पुरुषार्थी और विवेकी लोग बल प्राप्त करके आनन्दित रहते हैं ॥ ३४ ॥

इति पञ्चमोऽनुवाकः ॥

इति दशमं काण्डम् ॥

इति श्रीमद्राजाधिराज प्रथितमहागुणमहिम **श्रीसयाजीराव गायकवाड़ाधिष्ठित** वड़ोदे पुरीगतश्रावणमास परीक्षायाम्
ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन श्रीपण्डित
क्षेमकरणदास त्रिवेदिना
कृते अथर्ववेदभाष्ये दशमं काण्डं समाप्तम् ॥

इदं काण्डं प्रयागनगरे श्रावणमासे अमावस्यायां तिथौ १९७४ तमे
विक्रमीये संवत्सरे धीरवीरचिरप्रतापिमहायशस्वि-
श्री राजराजेश्वर पञ्चमजार्ज महोदयस्य
सुसाम्राज्ये सुसमाप्तिमगात् ॥

मुद्रितम्-द्वितीय भाद्रपदकृष्णा १४ संवत् १९७४ ता० १५ सितम्बर १९१७ ॥

३४—(वशाम्) मन्त्र २ । कमनीयां परमेश्वरशक्तिम् (देवाः) विजयिनो जनाः (उप जीवन्ति) उपेत्य प्राणान् धारयन्ति (वशाम्) (मनुष्याः) मननशीलाः (उत) अपि (वशा) (इदम्) दृश्यमानम् (सर्वम्) जगत् (अभवत्) व्याप्नोत् (यावत्) यत्प्रमाणम् (सूर्यः) सर्वप्रेरकः परमेश्वरः (वि पश्यति) विविधमवलोकते ॥

अथर्ववेदभाष्य सम्मतियां ॥

श्रीमती आर्य प्रतिनिधिसभा, पंजाब; गुरुदत्त भवन लाहौर अन्तरंग सभा के प्रस्ताव संख्या ३ तिथि ६-१२-७३ की प्रति।

ला० दीवान चन्द प्रतिनिधि आर्य समाज बटाला का प्रस्ताव, कि पं० क्षेमकरणदास को अथर्ववेद भाष्य के लिये ४०) मासिक की सहायता दी जावे, उपस्थित हुआ। निश्चय हुआ कि २५) मासिक की सहायता एक वर्ष के लिये दी जावे और उसके परिवर्तन में उतने मूल्य की पुस्तकें उनसे स्वीकार की जावें॥

श्रीमती आर्यप्रतिनिधि सभा संयुक्त प्रदेश आगरा और अवध, स्थान बुलन्दशहर, अन्तरंग सभा ता० ४ जून १९१६ ई० के निश्चय संख्या १३ (अ) और (ब) की लिपि।

(अ) समाजों में गश्ती चिट्ठी भेजी जावें कि वे इस भाष्य के ग्राहक बनें तथा अन्यों को बनावें।

(ब) सभा सम्प्रति १ वर्ष पर्यन्त १५) मासिक एक क्लर्क के लिये पं० क्षेमकरणदास जी को देवे, जिसका बिल उक्त पंडित जी कार्यालय सभा में भेजते रहें। इस धन के बदले में पंडित जी उतने धन की पुस्तकें सभा को देंगे।

लिपि गश्ती चिट्ठी श्रीमती आर्यप्रतिनिधि सभा जो पूर्वोक्त निश्चय के अनुसार समाजों को भेजी गयी (संख्या ५८७६ प्राप्त २० जूलाई १९१६ ई०)

॥ ओ३म् ॥

मान्यवर, नमस्ते !

आपको ज्ञात होगा कि आर्यसमाज के अनुभवी वयोवृद्ध विद्वान् श्री पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी गत कई वर्षों से बड़ी योग्यता पूर्वक अथर्ववेद का भाष्य कर रहे हैं। आपने महर्षि दयानन्द के अनुसार ही इस भाष्य का करने का प्रयत्न किया है। भाष्य काण्डों में निकलता है अब तक ६ कांड निकल चुके हैं। आर्यसमाज के वैदिक साहित्य सम्बन्ध में वस्तुतः यह बड़ा महत्त्वपूर्णकार्य होरहा है। त्रिवेदी महाशय के भाष्य की जानकारों ने खूब प्रशंसा की है। परन्तु खेद है कि अभी आर्यसमाज में उच्च कोटिके साहित्य को पढ़ने की ओर लोगों की बहुत कम रुचि है। जिसके कारण त्रिवेदी जी अर्थ हानि उठा रहे हैं। भाष्य के ग्राहक बहुत कम हैं। लागत तक वसूल नहीं होती। वेदोंका पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना आर्यमात्र का प्रधान कर्त्तव्य है। अतएव सविनय निवेदन है कि वैदिक धर्मीमात्र श्री त्रिवेदी जी को उनके महत्त्वपूर्ण गुरुतर कार्य में साहस प्रदान करें। स्वयम् ग्राहक बनें और दूसरों को बनावें। ऐसा करने से भाष्यकार महाशय उसे छापने की अर्थ सम्बन्धिनी चिन्ताओं से मुक्त होकर भाष्य को और भी अधिक उत्तमता से सम्पादन करने की ओर प्रवृत्त होंगे। आशा है कि वेदों के प्रेमी उक्त प्रार्थना पर ध्यान दे इस ओर अपना कुछ कर्त्तव्य समझेंगे। प्रत्येक आर्य के घर में वेदों के भाष्य होने चाहिये। समाजके पुस्तकालयों में तो उनका रखना बहुत ही ज़रूरी है। भाष्य के प्रत्येक कांड का मूल्य त्रिवेदी जी ने बहुत ही थोड़ा रक्खा है।

त्रिवेदी जी से पत्र व्यवहार ५२ लूकरगंज, प्रयाग के पते पर कीजिये। जल्दी से भाष्य मंगाइये।

भवदीय—

नन्दलाल सिंह,

B.Sc., LL. B. उपमन्त्री।

चिट्ठी संख्या २७० तिथि १०—१२—१५१४। कार्यालय श्रीमती आर्य-प्रतिनिधि सभा, संयुक्तप्रान्त आगरा व अवध, बुलन्दशहर।

आपका पत्र संख्या १०१ तथा अथर्ववेद भाष्य का तृतीय कांड मिला। इस कृपा के लिये अनेक धन्यवाद है। वास्तव में आप आर्यसमाज के साहित्य को समृद्धि शाली बनाने में बड़ा कार्य कर रहे हैं, आपकी विद्वत्ता और कृपा के लिये आर्य संसार ही नहीं, प्रत्युत प्रत्येक शिखा सूत्र धारी को आभारी होना चाहिये। ईश्वर आपको उत्तरोत्तर उस महत्त्व पूर्ण कार्य के सम्पादन और समाप्त करने के लिये शक्ति प्रदान करें, ऐसे उपयोगी ग्रन्थ प्रकाशन को आप सदैव जारी रक्खें यही प्रार्थना है।

भवदीय

मदनमोहन सेठ

(एम० ए० एल० एल० बी०) मन्त्री सभा।

श्रीमान् पण्डित **तुलसीराम स्वामी**—प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा संयुक्तप्रान्त, सामवेद भाष्यकार, सम्पादक वेदप्रकाश, मेरठ—१६१३।

ऋग्यजुर्वेद का भाष्य श्रीस्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने संस्कृत और भाषा में किया है, सामवेद का श्री पं० तुलसीराम स्वामी ने किया है, अथर्ववेद के भाष्य की बड़ी आवश्यकता थी। पं० क्षेमकरणदास जी प्रयाग निवासी ने इस अभाव को दूर करना आरम्भ कर दिया है। भाष्य का क्रम अच्छा है। यदि इसी प्रकार समस्त भाष्य बन गया, जो हमारी समझ में कठिन है, तो चारों वेदों के भाषा भाष्य मिलने लगेंगे, आर्यों का उपकार होगा।

श्रीयुत महाशय **नारायणप्रसाद जी**—मुख्याधिष्ठाता गुरुकुल वृन्दावन मथुरा—उपप्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा, संयुक्तप्रान्त। आर्यमित्र आगरा, २४ जनवरी १६१३।

श्री पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी प्रयाग निवासी, ऋक् साम तथा अथर्ववेद सम्बन्धी परीक्षोत्तीर्ण अथर्ववेद का भाषा भाष्य करते हैं, मैंने सम्पूर्ण [प्रथम] कांड का पाठ किया। त्रिवेदी जी का भाष्य ऋषि दयानन्द जी की शैली के अनुसार भावपूर्ण संक्षिप्त और स्पष्टतया प्रकट करने वाला है कि मन्त्र के किस शब्द के स्थान में भाषा का कौनसा शब्द आया, फिर नोटों में व्याकरण तथा निरुक्त के प्रमाण, आरम्भ में एक उपयोगी भूमिका दे देने से भाष्य की उपयोगिता और भी बढ़ गई है, निदान भाष्य अत्युत्तम, आर्यसमाज का पक्षपोषक और इस योग्य है कि प्रत्येक आर्यसमाज उसकी एक २ पोथी (कापी) अपने पुस्तकालय में रक्खे।

त्रिवेदी जी ने इस भाष्य का आरम्भ करके एक बड़ी कमी के पूर्ण करने का

उद्योग किया है। ईश्वर उनको बल तथा वेद प्रेमी आवश्यक सहायता प्रदान करें निर्विघ्नता के साथ वह शुभ कार्य पूरा हो...छपाई और काग़ज़ भी अच्छा है

श्रीयुत महाशय **मुन्शीराम जी**—जिज्ञासु-मुख्याधिष्ठाता गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार—पत्र संख्या ६४ तिथि २७-१०-१९६६।

अथर्ववेद भाष्य आप का दिया व किया हुआ अवकाशानुसार तीसरे हिस्से के लगभग देख चुका हूं आप का परिश्रम सराहनीय है।

तथा—पत्र संख्या ११४ तिथि २२-१२-१९५६।

अवलोकन करने से भाष्य उत्तम प्रतीत हुआ।

श्रीयुत प० **शिव शंकर शर्मा** काव्यतीर्थ-छान्दोग्योपनिषद् भाष्यकार, वेदतत्त्वादि ग्रंथकर्त्ता वेदाध्यापक कांगड़ी गुरुकुल महाविद्यालय, आदि आदि, सम्पादक आर्यमित्र—८ फ़रवरी १९१३।

अथर्ववेद भाष्य। श्री पं० क्षेमकरण दास त्रिवेदी जी का यह परिश्रम प्रशंसनीय है।......आप बहुत दिनों तक सरकारी नौकरी कर और अब वहां से पेन्शन पाके अपना सम्पूर्ण समय संस्कृत पढ़ने में लगाने लगे। अन्ततः आपने वेदों में विशेष परिश्रम कर बड़ौदा राजधानी में वेदों की परीक्षा दी और उनमें उत्तीर्ण हो त्रिवेदी बने हैं। आप परिश्रमी और अनुभवी वृद्ध पुरुष हैं। आप का अथर्ववेदीय भाष्य पढ़ने योग्य है।

श्रीयुत पंडित **भीमसेन शर्मा इटावा**—उपनिषद् गीतादि भाष्यकर्ता वेदव्याख्याता कलकत्ता यूनीवर्सिटी, सम्पादक ब्राह्मण सर्वस्व इटावा, फ़रवरी १९१३।

अथर्ववेदभाष्य—इसे प्रयाग के पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदी ने प्रकाशित किया। इसका क्रम ऐसा रक्खा गया है कि प्रथम तो प्रत्येक सूक्त के प्रारम्भ में······अभिप्राय यह है कि भाष्य का ढंग अच्छा है···भाष्यकर्ता के मानसिक विचारों का झुकाव आर्यसामाजिक सिद्धान्तों की तरफ़ है अतएव भाष्य भी आर्य सामाजिक शैली का हुआ है। तब भी कई अंशों में स्वामी दयानन्द के भाष्य से अच्छा है। और यह प्रणाली तो बहुत ठीक है।

श्रीमती पंडिता **शिवप्यारी देवी** जी, १३७ हकीम देवी प्रसाद जी अतरसुइया, प्रयाग, पत्र ता० २१-१०-१९१५॥

श्रीयुत पण्डित जी नमस्ते,

महेवा के पते से आपका भेजा हुआ पत्र और अथर्ववेद भाष्य चौथा कांड मिला, मैं ने चारों कांड पढ़े, पढ़कर अत्यन्त आनन्द प्राप्त हुआ। आपने हम सभों पर अत्यंत कृपा की है आपको अनेकों धन्यवाद हैं। आशा है कि पांचवां कांड भी शीघ्र तैयार होकर वी० पी० द्वारा मुझे मिलेगा।

दो पुस्तक हवनमन्त्राः की जिसका मूल्य ।)॥ है कृपाकर भेज दीजिये मेरी एक बहिन को आवश्यकता है।

श्रीयुत पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी—कानपुर, सम्पादक सरस्वती प्रयाग, फ़रवरी १९१३।

अथर्ववेद भाष्य—श्रीयुत क्षेमकरणदास त्रिवेदी जी के वेदार्थज्ञान और श्रम का यह फल है, कि आप ने अथर्ववेद का भाष्य लिखना और क्रम क्रम से प्रकाशित करना आरम्भ किया है...बड़ी विधि से आप भाष्य की रचना कर रहे हैं। स्वर सहित मूलमन्त्र, पद पाठ, हिन्दी में सान्वय अर्थ, भावार्थ, पाठान्तर, टिप्पणी आदि से आपने अपने भाष्य को अलंकृत किया है...आपकी राय है कि "वेदों में सार्वभौम विज्ञान का उपदेश है"। आपका भाष्य स्वामी दयानन्द सरस्वती के वेदभाष्य के ढंग का है।

श्रीयुत पण्डित गणेश प्रसाद शर्मा—संपादक भारतसुदशाप्रवर्त्तक फ़तहगढ़, ता० १२ अप्रैल १९१३।

हर्ष की बात है कि जिस वेद भाष्य की बड़ी आवश्यकता थी, उसकी पूर्ति का आरम्भ होगया। वेद भाष्य बड़ी उत्तम शैली से निकलता है। प्रथम मन्त्र पुनः पदार्थयुक्त भाषार्थ, उपरान्त भावार्थ, और नोट में सन्देह निवृत्ति के लिये धात्वार्थ भी व्याकरण व निरुक्त के आधार पर किया गया है, वैदिक धर्म के प्रेमियों को कम से कम यह समझ कर भी ग्राहक होना चाहिये कि उनके मान्य ग्रन्थ का अनुवाद है और काम पड़े पर उससे कार्य लिया जा सकता है।

बाबू कालिकाप्रसाद जी—सिल्क मर्चेन्ट कमनगढ़ा, बनारस सिटी संख्या ५८९ ता०२७-३-१३।

आपका भेजा अथर्ववेदभाष्य का वी० पी० मिला, मैं आपका भाष्य देखकर बहुत प्रसन्न हुआ, परमेश्वर सहाय करे कि आप इसे इसी प्रकार पूर्ण करें। आप बहुत काम एक साथ न छेड़कर इसी की तरफ़ समाधि लगाकर पूर्ण करेंगे। मेरा नाम ग्राहकों में लिख लीजिये, जब २ अङ्क छपें मेरे पास भेज देना।

श्रीयुत महाशय रावत हरप्रसाद सिंहजी वर्मा, मु० एकडला पोस्ट किशुनपुर, ज़िला फ़तेहपुर हसवा, पत्र ६ दिसम्बर १९१३।

वास्तव में आप का किया हुआ "अथर्ववेद भाष्य" निष्पक्षता का आश्रय लिया चाहता है। आप ने यह साहस दिखाकर साहित्य भण्डार की एक बड़ी भारी न्यूनता को पूर्ण कर दिया है। ईश्वर आपको वेद भण्डारे के आवश्यकीय कार्यों के सम्पादन करने का बल प्रदान करें।

श्रीयुत महाशय पंडित श्रीधर पाठक जी, (सभापति हिन्दी साहित्य सम्मेलन लखनऊ)—मनोविनोद आदि अनेक ग्रन्थों के कर्त्ता, सुपरिन्टेन्डेन्ट गवर्नमेंट सेक्रेटरियट, पी० डब्ल्यू० डी० श्री प्रयागराज, पत्र ता० १७-९-१३।

आप का अथर्ववेद भाष्य अवलोकन कर चित्त अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ। आप की पाण्डित्य-पूर्ण कृति वेदार्थ जिज्ञासुओं को बहुत हितकारिणी होगी। आप व्याख्याक्रम परम मनोरम तथा प्रांजल है, और ग्रन्थ सर्वथा उपादेय है।

प्रकाश लाहौर १२ आषाढ़ संवत् १९७३ (२५ जून १९१६—लेखक श्रीयुत पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर जी)

हम पण्डित क्षेमकरणदास जी का धन्यवाद करने से नहीं रह सकते—स्वामी (दयानन्द) जी ने लिखा है-कि वेद का पढ़ना पढ़ाना आर्यों का परम धर्म है—इसके अनुकूल श्री पंडित जी अपना समय वेद अध्ययन में लगाते हैं—और आर्यों के लिये परम उपयोगी पुस्तक प्रकाशित करने में पुरुषार्थ करते रहते हैं—पंडित जी ने इस समय तक हवन मन्त्रों तथा रुद्राध्याय का भाषा में अर्थ प्रसिद्ध किया है-जो कि आर्यों के लिये पठन पाठन में उपयोगी हैं। इस सम्बन्ध में यह अथर्ववेद के पांच कांड छपवा कर निःसन्देह बड़ा लाभ पहुंचाया है। आर्यों की जो शिक्षा प्रणाली थी उसको टूटे आज पांच हज़ार वर्ष हो चुके हैं। ऐसे अंधेरे के समय में स्वामी जी ने वेद के ऊपर लोगों के भीतर दृढ़ विश्वास उत्पन्न करके एक धर्म का दीपक प्रकाशित किया। परन्तु हमें शोक यह है वेद के पढ़ने पढ़ाने में आर्य लोग इतना समय नहीं लगाते जितना वे प्रबन्ध सम्बन्धी झगड़ों की बातों में लगाते हैं। हमारा विश्वास है कि जब तक पं० क्षेमकरणदास जी जैसे वेदाभ्यासी पुरुषार्थी लोग अपना समय वेदों के खोज में न लगावेंगे तब तक आर्य समाज का कोई गौरव नहीं बढ़ सकता। अथर्ववेद के अर्थ खोजने में बड़ी कठिनता है। इसके ऊपर सायण भाष्य उपलब्ध नहीं होता, जो इस समय तक छपा हुआ है वह बड़ी अधूरी दशा में है, सूक्त के सूक्त ऐसे हैं कि जिनके ऊपर अब तक कोई टीका नहीं हुई।............इस समय जो पांच कांडों का भाष्य पंडित जी ने प्रकाशित किया है उसके लिखने का ढंग बड़ा अच्छा और सुगम है। प्रथम उन्होंने सूक्त के तथा मन्त्रों के देवता दिये हैं—पश्चात् छन्द...विद्वानों का यही काम है कि वह जैसे जैसे साधन उनके पास हों वैसा वैसा सोचकर वेद मन्त्रों का अर्थ प्रकाशित करें। ऐसे सैकड़ों प्रयत्न जब होंगे, तब सच्चे अर्थ खोज करना आगामी विद्वानों को सरल होगा। परन्तु इस समय बड़ी भारी कठिनाई यह है कि प्रकाशित पुस्तकों के लिये पर्याप्त संख्या में ग्राहक नहीं मिलते हैं और विद्वानों के पास सम्पत्ति का अभाव होने के कारण हानि के डर से पुस्तकों का प्रकाशित करना बन्द होता है। इसलिये सब आर्यों को परम उचित है कि पंडित क्षेमकरणदास जी जैसे विद्वान् पुरुषार्थी के ग्रन्थ मोल लेकर उनको अन्य ग्रन्थ प्रकाशित करने की आशा देते रहें। त्रिवेदी जी कोई धनाढ्य पुरुष नहीं हैं, उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति जो कुछ उनके पास है लगा दी है.........त्रिवेदी जी ने जो कुछ किया है वह वैदिक धर्म के प्रेम से प्रवृत्त होकर-इस लिये न केवल सब आर्य पुरुषों का यह कर्त्तव्य है कि इस भाष्य को मोल लेकर त्रिवेदी जी को उत्साहित करें किन्तु धनाढ्य आर्य पुरुषों का यह भी कर्त्तव्य है कि उनकी आर्थिक सहायता करें।

The VIDYADHIKARI (Minister of Education), *Baroda State, letter No.* 624 *dated 6th February* 1913.

.....It has been decided to purchase 20 copies of your book entitled अथर्ववेद भाष्यम्. It has been sanctioned for use of the library and the prize distribution. Please send them...also add on the address lab. "For Encouragement Fund."

Rai Thakur Datta, Retired District Judge, Dera Ismail Khan

Letter dated March 25th, 1914

The Atharva Veda Bhashya:—It is a gigantic task and speaks volumes for your energies and perseverance that you should have undertaken at an advanced age. I wish I had a portion of your will-power.

Letter dated 30th April 1914.

I very much admire your labour of lore and hope...the venture will not fail for want of pecuniary support.

The Magistrate of Allaabad,

Letter No. 912 dated 21st May 1915.

Has the honour to request him to be so good as to send a copy each of the 1st and 3rd Kandas of Atharva Veda Bhashya to this office for transmission to the India Office, London.

THE ARYA PATRIKA, LAHORE, APRIL 18, 1914.

THE *Atharva Veda Bhashya* or commentary on the *Atharva Veda* which is being published in parts by Pandit Khem Karan Das Trivedi, does great credit to his energy, perseverance and scholarship. The first part contains the Introduction and the first *Kanda* or Book. There is a learned disquisition on the origin of the Vedas and the pre-eminent position in Sanskrit literature......The arrangement is good, the original *Mantra* is followed by a literal translation and their *bhavarth* or purport in Arya Bhasha. The footnotes are copious; they give the derivation and meaning in Sanskrit of the various words quoting the authority of *Ashtadhyayi* of Panini, *Unadikosha* of Dayananda, *Nirukta* of Yaska, *Yoga Darshana* of Patanjali and other standard ancient works......The Pandit appears to have laboured very hard and the Book before us does credit to his erudition; scholars may not agree with certain of his renderings, but like a true Arya, who venerates the Vedas, he has made an honest attempt to find in the Vedic verses something which will elevate and ennoble mankind. Cross references to verses where the word has already occurred in this Veda are also given to enable the reader to compare notes. There can be no finality in Vedic interpretation, but honest attempts like these which shall render the task easy to others are commendable. We are glad to call public attention to this scholarly work, and hope that Pandit Khem Karn Das Trivedi will get the encouragement which he so richly deserves......Our earnest request is that the revered Pandit will go on with this noble work and try to finish the whole before he is called to eternal rest......

N.B.—The printing and paper are good, the price is moderate.

॥ ओ३म् ॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ १ ॥

अथर्व० का० १९ सू० ६२ म० १ ॥

प्रिय मोहि करौ देव, तथा राज समाज में ।
प्रिय सब दृष्टि वाले, औ शूद्र और अर्य में ॥

अथर्ववेद भाष्यम् ।

एकादशं काण्डम् ।

आर्यभाषायामनुवाद-भावार्थादिसहितं
संस्कृते व्याकरणनिरुक्तादिप्रमाणसमन्वितं च ।

श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिमधीरवीरचिरप्रतापि श्री
सयाजीरावगायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमास-
दक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु
लब्धदक्षिणेन

श्री पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदिना

निर्मितं प्रकाशितं च ।

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.

Griffith's Trans. Atharv 19: 62 : 1

अयं ग्रन्थः पण्डित ओङ्कारनाथ वाजपेयिप्रबन्धेन
प्रयागनगरे ओंकार यन्त्रालये मुद्रितः ।

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि } संवत् १९७४ वि० सन् १९१७ ई० { मूल्यम् २)

॥ ओ३म् ॥

"वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परमधर्म है।"

आनन्द समाचार ॥

[आप देखिये और अपने मित्रों को दिखाइये]

अथर्ववेदभाष्यम्—जिन वेदों की महिमा सब बड़े २ ऋषि, मुनि और योगी गाते आये हैं और विदेशी विद्वान् जिनका अर्थ खोजने में लग रहे हैं। वे अब तक संस्कृत में होने के कारण बड़े कठिन थे। ऋग्वेद, और यजुर्वेद और सामवेद का अर्थ तो भाषा में हो चुका है। परन्तु अथर्व वेद का अर्थ अभी तक नागरी भाषा में नहीं था, इस महात्रुटि को पूरा करने के लिये प्रयाग निवासी पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी ने उत्साह किया है। वे भाष्य को नागरी (हिन्दी) और संस्कृत में वेद, निघण्टु, निरुक्त, व्याकरणादि सत्य शास्त्रों के प्रमाण से बड़े परिश्रम के साथ बनाकर प्रकाशित कर रहे हैं।

भाष्य का क्रम इस प्रकार है। १—सूक्त के देवता, छन्द, उपदेश, २—सस्वर मूल म[illegible] ३—सस्वर पदपाठ, ४—मन्त्रों के शब्दों को कोष्ठ में देकर सान्वय भाषार्थ, ५—भा[illegible] ६ आवश्यक टिप्पणी, पाठान्तर, अनुरूप पाठादि, ७—प्रत्येक पृष्ठ में लाइन देकर सन[illegible] निवृत्ति के लिये शब्दों और क्रियाओं की व्याकरण निरुक्तादि प्रमाणों से सिद्धि।

इस वेद में २० छोटे बड़े कांड हैं, एक एक कांड का भावपूर्ण संक्षिप्त स्त्री पुरुषों के समझने योग्य अति सरल हिन्दी और संस्कृत भाष्य अल्प मूल्य में छपकर ग्राहकों के पास पहुँचता है। वेद प्रेमी श्रीमान् राजे, महाराजे, सेठ, साहूकार, विद्वान् और सर्व साधारण स्त्री पुरुष स्वाध्याय, पुस्तकालयों और पारितोषिकों के लिये भाष्य मंगावें और जगत्पिता परमात्मा के पारमार्थिक और सांसारिक उपदेश, ब्रह्मविद्या, वैद्यकविद्या, शिल्पविद्या, राजविद्यादि अनेक क्रियाओं का तत्त्व जानकर आनन्द भोगें और धर्मात्मा पुरुषार्थी होकर कीर्ति पावें। छपाई उत्तम और काग़ज़ बढ़िया रायल अठपेजी है।

स्थायी ग्राहकों में नाम लिखानेवाले सज्जन २०) सैकड़ा छोड़कर पुस्तक वी० पी० वा नगद दाम पर पाते हैं। डाकव्यय ग्राहक देते हैं।

काण्ड	१भूमिका सहित	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	पृष्ठ २,८५० लगभग
मूल्य	१।)	१।-)	१॥-)	२)	१॥।=)	३)	२।)	२)	२।)	२॥)	२।)	२२।)

काण्ड १२ छप रहा है। कांड १३ शीघ्र प्रकाशित होगा।

हवनमन्त्राः—धर्म शिक्षा का उपकारी पुस्तक—चारों वेदों के संगृहीत मन्त्र ईश्वर स्तुति, स्वस्तिवाचन, शान्तिकरण, हवनमन्त्र वामदेव्यगान सरल भाषा में शब्दार्थ सहित संशोधित बढ़िया रायल अठपेजी पृष्ठ ६०, मूल्य ।)॥

रुद्राध्यायः—प्रसिद्ध यजुर्वेद अध्याय १६ (नमस्ते रुद्र मन्यव उतो त इषवे नमः) ब्रह्मनिरूपक अर्थ संस्कृत, भाषा और अंग्रेज़ी में बढ़िया रायल अठपेजी पृष्ठ १४८ मूल्य ।=)

रुद्राध्यायः—मूलमात्र बढ़िया रायल अठपेजी पृष्ठ १४ मूल्य)॥

वेदविद्यायें—वेदों में विमान, नौका, अस्त्र शस्त्र निर्माण व्यापार, गृहस्थ, अतिथि, सभा, ब्रह्मचर्यादि का वर्णन मूल्य -)॥

२० दिसम्बर १९१७।

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी
५२, लूकरगञ्ज, प्रयाग।

१—सूक्त विवरण अथर्ववेद, काण्ड ११॥

सूक्त	सूक्त के प्रथम पद	देवता	उपदेश	छन्द
१	अग्ने जायस्वादिति	ब्रह्मौदन	ब्रह्मज्ञान से उन्नति	विराट् त्रिष्टुप् आदि
२	भवाशर्वौ मृडतंमाभि	भव, शर्व, रुद्र	शांति के लिये पुरुषार्थ	स्वराट् त्रिष्टुप् आदि
३(१)	तस्यौदनस्य बृहस्पतिः	ओदन	सृष्टि के पदार्थों का ज्ञान	आसुरी गायत्री आदि
(२)	ततश्चैनमन्येन शीर्ष्णा	तथा	बलविद्या	साम्नी त्रिष्टुप् आदि
(३)	एतद्वैब्रध्नस्यविष्टपं	तथा	ब्रह्मज्ञान से मोक्ष	आसुर्यनुष्टुप् आदि
४	प्राणाय नमो यस्य	प्राण	प्राण की महिमा	शङ्कुमती आदि
५	ब्रह्मचारीष्णंश्चरति	ब्रह्मचारी	ब्रह्मचर्य के महत्त्व	आर्षी त्रिष्टुप् आदि
६	अग्निंब्रूमो वनस्पती	अग्नि आदि	कष्ट हटाना	अनुष्टुप् आदि
७	उच्छिष्टे नाम रूपं	उच्छिष्ट	सब जगत के कारण परमात्मा	अनुष्टुप् आदि
८	यन्मन्युर्जायामावहत्	मन्यु	शरीर की रचना	अनुष्टुप् आदि
९	ये बाहवो या इषवो	अर्बुदि	राजा प्रजा के कर्तव्य	अनुष्टुप् आदि
१०	उत्तिष्ठत संनह्यध्वमु	त्रिषन्धिआदि	राजा प्रजा के कर्तव्य	अनुष्टुप् आदि

२—अथर्ववेद काण्ड ११ के मन्त्र अन्यवेदों में सम्पूर्ण वा कुछ भेद से॥

मन्त्र संख्या	मन्त्र	(काण्ड ११) सूक्तमन्त्र	ऋग्वेद, मण्डल सूक्त, मन्त्र	यजुर्वेदअध्याय, मन्त्र	सामवेद पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक इत्यादि
१	कृणुत धूमं वृषणः	१ । २	३ । २९ । ९		
२	मा नो महान्तमुत	२ । २९	१ । ११४ । ७	१६ । १५	
३	अभिक्रन्दन् स्तनयन्न	५ । १२	१ । १६४ । ४२		

॥ ओ३म् ॥

अथर्ववेदः ॥

एकादशं काण्डम् ॥

प्रथमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् १ ॥

१-३७ ॥ ब्रह्मौदनो देवता ॥ १,२,५, विराट् त्रिष्टुप् ; ३ शक्वरी गर्भा त्रिष्टुप् ; ४, ६, १३, १४, १६, २१, २३, २९-३१, ३६, भुरिक् त्रिष्टुप् ; ७, १२, १९, २२, २६, २८, ३२-३४ त्रिष्टुप् ; ८ विराड् गायत्री ; ९, ११ जगती ; १०, १५ स्वराट् त्रिष्टुप् ; १७, ३७ विराड् जगती; १८, २५ भुरिग् जगती ; २० स्वराड् जगती ; २४ निचृदार्षी जगती ; २७ आर्षी जगती; ३५ निचृदुष्णिक् ॥

ब्रह्मज्ञानेनोन्नत्युपदेशः-ब्रह्मज्ञान से उन्नति का उपदेश ॥

अग्ने जायस्वादितिर्नाथितेयं ब्रह्मौदनं पचति पुत्रकामा ।
सप्तऋषयो भूतकृतस्ते त्वा मन्थन्तु प्रजया सहेह ॥ १ ॥

अग्ने । जायस्व । अदितिः । नाथिता । इयम् । ब्रह्म-ओदनम् । पचति । पुत्र-कामा ॥ सप्त-ऋषयः । भूत-कृतः । ते । त्वा । मथन्तु । प्र-जया । सह । इह ॥ १ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे तेजस्वी विद्वान् पुरुष ! (जायस्व) प्रसिद्ध हो, [जैसे] (इयम्) यह (नाथिता) पति वाली, (पुत्रकामा) पुत्रों की कामना वाली (अदितिः) अदिति [अखण्ड व्रत वाली वा अदीन स्त्री] (ब्रह्मौदनम्)

१—(अग्ने) हे तेजस्विन् विद्वन् (जायस्व) प्रसिद्धो भव (अदितिः) अ० २ । २८ । ४ । दो अवखण्डने दीङ् क्षये वा-क्तिन्, नञ्समासः । अदितिरदीना देवमाता-निरु० ४ । २२ । अखण्डव्रताऽदीना स्त्री (नाथिता) अ० ४ । २३ । ७ ।

ब्रह्म-ओदन [वेदज्ञान, अन्न वा धन के बरसाने वाले परमात्मा] को (पचति) पक्का [मनमें दृढ़] करती है। [वैसे ही] (ते) वे (भूतकृतः) उचित कर्म करने वाले (सप्तऋषयः) सात ऋषि [व्यापन शील वा दर्शन शील अर्थात् त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि] (इह) यहां पर (प्रजया सह) प्रजा के साथ [मनुष्यों के सहित] (त्वा) तुझ [विद्वान्] को (मन्थन्तु) मथें [प्रवृत्त करें] ॥ १ ॥

भावार्थ—हे मनुष्य जैसे माता वेद आदि शास्त्रों में प्रवीण होकर सन्तान से प्रीति करती हुयी परमेश्वर की आज्ञा पालन में तत्पर होती है, वैसे ही तू अपनी इन्द्रियों मन और बुद्धि से उपकार लेकर सन्तान सहित पुरुषार्थ कर ॥१॥

कृणुत धूमं वृषणः सखायोऽद्रोघाविता वाचमच्छ । अयमग्निः पृतनाषाट् सुवीरो येन देवा असहन्त दस्यून् ॥ २ ॥

कृणुत । धूमम् । वृषणः । सखायः। अद्रोघ-अविता। वाचम् । अच्छ ॥ अयम् । अग्निः । पृतनाषाट् । सु-वीरः । येन । देवाः । असहन्त । दस्यून् ॥ २ ॥

नाथ-इतच्, टाप्। नाथवती सभर्तृका (इयम्) प्रसिद्धा (ब्रह्मौदनम्) अ० ४ । ३५ । ७ । बृंहेर्नोऽच्च । उ० ४ । १४६। बृहि वृद्धौ-मनिन्, नकारस्य अकार, रत्वं च । ब्रह्म, अन्नम् निघ० २।७। ब्रह्म धनम्-निघ० २।१० + उन्देर्नलोपश्च उ० २।७६। उन्दी क्लेदने-युच्। ओदनो मेघः-निघ० १ । १० । ओदनमुदकदानं मेघम्-निरु० ६ । ३४ । ब्रह्मणो वेदज्ञानस्यान्नस्य धनस्य वा सेचकं वर्षकं परमात्मानम् (पचति) पक्कं मनसि दृढं करोति (पुत्रकामा) शीलिकामिभक्ष्याचरिभ्यो णः । वा० पा० ३ । २ । १ । कामेर्णप्रत्ययः । पुत्रादीन् कामयमाना (सप्तऋषयः) अ० ४ । ११ । ६ । ऋष गतौ दर्शने च-इन् । ऋत्यकः । पा० ६ । १ । १२८ । इति प्रकृतिभावः । सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे-यजु० ३४ । ५५ । सप्त ऋषयः षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तमी-निरु० १२ । ३७ । त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धयः (भूतकृतः) अ० ६ । १०८ । ४ । भूतमुचितं कर्म कुर्वन्ति ते (ते) प्रसिद्धाः (त्वा) त्वां विद्वांसम् (मन्थन्तु) विलोडयन्तु । प्रवर्तयन्तु (प्रजया) प्रजागणेन (सह) साकम् (इह) अस्मिन् गृहाश्रमे ॥

भाषार्थ—(वृषणः) हे ऐश्वर्य वाले (सखायः) सखाओ ! (धूमम्) कम्पन [चेष्टा] (कृणुत) करो, (वाचम् अच्छ) [अग्ने] वचन का लक्ष्य करके (अद्रोघाविता) निर्द्रोहियों [शुभाचारियों] का रक्षक (पृतनाषाट्) संग्रामों का जीतने वाला, (सुवीरः) उत्तम वीरों वाला (अयम्) यह (अग्निः) तेजस्वी वीर है, (येन) जिस [वीर] के साथ (देवाः) देवों [विजयी जनों] ने (दस्यून्) डाकुओं को (असहन्त) जीता है ॥ २ ॥

भावार्थ—सब मनुष्य मित्रभाव से रहकर सुपरीक्षित शूरवीर विद्वान् पुरुष को सेनापति बनाकर शत्रुओं का नाश करें ॥ २ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—म० ३ । सू० २९ । म० ९ ॥

अग्नेऽजनिष्ठा महते वीर्याय ब्रह्मौदनाय पक्तवे जातवेदः ।
सप्तऋषयो भूतकृतस्ते त्वाजीजनन्नस्यै रयिं सर्ववीरं नि यच्छ ॥३॥

अग्ने । अजनिष्ठाः । महते । वीर्याय । ब्रह्म-ओदनाय । पक्तवे । जात-वेदः ॥ सप्त-ऋषयः । भूत-कृतः । ते । त्वा । अजीजनन् । अस्यै । रयिम् । सर्व-वीरम् । नि । यच्छ ॥३॥

भाषार्थ—(जातवेदः) हे प्रसिद्ध ज्ञान वाले (अग्ने) तेजस्वी वीर !

२—(कृणुत) कुरुत (धूमम्) इषियुधीन्धिदसिश्याधूसूभ्यो मक् । उ० १ । १४५ । धूञ् कम्पने—मक् । कम्पनं चेष्टनम् । (वृषणः) अ० १ । १२ । १ । वृषु सेचने प्रजनैश्वर्ययोः—कनिन् । वा षपूर्वस्य निगमे । पा० ६ । ४ । ९ । दीर्घाभावः । वृषाणः । ऐश्वर्यवन्तः । इन्द्राः (सखायः) सर्वमित्रभूताः (अद्रोघाविता) अद्रोहकारिणां सुचरित्राणामविता रक्षिता (वाचम्) वचनम् (अच्छ) अभिलक्ष्य (अयम्) (अग्निः) तेजस्वी विद्वान् (पृतनाषाट्) अ० ५ । १४ । ८ । संग्रामजेता (सुवीरः) नञ्सुभ्याम् । पा० ६ । २ । १७२ इत्युत्तरपदेऽन्तोदात्ते प्राप्ते । वीरवीर्यौ च । पा० ६ । २ । १२० । उत्तरपदाद्युदात्तः । शोभनवीरोपेतः (येन) शूरेण (देवाः) विजयिनः (असहन्त) अभ्यभवन् (दस्यून्) चौरान् । महासाहसिकान् ॥

(अग्ने) हे तेजस्विन् (अजनिष्ठाः) त्वमुत्पन्नोऽसि (महते) प्रभूताय

(महते) बड़े (वीर्याय) वीरत्व [पाने] के लिये (ब्रह्मौदनाय पक्तवे) ब्रह्म-ओदन [वेदज्ञान, अन्न वा धन बरसाने वाले परमात्मा] के पक्का [मन में दृढ़] करने को (अजनिष्ठाः) तू उत्पन्न हुआ है। (ते) उन (भूतकृतः) उचित कर्म करने वाले (सप्तऋषयः) सात ऋषियों [त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा नाक, मन और बुद्धि] ने (त्वा) तुझ [शूर] को (अजीजनन्) प्रसिद्ध किया है, (अस्यै) इस [प्रजा म० १] को (सर्ववीरम्) सब वीरों से युक्त (रयिम्) धन (नि) नियम से (यच्छ) दे ॥ ३ ॥

भावार्थ—विद्वान् मनुष्य पराक्रम के साथ परमेश्वर की आज्ञा का पालन करे और मन बुद्धि द्वारा श्रेष्ठ कर्मों से प्रसिद्ध होकर प्रजा पालन में तत्पर रहे ॥ ३ ॥

समिद्धो अग्ने समिधा समिध्यस्व विद्वान् देवान् यज्ञियाँ एह वक्षः। तेभ्यो हविः श्रपयं जातवेद उत्तमं नाकमधि रोहयेमम् ४

सम्-इद्धः। अग्ने। सम्-इधा। सम्। इध्यस्व। विद्वान्। देवान्। यज्ञियान्। आ। इह। वक्षः॥ तेभ्यः। हविः। श्रपयन्। जात-वेदः। उत्-तमम्। नाकम्। अधि। रोहय। इमम् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे तेजस्वी पुरुष ! (समिधा) काष्ठ आदि से (समिद्धः) प्रकाशित [अग्नि के समान] (सम् इध्यस्व) प्रकाश कर, (यज्ञियान्) पूजा योग्य (देवान्) देवों [विजयी जनों) को (विद्वान्) जानता-

---

(वीर्याय) वीरकर्मणे (ब्रह्मौदनाय) म० १। ब्रह्मणो वेदज्ञानस्य, अन्नस्य धनस्य वा सेचकाय वर्षकाय। परमेश्वराय (पक्तवे) डु पचष् पाके-तवेन्। पक्तुम्। मनसि दृढीकर्तुम् (जातवेदः) अ० १।७।२। हे प्रसिद्धज्ञानयुक्त (अजीजनन्) जनेर्ण्यन्ताल्लुङि चङि रूपम्। प्रसिद्धं कृतवन्तः (अस्यै) प्रजायै-म०१। (रयिम्) धनम् (सर्ववीरम्) सर्वैर्वीरैर्युक्तम् (नि) नियमेन (यच्छ) दाण् दाने-लोट्। देहि। अन्यत् पूर्ववत्-म० १ ॥

४—॥ (समिद्धः) प्रदीप्तोऽग्निर्यथा (अग्ने) हे तेजस्विन् पुरुष (समिधा) काष्ठादिप्रज्वलनसाधनेन (सम्) सम्यक् (इध्यस्व) ञि इन्धी दीप्तौ, रुधादिः, दिवादित्वं छान्दसम्। इन्त्स्व। दीप्यस्व (विद्वान्) विदन्। जानन् (देवान्)

हुआ तू (इह) यहां [उत्तम पद पर] (आ वक्षः) लाता रहे। (जातवेदः) हे प्रसिद्ध धन वाले (तेभ्यः) उनके लिये (हविः) दातव्य वस्तुको (श्रपयन्) पक्का [दृढ़] करता हुआ तू (इमम्) इस [प्राणी वा प्रजा गण] को (उत्तमम्) श्रेष्ठ (नाकम्) आनन्द में (अधि) ऊपर (रोहय) चढ़ा ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्या और पराक्रम से तेजस्वी होकर पूजनीय विद्वानों का यथावत् आदर करके अपने और प्रजागण के लिये उत्तम सुख बढ़ावे ॥ ४ ॥

त्रे॒धा भा॒गो निहि॑तो॒ यः पु॒रा वो॑ दे॒वानां॑ पि॒तॄणां॒ मर्त्या॑नाम् ।
अंशा॑न् जानीध्वं॒ वि भ॑जामि॒ तान् वो॒ यो दे॒वानां॒ स इ॒मां पा॑रयाति ॥ ५ ॥

त्रे॒धा । भा॒गः । नि-हि॑तः । यः । पु॒रा । वः॒ । दे॒वाना॑म् । पि॒तॄणा॑म् । मर्त्या॑नाम् ॥ अंशा॑न् । जा॒नी॒ध्व॒म् । वि । भ॒जा॒मि॒ । तान् । वः॒ । यः । दे॒वाना॑म् । सः । इ॒माम् । पा॒र॒या॒ति॒ ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (त्रेधा) तीन प्रकार से, (देवानाम्) देवताओं [विजयी जनों] का, (पितॄणाम्) पितरों [पालक पुरुषों] का और (मर्त्यानाम्) मर्त्यों [मरणधर्मियों] का, (यः) जो (वः) तुम्हारे लिये

विजयिनो जनान् (यज्ञियान्) यज्ञ—घ । पूजार्हान् (इह) अस्मिन् पदे (आ वक्षः) वहेर्लेटि, अडागमः । सिब्बहुलं लेटि । पा० ३ । १ । ३४ । इति सिप्, ढत्वकत्वषत्वानि । आवहेः (तेभ्यः) विद्वद्भ्यः (हविः) देयं वस्तु (श्रपयन्) श्रा पाके णयन्तात् शतृ. आकारान्तलक्षणे पुकि कृते घटादिपाठात् । मितां ह्रस्वः । पा० ६ । ४ । ९२ । उपधाह्रस्वः । पचन् । दृढीकुर्वन् (जातवेदः) हे प्रसिद्धधन (उत्तमम्) उत्कृष्टम् (नाकम्) आनन्दम् (अधि) उपरि (रोहय) प्रापय (इमम्) प्राणिनं प्रजागणं वा ॥

५—(त्रेधा) एधाच्च । पा० ५ । ३ । ४६ । त्रि-एधाच् । त्रिप्रकारेण (भागः) अंशः (निहितः) स्थापितः (यः) (पुरा) पूर्वकाले । सृष्ट्यादौ (वः) युष्मभ्यम् (देवानाम्) विजयिनाम् । श्रेष्ठपुरुषाणाम् (पितॄणाम्) पाल-

(भागः) भाग (पुरा) पहिले से (निहितः) ठहराया हुआ है। (जानीध्वम्) तुम जानो कि (तान् अंशान्) उन भागों को (वः) तुम्हारे लिये (वि भजामि) मैं [परमेश्वर] बांटता हूं, (यः) जो [भाग] (देवानाम्) देवताओं का है, (सः) वह (इमाम्) इस [प्रजा—म० १] को (पारयति) पार लगावे ॥ ५ ॥

भावार्थ—ईश्वर नियम से अनादि काल से कर्मानुसार मनुष्य तीन प्रकार के हैं—एक उत्तम देवसंज्ञक, दूसरे मध्यम पितृसंज्ञक और तीसरे निकृष्ट मर्त्यसंज्ञक। देवसंज्ञक श्रेष्ठ पुरुष ही अपनी प्रजा को यथावत् सुख पहुंचाने में समर्थ होते हैं ॥ ५ ॥

अग्ने सहस्वानभिभूरभीदसि नीचो न्युब्ज द्विषतः सपत्नान् ।
इयं मात्रा मीयमाना मिता च सजातांस्ते बलिहृतः कृणोतु ॥६॥

अग्ने । सहस्वान् । अभि-भूः । अभि । इत् । असि । नीचः । नि । उब्ज । द्विषतः । स-पत्नान् ॥ इयम् । मात्रा । मीयमाना । मिता । च । स-जातान् । ते । बलि-हृतः । कृणोतु ॥६॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे तेजस्वी शूर ! (सहस्वान्) बलवान् और (अभिभूः) [वैरियों का] हराने वाला तू (इत्) ही (अभि असि) [शत्रुओं को] हराता है, (नीचः) नीच (द्विषतः) द्वेषकरने वाले (सपत्नान्) शत्रुओं को (नि उब्ज) नीचे गिरादे। (इयम्) यह (मीयमाना) नापी जाती हुई (च)

कानां मध्यमजनानाम् (मर्त्यानाम्) मरणधर्मणां निकृष्टजनानाम् (अंशान्) भागान् (जानीध्वम्) अवगच्छत (विभजामि) बण्टयामि परमेश्वरोऽहम् (तान्) (वः) युष्मभ्यम् (यः) भागः (देवानाम्) श्रेष्ठजनानाम् (सः) (इमाम्) प्रजाम्—म० १ (पारयाति) पार कर्मसमाप्तौ–लेट् । पारयेत् । पारं नयेत् ॥

६—(अग्ने) हे तेजस्विन् शूर (सहस्वान्) बलवान् (अभिभूः) अभिभविता । वशयिता (इत्) एव (अभि असि) अभिभवसि (नीचः) ऋत्विग्दधृक्० । पा० ३ । २ । ५६ । नि+अञ्चु गतिपूजनयोः–क्विन् । अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति । पा० ६ । ४ । २४ । इति नलोपः । अचः । पा० ६ । ४ । १३८ ।

और (मिता) नापी गई (मात्रा) मात्रा [परिमाण] (ते) तेरे (सजातान्) सजातियों [साथियों] को (बलिहृतः) [शत्रुओं से] बलि [उपहार वा कर] लाने वाला (कृणोतु) करे ॥ ६ ॥

भावार्थ—शूर वीर पुरुष शत्रुओं को वश में करके नियम पूर्वक अपने विश्वास पात्र मित्रों द्वारा शत्रुओंसे कर एकत्र करे ॥ ६ ॥

साकं संजातैः पयसा सहैध्युदुब्जैनां महते वीर्याय । ऊर्ध्वो नाकस्याधि रोह विष्टपं स्वर्गो लोक इति यं वदन्ति ॥ ७ ॥

साकम् । सम्-जातैः । पयसा । सह । एधि । उत् । उब्ज । एनाम् । महते । वीर्याय ॥ ऊर्ध्वः । नाकस्य । अधि । रोह । विष्टपम् ॥ स्वः-गः । लोकः । इति । यम् । वदन्ति ॥ ७ ॥

भाषार्थ—[हे शूर !] (सजातैः साकम्) सजातियों [साथियों] के साथ (पयसा सह) अन्न के सहित (एधि) वर्तमान हो, (एनाम्) इस [प्रजा—म० १] को (महते) बड़े (वीर्याय) वीर कर्म के लिये (उत् उब्ज) ऊंचा उठा । (ऊर्ध्वः) ऊंचा होकर तू (नाकस्य) [उस] आनन्द के (विष्टपम्) स्थानपर (अधि रोह) ऊंचा चढ़, (यम्) जिस [आनन्द] को (वदन्ति) वे [विद्वान्] बताते हैं—"(स्वर्गः लोकः इति) यह स्वर्ग लोक है" ७॥

शसि भसंज्ञायाम् । अकारलोपे । चौ । पा० ६ । ३ । १३८ । इति दीर्घः । नीचगतीन् । अधमान् (न्युब्ज) उब्ज आर्जवे, निपूर्वात् अधोमुखीकरणे । अधोमुखान् कुरु (द्विषतः) अप्रियकारिणः (सपत्नान्) शत्रून् (इयम्) (मात्रा) हुयामाश्रुभसिभ्यस्त्रन् । उ० ४ । १३८ । माङ् माने—त्रन् । मात्रा मानात्—निरु० ४ । २५ । परिमाणम् (मीयमाना) क्रियमाणा (मिता) निर्मिता (च) (सजातान्) समानजन्मनः । बन्धून् (ते) तुभ्यम् (बलिहृतः) बलेरुपायनस्य करस्य वा हारकान् प्रापकान् शत्रुसकाशात् (कृणोतु) करोतु ॥

७—(साकम्) सार्धम् (सजातैः) समानजन्मभिः । बन्धुभिः (पयसा) अन्नेन—निघ० २ । ७ (सः) (एधि) अस्तेर्लोटि । भव । वर्तस्व (उदुब्ज) उद्गमय । उन्नतां कुरु (एनाम्) प्रजाम्—म० १ (महते) प्रभूताय (वीर्याय) वीर कर्मणे (ऊर्ध्वः) उन्नतः सन् (नाकस्य) सुखस्य (अधि रोह) अधिरूढो भव (विष्टपम्) अ० १० । १० । ३१ । विश प्रवेशने कपप्रत्ययः तुडागमः । प्रवेशम् । आश्रयम् (स्वर्गः) सुखप्रापकः (लोकः) दर्शनीयः प्रदेशः (इति) (यम्) नाकम् (वदन्ति) कथयन्ति विद्वांसः ॥

भावार्थ—बुद्धिमान् पुरुष अपने भाई बन्धुओं का अन्न आदि से सत्कार करके प्रजा की उन्नति करें और उनकी उन्नति से अपनी उन्नति करके पूर्ण आनन्द भोगे, जिसका नाम स्वर्ग लोक है ॥ ७ ॥

इ॒यं म॒ही प्रति॑ गृह्णातु॒ चर्म॑ पृथि॒वी दे॒वी सु॑मन॒स्यमा॑ना ।
अथ॑ गच्छेम सुकृ॒तस्य॑ लो॒कम् ॥ ८ ॥

इ॒यम् । म॒ही । प्रति॑ । गृ॒ह्णा॒तु॒ । चर्म॑ । पृ॒थि॒वी । दे॒वी । सु॒ऽम॒न॒स्यमा॑ना ॥ अथ॑ । ग॒च्छे॒म॒ । सु॒ऽकृ॒तस्य॑ । लो॒कम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(इयम्) यह (मही) बड़ी (देवी) श्रेष्ठगुण वाली, (सुमनस्यमाना) प्रसन्न मन वाली [प्रजा] (पृथिवी) पृथिवी पर (चर्म) विज्ञान (प्रति गृह्णातु) ग्रहण करे। (अथ) फिर (सुकृतस्य) धर्म के (लोकम्) समाज में (गच्छेम) हम जावें ॥ ८ ॥

भावार्थ—प्रशस्त विज्ञानी लोग धर्मात्माओं के समाज में प्रतिष्ठा पाकर आनन्दयुक्त होवें ॥ ८ ॥

इस मन्त्र का उत्तरभाग आचुका है—अथर्व० ६ । १२१ । १ । और ७ । ८३ । ४ ॥

ए॒तौ ग्रावा॑णौ स॒युजा॑ यु॒ङ्ग्धि चर्म॑णि॒ निर्भि॑न्ध्यं॒शून् यज॑मानाय सा॒धु । अ॒व॒घ्न॒ती नि ज॑हि॒ य इ॒मां पृ॑त॒न्यव॑ ऊ॒र्ध्वं प्र॒जामु॒द्भर॑न्त्यु॒दू॑ह ॥ ९ ॥

ए॒तौ । ग्रावा॑णौ । स॒ऽयुजा॑ । यु॒ङ्ग्धि । चर्म॑णि । निः । भि॒न्धि॒ । अं॒शून् । यज॑मानाय । सा॒धु ॥ अ॒व॒ऽघ्न॒ती । नि । ज॒हि॒ । ये ।

८—(इयम्) उपस्थिता (मही) महती (प्रतिगृह्णातु) स्वीकरोतु (चर्म) सर्वधातुभ्यो मनिन्। उ० ४ । १४५। चर गतिभक्षणयोः मनिन्। विज्ञानम्-दयानन्दभाष्ये, यजु० ३० । १५ (पृथिवी) विभक्तेः सु। पृथिव्याम् (देवी) उत्तमगुणा (सुमनस्यमाना) भृशादिभ्यो भुव्यच्वेर्लोपश्च हलः। पा० ३ । १ । १२। सुमनस्—क्यङ्, शानच्। शुभचिन्तिका (अथ) अनन्तरम् (गच्छेम) प्राप्नुयाम (सुकृतस्य) पुण्यस्य (लोकम्) समाजम् ॥

इमाम् । पृतन्यवः । ऊर्ध्वम् । प्र-जाम् । उत्-भरन्ती । उत् । ऊह ॥ ६ ॥

भाषार्थ—[हे सेना !] (एतौ) इन दोनों (सयुजा) आपस में मिले हुये (ग्रावाणौ) सिल बट्टों को (चर्मणि) विज्ञान में [होकर] (युङ्ग्धि) मिला और (यजमानाय) यजमान [श्रेष्ठ कर्म करने वाले] के लिये (अंशून्) कणों को (साधु) सावधानी से (निः भिन्द्धि) कूट डाल । (अवघ्नती) मारती हुई तू [उन लोगों को] (नि जहि) मारडाल, (ये) जो (इमाम् प्रजाम्) इस प्रजा पर (पृतन्यवः) सेना चढ़ाने वाले हैं और [प्रजा को] (ऊर्ध्वम्) ऊंची ओर (उद्भरन्ती) उठाती हुई तू (उत् ऊह) ऊंचा विचार कर ॥ ६ ॥

भावार्थ—सेनापति को योग्य है कि जैसे सिल बट्टे से अन्न आदि कूटकर निःसार वस्तु निकालकर ससार पदार्थ ग्रहण करते हैं, वैसे ही सेना द्वारा शत्रुओं को मारकर श्रेष्ठों की रक्षा करे ॥ ६ ॥

गृहाण ग्रावाणौ सकृतौ वीर हस्त आ ते देवा यज्ञिया यज्ञमंगुः । त्रयो वरा यतमांस्त्वं वृणीषे तास्ते समृद्धीरिह राधयामि ॥ १० ॥ (१)

गृहाण । ग्रावाणौ । स-कृतौ । वीर । हस्ते । आ । ते । देवाः । यज्ञियाः । यज्ञम् । अगुः ॥ त्रयः । वराः । यतमान् । त्वम् ।

६—(एतौ) पुरोवर्तिनौ (ग्रावाणौ) उलूखलमुसलरूपौ धान्याद्यवहननप्रस्तरौ (सयुजा) सयुजौ । सहयुञ्जानौ (युङ्ग्धि) योजय (चर्मणि) विज्ञाने—म० ८ (निर्भिन्द्धि) निरन्तरं छिन्द्धि (अंशून्) अंश विभाजने—कु । अवयवान् (यजमानाय) श्रेष्ठकर्मकारकाय (साधु) यथा तथा । सुन्दररीत्या (अवघ्नती) अवहननं कुर्वती (नि जहि) नितरां नाशय तान् शत्रून् (ये) (इमाम्) समीपस्थाम् (पृतन्यवः) अ० ७ । ३४ । १ । सङ्ग्रामेच्छवः (ऊर्ध्वम्) उन्नतं यथा तथा (प्रजाम्) प्रजां प्रति (उद्भरन्ती) उन्नतां धरन्ती (उत्) उत्तमम् (ऊह) ऊह वितर्के । परस्मैपदं छान्दसम् । विचारय ॥

वृणीषे । ताः । ते । सम्-ऋद्धीः । इह । राधयामि ॥१०॥ (१)

भाषार्थ—(वीर) हे वीर ! (सकृतौ) मिलकर काम करने वाले दोनों (ग्रावाणौ) सिलबट्टों को (हस्ते) हाथ में (गृहाण) ले, (यज्ञियाः) पूजा योग्य (देवाः) देवता [विजयी लोग] (ते) तेरे (यज्ञम्) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार में (आ अगुः) आये हैं । (त्रयः) तीन [स्थान नाम और जन्म] (वराः) वरदान हैं, (यतमान्) जिन जिन को (त्वम्) तू (वृणीषे) मांगता है, (ते) तेरे लिये (ताः) उन (समृद्धीः) समृद्धियों को (इह) यहां [संसार में] (राधयामि) मैं सिद्ध करता हूं ॥ १० ॥

भावार्थ—जो पराक्रमी पुरुष सिल बट्टे के समान मिलकर काम करे, सब पुण्यात्मा विजयी पुरुष उसका साथ देवें और वह अपने स्थान वा स्थिति, नाम वा कीर्ति और जन्म वा मनुष्य जन्म को सफल करे ॥ ७ ॥

भगवान् यास्कमुनि का वचन है "धाम तीन होते हैं, स्थान नाम और जन्म"- निरु० ९ । २८ ॥

इयं ते धीतिरिदमु ते जनित्रं गृह्णातु त्वामदितिः शूरपुत्रा ।
परा पुनीहि य इमां पृतन्यवोऽस्यै रयिं सर्ववीरं नि यच्छ ॥११॥

इयम् । ते । धीतिः । इदम् । ऊं इति । ते । जनित्रम् । गृह्णातु । त्वाम् । अदितिः । शूर-पुत्रा ॥ परा । पुनीहि । ये । इमाम् । पृतन्यवः । अस्यै । रयिम् । सर्व-वीरम् । नि । यच्छ ११

भाषार्थ—[हे वीर !] (इयम्) यह (ते) तेरी (धीतिः) धारणशक्ति

१० (गृहाण) स्वीकुरु (ग्रावाणौ) म० ६ । अवहननपाषाणौ (सकृतौ) सह कर्मकर्तारौ (वीर) हे शूर (हस्ते) करे (ते) तव (देवाः) विजिगीषवः (यज्ञियाः) पूजार्हाः (यज्ञम्) श्रेष्ठव्यवहारम् (आ अगुः) इण् गतौ-लुङ् । आगमन् (त्रयः) स्थाननामजन्मरूपाः (वराः) वरणीयाः । प्रार्थनीयाः पदार्थाः (यतमान्) बहुषु यान् वरान् (त्वम्) (वृणीषे) याचसे (ताः) (ते) तुभ्यम् (समृद्धीः) सम्पत्तीः (इह) संसारे (राधयामि) संसाधयामि ॥

११—(इयम्) (ते) तव (धीतिः) अ० ७ । १ । १ । धीङ् आधारे-क्तिन्,

[वा कर्म] (उ) और (इदम्) यह (ते) तेरा (जनित्रम्) जन्म [मनुष्य-जन्म] (त्वाम्) तुझे (गृह्णातु) सहारा देवे, [जैसे] (शूरपुत्रा) शूर पुत्रों वाली (अदितिः) अदिति [अखण्ड व्रतवाली माता सन्तान का हित करती है। (परा पुनीहि) [उन्हें] धो डाल [उन पर पानी फेर दे] (ये) जो [शत्रु] (इमाम्) इस [प्रजा] पर (पृतन्यवः) चढ़ाई करने वाले हैं, (अस्यै) इस [प्रजा] को (सर्ववीरम्) सब वीरों से युक्त (रयिम्) धन (नि) नित्य (यच्छ) दे ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य के शुभ कर्म और शुभ विचार सदा उसका सहाय करते हैं, जैसे ब्रह्मचारिणी माता सन्तान का हित करती है। और वह आत्मावलम्बी वीर सन्तान शत्रुओं का नाश करके प्रजा को धनी और बली बनाता है ॥ ११ ॥

इस मन्त्र का चतुर्थ पाद-म० ३ में आ चुका है ॥

उपश्वसे द्रुवये सीदता यूयं वि विच्यध्वं यज्ञियासस्तुषैः ।
श्रिया समानानति सर्वान्त्स्यामाधस्पदं द्विषतस्पादयामि ॥१२॥

उप-श्वसे । द्रुवये । सीदत । यूयम् । वि । विच्यध्वम् । यज्ञियासः । तुषैः ॥ श्रिया । समानान् । अति । सर्वान् । स्याम । अधः-पदम् । द्विषतः । पादयामि ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(यज्ञियासः) हे पूजनीय पुरुषो ! (उपश्वसे) उत्तम जीवन वाले (द्रुवये) उद्योग के लिये (यूयम्) तुम (सीदत) बैठो और (तुषैः)

यद्वा, दधातेः-क्तिन् । धीतिभिः-कर्मभिः-निरु० ११ । १६ । धारणशक्तिः । आत्मावलम्बनम् । कर्म (इदम्) (उ) च (ते) तव (जनित्रम्) मनुष्यजन्म (गृह्णातु) धारयतु (त्वाम्) शूरम् (अदितिः) म० १ । अखण्डव्रता माता (शूरपुत्रा) वीरपुत्रयुक्ता (परा पुनीहि) संशोधय (ये) (इमाम्) प्रजाम् (पृतन्यवः) म० ६ । संग्रामेच्छवः । अन्यत् पूर्ववत्-म० ३ ॥

१२—(उपश्वसे) श्वस प्राणने-क्विप् । उत्तमजीवनयुक्ताय (द्रुवये) द्रु गतौ, औणादिकः किप्रत्ययः । गतये । उद्योगाय (सीदत) उपविशत (यूयम्)

तुष [तुस] से (वि विच्यध्वम्) अलग होजाओ। (सर्वान्) सब (समानान्) समानों [तुल्य गुण वालों] से (श्रिया) लक्ष्मी द्वारा (अति स्याम) हम बढ़ जावें, (द्विषतः) शत्रुओं को (अधस्पदम्) पैरों के तले (पादयामि) मैं गिरा दूं ॥ १२ ॥

भावार्थ—सब वीर पुरुष मिलकर पराक्रम के साथ दोषों का नाश करें और शत्रुओं को मिटाकर अधिक अधिक सम्पत्ति बढ़ावें ॥ १२ ॥

परेहि नारि पुनरेहि क्षिप्रमपां त्वा गोष्ठोऽध्यरुक्षद् भराय।
तासां गृह्णीताद् यतमा यज्ञिया असन् विभाज्यं धीरीतरा जहीतात् ॥ १३ ॥

परा। इहि। नारि। पुनः। आ। इहि। क्षिप्रम्। अपाम्। त्वा। गो-स्थः। अधि। अरुक्षत्। भराय॥ तासाम्। गृह्णीतात्। यतमाः। यज्ञियाः। असन्। वि-भाज्य। धीरी। इतराः। जहीतात् ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(नारि) हे नरों की शक्ति वाली स्त्री! तू (परा) पराक्रम के साथ (इहि) चल, (पुनः) अवश्य (क्षिप्रम्) शीघ्र (आ इहि) आ (अपाम्) विद्या में व्याप्त स्त्रियों के (गोष्ठः) समाज ने (भराय) पोषण के लिये (त्वा) तुझे (अधि अरुक्षत्) ऊपर चढ़ाया है। (तासाम्) उन [स्त्रियों]

(वि) विविधम् (विच्यध्वम्) विचिर् पृथग्भावे। पृथग् भवत (यज्ञियासः) असुगागमः। हे पूजार्हाः (तुषैः) धान्यत्वग्भिः। बुषैः (श्रिया) संपत्या (समानान्) तुल्यगुणयुक्तान् (सर्वान्) (अति) अतीत्य (स्याम) भवेम (अधस्पदम्) अ० २। ७। २। पादयोरधस्तात् (द्विषतः) शत्रून् (पादयामि) पातयामि॥

१३—(परा) पराक्रमेण (इहि) गच्छ (नारि) अ० १। ११। १। नर-अञ्, ङीन्। नराणामियं शक्तिमती स्त्री तत्सम्बुद्धौ—दयानन्दभाष्ये, यजु० ५। २६ (पुनः) अवधारणे (एहि) आगच्छ (क्षिप्रम्) शीघ्रम् (अपाम्) व्याप्तविद्यानां स्त्रीणाम्-दयानन्दभाष्ये, यजु० १०। ७ (त्वा) त्वाम् (गोष्ठः) गावो

में (यतमाः) जो जो (यज्ञियाः) पूजा योग्य [स्त्रियां] (असन्) होवें, [उन्हें] (गृह्णीतात्) ग्रहण कर और (धीरी) बुद्धिमती तू (इतराः) दूसरी [स्त्रियों] को (विभाज्य) अलग करके (जहीतात्) छोड़दे ॥ १३ ॥

भावार्थ—सब स्त्रियां विदुषी समाज बनाकर अधिक गुणवती स्त्री को अपनी प्रधानी बनावें, और प्रधानी की सम्मति से विदुषी स्त्रियों को चुनकर कार्य्यकर्त्री सभा स्थापित करें ॥ १३ ॥

एमा अंगुर्योषितः शुम्भमाना उत्तिष्ठ नारि तवसं रभस्व । सुपत्नी पत्या प्रजया प्रजावत्या त्वागन् यज्ञः प्रति कुम्भं गृभाय ॥ १४ ॥

आ । इमाः । अगुः । योषितः । शुम्भमानाः । उत् । तिष्ठ । नारि । तवसम् । रभस्व ॥ सु-पत्नी । पत्या । प्र-जया । प्रजा-वती । आ । त्वा । अगन् । यज्ञः । प्रति । कुम्भम् । गृभाय ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(इमाः) ये सब (शुम्भमानाः) शुभगुणों वाली (योषितः) सेवा योग्य स्त्रियां (आ अगुः) आई हैं, (नारि) हे शक्तिमती स्त्री । (उत् तिष्ठ) खड़ी हो, (तवसम्) बल युक्त व्यवहार को (रभस्व) आरम्भ कर । (पत्या) [श्रेष्ठ] पति के साथ (सुपत्नी) श्रेष्ठ पत्नी. (प्रजया) [उत्तम] सन्तान के

ऽनेका वाचस्तिष्ठन्त्यत्र । गोष्ठी । समाजः (अधि अरुहत्) रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च-लुङ् । आरूढवान् (भराय) पोषणाय (तासाम्) स्त्रीणाम् (गृह्णीतात्) गृहाण । स्वीकुरु (यतमाः) बह्वीषु याः (यज्ञियाः) पूजार्हाः (असन्) लेटि रूपम् । भवेयुः (विभाज्य) विविच्य (धीरी) धीमती (इतराः) अन्याः (जहीतात्) ओहाक् त्यागे । जहीहि । परित्यज ॥

१४—(आ अगुः) आगमन् (इमाः) (योषितः) अ० १ । १७ । १ । सेव्याः स्त्रियः (शुम्भमानाः) शोभनगुणवत्यः (उत्तिष्ठ) उत्थिता भव (नारि) म० १३ । हे शक्तिमति स्त्रि (तवसम्] तवस्-अर्श आद्यच् । तवो बलनाम-निघ० २ । ९ । बलयुक्तं व्यवहारम् (रभस्व) आरम्भितं कुरु (सुपत्नी) पत्नीनां

साथ (प्रजावती) उत्तम सन्तान वाली [तू है], (यज्ञः) श्रेष्ठ व्यवहार (त्वा) तुझ को (आ अगन्) प्राप्त हुआ है, तू (कुम्भम्) भूमिको पूरणकरने वाले [शुभव्यवहार] को (प्रति गृभाय) स्वीकार कर ॥ १४ ॥

भावार्थ—जिस गुणवती स्त्री को गुणवती स्त्रियां प्रधानी बनावें, वह अपने गुणी पति और सन्तानों के साथ आनन्द करती हुई सब को सुखी रक्खे १४

ऊ॒र्जो भा॒गो निहि॑तो॒ यः पु॒रा व॒ ऋषि॑प्रशिष्टा॒प आ भ॑रै॒ताः। अ॒यं य॒ज्ञो गा॑तु॒विन्ना॑थ॒वित् प्र॑जा॒विदु॒ग्रः प॑शु॒विद् वी॑र॒विद् वो॑ अस्तु ॥ १५ ॥

ऊ॒र्जः। भा॒गः। नि-हि॑तः। यः। पु॒रा। व॒ः। ऋषि॑-प्रशिष्टा। अ॒पः। आ। भ॒र॒। ए॒ताः॥ अ॒यम्। य॒ज्ञः। गा॒तु-वित्। ना॒थ-वित्। प्र॒जा-वित्। उ॒ग्रः। प॒शु-वित्। वी॒र॒-वित्। व॒ः। अ॒स्तु॒ ॥ १५ ॥

भाषार्थ—[हे विदुषी स्त्रियो यही] (ऊर्जः) पराक्रम का (भागः) सेवनीय व्यवहार है, (यः) जो (पुरा) पहिले (वः) तुम्हारे लिये (निहितः) ठहराया गया है, [हे प्रधानी !] (ऋषिप्रशिष्टा) ऋषियों [माता, पिता और आचार्यों] से शिक्षित तू (एताः) इन (अपः) विद्या में व्याप्तस्त्रियों को (आ) सब ओर से (भर) पुष्टकर। [हे स्त्रियो !] (अयम्) यह (उग्रः) तेजस्वी (यज्ञः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] (गातुवित्) मार्ग देनेवाला, (नाथ-

श्रेष्ठतमा (पत्या) श्रेष्ठपतिना (प्रजया) श्रेष्ठसन्तानेन सह (प्रजावती) उत्तमसन्तानयुक्ता (त्वा) त्वाम् (आ अगन्) प्रापत् (यज्ञः) श्रेष्ठव्यवहारः (कुम्भम्) अ० १। ६। ४। कु + उम्भ पूरणे—अच्, शकन्ध्वादिरूपम्। कुं भूमिमुम्भति पूरयति यस्तं श्रेष्ठव्यवहारम् (प्रतिगृभाय) प्रतिगृहाण। स्वीकुरु ॥

१५—(ऊर्जः) पराक्रमस्य (भागः) सेवनीयो व्यवहारः (निहितः) स्थापितः (यः) (पुरा) पूर्वकाले (वः) युष्मभ्यम् (ऋषिप्रशिष्टा), शासु अनुशिष्टौ—क्त। माता पित्राचार्यैभिः शिक्षिता (अपः) म० १३। व्याप्तविद्याः स्त्रीः (आ) समन्तात् (भर) पोषय (एताः) स्त्रीः (अयम्) (यज्ञः) श्रेष्ठ-

वित्) ऐश्वर्य पहुंचाने वाला, (प्रजावित्) प्रजायें देनेवाला, (पशुवित्) [गौ घोड़ा आदि] पशुओंका पहुंचाने वाला,(वीरवित्) वीरों का लाने वाला (वः) तुम्हारे लिये (अस्तु) होवे ॥ १५ ॥

भावार्थ—विदुषी सुशिक्षित स्त्रियां ईश्वर नियम से समाज द्वारा सब प्रकार का ऐश्वर्य प्राप्त करें ॥ १५ ॥

अग्ने॑ च॒रुर्य॒ज्ञिय॒स्त्वाध्य॑रुक्षुच्छु॒चिस्तपि॑ष्ठ॒स्तप॑सा तपै॑नम् ।
आर्षे॒या दै॒वा अ॒भिसं॒गत्य॑ भा॒गमि॒मं तपि॑ष्ठा ऋ॒तुभि॑स्तपन्तु १६

अग्ने॑ । च॒रुः। य॒ज्ञियः॑ । त्वा॒ । अधि । अ॒रुक्षत् । शुचि । तपि॑ष्ठः । तप॑सा । त॒प॒ । ए॒न॒म् ॥ आ॒र्षे॒याः । दै॒वाः । अ॒भि-सं॒गत्य॑ । भा॒गम् । इ॒मम् । तपि॑ष्ठाः । ऋ॒तु-भिः॑ । त॒प॒न्तु॒ ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् ! (यज्ञियः) पूजा योग्य (चरुः) ज्ञान ने (त्वा) तुझे (अधि अरुक्षत्) ऊंचा चढ़ाया है, (शुचिः) शुद्ध आचरण वाला, (तपिष्ठः) अतिशय तप वाला तू (तपसा) [ब्रह्मचर्य आदि] तप से (एनम्) इस [ज्ञान] को (तप) तपा [उपकार में ला] । (आर्षेयाः) ऋषियों में विख्यात, (दैवाः) उत्तम गुणवाले (तपिष्ठाः) बड़े तपस्वी लोग

व्यवहारः (गातुवित्) सुमार्गस्य लम्भयिता (नाथवित्) ऐश्वर्यस्य प्रापकः (प्रजावित्) प्रजानां प्रापकः (उग्रः) तेजस्वी (पशुवित्) गवाश्वादीनां लम्भकः (वीरवित्) वीराणां प्रापयिता (वः) युष्मभ्यम् (अस्तु) भवतु ॥

१६—(अग्ने) हे विद्वन् (चरुः) भृमृशीङ्तृचरि० उ० १ । ७ । चर गतिभक्षणयोः—उ । चरुर्मेघनाम—निघ० १ । १० । चरुर्मृच्चयो भवति चरतेर्वा समुच्चरन्त्यस्मादापः—निरु० ६ । ११ । चरुं ज्ञानलाभं मेघं वा—दयानन्दभाष्ये, ऋक्० १ । ७ । ६ । बोधः (यज्ञियः) पूजार्हः (त्वा) ब्रह्मचारिणम् (अधि अरुक्षत्) उन्नतं कृतवान् (शुचिः) शुद्धस्वभावः (तपिष्ठः) तप्तृ-इष्ठन् । तुरिष्ठेमेयस्सु । पा० ६ । ४ । १५४ । तृलोपः । तप्तृतमः । अतिशयेन तपस्वी (तपसा) ब्रह्मचर्यादितपश्चरणेन (तप) तप्समुपकृतंकुरु (एनम्) बोधम् (आर्षेयाः) ढश्छन्दसि । पा० ४ । ४ । १०६ । इति ऋषि-ढप्रत्ययो बाहु-

(अभिसंगत्य) सर्वथा मिलकर (इमम्) इस (भागम्) सेवनीय [ज्ञान] को (ऋतुभिः) ऋतुओं के साथ (तपन्तु) तपावें [उपकार में लावें] ॥१६॥

भावार्थ—जैसे विद्वान् ब्रह्मचर्य, जितेन्द्रियता आदि तपश्चरण से प्रख्यात होकर उपकार करके उन्नति करते आये हैं, वैसे ही सब विद्वान् लोग मिलकर संसार में शुभगुणों से उपकार करें ॥ १६ ॥

शुद्धाः पूता योषितो यज्ञिया इमा आपश्चरुमव सर्पन्तु शुभ्राः । अदुः प्रजां बहुलान् पशून् नः पक्तौदनस्य सुकृतामेतु लोकम् ॥ १७ ॥

शुद्धाः । पूताः । योषितः । यज्ञियाः । इमाः । आपः । चरुम् । अव । सर्पन्तु । शुभ्राः ॥ अदुः । प्र-जाम् । बहुलान् । पशून् । नः । पक्ता । ओदनस्य । सु-कृताम् । एतु । लोकम् ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(शुद्धाः) शुद्धस्वभाव वाली, (पूताः) पवित्र आचरण वाली, (यज्ञियाः) पूजनीय (योषितः) सेवा योग्य, (शुभ्राः) शुभ चरित्र वाली (इमाः) यह (आपः) विद्या में व्याप्त स्त्रियां (चरुम्) ज्ञान को (अव) निश्चय करके (सर्पन्तु) प्राप्त हों । इन [शिक्षित स्त्रियों] ने (नः) हमें (प्रजाम्) सन्तान और (बहुलान्) बहुविध (पशून्) [गौ भैंस आदि] पशु (अदुः) दिये हैं, (ओदनस्य) सुख बरसाने वाले [वा मेघ रूप परमेश्वर] का

लकात् । ऋषिषु विख्यात आर्षेयः-महीधरभाष्ये, यजु० ७ । ४६ । आर्षेय, ऋषिषु साधुस्तत्सम्बुद्धौ-दयानन्दभाष्ये, यजु० २१ । ६१ । ऋषिषु विख्याताः साधवो वा (दैवाः) दिव्यगुणयुक्ताः (अभिसंगत्य) सर्वतो मिलित्वा (भागम्) सेवनीयं बोधम् (इमम्) (तपिष्ठाः) तप्ततमाः । तपस्वितमाः (ऋतुभिः) वसन्तादिकालविशेषैः (तपन्तु) तप्तमुपकृतं कुर्वन्तु ॥

१७—(शुद्धाः) निर्मलस्वभावाः (पूताः) पवित्राचाराः (योषितः) अ० १ । १७ । १ । सेव्याः स्त्रियः (यज्ञियाः) पूजार्हाः (आपः) म० १३ । व्याप्तविद्याः स्त्रियः (चरुम्) म० १६ । बोधम् (सर्पन्तु) गच्छन्तु । प्राप्नुवन्तु (शुभ्राः) शुभचरित्राः (अदुः) प्रायच्छन् (प्रजाम्) सन्तानम् (बहुलान्)

(पक्ता) पक्का [मन में दृढ़] करने वाला मनुष्य (सुकृताम्) सुकर्मियों के (लोकम्) समाज को (एतु) पहुंचे ॥ १७ ॥

भावार्थ—गुणवती स्त्रियों के शुभ प्रबन्ध से उत्तम सन्तान और उत्तम गौ, भैंस, बकरी आदि उपकारी पशु घर में होते हैं और परमेश्वर की आज्ञा पालने वाला पुरुष अवश्य प्रतिष्ठा पाता है ॥ १७ ॥

इस मन्त्र का पहिला पाद आचुका है—अ० ६ । १२२ । ५ ॥

ब्रह्मणा शुद्धा उत पूता घृतेन सोमस्यांशवस्तण्डुला यज्ञिया इमे । अपः प्र विशत प्रति गृह्णातु वश्चरुरिमं पक्त्वा सुकृतामेत लोकम् ॥ १८ ॥

ब्रह्मणा । शुद्धाः । उत । पूताः । घृतेन । सोमस्य । अंशवः । तण्डुलाः । यज्ञियाः । इमे ॥ अपः । प्र । विशत । प्रति । गृह्णातु । वः । चरुः । इमम् । पक्त्वा । सु-कृताम् । एत । लोकम् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(ब्रह्मणा) वेद द्वारा (शुद्धाः) शुद्ध किये गये (उत) और (घृतेन) ज्ञानप्रकाश से (पूताः) पवित्र किये हुये, (सोमस्य) ऐश्वर्य के (अंशवः) बांटनेवाले (यज्ञियाः) पूजनीय, (तण्डुलाः) दुःख भञ्जक (इमे) यह तुम (अपः) प्रजाओं में (प्र विशत) प्रवेश करो, (चरुः) ज्ञान (वः) तुमको (प्रतिगृह्णातु) ग्रहण करे, (इमम्) इस [ज्ञान] को (पक्त्वा)

(बह्वन्) (पशून्) गोमहिष्याद्यान् (नः) अस्मभ्यम् (पक्ता) दृढकर्त्ता (ओदनस्य) अ० ४ । ५ । १४ । सुखस्य सेचकस्य वर्षकस्य मेघरूपस्य वा परमेश्वरस्य (सुकृताम्) पुण्यकर्मिणाम् (एतु) प्राप्नोतु (लोकम्) दर्शनीयं समाजम् ॥

१८—(ब्रह्मणा) ब्रह्मज्ञानेन (शुद्धाः) शोधिताः (उत) अपि च (पूताः) पवित्राः (घृतेन) ज्ञानप्रकाशेन (सोमस्य) ऐश्वर्यस्य (अंशवः) अंश विभाजने–कु । विभाजकाः (तण्डुलाः) अ० १० । ४ । २६ । तडि आघाते–उलच् । दुःखभञ्जकाः (यज्ञियाः) पूजार्हाः (इमे) समीपस्थाः (अपः) आपः, आप्ताः प्रजाः–दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ । प्रजागणान् (प्र विशत) (प्रतिगृह्णातु) स्वीकरोतु (चरुः) म० १६ । बोधः (इमम्) बोधम् (पक्त्वा) पक्वं दृढं

पक्का करके (सुकृताम्) सुकर्मियों के (लोकम्) समाज को (एत) जाओ ॥ १८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वैदिक ज्ञान से शुद्ध आचरण वाले होकर संसार में प्रवेश करते हैं, वे पुण्यात्माओं के साथ आनन्द पाते हैं ॥ १८ ॥

उरुः प्रथस्व । महता महिम्ना सहस्रपृष्ठः सुकृतस्य लोके ।
पितामहाः पितरः प्रजोपजाहं पक्ता पञ्चदशस्ते अस्मि ॥१९॥

उरुः । प्रथस्व । महता । महिम्ना । सहस्र-पृष्ठः । सु-कृतस्य । लोके ॥ पितामहाः । पितरः । प्र-जा । उप-जा । अहम् । पक्ता । पञ्च-दशः । ते । अस्मि ॥ १९ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन्!] (महता) बड़ी (महिम्ना) महिमा से (उरुः) विस्तृत और (सहस्रपृष्ठः) सहस्रों स्तोत्र वाला तू (सुकृतस्य) सुकर्म के (लोके) समाज में (प्रथस्व) प्रसिद्ध हो । (पितामहाः) पितामह [पिता के पिता] आदि, (पितरः) पिता आदि [सब गुरुजन], (प्रजा) सन्तान, और (उपजा) सन्तान के सन्तान [ये हैं] (पञ्चदशः) [पांच प्राण, अर्थात् प्राण, अपान, व्यान, समान और उदान + पांच इन्द्रिय अर्थात् श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण + पांच भूत अर्थात् भूमि, जल, अग्नि, वायु, और आकाश

कृत्वा (सुकृताम्) सुकर्मिणाम् (एत) तप्तनप्तनथनाश्च । पा० ७।१।४५। इण् गतौ-तस्य स्थाने तप् । इत । गच्छत (लोकम्) समाजम् ॥

१९—(उरुः) विस्तीर्णः (प्रथस्व) प्रख्यातो भव (महता) अधिकेन (महिम्ना) महत्त्वेन (सहस्रपृष्ठः) तिथपृष्ठगूथयूथप्रोथाः । उ० २ । १२ । पृषु सेचने—थक् । पृष्ठं शरीरस्य पश्चाद्भागः स्तोत्रं वा । सहस्राणि स्तोत्राणि यस्य सः परमेश्वरः (सुकृतस्य) सुकर्मणः (लोके) समाजे (पितामहाः) अ० ५ । ५ । १ । पितुः पितृतुल्याः पितामहादयः (पितरः) पितृसदृशा मान-नीयाः (प्रजा) सन्तानः (उपजा) सन्तानस्य सन्तानः (अहम्) प्राणी (पक्ता) मनसि दृढकर्ता (पञ्चदशः) अ० ८ । ६ । १५ । संख्ययाऽव्ययासन्नादूराधिक-संख्याः संख्येये । पा० २ । २ । २५ । इति पञ्चाधिका दश यत्र स पञ्चदशः । बहु-

दन] पन्द्रह पदार्थ वाला जीवात्मा (अहम्) मैं (ते) तेरा (पक्ता) पक्का [अपने हृदय में दृढ़] करनेवाला (अस्मि) हूं ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि परमेश्वर की आज्ञा पालन करके संसार में अपने बड़ों और छोटों के साथ सुकर्मी होकर आनन्द भोगें ॥ १६ ॥

सहस्रपृष्ठः शतधारो अक्षितो ब्रह्मौदनो देवयानः स्वर्गः । अमूंस्त आ दधामि प्रजया रेषयैनान् बलिहाराय मृडतान्मह्यमेव ॥ २० ॥ (२)

सहस्र-पृष्ठः । शत-धारः । अक्षितः । ब्रह्म-ओदनः । देव-यानः । स्वः-गः ॥ अमून् । ते । आ । दधामि । प्र-जया । रेषय । एनान् । बलि-हाराय । मृडतात् । मह्यम् । एव २०(२)

भाषार्थ—(सहस्रपृष्ठः) सहस्रों स्तोत्र वाला, (शतधारः) बहुविध जगत् का धारण करने वाला, (अक्षितः) क्षय रहित, (देवयानः) विद्वानों से पाने योग्य, (स्वर्गः) आनन्द पहुंचाने वाला, (ब्रह्मौदनः) ब्रह्म-ओदन [वेद-ज्ञान, अन्न वा धन का बरसाने वाला, तू परमात्मा है] । (अमून्) उन [वैरियों] को (ते) तुझे (आ दधामि) सौंपता हूं, (एनान्) इन [शत्रुओं] को (प्रजया) [उनकी] प्रजा सहित (रेषय) नाश कर, (मह्यम्) मुझे (बलि-हाराय) सेवा विधि स्वीकार करने के लिये (एव) ही (मृडतात्) सुख दे ॥ २० ॥

व्रीहौ संख्येये डजबहुगणात् । पा० ५ । ४ । ७३ । पञ्चदशन्-डच् । पञ्चप्राणेन्द्रियभूतानि यस्मिन् सः जीवात्मा (ते) तव (अस्मि) ॥

२०—(सहस्रपृष्ठः) बहुस्तोत्रयुक्तः (शतधारः) शतं बहुविधं जगद् धरतीति यः (अक्षितः) अक्षीणः (ब्रह्मौदनः) म० १ । ब्रह्मणो वेदज्ञानस्यान्नस्य धनस्य वा सेचको वर्षकः परमात्मा (देवयानः) विद्वद्भिः प्राप्यः (स्वर्गः) सुखस्य गमयिता प्रापकः (अमून्) शत्रून् (ते) तुभ्यम् (आ दधामि) समर्पयामि (प्रजया) सन्तानेन सह (रेषय) हिंसय (एनान्) अरीन् (बलिहाराय) हञ् स्वीकरणे—घञ् । बलेः सेवाविधेः स्वीकरणाय (मृडतात्) सुखं देहि (मह्यम्) उपासकाय (एव) निश्चयेन ॥

भावार्थ—मनुष्य परमात्मा के दिव्य गुणों को अनेक प्रकार साक्षात् करके अपने दोषों को उनकी प्रजा सहित, अर्थात्, दोषों से उत्पन्न दोषों सहित, विचार पूर्वक नाश करके संसार की सेवा करे ॥ २० ॥

उदेहि वेदिं प्रजया वर्धयैनां नुदस्व रक्षः प्रतरं धेह्येनाम् । श्रिया समानानति सर्वान्त्स्यामाधस्पदं द्विषतस्पादयामि ॥२१॥

उत्-एहि । वेदिम् । प्र-जया । वर्धय । एनाम् । नुदस्व । रक्षः । प्र-तरम् । धेहि । एनाम् ॥ श्रिया । समानान् । अति । सर्वान् । स्याम । अधः-पदम् । द्विषतः । पादयामि ॥ २१ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन् !] (वेदिम्) वेदी पर [यज्ञभूमिरूप हृदय में] (उदेहि) उदय हो (प्रजया) सन्तान के साथ (एनाम्) इस [प्रजा अर्थात् मुक्त] को (वर्धय) बढ़ा, (रक्षः) राक्षस [विघ्न] को (नुदस्व) हटा, (एनाम्) इस [प्रजा अर्थात् मुक्त] को (प्रतरम्) अधिक उत्तमता से (धेहि) पुष्ट कर । (सर्वान्) सब (समानान्) समानों [तुल्य गुण वालों] से (श्रिया) लक्ष्मी द्वारा (अति स्याम) हम बढ़ जावें, (द्विषतः) शत्रुओं को (अधस्पदम्) पैरों के तले (पादयामि) मैं गिरा दूं ॥ २१ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा को अपने हृदय में विद्यमान जानते हैं, वे अपने सन्तानों सहित उन्नति करके विघ्नों को हटाकर सुख पाते हैं ॥ २१ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध—म० १२ में आचुका है ॥

अभ्यावर्तस्व पशुभिः सहैनां प्रत्यङेनां देवताभिः सहैधि । मा त्वा मापच्छपथो माभिचारः स्वे क्षेत्रे अनमीवा वि राज २२

अभि-आवर्तस्व । पशु-भिः । सह । एनाम् । प्रत्यङ् । एनाम् । देवताभिः । सह । एधि ॥ मा । त्वा । प्र । आपत् । शपथः ।

२१—(उदेहि) उदागच्छ (वेदिम्) अ० ५ । २२ । १ । यज्ञभूमिम् (प्रजया) सन्तानेन सह (वर्धय) समर्धय (एनाम्) प्रजाम्, मामित्यर्थः (नुदस्व) प्रेरय (रक्षः) यज्ञविघातकं विघ्नम् (धेहि) पोषय (एनाम्) अन्यत् पूर्ववत्—म० १२ ॥

मा । अभि-चारः । स्वे । क्षेत्रे । अनमीवा । वि । राज ॥२२॥

भाषार्थ—[हे जीव !] (पशुभिः सह) सब दृष्टि वाले प्राणियों के साथ [मिलकर] (एनाम्) इस [प्रजा अर्थात् आत्मा] की ओर (अभ्यावर्तस्व) आकर घूम, (देवताभिः सह) जयकी इच्छाओं के साथ (एनाम्) इस [प्रजा अपने आत्मा] की ओर (प्रत्यङ्) आगे बढ़ता हुआ तू (एधि) वर्तमान हो। [हे प्रजा !] (त्वा) तुझको (मा) न तौ (शपथः) शाप (प्र आपत्) प्राप्त होवे और (मा) न (अभिचारः) विरुद्ध आचरण, (स्वे) अपने (क्षेत्रे) खेत [अधिकार] में (अनमीवा) नीरोग होकर (वि) विविध प्रकार (राज) राज्यकर ॥ २२ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य सब प्राणियों को अपने आत्मा से मिलाकर उन्नति करता जाता है, वह विजयी होकर पूरा आधिपत्य पाता है और धर्मात्मा होने के कारण उसको दुष्ट जन वाचिक और कायिक क्लेश नहीं दे सकते ॥ २२ ॥

ऋतेन॑ तष्टा॒ मन॑सा हि॒तैषा ब्र॑ह्मौद॒नस्य॒ विहि॑ता॒ वेदि॒रग्रे॑ ।
अं॒सद्रीं॑ शु॒द्धामुप॑ धेहि नारि॒ तत्रौ॑द॒नं सा॑दय दै॒वाना॑म् ॥२३॥

ऋ॒तेन॑ । त॒ष्टा । मन॑सा । हि॒ता । ए॒षा । ब्र॒ह्म-ओ॒द॒नस्य॑ । वि-हि॑ता । वेदिः॑ । अग्रे॑ ॥ अं॒स॒द्रीम् । शु॒द्धाम् । उप॑ । धे॒हि॒ । नारि॒ । तत्र॑ । ओ॒द॒नम् । सा॒द॒य॒ । दै॒वाना॑म् ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(ऋतेन) सत्य ज्ञान करके (तष्टा) बनाई गई, (मनसा) विज्ञान द्वारा (हिता) धरी गई (ब्रह्मौदनस्य) ब्रह्म-ओदन [वेदज्ञान, अन्न

२२—(अभ्यावर्तस्व) अभिलक्ष्य वर्तनं कुरु (पशुभिः) अ० १ । ३० । ३ । पशवो व्यक्तवाचश्चाव्यक्तवाचश्च–निरु० ११ । २६ । द्रष्टृभिः प्राणिभिः (सह) (एनाम्) प्रजाम् (प्रत्यङ्) प्रत्यञ्चन्, आभिमुख्येन गच्छन् (एनाम्) (देवताभिः) विजिगीषाभिः (सह) (एधि) भव । वर्तस्व (मा प्रापत्) मा प्राप्नोतु (त्वा) (शपथः) शापः (मा) निषेधे (अभिचारः) विरुद्धाचारः (स्वे) स्वकीये (क्षेत्रे) अधिकारे (अनमीवा) रोगरहिता सती (वि) विविधम् (राज) शासनं कुरु ॥

२३—(ऋतेन) सत्येन (तष्टा) तनूकृता । निर्मिता (मनसा) विज्ञानेन (हिता) धृता (एषा) (ब्रह्मौदनस्य) म० १ । ब्रह्मणो वेदज्ञानस्यान्नस्य

वा धन के बरसाने वाले परमात्मा] की (एषा) यह (वेदिः) वेदी [यज्ञ-भूमि अर्थात् हृदय] (अग्रे) पहिले से (विहिता) बताई गयी है। (नारि) हे शक्तिमती [प्रजा !] (शुद्धाम्) शुद्ध (असंद्रीम्) अंसत्री [कन्धों वा कानों वाली कढ़ाही अर्थात् बुद्धि] को (उप धेहि) चढ़ा दे, (तत्र) उस में (दैवानाम्) उत्तम गुणवाले पुरुषों के (ओदनम्) ओदन [सुख बरसाने वाले अन्न रूप परमेश्वर] को (सादय) बैठा दे ॥ २३ ॥

भावार्थ—योगी मन की वेदी अर्थात् यज्ञकुण्ड पर बुद्धि की कढ़ाही में अन्नरूप परमात्मा को सावधानी से धरे ॥ २३ ॥

अदि॑ते॒र्हस्तां॒ स्रुच॑मे॒तां द्वि॒तीयां॑ सप्तऋ॒षयो॑ भूत॒कृतो॒ याम॑कृ॑ण्वन्। सा गात्रा॑णि वि॒दुष्यो॑द॒नस्य॒ दर्वि॒र्वेद्या॒मध्ये॑नं चिनोतु॥२४

अदि॑तेः। हस्ता॑म्। स्रुच॑म्। ए॒ताम्। द्वि॒तीया॑म्। स॒प्त-ऋ॒षयः॑। भू॒त-कृतः॑। याम्। अकृ॑ण्वन्॥ सा। गात्रा॑णि। वि॒दुषी॑। ओ॒द॒नस्य॑। दर्विः॑। वेद्या॑म्। अधि॑। ए॒न॒म्। चि॒नो॒तु॒ ॥२४॥

भाषार्थ—(भूतकृतः) उचित कर्म करने वाले (सप्तऋषयः) सात ऋषियों [व्यापन शील वा दर्शन शील, अर्थात् त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा नाक, मन और बुद्धि] ने (अदितेः) अदिति [अखण्ड व्रत वाली प्रजा] के (याम्) जिस (हस्ताम्) खिली हुई [मनोहर], (एताम्) इस (द्वितीयाम्) दूसरी

वा सेचकस्य वर्षकस्य परमात्मनः (विहिता) विधिना बोधिता (वेदिः) यज्ञभूमिः, हृदयमित्यर्थः (अग्रे) पूर्वकाले (असंद्रीम्) अमेः सन्। उ० ५। २१। अम रोगे, पीडने, गतौ भोजने च—सन्+द्रु गतौ-ड, ङीप्। भोजनपाचनपात्रम्। कटाहम् (शुद्धाम्) निर्मलाम् (उप धेहि) उपरि धारय (नारि) म० १३। हे शक्तिमति प्रजे (तत्र) तस्मिन् पात्रे (ओदनम्) म० १७। अन्नरूपं परमात्मानम् (सादय) स्थापय (दैवानाम्) दिव्यगुणवतां पुरुषाणाम् ॥

२४—(अदितेः) म० १। अखण्डव्रतायाः प्रजायाः (हस्ताम्) हस-भावः। हसिताम्। विकसिताम्। मनोहराम् (स्रुचम्) चिक् च। उ० २। ६२। स्रु गतौ–चिक्। यज्ञपात्रम्। चमसम्। चित्तवृत्तिमित्यर्थः (एताम्) (द्वितीयाम्) शारीरिकभिन्नां मानसीम् (सप्तऋषयः) म० १। त्वक्चक्षुः श्रवणादयः

[शारीरिक से भिन्न मानसिक] (स्रुचम्) स्रुचा [डोई अर्थात् चित्तवृत्ति] को (अकृण्वन्) बनाया है। (ओदनस्य) ओदन [सुखकी वर्षा करनेवाले अन्नरूप परमात्मा] के (गात्राणि) अङ्गों [गुणों के तत्त्वों] को (विदुषी) जानती हुई (सा) वह (दर्विः) करछी [चित्तवृत्ति] (वेद्याम्) वेदी पर [हृदय में] (एनम्) इस [अन्न रूप परमात्मा] को (अधि) अधिक अधिक (चिनोतु) एकत्र करे ॥ २४ ॥

भावार्थ—इन्द्रियों द्वारा विषयों के ज्ञान से बाहिरी और भीतरी दो वृत्तियां उत्पन्न होती हैं। बाहिरी वृत्ति भीतरी वृत्तिके आधीन है। योगी को उचित है कि भीतरी वृत्तियों को परमात्मा के गुणों में लगाकर उस जगदीश्वर को अपने हृदय में बैठावे, जैसे वेदी पर चढ़ी बटलोही के घृत आदि को करछी से संभाल संभाल कर उपकारी बनाते हैं ॥ २४ ॥

शृतं त्वा हव्यमुप सीदन्तु दैवा निःसृप्याग्नेः पुनरेनान् प्र सीद। सोमेन पूतो जठरे सीद ब्रह्मणामार्षेयास्ते मा रिषन् प्राशितारः ॥ २५ ॥

शृतम्। त्वा। हव्यम्। उप। सीदन्तु। दैवाः। निः-सृप्य। अग्नेः। पुनः। एनान्। प्र। सीद ॥ सोमेन। पूतः। जठरे। सीद। ब्रह्मणाम्। आर्षेयाः। ते। मा। रिषन्। प्र-अशितारः॥२५

भाषार्थ—[हे ओदन] (दैवाः) उत्तम गुण वाले पुरुष (शृतम्) परिपक्व, (हव्यम्) ग्रहण करने योग्य (त्वा उप) तेरे समीप (सीदन्तु) बैठें, (अग्नेः) अग्नि से (निःसृप्य) निकलकर (पुनः) अवश्य (एनान्) इन

(भूतकृतः) म० १। उचितकर्मकर्तारः (याम्) स्रुचम् (अकृण्वन्) अकुर्वन् (सा) (गात्राणि) अङ्गानि। गुणतत्त्वानि (विदुषी) जानती (ओदनस्य) सुखवर्षकस्यान्नरूपस्य परमात्मनः (दर्विः) उल्मुकदर्विहोमनः। उ० ३। ८४। दॄ विदारणे-विन्। व्यञ्जनादिहारकं पात्रम् (वेद्याम्) यज्ञभूमौ (अधि) उपरि (एनम्) ब्रह्मौदनम् (चिनोतु) राशीकरोतु ॥

२५—(शृतम्) श्रा पाके-क्त। शृतं पाके। पा० ६। १। २७। इति शृभावः। परिपक्वम् (त्वा) त्वाम्। ओदनम् (हव्यम्) ग्राह्यम् (उप सीदन्तु) समीपे तिष्ठन्तु (दैवाः) दिव्यगुणाः पुरुषाः (निःसृप्य) निर्गत्य (अपि) सम्भावनायाम्

[पुरुषों] को (प्रसीद) प्रसन्न कर। (सोमेन) अमृत रस से (पूतः) शोधा हुआ तू (ब्रह्मणाम्) ब्राह्मणों [ब्रह्मज्ञानियों] के (जठरे) पेट में (सीद) बैठ, (ते) तेरे (प्राशितारः) भोग करने वाले (आर्षेयाः) ऋषियों में विख्यात पुरुष (मा रिषन्) न दुःखी होवे ॥ २५ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य ब्रह्मचर्य आदि तप से परमात्मा को अपने हृदय में दृढ़ करके बैठालते हैं, वे क्लेशों से छूटकर आनन्द भोगते हैं, जैसे मनुष्य परिपक्व उत्तम अन्न को अग्नि पर से उतार कर परोसते और भोजन करके भूख से निवृत्त होकर तृप्त होते हैं ॥ २५ ॥

सोम॑ राजन्त्सं॒ज्ञान॒मा व॑पैभ्य॒ः सुब्रा॑ह्मणा यत॒मे त्वो॑प॒सी॑दा॑न् । ऋषी॑नार्षे॒यांस्तप॒सोऽधि॑ जा॒तान् ब्र॑ह्मौद॒ने सु॒हवा॑ जोहवीमि ॥ २६ ॥

सोम॑ । रा॒ज॒न् । स॒म्ऽज्ञान॑म् । आ । व॒प॒ । ए॒भ्य॒ः । सु॒ऽब्रा॒ह्म॒णाः । य॒त॒मे । त्वा॒ । उ॒प॒ऽसीदा॑न् ॥ ऋषी॑न् । आ॒र्षे॒यान् । तप॑सः । अधि॑ । जा॒तान् । ब्र॒ह्म॒ऽओ॒द॒ने । सु॒ऽहवा॑ । जो॒ह॒वी॒मि॒ ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(सोम) हे सर्वप्रेरक (राजन्) राजन्! [परमात्मन्] (संज्ञानम्) चैतन्यता (एभ्यः) उनके लिये (आ वप) फैला दे, (यतमे) जो जो (सुब्राह्मणाः) अच्छे अच्छे ब्राह्मण [बड़े ब्रह्मज्ञानी](त्वा) तुझ को (उपसीदान्) प्राप्त होवें। (तपसः) तप से (अधि) अधिकार पूर्वक (जातान्)

(अग्नेः) पावकात् (पुनः) अवश्यम् (एनान्) उपसत्तॄन् (प्र सीद) प्रसन्नान् कुरु। संतोषय (सोमेन) अमृतरसेन (पूतः) शोधितः (जठरे) उदरे (सीद) उपविश (ब्रह्मणाम्) ब्रह्मज्ञानिनाम् (आर्षेयाः) म० १६। ऋषिषु विख्याताः (ते) तव (मा रिषन्) मा विनश्यन्तु (प्राशितारः) प्रकर्षेण भोक्तारः ॥

२६—(सोम) हे सर्वप्रेरक (राजन्) परमैश्वर्यवन् (संज्ञानम्) यथार्थज्ञानम् (आ वप) प्रक्षिप (एभ्यः) ब्राह्मणेभ्यः (सुब्राह्मणाः) श्रेष्ठब्रह्मज्ञानिनः (यतमे) बहुषु ये (त्वा) (उप सीदान्) सेदतेर्लेटि, आडागमः। उपसीदन्तु। सेवन्ताम् (ऋषीन्) सूक्ष्मदर्शिनः पुरुषान् (आर्षेयान्) म० १६। ऋषिषु व्या-

प्रसिद्ध (ऋषीन्) ऋषियों और (आर्षेयान्) ऋषियों में विख्यात पुरुषों को (ब्रह्मौदने) ब्रह्म-ओदन [वेदज्ञान, अन्न वा धन के बरसाने वाले परमेश्वर] के विषय में (सुहवा) सुन्दर बुलावे से (जोहवीमि) मैं पुकार पुकार कर बुलाता हूं ॥ २६ ॥

भावार्थ—मनुष्य बड़े ब्रह्मज्ञानी ऋषी महात्माओं से आदर पूर्वक ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके आनन्द पावे ॥ २६ ॥

शुद्धाः पूता योषितो यज्ञिया इमा ब्रह्मणां हस्तेषु प्रपृथक् सादयामि । यत्काम इदमभिषिञ्चामि वोऽहमिन्द्रो मरुत्वान्त्स ददादिदं मे ॥ २७ ॥

शुद्धाः । पूताः । योषितः । यज्ञियाः । इमाः । ब्रह्मणाम् । हस्तेषु । प्र-पृथक् । सादयामि ॥ यत्-कामः । इदम् । अभि-सिञ्चामि । वः । अहम् । इन्द्रः । मरुत्वान् । सः । ददात् । इदम् । मे ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(शुद्धाः) शुद्ध स्वभाव वाली, (पूताः) पवित्र आचरण वाली, (यज्ञियाः) पूजनीय (इमाः) इन (योषितः) सेवा योग्य [प्रजाओं] को (ब्रह्मणाम्) ब्रह्मज्ञानियों के (हस्तेषु) हाथों में [विज्ञान के वशों में] (प्रपृथक्) नाना प्रकार से (सादयामि) मैं बिठलाता हूं। [हे प्रजाओ !] (यत्कामः) जिस उत्तम कामना वाला (अहम्) मैं (इदम्) इस समय (वः) तुम्हारा (अभिषिञ्चामि) अभिषेक करता हूं, (सः) वह (मरुत्वान्) दोष नाशक गुणों वाला (इन्द्रः) संपूर्ण ऐश्वर्यवान् जगदीश्वर (इदम्) वह वस्तु (मे) मुझे (ददात्) देवे ॥ २७ ॥

ख्यातान् (तपसः) तपश्चरणात् (अधि) अधिकारपूर्वकम् (जातान्) प्रसिद्धान् (ब्रह्मौदने) म० १। परमेश्वरविषये (सुहवा) सुपां सुलुक्० । पा० ७। १। ३९। इत्याकारः। सुहवेन। यथाविध्यावाहनेन (जोहवीमि) अ० २। १२। ३। पुनः पुनराह्वयामि ॥

२७—(योषितः) अ० १। १७। १। सेव्याः प्रजाः (ददात्) लेटि रूपम्। ददातु (इदम्) काम्यमानं फलम्। अन्यत् पूर्ववत्–अ० ६। १२२। ५॥

भावार्थ—सब प्रजायें अर्थात् स्त्री पुरुष महात्माओं के सत्संग से ईश्वर ज्ञान द्वारा शुद्ध आचरण करके उन्नति करें ॥ २७ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से आचुका है-अ० ६ । १२२ । ५ । और दूसरा, तीसरा पाद-अ० १० । ६ । २७ ॥

इदं मे ज्योतिरमृतं हिरण्यं पक्वं क्षेत्रात् कामदुघा म एषा ।
इदं धनं नि दधे ब्राह्मणेषु कृण्वे पन्थां पितृषु यः स्वर्गः ॥२८॥

इदम् । मे । ज्योतिः । अमृतम् । हिरण्यम् । पक्वम् । क्षेत्रात् । काम-दुघा । मे । एषा ॥ इदम् । धनम् । नि । दधे । ब्राह्मणेषु । कृण्वे । पन्थाम् । पितृषु । यः । स्वः-गः ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(इदम्) यह (मे) मेरा (ज्योतिः) चमकता हुआ (अमृतम्) मृत्यु से बचाने वाला (हिरण्यम्) सुवर्ण, (क्षेत्रात्) खेत से [लाया गया] (पक्वम्) पका हुआ [अन्न], और (एषा) यह (मे) मेरी (कामदुघा) कामना पूरी करने वाली [कामधेनु गौ] है । (इदम्) इस (धनम्) धन को (ब्राह्मणेषु) ब्रह्मज्ञानों में [वेद प्रचार व्यवहारों में] (नि दधे) मैं धरता हूं, और (पन्थाम्) मार्ग को (कृण्वे) मैं बनाता हूं, (यः) जो (पितृषु) पालन करने वाले [विज्ञानियों] के बीच (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला है ॥ २८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य अपना सर्वस्व परमेश्वर को समर्पण करके सत्यज्ञान द्वारा संसार का उपकार करते हैं, वे विद्वानों के बीच कीर्ति पाते हैं ॥२८॥

अग्नौ तुषाना वप जातवेदसि परः कम्बूकाँ अप मृड्ढि दूरम् ।
एतं शुश्रुम गृहराजस्य भागमथो विद्म निर्ऋतेर्भागधेयम् ॥ २९ ॥

२८—(इदम्) उपस्थितम् (मे) मम (ज्योतिः) दीप्यमानम् (अमृतम्) नास्ति मृतं मरणं यस्मात् तत् (हिरण्यम) सुवर्णम् (पक्वम्) परिणतमन्नम् (क्षेत्रात) सस्यप्रदेशात् (कामदुघा) अ० ४ । ३४ । ८ । कामनां दोग्ध्री प्रपूरयित्री । कामधेनुर्गौः (मे) मम (एषा) (इदम) (धनम्) (नि दधे) स्थापयामि (ब्राह्मणेषु) ब्रह्मज्ञानप्रचारेषु (कृण्वे) करोमि (पन्थाम्) पन्थानम् । मार्गम (पितृषु) पालकेषु विज्ञानिषु (यः) पन्थाः (स्वर्गः) सुखस्य गमयिता प्रापकः ॥

अग्नौ । तुषान् । आ । वप । जात-वेदसि । परः । कम्बूकान् । अप । मृड्ढि । दूरम् ॥ एतम् । शुश्रुम । गृह-राजस्य । भागम् । अथो इति । विद्म । निः-ऋतेः । भाग-धेयम् ॥ २८ ॥

भाषार्थ--[हे मनुष्य !] (तुषान्) तुष [भुस] को (जातवेदसि) उत्पन्न पदार्थों में विद्यमान (अग्नौ) अग्नि के बीच (आ वप) फैला दे, (कम्बूकान्) कम्बूकों [छिलकों] को (परः) बहुत) (दूरम्) दूर (अप मृड्ढि) धोकर फेंक दे। (एतम्) इसको (गृहराजस्य) घरके राजा [गार्हपत्य अग्नि] का (भागम्) भाग (शुश्रुम) हमने सुना है, (अथो) और भी (निर्ऋतेः) पृथिवी का (भागधेयम्) भाग (विद्म) हम जानते हैं ॥ २६ ॥

भावार्थ—अन्न का जो चोकर भुसी कुछ आग में और कुछ धो धाकर पृथिवी पर दूर फेंक देते हैं, उस सब में अर्थात् तुच्छ पदार्थ में भी विज्ञानी पुरुष परमेश्वर की महिमा देखते हैं ॥ २६ ॥

आश्यतः पचतो विद्धि सुन्वतः पन्थां स्वर्गमधि रोहयैनम् ।
येन रोहात् परमापद्य यद् वयं उत्तमं नाकं परमं व्योम ३०(३)

आश्यतः । पचतः । विद्धि । सुन्वतः । पन्थाम् । स्वः-गम् । अधि । रोहय । एनम् ॥ येन । रोहात् । परम् । आ-पद्य । यत् । वयः । उत्-तमम् । नाकम् । परमम् । वि-ओम ॥ ३० ॥ (३)

२६—(अग्नौ) पावके (तुषान्) धान्यत्वचः (आ वप) प्रक्षिप (जातवेदसि) उत्पन्नपदार्थेषु विद्यमाने (परः) परस्तात् (कम्बूकान्) उलूकादयश्च । उ० ४ । ४१ । कमु कान्तौ-ऊक, बुगागमः । वल्कलानि (अप मृड्ढि) मृजू शौचालङ्कारयोः—लोट् , अदादिश्चुरादिश्च । विशेषेण मार्जय शोधय (दूरम्) (एतम्) (शुश्रुम) वयं श्रुतवन्तः (गृहराजस्य) राजाहः सखिभ्यष्टच् । पा० ५ । ४ । ६१ । इति टच् । गार्हपत्यस्याग्नेः (भागम्) अंशम् (अथो) अपि च (विद्म) विदो लटो वा । पा० ३ । ४ । ८३ । मसो मादेशः । विद्मः । जानीमः (निर्ऋतेः) निः + ऋ गतौ—क्तिन् । नितराम् ऋतिर्गतिर्यस्याः सा निर्ऋतिः । तस्याः पृथिव्याः । निर्ऋतिः पृथिवीनाम—निघ० १ । १ । निर्ऋतिर्निरमणाद् ऋच्छतेः कृच्छ्रापत्तिरितरा—निरु० २ । ७ (भागधेयम्) भागम् ॥

भाषार्थ—[हे ईश्वर !] (श्राम्यतः) श्रमी [ब्रह्मचारी आदि तपस्वी] का, (पचतः) पक्का करनेवाले [दृढ़ निश्चय करनेवाले], (सुन्वतः) तत्त्व निचोड़ने वाले [विज्ञानी पुरुष] का (विद्धि) तू ज्ञान कर और (स्वर्गम्) सुख पहुंचाने वाले (पन्थाम्) मार्ग में (एनम्) इस [जीव] को (अधि) ऊपर (रोहय) चढ़ा। (येन) जिस [मार्ग] से वह [जीव] (यत्) जो (परम्) बड़ा उच्च (वयः) जीवन है, [उसको] (आपद्य) पाकर (उत्तमम्) उत्तम (नाकम्) सुख स्वरूप (परमम्) सर्वोत्कृष्ट (व्योम) विविध रक्षक [परब्रह्म ओ३म्] को (रोहात्) ऊंचा होकर पावे ॥ ३० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य तपस्वी, दृढ़विश्वासी और विवेकी होकर अपना जीवन सुधारते हैं, वे ही सर्वरक्षक, [ओ३म्] परमात्मा को पाते अर्थात् उस की आज्ञा पालकर संसार का सुधार करते हैं ॥ ३० ॥

बभ्रेरध्वर्यो मुखमेतद् वि मृड्ढ्याज्याय लोकं कृणुहि प्रविद्वान्। घृतेन गात्रानु सर्वा वि मृड्ढि कृण्वे पन्थां पितृषु यः स्वर्गः ॥ ३१ ॥

बभ्रेः। अध्वर्यो इति। मुखम्। एतत्। वि। मृड्ढि। आज्याय। लोकम्। कृणुहि। प्र-विद्वान्॥ घृतेन। गात्रा। अनु। सर्वा। वि। मृड्ढि। कृण्वे। पन्थाम्। पितृषु। यः। स्वः-गः॥ ३१

३०—(श्राम्यतः) श्रमु तपसि खेदे च—शतृ। शमामष्टानां दीर्घः श्यनि। पा० ७। ३। ७४। इति दीर्घः तप्यमानस्य ब्रह्मचारिणः (पचतः) डु पचष् पाके-शतृ। परिपक्वस्य। दृढनिश्चयस्य (विद्धि) ज्ञानं कुरु (सुन्वतः) षुञ् पीडने-शतृ। तत्त्वस्य पीडनं मन्थनं कुर्वतः पुरुषस्य (पन्थाम्) मार्गम् (स्वर्गम्) सुखप्रापकम् (अधि) उपरि (रोहय) आरोहय। स्थापय (एनम्) जीवम् (येन) पथा (रोहात्) रोहेत्। अधितिष्ठेत् (परम्) उच्चम् (आपद्य) प्राप्य (यत्) (वयः) सर्वधातुभ्योऽसुन्। उ० ४। १८६। वी गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु, यद्वा वय गतौ -असुन्। वयः=अन्नम्—निघ० २। ७। जीवनम् (उत्तमम्) (नाकम्) सुखस्वरूपम् (परमम्) सर्वोत्कृष्टम् (व्योम) वि+अव—मनिन्। व्योमन् व्यवने—निरु० ११। ४०। विविधं रक्षकम्, ओ३म्, इति संज्ञकं परब्रह्म ॥

भाषार्थ—(अध्वर्यो) हे हिंसा के न करने वाले पुरुष ! (बभ्रेः) पोषण करनेवाले [अन्नरूप परमेश्वर] के (एतत्) इस (मुखम्) मुख [भोजन के ऊपरी भाग] को (वि मृड्ढि) संवार ले, (प्रविद्वान्) बड़ा ज्ञानवान् तू (आज्याय) घी के लिये (लोकम्) स्थान (कृणुहि) बना। (घृतेन) घी से (सर्वा) सब (गात्रा) अङ्गों को (अनु) निरन्तर [देख भाल करके] (वि मृड्ढि) शोध ले, (पन्थाम्) मार्ग (कृण्वे) मैं बनाता हूं (यः) जो [मार्ग] (पितृषु) पालन करने वाले [विज्ञानियों] के बीच (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला है ॥ ३१ ॥

भावार्थ—जैसे थाली में चावल आदि भोजन परोसकर और संवार कर ऊपर घृत आदि छोड़कर स्वादिष्ठ बनाते हैं, वैसे ही योगी भोजन रूप परमात्मा को [थाली रूप] हृदय में धारण करके [घृत रूप] ज्ञान से विचारता हुआ विज्ञानियों में आनन्द पावे ॥ ३१ ॥

बभ्रे रक्षः॑ समद॒मा व॑पै॒भ्योऽब्राह्मणा यत॒मे त्वो॑प॒सीदा॑न् । पुरी॒षिणः॑ प्रथ॑माना: पु॒रस्ता॑दार्षे॒या॑स्ते॒ मा रि॑षन् प्राशि॒तार॑: ३२

बभ्रे॑ । रक्षः॑ । स॒-मद॑म् । आ । व॒प॒ । ए॒भ्य॒: । अब्राह्मणा: । य॒त॒मे । त्वा॒ । उ॒प॒-सीदा॑न् ॥ पु॒री॑षिण॑: । प्रथ॑माना: । पु॒रस्ता॑त् । आ॒र्षे॒याः । ते॒ । मा । रि॒ष॒न् । प्र॒-अ॒शि॒तार॑: ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—(बभ्रे) हे पोषक ! [अन्नरूप परमात्मन्] (रक्षः) विघ्न और (समदम्) लड़ाई (एभ्यः) उनके लिये (आ वपः) फैला दे, (यतमे)

३१—(बभ्रेः) आदृगमहनजनः किकिनौ लिट् च । पा० ३ । २ । १७१ । डु भृञ् धारणपोषणयोः–किप्रत्ययः । पोषकस्य । अन्नरूपस्य परमेश्वरस्य (अध्वर्यो) अ० ७ । ७३ । ५ । न ध्वरति न हिनस्तीति अध्वरः । ध्वृ कौटिल्ये हिंसायां च–अच् । ध्वरति वधकर्मा–निघ० २ । १९ । अध्वर + या प्रापणे–कु । हे अहिंसाप्रापक (मुखम्) उपरिदेशम् (एतत्) (विमृड्ढि) म० २९ । विशेषेण शोधय भूषय (आज्याय) घृतमिश्रणाय (लोकम्) स्थानम् (कृणुहि) कुरु (प्रविद्वान्) प्रकर्षेण जानन् (घृतेन) सर्पिषा (गात्रा) अङ्गानि (अनु) अनुक्रमेण (सर्वा) सर्वाणि (विमृड्ढि) (कृण्वे) करोमि (पन्थाम्) पन्थानम् (पितृषु) पालकेषु । विज्ञानिषु (यः) पन्थाः (स्वर्गः) सुखस्य गमयिता ॥

३२—(बभ्रे) म० ३१ । हे पोषक (रक्षः) रक्ष्यते यस्मात् । विघ्नम् (समदम्) सम् + अद भक्षणे–क्विप् । यद्वा सम् + मदी हर्षे–क्विप्, समो मलोपः

जो (अब्राह्मणाः) अब्राह्मण [अब्रह्मज्ञानी] (त्वा) तुझको (उपसीदान्) प्राप्त होवें। (पुरीषिणः) पूर्ति रखने वाले, (पुरस्तात्) आगे आगे (प्रथमानाः) फैलते हुये, (आर्षेयाः) ऋषियों में विख्यात (ते) तेरे (प्राशितारः) भोग करने वाले पुरुष (मा रिषन्) न दुःखी होवें ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जैसे कुपथ्य भोजी प्राणी रोगी हो जाते हैं, वैसे ही, नास्तिक पाखंडी लोग क्लेश पाते हैं। और जैसे सुपथ्य भोजी तृप्त होकर बली होते हैं, वैसे ही ऋषि मुनि परमात्मा की आज्ञा पालने में आनन्द पाते हैं ॥ ३२ ॥

इस मन्त्र के पूर्वार्द्ध का मिलान पूर्वार्द्ध–म० २६ से और उत्तरार्द्ध का उत्तरार्द्ध–म० २५ से करो ॥

आर्षेयेषु नि दध ओदन त्वा नानार्षेयाणामप्यस्त्यत्र । अग्निर्मे गोप्ता मरुतश्च सर्वे विश्वे देवा अभि रक्षन्तु पक्वम् ॥३३॥

आर्षेयेषु । नि । दधे । ओदन । त्वा । न । अनार्षेयाणाम् । अपि । अस्ति । अत्र ॥ अग्निः । मे । गोप्ता । मरुतः । च । सर्वे । विश्वे । देवाः । अभि । रक्षन्तु । पक्वम् ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—(ओदन) हे ओदन ! [सुख की बरसा करने वाले, अन्नरूप परमेश्वर] (आर्षेयेषु) ऋषियों में विख्यातों के बीच (त्वा) तुझको (निदधे) मैं धरता हूं, (अनार्षेयाणाम्) ऋषियों में विख्यातों से भिन्न लोगों

समत्सु संग्रामनाम–निघ० २ । १७ । समदः समदो वात्तेः सम्मदो वा मदतेः–निरु०९ । १७ । युद्धम् (आ वप) प्रक्षिप (एभ्यः) वक्ष्यमाणेभ्यः (अब्राह्मणाः) अब्रह्मज्ञानिनः (पुरीषिणः) पॄभ्यां किच्च । उ० ४ । २७ । पॄ पालनपूरणयोः–ईषन्, कित्, णिनि । पुरीषमुदकनाम–निघ० १ । १२ । पुरीषं पृणातेः पूरयतेर्वा–निरु० २ । २२ । पूर्तियुक्ताः (प्रथमानाः) विस्तीर्यमाणाः (पुरस्तात्) अग्रे (आर्षेयाः) म० १६ । ऋषिषु विख्याताः (ते) तव (मा रिषन्) मा हिंसन्ताम् (प्राशितारः) प्रकर्षेण भोक्तारः ॥

३३—(आर्षेयेषु) म० १६ । ऋषिषु विख्यातेषु (नि दधे) स्थापयामि (ओदन) म० १७ । हे सुखस्य वर्षक (त्वा) त्वाम् (न) निषेधे (अनार्षेयाणाम्) ऋषिषु विख्यातेभ्यो भिन्नानां पाखण्डिनाम् भाग, इति शेषः (अपि)

का [भाग] (अत्र) इसमें (अपि) कभी (न) नहीं (अस्ति) है। (मे) मेरा (गोप्ता) रक्षक (अग्निः) अग्नि [शारीरिक अग्नि] (च) और (सर्वे) सब (मरुतः) प्राण वायु [प्राण, अपान, व्यान, समान और उदान] और (विश्वे) सब (देवाः) इन्द्रियां (पक्वम्) पक्के [दृढ़स्वभाव परमात्मा] को (अभि) सब ओर से (रक्षन्तु) रक्खें ॥ ३३ ॥

भावार्थ—ऋषि महात्मा लोग ही परमात्मा के गुणों को जान सकते हैं. इतर लोग नहीं। मनुष्य अपने शरीरस्थ अग्नि, वायु आदि और इन्द्रियों के सूक्ष्म संगठन और कर्मों के भीतर परमेश्वर की महिमा को विचारें ॥ ३३ ॥

यज्ञं दुहानं सदमित् प्रपीनं पुमांसं धेनुं सदनं रयीणाम्।
प्रजामृतत्वमुत दीर्घमायू रायश्च पोषैरुप त्वा सदेम ॥३४॥

यज्ञम्। दुहानम्। सदम्। इत्। प्र-पीनम्। पुमांसम्। धेनुम्। सदनम्। रयीणाम्।॥ प्रजा-अमृतत्वम्। उत। दीर्घम्। आयुः। रायः। च। पोषैः। उप। त्वा। सदेम ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन्!] (यज्ञम्) यज्ञ [पूजनीय व्यवहार] को, (प्रपीनम्) बढ़े हुये [समृद्ध] (पुमांसम्) रक्षक [पुरुषार्थी] को, (धेनुम्) तृप्त करने वाली [वाणी अर्थात् विद्या, वा गौ] को, (रयीणाम्) धनों के (सदनम्) घर को, (प्रजामृतत्वम्) प्रजा [जनता वा सन्तान] के अमरण को, (उत) और (दीर्घम्) दीर्घ (आयुः) जीवन को (च) निश्चय करके

सम्भावनायाम् (अस्ति) (अत्र) ओदनविषये (अग्निः) जाठराग्निः (मे) मम (गोप्ता) गोपायिता रक्षिता (मरुतः) प्राणादयो वायवः (च) (सर्वे) (विश्वे) समस्ताः (देवाः) इन्द्रियाणि (अभि) सर्वतः (रक्षन्तु) धरन्तु (पक्वम्) दृढस्वभावं परमेश्वरम् ॥

३४—(यज्ञम्) पूजनीयं व्यवहारम् (दुहानम्) दुह प्रपूरणे-शानच्। प्रपूरयन्तम् (सदम्) सदा (इत्) एव (प्रपीनम्) ओप्यायी वृद्धौ—क्त। प्रवृद्धं समृद्धम (पुमांसम्) अ० १।८।१। पा रक्षणे-डुमसुन्। पातारं रक्षकं पुरुषम् (धेनुम्) अ० ३।१०।१। धि धारणतर्पणयोः-नु। धेनुर्वाङ्नाम-निघ० ११।४२। तर्पयित्रीं वाचं विद्यां गां वा (सदनम्) गृहम् (रयीणाम्) धनानाम्

(रायः) धन की (पोषैः) पुष्टियों से (सदम् इत्) सदा ही (दुहानम्) पूर्ण करते हुये (त्वा) तुझ को (उप) आदर से (सदेम) हम प्राप्त होवें ॥ ३४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमेश्वर की उपासना में तत्पर रहते हैं, वे उत्तम व्यवहार, समृद्ध पुरुषों, विद्या, गौ, धन के कोष, प्रजा और सन्तान की वृद्धि और दीर्घ जीवन को प्राप्त होकर आनन्द भोगते हैं ॥ ३४ ॥

वृषभोऽसि स्वर्ग ऋषीनार्षेयान् गच्छ ।
सुकृतां लोके सीद तत्र नौ संस्कृतम् ॥ ३५ ॥

वृषभः । असि । स्वः-गः । ऋषीन् । आर्षेयान् । गच्छ ॥ सु-कृताम् । लोके । सीद । तत्र । नौ । संस्कृतम् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन् !] तू (वृषभः) महाबली और (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला (असि) है, (ऋषीन्) ऋषियों [सूक्ष्मदर्शियों] को और (आर्षेयान्) ऋषियों में विख्यात पुरुषों को (गच्छ) प्राप्त हो । (सुकृताम्) सुकर्मियों के (लोके) समाज में (सीद) बैठ, (तत्र) वहां (नौ) हम दोनों का (संस्कृतम्) संस्कार होवे [अर्थात् मैं तेरी उपासना करूं और तू मुझे बल देवे] ॥ ३५ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य जगदीश्वर की उपासना करके पुण्यात्माओं के समान व्यवहार करते हैं, वे बली और सुखी होते हैं ॥ ३५ ॥

समाचिनुष्वानुसंप्रयाह्यग्ने पथः कल्पय देवयानान् । एतैः सुकृतैरनु गच्छेम यज्ञं नाके तिष्ठन्तमधि सप्तरश्मौ ॥ ३६ ॥

(प्रजामृतत्वम्) जनतायाः सन्तानस्य वा मृत्युराहित्यम् (उत) अपि (दीर्घम्) प्रवृद्धम् (आयुः) जीवनम् (रायः) धनस्य (च) अवधारणे (पोषैः) समृद्धिभिः सह (उप) आदरेण (त्वा) त्वां परमात्मानम् (सदेम) षद्लृ गतौ—आशीर्लिङ् । लिङ्याशिष्यङ् पा० ३ । १ । ८६ । इत्यङ् । सद्यास्म । गम्यास्म ॥

३५—(वृषभः) अ० ४ । ५ । १ । वृषु प्रजनैश्वर्ययोः—अभच् , कित् । महाबली (असि) (स्वर्गः) सुखस्य गमयिता (ऋषीन्) सूक्ष्मदर्शिनः पुरुषान् (आर्षेयान्) म० १३ । ऋषिषु विख्यातान् (गच्छ)प्राप्नुहि (सुकृताम्) सुकर्मिणाम् (लोके) समाजे (सीद) तिष्ठ (तत्र) समाजे (नौ) आवयोः । मम च तव च (संस्कृतम्) संस्कारः ॥

सम्-आचिनुष्व । अनु-सम्प्रयाहि । अग्ने । पथः । कल्पय । देव-यानान् ॥ एतैः । सु-कृतैः । अनु । गच्छेम । यज्ञम् । नाके । तिष्ठन्तम् । अधि । सप्त-रश्मौ ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् पुरुष ! (देवयानान्) देवताओं [विजय चाहने वालों] के चलने योग्य (पथः) मार्गों को (समाचिनुष्व) चौरस करके ठीक ठीक सुधार, [उनपर] (अनु संप्रयाहि) निरन्तर यथाविधि आगे बढ़, [और उन्हें दूसरों के लिये] (कल्पय) बना। (एतैः) इन (सुकृतैः) सुन्दर [विचार से] बनाये हुये [मार्गों] द्वारा (सप्तरश्मौ) सात किरणों वाले (नाके) [लोकों वा प्रकाश आदि के चलाने वाले] सूर्य पर (अधि) राजा होकर (तिष्ठन्तम्) ठहरे हुये (यज्ञम्) पूजनीय [परमात्मा] को (अनु) निरन्तर (गच्छेम) पावें ॥ ३६ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वे वेदद्वारा विचार पूर्वक अपना आचरण ऐसा धार्मिक बनावें, जिसके अनुकरण से सब मनुष्य सूर्य आदि के प्रकाशक परमात्मा को प्राप्त होकर शुभगुणों से प्रकाशमान होवें। सूर्य की किरणों में शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश और चित्र, ये सात वर्ण हैं ॥३६॥

३६—(समाचिनुष्व) चिञ् चयने-लोट्। समाभावेन समन्ताद् रचनं कुरु (अनु संप्रयाहि) निरन्तरं सम्यक् प्रकर्षेण गच्छ (अग्ने) हे विद्वन् पुरुष (पथः) मार्गान् (कल्पय) विरचय (देवयानान्) विजिगीषुभिर्गन्तव्यान् (एतैः) पूर्वोक्तैः (सुकृतैः) सुनिर्मितैःपथिभिः (अनु) निरन्तरम् (गच्छेम) प्राप्नुयाम (यज्ञम्) पूजनीयं परमात्मनम् (नाके) अ० १। ९। २। पिनाकादयश्च। उ० ४। १५। णीञ् प्रापणे आकप्रत्ययः, टिलोपः। नाक आदित्यो भवति नेता रसानां नेता भासां ज्योतिषां प्रणयः—निरु० २। १४। लोकानां प्रकाशादीनां वा नेतरि सूर्ये। यस्मादधिकं यस्य चेश्वरवचनं तत्र सप्तमी। पा० २। ३। ९। इति कर्मप्रवचनीययुक्ते सप्तमी (तिष्ठन्तम्) विद्यमानम् (अधि) अधिरीश्वरे। पा० १। ४। ९९। इति ईश्वरार्थे कर्मप्रवचनीयत्वम्। ईश्वरो भूत्वा (सप्तरश्मौ) अ० ६। ५। १५। शुक्लनीलपीतादिवर्णाः सप्तकिरणाः सन्ति यस्मिन् तस्मिन् ॥

येन॑ दे॒वा ज्योति॑षा॒ द्यामु॒दाय॑न् ब्र॒ह्मौद॒नं प॒क्त्वा सु॑कृ॒तस्य॑ लो॒कम् । तेन॑ गेष्म सुकृ॒तस्य॑ लो॒कं स्व॑रा॒रोह॑न्तो अ॒भि नाक॑मुत्त॒मम् ॥ ३७ ॥ (४)

येन॑ । दे॒वाः । ज्योति॑षा । द्याम् । उ॒त्-आय॑न् । ब्र॒ह्म-ओ॒द॒नम् । प॒क्त्वा । सु॒-कृ॒तस्य॑ । लो॒कम् ॥ तेन॑ । गे॒ष्म॒ । सु॒-कृ॒तस्य॑ । लो॒कम् । स्वः॑ । आ॒-रोह॑न्तः । अ॒भि । नाक॑म् । उ॒त्-त॒मम् ॥ ३७ ॥ (४)

भाषार्थ—(येन ज्योतिषा) जिस ज्योति द्वारा (देवाः) देवता [विजय चाहने वाले लोग (ब्रह्मौदनम्) ब्रह्म-ओदन [वेदज्ञान, अन्न वा धन के बरसाने वाले परमेश्वर] को (पक्त्वा) पक्का [मन में दृढ़] करके (सुकृतस्य) पुण्य कर्म के (द्याम्) प्रकाशमान (लोकम्) लोक [समाज] को (उदायन्) ऊपर पहुंचे हैं। (तेन) उसी [ज्योति] से (उत्तमम्) उत्तम (नाकम्) दुःख रहित (स्वः) सुख स्वरूप परब्रह्म को (अभि=अभिलक्ष्य) लखकर (आरोहन्तः) चढ़ते हुये हम (सुकृतस्य) पुण्य कर्म के (लोकम्) समाज को (गेष्म) खोजें ॥ ३७ ॥

भावार्थ—जिस वैदिक ज्योति द्वारा विजयी महात्मा लोगों ने चलकर परमात्मा को पाया है, उसी वैदिक ज्योति द्वारा परमात्मा को देखते हुये हम सब पुण्यात्माओं के बीच सुख पावें ॥ ३७ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्ध आचुका है—अ० ४ । १४ । ६ ॥

सूक्तम् २ ॥

१-३१ ॥ भवाशर्वौ रुद्रश्च देवताः । १ स्वराट् त्रिष्टुप् ; २ स्वराडार्षी त्रिष्टुप् ; ३ भुरिगुष्णिक् ; ४, ५, ७, १३, १५, १६, २१ अनुष्टुप् ; ६ गायत्री ; ८ महाबृहती ;

३७—(येन) (देवाः) विजिगीषवः (ज्योतिषा) प्रकाशेन (द्याम्) प्रकाशमानम् (उदायन्) इण् गतौ-लङ् । उदगच्छन् (ब्रह्मौदनम्) म० १ । ब्रह्मणो वेदज्ञानस्यान्नस्य धनस्य वा सेचकं वर्षकं परमात्मानम् (पक्त्वा) दृढं कृत्वा (सुकृतस्य) सुकर्मणः (लोकम्) समाजम् (गेष्म) गेषृ अन्विच्छायाम्-लोट् । गेषामहै । अन्वेषणेन प्राप्नवामः । अन्यत् पूर्ववत्-अ० ४ । १४ । ६ ॥

९, २८ त्रिष्टुप्; १० ब्राह्म्युष्णिक्; ११ पञ्चपदा शक्वरी; १२ भुरिक् त्रिष्टुप्; १४, १७, १८, १९, २३, २६, २७ विराड् गायत्री; २० भुरिग् गायत्री; २२ स्वराड् विराड् गायत्री; २४ भुरिग् जगती, २५ पञ्चपदाऽतिशक्वरी; २९ निचृज् जगती; ३० उष्णिक्; ३१ षट्पदा जगती ॥

शान्त्यर्थः पुरुषार्थोपदेशः—शान्ति के लिये पुरुषार्थ का उपदेश ॥

भवाशर्वौ मृडतं माभि यातं भूतपती पशुपती नमो वाम्।
प्रतिहितामायतां मा वि स्राष्टं मा नो हिंसिष्टं द्विपदो मा चतुष्पदः ॥ १ ॥

भवाशर्वौ। मृडतम्। मा। अभि। यातम्। भूतपती इति भूत-पती। पशुपती इति पशु-पती। नमः। वाम् ॥ प्रति-हिताम्। आ-यताम्। मा। वि। स्राष्टम्। मा। नः। हिंसिष्टम्। द्वि-पदः। मा। चतुः-पदः ॥ १ ॥

भाषार्थ—(भवाशर्वौ) हे भव और शर्व ! [भव, सुख उत्पन्न करने वाले और शर्व, शत्रुनाशक परमेश्वर के तुम [दोनों गुणों] (मृडतम्) प्रसन्न हो, (मा अभियातम्) [हमारे] विरुद्ध मत चलो, (भूतपती) हे सत्ता के पालको ! (पशुपती) हे सब दृष्टि वालों के रक्षको ! (वाम्) तुम दोनों को (नमः) नमस्कार है। (प्रतिहिताम्) लक्ष्य पर लगाई हुई और (आयताम्) तानी हुई [इषु, तीर] को (मा वि स्राष्टम्) तुम दोनों मत छोड़ो, (मा) न

१—(भवाशर्वौ) अ० ४। २८। १। भवत्युत्पद्यते सुखमस्मादिति भवः, सुखोत्पादको गुणः। शृणाति शत्रून् इति शर्वः, शॄ हिंसायाम्—व। भवश्च शर्वश्च भवाशर्वौ, ईश्वरगुणौ। देवताद्वन्द्वे च। पा० ६। ३। २६। इति आनङ्। अस्मिन् सूक्ते गुणवर्णनेन गुणिग्रहणम् (मृडतम्) सुखिनौ प्रसन्नौ भवतम् (मा) निषेधे (अभियातम्) अभिमुखं विरुद्धं गच्छतम् (भूतपती) प्राणिनां पालकौ (पशुपती) दृष्टिमतां रक्षकौ (नमः) नमस्कारः (वाम्) युवाभ्याम् (प्रतिहिताम्) लक्ष्यीकृत्य संहितामारोपिताम् (आयताम्) आङ्+यम—क्त। आकृष्टां प्रसारिताम् इषुमिति शेषः (मा वि स्राष्टम्) सृज विसर्गे तुदादिः। माङि लुङि रूपम्। नैव विसृजतम् (नः) अस्माकम् (मा हिंसिष्टम्) मा पीडयतम् (द्विपदः)

(नः) हमारे (द्विपदः) दोपायों और (मा) न (चतुष्पदः) चौपायों को (हिंसिष्टम्) मारो ॥ १ ॥

भावार्थ—जैसे एक ही मनुष्य अपने अधिकारों से गुरुकुल में आचार्य और यज्ञ में ब्रह्मा आदि होता है, वैसे ही एक परमेश्वर अपने गुणों से (भव) सुख उत्पन्न करने वाला और (शर्व) शत्रुनाशक कहाता है, अर्थात् गुणों के वर्णन से गुणी परमात्मा का ग्रहण है । कहीं (भवाशर्वौ, भवारुद्रौ) द्विवचनान्त और कहीं (भव, शर्व, रुद्र,) आदि एक वचनान्त पद हैं। मन्त्र का आशय यह है कि मनुष्य परमेश्वर के गुणोंके ज्ञानसे सब उपकारी पदार्थों और प्राणियों की रक्षा करके धर्म में प्रवृत्त रहे, जिससे परमेश्वर उस पर क्रुद्ध न होवे ॥१॥

इस सूक्त का मिलान अ० ४ । २८ से करो ॥

शुने॑ क्रोष्ट्रे॒ मा शरी॑राणि॒ कर्त॑म॒लिक्ल॑वेभ्यो॒ गृध्रे॑भ्यो॒ ये च॑ कृ॒ष्णा अ॑वि॒ष्यवः॑। मक्षि॑कास्ते पशुपते॒ वयां॑सि ते विघ॒से मा वि॑दन्त २

शुने॑ । क्रोष्ट्रे॑ । मा । शरी॑राणि । कर्त॑म् । अ॒लिक्ल॑वेभ्यः । गृध्रे॑भ्यः । ये । च॒ । कृ॒ष्णाः । अ॒वि॒ष्यवः॑ ॥ मक्षि॑काः । ते॒ । पशु॒पते॒ । वयां॑सि । ते॒ । वि॒-घ॒से । मा । वि॒द॒न्त॒ ॥ २ ॥

भाषार्थ—(शुने) कुत्ते के लिये, (क्रोष्ट्रे) गीदड़ के लिये, (अलिक्लवेभ्यः) अपने बलसे भय देने वाले [श्येन, चील आदियों] के लिये, (गृध्रेभ्यः) खाऊ [गिद्ध आदियों] के लिये (च) और (ये) जो (अविष्यवः) हिंसाकारी (कृष्णाः) कौवे हैं [उनके लिये] (शरीराणि) [हमारे] शरीरों को (मा कर्तम्) तुम दोनों मत करो । (पशुपते) हे दृष्टिवाले [जीवों] के रक्षक ! (ते) तेरी

पादद्वयोपेतान् मनुष्यादीन् (मा) निषेधे (चतुष्पदः) पादचतुष्टययुक्तान् गोमहिष्याश्वादीन् ॥

२—(शुने) कुक्कुराय (क्रोष्ट्रे) शृगालाय (शरीराणि) अस्माकं देहान् (मा कर्तम्) मा कुरुतम् (अलिक्लवेभ्यः) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । अल भूषणपर्याप्तिशक्तिवारणेषु-इन् + क्लव भये—अच् । अलिना शक्त्या बलेन भयानकाः । श्येनादयस्तेभ्यः (गृध्रेभ्यः) मांसाहारिभ्यः खगविशेषेभ्यः (ये) (च) (कृष्णाः) कृष्णवर्णा वायसाः (अविष्यवः) अ० ३ । २६ । २ । अर्चिशुचि...

[उत्पन्न] (मक्षिकाः) मक्खियां और (ते) तेरे [उत्पन्न] (वयांसि) पक्षी (विघसे) भोजन पर (मा विदन्त) [हमें] न प्राप्त होवें ॥ २ ॥

भावार्थ—मनुष्य सावधान रहें कि कुत्ते आदि उन्हें न सतावें और न मक्खी आदि भोजन को बिगाड़ें ॥ २ ॥

क्रन्दाय ते प्राणाय याश्च ते भव रोपयः ।
नमस्ते रुद्र कृण्मः सहस्राक्षायामर्त्य ॥ ३ ॥

क्रन्दाय । ते । प्राणाय । याः । च । ते । भव । रोपयः ॥
नमः । ते । रुद्र । कृण्मः । सहस्र-अक्षाय । अमर्त्य ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(भव) हे भव ! [सुख उत्पन्न करनेवाले] (रुद्र) हे रुद्र ! [दुःखनाशक] (अमर्त्य) हे अमर ! [जगदीश्वर] (सहस्राक्षाय) सहस्रों कर्मों में दृष्टि वाले (ते) तुझको (क्रन्दाय) [अपना] रोदन मिटाने के लिये (ते) तुझे (प्राणाय) [अपना] जीवन बढ़ाने के लिये (च) और (ते) तुझे

इसि । उ० २ । १०८ । अव रक्षणहिंसादिषु–इसि । छन्दसि परेच्छायामपि । वा० पा० ३ । १ । ८ । इति क्यच् । क्याच्छन्दसि । पा० ३ । २ । १७० । उप्रत्ययः । परहिंसेच्छवः (मक्षिकाः) हनिमशिभ्यां सिकन् । उ० ४ । १५४ । मश ध्वनौ कोपे च –सिकन् । कीटभेदाः (ते) तव, उत्पन्ना इति शेषः (पशुपते) हे दृष्टिमतां पालक (वयांसि) पक्षिणः (ते) तव (विघसे) उपसर्गेऽदः । पा० ३ । ३ । ५६ । अद भक्षणे–अप् । घञपोश्च । पा० २ । ३ । ३८ । घस्लृ आदेशः । अन्ने । भोजने (मा विदन्त) विद्लृ लाभे माङि लुङि रूपम् । न लभन्ताम्, अस्मान् इति शेषः ॥

३—(क्रन्दाय) क्रदि आह्वाने रोदने च—घञ् । क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः । पा० ३ । २ । १४ । क्रन्दं रोदनं नाशयितुम् (ते) तुभ्यम् (प्राणाय) प्राणं जीवनं वर्धयितुम् (याः) (च) (ते) तुभ्यम् (भव) भू–अप् । हे सुखोत्पादक (रोपयः) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । रुप विमोहने–इन् । विमोहिकाः पीडाः (नमः) सत्कारः (ते) तुभ्यम् (रुद्र) अ० २ । २७ । ६ । रु बधे–क्विप्, तुक्+रु बधे–ड । हे दुःखनाशक । यद्वा, रु गतौ–क्विप्+रा

(याः) जो (रोपयः) [हमारी) पीड़ायें हैं [उन्हें हटाने के लिये] (नमः कृण्मः) हम नमस्कार, करते है ॥ ३ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की भक्ति से सब ओर दृष्टि करके और भीतरी क्लेश मिटाकर अपना जीवन सुफल करे ॥ ३ ॥

पुरस्तात् ते नमः कृण्म उत्तरादधरादुत ।
अभीवर्गाद् दिवस्पर्यन्तरिक्षाय ते नमः ॥ ४ ॥

पुरस्तात् । ते । नमः । कृण्मः । उत्तरात् । अधरात् । उत ॥
अभि-वर्गात् । दिवः । परि । अन्तरिक्षाय । ते । नमः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन् !] (ते) तुझे (पुरस्तात्) आगे से, (उत्तरात्) ऊपर से (उत) और (अधरात्) नीचे से (नमः) नमस्कार, (ते) तुझे (दिवः) आकाश के (अभिविर्गात् परि) अवकाश से (अन्तरिक्षाय) अन्तरिक्ष लोकको जानने के लिये (नमः कृण्मः) हम नमस्कार करते हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर को सर्वत्र व्यापक जानकर विद्या की प्राप्ति से सब दिशाओं और अन्तरिक्ष के पदार्थों का ज्ञान प्राप्त करके अपनी रक्षा करें ॥ ४ ॥

मुखाय ते पशुपते यानि चक्षूंषि ते भव ।
त्वचे रूपाय संदृशे प्रतीचीनाय ते नमः ॥ ५ ॥

मुखाय । ते । पशु-पते । यानि । चक्षूंषि । ते । भव ॥
त्वचे । रूपाय । सम्-दृशे । प्रतीचीनाय । ते । नमः ॥ ५ ॥

दाने—क । हे ज्ञानदातः (कृण्मः) कुर्मः (सहस्राक्षाय) अ० ३ । ११ । ३ । सहस्रेषु बहुषु कर्मसु अक्षीणिदर्शनशक्तयो यस्य तस्मै (अमर्त्य) हे अमर ॥

४—(पुरस्तात्) अग्रे वर्तमानाद् देशात् (ते) तुभ्यम् (उत्तरात्) उपरिस्थानात् (अधरात्) अधः स्थानात् (उत) अपि च (अभीवर्गात्) अभि+वृजी वर्जने-घञ् । उपसर्गस्य घञ्यमनुष्ये बहुलम् । पा० ६ । ३ । १२२ । इति दीर्घः । अभितो वृज्यते गृहादिभिः परिच्छिद्यते यः । अवकाशात् (दिवः) आकाशस्य (परि) (अन्तरिक्षाय) अन्तरिक्षं ज्ञातुम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(पशुपते) हे दृष्टि वालों के रक्षक ! (ते) तुझे (मुखाय) [हमारे] मुख के हितके लिये, (भव) हे सुख उत्पादक ! (ते) तुझे, (यानि) जो (चक्षूंषि) [हमारे] दर्शन साधन हैं [उनके लिये] । (त्वचे) [हमारी] त्वचा के लिये (रूपाय) सुन्दरता के लिये, (संदृशे) आकार के लिये (प्रतीचीनाय) प्रत्यक्ष व्यापक (ते) तुझे (नमः) नमस्कार है ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की उपासना पूर्वक अपने मुख आदि इन्द्रियों और त्वचा आदिको उपयोगी बनाकर पुरुषार्थी होवें ॥ ५ ॥

अङ्गेभ्यस्त उदराय जिह्वायां आस्याय ते ।
दुद्भ्यो गन्धाय ते नमः ॥ ६ ॥

अङ्गेभ्यः । ते । उदराय । जिह्वायै । आस्याय । ते ॥
दत्-भ्यः । गन्धाय । ते । नमः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—[हे परमात्मन् !] (ते) तुझे (अङ्गेभ्यः) [हमारे] अङ्गों के हित के लिये, (उदराय) उदर के हित के लिये,(ते)तुझे (जिह्वायै) [हमारी] जिह्वा के हित के लिये और (आस्याय) मुख के हित के लिये (ते) तुझे (दद्भ्यः) [हमारे] दाँतों के हित के लिये और (गन्धाय) गन्ध ग्रहण करने के लिये (नमः) नमस्कार है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य अपने अङ्गों को यथावत् उपकारी बनाकर परमेश्वर की भक्ति करें ॥ ६ ॥

अस्त्रा नीलशिखण्डेन सहस्राक्षेण वाजिना ।
रुद्रेणार्धकघातिना तेन मा समरामहि ॥ ७ ॥

५—(मुखाय) मुखहिताय (ते) तुभ्यम् (पशुपते) हे दृष्टिमतां रक्षक (यानि) (चक्षूंषि) दर्शनसाधनानि (भव) हे सुखोत्पादक (त्वचे) त्वचाहिताय (रूपाय) सौन्दर्याय (संदृशे) सम्यग् दर्शनीयाय आकाराय (प्रतीचीनाय) अ० ४ । ३२ । ६ । प्रत्यक्ष व्यापकाय (ते) तुभ्यम् (नमः) नमस्कारः ॥

६—(अङ्गेभ्यः) अस्माकं शरीरावयवेभ्यः (ते) तुभ्यम् (उदराय) उदरहिताय (आस्याय) मुखहिताय (ते) तुभ्यम् (दद्भ्यः) दन्तानां हिताय (गन्धाय) गन्धं ग्रहीतुम् (ते) तुभ्यम् (नमः) नमस्कारः ॥

अस्त्रा । नील॑-शिखण्डेन । सहस्र-अक्षेण॑ । वाजिना॑ ॥ रुद्रेण॑ । अर्धक-घातिना॑ । तेन॑ । मा । सम् । अरामहि ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(अस्त्रा) प्रकाश करने वाले, (नीलशिखण्डेन) नीलों [निधियों] के पहुंचाने वाले, (सहस्राक्षेण) सहस्रों कर्मों में दृष्टिवाले (वाजिना) बलवान्। (अर्धकघातिना) हिंसकों के मारने वाले (तेन) उस (रुद्रेण) रुद्र [दुःख नाशक परमात्मा] के साथ (मा सम् अरामहि) हम समर [युद्ध] न करें ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य स्वयंप्रकाशमान, सर्वहितकारी, महाबली परमात्मा की आज्ञा में रहकर सदा सुखी रहें ॥ ७ ॥

स नो॑ भवः परि॑ वृणक्तु विश्वत॒ आप॑ इवाग्निः परि॑ वृणक्तु नो भवः । मा नो॑ऽभि मांस्त नमो॑ अस्त्वस्मै ॥ ८ ॥

सः । नः । भवः । परि॑ । वृणक्तु । विश्वतः॑ । आपः॑-इव । अग्निः । परि॑ । वृणक्तु । नः । भवः ॥ मा । नः । अभि । मांस्त । नमः॑ । अस्तु । अस्मै ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(सः) वह (भवः) भव [सुख उत्पन्न करने वाला पर-

७—(अस्त्रा) अस दीप्तौ-तृन्, इडभाव। प्रकाशमानः (नीलशिखण्डेन) अ० २। २७। ६। णीञ् प्रापणे-रक्, रस्य लः। नीयते प्राप्यते स नीलो निधिः। शिख शिखि गतौ-अण्डन्। निधीनां शिखण्डः प्राप्तिर्यस्मात् तेन। निधीनां प्रापकेण (सहस्राक्षेण) म० ३। सहस्रेषु कर्मसु दृष्टियुक्तेन (वाजिना) बलवता (रुद्रेण) म० ३। दुःखनाशकेन परमात्मना (अर्धकघातिना) अर्द हिंसायाम्-ण्वुल्, दस्य धः+हन हिंसागत्योः-णिनि। हनस्तोऽचण्णलोः पा० ७। ३। ३२। इति तत्वम्। हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु। पा० ७। ३। ५४। इति घत्वम्। अर्दकानां हिंसकानां नाशकेन (तेन) प्रसिद्धेन (मा सम् अरामहि) ऋ गतौ-माङि लुङि रूपम्। समो गम्यृच्छिप्रच्छि०। पा० १। ३। २६। इत्यात्मनेपदम्। सर्तिशास्त्यर्तिभ्यश्च। पा० ३। १। ५६। इति च्लेरङादेशः। समरं युद्धं न करवाम ॥

८—(सः) प्रसिद्धः (नः) अस्मान् (भवः) म० ३। सुखोत्पादकः

मेश्वर] (नः) हमें [दुष्ट कर्मों से] (विश्वतः) सब ओर (परि वृणक्तु) बरजता [रोकता] रहे, (इव) जैसे (आपः) जल और (अग्निः) अग्नि [एक दूसरे को रोकते हैं वैसे ही] (भवः), भव [सुख उत्पन्न करने वाला परमेश्वर] (नः) हमें (परि वृणक्तु) बरजाता रहे। (नः) हमें (मा अभि मांस्त) वह न सतावे, (अस्मै) इस [परमेश्वर] को (नमः) नमस्कार (अस्तु) होवे॥८

भावार्थ—जैसे जल अग्नि से और अग्नि जल से पृथक् होते हैं; वैसेही हम दुष्ट कर्मों से पृथक् रहकर परमेश्वर की आज्ञा का पालन करके सुरक्षित रहें ॥ ८ ॥

चतुर्नमो॑ अष्टकृत्वो॑ भवाय॒ दश॒ कृत्वः॑ पशुपते॒ नम॑स्ते । तवे॒मे पञ्च॑ प॒शवो॒ विभ॑क्ता॒ गावो॒ अश्वाः॒ पुरु॑षा अजा॒वयः॑ ॥ ९ ॥

चतुः । नमः॑ । अ॒ष्ट॒-कृत्वः॑ । भ॒वाय॑ । दश॑ । कृत्वः॑ । प॒शु॒-प॒ते॒ । नमः॑ । ते॒ ॥ तव॑ । इ॒मे । पञ्च॑ । प॒शवः॑ । वि-भ॑क्ताः । गावः॑ । अश्वाः॑ । पुरु॑षाः । अ॒ज॒-अ॒वयः॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(भवाय) भव [सुखोत्पादक परमेश्वर] को (चतुः) चार बार, (अष्टकृत्वः) आठ बार (नमः) नमस्कार है, (पशुपते) हे दृष्टि वाले [जीवों] के रक्षक! (ते) तुझे (दश कृत्वः) दस बार (नमः) नमस्कार है। (तव) तेरेही (विभक्ताः) बांटे हुये (इमे) यह (पञ्च) पांच

(परि वृणक्तु) परितो वर्जयतु, दुष्टकर्मभ्य इति शेषः (विश्वतः) सर्वतः (आपः) जलानि (इव) यथा (अग्निः) (नः) अस्मान् (मा अभि मांस्त) अभिपूर्वो मन्यतिर्हिंसने—माङि लुङि रूपम् । न हिनस्तु (नमः) नमस्कारः (अस्तु) (अस्मै) भवाय । अन्यद् गतम् ॥

९—(चतुः) द्वित्रिचतुर्भ्यः सुच् । पा० ५ । ४ । १८ । इति सुच् । चतुर्वारम् । ब्रह्मचर्यगृहस्थवानप्रस्थसंन्यासाश्रमान् ध्यात्वा (नमः) नमस्कारः (अष्टकृत्वः) संख्यायाः क्रियाभ्यावृत्तिगणने कृत्वसुच् । पा० ५ । ४ । १७ । इति कृत्वसुच् । अष्टवारम् । यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि—योगदर्शने, पा० २ सूत्रे २९—इत्येतानि आश्रित्य (भवाय) म० ३ । सुखोत्पादकाय (दश कृत्वः) पूर्ववत् कृत्वसुच, व्यवधानं छान्दसम् ।

(पशवः) दृष्टिवाले [जीव] (गावः) गौवें, (अश्वाः) घोड़े, (पुरुषाः) पुरुष और (अजावयः) बकरी और भेड़ें हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर को चार वार [ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास चार आश्रमों का ध्यान करके], आठवार [यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, आठ योग के अङ्गों का आश्रय लेकर—योगदर्शन, पाद २ सूत्र २६ [और दस बार [पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय को वश में करके] नमस्कार करे। परमेश्वर ही कर्मानुसार गौ आदि पदार्थों को मनुष्यों के लिये बांटता है ॥ ६ ॥

तव॒ चत॑स्रः प्र॒दिश॒स्तव॒ द्यौस्तव॑ पृथि॒वी तवे॒दमु॑ग्रो॒र्व᳕१॒॑न्तरि॑क्षम् । तवे॒दं सर्व॑मात्म॒न्वद्यत्प्रा॒णत्पृ॑थि॒वीमनु॑ ॥१०॥ (५)

तव॑ । चत॑स्रः । प्र॒-दिशः॑ । तव॑ । द्यौः । तव॑ । पृ॒थि॒वी । तव॑ । इ॒दम् । उ॒ग्र॒ । उ॒रु । अ॒न्तरि॑क्षम् ॥ तव॑ । इ॒दम् । सर्व॑म् । आ॒त्म॒न्-वत् । यत् । प्रा॒णत् । पृ॒थि॒वीम् । अनु॑ ॥ १० ॥ (५)

भाषार्थ—(उग्र) हे तेजस्वी ! [परमेश्वर] (तव) तेरी (चतस्रः) चारो (प्रदिशः) बड़ी दिशायें हैं, (तव) तेरा (द्यौः) प्रकाशमान सूर्य, (तव) तेरी (पृथिवी) फैली हुई भूमि, (तव) तेरा (इदम्) यह (उरु) चौड़ा (अन्तरिक्षम्) आकाश लोक है। (तव) तेरा ही (इदम्) यह (सर्वम्) सब है, (यत्) जो (आत्मन्वत्) आत्मा वाला और (प्राणत्) प्राण वाला [जगत्] (पृथिवीम् अनु) पृथिवी पर है ॥ १० ॥

दशवारम् । दशेन्द्रियाणि वशीकृत्वेति यावत् (पशुपते) (नमः) (ते) (तव) (इमे) समीपवर्तिनः (पशवः) दृष्टिमन्तो जीवाः (विभक्ताः) विभागं प्राप्ताः (गावः) धेनवः (अश्वाः) तुरङ्गाः (पुरुषाः) मनुष्याः (अजावयः) अजाश्च अवयश्च ते छागमेषाः ॥

१०—(तव) (चतस्रः) चतुः संख्याकाः (प्रदिशः) प्राधानाः प्राच्यद्या महादिशः (द्यौः) प्रकाशमानः सूर्यः (पृथिवी) विस्तृता भूमिः (इदम्) सर्वत्र व्यापकम् (उग्र) हे तेजीस्विन् (उरु) विस्तृतम् (अन्तरिक्षम्) सर्वमध्ये दृश्यमान आकाशः (इदम्) सर्वम् (आत्मन्वत्) अ० ४। १०। ७। सात्मकं जगत् (यत्) (प्राणत्) प्राणव्यापारं कुर्वत् (पृथिवीम् अनु) भूमिं प्रति ॥

भावार्थ—यह सब चराचर जगत् और पृथिवी आदि सब लोक परमेश्वर के आधीन हैं ॥ १० ॥

उरुः कोशो वसुधानस्तवायं यस्मिन्निमा विश्वा भुवनान्यन्तः । स नो मृड पशुपते नमस्ते परः क्रोष्टारो अभिभाः श्वानः परो यन्त्वघरुदो विकेश्यः ॥ ११ ॥

उरुः । कोशः । वसु-धानः । तव । अयम् । यस्मिन् । इमा । विश्वा । भुवनानि । अन्तः ॥ सः । नः । मृड । पशुपते । नमः । ते । परः । क्रोष्टारः । अभिभाः । श्वानः । परः । यन्तु । अघ-रुदः । वि-केश्यः ॥ ११ ॥

भावार्थ—[परमेश्वर !] (तव) तेरा (अयम्) यह (उरुः) चौड़ा (कोशः) कोश [निधि] (वसुधानः) श्रेष्ठ पदार्थों का आधार है, (यस्मिन् अन्तः) जिसके भीतर (इमा विश्वा) ये सब (भुवनानि) भुवन [सत्तायें] हैं । (पशुपते) हे दृष्टि वाले [जीवों] के रक्षक ! (सः) तू सो (नः) हमें (मृड) सुखी रख, (ते) तेरे लिये (नमः) नमस्कार हो, (क्रोष्टारः) चिल्लाने वाले गीदड़, (अभिभाः) सन्मुख चमकती हुई विपत्तियां, (श्वानः) घूमने वाले कुत्ते (परः) दूर और (विकेश्यः) केश फैलाये हुये [भयानक](अघरुदः) पाप की पीड़ायें (परः) दूर (यन्तु) चली जावें ॥ ११ ॥

११—(उरुः) विस्तृतः (कोशः) निधिः । भाण्डागारः (वसुधानः) वसूनां श्रेष्ठपदार्थानामाधारः (तव)(अयम्) (यस्मिन्) कोशे (इमा) इमानि (विश्वा) सर्वाणि (भुवनानि) अस्तित्वानि । लोकाः (अन्तः) मध्ये (सः) स त्वम् (नः) अस्मान् (मृड) मृडय । सुखय (पशुपते) दृष्टिमतां जीवानां पालक (नमः) नमस्कारः (ते) तुभ्यम् (परः) परस्तात् । दूरम्(क्रोष्टारः) क्रोशनशीलाः शृगालाः (अभिभाः) अ० १ । २० । १ । अभि + भा दीप्तौ—क्विप् । अभितो दीप्यमाना विपत्तयः(श्वानः) अ० ४ । ३६ । ६ । टुओश्वि गतिवृद्ध्योः—कनिन् । भ्रमणशीलाः कुक्कुराः (परः) दूरम् (यन्तु) गच्छन्तु (अघरुदः) अ० ८ । १ । १९ । अघ + रुदेः क्विप् । पापस्य पीडाः (विकेश्यः) अ० १ । २८ । ४ । वि + केश—ङीष् । विकीर्णकेशाः । अतिभयकारिण्यः ॥

भावार्थ—परमेश्वर के आश्रय भण्डार से यह सब लोक पलते हैं, उसी के आश्रय से सब मनुष्य पुरुषार्थ के साथ अनेक विपत्तियों और विघ्नों से बचकर आनन्दित होवें ॥ ११ ॥

धनु॑र्बिभर्षि॒ हरि॑तं हिर॒ण्ययं॑ सहस्र॒घ्नि श॒तव॑धं शिखण्डिन् ।
रु॒द्रस्येषु॑श्चरति देवहे॒तिस्तस्यै॒ नमो॑ यत॒मस्यां॑ दि॒शी॒३॒ तः ॥१२॥

धनुः॑ । बि॒भ॒र्षि॒ । हरि॑तम् । हि॒र॒ण्यय॑म् । स॒ह॒स्र॒-घ्नि । श॒त-व॑धम् । शि॒ख॒ण्डि॒न् ॥ रु॒द्रस्य॑ । इषुः॑ । च॒र॒ति॒ । दे॒व॒-हे॒तिः ॥ तस्यै॑ । नमः॑ । य॒त॒मस्या॑म् । दि॒शि । इ॒तः ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(शिखण्डिन्) हे परम उद्योगी ! [रुद्र परमेश्वर] (हरितम्) शत्रुनाशक, (हिरण्ययम्) बलयुक्त, (सहस्रघ्नि) सहस्रों [शत्रुओं] के मारने वाले, (शतवधम्) सैकड़ों हथियारों वाले, (धनुः) धनुष को तू (बिभर्षि) धारण करता है। (रुद्रस्य) रुद्र [दुःख नाशक परमेश्वर] का (इषुः) बाण (देवहेतिः) दिव्य [अद्भुत] बज्र (चरति) चलता रहता है, (अस्यै) उस [बाण] के रोकने के लिये (इतः) यहां से (यतमस्याम् दिशि) चाहे जौन सी दिशा हो उसमें (नमः) नमस्कार है ॥ १२ ॥

भावार्थ—जैसे शूर पुरुष अनेक प्रकार के सहस्राघ्नि, शतघ्नी, शतवध आदि अस्त्र शस्त्र बना के शत्रुओं को मारता है, वैसे ही सर्वशक्तिमान् परमात्मा अपने अनन्त सामर्थ्य से पापियों का नाश कर देता है। इससे हम लोग उसकी आज्ञा का उल्लंघन न करके उसकी शरण में रहें ॥ १२ ॥

१२—(धनुः) चापम् (विभर्षि) धारयसि (हरितम्) हृश्याभ्यामितन्। उ० ३। ९३। हृञ् नाशने-इतन्। शत्रुनाशकम् (हिरण्ययम्) हिरण्यं रेतो वीर्यं बलम्, तेन युक्तम् (सहस्रघ्नि) भुजेः किच्च। उ० ४। १४२। सहस्र+हन हिंसागत्योः—इप्रत्ययः, कित्। सहस्रशत्रुनाशकम् (शतवधम्) वधो वज्रनाम-निघ० २। २०। अनेकायुधोपेतम् (शिखण्डिन्) अ०। ३७। ४। शिख गतौ—अण्डन् कित्, तत इनि। हे महोद्योगिन् (रुद्रस्य) दुःखनाशकस्य (इषुः) बाणः (चरति) विचरति (देवहेतिः) अद्भुतवज्रः (तस्यै) तां निवारीयतुम् (नमः) (यतमस्याम्) यस्यां कस्याम् (दिशि) दिशायाम् (इतः) अस्मात् स्थानात् ॥

यो३॒ऽभियातो निलयते त्वां रुद्र निचिकीर्षति ।
पश्चादनुप्रयुङ्क्षे तं विद्धस्य पदनीरिव ॥ १३ ॥

यः । अभि-यातः । नि-लयते । त्वाम् । रुद्र । नि-चिकीर्षति ॥
पश्चात् । अनु-प्रयुङ्क्षे । तम् । विद्धस्य । पदनीः-इव ॥१३॥

भाषार्थ—(यः) जो [दुष्कर्मी] (अभियातः) हारा हुआ (निलयते) छिप जाता है, और (रुद्र) हे रुद्र ! [दुःखनाशक] (त्वा) तुझे (निचिकीर्षति) हराना चाहता है। (पश्चात्) पीछे पीछे (तम्) उसको (अनुप्रयुङ्क्षे) तू अनुप्रयोग करता है [यथा अपराध दण्ड देता है], (इव) जैसे (विद्धस्य) घायल का (पदनीः) पद खोजिया ॥ १३ ॥

भावार्थ—जो दुष्ट गुप्त रीति से भी परमेश्वर की आज्ञा का भङ्ग करता है, परमेश्वर उसे दण्ड ही देता है, जैसे व्याध घायल आखेट के रुधिर आदि चिन्ह से खोज लगा कर उसे पकड़ लेता है ॥ १३ ॥

इस मन्त्र का मिलान करो–अ० १० । १ । २६ ॥

भवारुद्रौ सयुजा संविदानावुभावुग्रौ चरतो वीर्याय ।
ताभ्यां नमो यतमस्यां दिशी३॒तः ॥ १४ ॥

भवारुद्रौ । स-युजा । सम्-विदानौ । उभौ । उग्रौ । चरतः ।
वीर्याय ॥ ताभ्याम् । नमः । यतमस्याम् । दिशि । इतः ॥१४॥

भाषार्थ—(सयुजा) समान संयोग वाले, (संविदानौ) समान ज्ञान वाले, (उग्रौ) तेजस्वी (उभौ) दोनों (भवारुद्रौ) भव और रुद्र [सुखोत्पादक

१३—(यः) दुष्कर्मी (अभियातः) अभिगतः । अभिभूतः सन् (निलयते) निलीनो गुप्तो भवति (त्वाम्) (रुद्र) म० ३ । हे दुःखनाशक (निचिकीर्षति) डु कृञ् करणे, यद्वा, कृञ् हिंसायाम् सन् । निराकर्तुं नितरां हिंसितुं वेच्छति (पश्चात्) निरन्तरम् (अनुप्रयुङ्क्षे) अनुप्रयोगं करोषि । यथापराधं दण्डयसि(तम्) दुष्टम् (विद्धस्य) ताडितस्य । क्षतस्य (पदनीः) पद + णीञ् प्रापणे-क्विप् । पदचिह्नानां नेता । पदानुगामी (इव) यथा ॥

१४—(भवारुद्रौ) म० ३ । भवश्च रुद्रश्च तौ । सुखोत्पादकदुःखनाशकौ गुणौ (सयुजा) समानं युञ्जानौ मिश्रभूतौ (संविदानौ) समानं

और दुःख नाशक गुण] (वीर्याय) वीरता देने को (चरतः) विचरते हैं। (इतः) यहां से (यतमस्याम् दिशि) चाहे जौन सी दिशा हो उसमें (ताभ्याम्) उन दोनों को (नमः) नमस्कार है ॥ १४ ॥

भावार्थ—चाहे हम कहीं होवें, परमेश्वर को सर्वज्ञ और सर्वव्यापक जानकर अपना वीरत्व बढ़ावें ॥ १४ ॥

नम॑स्तेऽस्त्वाय॒ते नमो॑ अस्तु परायु॒ते ।
नम॑स्ते रुद्र॒ तिष्ठ॑त॒ आसी॑नायो॒त ते॒ नमः॑ ॥ १५ ॥

नमः॑ । ते॒ । अ॒स्तु॒ । आ॒-य॒ते । नमः॑ । अ॒स्तु॒ । प॒रा॒-य॒ते ॥
नमः॑ । ते॒ । रु॒द्र॒ । तिष्ठ॑ते । आसी॑नाय । उ॒त । ते॒ । नमः॑ ॥ १५

भाषार्थ—(आयते) आते हुये [पुरुष] के हित के लिये (ते) तुझे (नमः) नमस्कार, (अस्तु) होवे, (परायते) दूर जाते हुये के हित के लिये (नमः) नमस्कार (अस्तु) होवे। (रुद्र) हे रुद्र ! [दुःखनाशक] (तिष्ठते) खड़े होते हुये के हित के लिये (ते) तुझे (नमः) नमस्कार, (उत) और (आसीनाय) बैठे हुये के हित के लिये (ते) तुझे (नमः) नमस्कार है ॥१५॥

भावार्थ—मनुष्य आते, जाते, उठते, बैठते परमेश्वर का स्मरण करके पुरुषार्थ करे ॥ १५ ॥

नमः॑ सा॒यं नमः॑ प्रा॒तर्नमो॒ रात्र्या॒ नमो॒ दिवा॑ ।
भ॒वाय॑ च श॒र्वाय॑ चो॒भाभ्या॑मकरं॒ नमः॑ ॥ १६ ॥

नमः॑ । सा॒यम् । नमः॑ । प्रा॒तः । नमः॑ । रात्र्या॑ । नमः॑ । दिवा॑ ॥
भ॒वाय॑ । च॒ । श॒र्वाय॑ । च॒ । उ॒भाभ्या॑म् । अ॒क॒र॒म् । नमः॑ ॥१६॥

जानन्तौ (उभौ) (उग्रौ) तेजस्विनौ (चरतः) विचरतः(वीर्याय) वीरत्वं दातुम् (ताभ्याम्) भवारुद्राभ्याम्। अन्यत् पूर्ववत्–म० ॥ १३ ॥

१५–(नमः) (ते) तुभ्यम् (अस्तु) (आयते) आगच्छतः पुरुषस्य हिताय (परायते) दूरं गच्छते (रुद्र) म० ३ । हे दुःखनाशक (तिष्ठते) उत्तिष्ठतः पुरुषस्य हिताय (आसीनाय) उपविष्टस्य हिताय (उत) अपि च। अन्यद् गतम् ॥

भाषार्थ—(सायम्) सायं काल में (नमः) नमस्कारः (प्रातः) प्रातः काल में (नमः) नमस्कार (रात्र्या) राति में (नमः) नमस्कार, (दिवा) दिन में (नमः) नमस्कर। (भवाय) भव [सुख उत्पन्न करने वाले] (च च) और (शर्वाय) शर्व [दुःख नाश करने वाले] (उभाभ्याम्) दोनों [गुणों] को (नमः अकरम्) मैं ने नमस्कार किया है ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रत्येक समय महाशक्तिमान् परमेश्वर का ध्यान करके सदा पराक्रम करता रहे ॥ १६ ॥

सहस्राक्षमंतिपश्यं पुरस्तांद् रुद्रमस्यंन्तं बहुधा विपश्चितम्।
मोपांराम जिह्वयेयमानम् ॥ १७ ॥

सहस्र-अक्षम्। अति-पश्यम्। पुरस्तात्। रुद्रम्। अस्यन्तम्। बहु-धा। विपः-चितम् ॥ मा। उप। अराम। जिह्वया। ईयमानम् ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(सहस्राक्षम्) सहस्रों कामों में दृष्टि वाले, (पुरस्तात्) सन्मुख से (अतिपश्यम्) आड़े बेंड़े देखनेवाले, (बहुधा) अनेक प्रकार से [पापों को] (अस्यन्तम्) गिराने वाले, (विपश्चितम्) महाबुद्धिमान्, (जिह्वया) जयशक्ति के साथ (ईयमानम्) चलते हुये (रुद्रम्) रुद्र [दुःख नाशक परमेश्वर] से (मा उप अराम) हम विरोध न करें ॥ १७ ॥

१६—(नमः) नमस्कारः (सायम्) सूर्यास्तसमये (प्रातः) प्रभात-समये (रात्र्या) रात्रिसमये (दिवा) दिनकाले (भवाय) म० ३। सुखोत्पादकाय (च च) समुच्चये (शर्वाय) म० ३। दुःखनाशकाय (उभाभ्याम्) द्वाभ्यां गुणाभ्याम् (अकरम्) अहं कृतवानस्मि। अन्यद् गतम् ॥

१७—(सहस्राक्षम्) सहस्रेषु कर्मसु दृष्टियुक्तम् (अतिपश्यम्) पाघ्राध्माधेट् दृशः शः। पा० ३।१।१३७। दृशिर् प्रेक्षणे—शप्रत्ययः। पाघ्राध्मास्था०। पा० ७।३।७८। पश्यादेशः। सर्वानतिक्रम्य द्रष्टा (पुरस्तात्) अग्रे (रुद्रम्) दुःखनाशकम् (अस्यन्तम्) शत्रून् क्षिपन्तम् (बहुधा) अनेकप्रकारेण (विपश्चितम्) मेधाविनम्। सूक्ष्मदर्शिनम् (मा उप अराम) ऋ गतौ हिंसायां वा माङि लुङि रूपम्। न हिंसेम (जिह्वया) शेवायह्वजिह्वा०। उ०१।१५४। जि जये-वन् हुक् च। जयशक्त्या सह (ईयमानम्) गच्छन्तम्। व्याप्नुवन्तम्।

भावार्थ—परमात्मा सब व्यवहारों को भली भांति देखता हुआ सब को कर्मों का फल यथावत् देता है। हम उसकी आज्ञा का सदा पालन करें ॥ १७

श्यावाश्वं कृष्णमसितं मृणन्तं भीमं रथं केशिनः पादयन्तम्। पूर्वे प्रतीमो नमो अस्त्वस्मै ॥ १८ ॥

श्याव-अश्वम् । कृष्णम् । असितम् । मृणन्तम् । भीमम् । रथम् । केशिनः । पादयन्तम् ॥ पूर्वे । प्रति । इमः । नमः । अस्तु । अस्मै ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(श्यावाश्वम्) ज्ञान में व्याप्ति वाले, (कृष्णम्) आकर्षण करने वाले, (असितम्) बन्धन रहित (मृणन्तम्) मारते हुये, (भीमम्) डरावने, (केशिनः) क्लेशकारी के (रथम्) रथ को (पादयन्तम्) गिराते हुये [अथवा, (केशिनः) किरणों वाले सूर्य के (रथम्) रथ को (पादयन्तम्) चलाते हुये] [रुद्र परमेश्वर] को (पूर्वे) हम पहिले होकर (प्रति) प्रत्यक्ष (इमः) मिलते हैं, (अस्मै) उसे (नमः अस्तु) नमस्कार होवे ॥ १८ ॥

भावार्थ—जो सर्वज्ञ, अनन्त सामर्थ्य युक्त परमेश्वर दुष्टों को दण्ड देता और सूर्य आदि लोकों को रचता है, उसकी उपासना से हम अपना बल बढ़ावें ॥ १८ ॥

मा नोऽभि स्रा मत्यं देवहेतिं मा नः क्रुधः पशुपते नमस्ते। अन्यत्रास्मद् दिव्यां शाखां वि धूनु ॥ १९ ॥

१८—(श्यावाश्वम्) अ० ४। २६। ४। श्यैङ् गतौ-व+अशूङ्व्याप्तौ—क्वन्। श्यावे ज्ञानेऽश्वो व्याप्तिर्यस्य तं ज्ञानव्याप्तिकम् (कृष्णम्) अ० ८। ७। १। कृष आकर्षणे-नक् । आकर्षणशीलम् । वशयितारम् (असितम्) षिञ् बन्धने-क्त । बन्धनरहितम् (मृणन्तम्) मृण हिंसायाम्-शतृ । हिंसन्तम् (भीमम्) भयङ्करम् (रथम्) यानम् (केशिनः) क्लिशेरन् लो लोपश्च । क्लिश उपतापे-अन्, ललोपः, इनि । क्लेशकस्य । उपतापकस्य । यद्वा,केशीकेशा रश्मयस्तैस्तद्वान् भवति काशनाद्वा प्रकाशनाद्वा-निरु० १२। २५। रश्मिमतः सूर्यस्य (पादयन्तम्) तस्य दः । पातयन्तम् । क्षियन्तम् । यद्वा गमयन्तम् (पूर्वे) प्रथमभाविनो वयम् (प्रति) प्रत्यक्षम् (इमः) प्राप्नुमः । अन्यद् गतम् ॥

मा । नः । अभि । स्राः । मत्यम् । देव-हेतिम् । मा । नः । क्रुधः । पशु-पते । नमः । ते ॥ अन्यत्र । अस्मत् । दिव्याम् । शाखाम् । वि । धूनु ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(पशुपते) हे दृष्टि वाले [जीवों] के रक्षक ! (नः) हमारे लिये (देवहेतिम्) दिव्य [अद्भुत] वज्र, (मत्यम्) अपनी मुट्ठी [घूंसा] को (मा अभि स्राः) ताककर मत छोड़, (नः) हम पर (मा क्रुधः) मत क्रोध कर, (ते) तुझे (नमः) नमस्कार है । (अस्मत्) हमसे (अन्यत्र) दूसरों [दुष्टों] पर (दिव्याम्) दिव्य (शाखाम्) भुजा को (वि धूनु) हिला ॥१९॥

भावार्थ—हम सदा धर्म में प्रवृत्त रहकर परमेश्वर की आज्ञा का पालन करें, जिस से वह हम पर क्रोध न करे और न भय दिखावे ॥ १९ ॥

मा नो हिंसीरधि नो ब्रूहि परि णो वृङ्ग्धि मा क्रुधः । मा त्वया समरामहि ॥ २० ॥ (६)

मा । नः । हिंसीः । अधि । नः । ब्रूहि । परि । नः । वृङ्ग्धि । मा । क्रुधः ॥ मा । त्वया । सम् । अरामहि ॥ २० ॥ (६)

१९—(नः) अस्मभ्यम् (अभि) अभितः (मा स्राः) सृज विसर्गे माङि लुङि रूपम् । सृजिदृशोर्झल्यमकिति । पा० ६ । १ । ५८ । अमागमः, वृद्धौ । झलो झलि । पा० ८ । २ । २६ । सिचो लोपः । बहुलं छन्दसि । पा० ७ । ३ । ९७ । ईडभावः । हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्० । पा० ६ । १ । ६८। सिलोपः,जलोपश्छान्दसः । मा स्राक्षीः । मा त्यज (मत्यम्) अ० ८ । ८ । ११ । मतजनहलात् करण० । पा० ४ । ४ । ९७ । मत-यत् । मतं ज्ञानं तस्य करणमिति । मुष्टिम् (देवहेतिम्) अद्भुतवज्रम् (नः) अस्मभ्यम् (मा क्रुधः) क्रुध कोपे माङिलुङि-पुषादित्वात् च्लेः अङ् आदेशः । क्रोधं मा कुरु (पशुपते) हे दृष्टिमतां जीवानां पालक (नमः) (ते) तुभ्यम् । (अन्यत्र) अन्येषु शत्रुषु (अस्मत्) अस्मत्तः (दिव्याम्) अद्भुताम् (शाखाम्) शाखृ व्याप्तौ-अच् , टाप् । बाहुम्—यथा शब्दकल्पद्रुमकोषे (वि) विविधम् (धूनु) कम्पय ॥

भाषार्थ—[हे रुद्र परमेश्वर !] (नः) हमें (मा हिंसीः) मत कष्ट दे, (नः) हमें (अधि) ईश्वर होकर (ब्रूहि) उपदेश कर, (नः) हमें [पाप से] (परि वृङ्ग्धि) सर्वथा अलग रख, (मा क्रुधः) क्रोध मतकर। (त्वया) तेरे साथ (मा सम् अरामहि) हम समर [युद्ध] न करें ॥ २० ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमेश्वर की आज्ञा में चलते हैं, वे पुरुषार्थी पुरुष अपराध से बचकर सदा सुखी रहते हैं ॥ २० ॥

मा नो गोषु पुरुषेषु मा गृधो नो अजाविषु ।
अन्यत्रोग्र वि वर्तय पियारूणां प्रजां जहि ॥ २१ ॥

मा । नः । गोषु । पुरुषेषु । मा । गृधः । नः । अज-अविषु ।
अन्यत्र । उग्र । वि । वर्तय । पियारूणाम् । प्र-जाम् । जहि २१

भाषार्थ—[हे रुद्र परमात्मन् !] (मा) न तो (नः) हमारी (गोषु) गौओं में और (पुरुषेषु) पुरुषों में, और (मा) न (नः) हमारी (अजाविषु) बकरी और भेड़ों में [मारनेकी] (मा गृधः) अभिलाषा कर । (उग्र) हे बलवान् ! (अन्यत्र) दूसरे [वैरियों] में (विवर्तय) घूम जा, और (पियारूणाम्) हिंसकों की (प्रजाम्) प्रजा [जनता] को (जहि) मार ॥ २१ ॥

भावार्थ—पुरुषार्थी मनुष्य परमेश्वर की शरण लेकर उपकारी दोपाये और चौपायों की रक्षा करके शत्रुओं का नाश करें ॥ २१ ॥

२०—(नः) अस्मान (मा हिंसीः) मा वधीः (अधि) ईश्वरत्वेन (नः) अस्मान् (परि) सर्वतः (वृङ्ग्धि) वर्जय । वियोजय (मा क्रुधः) म० १९ । (त्वया) (मा सम् अरामहि) म० ७ । समरं युद्धं न करवाम ॥

२१—(मा) निषेधे (नः) अस्माकम् (गोषु) गवादिषु (पुरुषेषु) मनुष्येषु (मा गृधः) गृधु अभिकाङ्क्षायां माङि लुङि पुषादित्वात् च्लेः अङा-देशः । अभिलाषं मा कुरु, नाशनायेति शेषः (नः)(अजाविषु) अजेषु अविषु च (अन्यत्र) अन्येषु शत्रुषु (उग्र) हे महाबलवन् (वि) विविधम् (वर्तय) वर्तस्व (पियारूणाम्) पीयतिर्हिंसाकर्मा-निघ० ४ । २५ । अञ्जिमदिमन्दिभ्य आरन् । उ० ३ । १३४ । अत्र बाहुलकात् पीयतेः—आरुप्रत्ययो ह्रस्वश्च । यद्वा पि गतौ—प्राह । हिंसकानाम् (प्रजाम्) जनताम् (जहि) नाशय ॥

यस्यं तुक्मा कासिका हेतिरेकमश्वंस्येव वृषंणः क्रन्द एति ।
अभिपूर्वं निर्णयंते नमो अस्त्वस्मै ॥ २२ ॥

यस्यं । तुक्मा । कासिका । हेतिः । एकंम् । अश्वंस्य-इव ।
वृषंणः । क्रन्दंः । एति ॥ अभि-पूर्वम् । निः-नयंते । नमंः ।
अस्तु । अस्मै ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(यस्य) जिस [रुद्र] का (हेतिः) वज्र (तक्मा) तुच्छ जीवन करनेवाला [ज्वर] और (कासिका) खांसी (एकम्) एक [उपद्रवी] को (एति) प्राप्त होती है, (इव) जैसे (वृषणः) बलवान् (अश्वस्य) घोड़े के (क्रन्दः) हिनहिनाने का शब्द । (अभिपूर्वम्) एक एक को यथाक्रम (निर्णयते) निर्णय करनेवाले (अस्मै) इस [रुद्र] को (नमः) नमस्कार (अस्तु) होवे ॥ २२ ॥

भावार्थ—प्रत्येक उपद्रवी मनुष्य परमेश्वर के नियम से ज्वर आदि अनेक पीड़ायें प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

यो३न्तरिक्षे तिष्ठंति विष्टंभितोऽयंज्वनः प्रमृणन् देवपीयून् ।
तस्मै नमो दुशभिः शक्करीभिः ॥ २३ ॥

यः । अन्तरिक्षे । तिष्ठंति । वि-स्तंभितः । अयंज्वनः । प्र-मृणन् । देव-पीयून् ॥ तस्मै । नमंः । दुश-भिः । शक्करीभिः ॥२३

भाषार्थ—(यः) जो (अन्तरिक्षे) आकाश में (विष्टभितः) दृढ़ जमा

२२—(यस्य) रुद्रस्य (तक्मा) अ० १ । २५ । १ । तकि कृच्छ्रजीवने—मनिन् । कृच्छ्रजीवनकरो ज्वरः (कासिका) कासृ शब्द कुत्सायाम्—घञ्, स्वार्थेकन्, अत इत्वम् । कुत्सितशब्दकारी रोगविशेषः । कासः (हेतिः) वज्रः (एकम) अपकारिणम् (अश्वस्य) (इव) यथा (वृषणः) बलवतः (क्रन्दः) हेषाशब्दः (एति) प्राप्नोति (अभिपूर्वम्) पूर्वं पूर्वमभिलक्ष्य । यथाक्रमम् (निर्णयते) निः+णीञ् प्रापणे—शतृ । निर्णयं निश्चयं कुर्वते । अन्यद् गतम् ॥

२३—(यः) परमेश्वरः (अन्तरिक्षे) आकाशे (तिष्ठति) वर्तते (वि-

हुआ [परमेश्वर] (अयज्वनः) यज्ञ न करने वाले [दुर्जन] (देवपीयून्) विद्वानों के हिंसकों को (प्रमृणन्) मारता हुआ (तिष्ठति) ठहरता है। (दशभिः) दस (शक्करीभिः) शक्तिवाली [दिशाओं] के साथ [वर्तमान] (तस्मै) उस [परमेश्वर] को (नमः) नमस्कार है ॥ २३ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा आकाश में और सब दिशा विदिशाओं में और ऊपर नीचे व्यापक है, सब मनुष्य उसका आश्रय लेकर दुष्ट विघ्नों और शत्रुओं का नाश करें ॥ २३ ॥

तुभ्य॑मार॒ण्याः प॒शवो॑ मृ॒गा वने॑ हि॒ता हं॒साः सु॑प॒र्णाः श॑कु॒ना वयां॑सि । तव॑ य॒क्षं प॑शुपते अ॒प्स्व॒१॒॑न्तस्तुभ्यं॑ क्षरन्ति दि॒व्या आपो॑ वृ॒धे ॥ २४ ॥

तुभ्य॑म् । आ॒र॒ण्याः । प॒शवः॑ । मृ॒गाः । वने॑ । हि॒ताः । हं॒साः । सु॒-प॒र्णाः । श॒कु॒नाः । वयां॑सि ॥ तव॑ । य॒क्षम् । प॒शु-प॒ते॒ । अ॒प्-सु । अ॒न्तः । तुभ्य॑म् । क्ष॒र॒न्ति॒ । दि॒व्याः । आपः॑ । वृ॒धे ॥ २४

भाषार्थ—(तुभ्यम्) तेरे [शासन मानने] के लिये (आरण्याः) बनैले (पशवः) पशु [जीव], (मृगाः) हरिण आदि, (हंसाः) हंस, (सुपर्णाः) बड़े उड़ने वाले [गरुड़ आदि], (शकुनाः) शक्तिवाले [गिद्ध चील्ह आदि] (वयांसि) पक्षी (वने) वन में (हिताः) स्थापित हैं। (पशुपते) हे दृष्टि वाले [जीवों] के रक्षक [परमेश्वर] (तव) तेरा (यक्षम्) पूजनीयस्वरूप

ष्टभितः) विविधं स्तभितो दृढीभूतः सन् (अयज्वनः) अ० ३। २४। २। यज-ङ्वनिप्। देवपूजारहितान् दुर्जनान् (देवपीयून्) अ० ४। ३५। ७। विदुषां हिंसकान् (तस्मै) परमेश्वराय (नमः) प्रणामः (शक्करीभिः) अ० ३। १७।७। शक्लृ शक्तौ-वनिप्, ङीब्रेफौ। उच्चनीचदिग्विदिशाभिःसह वर्तमानायेतिशेषः॥

२४—(तुभ्यम्) तवाज्ञापालनाय (आरण्याः) अरण्ये भवाः (पशवः) जन्तवः (मृगाः) हरिणादयः (वने) अरण्ये (हिताः) स्थापिताः (हंसाः) पक्षिविशेषाः (सुपर्णाः) शोभनपतनाः (शकुनाः) शक्तिमन्तो गृध्रचिल्हादयः (वयांसि) पक्षिणः (तव) (यक्षम्) यक्ष पूजायाम्-घञ्। पूज्यं स्वरूपम् (पशुपते) हे दृष्टिमतां जीवानां रक्षक (अप्सु) आपो व्यापिकास्तन्मात्राः–

(अप्सु अन्तः) तन्मात्राओं के भीतर है, (तुभ्यम्) तेरे [शासन मानने] के लिये (दिव्याः) दिव्य [अद्भुत] (आपः) तन्मात्रायें (वृधे) वृद्धि करने को (क्षरन्ति) चलती हैं ॥ २४ ॥

भावार्थ—संसार के भीतर सब भयानक और शीघ्रगामी प्राणी परमेश्वर के आज्ञा पालक हैं और अणु अणुमें संयोग वियोग उसीकी शक्ति से है२४

शिंशुमारा अजगराः पुरीकया जषा मत्स्या रजसा येभ्यो अस्यसि । न ते दूरं न परिष्ठास्ति ते भव सद्यः सर्वान् परि पश्यसि भूमिं पूर्वस्माद्धंस्युत्तरस्मिन् समुद्रे ॥ २५ ॥

शिंशुमाराः । अजगराः । पुरीकयाः । जषाः । मत्स्याः । रजसाः । येभ्यः । अस्यसि ॥ न । ते । दूरम् । न । परिस्था । अस्ति । ते । भव । सद्यः । सर्वान् । परि । पश्यसि । भूमिम् । पूर्वस्मात् । हंसि । उत्तरस्मिन् । समुद्रे ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(अजगराः) अजगर [सर्प विशेष], (शिंशुमाराः) शिशुमार [सूंसमार, जलजन्तु], (पुरीकयाः) पुरीकय [जलचर विशेष], (जषाः) जष [झष, मछली विशेष] और (रजसाः) जलमें रहनेवाले (मत्स्याः) मच्छ हैं, (येभ्यः) जिन से (अस्यसि=असमि) तू प्रकाशमान है। (भव) हे भव! [सुखोत्पादक परमेश्वर] (ते) तेरे लिये (दूरम्) कुछ दूर (न) नहीं है और (न) न (ते) तेरे लिये (परिष्ठा) रोक टोक (अस्ति) है,

---

दयानन्दभाष्ये, यजु० २७। २५। तन्मात्रासु (तुभ्यम्) (क्षरन्ति) संचरन्ति (दिव्याः) अद्भुताः (आपः) तन्मात्राः (वृधे) वर्धनाय ॥

२५—(शिंशुमाराः) अनुनासिकश्छान्दसः। शिशुमाराः। जलजन्तुविशेषाः (अजगराः) अज+गॄ निगरणे-अच्। अजेन अजनेन श्वासबलेन गिरन्ति ये ते। बृहत्सर्पाः (पुरीकयाः) कृषिदूषीभ्यामीकन्। उ० ४। १६। पॄ पालनपूरणयोः-ईकन्+या प्रापणे-ड। शॄ पॄभ्यां किच्च। उ० ४। २७। पुरीषमुदकनाम-निघ० १। १२। पुरीकं पुरीषं जलं यान्ति गच्छन्ति ये ते। जलचरविशेषाः (जषाः) जष झष हिंसायाम्-घ प्रत्ययः। झषाः। मीनभेदाः (मत्स्याः) जनिदाच्युसृवृमदि०। उ० ४। १०४। मदी हर्षे-स्यप्रत्ययः। जलजन्तुभेदाः।

और (सर्वान्) सबों को (सद्यः) तुरन्त ही (परि पश्यासि) तू देख भाल लेता है, और (पूर्वस्मात्) पूर्वी [समुद्र] से (उत्तरस्मिन् समुद्रे) उत्तरी समुद्र में (भूमिम्) भूमि को (हंसि) तू पहुंचाता है ॥ २५ ॥

भावार्थ - हे परमेश्वर ! इन सब बड़े बड़े थलचर और जलचर जन्तुओं के देखने से तेरी अनन्त महिमा जान पड़ती है । तू सब स्थानों में विद्यमान रहकर क्षण भर में इधर के जगत् को उधर करदेता है ॥२५॥

मा नो रुद्र तक्मना मा विषेण मा नः सं स्रा दिव्येनाग्निना ।
अन्यत्रास्मद् विद्युतं पातयैताम् ॥ २६ ॥

मा । नः । रुद्र । तक्मना । मा । विषेण । मा । नः । सम् । स्राः । दिव्येन । अग्निना ॥ अन्यत्र । अस्मत् । वि-द्युतम् । पातय । एताम् ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(रुद्र) हे रुद्र ! [दुःख नाशक परमेश्वर] (मा) न तौ (नः) हमें (तक्मना) दुःखी जीवन करने वाले [ज्वर आदि] से, (मा) न (विषेण) विष से, और (मा) न (नः) हमें (दिव्येन) सूर्य के (अग्निना) अग्नि से (सं स्राः) संयुक्त कर । (अस्मत्) हम से (अन्यत्र) दूसरों [अर्थात्

मीनाः (रजसाः) उदकं रज उच्यते-निरु० ४ । १९ । रजस्-अर्शआद्यच् । उदके भवाः । जलचराः । (येभ्यः) येषां सकाशात् (अस्यसि) अस दीप्तौ दिवादित्वं छान्दसम् । असलि दीप्यसे (न) निषेधे (ते) तव (दूरम्) विप्रकृष्टम् (परिष्ठा) परिवर्जनम् (अस्ति) (ते) (भव) हे सुखोत्पादक परमेश्वर (सद्यः) तत्क्षणम् (सर्वान्) पूर्वोक्तान् , समस्तान् (परि) सर्वतः (पश्यसि) अवलोकयसि (भूमिम्) भूलोकम् (पूर्वस्मात्) पूर्ववर्तिनः समुद्रात् (हंसि) हन हिंसागत्योः अन्तर्गतण्यर्थः । घातयसि । गमयसि (उत्तरस्मिन्) उत्तर-दिग्वर्तिनि (समुद्रे) जलधौ ॥

२६—(मा) निषेधे (नः) अस्मान् (तक्मना) अ० १ । २५ । १ । कृच्छ्र-जीवनकारिणा ज्वरादिना (मा) (विषेण) (मा) (नः) (संस्राः) म० १९ । संसृज ॥ संयोजय (दिव्येन) दिवि सूर्ये भवेन (अग्निना) तापेन (अन्यत्र)

दुराचारियों] पर (एताम्) इस (विद्युतम्) लपलपाती [विजुली] को (पातय) गिरा ॥ २६ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न पूर्वक परमेश्वर का ध्यान रखकर कुपथ छोड़ कर रोगों और उत्पातों से सुरक्षित रहें ॥ २६ ॥

भवो दिवो भव ईशे पृथिव्या भव आ पंप्र उर्व१न्तरिक्षम् । तस्मै नमो यतमस्यां दिशी३तः ॥ २७ ॥

भवः । दिवः । भवः । ईशे । पृथिव्याः । भवः । आ । पप्रे । उरु । अन्तरिक्षम् ॥ तस्मै । नमः । यतमस्याम् । दिशि । इतः ॥२७॥

भाषार्थ—(भवः) भव [सुख उत्पन्न करने वाला परमेश्वर] (दिवः) सूर्य का, (भवः) भव (पृथिव्याः) पृथिवी का (ईशे) राजा है, (भवः) भव ने (उरु) विस्तृत (अन्तरिक्षम्) आकाश को (आ पप्रे) सब ओर से पूरण किया है। (इतः) यहां से (यतमस्याम् दिशि) चाहे जौनसी दिशा हो उसमें (तस्मै) उस [भव] को (नमः) नमस्कार है ॥ २७ ॥

भावार्थ—जो परमात्मा सब सूर्य आदि लोकों का स्वामी है, उसको हम सब स्थानों में नमस्कार करके अपना ऐश्वर्य बढ़ावें ॥ २७ ॥

भवं राजन् यजमानाय मृड पशूनां हि पंशुपतिर्बभूर्थ । यः श्रद्दधाति सन्ति देवा इति चतुंष्पदे द्विपदेऽस्य मृड ॥ २८ ॥

भवं । राजन् । यजमानाय । मृड । पशूनाम् । हि । पशु-पतिः । बभूर्थ ॥ यः । श्रत्-दधाति । सन्ति । देवाः । इति । चतुः-पदे । द्वि-पदे । अस्य । मृड ॥ २८ ॥

अन्येषु । दुष्टेषु (अस्मत्) अस्मत्तः (विद्युतम्) विद्योतमानां तडितम् (पातय) प्रक्षिप (एताम्) दृश्यमानाम् ॥

२७—(भवः) म० ३ । सुखोत्पादकःपरमेश्वरः (दिवः) सूर्यस्य (ईशे) तलोपः । ईष्टे । राजति (पृथिव्याः) भूमेः (आ) समन्तात् (पप्रे) प्रा पूरणे—लिट्, आत्मने पदं छान्दसम् । पप्रौ । पूरितवान् (उरु) विस्तृतम् (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (तस्मै) (भवाय) परमेश्वराय । अन्यद् गतं पूर्ववच्च—म० १२ । १४ ॥

भाषार्थ—(भव) हे भव ! [सुखोत्पादक] (राजन्) राजन् ! [परमेश्वर] (यजमानाय) यजमान [श्रेष्ठ कर्म करने वाले] को (मृड) सुख दे, (हि) क्योंकि (पशूनाम्) दृष्टि वाले जीवों की [रक्षा के लिये] (पशुपतिः) दृष्टि वाले [जीवों] का रक्षक (बभूथ) तू हुआ है। (यः) जो [पुरुष] (श्रद्दधाति) श्रद्धा रखता है कि "(देवाः सन्ति इति) [परमेश्वर के] उत्तम गुण हैं," (अस्य) उसके (द्विपदे) दोपाये और (चतुष्पदे) चौपाये को (मृड) तू सुख दे ॥ २८ ॥

भावार्थ—सर्वरक्षक परमेश्वर श्रद्धालु सत्पुरुष को उत्तम मनुष्य आदि दोपायों और गौ आदि चौपायों की बहुतायत से सुखी रखता है ॥ २८ ॥

मा नो॑ म॒हान्त॑मु॒त मा नो॑ अर्भ॒कं मा नो॒ वह॑न्तमुत मा नो॑ वक्ष्य॒तः । मा नो॑ हिंसीः पि॒तरं॑ मा॒तरं॑ च॒ स्वां त॒न्वं॑ रुद्र॒ मा री॑रिषो नः ॥ २९ ॥

५—(पूर्वः) प्रथमः । प्रधानः (जातः) प्रसिद्धः सन् (ब्रह्मणः) वेदाभ्यासात् (ब्रह्मचारी) म० १ । वेदपाठी वीर्यनिग्राहकश्च (घर्मम्) घृ दीप्तौ—मक् । प्रतापम् (वसानः) आच्छादयन् । धारयन् (तपसा) ब्रह्मचर्यरूपेण

रूप] तपस्या से (उत् अतिष्ठत्) ऊंचा ठहरा है। (तस्मात्) उस [ब्रह्मचारी] से (ज्येष्ठम्) सर्वोत्कृष्ट (ब्राह्मणम्) ब्रह्मज्ञान और (ब्रह्म) वृद्धिकारक धन (जातम्) प्रकट [होता है], (च) और (सर्वे देवाः) सब विद्वान् लोग (अमृतेन साकम्) अमरपन [मोक्ष सुख] के साथ [होते हैं] ॥ ५ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी वेदों के अभ्यास और जितेन्द्रियता आदि तपोबल के कारण बड़ा सत्कार पाकर सब को धर्म और सम्पत्ति का मार्ग दिखाकर विद्वानों को परमानन्द पहुंचाता है ॥ ५ ॥

ब्रह्मचार्येति समिधा समिद्धः कार्ष्णं वसानो दीक्षितो दीर्घश्मश्रुः । स सद्य एति पूर्वस्मादुत्तरं समुद्रं लोकान्त्संगृभ्य मुहुराचरिक्रत् ॥ ६ ॥

ब्रह्म-चारी । एति । सम्-इधा । सम्-इद्धः । कार्ष्णम् । वसानः । दीक्षितः । दीर्घ-श्मश्रुः ॥ सः । सद्यः । एति । पूर्वस्मात् । उत्तरम् । समुद्रम् । लोकान् । सम्-गृभ्य । मुहुः । आ-चरिक्रत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (समिधा) [विद्या के] प्रकाश से (समिद्धः) प्रकाशित, (कार्ष्णम्) कृष्ण मृग का चर्म (वसानः) धारण किये हुये (दीक्षितः) दीक्षित होकर [व्रत धारण करके] (दीर्घश्मश्रुः) बड़े बड़े दाढ़ी मूछ रखाये हुये (एति) चलता है। (सः) वह (सद्यः) अभी (पूर्वस्मात्)

तपश्चरणेन (उत्) ऊर्ध्वः (अतिष्ठत्) स्थितवान् (तस्मात्) ब्रह्मचारिणः सकाशात् (ब्राह्मणम्) ब्रह्मज्ञानम् (ब्रह्म) ब्रह्म धननाम—निघ० २। १०। वृद्धिकरं धनम् (ज्येष्ठम्) प्रशस्यतमम् (देवाः) विद्वांसः (च) (सर्वे) समस्ताः (अमृतेन) मरणस्य दुःखस्य राहित्येन । मोक्षसुखेन (साकम्) सह ॥

६—(ब्रह्मचारी) म० १। ब्रह्मचर्येण युक्तः (एति) गच्छति (समिधा) ञि इन्धी दीप्तौ—क्विप् । विद्याप्रकाशेन (समिद्धः) प्रदीप्तः (कार्ष्णम्) कृष्णमृगचर्म (वसानः) धारयन् (दीक्षितः) प्राप्तदीक्षः । धृतनियमः (दीर्घश्मश्रुः) लम्बमानमुखस्थलोमा (सः) ब्रह्मचारी (सद्यः) तत्क्षणम् (एति) आप्नोति (पूर्वस्मात्) प्रथमसमुद्ररूपाद् ब्रह्मचर्याश्रमात् (उत्तरम्) अनन्तरम् (समुद्रम्) गृहाश्रमरूपं समुद्रम् (लोकान्)

पहिले [समुद्र] से [अर्थात् ब्रह्मचर्याश्रम से] (उत्तरम् समुद्रम्) पिछले समुद्र [गृहाश्रम] को (पति) प्राप्त होता है और (लोकान्) लोगों को (संगृभ्य) संग्रह करके (मुहुः) बारम्बार (आचरिक्रत्) अतिशय करके पुकारता रहे ॥ ६ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी वस्त्र और केश आदि शारीरिक बाहिरी बनाव की उपेक्षा करके सत्य धर्म और ब्रह्मचर्य से विद्या ग्रहण करके गृहाश्रम में प्रवेश करता हुआ लोगों में सत्य का प्रचार करे ॥ ६ ॥

ब्रह्मचारी जनयन् ब्रह्मापो लोकं प्रजापतिं परमेष्ठिनं विराजम् । गर्भो भूत्वामृतस्य योनाविन्द्रो ह भूत्वासुरांस्ततर्ह ।७।

ब्रह्म-चारी । जनयन् । ब्रह्म । अपः । लोकम् । प्रजा-पतिम् । परमे-स्थिनम् । वि-राजम् ॥ गर्भः । भूत्वा । अमृतस्य । योनौ । इन्द्रः । ह । भूत्वा । असुरान् । ततर्ह ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(ब्रह्म) वेद विद्या (अपः) प्राणों, (लोकम्) संसार और (प्रजापतिम्) प्रजापलक (परमेष्ठिनम्) सबसे ऊंचे मोक्ष पद में स्थिति वाले (विराजम्) विविध जगत् के प्रकाशक [परमात्मा] को (जनयन्) प्रकट करते हुये (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी ने (अमृतस्य) अमरपन [अर्थात् मोक्ष] की (योनौ) योनि [उत्पत्ति स्थान अर्थात् ब्रह्मविद्या] में (गर्भः) गर्भ (भूत्वा) होकर [गर्भ के समान नियम से रहकर] और (ह) निस्सन्देह

जनान् (संगृभ्य) संगृह्य (मुहुः) बारम्बारम् (आचरिक्रत्) आङ्+करोतेर्यङ् लुगन्ताल् लेटि रूपम् । लेटोऽडाटौ । पा० ३ । ४ । ९४ । इत्यट् । इतश्च लोपः परस्मैपदेषु । पा० ३ । ४ । ९७ । इकारलोपः । अतिशयेन आकारयेत् आह्वयेत् ॥

७—(ब्रह्मचारी) म० १ (जनयन्) प्रकटयन् (ब्रह्म) वेदविद्याम् (अपः) प्राणान् (लोकम्) संसारम् (प्रजापतिम्) प्रजापालकम् (परमेष्ठिनम्) अ० १ । ७ । २ । उत्तमपदे मोक्षे स्थितिमन्तम् (विराजम्) विविधजगतः प्रकाशकं परमेश्वरम् (गर्भो भूत्वा) गर्भवन्नियमेन स्थित्वा (अमृतस्य) अमरणस्य मोक्षस्य (योनौ) उत्पत्तिस्थाने । वेदज्ञाने (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् ।

(इन्द्रः) बड़े ऐश्वर्य वाला [अथवा सूर्य समान प्रतापी] (भूत्वा) होकर (असुरान्) असुरों [दुष्ट पाखण्डियों] को (ततर्ह) नष्ट किया है ७॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी वेदविद्या, प्राणविद्या, लोकविद्या, और ईश्वर स्वरूप का प्रकाश करके मोक्ष मार्ग में दृढ़ होकर ऐश्वर्य प्राप्त करता और पाखण्डों को नष्ट करता है॥ ७॥

आचार्यस्ततक्ष नभसी उभे इमे उर्वी गम्भीरे पृथिवीं दिवं च।
ते रक्षति तपसा ब्रह्मचारी तस्मिन् देवाः संमनसो भवन्ति ८

आ-चार्यः। ततक्ष। नभसी इति। उभे इति। इमे इति। उर्वी इति। गम्भीरे इति। पृथिवीम्। दिवम्। च॥ ते इति। रक्षति। तपसा। ब्रह्म-चारी। तस्मिन्। देवाः। सम्-मनसः। भवन्ति॥ ८॥

भाषार्थ—(आचार्यः) आचार्य [साङ्गोपाङ्ग वेद पढ़ाने वाले] ने (उभे) दोनों (इमे) इन (नभसी) परस्पर बंधी हुई, (उर्वी) चौड़ी, (गम्भीरे) गहरी (पृथिवीम्) पृथिवी) (च) और (दिवम्) सूर्य को (ततक्ष) सूक्ष्म बनाया है [उपयोगी किया है]। (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (तपसा) तप से (ते) उन दोनों की (रक्षति) रक्षा करता है, (तस्मिन्) उस [ब्रह्मचारी] में (देवाः) विजय चाहने वाले पुरुष (संमनसः) एकमन (भवन्ति) होते हैं ॥८॥

सूर्यवत्तेजस्वी वा (ह) निश्चयेन (भूत्वा) (असुरान्) सुरविरोधिनो दुष्टान् पाखण्डिनः (ततर्ह) तृह हिंसायाम् लिट्। नाशितवान्॥

८—(आचार्यः) म० १। सङ्गोपाङ्गवेदाध्यापकः (ततक्ष) तक्षू तनूकरणे—लिट्। सूक्ष्मीकृतवान् (नभसी) अ० ५। १८। ५। णह बन्धने-असुन्, हस्य भः। परस्परबद्धे (उभे) (इमे) (उर्वी) विस्तीर्णे (गम्भीरे) अतलस्पर्शे (पृथिवीम्) भूमिम् (दिवम्) सूर्यम् (च) (ते) द्यावापृथिव्यौ (रक्षति) पालयति (तपसा) स्वब्रह्मचर्यनियमेन (ब्रह्मचारी) म० १। व्रती। अन्यद् व्याख्यातम् म० १॥

भावार्थ—आचार्य और ब्रह्मचारी श्रवण, मनन और निदिध्यासन से विद्या प्राप्त करके संसार के पृथिवी सूर्य आदि सब पदार्थों का तत्त्व जानकर उन्हें उपयोगी बनाते हैं ॥ ८ ॥

इस मन्त्र का चौथा पाद प्रथम मन्त्र के दूसरे पाद में आ चुका है ॥

इमां भूमिं पृथिवीं ब्रह्मचारी भिक्षामा जभार प्रथमो दिवं च।
ते कृत्वा समिधावुपास्ते तयोरार्पिता भुवनानि विश्वा ॥ ९ ॥

इमाम् । भूमिम् । पृथिवीम् । ब्रह्म-चारी । भिक्षाम् । आ । जभार । प्रथमः । दिवम् । च ॥ ते इति । कृत्वा । सम्-इधौ । उप । आस्ते । तयोः । आर्पिता । भुवनानि । विश्वा ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(इमाम्) इस (पृथिवीम्) चौड़ी (भूमिम्) भूमि (च) और (दिवम्) सूर्य को (प्रथमः) पहिले [प्रधान] (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी ने (भिक्षाम्) भिक्षा (आ जभार) लिया था। (ते) उन दोनों को (समिधौ) दो समिधा [के समान] (कृत्वा) बनाकर (उप आस्ते) [ईश्वर की] उपासना करता है, (तयोः) उन दोनों में (विश्वा) सब (भुवनानि) भुवन (आर्पिता) स्थापित हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—महाविद्वान् पुरुष पृथिवी और सूर्य आदि के तत्त्वों को जानकर और उपयोगी बनाकर, होमीय अग्नि में दो काष्ठ छोड़कर उन [भूमि और सूर्य] को लक्ष्य में रखता है कि वह इस प्रकार सब संसार का ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करे ॥ ९ ॥

अर्वागन्यः परो अन्यो दिवस्पृष्ठाद् गुहा निधी निहितौ

९—(इमाम्) दृश्यमानाम् (भूमिम्) (पृथिवीम्) प्रथिताम्। विस्तृताम् (ब्रह्मचारी) म० १ (भिक्षाम्) याच्ञाम् (आ जभार) आजहार। समन्ताद् गृहीतवान् (प्रथमः) प्रधानः (दिवम्) सूर्यम् (च) (ते) द्यावापृथिव्यौ (कृत्वा) विधाय (समिधौ) समिद्रूपे (उपास्ते) परमात्मनं परिचरति (तयोः) द्यावापृथिव्योर्मध्ये (आर्पिता) समन्तात् स्थापितानि (भुवनानि) लोकाः (विश्वा) सर्वाणि ॥

ब्राह्मणस्य । तौ रक्षति तपसा ब्रह्मचारी तत् केवलं कृणुते ब्रह्म विद्वान् ॥ १० ॥ (१४)

अर्वाक् । अन्यः । परः । अन्यः । दिवः । पृष्ठात् । गुहा । निधी इति नि-धी । नि-हितौ । ब्राह्मणस्य ॥ तौ । रक्षति । तपसा । ब्रह्म-चारी । तत् । केवलम् । । कृणुते । ब्रह्म । वि-द्वान् ॥ १० ॥ (१४)

भाषार्थ—(ब्राह्मणस्य) ब्रह्मज्ञान के (निधी) दो निधि [कोश] (गुहा) गुहा [गुप्त दशा] में (निहितौ) गड़े हैं, (अन्यः) एक (अर्वाक्) समीपवर्ती और (अन्यः) दूसरा (दिवः) सूर्य की (पृष्ठात्) पीठ [उपरिभाग] से (परः) परे [दूर] है । (तौ) उन दोनों [निधियों] को (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (तपसा) अपने तप से (रक्षति) रखता है, (ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] को (विद्वान्) जानता हुआ वह (तत्) उस [ब्रह्म] को (केवलम्) केवल [सेवनीय, निश्चित] (कृणुते) कर लेता है ॥ १० ॥

भावार्थ—परमेश्वर का ज्ञान निकट और दूर अवस्था में रहकर सब स्थानों में वर्तमान है, अनन्यवृत्ति, ब्रह्मचारी योगी तप की महिमा से ब्रह्म का साक्षात् करके और उसकी शरण में रहकर अपनी शक्तियां बढ़ाता है ॥ १०

अर्वागन्य इतो अन्यः पृथिव्या अग्नी समेतो नभसी अन्तरेमे । तयोः श्रयन्ते रश्मयोऽधि दृढास्ताना तिष्ठति तपसा ब्रह्मचारी ११

अर्वाक् । अन्यः । इतः । अन्यः । पृथिव्याः । अग्नी इति ।

१०—(अर्वाक्) समीपवर्त्ती (अन्यः) एको निधिः (परः) परस्तात् । दूरम् (अन्यः) अपरः (दिवः) सूर्यस्य (पृष्ठात्) उपरिभागात् (गुहा) गुहायाम् । गुप्तदशायाम् (निधी) धनकोशौ (निहितौ) निक्षिप्तौ (ब्राह्मणस्य) ब्रह्मसम्बन्धिज्ञानस्य (तौ) निधी (रक्षति) (तपसा) (ब्रह्मचारी) (तत्) ब्रह्म (केवलम) अ० ३ । १८ । २ । सेवनीयम् । निश्चितम् (कृणुते) करोति (ब्रह्म) परमात्मानम् (विद्वान्) विदन् । जानन् ॥

सम्-एतः । नभसी इति । अन्तरा । इमे इति ॥ तयोः । श्रयन्ते । रश्मयः । अधि । दृढाः । तान् । आ । तिष्ठति । तपसा । ब्रह्म-चारी ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(अग्नी) दो अग्नि (इमे) इन दोनों (नभसी अन्तरा) परस्पर बंधे हुये सूर्य और पृथिवी के बीच (समेतः) मिलती हैं, (अन्यः) एक [अग्नि] (अर्वाङ्) समीपवर्ती, और (अन्यः) दूसरी (इतः पृथिव्याः) इस पृथिवी से [दूर] है। (तयोः) उन दोनों की (रश्मयः) किरणें (दृढाः) दृढ़ होकर (अधि) अधिकार पूर्वक [पदार्थों में] (श्रयन्ते) ठहरती हैं, (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (तपसा) तप से (तान्) उन [किरणों] में (आतिष्ठति) ऊपर बैठता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—पृथिवी और सूर्य की दोनों अग्नि मिलकर पदार्थों में बल प्रदान करती हैं। ब्रह्मचारी योगी सूक्ष्म दृष्टि [अथवा अणिमा लघिमा सिद्धियों] द्वारा उन किरणों में प्रवेश करता ॥११॥

अभिक्रन्दन् स्तनयन्नरुणः शितिङ्गो बृहच्छेपोऽनु भूमौ जभार ।
ब्रह्मचारी सिञ्चति सानौ रेतः पृथिव्यां तेन जीवन्ति प्रदिशश्चतस्रः ॥ १२ ॥

अभि-क्रन्दन् । स्तनयन् । अरुणः । शितिङ्गः । बृहत् । शेपः । अनु । भूमौ । जभार ॥ ब्रह्म-चारी । सिञ्चति । सानौ । रेतः । पृथिव्याम् । तेन । जीवन्ति । प्र-दिशः । चतस्रः ॥१२॥

११—(अर्वाक्) समीपवर्ती (अन्यः) एकोऽग्निः (इतः) अस्याः (अन्यः) अपरः (पृथिव्याः) पृथिवीलोकात् परस्तात् (अग्नी) तापौ (समेतः) मिलित्वा आगच्छतः (नभसी) म० ८। परस्परबद्धे द्यावापृथिव्यौ (अन्तरा) मध्ये (इमे) दृश्यमाने (तयोः) अग्न्योः (श्रयन्ते) तिष्ठन्ति (रश्मयः) किरणाः (अधि) अधिकारपूर्वकम् (दृढाः) स्थिराः (तान्) रश्मीन् (आ तिष्ठति) अधितिष्ठति (तपसा) तपोबलेन (ब्रह्मचारी) म० १ ॥

भाषार्थ—(अभिक्रन्दन्) सब ओर शब्द करता हुआ, (स्तनयन्) गरजता हुआ, (शितिङ्गः) प्रकाश और अन्धकार में चलनेवाला, (अरुणः) गतिमान् [वा सूर्य के समान प्रतापी पुरुष] (भूमौ) भूमि पर (बृहत्) बड़ा (शेपः) उत्पादन सामर्थ्य (अनु) निरन्तर (जभार) लाया है। (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (पृथिव्याम्) पृथिवी के ऊपर (सानौ) पहाड़ के सम स्थान पर (रेतः) बीज (सिञ्चति) सींचता है, (तेन) उस से (चतस्रः) चारों (प्रदिशः) बड़ी दिशायें (जीवन्ति) जीवन करती हैं ॥ १२ ॥

भावार्थ—विद्वान् पुरुषार्थी ब्रह्मचारी यन्त्र, कला, नौका, यान, विमान आदि वृद्धि के अनेक साधनों से पृथिवी के जल, थल और पहाड़ों को उपजाऊ बनाता है ॥ १२ ॥

इस मन्त्र का चौथा पाद–अथर्व० ९। १०। १९, के पाद ४, तथा ऋग्वेद १। १६४। ४२, पाद २ में है ॥

अ॒ग्नौ सूर्ये॑ च॒न्द्रम॑सि मा॒तरि॑श्वन् ब्रह्मचा॒र्य॑१॒॑प्सु स॒मिध॒मा द॑धाति। तासा॑मु॒र्चींषि॒ पृथ॑ग॒भ्रे च॑रन्ति॒ तासा॒माज्यं॒ पुरु॑षो व॒र्षमापः॑ ॥ १३ ॥

अ॒ग्नौ। सूर्ये॑। च॒न्द्रम॑सि। मा॒तरि॑श्वन्। ब्र॒ह्म॒ऽचा॒री। अ॒प्ऽसु। स॒म्ऽइध॑म्। आ। द॒धा॒ति॒ ॥ तासा॑म्। अ॒र्चींषि॑। पृथ॑क्।

१२—(अभिक्रन्दन्) अभितः शब्दं कुर्वन् (स्तनयन्) गर्जन् (अरुणः) अर्तेश्च। उ० ३। ६०। ऋ गतौ–उनन्, स च चित्। गतिमान्। सूर्यः (शितिङ्गः) क्रमितमिशतिस्तम्भामत इच्च। उ० ४। १२२। शत हिंसायाम्–इन्, स च कित्, अत इकारः। खच्प्रकरणे गमेः सुप्युपसंख्यानम्। खच्च डिद् वा वक्तव्यः। वा० पा० ३। २। ३८। शिति+गम–खच्, स च डित्। शितिः शुक्लः कृष्णश्च तयोर्मध्ये गच्छति यः सः। प्रकाशान्धकारयोर्मध्ये समानगमनः। शितिपात्—अ० ३। २९। १। (बृहत्) महत् (शेपः) अ० ४। ३७। ७। उत्पादनसामर्थ्यम् (अनु) निरन्तरम् (भूमौ) पृथिव्याम् (जभार) जहार। प्रापितवान् (सिञ्चति) वर्षति (सानौ) पर्वतस्थे समभूमिदेशे (रेतः) बीजम् (पृथिव्याम्) (तेन) कर्मणा (जीवन्ति) प्राणान् धारयन्ति (प्रदिशः) प्राच्याद्या महादिशः। तत्रत्याः प्राणिनः (चतस्रः) चतुः संख्याकाः ॥

अभ्रे । चरन्ति । तासाम् । आज्यम् । पुरुषः । वर्षम् । आपः ॥१३

भाषार्थ—(ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (अग्नौ) अग्नि में, (सूर्ये) सूर्य में, (चन्द्रमसि) चन्द्रमा में, (मातरिश्वन्) आकाश में चलने वाले पवन में और (अप्सु) जल धाराओं में (समिधम्) समिधा [प्रकाशसाधन] को (आ दधाति) सब प्रकार से धरता है। (तासाम्) उन [जलधाराओं] की (अर्चींषि) ज्वालायें (पृथक्) नाना प्रकार से (अभ्रे) मेघ में (चरन्ति) चलती हैं, (तासाम्) उन [जल धाराओं] का (आज्यम्) घृत [सार पदार्थ] (पुरुषः) पुरुष, (वर्षम्) वृष्टि और (आपः) सब प्रजायें हैं ॥ १३ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी अपने विद्याबल से अग्नि, सूर्य आदि के तत्त्वों को जान लेता है और उस जल का भी ज्ञान प्राप्त करता है जो बिजुली के संसर्ग से वृष्टि होकर मनुष्य, जल, और सब प्राणी आदि की सृष्टि का कारण होता है ॥ १३ ॥

आचार्यो मृत्युर्वरुणः सोम ओषधयः पयः ।
जीमूता आसन्त्सत्वानस्तैरिदं स्वराभृतम् ॥ १४ ॥

आ-चार्यः । मृत्युः । वरुणः । सोमः । ओषधयः । पयः ॥ जीमूताः । आसन् । सत्वानः । तैः । इदम् । स्वः । आ-भृतम् ॥१४॥

भाषार्थ—(आचार्यः) आचार्य (मृत्युः) मृत्यु [रूप] (वरुणः) जल [रूप], (सोमः) चन्द्र [रूप], (ओषधयः) ओषधें [अन्न आदि रूप]

१३—(अग्नौ) पार्थिवतापे (सूर्ये) आदित्ये (चन्द्रमसि) चन्द्रलोके (मातरिश्वन्) अ० ५ । १० । ८ । विभक्तेर्लुक् । मातरि मानकर्तरि आकाशे गमनशीले वायौ (ब्रह्मचारी) म० १ (अप्सु) जलधारासु (समिधम्) प्रकाशसाधनम् (आ दधाति) सम्यग् धरति (तासाम्) अपाम् (अर्चींषि) तेजांसि (पृथक्) नानारूपेण (अभ्रे) जलधारके मेघे (चरन्ति) (तासाम्) (आज्यम्) घृतम् । सारपदार्थमः (पुरुषः) (वर्षम्) वृष्टिजलम् (आपः) आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ ॥

१४—(आचार्यः) म० १ । साङ्गोपाङ्गरहस्यवेदाध्यापकः (मृत्युः) मृत्युरूपः (वरुणः) जलरूपः (सोमः) चन्द्ररूपः (पयः) दुग्धरूपः (जी-

और (पयः) दूध [रूप] हुआ है। (जीमूताः) अनावृष्टि जीतने वाले, मेघ [उस के लिये] (सत्वानः) गतिशील वीर [रूप] (आसन्) हुये हैं, (तैः) उन के द्वारा (इदम्) यह (स्वः) मोक्षसुख (आभृतम्) लाया गया है ॥१४॥

भावार्थ—आचार्य, साङ्गोपाङ्ग और सरहस्य वेदों का पढ़ाने वाला पुरुष, दोषों के नाश करने को मृत्यु रूप और सद्गुणों के बढ़ाने को जल, चन्द्र आदि रूप होकर संसार में मेघों के समान सुख बढ़ाता है ॥ १४ ॥

अमा घृतं कृणुते केवलमाचार्यो भूत्वा वरुणो यद्यदैच्छत् प्रजापतौ। तद् ब्रह्मचारी प्रायच्छत् स्वान् मित्रो अध्यात्मनः॥१५

अमा । घृतम् । कृणुते । केवलम् । आ-चार्यः। भूत्वा । वरुणः। यत्-यत् । ऐच्छत् । प्रजा-पतौ ॥ तत् । ब्रह्म-चारी । प्र । अयच्छत् । स्वान् । मित्रः । अधि । आत्मनः ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(वरुणः) श्रेष्ठ पुरुष (आचार्यः) आचार्य (भूत्वा) होकर [उस वस्तु को] (अमा) घर में (घृतम्) प्रकाशित और (केवलम्) केवल [सेवनीय] (कृणुते) करता है, (यद्यत्) जो (प्रजापतौ) प्रजापति [प्रजापालक परमेश्वर] के विषय में (ऐच्छत्) उस ने चाहा है। और (तत्) उसको (मित्रः) स्नेही (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी ने (आत्मनः) अपने से (अधि) अधिकार पूर्वक (स्वान्) ज्ञाति के लोगों को (प्र अयच्छत्) दिया है ॥ १५ ॥

मूताः) जेमूर्द् चोदात्तः । उ० ३ । ६१ । जि जये-क्त, मूडागमो धातोर्दीर्घश्च । जयन्त्यनावृष्टिं ये । मेघाः (आसन्) (सत्वानः) अ० ५ । २० । ८ । षद्लृ गतौ-क्वनिप् । गतिशीलाः । वीररूपाः (तैः) मेघैः (इदम्) उपस्थितम् (स्वः) सुखम् (आहृतम्) आहृतम् । प्राप्तम् ॥

१५—(अमा) गृहनाम—निघ० ३ । ४ । गृहे (घृतम्) प्रकाशितम् (कृणुते) करोति (केवलम्) सेवनीयम् (आचार्यः) म० १ (भूत्वा) (वरुणः) श्रेष्ठः पुरुषः (यद्यत्) यत्किञ्चित् (ऐच्छत्) इष्टवान् (प्रजापतौ) प्रजापालके परमेश्वरे (तत्) (ब्रह्मचारी) म० १ (प्रायच्छत्) दत्तवान् (स्वान्) सुपां सुपो भवन्ति । वा० पा० ७ । १ । ३९ । चतुर्थ्यां द्वितीया । स्वेभ्यः । ज्ञातिभ्यः (मित्रः) स्नेही (अधि) अधिकारपूर्वकम् (आत्मनः) स्वकीयात् ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि जितेन्द्रिय ब्रह्मचारी होकर ब्रह्मविद्या का उपार्जन करे और उसको आत्मीय वर्गों में यथावत् फैलावे ॥ १५ ॥

आचार्यो ब्रह्मचारी ब्रह्मचारी प्रजापतिः ।
प्रजापतिर्वि राजति विराडिन्द्रोऽभवद् वशी ॥ १६ ॥

आ-चार्यः । ब्रह्म-चारी । ब्रह्म-चारी । प्रजा-पतिः ॥ प्रजा-पतिः । वि । राजति । वि-राट् । इन्द्रः । अभवत् । वशी ॥१६॥

भावार्थ—(ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (आचार्यः) आचार्य, और (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी [ही] (प्रजापतिः) प्रजापति [प्रजापालक मनुष्य, होता है]। और (प्रजापतिः) प्रजापति [प्रजापालक होकर] (वि) विविध प्रकार (राजति) राज्य करता है, (विराट्) विराट् [बड़ा राजा] (वशी) वश में करने वाला, [शासक] (इन्द्रः) इन्द्र, [बड़े ऐश्वर्य वाला] (अभवत्) हुआ है ॥ १६ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी सर्वशिक्षक, और प्रजापलन नीति में चतुर होकर प्रजा का पालन और शासन करके बड़ा प्रतापी होता है, यह नियम पहिले से चला आता है ॥ १६ ॥

ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति ।
आचार्यो ब्रह्मचर्येण ब्रह्मचारिणमिच्छते ॥ १७ ॥

ब्रह्म-चर्येण । तपसा । राजा । राष्ट्रम् । वि । रक्षति ॥
आ-चार्यः । ब्रह्म-चर्येण । ब्रह्म-चारिणम् । इच्छते ॥ १७ ॥

भावार्थ—(ब्रह्मचर्येण) वेद विचार और जितेन्द्रियता रूपी (तपसा) तप से (राजा) राजा (राष्ट्रम्) राज्य को (वि) विशेष करके (रक्षति)

१६—(आचार्यः) म० १ (ब्रह्मचारी) म० १ (प्रजापतिः) प्रजापालकः पुरुषः (वि) विविधम् (राजति) शासको भवति (विराट्) विविधं शासकः अधिराजः (इन्द्रः) परमैश्वर्ययुक्तः (वशी) वशयिता । शासकः । अन्यद् गतम् ॥

१७—(ब्रह्मचर्येण) अ० ७ । १०६ । ७ । ब्रह्म+चर गतौ-यत् । आत्मनिग्रहवेदाध्ययनादिना (तपसा) तपश्चरणेन (राजा) (राष्ट्रम्) राज्यम् (वि)

पालता है। (आचार्यः) आचार्य [अङ्गों, उपाङ्गों और रहस्य सहित वेदों का अध्यापक] (ब्रह्मचर्येण) ब्रह्मचर्य [वेद विद्या और इन्द्रिय दमन] से (ब्रह्मचारिणम्) ब्रह्मचारी [वेद विचारने वाले जितेन्द्रिय पुरुष] को (इच्छते) चाहता है ॥ १७ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचर्य रूप तपस्या धारण करने वाला राजा प्रजापालन में निपुण होता है और ब्रह्मचर्य के कारण आचार्य, विद्या वृद्धि के लिये ब्रह्मचारी से प्रीति करता है ॥ १७ ॥

मन्त्र १७, १८, १९ स्वामी दयानन्द कृत ऋगवेदादिभाष्यभूमिका वर्णाश्रम विषय पृष्ठ २३७ और मंत्र १७, १८ संस्कारविधि वेदारम्भ प्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

ब्र॒ह्म॒च॒र्ये॑ण क॒न्या॒३॑ युवा॑नं विन्दते॒ पति॑म् ।
अ॒न॒ड्वान् ब्र॑ह्म॒च॒र्ये॒णाश्वो॑ घा॒सं जि॑गीर्षति ॥ १८ ॥

ब्र॒ह्म॒-च॒र्ये॑ण । क॒न्या॑ । युवा॑नम् । वि॒न्द॒ते॒ । पति॑म् ॥
अ॒न॒ड्वान् । ब्र॒ह्म॒-च॒र्ये॑ण । अश्वः॑ । घा॒सम् । जि॒गी॒र्ष॒ति॒ ॥१८॥

भाषार्थ—(ब्रह्मचर्येण) ब्रह्मचर्य [वेदाध्ययन और इन्द्रियनिग्रह] से (कन्या) कन्या [कामना योग्य पुत्री] (युवानम्) युवा [ब्रह्मचर्य से बलवान्] (पतिम्) पति [पालनकर्ता वा ऐश्वर्यवान् भर्ता] को (विन्दते) पाती है। (अनड्वान्) [रथ ले चलने वाला] बैल और (अश्वः) घोड़ा (ब्रह्मचर्येण)

विशेषेण (रक्षति) पालयति (आचार्यः) (ब्रह्मचर्येण) (ब्रह्मचारिणम्) वेदाध्ययनशीलं शिष्यम् (इच्छते) अभिलष्यति ॥

१८—(ब्रह्मचर्येण) म० १७ । आत्मनिग्रहवेदाध्ययनादिना (कन्या) अघ्न्यादयश्च । उ० ४ । ११२ । कन प्रीतिद्युतिगतिषु-यक्, टाप् । कन्या कमनीया भवति क्वेयं नेतव्येति वा कमनेनानीयत इति वा कनतेर्वा स्यात्कान्तिकर्मणः—निरु० ४ । १५ । कमनीया । पुत्री (युवानम्) अ० ६ । १ । २ । प्राप्तयुवावस्थाकम् । बलवन्तम् (विन्दते) लभते (पतिम्) पातेर्डतिः । उ० ४ । ५७ । पा रक्षणे-डति । यद्वा, सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । पत ऐश्वर्ये-इन् । पालकम् । ऐश्वर्यवन्तम् । भर्तारम् (अनड्वान्) अ० ४ । ११ । १ । अनस्+

ब्रह्मचर्य के साथ [नियम से ऊर्ध्वरेता होकर] (घासम्=घासेन) घास से (जिगीर्षति) सींचना [गर्भाधान करना] चाहता है ॥ १८ ॥

भावार्थ—कन्या ब्रह्मचर्य से पूर्ण विदुषी और युवती होकर पूर्ण ब्रह्मचारी विद्वान् युवा पुरुष से विवाह करे, और जैसे बैल घोड़े आदि बलवान् और शीघ्रगामी पशु घास तिनके खाकर ब्रह्मचर्य नियम से समय पर बलवान् सन्तान उत्पन्न करते हैं, वैसे ही मनुष्य पूर्ण ब्रह्मचारी, विद्वान् युवा होकर अपने सदृश कन्या से विवाह करके नियम पूर्वक बलवान्, सुशील सन्तान उत्पन्न करें ॥ १८ ॥

वैदिक यन्त्रालय अजमेर, और गवर्नमेंट बुकडिपो बम्बई के पुस्तकों में (जिगीर्षति) पद है जिसका अर्थ [सींचना चाहता है] है, और सेवकलाल कृष्णदास वाले पुस्तक और महर्षि दयानन्द कृत ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका में (जिगीषति) है जिसका अर्थ [जीतना चाहता है] है ॥

ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत ।
इन्द्रो ह ब्रह्मचर्येण देवेभ्यः स्व१राभरत् ॥ १९ ॥

ब्रह्म-चर्येण । तपसा । देवाः । मृत्युम् । अप । अघ्नत ।
इन्द्रः । ह । ब्रह्म-चर्येण । देवेभ्यः । स्वः । आ । अभरत् ॥१९॥

भाषार्थ—(ब्रह्मचर्येण) ब्रह्मचर्य [वेदाध्ययन और इन्द्रियदमन], (तपसा) तप से (देवाः) विद्वानों ने (मृत्युम्) मृत्यु [मृत्यु के कारण निरुत्साह, दरिद्रता आदि] को (अप) हटाकर (अघ्नत) नष्ट किया है। (ब्रह्मचर्येण) ब्रह्मचर्य [नियम पालन] से (ह) ही (इन्द्रः) सूर्य ने (देवेभ्यः)

वह प्रापणे-क्विप्, अनसो डश्च । रथवाहको वृषभः (ब्रह्मचर्येण) (अश्वः) शीघ्रगामी घोटकः (घासम्) घस भक्षणे-घञ् । तृतीयार्थे द्वितीया । घासेन । गवां-भक्ष्यतृणभेदेन (जिगीर्षति) गृ सेचने-सन् । गर्तुं सेक्तुं निषेक्तुं गर्भाधानं कर्तुमिच्छति । जिगीषतीति पक्षे, जि जये-सन् । जेतुमिच्छति ॥

१९—(ब्रह्मचर्येण) म० १७ (तपसा) तपश्चरणेन (देवाः) विद्वांसः (मृत्युम्) मरणकारणं निरुत्साहनिर्धनत्वादिकम् (अप) निवार्य (अघ्नत) नाशितवन्तः (इन्द्रः) सूर्यः (ह) एव (ब्रह्मचर्येण) ईश्वरनियमपालनेन

उत्तम पदार्थों के लिये (स्वः) सुख अर्थात् प्रकाश को (आ अभरत्) धारण किया है ॥ १६ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग वेदों को पढ़ने और इन्द्रियों को वश में करने से आलस्य, निर्धनता आदि दूर करके मोक्ष सुख प्राप्त करते हैं, और सूर्य, ईश्वर नियम पूरा करके, अपने प्रकाश से संसार में उत्तम उत्तम पदार्थ प्रकट करता है ॥ १६ ॥

ओषधयो भूतभव्यमहोरात्रे वनस्पतिः ।
संवत्सरः सहर्तुभिस्ते जाता ब्रह्मचारिणः ॥ २० ॥ (१५)

ओषधयः । भूत-भव्यम् । अहोरात्रे इति । वनस्पतिः ॥ सम्ऽवत्सरः । सह । ऋतु-भिः । ते । जाताः । ब्रह्म-चारिणः । ।२०।(१५)

भाषार्थ—(ओषधयः) ओषधें [अन्न आदि पदार्थ] और (वनस्पतिः) वनस्पति [पीपल आदि वृक्ष], (भूतभव्यम्) भूत और भविष्यत् जगत, (अहोरात्रे) दिन और राति । (ऋतुभिः सह) ऋतुओं के सहित (संवत्सरः) वर्ष [जो हैं], (ते) वे सब (ब्रह्मचारिणः) ब्रह्मचारी [वेदपाठी और इन्द्रिय निग्राहक पुरुष] से (जाताः) प्रसिद्ध [होते हैं] ॥ २० ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी पिछले मनुष्यों के उदाहरण से भविष्यत् सुधार कर ओषधि और समय आदि से उपकार लेकर उन्हें प्रसिद्ध करता है ॥ २० ॥

पार्थिवा दिव्याः पशव आरण्या ग्राम्याश्च ये ।

(देवेभ्यः) उत्तमपदार्थानां प्राप्तये (स्वः) सुखं प्रकाशम् (आ) समन्तात् (अभरत्) धारितवान् ॥

२०—(ओषधयः) अ० १ । २३ । १ । ओषध्यः फलपाकान्ता बहुपुष्पफलोपगाः । मनु० १ । ४६ । ओषः पाको धीयते यासु । व्रीहयवाद्याः (भूतभव्यम्) अतीतमुत्पत्स्यमानं च जगत् (अहोरात्रे) दिनं रात्रिश्च (वनस्पतिः) अपुष्पाः फलवन्तो ये ते वनस्पतयः स्मृताः । मनु० १ । ४७ । अश्वत्थादिवृक्षः (संवत्सरः) अ० १ । ३५ । ४ । सम्+वस निवासे—सरन् । वर्षकालः (सह) (ऋतुभिः) वसन्ताद्यैः कालविशेषैः (ते) पूर्वोक्ताः (जाताः) प्रसिद्धाः भवन्ति (ब्रह्मचारिणा) ब्रह्मचारिसकाशात् ॥

अपक्षाः पक्षिणश्च ये ते जाता ब्रह्मचारिणः ॥ २१ ॥

पार्थिवाः। दिव्याः। पशवः। आरण्याः। ग्राम्याः। च। ये ॥
अपक्षाः। पक्षिणः। च। ये। ते। जाताः। ब्रह्म-चारिणः॥२१॥

भाषार्थ—(पार्थिवाः) पृथिवी के और (दिव्याः) आकाश के पदार्थ और (ये) जो (आरण्याः) वन के (च) और (ग्राम्याः) गांव के (पशवः) पशु हैं। (अपक्षाः) विना पंख वाले (च) और (ये) जो (पक्षिणः) पंख वाले जीव हैं, (ते) वे (ब्रह्मचारिणः) ब्रह्मचारी से (जाताः) प्रसिद्ध [होते हैं] ॥ २१ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी ही पृथिवी आदि के पदार्थों और जीवों के गुणों को प्रकाशित करता है ॥ २१ ॥

पृथक् सर्वे प्राजापत्याः प्राणानात्मसु बिभ्रति ।
तान्त्सर्वान् ब्रह्म रक्षति ब्रह्मचारिण्याभृतम् ॥ २२ ॥

पृथक्। सर्वे। प्राजा-पत्याः। प्राणान्। आत्म-सु। बिभ्रति ॥
तान्। सर्वान्। ब्रह्म। रक्षति। ब्रह्म-चारिणि। आ-भृतम् २२

भाषार्थ—(सर्वे) सब (प्राजापत्याः) प्रजापति [परमात्मा] के उत्पन्न किये प्राणी (प्राणान्) प्राणों को (आत्मसु) अपने में (पृथक्) अलग अलग (बिभ्रति) धारण करते हैं। (तान् सर्वान्) उन सब [प्राणियों] को (ब्रह्मचारिणि) ब्रह्मचारी में (आभृतम्) भर दिया गया (ब्रह्म) वेदज्ञान (रक्षति) पालता है ॥ २२ ॥

२१—(पार्थिवाः) पृथिवीभवाः पदार्थाः (दिव्याः) आकाशभवाः (पशवः) गवाश्वसिंहादयः (आरण्याः) वने भवाः (ग्राम्याः) ग्रामे भवाः (अपक्षाः) पक्षरहिताः प्राणिनः (पक्षिणः) पक्षवन्तः (च)। अन्यत् पूर्ववत् म० २० ॥

२२—(पृथक्) भिन्नभिन्नप्रकारेण (सर्वे) (प्राजापत्याः) अ० ३। २३। ५। प्रजापति-ण्य। प्रजापालकेन परमेश्वरेण सृष्टाः प्राणिनः (प्राणान्) (आत्मसु) शरीरेषु (बिभ्रति) धारयन्ति (तान्) सर्वान् प्राणिनः (ब्रह्म) वेदज्ञानम् (रक्षति) पालयति (ब्रह्मचारिणि) (आभृतम्) समन्ताद् धृतं पोषितं वा ॥

भावार्थ—परमेश्वर के नियम से सब प्राणी शरीर धारण करके ब्रह्मचर्य के पालन से उन्नति करते हैं ॥ २२ ॥

दे॒वाना॑मे॒तत् प॑रिषू॒तमन॑भ्यारूढं चरति॒ रोच॑मानम् । तस्मा॑-
ज्जा॒तं ब्राह्म॑णं॒ ब्रह्म॑ ज्ये॒ष्ठं दे॒वाश्च॒ सर्वे॑ अ॒मृते॑न सा॒कम् २३

दे॒वाना॑म् । ए॒तत् । प॒रि॒-सू॒तम् । अन॑भि-आ॒रू॒ढम् । च॒र॒ति॒ ।
रोच॑मानम् ॥ तस्मा॑त् । जा॒तम् । ब्राह्म॑णम् । ब्रह्म॑ । ज्ये॒ष्ठम् ।
दे॒वाः । च॒ । सर्वे॑ । अ॒मृते॑न । सा॒कम् ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(देवानाम्) प्रकाशमान लोकों का (परिषूतम्) सर्वथा चलाने वाला, (अनभ्यारूढम्) कभी न हराया गया, (रोचमानम्) प्रकाशमान (एतत्) यह [व्यापक ब्रह्म] (चरति) विचारता है, (तस्मात्) उस [ब्रह्मचारी] से (ज्येष्ठम्) सर्वोत्कृष्ट (ब्राह्मणम्) ब्रह्मज्ञान और (ब्रह्म) वृद्धिकारक धन (जातम्) प्रकट [होता है], (च) और (सर्वे देवाः) सब विद्वान् (अमृतेन साकम्) अमरपन [मोक्षसुख] के साथ [होते हैं] ॥ २३ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी सर्वप्रेरक सर्वशक्तिमान् परमात्मा के गुणों को प्रकट करकेसंसार में ज्ञान और धन बढ़ाकर सबको मोक्ष सुख का अधिकारी बनाता है ॥ २३ ॥

इस मन्त्र का तीसरा, और चौथा पाद मन्त्र ५ में आचुका है ॥

ब्र॒ह्म॒चा॒री ब्रह्म॒ भ्राज॑द् बिभर्ति॒ तस्मि॑न् दे॒वा अधि॒ विश्वे॑
स॒मोताः । प्रा॒णा॒पा॒नौ ज॒नय॒न्नाद् व्या॒नं वाच॒ं मनो॒ हृद॑यं॒
ब्रह्म॑ मे॒धाम् ॥ २४ ॥

ब्र॒ह्म॒-चा॒री । ब्रह्म॑ । भ्राज॑त् । बि॒भ॒र्ति॒ । तस्मि॑न् । दे॒वाः ।
अधि॑ । विश्वे॑ । स॒म्-ओताः॥ प्रा॒णा॒पा॒नौ । ज॒नय॑न् । आत् ।

२३—(देवानाम्) प्रकाशमानानां लोकानाम् (एतत्) एतेस्तुट् च । उ० १ । १३३ । इण् गतौ-अदि तुट् च । व्यापकं ब्रह्म (परिषूतम्) षू क्षेपे प्रेरणे—क्त । परितः सुतम् । सर्वतः प्रेरकम् (अनभ्यारूढम्) अनाक्रान्तं सर्वोत्कृष्टम् (चरति) व्याप्नोति (रोचमानम्) दीप्यमानम् । अन्यद् व्याख्यातम् म० ५ ॥

वि-आनम् । वाचम् । मनः । हृदयम् । ब्रह्म । मेधाम् ॥२४॥

भाषार्थ—(भ्राजत्) प्रकाशमान (ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी [वेद पाठक और वीर्य निग्राहक पुरुष] (ब्रह्म) वेदज्ञान को (बिभर्ति) धारण करता है, (तस्मिन्) उस [ब्रह्मचारी] में (विश्वे देवाः) सब उत्तम गुण (अधि) यथावत् (समोताः) ओत प्रोत होते हैं। वह [ब्रह्मचारी] (प्राणापानौ) प्राण और अपान [श्वास प्रश्वास विद्या] को, (आत्) और (व्यानम्) व्यान [सर्वशरीरव्यापक वायु विद्या] को, (वाचम्) वाणी [भाषण विद्या] को, (मनः) मन [मनन विद्या] को, (हृदयम्) हृदय [के ज्ञान] को, (ब्रह्म) ब्रह्म [परमेश्वर ज्ञान] को और (मेधाम्) धारणावती बुद्धि को (जनयन्) प्रकट करता हुआ [वर्तमान होता है] ॥ २४ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी वेदों के शब्द, अर्थ और सम्बन्ध जानकर और सम्पूर्ण उत्तम गुणों से सम्पन्न होकर अनेक विद्याओं का प्रकाश करता और बुद्धि का चमत्कार दिखाता है ॥ २४ ॥

यह मन्त्र महर्षि दयानन्द कृत संस्कारविधि वेदारम्भ प्रकरण में व्याख्यात है ॥

चक्षुः श्रोत्रं यशो अस्मासु धेह्यन्नं रेतो लोहितमुदरम् ॥ २५ ॥

चक्षुः । श्रोत्रम् । यशः । अस्मासु । धेहि । अन्नम् । रेतः । लोहितम् । उदरम् ॥ २५ ॥

भाषार्थ—[हे ब्रह्मचारी !] (अस्मासु) हम लोगों में (चक्षुः) नेत्र,

---

२४—(ब्रह्मचारी) म० १। वेदाध्येता (ब्रह्म) वेदज्ञानम् (भ्राजत्) शॄदृभसोऽदिः। उ० १। १३०। भ्राजृ दीप्तौ—अदि। प्रकाशमानः (बिभर्ति) धरति (तस्मिन्) ब्रह्मचारिणि (देवाः) दिव्यगुणाः (अधि) अधिकारपूर्वकम् (विश्वे) सर्वे (समोताः) सम्+आङ्+वेञ् तन्तुसन्ताने—क्त। अन्तर्व्याप्ताः (प्राणापानौ) श्वासप्रश्वासयोर्विद्याम् (जनयन्) प्रकटयन् (आत्) अनन्तरम् (व्यानम्) सर्वशरीरव्यापकवायुविद्याम् (वाचम्) भाषणविद्याम् (मनः) मननविद्याम् (हृदयम्) हृदयविद्याम्। (ब्रह्म) ब्रह्मविद्याम् (मेधाम्) धारणावतीं बुद्धिम् ॥

२५—(चक्षुः) रूपग्राहकमिन्द्रियम् (श्रोत्रम्) शब्दग्राहकमिन्द्रियम्

(श्रोत्रम्) कान, (यशः) यश, (अन्नम्) अन्न, (रेतः) वीर्य, (लोहितम्) रुधिर और (उदरम्) उदर [की स्वस्थता] (धेहि) धारण कर॥ २५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वेदवेत्ता विवेकी विद्वान् से नेत्रादि की स्वस्थता की शिक्षा प्राप्त करके आत्मा की शुद्धि से यशस्वी बलवान् होवें ॥ २५ ॥

तानि कल्पद् ब्रह्मचारी सलिलस्य पृष्ठे तपोऽतिष्ठत् तप्यमानः समुद्रे । स स्नातो बभ्रुः पिङ्गलः पृथिव्यां बहु रोचते ।२६। (१६)

तानि । कल्पत् । ब्रह्म-चारी । सलिलस्य । पृष्ठे । तपः । अतिष्ठत् । तप्यमानः । समुद्रे ॥ सः । स्नातः । बभ्रुः । पिङ्गलः । पृथिव्याम् । बहु । रोचते ॥ २६ ॥ (१६)

भाषार्थ—(ब्रह्मचारी) ब्रह्मचारी (तानि) उन [कर्मों] को (कल्पत्) करता हुआ (समुद्रे) समुद्र [के समान गम्भीर ब्रह्मचर्य] में (तपः तप्यमानः) तप तपता हुआ [वीर्यनिग्रह आदि तप करता हुआ] (सलिलस्य पृष्ठे) जल के ऊपर [विद्यारूप जल में स्नान करने के लिये] (अतिष्ठत्) स्थित हुआ है। (सः) वह (स्नातः) स्नान किये हुये [स्नातक ब्रह्मचारी] (बभ्रुः) पोषण करने वाला और (पिङ्गलः) बलवान् होकर (पृथिव्याम्) पृथिवी पर (बहु) बहुत (रोचते) प्रकाशमान होता है ॥ २६ ॥

(यशः) कीर्तिम् (अस्मासु) (धेहि) धारय (अन्नम्) भोजनम् (रेतः) वीर्यम् (लोहितम्) रुधिरस्वास्थ्यम् (उदरम्) जठरस्वास्थ्यम् ॥

२६—(तानि) पूर्वोक्तकर्माणि (कल्पत्) कल्पयन् (ब्रह्मचारी) म० १ । वेदाध्येता वीर्यनिग्राहकः पुरुषः (सलिलस्य) विद्यारूपजलस्य (पृष्ठे) उपरिभागे (तपः) इन्द्रियनिग्रहादितपश्चरणम् (अतिष्ठत्) स्थितवान् (तप्यमानः) कुर्वाणः (समुद्रे) समुद्ररूपे गम्भीरे ब्रह्मचर्ये (सः) ब्रह्मचारी (स्नातः) विद्यायां कृतस्नानः । वेदाध्ययनान्तरं कृतसमावर्तनाङ्गस्नानः । स्नातकः (बभ्रुः) कुर्भ्रश्च । उ० १ । २२ । डु भृञ् धारणपोषणयोः—कु द्वित्वञ्च । पोषकः (पिङ्गलः) कुटिकशिकौतिभ्यो मुट् च । उ० । १ । १०६ । पिजि वर्णे, दीप्तौ, वासे, बले, हिंसायां दानेच—कल । दीप्यमानः । बलवान् (पृथिव्याम्) भूलोके (बहु) विविधम् (रोचते) दीप्यते ॥

भावार्थ—तपस्वी ब्रह्मचारी वेदपठन, वीर्यनिग्रह, और आचार्य की सन्तुष्टि से विद्या में स्नातक होकर और समावर्तन करके अपने उत्तम गुण कर्म से संसार का उपकार करता हुआ यशस्वी होता है ॥ २६ ॥

यह मन्त्र महर्षि दयानन्द कृत संस्कारविधि समावर्तन प्रकरण में व्याख्यात है ॥

सूक्तम् ६ ॥

१—२३ ॥ मन्त्रोक्ताग्न्यादयो देवताः ॥ १—५, ७—११, १३, १६, १७, १९-२२ अनुष्टुप् ; ६, १२, १४, १५ निचृदनुष्टुप् ; १८ निचृत्पथ्या पङ्क्तिः; २३ भुरिगनुष्टुप् ॥

कष्टनिवारणायोपदेशः—कष्ट हटानेके लिये उपदेश ॥

अ॒ग्निं ब्रू॑मो॒ वन॒स्पती॒नोष॑धीरु॒त वी॒रुधः॑ ।
इन्द्रं॒ बृह॒स्पतिं॒ सूर्यं॒ ते नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ १ ॥

अ॒ग्निम् । ब्रू॒मः॒ । वन॒स्पती॑न् । ओष॑धीः । उ॒त । वी॒रुधः॑ ॥
इन्द्र॑म् । बृह॒स्पति॑म् । सूर्य॑म् । ते । नः॒ । मु॒ञ्च॒न्तु॒ । अंह॑सः ॥१॥

भाषार्थ—(अग्निम्) अग्नि, (वनस्पतीन्) वनस्पतियों [बड़े वृक्षों] (ओषधीः) ओषधियों [अन्न आदिकों], (उत) और (वीरुधः) [विविध प्रकार उगने वाली] जड़ी बूटियों, (इन्द्रम्) इन्द्र [मेघ] और (बृहस्पतिम्) बड़े बड़े लोकों के पालन करने वाले (सूर्यम्) सूर्य का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १ ॥

भावार्थ—विद्वानों को योग्य है कि अग्नि आदि पदार्थों के गुण जानकर, उनसे यथावत् उपकार लेकर दुःखों का नाश करें ॥ १ ॥

ब्रू॒मो राजा॑नं॒ वरु॑णं मि॒त्रं विष्णु॒मथो॒ भग॑म् ।

१—(अग्निम्) (ब्रूमः) कथयामः । स्तुमः (वनस्पतीन्) पिप्पलादिमहावृक्षान् (ओषधीः) अन्नादिरूपाः (उत) अपिच (वीरुधः) विरोहणशीला लताद्याः (इन्द्रम्) मेघम् (बृहस्पतिम्) बृहतां लोकानां पालकम् (सूर्यम्) आदित्यम् (ते) पूर्वोक्ताः (नः) अस्मान् (मुञ्चन्तु) मोचयन्तु, (अंहसः) अमे हुक् च । उ० ४ । २१३ । अम रोगे पीडने च-असुन् हुक् च । कष्टात् ॥

अंशं विवस्वन्तं ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ २ ॥

ब्रूमः । राजानम् । वरुणम् । मित्रम् । विष्णुम् । अथो इति । भगम् ॥ अंशम् । विवस्वन्तम् । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ २ ॥

भाषार्थ—(वरुणम्) श्रेष्ठ (राजानम्) राजा, (मित्रम्) मित्र, (विष्णुम्) कर्मों में व्यापक विद्वान् (अथो) और (भगम्) ऐश्वर्यवान् पुरुष का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (अंशम्) विभाग करने वाले और (विवस्वन्तम्) विविध स्थान में निवास करने वाले पुरुष का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ २ ॥

भावार्थ—धार्मिक राजा और सब विद्वान् पुरुष मिलकर परस्पर रक्षा करके यश प्राप्त करें ॥ २ ॥

ब्रूमो देवं सवितारं धातारमुत पूषणम् ।
त्वष्टारमग्रियं ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ३ ॥

ब्रूमः । देवम् । सवितारम् । धातारम् । उत । पूषणम् ॥ त्वष्टारम् । अग्रियम् । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(देवम्) विजयी, (सवितारम्) प्रेरक, (धातारम्) धारण करने वाले (उत) और (पूषणम्) पोषण करने वाले पुरुष को (ब्रूमः) हम पुकारते हैं। (अग्रियम्) अग्रगामी (त्वष्टारम्) सूक्ष्मदर्शी पुरुष को (ब्रूमः) हम पुकारते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ३ ॥

२—(राजानम्) ईशितारम्। शासकम् (वरुणम्) श्रेष्ठम् (मित्रम्) स्नेहिनम् (विष्णुम्) कर्मसु व्यापकं पण्डितम् (अथो) अपि च (भगम्) भगवन्तम्। ऐश्वर्यवन्तम् (अंशम्) विभाजकम् (विवस्वन्तम्) वि+वस निवासे क्विप्, मतुप्, मस्य वः। विविधस्थाने निवासशीलम्। अन्यत् पूर्ववत् म० ॥ १ ॥

३—(देवम्) विजयिनम् (सवितारम्) प्रेरकम् (धातारम्) धारकम् (उत) अपि च (पूषणम्) पोषकम् (त्वष्टारम्) त्वक्ष तनूकरणे—तृन्। सूक्ष्मीकर्तारम्। प्रवीणं पुरुषम् (अग्रियम्) अ० ५। २। ८। अग्रेभवम्। अन्यत् पूर्ववत् म० १ ॥

भावार्थ—जहां पर शूरवीर विद्वान् पुरुष होते हैं, वे परस्पर रक्षा करते हैं ॥ ३ ॥

गन्धर्वाप्सरसो ब्रूमो अश्विना ब्रह्मणस्पतिम् ।
अर्यमा नाम यो देवस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ४ ॥

गन्धर्व-अप्सरसः । ब्रूमः । अश्विना । ब्रह्मणः । पतिम् ॥
अर्यमा । नाम । यः । देवः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(गन्धर्वाप्सरसः) गन्धर्वों [पृथिवी के धारण करने वालों और अप्सरों [आकाश में चलने वाले पुरुषों] को और (अश्विना) कामों में व्यापक रहने वाले दोनों [माता पिता के समान हितकारी] (ब्रह्मणः पतिम्) वेद के रक्षक [आचार्य आदि] को (ब्रूमः) हम पुकारते हैं । (यः) जो (अर्यमा) न्यायकारी (नाम) प्रसिद्ध (देवः) विजयी पुरुष है] उसको भी], (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ४ ॥

भावार्थ—हम विविध विद्या निपुण पुरुषों से सहाय लेकर परस्पर रक्षा करें ॥ ४ ॥

अहोरात्रे इदं ब्रूमः सूर्याचन्द्रमसावुभा ।
विश्वानादित्यान् ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ५ ॥

अहोरात्रे इति । इदम् । ब्रूमः । सूर्याचन्द्रमसौ । उभा ॥ विश्वान् । आदित्यान् । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (अहोरात्रे) दिन और राति का और (उभा)

४—(गन्धर्वाप्सरसः) अ० ८ । ८ । १५ । गां पृथिवीं धरन्ति ये ते गन्धर्वाः । अप्सु आकाशे सरन्ति ते अप्सरसः । तान् पुरुषान् (ब्रूमः) (अश्विना) अ० २ । २९ । ६ । कार्येषु व्याप्तिमन्तौ जननीजनकौ यथातथा हितकारिणम् (ब्रह्मणस्पतिम्) वेदस्य रक्षकमाचार्यम् (अर्यमा) अ० ३ । १४ । २ । अरीणां नियामकः । न्यायकारी पुरुषः (नाम) प्रसिद्धौ (यः) (देवः) विजयी । अन्यद् गतम्—म० १ ॥

५—(अहोरात्रे) (इदम्) इदानीम् (ब्रूमः) (सूर्याचन्द्रमसौ) सूर्य-

दोनों (सूर्याचन्द्रमसौ) सूर्य और चन्द्रमा का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (विश्वान्) सब (आदित्यान्) प्रकाशमान विद्वानों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वानों के सत्सङ्ग से सूर्य और चन्द्रमा की विद्या और नियम जानकर अपने समय का सुप्रबन्ध करें ॥ ५ ॥

वातं ब्रूमः पर्जन्यमन्तरिक्षमथो दिशः ।

आशाश्च सर्वा ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ६ ॥

वातम् । ब्रूमः । पर्जन्यम् । अन्तरिक्षम् । अथो इति । दिशः ॥ आशाः । च । सर्वाः । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(वातम्) वायु, (पर्जन्यम्) मेघ, (अन्तरिक्षम्) आकाश (अथो) और (दिशः) दिशाओं का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (च) और (सर्वाः) सब (आशाः) विदिशाओं का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं; (ते) वे [पदार्थ] (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य वायु, मेघ, अन्तरिक्ष और दिशा और विदिशाओं के पदार्थों से उपकार लेकर सुखी होवें ॥ ६ ॥

मुञ्चन्तु मा शपथ्यादहोरात्रे अथो उषाः ।

सोमो मा देवो मुञ्चतु यमाहुश्चन्द्रमा इति ॥ ७ ॥

मुञ्चन्तु । मा । शपथ्यात् । अहोरात्रे इति । अथो इति । उषाः ॥ सोमः । मा । देवः । मुञ्चतु । यम् । आहुः । चन्द्रमाः । इति ॥ ७ ॥

चन्द्रविद्यां नियमं च (उभा) उभौ (विश्वान्) सर्वान् (आदित्यान्) अ० १।४।१। आङ् दीपी दीप्तौ–यक्। आदीप्यमानान्। प्रकाशमानान् विदुषः पुरुषान्। शेषं गतम्–म० १ ॥

६—(वातम्) वायुम् (ब्रूमः) (पर्जन्यम्) अ० २।१।२। पृषु सेचने-अन्यप्रत्ययः, षस्य जकारः। सेचकं मेघम् (अन्तरिक्षम्) आकाशम् (अथो) अपि च (दिशः) पूर्वाद्याः (आशाः) विदिशः (च) (सर्वाः) समस्ताः। अन्यद् गतम्–म० १ ॥

भाषार्थ—(अहोरात्रे) दिन और राति (अथो) और (उषाः) उषा [प्रभात वेला] (मा) मुझे (शपथ्यात्) शपथ में होने वाले दोष से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें। (देवः) उत्तम गुण वाला (सोमः) ऐश्वर्यवान्, (यम्) जिसको, "(चन्द्रमाः इति) यह चन्द्रमा है"–(आहुः) कहते हैं, (मा) मुझे (मुञ्चतु) छुड़ावे ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य दिन राति और प्रातः सायं चन्द्रमा के समान शान्त स्वभाव होकर सत्य शपथ आदि वचन करके आनन्द भोगें ॥ ७ ॥

पार्थिवा दिव्याः पुशव आरुण्या उत ये मृगाः ।
शुकुन्तान् पुक्षिणो ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ८ ॥

पार्थिवाः । दिव्याः । पुशवः । आरुण्याः । उत । ये । मृगाः ॥
शुकुन्तान् । पुक्षिणः । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ८

भाषार्थ—(ये) जो (पार्थिवाः) पृथिवी के, (दिव्याः) आकाश के (पशवः) प्राणी (उत) और (आरण्याः) जंगल के (मृगाः) जन्तु हैं [उनको], और (शकुन्तान्) शक्ति वाले (पक्षिणः) पक्षियों को (ब्रूमः) हम पुकारते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ८ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न करें कि पृथिवी, जङ्गल और आकाश के सब प्राणी सुखदायक होवें ॥ ८ ॥

इस मन्त्र का मिलान—अथर्व० ११ । ५ । २१ ॥ से करो ॥

७—(मुञ्चन्तु) मोचयन्तु (मा) माम् (शपथ्यात्) शपथे सत्यताकरणाय दिव्यभेदे भवाद् दोषात् (अहोरात्रे) (उषाः) प्रभातवेला (सोमः) ऐश्वर्यवान् (मा) माम् (देवः) उत्तमगुणयुक्तः (मुञ्चतु) वियोजयतु (यम्) (आहुः) कथयन्ति (चन्द्रमाः) चन्द्रलोकः (इति) वाक्यसमाप्तौ ॥

८—(पार्थिवाः) पृथिवीभवाः (दिव्याः) आकाशे भवाः (पशवः) प्राणिनः (आरण्याः) जङ्गलभवाः (उत) (ये) (मृगाः) जन्तवः (शकुन्तान्) शकेरुनोन्तोन्त्युनयः । उ० ३ । ४४ । शक्लृ शक्तौ—उन्तप्रत्ययः । शक्तियुक्तान् (पक्षिणः) वयांसि । अन्यद् गतम्–म० १ ॥

भवाशर्वाविदं ब्रूमो रुद्रं पशुपतिश्च यः ।

इषूर्या एषां संविद्म ता नः सन्तु सदा शिवाः ॥ ९ ॥

भवाशर्वौ । इदम् । ब्रूमः । रुद्रम् । पशु-पतिः । च । यः ॥ इषूः ।
याः । एषाम् । सम्-विद्म । ताः । नः । सन्तु । सदा । शिवाः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (भवाशर्वौ) भव [सुखोत्पादक] और शर्व [दुःखनाशक दोनों पुरुषों] को (च) और (रुद्रम्) रुद्र [ज्ञान दाता पुरुष] को, (यः) जो (पशुपतिः) प्राणियों का रक्षक है, (ब्रूमः) हम पुकारते हैं। [इसलिये कि] (एषाम्) इन सब के (याः इषूः) जिन तीरों को (संविद्म) हम पहिचानते हैं, (ताः) वे (नः) हमारे लिये (सदा) सदा (शिवाः) कल्याणकारी (सन्तु) होवें ॥ ९ ॥

भावार्थ—जिन पुरुषों के अस्त्रशस्त्रधारी योद्धा पुरुष सहायक होते हैं, वे शत्रुओं का नाश करके सुख पाते हैं ॥ ९ ॥

दिवं ब्रूमो नक्षत्राणि भूमिं यक्षाणि पर्वतान् ।

समुद्रा नद्यो वेशन्तास्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ १० ॥ (१७)

दिवम् । ब्रूमः । नक्षत्राणि । भूमिम् । यक्षाणि । पर्वतान् ॥
समुद्राः । नद्यः । वेशन्ताः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ १० (१७)

भाषार्थ—(दिवम्) आकाश, (नक्षत्राणि) नक्षत्रों, (भूमिम्) भूमि, (यक्षाणि) पुण्य स्थानों, और (पर्वतान्) पर्वतों का (ब्रूमः) हम कथन

९—(भवाशर्वौ) अ० ४ । २८ । १ । सुखोत्पादकशत्रुनाशकौ पुरुषौ (इदम्) इदानीम् (ब्रूमः) (रुद्रम्) अ० २ । २७ । ६ । रु गतौ—क्विप्, तुक्+रा दाने-क । ज्ञानदातारम् (पशुपतिः) प्राणिरक्षकः (च) (यः) (इषूः) शरान् (याः) (एषाम्) पूर्वोक्तानाम् (सं विद्म) सम्यग् जानीमः (ताः) इषवः (नः) अस्मभ्यम् (सन्तु) (सदा) (शिवाः) सुखहेतवः ॥

१०—(दिवम्) आकाशम् (ब्रूमः) (नक्षत्राणि) णक्ष गतौ-अत्रन् । तारागणान् (भूमिम्) (यक्षाणि) यक्ष पूजायाम्-घञ् । पूजास्थानानि । पुण्य-

करते हैं। (समुद्राः) सब समुद्र, (नद्यः) नदियां और (वेशन्ताः) सरोवर [जो हैं उनका भी], (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य आकाश, नक्षत्र, भूमि आदि पदार्थों के गुण कर्म जानकर और उनका यथावत् उपयोग करके आनन्दित रहें ॥ १० ॥

सप्तर्षीन् वा इदं ब्रूमोऽपो देवीः प्रजापतिम् ।

पितॄन् यमश्रेष्ठान् ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ ११ ॥

सप्त-ऋषीन् । वै । इदम् । ब्रूमः । अपः । देवीः । प्रजा-पतिम् ॥

पितॄन् । यम-श्रेष्ठान् । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (वै) निश्चय करके (सप्तर्षीन्) सात ऋषियों [व्यापनशील वा दर्शनशील अर्थात् त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक मन और बुद्धि] का (देवीः) [उनकी] दिव्य गुणवाली (अपः) व्याप्तियों का और (प्रजापतिम्) प्रजापति [प्रजा पालक आत्मा] का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (यमश्रेष्ठान्) यम नियमों को श्रेष्ठ [प्रधान] रखने वाले (पितॄन्) पालन करने वाले गुणों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब इन्द्रियों, मन बुद्धि, उनकी शक्तियों, आत्मा और यम नियमों से पाने योग्य उत्तम गुणों का यथावत् विचार करके दुःखसे निवृत्ति पावें ॥ ११ ॥

क्षेत्राणि (पर्वतान्) शैलान् (समुद्राः) (नद्यः) सरितः (वेशन्ताः) जॄविशिभ्यां झच्। उ० ३। १२६। विश प्रवेशने झच्। अल्पजलाशयाः। अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

११—(सप्तर्षीन्) अ० ४। ११। ६। सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे—यजु० ३४। ५५। त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धीः (वै) एव (इदम्) इदानीम् (ब्रूमः) (अपः) व्यापनशक्तीः (देवीः) दिव्यगुणयुक्ताः (प्रजापतिम्) प्रजापालकमात्मानम् (पितॄन्) पालकान् गुणान् (यमश्रेष्ठान्) यमनियमाः श्रेष्ठाः प्रधाना येषां तान्। अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥ ११ ॥

ये दे॒वा दि॑वि॒षदो॑ अ॒न्तरि॑क्ष॒सद॑श्च॒ ये ।

पृ॒थि॒व्यां श॒क्रा ये श्रि॒तास्ते नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ १२ ॥

ये । दे॒वाः । दि॒वि॒-सदः॑ । अ॒न्त॒रि॒क्ष॒-सदः॑ । च॒ । ये ॥ पृ॒थि॒-व्याम् । श॒क्राः । ये । श्रि॒ताः । ते । नः॒ । मु॒ञ्च॒न्तु॒ । अंह॑सः ॥ १२

भाषार्थ—(ये) जो (देवाः) दिव्य गुण (दिविषदः) सूर्य में वर्तमान (च) और (ये) जो (अन्तरिक्षसदः) अन्तरिक्ष में व्याप्त हैं। और (ये) जो (शक्राः) शक्तिवाले गुण (पृथिव्याम्) पृथिवी पर (श्रिताः) स्थित हैं, (ते) (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १२ ॥

भावार्थ—मनुष्य सूर्य आदि के गुणों को साक्षात् करके सुख प्राप्त करें ॥ १२ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध—अथर्व० १० । ९ । १२ में आ चुका है ॥

आ॒दि॒त्या रु॒द्रा वस॑वो दि॒वि दे॒वा अथ॑र्वाणः ।

अङ्गि॑रसो मनी॒षिण॒स्ते नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ १३ ॥

आ॒दि॒त्याः । रु॒द्राः । वस॑वः । दि॒वि । दे॒वाः । अथ॑र्वाणः ॥ अङ्गि॑रसः । म॒नी॒षिणः॑ । ते । नः॒ । मु॒ञ्च॒न्तु॒ । अंह॑सः ॥ १३

भाषार्थ—(दिवि) विजय की इच्छा में [वर्तमान] (आदित्याः) प्रकाशमान, (रुद्राः) दुःखनाशक, (वसवः) निवास कराने वाले, (देवाः) व्यवहार कुशल (अथर्वाणः) निश्चल स्वभाव, (अङ्गिरसः) ज्ञानी और (मनीषिणः) बुद्धिमान् लोग [जो हैं], (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १३ ॥

१२—(ये) (देवाः) दिव्यगुणाः (दिविषदः) सूर्ये स्थिताः (अन्तरिक्षसदः) अन्तरिक्षे वर्तमानाः (च) (ये) (पृथिव्याम्) भूमौ (शक्राः) अ० २ । ५ । ४ । शक्तिमन्तः (ये) (श्रिताः) स्थिताः । अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

१३—(आदित्याः) अ० १ । ९ । १ । आदीप्यमानाः (रुद्राः) अ० २ । २७ । ६ । दुःखनाशकाः (वसवः) वासयितारः (दिवि) विजिगीषायाम् (देवाः) व्यवहारकुशलाः (अथर्वाणः) अ० ४ । १ । ७ । निश्चलस्वभावाः (अङ्गिरसः) अ० २ । १२ । ४ । ज्ञानिनो महर्षयः (मनीषिणः) अ० ३ । ५ । ६ । मेधाविनः— निघ० ३ । १५ । अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

भावार्थ—तेजस्वी, महर्षि महात्मा लोग इन्द्रियदमन आदि से बाहिरी और भीतरी दोषों का नाश करते हैं ॥ १३ ॥

यज्ञं ब्रूमो यजमानमृचः सामानि भेषजा ।
यजूंषि होत्रा ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ १४ ॥

यज्ञम् । ब्रूमः । यजमानम् । ऋचः । सामानि । भेषजा ॥
यजूंषि । होत्राः । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥१४॥

भाषार्थ—(यज्ञम) यज्ञ [सङ्गति करण आदि व्यवहार], (यजमानम्) यजमान [सङ्गति करण आदि व्यवहार करने वाले], (ऋचः) ऋचाओं [स्तुति विद्याओं] और (भेषजा) भय निवारक (सामानि) मोक्ष ज्ञानों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (यजूंषि) सत्कर्मों के ज्ञानों और (होत्राः) [दान करने और ग्रहण करने योग्य] वेद विद्याओं का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे [पदार्थ] (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥१४॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है यज्ञ, यज्ञकर्त्ता और पदार्थों के गुण और मोक्ष विद्याओं आदि के तत्त्वज्ञान से आनन्द प्राप्त करें ॥ १४ ॥

पञ्च राज्यानि वीरुधां सोमश्रेष्ठानि ब्रूमः ।
दुर्भो भङ्गो यवः सहस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ १५ ॥

पञ्च । राज्यानि । वीरुधाम् । सोम-श्रेष्ठानि । ब्रूमः ॥
दुर्भः । भङ्गः । यवः । सहः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥१५

भाषार्थ—(वीरुधाम्) जड़ी बूटियों के (सोमश्रेष्ठानि) सोम [ओषधि

१४—(यज्ञम्) सङ्गतिकरणादिव्यवहारम् (यजमानम्) सङ्गतिकरणादि-व्यवहारसाधकम् (ऋचः) अ० ६ । २८ । १ । स्तुतिविद्याः (सामानि) अ० ७ । ५४ । १ । षो अन्तकर्मणि—मनिन् । मोक्षज्ञानानि (भेषजा) भयनिवारकानि (यजूंषि) अ० ७ । ५४ । २ । सत्कर्मज्ञानानि (होत्राः) हुयामाश्रुभसिभ्यस्त्रन् । उ० ४ । १६८ । हु दानादानयोः—त्रन् , टाप् । दानादानयोग्या वेदवाचः । होत्रा वाङ्नाम-निघ० १ । ११ (ते) पूर्वोक्ताः पदार्थाः । अन्यत् पूर्ववत्-म० १ ॥

१५—(पञ्च) पत्रकाण्डपुष्पफलमूलरूपाणि (राज्यानि) राजा भिषजा

विशेष] को प्रधान रखने वाले (पञ्च) पांच [पत्ता, डंडी, फूल, फल और जड़ रूप] (राज्यानि) राज्यों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। [रोगों का] (दर्भः) चीर फाड़ना, (भङ्गः) नाश करना, (यवः) मिलाना [भरदेना] और (सहः) बल [यह उनके गुण हैं], (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्य सोम आदि जड़ी बूटियों के पत्ते आदि के गुणों से यथोचित उपकार लेकर रोग निवृत्ति करके हृष्ट पुष्ट रहें ॥ १५ ॥

अरायान् ब्रूमो रक्षांसि सर्पान् पुण्यजनान् पितॄन् ।
मृत्यूनेकंशतं ब्रूमस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ १६ ॥

अरायान् । ब्रूमः । रक्षांसि । सर्पान् । पुण्य-जनान् । पितॄन् ॥
मृत्यून् । एक-शतम् । ब्रूमः । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥१६॥

भाषार्थ—(अरायान्) अदाताओं, (रक्षांसि) राक्षसों, (सर्पान्) सर्पों [सर्प समान क्रूर स्वभावों], (पुण्यजनान्) पुण्यात्माओं और (पितॄन्) पालनकर्ताओं का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (एकशतम्) एक सौ एक [अपरिमित] (मृत्यून्) मृत्युओं [मृत्यु के कारणों] का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १६ ॥

भावार्थ—मनुष्य दुःखदायी दुष्टों के त्याग से और पुण्यात्माओं के सत्सङ्ग से मृत्यु के कारणों से बचकर सदा आनन्द भोगें ॥ १६ ॥

नियुज्यमानानि कर्माणि (वीरुधाम्) विरोहणशीलानां लतादीनाम् (सोमश्रेष्ठानि) सोम ओषधिविशेषः श्रेष्ठः प्रशस्यतमो येषां तथाविधानि (दर्भः) दृदलिभ्यां भः । उ० ३ । १५१ । दृ विदारणे- भप्रत्ययः । रोगविदारणगुणः (भङ्गः) भञ्जो आमर्दने-घञ् । नाशनगुणः (यवः) मिश्रणगुणः (सहः) बलम् । प्रभावः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१६—(अरायान्) अ+रा दानादानयोः--घञ्, युक् । अदातॄन् (रक्षांसि) राक्षसान् (सर्पान्) सर्पवत् क्रूरान् (पुण्यजनान्) पूञो यण्, णुग्घ्रस्वश्च । उ० ५ । १५ । पूञ् शोधने–यत्, णुक् ह्रस्वत्वं च । पवित्रात्मनः (पितॄन्) पालकान् (मृत्यून्) मरणकारणानि (एकशतम्) अ० ३ । ६ । ६ । एकोत्तरशतसंख्याकान् । अपरिमितान् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

ऋतून् ब्रूम ऋतुपतीनार्तवानुत हायनान्।
समाः संवत्सरान् मासांस्ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ १७ ॥

ऋतून्। ब्रूमः। ऋतु-पतीन्। आर्तवान्। उत। हायनान्॥
समाः। सम्-वत्सरान्। मासान्। ते। नः। मुञ्चन्तु। अंहसः॥१७

भाषार्थ—(ऋतून्) ऋतुओं, (ऋतुपतीन्) ऋतुओं के स्वामियों [सूर्य, वायु आदिकों], (आर्तवान्) ऋतुओं से उत्पन्न होने वाले (हायनान्) पाने योग्य चावल आदि पदार्थों, (संवत्सरान्) बरसों, (मासान्) महीनों (उत) और (समाः) सब अनुकूल क्रियाओं का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १७ ॥

भावार्थ—ज्ञानी पुरुष ज्योतिष आदि विद्या से वसन्त आदि ऋतुओं, और उनके कारणों सूर्य, चन्द्र, वायु, पृथिवी आदि और उनकी अनुकूल क्रियाओं से सब काल में उपकार लेकर आनन्द पावें ॥ १७ ॥

यह मन्त्र बहुत कुछ–अथर्व० ३। १०। ६ से मिलता है ॥

एतं देवा दक्षिणतः पश्चात् प्राञ्च उदेत। पुरस्तादुत्तराच्छक्रा विश्वे देवाः समेत्य ते नो मुञ्चन्त्वंहसः॥१८॥

आ। इत। देवाः। दक्षिणतः। पश्चात्। प्राञ्चः। उत्-एत॥ पुरस्तात्। उत्तरात्। शक्राः। विश्वे। देवाः। सम्-एत्य। ते। नः। मुञ्चन्तु। अंहसः॥ १८ ॥

भाषार्थ—(देवाः) हे देवताओ ! [वीर पुरुषो] (दक्षिणतः) दक्षिण

१७—(ऋतून्) अ० ३। १०। ६। वसन्तादिकालान् (ऋतुपतीन्) सूर्यचन्द्रपृथिवीवाय्वादीन् देवान् (आर्तवान्) अ० ३। १०। ६। ऋतूद्भवान् (उत) अपि च (हायनान्) अ० ३। १०। ६। ओ हाङ् गतौ–ण्युट्। प्राप्तव्यान् व्रीह्याद्यान् भोज्यपदार्थान् (समाः) अ० २। ६। १। अनुकूलाः क्रियाः (संवत्सरान्) वर्षकालान् (मासान्) चैत्रादिकालान्। अन्यत् पूर्ववत्॥

१८—(एत) आगच्छत (देवाः) विजिगीषवः (दक्षिणतः) दक्षिण-

से (आ इत) आवो (पश्चात्) पश्चिम से, (पुरस्तात्) पूर्व से (उत्तरात्) उत्तर से, (शक्राः) शक्तिमान् (विश्वे) सब (देवाः) महात्माओ तुम (समेत्य) मिलकर (प्राञ्चः) आगे बढ़ते हुए (उदेत) ऊपर आओ, (ते) वे [आप] (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) बचावें ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब देशों के वीर विद्वानों से विद्या प्राप्त करके विपत्तियों को हटावें ॥ १८ ॥

विश्वा॑न् दे॒वानि॒दं ब्रू॑मः स॒त्यसं॑धानृता॒वृधः॑ ।
विश्वा॑भिः पत्नी॑भिः स॒ह ते नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ १९ ॥

विश्वा॑न् । दे॒वान् । इ॒दम् । ब्रू॒मः॒ । स॒त्य-सं॑धान् । ऋ॒त॒-वृधः॑ ।
विश्वा॑भिः । पत्नी॑भिः । स॒ह । ते । नः॒ । मु॒ञ्च॒न्तु॒ । अंह॑सः ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (विश्वान्) सब (देवान्) विजय चाहने वालों, (सत्यसंधान्) सत्य प्रतिज्ञा वालों और (ऋतवृधः) सत्य ज्ञान के बढ़ाने वालों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। [अपनी] (विश्वाभिः) सब (पत्नीभिः सह) पत्नियों [वा पालन शक्तियों] के साथ (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ १९ ॥

भावार्थ—मनुष्य वीर, सत्यवक्ता, सत्यकर्मी और सत्य विद्याओं के प्रचारक स्त्री पुरुषों के सत्संग और सहाय से सुख बढ़ावें ॥ १९ ॥

सर्वा॑न् दे॒वानि॒दं ब्रू॑मः स॒त्यसं॑धानृता॒वृधः॑ ।
सर्वा॑भिः पत्नी॑भिः स॒ह ते नो॑ मुञ्च॒न्त्वंह॑सः ॥ २० ॥

सर्वा॑न् । दे॒वान् । इ॒दम् । ब्रू॒मः॒ । स॒त्य-सं॑धान् । ऋ॒त॒-वृधः॑ ॥
सर्वा॑भिः । पत्नी॑भिः । स॒ह । ते । नः॒ । मु॒ञ्च॒न्तु॒ । अंह॑सः ॥ २० ॥

देशात् (पश्चात्) पश्चिमदेशात् (प्राञ्चः) प्रकर्षेण गच्छन्तः (उदेत) उदयं प्राप्नुत (पुरस्तात्) पूर्वदेशात् (उत्तरात्) उत्तरदेशात् (शक्राः) शक्तिमन्तः (विश्वे) सर्वे (देवाः) महात्मानः (समेत्य) समागत्य । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१९—(विश्वान्) सर्वान् (देवान्) विजिगीषून् (इदम्) इदानीम् (सत्यसंधान्) सत्यप्रतिज्ञान् (ऋतवृधः) सत्यज्ञानस्य वर्धयितॄन् (पत्नीभिः) अ० २ । १२ । १ । योषिद्भिः । पालनशक्तिभिः (सह) अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(इदम्) अब (सर्वान्) सब (देवान्) व्यवहार जानने वालों, (सत्यसंधान्) सत्य के खोजने वालों, और (ऋतवृधः) सत्य ज्ञान से बढ़ने वालों का (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। [अपनी] (सर्वाभिः) सब (पत्नीभिः सह) पत्नियों [वा पालन शक्तियों] के साथ, (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) बचावें ॥ २० ॥

भावार्थ—मनुष्य सब व्यवहारकुशल, सत्यशील, धर्म्मात्मा स्त्री पुरुषों से शिक्षा प्राप्त करके आनन्दित होवें ॥ २० ॥

भूतं ब्रूमो भूतपतिं भूतानामुत यो वशी ।
भूतानि सर्वा संगत्य ते नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥ २१ ॥

भूतम् । ब्रूमः । भूत-पतिम् । भूतानाम् । उत । यः । वशी ॥
भूतानि । सर्वा । सम्-गत्य । ते । नः । मुञ्चन्तु । अंहसः ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(भूतम्) ऐश्वर्यवान्, विचारशील [योगीन्द्र] का, (भूतपतिम्) प्राणियों के पालन कर्ता का, (उत) और (भूतानाम्) तत्त्वों [पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश द्रव्यों] को (यः) जो (वशी) वश करने वाला पुरुष है [उसका] (ब्रूमः) हम कथन करते हैं। (सर्वा) सब (भूतानि) प्राणियों से (संगत्य) मिलकर (ते) वे (नः) हमें (अंहसः) कष्ट से (मुञ्चन्तु) छुड़ावें ॥ २१ ॥

भावार्थ—मनुष्य जितेन्द्रिय, सर्वहितैषी, तत्त्ववेत्ता जनों से गुण ग्रहण कर के क्लेश का नाश करें ॥ २१ ॥

२०—(सर्वान्) समस्तान् (देवान्) व्यवहारिणः पुरुषान् (सत्यसंधान्) सत्या संधा, अनुसन्धानमन्वेषणं येषां तान् (ऋतवृधः) सत्यज्ञानेन वृद्धिशीलान्। धार्मिकान्। अन्यत् पूर्ववत्—म० १९ ॥

२१—(भूतम्) भू सत्तायाम्, शुद्धिचिन्तनयोः, मिश्रणे, प्राप्तौ च-कर्मणि कर्तरि वा-क्त, भूत-अर्शआद्यच्। भूतं विभूतिरैश्वर्यं यस्य तम्। तत्त्वचिन्तनशीलम्। योगीन्द्रम्। शिवम् (भूतपतिम्) प्राणिनां पालकम् (भूतानाम्) पृथिव्यप्तेवाय्वाकाशद्रव्याणाम् (उत) अपि च (यः) (वशी) वशयिता नियन्ता (भूतानि) प्राणिनः। जीवान् (सर्वा) सर्वाणि (संगत्य) मिलित्वा। अन्यत् पूर्ववत् ॥

या दे॒वीः पञ्च॑ प्र॒दिशो॒ ये दे॒वा द्वाद॑शर्तवः ।
सं॒व॒त्स॒रस्य॒ ये दंष्ट्रा॒स्ते नः॑ सन्तु स॒दा शि॒वाः ॥ २२ ॥

याः। दे॒वीः। पञ्च॑। प्र॒-दिशः॑। ये। दे॒वाः। द्वाद॑श। ऋ॒तवः॑॥
स॒म्-व॒त्स॒रस्य॑। ये। दंष्ट्राः॑। ते। नः॒। स॒न्तु। स॒दा। शि॒वाः २२

भाषार्थ—(याः) जो (देवीः) उत्तम गुण वाली (पञ्च) पांच [पूर्वादि चार और एक !ऊपर-नीचे की] (प्रदिशः) बड़ी दिशायें और (ये) जो (देवाः) उत्तम गुण वाले (द्वादश) बारह [मन, बुद्धि सहित पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय रूप] (ऋतवः) ऋतुयें [चलने वाले पदार्थ] हैं । और (संवत्सरस्य) वर्ष काल के (ये) जो (दंष्ट्राः) डंसने वाले गुण हैं, (ते) वे (नः) हमारे लिये (सदा) सदा (शिवाः) कल्याणकारी (सन्तु) होवें ॥२२॥

भावार्थ—मनुष्य सब स्थानों और सब कालों में मन, बुद्धि और इन्द्रियों द्वारा शुभ काम करके विघ्नों से बचे ॥ २२ ॥

यन्मात॑ली रथक्री॒तम॒मृतं॒ वेद॑ भेष॒जम् ।
तदिन्द्रो॑ अ॒प्सु प्रावे॑शय॒त् तदा॑पो दत्त भेष॒जम् ॥२३॥(१८)

यत्। मात॑ली। र॒थ॒-क्री॒तम्। अ॒मृत॑म्। वेद॑। भे॒ष॒जम्॥
तत्। इन्द्रः॑। अ॒प्-सु। प्र। अ॒वे॒श॒य॒त्। तत्। आपः॑। द॒त्त।
भे॒ष॒जम् ॥ २३ ॥ (१८)

भाषार्थ—(मातली) इन्द्र [जीव] का रथवान् [मन] (रथक्रीतम्) रथ [शरीर] द्वारा पाये हुये (यत्) जिस (भेषजम्) भयनिवारक (अमृ-

२२—(याः) (देवीः) दिव्यगुणयुक्ताः (पञ्च) पञ्चसंख्याकाः । ऊर्ध्वनीच-दिक् सहिताः प्राच्याद्याः (प्रदिशः) प्रधानदिशः (ये) (देवाः) दिव्यगुण-युक्ताः (द्वादश) अ० ४ । ११ । ११ । मनोबुद्धिसहिता दशेन्द्रियरूपाः (ऋतवः) गमनशीलाः पदार्थाः (संवत्सरस्य) वर्षकालस्य (ये) (दंष्ट्राः) सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन् । उ० ४ । १५९ । दंश दंशने-ष्ट्रन् । दंशनगुणाः (ते) अन्यद् गतम्-म० ६ ॥

२३—(यत्) (मातली) अ० ८ । ९ । ५ । मतल-इञ्, विभक्तेः पूर्वस-वर्णदीर्घः । मातलिः । इन्द्रस्य जीवस्य सारथिः । मनः (रथक्रीतम्) रथेन

तम्) अमृत [अमरपन, मोक्षसुख] को (वेद) जानता है। (तत्) उस [अमृत] को (इन्द्रः) इन्द्र [परमेश्वर] ने (अप्सु) सब प्रजाओं में (प्र अवेशयत्) प्रवेश किया है, (आपः) हे प्रजाओ ! (तत्) उस (भेषजम्) भय निवारक वस्तु [मोक्षसुख] का (दत्त) दान करो ॥ २३ ॥

भावार्थ—जो मोक्षसुख शरीर द्वारा प्राप्त होकर मन से अनुभव किया जाता है, वह मोक्ष सुख ईश्वर नियम से सब प्राणियों को प्राप्य है। उसके पाने का प्रत्येक मनुष्य प्रयत्न करे ॥ २३ ॥

इस मन्त्र का मिलान अथर्व० ८ । ६ । ५ से करो।

इति तृतीयोऽनुवाकः ॥

अथ चतुर्थोऽनुवाकः ।

सूक्तम् ॥ ७ ॥

१—२७ ॥ उच्छिष्टो देवता ॥ १—५, ७—१०, १२—२०, २३—२७ अनुष्टुप्; ६, २१ भुरिगनष्टुप्; ११ पथ्या पङ्क्तिः; २२ निचृदनुष्टुप् छन्दः ॥

सर्वजगत्कारणपरमात्मोपदेशः—सब जगत् के कारण परमात्मा का उपदेश ॥

उच्छिष्टे नाम॑ रूपं चोच्छिष्टे लोक आहि॑तः ।
उच्छिष्ट इन्द्र॑श्चा॒ग्निश्च॒ विश्व॑म॒न्तः समाहि॑तम् ॥१॥

उत्-शिष्टे । नाम॑ । रूपम् । च॒ । उत्-शिष्टे । लोकः । आ-हितः ॥ उत्-शिष्टे । इन्द्रः॑ । च॒ । अ॒ग्निः । च॒ । विश्व॑म् । अ॒न्तः । सम्-आहितम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(उच्छिष्टे) शेष [उत्पत्ति और प्रलय से बचे हुये अनन्त परमेश्वर] में [संसार के] (नाम) नाम (च) और (रूपम्) रूप हैं,

---

शरीरेण प्राप्तम् (अमृतम्) मोक्षसुखम् (वेद) जानाति (भेषजम्) भयनिवारकम् (तत्) अमृतम् (इन्द्रः) परमेश्वरः (अप्सु) आपः (आप्ताः) प्रजाः—दयानन्दभाष्ये यजु० ६। २७। प्रजासु। प्राणिषु (प्रावेशयत्) प्रविष्टवान् (तत्)(आपः) हे प्रजाः (दत्त) प्रयच्छत (भेषजम्) भयनिवारकं वस्तु। मोक्षसुखम् ॥

१—(उच्छिष्टे) अ० ११। ३। २१। उत्+शिष असर्वोपयोगे—क्त। यं उत्पत्तिप्रलयाभ्यां स्थूलसूक्ष्मरचनाभ्यां चोत्कर्षेण शिष्यते शेषो भवति स

(उच्छिष्टे) शेष [परमात्मा] में (लोकः) दृश्यमान संसार (आहितः) रक्खा हुआ है। (उच्छिष्टे अन्तः) शेष [जगदीश्वर] के भीतर (इन्द्रः) मेघ (च) और (अग्निः) अग्नि [सूर्य आदि] (च) भी और (विश्वम्) प्रत्येक पदार्थ (समाहितम्) बटोरा हुआ है ॥ १ ॥

भावार्थ—परमात्मा के सामर्थ्य में यह सब विविध दृश्यमान संसार वर्तमान है ॥ १ ॥

परमेश्वर का नाम (उच्छिष्ट) अर्थात् शेष इस लिये है कि वह नित्य, अनादि, अनन्त और निर्विकार होकर उत्पत्ति और प्रलय से तथा स्थूल और सूक्ष्म रचना से बचा रहता है ॥

उच्छिष्टे द्यावापृथिवी विश्वं भूतं समाहितम् ।
आपः समुद्र उच्छिष्टे चन्द्रमा वात आहितः ॥ २ ॥

उत्-शिष्टे । द्यावापृथिवी इति । विश्वम् । भूतम् । सम्-आहितम् । आपः । समुद्रः । उत्-शिष्टे । चन्द्रमाः । वातः । आ-हितः ॥ २ ॥

भाषार्थ—(उच्छिष्टे) शेष [अनन्त परमेश्वर] में (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी और (विश्वम्) प्रत्येक (भूतम्) सत्ता वाला (समाहितम्) एकत्र किया गया है। (उच्छिष्टे) शेष [जगदीश्वर] में (आपः) जलधारायें (समुद्रः) समुद्र, (चन्द्रमाः) चन्द्रमा (वातः) पवन (आहितः) रक्खा गया है ॥ २ ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥

उच्छिष्टस्तस्मिन् शेषे अनन्ते परमेश्वरे (नाम) सृष्टिपदार्थानां नामधेयम् (रूपम्) निरूपणीयं रचनम् (च) (उच्छिष्टे) (लोकः) दृश्यमानः संसारः (आहितः) आरोपितः । आश्रितः (उच्छिष्टे) (इन्द्रः) मेघः (च) (अग्निः) सूर्यादिरूपः (च) अपि (विश्वम्) (सर्वम् । प्रत्येकं वस्तु (समाहितम्) सम्यग् निहितम् । स्थापितम् । राशीकृतम् ॥

२—(द्यावापृथिवी) द्यावापृथिव्यौ । सूर्यभूमी (विश्वम्) प्रत्येकम् (भूतम्) सत्तान्वितं द्रव्यम् (आपः) व्यापनशीला जलधाराः (समुद्रः) जलौघः (चन्द्रमाः) चन्द्रलोकः (वातः) वायुः । अन्यत् पूर्ववत्–म० १ ॥

सन्नुच्छिष्टे असंश्चोभौ मृत्युर्वाजः प्रजापतिः ।
लौक्या उच्छिष्ट आयत्ता व्रश्च द्रश्चापि श्रीर्मयि ॥ ३ ॥

सन् । उत्-शिष्टे । असन् । च । उभौ । मृत्युः । वाजः । प्रजा-पतिः ॥ लौक्याः । उत्-शिष्टे । आ-यत्ताः । व्रः । च । द्रः । च । अपि । श्रीः । मयि ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(उच्छिष्टे) शेष [मंत्र १ । परमात्मा] में (उभौ) दोनों (सन्) सत्तावाला [दृश्यमान, स्थूल] और (च) (असन्) असत्तावाला [अदृश्यमान परमाणु रूप संसार], (मृत्युः) मृत्यु (वाजः) पराक्रम और (प्रजापतिः) प्रजापालक गुण [हैं] । (उच्छिष्टे) शेष [परमेश्वर] में (लौक्याः) लौकिक पदार्थ (आयत्ताः) वशीभूत हैं, (च) और (व्रः) समूह [समष्टि रूप संसार] (च) और (द्रः) व्यक्ति [पृथक् पृथक् विशेष पदार्थ] (अपि) भी (मयि) मुझ [प्राणी] में [वर्तमान] (श्रीः) सम्पत्ति [परमात्मा में है] ॥ ३ ॥

भावार्थ—परमात्मा के सामर्थ्य में ही यह सब स्थूल और परमाणु रूप जगत्, मृत्यु आदि और सब प्राणियों की (श्रीः) उत्तम सेवनीय शक्ति वर्तमान है ॥ ३ ॥

दृढो दृंहस्थिरो न्यो ब्रह्म विश्वसृजो दश ।
नाभिमिव सर्वतश्चक्रमुच्छिष्टे देवताः श्रिताः ॥ ४ ॥

३—(सन्) अस सत्तायाम्—शतृ । सत्तां प्राप्नुवन् दृश्यमानः स्थूलसंसारः (उच्छिष्टे) म० १ । शेषे परमात्मनि (असन्) असत्तां प्राप्नुवन् । अदृश्यमानः परमाणुरूपःसंसारः (च) (उभौ) सदसतौ (मृत्युः) शरीरत्यागः (वाजः) पराक्रमः (प्रजापतिः) प्रजापालको गुणः (लौक्याः) तत्र भवः । पा० ४ । ३ । ५३ । संसारे विद्यमानाः पदार्थाः (उच्छिष्टे) (आयत्ताः) आङ्+यती प्रयत्ने-क्त । अधीनाः (व्रः) अन्येष्वपिदृश्यते । पा० ३ । २ । १०१ । व्रज गतौ—ड । व्रजः समूहः । समष्टिरूपः (च) (द्रः) द्रु गतौ-डप्रत्ययः पूर्ववत् । व्यक्तिः । व्यष्टिरूपः संसारः (च) (अपि) (श्रीः) सेवनीया संपत् (मयि) प्राणिनि वर्तमाना ॥

दृढः । दृंह-स्थिरः । न्यः । ब्रह्म । विश्व-सृजः । दश ॥
नाभिम्-इव । सर्वतः । चक्रम् । उत्-शिष्टे । देवताः । श्रिताः ४

भाषार्थ—(दृढः) दृढ़, (दृंहस्थिरः) वृद्धि के साथ स्थिर और (न्यः) नायक [गुण] (ब्रह्म) वेदज्ञान और (दश) दस [आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी यह पांच भूत, और शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये पांच तन्मात्रायें] (विश्वसृजः) संसार बनाने वाले (देवताः) दिव्य पदार्थ (उच्छिष्टे) शेष [म० १ परमात्मा] में (आश्रिताः) आश्रित हैं, (इव) जैसे (नाभिम् सर्वतः) नाभि के सब ओर (चक्रम्) पहिया [पहिये का प्रत्येक अरा लगा होता है] ॥ ४ ॥

भावार्थ—परमात्मा की शक्ति में संसार के उत्तम उत्तम अचल नियम और पञ्चभूत और पञ्चतन्मात्रा आदि वर्तमान हैं ॥ ४ ॥

ऋक् साम यजुरुच्छिष्ट उद्गीथः प्रस्तुतं स्तुतम् ।
हिङ्कार उच्छिष्टे स्वरः साम्नो मेडिश्च तन्मयि ॥५॥

ऋक् । साम । यजुः । उत्-शिष्टे । उत्-गीथः । प्र-स्तुतम् । स्तुतम् ॥ हिङ्-कारः । उत्-शिष्टे । स्वरः । साम्नः । मेडिः । च । तत् । मयि ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(उच्छिष्टे) शेष [म० १ परमात्मा] में [वर्तमान]

४—(दृढः) प्रगाढ़ः । कठिनः (दृंहस्थिरः) दृहि वृद्धौ घञ्+ष्ठा गतिनिवृत्तौ किरच् । वृद्ध्या दृढीकृतः (न्यः) कप्रकरणे मूलविभुजादिभ्य उपसंख्यानम् । । वा० पा० ३ । २ । ५ । णीञ् प्रापणे—क । छान्दसो यणादेशः । नियः । नायको गुणः (ब्रह्म) (वेदज्ञानम्) (विश्वसृजः) जगतः स्रष्टारः (दश) आकाशवायुतेजोजलपृथिव्यः—इति, पञ्चभूतानि शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः—इति पञ्चतन्मात्राणि च दशसंख्याकाः (नाभिम्) चक्रावयवभेदम् (इव) यथा (सर्वतः) उभसर्वतसोः कार्या० । वा० पा० २ । ३ । २ इति सर्वतसो योगे द्वितीया । सर्वं व्याप्य (चक्रम्) रथचक्रम् (उच्छिष्टे) म० १ परमात्मनि (देवताः) देवाः दिव्यपदार्थाः (श्रिताः) स्थिताः ॥

५—(ऋक्) वाक्-निघ० १ । ११ । वेदवाणी (साम) अ० ७ । ५४ ।

(ऋक्) वेदवाणी, (साम) मोक्ष विज्ञान, (यजुः) विद्वानों की पूजा, (उद्गीथः) उत्तम गान [वेदध्वनि आदि], (प्रस्तुतम्) प्रकरण अनुकूल (स्तुतम्) स्तोत्र [गुणों का व्याख्यान] । (उच्छिष्टे) शेष [जगदीश्वर] में [वर्त्तमान] (हिङ्कारः) वृद्धिकारक व्यवहार (स्वरः) स्वर [उदात्त, अनुदात्त और स्वरित भेद] (च) और (साम्नः) सामवेद [मोक्षज्ञान] की (मेडिः) वाणी, (तत्) वह [सब] (मयि) मुझ [उपासक] में [होवे] ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्य वेद द्वारा मोक्षज्ञान आदि सब उत्तम विद्यायें प्राप्त करके संसार में उपदेश करता हुआ कल्याण पावे ॥ ५ ॥

ऐ॒न्द्रा॒ग्नं पा॑वमा॒नं म॑हाना॒म्नीर्म॑हाव्र॒तम् ।
उच्छि॑ष्टे य॒ज्ञस्याङ्गा॑न्य॒न्तर्गर्भ॑ इव मा॒तरि॑ ॥ ६ ॥

ऐ॒न्द्रा॒ग्नम् । पा॒व॒मा॒नम् । म॒हा-ना॒म्नीः । म॒हा॒-व्र॒तम् ॥
उत्-शि॑ष्टे । य॒ज्ञस्य॑ । अङ्गा॑नि । अ॒न्तः । गर्भः॑-इव । मा॒तरि॑ ६

भाषार्थ—(ऐन्द्राग्नम्) इन्द्र [मेघ] और अग्नि [सूर्य, बिजुली आदि] का ज्ञान, (पावमानम्) शुद्धिकारक वायु का ज्ञान, (महानाम्नीः) बड़े नामों वाली [वेद विद्यायें] और (महाव्रतम्) महाव्रत और (यज्ञस्य) यज्ञ [देव पूजा, सङ्गतिकरण और दान व्यवहार] के (अङ्गानि) सब अङ्ग (उच्छिष्टे)

---

१ । दुःखनाशकं मोक्षज्ञानम् (यजुः) अ० ७ । ५४ । २ । देवपूजनम् । विदुषां सत्कारः (उच्छिष्टे) म० १ परमात्मनि (उद्गीथः) गश्चोदि । उ० २ । १० । उद् + गै गाने—थक् । वेदध्वनिः । प्रणवः (प्रस्तुतम्) प्रासङ्गिकम् (स्तुतम्) स्तोत्रम् (हिङ्कारः) अ० ७ । ७३ । ८ । हि गतिवृद्ध्योः—डि + करोतेः—अण्, छान्दसं रूपम् । हिं गतिं वृद्धिं वा करोतीति । वृद्धिकरो व्यवहारः, (उच्छिष्टे) (स्वरः) उदात्तादिभेदः (साम्नः) मोक्षज्ञानस्य (मेडिः) वसिवपियजि० । उ० ४ । १२५ । मिल संश्लेषणे इञ् । मेलिः, वाङ् नाम-निघ० १ । ११ । वाणी (च) (तत्) तत्सर्वम् (मयि) उपासके भवेदिति शेषः ॥

६—(ऐन्द्राग्नम्) इन्द्राग्नि—अण् । इन्द्रस्य मेघस्य, अग्नेः सूर्यविद्युतादेश्च ज्ञानम् (पावमानम्) पवमानस्य शुद्धिकारकस्य पवनस्य ज्ञानम् (महानाम्नीः) महान्ति नामानि यासु ता महानाम्न्यः । वेदवाण्यः (महाव्रतम्) पूज-

शेष [म० १ । परमात्मा] में हैं, (इव) जैसे (मातरि अन्तः) माता के [उदर के] भीतर (गर्भः) गर्भ [रहता है] ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर रचित पदार्थों और नियमों के ज्ञान को अपने में धारण करके वृद्धि करे, जैसे माता गर्भ को उदर में रखकर बढ़ाती है ॥ ६ ॥

राजसूयं वाजपेयमग्निष्टोमस्तदध्वरः ।
अर्काश्वमेधावुच्छिष्टे जीवबर्हिर्मदिन्तमः ॥ ७ ॥

राज-सूयम् । वाज-पेयम् । अग्नि-स्तोमः । तत् । अध्वरः ॥
अर्क-अश्वमेधौ । उत्-शिष्टे । जीव-बर्हिः । मदिन्-तमः ॥७॥

भाषार्थ—(राजसूयम्) राजसूय [राजतिलक यज्ञ], (वाजपेयम्) वाजपेय [विज्ञान और बल का रक्षक यज्ञ] (अग्निष्टोमः) अग्निष्टोम [आग वा परमेश्वर वा विद्वान् के गुणों की स्तुति], (तत्) तथा (अध्वरः) सन्मार्ग देने वाला वा हिंसा रहित व्यवहार, (अर्काश्वमेधौ) पूजनीय विचार और अश्वमेध [चक्रवर्ती राज्य पालन की मेधा अर्थात् बुद्धि वाला व्यवहार] और

नीयं व्रतम् (उच्छिष्टे) (यज्ञस्य) देवपूजासङ्गतिकरणदानव्यवहारस्य (अङ्गानि) अवयवाः (अन्तः) मध्ये (गर्भः) (इव) (मातरि ॥

७—(राजसूयम्) अ० ४ । ८ । १ । राजन्+षुञ् अभिषवे—क्यप् । राजाभिषेकयज्ञः (वाजपेयम्) वज गतौ-घञ् । अचो यत् । पा० ३ । १ । ९७ । पा रक्षणे—यत् । ईद्यति । पा० ६ । ४ । ६५ । आत इत्वम, गुणः । वाजो विज्ञानं बलं च पेयं रक्षणीयं यस्मिन् कर्मणि तत् । विज्ञानस्य बलस्य च रक्षको यज्ञः (अग्निष्टोमः) अ० ८ । ६ (४) । २ । अग्नेः पावकस्य परमेश्वरस्य विदुषो वा स्तुतिव्यवहारः (अध्वरः) अ० ३ । २६ । ६ । सन्मार्गदायको हिंसारहितो वा व्यवहारः (अर्काश्वमेधौ) अर्कः— अ० ३ । ३ । २ । अर्च पूजायाम्—क । अर्को मन्त्रो भवति यदनेनार्चन्ति–निरु० ५ । ४ । अशूप्रुषिलटि० । उ० १ । १५१ । अशू व्याप्तौ–क्वन् । अश्विनौ...राजानौ पुण्यकृतौ–निरु० १२ । १ । इति वचनाद् अश्वो राज्यवाचकः । मिधृ मेधृ सङ्गमे हिंसामेधयोश्च-घञ्, टाप् इति मेधा । अर्को मन्त्रः पूजनीयविचारः, अश्वे राज्यव्याप्तौ चक्रवर्तिराज्यपालने मेधा बुद्धी धारणा-

[अन्य] (मदिन्तमः) अत्यन्त हर्षदायक (जीवबर्हिः) जीवों की बढ़ती वाला व्यवहार (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमेश्वर] में हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि परमेश्वर की आराधना करते हुये राजसूय, वाजपेय, अश्वमेध आदि यज्ञों से समस्त प्राणियों को आनन्द देवें ॥ ७ ॥

अ॒ग्न्या॒धेय॒मथो॑ दी॒क्षा का॑म॒प्रश्छन्द॑सा स॒ह ।
उत्स॑न्ना य॒ज्ञाः स॒त्राण्यु॒च्छिष्टेऽधि॑ स॒माहि॑ताः ॥ ८ ॥

अ॒ग्नि॒-आ॒धेय॑म् । अथो॒ इति॑ । दी॒क्षा । का॒म॒-प्रः । छन्द॑सा । स॒ह ॥ उत्-स॑न्नाः । य॒ज्ञाः । स॒त्राणि॑ । उत्-शि॑ष्टे । अधि॑ । स॒म्-आहि॑ताः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(अग्न्याधेयम्) अग्न्याधान [अग्नि की स्थापना] (अथो) और (दीक्षा) दीक्षा [नियम पालन व्रत] (छन्दसा सह) वेद के साथ (कामप्रः) कामना पूरक व्यवहार, (उत्सन्नाः) ऊंचे चढ़े हुये (यज्ञाः) यज्ञ [पूजनीय व्यवहार] और (सत्राणि) बैठकें (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में (अधि) अधिकार पूर्वक (समाहिताः) एकत्र किये गये हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने अपने सामर्थ्य से मनुष्य को यथावत् उन्नति करने के लिये वेद के साथ सत्यव्रत धारण आदि नियमों का उपदेश किया है ॥८॥

वतीवुद्धिर्यस्मिन् व्यवहारे स च तावुभौ (उच्छिष्टे) म० १ । परमात्मनि (जीवबर्हिः) बृंहेर्नलोपश्च । उ० २ । १०६ । जीव + बृहि वृद्धौ–इसि । जीवानां वृद्धिर्व्यवहारः (मदिन्तमः) अत इनिठनौ । पा० ५ । २ । ११५ । मद–इनि । मदिन्–तमप् । नाद्घस्य । पा० ८ । २ । १७ । तमपो नुडागमः । अतिशयेन हर्ष करः ॥

८—(अग्न्याधेयम्) अग्नि + आ + दधातेः–यत् । वाजपेयवत् सिद्धिः-म० ७ । अग्न्याधानम् (अथो) अपिच (दीक्षा) अ० ८ । ५ । १५ । नियमपालनव्रतम् (कामप्रः) आतोऽनुपसर्गे कः । पा० ३ । २ । ३ । काम + प्रा पूरणे—क । कामनापूरको व्यवहारः (छन्दसा) वेदेन (सह) साकम् (उत्सन्नाः) उत + षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु–क्त । ऊर्ध्वं गताः । उन्नताः (यज्ञाः) पूजनीया व्यवहाराः (सत्राणि) गुधृपचिवचियमिसदि० । उ० ४ । १६७ । षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु—त्र । सदनानि । सभास्थानानि (उच्छिष्टे) (अधि) अधिकारपूर्वकम् (समाश्रिताः) राशीकृताः ॥

अ॒ग्नि॒हो॒त्रं च॑ श्र॒द्धा च॑ वषट्का॒रो व्र॒तं तपः॑ ।
दक्षि॑णे॒ष्टं पू॒र्तं चोच्छि॑ष्टेऽधि स॒माहि॑ताः ॥ ९ ॥

अ॒ग्नि॒-हो॒त्रम् । च॒ । श्र॒द्धा । च॒ । व॒ष॒ट्-का॒रः । व्र॒तम् । तपः॑ ॥ दक्षि॑णा । इ॒ष्टम् । पू॒र्तम् । च॒ । उत्-शि॑ष्टे । अधि॑ । स॒म्-आहि॑ताः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(अग्निहोत्रम्) अग्निहोत्र [अग्नि में हवन] (च) और (श्रद्धा) श्रद्धा [भक्ति], (च) और (वषट्कारः) दानकर्म, (व्रतम्) व्रत [नियम] (तपः) तप [चित्त की एकाग्रता], (दक्षिणा) दक्षिणा [प्रतिष्ठा] (इष्टम्) वेदाध्ययन, आतिथ्य आदि (च) और (पूर्तम्) अन्नदानादि पुण्य कर्म (उच्छिष्टे) शेष [म० १। परमात्मा] में (अधि) अधिकार पूर्वक (समाहिताः) एकत्र किये गये हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—हवन और शिल्प आदि व्यवहारों में अग्नि का प्रयोग ईश्वर और वेद में श्रद्धा आदि कर्म परमेश्वर ने जगत् के हित के लिये नियत किये हैं ९॥

ए॒क॒रा॒त्रो द्वि॑रा॒त्रः स॑द्यः॒क्रीः प्र॒क्रीरु॒क्थ्यः॑ ।
ओतं॒ निहि॑तमु॒च्छिष्टे॑ य॒ज्ञस्या॒णूनि॑ वि॒द्यया॑ ॥ १० ॥ (१८)

ए॒क॒-रा॒त्रः । द्वि॒-रा॒त्रः । स॒द्यः॒-क्रीः । प्र॒-क्रीः । उ॒क्थ्यः॑ ॥ आ-उ॑तम् । नि-हि॑तम् । उत्-शि॑ष्टे । य॒ज्ञस्य॑ । अ॒णूनि॑ । वि॒द्यया॑ ॥ १० ॥ (१८)

भाषार्थ—(एक रात्रः) एक रात्रि वाला, (द्विरात्रः) दो रात्रि वाला, (सद्यः क्रीः) तुरन्त ही मोल लिया गया, (प्रक्रीः) मोल लेने योग्य; (उक्थ्यः)

९—(अग्निहोत्रम्) अग्नौ होमः (च) (श्रद्धा) भक्तिः (च) (वषट्कारः) अ० १। ११। १। वह प्रापणे—डषटि। आहुतिकरणम्। दानक्रिया (व्रतम्) (तपः) चित्तैकाग्र्यम (दक्षिणा) अ० १। ५। १। प्रतिष्ठा (इष्टम्) अ० २। १२। ४। वेदाध्ययनातिथ्यादि कर्म (पूर्तम्) अ० २। १२। ४। अन्नदानादि-पुण्यकर्म। अन्यत् पूर्ववत्—म० ८॥

१०—(एकरात्रः) अहः सर्वैकदेश संख्यातपुण्याच्च रात्रेः। पा० ५। ४। ८७। अच् समासान्तः। एका रात्रिरेकरात्रः। ततो मत्वर्थे। अर्श आदिभ्यो

प्रशंसनीय [व्यवहार वा यज्ञ], [यह सब] (उच्छिष्टे) शेष [म० १। परमात्मा] में (ओतम्) ओत प्रोत [भली भांति बुना हुआ] (निहितम्) रक्खा हुआ है, और (विद्यया) विद्या के साथ (यज्ञस्य) [ईश्वर पूजा आदि] के (अणूनि) सूक्ष्म रूप [रक्खे हैं] ॥ १० ॥

भावार्थ—मनुष्य परमात्मा को सर्व व्यापक जानकर एक दिन वा दो दिन में वा तुरन्त, अथवा क्रय विक्रय आदि से समाप्ति योग्य कर्मों को विचार कर अपना कर्त्तव्य सिद्ध करे ॥ १० ॥

चतूरात्रः पञ्चरात्रः षड्रात्रश्चोभयः सह । षोडशी सप्तरात्रश्चोच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे ये यज्ञा अमृते हिताः ॥ ११ ॥

चतुः-रात्रः । पञ्च-रात्रः । षट्-रात्रः । च । उभयः । सह ॥ षोडशी । सप्त-रात्रः । च । उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । ये । यज्ञाः । अमृते । हिताः ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(चतूरात्रः) चार रात्रि [तक रहने] वाला, (पञ्चरात्रः) पांच रात्रि वाला, (षड्रात्रः) छह रात्रि वाला, (च) और (सह) मिलकर (उभयः) दूने समय [८+१०+१२=३० रात्रि] वाला । (षोडशी) सोलह [रात्रि] वाला (च) और (सप्तरात्रः) सात रात्रि वाला [यज्ञ वा

ऽच् पा० ५। २। १२७। इत्यच्। एकां रात्रिं व्याप्य वर्तमानो व्यवहारः (द्विरात्रः) द्वे रात्री व्याप्य वर्तमानः (सद्यःक्रीः) क्विप् च। पा० ३। २। ७६। डु क्रीञ् द्रव्यविनिमये-क्विप्। तत्कालवत्क्रीतः (प्रक्रीः) प्रकर्षेण क्रेयः (उक्थ्यः) प्रशंसनीयः (ओतम्) व्यूतम् (निहितम्) निक्षिप्तम् (उच्छिष्टे) (यज्ञस्य) (अणूनि) सूक्ष्माणि रूपाणि (विद्यया) तत्त्वज्ञानेन ॥

११—(चतूरात्रः) एकरात्र इति शब्दवत् सिद्धिः—म० १। चतस्रो रात्रीर्व्याप्य समाप्यमानः (पञ्चरात्रः) पञ्चभी रात्रिभिः समाप्यमानः (षड्रात्रः) षड्भी रात्रिभिः समाप्यमानः (च) (उभयः) द्विगुणितः (सह) साहाय्येन (षोडशी) षोडशरात्रः (सप्तरात्रः) सप्तभी रात्रिभिः समाप्यमानः (उच्छिष्टात्) (जज्ञिरे) उत्पन्ना बभूवुः (सर्वे) (ये) (यज्ञाः) (अमृते) नास्ति मरणं दुःखं यस्मिंस्तस्मिन् पौरुषे मोक्षे वा (हिताः) धृताः ॥

व्यवहार] (उच्छिष्टात्) शेष [म० १ । परमेश्वर] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं, [और वे भी] (ये) जो (सर्वे) सब (यज्ञाः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] (अमृते) [अमरपन [पौरुष वा मोक्ष पद] में (हिताः) स्थापित हैं ॥११॥

भावार्थ—परमात्मा ने बताया है कि मनुष्य पहिले से ही चार दिन, पांच दिन आदि काल का विचार करके मोक्ष पर्यन्त अपना कर्तव्य व्यवहार साधे ॥ ११ ॥

प्रतीहारो निधनं विश्वजिच्चाभिजिच्च यः
साह्नातिरात्रावुच्छिष्टे द्वादशाहोऽपि तन्मयि ॥ १२ ॥

प्रति-हारः । नि-धनम् । विश्व-जित् । च । अभि-जित् । च । यः ॥ साह्न-अतिरात्रौ । उत्-शिष्टे । द्वादश-अहः । अपि । तत् । मयि ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(प्रतीहारः) प्रत्युपकार, (निधनम्) कुल [कुलवृद्धि] (च) और (विश्वजित्) संसार का जीतने वाला (च) और (यः) जो (अभिजित्) सब ओर से जीतने वाला [यज्ञ वा व्यवहार है, वह] (साह्नातिरात्रौ) उसी दिन पूरा होने वाला और रात्रि बिता कर पूरा होने वाला और (द्वादशाहः) बारह दिन में पूरा होने वाला [यज्ञ वा व्यवहार] (अपि) भी (उच्छिष्टे) शेष [म० १। परमात्मा] में हैं, (तत्) वह (मयि) मुझ [उपासक] में [होवे] ॥ १२ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा में आत्मसमर्पण करते हैं, वे संसार में परस्पर उपकार, कुलवृद्धि, जय और विविध समय का उपयोग करके उत्तम सुख भोगते हैं ॥ १२ ॥

१२—(प्रतीहारः) प्रति+हृञ् स्वीकारे—घञ् । उपसर्गस्य घञ्यमनुष्ये बहुलम् । पा० ६ । ३ । १२२ । इति सांहितिको दीर्घः । प्रत्युपकारः (निधनम्) नि+धा-क्यु । कुलम् । कुलवर्धनम् (विश्वजित्) सर्वजेता (च) (अभिजित्) सर्वतो जेता यज्ञः (च) (यः) (साह्नातिरात्रौ) पकरात्र इति शब्दवत् सिद्धिः—म० १० । समानेन दिनेन समाप्यमानो रात्रिमतीत्य वर्तमानश्चतौ यज्ञौ व्यवहारौ वा (उच्छिष्टे) (द्वादशाहः) अ० ६ । ६ (४) । ८ । द्वादशभिर्दिनैः समाप्यमानो यज्ञः (अपि) एव (तत्) पूर्वोक्तम् (मयि) उपासके ॥

सूनृता संनतिः क्षेमः स्वधोर्जामृतं सहः ।
उच्छिष्टे सर्वे प्रत्यञ्चः कामाः कामेन तातृपुः ॥ १३ ॥

सूनृता । सम्-नतिः । क्षेमः । स्वधा । ऊर्जा । अमृतम् ।
सहः ॥ उत्-शिष्टे । सर्वे । प्रत्यञ्चः । कामाः । कामेन । ततृपुः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(सूनृता) प्रिय सत्य वाणी, (संनतिः) यथावत् नम्रता, (क्षेमः) रक्षा, (स्वधा) अन्न, (ऊर्जा) पराक्रम, (सहः) बल और (अमृतम्) अमृत [मृत्यु वा दुःख से बचना अर्थात् पुरुषार्थ] । (सर्वे) [इन] सब (कामाः) कामना योग्य विषयों ने (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में (प्रत्यञ्चः) व्याप कर (कामेन) इष्ट फल के साथ [मनुष्य को] (ततृपुः) तृप्त किया है ॥ १३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य प्रिय सत्य वचन आदि के साथ आत्मिक और शारीरिक बल बढ़ाते हैं, वे परमात्मा के अनुग्रह से सब उत्तम कामनायें सिद्ध करते हैं ॥ १३ ॥

नव भूमीः समुद्रा उच्छिष्टेऽधि श्रिता दिवः ।
आ सूर्यो भात्युच्छिष्टेऽहोरात्रे अपि तन्मयि ॥ १४ ॥

नव । भूमीः । समुद्राः । उत्-शिष्टे । अधि । श्रिताः । दिवः ॥
आ । सूर्यः । भाति । उत्-शिष्टे । अहोरात्रे इति । अपि ।
तत् । मयि ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(नव) नौ [हमारे दो कान, दो आंख, दो नथने, मुख,

१३—(सूनृता) अ० ३ । १२ । २ । प्रियसत्यात्मिका वाक् (संनतिः) सम्यग् नम्रता (क्षेमः) परिरक्षणम् (स्वधा) अ० २ । २६ । ४ अन्नम् (ऊर्जा)ऊर्ज बलप्राणनयोः—पचाद्यच् । पराक्रमः (अमृतम्) मरणराहित्यम् पौरुषम् (सहः) बलम् (उच्छिष्टे) (सर्वे) (प्रत्यञ्चः) अभिमुखमञ्चन्तः प्राप्नुवन्तः (कामाः) काम्यमानाः पदार्थाः (कामेन) इष्टफलेन (ततृपुः) तृप प्रीणने लिट्, सांहितिको दीर्घः । तर्पितवन्तः ॥

१४—(नव) द्वे श्रोत्रे, चक्षुषी, नासिके, मुखम्, द्वे पायूपस्थे नवभिः

पायु और उपस्थ इन नौ अर्थात् सब इन्द्रियों से जाने गये] (भूमीः) भूमि के देश, (समुद्राः) अन्तरिक्ष के लोक और (दिवः) प्रकाशमान लोक (उच्छिष्टे) शेष [म० १। परमात्मा] में (अधि) अधिकार पूर्वक (श्रिताः) ठहरे हैं। (सूर्यः) सूर्य (उच्छिष्टे) शेष [परमेश्वर] में (आ) सब ओर (भाति) चमकता है, और (अहोरात्रे) दिन राति (अपि) भी, (तत्) वह [उनका सुख] (मयि) मुझ [उपासक] में [होवे] ॥ १४ ॥

भावार्थ—मनुष्य अपनी इन्द्रियों से विद्या द्वारा परमेश्वर रचित भूमि आदि से यथावत् उपकार लेकर सुखी होवें ॥ १४ ॥

उपहव्यं विषुवन्तं ये च यज्ञा गुहा हिताः ।
बिभर्ति भर्ता विश्वस्योच्छिष्टो जनितुः पिता ॥ १५ ॥

उप-हव्यम् । विषु-वन्तम् । ये । च । यज्ञाः । गुहा । हिताः ॥
बिभर्ति । भर्ता । विश्वस्य । उत्-शिष्टः । जनितुः । पिता १५

भाषार्थ—(उपहव्यम्) प्राप्ति योग्य (विषुवन्तम्) व्याप्ति वाले [बाहिरी उत्तम गुण] को (च) और (ये) जो (यज्ञाः) श्रेष्ठ गुण (गुहा) बुद्धि के भीतर (हिताः) रक्खे हैं, [उनको भी] (विश्वस्य) सब का (भर्त्ता) पोषक (जनितुः) जनक [हमारे उत्पन्न करने वाले] का (पिता) पिता [पालक] (उच्छिष्टः) शेष [म० १। परमात्मा] (बिभर्ति) धारण करता है ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्य अनादि सर्वपोषक परमेश्वर के ज्ञान द्वारा अपने बाहिरी और भीतरी गुणों का ज्ञान प्राप्त करें ॥ १५ ॥

शरीरिच्छिद्रैर्ज्ञायमानाः—इत्यर्थः (भूमीः) भूमयः। भूमिदेशाः (समुद्राः) अन्तरिक्षलोकाः (उच्छिष्टे) म० १। शेषे । परमात्मनि (अधि) अधिकृत्य (श्रिताः) स्थिताः (दिवः) प्रकाशमाना लोकाः (आ) समन्तात् (सूर्यः) भास्करः (भाति) दीप्यते (उच्छिष्टे) अहोरात्रे) रात्रिंदिने (अपि) (तत्) सुखम् (मयि) उपासके ॥

१५—(उपहव्यम्) हु दानादानयोः-यत् । ग्राह्यं गुणम् (विषुवन्तम्) व्याप्तिमन्तं विस्तारवन्तं गुणम् (ये) (च) (यज्ञाः) श्रेष्ठगुणाः (गुहा) गुहायाम् । बुद्धौ (हिताः) धृताः (बिभर्ति) धरति (भर्ता) पोषकः (विश्वस्य) सर्वस्य (उच्छिष्टः) म० १। शेषः (जनितुः) जनयितुः । जनकस्य (पिता) पालकः । जनकः ॥

पिता जनितुरुच्छिष्टोऽसोः पौत्रः पितामहः ।
स क्षियति विश्वस्येशानो वृषा भूम्यामतिघ्न्यः ॥ १६ ॥

पिता । जनितुः । उत्-शिष्टः । असोः । पौत्रः । पितामहः ॥
सः । क्षियति । विश्वस्य । ईशानः । वृषा । भूम्याम् । अति-घ्न्यः ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(उच्छिष्टः) शेष [म० १। परमात्मा] (जनितुः) जनक [हमारे उत्पादक] का (पिता) पिता और (असोः) प्राण [हमारे जीवन] का (पौत्रः) पोता [पुत्र के पुत्र समान पीछे वर्तमान] और (पितामहः) दादा [पिता के पिता समान पहिले वर्तमान] है। (सः) वह (विश्वस्य) सबका (ईशानः) ईश्वर, (वृषाः) महापराक्रमी [परमात्मा] (भूम्याम्) भूमि पर (अतिघ्न्यः) विना हराया हुआ (क्षियति) बसता है ॥ १६ ॥

भावार्थ—सर्वजनक, अनादि, अनन्त परमेश्वर सर्व विजयी है, उसकी उपासना सब मनुष्य करें ॥ १६ ॥

ऋतं सत्यं तपो राष्ट्रं श्रमो धर्मश्च कर्म च ।
भूतं भविष्यदुच्छिष्टे वीर्यं लक्ष्मीर्बलं बले ॥ १७ ॥

ऋतम् । सत्यम् । तपः राष्ट्रम् । श्रमः । धर्मः । च । कर्म । च ॥
भूतम् । भविष्यत् । उत्-शिष्टे । वीर्यम् । लक्ष्मीः । बलम् । बले ॥ १७ ॥

१६—(पिता) जनकः (जनितुः) जनकस्य (उच्छिष्टः) म० १। परमात्मा (असोः) असु क्षेपणे-उन्। असुरिति प्राणनामास्तः शरीरे भवति-निरु० ३। ८। प्राणस्य जीवनस्य (पौत्रः) पुत्रस्य पुत्रवत् पश्चाद्भावी (पितामहः) अ० ५। ५। १। पितुः पितृसमान प्रथमभवः (सः) (क्षियति) निवसति (विश्वस्य) सर्वस्य (ईशानः) ईश्वरः (वृषा) वृषु सेचने ऐश्वर्ये च—कनिन्। महापराक्रमी। इन्द्रः (भूम्याम्) पृथिव्याम् (अतिघ्न्यः) अघ्न्यादयश्च। उ० ४। ११२। अति+हन हिंसागत्योः-यक्। अतिक्रान्तहननः। अहन्तव्यः। अजेयः ॥

भाषार्थ--(ऋतम्) सत्य शास्त्र, (सत्यम्) सत्यवचन, (तपः) तप [इन्द्रियदमन], (राष्ट्रम्) राज्य, (श्रमः) परिश्रमः (च) और (धर्मः) धर्म [पक्षपात रहित न्याय और सत्य आचरण] (च) और (कर्म) कर्म। (भूतम) उत्पन्न हुआ और (भविष्यत्) उत्पन्न होने वाला जगत्, (वीर्यम्) वीरता, (लक्ष्मीः) लक्ष्मी [सर्वसम्पत्ति] और (बले) बले के भीतर [वर्तमानन्] (बलम्) बल (उच्छिष्टे) शेष [म० १। परमात्मा] में हैं ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की उपासना से सत्य व्यवहार वीरता आदि करके लक्ष्मीवान् होवें ॥ १७ ॥

समृद्धिरोज आकूतिः क्षत्रं राष्ट्रं षडुर्व्यः ।
संवत्सरोऽध्युच्छिष्ट इडा प्रैषा ग्रहा हविः ॥ १८ ॥

सम्-ऋद्धिः । ओजः । आ-कूतिः । क्षत्रम् । राष्ट्रम् । षट् । उर्व्यः ॥ सम्-वत्सरः । अधि । उत्-शिष्टे । इडा । प्र-एषाः । ग्रहाः । हविः ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(समृद्धिः) समृद्धि [सर्वथा वृद्धि] (ओजः) पराक्रम (आकूतिः) संकल्प [मनमें विचार] (क्षत्रम्) हानि से रक्षक [क्षत्रियपन] (राष्ट्रम्) राज्य और (षट्) छह (उर्व्यः) फैली [दिशायें]। (संवत्सरः) वर्ष (इडा)

१७—(ऋतम्) सत्यशास्त्रम्। यथार्थसंकल्पनम् (सत्यम्) यथार्थभाषणम् (तपः) इन्द्रियदमनम् (राष्ट्रम्) राज्यम् (श्रमः) परिश्रमः (धर्मः) अर्त्तिस्तुसुहुसृधृ०। उ० १। १४०। धृञ् धारणे-मन्। ध्रियते सुखप्राप्तये सेव्यते स धर्मः। पक्षपातरहितो न्यायः। सत्याचारः (कर्म) विहितं कार्यम् (च) (भूतम्) उत्पन्नं जगत् (भविष्यत्) उत्पत्स्यमानम् (उच्छिष्टे) (वीर्यम्) वीरकर्म (लक्ष्मीः) लक्षेर्मुट् च। उ० ३। १६०। लक्ष दर्शने अङ्कने च। ई प्रत्ययो मुट् च। दर्शनीया सर्व सम्पत्तिः (बलम्) सामर्थ्यम् (बले] सामर्थ्ये ॥

१८—(समृद्धिः) अभिवृद्धिः (ओजः) बलम् (आकूतिः) संकल्पः (क्षत्रम्) अ० २। १५। ४। क्षत्+त्रैङ् पालने-क। क्षतो हाने रक्षकं क्षत्रियधर्मः (राष्ट्रम्) राज्यम् (षट्) (उर्व्यः) विस्तृता दिशः (संवत्सरः) वर्ष-

वाणी, (प्रैषाः) प्रेरणायें, (ग्रहाः) अनेक प्रयत्न और (हविः) ग्राह्य वस्तु (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में (अधि) अधिकार पूर्वक हैं ॥१८॥

भावार्थ—परमेश्वर में पूर्ण विश्वास से मनुष्य दिशाओं अर्थात् देश और संवत्सर अर्थात् काल का विचार करके सदा प्रयत्न के साथ राज्य आदि व्यवहार करें ॥ १८ ॥

चतु॑र्होतार आ॒प्रिय॑श्चातुर्मा॒स्यानि॑ नी॒विदः॑ ।
उच्छि॑ष्टे य॒ज्ञा होत्राः॑ पशुब॒न्धास्तदिष्ट॑यः ॥ १९ ॥

चतुः॑-होतारः । आ॒प्रियः॑ । चा॒तुः-मा॒स्यानि॑ । नि॒-विदः॑ ॥
उत्-शि॑ष्टे । य॒ज्ञाः । होत्राः॑ । प॒शु-ब॒न्धाः । तत् । इष्ट॑यः १९॥

भाषार्थ—(चतुर्होतारः) चार [ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, चार वर्णों] से ग्राह्य व्यवहार, (चातुर्मास्यानि) चार महीनों में सिद्ध होने वाले कर्म (आप्रियः) सर्वथा प्रीति उत्पन्न करने वाली क्रियायें और (निविदः) निश्चित् विद्यायें, (यज्ञाः) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार], (होत्राः) देने लेने योग्य [वेद वाचायें] (पशुबन्धाः) प्राणियों के प्रबन्ध (तत्) तथा (इष्टयः) इष्ट क्रियायें (उच्छिष्टे) शेष [म० १।५ परमात्मा] में हैं ॥ १९ ॥

भावार्थ—सर्वविद्यामय, सर्वाधार परमेश्वर की उपासना से मनुष्य अपने २ योग्य कर्मों में प्रवृत्ति करें ॥ १९ ॥

कालः (अधि) (उच्छिष्टे) (इडा) अ० ३ । १० । ६ । इल गतौ-क, टाप् । वाणी-निघ० १ । ११ (प्रैषाः) प्र+इष गतौ-घञ् । प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु । वा० पा० ६ । १ । ८९ । इति वृद्धिः । प्रैषणव्यवहाराः । प्रेरणाः (ग्रहाः) ग्राह्याः प्रयत्नाः । उद्यमाः (हविः) ग्राह्यं वस्तु ॥

१९—(चतुर्होतारः) चत्वारो ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्रा होत्तारो ग्रहीतारो येषां ते व्यवहाराः (आप्रियः) प्रीञ् तर्पणे कांतौ च-क्विप् । सर्वथा प्रीत्युत्पादिकाः क्रियाः (चातुर्मास्यानि) चतुर्मासाण् ण्यो यज्ञे । वा पा० ५ । १ । ९४ । चतुर्षु मासेषु साध्यानि कर्माणि (निविदः) अ० ५ । २६ । ४ । निश्चितविद्याः (उच्छिष्टे) (यज्ञाः) श्रेष्ठव्यवहाराः (होत्राः) अ० ११ : ६ । १४ । दानादानयोग्या वेदवाचः (पशुप्रबन्धाः) पशवो व्यक्तवाचश्चाव्यक्तवाचश्च—निरु० ११ । २९ । पशूनां प्राणिनां प्रबन्धाः (तत) तथा (इष्टयः) इष्टक्रियाः ॥

अर्धमासाश्च मासाश्चार्तवा ऋतुभिः सह ।
उच्छिष्टे घोषिणीरापः स्तनयित्नुः श्रुतिर्मही ॥ २० ॥ (२०)

अर्ध-मासाः । च । मासाः । च । आर्तवाः । ऋतु-भिः । सह ॥ उत्-शिष्टे । घोषिणीः । आपः । स्तनयित्नुः । श्रुतिः । मही ॥ २० ॥ (२०)

भाषार्थ—(अर्धमासाः) आधे महीने (च) और (मासाः) महीने (च) और (ऋतुभिः सह) ऋतुओं के साथ (आर्तवाः) ऋतुओं के पदार्थ, (घोषिणीः) शब्द करने वाली (आपः) जल धारायें, (स्तनयित्नुः) मेघ की गर्जन, (श्रुतिः) सुनने योग्य [वेद वाणी] और (मही) भूमि (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में हैं ॥ २० ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने मनुष्य के सुख के लिये पखवाड़े, महीने, ऋतुयें और ऋतुओं की उपज और अन्य सब पदार्थ उत्पन्न किये हैं ॥ २० ॥

शर्कराः सिकता अश्मान ओषधयो वीरुधस्तृणा ।
अभ्राणि विद्युतो वर्षमुच्छिष्टे संश्रिता श्रिता ॥ २१ ॥

शर्कराः । सिकताः । अश्मानः । ओषधयः । वीरुधः । तृणा ॥ अभ्राणि । वि-द्युतः । वर्षम् । उत्-शिष्टे । सम्-श्रिता । श्रिता ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(शर्कराः) कंकड़ आदि (अश्मानः) पत्थर, (सिकताः) बालू, (ओषधयः) ओषधें [अन्नादि], (वीरुधः) जड़ी बूटियां, (तृणा)

२०—(अर्धमासाः) मासपक्षाः (च) (मासाः) चैत्राद्याः (आर्तवाः) ऋतुषु समुत्पन्नाः पदार्थाः (ऋतुभिः) वसन्तादिभिः (सह) (उच्छिष्टे) (घोषिणीः) शब्दवत्यः (आपः) जलधाराः (स्तनयित्नुः) अ० ४ । १५ । ११ । मेघध्वनिः (श्रुतिः) श्रवणीया वेदवाणी (मही) भूमिः ॥

२१—(शर्कराः) शः करन् । उ० ४ । ३ । शॄ हिंसायाम्-करन्, टाप् । उपलखण्डाः (सिकताः) वालुकाः (अश्मानः) प्रस्तराः (ओषधयः) अन्ना-

श्वासें, (अभ्राणि) बादल, (विद्युतः) बिजुलियां, (वर्षम्) बरसात, (संश्रिता) [ये सब] परस्पर आश्रित द्रव्य (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में] (श्रिता) ठहरे हैं ॥ २१ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर की महिमा को विचार कर कंकड़ पत्थर आदि पदार्थों से यथा योग्य कार्य सिद्ध करें ॥ २१ ॥

राद्धिः प्राप्तिः समाप्तिर्व्याप्तिर्मह एधतुः ।
अत्याप्तिरुच्छिष्टे भूतिश्चाहिता निहिता हिता ॥ २२ ॥

राद्धिः । प्र-आप्तिः । सम्-आप्तिः । वि-आप्तिः । महः । एधतुः ॥ अति-आप्तिः । उत्-शिष्टे । भूतिः । च । आ-हिता । नि-हिता । हिता ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(राद्धिः) अर्थ सिद्धि, (प्राप्तिः) प्राप्ति [लाभ], (समाप्तिः) समाप्ति [पूर्त्ति], (व्याप्तिः) व्याप्ति [फैलाव], (महः) बड़ाई, (एधतुः) बढ़ती, (अत्याप्तिः) अत्यन्त प्राप्ति (च) और (आहिता) सब ओर से रक्खी हुई और (निहिता) गहरी रक्खी हुई (भूतिः) विभूति [सम्पत्ति] (उच्छिष्टे) शेष [म० १ । परमात्मा] में (हिता) रक्खी है ॥ २२ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर के आश्रय से अर्थ सिद्धि आदि प्राप्त करके ऐश्वर्यवान् होवें ॥ २२ ॥

यच्च प्राणति प्राणेन यच्च पश्यति चक्षुषा ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ २३ ॥

दयः (वीरुधः) विरोहणशीला लतादयः (तृणा) गवादिभक्षणानि (अभ्राणि) अभ्र गतौ-अच् । गतिमन्तो मेघाः (विद्युतः) तडितः (वर्षम्) वृष्टिः, (उच्छिष्टे) (संश्रिता) परस्परस्थितानि (श्रिता) स्थितानि ॥

२२—(राद्धिः) अर्थसिद्धिः (प्राप्तिः) लाभः (समाप्तिः) पूर्तिः (व्याप्तिः) विस्तृतिः (महः) महत्त्वम् (एधतुः) एधिवह्योश्चतुः । उ० १ । ७७ । एध वृद्धौ-चतु । वृद्धिः (अत्याप्तिः) अत्यन्तप्राप्तिः (उच्छिष्टे) (आहिता) समन्ताद् धृता (निहिता) निक्षिप्तो (हिता) स्थिता ॥

यत् । च । प्राणति । प्राणेन । यत् । च । पश्यति । चक्षुषा ॥
उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । दिवि । देवाः । दिवि-श्रितः ॥२३॥

भाषार्थ—(च) और (यत्) जो कुछ (प्राणेन) प्राण [श्वास प्रश्वास] के साथ (प्राणति) जीता है, (च) और (यत्) जोकुछ (चक्षुषा) नेत्र से (पश्यति) देखता है। [वह सब और] (दिवि) आकाश में [वर्तमान] (दिवि-श्रितः) सूर्य [के आकर्षण] में ठहरे हुये (सर्वे) सब (देवाः) गतिमान् लोक (उच्छिष्टात्) शेष [म० १। परमात्मा] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं ॥ २३ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने सब प्राण वाले जगत् और सब लोकों को सूर्य के आकर्षण में रखकर मनुष्य के सुख के लिये उत्पन्न किया है ॥ २३ ॥

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ २४ ॥

ऋचः । सामानि । छन्दांसि । पुराणम् । यजुषा । सह ॥ उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । दिवि । देवाः । दिवि-श्रितः ॥२४॥

भाषार्थ—(ऋचः) स्तुति विद्यायें [वा ऋग्वेद मन्त्र] (सामानि) मोक्ष ज्ञान [वा साम वेद मन्त्र] और (यजुषा सह) विद्वानों के सत्कार सहित [वा यजुर्वेद सहित] (छन्दांसि) आनन्द प्रद कर्म [वा अथर्ववेद मन्त्र] और (पुराणम्) पुराण [पुरातन वृत्तान्त]। [यह सब और] (दिवि) आकाश में [वर्तमान] (दिविश्रितः) सूर्य [के आकर्षण] में ठहरे हुये (सर्वे)

२३—(यत्) यत् किञ्चिज् जगत् (च) (प्राणति) प्रकर्षेण जीवति (प्राणेन) श्वासप्रश्वासव्यापारेण (यत् च) (पश्यति) अवलोकयति (चक्षुषा) नेत्रेण (उच्छिष्टात्) म० १। शेषात्परमेश्वरात् (जज्ञिरे) उत्पन्ना बभूवुः (सर्वे) (दिवि) आकाशे वर्तमानाः (देवाः) दिवु गतौ-पचाद्यच्। गतिमन्तो लोकाः (दिविश्रितः) दिवि सूर्ये सूर्याकर्षणे स्थिताः ॥

२४—(ऋचः) अ० ११। ६। १४। स्तुतिविद्याः । ऋग्वेदमन्त्राः (सामानि) अ० ११। ६। १४। मोक्षज्ञानानि। साममन्त्राः (छन्दांसि) अ० ४। ३४। १। चदि आह्लादने-असुन्, चस्य छः। आह्लादकर्माणि । अथर्ववेदमन्त्राः (पुराणम्) अ० १०। ७। २६। पुरातनवृत्तान्तः (यजुषा) अ० ७। ५४। २।

सब (देवाः) गतिमान् लोक (उच्छिष्टात्) शेष [म० १। परमात्मा] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने सब उत्तम कर्म और वेद आदि शास्त्र और सब पदार्थ मनुष्य के सुख के लिये प्रकट किये हैं ॥ २४ ॥

प्राणापानौ चक्षुः श्रोत्रमक्षितिश्च क्षितिश्च या ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ २५ ॥

प्राणापानौ । चक्षुः । श्रोत्रम् । अक्षितिः । च । क्षितिः । च । या ॥
उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । दिवि । देवाः । दिवि-श्रितः ॥२५॥

भाषार्थ—(प्राणापानौ) प्राण और अपान [भीतर और बाहिर जाने वाले श्वास], (चक्षुः) नेत्र, (श्रोत्रम्) कान (च) और (या) जो (अक्षितिः) [तत्त्वों की] निर्हानि [बढ़ती] (च) और (क्षितिः) [तत्त्वों की] हानि। [यह सब और] (दिवि) आकाश में [वर्तमान] (दिविश्रितः) सूर्य [के आकर्षण] में ठहरे हुये (सर्वे) सब (देवाः) गतिमान् लोक (उच्छिष्टात्) शेष [म० १। परमात्मा] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं ॥ २५ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने शरीर में पृथिवी आदि तत्त्वों के बढ़ाव घटाव से मनुष्य को जीवधारण, देखने और सुनने आदि के साधन देकर और सृष्टि के पदार्थों का साक्षात् कराकर सुख बढ़ाने का उपदेश किया है ॥ २५ ॥

आनन्दा मोदाः प्रमुदोऽभीमोदमुदश्च ये ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ २६ ॥

आ-नन्दाः । मोदाः । प्र-मुदः । अभिमोद-मुदः । च । ये ॥
उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । दिवि । देवाः । दिवि-श्रितः ॥२६॥

विदुषां सत्कारेण । यजुर्मन्त्रेण (सह) शेषं पूर्ववत् ॥

२५—(प्राणापानौ) श्वासप्रश्वासौ (चक्षुः) नेत्रम् (श्रोत्रम्) करणम् (अक्षितिः) तत्त्वानां निर्हानिः (च) (क्षितिः) तत्त्वानां हानिः (च) (या) । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(आनन्दाः) आनन्द, (मोदाः) हर्ष, (प्रमुदः) बड़े आनन्द (च) और (ये) जो (अभिमोदमुदः) बड़े उत्सवों से हर्ष देने वाले पदार्थ हैं। [यह सब और] (दिवि) आकाश में [वर्तमान] (दिविश्रितः) सूर्य [के आकर्षण] में ठहरे हुये (सर्वे) सब (देवाः) गतिमान् लोक (उच्छिष्टात्) शेष [म० १ परमात्मा] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं ॥ २६ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने मनुष्य को अनेक प्रकार से आनन्द पाने के लिये अनेक आनन्द साधन प्रदान किये हैं ॥ २६ ॥

देवाः पितरो मनुष्या गन्धर्वाप्सरसश्च ये ।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रितः ॥ २७ ॥ (२१)

देवाः । पितरः । मनुष्याः । गन्धर्व-अप्सरसः । च । ये ॥
उत्-शिष्टात् । जज्ञिरे । सर्वे । दिवि । देवाः । दिवि-श्रितः ॥ २७

भाषार्थ—(देवाः) विद्वान् लोग, (पितरः) ज्ञानी लोग, (मनुष्याः) मनन शील लोग (च) और (ये) जो (गन्धर्वाप्सरसः) गन्धर्व [पृथिवी के धारण करने वाले] और अप्सर [आकाश में चलने वाले पुरुष] हैं। [यह सब और] (दिवि) आकाश में [वर्तमान] (दिविश्रितः) सूर्य [के आकर्षण] में ठहरे हुये (सर्वे) सब (देवाः) गतिमान् लोक (उच्छिष्टात्) शेष [म० १। परमात्मा] से (जज्ञिरे) उत्पन्न हुये हैं ॥ २७ ॥

भावार्थ—परमात्मा के सामर्थ्य से अनेक विद्वान् लोग और अनेक पदार्थ संसार में सुख बढ़ाने के लिये उत्पन्न हुये हैं ॥

यह मन्त्र महर्षि दयानन्द कृत ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका पृष्ट १३५, १३६ में व्याख्यात है ॥

२६—(आनन्दाः) सुखविशेषाः (मोदाः) हर्षाः (प्रमुदः) प्रकृष्टहर्षाः (अभिमोदमुदः) अभिमोदैर्महोत्सवैर्हर्षयितारः पदार्थाः (च) (ये) अन्यत् पूर्ववत् ॥

२७—(देवाः) विद्वांसः (पितरः) ज्ञानिनः (मनुष्याः) मननशीलाः (गन्धर्वाप्सरसः) अ० ८। ८। १५। गां पृथिवीं धरन्ति ये ते गन्धर्वाः। अप्सु आकाशे सरन्ति ते अप्सरसः। तथाभूताः पुरुषाः। अन्यत् पूर्ववत् ॥

सूक्तम् ॥ ८ ॥

१—३४ ॥ मन्युर्देवता ॥ १—२८, ३०-३२, ३४ अनुष्टुप्; २६ विराडनुष्टुप्; ३३ पथ्या पङ्क्तिः ॥

शरीररचनोपदेशः—शरीर की रचना का उपदेश।

यन्म॒न्युर्जा॒याम॒ाव॑हत् संक॒ल्पस्य॑ गृ॒हादधि॑ ।
क आ॑सं॒ जन्या॒ः के व॒राः क उ॑ ज्येष्ठव॒रो॑ऽभवत् ॥ १ ॥

यत् । म॒न्युः। जा॒याम् । आ॒-अव॑हत् । स॒म्-क॒ल्पस्य॑ । गृ॒हात्। अधि॑ ॥ के । आ॒स॒न् । जन्या॑ः। के । व॒राः । कः । ऊं॒ इति॑ । ज्ये॒ष्ठ-व॒रः । अ॒भ॒व॒त् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (मन्युः) सर्वज्ञ [परमेश्वर] (जायाम्) सृष्टि की क्रिया को (संकल्पस्य) सङ्कल्प [मनोविचार] के (गृहात्) ग्रहण [स्वीकार करने] से (अधि) अधिकार पूर्वक (आवहत्) सब ओर लाया [प्रकट किया] । (के) कौन (जन्याः) उत्पत्ति में साधक [योग्य] पदार्थ और (के) कौन (वराः) वर [वरणीय, इष्टफल] (आसन्) थे, (कः उ) कौन ही (ज्येष्ठवरः) सर्वोत्तम वरों [इष्टफलों] का देने वाला (अभवत्) हुआ ॥ १ ॥

भावार्थ—जब ईश्वर ने सृष्टि की रचना चाहा, तब यह प्रश्न उत्पन्न हुये-किन पदार्थों से सृष्टि की जावे, किस प्रयोजन के लिये वह होवे, और कौन उसका स्वामी हो। इस का उत्तर आगे है ॥ १ ॥

१—(यत्) यदा (मन्युः) अ० १ । १० । १ । यजिमनिशुन्धि० । उ० ३ । २० । मन ज्ञाने—युच् । सर्वज्ञः परमेश्वरः (जायाम्) जनेर्यक् । उ० ४ । १११ । जन जनने—यक् । जायतेऽस्यां सर्वं जगदिति जाया तां सृष्टिक्रियाम् (आवहत्) समन्तात् प्रापयत् । प्रकटीकृतवान् (सङ्कल्पस्य) मनोविचारस्य (गृहात्) गृह ग्रहणे क । ग्रहणात् । स्वीकरणात् (अधि) अधिकारपूर्वकम् (आसन्) अभवन् (जन्याः) तत्र साधुः । पा० ४ । ४ । ६८ । जन—यत् । जने जनने, उत्पादने, साधका योग्याः पदार्थाः (के) (वराः) वरणीया इष्टपदार्थाः (कः) (उ) एव (ज्येष्ठवरः) ज्येष्ठाः सर्वोत्कृष्टा वरा वरणीयपदार्था यस्मात् सः ॥

तपश्चै॒वास्तां कर्म॑ चा॒न्तर्म॑ह॒त्य॑र्ण॒वे ।
त आ॑स॒न् जन्या॒स्ते व॒रा ब्रह्म॑ ज्येष्ठव॒रो॒ऽभवत् ॥ २ ॥

तप॑ः । च॒ । ए॒व । आ॒स्ता॒म् । कर्म॑ । च॒ । अ॒न्तः । म॒ह॒ति॒ । अ॒र्ण॒वे ॥ ते । आ॒स॒न् । जन्या॑ः । ते । व॒राः । ब्रह्म॑ । ज्ये॒ष्ठ॒ऽव॒रः । अ॒भ॒व॒त् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(तपः) तप [ईश्वर का सामर्थ्य] (च च) और (कर्म) कर्म [प्राणियों के कर्म का फल] (एव) ही (महति अर्णवे अन्तः) बड़े समुद्र [परमेश्वर के गम्भीर सामर्थ्य] के भीतर (आस्ताम्) दोनों थे । [तप और कर्म ही] (ते) वे प्रसिद्ध] (जन्याः) उत्पत्ति में साधन [योग्य] पदार्थ और (ते) वे ही (वराः) वर [वरणीय इष्टफल] (आसन्) थे, (ब्रह्म) ब्रह्म [सब से बड़ा परमात्मा] (ज्येष्ठवरः) सर्वोत्तम वरों [इष्ट फलों] का दाता (अभवत्) हुआ ॥ २ ॥

भावार्थ—अनादि चक्र रूप संसार में परमात्मा अपने सामर्थ्य से प्राणियों के कर्मानुसार सृष्टि रचकर आप ही सर्वनियन्ता हुआ । यह गत मन्त्र के तीनों प्रश्नों का उत्तर है । मन्त्र ३ तथा ४ में इसी का विवरण है ॥२॥

दश॑ सा॒कम॑जायन्त दे॒वा दे॒वेभ्य॑ः पु॒रा ।
यो वै तान् वि॒द्यात् प्र॒त्यक्षं॒ स वा अ॒द्य म॒हद् व॑देत् ॥ ३ ॥

दश॑ । सा॒कम् । अ॒जा॒य॒न्त॒ । दे॒वाः । दे॒वेभ्य॑ः । पु॒रा ॥ यः । वै । तान् । वि॒द्यात् । प्र॒ति॒ऽअ॒क्षम् । सः । वै । अ॒द्य । म॒हत् । व॒दे॒त् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(दश देवाः) दस दिव्य पदार्थ [पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय] (पुरा) पूर्व काल में [वर्तमान] (देवेभ्यः) दिव्य पदार्थों [कर्म

२—(तपः) तप ऐश्वर्ये—असुन् । ईश्वरसामर्थ्यम् (च) (एव) (आस्ताम्) अभवताम् (कर्म) प्राणिनां पुण्यपापकर्मफलम् (च) (अन्तः) मध्ये (महति) प्रभूते (अर्णवे) अ० १ । १० । ४ । समुद्रे । परमेश्वरस्य गम्भीरसामर्थ्ये (ते) प्रसिद्धाः (ब्रह्म) प्रवृद्धः परमात्मा । अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

३—(दश) दशसंख्याकाः (साकम्) सह (अजायन्त) प्रादुरभवन् (देवाः) स्वस्वविषयप्रकाशनशीलानि ज्ञानकर्मेन्द्रियाणि (देवेभ्यः)

फलों] से (साकम्) परस्पर मिले हुये (अजायन्त) उत्पन्न हुये । (यः) जो पुरुष (वै) निश्चय करके (तान्) उनको (प्रत्यक्षम्) प्रत्यक्ष (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह (वै) ही (अद्य) आज (महत्) महान् [ब्रह्म] को (वदेत्) बतलावे ॥ ३॥

भावार्थ—फिर उस ब्रह्म के सामर्थ्य से प्राणियों के पूर्वसंचित कर्म अनुसार पांच ज्ञानेन्द्रिय, कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, नासिका और पांच कर्मेन्द्रिय वाक्, हाथ, पांव, पायु, उपस्थ, कर्मों के जानने और करने के लिये उत्पन्न हुये। सूक्ष्म दर्शी पुरुष ही इसको जानकर परमात्मा का उपदेश करते हैं ॥ ३ ॥

प्राणापानौ चक्षुः श्रोत्रमक्षितिश्च क्षितिश्च या ।
व्यानोदानौ वाङ् मनस्ते वा आकूतिमावहन् ॥ ४ ॥

प्राणापानौ । चक्षुः । श्रोत्रम् । अक्षितिः । च । क्षितिः । च । या ॥ व्यान-उदानौ । वाक् । मनः । ते । वै । आ-कूतिम् । आ । अवहन् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(प्राणापानौ) प्राण और अपान [भीतर और बाहिर जाने वाला श्वास], (चक्षुः) नेत्र, (श्रोत्रम्) कान, (च) और (या) जो (अक्षितिः) [सुख की] निर्हानि (च) और (क्षितिः) [दुःख की] हानि । (व्यानोदानौ) व्यान [सब नाड़ियों में रस पहुंचाने वाला वायु] और (वाक्) वाणी और (मनः) मन, (ते) इन सब ने (वै) निश्चय करके (आकूतिम्)

पञ्चमी विभक्तिः । दिव्यपदार्थेभ्यः । पूर्वकर्मफलानां सकाशात् (पुरा) पुरातनकाले वर्तमानेभ्यः (यः) विवेकी (वै) (तान्) (विद्यात्) जानीयात् (प्रत्यक्षम्) साक्षात्कारेण (सः) (वै) (अद्य) अस्मिन् दिने (महत्) पूजनीयं ब्रह्म (वदेत्) उपदिशेत् ॥

४—(व्यानोदानौ) सर्वासु नाडिषु रसमनिति प्रेरयतीति व्यानः । उत् ऊर्ध्वमनिति चेष्टतइत्युदानः । तौ वायुव्यापारौ (वाक्) वचनसाधनमिन्द्रियम् (मनः) सङ्कल्पविकल्पात्मकवृत्तिमदन्तःकरणम (ते) पूर्वोक्ताः पदार्थाः (वै)

सङ्कल्प [प्राणी के मनोविचार] को (आ) सब ओर से (अवहन्) प्राप्त कराया ॥ ४ ॥

भावार्थ—प्राणियों के विहित कर्मों की सिद्धि के लिये परमेश्वर ने प्राण, अपान आदि बनाये। मन्त्र १ का उत्तर समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध आ चुका है—अ० ११। ७। २५ ॥

अजाता आसन्नृतवोऽथो धाता बृहस्पतिः।
इन्द्राग्नी अश्विना तर्हि कं ते ज्येष्ठमुपासत ॥ ५ ॥

अजाताः। आसन्। ऋतवः। अथो इति। धाता। बृहस्पतिः॥ इन्द्राग्नी इति। अश्विना। तर्हि। कम्। ते। ज्येष्ठम्। उप। आसत ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(ऋतवः) ऋतुयें (अजाताः) अनुत्पन्न (आसन्) थे, (अथो) और भी (धाता) धाता [धारण करने वाला आकाश], (बृहस्पतिः) [बड़े पदार्थों का रक्षक वायु], (इन्द्राग्नी) इन्द्र [मेघ] और अग्नि [सूर्य आदि] और (अश्विना) दिन और राति [अनुत्पन्न थे], (तर्हि) तब (ते) उन्होंने [ऋतु आदिकों ने] (कम् ज्येष्ठम्) कौन से सर्वश्रेष्ठ को (उप आसत) पूजा है ५.

भावार्थ—जब वसन्त आदि ऋतुयें और आकाश वायु आदि पदार्थ स्थूल दशा में नहीं थे, तब उनका अधिष्ठाता कौन था। इस प्रश्न का उत्तर अगले मन्त्र में है ॥ ५ ॥

(आकूतिम्) संकल्पम् (आ अवहन्) समन्तात् प्रापितवन्तः प्रकटी कृतवन्तः। अन्यद् व्याख्यातम्—अ० ११। ७। २५ ॥

५—(अजाताः) अनुत्पन्नाः। अप्रादुर्भूताः (आसन्) अभवन् (ऋतवः) वसन्ताद्याः कालाः (अथो) अपि च (धाता) सर्वस्य विधाता—निरु० ११। १०। इति मध्यस्थानदेवतासु पाठात्। लोकानां धारक आकाशः (बृहस्पतिः) बृहस्पतिर्बृहतः पाता वा पालयिता वा—निरु० १०। ११। इति मध्यस्थानदेवतासु पाठात्। बृहतां प्राणिनां रक्षको वायुः (इन्द्राग्नी) मेघतापौ (अश्विना) अहोरात्रौ निरु० १२। १ (तर्हि) तदा (कम्) अधिष्ठातारम् (ते) पूर्वोक्ताः (ज्येष्ठम्) सर्वोत्कृष्टम् (उपासत) पूजितवन्तः ॥

तपश्चै॒वास्तां॒ कर्म॑ चा॒न्तर्म॑ह॒त्य॑र्ण॒वे ।
तपो॑ ह जज्ञे॒ कर्म॑ण॒स्तत् ते ज्ये॒ष्ठमुपा॑सत ॥ ६ ॥

तपः॑ । च॒ । ए॒व । आ॒स्ता॒म् । कर्म॑ । च॒ । अ॒न्तः । म॒ह॒ति । अ॒र्ण॒वे ॥ तपः॑ । ह॒ । ज॒ज्ञे॒ । कर्म॑णः । तत् । ते । ज्ये॒ष्ठम् । उप॑ । आ॒स॒त॒ ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(तपः) तप [ईश्वर का सामर्थ्य] (च च) और (कर्म) कर्म [प्राणियों के कर्म का फल] (एव) ही (महति अर्णवे अन्तः) बड़े समुद्र [परमेश्वर के गम्भीर सामर्थ्य] के भीतर (आस्ताम्) दोनों थे। (तपः) तप [ईश्वर का सामर्थ्य (ह) निश्चय करके (कर्मणः) कर्म [कर्म के फल अनुसार शरीर, स्वभाव आदि रचना] से (जज्ञे) प्रकट हुआ है, (तत्) सो (ते) उन्हों ने [ऋतु आदिकों ने-म० ५] (ज्येष्ठम्) सर्वश्रेष्ठ परमात्मा को (उप-आसत) पूजा है ॥ ६ ॥

भावार्थ—प्रलय में प्राणियों के कर्म फल और ईश्वर सामर्थ्य भी ईश्वर सामर्थ्य में रक्षित थे। फिर सृष्टि काल में कर्म फलों के अनुसार प्राणियों के विविध प्रकार शरीर और स्वभाव प्रकट हुये। उस से परमात्मा ही सर्व नियन्ता प्रतीत हुआ ॥ ६ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध ऊपर म० २ में आ चुका है ॥

येत आसी॒द् भूमिः॒ पूर्वा॒ याम॑द्धात॒य इ॒द् वि॒दुः ।
यो वै तां वि॒द्यान्ना॒मथा॒ स म॑न्येत पुरा॒ण॒वित् ॥ ७ ॥

या । इ॒तः । आसी॑त् । भूमिः॑ । पूर्वा॑ । याम् । अ॒द्धा॒तयः॑ । इत् । वि॒दुः ॥ यः । वै । ताम् । वि॒द्यात् । ना॒म-था॒ । सः । म॒न्ये॒त॒ । पु॒रा॒ण-वित् ॥ ७ ॥

६—(तपः) ईश्वरसामर्थ्यम् (ह) एव (जज्ञे) प्रादुर्बभूव (कर्मणः) कर्मफलानुसारेण शरीरस्वभावादिरचनारूपात् कर्मसकाशात् (तत्) तदा (ते) ऋतुधात्रादयः-म० ५ (ज्येष्ठम्) सर्वोत्कृष्टं परमात्मानम् (उपासत) पूजितवन्तः। अन्यत् पूर्ववत्-म० २ ॥

भाषार्थ—(इतः) इस [दीखती हुई भूमि] से (पूर्वा) पहिली [पहिले कल्प वाली] (या भूमिः) जो भूमि (आसीत्) थी और (याम्) जिस [भूमि] को (अद्धातयः) सत्य ज्ञानी पुरुष (इत्) ही (विदुः) जानते हैं। (यः) जो (वै) निश्चय करके (ताम्) उस [पहिले कल्प वाली भूमि] को (नामथा) नाम द्वारा [तत्त्वतः] (विद्यात्) जान लेवे, (सः) वह (पुराणवित्) पुराणवेत्ता [पिछले वृत्तान्त जानने वाला] (मन्येत) माना जावे ॥७॥

भावार्थ—वर्तमान सृष्टि में एक से साधन उपस्थित हो जाने पर भी किसी को ज्ञानी, किसी को अज्ञानी, किसी को धनी, किसी को निर्धनी, आदि विचित्रता देखकर बुद्धिमान् लोग पूर्व सृष्टि का अनुभव करते और उसके मर्म को साक्षात् करते हैं ॥ ७ ॥

कुत इन्द्रः कुतः सोमः कुतो अग्निरजायत ।
कुतस्त्वष्टा समभवत् कुतो धाताजायत ॥ ८ ॥

कुतः । इन्द्रः । कुतः । सोमः । कुतः । अग्निः । अजायत ॥
कुतः । त्वष्टा । सम् । अभवत् । कुतः । धाता । अजायत ॥८॥

भाषार्थ—(कुतः) कहां से [किस कारण से] (इन्द्रः) इन्द्र [मेघ], (कुतः) कहां से (सोमः) सोम [प्रेरक वायु], (कुतः) कहां से (अग्निः) अग्नि [सूर्य आदि तेज] (अजायत) उत्पन्न हुआ है। (कुतः) कहां से (त्वष्टा)

७—(या) भूमिः (इतः) दृश्यमानाया भूमेः (आसीत्) अभवत् (भूमिः) (पूर्वा) पूर्वकल्पस्था (याम्) पूर्वां भूमिम् (अद्धातयः) अ० ६। ७६। २। अद्धा + अत सातत्यगमने—इन्। अद्धा सत्यमतन्ति जानन्ति ते। सत्यज्ञातारः। मेधाविनः—निघ० ३। १५ (इत्) एव (विदुः) जानन्ति (यः) विद्वान् (वै) खलु (ताम्) पूर्वां भूमिम् (नामथा) नामप्रकारेण। यथार्थज्ञानेन (सः) (मन्येत) कर्मणि यक्। ज्ञायेत। बुध्येत (पुराणवित्) पूर्ववृत्तान्तवेत्ता ॥

८—(कुतः) कस्मात् कारणात् (इन्द्रः) मेघः (सोमः) इत्यस्य मध्यस्थानदेवतासु पाठात्-निरु० ११। २। प्रेरको वायुः (अग्निः) सूर्यादितापः (अजायत) उदपद्यत (त्वष्टा) त्वष्टा तूर्णमश्नुत इति नैरुक्तास्त्विषेर्वा स्याद्

त्वष्टा [शरीर आदि का कारण पृथिवी तत्त्व] (सम् अभवत्) उत्पन्न हुआ है; (कुतः) कहां से (धाता) धाता [धारण करने वाला आकाश] (अजायत) प्रकट हुआ है ॥ ८ ॥

भावार्थ—मेघ आदि पदार्थ किस कारण से उत्पन्न हुये हैं। इन प्रश्नों का उत्तर अगले मंत्र में है ॥ ८ ॥

इन्द्रादिन्द्रः सोमात् सोमो अग्नेरग्निरजायत।
त्वष्टा ह जज्ञे त्वष्टुर्धातुर्धाताजायत ॥ ९ ॥

इन्द्रात्। इन्द्रः। सोमात्। सोमः। अग्नेः। अग्निः। अजायत ॥ त्वष्टा। ह। जज्ञे। त्वष्टुः। धातुः। धाता। अजायत ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(इन्द्रात्) इन्द्र [पूर्वकल्पवर्ती मेघ] से (इन्द्रः) इन्द्र [मेघ], (सोमात्) सोम [प्रेरक वायु] से (सोमः) सोम [प्रेरक वायु], (अग्नेः) अग्नि [सूर्य आदि तेज] से (अग्निः) अग्नि [सूर्य आदि तेज] (अजायत) उत्पन्न हुआ है। (त्वष्टा) त्वष्टा [शरीर आदि का कारण पृथिवी तत्त्व] (ह) निश्चय करके (त्वष्टुः) त्वष्टा [शरीर आदि के कारण पृथिवी तत्त्व] से (जज्ञे) प्रकट हुआ है और (धातुः) धाता [धारण करनेवाले आकाश] से (धाता) धाता [धारण करने वाला आकाश] (अजायत) उत्पन्न हुआ है ॥ ९ ॥

भावार्थ—जो पदार्थ प्रलय में परमाणु रूप थे, वे पूर्व कल्प के समान इस कल्प में भी ईश्वर सामर्थ्य से उत्पन्न हुये हैं ॥ ९ ॥

ऋग्वेद १० । १९० । ३ । में ऐसा वर्णन है—(सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्) सूर्य और चन्द्रमा को धाता [सर्वधारक परमेश्वर] ने पूर्वकल्प के समान रचा है ॥

दीप्तिकर्मणस्त्वक्षतेर्वास्यात्करोतिकर्मणः—निरु० ८ । १३ । इति भूस्थानदेवतासु पाठात्। शरीराणां कारणं पृथिवीतत्त्वम् (धाता) म० ५। लोकानां धारक आकाशः। अन्यद् गतम् ॥

९—इन्द्रादिशब्दा व्याख्याताः—म० ८ (इन्द्रात्) मेघात् (इन्द्रः) मेघः (सोमात्) वायोः (सोमः) वायुः (अग्नेः) सूर्यादितापात् (अग्निः) (अजायत) (त्वष्टा) शरीरादिकारणं भूमितत्त्वम् (ह) एव (जज्ञे) प्रादुर्बभूव (त्वष्टुः) (धातुः) (धाता) आकाशः (अजायत) ॥

ये त आसन् दश जाता देवा देवेभ्यः पुरा ।
पुत्रेभ्यो लोकं दत्त्वा कस्मिंस्ते लोक आसते ॥ १० ॥ (२२)

ये । ते । आसन् । दश । जाताः । देवाः । देवेभ्यः । पुरा ॥
पुत्रेभ्यः। लोकम् । दत्त्वा । कस्मिन् । ते । लोके । आसते १०(२२

भाषार्थ—(ये ते) वे जो (दश देवाः) दस दिव्य गुण [दस इन्द्रियों के विषय ग्राहक गुण] (पुरा) पूर्वकाल में [वर्तमान] (देवेभ्यः) दिव्य पदार्थों [कर्म फलों] से (जाताः) उत्पन्न हुये (आसन्) थे । (ते) वे (पुत्रेभ्यः) पुत्रों [पुत्र रूप इन्द्रियों के गोलकों] को (लोकम्) स्थान [दर्शन वा विषय ग्रहण सामर्थ्य (दत्त्वा) देकर (कस्मिन् लोके) कौन से स्थान में (आसते) बैठते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ—पूर्व कल्प के अनुसार आंख, कान आदि अपने अपने गोलकों में दर्शन, श्रवण आदि गुणों के प्रवेश करने से विषयों का ग्रहण सामर्थ्य होता है। फिर वे दर्शन आदि गुण कहां रहते हैं। इसका उत्तर अन्य प्रश्नों के साथ आगे मन्त्र १३ में हैं ॥ १० ॥

इस मन्त्र का मिलान—मन्त्र ३ से करो ॥

यदा केशानस्थि स्नाव मांसं मज्जानमाभरत् ।
शरीरं कृत्वा पादवत् कं लोकमनु प्राविशत् ॥ ११ ॥

यदा । केशान् । अस्थि । स्नाव । मांसम् । मज्जानम् । आ-अभरत् ॥ शरीरम् । कृत्वा । पाद-वत् । कम् । लोकम् । अनु । प्र । अविशत् ॥ ११ ॥

१०—(ये) (ते) (आसन्) अभवन् (दश) दशसंख्याकाः (जाताः) प्रादुर्भूताः (देवाः) म० ३ । ज्ञानकर्मेन्द्रियाणां विषयग्राहकगुणाः (देवेभ्यः) दिव्यपदार्थानां कर्मफलानां सकाशात् (पुरा) पूर्वकल्पे वर्तमानेभ्यः (पुत्रेभ्यः) पुत्ररूपेभ्य इन्द्रियगोलकेभ्यः (लोकम्) स्थानम् । दर्शनस्य विषयस्य वा ग्रहणसामर्थ्यम् (दत्त्वा) (कस्मिन्) (लोके) स्थाने (आसते) उपविशन्ति ॥

भाषार्थ—(यदा) जब [प्राणी के] (केशान्) केशों, (अस्थि) हड्डी, (स्नाव) सूक्ष्म नाड़ी [वायु ले चलने वाली नस], (मांसम्) मांस (मज्जानम्) मज्जा [हड्डियों के भीतर के रस] को (आभरत्) उस [कर्ता परमेश्वर] ने लाकर धरा। और (पादवत्) पैरों वाला [हाथ पांव आदि अङ्गों वाला] (शरीरम्) शरीर (कृत्वा) बनाकर (कम् लोकम्) कौन से स्थान में उस [परमेश्वर] ने (अनु) पीछे (प्र अविशत्) प्रवेश किया ॥ ११ ॥

भावार्थ—प्राणी के केश आदि धातु उपधातुओं और हाथ पैर आदि अङ्गों वाले शरीर को रच कर वह परमेश्वर कहां रहता है। इस दूसरे प्रश्न का भी उत्तर मन्त्र १३ में है ॥ ११ ॥

कुतः केशान् कुतः स्नाव कुतो अस्थीन्याभरत्।
अङ्गा पर्वाणि मज्जानं को मांसं कुत आभरत् ॥ १२ ॥

कुतः। केशान्। कुतः। स्नाव। कुतः। अस्थीनि। आ। अभरत् ॥ अङ्गा। पर्वाणि। मज्जानम्। कः। मांसम्। कुतः। आ। अभरत् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(कुतः) किससे [किस उपादेय कारण से प्राणियों के] (केशान्) केशों को, (कुतः) कहां से (स्नाव) सूक्ष्मनाड़ी [वायु ले चलने वाली नस], (कुतः) कहां से (अस्थीनि) हड्डियों को (आ अभरत्) उस

११—(यदा) यस्मिन् सृष्टिकाले (अस्थि) (स्नाव) अ० २। ३३। ६। वायुवाहिनी सूक्ष्मा नाडी (मांसम्) प्राणिदेहस्थशोणितपरिपाकजं धातुभेदम् (मज्जानम्) अ० १। ११। ४। अस्थिमध्यस्थस्नेहम् (आभरत्) आनीय धृतवान् स परमेश्वरः (शरीरम्) कलेवरम् (कृत्वा) निर्माय (पादवत्) हस्तपादाद्यङ्गोपाङ्गसहितम् (कम्) प्रश्ने (लोकम्) स्थानम् (अनु) पश्चात् (प्राविशत्) प्रविष्टवान् ॥

१२—(कुतः) पञ्चम्यास्तसिल्। पा० ५। ३। ७। कु तिहोः। पा० ७। २। १०४। किमस्तसिल् कु च। कस्मादुपादेयकारणात् (अङ्गा) शरीराङ्गानि (पर्वाणि) शरीरसन्धीन् (मज्जानम्) अस्थ्यन्तर्गतं रसम् (कः) करोतेः—ड।

[कर्त्ता परमेश्वर] ने लाकर धरा। (अङ्गा) अङ्गों, (पर्वाणि) जोड़ों, (मज्जानम्) मज्जा [हड्डी के भीतर के रस], और (मांसम्) मांस को (कः) कर्ता [प्रजापति परमेश्वर] ने (कुतः) कहां से (आ अभरत्) ला कर धरा ॥ १२ ॥

भावार्थ—परमेश्वर प्राणियों के शरीर के बड़े और छोटे अवयव किस सामग्री से बनाता है। इस का भी उत्तर अगले मन्त्र में है ॥ १२ ॥

यह मन्त्र १०, ११ तथा १२ का उत्तर है ॥

सं॒सिचो॒ नाम॒ ते दे॒वा ये सं॑भा॒रान्त्स॒मभ॑रन् ।
सर्वं॑ सं॒सिच्य॒ मर्त्यं॑ दे॒वाः पुरु॑ष॒मावि॑शन् ॥ १३ ॥

स॒म्-सिचः॑ । नाम॑ । ते । दे॒वाः । ये । स॒म्-भा॒रान् । स॒म्-अभ॑रन् ॥ सर्व॑म् । स॒म्-सिच्य॑ । मर्त्य॑म् । दे॒वाः । पुरु॑षम् । आ । अ॒वि॒श॒न् ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(संसिचः) परस्पर सींचने वाले (नाम) प्रसिद्धः (ते) वे (देवाः) दिव्य पदार्थ [पृथिवी आदि पंचभूत] हैं, (ये) जिन्हों ने (संभारान्) [उन] संग्रहों [उपकरण द्रव्यों को (समभरन्) मिलाकर भरा है। (देवाः) [उन] दिव्य पदार्थों ने (सर्वम्) सब (मर्त्यम्) मरण धर्मी [शरीर] को (संसिच्य) परस्पर सींचकर (पुरुषम्) पुरुष में [आत्मा सहित शरीर में] (आ अविशन्) प्रवेश किया है ॥ १३ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के सामर्थ्य से पूर्व कल्प के समान पृथिवी, जल आदि पांचों तत्त्व आपस में मिलकर शरीर के इन्द्रिय आदि अवयवों को बना कर स्वयम् भी प्राणियों के शरीर में प्रवेश कर रहे हैं ॥ १३ ॥

कर्ता प्रजापतिः। कः कमनो या क्रमणो वा सुखो वा—निरु० १०। २२। अन्यद् व्याख्यातम्—म० ११।

१३—(संसिचः) परस्परसेचकाः सन्धायकाः (नाम) प्रसिद्धौ (ते) पूर्वोक्ताः (देवाः) दिव्यपदार्थाः पृथिव्यादिपञ्चभूतरूपाः (ये) (संभारान्) सम्+डुभृञ् धारणपोषणयोः—घञ्। संग्राहान्। उपकरणद्रव्यानि (समभरन्) एकीकृत्य धृतवन्तः (सर्वम्) (संसिच्य) परस्परमार्द्रीकृत्य (मर्त्यम्) मरणधर्माणं देहम् (देवाः) (पुरुषम्) अ० १। १६। ४। सात्मकं शरीरम् (आ अविशन) प्रविष्टवन्तः ॥

ऊ॒रू पादा॑वष्ठीवन्तौ॒ शिरो॒ हस्ता॒वथो॒ मुख॑म् ।
पृ॒ष्टीर्ब॑र्ज॒ह्ये॑ पा॒र्श्वे क॒स्तत् सम॑दधा॒दृषिः॑ ॥ १४ ॥

ऊ॒रू इति॑ । पादौ॑ । अ॒ष्ठी॒वन्तौ॑ । शिरः॑ । हस्तौ॑ । अथो॒ इति॑ । मुख॑म् ॥ पृ॒ष्टीः । ब॒र्ज॒ह्ये॒३॒ इति॑ । पा॒र्श्वे इति॑ । कः । तत् । सम् । अ॒द॒धा॒त् । ऋषिः॑ ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(ऊरू) दोनों जंघाओं, (अष्ठीवन्तौ) दोनों घुटनों, (पादौ) दोनों पैरों, (हस्तौ) दोनों हाथों, (अथो) और भी (शिरः) शिर, (मुखम्) मुख, (पृष्टीः) पसलियों, (बर्जह्ये) दोनों कुच की टीपनी, (पार्श्वे) दोनों कोखों को (तत्) तब (कः) किस (ऋषिः) ऋषि [ज्ञानवान्] ने (सम् अदधात्) मिला दिया ॥ १४ ॥

भावार्थ—शरीर के भीतर जंघा आदि को किस चतुर ज्ञानी ने आपस में जोड़कर जमा दिया है। इसका उत्तर अगले मन्त्र में है ॥ १४ ॥

शिरो॒ हस्ता॒वथो॒ मुखं॒ जि॒ह्वां ग्री॒वाश्च॒ कीक॑साः ।
त्व॒चा प्रा॒वृत्य॒ सर्वं॒ तत् सं॒धा सम॑दधान्म॒ही ॥ १५ ॥

शिरः॑ । हस्तौ॑ । अथो॒ इति॑ । मुख॑म् । जि॒ह्वाम् । ग्री॒वाः । च॒ । कीक॑साः । त्व॒चा । प्र॒-आ॒वृत्य॑ । सर्व॑म् । तत् । स॒म्-धा । सम् । अ॒द॒धा॒त् । म॒ही ॥ १५ ॥

१४—(ऊरू) जानोरुपरिभागौ (पादौ) (अष्ठीवन्तौ) अ० २ । २३ । ५ । ऊरुपादयोर्मध्यस्थे जानुनी (शिरः) मस्तकम् (हस्तौ) (अथो) अपि च (मुखम्) (पृष्टीः) अ० २ । ७ । ५ । पर्श्वस्थीनि (बर्जह्ये) बल जीवने-चिच्, लस्य रः+जनेर्यक् । उ० ४ । १११ । ओ हाक् त्यागे—यक् । जहातेर्द्वे च । उ० २ । ४ । इति श्रवणाद् द्वित्वम् । कुचाग्रभागौ (पार्श्वे) अ० २ । ३३ । ३ । कक्षयोरधोभागौ (कः) प्रश्ने (समधात्) संहितवान् संश्लिष्टवान् (ऋषिः) अ० २ । ६ । १ । ज्ञानवान् ॥

भाषार्थ—(हस्तौ) दोनों हाथों, (शिरः) शिर, (अथो) और भी (मुखम्) मुख, (जिह्वाम्) जीभ, (ग्रीवाः) गले की नाड़ियों, (च) और (कीकसाः) हंसली की हड्डियों। (तत् सर्वम्) इस सबको (त्वचा) खाल से (प्रावृत्य) ढक कर (मही) बड़ी (संधा) जोड़ने वाली [शक्ति, परमेश्वर] ने (सम् अधात्) मिला दिया ॥ १५ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने तत्त्वों के संयोग वियोग से प्राणियों के अङ्गों को बनाकर और ऊपर से खाल में लपेट कर एक दूसरे में मिला दिया है। यह गत मन्त्र का उत्तर है ॥ १५ ॥

यत्तच्छरीरमशयत् सं॒धया॒ संहि॑तं म॒हत् ।
येने॒दम॒द्य रोच॑ते॒ को अ॑स्मि॒न् वर्ण॒माभ॑रत् ॥ १६ ॥

यत् । तत् । शरीरम् । अशयत् । सम्-धया । सम्-हितम् । म॒हत् ॥ येन॑ । इ॒दम् । अ॒द्य । रोच॑ते । कः । अ॒स्मि॒न् । वर्ण॑म् । आ । अ॒भ॒र॒त् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (संधया) जोड़ने वाली [शक्ति, परमेश्वर] करके (संहितम्) जोड़ा हुआ (तत्) वह (महत्) महान् [समर्थ] (शरीरम्) शरीर (अशयत्) पड़ा हुआ था। [तब] (येन) जिस [रंग] से (इदम्) यह [शरीर] (अद्य) आज (रोचते) रुचता है, (कः) किसने (अस्मिन्) इस [शरीर]

१५—(जिह्वाम्) रसनाम् (ग्रीवाः) अ० २ । ३३ । २ । कन्धरावयवान् (च) (कीकसाः) अ० २ । ३३ । २ । जत्रुवक्षोगतास्थीनि (त्वचा) चर्मणा (प्रावृत्य) आच्छाद्य (सर्वम्) (तत्) पूर्वोक्तम् (सन्धा) आतश्चोपसर्गे । पा० ३ । १ । १३६ । इति संदधातेः कर्तरि—कप्रत्ययः । सन्धानकर्त्री शक्तिः परमेश्वरः (मही) महती । अन्यत् पूर्ववत्—म० १४ ॥

१६—(यत्) यदा (तत्) उक्तप्रकारम् (शरीरम्) (अशयत्) शीङ् स्वप्ने-लुङि छान्दसं रूपम् । अशयिष्ट । वर्तते स्म (संधया) म० १५ । सन्धात्र्या शक्त्या (संहितम्) संश्लिष्टम् (महत्) समर्थम् (येन) वर्णेन (इदम्) शरीरम् (अद्य) (रोचते) रुचिरं दृश्यते । दीप्यते (कः) (अस्मिन्) शरीरे

में (वर्णम्) वर्ण [रंग] (आ अभरत्) सब ओर से भर दिया ॥ १६ ॥

भावार्थ—जब शरीर अवयवों सहित चर्म में लपेटकर रख दिया गया, फिर उस पर गोरा, काला, पीला आदि रंग किसने चढ़ाया। इस मन्त्र का उत्तर अगले मंत्र में है ॥ १६ ॥

सर्वे देवा उपाशिक्षन् तदजानाद् वधूः सती ।
ईशा वशस्य या जाया सास्मिन् वर्णमाभरत् ॥ १७ ॥

सर्वे । देवाः । उप । अशिक्षन् । तत् । अजानात् । वधूः । सती ॥ ईशा । वशस्य । या । जाया । सा । अस्मिन् । वर्णम् । आ । अभरत् ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(सर्वे) सब (देवाः) दिव्य पदार्थों [तत्त्वों के गुणों] ने (उप) उपकारीपन से (अशिक्षन्) समर्थ [सहायक] होना चाहा, (तत्) उस [कर्म] को (सती) सत्यव्रता (वधूः) चलाने वाली [परमेश्वर शक्ति] (अजानात्) जानती थी। (वशस्य) वश करने वाले [परमेश्वर] की (या) जो (ईशा) ईश्वरी (जाया) उत्पन्न करने वाली शक्ति है, (सा) उसने (अस्मिन्) इस [शरीर] में (वर्णम्) रङ्ग (आ) सब ओर से (अभरत्) भर दिया ॥ १७ ॥

भावार्थ—तत्त्वों के संयोग वियोग क्रिया जानने वाले महारासायनिक, सर्वनियन्ता, सत्यव्रती, परमेश्वर ने अपनी शक्ति से व्यक्ति व्यक्ति को विशेष करके जानने के लिये शरीर पर गोरा, काला, पीला आदि रंग चढ़ा दिया ॥ १७ ॥

(वर्णम्) शुक्लादिरूपम् (आ) समन्तात् (अभरत्) धृतवान् ॥

१७—(सर्वे) (देवाः) दिव्यपदार्थाः। तत्त्वगुणाः (उप) उपकारकत्वेन (अशिक्षन्) शक्लृ शक्तौ-सन्, लङ्। शक्ताः सहायका भवितुमैच्छन् (तत्) वर्णकर्म (अजानात्) ज्ञातवती (वधूः) वहेर्धश्च। उ० । १ । ८३। वह प्रापणे-ऊ, हस्य धः। वहनशक्तिः परमेश्वरः (सती) सत्यव्रता (ईशा) ईश ऐश्वर्ये-क, टाप्। ईश्वरी नियन्त्री (वशस्य) वश कान्तौ-कर्तरि अच्। वशयितुः परमेश्वरस्य (या) (जाया) म० १। उत्पादनशक्तिः (सा) नियन्त्री शक्तिः ॥

यदा त्वष्टा व्यतृणत् पिता त्वष्टुर्य उत्तरः ।
गृहं कृत्वा मर्त्यं देवाः पुरुषमाविशन् ॥ १८ ॥

यदा । त्वष्टा । वि-अतृणत् । पिता । त्वष्टुः । यः । उत्तरः ॥
गृहम् । कृत्वा । मर्त्यम् । देवाः । पुरुषम् । आ । अविशन् १८

भाषार्थ—(यः) जो (त्वष्टुः) कर्मकर्ता [जीव] का (उत्तरः) अधिक उत्तम (पिता) पिता [पालक] है, (यदा) जब (त्वष्टा) विश्वकर्ता [उस सृष्टि कर्ता परमेश्वर] ने [जीव के शरीर में] (व्यतृणत्) विविध छेद किये। [तब] (देवाः) दिव्य पदार्थों [इन्द्रिय की शक्तियों] ने (मर्त्यम्) मरणधर्मी [नश्वर शरीर] को (गृहम्) घर (कृत्वा) बनाकर (पुरुषम्) पुरुष [पुरुष शरीर] में (आ अविशन्) प्रवेश किया ॥ १८ ॥

भावार्थ—जब जगत् पिता परमेश्वर ने शरीर में नेत्र, कान आदि गोलक बनाये, तब उसने उनमें उन की शक्तियों को प्रवेश कर दिया ॥ १८ ॥

स्वप्नो वै तन्द्रीर्निर्ऋतिः पाप्मानो नाम देवताः ।
जरा खालत्यं पालित्यं शरीरमनु प्राविशन् ॥ १९ ॥

स्वप्नः । वै । तन्द्रीः । निः-ऋतिः । पाप्मानः । नाम । देवताः ॥ जरा । खालत्यम् । पालित्यम् । शरीरम् । अनु । प्र । अविशन् ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(स्वप्नः) नींद (वै) और भी (तन्द्रीः) थकावटें, (निर्ऋतिः) अलक्ष्मी [महामारी, दरिद्रता आदि], (नाम), अर्थात् (पाप्मानः) पाप

१८—(यदा) यस्मिन् सृष्टिकाले (त्वष्टा) विश्वकर्मा। सृष्टिकर्त्ता परमेश्वरः (व्यतृणत्) उ तृदिर् हिंसानादरयोः। विविधं छिद्राणि कृतवान् पुरुषशरीरे (पिता) पालकः (त्वष्टुः) कर्मकर्तुः प्राणिनः (यः) (उत्तरः) उत्कृष्टतरः (गृहम्) आवासस्थानम् (कृत्वा) निर्माय (मर्त्यम्) मरणधर्मकं नश्वरं शरीरम् (देवाः) दिव्यपदार्थाः। इन्द्रियशक्तयः (पुरुषम्) पुरुषशरीरम् (आ अविशन्) प्रविष्टवन्तः ॥

१९—(स्वप्नः) निद्रा (वै) अपि (तन्द्रीः) तन्द्रयः आलस्यानि (निर्ऋतिः) अ० २।१०।१। कृच्छ्रापत्तिः—निरु० २।७ (पाप्मानः) अ० ३।३१।१।

व्यवहार, (देवताः) दुःख दायी इच्छायें, (जरा) बुढ़ापा (खालत्यम्) गंजापन, (पालित्यम्) केशों के भूरेपन ने (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ १९ ॥

भावार्थ—पापियों के दुष्टकर्मों के फल से उन के शरीर में निर्बलता के कारण निद्रा आदि दोष घुस पड़ते हैं ॥ १९ ॥

स्तेयं दुष्कृतं वृजिनं सत्यं यज्ञो यशो बृहत् ।
बलं च क्षत्रमोजश्च शरीरमनु प्राविशन् ॥ २० ॥ (२३)

स्तेयम् । दुः-कृतम् । वृजिनम् । सत्यम् । यज्ञः । यशः । बृहत् ॥
बलम् । च । क्षत्रम् । ओजः । च । शरीरम् । अनु । प्र । अविशन् ॥ २० ॥ (२३)

भाषार्थ—(स्तेयम्) चोरी, (दुष्कृतम्) दुष्टकर्म, (वृजिनम्) पाप, (सत्यम्) सत्य [यथार्थ कथन कर्म आदि], (यज्ञः) यज्ञ [देव पूजा आदि] और (बृहत्) वृद्धिकारक (यशः) यश, (बलम्) बल (च) और (ओजः) पराक्रम (च) और (क्षत्रम्) हानि से रक्षक गुण [क्षत्रियपन] ने (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २० ॥

भावार्थ—मनुष्य के दुष्ट विचारों से चोरी आदि दुष्ट कर्म और उनके नरक आदि बुरे फल और शुभ विचारों से सत्य कर्म आदि उत्तम कर्म और उनके मोक्ष आदि उत्तम फल शरीर द्वारा प्राप्त होते हैं ॥ २० ॥

पापव्यवहाराः (नाम) प्रसिद्धौ (देवताः) दिवु मर्दने—अच्, तल् । हिंसनेच्छाः (जरा) वृद्धावस्था (खालत्यम्) खलतिः । उ० ३ । ११२ । स्खल संचलने अतच्, सलोपः, अत इत्वं च । खलतिर्निष्केशशिराः पुरुषः । ततो भावे ष्यञ् । इन्द्रलुप्तरोगः । केशनाशकरोगः (पालित्यम्) पलित—ष्यञ् । केशेषु जरया श्वेतत्वम् (शरीरम्) (अनु) अनुक्रमेण (प्र अविशन्) प्रविष्टवन्तः ॥

२०—(स्तेयम्) चौरत्वम् (दुष्कृतम्) दुष्टकर्म (वृजिनम्) अ० १ । १० । ३ । पापम् (सत्यम्) यथार्थकथनादिकर्म (यज्ञः) देवपूजादिव्यवहारः (यशः) कीर्तिः (बृहत्) सुखवृद्धिकरम् (बलम्) (च) (क्षत्रम्) अ० २ । १५ । ४ । क्षत्+त्रैङ् पालने—क । क्षतः क्षतात्; हानेः रक्षकं क्षत्रियत्वम् (ओजः) पराक्रमः (च) अन्यत् पूर्ववत् ॥

भूतिश्च वा अभूतिश्च रातयोऽरातयश्च याः ।
क्षुधश्च सर्वास्तृष्णाश्च शरीरमनु प्राविशन् ॥ २१ ॥

भूतिः । च । वै । अभूतिः । च । रातयः । अरातयः । च । याः ॥ क्षुधः । च । सर्वाः । तृष्णाः । च । शरीरम् । अनु । प्र । अविशन् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(भूतिः) सम्पत्ति, (च वै) और भी (अभूतिः) निर्धनता (च) और (रातयः) दानशक्तियां, (च) और (याः) जो (अरातयः) कंजूसी की बातें [हैं, उन्हों ने] (च) और (क्षुधः) भूखा (च) और (सर्वाः) सब (तृष्णाः) तृष्णाओं ने (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २१ ॥

भावार्थ—मन की स्थिरता से सम्पत्ति आदि सुख, और उसकी चञ्चलता से निर्धनता आदि कष्ट प्राणी को शरीर द्वारा प्राप्त होते हैं ॥ २१ ॥

निन्दाश्च वा अनिन्दाश्च यच्च हन्तेति नेति च ।
शरीरं श्रद्धा दक्षिणाश्रद्धा च नु प्राविशन् ॥ २२ ॥

निन्दाः । च । वै । अनिन्दाः । च । यत् । च । हन्त । इति । न । इति । च ॥ शरीरम् । श्रद्धा । दक्षिणा । अश्रद्धा । च । अनु । प्र । अविशन् ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(निन्दाः) निन्दायें [गुणों में दोष लगाने] (च च वै) और भी (अनिन्दाः) अनिन्दायें [स्तुति, गुणों के कथन] (च) और (यत्)

२१—(भूतिः) सम्पत्तिः (च) (वै) एव (अभूतिः) निर्धनता (च) (रातयः) दानशक्तयः (अरातयः) कार्पण्यानि (च) (याः) (क्षुधः) बुभुक्षाः (च) (सर्वाः) (तृष्णाः) पिपासाः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२२—(निन्दाः) गुरोश्च हलः । पा० ३ । ३ । १०३ । णिदि कुत्सायाम्-अप्रत्ययः । गुणेषु दोषारोपाः (च च) समुच्चये (वै) एव (अनिन्दाः)

जो कुछ (हन्त) "हां"—(इति) ऐसा, (च) और (न) "ना"–(इति) ऐसा है और (दक्षिणा) दक्षिणा [प्रतिष्ठा],(श्रद्धा) श्रद्धा [सत्य ईश्वर और वेद में विश्वास] (च) और (अश्रद्धा) अश्रद्धा [ईश्वर और वेद में भक्ति न होना] [इन सब ने] (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २२ ॥

भावार्थ—मनुष्य विहित कर्मों के करने और निषिद्ध कर्मों को छोड़ने से सुसंस्कार के कारण शरीर द्वारा सुख प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

विद्याश्च वा अविद्याश्च यच्चान्यदुपदेश्यम् ।
शरीरं ब्रह्म प्राविशदृचः सामाथो यजुः ॥ २३ ॥

विद्याः । च । वै । अविद्याः । च । यत् । च । अन्यत् । उप-देश्यम् । शरीरम् । ब्रह्म । प्र । अविशत् । ऋचः । साम । अथो इति । यजुः ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(विद्याः) विद्यायें [तत्त्वज्ञान] (च च वै) और भी (अविद्याः) अविद्यायें [मिथ्या कल्पनायें] (च) और (यत्) जो कुछ (अन्यत्) दूसरा (उपदेश्यम्) उपदेश योग्य कर्म [विद्या और अविद्या से सम्बन्धवाला विषय है, वह] और (ब्रह्म) ब्रह्म [ब्रह्मचर्य, इन्द्रिय संयम आदि तप] (ऋचः) ऋचायें [पदार्थों की गुण प्रकाशक विद्यायें] (साम=सामानि) साम ज्ञान [मोक्ष विद्यायें] (अथो) और भी (यजुः=यजूंषि) यजुर्ज्ञान

स्तुतयः । गुणकथनानि (च) (यत्) (च) (हन्त) हन हिंसागत्योः–त प्रत्ययः । हर्षे । स्वीकारे कर्मणां विधिसूचकः शब्दः (इति) वाक्यसमाप्तौ (न) निषेधे । कर्मणां निषेधसूचकः शब्दः (इति) (च) (शरीरम्) (श्रद्धा) सत्ये परमेश्वरे वेदे च विश्वासः (दक्षिणा) प्रतिष्ठा (अश्रद्धा) नास्तिकबुद्धिः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२३—(विद्याः) तत्त्वज्ञानानि (च) (वै) (अविद्याः) मिथ्याकल्पनाः (च) (यत्) (च) (अन्यत्) कर्म (उपदेश्यम्) हितकथनेन गम्यम् । विद्याविद्ययोराश्रयभूतम् (शरीरम्) (ब्रह्म) ब्रह्मचर्यम् । इन्द्रिय-

[ब्रह्म निरूपक विद्यायें], [इस सब ने] (शरीरम्) शरीर में (प्र अविशत्) प्रवेश किया ॥ २३ ॥

भावार्थ—मनुष्य आचार्य द्वारा विद्या और अविद्या के ज्ञान और ब्रह्मचर्य के धारण करने से चारों वेदों में वर्णित कर्म, उपासना, ज्ञान–त्रयीविद्या में निष्ठा करके आनन्द पाता है ॥ २३ ॥

आनन्दा मोदाः प्रमुदोऽभीमोदमुदश्च ये ।
हसो नरिष्टा नृत्तानि शरीरमनु प्राविशन् ॥ २४ ॥

आ-नन्दाः । मोदाः । प्र-मुदः । अभिमोद-मुदः । च । ये ॥
हसः । नरिष्टा । नृत्तानि । शरीरम् । अनु । प्र । अविशन् ।२४।

भाषार्थ—(आनन्दाः) आनन्द, (मोदाः) हर्ष, (प्रमुदः) बड़े आनन्द (च) और (ये) (अभिमोदमुदः) बड़े उत्सवों से हर्ष देने वाले पदार्थ हैं [वे सब और] । (हसः) हंसी, (नृत्तानि) नाचों और (नरिष्टा) मङ्गल कामों [खेल कूद आदि] [इन सब ने] (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २४ ॥

भावार्थ—मनुष्य शरीर द्वारा अनेक शुभ कर्म करके अनेक मङ्गल मनावें ॥ २४ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध आचुका है—अ० ११ । ७ । २६ ॥

आलापाश्च प्रलापाश्चाभीलापलपश्च ये ।
शरीरं सर्वे प्राविशन्नायुजः प्रयुजो युजः ॥ २५ ॥

संयमरूपं तपः (प्राविशत्) प्रविष्टमभवत् (ऋचः) पदर्थानां गुणप्रकाशिका विद्याः (साम) सामानि । मोक्षज्ञानानि (अथो) अपि च (यजुः) यजूंषि । ब्रह्मनिरूपकज्ञानानि ॥

२४—पूर्वार्धर्चो व्याख्यातः—अ० ११ । ७ । २६ (हसः) स्वनहसोर्वा । पा० ३ । ३ । ६२ । हसे हसने—अप् । हासः (नरिष्टा) न + रिष हिंसायाम्—कर्तरि-क्त । शेर्लोपः । अरिष्टानि । अहिंसकानि । मङ्गलकर्माणि (नृत्तानि) नृती गात्रविक्षेपे-क्त । तालमानयुक्तान्यङ्गविक्षेपरूपाणि नर्तनानि । अन्यत् पूर्ववत्—म० २२ ॥

आ-लापाः । च । प्र-लापाः । च । अभिलाप-लपः । च । ये ॥
शरीरम् । सर्वे । प्र । अविशन् । आ-युजः । प्र-युजः । युजः ।२५।

भाषार्थ—(आलापाः) आलाप [सार्थक बातें] (च) और (प्रलापाः) प्रलाप [अनर्थक बातें, बकवाद] (च च) और (ये) जो (अभिलापलपः) व्याख्यानों के कथन व्यवहार हैं, [उन सब ने और] (आयुजः) उद्योगों, (प्रयुजः) प्रयोजनों और (युजः) योगों [समाधि क्रियाओं], (सर्वे) इन सब ने (शरीरम्) शरीर में (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २५ ॥

भावार्थ—उत्साह के बढ़ाने वाले आलाप आदि व्यवहार शरीर के साथ मनुष्य को सुखदायक होते हैं ॥ २५ ॥

प्राणापानौ चक्षुः श्रोत्रमक्षितिश्च क्षितिश्च या ।
व्यानोदानौ वाङ्मनः शरीरेण त ईयन्ते ॥ २६ ॥

प्राणापानौ । चक्षुः । श्रोत्रम् । अक्षितिः । च । क्षितिः । च । या ॥ व्यान-उदानौ । वाक् । मनः । शरीरेण । ते । ईयन्ते २

भाषार्थ—(प्राणापानौ) प्राण और अपान [भीतर और बाहिर जाने वाला श्वास], (चक्षुः) नेत्र, (श्रोत्रम्) कान, (च) और (या) जो (अक्षितिः) [सुख की] निर्हानि (च) और (क्षितिः) [दुःख की] हानि । (व्यानोदानौ) व्यान [सब नाड़ियों में रस पहुंचाने वाला वायु] और उदान [ऊपर को चढ़ने वाला वायु], (वाक्) वाणी और (मनः) मन, (ते) वे सब (शरीरेण) शरीर के साथ (ईयन्ते) चलते हैं ॥ २६ ॥

भावार्थ—जीवों में प्राण अपान आदि सब व्यापार शरीर के साथ होते हैं ॥ २६ ॥

इस मन्त्र के पहिले तीन पाद ऊपर मन्त्र ४ में आ चुके हैं ॥

२५—(आलापाः) आङ्+लप व्यक्तायां वाचि-घञ् । सार्थकानि वचनानि (प्रलापाः) निरर्थकानि वचनानि (च) (अभिलापलपः) लपेः क्विप् । अभिलापानां व्याख्यानां कथनव्यवहाराः (च) (ये) (सर्वे) (आयुजः) आङ्+युजिर् योगे, युज संयमने—क्विप् । आयोजनानि । उद्योगाः (प्रयुजः) प्रयोजनानि । कारणानि (युजः) युज समाधौ—क्विप् । ध्यानक्रियाः ॥

२६—त्रयः पादाः पूर्ववत्—म० ४ (शरीरेण) देहेन (ते) पूर्वोक्ताः पदार्थाः (ईयन्ते) ईङ् गतौ—श्यन् । गच्छन्ति । प्रवर्तन्ते ॥

आशिषश्च प्रशिषश्च संशिषो विशिषश्च याः ।

चित्तानि सर्वे संकल्पाः शरीरमनु प्राविशन् ॥ २७ ॥

आ-शिषः । च । प्र-शिषः । च । सम्-शिषः । वि-शिषः । च । याः ॥ चित्तानि । सर्वे । सम्-कल्पाः । शरीरम् । अनु । प्र । अविशन् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(आशिषः) आशीर्वादों [हित प्रार्थनाओं], (च) और (प्रशिषः) उत्तम शासनों (च) और (संशिषः) यथावत् प्रबन्धों (च) और (याः) जो (विशिषः) विशेष परामर्श हैं [उन्होंने], (चित्तानि) अनेक विचारों और (सर्वे) सब (सङ्कल्पाः) सङ्कल्पों [मनोरथों] ने (शरीरम्) शरीर में (अनु) धीरे धीरे (प्र अविशन्) प्रवेश किया ॥ २७ ॥

भावार्थ--मनुष्य शरीर के सम्बन्ध से ज्ञान प्राप्त करके हित प्रार्थनाओं और शासन आदि क्रियाओं को दृढ़ सङ्कल्पी होकर सिद्ध करे ॥ २७ ॥

आस्तेयीश्च वास्तेयीश्च त्वरणाः कृपणाश्च याः ।

गुह्याः शुक्रा स्थूला अपस्ता बीभत्सावसादयन् ॥ २८ ॥

आस्तेयीः । च । वास्तेयीः । च । त्वरणाः । कृपणाः । च । याः ॥ गुह्याः । शुक्राः । स्थूलाः । अपः । ताः । बीभत्सौ । असादयन् ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(आस्तेयीः) अस्ति [रुधिर] में रहने वाले (च) और (वास्तेयीः) बस्ति [पेड़ू वा मूत्राशय] में रहने वाले (च) और (त्वरणाः)

२७—(आशिषः) आङः शासु इच्छायाम्–क्विप् । उपधाया इत्वम् । आशीर्वादाः । हितप्रार्थनाः (प्रशिषः) शासु अनुशिष्टौ–क्विप् । उत्तमानि शासनानि (संशिषः) सम्यक् शासनानि । प्रबन्धकर्माणि (विशिषः) विशेषपरामर्शाः (च) (याः) (चित्तानि) विचाराः (सर्वे) (सङ्कल्पाः) दृढमनोरथाः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२८—(आस्तेयीः) वसेस्तिः । उ० ४ । १८० । असु क्षेपणे–ति । अस्यते क्षिप्यते या नाडीषु सा अस्तिः, असृग् रक्तम् । दृतिकुक्षिकलशिवस्त्यस्त्यहेर्ढञ् ।

शीघ्र चलने वाले (च) और (कृपणाः) दुर्बल [पतले], (स्थूलाः) गाढ़े (गुह्याः) गुहा [शरीर के गुप्त स्थान] में रहने वाले और (शुक्राः) वीर्य [वा रज] में रहने वाले (याः) जो [जल हैं], (ताः अपः) उन जलों को (बीभत्सौ) परस्पर बंधे हुये [शरीर] में (असादयन्) उन [ईश्वर नियमों] ने पहुंचाया ॥ २८ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने नाड़ियों द्वारा वायु की गति से जल को विविध प्रकार पहुंचा कर शरीर को काम करने योग्य बनाया है ॥ २८ ॥

अस्थि कृत्वा समिधं तदष्टापो असादयन् ।
रेतः कृत्वाज्यं देवाः पुरुषमाविशन् ॥ २९ ॥

अस्थि । कृत्वा । सम्-इधम् । तत् । अष्ट । आपः । असादयन् ॥ रेतः । कृत्वा । आज्यम् । देवाः । पुरुषम् । आ । अविशन् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(आपः) व्यापक (देवाः) दिव्य गुणों [ईश्वर नियमों] ने (तत्) फिर (अस्थि) हड्डी को (समिधम्) समिधा [इन्धन समान पाक साधन] (कृत्वा) बनाकर और (रेतः) वीर्य [वा स्त्री रज] को (आज्यम्)

पा० ४ । ३ । ५६ । अस्ति-ढञ् । तत्र भव इत्यर्थे, ङीप्-च । आस्तेय्यः । रक्ते वर्तमानाः (वास्तेयीः) वस्ति-ढञ् पूर्ववत् । मूत्राधारे नाभेरधोभागे भवाः (च) (त्वरणाः) त्वरया गच्छन्त्यः (कृपणाः) रञ्जेः क्युन् । उ० २ । ७९ । कृप दौर्बल्ये-क्युन् । दुर्बलाः । कृशाः (च) (याः) आपः (गुह्याः) गुहायां गर्ते भवाः (शुक्राः) शुक्रे वीर्ये रजसि वा भवाः (स्थूलाः) घनाः । स्निग्धाः (अपः) जलानि (ताः) पूर्वोक्ताः (बीभत्सौ) मान्बधदान्शान्भ्यो दीर्घश्चाभ्यासस्य । पा० ३ । १ । ६ । बध बन्धने-सन् स्वार्थे । सनाशंसभिक्ष उः । पा० ३ । २ । १६८ । उप्रत्ययः । परस्परसम्बन्धिनि शरीरे (असादयन्) षद्लृ गतौ-णिच्, लङ् । प्रापितवन्तः । प्रेरितवन्तः ॥

२९—(अस्थि) (कृत्वा) निर्माय (समिधम्) समिन्धनसाधनं शरीरपरिपाकस्य निमित्तम् (तत्) तदा (अष्ट) अष्टधा । रसासृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जशुक्राणि धातवः—इत्येते सप्तधातवो मनश्चेत्येभिः (आपः) आपः—

घृत [घृत समान पुष्टिकारक] (कृत्वा) बनाकर (अष्ट) आठ प्रकार से [रस अर्थात् खाये अन्न का सार, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, वीर्य, वा स्त्री रज इन सात धातुओं और मन के द्वारा] (पुरुषम्) पुरुष [प्राणी के शरीर] को (असादयन्) चलाया, और [उस में] (आ अविशन्) उन्होंने प्रवेश किया ॥ २६ ॥

भावार्थ—सर्वव्यापक परमेश्वर ने अपनी शक्ति के प्रवेश से प्रधानता से हड्डियों को काष्ठ रूप अन्न आदि के पाक का साधन और पुरुष के वीर्य वा वा स्त्री के रज को घृत समान पुष्टिकारक बनाकर रस, रक्त, मांस आदि सात धातुओं और मन के द्वारा प्राणियों के शरीर को कार्य योग्य किया है ॥ २६ ॥

या आपो याश्च देवता या विराड् ब्रह्मणा सह ।
शरीरं ब्रह्म प्राविशच्छरीरेऽधि प्रजापतिः ॥ ३० ॥

याः । आपः । याः । च । देवताः । या । वि-राट् । ब्रह्मणा । सह ॥ शरीरम् । ब्रह्म । प्र । अविशत् । शरीरे । अधि । प्रजा-पतिः ॥ ३० ॥

भाषार्थ—(याः) जो (आपः) व्यापक [इन्द्रियों की शक्तियां] (च) और (याः) जो (देवताः) दिव्य गुण वाले [इन्द्रियों के गोलक] हैं, और (या) जो (विराट्) विराट् [विविध प्रकार शोभायमान प्रकृति] (ब्रह्मणा सह) ब्रह्म [परमात्मा] के साथ है । [इस सब ने और] (ब्रह्म) अन्न ने (शरीरम्) शरीर में (प्र अविशत्) प्रवेश किया, और (प्रजापतिः) प्रजापति

आपनाः—निरु० १२ । ३७ । व्यापकाः (असादयन्) म० २८ । प्रेरितवन्तः (रेतः) वीर्यं स्त्रीरजो वा (कृत्वा) (आज्यम्) घृतवत्पुष्टिकरम् (देवाः) दिव्याः परमेश्वरगुणाः (पुरुषम्) प्राणिशरीरम् (आ अविशन्) प्रविष्टवन्तः ॥

३०—(याः) (आपः) आप आपनानि—निरु० १२ । ३७ व्यापकानीन्द्रियसामर्थ्यानि (याः) (च) (देवताः) दिव्यगुणानीन्द्रियच्छिद्राणि (या) (विराट्) विविधराजमाना प्रकृतिः (ब्रह्मणाः) परमात्मना (सह) (शरीरम्)

[इन्द्रिय आदि प्रजाओं का स्वामी, जीवात्मा] (शरीरे) शरीर में (अधि) अधिकार पूर्वक [ठहरा] ॥ ३० ॥

भावार्थ—परमात्मा ने जीव के शरीर में इन्द्रियों को उनकी शक्तियों सहित प्रकृति द्वारा रचा और शरीर पुष्टि के लिये अन्न आदि पदार्थ देकर सब का अधिष्ठाता जीवात्मा को किया ॥ ३० ॥

सूर्य॒श्चक्षु॒र्वातः॑ प्रा॒णं पुरु॑षस्य॒ वि भे॑जिरे ।
अथा॒स्येत॑रमा॒त्मानं॑ दे॒वाः प्राय॑च्छन्न॒ग्नये॑ ॥ ३१ ॥

सूर्यः॑ । चक्षुः॑ । वातः॑ । प्रा॒णम् । पुरु॑षस्य । वि । भे॒जि॒रे॒ ॥ अथ॑ । अ॒स्य॒ । इत॑रम् । आ॒त्मान॑म् । दे॒वाः । प्र । अ॒य॒च्छ॒न् । अ॒ग्नये॑ ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—(सूर्यः) सूर्य ने (पुरुषस्य) [जीवात्मा] के (चक्षुः) नेत्र को, (वातः) वायु ने (प्राणम्) प्राण [उसके श्वास प्रश्वास] को (वि) विशेष करके (भेजिरे=भेजे) स्वीकार किया । (अथ) फिर (देवाः) दिव्य पदार्थों [दूसरे इन्द्रिय आदि] ने (अस्य) इस [जीवात्मा] का (इतरम्) दूसरा (आत्मानम्) शरीर का अवयव समूह (अग्नये) अग्नि को (प्र अयच्छन्) दान किया ॥ ३१ ॥

भावार्थ—ईश्वर नियम से जैसे शरीर में सूर्य का प्रधानत्व नेत्र पर और वायु का श्वास प्रश्वास पर है, इसी प्रकार अग्नि तत्त्व की विशेषता शरीर के अन्य सब अङ्गों में है ॥ ३१ ॥

(ब्रह्म) अन्नम्-निघ० २ । ७ (प्राविशत्) (शरीरे) अधि) अधिकारपूर्वकम् (प्रजापतिः) इन्द्रियादिप्रजानां पालको जीवात्मा-अतिष्ठत् इतिशेषः ॥

३१—(सूर्यः) प्रकाशप्रेरको लोकविशेषः (चक्षुः) नेत्रम् (वातः) वायुः (प्राणम्) श्वासप्रश्वासरूपम् (पुरुषस्य) जीवात्मनः (वि) विशेषेण (भेजिरे) एकवचनस्य बहुवचनम् । भेजे । स्वीचकार (अथ) अपि च (अस्य) प्राणिनः (इतरम्) अन्यम् (आत्मानम्) शरीरावयवसमूहम् (देवाः) इन्द्रियाद्या दिव्यपदार्थाः (प्र अयच्छन्) दत्तवन्तः (अग्नये) अग्नितत्त्वाय ॥

तस्माद् वै विद्वान् पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते ।
सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते ॥ ३२ ॥

तस्मात् । वै । विद्वान् । पुरुषम् । इदम् । ब्रह्म । इति । मन्यते ॥ सर्वाः । हि । अस्मिन् । देवताः । गावः । गोस्थे-इव । आसते ॥ ३२ ॥

भाषार्थ—(तस्मात्) उस से [ब्रह्म से उत्पन्न] (वै) निश्चय करके (पुरुषम्) पुरुष [पुरुष शरीर] को (विद्वान्) जानने वाला [मनुष्य] "(ब्रह्म) ब्रह्म [परमात्मा] (इदम्) परम ऐश्वर्य वाला है" (इति) ऐसा) (मन्यते) मानता है। (हि) क्योंकि (अस्मिन्) इस [परमात्मा] में (सर्वाः) सब (देवताः) दिव्यपदार्थ [पृथिवी, सूर्य आदि लोक] (आसते) ठहरते हैं, (इव) जैसे (गावः) गौयें (गोष्ठे) गोशाला में [सुख से रहती] हैं॥ ३२ ॥

भावार्थ—मनुष्य अपने शरीर में परमात्मा की अद्भुत स्थूल और सूक्ष्म रचना देखकर समस्त ब्रह्माण्ड का कर्ता, धर्ता और आधार उसको जाने ॥ ३२ ॥

प्रथमेन प्रमारेण त्रेधा विष्वङ् वि गच्छति । अद एकेन गच्छत्यद एकेन गच्छतीहैकेन नि षेवते ॥ ३३ ॥

प्रथमेन । प्र-मारेण । त्रेधा । विष्वङ् । वि । गच्छति ॥ अदः । एकेन । गच्छति । अदः । एकेन । गच्छति । इह । एकेन । नि । सेवते ॥ ३३ ॥

३२—(तस्मात्) परमात्मनः सकाशात् (वै) एव (विद्वान्) जानन् (पुरुषम्) पुरुषशरीरम (इदम्) इन्देः कमिन्नलोपश्च । उ० ४ । १५७ । इदि परमैश्वर्ये—कमिन् । परमैश्वर्ययुक्तम् (ब्रह्म) परमात्मा (इति) एवम् (मन्यते) जानाति (सर्वाः) समस्ताः (हि) यस्मात् (अस्मिन्) परमात्मनि (देवताः) दिव्यपदार्थाः पृथिवीसूर्यादिलोकाः (गावः) धेनवः (गोष्ठे) गोशालायाम् (इव) (आसते) तिष्ठन्ति ॥

भाषार्थ—(प्रथमेन) पहिले [मरण समय के पहिले] से और (प्रमारेण) मरण के साथ (त्रेधा) तीन प्रकार पर (विष्वङ्) नाना गति से वह [प्राणी] (वि गच्छति) चला चलता है। वह [प्राणी] (एकेन) एक [शुभ कर्म] से (अदः) उस [मोक्ष सुख] को (गच्छति) पाता है, (एकेन) एक [पाप कर्म] से (अदः) उस [नरक स्थान] को (गच्छति) पाता है, (एकेन) एक [पुण्य पाप के साथ मिले कर्म] से (इह) यहां पर [मध्य अवस्था में] (नि सेवते) नियम से रहता है ॥ ३३ ॥

भावार्थ—मनुष्य जीवनकाल और परलोक में अपने शुभ कर्म से मोक्ष, अशुभ कर्म से नरक, और दोनों पुण्य पाप की मध्य अवस्था में मोक्ष और नरक की मध्य अवस्था भोगता है ॥ ३३ ॥

अप्सु स्तीमासु वृद्धासु शरीरमन्तरा हितम् ।
तस्मिं छवोऽध्यन्तरा तस्माच्छवोऽध्युच्यते ॥ ३४ ॥(२४)

अप्-सु । स्तीमासु । वृद्धासु । शरीरम् । अन्तरा । हितम् ॥ तस्मिन् । शवः । अधि । अन्तरा । तस्मात् । शवः । अधि । उच्यते ॥ ३४ ॥ (२४)

भाषार्थ—(स्तीमासु) बाफ वाले, (वृद्धासु) बढ़े हुये (अप्सु अन्तरा) अन्तरिक्ष के भीतर (शरीरम्) शरीर (हितम्) रक्खा हुआ है। (तस्मिन् अन्तरा) उस [शरीर] के भीतर (शवः) बल [गति कारक वा वृद्धिकारक

३३—(प्रथमेन) मरणात् प्रथमकालेन (प्रमारेण) मरणेन सह (त्रेधा) त्रिप्रकारेण (विष्वङ्) विषु+अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन्। नानागत्या (वि गच्छति) व्याप्य चलति (अदः) तत्। मोक्षपदम् (एकेन) पुण्यकर्मणा (गच्छति) प्राप्नोति (अदः) तत्। नरकस्थानम् (एकेन) पापकर्मणा (इह) अत्र। मोक्षनरकयोर्मध्यावस्थायाम् (एकेन) पुण्यपापमिश्रितेन कर्मणा (नि) नितराम्। नियमेन (सेवते) भुनक्ति ॥

३४—(अप्सु) आपः= अन्तरिक्षम्-निघ० १। ३। अन्तरिक्षे। आकाशे (स्तीमासु) ष्टीम आर्द्रीभावे-पचाद्यच्। आर्द्रं कुर्वतीषु। वाष्पयुक्तासु (वृद्धासु) वृद्धियुक्तासु (शरीरम्) (अन्तरा) मध्ये (हितम्) धृतम् (तस्मिन्) शरीरे

जीवात्मा] (अधि) अधिकारपूर्वक है, (तस्मात्) उस [जीवात्मा] से (अधि) ऊपर (शवः) बल [गतिकारक वा वृद्धिकारक परमात्मा] (उच्यते) कहा जाता है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—विशाल आकाश के भीतर मेघ, वायु आदि पदार्थ हैं। उस आकाश के भीतर सब शरीर हैं, शरीरों में चेतन्य जीवात्मा अधिष्ठाता है। उस जीवात्मा का भी अधिष्ठाता सर्व नियन्ता परमात्मा है ॥ ३४ ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

अथ पञ्चमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ८ ॥

१—२६ ॥ अर्बुदिर्देवता ॥ १ त्र्यवसाना सप्तपदा विराट्शक्वरी; २,५–८, १०, १२, १३, १८—२१ अनुष्टुप्; ३ परोष्णिक्; ४ त्र्यवसाना स्वराडार्षी जगती; ९,११,१४,२३ आस्तारपङ्क्तिः; १५ अतिजगती; १६ त्र्यवसाना ब्राह्म्युष्णिक्; १७ गायत्री; २२, २४, २५ त्र्यवसाना सप्तपदा शक्वरी; २६ प्रस्तारपङ्क्तिः ॥

राजप्रजाकृत्योपदेशः—राजा और प्रजा के कर्त्तव्य का उपदेश ॥

ये बाहवो या इषवो धन्वनां वीर्याणि च ।
असीन् परशूनायुधं चित्ताकूतं च यद्धृदि ।
सर्वं तदर्बुदे त्वममित्रेभ्यो दृशे कुरूदारांश्च प्र दर्शय ॥ १ ॥

(शवः) अ० ५ । २ । २ । श्वेः सम्प्रसारणं च । उ० ४ । १५३ । टुओश्वि गतिवृद्ध्योः—असुन् । बलम्—निघ० २ । ९ । गतिकरं वृद्धिकरं वा जीवात्मरूपं बलम् (अधि) उपरि (तस्मात्) जीवात्मनः सकाशात् (शवः) गतिकरं वृद्धिकरं वा परमात्मरूपं बलम् (अधि) उपरि (उच्यते) कथ्यते ॥

ये । बाहवः । याः । इषवः । धन्वनाम् । वीर्याणि । च ॥
असीन् । परशून् । आयुधम् । चित्त-आकूतम् । च । यत् ।
हृदि ॥ सर्वम् । तत् । अर्बुदे । त्वम् । अमित्रेभ्यः । दृशे ।
कुरु । उत्-आरान् । च । प्र । दर्शय ॥ १ ॥

भाषार्थ—(ये) जो (बाहवः) भुजायें, (याः) जो (इषवः) बाण, (च) और (धन्वनाम्) धनुषों के (वीर्याणि) वीर कर्म हैं [उनको] । (असीन्) तरवारों, (परशून्) परसाओं [कुल्हाड़ों], (आयुधम्) अस्त्र शस्त्र को, (च) और (यत्) जो कुछ (हृदि) हृदय में (चित्ताकूतम्) विचार और सङ्कल्प है । (तत् सर्वम्) उस सब [कर्म] को (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू (अमित्रेभ्यः दृशे) अमित्रों के लिये देखने को (कुरु) कर, (च) और (उदारान्) [हमें अपने] बड़े उपायों को (प्र दर्शय) दिखादे ॥ १ ॥

भावार्थ—सेनापति राजा अपने योद्धाओं, अस्त्र शस्त्रों, हृदय के विचारों, और मनोरथों को दृढ़ करके शत्रुओं को रोके और प्रजा की यथावत् रक्षा करे ॥ १ ॥

उत्तिष्ठत सं नह्यध्वं मित्रा देवजना यूयम् ।
संदृष्टा गुप्ता वः सन्तु या नो मित्राण्यर्बुदे ॥ २ ॥

१—(ये) (बाहवः) भुजदण्डाः (याः) (इषवः) बाणाः (धन्वनाम्) धनुषाम् (वीर्याणि) वीरकर्माणि । शत्रुजयसामर्थ्यानि (असीन्) खड्गान् (परशून्) कुठारविशेषान् (आयुधम्) अस्त्रशस्त्रजातम् (चित्ताकुतम्) द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम् । पा० २ । ४ । २ । एकवद्भावादेकवचनम् । चित्तानां विचाराणाम्, आकूतानां संकल्पानां च समाहारः (च) (यत्) (हृदि) हृदये (सर्वम्) (तत्) (अर्बुदे) अर्ब गतौ हिंसायां च—उदिच् प्रत्ययः । हे पुरुषार्थिन् शत्रुनाशक शूर सेनापते (त्वम्) (अमित्रेभ्यः) शत्रुभ्यः (दृशे) अ० १ । ६ । ३ । द्रष्टुम् (कुरु) अनुतिष्ठ (उदारान्) उद+आङ्+रा दाने—क । यद्वा उद्+ऋ गतिप्रापणयोः—घञ् । गम्भीरोपायान् (च) (प्र) प्रकृष्टेन (दर्शय) निरीक्षय ॥

उत् । तिष्ठत । सम् । नह्यध्वम् । मित्राः । देव-जनाः । यूयम् ॥
सम्-दृष्टा । गुप्ता । वः । सन्तु । या । नः । मित्राणि । अर्बुदे ॥२॥

भाषार्थ—(मित्राः) हे प्रेरक (देवजनाः) विजयी जनो ! (यूयम्) तुम (उत् तिष्ठत) उठो और (सम् नह्यध्वम्) कवचों को पहिनो। (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति-म० १] (या) जो (नः) हमारे (मित्राणि) मित्र हैं, [वे सब] (वः) तुम लोगों के (संदृष्टा) देखे हुये और (गुप्ता) रक्षित (सन्तु) होवें ॥ २ ॥

भावार्थ—सेनापति राजा आदि लोग अपने विजयी वीर सैनिकों और सहायक मित्रों को सावधान और अस्त्र शस्त्रों से सजाकर निरीक्षण करें और व्यूह रचना से उन की रक्षा करें ॥ २ ॥

उत्तिष्ठतमा रभेथामादानसंदानाभ्याम् ।
अमित्राणां सेना अभि धत्तमर्बुदे ॥ ३ ॥

उत् । तिष्ठतम् । आ । रभेथाम् । आदान-संदानाभ्याम् ॥
अमित्राणाम् । सेनाः । अभि । धत्तम् । अर्बुदे ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [हे शूर सेनापति राजन् और प्रजागण] तुम दोनों (उत् तिष्ठतम्) खड़े हो जाओ, (आदानसन्दानाभ्याम्) दोनों पकड़ने और बांधने के यन्त्रों से [युद्ध] (आ रभेथाम्) आरम्भ करो,

२—(उत्तिष्ठत) उद्गच्छत (संनह्यध्वम्) संनाहान् कवचान् धारयत (मित्राः) डु मिञ् प्रक्षेपणे—क्त । हे प्रेरकाः (देवजनाः) विजिगीषुलोकाः (यूयम्) (संदृष्टा) सम्यङ् निरीक्षितानि (गुप्ता) रक्षितानि (वः) युष्माकम् (सन्तु) (या) यानि (नः) अस्माकम् (मित्राणि) सुहृद्गणाः (अर्बुदे) म० १। हे शूर सेनापते ॥

३—(उत्तिष्ठतम्) उच्चलतम् (आरभेथाम्) युद्धमुपक्रमेथाम् (आदानसन्दानाभ्याम्) आदीयते गृह्यत अनेनेति आदानं ग्रहणयन्त्रम्, सन्दीयते बध्यते अनेनेति बन्धनयन्त्रम् । ताभ्यां यन्त्राभ्याम् (अमित्राणाम्) शत्रूणाम्

और (अमित्राणाम्) वैरियों की (सेनाः) सेनाओं को (अभि धत्तम्) तुम दोनों बांध लो ॥ ३ ॥

भावार्थ—सेनापति राजा और सब प्रजागण मिलकर वीरता के साथ अनेक यन्त्र समूहों से शत्रुओं को घेर लेवें ॥ ३ ॥

अर्बुदिर्नाम यो देव ईशानश्च न्यर्बुदिः ।
याभ्यामन्तरिक्षमावृतमियं च पृथिवी मही ।
ताभ्यामिन्द्रमेदिभ्यामहं जितमन्वेमि सेनया ॥ ४ ॥

अर्बुदिः । नाम । यः । देवः । ईशानः । च । नि-अर्बुदिः ॥ याभ्याम् । अन्तरिक्षम् । आ-वृतम् । इयम् । च । पृथिवी । मही ॥ ताभ्याम् । इन्द्रमेदि-भ्याम् । अहम् । जितम् । अनु । एमि । सेनया ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(अर्बुदिः) अर्बुदि [शूर सेनापति राजा], (यः) जो (नाम) प्रसिद्ध (देवः) विजयी पुरुष है, (च) और [जो] (ईशानः) ऐश्वर्यवान् (न्यर्बुदिः) न्यर्बुदि [निरन्तर पुरुषार्थी प्रजागण] है। (याभ्याम्) जिन दोनों से (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष (आवृतम्) घिरा हुआ है (च) और (इयम्) यह (मही) बड़ी (पृथिवी) पृथिवी [घिरी है]। (ताभ्याम्) उन दोनों (इन्द्रमेदिभ्याम्) जीवों के स्नेहियों के द्वारा (सेनया) [अपनी] सेना से

(सेनाः) (अभिधत्तम्) युवां बध्नीतम् (अर्बुदे) म० १ । हे शूर सेनापते त्वम् हे राजागण त्वं च युवाम् ॥

४—(अर्बुदिः) म० १ । शूरसेनापती राजा (नाम) प्रसिद्धौ (यः) (देवः) विजिगीषुः (ईशानः) ईशिता (च) (न्यर्बुदिः) नि+अर्ब गतौ हिंसायां च-उदिच् । निरन्तरपुरुषार्थी प्रजागणः (याभ्याम्) अर्बुदिन्यर्बुदिभ्याम् (अन्तरिक्षम्) (आवृतम्) आच्छादितम् (इयम्) दृश्यमाना (च) (पृथिवी) (मही) महती (ताभ्याम्) (इन्द्रमेदिभ्याम्) ञि मिदा स्नेहने-णिनि ।

(जितम्) जीते हुये [प्रयोजन] को (अहम्) मैं [प्रजागण] (अनु) निरन्तर (एमि) पाऊं ॥ ४ ॥

भावार्थ—राजा और प्रजाजन पृथिवी, आकाश और जल में भी राज्य बढ़ाकर प्रजागण को जीते हुये देशों में विद्या प्रचार और वाणिज्य आदि से लाभ पहुंचावें ॥ ४ ॥

उत्तिष्ठ त्वं देवजनार्बुदे सेनया सह ।
भञ्जन्नमित्राणां सेनां भोगेभिः परि वारय ॥ ५ ॥

उत् । तिष्ठ । त्वम् । देव-जन । अर्बुदे । सेनया । सह ॥
भञ्जन् । अमित्राणाम् । सेनाम् । भोगेभिः । परि । वारय ॥५॥

भाषार्थ—(देवजन) हे विजयी जन ! (अर्बुदे) अर्बुदि [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू (सेनया सह) [अपनी] सेना के साथ (उत् तिष्ठ) खड़ा हो । (अमित्राणाम्) अमित्रों की (सेनाम्) सेना को (भञ्जन्) पीसता हुआ तू (भोगेभिः) भोग व्यूहों [सांप की कुण्डली के समान सेना की रचनाओं] से (परि वारय) घेर ले ॥ ५ ॥

भावार्थ—सेनापति अपनी सेना को अस्त्र शस्त्रों से सजाकर भोगव्यूह, चक्रव्यूह, दण्डव्यूह, शकटव्यूह, आदि बनाकर शत्रु सेना को चूरचूर करके घेर लेवे ५ ॥

सप्त जातान् न्यर्बुद उदाराणां समीक्षयन् ।
तेभिष्ट्वमाज्ये हुते सर्वैरुत्तिष्ठ सेनया ॥ ६ ॥

जीवानां स्नेहिभ्याम् (अहम्) प्रजागणः (जितम्) जयेन प्राप्तं प्रयोजनम् (अनु) निरन्तरम् (एमि) प्राप्नोमि (सेनया) स्वसेनया ॥

५—(उत्तिष्ठ) उद्गच्छ (त्वम्) (देवजन) हे विजिगीषुजन (अर्बुदे) म० १ । हे शूर सेनापते (सेनया) (सह) (भञ्जन्) आमर्दयन् । चूर्णयन् (अमित्राणाम्) शत्रूणाम् (सेनाम्) (भोगेभिः) भुजो कौटिल्ये–घञ् । भोगैः । सर्पशरीरवत् सेनाव्यूहविशेषैः (परिवारय) सर्वतो वेष्टय ॥

सप्त । जातान् । नि-अर्बुदे । उत्-आराणाम् । सम्-ईक्षयन् ॥
तेभिः । त्वम् । आज्ये । हुते । सर्वैः । उत् । तिष्ठ । सेनया ॥६॥

भाषार्थ—(न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि [निरन्तर पुरुषार्थी प्रजागण] (उदाराणाम्)बड़े उपायों में से (सप्त) सात (जातान्) उत्तम [उपायों अर्थात् राज्य के अङ्गों] को (समीक्षयन्) दिखाता हुआ तू (तेभिः सर्वैः) उन सब [शत्रुओं] के साथ [जैसे अग्नि में] (आज्ये हुते) घी चढ़ने पर, (त्वम्) तू (सेनया) [अपनी] सेना सहित (उत् तिष्ठ) खड़ा हो ॥ ६ ॥

भावार्थ—जैसे अग्नि घी डालने से प्रचण्ड होता है वैसे ही शत्रु से भारी युद्ध ठनने पर सब प्रजा गण राज्य के सात अङ्गों को दृढ़ करके टूट पड़ें ॥ ६ ॥

राज्य के सात अङ्ग शब्दकल्पद्रुम में इस प्रकार हैं [स्वाम्यमात्यश्च राष्ट्रञ्च दुर्गं कोषो बलं सुहृत् । परस्परोपकारीदं सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते ॥ १ ॥] १- स्वामी अर्थात् राजा, और २-मन्त्री और ३-राजधानी आदि राज्य, ४-गढ़, ५-सुवर्ण आदि कोष, ६-सैन्य दल, और ७-मित्र, परस्पर उपकारी सात अङ्गों वाला यह राज्य कहा जाता है ॥

प्रतिघ्नानाश्रुमुखी कृधुकर्णी च क्रोशतु ।
विकेशी पुरुषे हते रदिते अर्बुदे तव ॥ ७ ॥

प्रति-घ्नाना । अश्रु-मुखी । कृधु-कर्णी । च । क्रोशतु ॥
वि-केशी । पुरुषे । हते । रदिते । अर्बुदे । तव ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(प्रतिघ्नाना) [शिर आदि] धुनती हुयी, (अश्रुमुखी) मुख पर आंसु बहाती हुयी, (कृधुकर्णी) मन्द कानों वाली (च) और (विकेशी)

६—(सप्त) सप्तसंख्याकान् स्वाम्यमात्यादीन् राज्योपायान् (जातान्) प्रशस्तान् (न्यर्बुदे) म० ४ । हे निरन्तरपुरुषार्थिन् प्रजागण (उदाराणाम्) म० १ । गम्भीराणामुपायानां मध्ये (समीक्षयन्) ईक्ष दर्शने-णिच् शतृ । स्यग् दर्शयन् । प्रकटयन् (तेभिः) तैः शत्रुभिः (त्वम्) (आज्ये) घृते (हुते) अग्नौ प्रक्षिप्ते सति (सर्वैः) समस्तैः (उत्तिष्ठ) (सेनया) ॥

७—(प्रतिघ्नाना) प्रति+हन हिंसागत्योः-शानच् । गमहनजन० । पा० ६ । ४ । ६८ । उपधालोपः । शिरआद्यङ्गं ताडयन्ती (अश्रुमुखी) बाष्पमुखी (कृधु-

केश बिखरे हुये [शत्रु की माता, पत्नी बहिन आदि] (पुरुषे हते) [अपने] पुरुष के मारे जाने में, (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (तव) तेरे (रदिते) तोड़ने फोड़ने पर (क्रोशतु) रोवे ॥ ७ ॥

भावार्थ—शूर सेनापति शत्रुओं को ऐसा मारे कि उनकी स्त्रियां अति व्याकुल होकर विलाप करें ॥ ७ ॥

संकर्षन्ती करूकरं मनसा पुत्रमिच्छन्ती ।
पतिं भ्रातरमात्स्वान् रदिते अर्बुदे तव ॥ ८ ॥

सम्-कर्षन्ती । करूकरम् । मनसा । पुत्रम् । इच्छन्ती ॥
पतिम् । भ्रातरम् । आत् । स्वान् । रदिते । अर्बुदे । तव ॥८॥

भाषार्थ—(करूकम्) कार्य कर्ता (पुत्रम्) पुत्र (पतिम्) पति, (भ्रातरम्) भाई (आत्) और (स्वान्) बन्धुओं को (संकर्षन्ती) समेटती हुई और (मनसा) मन से (इच्छन्ती) चाहती हुई [माता, पत्नी, भगिनी आदि स्त्री] (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति–म० १] (ते) तेरे (रदिते) तोड़ने फोड़ने पर, [रोवे–म० ७] ॥ ८ ॥

भावार्थ—शूर सेनापति से शत्रुओं के मारे जाने पर उनकी स्त्रियां अपने घरों के कार्य कर्ताओं के बिना अत्यन्त दुःखी होवें ॥ ८ ॥

अलिक्लवा जाष्कमदा गृध्राः श्येनाः पतत्रिणः । ध्वाङ्क्षाः
शकुनयस्तृप्यन्त्वमित्रेषु समीक्षयन् रदिते अर्बुदे तव ॥९॥

कर्णी) कधु ह्रस्व नाम–निघ० २ । ३ । अल्पश्रोत्रा । पटहध्वन्यादिना हतश्रवणसामर्थ्या (च) (क्रोशतु) क्रुश आह्वाने रोदने च । रोदितु (विकेशी) अ० १ । २८ । ४ । विकीर्णकेशयुक्ता (पुरुषे) स्वबन्धौ (हते) मारिते सति (रदिते) रद विलेखने-भावे क्त । विदारणे सति (अर्बुदे) म० १ । हे शूर सेनापते (तव) ॥

८—(संकर्षन्ती) सम्यग् गृह्णन्ती (करूकरम्) कृषिचमितनि० । उ० १ । ८० । करोतेः—ऊप्रत्ययः स्त्रियाम् । कृञो हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु । पा० ३ २ । २० । करोतेष्टः । करूं क्रियां करोतीति करूकरस्तं कार्यकर्तारम् (मनसा) हृदयेन (पुत्रम्) सुतम् (इच्छन्ती) कामयमाना (पतिम्) (भ्रातरम्) सहोदरम् (आत्) तथा (स्वान्) ज्ञातीन् । अन्यत् पूर्ववत्–म० ७ ॥

अ॒लि॒क्ल॑वाः। जा॒ष्क॒म॒दाः । गृध्राः। श्ये॒नाः । प॒त॒त्रिणः ॥ ध्वा- ङ्क्षाः । श॒कुन॑यः । तृ॒प्य॒न्तु । अ॒मित्रे॑षु । स॒म्-ई॒क्षय॑न् । र॒दि॒ते । अ॒र्बु॒दे॒ तव॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(अलिक्लवाः) अपने बल से भय देने वाले [चील आदि] (जाष्कमदाः) हिंसा में सुख मनाने वाले [खारस आदि], (गृध्राः) खाऊ [गिद्ध], (श्येनाः) श्येन [बाज], (ध्वाङ्क्षाः) कौवे, (शकुनयः) चीलें, (पतत्रिणः) पक्षीगण (तृप्यन्तु) तृप्त होवें, [जिन पक्षियों को] (अमित्रेषु) अमित्रों पर (समीक्षयन्) दिखाता हुआ, तू (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेना-पति राजन्] (तव) अपने (रदिते) तोड़ फोड़ कर्म में [वर्तमान हो] ॥ ९ ॥

भावार्थ—शूर सेनापति शत्रुओं को युद्ध में मारकर गिरा दे और चील आदि मांस भक्षक पक्षी उनकी लोथों को नोंच नोंच कर खावें ॥ ९ ॥

अथो॒ सर्वं॒ श्वाप॑दं॒ मक्षि॑का तृप्यतु॒ क्रिमिः॑ ।

पौरु॑षे॒येऽधि॒ कुण॑पे रदि॒ते अ॑र्बुदे॒ तव॑ ॥ १० ॥ (२५)

अथो॒ इति॑ । सर्व॑म् । श्वाप॑दम् । मक्षि॑का । तृ॒प्य॒तु॒ । क्रिमिः॑ ॥ पौरु॑षेये । अधि॑ । कुण॑पे । र॒दि॒ते । अ॒र्बु॒दे॒ । तव॑ ॥१०॥ (२५)

भाषार्थ—(अथो) और भी (सर्वम्) सब (श्वापदम्) कुत्तोंकेसे

९—(अलिक्लवाः) अ० ११ । २ । २ । अलिना शक्त्या स्वबलेन भयानकाः पक्षिणः (जाष्कमदाः) इण्भीकापा० । उ० ३ ; ४३ । जष हिंसायाम्—कन्, छांदसी वृद्धिः+मदी हर्षे—पचाद्यच् । हिंसने हर्षशीलाः । सारसादयः पक्षिणः (गृध्राः)मांसभक्षकाः खगविशेषाः (श्येनाः) अ० ३ । ३ । ३ । शीघ्र-गतयः पक्षिविशेषाः (पतत्त्रिणः) अ० १ । १५ । १ । पक्षिणः (ध्वाङ्क्षाः) ध्वाक्षि घोरशब्दे–अच् । काकाः (शकुनयः) अ० ७ । ६४ । १ । चिल्लप-क्षिणः (तृप्यन्तु) हृष्यन्तु (अमित्रेषु) शत्रुषु (समीक्षयन्) म० ६-त्वं सम्यग् दर्शयन् यान् पक्षिणः (रदिते) विदारणे, त्वं वर्त्तस्वेति शेषः (अर्बुदे) म० १ । हे शूर सेनापते राजन् (तव) स्वकीये ॥

१०—(अथो) अपि च (सर्वम्) (श्वापदम्) शुनो दन्तदंष्ट्राकर्णकुन्द-

पैर वाले [सियार आदि हिंसकों का समूह], (मक्षिका) मक्खी और (क्रिमिः) कीड़ा (पौरुषेये) पुरुषों की (कुणपे अधि) लोथों के ऊपर, (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (तव) तेरे (रदिते) तोड़ने फोड़ने पर (तृप्यतु) तृप्त होवे ॥ १० ॥

भावार्थ--शूर सेनापति के विध्वंस करने पर शत्रुओं की लोथों से हिंसक पशु पक्षी पेट भरें ॥ १० ॥

आ गृ॑ह्णीतं॒ सं बृ॑हतं प्राणापा॒नान् न्य॑र्बुदे । नि॒वा॒शा घोषाः॒ सं य॑न्त्व॒मित्रे॑षु स॒मी॒क्षय॑न् । रदि॒ते अ॑र्बुदे॒ तव॑ ॥ ११ ॥

आ । गृ॒ह्णी॒त॒म् । सम् । बृ॒ह॒त॒म् । प्रा॒ण॒ऽअ॒पा॒नान् । नि॒ऽअ॒र्बु॒दे॒ ॥
नि॒ऽवा॒शाः । घोषाः॑ । सम् । य॒न्तु॒ । अ॒मित्रे॑षु । स॒म्ऽई॒क्षय॑न् ।
र॒दि॒ते । अ॒र्बु॒दे॒ । तव॑ ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि ! [निरन्तर पुरुषार्थी प्रजागण और शूर सेनापति राजन्] [शत्रुओं को] (आ गृह्णीतम्) तुम दोनों घेर लो, और [उनके] (प्राणापानान्) श्वास प्रश्वासों को (सम् बृहतम्) उखाड़ दो। (निवाशाः) लगातार बोले हुये (घोषाः) घोषणा शब्द (सम् यन्तु) गूंज उठें, [जिन घोषणाओं को] (अमित्रेषु) अमित्रों पर (समीक्षयन्)

वराहपुच्छपदेषु दीर्घो वाच्यः । वा० पा० ६ । ३ । १३७ । दीर्घः । शुन इव पदं यस्य सः श्वापदः, ततः समूहार्थे—अण् । हिंस्रपशूनां शृगालादीनां समूहः (मक्षिका) अ० ११ । २ । २ । कीटभेदः (तृप्यतु) (क्रिमिः) (पौरुषेये) अ० ७ । १०५ । १ । पुरुष-ढञ् । पुरुषसम्बन्धिनि (अधि) उपरि (कुणपे) क्वणेः सम्प्रसारणं च। उ० ३ । १४३ । क्वण शब्दे—कपन्, सम्प्रसारणम्, यद्वा कुण शब्दोपकरणयोः—कपन्। मृतदेहे। शवे। अन्यत् पूर्ववत्—म० ७॥

११—(आ गृह्णीतम्) समन्तात् प्राप्नुतम् (सं बृहतम्) वृह्ण बृह्ण उद्यमने-लोट्। उत्खिदतं युवाम् (प्राणापानान्) (न्यर्बुदे) म० ४। हे निरन्तरपुरुषार्थिन् प्रजागण त्वं च, हे शूर सेनापते राजन् त्वं च। (निवाशाः) वाश्ट शब्दे—घञ्। निरन्तरभाष्यमाणाः (घोषाः) घोषणाशब्दाः (सं यन्तु)

दिखाता हुआ तू (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (तव) अपने (रदिते) तोड़ फोड़ कर्म में [वर्तमान हो] ॥ ११ ॥

भावार्थ—प्रजाजन राजगणों के सहायक होकर शत्रुओं को घेर कर व्याकुल कर देवें ॥ ११ ॥

उद्वेपय सं विजन्तां भियामित्रान्त्सं सृज ।
उरुग्राहैर्बाह्वङ्कैर्विध्यामित्रान् न्यर्बुदे ॥ १२ ॥

उत् । वेपय । सम् । विजन्ताम् । भिया । अमित्रान् । सम् । सृज ॥ उरु-ग्राहैः । बाहु-अङ्कैः । विध्य । अमित्रान् । नि-अर्बुदे १२

भाषार्थ—[उन्हें] (उद् वेपय) कंपा दे, (संविजन्ताम्) वे घबड़ाकर चले जावें, (अमित्रान्) अमित्रों को (भिया) भय के साथ (सं सृज) संयुक्त कर। (न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि ! [निरन्तर पुरुषार्थी प्रजागण] (उरुग्राहैः) चौड़ी पकड़ वाले (बाह्वङ्कैः) भुज बन्धनों से (अमित्रान्) अमित्रों को (विध्य) वेध ले ॥ १२ ॥

भावार्थ—युद्ध चतुर प्रजागण शत्रुओं को पकड़ने और मारने में उत्साह करें ॥ १२ ॥

मुह्यन्त्वेषां बाहवश्चित्ताकूतं च यद्धृदि ।
मैषामुच्छेषि किं चन रदिते अर्बुदे तव ॥ १३ ॥

मुह्यन्तु । एषाम् । बाहवः । चित्त-आकूतम् । च । यत् । हृदि॥

प्रतिध्वनिना संगच्छन्ताम् (अमित्रेषु) (समीक्षयन्) सम्यग् दर्शयन्, यान् घोषानिति शेषः । अन्यत् पूर्ववत्—म० ६ ॥

१२—(उद्वेपय) टु वेपृ कम्पने । उत्कम्पय (संविजन्ताम्) ओ विजी भयचलनयोः । व्याकुलीभूय चलन्तु (भिया) भयेन (अमित्रान्) शत्रून् (संसृज) संयोजय (उरुग्राहैः) विस्तृतग्रहणयन्त्रयुक्तैः (बाह्वङ्कैः) अङ्क पदे लक्षणे च—घञ् । भुजबन्धनैः (विध्य) ताडय (अमित्रान्) (न्यर्बुदे) ॥

मा । एषाम् । उत् । शेषि । किम् । चन । रदिते । अर्बुदे । तव ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(एषाम्) इन [शत्रुओं] की (बाहवः) भुजायें (मुह्यन्तु) निकम्मी हो जावें, (च) और (यत्) जो कुछ (हृदि) हृदय में (चित्ताकूतम्) विचार और सङ्कल्प हैं, (एषाम्) इनका (किं चन) वह कुछ भी, (अर्बुदे) हे अर्बुदि [शूर सेनापति राजन्] (तव) तेरे (रदिते) तोड़ने फोड़ने पर (मा उत् शेषि) न बचा रहे १३ ॥

भावार्थ—युद्ध विशारद सेनापति की वीरता प्रकट होने पर शत्रुदल और उनके विचार और मनोरथ निष्फल पड़ जावें ॥ १३ ॥

प्रतिघ्नानाः सं धावन्तूरः पटूरावाघ्नानाः । अघारिणीर्विकेश्यो रुदत्यः पुरुषे हते रदिते अर्बुदे तव ॥ १४ ॥

प्रति-घ्नानाः । सम् । धावन्तु । उरः । पटूरौ । आ-घ्नानाः ॥ अघारिणीः । वि-केश्यः । रुदत्यः । पुरुषे । हते । रदिते । अर्बुदे । तव ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(उरः) छाती और (पटूरौ) दोनों पटूरों [छाती के दोनों ओर के भागों] को (प्रतिघ्नानाः) धुनती हुई और (आघ्नानाः) पीटती हुई, (अघारिणीः) विना तेल लगाये, (विकेश्यः) केश बिखेरे हुये, (रुदत्यः) रोतीं हुईं [स्त्रियां] (पुरुषे हते) [अपने] पुरुष के मारे जाने में, (अर्बुदे)

१३—(मुह्यन्तु) मूढा निरर्थका भवन्तु (एषाम्) शत्रूणाम् (बाहवः) (चित्ताकूतम्) म० १ । विचाराणां सङ्कल्पानां च समाहारः (च) (यत्) (हृदि) हृदये (एषाम्) (मा उच्छेषि) शिष्लृ विशेषणे-कर्मणि लुङ् । अवशिष्टं मा भूत् (किंचन) तत् किमपि । अन्यद् गतम्—म० ७ ॥

१४—(प्रतिघ्नानाः) म० ७ । ताडयन्त्यः (संधावन्तु) इतस्ततः शीघ्रं गच्छन्तु (उरः) वक्षःस्थलम् (पटूरौ) मीनातेरूरन् । उ० १ । ६७ । पट गतौ दीप्तौ वेष्टने च-ऊरन् । उरः प्रदेशौ । कण्ठाधोभागौ (आघ्नानाः) म० ७ । हनशानच् । समन्तात् पीडयन्त्यः (अघारिणीः) अ+घृ सेके-घञ्, अघार-इनि,

हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (तव) तेरे (रदिते) तोड़ने फोड़ने पर (सं धावन्तु) दौड़ती फिरें ॥ १४ ॥

भावार्थ—रणक्षेत्र में शत्रुओं के मारे जाने पर उनकी स्त्रियां व्याकुल होकर इधर उधर फिरती फिरें ॥ १४ ॥

इस मन्त्र का मिलान ऊपर मन्त्र ७ से करो ॥

श्वन्वतीरप्सरसो रूपका उतार्बुदे ।

अन्तःपात्रे रेरिहतीं रिशां दुर्णिहितैषिणीम् ॥

सर्वास्ता अर्बुदे त्वममित्रेभ्यो दृशे कुरूदारांश्च प्र दर्शय १५

श्वन्-वतीः । अप्सरसः । रूपकाः । उत । अर्बुदे ॥ अन्तः-पात्रे । रेरिहतीम् । रिशाम् । दुर्निहित-एषिणीम् ॥ सर्वाः । ताः । अर्बुदे । त्वम् । अमित्रेभ्यः । दृशे । कुरु । उत्-आरान् । च । प्र । दर्शय ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (श्वन्वतीः) वृद्धि वाली (उत) और (अप्सरसः) प्रजाओं में व्यापने वाली (रूपकाः) सुन्दरतायें जताने वाली क्रियायें को [मित्रों के लिये], (अन्तःपात्रे) भीतरले पात्र [अन्तःकरण] में (रेरिहतीम्) अत्यन्त युद्ध करने वाली (दुर्णिहितैषिणीम्) दुष्ट प्रयोजन को खोजने वाली (रिशाम्) पीड़ा को, (ताः सर्वाः) उन सब [पीड़ाओं] को, (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू

ङीप् । अघारिण्यः । घारेण सेचनद्रव्येण तैलादिना रहिताः (विकेश्यः) अ० १ । २८ । ४ । विकीर्णकेशाः (रुदत्यः) अश्रून् विमोचयन्त्यः । अन्यद् गतम् म० ७ ॥

१५—(श्वन्वतीः) श्वन्नुक्षन्पूषन्० । उ० १ । १५९ । टु ओ श्वि गतिवृद्धयोः—कनिन्, मतुप् । अनोनुट् । पा० ८ । २ । १६ । अन्नन्ताद् मतोर्नुट् । वृद्धिमतीः (अप्सरसः) अ० ४ । ३७ । २ । अप् + सृ गतौ—असि । अप्सु प्रजासु व्यापनशीलाः (रूपकाः) आतोऽनुपसर्गे कः । पा० ३ । २ । ३ । रूप + कै शब्दे-कः । उपपदमतिङ् । पा० २ । २ । १९ । इति समासः । रूपाणि सौन्दर्याणि काययन्ति शब्दयन्ति ज्ञापयन्ति यास्ताः क्रियाः (उत) अपि च (अर्बुदे) म० १ । हे शूर सेनापते राजन् (अन्तःपात्रे) मध्यवर्तिनि पात्रे । अन्तः करणे (रेरिहतीम्) रिह

(अमित्रेभ्यः दृशे) अमित्रों के लिये देखने को (कुरु) कर, (च) और [हमें अपने] (उदारान्) बड़े उपायों को (प्र दर्शय) दिखादे ॥ १५ ॥

भावार्थ—राजा को योग्य है कि शिष्टों के साथ उनके श्रेष्ठ व्यवहारों के अनुसार श्रेष्ठ व्यवहार करे और दुष्टों को खोजकर उनकी दुष्टता के अनुसार दण्ड देवे, जिससे राजाकी उत्तम नीति का प्रभाव सबको विदित होजावे ॥१५॥ मन्त्र के अन्तिम भाग के लिये मन्त्र १ तथा २२ और २४ देखो ॥

खड्रूरेऽधिचङ्क्रमां खर्विकां खर्ववासिनीम् ।
य उदारा अन्तर्हिता गन्धर्वाप्सरसंश्च ये ।
सर्पा इतरजना रक्षांसि ॥ १६ ॥

खड्रूरे । अधि-चङ्क्रमाम् । खर्विकाम् । खर्व-वासिनीम् ॥
ये । उत्-आराः । अन्तः-हिताः । गन्धर्व-अप्सरसः । च ।
ये ॥ सर्पाः । इतर-जनाः । रक्षांसि ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(खड्रूरे) खड्ग [तरवार] पर (अधिचङ्क्रमाम्) निधड़क चढ़ जाने वाली, (खर्विकाम्) अभिमानिनी, (खर्ववासिनीम्) खर्वों [बहुत गिनती मनुष्यों] में रहने वाली [सेना] को और (ये) जो (उदाराः) उदार [दानशील] (च) और (ये) जो (अन्तर्हिताः) अन्तःकरण से हितकारी (गन्धर्वाप्सरसः) गन्धर्व [पृथिवी के धारण करने वाले] और अप्सर

कत्थन युद्धनिन्दाहिंसादानेषु—यङ्लुकि शतृ, ङीप् । भृशं युध्यमानाम् (रिशाम्) रिश हिंसायाम्- क, टाप् । पीडाम् (दुर्णिहितैषिणीम) दुर्+नि+धा—क्त+इष इच्छायाम्—णिनि । दुष्टं स्थापितं प्रयोजनमन्विच्छन्तीम् (सर्वाः) (ताः) पीडाः । अन्यद् गतम्—म० १ ॥

१६—(खड्रूरे) मीनातेरूरन् उ० १ । ६७ । खड भेदने-ऊरन् । खड्गे । तरवारौ (अधिचङ्क्रमाम्) क्रमु पादविक्षेपे, यङ्लुकि नुक्-पचाद्यच् । यङोऽचि च । पा० २ । ४ । ७३ । यङो लुक् । भृशमधिक्रमणशीलाम् (खर्विकाम्) खर्व दर्पे-ण्वुल् । अभिमानिनीम् (खर्ववासिनीम्) खर्वेषु संख्याविशेषेषु निवसन्तीं सेनाम् (ये) (उदाराः) दानशीलाः (अन्तर्हिताः) अन्तः करणेन हितकारिणः (गन्धर्वाप्सरसः) अ० ११ । ६ । ४ । गां पृथिवीं धरन्ति ये ते

[प्रजाओं वा आकाश में चलने वाले विवेकी लोग हैं, "उनको, दिखा—म० १५] और [जो] (सर्पाः) सर्प [के समान हिंसक], (इतरजनाः) पामरजन (रक्षांसि) राक्षस हैं [उनको, कंपा दे—म० १८] ॥ १६ ॥

भावार्थ—इस मन्त्र में (दर्शय) [दिखा] मन्त्र १५ से और (उत् वेपय) (कंपा दे) क्रिया पद—मन्त्र १८ से लाया गया है। राजा अपनी सुनीति से सुशिक्षित वीर सेना और हितैषी, भूमिविद्या और आकाशविद्या जानने वाले विज्ञानियों द्वारा दुष्टों को दण्ड देवे, जिससे शत्रु लोग पृथिवी वा आकाश मार्ग से कष्ट न दे सकें ॥१६॥

चतुर्दंष्ट्रांछ्यावदतः कुम्भमुष्काँ असृङ्मुखान् ।
स्वभ्यसा ये चोद्भ्यसाः ॥ १७ ॥

चतुः-दंष्ट्रान् । श्याव-दतः। कुम्भ-मुष्कान् । असृक्-मुखान् ॥ स्व-भ्यसाः । ये । च । उत्-भ्यसाः ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(चतुर्दंष्ट्रान्) चार डाढ़ें वालों [बड़े हाथियों] और (श्यावदतः) काले दांतों वाले, (कुम्भमुष्कान्) कुम्भसमान [घड़ा समान बड़े] अंडकोश वाले (असृङ्मुखान्) रुधिर मुखों [सिंह आदि जीवों] को (च) और (ये) जो (स्वभ्यसाः) स्वभाव से भयानक [और जो] (उत्भ्यसाः) ऊपरी [आकार से] भयानक हैं [उनको, कंपा दे म० १८] ॥ १७ ॥

भावार्थ—इस मन्त्र में (उत् वेपय) [कंपा दे] क्रिया पद—मन्त्र १८ से आता है। राजा भयानक हिंसक जीवों और उनके समान दुष्ट मनुष्यों को राज्य से हटाकर प्रजापालन करें ॥ १७ ॥

गन्धर्वाः। अप्सु प्रजासु आकाशे वा सरन्ति ये ते अप्सरसः। ते सर्वे विवेकिनः (च) (ये) (सर्पाः) सर्पवत् क्रूराः (इतरजनाः) पामरलोकाः (रक्षांसि) राक्षसाः ॥

१७—(चतुर्दंष्ट्रान्) चतुर्दन्तान् महागजान् (श्यावदतः) श्यामवर्णदन्तयुक्तान् (कुम्भमुष्कान्) कुम्भाकृतिमुष्कयुक्तान् (असृङ्मुखान्) रुधिरमुखान् सिंहादीन् (स्वभ्यसाः) भ्यस भये-घञर्थे कप्रत्ययः। स्वेन आत्मना स्वभावेन भयानकाः (ये) (च) (उद्भ्यसाः) ऊर्ध्वप्रकारेण भयानकाः ॥

उद् वे॑पय॒ त्वम॑र्बु॒दे॒ऽमित्रा॑णाम॒मूः सिचः॑ ।
जयाँ॑श्च जि॒ष्णुश्चा॒मित्राँ॒ जय॑ता॒मिन्द्र॑मेदिनौ ॥ १८ ॥

उत् । वे॒पय॒ । त्वम् । अर्बु॒दे॒ । अ॒मित्रा॑णाम् । अ॒मूः । सिचः॑ ॥ जय॑न् । च॒ । जि॒ष्णुः । च॒ । अ॒मित्रा॑न् । जय॑ताम् । इन्द्र॑-मेदिनौ ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू (अमित्राणाम्) शत्रुओं की (अमूः) उन (सिचः) सेचनशील [उमड़ती हुई सेनाओं] को (उत् वेपय) कंपा दे । (जयन्) जीतता हुआ [प्रजागण] (च च) और (जिष्णुः) विजयी [राजा], (इन्द्रमेदिनौ) जीवों के स्नेही आप दोनों (अमित्रान्) बैरियों को (जयताम्) जीतें ॥ १८ ॥

भावार्थ—परस्पर प्रसन्न चित्त प्रजागण और राजगण शत्रुओं की सहायक सेनाओं को तुरन्त जीत लेवें ॥ १८ ॥

प्र॒ब्लीनो॑ मृदि॒तः श॑यां ह॒तो३॑ऽमित्रो॑ न्यर्बुदे ।
अ॒ग्नि॒जि॒ह्वा धू॒मशि॑खा जय॑न्तीर्यन्तु॒ सेन॑या ॥ १९ ॥

प्र-ब्लीनः । मृ॒दि॒तः । श॒याम् । ह॒तः । अ॒मित्रः॑ । नि-अ॒र्बु॒दे॒ ॥ अ॒ग्नि-जि॒ह्वाः । धू॒म-शि॒खाः । जय॑न्तीः । य॒न्तु॒ । सेन॑या ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि ! [निरन्तर पुरुषार्थी प्रजागण (प्रब्लीनः) घिरा हुआ, (मृदितः) कुचला हुआ (हतः) मारा गया (अमित्रः) बैरी

१८—(उत्) उत्कर्षेण (वेपय) म० १२ । कम्पय (त्वम्) (अर्बुदे) म० १ । शूर सेनापते राजन् (अमित्राणाम्) शत्रूणाम् (अमूः) दृश्यमानाः (सिचः) षिच आर्द्रीकरणे-क्विप् । सेचनशीलाः सहायिकाः सेनाः (जयन्) सांहितिको दीर्घः । पराभावयन् प्रजागणः (जिष्णुः) जयशीलः सेनापतिः (च) (अमित्रान्) शत्रून् (जयताम्) पराभावयताम् (इन्द्रमेदिनौ) म० ४ । जीवानां स्नेहिनौ राजप्रजागणौ ॥

१९—(प्रब्लीनः) ब्ली स्वीकरणे वेष्टने गतौ च-क्त, वस्य वः । वेष्टितः । आच्छादितः (मृदितः) संपिष्टगात्रः (शयाम्) लोपस्त आत्मनेपदेषु । पा० ७ ।

(शयाम्) सोजावे। (अग्निजिह्वाः) अग्नि की जीभें [लपटें] और (धूमशिखाः) धुयें की चोटियां [आग्नेय शस्त्रों से] (सेनया) सेना द्वारा (जयन्तीः) जीतती हुईं (यन्तु) चलें ॥ १६ ॥

भावार्थ—धर्मात्माओं के सेना दल आग्नेय आदि शस्त्रों को जल, थल और आकाश से इस प्रकार छोड़ें कि शत्रु लोग रुन्ध खुंद कर मर जावें ॥ १६ ॥

तयार्बुदे प्रणुत्तानामिन्द्रो हन्तु वरंवरम् ।
अमित्राणां शचीपतिर्मामीषां मोचि कश्चन ॥ २० ॥ (२६)

तया । अर्बुदे । प्र-नुत्तानाम् । इन्द्रः । हन्तु । वरम्-वरम् ॥ अमित्राणाम् । शची-पतिः । मा । अमीषाम् । मोचि । कः । चन ॥ २० ॥ (२६)

भाषार्थ—(अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (शचीपतिः) वाणियों, कर्मों और बुद्धियों के पालने वाले, (इन्द्रः) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले आप] (तया) उस [सेना के द्वारा] (प्रणुत्तानाम्) बाहिर हटाये गये (अमित्राणाम्) वैरियों में से (वरंवरम्) अच्छे अच्छे को (हन्तु) मारे। (अमीषाम्) इनमें से (कःचन) कोई भी (मा मोचि) न छुटे ॥ २० ॥

---

१ । ४१ । तलोपः । शेताम् (हतः) नाशितः (अमित्रः) पीडकः शत्रुः (न्यर्बुदे) म० ४ । हे निरन्तरपुरुषार्थिन् प्रजागण (अग्निजिह्वाः) आग्नेयशस्त्राणामग्नेर्ज्वालाः (धूमशिखाः) धूमस्य शिखररूपाः समुच्चयाः (जयन्तीः) शत्रुबलं जयन्त्यः (यन्तु) गच्छन्तु (सेनया) ॥

२०—(तया) सेनया (अर्बुदे) म० १ । हे शूरसेनापते राजन् (प्रणुत्तानम्) बहिष्प्रेरितनाम् (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् सेनापतिः (हन्तु) मारयतु (वरंवरम्) अ० ६ । ६७ । २ । श्रेष्ठं श्रेष्ठं नायकम् (अमित्राणाम्) शचीपतिः) अ० ३ । १० । १२ । शची=वाक्-निघ० १ । ११ । कर्म २ । १ । प्रज्ञा – ३ । ६ । शचीनां वाचां कर्मणां प्रज्ञानां च पालकः । यथार्थवक्ता यथार्थकर्मा यथार्थप्रज्ञश्च (अमीषाम्) शत्रूणाम् (मा मोचि) अ० ३ । १६ । ८ । मा मुच्यताम् (कश्चन) कोऽपि ॥

भावार्थ—युद्ध कुशल (शचीपति) यथार्थ बोलने वाला, यथार्थ कर्म वाला और यथार्थ बुद्धि वाला सेनापति शत्रुओं के सब नायकों को मार कर परास्त कर देवे ॥ २० ॥

देखो—अथर्व० ६ । ६७ । २ । और-अथर्व० ३ । १६ । ८॥

उत्कंसन्तु हृदयान्यूर्ध्वः प्राण उदीषतु ।
शौष्कास्यमनु वर्तताममित्रान् मोत मित्रिणः ॥ २१ ॥

उत् । कसन्तु । हृदयानि । ऊर्ध्वः । प्राणः । उत् । ईषतु ॥ शौष्क-आस्यम् । अनु । वर्तताम् । अमित्रान् । मा । उत । मित्रिणः ॥ २१ ॥

भाषार्थ—[शत्रुओं के] (हृदयानि) हृदय (उत् कसन्तु) उकस जावें [हिलजावें], (प्राणः) प्राण [श्वास प्रश्वास] (ऊर्ध्वः) ऊंचा होकर (उत् ईषतु) चढ़ जावे । (शौष्कास्यम्) मुखकी सुखाई (अमित्रान् अनु) शत्रुओं को (वर्तताम्) व्यापे, (उत) और (मित्रिणः) [हमारे लिये] मित्र रखने वाले जनों को (मा) न [व्यापे] ॥ २१ ॥

भावार्थ—जो लोग अपने मित्रों सहित हमारे सहायक होते हैं, उन वीरों के भय से शत्रुदल व्याकुल होकर कष्ट पावें और धर्मात्मा लोग सुख पावें ॥ २१ ॥

ये च धीरा ये चाधीराः पराञ्चो बधिराश्च ये ।
तमसा ये च तूपरा अथो बस्ताभिवासिनः ।
सर्वांस्ताँ अर्बुदे त्वममित्रेभ्यो दृशे कुरूदारांश्च प्र दर्शय २२

२१—(उत् कसन्तु) कस गतौ । उद्गच्छन्तु (हृदयानि) अन्तः करणानि (ऊर्ध्वः) उच्चगतिः सन् (प्राणः) श्वासप्रश्वासव्यापारः (उदीषतु) ईष गतौ । निर्गच्छतु (शौष्कास्यम्) शुष्कास्यता । मुखस्य निर्द्रवत्वम् (अनु) प्रति (वर्तताम्) व्याप्यताम् (अमित्रान्) पीडकान् (मा) निषेधे (उत) अपि च (मित्रिणः) मित्र-इनि । अस्मभ्यं मित्राणि सन्ति येषां तान् जनान्-अनु-वर्तताम् इति शेषः ॥

ये । च । धीराः । ये । च । अधीराः । पराञ्चः । बधिराः । च । ये ॥ तमसाः । ये । च । तूपराः । अथो इति । बस्त-अभिवासिनः ॥ सर्वान् । तान् । अर्बुदे । त्वम् । अमित्रेभ्यः । दृशे । कुरु । उत्-आरान् । च । प्र । दर्शय ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(ये) जो (धीराः) धीर [धैर्यवान्] (च च) और (ये) जो (अधीराः) अधीर [चंचल], (पराञ्चः) हट जाने वाले (च) और (ये) जो (बधिराः) बहिरे [शिक्षा न सुनने वाले] हैं । (च) और (ये) जो (तमसाः) अन्धकार युक्त, (तूपराः) हिंसक (अथो) और (वस्ताभिवासिनः) उद्योगों में रहने वाले हैं । (तान् सर्वान्) इन सब [लोगों] को, (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू (अमित्रेभ्यः दृशे) अमित्रों के लिये देखने केलिये (कुरु) कर (च) और [इमें अपने] (उदारान्) बड़े उपायों को (प्र दर्शय) दिखादे ॥ २२ ॥

भावार्थ—राजा को योग्य है कि वह धीर-अधीर, शूर-कातर, उद्योगी-अनुद्योगी आदि पुरुषों की विवेचना करके शत्रुओं को अपनी सुनीति का निश्चय करादे ॥ २२ ॥

मन्त्र के अन्तिम भाग के लिये मन्त्र १ । १५ तथा २४ देखो ॥

अर्बुदिश्च त्रिषंधिश्चामित्रान् नो वि विध्यताम् ।
यथैषामिन्द्र वृत्रहन् हनाम शचीपते ऽमित्राणां सहस्रशः ॥२३॥

अर्बुदिः । च । त्रि-संधिः । च । अमित्रान् । नः । वि ।

२२—(ये) मनुष्याः (च) (धीराः) धैर्यवन्तः । प्रज्ञानवन्तो ध्यानवन्तः निरु० ४ । १० (ये) (च) (अधीराः) चञ्चलाः (पराञ्चः) पराङ्मुखाः । पलायमानाः (बधिराः) शिक्षायां हतश्रवणसामर्थ्याः (च) (ये) (तमसाः) तमस्-अर्शआद्यच् । अन्धकारेण युक्ताः शठाः (ये) (च) (तूपराः) ऋच्छेररः । उ० ३ । १३१ । तुप हिंसायाम्-अर प्रत्ययः, गुणाभावे दीर्घः । हिंसकाः (अथो) अपि च (बस्ताभिवासिनः) वस्त गतिहिंसायाचनेषु-घञ्, वस्य बः + वस निवासे-णिनि । गतिषु उद्योगेषु निवासशीलाः (सर्वान्) (तान्) अन्यद्गतम्-म० १ ॥

विध्यताम् ॥ यथा । एषाम् । इन्द्र । वृत्र-हन् । हनाम । शची-पते । अमित्राणाम् । सहस्र-शः ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(अर्बुदिः) अर्बुदि [शूर सेनापति राजा] (च च) और (त्रिषन्धिः) त्रिसन्धि [तीनों कर्म, उपासना और ज्ञान में मेल अर्थात् प्रीति रखने वाला विद्वान् पुरुष, आप दोनों] (नः) हमारे (अमित्रान्) शत्रुओं को (वि विध्यताम्) छेद डालें । (यथा) जिससे (वृत्रहन्) हे अन्धकार नाशक ! (शचीपते) वाणियों, कर्मों और बुद्धियों के पालने वाले (इन्द्र) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले राजन्] (एषाम्) इन (अमित्राणाम्) शत्रुओं को (सहस्रशः) सहस्र सहस्र करके (हनाम) हम मारें ॥ २३ ॥

भावार्थ—बलवान् राजगण और त्रयी विद्या में कुशल, अर्थात् कर्म अपने कर्तव्य, उपासना ईश्वर भक्ति और ज्ञान सूक्ष्मदर्शिता वाले विद्वान् जन परस्पर मिलकर शत्रुओं को हराकर प्रजापालन करें ॥ २३ ॥

वनस्पतीन् वानस्पत्यानोषधीरुत वीरुधः ।
गन्धर्वाप्सरसः सर्पान् देवान् पुण्यजनान् पितॄन् ।
सर्वांस्ताँ अर्बुदे त्वममित्रेभ्यो दृशे कुरूदारांश्च प्र दर्शय २४

वनस्पतीन् । वानस्पत्यान् । ओषधीः । उत । वीरुधः ॥ गन्धर्व-अप्सरसः । सर्पान् । देवान् । पुण्य-जनान् । पितॄन् ॥ सर्वान् । तान् । अर्बुदे । त्वम् । अमित्रेभ्यः । दृशे । कुरु । उत्-आरान् । च । प्र । दर्शय ॥ २४ ॥

२३—(अर्बुदिः) म० १ । शूरः सेनापती राजा (च) (त्रिषन्धिः) त्रिषु कर्मोपासनाज्ञानेषु सन्धिः संयोगः प्रीतिर्यस्य स त्रयीकुशलो विद्वान् पुरुषः (च) (अमित्रान्) (शत्रून्) (नः) अस्माकम् (वि) विविधम् (विध्यताम्) बहु ताडयताम् (यथा) येन प्रकारेण (एषाम्) कर्मणि षष्ठी । इमान् (इन्द्र) हे परमैश्वर्यवन् राजन् (वृत्रहन्) अन्धकारनाशक (हनाम) मारयाम (शचीपते) म० २० । शचीनां वाचां कर्मणां प्रज्ञानां च पालक (अमित्राणाम्) शत्रूणाम् (सहस्रशः) अ० ८ । ८ । १ । सहस्रं सहस्रम् ॥

भाषार्थ—(वनस्पतीन्) सेवनीय शास्त्रों के पालन करने वाले पुरुषों (वानस्पत्यान्) सेवनीय शास्त्रों के पालन करने वालों के सम्बन्धी पदार्थों (ओषधीः) अन्न आदि ओषधियों, (उत) और (वीरुधः) जड़ी बूटियों को, (गन्धर्वाप्सरसः) गन्धर्वों [पृथिवी के धारण करने वालों] और अप्सरों [आकाश में चलने वालों] (सर्पान्) सर्पों [सर्पों के समान तीव्र दृष्टि वालों (देवान्) विजय चाहने वालों, (पुण्यजनान्) पुण्यात्मा (पितॄन्) पितरों [महाविद्वानों] (तान् सर्वान्) इन सब लोगों को (अर्बुदे) हे अर्बुदि [शूरसेनापति राजन्] (त्वम्) तू (अमित्रेभ्यः दृशे) अमित्रों के लिये देखने को (कुरु) कर (च) और [हमें अपने] (उदारान्) बड़े उपायों को (प्र दर्शय) दिखादे ॥ २४ ॥

भावार्थ—राजा वेद वेत्ताओं, उत्तम अन्न आदि पदार्थों, विश्वकर्मा शिल्पियों और वैज्ञानिक आदि लोगों का संग्रह करके शत्रुओं को अपना वैभव दिखावे ॥ २४ ॥

इस मन्त्र का पहिला और दूसरा भाग अ० ८ । ८ । १४ । तथा १५ में और तीसरा भाग इस सूक्त के मन्त्र २२ में आया है ॥

ई॒शां वो॑ म॒रुतो॑ दे॒व आ॑दि॒त्यो ब्रह्म॑ण॒स्पतिः॑ ।
ई॒शां व॒ इन्द्र॑श्चा॒ग्निश्च॑ धा॒ता मि॒त्रः प्र॒जाप॑तिः ।
ई॒शां व॒ ऋष॑यश्चक्रु॒रमि॒त्रे॑षु स॒मी॒क्षय॑न् रदि॒ते अर्बु॑दे॒ तव॑ ॥२५॥

ई॒शाम् । वः॒ । म॒रुतः॑ । दे॒वः । आ॒दि॒त्यः । ब्रह्म॑णः । पतिः॑ ॥ ई॒शाम् । वः॒ । इन्द्रः॑ । च॒ । अ॒ग्निः । च॒ । धा॒ता । मि॒त्रः । प्र॒जा-प॑तिः ॥ ई॒शाम् । वः॒ । ऋष॑यः । च॒क्रुः॒ । अ॒मि॒त्रे॑षु । स॒म्-ई॒क्षय॑न् । र॒दि॒ते । अ॒र्बु॒दे॒ । तव॑ ॥ २५ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (मरुतः) शूर लोग, (देवः) विजयी,

२४—प्रथमद्वितीयभागौ व्याख्यातौ-अ० ८ । ८ । १४, १५ तथा तृतीयो-व्याख्यातोऽस्मिन् सूक्ते-म० २२ ॥

२५-(ईशाम्) प्रत्ययश्रवणसामर्थ्यात्, चक्रुरिति अन्ते श्रूयमाणं सर्वत्र संब-

(आदित्यः) आदित्य [अखण्ड ब्रह्मचारी] और (ब्रह्मणः प्रतिः) वेद का रक्षक पुरुष (वः) तुम्हारे (ईशाम्-) शासक [हुये हैं । (इन्द्रः) बड़ा ऐश्वर्यवान्, (अग्निः) तेजस्वी, (धाता) धारणकर्ता (च) और (मित्रः) प्रेरक (च) और (प्रजापतिः) प्रजापालक मनुष्य (वः) तुम्हारे (ईशाम्-) शासक [हुये हैं] । (ऋषयः) ऋषि लोग [महाज्ञानी पुरुष] (वः) तुम्हारे (ईशां चक्रुः) शासक हुये हैं, [जिन विद्वानों को] (अमित्रेषु) वैरियों पर (समीक्षयन्) दिखाता हुआ, (अर्बुदे) हे अर्बुदि ! [शूर सेनापति राजन्] (तव) अपने (रदिते) तोड़ फोड़ कर्म में [तू वर्तमान हुआ है] ॥ २५ ॥

भावार्थ—जैसे पूर्वकाल में शूर वीर और महर्षियों के सत्संग से राजा लोग शासन विद्या में चतुर हुये हैं, वैसे ही सब मनुष्य पूर्वजों के अनुकरण से कार्य सिद्धि करें ॥ २५ ॥

अन्तिम भाग का मिलान मन्त्र ६ के अन्तिम भाग से करो ॥

तेषां सर्वेषामीशाना उत्तिष्ठत सं नह्यध्वं मित्रा देवजना युयम् । इमं संग्रामं संजित्य यथालोकं वि तिष्ठध्वम् ॥२६॥ (२७)

तेषाम् । सर्वेषाम् । ईशानाः । उत् । तिष्ठत । सम् । नह्यध्वम् । मित्राः । देव-जनाः । युयम् ॥ इमम् । सम्-ग्रामम् । सम्-जित्य । यथा-लोकम् । वि । तिष्ठध्वम् ॥ २६ ॥ (२७)

ध्यते । ईशांचक्रुः (वः) अधीगर्थदयेशां कर्मणि । पा० २ । ३ । ५२ । इति षष्ठी । युष्माकम् (मरुतः) अ० १ । २० । १ । शूरवीराः पुरुषाः (देवः) विजिगीषुः (आदित्यः) अ० १ । ९ । १ । अ + दो अवखण्डने-क्तिन्, अदिति-ण्य । अदितिर्व्रतखण्डराहित्यं यस्य सः । अखण्डव्रती (ब्रह्मणः) वेदस्य (पतिः) पालकः (ईशाम्) (वः) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (च) (अग्निः) तेजस्वी (च) (धाता) धाता (मित्रः) प्रेरकः (प्रजापतिः) प्रजापालकः (ईशांचक्रुः) ईश ऐश्वर्ये-लिट् । ईजादेश्च गुरुमतोऽनृच्छः । पा० ३ । १ । ३६ । आम् प्रत्ययः । आम् प्रत्ययवत् कृञोऽनुप्रयोगस्य । पा० १ । ३ । ६३ । अनुप्रयुज्यमानस्य करोतेरात्मनेपदाभावश्छान्दसः । ईशांचक्रिरे । ईश्वरा नियन्तारो बभूवुः (वः) (ऋषयः) अ० २ । ६ । १ । साक्षात्कृतधर्माणः । अन्यद् गतम् म० ६ ॥

भाषार्थ—(तेषां सर्वेषाम्) उन सबों के (ईशानाः) शासक होकर, (मित्राः) हे प्रेरक (देवजनाः) विजयी जनो ! (यूयम्) तुम (उत् तिष्ठत) उठो और (संनह्यध्वम्) कवचों को पहिनो। (इमं सङ्ग्रामम्) इस संग्राम को (संजित्य) जीतकर (यथालोकम्) अपने अपने लोकों [स्थानों] को (वि तिष्ठध्वम्) फैलकर ठहरो ॥ २६ ॥

भावार्थ—सब मनुष्य कर्म कुशल और पुरुषार्थी होकर अपने अपने कर्तव्य करके अपने अपने पद पर आनन्दित होवें ॥ २६ ॥

सूक्तम् १० ॥

१—२७ ॥ त्रिषन्ध्यादयो मन्त्रोक्ता देवताः ॥ १, २२ स्वराडनुष्टुप्, २ त्र्यवसाना विराडतिजगती; ३ विराडास्तारपङ्क्तिः; ४, १६, २७ निचृदनुष्टुप्; ५-७, १०, ११, १४, १५, १८, २०, २३, २४ अनुष्टुप्; ८ विराट् त्रिष्टुप्; ९ स्वराट् पथ्या पङ्क्तिः; १२, १७ पथ्या पङ्क्तिः; १३ षट्पदा जगती; १६ त्र्यवसाना शक्वरी; २१ गायत्री; २५ ककुबुष्णिक; २६ प्रस्तारपङ्क्तिः ॥

राजप्रजयोः कर्तव्योपदेशः—राजा और प्रजा के कर्तव्य का उपदेश ॥

उत्तिष्ठत सं नह्यध्वमुदाराः केतुभिः सह ।
सर्पा इतरजना रक्षांस्यमित्राननु धावत ॥ १ ॥

उत् । तिष्ठत । सम् । नह्यध्वम् । उत्-आराः । केतु-भिः । सह ॥ सर्पाः। इतर-जनाः। रक्षांसि । अमित्रान् । अनु । धावत १

भाषार्थ—(उदाराः) हे उदार पुरुषो ! [बड़े अनुभवी लोगो] (उत् तिष्ठत) उठो और (केतुभिः सह) झंडों के साथ (संनह्यध्वम्) कवचों को पहिनो [जो] (सर्पाः) सर्प [सर्पों के समान] हिंसक (इतरजनाः)

२६—(तेषाम्) (सर्वेषाम्) शत्रूणाम् (ईशानाः) ईश्वराः । नियामकाः सन्तः (उत्ति ष्ठत) इत्यादयो व्याख्याताः-म० २ (इमम्) प्रस्तुतम् (सङ्ग्रामम्) युद्धम् (संजित्य) सम्यग् जित्वा (यथालोकम्) स्वस्वस्थानम् (वि तिष्ठध्वम्) समवप्रविभ्यः स्थः । पा० १ । ३ । २२ । इत्यात्मनेपदम् । विस्तारेण तिष्ठत ॥

१—(उत् तिष्ठत) उद्गच्छत (संनह्यध्वम्) सन्नाहान् धरत (उदाराः) महान्तः । महानुभविनः (केतुभिः) ध्वजैः (सह) (सर्पाः) सर्पतुल्यहिं-

पामर जन (रक्षांसि) राक्षस हैं, (अमित्रान् अनु) [उन] शत्रुओं पर (धावत) धावा करो ॥ १ ॥

भावार्थ—महानुभवी शूर बीर पुरुष कवच आदि पहिन कर और ध्वजा पताका अस्त्र शस्त्र लेकर शत्रुओं पर चढ़ें ॥ १ ॥

इस मन्त्र का मिलान-अथर्व० ११ । ६ । २ तथा १६ से करो ॥

ई॒शां वो॑ वेद॒ राज्यं॒ त्रिषं॑धे अरु॒णैः के॒तुभिः॑ स॒ह ।
ये अ॒न्तरि॑क्षे॒ ये दि॒वि पृ॑थि॒व्यां ये च॑ मान॒वाः ।
त्रिषं॑धे॒स्ते चेत॑सि दु॒र्णामा॑न॒ उपा॑सताम् ॥ २ ॥

ई॒शाम् । वः॒ । वे॒द॒ । राज्य॑म् । त्रि-सं॑धे । अ॒रु॒णैः । के॒तु॒-भिः॑ । स॒ह ॥ ये । अ॒न्तरि॑क्षे । ये । दि॒वि । पृ॒थि॒व्याम् । ये । च॒ । मा॒न॒वाः ॥ त्रि-सं॑धेः । ते । चेत॑सि । दुः॒-नामा॑नः । उप॑ । आ॒स॒ता॒म् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(त्रिषन्धे) हे त्रिसन्धि ! [तीनों कर्म, उपासना और ज्ञान में मेल रखने वाले, सेनापति] (वः) तुह्मारी (ईशाम्) शासन शक्ति और (राज्यम्) राज्य [राज के विस्तार] को [तुम्हारे] (अरुणैः) रक्त वर्ण [डरावने रूप] वाले (केतुभिः सह) झंडों के साथ (वेद) मैं [प्रजाजन] जानता हूं। (ये) जो (मानवाः) ज्ञानियों के बताये हुये (दुर्णामानः) दुर्नामा [दुष्ट नाम वाले दोष] (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष में (ये) जो (दिवि) सूर्य में (च)

सकाः (इतरजनाः) पामरपुरुषाः (रक्षांसि) राक्षसाः (अमित्रान्) शत्रून् (अनु) प्रति (धावत) शीघ्रं गच्छत ॥

२—(ईशाम्) ईश ऐश्वर्ये-क, टाप् । शासनशक्तिम् (वः) आदरार्थे बहुवचनम् । युष्माकम् (वेद) अहं प्रजाजनो जानामि (राज्यम्) राज्यविस्तारम् (त्रिषन्धे) अ० ११ । ६ । २३ । त्रिषु कर्मोपासनाज्ञानेषु प्रीतिर्यस्य स त्रिषन्धिः हे त्रयीकुशल सेनापते (अरुणैः) रक्तवर्णैः । भयावहैरित्यर्थः (केतुभिः) ध्वजैः (सह) (ये) (अन्तरिक्षे) मध्यलोके (ये) दिवि) सूर्ये (ये) (च) (मानवाः) तेन प्रोक्तम् । पा० ४ । ३ । १०१ । मनु-अण् ।

और (ये) जो (पृथिव्याम्) पृथिवी पर हैं, (ते) वे [सब दोष] (त्रिषन्धेः) [त्रिसन्धि] [त्रयीकुशल विद्वान्] के (चेतसि) चित्त में (उप) हीन होकर (आसताम्) रहें ॥ २ ॥

भावार्थ—(वः) तुम्हारी-आदरार्थ बहुवचन है। प्रजागण त्रिसन्धि अर्थात् अपने कर्तव्य, ईश्वर भक्ति और यथार्थ ज्ञान में प्रीति वाले राजा का आदर सत्कार करें। वह दूरदर्शी पुरुष आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक विपत्तियों से आप बचे और सब को बचावे ॥ २ ॥

अयो॑मुखाः सू॒चीमु॑खा॒ अथो॑ विकङ्क॒तीमु॑खाः । क्र॒व्याद्रो॒ वात॑रंहस॒ आ स॑जन्त्व॒मित्रा॑न् वज्रे॑ण॒ त्रिष॑न्धिना ॥ ३ ॥

अयः॑ऽमुखाः । सू॒ची-मु॑खाः । अथो॒ इति॑ । वि॒क॒ङ्क॒ती-मु॑खाः ॥ क्र॒व्य-अदः॑ । वात॑-रंहसः । आ । स॒ज॒न्तु॒ । अ॒मित्रा॑न् । वज्रे॑ण । त्रि-स॑न्धिना ॥ ३ ॥

भावार्थ—(अयोमुखाः) लोहे समान [कठोर] मुख वाले, (सूचीमुखाः) सुई के तुल्य [पैने] मुख वाले, (विकङ्कतीमुखाः) शमी वृक्षों के से [कंटीले] मुख वाले, (क्रव्यादः) मांस खाने वाले (अथो) और (वातरंहसः) पवन के से वेग वाले [पशु पक्षी] (त्रिषन्धिना) त्रिसन्धि [म० २। विद्वान्]करके (वज्रेण) वज्र से [मारे गये] (अमित्रान्) वैरियों को (आ सजन्तु) चिपट जावें ॥ ३ ॥

मनुभिर्ज्ञानिभिः प्रोक्ताः (त्रिषन्धेः) विदुषः पुरुषस्य (ते) पूर्वोक्ताः (चेतसि) अन्तःकरणे। ज्ञाने (दुर्णामानः) अ० ८। ६। १। अतिक्रूरदोषाः (उप) उपोऽधिके च। पा० १। ४। ८७। इति हीनार्थे (आसताम्) तिष्ठन्तु ॥

३—(अयोमुखाः) लोहसदृशकठोरमुखाः (सूचीमुखाः) सूचीतुल्यतीक्ष्णमुखाः (अथो) अपि च (विकङ्कतीमुखाः) भृमृदृशि० । उ० ३। ११०। वि+ ककि गतौ-अतच्। विकङ्कत एव विकङ्कती शमीवृक्षः। तत्तुल्यबहुकण्टकयुक्तमुखाः (क्रव्यादः) अ० २। २५। ५। मांसभक्षकाः (वातरंहसः) वायुतुल्यवेगयुक्ताः पशुपक्षिणः (आ) समन्तात् (सजन्तु) षञ्ज सङ्गे। श्लिष्यन्तु (अमित्रान्) शत्रून् (वज्रेण) वज्रायुधेन, हतान् इति शेषः (त्रिषन्धिना) म० २। सेनापतिना ॥

भावार्थ—वीर सेनापति सब शत्रुओं को मार कर गिरा देवे कि उनकी लोथों को गीदड़ गिद्ध आदि चींथ चींथ कर खा जावें ॥ ३ ॥

अन्तर्धेहि जातवेद आदित्य कुणपं बहु ।

त्रिषंधेरियं सेना सुहितास्तु मे वशे ॥ ४ ॥

अन्तः । धेहि । जात-वेदः । आदित्य । कुणपम् । बहु ॥

त्रि-संधेः । इयम् । सेना । सु-हिता । अस्तु । मे । वशे ॥४॥

भाषार्थ—(जातवेदः) हे उत्तम ज्ञान वाले ! (आदित्य) हे आदित्य ! [अखण्ड ब्रह्मचारी] (बहु) बहुत (कुणपम्) लोथों को (अन्तः) [रणक्षेत्र के] बीच में (धेहि) रख । (मेरी) (इयम्) यह (सुहिता) अच्छे ढङ्ग से स्थापित (सेना) सेना (त्रिषन्धेः) त्रिसन्धि [म० २ । विद्वान् सेनापति] के (वशे) वश में (अस्तु) होवे ॥ ४ ॥

भावार्थ—जिस समय प्रधान सेनापति रण भूमि में शत्रुदलन करे, अन्य वीर सैन्य पुरुष अपनी सुव्यूढ सेना से उसका सहाय करें ॥ ४ ॥

उत्तिष्ठ त्वं देवजनार्बुदे सेनया सह ।

अयं बलिर्व आहुतस्त्रिषंधेराहुतिः प्रिया ॥ ५ ॥

उत् । तिष्ठ । त्वम् । देव-जन । अर्बुदे । सेनया । सह ॥ अयम् । बलिः । वः । आ-हुतः त्रि-संधेः । आहुतिः । प्रिया ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(देवजन) हे विजयी जन ! (अर्बुदे) अर्बुदि [शूर सेनापति राजन्] (त्वम्) तू (सेनया सह) [अपनी] सेना के साथ (उत् तिष्ठ)

४—(अन्तर्) रणक्षेत्रमध्ये (धेहि) धर (जातवेदः) जातानि प्रशस्तानि वेदांसि ज्ञानानि यस्य तत्संबुद्धौ (आदित्य) अ० ११ । ६ । २५ । अखण्ड-ब्रह्मचारिन् (कुणपम्) अ० ११ । ६ । १० शवशरीरजातम् (बहु) बहुलम् (त्रिषन्धेः) म० २ सेनापतेः (इयम्) दृश्यमाना (सेना) (सुहिता) सुष्ठु धृता । सुव्यूढा (अस्तु) (मे) मम (वशे) प्रभुत्वे ॥

५—(उत्तिष्ठ) उद्गच्छ (त्वम्) (देवजन) हे विजयिजन (अर्बुदे) अ० ११ । ६ । १ । हे पुरुशार्थिन् सेनापते (सेनया) (सह) (अयम्) (बलिः)

खड़ा हो। (अयम्) यह (बलिः) बलि [धर्म युद्ध की भेंट] (वः) तुम्हारे लिये (आहुतः) यथावत् दीगयी है। (त्रिषन्धेः) त्रिसन्धि [म० २। विद्वान् सेनापति] की यही (प्रिया) पियारी (आहुतिः) आहुति [बलि वा भेंट] है॥ ५॥

भावार्थ—धर्मयुद्ध के लिये शूर सेनापति के साथ सब प्रजागण प्रसन्न होकर सन्नद्ध होवें॥ ५॥

शितिपदी सं द्यतु शरव्ये३ यं चतुष्पदी।
कृत्ये ऽमित्रेभ्यो भव त्रिषंधेः सह सेनया॥ ६॥

शिति-पदी। सम्। द्यतु। शरव्या। इयम्। चतुः-पदी॥
कृत्ये। अमित्रेभ्यः। भव। त्रि-संधेः। सह। सेनया॥ ६॥

भाषार्थ—(शितिपदी) उजाले और अंधेरे में गतिवाली (चतुष्पदी) चारो [धर्म अर्थ काम मोक्ष] में अधिकार वाली (इयम्) यह (शरव्या) बाण विद्या में चतुर [सेना] (संद्यतु) [शत्रुओं को] काट डाले। (कृत्ये) हे छेदनशील [सेना]! (त्रिषन्धेः) त्रिसन्धि [म० २। त्रयी कुशल सेनापति] की (सेनया सह) सेना के साथ (अमित्रेभ्यः) शत्रुओं के मारने को (भव) वर्तमान हो॥ ६॥

बल दाने जीवने च–इन्। उपहारः (वः) युष्मभ्यम् (आहुतः) समन्ताद् दत्तः (त्रिषन्धेः) म० २। विदुषः सेनापतेः (आहुतिः) दानम् (प्रिया) प्रीता॥

६—(शितिपदी) अ० ३। २९। १। कुम्भपदीषु च। पा० ५। ४। १३९। पादस्य लोपो ङीप् च। पादःपत्। पा० ६। ३। १३०। पद्भावः। शितिः शुक्लः कृष्णश्च तयोर्मध्ये पादो गमनं तस्याः सा तथा भूता। प्रकाशान्धकारमध्यगतिशीला सेना (सम्) सम्यक् (द्यतु) दो अव खण्डने। छिनत्तु (शरव्या) अ० ३। १९। ८। तत्र साधुः। पा० ४। ४। ९८। शरु–यत्। शरौ बाणविद्यायां कुशला (इयम्) (चतुष्पदी) अ० ९। १०। २१। चतुर्वर्गे धर्मार्थकाममोक्षेषु पुरुषार्थेषु पदमधिकारो यस्याः सा (कृत्ये) अ० ४। ९। ५। ऋदुपधाच्चाक्लृपिचृतेः। पा० ३। १। ११०। कृती छेदने–क्यप्। हे छेदनशीले। (अमित्रेभ्यः) क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः। पा० २। ३। १४। इति चतुर्थी। शत्रून् नाशयितुम् (भव) वर्तस्व (त्रिषन्धेः) म० २। कर्मोपासनाज्ञानेषु कुशलस्य सेनापतेः (सह) (सेनया)॥

भावार्थ—सब वीर सेनायें धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति के लिये प्रधान सेनापति के आधिपत्य में मिलकर शत्रुओं को जीतें ॥ ६ ॥

धूमाक्षी सं पंततु कृधुकर्णी चं क्रोशतु ।
त्रिषंधेः सेनया जिते अंरुणाः संन्तु केतवंः ॥ ७ ॥

धूम-अक्षी । सम् । पततु । कृधु-कर्णी । च । क्रोशतु ॥
त्रि-संधेः । सेनया । जिते । अरुणाः । सन्तु । केतवंः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(धूमाक्षी) धुयें भरी आंखों वाली, (कृधुकर्णी) मन्द कानों वाली [शत्रु सेना] (सं पततु) गिर जावे (च) और (क्रोशतु) रोवे । (त्रिषन्धेः) त्रिसन्धि [म० २ त्रयीकुशल सेनापति] की (सेनया) सेना द्वारा (जिते) जीतने पर (अरुणाः) रक्तवर्ण [डरावने रूप] वाले (केतवः) झंडे (सन्तु) होवें ॥ ७ ॥

भावार्थ—वीर सेनापति के आग्नेय आदि शस्त्रों से बैरियों की आंखें धुंधला जावें और ढोल आदि की ध्वनि से उनके कान बहरे होजावें, इस प्रकार जीत होने पर अन्य दुष्टों को डराने को सेनापति अपनी जयपताका ऊंची करे ॥ ७ ॥

अवायन्तां पक्षिणो ये वयांस्यन्तरिक्षे दिवि ये चरंन्ति । श्वापंदो मक्षिकाः सं रंभन्तामामादो गृध्राः कुणंपे रदन्ताम् ॥८॥

अव । अयन्ताम् । पक्षिणंः । ये । वयांसि । अन्तरिक्षे । दिवि । ये । चरंन्ति ॥ श्वापंदः। मक्षिंकाः। सम् । रभन्ताम् । आम-अदः । गृध्राः । कुणंपे । रदन्ताम् ॥ ८ ॥

७—(धूमाक्षी) बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच् । पा० ५ । ४ । ११३ । इति षच् । षित्वाद् ङीष् । धूमपूरितनेत्रा (सम्) सम्यक् (पततु) निपद्यताम् (कृधुकर्णी) अ० ११ । ६ । ७ । मन्दश्रवणा (च) (क्रोशतु) रोदितु (त्रिषन्धेः) म० २ । त्रयीकुशलस्य सेनापतेः (सेनया) (जिते) जयकर्मणि (अरुणाः) अ० २ । रक्तवर्णाः (सन्तु) (केतवः) ध्वजाः ॥

भाषार्थ—(वयांसि) वे गति वाले [प्राणी] (अव अयन्ताम्) उतरें, (ये) जो (पक्षिणः) पंख वाले हैं और (ये) जो (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष के भीतर (दिवि) प्रकाश में (चरन्ति) चलते हैं। (श्वापदः) कुत्ते के से पैर वाले [सियार आदि], (मक्षिकाः) मक्खियां (सं रभन्ताम्) चढ़ें, (आमादः) मांसाहारी (गृध्राः) गिद्ध (कुणपे) लोथ पर (रदन्ताम्) नोंचें खरोचें ॥८॥

भावार्थ—पूरी हार होने से शत्रुओं की लोथों को मांसाहारी पशु पक्षी खैंच खैंच कर खावें ॥ ८ ॥

यामिन्द्रे॑ण सं॒धां स॒मध॑त्था॒ ब्रह्म॑णा च बृहस्पते । तया॒हमि॑न्द्रसं॒धया॒ सर्वा॑न् दे॒वानि॒ह हु॑व इ॒तो ज॑यत॒ मामु॒तः ॥ ९ ॥

याम् । इन्द्रे॑ण । सम्ऽधाम् । स॒म्ऽअध॑त्थाः । ब्रह्म॑णा । च॒ । बृह॒स्पते॒ ॥ तया॑ । अ॒हम् । इन्द्र॒ऽसं॒धया॑ । सर्वा॑न् । दे॒वान् । इ॒ह । हु॒वे॒ । इ॒तः । ज॒यत॒ । मा । अ॒मु॒तः॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(बृहस्पते) हे बृहस्पति ! [बड़े बड़ों के रक्षक राजन्] (यां सन्धाम्) जिस प्रतिज्ञा को (इन्द्रेण) प्रत्येक जीव के साथ (च) और (ब्रह्मणा) ब्रह्म [परमात्मा] के साथ (समधत्थाः) तू ने ठहराया है। (अहम्) मैं [प्रजाजन] (तया) उस (इन्द्रसन्धया) प्राणियों के साथ प्रतिज्ञा से (सर्वान्) सब (देवान्) विजय चाहने वाले लोगों को (इह)

८—(अवायन्ताम्) अय गतौ। निपद्यन्ताम् (पक्षिणः) पक्षवन्तः (ये) (वयांसि) वय गतौ—असुन्। गतिमन्ति सत्त्वानि (अन्तरिक्षे) (दिवि) प्रकाशे (ये) (चरन्ति) (श्वापदः) अ० ११।९।१०। शृगालादयः पशवः (मक्षिकाः) कीटविशेषाः (संरभन्ताम्) आक्रमन्ताम् (आमादः) मांसाहारिणः (गृध्राः) (कुणपे) शवशरीरे (रदन्ताम्) विलिखन्तु।

९—(याम्) इन्द्रेण) प्रत्येकजीवेन सह (सन्धाम्) प्रतिज्ञाम् (समधत्थाः) सम्यग् धारितवानसि (ब्रह्मणा) परमात्मना सह (च) (बृहस्पते) हे बृहतां रक्षक, राजन् (इन्द्रसन्धया) प्राणिभिः प्रतिज्ञया (सर्वान्) (देवान्)

यहां (हुवे) बुलाता हूं–" (इतः) इस ओर से (जयत) जीतो, (अमुतः) उस ओर से (मा) मत [जीतो]" ॥ ६ ॥

भावार्थ—जैसे राजा प्राणियों की रक्षा के लिये परमात्मा को साक्षी करके प्रतिज्ञा करता है, वैसे ही प्रजागण निष्कपट होकर अपने वीरों से उसका सहाय करें और वैरियों से न मिलें ॥ ६ ॥

बृहस्पतिराङ्गिरस ऋषयो ब्रह्मसंशिताः ।
असुरक्षयणं वधं त्रिषंधिं दिव्याश्रयन् ॥ १० ॥ (२८)

बृहस्पतिः । आङ्गिरसः। ऋषयः । ब्रह्म-संशिताः। असुर-क्षयणम् । वधम् । त्रि-संधिम् । दिवि । आ । अश्रयन् ॥१०॥(२८)

भाषार्थ—(आङ्गिरसः) विद्वानों के शिष्य (बृहस्पतिः) बृहस्पति [बड़े बड़ों के रक्षक राजा] ने और (ब्रह्मसंशिताः) वेदज्ञान से तीक्ष्ण किये गये (ऋषयः) ऋषियों [धर्मदर्शकों] ने (दिवि) विजय की इच्छा में (असुरक्षयणम्) असुर नाशक (वधम) शस्त्ररूप (त्रिषन्धिम्) त्रिसन्धि [मं० २ । त्रयीकुशल सेनापति] का (आ अश्रयन्) आश्रय लिया है ॥ १० ॥

भावार्थ—सुशिक्षित राजा और विद्वानों को योग्य है कि पूर्वजों के समान धार्मिक, आस्तिक, विज्ञानी, पुरुष का आश्रय लेकर विजय पावें ॥१०॥

येनासौ गुप्त आदित्य उभाविन्द्रश्च तिष्ठतः ।
त्रिषंधिं देवा अभजन्तौजसे च बलाय च ॥ ११ ॥

विजिगीषून् (इह) अत्र (हुवे) आह्वयामि (इतः) अस्मात् स्थानात् (जयत) जयं कुरुत (मा) निषेधे (अमुतः) तस्मात् स्थानात् । शत्रुपक्षात् ॥

१०—(बृहस्पतिः) बृहतां रक्षको राजा (आङ्गिरसः) तस्येदम् । पा० ४ । ३ । १२० । अङ्गिरस्-अण् । अङ्गिरसां विज्ञानिनां शिष्यः (ऋषयः) अ० २ । ६ । १ । सन्मार्गदर्शकाः (ब्रह्मसंशिताः) अ० ३ । १६ । ८ । शो तनूकरणे–क्त । ब्रह्मणा वेदज्ञानेन सुतीक्ष्णीकृताः (असुरक्षयणम्) दुष्टानां क्षयकरम् (वधम्) शस्त्ररूपम् (त्रिषन्धिम्) म० २ । त्रयीकुशलं सेनापतिम् (दिवि) विजिगीषायाम् (आश्रयन्) श्रिञ् सेवायाम्-लङ् । आश्रितवन्तः ॥

येन । असौ । गुप्तः । आदित्यः । उभौ । इन्द्रः । च । तिष्ठतः ॥
त्रि-संधिम् । देवाः । अभजन्त । ओजसे । च । बलाय । च ॥११॥

भाषार्थ—(येन) जिस [सेनापति] करके (गुप्तः) रक्षित (असौ) वह (आदित्यः) आदित्य [अखण्ड ब्रह्मचारी] (च) और (इन्द्रः) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाला पुरुष], (उभौ) दोनों (तिष्ठतः) ठहरते हैं। [उस] (त्रिषन्धिम्) त्रिसन्धि [म० २ । त्रयीकुशल सेनापति] को (देवाः) विजय चाहने वालों ने (ओजसे) पराक्रम (च च) और (बलाय) बल के लिये (अभजन्त) भजा है ॥ ११ ॥

भावार्थ--पहिले महात्माओं के अनुकरण से अखण्ड ब्रह्मचर्य और परम ऐश्वर्य धारण करके धर्मात्मा सेनापति के आश्रय से आत्मिक और शारीरिक बल बढ़ावें ॥११॥

सर्वाँल्लोकान्त्समजयन् देवा आहुत्यानया ।
बृहस्पतिराङ्गिरसो वज्रं यमसिञ्चतासुरक्षयणं वधम् ॥ १२ ॥

सर्वान् । लोकान् । सम् । अजयन् । देवाः । आ-हुत्या । अनया ॥ बृहस्पतिः । आङ्गिरसः । वज्रम् । यम् । असिञ्चत । असुर-क्षयणम् । वधम् ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(सर्वान् लोकान्) सब लोकों [दृश्यमान पदार्थों] को (देवाः) विजय चाहने वालों ने (अनया) इस (आहुत्या) आहुति [बलि वा

११—(येन) त्रिषन्धिना (असौ) प्रसिद्धः (गुप्तः) रक्षितः (आदित्यः) म० ११ । ६ । २५ । अखण्डव्रती (उभौ) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (च) (तिष्ठतः) वर्तेते (त्रिषन्धिम्) म० २ । त्रयीकुशलं सेनापतिम् (देवाः) विजिगीषवः (अभजन्त) असेवन्त (ओजसे) आत्मिकबलं प्राप्तुम् (च) (बलाय) शारीरिकसामर्थ्यं प्राप्तुम् (च) ॥

१२—(सर्वान्) (लोकान्) दृश्यमानान् पदार्थान् (सम्) सम्यक् (अजयन्) जयेन प्राप्नुवन् (देवाः) विजिगीषवः (आहुत्या) दानक्रियया

भेट] से (सम्) सर्वथा (अजयन्) जीता है। (आङ्गिरसः) विद्वानों के शिष्य (बृहस्पतिः) बृहस्पति [बड़े बड़ों के रक्षक राजा] ने (यम्) जिस (असुरक्षयणम्) असुरनाशक (वधम्) शस्त्र (वज्रम्) वज्ररूप [सेनापति] को (असिञ्चत) सींचा है [बढ़ाया है] ॥ १२ ॥

भावार्थ—जिस धर्मात्मा सेनापति का आश्रय लेकर विद्वानों ने शत्रुओं का नाश किया है, उसी से प्रीति करके चतुर मनुष्य सब विघ्नों को हटावें ॥ १२ ॥

बृहस्पतिराङ्गिरसो वज्रं यमसिञ्चतासुरक्षयणं वधम्। तेनाहममूं सेनां नि लिम्पामि बृहस्पतेऽमित्रान् हन्म्योजसा ॥१३॥

बृहस्पतिः। आङ्गिरसः। वज्रम्। यम्। असिञ्चत। असुरक्षयणम्। वधम्॥ तेन। अहम्। अमूम्। सेनाम्। नि। लिम्पामि। बृहस्पते। अमित्रान्। हन्मि। ओजसा ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(आङ्गिरसः) विद्वानों के शिष्य (बृहस्पतिः) [बड़े बड़ों के रक्षक राजा] ने (यम्) जिस (असुरक्षयणम्) असुर नाशक (वधम्) शस्त्र (वज्रम्) वज्ररूप [सेनापति] को (असिञ्चत) सींचा है [बढ़ाया है]। (तेन) उसी [सेनापति] के साथ, (बृहस्पते) हे बृहस्पति ! [बड़े बड़ों के रक्षक राजन्] (अहम्) मैं [वीर पुरुष] (ओजसा) पराक्रम से (अमूम् सेनाम्) उस सेना पर (नि लिम्पामि) पोता फेरता हूं और (अमित्रान्) बैरियों को (हन्मि) मारता हूं ॥ १३ ॥

(अनया) (बृहस्पतिः) बृहतां रक्षको राजा (आङ्गिरसः) म० १०। विदुषां शिष्यः (वज्रम्) वज्ररूपम् (यम्) (असिञ्चत) सिक्तवान्। वर्धितवान् (असुरक्षयणम्) दुष्टनाशकम् (वधम्) आयुधम् ॥

१३—पूर्वार्द्धस्य व्याख्यातः-म० १२ (तेन) सेनापतिना (अहम्) वीरपुरुषः (अमूम्) (सेनाम्) (नि) नितराम् (लिम्पामि) लिप उपदेहे, तुदादित्वाद् मुम्। कलङ्कितां करोमि। विनाशयामि (बृहस्पते) हे बृहतां रक्षक राजन् (अमित्रान्) शत्रून् (हन्मि) मारयामि (ओजसा) पराक्रमेण ॥

भावार्थ—जैसे माली जल सींच कर वृक्षों को बढ़ाता है, वैसे ही धर्मज्ञ राजा वीरों को बढ़ावे और शत्रुओं का नाश करे ॥ १३ ॥

सर्वे॑ दे॒वा अ॒त्याय॑न्ति॒ ये अ॒श्नन्ति॒ वष॑ट्कृतम् । इ॒मां जु॑षध्वमाहु॑तिमि॒तो ज॑यत॒ मामुतः॑ ॥ १४ ॥

सर्वे॑ । दे॒वाः । अ॒ति॒-आय॑न्ति । ये । अ॒श्नन्ति॑ । वष॑ट्-कृ॒तम् ॥ इ॒माम् । जु॒ष॒ध्व॒म् । आ-हु॑तिम् । इ॒तः । ज॒य॒त॒ । मा । अ॒मुतः॑ ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(सर्वे) वे सब (देवाः) विजयी जन (अत्यायन्ति) यहां चले आते हैं, (ये) जो (वषट्कृतम्) (भक्ति से सिद्ध किये हुये [अन्न आदि] को (अश्नन्ति) खाते हैं। [वे तुम]। (इमाम्) इस (आहुतिम्) आहुति [बलि वा भेट] को (जुषध्वम्) सेवन करो-" (इतः) इस ओर से (जयत) जीतो, (अमुतः) (उस ओर से (मा) मत [जीतो]" ॥ १४ ॥

भावार्थ—जिस राज्य में सब लोग धर्म से अन्न आदि भोगते हों, वहां सब मिलकर शत्रुओं को न आने दें ॥ १४ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम पाद-म० ६ में आया है ॥

सर्वे॑ दे॒वा अ॒त्याय॑न्तु त्रिष॑न्धे॒राहु॑तिः प्रि॒या ।
सं॒धां म॑ह॒तीं र॑क्षत॒ यया॒ग्रे॒ असु॑रा जि॒ताः ॥ १५ ॥

सर्वे॑ । दे॒वाः । अ॒ति॒-आय॑न्तु । त्रि-सं॑धेः । आ-हु॑तिः । प्रि॒या ॥ सम्-धाम् । म॒ह॒तीम् । र॒क्ष॒त॒ । यया॑ । अग्रे॑ । असु॑राः । जि॒ताः ॥ १५ ॥

१४—(सर्वे) (देवाः) विजिगीषवः (अत्यायन्ति) इण् गतौ। मार्गमतिक्रम्यागच्छन्ति (ये) (अश्नन्ति) भुञ्जते (वषट्कृतम्) (अ० ६।५।१३। भक्त्या निष्पादितम् (इमाम्) (जुषध्वम्) सेवध्वम् (आहुतिम्) भक्त्या समर्पणम्। अन्यद् गतम्- म० ६ ॥

भाषार्थ—(सर्वे) सब (देवाः) व्यवहार कुशल लोग (अत्यायन्तु) यहां चले आवें, (त्रिषन्धेः) त्रिसन्धि [म० २। त्रयीकुशल सेनापति] की (प्रिया) यह पियारी (आहुतिः) आहुति [बलि वा भेट] है। "[हे वीरो!] (महतीम्) उस बड़ी (सन्धाम्) प्रतिज्ञा को (रक्षत) रखलो, (यया) जिस [प्रतिज्ञा] से (अग्रे) पहिले (असुराः) असुर लोग (जिताः) जीते गये हैं" ॥ १५ ॥

भावार्थ—तत्त्वज्ञ पुरुष दृढ़ प्रतिज्ञा करके धर्मात्मा राजा के सहायक होकर अपना कर्तव्य पालन करें ॥ १५ ॥

वायुर॒मित्रा॑णामिष्व॒ग्राण्याञ्च॑तु ।
इन्द्र॑ एषां बा॒हून् प्रति॑ भनक्तु॒ मा श॑कन् प्र॒ति॒धामिषु॑म् ।
आ॒दि॒त्य ए॑षाम॒स्त्रं वि ना॑शयतु च॒न्द्रमा॑ यु॒ताम॑गतस्य॒ पन्था॑म् १६

वा॒युः। अ॒मित्रा॑णाम् । इ॒षु-अ॒ग्राणि॑। आ । अ॒ञ्च॒तु ॥ इन्द्रः॑। ए॒षाम् । बा॒हून् । प्रति॑ । भ॒न॒क्तु॒ । मा । श॒क॒न् । प्र॒ति॒-धाम् । इषु॑म् ॥ आ॒दि॒त्यः। ए॒षाम् । अ॒स्त्रम् । वि । ना॒श॒य॒तु । च॒न्द्रमाः॑ । यु॒ताम् । अग॑तस्य । पन्था॑म् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(वायुः) वायु [बलवान् वा वायु समान शीघ्रगामी राजा (अमित्राणाम्) वैरियों के (इष्वग्राणि) बाणों के सिरों को (आ अञ्चतु) झुका देवे। (इन्द्रः) इन्द्र [बड़ा प्रतापी सेनानी] (एषाम्) इन [शत्रुओं] के (बाहून्) भुजाओं को (प्रति भनक्तु) तोड़ डाले, वे [शत्रु] (इषुम्) बाण (प्रतिधाम्) लगाने को (मा शकन्) न समर्थ होवें। (आदित्यः) आदित्य

१५—(सर्वे) (देवाः) व्यवहारिणः पुरुषाः (अत्यायन्तु) इण् गतौ। मार्गानतिक्रम्यागच्छन्तु (त्रिषन्धेः) म० २। त्रयीकुशलस्य सेनापतेः (आहुतिः) भक्तिसमर्पणम् (प्रिया) प्रीतिकरी (सन्धाम्) प्रतिज्ञाम् (महतीम्) दृढाम् (रक्षत) पालयत (यया) प्रतिज्ञया (अग्रे) पूर्वम् (असुराः) दुराचारिणः (जिताः) अभिभूताः ॥

१६—(वायुः) कृवापा०। उ० १।१। वा गतिगन्धनयोः—उण्, युगागमः। बलवान् शूरो वायुतुल्यशीघ्रगामी वा राजा (अमित्राणाम्) शत्रूणाम् (इष्वग्राणि) इषूणां शराणामग्राणि (आ अञ्चतु) अञ्चु गतिपूजनयोः, वक्रगतौ च। वक्रगतीनि करोतु (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् सेनानीः (एषाम्) शत्रूणाम् (बाहून्) (प्रति) प्रतिकूलम् (भनक्तु) भञ्जो आमर्दने। भग्नान् करोतु

[अखण्ड ब्रह्मचारी, वा सूर्य समान तेजस्वी सेनाध्यक्ष] (एषाम्) इनके (अस्त्रम्) अस्त्रों [भाले बाण तरवार आदि] को (वि नाशयतु) नष्ट कर देवे, (चन्द्रमाः) चन्द्रमा [आनन्द दाता व चन्द्र समान शान्तिप्रद सेनापति] (पन्थाम् अगतस्य) मार्ग पर न चलने वाले [शत्रु] का (युताम्) बन्धन करे ॥ १६ ॥

भावार्थ—राजा आदि सब सेनापति लोग अपने अपने घातों से शत्रुओं के विनाश का प्रयत्न करें ॥ १६ ॥

यदि प्रेयुर्देवपुरा ब्रह्म वर्माणि चक्रिरे ।
तनूपानं परिपाणं कृण्वाना यदुपोचिरे सर्वं तदरसं कृधि ॥१७॥

यदि । प्र-ईयुः । देव-पुराः । ब्रह्म । वर्माणि । चक्रिरे ॥ तनू-पानम् । परि-पानम् । कृण्वानाः । यत् । उप-ऊचिरे । सर्वम् । तत् । अरसम् । कृधि ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(यदि) जो [शत्रुओं ने] (देवपुराः) राजा के नगरों पर (प्रेयुः) चढ़ाई की है, और (ब्रह्म) हमारे धन को (वर्माणि) अपने रक्षा साधन (चक्रिरे) बनाया है। (तनूपानम्) हमारे शरीर रक्षा साधन को (परिपाणम्) अपना रक्षा साधन (कृण्वानाः) बनाते हुये उन लोगों ने (यत्) जो कुछ (उपोचिरे) डींग मारी है, (तत् सर्वम्) उस सब को (अरसम्) नीरस वा फीका (कृधि) कर दे ॥ १७ ॥

भावार्थ—राजा उपद्रवी शत्रुओं को जीत कर प्रजा की सदा रक्षा करे ॥ १७ ॥

यह मन्त्र आ चुका है—अथर्व० ५ । ८ । ६ ॥

(मा शकन्) ते शक्ता न भवन्तु (प्रतिधाम्) छान्दसं रूपम् । प्रतिधातुम् । आरोपितुम (इषुम्) बाणम् (आदित्यः) अ० ११ । ६ । २५ । अखण्डव्रती सूर्यतुल्यतेजस्वी वा सेनाध्यक्षः (एषाम्) (अस्त्रम्) आयुधजातम् (वि नाशयतु) विनष्टं करोतु (चन्द्रमाः) अ० ५ । २४ । १० । आनन्दप्रदः । चन्द्रसमानशान्तिकरो वा सेनापतिः (युताम्) युञ् बन्धने—लोटि छान्दसं रूपम् । युनीताम् । बध्नातु । बन्धनं करोतु (अगतस्य) अप्राप्तस्य (पन्थाम्) पन्थानम् । सन्मार्गम् ॥

१७—अयं मन्त्रो व्याख्यातः—अ० ५ । ८ । ६ ॥

क्रव्यादानुवर्तयन् मृत्युना च पुरोहितम् ।
त्रिषंधे प्रेहि सेनया जयामित्रान् प्र पद्यस्व ॥ १८ ॥

क्रव्य-अदा । अनु-वर्तयन् । मृत्युना । च । पुरः-हितम् ॥ त्रि-संधे । प्र । इहि । सेनया । जय । अमित्रान् । प्र । पद्यस्व १८

भाषार्थ—(त्रिषन्धे) हे त्रिसन्धि ! [म० २ । त्रयीकुशल राजन्] [शत्रुओं के लिये] (क्रव्यादा) मांस भक्षक [कष्ट] (च) और (मृत्युना) मृत्यु के साथ (पुरोहितम्) पुरोहित [अग्रगामी पुरुष] का (अनुवर्तयन्) अनुवर्त्ती होकर तू (सेनया) अपनी सेना के साथ (प्र इहि) चढ़ाई कर, (अमित्रान्) वैरियों को (जय) जीत और (प्र पद्यस्व) आगे बढ़ ॥ १८ ॥

भावार्थ—राजा को योग्य है कि आप्त सत्य प्रतिज्ञा वाले पुरुषों के समान शत्रुओं के कष्ट देने और मारने के अस्त्र शस्त्र आदि साधन संग्रह करके चढ़ाई करे ॥ १८ ॥

त्रिषंधे तमसा त्वममित्रान् परि वारय ।
पृषदाज्यप्रणुत्तानां मामीषां मोचि कश्चन ॥ १९ ॥

त्रि-संधे । तमसा । त्वम् । अमित्रान् । परि । वारय ॥ पृषत्-आज्य-प्रनुत्तानाम् । मा । अमीषाम् । मोचि । कः । चन ॥१९॥

भाषार्थ—(त्रिषन्धे) हे त्रिसन्धि ! [म० २ । त्रयीकुशल राजन्] (त्वम्) तू (तमसा) अन्धकार से (अमित्रान्) वैरियों को (परि वारय)

१८—(क्रव्यादा) अ० ३ । २१ । ८ । मांसभक्षकेन कष्टेन (अनुवर्तयन्) अनुगच्छन् (मृत्युना) मृत्युसाधनेन सह (च) (पुरोहितम्) अ० ३ । १९ । १ । अग्रगामिनं पुरुषम् (त्रिषन्धे) म० २ । हे त्रयीकुशल राजन् (प्रेहि) प्रकर्षेण गच्छ (सेनया) (जय) (अमित्रान्) शत्रून् (प्र पद्यस्व) पद गतौ । अग्रे गच्छ ॥

१९—(त्रिषन्धे) म० २ । हे त्रयीकुशल राजन् (तमसा) आयुधानामन्धकारेण (त्वम्) (अमित्रान्) शत्रून् (परि वारय) सर्वतो वेष्टय

घेर ले। (पृषदाज्यप्रणुत्तानाम्) दही घृत [आदि खाद्य वस्तुओं] से हटाये गये (अमीषाम्) इन [शत्रुओं] में से (कश्चन) कोई भी (मा मोचि) न छुटे ॥ १६ ॥

भावार्थ—राजा आग्नेय आदि अस्त्र शस्त्रों से अचेत और खान पान आदि पदार्थों से शून्य करके शत्रुओं को हरा देवे ॥ १६ ॥

अन्तिम पाद आचुका है-अ० ३। १६। ८। तथा ११। ६। २० ॥

शितिपदी सं पतत्वमित्राणामुमूः सिचः ।

मुह्यन्त्वद्यामूः सेना अमित्राणां न्यर्बुदे ॥ २० ॥ (२८)

शिति-पदी । सम् । पततु । अमित्राणाम् । अमूः । सिचः ॥
मुह्यन्तु । अद्य । अमूः। सेनाः। अमित्राणाम् । नि-अर्बुदे ।२०।

भावार्थ—(शितिपदी) उजाले और अन्धकार में गति वाली [सेना] (अमित्राणाम्) बैरियों की (अमूः) उन (सिचः) सींचने वाली [सहायक सेनाओं] पर (सं पततु) टूट पड़े। (न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि ! [नित्य पुरुषार्थी राजन्] (अद्य) आज (अमित्राणाम्) बैरियों की (अमूः) वे (सेनाः) सेनायें (मुह्यन्तु) अचेत होजावें ॥ २० ॥

भावार्थ—चतुर सेनापति शत्रुओं की सहायक सेनाओं को तुरन्त रोककर व्याकुल करदेवे ॥ २० ॥

मूढा अमित्रा न्यर्बुदे जुह्येषां वरंवरम् ।

अनया जहि सेनया ॥ २१ ॥

(पृषदाज्यप्रणुत्तानाम्) दधिघृतादिखाद्यवस्तूनां सकाशात् प्रक्षिप्तानाम् (अमीषाम्) शत्रूणाम् (मा मोचि) मुक्तो मा भूत् (कश्चन) एकोऽपि ॥

२०—(शितिपदी) म० ६। प्रकाशान्धकारमध्यगतिशीला सेना (सं पततु) झटिति प्राप्नोतु (अमित्राणाम्) शत्रूणाम् (अमूः) दृश्यमानाः (सिचः) अ० ११। ६। १८। सेचनशीलाः। वर्धयित्रीः सेनाः (मुह्यन्तु) मूढा भवन्तु (अद्य) अस्मिन् दिने (अमूः) (सेनाः) (अमित्राणाम्) (न्यर्बुदे) अ० ११। ६। ४। हे नित्यपुरुषार्थिन् राजन् ॥

मूढाः । अमित्राः । नि-अर्बुदे । जहि । एषाम् । वरम्-वरम् ॥ अनया । जहि । सेनया ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(न्यर्बुदे) हे न्यर्बुदि ! [नित्य पुरुषार्थी राजन्] (अमित्राः) बैरी (मूढाः) घबड़ाये हुये हैं, (एषाम्) इनमें से (वरंवरम्) अच्छे को (जहि) मार । (अनया सेनया) इस सेना से [उन्हें] (जहि) मार ॥२१॥

भावार्थ—सेनापति अपनी सेना से शत्रुओं को अचेत करके उन के बड़े बड़े वीरों को मारे ॥ २१ ॥

यश्च कवची यश्चाकवचोऽमित्रो यश्चाज्मनि ।
ज्यापाशैः कवचपाशैरज्मनाभिहतः शयाम् ॥ २२ ॥

यः । च । कवची । यः । च । अकवचः । अमित्रः । यः । च । अज्मनि ॥ ज्या-पाशैः । कवच-पाशैः । अज्मना । अभि-हतः । शयाम् ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(यः च) जो कोई (कवची) कवच वाला है, (च) और (यः) जो कोई (अकवचः) बिना कवच वाला है, (च) और (यः) जो (अमित्रः) बैरी (अज्मनि) दौड़ झपट में है । (ज्यापाशैः) धनुषों की डोरी के फन्दों से और (कवचपाशैः) कवचों के फन्दों से (अज्मना) दौड़ झपट के साथ (अभिहतः) मार डाला गया वह [शत्रु] (शयाम्) सोवे ॥ २२ ॥

भावार्थ—संग्राम के बीच सेनापति दौड़ झपट करके दौड़ते झपटते शत्रुओं को घेरकर मारे ॥ २२ ॥

२१—(मूढाः) अचेतसः (अमित्राः) शत्रवः (न्यर्बुदे) म० २० । हे नित्यपुरुषार्थिन् राजन् (जहि) मारय (एषाम्) (वरंवरम्) श्रेष्ठं श्रेष्ठं वीरम् (अनया) स्वकीयया (जहि) (सेनया) ॥

२२—(यः) (च) (कवची) कवचधारी (यः) (च) (अकवचः) कवचरहितः (अमित्राः) पीड़कः शत्रुः (यः) (च) (अज्मनि) अ० ६ । ९७ । ३ । अज गतिक्षेपणयोः-मनिन् । गमनक्षेपणव्यवहारे । संग्रामे (ज्यापाशैः) मौर्वीपाशैः (कवचपाशैः) वर्मबन्धनपाशैः (अज्मना) गमनक्षेपणव्यापारेण (अभिहतः) विनाशितः (शयाम्) तलोपः । शेताम् ॥

ये व॒र्मिणो॒ येऽव॒र्माणो॑ अ॒मित्रा॒ ये च॑ व॒र्मिणः॑ ।
सर्वां॒स्ताँ अ॑र्बुदे ह॒तांछ्वानो॑ऽदन्तु॒ भूम्या॑म् ॥ २३ ॥

ये । व॒र्मिणः॑ । ये । अ॒व॒र्माणः॑ । अ॒मित्राः॑ । ये । च॒ । व॒र्मिणः॑ ॥
सर्वा॑न् । तान् । अ॒र्बु॒दे॒ । ह॒तान् । श्वानः॑ । अ॒द॒न्तु॒ । भूम्या॑म् ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(ये) जो (अमित्राः) शत्रु लोग (वर्मिणः) वर्म [कवच विशेष] वाले हैं, (ये) जो (अवर्माणः) विना वर्म वाले हैं, (च) और (ये) जो (वर्मिणः) झिलम वाले हैं। (अर्बुदे) हे अर्बुदि [शूर सेनापति] (तान् सर्वान्) उन सब (हतान्) मारे गयों को (श्वानः) कुत्ते (भूम्याम्) रण भूमि पर (अदन्तु) खावें ॥ २३ ॥

भावार्थ—शूर सेनापति से मारे गये सब शत्रुओं की लोथों को कुत्ते आदि खावें ॥ २३ ॥

ये र॒थिनो॒ ये अ॑र॒था अ॑सा॒दा ये च॑ सा॒दिनः॑ ।
सर्वा॑नदन्तु॒ तान् ह॒तान् गृध्राः॑ श्ये॒नाः प॑त॒त्रिणः॑ ॥ २४ ॥

ये । र॒थिनः॑ । ये । अ॒र॒थाः । अ॒सा॒दाः । ये । च॒ । सा॒दिनः॑ ॥
सर्वा॑न् । अ॒द॒न्तु॒ । तान् । ह॒तान् । गृध्राः॑ । श्ये॒नाः । प॒त॒त्रिणः॑ ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(ये) जो [शत्रु] (रथिनः) रथ वाले हैं, (ये) जो (अरथाः) विना रथ वाले हैं, (ये) जो (असादाः) विना वाहन वाले [पैदल]

२३—(ये) (वर्मिणः) शस्त्रवारककवचविशेषेण युक्ताः (ये) (अवर्माणः) वर्मरहिताः (अमित्राः) शत्रवः (ये) (वर्मिणः) कवचवर्मव्यतिरिक्तेण शस्त्रनिवारकेण तनुत्राणेन युक्ताः (सर्वान्) (तान्) (अर्बुदे) अ० ११। ६। १। हे शूरसेनापते (हतान्) मारितान् (श्वानः) कुक्कुराः (अदन्तु) भक्षयन्तु (भूम्याम्) रणभूमौ ॥

२४—(ये) शत्रवः (रथिनः) रथारूढाः (ये) (अरथाः) रथरहिताः (असादाः) अवाहनाः। पदातयः (ये) (च) (सादिनः) षद्लृ विशरण-

हैं, (च) और जो (सादिनः) वाहन वाले [घुड़चढ़े, हाथी आदि पर चढ़े हुये] हैं। (तान् सर्वान्) उन सब (हतान्) मारे गयों को (गृध्राः) गिद्ध (श्येनाः) श्येन [बाज आदि] (पतत्रिणः) पक्षीगण (अदन्तु) खावें ॥ २४ ॥

भावार्थ—रणक्षेत्र में मर कर पड़े हुये शत्रु के सेनादलों को मांसाहारी पक्षी खावें ॥ २४ ॥

सहस्रकुणपा शेतामामित्री सेना समरे वधानाम् ।
विविद्धा ककजाकृता ॥ २५ ॥

सहस्र-कुणपा । शेताम् । आमित्री । सेना । सम्-अरे । वधानाम् ॥ वि-विद्धा । ककजा-कृता ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(वधानाम्) हथियारों की (समरे) मारामार में (विविद्धा) छेद डाली गयी, (ककजाकृता) प्यास की उत्पति से सतायी गयी, (सहस्रकुणपा) सहस्रों लोथों वाली (आमित्री) बैरियों की (सेना) सेना (शेताम्) सो जावे ॥२५॥

भावार्थ—वीरों की मार धाड़ से शत्रु सेना अनेक प्रकार से व्याकुल होकर मृत्यु पावे ॥ २५ ॥

मर्माविधं रोरुवतं सुपर्णैरदन्तु दुश्चितं मृदितं शयानम् ।
य इमां प्रतीचीमाहुतिममित्रो नो युयुत्सति ॥ २६ ॥

गत्यवसादनेषु-णिनि । अश्वारूढाः । गजारूढादयः (सर्वान्) (अदन्तु) भक्षयन्तु (तान्) शत्रून् (हतान्) मारितान् (गृध्राः) मांसाहारिणः पक्षिविशेषाः (श्येनाः) अ० ३ । ३ । ३ । शीघ्रगतयः श्येनादयः (पतत्रिणः) पक्षिणः ॥

२५—(सहस्रकुणपा) असंख्यातशवयुक्ता (शेताम्) (आमित्री) अमित्र-अण् । शात्रवी (सेना) (समरे) युद्धे । प्रहारे (वधानाम्) आयुधानाम् (विविद्धा) विविधं ताडिता (ककजाकृता) कक+जा+कृता । कक गर्वे चापल्ये तृष्णायां च-अच् । जन जनने डप्रत्ययो भावे, टाप् । कृञ् हिंसायाम् क, टाप् । ककस्य पिपासाया जया उत्पत्त्या कृता हिंसिता ॥

मर्माविधम् । रोरुवतम् । सु-पर्णैः । अदन्तु । दुः-चितम् । मृदितम् । शयानम् ॥ यः । इमाम् । प्रतीचीम् । आ-हुतिम् । अमित्रः । नः । युयुत्सति ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(सुपर्णैः=सुपर्णाः) शीघ्रगामी पक्षी [गिद्ध आदि] (मर्माविधम्) मर्म स्थानों में छिदे हुये, (रोरुवतम्) चिल्लाते हुये (मृदितम्) कुचले हुये, (शयानम्) पड़े हुये, (दुश्चितम्) उस दुष्ट विचार वाले को (अदन्तु) खावें । (यः) जो (अमित्रः) शत्रु (नः) हमारी (इमाम्) इस (प्रतीचीम्) प्रत्यक्ष प्राप्त हुई (आहुतिम्) आहुति [बलि वा भेट] को (युयुत्सति) झगड़ना चाहता है ॥ २६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य प्रत्यक्ष सत्य धर्म के विरुद्ध आचरण करें, वे युद्ध स्थल में बध किये जावें, जिससे अन्य दुष्ट दुराचार न करें ॥ २३ ॥

यां देवा अनुतिष्ठन्ति यस्या नास्ति विराधनम् ।
तयेन्द्रो हन्तु वृत्रहा वज्रेण त्रिषंधिना ॥ २७ ॥ (२७)

याम् । देवाः । अनु-तिष्ठन्ति । तस्याः । न । अस्ति । वि-राधनम् ॥ तया । इन्द्रः । हन्तु । वृत्र-हा । वज्रेण । त्रि-संधिना २७॥

---

२६ (मर्माविधम्) व्यध ताडने-कर्मणि क्विप् । ग्रहि ज्यावयि व्यधि० । पा० । ६ । १ । १६ । इति सम्प्रसारणम् । नहिवृतिवृषिव्यधि० । पा० ६ । ३ । ११६ । पूर्व पदस्य दीर्घः क्विप्रत्यये । मर्मसु विध्यमानम् (रोरुवतम्) रु शब्दे-यङ्लुकि-शतृ । रोरूयमाणम् । अत्यन्तं शब्दायमानम् (सुपर्णैः) सुपां सुपो भवन्ति । वा । पा० ७ । १ । ३९ । प्रथमास्थाने तृतीया । सुपर्णाः । शीघ्रगामिनः पक्षिणः । गृध्रादयः (अदन्तु) (दुश्चितम्)चिती संज्ञाने-क्विप् । दुष्टा चित् ज्ञानं यस्य तम् । दुष्टविचारयुक्तम् (मृदितम्) चूर्णीकृतम् (शयानम्) भूमौ वर्तमानम् (यः) (इमाम्) (प्रतीचीम्) अ० ३ । २६ । ३ । प्रति+अञ्चु गतिपूजनयोः-क्विन्, ङीप् । प्रत्यक्षमञ्चन्तीं गच्छन्तीम् (आहुतिम्) दानक्रियाम् (अमित्रः) शत्रुः (नः) अस्माकम् (युयुत्सति) योद्धुमिच्छति ॥

भाषार्थ—(याम्) जिस [आहुति—म० २६] को (देवाः) विजय चाहने वाले पुरुष (अनुतिष्ठन्ति) अनुष्ठान करते हैं, (यस्याः) जिस [आहुति] की (विराधनम्) निष्फलता (न अस्ति) नहीं है। (तया) उस [आहुति] से (वृत्रहा) अन्धकार नाशक (इन्द्रः) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्यवाला पुरुष (त्रिषन्धिना) त्रिसन्धि [म० २। त्रयीकुशल सेनापति] के साथ (वज्रेण) वज्रद्वारा [शत्रुओं को] (हन्तु) मारे ॥ २७ ॥

भावार्थ—जैसे अचूक नीति और प्रतिज्ञारूप आहुति को शूरवीर पुरुष परोपकार में दान करते हैं, उसी प्रकार सब मनुष्य कर्म, उपासना और ज्ञान में कुशल और पुरुषार्थी जन के सहाय से विघ्नों का नाश करें ॥ २७ ॥

इति पञ्चमोऽनुवाकः ॥

इत्येकादशं काण्डम् ॥

इति श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिम श्री सयाजीराव गायकवाड़ाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमासपरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु लब्धदक्षिणेन श्रीपण्डित

क्षेमकरणदास त्रिवेदिना

कृते अथर्ववेदभाष्ये एकादशं काण्डं समाप्तम् ॥

इदं काण्डं प्रयागनगरे मार्गशीर्षमासे कृष्णामावास्यायां तिथौ १९७४ तमे [चतुःसप्तत्युत्तर एकोनविंशतिशतके] विक्रमीये संवत्सरे धीरवीरचिर प्रतापिमहायशस्वि श्रीराजराजेश्वरपञ्चमजार्जमहोदयस्य सुसाम्राज्ये सुसमाप्तिमगात् ॥

मुद्रितम्—मार्गशीषशुक्ला ७ संवत् १९७४ ता० २० दिसंबर १९१७ ॥

२७—(याम्) आहुतिम् (देवाः) विजिगीषवः (अनुतिष्ठन्ति) आचरन्ति (यस्याः) (न) (अस्ति) (विराधनम्) निष्फलता। असिद्धिः (तया) आहुत्या (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् पुरुषः (हन्तु) मारयतु (वृत्रहा) अन्धकारनाशकः (वज्रेण) वज्रद्वारा (त्रिषन्धिना) म० २। त्रयीकुशलेन सेनापतिना सह ॥

अथर्ववेदभाष्य सम्मतियां

श्रीमती आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब, गुरुदत्त भवन लाहौर अन्तरंग सभा के प्रस्ताव संख्या ३ तिथि ६-१२-१३ की प्रति।

ला० दीवान चन्द प्रतिनिधि आर्य समाज बटाला का प्रस्ताव, कि पं० क्षेमकरणदास को अथर्ववेद भाष्य के लिये ४०) मासिक की सहायता दी जावे उपस्थित हुआ। निश्चय हुआ कि २५) मासिक की सहायता एक वर्ष के लिये दी जावे और उसके परिवर्तन में उतने मूल्य की पुस्तकें उनसे स्वीकार की जावें॥

श्रीमती आर्यप्रतिनिधि सभा संयुक्त प्रदेश आगरा और अवध, स्थान बुलन्दशहर, अन्तरंग सभा ता० ४ जून १८१६ ई० के निश्चय संख्या १३ (अ) और ब० की लिपि।

(अ) समाजों में गश्ती चिट्ठी भेजी जावें कि वे इस भाष्य के ग्राहक बनें तथा अन्यों को बनावें।

(ब) सभा सम्प्रति १ वर्ष पर्यन्त १५) मासिक एक क्लर्क के लिये पं० क्षेमकरणदास जी को देवे, जिसका बिल उक्त पंडित जी कार्यालय सभा में भेजते रहें। इस धन के बदले में पंडित जी उतने धन की पुस्तकें सभा को देंगे।

लिपि गश्ती चिट्ठी श्रीमती आर्यप्रतिनिधि सभा जो पूर्वोक्त निश्चय के अनुसार समाजों को भेजी गयी (संख्या ५८७६ प्राप्त २० जूलाई १८१६ ई०)

॥ ओ३म् ॥

मान्यवर नमस्ते !,

आपको ज्ञात होगा कि आर्यसमाज के अनुभवी वयोवृद्ध विद्वान् श्री पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी गत कई वर्षों से बड़ी योग्यता पूर्वक अथर्ववेद का भाष्य कर रहे हैं। आपने महर्षि दयानन्द के अनुसार ही इस भाष्य को करने का प्रयत्न किया है। भाष्य कांडों में निकलता है अब तक ६ कांड निकल चुके हैं। आर्य समाज के वैदिक साहित्य सम्बन्ध में वस्तुतः यह बड़ा महत्त्वपूर्णकार्य होरहा है। त्रिवेदी महाशय के भाष्य की जानकारों ने खूब प्रशंसा की है। परन्तु खेद है कि अभी आर्यसमाज में उच्च कोटिके साहित्य को पढ़ने की ओर लोगों की बहुत कम रुचि है। लागत तक वसूल नहीं होती। वेदों का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना आर्यमात्र का प्रधान कर्तव्य है। अतएव सविनय निवेदन है कि वैदिक धर्ममात्र श्री त्रिवेदी जी को उनके महत्त्वपूर्ण गुरुतर कार्य में साहस प्रदान करें। स्वयम् ग्राहकबनें और दूसरों को बनावें। ऐसा करने से भाष्यकार महाशय उसे छापने की अर्थ सम्बन्धिनी चिन्ताओं से मुक्त होकर भाष्य को और भी अधिक उत्तमता से सम्पादन करने की ओर प्रवृत्त होंगे। आशा है कि वेदों के प्रेमी उक्त प्रार्थना पर ध्यान दे इस ओर अपना कुछ कर्त्तव्य समझेंगे। प्रत्येक आर्य के घर में वेदों के भाष्य होने चाहिये। समाजके पुस्तकालयों में तो उनका रखना बहुत ही ज़रूरी है। भाष्य के प्रत्येक कांड का मूल्य त्रिवेदी जी ने बहुत ही थोड़ा रक्खा है।

त्रिवेदी जी से पत्र व्यवहार ५२ लूकरगंज, प्रयाग के पते पर कीजिये। जल्दी से भाष्य को मंगाइये।

भवदीय—

नन्दलाल सिंह,

B. Sc. LL. B. उपमन्त्री।

चिट्ठी संख्या २७० तिथि १०—१२—१५१४। कार्यालय श्रीमती आर्य-प्रतिनिधि सभा, संयुक्तप्रान्त आगरा व अवध बुलन्दशहर।

आप का पत्र संख्या १०१ तथा अथर्ववेदभाष्य का तृतीय कांड मिला। इस कृपा के लिये अनेक धन्यवाद है। वास्तव में आप आर्यसमाज के साहित्य को समृद्धिशाली बनाने में बड़ा कार्य कर रहे हैं, आपकी विद्वत्ता और कृपा के लिये आर्य संसार ही नहीं, प्रत्युत प्रत्येक शिखा सूत्रधारी को आभारी होना चाहिये। ईश्वर आप को उत्तरोत्तर उस महत्त्व पूर्ण कार्य के सम्पादन और समाप्त करने के लिये शक्ति प्रदान करें, ऐसे उपयोगी ग्रन्थ प्रकाशन को आप सदैव जारी रक्खें यही प्रार्थना है।

भवदीय

मदनमोहन सेठ

(एम० ए० एल० एल० बी०) मन्त्री सभा।

श्रीमान् पण्डित **तुलसीराम स्वामी**—प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा संयुक्तप्रान्त, सामवेद भाष्यकार, सम्पादक वेद प्रकाश मेरठ—१६१३।

ऋग्यजुर्वेद का भाष्य श्रीस्वामी दयानन्द सरस्वतीजीने संस्कृत और भाषा में किया है, सामवेद का श्री पं० तुलसीराम स्वामी ने किया है, अथर्ववेद के भाष्य की बड़ी आवश्यकता थी। पं० क्षेमकरणदास जी प्रयाग निवासी ने इस अभाव को दूर करवा आरम्भ कर दिया है। भाष्य का क्रम अच्छा है। यदि इसी प्रकार समस्त भाष्य बन गया, जो हमारी समझ में कठिन है, तो चारों वेदों के भाषा भाष्य मिलने लगेंगे, आर्यों का उपकार होगा।

श्रीयुत महाशय **नारायणप्रसाद जी**—मुख्याधिष्ठाता गुरुकुल वृन्दावन मथुरा—उपप्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा, संयुक्तप्रान्त। आर्यमित्र आगरा २४ जनवरी १६१३।

श्री पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी प्रयाग निवासी, ऋक् साम तथा अथर्ववेद सम्बन्धी परीक्षोत्तीर्ण अथर्ववेद का भाषा भाष्य करते हैं, मैंने सम्पूर्ण [प्रथम] कांड का पाठ किया। त्रिवेदी जी का भाष्य ऋषि दयानन्द जी की शैली के अनुसार भावपूर्ण संक्षिप्त और स्पष्टतया प्रकट करनेवाला है कि मन्त्र के किस शब्द के स्थान में भाषा का कौनसा शब्द आया, फिर नोटों में व्याकरण तथा निरुक्त के प्रमाण, आरम्भ में एक उपयोगी भूमिका दे देने से भाष्य की उपयोगिता और भी बढ़गई है, निदान भाष्य अत्युत्तम आर्यसमाजका पक्षपोषक और इस योग्य है कि प्रत्येक आर्यसमाज उसकी एक २ पोथी (कापी) अपने पुस्तकालय में रक्खे।

त्रिवेदी जी ने इस भाष्य का आरम्भ करके एक बड़ी कमी के पूर्ण करनेका

उद्योग किया है। ईश्वर उनको बल तथा वेद प्रेमी आवश्यक सहायता प्रदान करें निर्विघ्नता के साथ वह शुभ कार्य पूरा हो……छपाई और कागज़ भी अच्छा है

श्रीयुत महाशय—मुन्शीरामजी जिज्ञासु-मुख्याधिष्ठाता गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार—पत्र संख्या ६४ तिथि २७-१०-१६६६।

अथर्ववेदभाष्य आपका दिया व किया हुआ अवकाशानुसार तीसरे हिस्से के लगभग देख चुका हूं आपका परिश्रम सराहनीय है।

तथा—पत्र संख्या ११४ तिथि २२-१२-१६६६।

अवलोकन करने से उत्तम प्रतीत हुआ।

श्रीयुत पं० शिवशंकर शर्म्मा काव्यतीर्थ-छान्दोग्योपनिषद् भाष्यकार, वेदतत्त्वादि ग्रन्थकर्ता वेदाध्यापक कांगड़ी गुरुकुल महाविद्यालय, आदि आदि सम्पादक आर्यमित्र-८ फ़रवरी १६१३।

अथर्ववेद भाष्य। श्री पं० क्षेमकरण दास त्रिवेदी जी का यह परिश्रम प्रशंसनीय है।……आप बहुत दिनों तक सरकारी नौकरी कर अब वहां से पेन्शन पाके अपना सम्पूर्ण समय संस्कृत पढ़ने में लगाने लगे। अन्ततः आप ने वेदों में विशेष परिश्रम कर बड़ौदा राजधानी में वेदों की परीक्षा दी और उनमें उत्तीर्ण हो त्रिवेदी बने हैं। आप परिश्रमी और अनुभवी वृद्ध पुरुष हैं। आपका अथर्ववेदीयभाष्य पढ़ने योग्य है।

श्रीयुत पंडित—भीमसेन शर्म्मा इटावा उपनिषद् गीतादि भाष्यकर्ता वेदव्याख्याता कलकत्ता यूनीवर्सिटी, सम्पादक ब्राह्मण सर्वस्व इटावा, फ़रवरी १६१३।

अथर्ववेदभाष्य—इसे प्रयाग के पण्डित क्षेमकरणदास त्रिवेदी ने प्रकाशित किया। इसका क्रम ऐसा रक्खा गया है कि प्रथम तो प्रत्येक सूक्त के प्रारम्भ में……अभिप्राय यह है कि भाष्य का ढंग अच्छा है…भाष्यकर्ता के मानसिक विचारों का झुकाव आर्यसामाजिक सिद्धान्तों की तरफ़ है अतएव भाष्य भी आर्य सामाजिक शैली का हुआ है। तब भी कई अंशों में स्वामी दयानन्द के भाष्य से अच्छा है। और यह प्रणाली तो बहुत ठीक है।

श्रीमती पंडिता शिवप्यारी देवी जी, १३७ हकीम देवी प्रसाद जी अतरसुइया, प्रयाग, पत्र ता० २१-१०-१६१५॥

श्रीयुत पण्डित जी नमस्ते।

महेवा के पते से आपका भेजा हुआ पत्र और अथर्ववेद भाष्य चौथा कांड मिला, मैंने चारों कांड पढ़े, पढ़कर अत्यन्त आनन्द प्राप्त हुआ। आपने हम सभों पर अत्यंत कृपा की है आपको अनेकों धन्यवाद हैं। आशा है कि पांचवां कांड भी शीघ्र तैयार होकर वी० पी० द्वारा मुझे मिलेगा।

दो पुस्तक हवन मन्त्राः की जिसका मूल्य ।)॥ है छपाकर भेजदीजिये मेरी एक बहिन को आवश्यकता है।

श्रीयुत पंडित—महावीर प्रसाद द्विवेदी—कानपुर, सम्पादक सरस्वती प्रयाग, फ़रवरी १९१३।

अथर्ववेद भाष्य—श्रीयुत क्षेमकरणदास त्रिवेदी जी के वेदार्थज्ञान और श्रमका यह फल है कि आपने अथर्ववेद का भाष्य लिखना और क्रम क्रम से प्रकाशित करना आरम्भ किया है... बड़ी विधि से आप भाष्य की रचना कर रहे हैं। स्वर सहित मूल मन्त्र, पद पाठ, हिन्दी में सान्वय अर्थ, भावार्थ, पाठान्तर, टिप्पणी आदि से आपने अपने भाष्य को अलंकृत किया है... आपकी राय है कि "वेदों में सार्वभौम विज्ञान का उपदेश है"। आपका भाष्य स्वामी दयानन्द सरस्वती के वेदभाष्य के ढंग का है।

श्रीयुत पंडित—गणेश प्रसाद शर्मा संम्पादक भारत सुदशाप्रवर्त्तक फतहगढ़, ता० १२ अप्रैल १९१३।

हर्ष की बात है कि जिस वेद भाष्य की बड़ी आवश्यकता थी, उसकी पूर्ति का आरम्भ होगया। वेद भाष्य बड़ी उत्तम शैली से निकलता है। प्रथम मन्त्र पुनः पदार्थ युक्त भाषार्थ, उपरान्त भावार्थ, और नोट में सन्देह निवृत्ति के लिये धात्वर्थ भी व्याकरण व निरुक्त के आधार पर किया गया है, वैदिक धर्म के प्रेमियों को कम से कम यह समझ कर भी ग्राहक होना चाहिये कि उनके मान्य ग्रन्थ का अनुवाद है और काम पड़े पर उससे कार्य लिया जा सकता है।

बाबू कालिका प्रसाद जी—सिल्क मर्चेन्ट कमनगढ़ा, बनारस सिटी संख्या ५८९ ता० २७-३-१३।

आप का भेजा अथर्ववेदभाष्य का वी० पी० मिला, मैं आप का भाष्य देखकर बहुत प्रसन्न हुआ, परमेश्वर सहाय करे कि आप इसे इसी प्रकार पूर्ण करें। आप बहुत काम एक साथ न छेड़कर इसी की तरफ़ समाधि लगाकर पूर्ण करेंगे। मेरा नाम ग्राहकों में लिख लीजिये, जब २ अङ्क छपें मेरे पास भेज देना।

श्रीयुत महाशय रावत हरप्रसाद सिंहजी वर्मा, मु० एकडला पोस्ट किशुनपुर, ज़िला फ़तेहपुर हसवा, पत्र ६ दिसम्बर १९१३।

वास्तव में आप का किया हुआ "अथर्ववेद भाष्य" निष्पक्षता का आश्रय लिया चाहता है। आपने यह साहस दिखाकर साहित्य भण्डार की एक बड़ी भारी न्यूनता को पूर्ण कर दिया है। ईश्वर आपको वेद भण्डारे के आवश्यकीय कार्यों के सम्पादन करने का बल प्रदान करें।

श्रीयुत महाशय पंडित श्रीधर पाठक जी, (सभापति हिन्दी साहित्य सम्मेलन लखनऊ)—मनोविनोद आदि अनेक ग्रन्थों के कर्ता सुपरिन्टेन्डेन्ट गवर्नमेंट सेक्रेटरियट, पी० डब्ल्यू० डी० श्री प्रयागराज; पत्र ता० १७-८-१३।

आपका अथर्ववेद भाष्य अवलोकन कर चित्त अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ। आप की यह पाण्डित्य-पूर्ण कृति वेदार्थ जिज्ञासुओं को बहुत हितकारिणी होगी। आप का व्याख्याक्रम परम मनोरम तथा प्रांजल है. और ग्रन्थ सर्वथा उपादेय है।

प्रकाश लाहौर १२ आषाढ़ संवत् १९७३ (२५ जून १९१६—लेखक श्रीयुत पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर जी)

हम पण्डित क्षेमकरणदास-जी का धन्यवाद करने से नहीं रह सकते—स्वामी (दयानन्द) जी ने लिखा है-कि वेद का पढ़ना पढ़ाना आर्यों का परम धर्म है—इसके अनुकूल श्री पंडित जी अपना समय वेद अध्ययन में लगाते हैं—और आर्यों के लिये परम उपयोगी पुस्तक प्रकाशित करने में पुरुषार्थ करते रहते हैं—पंडित जी ने इस समय तक हवन मन्त्रों तथा रुद्राध्याय का भाषा में अर्थ प्रसिद्ध किया है-जो कि आर्यों के लिये पठन पाठन में उपयोगी है। इस सम्बन्ध में यह अथर्ववेद के पांच कांड छपवा कर निःसन्देह बड़ा लाभ पहुंचाया है। आर्यों की जो शिक्षा प्रणाली थी उसको टूटे आज पांच हज़ार वर्ष हो चुके हैं। ऐसे अंधेरे के समय में स्वामी जी ने वेद के ऊपर लोगों के भीतर दृढ़ विश्वास उत्पन्न करके एक धर्म का दीपक प्रकाशित किया। परन्तु हमें शोक यह है वेद के पढ़ने पढ़ाने में आर्यलोग इतना समय नहीं लगाते जितना वे प्रबन्ध सम्बन्धी झगड़ों की बातों में लगाते हैं। हमारा विश्वास है कि जब तक पं० क्षेमकरणदास जी जैसे वेदाभ्यासी पुरुषार्थी लोग अपना समय वेदों के खोज में न लगावेंगे तब तक आर्य समाज का कोई गौरव नहीं बढ़ सकता। अथर्ववेद के अर्थ खोजने में बड़ी कठिनता है। इसके ऊपर सायण भाष्य उपलब्ध नहीं होता. जो इस समय तक छपा हुआ है वह बड़ी अधूरी दशा में है, सूक्त के सूक्त ऐसे हैं कि जिनके ऊपर अब तक कोई टीका नहीं हुई।.........इस समय जो पांच कांडों का भाष्य पंडित जी ने प्रकाशित किया है उसके लिखने का ढंग बड़ा अच्छा और सुगम है। प्रथम उन्हों ने सूक्त के तथा मन्त्रों के देवता दिये हैं—पश्चात् छन्द...विद्वानों का यही काम है कि वह जैसे जैसे साधन उनके पास हों वैसा वैसा सोचकर वेद मन्त्रों का अर्थ प्रकाशित करें। ऐसे सैकड़ों प्रयत्न जब होंगे, तब सच्चे अर्थ खोज करना आगामी विद्वानों को सरल होगा। परन्तु इस समय बड़ी भारी कठिनाई यह है कि प्रकाशित पुस्तकों के लिये पर्याप्त संख्या में ग्राहक नहीं मिलते हैं और विद्वानों के पास सम्पत्ति का अभाव होने के कारण हानि के डर से पुस्तकों का प्रकाशित करना बन्द होता है। इसलिये सब आर्यों को परम उचित है कि पंडित क्षेमकरणदास जी जैसे विद्वान् पुरुषार्थी के ग्रन्थ मोल लेकर उनको अन्य ग्रन्थ प्रकाशित करने की आशा देते रहें। त्रिवेदी जी कोई धनाढ्य पुरुष नहीं हैं, उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति जो कुछ उनके पास है लगा दी है.........त्रिवेदी जी ने जो कुछ किया है वह वैदिक धर्म के प्रेम से प्रवृत्त होकर-इस लिये न केवल सब आर्य पुरुषों का कर्त्तव्य है कि इस भाष्य को मोल लेकर त्रिवेदी जी को उत्साहित करें किन्तु धनाढ्य आर्य पुरुषों का यह भी कर्त्तव्य है कि उनकी आर्थिक सहायता करें।

The VIDYADHIKARI (Minister of Education), *Baroda State, letter No 624 dated 6th February* 1913.

....It has been decided to purchase 20 copies of your book entitled अथर्ववेद भाष्यम्. It has been sanctioned for use of the library and the drize distribution. Please send them...also add on the address lable "For Encouragement Fund."

RAI THAKUR DATTA RETIRED DISTRICT JUDGE, Dera Ismail Khan

Letter dated March 25th, 1914.

The Atharva Veda Bhashya:—It is a gigantic task and speaks volumes for your energies and perseverance that you should have undertaken at an advanced age. I wish I had a portion of your will-power.

Letter dated 30th April 1914.

I very much admire your labour of lore and hope...the venture will not fail for want of pecuniary support.

THE MAGISTRATE OF ALLAAABAD.

Letter No. 912 dated 21st May 1915.

Has the honour to request him to be so good as to send a copy each of the 1st and 3rd Kandas of Atharva Veda Bhashya to this office for transmission to the India Office, London.

THE ARYA PATRIKA. LAHORE, APRIL 18, 1914.

THE *Atharva Veda Bhashya* or commentary on the *Atharva Veda* which is being published in parts by Pandit Khem Karan Das Trivedi, does great credit to his energy, persever nce and scholarship. The first part contains the Introduction and the first *Kanda* or Book. There is a learned disquisition on the origin of the Vedas and the pre-eminent position in Sanskrit literature......The arrangement is good, the original *Mantra* is followed by a literal translation and their *bhavarth* or purport in Arya Bhasha. The footnotes are copious; they give the derivation and meaning in Sanskrit of the various words quoting the authority of *Ashtadhyayi* of Panini, *Unadikosha* of Dayananda, *Nirukta* of Yaska, *Yoga Darshana* of Patanjali and other standard ancient works......The Pandit appears to have laboured very hard and the Book before us does credit to his erudition; scholars may not agree with certain of his renderings, but like a true Arya, who venerates the Vedas, he has made an honest attempt to find in the Vedic verses something which will elevate and ennoble mankind. Cross references to verses where the word has already occurred in this Veda are also given to enable the reader to compare notes. There can be no finality in Vedic interpretation, but honest attempts like these which shall render the task easy to others are commendable. We are glad to call public attention to this scholarly work, and hope that Pandit Khem Karn Das Trivedi will get the encouragement which he so richly deserves......Our earnest request is that the revered Pandit will go on with this noble work and try to finish the whole before he is called to eternal rest......

N.B.—The printing and paper are good, the price is moderate.

॥ ओ३म् ॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ १ ॥

अथर्व० का० १९ सू० ६२ म० १ ।

प्रिय मोहि करौ देव, तथा राज समाज में ।
प्रिय सब दृष्टि वाले, औ शूद्र और अर्य में ॥

अथर्ववेदभाष्यम् ।

द्वादशं काण्डम् ।

आर्यभाषायामनुवाद-भावार्थादिसहितं
संस्कृते व्याकरणनिरुक्तादिप्रमाणसमन्वितं च ।

श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिमधीरवीरचिरप्रतापि श्री
सयाजीरावगायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमास-
दक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु
लब्धदक्षिणेन

श्री पण्डित क्षेमकरणदासत्रिवेदिना

निर्मितं प्रकाशितं च ।

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.

Griffith's Trans. Atharv 19: 62 : 1

अयं ग्रन्थः पण्डित ओङ्कारनाथ वाजपेयिप्रबन्धेन
प्रयागनगरे ओंकारयन्त्रालये मुद्रितः ।

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि } संवत् १९७५ वि० सन् १९१८ ई० { मूल्यम् २=)

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी, ५२ लूकरगंज, प्रयाग (Allahabad)

॥ओ३म्॥

"वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।"

आनन्दसमाचार

[आप देखिये और अपने मित्रों को दिखाइये]

अथर्ववेदभाष्यम्—जिन वेदों की महिमा सब बड़े २ ऋषि, मुनि और योगी गाते आये हैं और विदेशी विद्वान् जिनका अर्थ खोजने में लग रहे हैं। वे अब तक संस्कृत में होने के कारण बड़े कठिन थे। ऋग्वेद, और यजुर्वेद और सामवेद का अर्थ तो भाषा में हो चुका है। परन्तु अथर्ववेद का अर्थ अभी तक नागरी भाषा में नहीं था, इस महात्रुटि को पूरा करने के लिये प्रयाग निवासी पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी ने उत्साह किया है। वे भाष्य को नागरी (हिन्दी) और संस्कृत में वेद, निघण्टु, निरुक्त, व्याकरणादि सत्य शास्त्रों के प्रमाण से बड़े परिश्रम के साथ बनाकर प्रकाशित कर रहे हैं।

भाष्य का क्रम इस प्रकार है। १—सूक्त के देवता, उपदेश, २—सस्वर मूल मन्त्र ३—सस्वर पदपाठ, ४—मन्त्रों के शब्दों को कोष्ठ में देकर सान्वय भाषार्थ, ५—भावार्थ, ६—आवश्यक टिप्पणी, पाठान्तर, अनुरूप पाठादि. ७—प्रत्येक पृष्ठ में लाइन देकर सन्देह निवृत्ति के लिये शब्दों और क्रियाओं की व्याकरण निरुक्तादि प्रमाणों से सिद्धि।

इस वेद में २० छोटे बड़े कांड हैं, एक एक कांड का भावपूर्ण संक्षिप्त स्त्री पुरुषों के समझने योग्य अति सरल हिन्दी और संस्कृत भाष्य अल्प मूल्य में छपकर ग्राहकों के पास पहुंचता है। वेदप्रेमी श्रीमान् राजे, महाराजे, सेठ, साहूकार, विद्वान् और सर्व साधारण स्त्री पुरुष स्वाध्याय, पुस्तकालयों और पारितोषिकों के लिये भाष्य मंगावें और जगत्पिता परमात्मा के पारमार्थिक और सांसारिक उपदेश, ब्रह्मविद्या, वैद्यकविद्या, शिल्पविद्या, राजविद्यादि अनेक क्रियाओं का तत्त्व जानकर आनन्द भोगें और धर्मात्मा पुरुषार्थी होकर कीर्ति पावें। छपाई उत्तम और काग़ज़ बढ़िया रायल अठपेजी है।

स्थायी ग्राहकों में नाम लिखाने वाले सज्जन २०) सैकड़ा छोड़कर पुस्तक वी० पी० वा नगद दाम पर पाते हैं। डाकव्यय ग्राहक देते हैं।

काण्ड	१ भूमिका सहित	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
मूल्य	१।)	१।-)	१॥-)	२)	१॥।=)	३)	२।)	२)	२।)	२॥)

काण्ड	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	पृष्ठ ३,०५० लगभग
मूल्य	२।)	२=)									२४।=)

काण्ड—१३ छप रहा है। कांड १४ शीघ्र प्रकाशित होगा।

हवनमन्त्राः—धर्म शिक्षा का उपकारी पुस्तक—चारों वेदों के संगृहीत मन्त्र ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचन, शान्तिकरण, हवनमन्त्र वामदेव्यगान सरल भाषा में शब्दार्थ सहित संशोधित बढ़िया रायल अठपेजी पृष्ठ ६०, मूल्य ।)॥

रुद्राध्यायः—प्रसिद्ध यजुर्वेद अध्याय १६ (नमस्ते रुद्र मन्यव उतो त इषवे नमः) ब्रह्मनिरूपक अर्थ संस्कृत, भाषा और अंग्रेज़ी में बढ़िया रायल अठपेजी पृष्ठ १४८ मूल्य।=)

रुद्राध्यायः—मूलमात्र बढ़िया रायल अठपेजी, पृष्ठ १४ मूल्य)॥

वेदविद्यायें—वेदों में विमान, नौका, अस्त्र शस्त्र निर्माण, व्यापार, गृहस्थ, अतिथि, सभा, ब्रह्मचर्यादि का वर्णन मूल्य ≈)॥

पता—पं० क्षेमकरणदासत्रिवेदी
५२, लूकरगंज, प्रयाग। (Allahabad)

१० जून १९१८।

१—सूक्त विवरण अथर्ववेद, काण्ड १२ ॥

सूक्त	सूक्त के प्रथम पद	देवता	उपदेश	छन्द
१	सत्यं बृहदृतमुग्रं	पृथिवी	राज्य की रक्षा	भुरिक् त्रिष्टुप् आदि
२	नडमा रोह न ते अत्र	अग्नि आदि	राजा और प्रजा के कर्त्तव्य	त्रिष्टुप् आदि
३	पुमान् पुंसोऽधि तिष्ठ	स्त्री पुरुष आदि	परस्पर उन्नति करना	भुरिक् त्रिष्टुप् आदि
४	ददामीत्येव ब्रूयादनु	वशा	वेदवाणी के प्रकाश	अनुष्टुप् आदि
५(१)	श्रमेण तपसा सृष्टा	ब्रह्मगवी	वेदवाणी के रोकने के दोष	प्राजापत्यानुष्टुप् आदि
(२)	ओजश्च तेजश्च सहश्च	तथा	तथा	साम्नी त्रिष्टुप् आदि
(३)	सैषा भीमा ब्रह्मगव्य	तथा	तथा	विराडार्षी गायत्री आदि
(४)	वैरं विकृत्यमाना	तथा	तथा	आसुरी गायत्री आदि
(५)	तस्या आहननं कृत्या	तथा	तथा	साम्नी पङ्क्ति आदि
(६)	क्षिप्रं वै तस्याहनने	तथा	तथा	प्राजापत्यानुष्टुप् आदि
(७)	वृश्च प्र वृश्च सं वृश्च	तथा	तथा	प्राजापत्यानुष्टुप् आदि

२—अथर्ववेद काण्ड १२ के मन्त्र अन्यवेदों में सम्पूर्ण वा कुछ भेद से ॥

मन्त्र संख्या	मन्त्र	अथर्ववेद, (काण्ड १२) सूक्त, मन्त्र	ऋग्वेद, मण्डल, सूक्त, मन्त्र	यजुर्वेद, अध्याय, मन्त्र	सामवेद, पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक, इत्यादि
१	पुनस्त्वादित्यारुद्रा	२ । ६		१२ । ४४	
२	यो अग्निःक्रव्यात्	२ । ७	१० । १६ । १०		
३	क्रव्यादमग्निं प्र	२ । ८	१० । १६ । ९	३५ । १९	
४	परं मृत्यो अनु	२ । २१	१० । १८ । १	३५ । ७	
५	इमे जीवा वि	२ । २२	१० । १८ । ३ } १ । ११७ । २५ }		
६	इमं जीवेभ्यः परि	२ । २३	१० । १८ । ४	३५ । १५	
७	आ रोहतायुर्जरसं	२ । २४	१० । १८ । ६		
८	यथाहान्यनुपूर्वं	२ । २५	१० । १८ । ५		
९	अश्मन्वती रीयते	२ । २६	१० । ५३ । ८	३५ । १०	
१०	मृत्योःपदं योपयन्त	२ । ३०	१० । १८ । २		
११	इमा नारीरविधवाः	२ । ३१	१० । १८ । ७		

॥ ओ३म् ॥

अथर्ववेदः ॥

द्वादशं काण्डम् ॥

प्रथमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् १ [पृथिवीसूक्तम्] ॥

१—६३ ॥ पृथिवी देवता ॥ १, ५५, भुरिक् त्रिष्टुप्; २, ३, ४, २६, ३१, ६०,६१,६२ त्रिष्टुप्; ५, ४४,४५ निचृज्जगती; ६ जगती; ७ प्रस्तारपङ्क्तिः; ८ षट्पदा विराडष्टिः; ९ निचृत् त्रिष्टुप्; १०, ३८ षट्पदा जगती; ११ अतिशक्वरी; १२, १३, १५, २५, ३७ शक्वरी; १४, १७ महाबृहती; १६, २१ साम्नी त्रिष्टुप्; १८ निचृदतिशक्वरी; १९ उरोबृहती; २०, २६, २७, २८, ३३, ३५, ३९, ४०, ५०, ५३, ५४, ५६, ५९, ६३ अनुष्टुप्; २२ स्वराडतिजगती; २३ विराडतिजगती; २४ पञ्चपदा भुरिज्जगती; ३० विराड् गायत्री; ३२ त्रिष्टुब् ज्योतिष्मती; ३४, ५२ अतिजगती; ३६ आर्षी पङ्क्तिः; ४१, ४६ विराट् शक्वरी; ४२ भुरिजनुष्टुप्; ४३ विराडास्तारपङ्क्तिः; ४७, ५१ स्वराट् शक्वरी; ४८ ब्राह्म्युष्णिक्; ४९, ५७ जगती; ५८ निचृद्बृहती छन्दः ॥

राज्यरक्षोपदेशः—राज्य की रक्षा का उपदेश ॥

स॒त्यं बृ॒हदृ॒तमु॒ग्रं दी॒क्षा तपो॒ ब्रह्म॑ य॒ज्ञः पृ॑थि॒वीं धा॑रयन्ति ।
सा नो॑ भू॒तस्य॒ भव्य॑स्य॒ पत्न्यु॒रुं लो॒कं पृ॑थि॒वी नः॑ कृणोतु ॥१॥

स॒त्यम् । बृ॒हत् । ऋ॒तम् । उ॒ग्रम् । दी॒क्षा । तपः॑ । ब्रह्म॑ । य॒ज्ञः । पृ॒थि॒वीम् । धा॒र॒य॒न्ति॒ ॥ सा । नः॒ । भू॒तस्य॑ । भव्य॑स्य । पत्नी॑ । उ॒रुम् । लो॒कम् । पृ॒थि॒वी । नः॒ । कृ॒णो॒तु॒ ॥ १ ॥

३९–(यस्याम्) भूम्याम् (पूर्वे) पूर्व निवासे निमन्त्रणे च—अच् । निवासे शरीरे (भूतकृतः) भूतं यथार्थं कुर्वन्ति ये ते (ऋषयः) अ० ४ । ११ । ९ । विषयप्रापकाः पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि मनो बुद्धिश्च (गाः) वेदवाणीः (उत्) उत्तमतया (आनृचुः) अर्च पूजायाम्–लिट् । अपस्पृधेथामानृचुरानृहु ० । पा० ६ । १ । ३६ । धातोर्लिटि उसि सम्प्रसारणमकारलोपश्च । यद्वृत्तान्नित्यम् । पा० ८ । १ । ६६ । इति निघातप्रतिषेधः । आनर्चुः । पूजितवन्तः (सप्त)सप्त संख्याकाः(सत्त्रेण) सत्+त्रैङ् पालने–क । सतां सत्पुरुषाणां त्रायकेण (वेधसः) मेधाविनः ज्ञानवन्तः (यज्ञेन) देवपूजासंगतिकरणदानव्यवहारेण (तपसा) ब्रह्मचर्यादितपश्चरणेन (सह) ॥

यजुर्वेद ३४ । ५५ में वर्णन है—(सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे) सात ऋषि अर्थात् शब्द आदि विषय को प्राप्त करने वाले पांच ज्ञानेन्द्रिय, मन और बुद्धि शरीर में प्रतीति के साथ ठहरे हुये हैं ॥

सा नो भूमिरा दिशतु यद्धनं कामयामहे ।
भगो अनुप्रयुङ्क्तामिन्द्र एतु पुरोगवः ॥ ४० ॥ (४)

सा । नः । भूमिः। आ । दिशतु । यत् । धनम् । कामयामहे ॥
भगः । अनु-प्रयुङ्क्ताम् । इन्द्रः । एतु । पुरः-गवः ॥४०॥(४)

भाषार्थ—(सा भूमिः) वह भूमि (नः) हमको (धनम्) वह धन (आ) यथावत् (दिशतु) देवे, (यत्) जिसे (कामयामहे) हम चाहते हैं। (भगः) ऐश्वर्य [हमें] (अनुप्रयुङ्क्ताम्) निरन्तर मिले, (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् पुरुष (पुरोगवः) अग्रगामी होकर (एतु) चले ॥ ४० ॥

भावार्थ—इस मन्त्र का अन्वय मन्त्र ३८ और ३९ के साथ है। मनुष्य पृथिवी पर वीर, महात्मा ब्राह्मणों योगियों के अनुकरण से वेदविद्या प्राप्त करके ऐश्वर्यवान् होकर अग्रगामी होवें ॥ ४० ॥

यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबाः । युध्यन्ते यस्यामाक्रन्दो यस्यां वदति दुन्दुभिः । सा नो भूमिः प्र णुदतां सपत्नानसपत्नं मा पृथिवी कृणोतु ॥ ४१ ॥

यस्याम् । गायन्ति । नृत्यन्ति । भूम्याम् । मर्त्याः । वि-ऐलबाः ॥ युध्यन्ते । यस्याम् । आ-क्रन्दः। यस्याम् । वदति । दुन्दुभिः ॥ सा । नः । भूमिः । प्र । नुदताम् । स-पत्नान् ।

४०—(सा) पूर्वोक्ता—म० ३८, ३९ (नः) अस्मभ्यम् (भूमिः) (आ) समन्तात् (दिशतु) ददातु (यत्) (धनम्) (कामयामहे) इच्छामः (भगः) ऐश्वर्यम् (अनुप्रयुङ्क्ताम्) निरन्तरं प्राप्नोतु (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् पुरुषः (एतु) गच्छतु (पुरोगवः) गोरतद्धितलुकि। पा० ५ । ४ । ९२। इति पुरस्+गो समासे टच्। अग्रगामी सन् ॥

असपत्नम् । मा । पृथिवी । कृणोतु ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—(यस्यां भूम्याम्) जिस भूमि पर (व्यैलबाः) विविध प्रकार वाणियों के बोलने वाले (मर्त्याः) मनुष्य (गायन्ति) गाते हैं और (नृत्यन्ति) नाचते हैं । (यस्यां भूम्याम्) जिस भूमि पर (आक्रन्दः) कोलाहल करने वाले [योद्धा] (युध्यन्ते) लड़ते हैं, (यस्याम्) जिस पर (दुन्दुभिः) ढोल (वदति) बजता है । (सा भूमिः) वह भूमि (नः) हमारे (सपत्नान्) वैरियों को (प्र णुदताम्) हटा देवे. (पृथिवी) पृथिवी (मा) मुझ को (असपत्नम्) विना शत्रु (कृणोतु) करे ॥ ४१ ॥

भावार्थ -जिस पृथिवी पर मनुष्य ऊंचे, नीचे और मध्यम स्वर से गाते, नाचते और बाजे बजाकर युद्ध करते हैं, वहां पर धर्मात्मा लोग निर्विघ्न होकर सुख प्राप्त करें ॥ ४१ ॥

यस्यामन्नं व्रीहियवौ यस्या इमाः पञ्च कृष्टयः ।
भूम्यै पर्जन्यपत्न्यै नमोऽस्तु वर्षमेदसे ॥ ४२ ॥

यस्याम् । अन्नम् । व्रीहि-यवौ । यस्याः । इमाः । पञ्च । कृष्टयः ॥ भूम्यै । पर्जन्य-पत्न्यै । नमः । अस्तु । वर्ष-मेदसे ।४२

भाषार्थ—(यस्याम्) जिस [भूमि] पर (अन्नम्) अन्न, (व्रीहियवौ) चावल और जौ हैं, (यस्याः) जिस के [ऊपर] (पञ्च) पांच [पृथिवी,

४१—(यस्याम्) (गायन्ति) गानं कुर्वन्ति (नृत्यन्ति) नृत्यं कुर्वन्ति (भूम्याम्) (मर्त्याः) मनुष्याः (व्यैलबाः) इला=वाक् । वि+इला—अण् समूहार्थे +बण शब्दे-ड । विविधमिलानां वाचां शब्दयितारः (युध्यन्ते) संप्रहरन्ति (यस्याम्) (आक्रन्दः) क्रदि आह्वाने रोदने च-क्विप् । कोलाहलशीलाः (यस्याम्) (वदति) ध्वनति (दुन्दुभिः) बृहड्ढक्का (सा) (नः) अस्माकम् (भूमिः) (प्रणुदताम्) प्रेरयतु (सपत्नान्) शत्रून् (असपत्नम्) अशत्रुम् (मा) माम् (पृथिवी) (कृणोतु) करोतु ॥

४२—(यस्याम्) भूम्याम् (अन्नम्) (व्रीहियवौ) (यस्याः) (इमाः) दृश्यमानाः (पञ्च) पृथिव्यादिपञ्चभूतैः संबद्धाः (कृष्टयः) अ० ३ । २४ । ३ ।

जल, तेज, वायु और आकाश] से सम्बन्ध वाले (इमाः) यह (कृष्टयः) मनुष्य हैं। (वर्षमेदसे) वर्षा से स्नेह रखने वाली, (पर्जन्यपत्न्यै) मेघ से पालन की गयी (भूम्यै) उस भूमि के लिये (नमः अस्तु) [हमारा] अन्न होवे ॥ ४२)

भावार्थ—मनुष्य पृथिवी के हितके लिये पृथिवी आदि पांच तत्वों से उपकार लेकर अन्न आदि प्राप्त करें ॥ ४२ ॥

यस्याः पुरो देवकृताः क्षेत्रे यस्या विकुर्वते। प्रजापतिः पृथिवीं विश्वगर्भामाशामाशां रण्यां नः कृणोतु ॥ ४३ ॥

यस्याः। पुरः। देव-कृताः। क्षेत्रे। यस्याः। वि-कुर्वते ॥ प्रजा-पतिः। पृथिवीम्। विश्व-गर्भाम्। आशाम्-आशाम्। रण्याम्। नः। कृणोतु ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—(यस्याः) जिसके (पुरः) नगर [राजभवन, गढ़ आदि] (देवकृताः) विद्वानों के बनाये हैं, (यस्याः) जिसके (क्षेत्रे) खेत में [मनुष्य] (विकुर्वते) विविध कर्म करते हैं। (प्रजापतिः) प्रजापति [परमेश्वर] (विश्व-गर्भाम्) सब के गर्भ (पृथिवीम्) पृथिवी को (आशामाशाम्) दिशा दिशा में (नः) हमारे लिये (रण्याम्) रमणीय (कृणोतु) करे ॥ ४३ ॥

भावार्थ—जिस भूमि पर धर्मात्मा पुरुष राजभवन, कार्यालय आदि बनाकर अनेक प्रकार से उन्नति के काम करते हैं और जिस में से अनेक रत्न उत्पन्न होते हैं, उस पर परमात्मा हमें धर्म में स्थिर रखकर सर्वत्र प्रसन्न रक्खे ॥ ४३ ॥

मनुष्याः-निघ० २। ३ (भूम्यै) (पर्जन्यपत्न्यै) मेघेन पालनीयायै (नमः) अन्नम्-निघ० २। ७ (अस्तु) (वर्षमेदसे) ञि मिदा स्नेहने-असुन्। वर्षाभिः स्नेहशीलायै ॥

४३—(यस्याः) (पुरः) नगर्य्यः। राजभवनदुर्गादयः (देवकृताः) विद्वद्भिर्निर्मिताः (क्षेत्रे) प्रदेशे (यस्याः) (विकुर्वते) विविधकर्माणि कुर्वन्ति मनुष्याः (प्रजापतिः) प्रजापालकः परमेश्वरः (पृथिवीम्) (विश्वगर्भाम्) सर्वस्य गर्भभूताम् (आशामाशाम्) प्रतिदिशम् (रण्याम्) अ० ६। ३। ६। रमणीयाम्-निरु० ६। ३३। (नः) अस्मभ्यम् (कृणोतु) करोतु ॥

नि॒धिं बिभ्र॑ती बहु॒धा गुहा॒ वसु॑ म॒णिं हिर॑ण्यं पृथि॒वी द॑दातु मे। वसू॑नि नो वसु॒दा रास॑माना दे॒वी द॑धातु सु॒मन॒स्यमा॑ना ४४

नि॒-धिम् । बिभ्र॑ती । ब॒हु॒-धा । गुहा॑ । वसु॑ । म॒णिम् । हिर॑ण्यम् । पृ॒थि॒वी । द॒दा॒तु॒ । मे॒ ॥ वसू॑नि । नः॒ । व॒सु॒-दाः । रास॑माना । दे॒वी । द॒धा॒तु॒ । सु॒-म॒न॒स्यमा॑ना ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—(गुहा) अपनी गुहा [गढ़े] में (निधिम्) निधि [धन का कोश] (बहुधा) अनेक प्रकार (बिभ्रती) रखती हुयी (पृथिवी) पृथिवी (मे) मुझे (वसु) धन (मणिम्) मणि और (हिरण्यम्) सुवर्ण (ददातु) देवे। (वसुदाः) धन देने वाली, (वसूनि) धनों को (रासमाना) देती हुयी (देवी) वह देवी [उत्तम गुण वाली पृथिवी] (सुमनस्यमाना) प्रसन्न मन होकर (नः दधातु) हमारा पोषण करे ॥ ४४ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् मनुष्य पृथिवी को खोजते हैं, वे खानों में से अनेक रत्न और सुवर्ण आदि पाकर प्रसन्नचित्त होते हैं ॥ ४४ ॥

जनं॒ बिभ्र॑ती बहु॒धा विवा॑चसं॒ नाना॑धर्माणं पृथि॒वी य॑थौक॒सम्। स॒हस्रं॒ धारा॒ द्रवि॑णस्य मे दुहां ध्रु॒वेव॑ धे॒नुरन॑पस्फुरन्ती ।४५।

जन॑म् । बिभ्र॑ती । ब॒हु॒-धा । वि-वा॑चसम् । नाना॑-धर्माणम् । पृ॒थि॒वी । य॒था॒-ओ॒क॒सम् ॥ स॒हस्र॑म् । धाराः॑ । द्रवि॑णस्य । मे॒ । दु॒हा॒म् । ध्रु॒वा-इ॑व । धे॒नुः । अन॑प-स्फुरन्ती ॥ ४५ ॥

४४—(निधिम्) धनसञ्चयम् (बिभ्रती) धरन्ती (बहुधा) अनेकप्रकारेण (गुहा) गुहायाम्। गर्त्ते (वसु) धनम् (मणिम्) (हिरण्यम्) सुवर्णम् (पृथिवी) (ददातु) (मे) मह्यम् (वसूनि) धनानि (नः) अस्मभ्यम् (वसुदाः) धनदात्री (रासमाना) रासतिर्दानकर्मा-निघ० ३ । २० । ददती (देवी) दिव्यगुणा (दधातु) पोषतु (सुमनस्यमाना) अ० १ । ३५ । १ । शोभनमनस्का सती ॥

भाषार्थ—(विवाचसम्) विशेष वचन सामर्थ्य वाले, (नानाधर्माणम्) अनेक गुण वाले (जनम्) जन [मनुष्य समूह] को (यथौकसम्) स्थान के अनुसार (बहुधा) बहुत प्रकार से (बिभ्रती) धारण करती हुयी (पृथिवी) पृथिवी, (ध्रुवा) दृढ़ स्वभाव वाली, (अनपस्फुरन्ती) निश्चल (धेनुः इव) गौ के समान, (मे) मेरे लिये (द्रविणस्य) धन की (सहस्रम्) सहस्र (धाराः) धारायें (दुहाम्) दुहे ॥ ४५ ॥

भावार्थ—जैसे गौ अल्प मूल्य तृण आदि खाकर गोपाल की चतुराई के अनुसार बहुमूल्य दूध देती है, वैसे ही मनुष्य परिश्रम से अनेक विद्यायें और अनेक गुण प्राप्त करके पृथिवी पर अपनी योग्यता के अनुसार बहुत प्रकार से धनवान् होवें ॥ ४५ ॥

यस्ते॑ स॒र्पो वृश्चि॑कस्तृ॒ष्टद॑ंश्मा हेम॒न्तज॑ब्धो भृम॒लो गुहा॒ शये॑ ।
क्रिमि॒र्जिन्व॑त् पृथिवि॒ यद्य॒देज॑ति प्रा॒वृषि॒ तन्नः॒ सर्प॒न्मोप॑
सृप॒द् यच्छि॒वं तेन॑ नो मृड ॥ ४६ ॥

यः । ते॒ । स॒र्पः । वृश्चि॑कः । तृ॒ष्ट॒ऽद॑ंश्मा । हे॒म॒न्त॒ऽज॑ब्धः ।
भृ॒म॒लः । गुहा॑ । शये॑ ॥ क्रिमिः॑ । जिन्व॑त् । पृ॒थि॒वि॒ । यत्ऽ-
य॑त् । एज॑ति । प्रा॒वृषि॑ । तत् । नः॒ । सर्प॑त् । मा । उप॑ ।
सृ॒प॒त् । यत् । शि॒वम् । तेन॑ । नः॒ । मृ॒ड ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (तृष्टदंश्मा) डंक मारने से पियास उत्पन्न करने

४५—(जनम्) मनुष्यसमूहम् (बिभ्रती) धरन्ती (बहुधा) (विवाचसम्) वि+वचस्-अण्। विशेषेण वचांसि वचनसामर्थ्यानि यस्य तम् (नानाधर्माणम्) बहुगुणवन्तम् (पृथिवी) (यथौकसम्) अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः। पा० ५। ४। १०७। इति बाहुलकात् टच्। यथास्थानम्। योग्यतामनुसृत्य (सहस्रम्) बहु (धाराः) प्रवाहान् (द्रविणस्य) धनस्य (मे) मह्यम् (दुहाम्) दुग्धाम्। प्रपूरयतु (ध्रुवा) दृढस्वभावा (इव) यथा (धेनुः) गौः (अनपस्फुरन्ती) अ० ८। १। ७। निश्चलन्ती ॥

४६—(यः) (ते) तव (सर्पः) भुजङ्गः (वृश्चिकः) अ० १०। ४।

वाला (सर्पः) सांप [वा] (वृश्चिकः) बिच्छू (हेमन्तजब्धः) ठंड से ठिठरा हुआ, (भृमलः) भ्रमल [घबड़ाता हुआ] (ते) तेरे (गुहा) गढ़े में (शये) सोता है। (क्रिमिः) [जो] कीड़ा और (यद्यत्) जो जो (प्रावृषि) वर्षा ऋतु में (जिन्वत्) प्रसन्न होता हुआ (पजति) रेंगता है, (पृथिवि) हे पृथिवि ! (तत्) वह (सर्पत्) रेंगता हुआ [जन्तु] (नः) हम पर (मा उप सृपत्) आकर न रेंगे, (यत्) जो कुछ (शिवम्) मङ्गल है, (तेन) उस से (नः) हमें (मृड) सुखी कर ॥ ४६ ॥

भावार्थ–मनुष्य सदा सावधान रहें कि सब ऋतुओं में दुष्ट जीव जन्तुओं से उन्हें क्लेश न होवे ॥ ४६ ॥

ये ते॒ पन्था॑नो ब॒हवो॑ जना॒यना॑ रथ॑स्य॒ वर्त्मान॑सश्च॒ यात॑वे ।
यैः सं॒चर॑न्त्यु॒भये॑ भद्रपा॒पास्तं पन्था॑नं जयेमानमि॒त्रम॑तस्क॒रं यच्छि॒वं तेन॑ नो मृड ॥ ४७ ॥

ये । ते॒ । पन्था॑नः । ब॒हवः॑ । ज॒न॒-अय॑नाः । रथ॑स्य । वर्त्म॑ । अन॑सः । च॒ । यात॑वे ॥ यैः । स॒म्-चर॑न्ति । उ॒भये॑ । भ॒द्र॒-पा॒पाः । तम् । पन्था॑नम् । ज॒ये॒म॒ । अ॒न॒मि॒त्रम् । अ॒त॒स्क॒रम् । यत् । शि॒वम् । तेन॑ । नः॒ । मृ॒ड॒ ॥ ४७ ॥

भाषार्थ–(ये) जो (ते) तेरे (बहवः) बहुत से (पन्थानः) मार्ग

४६। कीटभेदः (तृष्टदंश्मा) दंश–मनिन्। यस्य दंशनेन तृषा भवति सः (हेमन्तजब्धः) जभ हिंसायाम्–क। हेमन्तेन हिंसितः (भृमलः) वृषादिभ्यश्चित्। उ० १। १०६। भ्रमु अनवस्थाने–कलप्रत्ययः संप्रसारणं च। अनवस्थितमनाः (गुहा) गर्ते (शये) तलोपः। शेते (क्रिमिः) क्षुद्रजन्तुः (जिन्वत्) तृप्यत् (पृथिवि) (यद्यत्) (पजति) चेष्टते (प्रावृषि) क्विब् वचिप्रच्छि श्रि०। उ०२। ५७। प्र+वृषु सेचने–क्विप् दीर्घश्च। वर्षाकाले (तत्) सत्त्वम्। जन्तुः (नः) अस्मान् (सर्पत्) सर्पणं कुर्वत् (उप) समीपे (मा सृपत्) न सर्पतु (यत्) (शिवम्) मङ्गलम् (तेन) (नः) अस्मान् (मृड) सुखय ॥

४७–(ये) (ते) तव (पन्थानः) मार्गाः (बहवः) नानाप्रकाराः

(जनायनाः) मनुष्यों के चलने योग्य हैं, [और जो] (रथस्य) रथ के (च) और (अनसः) छकड़े [वा अन्न] के (यातवे) चलने के लिये (वर्त्म) मार्ग है । (यैः) जिनसे (उभये) दोनों (भद्रपापाः) भले और बुरे [प्राणी] (संचरन्ति) चले चलते हैं, (तम्) उस (अनमित्रम्) शत्रु रहित और (अतस्करम्) तस्कर शून्य (पन्थानम्) मार्ग को (जयेम) हम जीतें, (यत्) जो कुछ (शिवम्) मङ्गल है. (तेन) उससे (नः) हमें (मृड) सुखी कर ॥ ४७ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पृथिवी पर ऊंचे नीचे,भले बुरे मार्गों का विचार करके सुमार्ग पर चलते हैं, वे कुमार्गियों से बचकर सदा सुखी रहते हैं ॥४७॥

मल्वं बिभ्रती गुरुभृद् भद्रपापस्य निधनं तितिक्षुः । वराहेण पृथिवी संविदाना सूकराय वि जिहीते मृगाय ॥ ४८ ॥

मल्वम् । बिभ्रती । गुरु-भृत् । भद्र-पापस्य । नि-धनम् । तितिक्षुः ॥ वराहेण । पृथिवी । सम्-विदाना । सूकराय । वि । जिहीते । मृगाय ॥ ४८ ॥

भाषार्थ-(मल्वम्) धारण सामर्थ्य को और (गुरुभृत) गुरुत्व [भारीपन] रखने वाले सामर्थ्य को (बिभ्रती) धारण करने वाली, (भद्रपापस्य) भले और बुरे के (निधनम्) कुल [समूह] को (तितिक्षुः) सहनेवाली,

(जनायनाः) जन+अयनाः । मनुष्यैर्गन्तुं योग्याः (रथस्य) रमणीययानस्य (वर्त्म) मार्गः (अनसः) अन जीवने-असुन् । शकटस्य । अन्नस्य । (च) (यातवे) यातुम् (यैः) मार्गैः (संचरन्ति) विचरन्ति (उभये) द्वित्वविशिष्टाः (भद्रपापाः) साध्वसाधवः (तम्) पन्थानम् (जयेम) जयेन प्राप्नुयाम (अनमित्रम्) अशत्रुम (अतस्करम्) अचौरम् । अन्यत् पूर्ववत्—म० ॥ ४६ ॥

४८—(मल्वम्) कॄगॄशॄदभ्यो वः । उ० १ । १५५ । मल धारणे-व । धारणसामर्थ्यम् (बिभ्रती) धारयन्ती (गुरुभृत्) कृग्रोरुच्च । उ० १ । २४ । गॄ विज्ञापने-कु, उत्वं च+डुभृञ् धारणपोषणयोः-क्विप् । गुरुत्वस्य धारकं सामर्थ्यम्

(वराहेण) मेघ के साथ (संविदाना) मिली हुयी (पृथिवी) पृथिवी (सूकराय) सुन्दर [सुखद] किरणों वाला, (मृगाय) गमनशील सूर्य के लिये (वि) विविध प्रकार (जिहीते) प्राप्त होती है ॥ ४८ ॥

भावार्थ–पृथिवी अपने धारण आकर्षण से सब पदार्थों को अपने पर रखती है और सूर्य के सन्मुख चलने से जल आकाश में चढ़ता और बरसता है। उस पृथिवी को उपयोगी बनाने में मनुष्य प्रयत्न करें ॥ ४८ ॥

ये त आरण्याः पशवो मृगा वने हिताः सिंहा व्याघ्राः पुरुषादश्चरन्ति। उलं वृकं पृथिवि दुच्छुनामित ऋक्षीकां रक्षो अप बाधयास्मत् ॥ ४९ ॥

ये। ते। आरण्याः। पशवः। मृगाः। वने। हिताः। सिंहाः। व्याघ्राः। पुरुष-अदः। चरन्ति ॥ उलम्। वृकम्। पृथिवि। दुच्छुनाम्। इतः। ऋक्षीकाम्। रक्षः। अप। बाधय। अस्मत् ॥ ४९ ॥

भाषार्थ–(ये ते) वे जो (आरण्याः) वन में उत्पन्न हुये (पशवः) पशु (हिताः) हितकारी (मृगाः) हरिण आदि और (पुरुषादः) मनुष्यों के

(भद्रपापस्य) साधुसाधुपुरुषस्य (निधनम्) कुलम्। समूहम् (तितिक्षुः) तिज क्षमायाम्–स्वार्थे सन्–उप्रत्ययः। सहमाना (वराहेण) अ० ८। ७। २३। मेघेन–निरु० ५। ४ (पृथिवी) (संविदाना) अ० २। २८। २। संपूर्वाद् वेत्तेरकर्मकाद् आत्मनेपदम्, लटः शानच्। संगच्छमाना (सूकराय) ऋदोरप्। पा० ३। ३। ५७। सु+कॄ विदारणे–अप्। उपसर्गस्य दीर्घः। सुष्ठु सुखदाः कराः किरणा यस्य तस्मै (वि) विविधम् (जिहीते) ओ हाङ् गतौ। गम्यते॥ प्राप्यते (मृगाय) मृग अन्वेषणे गतौ च–क। मृगो मार्ष्टेर्गतिकर्मणः–निरु० १३। ३। अन्वेषकाय गतिशीलाय वा सूर्याय ॥

४९–(ये) (ते) प्रसिद्धाः (आरण्याः) अरण्याण्णो वक्तव्यः। वा० पा० ४। २। १०४। अरण्य–ण। अरण्ये भवाः (पशवः) (मृगाः) हरिणाः

खाने वाले (सिंहाः) [हिंसक] सिंह और (व्याघ्राः) [सूंघ कर मारने वाले] बाघ आदि (वने) बन के बीच (चरन्ति) चरते फिरते हैं। [उनमें से] (पृथिवि) हे पृथिवी! (उलम्) [उष्ण स्वभाव वाले] बनबिलाव, (वृकम्) भेड़िये को और (दुच्छुनाम्) दुष्ट गति वाली (ऋक्षीकाम्) [हिंसक] रीछिनी आदि, (रक्षः) राक्षस [दुष्ट जीवों] को (इतः) यहां पर (अस्मत्) हम से (अप बाधय) हटा दे ॥ ४६ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को उचित है कि हितकारी पशुओं की रक्षा करके हिंसक प्राणियों का नाश करें ॥ ४६ ॥

इस मन्त्र के प्रथम पाद का मिलान अ० ११। २। २४ के प्रथम पाद से करो ॥

ये ग॑न्धर्वा अ॑प्सुरसो ये चा॑राया॑: किमी॒दिन॑: । पि॒शा॒चान्त्स॒र्वा रक्षां॑सि॒ तान॒स्मद्भू॑मे यावय ॥ ५० ॥ (५)

ये । ग॒न्ध॒र्वाः । अ॒प्स॒रसः॑ । ये । च॒ । अ॒रायाः॑ । कि॒मी॒दिनः॑ ॥

पि॒शा॒चान् । सर्वा॑ । रक्षां॑सि । तान् । अ॒स्मत् । भू॒मे॒ । य॒व॒य॒ ५०(५

भाषार्थ—(ये) जो (गन्धर्वाः) दुखदायी हिंसक (अप्सरसः) विरुद्ध चलने वाले हैं, (च) और (ये) जो (अरायाः) कंजूस (किमीदिनः) लुतरे पुरुष हैं। (भूमे) हे भूमि! (तान्) उन (पिशाचान्) पिशाचों [मांस-

---

(वने) (हिताः) हितकराः (सिंहाः) अ० ४। ८।७। हिंसका जन्तुविशेषाः (व्याघ्राः) अ० ४। ३। १। विशिष्टाघ्राणमात्रेण प्राणिनां हिंसकजन्तुविशेषाः (पुरुषादः) मनुष्यभक्षकाः (चरन्ति) विचरन्ति (उलम्) उल दाहे सौत्रो-धातुः—क। उष्णस्वभावं वनमार्जारम् (वृकम्) अ० ३। ४। १। हिंस्रजन्तु-विशेषम् (पृथिवी) (दुच्छुनाम्) टु दु उपतापे-क्विप्, तुक् च, शुन गतौ—क, टाप्। दुष्टगतिम् (इतः) अस्मात् स्थानात् (ऋक्षीकाम्) कृषिदृषिभ्यामीकन्। उ० ४। १६। ऋक्ष हिंसायाम्-ईकन्। हिंसिकां भल्लूकीम् (रक्षः) राक्षसम् (अपबाधय) अपबाधस्व। दूरीकुरु (अस्मत्) ॥

५०—(ये) (गन्धर्वाः) अ० ८। ६। १६। गन्ध अर्दने-अच्+अर्व हिंसायाम्—अच्, शकन्ध्वादित्वात् पररूपम्। दुःखदायिपीडकाः (अप्सरसः) म० २३। सर्तेरप्पूर्वादसिः। उ० ४। २३७। अप+सृ गतौ-असि, उपसर्गान्त्य-

भक्षकों, पीड़ाप्रदों] और (सर्वा) सब (रक्षांसि) राक्षसों को (अस्मत्) हम से (यावय) अलग रख ॥ ५० ॥

भावार्थ—विवेकी मनुष्यों को योग्य है कि पृथिवी पर के दुष्ट प्राणियों और रोगों का नाश करके धर्मात्माओं को सुखी रक्खें ॥ ५० ॥

यां द्विपादः पक्षिणः संपतन्ति हंसाः सुपर्णाः शकुना वयांसि । यस्यां वातो मातरिश्वेयते रजांसि कृण्वंश्च्यावयंश्च वृक्षान् । वातस्य प्रवामुपवामनु वात्यर्चिः ॥ ५१ ॥

याम् । द्वि-पादः । पक्षिणः । सम्-पतन्ति । हंसाः । सु-पर्णाः । शकुनाः । वयांसि ॥ यस्याम् । वातः । मातरिश्वा । ईयते । रजांसि । कृण्वन् । च्यवयन् । च । वृक्षान् ॥ वातस्य । प्र-वाम् । उप-वाम् । अनु । वाति । अर्चिः ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—(याम्) जिस पर (द्विपादः) दो पांव वाले (पक्षिणः) पक्षी [अर्थात्] (हंसाः) हंस, (सुपर्णाः) बड़े उड़ने वाले, [गरुड़ आदि], (शकुनाः) शक्ति वाले [गिद्ध चील आदि] (वयांसि) पक्षीगण (संपतन्ति) उड़ते रहते हैं । (यस्याम्) जिस पर (मातरिश्वा) आकाश में चलने वाला (वातः) वायु (रजांसि) जल वाले बादलों को (कृण्वन्) बनाता हुआ

लोपः । अपसरणशीलान् । विरुद्धगामिनः (ये) (च) (अरायाः) अ० ११ । ६ । १६ । अदातारः (किमीदिनः) अ० १ । ७ । १ । पिशुनाः (पिशाचान्) अ० १ । १६ । ३ । मांसभक्षकान् । पीडाप्रदान् (सर्वा) सर्वाणि (रक्षांसि) राक्षसान् (तान्) (अस्मत्) (भूमे) (यावय) वियोजय ॥

५१—(याम्) पृथिवीम् (द्विपादः) पादद्वयोपेताः (पक्षिणः) (संपतन्ति) उड्डीयन्ते (हंसाः) पक्षिविशेषाः (सुपर्णाः) शोभनपतना गरुडादयः (शकुनाः) शक्तिमन्तो गृध्रचिल्लादयः (वयांसि) पक्षिणः (यस्याम्) (वातः) वायुः (मातरिश्वा) अ० ५ । १० । ८ । अन्तरिक्षगामी (ईयते) गच्छति (रजांसि) अ० ४ । १ । ४ । उदकं रज उच्यते—निरु० ४ । १९ । उदकवतो मेघान् (कृण्वन्) कुर्वन् । रचयन् (च्यवयन्) सांहितिको दीर्घः ।

(च) और (वृक्षान्) वृक्षों को (च्यावयन्) हिलाता हुआ (ईयते) चलता है। और (अर्चिः) प्रकाश (वातस्य) वायु के (प्रवाम्) फैलाव और (उपवाम् अनु) संकोच के साथ साथ (वाति) चलता है ॥ ५१ ॥

भावार्थ—मनुष्य पक्षियों, वायु, मेघ, प्रकाश आदि के ज्ञान और गुणों से लाभ उठाकर आनन्दित होवें—इस मन्त्र का अन्वय अगले मन्त्र ५२ के साथ है ॥ ५१ ॥

इस मन्त्र का दूसरा पाद अ० ११ । २ । २४ के दूसरे पाद में आया है ॥

यस्यां कृष्णमरुणं च संहिते अहोरात्रे विहिते भूम्यामधि ।
वर्षेण भूमिः पृथिवी वृतावृता सा नो दधातु भद्रया प्रिये धामनिधामनि ॥ ५२ ॥

यस्याम् । कृष्णम् । अरुणम् । च । संहिते इति सम्-हिते । अहोरात्रे इति । विहिते इति वि-हिते । भूम्याम् । अधि ॥ वर्षेण । भूमिः । पृथिवी । वृता । आ-वृता । सा । नः । दधातु । भद्रया । प्रिये । धामनि-धामनि ॥ ५२ ॥

भाषार्थ—(यस्यां भूम्याम् अधि) जिस भूमि के ऊपर (अरुणम्) सूर्य वाले (च) और (कृष्णम्) काले वर्ण वाले (संहिते) आपस में मिले हुये (अहोरात्रे) दिन और राति (विहिते) विधान पूर्वक ठहराये गये हैं। (वर्षेण) मेह से (वृता) लपेटी हुयी और (आवृता) ढकी हुयी (सा) वह (पृथिवी) चौड़ी (भूमिः) भूमि [आश्रय स्थान] (नः) हमको (भद्रया) कल्याणी मति के साथ (प्रिये धामनिधामनि) प्रत्येक रमणीय स्थान में

गमयन्। कम्पयन् (च) (वृक्षान्) (वातस्य) वायोः (प्रवाम्) वा गतौ—क्विप्। प्रकृष्टां गतिम् । प्रसृतिम् (उपवाम्) समीपगतिम् । संकोचम् (अनु) अनुसृत्य (वाति) गच्छति (अर्चिः) प्रकाशः ॥

५२—(यस्याम्) (कृष्णम्) कृष्णवर्णम् (अरुणम्) अरुण—अर्शआद्यच् । सूर्येण युक्तम् (च) (संहिते) परस्परमिलिते (अहोरात्रे) रात्रिदिने (विहिते) विधानेन स्थापिते (भूम्याम्) (अधि) उपरि (वर्षेण) वृष्ट्या (भूमिः) (पृथिवी) विस्तृता (वृता) वेष्टिता (आवृता) आच्छादिता (सा) (नः) अस्मान् (दधातु) धरतु (भद्रया) कल्याण्या मेधया (प्रिये) हितकरे

(दधातु) रक्खे ॥ ५२ ॥

भावार्थ—ईश्वर नियम से जिस प्रकार दिन राति मिले हुये हैं और पृथिवी मेघ मण्डल से छायी है, वैसे ही मनुष्य पृथिवी पर उत्तम बुद्धि के साथ रहकर सब स्थानों में आनन्द करें ॥ ५२ ॥

द्यौश्च॑ म इ॒दं पृ॑थि॒वी चा॒न्तरि॑क्षं च मे॒ व्यचः॑ ।
अ॒ग्निः सूर्य॒ आपो॑ मे॒धां विश्वे॑ दे॒वाश्च॒ सं द॑दुः ॥ ५३ ॥

द्यौः । च॒ । मे॒ । इ॒दम् । पृ॒थि॒वी । च॒ । अ॒न्तरि॑क्षम् । च॒ । मे॒ । व्यचः॑ ॥ अ॒ग्निः । सूर्यः॑ । आपः॑ । मे॒धाम् । विश्वे॑ । दे॒वाः । च॒ । सम् । द॒दुः ॥ ५३ ॥

भाषार्थ-(मे) मुझ को (द्यौः) प्रकाश (च) और (पृथिवी) पृथिवी (च च) और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष ने (इदम्) यह (व्यचः) विस्तार [दिया है], (मे) मुझ को (अग्निः) अग्नि, (सूर्यः) सूर्य,(आपः) जल (च) और (विश्वे) सब (देवाः) उत्तम पदार्थों ने (मेधाम्) धारणावती बुद्धि (सम्) ठीक ठीक (ददुः) दी है ॥ ५३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य संसार के पदार्थों में विज्ञान पूर्वक फैलते चले जाते हैं, वे ही विज्ञानी बुद्धि बढ़ाकर संसार को सुख देते हैं ॥ ५३ ॥

अ॒हम॑स्मि॒ सह॑मान॒ उत्त॑रो॒ नाम॒ भूम्या॑म् ।
अ॒भी॒षाड॑स्मि विश्वा॒षाडाशा॑माशां विषास॒हिः ॥ ५४ ॥

अ॒हम् । अ॒स्मि॒ । सह॑मानः । उत्त॑रः । नाम॑ । भूम्या॑म् ॥ अ॒भी॒षाट् । अ॒स्मि॒ । वि॒श्वा॒षाट् । आशा॑म्-आशाम् । वि॒-स॒स॒हिः ॥ ५४

(धामनिधामनि) प्रत्येकस्थाने ॥

५३—(द्यौः) प्रकाशः (च) (मे) मह्यम् (इदम्) प्रत्यक्षम् (पृथिवी) (च) (अन्तरिक्षम्) (च) (मे) मह्यम् (व्यचः) विस्तारम् (अग्निः) (सूर्यः) (आपः) जलानि (मेधाम्) धारणावतीं बुद्धिम् (विश्वे) सर्वे (देवाः) दिव्यपदार्थाः (च) (सम्) सम्यक् (ददुः) दत्तवन्तः ॥

भाषार्थ—(अहम्) मैं [मनुष्य] (सहमानः) जीतने वाला और (भूम्याम्) भूमि पर (नाम) नाम के साथ (उत्तरः) अधिक ऊंचा (अस्मि) हूं। मैं (अभीषाट्) विजयी, (विश्वाषाट्) सर्व विजयी और (आशामाशाम्) प्रत्येक दिशा में (विषासहिः) हरा देने वाला (अस्मि) हूं ॥ ५४ ॥

भावार्थ—जब मनुष्य योग्यता प्राप्त करके आगे बढ़ता जाता है, तब संसार में कीर्ति बढ़ाकर सब में उच्च पद पाता है ॥ ५४ ॥

अदो यद् देवि प्रथमाना पुरस्ताद् देवैरुक्ता व्यसर्पो महित्वम् ।
आ त्वा सुभूतमविशत् तदानीमकल्पयथाः प्रदिशश्चतस्रः ॥५५॥

अदः । यत् । देवि । प्रथमाना । पुरस्तात् । देवैः । उक्ता ।
वि-असर्पः । महि-त्वम् ॥ आ । त्वा । सु-भूतम् । अविशत् ।
तदानीम् । अकल्पयथाः । प्र-दिशः । चतस्रः ॥ ५५ ॥

भाषार्थ—(देवि) हे देवी ! [उत्तम गुणवाली पृथिवी] (यत्) जब (पुरस्तात्) आगे को (प्रथमाना) फैलती हुयी और (देवैः) व्यवहार कुशलों करके (उक्ता) कही गयी तू ने (अदः) उस (महित्वम्) महिमा को (व्यसर्पः) फैलाया। (तदानीम्) तब (सुभूतम्) सुभूति [सुन्दर ऐश्वर्य] ने (त्वा)

५४—(अहम्) मनुष्यः (अस्मि) (सहमानः) अभिभवनशीलः (उत्तरः) उच्चतरः (नाम) नाम्ना कीर्त्या (भूम्याम्) (अभीषाट्) छन्दसि सहः। पा० ३। २। ६३। सह मर्षणे-ण्वि। अन्येषामपि दृश्यते। पा० ६। ३। १३७। पूर्वपदस्य दीर्घः। सहेः साडः सः। पा० ८। ३। ५६। इति षत्वम्। सर्वतो जेता (अस्मि) (विश्वाषाट्) पूर्ववत् सिद्धिः। सर्वजेता (आशामाशाम्) प्रतिदिशम् (विषासहिः) अ० १। २६। ६। विविधजयशीलः ॥

५५—(अदः) तत् (यत्) यदा (देवि) हे दिव्यगुणवति (प्रथमाना) विस्तीर्यमाणा (पुरस्तात्) अग्रे वर्तमाना सती (देवैः) व्यवहारकुशलैः (उक्ता) कथिता (व्यसर्पः) त्वं विस्तारितवती (महित्वम्) महिमानम् (आ) समन्तात् (त्वा) पृथिवीम् (सुभूतम्) सुभूतिम्। महैश्वर्यम् (अविशत्)

तुझ में (आ) सब ओर से (अविशत्) प्रवेश किया, और (चतस्रः) चारो (प्रदिशः) बड़ी दिशाओं को (अकल्पयथाः) तू ने समर्थ बनाया ॥ ५५ ॥

भावार्थ—जब मनुष्य पृथिवी की विस्तृत महिमा को खोजते हुये आगे बढ़ते हैं, वे ऐश्वर्यवान् होकर सब दिशाओं से समर्थ होते हैं ॥ ५५ ॥

ये ग्रामा यदरण्यं याः सभा अधि भूम्याम् ।
ये संग्रामाः समितयस्तेषु चारु वदेम ते ॥ ५६ ॥

ये । ग्रामाः । यत् । अरण्यम् । याः । सभाः । अधि । भूम्याम् ॥
ये । सम्-ग्रामाः । सम्-इतयः । तेषु । चारु । वदेम । ते ॥५६॥

भाषार्थ—(ये ग्रामाः) जो गांम, (यत् अरण्यम्) जो वन, (याः सभाः) जो सभायें (भूम्याम् अधि) भूमि पर हैं। (ये संग्रामाः) जो संग्राम और (समितयः) समितियें [सम्मेलन] हैं, (तेषु) उन सब में (ते) तेरा (चारु) सुन्दर यश (वदेम) हम कहें ॥ ५६ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को उचित है कि सब स्थानों, सब अवस्थाओं और राजसभा, न्यायसभा, धर्मसभा आदि में पृथिवी के गुणों की महिमा जानकर और बखानकर देशभक्ति करें ॥ ५६ ॥

अश्वं इव रजो दुधुवे वि तान् जनान् य आक्षियन् पृथिवीं यादजायत । मन्द्राग्रेत्वरी भुवनस्य गोपा वनस्पतीनां गृभिरोषधीनाम् ॥ ५७ ॥

अश्वः-इव । रजः । दुधुवे । वि । तान् । जनान् । ये । आ-

प्रविष्टम् (तदानीम्) (अकल्पयथाः) त्वं समर्थाः कृतवती (प्रदिशः) प्रकृष्टा दिशाः (चतस्रः) ॥

५६—(ये) (ग्रामाः) वासस्थानानि (यत्) (अरण्यम्) वनम् (याः) (सभाः) समाजाः (अधि) उपरि (भूम्याम्) (ये) (संग्रामाः) रणक्षेत्राणि (समितयः) सम्मेलनानि (तेषु) (चारु) सुन्दरं यशः (वदेम) कथयेम (ते) तव ॥

अक्षियन् । पृथिवीम् । यात् । अजायत ॥ मन्द्रा । अग्र-इत्वरी ।
भुवनस्य । गोपाः । वनस्पतीनाम् । गृभिः । ओषधीनाम् ५७

भाषार्थ—(यात्) जब से (अजायत) वह उत्पन्न हुई है [तब से], (मन्द्रा) हर्षदायिनी, (अग्रे-वरी) अग्रगामिनी, (भुवनस्य) संसार की (गोपाः) रक्षा कारिणी, (वनस्पतीनाम्) वनस्पतियों [पीपल आदि] और (ओषधीनाम्) ओषधियों [सोमलता अन्न आदि] की (गृभिः) ग्रहण स्थान उस [पृथिवी] ने (तान् जनान्) उन मनुष्यों को (वि दुधुवे) हिला दिया है, (ये) जिन्होंने (पृथिवीम्) पृथिवी को (आक्षियन्) सताया है ॥ ५७ ॥

(अश्वः इव) जैसे घोड़ा (रजः) धूलि को, [वैसे ही]

भावार्थ—जिन अभिमानियों ने पृथिवी पर अत्याचार करके मस्तक उठाया है, वे ईश्वर नियम से सदा नष्ट हुये हैं, जैसे घोड़ा थकावट उतारने को पृथिवी पर लोटकर शरीर की मलिन धूलि हिलाकर गिरा देता है ॥ ५७ ॥

यद् वदामि मधुमत् तद् वदामि यदीक्षे तद् वनन्ति मा ।
त्विषीमानस्मि जूतिमानवान्यान् हन्मि दोधतः ॥ ५८ ॥

यत् । वदामि । मधु-मत् । तत् । वदामि । यत् । ईक्षे ।
तत् । वनन्ति । मा ॥ त्विषि-मान् । अस्मि । जूति-मान् ।

५७—(अश्वः) तुरङ्गः (इव) यथा (रजः) धूलिम् (दुधुवे) धुञ्, धूञ् कम्पने-लिट् । कम्पितवती (वि) विविधम् (तान्) (जनान्) (ये) (आ-अक्षियन्) क्षि क्षये हिंसायां च-लङ्, तुदादित्वं छान्दसम् । अक्षयन् । हिंसितवन्तः (पृथिवीम्) (यात्) यत्कालमारभ्य (अजायत) उत्पन्ना अभूत् (मन्द्राः) स्फायितञ्चि० । उ० २ । १३ । मदि स्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु-रक् । मोदयित्री (अग्रेत्वरी) शीङ्क्रुशिरुहिजि० । उ० ४ । ११४ । अग्र+इण् गतौ-क्वनिप् । वनो रच । पा० ४ । १ । ७ । ङीब्रेफौ । अग्रगामिनी (भुवनस्य) संसारस्य (गोपाः) गोपायतीति गोपाः, गुपू रक्षणे—विच्, अतो लोपः, यलोपः । रक्षिका (वनस्पतीनाम्) अश्वत्थादिवृक्षाणाम् (गृभिः) ग्रमेः सम्प्रसारणंच । उ० ४ । १२१ । ग्रह उपादाने-इन्, स च कित् । ग्रहणस्थानम् (ओषधीनाम्) सोमलतादीनाम् ॥

अवं । अन्यान् । हुन्मि । दोधतः ॥ ५८ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो कुछ (वदामि) मैं बोलता हूं, (तत्) वह (मधुमत्) उत्तम ज्ञान युक्त (वदामि) बोलता हूं, (यत्) जो कुछ (ईक्षे) मैं देखता हूं, (तत्) उसको (मा) मुझे (वनन्ति) वे [ईश्वर नियम] सेवते हैं। मैं (त्विषिमान्) तेजस्वी, (जूतिमान्) वेगवान् (अस्मि) हूं, (दोधतः) क्रोधी (अन्यान्) दूसरे [शत्रुओं] को (अव हन्मि) मार गिराता हूं ॥ ५८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य समझ बूझ कर बोलते, देखते और काम करते हैं, वे ईश्वर नियम से प्रतापी और फुरतीले होकर विघ्नों को मिटाते हैं ॥ ५८ ॥

शन्तिवा सुरभिः स्योना कीलालोध्नी पयस्वती ।
भूमिरधि ब्रवीतु मे पृथिवी पयसा सह ॥ ५९ ॥

शन्ति-वा । सुरभिः । स्योना । कीलाल-ऊध्नी । पयस्वती ॥
भूमिः । अधि । ब्रवीतु । मे । पृथिवी । पयसा । सह ॥५९॥

भाषार्थ—(शन्तिवा) शान्ति वाली, (सुरभिः) ऐश्वर्य वाली, (स्योना) सुखदा, (कीलालोध्नी) अमृतमय स्तन वाली, (पयस्वती) दुधैल, (भूमिः) सर्वाधार (पृथिवी) पृथिवी (पयसा सह) अन्न के साथ (मे) मेरे लिये

५८—(यत्) यत् किञ्चित् (वदामि) कथयामि (मधुमत्) श्रेष्ठज्ञान-युक्तम् (तत्) वचनम् (वदामि) (यत्) (ईक्षे) पश्यामि (तत्) (वनन्ति) संभजन्ति परमेश्वरनियमाः (मा) माम् (त्विषिमान्) दीप्तिमान् (अस्मि) (जूतिमान्) जु रंहसि-क्तिन् । वेगवान् (अन्यान्) शत्रून् (अव हन्मि) विनाशयामि (दोधतः) दोधतिः क्रुध्यतिकर्मा-निघ० २ । १२, ततः शतृ । क्रुध्यतः ॥

५९—(शन्तिवा) अ० ३ । ३० । २ । शान्तियुक्ता (सुरभिः) म० २३ । ऐश्वर्यवती (स्योना) सुखप्रदा (कीलालोध्नी) ऊधसोऽनङ् । पा० ५ । ४ । १३१ । कीलाल+ऊधस्—अनङ् । बहुव्रीहेरूधसो ङीष् । पा० ४ । १ । २५ । इति ङीष् । अमृतस्तनी (पयस्वती) दुग्धवती (भूमिः) सर्वाधारा (अधि) अधिकृत्य (ब्रवीतु) वदतु (मे) मह्यम् (पृथिवी) विस्तृता भूमिः (पयसा)

(अधि ब्रवीतु) अधिकार पूर्वक बोले ॥ ५९ ॥

भावार्थ—उद्योगी पुरुष परस्पर उपदेश करके पृथिवी से अनेक सुख प्राप्त करते और कराते हैं ॥ ५९ ॥

यामन्वैच्छद्धविषा विश्वकर्मान्तरर्णवे रजसि प्रविष्टाम् ।
भुजिष्यं१ पात्रं निहितं गुहा यदाविर्भोगे अभवन्मातृमद्भ्यः॥६०

याम् । अनु-ऐच्छत् । हविषा । विश्व-कर्मा । अन्तः । अर्णवे । रजसि । प्र-विष्टाम् ॥ भुजिष्यम् । पात्रम् । नि-हितम् । गुहा यत् । आविः । भोगे । अभवत् । मातृमत्-भ्यः ॥ ६० ॥

भाषार्थ—(विश्वकर्मा) विश्वकर्मा [सब कर्मों में चतुर मनुष्य] ने (हविषा) देने लेने योग्य गुण के साथ [वर्त्तमान], (अर्णवे) जल वाले (रजसि अन्तः) अन्तरिक्ष के भीतर (प्रविष्टाम्) प्रवेश की हुयी (याम्) जिस *[पृथिवी]* को (अन्वैच्छत्) खोजा । (भुजिष्यम्) भोजन योग्य (पात्रम्) पात्र [रक्षा साधन] (गुहा) [पृथिवी के] गढ़े में (यत्) जो (निहितम्) रक्खा था [वह] (मातृमद्भ्यः) माताओं वाले [प्राणियों] के लिये (भोगे) आहार [वा पालन] में (आविः अभवत्) प्रकट हुआ है ॥ ६० ॥

भावार्थ—जैसे जैसे मनुष्य मेघ मण्डल से घिरी पृथिवी को खोजते जाते हैं, उसमें अधिक अधिक पालन शक्तियों को पाते हैं, जैसे माताओं में प्राणियों के पालन के लिये दुग्ध प्रकट होता है ॥ ६० ॥

अमेन—निघ० २ । ७ (सह) ॥

६०—(याम्) पृथिवीम् (अन्वैच्छत्) अन्वेषणेन प्राप्तवान् (हविषा) दातव्यग्राह्यगुणेन सह वर्तमानाम् (विश्वकर्मा) सर्वकर्मसु कुशलः पुरुषः (अन्तः) मध्ये (अर्णवे) जलवति (रजसि) अन्तरिक्षे (प्रविष्टाम्) (भुजिष्यम्) भुवः कित् । उ० २ । ११२ । भुज पालनाभ्यवहारयोः–इसिन् कित् । तस्मै हितम् । पा० ५ । १ । ५ । इति यत् । भुजिषे भोजनाय हितम् (पात्रम्) रक्षासाधनम् । अमत्रम् (निहितम्) स्थापितम् (गुहा) गर्ते (यत्) (आविः) प्रकटम् (भोगे) आहारे । पालने (अभवत्) (मातृमद्भ्यः) जननीयुक्तेभ्यः प्राणिभ्यः ॥

त्वम॑स्यावप॑नी जना॑नामदि॑तिः काम॒दुघा॑ पप्रथा॒ना । यत् त॑ ऊ॒नं तत् त॒ आ पू॑रयाति प्र॒जाप॑तिः प्रथम॒जा ऋ॒तस्य॑ ॥६१॥

त्वम् । अ॒सि॒ । आ॒-वप॑नी । जना॑नाम् । अदि॑तिः । का॒म॒-दुघा॑ । प॒प्र॒था॒ना ॥ यत् । ते॒ । ऊ॒नम् । तत् । ते॒ आ । पू॒र॒या॒ति॒ । प्र॒जा-प॑तिः । प्र॒थ॒म॒-जाः । ऋ॒तस्य॑ ॥ ६१ ॥

भाषार्थ—[हे पृथिवी !] (त्वम्) तू (आवपनी) बड़ी उपजाऊ होकर (जनानाम्) मनुष्यों की (अदितिः) अखण्डव्रता, (कामदुघा) कामना पूरी करने वाली (पप्रथाना) प्रख्यात (असि) है । (यत्) जो (ते) तेरा (ऊनम्) न्यून है, (ऋतस्य) यथावत् नियम का (प्रथमजाः) पहिले उत्पन्न करने वाला (प्रजापतिः) प्रजापति [जगत् पालक परमेश्वर] (ते) तेरे (तत्) उस [न्यून भाग] को (आ) सब प्रकार (पूरयाति) पूरा करे ॥ ६१ ॥

भावार्थ—जैसे परमेश्वर ने पृथिवी में अन्न आदि से प्राणियों की पालन शक्ति दी है, वैसे ही प्राणी जो कुछ खाते पीते हैं, वह न्यूनता ईश्वर नियम से वृष्टि आदि द्वारा पूर्ण हो जाती है ॥ ६१ ॥

उ॒प॒स्थास्ते॑ अनमी॒वा अ॑य॒क्ष्मा अ॒स्मभ्यं॑ सन्तु पृथिवि प्रसू॑ताः । दी॒र्घं न॒ आयु॑: प्रति॒बुध्य॑माना व॒यं तुभ्यं॑ बलि॒हृत॑: स्याम ।६२।

उ॒प-स्थाः । ते॒ । अ॒न॒मी॒वाः । अ॒य॒क्ष्माः । अ॒स्मभ्य॑म् । स॒न्तु॒ । पृ॒थि॒वि॒ । प्र-सू॑ताः । दी॒र्घम् । नः॒ । आयु॑: । प्र॒ति॒-बुध्य॑-मानाः । व॒यम् । तुभ्य॑म् । ब॒लि॒-हृत॑: । स्या॒म॒ ॥ ६२ ॥

६१—(त्वम्) (असि) (आवपनी) समन्ताद् बीजजनयित्री (जनानाम्) मनुष्याणाम् (अदितिः) अखण्डव्रता (कामदुघा) अ० ४ । ३४ । ८ । मनोरथपूरयित्री (पप्रथाना) प्रथ प्रख्याने–कानच् । प्रख्याता (यत्) (ते) तव (ऊनम्) न्यूनम् । हीनम् (तत्) (ते) तव (आ) समन्तात् (पूरयाति) पूरयेत् (प्रजापतिः) जगत्पालकः परमेश्वरः (प्रथमजाः) अ० २ । १ । ४ । जन जनने–विट्, आत्वम् । प्रथमजनयिता (ऋतस्य) सत्यनियमस्य ॥

भाषार्थ—(पृथिवि) हे पृथिवी ! (ते) तेरी (उपस्थाः) गोदें (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (अनमीवाः) नीरोग और (अयक्ष्माः) राजरोग रहित (प्रसूताः) उत्पन्न (सन्तु) होवें । (नः) अपने (आयुः) आयु [जीवन] को (दीर्घम्) दीर्घकालतक (प्रतिबुध्यमानाः) जगाते हुये (वयम्) हम (तुभ्यम्) तेरे लिये (बलिहृतः) बलि [सेवा धर्म] देने वाले (स्याम) रहें ॥ ६२ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न पूर्वक पृथिवी पर स्वस्थ और चेतन्य रहकर धर्म के साथ परस्पर पालन करें ॥ ६२ ॥

भूमे मातर्नि धेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठितम् ।
संविदाना दिवा कवे श्रियां मा धेहि भूत्याम् ॥ ६३ ॥ (६)

भूमे । मातः । नि । धेहि । मा । भद्रया । सु-प्रतिस्थितम् ॥
सम्-विदाना । दिवा । कवे । श्रियाम् । मा । धेहि । भूत्याम् ॥ ६३ ॥ (६)

भाषार्थ—(भूमे मातः) हे धरती माता ! (मा) मुझ को (भद्रया) कल्याणी मति के साथ (सुप्रतिष्ठितम्) बड़ी प्रतिष्ठा वाला (नि धेहि) बनाये रख । (कवे) हे गतिशीले ! [जो चलती है वा जिस पर हम चलते हैं] (दिवा) प्रकाश के साथ (संविदाना) मिली हुयी तू (मा) मुझ को

६२—(उपस्थाः) क्रोडाः (ते) तव (अनमीवाः) रोगरहिताः (अयक्ष्माः) राजरोगशून्याः (अस्मभ्यम्) (सन्तु) (पृथिवि) (प्रसूताः) उत्पन्नाः (दीर्घम्) बहुकालपर्यन्तम् (नः) अस्माकम् । स्वकीयम् (आयुः) जीवनम् (प्रतिबुध्यमानाः) जागरणेन चेतयन्तः (वयम) (तुभ्यम्) (बलिहृतः) बलेरुपायनस्य हारकाः । प्रापकाः (स्याम) भवेम ॥

६३—(भूमे) हे धरित्रि (मातः) हे निर्मात्रि (नि धेहि) स्थापय (भद्रया) कल्याण्या मत्या (सुप्रतिष्ठितम्) सुप्रतिष्ठायुक्तम् (संविदाना) म० ४८। संगच्छमाना (दिवा) प्रकाशेन (कवे) अ० ४ । १ । ७ । कुङ् गतिशोषणयोः इन् । कवते, गतिकर्मा—निघ० २ । १४ । हे गतिशीले (श्रियाम्) सेवनीयायां

(श्रियाम्) श्री [सम्पत्ति] में और (भूत्याम्) विभूति [ऐश्वर्य] में (धेहि) धारण कर ॥ ६३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य उत्तम भाव से पृथिवी पर अपना कर्तव्य पालते हैं, वे बड़ी प्रतिष्ठा पाकर ऐश्वर्यवान् और श्रीमान् होते हैं ॥ ६३ ॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

अथ द्वितीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् २ ॥

१—५५ ॥ अग्निर्मन्त्रोक्ताश्च देवताः ॥ १, ४, ६, ११, २१-३३, ४१, ४८, ५३ त्रिष्टुप्; २, ५, १२–२०, ३४–३६, ३८, ३९, ४३, ५१, ५४ अनुष्टुप्; ३ आस्तारपङ्क्तिः ; ६ भुरिग् विराट् [पङ्क्तिर्वा] ; ७ निचृज् जगती ; ८, ४९ भुरिक् ; त्रिष्टुप् ; १०, ५५ विराट् त्रिष्टुप्, ३७ पुरस्ताद् बृहती ; ४० विराडनुष्टुप् ; ४२ आर्ची गायत्री; ४४ आर्ची बृहती ; ४५, ४७, स्वराट् त्रिष्टुप्. ४६ साम्नी त्रिष्टुप् ; ५० उपरिष्टाद् विराड् बृहती ; ५२ विराड् बृहती छन्दः ॥

राजप्रजयोः कर्तव्योपदेशः- राजा और प्रजा के कर्तव्य का उपदेश ॥

नडमा रोह न ते अत्र लोक इदं सीसं भागधेयं त एहि ।
यो गोषु यक्ष्मः पुरुषेषु यक्ष्मस्तेन त्वं साकमधराङ् परेहि ॥१॥

नडम् । आ । रोह । न । ते । अत्र । लोकः । इदम् सीसम् । भाग-धेयम् । ते । आ । इहि ॥ यः । गोषु । यक्ष्मः । पुरुषेषु । यक्ष्मः । तेन । त्वम् । साकम् । अधराङ् । परा । इहि ॥ १ ॥

भाषार्थ—[हे दुष्ट !] (नडम्) बन्धन [वा नरकट समान तीक्ष्ण

सम्पत्तौ (मा) माम् (धेहि) धारय (भूत्याम्) प्रापणीयायां विभूतौ । ऐश्वर्ये ॥

१—(नडम्) अ० ४ । १९ । १ । नल बन्धे-पचाद्यच्, लस्य डः । बन्धनम् ।

शस्त्र] पर (आ रोह) चढ़ जा, (ते) तेरे लिये (अत्र) यहां (लोकः) स्थान (न) नहीं है, (इदम्) यह (सीसम्) [हमारा] बन्धन नाशक विधान (ते) तेरा (भागधेयम्) सेवनीय कर्म है, (आ इहि) तू आ। (यः) जो (गोषु) गौओं में (यक्ष्मः) राजरोग और (पुरुषेषु) पुरुषों में (यक्ष्मः) राजरोग है, (तेन साकम्) उस के साथ (त्वम्) तू (अधराङ्) नीचे की ओर (परा इहि) चला जा ॥ १ ॥

भावार्थ-राजा को उचित है कि दुराचारी दुष्टों को तीक्ष्ण शस्त्रों से कठिन दण्ड देकर नाश करे और नीचा दिखावे, जिस से प्रजा के पशुओं और पुरुषों में कोई क्लेश न होवे ॥ १ ॥

अघशंसदुःशंसाभ्यां करेणानुकरेण च ।
यक्ष्मं च सर्वं तेनेतो मृत्युं च निरजामसि ॥ २ ॥

अघशंस-दुःशंसाभ्याम् । करेण । अनु-करेण । च ॥ यक्ष्मम् । च । सर्वम् । तेन । इतः । मृत्युम् । च । निः । अजामसि ॥२॥

भाषार्थ-(अघशंसदुःशंसाभ्याम्) दोनों बुरा चीतने वाले और खोटी करनी वाले पुरुषों के नाश के लिये (तेन) उस (करेण) कर [लेने] से (च) और (अनुकरेण) अनुकूल कर्म से (इतः) यहां से (सर्वम्) सब

तीक्ष्णाग्रतृणविशेषसदृशतीक्ष्णशस्त्रम् (आरोह) आरूढो भव (न) निषेधे (ते) तव (अत्र) प्रजाजने (लोकः) स्थानम् (इदम्) अस्मदीयम् (सीसम्) अ० १ । १६ । २ । षिञ् बन्धने-क्विप्+षो नाशने-क, तुक्लोपे दीर्घः । बन्धननाशकं विधानम् (भागधेयम्) सेवनीयं कर्म (ते) तव (एहि) आगच्छ (गोषु) गवादिषु (यक्ष्मः) अ० २ । १० । ५ । राजरोगः । क्षयः (पुरुषेषु) (यक्ष्मः) (तेन) रोगेण (त्वम्) दुराचारिन् (साकम्) सहितम् (अधराङ्) अ० ५ । २२ । २ । नीचस्थानम् (परा) दूरे (इहि) गच्छ ॥

२—(अघशंसदुःशंसाभ्याम्) अघ पापकरणे-पचाद्यच्+शंसि इच्छायाम्-अच्, दुर्+शंसु दुर्गतौ-पचाद्यच् । क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः । पा० २ । ३ । १४ । अघशंसदुःशंसौ अनिष्टचिन्तकदुष्कर्मिणौ नाशयितुम् (करेण)

(यक्ष्मम्) राजरोग (च च) और (मृत्युम्) मृत्यु को (निः अजामसि) हम बाहिर निकालते हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—राजा को योग्य है कि दूत आदि द्वारा कुमार्गियों के कुविचारों और कुकर्मों को जानकर उनसे कर लेकर और शिक्षा देकर प्रजा में से कुरोग और कुमृत्यु को हटावे ॥ २ ॥

निरितो मृत्युं निर्ऋतिं निररातिमजामसि । यो नो द्वेष्टि

तमद्ध्यग्ने अक्रव्याद् यमु द्विष्मस्तमु ते प्र सुवामसि ॥ ३ ॥

निः । इतः । मृत्युम् । निः-ऋतिम् । निः । अरातिम् । अजामसि ॥ यः । नः । द्वेष्टि । तम् । अद्धि । अग्ने । अक्रव्य-अत् । यम् । ऊं इति । द्विष्मः । तम् । ऊं इति । ते । प्र । सुवामसि ॥३॥

भाषार्थ—(इतः) यहां से (मृत्युम्) मृत्यु और (निर्ऋतिम्) महामारी को (निः) बाहिर और (अरातिम्) अदान को (निः) बाहिर (अजामसि) हम [प्रजागण] निकालते है। (यः) जो [दुष्ट] (नः) हम से (द्वेष्टि) वैर करता है, (तम्) उस को, (अक्रव्यात्) हे मांस न खाने वाले ! [प्रजारक्षक] (अग्ने) अग्नि [समान तेजस्वी राजन् !] (अद्धि) खा [नाशकर], (उ) और (यम्) जिस से (द्विष्मः) हम वैर करते हैं, (तम् उ) उसको भी (ते) तेरे [सन्मुख] (प्र सुवामसि) हम भेज देते हैं ॥ ३॥

राजग्राह्यधनेन (अनुकरेण) अनुकूलकर्मणा (च) (यक्ष्मम्) राजरोगम् (च) (सर्वम्) (तेन) (इतः) अस्मात् स्थानात् (मृत्युम्) मरणम् (च) (निरजामसि) बहिष्कुर्मः ॥

३—(निः) बहिर्भावे (इतः) अस्मात् स्थानात् (मृत्युम्) (निर्ऋतिम्) अ० ३ । ११ । २ । कृच्छ्रापत्तिम्—निरु० २ । ७ (निः) (अरातिम्) अदानम् (अजामसि) प्रेरयामः (यः) दुष्टः (नः) अस्मान् (द्वेष्टि) वैरायते (तम्) (अद्धि) खाद । नाशय (अग्ने) हे अग्निवत्तेजस्विन् राजन् (अक्रव्यात्) हे अमांसभक्षक । प्रजारक्षक (यम्) (उ) एव (द्विष्मः) वैरायामहे (तम्) (उ) (अपि) (ते) तुभ्यम् (प्रसुवामसि) प्रेरयामः ॥

भावार्थ -प्रजागणों को चाहिये कि प्रजापालक राजा से मिलकर दुष्टों को दण्ड दिलाते रहें ॥ ३ ॥

यद्य॒ग्निः क्र॒व्याद्यदि॑ वा व्या॒घ्र इ॒मं गो॒ष्ठं प्र॑वि॒वेशान्यो॑काः ।
तं माषाज्यं॑ कृ॒त्वा प्र हि॑णोमि दू॒रं स ग॑च्छत्वप्सु॒षदो॒ऽप्य॒ग्नीन् ॥४॥

यदि॑ । अ॒ग्निः । क्र॒व्य॒-अत् । यदि॑ । वा॒ । व्या॒घ्रः । इ॒मम् । गो॒-स्थम् । प्र॒-वि॒वेश॑ । अनि॑-ओकाः ॥ तम् । माष॑-आज्यम् । कृ॒त्वा । प्र । हि॒णो॒मि॒ । दू॒रम् । सः॒ । ग॒च्छ॒तु॒ । अ॒प्सु॒-सदः॑ । अपि॑ । अ॒ग्नीन् ॥ ४ ॥

भाषार्थ –(यदि) यदि (क्रव्यात्) मांसभक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापक], (यदि वा) अथवा यदि (अन्योकाः) अपनी मांद से निकले हुये (व्याघ्रः) बाघ [समान दुष्ट पुरुष] ने (इमम्) इस (गोष्ठम्) गोष्ठ [वार्तालाप स्थान] में (प्रविवेश) प्रवेश किया है । (तम्) उस [दुष्ट जन] को (माषाज्यम्) वध के साथ संयुक्त (कृत्वा) कर के (दूरम्) दूर (प्र हिणोमि) भेजता हूं, (सः) वह [दुष्ट] (अप्सुषदः) प्राणों में कष्ट देने वाले (अग्नीन्) अग्नियों [अग्नि के सन्तापों] को (अपि) ही (गच्छतु) पावे ॥ ४ ॥

भावार्थ -जो दुराचारी छल बल करके प्रजा के समाज, विद्यालय आदि उन्नति स्थान में विघ्न डाले, उसको धार्मिक राजा दण्ड द्वारा अनेक सन्ताप देवे ॥ ४ ॥

४—(यदि) सम्भावनायाम् (अग्निः) अग्निवत् सन्तापकः (क्रव्यात्) मांसभक्षकः क्रूरः पुरुषः (यदि) (वा) अथवा (व्याघ्रः) व्याघ्रवत् क्रूरः (इमम्) (गोष्ठम्) वार्त्तालयम् (प्रविवेश) (अन्योकाः) ओकसः स्वबिलाद् बहिर्भूतः (तम्) (माषाज्यम्) मष वधे-घञ् + आ + अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु-ल्यप् । वधेन हननेन सर्वतः संयुक्तम् (कृत्वा) विधाय (प्र हिणोमि) प्रेरयामि (दूरम्) (सः) (गच्छतु) प्राप्नोतु (अप्सुषदः) अप्सु + षद्लृ विषादे –क्विप् । प्राणेषु विषादयितॄन् । अप्सु=प्राणेषु – दयानन्दभाष्ये, यजुः० ८। २५ (अपि) एव (अग्नीन्) अग्निसन्तापान् ॥

यत् त्वा क्रुद्धाः प्रचक्रुर्मन्युना पुरुषे मृते ।
सुकल्पमग्ने तत् त्वया पुनस्त्वोद्दीपयामसि ॥ ५ ॥

यत् । त्वा । क्रुद्धाः । प्र-चक्रुः । मन्युना । पुरुषे । मृते ॥ सु-कल्पम् । अग्ने । तत् । त्वया । पुनः । त्वा । उत् । दीपयामसि ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[हे अपराधी !] (यत्) यदि (त्वा) तुझ को (क्रुद्धाः) क्रोधित पुरुषों ने (पुरुषे मृते) पुरुष के मरने पर (मन्युना) कोप से (प्रचक्रुः) निकाल दिया था। (अग्ने) हे अग्नि ! [समान सन्तापकारी पुरुष] (तत्) वह (त्वया) तेरे साथ (सुकल्पम्) सुन्दर विचार युक्त विधान है, (पुनः) फिर (त्वा) तुझ को [सुकर्म के लिये] (उत् दीपयामसि) हम उत्तेजित करते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—राजपुरुषों को उचित है कि यदि अपराधी पुरुष दण्ड भोगने से सुधरे तो उस से अनुकूल व्यवहार करके सुकर्म के लिये उसका उत्साह बढ़ावें ॥ ५ ॥

पुनस्त्वादित्या रुद्रा वसवः पुनर्ब्रह्मा वसुनीतिरग्ने । पुनस्त्वा ब्रह्मणस्पतिराधाद् दीर्घायुत्वाय शतशारदाय ॥ ६ ॥

पुनः । त्वा । आदित्याः । रुद्राः । वसवः । पुनः । ब्रह्मा । वसु-नीतिः । अग्ने ॥ पुनः । त्वा । ब्रह्मणः । पतिः । आ । अधात् । दीर्घायु-त्वाय । शत-शारदाय ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे अग्नि [समान तेजस्वी राजन् !] (पुनः)

५—(यत्) यदि (त्वा) अपराधिनम् (क्रुद्धाः) कुपिताः (प्रचक्रुः) बहिष्कृतवन्तः (मन्युना) कोपेन (पुरुषे) (मृते) मरणं गते (सुकल्पम्) सुसंकल्पं विधानम् (अग्ने) हे अग्निवत्सन्तापक (तत्) कर्म (त्वया) अपराधिना सह (पुनः) पश्चात् (त्वा) (उद्दीपयामसि) उत्तेजयामः सुकर्मणे ॥

६—(पुनः) निश्चयेन । विद्वत्ताशूरतादिगुणपरीक्षणेन (त्वा) त्वां

निश्चय करके [विद्वत्ता शूरता आदि गुण देखकर] (त्वा) तुझ को (आदित्याः) अखण्डव्रती ब्रह्मचारियों, (रुद्राः) ज्ञान वालों और (वसवः) श्रेष्ठ पुरुषों ने, [तथा] (पुनः) निश्चय करके (वसुनीतिः) श्रेष्ठ गुण प्राप्त कराने वाले (ब्रह्मा) ब्रह्मा [वेदों के ज्ञाता] ने, और (पुनः) निश्चय करके (त्वा) तुझ को (ब्रह्मणस्पतिः) धनके रक्षक पुरुष ने (शतशारदाय) सौ वर्षों वाले (दीर्घायुत्वाय) चिरकाल जीवन के लिये (आ) भले प्रकार (अधात्) धारण किया है ॥ ६ ॥

भावार्थ—सब चतुर विद्वान् लोग सद्गुणों की भली भांति परीक्षा करके महापुरुषार्थी सुयोग्य पुरुष को राजा बनावें, जो प्रजागणों को सुख पहुंचाकर दीर्घ जीवन युक्त करे ॥ ६ ॥

इस मन्त्र का मिलान करो—यजु० १२ । ४४ ॥

यो अ॒ग्निः क्र॒व्यात् प्र॑वि॒वेश॑ नो गृ॒हमि॒मं पश्य॒न्नित॑रं जा॒तवे॑दसम् । तं ह॑रामि पितृय॒ज्ञाय॑ दू॒रं स घ॒र्ममि॑न्धां पर॒मे स॒धस्थे॑ ॥ ७ ॥

यः । अ॒ग्निः । क्र॒व्य॒-अत् । प्र॒-वि॒वेश॑ । नः॒ । गृ॒हम् । इ॒मम् । पश्य॑न् । इत॑रम् । जा॒त-वे॑दसम् ॥ तम् । ह॒रा॒मि॒ । पि॒तृ॒-य॒ज्ञाय॑ । दू॒रम् । सः । घ॒र्मम् । इ॒न्धा॒म् । प॒र॒मे । स॒ध-स्थे॑ ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यः) जिस (क्रव्यात्) मांस भक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापक पुरुष] ने (नः) हमारे (गृहम्) घर में (प्रविवेश)

राजानम् (आदित्याः) अखण्डव्रतब्रह्मचारिणः (रुद्राः) अ० २ । २७ । ६ । रुत् ज्ञानम्, रो मत्वर्थीयः । ज्ञानवन्तः (वसवः) श्रेष्ठाः (पुनः) निश्चयेन (ब्रह्मा) वेदानां ज्ञाता (वसुनीतिः) श्रेष्ठगुणप्रापकः (अग्ने) हे अग्निवत्तेजस्विन् राजन् (पुनः) (त्वा) (ब्रह्मणः) अन्नस्य । धनस्य (पतिः) रक्षकः (आ) समन्तात् (अधात्) धारितवान् (दीर्घायुत्वाय) चिरकालजीवनाय (शतशारदाय) अ० १ । ३५ । १ । शतसंवत्सरयुक्ताय ॥

७—(यः) (अग्निः) अग्निवत्सन्तापको दुष्टः (क्रव्यात्) मांसभक्षकः क्रूरः (प्रविवेश) प्रविष्टवान् (नः) अस्माकम् (गृहम्) निवासम् (इमम्)

प्रवेश किया है, [सो] (इमम्) इस (इतरम्) दूसरे [उससे भिन्न शुभगुणी] (जातवेदसम्) ज्ञानवान् राजा को (पश्यन्) देखता हुआ (पितृयज्ञाय) पितरों [रक्षक विद्वानों] के सत्कार के लिये (तम्) उस [दुष्ट] को (दूरम्) दूर (हरामि) भेजता हूं और (सः) वह [राजा] (परमे) बड़े उत्कृष्ट (सधस्थे) समाज में (घर्मम्) यज्ञ को (इन्धाम्) प्रकाशित करे ॥ ७ ॥

भावार्थ—प्रजागण चतुर नीतिज्ञ राजा के सहाय से क्रूर सन्तापकारी जन को निकाल देवें, जिससे सत् पुरुषों के सद्गुण संसार में फैलें और विजय पाने से राजा की कीर्त्ति बढ़े ॥ ७ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से है—ऋग्वेद १० । १६ । १० ॥

क्रव्यादम॒ग्निं प्र हि॑णोमि दू॒रं य॒मरा॑ज्ञो गच्छतु रिप्रवा॒हः ।
इ॒हायमित॑रो जा॒तवे॑दा दे॒वो दे॒वेभ्यो॑ ह॒व्यं व॑हतु प्रजा॒नन् ॥८॥

क्र॒व्य॒-अद॑म् । अ॒ग्निम् । प्र । हि॒नो॒मि॒ । दू॒रम् । य॒म-रा॑ज्ञः । ग॒च्छ॒तु॒ । रि॒प्र॒-वा॒हः ॥ इ॒ह । अ॒यम् । इत॑रः । जा॒त-वे॑दाः । दे॒वः । दे॒वेभ्यः॑ । ह॒व्यम् । व॒ह॒तु॒ । प्र॒-जा॒नन् ॥ ८ ॥

भाषार्थ— (क्रव्यादम्) मांसभक्षक [क्रूर] (अग्निम्) अग्नि [समान सन्तापक मनुष्य) को (दूरम्) दूर (प्र हिणोमि) बाहिर पहुंचाता हूं, (रिप्रवाहः) वह पाप का ले चलने वाला पुरुष (यमराज्ञः) न्यायाधीश राजा के पुरुषों में (गच्छतु) जावे । (इह) यहां पर (अयम्) यह (इतरः) दूसरा

प्रसिद्धम् (पश्यन्) अवलोकयन् (इतरम्) दुष्टाद् भिन्नम् (जातवेदसम्) प्रसिद्धज्ञानम् (तम्) दुष्टम् (हरामि) नयामि (पितृयज्ञाय) पितॄणां रक्षक विदुषां पूजनाय (सः) जातवेदाः (घर्मम्) यज्ञम्—निघ० ३ । १७ । (इन्धाम्) प्रकाशयतु (परमे) उत्कृष्टे (सधस्थे) सहस्थितिस्थाने ॥

८—(क्रव्यादम्) मांसभक्षकम् (अग्निम्) अग्निवत्परितापकम् (प्र) बहिर्भावे (हिणोमि) गमयामि (दूरम्) (यमराज्ञः) यमो न्यायाधीशो राजा येषां तान् यमराजकान् पुरुषान् (गच्छतु) प्राप्नोतु (रिप्रवाहः) रिप्र+वह प्रापणे—अण् । रिप्रं पापं तस्य वोढा (इह) अस्मिन् संसारे (अयम्) (इतरः)

[पापी से भिन्न धर्मात्मा], (जातवेदाः) वेदों का ज्ञाता, (देवः) विजय चाहने वाला राजा (हव्यम्) देने लेने योग्य पदार्थ को (प्रजानन्) भले प्रकार जानता हुआ (देवेभ्यः) विजय चाहने वाले पुरुषों के लिये (वहतु) पहुंचावे ॥ ८ ॥

भावार्थ—जब प्रजागण राजा से मिलकर अत्याचारियों को दण्ड दिलाते हैं, तब वह ज्ञानी राजा धर्मात्माओं के सत्कार करने में समर्थ होता है ॥ ८ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—१० । १६ । ९ और यजुर्वेद ३५ । १९ ॥

क्रव्यादमग्निमिषितो हरामि जनान् दृंहन्तं वज्रेण मृत्युम् । नि तं शास्मि गार्हपत्येन विद्वान् पितॄणां लोकेऽपि भागो अस्तु ॥ ९ ॥

क्रव्य-अदम् । अग्निम् । इषितः । हरामि । जनान् । दृंहन्तम् । वज्रेण । मृत्युम् ॥ नि । तम् । शास्मि । गार्ह-पत्येन । विद्वान् । पितॄणाम् । लोके । अपि । भागः । अस्तु ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(इषितः) [प्रजाओं का] भेजा हुआ मैं [राजा] (जनान्) मनुष्यों में (मृत्युम्) मृत्यु को (दृंहन्तम्) बढ़ाते हुये (क्रव्यादम्) मांस भक्षक (अग्निम्) अग्नि [समान सन्तापक मनुष्य] को (वज्रेण) [अपने] वज्र से (हरामि) नाश करता हूं । (विद्वान्) विद्वान् मैं (तम्) उस [सत्कर्मी पुरुष] को (गार्हपत्येन) घर के स्वामियों से सम्बन्धी कर्म द्वारा (नि) निर-

---

भिन्नः (जातवेदाः) प्रसिद्धवेदज्ञाता (देवः) विजिगीषुः (देवेभ्यः) विजिगीषुभ्यः (हव्यम्) दातव्यग्राह्यपदार्थम् (वहतु) प्रापयतु (प्रजानन्) प्रकर्षेण विदन् सन् ॥

९—(क्रव्यादम्) मांसभक्षकम् (अग्निम्) अग्निवत्सन्तापकं पुरुषम् (इषितः) प्रजाभिः प्रेषितो नियोजितः (हरामि) नाशयामि (जनान्) अकथितं च । पा० १ । ४ । ५१ । इति कर्मसंज्ञा । जनेषु (दृंहन्तम्) वर्धयन्तम् (वज्रेण) शस्त्रेण (मृत्युम्) मरणम् (नि) नितराम् (तम्) सत्कर्माणम् (शास्मि) शिक्षयामि (गार्हपत्येन) अ० ६ । १२० । १ । गृहपति-ञ्य । गृहपतिभिः संयुक्तेन

न्तर (शास्मि) शिक्षा देता हूं, [जिस पुरुष का] (भागः) भाग (पितृणाम्) पितरों [रक्षक विद्वानों] के (लोके) समाज में (अपि) ही (अस्तु) होवे ॥ ९ ॥

भावार्थ—जिस राजा को प्रजागणों ने स्वीकार किया है, वह दुष्टों को नाश करके संसार के शुभचिन्तकों को धर्म कार्य में प्रवृत्त रक्खे ॥ ९ ॥

क्रव्यादमग्निं शशमानमुक्थ्यं १ प्र हिणोमि पथिभिः पितृयाणैः । मा देवयानैः पुनरा गा अत्रैवैधि पितृषु जागृहि त्वम् ॥ १० ॥ (७)

क्रव्य-अदम् । अग्निम् । शशमानम् । उक्थ्यम् । प्र । हिणोमि । पथि-भिः । पितृ-यानैः । मा । देवयानैः । पुनः । आ । गाः । अत्र । एव । एधि । पितृषु । जागृहि । त्वम् ॥ १० ॥ (७)

भाषार्थ—(पितृयाणैः) पितरों [रक्षक विद्वानों] के चलने योग्य (पथिभिः) मार्गों से [चलता हुआ] मैं (क्रव्यादम्) मांस भक्षक (अग्निम्) अग्नि [समान सन्तापकारी मनुष्य] को (शशमानम्) उछलकर चलते हुये [उद्योगी] (उक्थ्यम्) प्रशंसनीय पुरुष से (प्र हिणोमि) बाहिर भेजता हूं । [हे दुष्कर्मी !] तू (देवयानैः) विद्वानों के मार्गों से [रोकने को] (पुनः) फिर (मा आ गाः) मत आ, [हे सत्कर्मी !] (त्वम्) तू (अत्र एव) यहां ही (एधि) रह, और (पितृषु) पितरों [रक्षक विद्वानों] के बीच (जागृहि) जागता रहे ॥ १० ॥

संबद्धेन कर्मणा (विद्वान्) (पितृणाम्) पालकानां विदुषाम् (लोके) समाजे (अपि) एव (भागः) सेवनीयोऽशः (अस्तु) भवतु ॥

१०—(क्रव्यादम्) मांस भक्षकम् (अग्निम्) अग्निवत् सन्तापकं पुरुषम् (शशमानम्) शश, प्लुतगतौ-चानश् । उत्प्लुत्य गन्तारम् । उद्योगिनम् (उक्थ्यम्) अ० ७ । ४७ । १ । अकथितं च । पा० १ । ४ । ५१ । इति कर्मसंज्ञा । प्रशस्यात् (प्र) (हिणोमि) गमयामि (पथिभिः) मार्गैः (पितृयाणैः) पालकैर्गन्तव्यैः (देवयानैः) विदुषां मार्गैः (पुनः) पश्चात् (मा आ गाः) नैवागच्छ (अत्र) (एव) (एधि) भव । वर्तस्व (पितृषु) पालकेषु (जागृहि) सावधानो भव (त्वम्) ॥

भावार्थ—धर्मज्ञ पुरुषार्थी राजा दुष्टों को सत्पुरुषों से पृथक् कर दे, जिस से धर्मात्माओं के कार्य में विघ्न न पड़े और धर्म की उन्नति सदा होती रहे ॥ १० ॥

समिन्धते संकसुकं स्वस्तये शुद्धा भवन्तः शुचयः पावकाः ।
जहाति रिप्रमत्येन एति समिद्धो अग्निः सुपुना पुनाति ॥११॥

सम् । इन्धते । सम्-कसुकम् । स्वस्तये । शुद्धाः । भवन्तः । शुचयः । पावकाः ॥ जहाति । रिप्रम् । अति । एनः । एति । सम्-इद्धः । अग्निः । सु-पुना । पुनाति ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(शुद्धाः) [अन्तः करण से] शुद्ध, (शुचयः) [बाहिरी आचरण से] पवित्र और (पावकाः) [दूसरों के] पवित्र करने वाले (भवन्तः) होते हुये मनुष्य (संकसुकम्) यथावत् शासक पुरुष को (स्वस्तये) अच्छी सत्ता [कल्याण] के लिये (सम्) यथाविधि (इन्धते) प्रकाशमान करते हैं। (समिद्धः) ठीक ठीक प्रकाशित (अग्निः) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष] (रिप्रम्) पाप को (जहाति) छोड़ता है, (एनः) दोष को (अति) उल्लंघन कर के (एति) चलता है और (सुपुना) सुन्दर शुद्धि करने वाले कर्म से [दूसरों को] (पुनाति) शुद्ध करता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—जब धर्मात्मा विद्वान् लोग भीतर और बाहिर से अपना आचरण शुद्ध कर के मनुष्य को विद्या आदि सद्गुणों से तेजस्वी बनाते हैं, तब वे पुरुष पाप से बच कर दूसरों को शुभ मार्ग पर चलाते हैं ॥ ११ ॥

११—(सम्) सम्यक् (इन्धते) प्रकाशयन्ति (संकसुकम्) अ० ५ । ३१ । ६ । सम् + कस गतौ शासने च—ऊक, छान्दसो ह्रस्वः । सम्यक् शासकं पुरुषम् (स्वस्तये) सुसत्तायै । कल्याणाय (शुद्धाः) अन्तः करणेन पवित्राः (भवन्तः) वर्तमानाः सन्तः (शुचयः) बहिराचारेण शुद्धाः (पावकाः) अन्येषां शोधकाः (जहाति) त्यजति (रिप्रम्) पापम् (अति) अतीत्य (एनः) दोषम् (एति) गच्छति (समिद्धः) सम्यग् दीप्तः (अग्निः) अग्निवत्तेजस्वी पुरुषः (सुपुना) पूञ् शोधने—क्विप् । ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य । पा० १ । २ । ४७ । इति ह्रस्वः । सम्यक् शोधकेन कर्मणा (पुनाति) शोधयति ॥

दे॒वो अ॒ग्निः संक॑सुको दि॒वस्पृ॒ष्ठान्यारु॑हत् ।
मु॒च्यमा॑नो॒ निरेण॒सोऽमो॑ग॒स्माँ अश॑स्त्याः ॥ १२ ॥

दे॒वः । अ॒ग्निः । सम्-क॑सुकः । दि॒वः । पृ॒ष्ठानि॑ । आ । अ॒रु॒हत् ॥ मु॒च्यमा॑नः । निः । एन॑सः । अमो॑क् । अ॒स्मान् । अश॑स्त्याः ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(देवः) विजय चाहने वाला, (संकसुकः) ठीक ठीक शासन कर्ता (अग्निः) अग्नि [समान प्रतापी मनुष्य] (दिवः) आनन्द के (पृष्ठानि) पीठों पर (आ अरुहत् चढ़ा है । (एनसः) कष्ट से (निः मुच्यमानः) निरन्तर छुटते हुये उसने (अस्मान्) हम को (अशस्त्याः) अपकीर्ति से (अमोक्) छुड़ाया है ॥ १२ ॥

भावार्थ—पुरुषार्थी विद्वान् पुरुष बड़े आनन्द के साथ आप कष्टों से छुट कर दूसरों को विपत्ति से छुड़ाते हैं ॥ १२ ॥

अ॒स्मिन् व॒यं संक॑सुके अ॒ग्नौ रि॒प्राणि॑ मृज्महे ।
अभू॑म य॒ज्ञियाः॑ शु॒द्धाः प्र ण॒ आयूं॑षि तारिषत् ॥ १३ ॥

अ॒स्मिन् । व॒यम् । सम्-क॑सुके । अ॒ग्नौ । रि॒प्राणि॑ । मृ॒ज्म॒हे॒ ॥ अभू॑म । य॒ज्ञियाः॑। शु॒द्धाः । प्र । नः॒। आयूं॑षि । ता॒रि॒ष॒त् १३

भाषार्थ—(अस्मिन्) इस (संकसुके) यथावत् शासक (अग्नौ) अग्नि [समान प्रतापी राजा] में [अर्थात् उसके आश्रय से] (रिप्राणि) पापों को (वयम्) हम (मृज्महे) धोते हैं । हम (यज्ञियाः) संगति के योग्य,

---

१२—(देवः) विजिगीषुः (अग्निः) अग्निवत् प्रतापी पुरुषः (संकसुकः) म० ११ । सम्यक्शासकः (दिवः) मोदस्य (पृष्ठानि) आधारान् (आ अरुहत्) अध्यतिष्ठत् (मुच्यमानः) त्यज्यमानः सन् (निः) निरन्तरम् (एनसः) कष्टात् (अमोक्) अमुञ्चत् (अस्मान्) धार्मिकान् (अशस्त्याः) अपकीर्त्याः ॥

१३—(अस्मिन्) (वयम्) (संकसुके) म० ११ । सम्यक् शासके (अग्नौ) अग्निवत्प्रतापिनि राजनि (रिप्राणि) पापानि (मृज्महे) शोधयामः (अभूम) (यज्ञियाः) संगतियोग्याः (शुद्धाः) शुद्धाचरणाः (नः) अस्माकम् (आयूंषि)

(शुद्धाः) शुद्ध आचरण वाले (अभूम) हो गये हैं, वह (नः) हमारे (आयूंषि) जीवनों को (प्र तारिषत्) बढ़ा देवे ॥ १३ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि धर्मात्मा शासक के अनुशासन में रह कर विद्या और पुरुषार्थ से परस्पर मेल के साथ अपने जीवनों को सुफल करें । १३ ।

संकसुको विकसुको निर्ऋथो यश्च निस्वरः ।

ते ते यक्ष्मं सवेदसो दूराद् दूरमनीनशन् ॥ १४ ॥

सम्-कसुकः । वि-कसुकः । निः-ऋथः । यः । च । नि-स्वरः ॥

ते । ते । यक्ष्मम् । स-वेदसः । दूरात् । दूरम् । अनीनशन् ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(यः) जो पुरुष (संकसुकः) यथावत् शासक, [जो] (विकसुकः) विशेष करके शासक, [जो] (निर्ऋथः) निरन्तर ज्ञानवान् (च) और [जो] (निस्वरः) सदा उपदेश करने वाला है । (ते) उन सब (सवेदसः) समान लाभ पहुंचाने वाले पुरुषों ने (ते) तेरे (यक्ष्मम्) राजरोग को (दूरात् दूरम्) दूर से दूर (अनीनशन्) नाशकर दिया है ॥ १४ ॥

भावार्थ—जिस राज्य में अनेक प्रकार के पुरुषार्थी विद्वान् रहते हैं, वहां पर लोग कष्ट में नहीं पड़ते ॥ १४ ॥

यो नो अश्वेषु वीरेषु यो नो गोष्वजाविषु ।

क्रव्यादं निर्णुदामसि यो अग्निर्जनयोपनः ॥ १५ ॥

यः । नः । अश्वेषु । वीरेषु । यः । नः । गोषु । अज-अविषु ॥

क्रव्य-अदम् । निः । नुदामसि । यः । अग्निः । जन-योपनः ॥ १५ ॥

जीवनानि (प्रतारिषत्) अ० २ । ४ । ६ । प्रवर्धयेत् ॥

१४—(संकसुकः) म० ११ । सम्यक् शासकः (विकसुकः) म० ११ । विशेषेण शासकः (निर्ऋथः) अर्तेर्निरि उ० २ । ८ । निर्+ऋ गतौ—थक् । निरन्तर ज्ञानवान (यः) पुरुषः (च (निस्वरः) नित्योपदेशकः (ते) पूर्वोक्ताः (ते) तव (यक्ष्मम्) राजरोगम् (सवेदसः) विद्लृ लाभे—असुन् । समानानि वेदांसि लाभा येभ्यस्ते । समानलाभप्रापकाः (दूरात्) (दूरम्) (अनीनशन्) अ० १ । २४ । २ । नाशितवन्तः ॥

भाषार्थ—(यः) जो [दुष्ट] (नः) हमारे (अश्वेषु) घोड़ों में और (वीरेषु) वीरों में, (यः) जो (नः) हमारी (गोषु) गौओं में और (अजाविषु) भेड़ बकरियों में और (यः) जो (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापकारी दुष्ट] (जनयोपनः) मनुष्यों का व्याकुल करने वाला है, [उस] (क्रव्यादम्) मांसभक्षक [पिशाच] को (निः नुदामसि) हम निकाले देते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ—सब धर्मात्मा लोग मिलकर परस्पर सुख वृद्धि के लिये दुराचारी दुःखदायी पुरुष को निकाल देवें ॥ १५ ॥

अन्येभ्यस्त्वा पुरुषेभ्यो गोभ्यो अश्वेभ्यस्त्वा ।

निः क्रव्यादं नुदामसि यो अग्निर्जीवितयोपनः ॥ १६ ॥

अन्येभ्यः । त्वा । पुरुषेभ्यः । गोभ्यः । अश्वेभ्यः । त्वा ॥

निः। क्रव्य-अदम् । नुदामसि । यः। अग्निः। जीवित-योपनः॥१६

भाषार्थ—(यः) जो (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापकारी] (जीवितयोपनः) जीवन को व्याकुल करने वाला पुरुष है, [उस] (क्रव्यादम्) मांस भक्षक (त्वा) तुझ को (अन्येभ्यः) जीते हुये (पुरुषेभ्यः) पुरुषों से और (त्वा) तुझ को (गोभ्यः) गौओं से और (अश्वेभ्यः) घोड़ों से (निः नुदामसि) हम निकाले देते हैं ॥ १६ ॥

भावार्थ—सज्जन पुरुष दुःखदायी दुष्टों के निकालने में सदा प्रयत्न करें ॥ १६ ॥

यस्मिन् देवा अमृजत यस्मिन् मनुष्या उत ।

१५—(यः) दुष्टः (नः) अस्माकम् (अश्वेषु) (वीरेषु) (यः) (नः) (गोषु) धेनुषु (अजाविषु) अजेषु छागेषु अविषु मेषेषु च (क्रव्यादम्) मांसभक्षकम् (निर्णुदामसि) निर्गमयामः (यः) (अग्निः) अग्निवत्सन्तापकः (जनयोपनः) जनानां विमोहकः ॥

१६—(अन्येभ्यः) माछासिभ्यो यः । उ० ४ । १०९ । अन जीवने-यः । जीवद्भ्यः (त्वा) दुष्टम् (पुरुषेभ्यः) (गोभ्यः) (अश्वेभ्यः) (त्वा) (क्रव्यादम्) मांसभक्षकम् (निर्णुदामसि) निर्गमयामः (यः) (अग्निः) अग्निवत्सन्तापकः पुरुषः (जीवितयोपनः) जीवनविमोहकः ॥

तस्मिन् घृतस्तावो मृष्ट्वा त्वमग्ने दिवं रुह ॥ १७ ॥

यस्मिन् । देवाः । अमृजत । यस्मिन् । मनुष्याः । उत ॥ तस्मिन् । घृत-स्तावः । मृष्ट्वा । आ । त्वम् । अग्ने । दिवम् । रुह ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(यस्मिन्) जिस [ज्ञान] में (देवाः) विजय चाहने वाले (उत) और (यस्मिन्) जिस [ज्ञान] में (मनुष्याः) मननशील पुरुष (अमृजत) शुद्ध हुये हैं। (तस्मिन्) उस [ज्ञान] में (मृष्ट्वा) शुद्ध होकर, (अग्ने) हे अग्नि [समान तेजस्वी राजन्!] (घृतस्तावः) ज्ञान प्रकाश की स्तुति करनेवाला (त्वम्) तू (दिवम्) आनन्द में (आ रुह) ऊंचा हो ॥१७॥

भावार्थ—जो मनुष्य पूर्वज महात्माओं के अनुकरण से आत्मा को शुद्ध करते हैं, वे अत्यन्त आनन्द पाते हैं ॥ १७ ॥

समिद्धो अग्न आहुत स नो माभ्यपक्रमीः ।
अत्रैव दीदिहि द्यवि ज्योक् च सूर्यं दृशे ॥ १८ ॥

सम्-इद्धः । अग्ने । आ-हुत । सः । नः । मा । अभि-अपक्रमीः ॥ अत्र । एव । दीदिहि । द्यवि । ज्योक् । च । सूर्यम् । दृशे ॥ १८ ॥

भाषार्थ (अग्ने) हे अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष!] (सः) सो तू (समिद्धः) यथावत् प्रकाशित और (आहुतः) आहुति दिया गया [भक्ति

१७—(यस्मिन्) ज्ञाने (देवाः) विजिगीषवः (अमृजत) शुद्धा अभवन् (यस्मिन्) (मनुष्याः) मननशीलाः (उत) अपि (तस्मिन्) ज्ञाने (घृतस्तावः) घृतस्य ज्ञानप्रकाशस्य स्तावः स्तुतिर्यस्य स. (मृष्ट्वा) शुद्ध्वा (त्वम्) (अग्ने) हे अग्निवत्तेजस्विन् राजन् (दिवम्) मोदम्। हर्षम् (आ रुह) अधितिष्ठ ॥

१८—(समिद्धः) प्रकाशितः (अग्ने) हे अग्निवत्तेजस्विन् पुरुष (आहुतः) आहुत्या भक्त्या पूजितः (सः)स त्वम् (नः) अस्मान् (मा अभ्यपक्रमीः)

किया गया] होकर (नः) हमें (मा अभ्यपक्रमीः) छोड़कर मत जा, (अत्र एव) यहां ही [इस जन्म में] (द्यवि) प्रत्येक व्यवहार में [वर्तमान] (सूर्यम्) सूर्य [सब के चलाने वाले परमेश्वर] के (दृशे) देखने के लिये (ज्योक्) बहुत काल तक (च) निश्चय करके (दीदिहि) प्रकाशमान हो॥१८॥

भावार्थ–मनुष्य को उचित है कि परमात्मा के ज्ञानपूर्वक विद्या शूरता आदि गुणों से तेजस्वी होकर कीर्ति प्राप्त करे ॥ १८ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम पाद आचुका है –अ० १ । ६ । ३ ॥

सीसे॑ मृड्ढ्वं न॒डे मृ॑ड्ढ्वम॒ग्नौ संक॑सुके च॒ यत् ।
अथो॒ अव्यां॑ रा॒माया॑ शीर्ष॒क्तिमु॑प॒बर्ह॑णे ॥ १९ ॥

सीसे॑ । मृ॒ड्ढ्व॒म् । न॒डे । मृ॒ड्ढ्व॒म् । अ॒ग्नौ । सम्-क॑सुके । च॒ । यत् ॥ अथो॒ इति॑ । अव्या॑म् । रा॒माया॑म् । शी॒र्ष॒क्तिम् । उ॒प॒-बर्ह॑णे ॥ १९ ॥

भाषार्थ–[हे मनुष्यो !] (सीसे) बन्धन नाशक विधान में (नडे) बन्धन [बा नरकट समान तीक्ष्ण शस्त्र] में (च) और (संकसुके) सम्यक् शासक (अग्नौ) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष] में, (यत्) जो कुछ [शिर पीड़ा है उसे] (मृड्ढ्वम्) तुम शुद्ध करो। (अथो) और भी (रामायाम्) रमण कराने वाली [सुख देने वाली] (अव्याम्) रक्षा करने वाली प्रकृति [सृष्टि] के

अपक्रम्य मा गच्छ (अत्र) अस्मिन् जन्मनि (एव) अवश्यम् (दीदिहि) अ० २ । ६ । १ । दीप्यस्व (द्यवि) दिवु व्यवहारे-डिवि । प्रत्येकव्यवहारे (ज्योक्) अ० १ । ६ । ३ । चिरकालम् (च) निश्चयेन (सूर्यम्) जगतः प्रेरकं परमात्मानम् (दृशे) द्रष्टुम् ॥

१९–(सीसे) म० १ । बन्धननाशके विधाने (मृड्ढ्वम्) शोधयत (नडे) म० २ । बन्धने तृणविशेषवत्तीक्ष्णशस्त्रे-(मृड्ढ्वम्) (अग्नौ) अग्निवत्तेजस्विन् पुरुषे (संकसुके) म० ११ । सम्यक् शासके (च) (यत्) या शर्षिक्तिस्ताम् (अथो) अपि च (अव्याम्) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । अव रक्षणादिषु–इन् । रक्षिकायां प्रकृतौ सृष्टौ । अविः = रक्षिका

भीतर [वर्तमान] (उपबर्हणे) सुन्दर वृद्धि में [आने वाली] (शीर्षक्तिम्) शिर पीड़ा [रोक] को (मृड्ढ्वम्) शुद्ध करो ॥ १६ ॥

भावार्थ—जो पुरुष शुभ कर्मों और शुभ मनुष्यों में आने वाले विघ्नों को मिटाते हैं, वे अपने कार्य सिद्ध करते हैं ॥ १६ ॥

सीसे मलं सादयित्वा शीर्षक्तिमुपबर्हणे ।
अव्यामसिक्न्यां मृष्ट्वा शुद्धा भवत यज्ञियाः ॥ २० ॥ (८)

सीसे । मलम् । सादयित्वा । शीर्षक्तिम् । उप-बर्हणे ॥ अव्याम् । असिक्न्याम् । मृष्ट्वा । शुद्धाः । भवत । यज्ञियाः २०(८

भाषार्थ—(सीसे) बन्धन नाशक विधान में [आने वाले] (मलम्) दोष को (सादयित्वा) मिटाकर और (असिक्न्याम्) बन्धन रहित (अव्याम्) रक्षा करने वाली प्रकृति [सृष्टि] में [वर्त्तमान] (उपबर्हणे) सुन्दर वृद्धि के भीतर [आने वाली] (शीर्षक्तिम्) शिर की पीड़ा [रोक] को (मृष्ट्वा) शोधकर, तुम लोग (शुद्धाः) शुद्ध आचरण वाले, (यज्ञियाः) संगति योग्य (भवत) हो जाओ ॥ २० ॥

भावार्थ—मनुष्य संसार के बीच स्वतन्त्रता और उन्नति में आजाने वाली बाधाओं को हटाकर आनन्दित होवें ॥ २० ॥

प्रकृतिः—दयानन्दभाष्ये, यजु० २३ । ५४ (रामायाम्) रमयतीति रामा, रमु क्रीडायाम्—ण । रमयित्र्याम् । आनन्दयित्र्याम् (शीर्षक्तिम्) अ० १ । १२ । ३ । शीर्ष + अञ्चु गतिपूजनयोः-क्तिन् । शिरःपीडाम् । विघ्नम् (उपबर्हणे) अ० ६ । ७ । २६ । उप + बृह बर्ह वृद्धौ—ल्युट् । सुवर्धने ॥

२०—(सीसे) म० १ । बन्धननाशके विधाने (मलम्) दोषम् (सादयित्वा) षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु – णिचि – क्त्वा । नाशयित्वा (शीर्षक्तिम्) म०१६ । शिरःपीडाम् (उपबर्हणे) म० १६ । सुवृद्धौ (अव्याम्) म० १६ । रक्षिकायां प्रकृतौ (असिक्न्याम्) अ० १ । २३ । १ । अञ्चिघृसिभ्यः क्तः । उ० ३ । ८६ । इति षिञ् बन्धने—क्त । छन्दसि क्नमित्येके । वा० पा० ४ । १ । ३६ । इति असित-ङीप्, तकारस्य क्नः । असितायाम् । अबद्धायाम् (मृष्ट्वा) शोधयित्वा (शुद्धाः) पवित्राः (भवत) (यज्ञियाः) संगतियोग्याः ॥

परं मृत्यो अनु परेहि पन्थां यस्ते एष इतरो देवयानात् ।
चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीमीहेमे वीरा बहवो भवन्तु ॥२१॥

परम् । मृत्यो इति । अनु । परा । इहि । पन्थाम् । यः । ते । एषः । इतरः । देव-यानात् ॥ चक्षुष्मते । शृण्वते । ते । ब्रवीमि । इह । इमे । वीराः । बहवः । भवन्तु ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(मृत्यो) हे मृत्यु ! [मृत्युरूप दुर्बलेन्द्रिय पुरुष] (यः) जो (ते) तेरा (एषः) यह (देवयानात्) विद्वानों के मार्ग से (इतरः) भिन्न [बुरा मार्ग है उस बुरे मार्ग से] (परम्) उत्तम (पन्थाम् अनु) मार्ग पर (परा इहि) पराक्रम से चल। (चक्षुष्मते) उत्तम नेत्र वाले (शृण्वते) सुनते हुये (ते) तेरे लिये (ब्रवीमि) मैं उपदेश करता हूं, (इह) यहां (इमे) यह सब (वीराः) वीर लोग (बहवः) बहुत से (भवन्तु) होवें ॥ २१ ॥

भावार्थ—जो दुर्बलेन्द्रिय आत्मघाती कुमार्गी पुरुष हैं, वे आखों और कानों को खोलकर उपदेश सुनें और दुराचारों को छोड़ कर विद्वानों के समान वीरों की संख्या बढ़ावें ॥ २१ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—१० । १८ । १ । तथा यजु० ३५ । ७ ॥

इमे जीवा वि मृतैराववृत्रन्नभूद् भद्रा देवहूतिर्नो अद्य ।
प्राञ्चो अगाम नृतये हसाय सुवीरासो विदथमा वदेम ॥ २२ ॥

इमे । जीवाः । वि । मृतैः । आ । अववृत्रन् । अभूत् । भद्रा । देव-हूतिः । नः । अद्य ॥ प्राञ्चः । अगाम । नृतये । हसाय ।

२१—(परम्) उत्तमम् (मृत्यो) हे मृत्युरूप दुर्बलेन्द्रिय पुरुष (अनु) अनुसृत्य (परा) पराक्रमेण (इहि) गच्छ (पन्थाम्) मार्गम् (यः) (ते) तव (एषः) (इतरः) भिन्नः । कुमार्गः (देवयानात्) विदुषां मार्गात् (चक्षुष्मते) प्रशस्तनेत्रयुक्ताय (शृण्वते) श्रवणं कुर्वते (ते) तुभ्यम् (ब्रवीमि) उपदिशामि (इह) संसारे (इमे) वीराः (बहवः) बहुसंख्याकाः (भवन्तु) ॥

सु-वीरासः । विदथम् । आ । वदेम ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(इमे) ये सब (जीवाः) जीवते हुए [पुरुषार्थी जन] (मृतैः) मृतकों [दुर्बलेन्द्रियों] से (वि) पृथक् होकर (आ अववृत्रन्) लौट आये हैं, (देवहूतिः) विद्वानों की वाणी (नः) हमारे लिये (अद्य) आज (भद्रा) कल्याणी (अभूत्) हुयी है। (नृतये) नृत [हाथ पैर चलाने] के लिये और (हसाय) हसने [आनन्द भोगने] के लिये (प्राञ्चः) आगे बढ़ते हुये हम(अगाम) पहुंचे हैं, (सुवीरासः) अच्छे वीरों वाले हम (विदथम्) विज्ञान का (आ वदाम) उपदेश करें ॥ २२ ॥

भावार्थ—जब पुरुषार्थी जन दुर्बलेन्द्रियों के कुमार्गों से हटकर सुमार्ग पर चलते हैं, तब विद्वान् लोग अनेक उद्योगों से आनन्द भोगते हुये पुत्र पौत्र सेवक आदि को वीर बनाते हुये विद्या की उन्नति करते हैं ॥ २२ ॥

इस मन्त्र के पहिले तीन पाद ऋग्वेद १० । १८ । ३ । में और चौथा ऋ० १ । ११७ । २५ में है ॥

इमं जीवेभ्यः परिधिं दधामि मैषां नु गादपरो अर्थमेतम् ।
शतं जीवन्तः शरदः पुरूचीस्तिरो मृत्युं दधतां पर्वतेन ॥२३॥

इमम् । जीवेभ्यः । परि-धिम् । दधामि । मा । एषाम् । नु । गात् । अपरः । अर्थम् । एतम् ॥ शतम् । जीवन्तः । शरदः । पुरूचीः । तिरः । मृत्युम् । दधताम् । पर्वतेन ॥२३॥

२२—(इमे) दृश्यमानाः (जीवाः) जीवन्तः पुरुषाः (वि) वियुज्य (मृतैः) मृतकैः । हतपुरुषार्थैः (आ अववृत्रन्) वृतु वर्तने छान्दसो लुङ् । अवृतन् । आवृत्ता अभवन् (अभूत्) (भद्रा) कल्याणी (देवहूतिः) विदुषां वाणी (नः) अस्मभ्यम् (अद्य) अस्मिन् दिने (प्राञ्चः) प्रकर्षेण गच्छन्तः (अगाम) इण् गतौ—लुङ् । अगमाम (नृतये) नर्तनाय । गात्रविक्षेपाय कर्मानुष्ठानाय (हसाय) हसनाय । सहक्रीडनाय (सुवीरासः) शोभनवीरयुक्ताः (विदथम्) अ० १ । १३ । ४ । विज्ञानम्(आ वदेम) उपदिशेम ॥

भाषार्थ—(एषाम्) इन [प्राणियों] के बीच (जीवेभ्यः) जीवते हुये [पुरुषार्थी] लोगों के लिये (इमम्) यह (परिधिम्) मर्यादा (दधामि) मैं [परमेश्वर] ठहराता हूं, (अपरः) दूसरा [मरा हुआ, दुर्बलेन्द्रिय] (एतम्) इस (अर्थम) पाने योग्य पदार्थ [सुख] को (नु मा गात्) कभी न पावे। (शतम्) सौ और (पुरूचीः) बहुत सी (शरदः) बरसों तक (जीवन्तः) जीवते हुये लोग (मृत्युम्) मृत्यु [मरण वा दुःख] को (पर्वतेन) [विज्ञान की] पूर्णता से (तिरः दधताम्) तिरोहित करें [ढक देवें] ॥ २३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य ब्रह्मचर्य आदि परमेश्वर कृत नियमों पर चलते हैं, वे बहुत कालतक जीकर सुख भोगते हैं और दुर्बलेन्द्रिय लोग नरक में पड़कर शीघ्र मर जाते हैं ॥ २३ ॥

यह मन्त्र ऋषि दयानन्दकृत संस्कारविधि जातकर्म प्रकरण में और कुछ भेद से ऋग्वेद १० । १८ । ४ । और यजुर्वेद ३५ । १५ में है ॥

आ रोहतायुर्जरसं वृणाना अनुपूर्वं यतमाना यति स्थ । तान् वस्त्वष्टा सुजनिमा सजोषाः सर्वमायुर्नयतु जीवनाय ॥ २४ ॥

आ । रोहत । आयुः । जरसम् । वृणानाः । अनु-पूर्वम् । यतमानाः । यति । स्थ ॥ तान् । वः । त्वष्टा । सु-जनिमा । स-जोषाः । सर्वम् । आयुः । नयतु । जीवनाय ॥ २४ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (यति स्थ) जितने तुम हो, [वे तुम]

२३—(इमम्) प्रत्यक्षम् (जीवेभ्यः) प्राणधारकेभ्यः (परिधिम) मर्यादाम् (एषाम्) जीवानां मध्ये (नु) सद्यः (मा गात्) न प्राप्नुयात् (अपरः) अन्यः । दुर्बलेन्द्रियः (अर्थम्) उषिकुषिगार्तिभ्यस्थन् उ० २ । ४ । ऋ गतौ—थन् । गन्तव्यम् । प्राप्तव्यं पदार्थं सुखम् (एतम्) (शतम्) (जीवन्तः) प्राणान् धारयन्तः (शरदः) संवत्सरान् (पुरूचीः) बहूनि वर्षाणि अञ्चतीः (तिरो दधताम्) तिरोहितं कुर्वन्तु (मृत्युम्) (पर्वतेन) भृमृदृशियजिपर्वि० । उ० ३ । ११० । पर्व पूरणे—अतच् । ज्ञानपूर्त्या । ब्रह्मचर्यादिना ॥

२४—(आ रोहत) अधितिष्ठत (आयुः) जीवनम् (जरसम्) अ० १ ।

(अनुपूर्वम्) लगातार (यतमानाः) यत्न करते हुये, (जरसम्) स्तुतियुक्त (आयुः) जीवन (वृणानाः) चाहते हुये (आ रोहत) ऊंचे चढ़ो। (सुजनिमा) सुन्दर जन्म देने वाला (सजोषाः) समान प्रीति वाला (त्वष्टा) कर्ता [परमेश्वर] (तान् वः) उन तुम को (सर्वम् आयुः) पूर्ण आयु (जीवनाय) उत्तम जीवन के लिये (नयतु) प्राप्त करावे ॥ २४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य निरन्तर उपाय करके परोपकार से संसार में कीर्ति बढ़ाते हैं, वे शूर परमात्मा के नियम से उच्च पद पाते जाते हैं ॥ २४ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है १० । १८ । ६ ॥

यथाहा॑न्यनुपू॒र्वं भव॑न्ति य॒थर्तव॑ ऋ॒तुभि॒र्यन्ति॑ सा॒कम् । यथा॒ न पूर्व॒मप॑रो॒ जहा॑त्ये॒वा धा॑तु॒रायूं॑षि कल्पयै॒षाम् ॥ २५ ॥

यथा॑ । अहा॑नि । अ॒नु॒-पू॒र्वम् । भव॑न्ति । यथा॑ । ऋ॒तव॑: । ऋ॒तु-भि॑: । यन्ति॑ । सा॒कम् ॥ यथा॑ । न । पूर्व॑म् । अप॑र: । जहा॑ति । ए॒व । धा॒त॒: । आयूं॑षि । क॒ल्प॒य॒ । ए॒षाम् ॥ २५ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (अहानि) दिन (अनुपूर्वम्) एक के पीछे एक (भवन्ति) होते रहते हैं, (यथा) जैसे (ऋतवः) ऋतुयें (ऋतुभिः

---

३० । ३ । जॄ स्तुतौ-असुन्, जरस्-अर्श आद्यच् । जरया स्तुत्या युक्तम् । जरा स्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः—निरु १० । ८ (वृणानाः) संभजमानाः (अनुपूर्वम्) यथाक्रमम् (यतमानाः) प्रयत्नं कुर्वन्तः (यति) यत्—छान्दसो डतिः । यत्संख्याकाः । यावन्तः (स्थ) भवथ (तान्) तादृशान् (वः) युष्मान् (त्वष्टा) कर्ता परमेश्वरः (सुजनिमा) जनिमृङ्भ्यामिमनिन् । उ० ४ । १४९ । जन जनने प्रादुर्भावे च—इमनिन् । शोभनानि कीर्तनस्मरणादिना सुखहेतुभूतानि जनिमानि जन्मानि यस्मात् तादृशः (सजोषाः) समानप्रीतिः (सर्वम्) सम्पूर्णम् (आयुः) जीवनम् (नयतु) प्रापयतु (जीवनाय) उत्तमजीवनप्राप्तये ॥

२५—(यथा) येन प्रकारेण (अहानि) दिनानि (अनुपूर्वम्) यथाक्रमम् । पूर्वमनुक्रमेण (भवन्ति) वर्तन्ते (यथा) (ऋतवः) वसन्तादयः

साकम्) ऋतुओं के साथ (यन्ति) चलते हैं। [वैसे ही] (यथा) जिस कारण से (अपरः) पिछला [पुत्र आदि] (पूर्वम्) पहिले [पिता आदि] को (न) न (जहाति) छोड़े, (एव) उसी कारण से, (धातः) हे विधाता! [परमेश्वर] (एषाम्) इन के (आयूंषि) जीवनों को (कल्पय) समर्थ कर ॥ २५ ॥

भावार्थ—जैसे सूर्य आदि पदार्थ ईश्वर नियम से परिपक्व होकर दिन राति आदि को यथा नियम बनाते हैं, वैसे ही जो मनुष्य ब्रह्मचर्य आदि नियमों का यथावत् पालन करते हैं, उन के पुत्र पौत्र आदि पूर्ण आयु भोगते हुये अपने पूर्वजों की सेवा करते रहते हैं ॥ २५ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है–१०। १८। ५ ॥

अश्मन्वती रीयते सं रभध्वं वीरयध्वं प्र तरता सखायः।
अत्रा जहीत ये असन् दुरेवा अनमीवानुत्तरेमाभि वाजान् २६

अश्मन्-वती। रीयते। सम्। रभध्वम्। वीरयध्वम्। प्र। तरत। सखायः॥ अत्र। जहीत। ये। असन्। दुः-एवाः। अनमीवान्। उत्। तरेम। अभि। वाजान्॥ २६॥

भाषार्थ—(सखायः) हे मित्रो! (अश्मन्वती) बहुत पत्थरों वाली [नदी] (रीयते) चलती है, (सं रभध्वम्) मिलकर उत्साह करो, (वीरयध्वम्) वीर बनो और (प्र तरत) पार हो जाओ, (ये) जो (अत्र) यहां

(ऋतुभिः) (यन्ति) गच्छन्ति (साकम्) सह (यथा) येन कारणेन (न) निषेधे (पूर्वम्) पूर्वकालीनं जनकादिकम् (अपरः) अर्वाक्कालीनः पुत्रादिः (जहाति) त्यजति (एव) तेन कारणेन (धातः) हे विधातः परमेश्वर (आयूंषि) जीवनानि (कल्पय) समर्थय (एषाम्) प्राणिनाम् ॥

२६—(अश्मन्वती) बहुपाषाणवती नदी (रीयते) गच्छति (सं रभध्वम्) मिलित्वा साहसं कुरुत (वीरयध्वम्) वीरकर्म कुरुत (प्र) प्रकर्षेण (तरत) उल्लङ्घयत (सखायः) हे सुहृदः (अत्र) अस्मिन् स्थाने समये वा (जहीत) त्यजत।

[इस जगह वा समय] (दुरेवाः) दुर्गम मार्ग [वा विघ्न] (असन्) होवें, [उन्हें] (जहीत) छोड़ो, [पार करो], (अनमीवान्) रोग रहित (वाजान् अभि) अन्न आदि भोगों की ओर (उत् तरेम) हम उतरें ॥ २६ ॥

भावार्थ—जैसे बड़ी बड़ी दुस्तर नदी, समुद्र आदि को सेतु नौका आदि से पार करते हैं, वैसे ही वीर विद्वान् पुरुष मिलकर उत्तम प्रयत्नों से संसार के विघ्नों को हटाकर आनन्द पाते हैं ॥ २६ ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋषि दयानन्दकृत संस्कारविधि विवाह प्रकरण में और ऋग्वेद में १० । ५३ । ८ और यजुर्वेद में ३५ । १० है ॥

उत्तिष्ठता प्र तरता सखायोऽश्मन्वती नदी स्यन्दत इयम् ।
अत्रा जहीत ये असन्नशिवाः शिवान्त्स्योनानुत्तरेमाभि वाजान् ॥२७॥

उत् । तिष्ठत । प्र । तरत । सखायः । अश्मन्-वती । नदी । स्यन्दते । इयम् ॥ अत्र । जहीत । ये । असन् । अशिवाः । शिवान् । स्योनान् । उत् । तरेम । अभि । वाजान् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(सखायः) हे मित्रो ! (उत् तिष्ठत) उठो, और (प्र तरत) उतर चलो, (इयम्) यह (अश्मन्वती) [बहुत पत्थरों वाली] [दुस्तर] (नदी) नदी (स्यन्दते) बहती है । (ये) जो [पदार्थ] (अत्र) यहां [इस जगह वा समय] (अशिवाः) अमङ्गलकारी (असन्) होवें, [उन्हें] (जहीत) छोड़ो, (शिवान्) मङ्गलकारी और (स्योनान्) आनन्दकारी (वाजान् अभि) अन्न आदि भोगों की ओर (उत्तरेम) हम उतरें ॥ २७ ॥

पारयत (ये) (असन्) लेटि रूपम् । भवन्तु (दुरेवाः) दुर्गमा मार्गाः । विघ्नाः (अनमीवान्) रोगरहितान् (उत्तरेम) पारयेम (अभि) अभिलक्ष्य (वाजान्) अन्नादिभोगान् ॥

२७—(उत् तिष्ठत) उत्थिता भवत (प्रतरत) पारयत (सखायः) हे सुहृदः (अश्मन्वती) बहुपाषाणवती । दुस्तरा (नदी) (स्यन्दते) स्रवति (इयम्) (अत्र) अस्मिन् स्थाने समये वा (जहीत) त्यजत (ये) पदार्थाः (असन्) भवन्तु (अशिवाः) अमङ्गलाः (शिवान्) मङ्गलकरान् (स्योनान्) सुखप्रदान् (उत्तरेम) पारयेम (अभि) अभिलक्ष्य (वाजान्) अन्नादिभोगान् ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्य बड़े दुर्गम्य समुद्र आदि को नौका आदि से पार करते हैं, वैसे ही उद्योगी मनुष्य प्रयत्न करके शुभ आचरणों के साथ दुःख से पार होकर आनन्द पाते हैं ॥ २७ ॥

इस मन्त्र में मन्त्र २६ में वर्णित मन्त्रों के कुछ भाग हैं ॥

वैश्वदेवीं वर्चस आ रभध्वं शुद्धा भवन्तः शुचयः पावकाः ।
अतिक्रामन्तो दुरिता पदानि शतं हिमाः सर्ववीरा मदेम ॥ २८ ॥

वैश्व-देवीम् । वर्चसे । आ । रभध्वम् । शुद्धाः । भवन्तः । शुचयः । पावकाः ॥ अति-क्रामन्तः । दुः-इता । पदानि । शतम् । हिमाः । सर्व-वीराः । मदेम ॥ २८ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (वैश्वदेवीम्) सब विद्वानों के हित करने वाली [वेदवाणी] को (वर्चसे) तेज पाने के लिये तुम (शुद्धाः) शुद्ध, (शुचयः) पवित्र (पावकाः) शुद्ध करने वाले (भवन्तः) होते हुये (आ रभध्वम्) आरम्भ करो । (दुरिता) कठिन [कष्ट दायक] (पदानि) पग डंडियों को (अतिक्रामन्तः) लांघते हुये, (सर्ववीराः) सब को वीर रखते हुये हम (शतम्) सौ (हिमाः) शीत ऋतुओं वाली [स्थितियों] तक (मदेम) सुख भोगें ॥ २८ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वेदवाणी के निरन्तर विचार से बाहिर और भीतर से शुद्ध होकर और दूसरों को शुद्ध करके कुमार्गों को त्याग कर सब को वीर बनाते हुये पूर्ण आयु भोगें ॥ २८ ॥

इस मन्त्र का मिलान करो—अ० ६ । ६२ । ३ ॥

उदीचीनैः पथिभिर्वायुमद्भिरतिक्रामन्तोऽवरान् परेभिः । त्रिः

२८—(वैश्वदेवीम्) तस्मै हितम् । पा० ५ । १ । ५ । विश्वदेव—अण्, ङीप् । सर्वेभ्यो विद्वद्भ्यो हिताम् (वर्चसे) तेजसे (आरभध्वम्) आरम्भं कुरुत (शुद्धाः) (भवन्तः) सन्तः (शुचयः) (पावकाः) संशोधकाः (अतिक्रामन्तः) उल्लङ्घयन्तः (दुरिता) दुर्गतानि । कष्टप्रदानि (पदानि) पदचिह्नानि । क्षुद्रमार्गान् (शतम्) (हिमाः) हिम+अर्श आद्यच्, टाप् । शीतकालयुक्ताः स्थितीः (सर्ववीराः) सर्ववीरोपेताः (मदेम) हृष्येम ॥

सप्त कृत्व ऋषयः परेता मृत्युं प्रत्यौहन् पदयोपनेन ॥ २९ ॥

उदीचीनैः । पथि-भिः । वायुमत्-भिः । अति-क्रामन्तः । अवरान् । परेभिः ॥ त्रिः । सप्त । कृत्वः । ऋषयः । परा-इताः । मृत्युम् । प्रति । औहन् । पद-योपनेन ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(उदीचीनैः) ऊंचे चलते हुये, (वायुमद्भिः) शुद्ध वायु वाले, (परेभिः) उत्तम (पथिभिः) मार्गों से (अवरान्) निकृष्ट [मार्गों] को (अतिक्रामन्तः) लांघते हुये, (परेताः) पराक्रम पाये हुये (ऋषयः) ऋषियों ने (त्रिः) तीन बार [मनसा वाचा कर्मणा] (सप्त कृत्वः) सात बार [दो कान, दो नथने, दो आंख और एक मुख द्वारा] (मृत्युम्) मृत्यु को (पदयोपनेन) पद [चाल] रोक देने से (प्रति औहन्) उलटा मारा है ॥ २९ ॥

भावार्थ—जैसे ऋषियों ने निकृष्ट कर्म छोड़ कर ब्रह्मचर्य आदि इन्द्रिय-दमन से सत्यसंकल्पी, सत्यवादी और सत्यकर्मी होकर मृत्यु को वश में किया है, वैसाही सब मनुष्य करें ॥ २९ ॥

मृत्योः पदं योपयन्त एत द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः । आसीना मृत्युं नुदता सधस्थेऽथ जीवासो विदथमा वदेम ३० (९)

मृत्योः । पदम् । योपयन्तः । आ । इत । द्राघीयः । आयुः । प्र-तरम् । दधानाः ॥ आसीनाः । मृत्युम् । नुदत । सध-स्थे । अथ । जीवासः । विदथम् । आ । वदेम ॥ ३० ॥ (९)

२९—(उदीचीनैः) विभाषाञ्चेरदिक् स्त्रियाम् । पा० ५ । ४ । ८ । उदञ्च-खप्रत्ययः स्वार्थे । उच्चैर्गच्छद्भिः (पथिभिः) मार्गैः (वायुमद्भिः) शुद्धवायु-युक्तैः (अतिक्रामन्तः) उल्लङ्घयन्तः (अवरान्) निकृष्टान् मार्गान् (परेभिः) उत्कृष्टैः (त्रिः) त्रिवारम् । मनसा वाचा कर्मणा (सप्त कृत्वः) सप्तवारम् । अ० ४ । ११ । ९ । कर्णनासिकाचक्षुर्द्वयमुखद्वारा (ऋषयः) धर्मदर्शकाः (परेताः) पराक्रमं गताः प्राप्ताः (मृत्युम्) (प्रति) प्रातिकूल्येन (औहन्) उहिर् वधे—लुङ् । हतवन्तः (पदयोपनेन) मार्गनिरोधेन ॥

भाषार्थ—[हे वीरो !] (मृत्योः) मृत्यु के (पदम्) पद [चाल] को (योपयन्तः) रोकते हुये, (द्राघीयः) अधिक दीर्घ और (प्रतरम्) अधिक प्रकृष्ट (आयुः) जीवन को (दधानाः) धारण करते हुये तुम (आ इत) आओ। (सधस्थे) सहस्थान [समाज] में (आसीनाः) बैठे हुये तुम (मृत्युम्) मृत्यु को (नुदत) ढकेलो, (अथ) फिर (जीवासः) जीवते हुये हम (विदथम्) विज्ञान का (आ वदेम) उपदेश करें ॥ ३० ॥

भावार्थ—जब विद्वान् लोग उत्तम कर्म करके अपनी कीर्ति बढ़ाते हैं, उन्हें देखकर अन्य पुरुष भी उत्तम कर्म करने लगते हैं ॥ ३० ॥

यह मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है-१० । १८ । २ ॥

इमा नारीरविधवाः सुपत्नीराञ्जनेन सर्पिषा सं स्पृशन्ताम् ।
अनश्रवो अनमीवाः सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे ॥ ३१ ॥

इमाः । नारीः । अविधवाः । सु-पत्नीः । आ-अञ्जनेन । सर्पिषा । सम् । स्पृशन्ताम् ॥ अनश्रवः । अनमीवाः । सु-रत्नाः । आ । रोहन्तु । जनयः । योनिम् । अग्रे ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—(इमाः) यह [विदुषी] (नारीः) नारियां (अविधवाः) सधवा [मनुष्यों वाली] और (सुपत्नीः) धार्मिक पतियों वाली होकर (आञ्जनेन) यथावत् मेल से और (सर्पिषा) घी आदि [सार पदार्थ] से (सं स्पृशन्ताम्) संयुक्त रहें। (अनश्रवः) बिना आंसुओं वाली, (अनमी-

३०—(मृत्योः) (पदम्) गमनम् (योपयन्तः) विमोहयन्तः निरोधयन्तः (एत) आगच्छत (द्राघीयः) दीर्घतरम् (आयुः) जीवनम् (प्रतरम्) प्रकृष्टतरम् (दधानाः) धारयन्तः (आसीनाः) उपविशन्तः (मृत्युम्) (नुदत) प्रेरयत (सधस्थे) सहस्थाने । समाजे (अथ) अनन्तरम् (जीवासः) जीवाः । जीवन्तः (विदथम्) ज्ञानम् (आवदेम) उपदिशेम ॥

३१—(इमाः) विदुष्यः (नारीः) नार्यः (अविधवाः) धूञ् धुञ् वा कम्पने-पचाद्यच् यद्वा, धावु गतिशुद्ध्योः—पचाद्यच्, ह्रस्वः पृषोदरादित्वात् । धवाः= मनुष्याः—निघ० २ । ३ । विधवा विधातृका भवति विधवनाद्वा विधावनाद्वेति चर्मशिरा अपि वा धव इति मनुष्यनाम तद् वियोगाद् विधवा—निरु० ३ ।

वाः) बिना रोगों वाली, (सुरत्नाः) सुन्दर सुन्दर रत्नों वाली (जनयः) मातायें (अग्ने) आगे आगे (योनिम्) मिलने के स्थान [घर, सभा आदि] में (आ रोहन्तु) चढ़ें ॥ ३१ ॥

भावार्थ—जो विदुषी स्त्रियां ब्रह्मचर्य आदि शुभ गुण वाली होती हैं, वे अपने विद्वान् सुयोग्य कुटुम्बियों, पतियों और पुत्र आदि के साथ शरीर और आत्मा से स्वस्थ रहकर बहुत धनवती और सुखवती होकर अग्रगामिनी बनती हैं ॥ ३० ॥

यह मन्त्र आगे है—अ० १८ । ३ । ५७ । और कुछ भेद से ऋग्वेद में है—१० । १८ । ७ ॥

व्याकरोमि हुविषाहमेतौ तौ ब्रह्मणा व्यहं कल्पयामि । स्वधां पितृभ्यो अजरां कृणोमि दीर्घेणायुषा समिमान्त्सृजामि ३२

वि-आकरोमि । हुविषा । अहम् । एतौ । तौ । ब्रह्मणा । वि । अहम् । कुल्पयामि ॥ स्वधाम् । पितृ-भ्यः । अजराम् । कृणोमि । दीर्घेण । आयुषा । सम् । इमान् । सृजामि ॥३२॥

भाषार्थ—(अहम्) मैं [परमेश्वर] (हविषा) देने लेने योग्य कर्म के साथ (एतौ) इन दोनों [स्त्री पुरुष समूह] को (व्याकरोमि) व्याख्यात करता हूं, (तौ) उन दोनों को (ब्रह्मणा) वेद ज्ञान के साथ (अहम्) मैं (वि)

---

१५ । सधवाः । समनुष्याः (सुपत्नीः) धार्मिकपतिकाः (आञ्जनेन) आङ्+अञ्जू व्रक्षणे-ल्युट् । समन्ताद् मेलनेन (सर्पिषा) घृतादिसारपदार्थेन (संस्पृशन्ताम्) संयुक्ता भवन्तु (अनश्रवः) अश्रुवर्जिताः । अरुदत्यः (अनमीवाः) अरोगाः । शारीरिकमानसिकदुःखवर्जिताः (सुरत्नाः) बहुमूल्यधनोपेताः (आ रोहन्तु) अधितिष्ठन्तु (जनयः) जनन्यः मातरः (योनिम्) मिश्रणस्थानम् । गृहम् । समाजम् (अग्रे) प्रधाने स्थाने ॥

३२—(व्याकरोमि) व्याख्यातौ करोमि (हविषा) दातव्यग्राह्यकर्मणा (अहम्) परमेश्वरः (एतौ) दृश्यमानौ स्त्रीपुरुषसमूहौ (तौ) (ब्रह्मणा) वेदज्ञानेन (वि) विविधम् (अहम्) (कल्पयामि) समर्थयामि (स्वधाम्)

विविध प्रकार (कल्पयामि) समर्थ करता हूं। (पितृभ्यः) पितरों [रक्षक विद्वानों] के लिये (अजराम्) अक्षय (स्वधाम्) आत्मधारण शक्ति को (करोमि) करता हूं [देता हूं], (दीर्घेण) दीर्घ (आयुषा) जीवन के साथ (इमान्) इन सब को (सं सृजामि) संयुक्त करता हूं ॥ ३२ ॥

भावार्थ–परमेश्वर सृष्टि के बीच स्त्री पुरुषों को समान अधिकार देकर वेदज्ञान से समर्थ बनाता और परोपकारी विद्वान् जनों को आत्मबल देकर चिरंजीवी करता है ॥ ३२ ॥

यो नो॑ अ॒ग्निः पि॑तरो हृ॒त्स्व१॒॑न्तरा॑वि॒वेशा॒मृतो॒ मर्त्ये॑षु । मय्य॒हं तं परि॑ गृह्णामि दे॒वं मा सो अ॒स्मान् द्वि॑क्षत॒ मा व॒यं तम् ॥ ३३ ॥

यः । नः॒ । अ॒ग्निः । पि॒त॒रः॒ । हृ॒त्-सु । अ॒न्तः । आ॒-वि॒वेश॑ । अ॒मृतः॑ । मर्त्ये॑षु ॥ मयि॑ । अ॒हम् । तम् । परि॑ । गृ॒ह्णा॒मि॒ । दे॒वम् । मा । सः । अ॒स्मान् । द्वि॒क्ष॒त॒ । मा । व॒यम् । तम् ॥ ३३ ॥

भाषार्थ–(पितरः) हे पितरो! [रक्षक ज्ञानियो] (यः) जो (अग्निः) प्रकाशस्वरूप [परमेश्वर] (मर्त्येषु) मरण धर्मियों में [मनुष्य आदि विकारवान् पदार्थों] में (अमृतः) अमर [होकर] (नः) हमारे (हृत्सु) हृदयों में (अन्तः) भीतर (आविवेश) प्रविष्ट हुआ है। (अहम्) मैं [मनुष्य] (तम्) उस (देवम्) प्रकाशमान [परमात्मा] को (मयि) अपने में (परि) सब ओर (गृह्णामि) ग्रहण करता हूं, (सः) वह (अस्मान्)

आत्मधारणशक्तिम् (पितृभ्यः) रक्षकेभ्यो विद्वद्भ्यः (अजराम्) अक्षीणाम् (कृणोमि) करोमि (दीर्घेण) (आयुषा) जीवनेन (इमान्) पितॄन् (सं सृजामि) संयोजयामि ॥

३३–(यः) (नः) अस्माकम् (अग्निः) प्रकाशस्वरूपः परमेश्वरः (पितरः) हे रक्षका विद्वांसः (हृत्सु) हृदयेषु (अन्तः) मध्ये (आ विवेश) प्रविष्टवान् (अमृतः) अविनाशी (मर्त्येषु) मरणशीलेषु मनुष्यादिषु (मयि) आत्मनि (अहम्) मनुष्यः (तम्) (परि) सर्वतः (गृह्णामि) धारयामि (देवम्) प्रकाशमानं परमेश्वरम् (सः) परमेश्वरः (अस्मान्) धार्मिकान्

हम से (मा द्विक्षत) द्वेष न करे, और (वयम्)हम (तम्) उससे (मा) न [द्वेष करें] ॥ ३३ ॥

भावार्थ—जब योगी जन विद्वानों के सत्सङ्ग से उस अविनाशी जगदीश्वर को सब सृष्टि में और अपने में भीतर साक्षात् करता है, तब परमात्मा उस से और वह परमात्मा से प्रीति करता है ॥ ३३ ॥

अपावृत्य गार्हपत्यात् क्रव्यादा प्रेत दक्षिणा ।
प्रियं पितृभ्य आत्मने ब्रह्मभ्यः कृणुता प्रियम् ॥ ३४ ॥

अप-आवृत्य । गार्ह-पत्यात् । क्रव्य-अदा । प्र । इत । दक्षिणा ॥ प्रियम् । पितृ-भ्यः । आत्मने । ब्रह्म-भ्यः । कृणुत । प्रियम् ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—(गार्हपत्यात्) गृहपति से संयुक्त ज्ञान से [विरुद्ध वर्तमान] (क्रव्यादा) मांस भक्षक [अज्ञान] के साथ [ठहरने से] (अपावृत्य) हटकर (दक्षिणा) सरल [सीधे वा वृद्धिकारक] मार्ग में (प्र इत) चले चलो और (आत्मने) अपने लिये और (पितृभ्यः) पितर [रक्षक] (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्माओं [वेदज्ञानियों] के लिये (प्रियम्) प्रिय और (प्रियम्) प्रीतिकारक कर्म (कृणुत) करो ॥ ३४ ॥

भावार्थ—मनुष्य शरीर और आत्मा के विरोधी अज्ञान से बचकर वेद मार्ग में चलकर अपना और सब विद्वानों का हित करे ॥ ३४ ॥

द्विभागधनमादाय प्र क्षिणात्यवर्त्या ।
अग्निः पुत्रस्य ज्येष्ठस्य यः क्रव्यादनिराहितः ॥ ३५ ॥

(मा द्विक्षत) न वैरायेत (मा) मा द्विक्षाम (वयम्) (तम्) ॥

३४—(अपावृत्य) पृथग् भूत्वा (गार्हपत्यात्) गृहपतिना संयुक्तात् प्रबोधात् प्रतिकूलवर्तमानेन (क्रव्यादा) मांसभक्षकेण अज्ञानेन (प्रेत) प्रकर्षेण गच्छत (दक्षिणा) दक्षिणादाच्। पा० ५। ३। ३६। दक्षिण-आच्। सरले वृद्धिकारके वा मार्गे (प्रियम्) रुचिरम् (पितृभ्यः) पालकेभ्यः (आत्मने) स्वस्मै (ब्रह्मभ्यः) वेदविद्भ्यः (कृणुत) कुरुत (प्रियम्) तृप्तिकरम् ॥

द्वि॒भा॒ग॒-ध॒नम् । आ॒-दाय॑ । प्र । क्षि॒णा॒ति । अव॑र्त्या ॥ अ॒ग्निः । पु॒त्रस्य॑ । ज्ये॒ष्ठस्य॑ । यः । क्र॒व्य॒-अत् । अनि॑ः-आहि॒तः ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—(यः) जो (क्रव्यात्) मांस भक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापकारी दोष] (अनिराहितः) नहीं निकाला गया है, वह [दोष] (ज्येष्ठस्य) श्रेष्ठ (पुत्रस्य) संशोधक पुरुष के (द्विभागधनम्) दोनों [संचित और क्रियमाण] भाग वाले धन को (आदाय) छीनकर (अवर्त्या) वृत्ति [जीविका] के बिना [उसको] (प्र क्षिणाति) नाश कर डालता है ॥ ३५ ॥

भावार्थ—जो बड़े बड़े महात्मा अपने दोष को नहीं मिटाते, वे पूर्व जन्म के और इस जन्म के पुण्य को नाश करके अपना मनुष्य जीवन नाश कर देते हैं ॥ ३५ ॥

यत् कृ॒षते॒ यद्व॑नु॒ते यच्च॑ व॒स्नेन॑ वि॒न्दते॑ ।
सर्वं॒ मर्त्य॑स्य॒ तन्नास्ति॑ क्र॒व्याच्चेदनि॑राहितः ॥ ३६ ॥

यत् । कृ॒षते॑ । यत् । व॒नु॒ते । यत् । च॒ । व॒स्नेन॑ । वि॒न्दते॑ ॥ सर्व॑म् । मर्त्य॑स्य । तत् । न । अ॒स्ति॒ । क्र॒व्य॒-अत् । च॒ । इत् । अनि॑ः-आहि॒तः ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—(यत्) जो कुछ [मनुष्य] (कृषते) खेती करता है, (यत्) जो कुछ (वनुते) मांगता है, (च) और (यत्) जो कुछ (वस्नेन) मूल्य से (विन्दते) पाता है। (तत् सर्वम्) वह सब (मर्त्यस्य) मनुष्य का (न अस्ति)

३५—(द्विभागधनम्) सञ्चितक्रियमाणपुण्यभागयुक्तं धनम् (आदाय) गृहीत्वा (प्र) सर्वथा (क्षिणाति) क्षि हिंसायाम्—लट् । क्षिणोति । नाशयति (अवर्त्या) वृतु—इन् । वृत्या जीविकाया राहित्येन (अग्निः) अग्निवत्सन्तापको दोषः (पुत्रस्य) पुवो ह्रस्वश्च । उ० ४ । १६५ । पूञ् शोधने—क्त । शोधकस्य पुरुषस्य (ज्येष्ठस्य) प्रशस्य—इष्ठन्, ज्य च । प्रशस्यतमस्य । श्रेष्ठस्य (यः) (क्रव्यात्) मांसभक्षकः (अनिराहितः) दधातेः—क्त । अबहिष्कृतः ॥

३६—(यत्) यत् किञ्चित् (कृषते) कृषिकर्मणा उद्योगेन प्राप्नोति (यत्) (वनुते) याचते (यत्) (च) (वस्नेन) मूल्येन (विन्दते) लभते (सर्वम्) (मर्त्यस्य) मनुष्यस्य (तत्) वस्तु (न) निषेधे (अस्ति) (क्रव्यात्)

नहीं है, (च इव्=चेत्) यदि (क्रव्यात्) मांसभक्षक [दोष] (अनिराहितः) नहीं निकाला गया है ॥ ३६

भावार्थ—जब तक मनुष्य अपने आत्मघाती दोषों को नहीं नाश करता, अज्ञान के कारण उसके सब पुण्य कर्म और उद्योग निष्फल हो जाते हैं ॥ ३६ ॥

अयज्ञियो हुतवर्चा भवति नैनेन हुविरत्तवे ।
छिनत्ति कृष्या गोर्धनाद् यं क्रव्यादनुवर्तते ॥ ३७ ॥

अयज्ञियः । हुत-वर्चाः । भवति । न । एनेन । हविः । अत्तवे ॥ छिनत्ति । कृष्याः । गोः । धनात् । यम् । क्रव्य-अत् । अनु-वर्तते ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—वह पुरुष (अयज्ञियः) संगति के अयोग्य, (हतवर्चाः) नष्ट तेज वाला (भवति) हो जाता है, (एनेन) इस कारण से [उसे] (हविः) ग्राह्य अन्न (अत्तवे) खाना (न) नहीं [होता]। [उस को] (क्रव्यात्) मांस भक्षक [दोष वा रोग] (कृष्याः) खेती से, (गोः) गौ से और (धनात्) धन से (छिनत्ति) काट देता है, वह [मांसभक्षक] (यम् अनुवर्तते) जिस पुरुष के पीछे पड़ जाता है ॥ ३७ ॥

भावार्थ—खोटे कुकर्मी मनुष्य से न कोई मिलता है और न वह अन्न आदि पदार्थ पा सकता है, तब वह दुराचारी महा दुखी होता है॥ ३७ ॥

मुहुर्गृध्यैः प्र वदत्यार्तिं मर्त्यो नीत्य ।
क्रव्याद् याननिरन्तिकादनुविद्वान् । वितावति ॥ ३८ ॥

मांसभक्षको दोषः (चेत्) यदि (अनिराहितः) अवहिष्कृतः ॥

३७—(अयज्ञियः) असंगतियोग्यः (हतवर्चाः) नष्टतेजाः (भवति) (न) निषेधे (एनेन) अनेन कारणेन (हविः) ग्राह्यमन्नम् (अत्तवे) खादितुम् (छिनत्ति) कृन्तन्ति तमिति शेषः (कृष्याः) कृषिकर्मसकाशात् (गोः) धेनुसकाशात् (धनात्) (यम्) पुरुषम् (क्रव्यात्) मांसभक्षको दोषः (अनुवर्तते) अनुगच्छति ॥

मुहुः । गृध्यैः । प्र । वदति । आर्तिम् । मर्त्यः । नि-इत्य ॥ क्रव्य-अत् । यान् । अग्निः । अन्तिकात् । अनु-विद्वान् । वि-तावति ॥ ३८ ॥

भाषार्थ—(मर्त्यः) [वह] मनुष्य (आर्तिम्) विपत्ति में (नीत्य) नीचे जाकर (गृध्यैः) लोभियों से (मुहुः) बार बार (वदति) बातचीत करता है, (यान्=यम्) जिस [मनुष्य] को (क्रव्यात्) मांसभक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्ताप कारी दोष आदि] (अन्तिकात्) निकट से (अनुविद्वान्) निरन्तर जानता हुआ (वितावति) सता डालता है ॥ ३८ ॥

भावार्थ—दुराचारी पुरुष अपनी विपत्ति बार बार उन दुष्टों से कहता है जिन के फन्दे में पड़कर यह सब कष्ट पाया है ॥ ३८ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्ध आगे मन्त्र ५२ में है ॥

ग्राह्यां गृहाः सं सृज्यन्ते स्त्रिया यन्म्रियते पतिः । ब्रह्मैव विद्वानेष्यो३ यः क्रव्यादं निरादधत् ॥ ३९ ॥

ग्राह्याम् । गृहाः । सम् । सृज्यन्ते । स्त्रियाः । यत् । म्रियते । पतिः ॥ ब्रह्मा । एव । विद्वान् । एष्यः । यः । क्रव्य-अदम् । निः-आदधत् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—(गृहाः) घर (ग्राह्या) ग्राही [जकड़ने वाली शृङ्खला आदि बन्धन] से (संसृज्यन्ते) संयुक्त हो जाते हैं, (यत्) जब (स्त्रियाः)

३८—(मुहुः) वारं वारम् (गृध्यैः) ऋदुपधाच्चाक्लृपिचृतेः । पा० ३ । १ । ११० । गृधु लिप्सायाम्—क्यप् । लोभिभिः सह (प्र) (वदति) कथयति (आर्तिम्) आङ्+ऋ गतौ हिंसायां च—क्तिन् । पीडाम् (मर्त्यः) मनुष्यः (नीत्य) नि+इण् गतौ—ल्यप् । नीचैः प्राप्य (क्रव्यात्) मांसभक्षकः (यान्) एकवचनस्य बहुवचनम् । यं मर्त्यम् (अग्निः) अग्निवत्सन्तापको दोषादिः (अन्तिकात्) समीपात् (अनुविद्वान्) निरन्तरेण जानन् (वितावति) तु हिंसायाम्—लट्, शपो अलुक् छान्दसः । वितौति । विशेषेण हिनस्ति ॥

३९—(ग्राह्या) अ० २ । ९ । १ । ग्रह आदाने—इञ् । ग्राहकेण बन्धनेन शृङ्खलादिना (गृहाः) गेहानि (संसृज्यन्ते) संयुज्यन्ते (स्त्रियाः) गृह-

स्त्री का (पतिः) पति (म्रियते) प्राण छोड़ देता है [निरुद्यमी हो जाता है]। [इस लिये] (ब्रह्मा) ब्रह्मा [चारों वेदवेत्ता पुरुष] (एव) ही (विद्वान्) विद्वान् [पति] (एष्यः) खोजना चाहिये, (यः) जो (क्रव्यादम्) मांस भक्षक [दोष] को (निरादधत्) हटा देवे ॥ ३९ ॥

भावार्थ—विदुषी स्त्री के अविद्वान् निरुद्यमी पति होने से घर में विपत्ति आजाती है, इस लिये स्त्री विदुषी होकर पूर्ण विद्वान् से विवाह करके आपत्ति से बच कर सदा सुखी रहे ॥ ३९ ॥

यद् रि॒प्रं शम॑लं चकृ॒म यच्च॑ दुष्कृ॒तम् ।
आपो॑ मा॒ तस्मा॑च्छुम्भन्त्व॒ग्नेः संक॑सुकाच्च॒ यत् ॥ ४० ॥ (१०)

यत् । रि॒प्रम् । शम॑लम् । च॒कृ॒म । यत् । च॒ । दुः॒-कृ॒तम् ॥
आपः॑ । मा॒ । तस्मा॑त् । शु॒म्भ॒न्तु॒ । अ॒ग्नेः । सम्-क॑सुकात् ।
च॒ । यत् ॥ ४० ॥ (१०)

भाषार्थ—(संकसुकात्) यथावत् शासक (अग्नेः) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष] से पृथक् होकर (यत्) जो कुछ (रिप्रम्) पाप (च) और (यत्) जो कुछ (शमलम्) भ्रष्ट व्यवहार (च) और (यत्) जो कुछ (दुष्कृतम्) दुष्ट कर्म (चकृम) हमने किया है, (आपः) आप्त प्रजायें [यथार्थ वक्ता लोग] (मा) मुझको (तस्मात्) उस [पापादि] से पृथक् करके

पत्न्याः (यत्) यदा (म्रियते) प्राणांस्त्यजति। निरुद्यमी भवति (पतिः) स्वामी (ब्रह्मा) चतुर्वेदवेत्ता (एव) निश्चयेन (विद्वान्) (एष्यः) अन्वेषणीयः (यः) (क्रव्यादम्) मांसभक्षकं दोषम् (निरादधत्) दधातेर्लेट्। निस्सारयेत् ॥

४०—(यत्) यत् किञ्चित् (रिप्रम्) पापम् (शमलम्) अ० ४। ९। ६। शकिशम्योर्नित्। उ० १। ११२। शमु उपशमे—कलप्रत्ययः। अशुद्धव्यवहारम् (चकृम) वयं कृतवन्तः (यत्) (च) (दुष्कृतम्) (आपः) आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये, यजु० ६। २७। यथार्थवक्तारः पुरुषाः (मा) माम् (तस्मात्) पापादिकर्मणः पृथक् कृत्वा (शुम्भन्तु) शुम्भ दीप्तौ शोभायाम्। शुम्भयन्तु। शोभयन्तु (अग्नेः) अग्निवत्तेजस्विनः पुरुषात् पृथग् भूत्वा (संकसुकात्)

(शुम्भन्तु) शोभायमान करें ॥ ४० ॥

भावार्थ—यदि मनुष्य सुसंगति छोड़ कर पाप कर्म करे, तो वह विद्वानों यथार्थ उपदेशकों का आश्रय लेकर अपने को फिर शुद्ध पवित्र बनावे ॥ ४० ॥

ता अ॑धरादुदी॑चीराव॑वृत्रन् प्रजान॒तीः प॒थिभि॑र्दे॒वया॑नैः ।
पर्व॑तस्य वृष॒भस्याधि॑ पृ॒ष्ठे नवा॑श्चरन्ति स॒रितः॑ पुरा॒णीः ४१

ताः । अ॒ध॒रात् । उदी॑चीः । आ । अ॒व॒वृ॒त्र॒न् । प्र॒-जा॒न॒तीः । प॒थि-भिः॑ । दे॒व॒-यानैः॑ ॥ पर्व॑तस्य । वृ॒ष॒भस्य॑ । अधि॑ । पृ॒ष्ठे । नवाः॑ । च॒र॒न्ति॒ । स॒रितः॑ । पु॒रा॒णीः ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—(अधरात्) नीचे से (उदीचीः) ऊंची चलती हुयी, (प्रजानतीः) बहुत जानने वाली (ताः) वे [आप्त प्रजायें—म० ४०] (देवयानैः) विद्वानों के चलने योग्य (पथिभिः) मार्गों से (आ अववृत्रन्) घूम कर आई हैं। (वृषभस्य) बरसते हुये (पर्वतस्य) पहाड़ की (पृष्ठे अधि) पीठ के ऊपर (नवाः) नवीन (सरितः) नदियां (पुराणीः) पुरानी [नदियों] को (चरन्ति) चली आती हैं ॥ ४१ ॥

भावार्थ—सब मनुष्य वेद शास्त्रों की मर्यादा पर चलकर, छोटी दशा से बड़े होते हैं, जैसे बरसते हुये पहाड़ से छोटी छोटी नवीन नदियां निकल कर पुरानी बड़ी नदियों में मिलकर बड़ी होती जाती हैं ॥ ४१ ॥

अग्नि॑ अ॒क्रव्या॒न्निः क्र॒व्यादं॑ नुदा दे॒वयज॑नं वह ॥ ४२ ॥

म० ११। सम्यक् शासकात् (च) (यत्) ॥

४१—(ताः) आपः। आप्ताः प्रजाः—म० ४० (अधरात्) निम्नपदात् (उदीचीः) उपरिगच्छन्त्यः (आ अववृत्रन्) म० २२। आवृता अभवन् (प्रजानतीः) बहुविदुष्यः (पथिभिः) मार्गैः (देवयानैः) विद्वद्भिर्गन्तव्यैः (पर्वतस्य) शैलस्य (वृषभस्य) वृषु सेचने—अभच् कित्। वर्षणशीलस्य (अधि) उपरि (पृष्ठे) उच्चप्रदेशे, (नवाः) नवीनाः (चरन्ति) प्राप्नुवन्ति। (सरितः) नद्यः (पुराणीः) पुरातनीर्नदीः ॥

अग्ने । अक्रव्य-अत् । निः । क्रव्य-अदम् । नुद । आ । देव-यजनम् । वह ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—(अक्रव्यात्) हे अमांस भक्षक ! [शान्त स्वभाव] (अग्ने) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष !] (क्रव्यादम्) मांस भक्षक [दोष] को (निः नुद) बाहर ढकेल दे, और (देवयजनम्) विद्वानों के सत्कार योग्य व्यवहार को (आ वह) यहां ला ॥ ४२ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग दुष्ट व्यवहारों को छोड़ कर वैदिक व्यवहारों का प्रचार करें ॥ ४२ ॥

इमं क्रव्यादा विवेशायं क्रव्यादमन्वगात् ।
व्याघ्रौ कृत्वा नानानं तं हरामि शिवापरम् ॥ ४३ ॥

इमम् । क्रव्य-अत् । आ । विवेश । अयम् । क्रव्य-अदम् । अनु । अगात् ॥ व्याघ्रौ । कृत्वा । नानानम् । तम् । हरामि । शिव-अपरम् ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—(क्रव्यात्) मांस भक्षक [दोष] ने (इमम्) इस [पुरुष] में (आ विवेश) आकर प्रवेश किया है, [अथवा] (अयम्) यह [पुरुष] (क्रव्यादम् अनु) मांस भक्षक [दोष] के पीछे पीछे (अगात्) चला है। (व्याघ्रौ) इन दोनों व्याघ्रों [दोषों] को (नानानम्) पृथक् पृथक् (कृत्वा) करके (तम्) उस (शिवापरम्) मङ्गल से भिन्न [अमङ्गल कारी दोष] को (हरामि) नाश करता हूं ॥ ४३ ॥

४२—(अग्ने) हे अग्निवत्तेजस्विन् विद्वन् (अक्रव्यात्) हे अमांसभक्षक । शान्तस्वभाव (क्रव्यादम्) मांसभक्षकं दोषम् (निर्णुद) निःसारय (देवयजनम्) देव + यज—ल्युट् । विद्वद्भिः पूजितव्यवहारम् (आ वह) प्रापय ॥

४३—(इमम्) पुरुषम् (क्रव्यात्) मांसभक्षको दोषः (आ विवेश) प्रविष्टवान् (अयम्) पुरुषः (क्रव्यादम्) मांसभक्षकं दोषम् (अनु) अनुसृत्य (अगात्) (व्याघ्रौ) तौ व्याघ्ररूपौ (कृत्वा) (नानानम्) नाना + णीञ् प्रापणे—ड । पृथक् पृथक् (तम्) दोषम् (हरामि) नाशयामि (शवापरम्) शिवेन मङ्गलव्यवहारेण अपरं भिन्नम् । अमङ्गलकरं दोषम् ॥

भावार्थ—यदि दुराचारी मनुष्य शिष्टों में जा मिले वा शिष्ट दुराचारियों में जा पड़ें, दोनों दशाओं का विचार कर शिष्ट पुरुष दुष्ट व्यवहार से प्रयत्न पूर्वक छुटे ॥ ४३ ॥

अन्तर्धिर्देवानां परिधिर्मनुष्याणा-
मग्निर्गार्हपत्य उभयानन्तरा श्रितः ॥ ४४ ॥

अन्तः-धिः । देवानाम् । परि-धिः । मनुष्याणाम् ॥ अग्निः । गार्ह-पत्यः । उभयान् । अन्तरा । श्रितः ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—[जो] (देवानाम्) उत्तम गुणों का और (मनुष्याणाम्) [मननशील] मनुष्यों का (अन्तर्धिः) भीतर से धारण करनेवाला और (परिधिः) सब ओर से धारण करने वाला है, [वह] (गार्हपत्यः) गृहपतियों से संयुक्त (अग्निः) ज्ञान स्वरूप [परमेश्वर] (उभयान् अन्तरा) दोनों पक्षों [उत्तम गुणों और मनुष्यों] के भीतर (श्रितः) ठहरा है ॥ ४४ ॥

भावार्थ—परमात्मा सब के भीतर और बाहिर व्यापक होकर सर्वनियन्ता है, उसे गृहपति विद्वान् लोग साक्षात् करके सुख पाते हैं ॥ ४४ ॥

जीवानामायुः प्र तिर त्वमग्ने पितॄणां लोकमपि गच्छन्तु ये मृताः।
सुगार्हपत्यो वितपन्नरातिमुषामुषां श्रेयसीं धेह्यस्मै ॥ ४५ ॥

जीवानाम् । आयुः । प्र । तिर । त्वम् । अग्ने । पितॄणाम् । लोकम् । अपि । गच्छन्तु । ये । मृताः ॥ सु-गार्हपत्यः । वि-तपन् । अरातिम् । उषाम्-उषाम् । श्रेयसीम् । धेहि । अस्मै ॥ ४५ ॥

४४—(अन्तर्धिः) उपसर्गे घोः किः । पा० ३ । ३ । ९२ । अदन्तरोरुपसर्गवद्वृत्तिः । वा० पा० ३ । १०६ । अन्तर्+डुधाञ् धारणपोषणयोः—कि । मध्ये धारकः (देवानाम्) दिव्यगुणानाम् (परिधिः) सर्वतो धारकः (मनुष्याणाम्) मननशीलानां जनानाम् (अग्निः) ज्ञानस्वरूपः परमेश्वरः (गार्हपत्यः) गृहपतिभिः संयुक्तः (उभयान्) देवमनुष्यान् (अन्तरा) मध्ये (श्रितः) स्थितः ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे ज्ञानस्वरूप ! [परमेश्वर] (त्वम्) तू (जीवानाम्) जीवतों [पुरुषार्थियों] का (आयुः) जीवन (प्र तर) बढ़ा (ये) जो (मृताः) प्राण छोड़े हुये [पुरुषार्थ हीन] हैं, वे (अपि) भी (पितॄणाम्) पितरों [रक्षक ज्ञानियों] के (लोकम्) समाज में (गच्छन्तु) पहुंचें । (सुगार्हपत्यः) सुन्दर गृहपतियों से युक्त तू [परमेश्वर] (अरातिम्) बैरी को (वितपन्) तपाता हुआ (श्रेयसीम्) अधिक कल्याणकारी (उषामुषाम्) प्रत्येक उषा [प्रभातवेला] (अस्मै) इस [उपासक] को (धेहि) धारण कर ॥ ४५ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के नियम से पुरुषार्थी अपना जीवन सुफल करते हैं, इससे पुरुषार्थहीन पुरुष शिष्टों के सत्संग से अपना जीवन सदा सुधार कर नित्य नवीन सुख प्राप्त करें ॥ ४५ ॥

सर्वानग्ने सहमानः सपत्नानैषामूर्जं रयिमस्मासु धेहि ॥४६॥

सर्वान् । अग्ने । सहमानः । स-पत्नान् । आ । एषाम् । ऊर्जम् । रयिम् । अस्मासु । धेहि ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे ज्ञान स्वरूप ! [परमेश्वर] (सर्वान्) सब (सपत्नान्) वैरियों को (सहमानः) हराता हुआ तू (एषाम्) इनके (ऊर्जम्) अन्न और (रयिम्) धन को (अस्मासु) हम [धर्मात्माओं] में (आ धेहि) सब प्रकार धारण कर ॥ ४६ ॥

भावार्थ—परमेश्वर के नियम से धर्मात्मा लोग अधर्मियों को सदा नीचा रखते हैं ॥ ४६ ॥

४५—(जीवानाम्) जीवताम् । पुरुषार्थिनाम् (आयुः) जीवनम् (प्रतर) प्रवर्धय (त्वम्) (अग्ने) हे ज्ञानस्वरूप परमेश्वर (पितॄणाम्) पालकानाम् । विदुषाम् (लोकम्) समाजम् (अपि) एव (गच्छन्तु) प्राप्नुवन्तु (ये) (मृताः) त्यक्तप्राणाः । पुरुषार्थहीनाः (सुगार्हपत्यः) विद्वद्भिर्गृहपतिभिः संयुक्तः (वितपन्) विविधं दहन् (अरातिम्) शत्रुम् (उषामुषाम्) प्रत्युषम् (श्रेयसीम्) अधिकश्रेयस्करीम् (धेहि) धारय (अस्मै) उपासकाय ॥

४६—(सर्वान्) (अग्ने) हे ज्ञानस्वरूप परमात्मन् (सहमानः) अभिभवन् (सपत्नान्) शत्रून् (आ) समन्तात् (एषाम्) शत्रूणाम् (ऊर्जम्) अन्नम् (रयिम्) धनम् (अस्मासु) धार्मिकेषु (धेहि) धारय ॥ ४६ ॥

इ॒ममिन्द्रं॒ वह्नि॑ प॒प्रिम॒न्वार॑भध्वं॒ स वो॒ निर्व॑क्षद् दुरि॒ताद॑व॒द्यात्। तेनाप॑ हत॒ शरु॑मा॒पत॑न्तं॒ तेन॑ रु॒द्रस्य॒ परि॑ पाता॒स्ताम् ॥ ४७ ॥

इ॒मम्। इन्द्र॑म्। वह्नि॑म्। प॒प्रिम्। अ॒नु-आ॒रभ॑ध्वम्। सः। वः। निः। व॒क्ष॒त्। दुः-इ॒तात्। अ॒व॒द्यात् ॥ तेन॑। अप॑। ह॒त॒। शरु॑म्। आ॒-पत॑न्तम्। तेन॑। रु॒द्रस्य॑। परि॑। पा॒त॒। अ॒स्ताम् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (वह्निम्) सब को चलानेवाले, (पप्रिम्) पूर्ण करने वाले (इमम्) इस (इन्द्रम्) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले जगदीश्वर] का (अन्वारभध्वम्) निरन्तर सहारा लो, (सः) वह (वः) तुम को (अवद्यात्) निन्दा से और (दुरितात्) कष्ट से (निः वक्षत्) निकालेगा। (तेन) उस [परमेश्वर] के साथ ही, (आपतन्तम्) आ पड़ते हुये (शरुम्) वज्र को (अप हत) नष्ट कर दो, (तेन) उसी के साथ,(रुद्रस्य) ज्ञान नाशक [शत्रु] के (अस्ताम्) चलाये हुये [तीर] को (परि पात) पृथक् रक्खो ॥ ४७ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा का आश्रय लेकर अपना कर्त्तव्य करते हैं, वे बुराइयों से बचकर दुष्टों के फन्दों में नहीं फंसते ॥ ४७ ॥

४७—[इमम्] पूर्वोक्तम् (इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तं जगदीश्वरम् (वह्निम्) सर्ववोढारम् (पप्रिम्) आदृगमहनजनः किकिनौ लिट् च। पा० ३।२। १७१। प्रा पूरणे—किन्। पूरकम् (अन्वारभध्वम्) निरन्तरमवलम्बध्वम् (सः) परमेश्वरः (वः) युष्मान् (निर्वक्षत्) वहतेर्लेटि सिप्। निर्वहेत् (दुरितात्) कष्टात् (अवद्यात्) निन्द्यव्यवहारात् (तेन) इन्द्रेण सह (अप· हत) नाशयत (शरुम्) वज्रम् (आपतन्तम्) (तेन) (रुद्रस्य) अ० २। २७। ६। रु गतौ—क्विप्, तुक्+रु वधे—ड। रुत् ज्ञानं रवते नाशयतीति रुद्रः, तस्य ज्ञाननाशकस्य शत्रोः (परि) पृथग्भावे (पात) रक्षत (अस्ताम्) क्षिप्तामिषुम् ॥ ४८ ॥

अनुड्वाहं प्लवमन्वारभध्वं स वो निर्वक्षद् दुरितादवद्यात् ।
आ रोहत सवितुर्नावमेतां षड्भिरुर्वीभिरमतिं तरेम ॥ ४८ ॥

अनुड्वाहम् । प्लवम् । अनु-आरभध्वम् । सः । वः । निः । वक्षत् । दुः-इतात् । अवद्यात् ॥ आ । रोहत । सवितुः । नावम् । एताम् । षट्-भिः । उर्वीभिः । अमतिम् । तरेम ४८॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (अनड्वाहम्) जीवन के ले चलने वाले (प्लवम्) [डोंगी रूप] [परमेश्वर] का (अन्वारभध्वम्) निरन्तर सहारा लो, (सः) वह (वः) तुमको (अवद्यात्) निन्दा से और (दुरितात्) कष्ट से (निः वक्षत्) निकालेगा। (सवितुः) चलाने वाले [चतुर नाविक वा मांझी] की (एताम् नावम्) इस नाव पर (आ रोहत) चढ़ो, (षड्भिः) छह (उर्वीभिः) चौड़ी [दिशाओं] से (अमतिम्) विपत्ति को (तरेम) हम पार करें ॥ ४८ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को उचित है कि दुष्ट निन्दित कर्म छोड़ कर दुःख को पार करें, जैसे चतुर मांझी की नाव द्वारा सब ऊपर नीचे और पूर्व आदि दिशाओं में सुरक्षित रह कर समुद्र पार करते हैं ॥ ४८ ॥

अहोरात्रे अन्वेषि बिभ्रत् क्षेम्यस्तिष्ठन् प्रतरणः सुवीरः ।
अनातुरान्त्सुमनसस्तल्प बिभ्रज्ज्योगेव नः पुरुषगन्धिरेधि ४९॥

अहोरात्रे इति । अनु । एषि । बिभ्रत् । क्षेम्यः । तिष्ठन् ।

४८—(अनड्वाहम्) अ० ४।११।१। अन प्राणने असुन्+वह प्रापणे—क्विप्। अनसः प्राणस्य जीवनस्य वा वाहकं गमयितारम् (प्लवम्) प्लुङ् गतौ—अप्। उडुपं भेलं तद्रूपं परमात्मानम् (आ रोहत) अधितिष्ठत (सवितुः) प्रेरकस्य नाविकस्य (नावम्) नौकाम् (एताम्) (षड्भिः) ऊर्ध्वाधोभ्यां सह पूर्वादिभिः (उर्वीभिः) विस्तृताभिर्दिग्भिः (अमतिम्) अमेरतिः। उ० ४।५० अम पडिने—अति। विपत्तिम् (तरेम) पारयेम। अन्यत् पूर्ववत्-म० ४७ ॥

प्र-तरणः । सु-वीरः ॥ अनातुरान् । सु-मनसः । तल्प । बि-भ्रत् । ज्योक् । एव । नः । पुरुष-गन्धिः । एधि ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—[हे परमेश्वर !] तू (बिभ्रत्) धारण करता हुआ (क्षेम्यः तिष्ठन्) सकुशल ठहरता हुआ, (प्रतरणः) बढ़ाता हुआ और (सुवीरः) महावीर होकर (अहोरात्रे) दिन राति (अनु) निरन्तर (एषि) चलता है। (तल्प) हे सहारा देने वाले [ईश्वर !] (नः) हमको (ज्योक्) बहुत काल तक (एव) निश्चय कर के (अनातुरान्) नीरोग और (सुमनसः) प्रसन्नचित्त (बिभ्रत्) रखता हुआ तू (पुरुषगन्धिः) पुरुषों को शोभा देने वाला (एधि) हो ॥ ४६ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को चाहिये कि परमेश्वर को सर्व सुख दाता जान कर प्रयत्न करें कि वे सदा स्वस्थ और प्रसन्न चित्त रह कर मनुष्यों के बीच शोभा बढ़ावें ॥ ४६ ॥

ते दे॒वेभ्य॒ आ वृ॑श्चन्ते पा॒पं जी॑वन्ति स॒र्वदा॑ । क्र॒व्याद्यान॒ग्निर॑न्ति॒कादश्व॑ इवानु॒वप॑ते न॒डम् ॥ ५० ॥ (११)

ते । दे॒वेभ्यः॑ । आ । वृ॒श्च॒न्ते॒ । पा॒पम् । जी॒व॒न्ति॒ । स॒र्व॒दा ॥ क्र॒व्य॒-अत् । यान् । अ॒ग्निः । अ॒न्ति॒कात् । अश्वः॑-इव । अ॒नु॒-वप॑ते । न॒डम् ॥ ५० ॥ (११)

भाषार्थ—(ते) वे लोग (देवेभ्यः) विद्वानों के पास से (आ वृश्चन्ते)

४६—(अहोरात्रे) रात्रिदिने (अनु) निरन्तरम् (एषि) गच्छसि । व्याप्नोषि (बिभ्रत्) धारयन् (क्षेम्यः) सकुशलः (तिष्ठन्) वर्तमानः (प्रतरणः) प्रवर्धनः (सुवीरः) महावीरः (अनातुरान्) नीरोगान् (सुमनसः) प्रसन्नचित्तान् (तल्प) खष्पशिल्पशष्प० । उ० ३ । २८ । तल प्रतिष्ठाकरणे—पप्रत्ययः। हे प्रतिष्ठाप्रद परमेश्वर (बिभ्रत्) धारयन् (ज्योक्) चिरकालम् (नः) अस्मान् (पुरुषगन्धिः) सर्वधातुभ्य इन् । उ० ४ । ११८ । पुरुष + गन्ध अर्दने, गतौ, याचने शोभने च—इन् । पुरुषान् गन्धयते शोभयते यः सः परमेश्वरः (एधि) भव ॥

५०—(ते) मनुष्याः (देवेभ्यः) विद्वत्सकाशात् (आ) समन्तात् (वृ-

कट जाते हैं [अलग हो जाते हैं], और (पापम्) पाप के साथ (सर्वदा) सदा (जीवन्ति) जीवते हैं। (यान्) जिन को (क्रव्यात्) मांस भक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापकारी पाप] (अन्तिकात्) निकट से (अनुवपते) काट गिराता है, (अश्व इव) जैसे घोड़ा (नडम्) नरकट घास को [कुचल डालता है] ॥ ५० ॥

भावार्थ—जो पापी मनुष्य विद्वानों से पृथक् रहते हैं, वे मतिभ्रष्ट हो कर अपने को गिराते हैं ॥ ५० ॥

ये॑ऽश्र॒द्धा धन॑का॒म्या क्र॒व्यादा॑ स॒मास॑ते।
ते वा अ॒न्येषां॑ कु॒म्भीं प॒र्याद॑धति स॒र्व॒दा ॥ ५१ ॥

ये। अ॒श्र॒द्धाः। ध॒न॒ऽका॒म्या। क्र॒व्य॒ऽअदा॑। स॒म्ऽआस॑ते॥ ते। वै। अ॒न्येषा॑म्। कु॒म्भीम्। प॒रि॒ऽआद॑धति। स॒र्व॒ऽदा ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—(ये) जो (अश्रद्धाः) श्रद्धा हीन (धनकाम्या) धन की कामना से (क्रव्यादा) मांस भक्षक [पाप] के साथ (समासते) मिलकर बैठते हैं। (ते) वे लोग (वै) निश्चय कर के (अन्येषाम्) दूसरों की (कुम्भीम्) हांडी को (सर्वदा) सदा (पर्यादधति)चढ़ाते हैं ॥ ५१ ॥

भावार्थ—जो लोग परमेश्वर में श्रद्धा नहीं रखते और कुकर्मों में फंस कर पाप करते हैं, वे निर्धनी होकर पराधीन होते हैं ॥ ५१ ॥

श्चन्ते) वृश्च्यन्ते। छिद्यन्ते। पृथग् भवन्ति (पापम्) यथा तथा, पापेन (जीवन्ति) (सर्वदा) (क्रव्यात्) मांसभक्षकः (यान्) पुरुषान् (अग्निः) अग्निवत्सन्तापको दोषः (अन्तिकात्) समीपात् (अश्वः) (इव) (अनुवपते) निरन्तरं मुण्डयति छिनत्ति (नडम्) तृणविशेषम् ॥

५१—(ये पुरुषाः (अश्रद्धाः) श्रद्धाहीनाः (धनकाम्या) वसिवपिपजि०। उ० ४।१२५। कमु कान्तौ—इञ्। धनस्य कामनया (क्रव्यादा) मांसभक्षकेण पापेन सह (समासते) मिलित्वा तिष्ठन्ति (ते) पुरुषाः (वै) निश्चयेन (अन्येषाम्) (कुम्भीम्) उखाम्। स्थालीम् (पर्य्यादधति) चुल्लिप्रदेशे स्थापयन्ति (सर्वदा) ॥

प्रेवं पिपतिषति मनसा मुहुरा वर्तते पुनः ।
क्रव्याद् यानग्निरन्तिकादनुविद्वान् वितावति ॥ ५२ ॥

प्र-इव । पिपतिषति । मनसा । मुहुः । आ । वर्तते । पुनः ॥ क्रव्य-अत् । यान् । अग्निः । अन्तिकात् । अनु-विद्वान् । वि-तावति ॥ ५२ ॥

भाषार्थ—वह [मनुष्य] (मनसा) अपने मन से (प्र इव) आगे बढ़ता हुआ सा (पिपतिषति) ऐश्वर्यवान् होना चाहता है और (मुहुः) बारं बार (पुनः) पीछे को (आ वर्तते) लौट आता है। (यान्=यम्) जिस [मनुष्य] को (क्रव्यात्) मांस भक्षक (अग्निः) अग्नि [समान सन्तापकारी दोष आदि] (अन्तिकात्) निकट से (अनुविद्वान्) निरन्तर जानता हुआ (वितावति) सता डालता है ॥ ५२ ॥

भावार्थ—पापी मनुष्य यद्यपि अपने को ऐश्वर्यवान् बनाने की चेष्टा करता है, परन्तु सत्य बल न होने से गिरता ही जाता है ॥ ५२ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध पीछे—म० ३८ में आ चुका है ॥

अविः कृष्णा भागधेयं पशूनां सीसं क्रव्यादपि चन्द्रं त आहुः ।
माषाः पिष्टा भागधेयं ते हव्यमरण्यान्या गह्वरं सचस्व ॥ ५३ ॥

अविः । कृष्णा । भाग-धेयम् । पशूनाम् । सीसम् । क्रव्य-अत् । अपि । चन्द्रम् । ते । आहुः ॥ माषाः । पिष्टाः । भाग-धेयम् । ते । हव्यम् । अरण्यान्याः । गह्वरम् । सचस्व ॥ ५३ ॥

भाषार्थ—(कृष्णा) आकर्षण करने वाली (अविः) रक्षिका प्रकृति

५२—(प्र इव) प्रकर्षेण गच्छन् यथा (पिपतिषति) पतॢ गतौ ऐश्वर्ये च—सन् । ऐश्वर्यवान् भवितुमिच्छति (मनसा) चित्तेन (मुहुः) वारंवारम् (आ वर्तते) आगत्य वर्तते (पुनः) पश्चात् ॥ अन्यत् पूर्ववत्—म० ३८ ॥

५३—(अविः) म० १६ । रक्षिका प्रकृतिः । सृष्टिः (कृष्णा) आकर्षण-

[सृष्टि] (पशूनाम्) सब जीवों का (भागधेयम्) सेवनीय पदार्थ है। (क्रव्यात्) हे मांस भक्षक ! [पाप] (ते) तेरे (चन्द्रम्) सुवर्ण को (अपि) भी (सीसम्) सीसा [जस्ता आदि निकृष्ट धातु समान] (आहुः) वे [विद्वान् लोग] बताते हैं। [हे पाप!] (पिष्टाः) चूर्ण किये हुये (माषाः) वध व्यवहार [संग्राम आदि] (ते) तेरा (हव्यम्) ग्राह्य (भागधेयम्) भाग होता है, (अरण्यान्याः) बड़े बन की (गह्वरम्) गुहा का (सचस्व) सेवन कर ॥५३॥

भावार्थ—परमेश्वर ने सृष्टि नियम सब प्राणियों के लिये हितकारी बनाये हैं। उन से विरुद्धगामी पुरुष मृगतृष्णा में फंसकर परस्पर युद्ध में अपना जीवन निष्फल करते हैं। ऐसे दुष्ट पाप से सब मनुष्य पृथक् रहें ॥ ५३ ॥

इषीकां जरतीमिष्ट्वा तिल्पिञ्जं दण्डनं नडम् ।
तमिन्द्र इध्मं कृत्वा यमस्याग्निं निरादधौ ॥ ५४ ॥

इषीकाम् । जरतीम् । इष्ट्वा । तिल्पिञ्जम् । दण्डनम् । नडम् ॥ तम् । इन्द्रः । इध्मम् । कृत्वा । यमस्य । अग्निम् । निः-आदधौ ॥ ५४ ॥

भाषार्थ—(इन्द्रः) इन्द्र [बड़े ऐश्वर्य वाले जगदीश्वर] ने (जरतीम्) स्तुति योग्य (इषीकाम्) प्राप्तियोग्य [वेद वाणी] (इष्ट्वा) देकर और

शीला (भागधेयम्) भागः (पशूनाम्) व्यक्तवाचां चाव्यक्तवाचां च जीवानाम्—निरु० ११ । २८ । (सीसम्) निकृष्टधातुविशेषम् (क्रव्यात्) हे मांसभक्षक पाप (अपि) एव (चन्द्रम्) आह्लादकं सुवर्णम् (ते) तव (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (माषाः) मष वधे—घञ् । वधव्यवहाराः । संग्रामादयः (पिष्टाः) चूर्णिताः (भागधेयम्) भागः (ते) तव (हव्यम्) ग्राह्यम् (अरण्यान्याः) इन्द्रवरुणभवशर्व० । पा० ४ । १ । ४९ । अरण्य—ङीष्, आनुक् । महारण्यस्य (गह्वरम्) गुहाम् (सचस्व) षच सम्बन्धे—संवधान । सेवस्व ॥

५४—(इषीकाम्) ईष गतौ हिंसने च—ईकन्, टाप् । प्राप्तव्यां वेदवाणीन् (जरतीम्) जरा स्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० १० । ८ । जीर्य-

(तिल्पिञ्जम्) गति अर्थात् प्रयत्न के निवास वाले (दण्डनम्) दण्ड व्यवहार और (नडम्) प्रबन्ध व्यवहार को (इध्मम्) प्रकाशमान (कृत्वा) करके (यमस्य) न्यायाधीश के (तम्) उस (अग्निम्) प्रताप को (निरादधौ) निश्चय करके ठहराया है ॥ ५४ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने वेद द्वारा समस्त विद्याओं और नियमों का प्रकाश करके बताया है कि जो न्यायी मनुष्य ईश्वर नियम पर चलते हैं, वे जगत् में प्रतापी होते हैं ॥ ५४ ॥

प्रत्यञ्चमर्कं प्रत्यर्पयित्वा प्रविद्वान् पन्थां वि ह्याविवेश । परामीषामसून् दिदेश दीर्घेणायुषा समिमान्त्सृजामि ॥५५ (१२)

प्रत्यञ्चम् । अर्कम् । प्रति-अर्पयित्वा । प्र-विद्वान् । पन्थाम् । वि । हि । आ-विवेश ॥ परा । अमीषाम् । असून् । दिदेश । दीर्घेण । आयुषा । सम् । इमान् । सृजामि ॥ ५५ ॥ (१२)

भाषार्थ—(प्रत्यञ्चम्) सन्मुख चलते हुये (अर्कम्) सूर्य को (प्रत्यर्पयित्वा) प्रत्यक्ष स्थापित करके (प्रविद्वान्) बड़े विद्वान् मैं [परमेश्वर] ने (हि) ही (पन्थाम्) मार्ग में (वि) विविध प्रकार (आविवेश) प्रवेश किया है। (अमीषाम्) इन सब [प्राणियों और लोकों] के (असून्) प्राणों

लेरतृन्। पा० ३। २। १०४। जॄ स्तुतौ—अतृन्=अत्, ङीप्। स्तुत्याम् (इष्ट्वा) यज दाने। दत्त्वा (तिल्पिञ्जम्) तिल गतौ स्निग्धीभावे च—क्विप्+पिजि हिंसाबलादाननिकेतनेषु—अच्। गतेः प्रयत्नस्य निवासम् (दण्डनम्) दण्डपातव्यवहारम् (नडम्) नल बन्धे—अच्, लस्य डः। प्रबन्धम् (तम्) प्रसिद्धम् (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् जगदीश्वरः (इध्मम्) प्रकाशमानम् (कृत्वा) (यमस्य) न्यायाधीशस्य (अग्निम्) प्रतापम् (निरादधौ) निश्चयेन सम्यक् स्थापितवान् ॥

५५—(प्रत्यञ्चम्) प्रत्यक्षेण गच्छन्तम् (अर्कम्) सूर्यम् (प्रत्यर्पयित्वा क्त्वापि छन्दसि। पा० ७। १। ३८ अनञ्पूर्वे क्त्वा। प्रत्यर्प्य। प्रत्यक्षं स्थापयित्वा (प्रविद्वान्) प्रकर्षेण जानन् परमेश्वरोऽहम् (पन्थाम्) पन्थानम् (वि) विविधम् (हि) निश्चयेन (आ विवेश) प्रविष्टवानस्मि (परा)

को (परा) पराक्रम से (दिदेश) मैंने आज्ञा में रक्खा है, (दीर्घेण आयुषा) दीर्घ आयु के साथ (इमान्) इन सब [प्राणियों और लोकों] की (सं सृजामि) संयुक्त करता हूं ॥ ५५ ॥

भावार्थ—जैसे परमात्मा सूर्य आदि लोकों को बनाकर नियमबद्ध करके चिरकाल तक ठहराता है, वैसे ही, हे मनुष्यो! तुम ब्रह्मचर्य आदि नियमों पर चलकर अपना जीवन बड़ा बनाओ ॥ ५५ ॥

॥ इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥

अथ तृतीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ३ ॥ [स्वर्गसूक्तम्]

१—६० ॥ स्त्रीपुरुषौ दम्पती वा देवते; अग्न्योदनस्वर्गादिमन्त्रोक्ताश्च देवताः ॥ १, ८, ११, १६, २१, ३५, ४३ भुरिक् त्रिष्टुप्; २–७; १३, १४, १५, १७, १८, २०, २३, २६–३४, ३६, ३७, ३८, ४०, ४२, ४४, ४५, ४६, ४८, ५१—५४ त्रिष्टुप्; ९, १०, १९, २५, ४७, ५० निचृत् त्रिष्टुप्; १२, २२ निचृज् जगती; २४ विराड् जगती; ३९, ४१ विराट् त्रिष्टुप्; ४९ त्रिष्टुप्, प्रियमिति, विराट्, धेनुरिति स्वराट्; ५५, ५७, ५८ अतिधृतिः; ५६ कृतिः; ५९ भुरिक् कृतिः; ६० भुरिगतिधृतिश्छन्दः ॥

परस्परोन्नतिकरणोपदेशः—परस्पर उन्नति करने का उपदेश ॥

पुमा॑न् पुं॒सोऽधि॑ तिष्ठ॒ चर्मे॑हि॒ तत्र॑ ह्वयस्व यत॒मा प्रि॒या ते॑ ।
याव॑न्ता॒वग्रे॑ प्रथ॒मं सं॑मे॒यथु॒स्तद् वां॒ वयो॑ यम॒राज्ये॑ स॒मा॒नम् ॥ १ ॥

पुमा॑न् । पुं॒सः । अधि॑ । ति॒ष्ठ॒ । चर्म॑ । इ॒हि॒ । तत्र॑ । ह्व॒य॒स्व॒ । य॒त॒मा । प्रि॒या । ते॒ ॥ याव॑न्तौ । अग्रे॑ । प्र॒थ॒मम् । स॒म्-ए॒यथुः॑ । तत् । वा॒म् । वयः॑ । य॒म-रा॒ज्ये॑ । स॒मा॒नम् ॥ १ ॥

प्राधान्येन (अमीषाम्) प्राणिनां लोकानां च (असून्) प्राणान् (दिदेश) आज्ञापितवानस्मि (दीर्घेण) चिरकालेन (आयुषा) जीवनेन (इमान्) जीवान् लोकांश्च (सं सृजामि) संयोजयामि ॥

भाषार्थ—[हे प्राणी !] तू (पुमान्) रक्षक [पुरुष होकर] (पुंसः) रक्षक [पुरुषों] पर (अधि तिष्ठ) अधिष्ठाता हो, (चर्म) ज्ञान (इहि) प्राप्त कर, (तत्र) वहां [ज्ञान के भीतर] [उस शक्ति को] (ह्वयस्व) बुला, (यतमा) जौन सी [शक्ति अर्थात् परमेश्वर] (ते) तेरे लिये (प्रिया) प्रिय करने वाली है। (यावन्तौ) जितने [पराक्रमी] तुम दोनों ने (अग्रे) पहिली अवस्था में (प्रथमम्) प्रधान कर्म (समेयथुः) मिलकर पाया है, (तत्) उतना ही (वाम्) तुम दोनों का (वयः) जीवन (यमराज्ये) न्यायाधीश [परमेश्वर] के राज्य में (समानम्) समान है ॥ १ ॥

भावार्थ—स्त्री पुरुषों को योग्य है कि प्रथम अवस्था में ब्रह्मचर्य सेवन से मनुष्यों में उत्तम ज्ञान प्राप्त करके अपने अपने पुरुषार्थ के अनुसार जीवन भर सुखी रहें ॥ १ ॥

तावद् वां चक्षुस्तति वीर्याणि तावत् तेजस्ततिधा वाजिनानि । अग्निः शरीरं सचते यदैधोऽधा पक्वान्मिथुना सं भवाथः ॥२॥

तावत् । वाम् । चक्षुः । तति । वीर्याणि । तावत् । तेजः । तति-धा । वाजिनानि ॥ अग्निः । शरीरम् । सचते । यदा । एधः । अध । पक्वात् । मिथुना । सम् । भवाथः ॥ २ ॥

भाषार्थ—(वाम्) तुम दोनों की (तावत्) उतनी [पूर्व कर्म अनु-

१—(पुमान्) अ० १ । ८ । १ । पातीति पुमान् । रक्षको जीवः (पुंसः) रक्षकान् (अधि) अधिकृत्य (तिष्ठ) वर्तस्व (चर्म) चर गतिभक्षणयोः—मनिन् । ज्ञानम् (इहि) प्राप्नुहि (तत्र) ज्ञाने (ह्वयस्व) आह्वय (यतमा) बह्वीषु या शक्तिस्तामिति शेषः (प्रिया) हिता (ते) तुभ्यम् (यावन्तौ) यत्परिमाणौ पराक्रमिणौ (अग्रे) पूर्वे वयसि (प्रथमम्) प्रधानं कर्म (समेयथुः) सम्+आङ्+ईयथुः । युवां मिलित्वा प्राप्तवन्तौ (तत्) तावत् (वाम्) युवयोः (वयः) जीवनम् (यमराज्ये) न्यायाधीशस्य परमेश्वरस्य न्यायव्यवहारे (समानम्) तुल्यम् ॥

२—(तावत्) तत्परिमाणम् (वाम्) युवयोः स्त्रीपुरुषयोः (चक्षुः)

सार] (चक्षुः) दृष्टि है, (तति) उतने (वीर्याणि) वीर कर्म हैं, (तावत्) उतना (तेजः) तेज और (ततिधा) उतने प्रकार से (वाजिनानि) पराक्रम हैं, (यदा) जिस समय में वह [जीव] (शरीरम्) शरीर को (सचते) मिलता है, [जैसे] (अग्निः) अग्नि (एधः) इन्धन को [मिलता है], (अध) सो, (मिथुना) हे तुम दोनों बुद्धिमानो ! (पक्वात्) परिपक्व [ज्ञान] से (सम् भवाथः) शक्तिमान् हो जाओ ॥ २ ॥

भावार्थ—सब स्त्री पुरुष जन्म समय पर अपने अपने पूर्वकृत कर्म के अनुसार उत्तम उत्तम साधन पाते हैं, जैसे अग्नि इन्धन पाकर प्रज्वलित होता है ॥ २ ॥

सम॒स्मिँल्लो॒के समु॑ देव॒याने॒ सं स्मा॑ समे॒तं य॑मरा॒ज्ये॑षु । पू॒तौ प॒वित्रै॒रुप॒ तद्ध्व॑येथां॒ यद्य॒द् रेतो॒ अधि॑ वां संब॒भूव॑ ॥ ३ ॥

सम् । अ॒स्मिन् । लो॒के । सम् । ऊं॒ इति॑ । दे॒व॒ऽयाने॑ । सम् । स्म॒ । स॒म्ऽए॒तम् । य॒म॒ऽरा॒ज्ये॑षु ॥ पू॒तौ । प॒वित्रैः॑ । उप॑ । तत् । ह्व॒ये॒था॒म् । यत्ऽय॑त् । रेतः॑ । अधि॑ । वा॒म् । स॒म्ऽब॒भूव॑ ॥

भाषार्थ—(अस्मिन् लोके) इस लोक [संसार वा जन्म) में (सम्) मिलकर, (देवयाने) विद्वानों के मार्ग में (उ) ही (सम्) मिलकर और (यमराज्येषु) न्यायाधीश [परमात्मा] के राज्यों [राज्य नियमों] में (सम् स्म)

दर्शनसामर्थ्यम् (तति) तावन्ति (वीर्याणि) वीरकर्माणि (तावत्) (तेजः) प्रतापः (ततिधा) तावत्प्रकारेण (वाजिनानि) पराक्रमाः (अग्निः) पावको यथा (शरीरम्) देहम् (सचते) संगच्छते प्राणी (यदा) यस्मिन् काले (एधः) इन्धनं यथा (अध)अथ । तदनन्तरम् (पक्वात्) दृढ़ाज् ज्ञानात् (मिथुना) क्षुधिपिशिमिथिः कित् । उ० ३ । ५५ । मिथ वधे मेधायां च—उनन् । हे मेधाविनौ (सं भवाथः) लेटि रूपम् । युवां शक्तौ भवतम् ॥

३—(सम्) संगत्य (अस्मिन्) वर्तमाने (लोके) संसारे जन्मनि वा (सम्) (उ) एव (देवयाने) विदुषां मार्गे (सम्) (स्म) अवश्यम् (समेतम्) सम्+आङ्+इतम् । युवां संगतौ भवतम् (यमराज्येषु) न्यायाधीशस्य

अवश्य मिलकर (समेतम्) तुम दोनों साथ साथ चलो। (पवित्रैः) पवित्र कर्मों से (पूतौ) पवित्र तुम दोनों (तत्) उस [बल] को (उप ह्वयेथाम्) आदर से बुलाओ, (यद्यत्) जो जो (रेतः) वीर्य [बल] (वाम् अधि) तुम दोनों में अधिकार पूर्वक (संबभूव) उत्पन्न हुआ है ॥ ३ ॥

भावार्थ—स्त्री पुरुषों को चाहिये कि संसार के बीच विद्वानों के मार्ग से परमात्मा के नियमों पर चल कर धार्मिक व्यवहार से दोनों मिलकर उस सामर्थ्य का प्रकाश करें जिस को उन्होंने ब्रह्मचर्य आदि से पाया है ॥ ३ ॥

आपः॑ पुत्रासो अ॒भि सं वि॑शध्वमि॒मं जी॒वं जी॑वधन्याः स॒मेत्य॑।
तासां॑ भजध्वम॒मृतं॒ यमा॒हुर्यमो॑द॒नं पच॑ति वां॒ जनि॑त्री ॥ ४ ॥

आपः॑। पु॒त्रा॒सः॒। अ॒भि। सम्। वि॒श॒ध्व॒म्। इ॒मम्। जी॒वम्। जी॒व॒-ध॒न्याः॒। स॒म्-एत्य॑॥ तासा॑म्। भ॒ज॒ध्व॒म्। अ॒मृत॑म्। यम्। आ॒हुः। यम्। ओ॒द॒नम्। पच॑ति। वा॒म्। जनि॑त्री ॥४॥

भावार्थ—(पुत्रासः) हे पुत्रो ! [नरक से बचाने वालो !] (जीवधन्याः) जीवों में धन्य [बड़ाई योग्य] तुम सब ! (इमम् जीवम्) इस जीवते [जीवात्मा] से (समेत्य) समागम करके, (आपः=अपः) आप्त प्रजाओं में (अभि) सब ओर (सम्) मिलते हुये (विशध्वम्) प्रवेश करो । (तासाम्) उन [प्रजाओं] के बीच (अमृतम्) उस अमर [परमात्मा] को (भजध्वम्) तुम सब सेवो, (यम्) जिस को (ओदनम्) ओदन [सुख

परमेश्वरस्य राज्यनियमेषु (पूतौ) शुद्धौ (पवित्रैः) शुद्धकर्मभिः (तत्) रेतः (उप ह्वयेथाम्) आह्वयतम् (यद्यत्) (रेतः) वीर्यं सामर्थ्यम् (अधि) अधिकृत्य (वाम्) युवाम् (संबभूव) उत्पन्नो बभूव ॥

४—(आपः) द्वितीयार्थे जस् । अपः । आप्ताः प्रजाः—दयानन्दभाष्ये, यजु० ६ । २७ (पुत्रासः) अ० १ । ११ । ५ । पुन्नाम्नो नरकाद् यस्मात् पितरं त्रायते सुतः । तस्मात् पुत्र इति प्रोक्तः पितॄन् यः पाति सर्वतः ॥ रामायणे, २ । १०७ । १२ । हे पुत्राः । नरकाद् रक्षकाः (अभि) सर्वतः (सम्) संगत्य (विशध्वम्) प्रविशत (इमम्) अन्तर्हितम् (जीवम्) जीवन्तं पुरुषार्थिनं प्राणिनम् (जीवधन्याः) हे जीवेषु श्लाघ्याः (समेत्य) समागत्य (तासाम्)

बरसाने वाला वा मेघरूप परमेश्वर] (आहुः) वे [विद्वान्] कहते हैं, (यम्) जिस को (वाम्) तुम दोनों की (जनित्री) उत्पन्न करने वाली [जन्म व्यवस्था] (पचति) परिपक्व [दृढ़] करती है ॥ ४ ॥

भावार्थ—हे मनुष्यो ! तुम अपने जीवित पुरुषार्थी आत्मा को पहिचान कर प्रजाओं को कष्टों से छुड़ाओ, और अविनाशी परमात्मा का सदा ध्यान रक्खो; उसने अपनी न्याय व्यवस्था से तुम को उत्तम स्त्री और पुरुष बनाया है ॥ ४ ॥

यं वां पिता पचति यं च माता रिप्रान्निर्मुक्त्यै शमलाच्च वाचः।
स ओदनः शतधारः स्वर्ग उभे व्याप नभसी महित्वा॥ ५ ॥

यम् । वाम् । पिता । पचति । यम् । च । माता । रिप्रात् । निः-मुक्त्यै । शमलात् । च । वाचः ॥ सः। ओदनः। शत-धारः । स्वः-गः। उभे इति । वि । आप । नभसी इति । महि-त्वा ५

भाषार्थ—(यम्) जिस [परमेश्वर] को (वाम्) तुम दोनों का (पिता) पिता (च) और (यम्) जिस को (माता) तुम्हारी माता (रिप्रात्) पाप से (च) और (शमलात्) भ्रष्ट व्यवहार से (निर्मुक्त्यै) छूटने के लिये (वाचः) अपनी वाणियों द्वारा (पचति) पक्का [दृढ़] करती है। (सः) वह (शतधारः) सैकड़ों धारण शक्तियों वाला, (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला (ओदनः) ओदन [सुख बरसाने वाला परमेश्वर] (महि-

---

अपाम् । प्रजानां मध्ये (अमृतम्) मरणरहितम् । अविनाशिनम् (यम्) (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (यम्) (ओदनम्) अ० ११ । १ । १७ । सुखस्य वर्षकं मेघरूपं वा परमात्मानम् । ओदनो मेघः—निघ० १ । १० (पचति) दृढंकरोति (वाम्) युवयोः (जनित्री) जनयित्री । जन्मव्यवस्था ॥

५—(यम्) ओदनं परमेश्वरम् (वाम्) युवयोः (पिता) जनकः (पचति) अयं द्विकर्मकः । पक्वं करोति (यम्) (च) (माता) (रिप्रात्) पापात् (निर्मुक्त्यै) वियोजनाय (शमलात्) अ० १२ । २ । ४० । भ्रष्टव्यवहारात् (च) (वाचः) अकथितं च । पा० १ । ४ । ५१ । तृतीयार्थे द्वितीया । वाग्भिः (सः) (ओदनः) सुखवर्षकः परमेश्वरः (शतधारः) बहुधारणसामर्थ्योपेतः (स्वर्गः) सुखप्रापकः (उभे) (व्याप) व्याप्तवान् (नभसी)

त्वा) अपने महत्त्व से (उभे) दोनों (नभसी) सूर्य और पृथिवी [प्रकाशमान और अप्रकाशमान] लोकों में (वि आप) व्यापक हुआ है ॥ ५ ॥

भावार्थ—हे स्त्री पुरुषो ! जिस परमात्मा को तुम्हारे विद्वान् माता पिता ने पाप से छुटने के लिये साक्षात् किया है, वैसा ही तुम जानो ॥ ५ ॥

उभे नभसी उभयांश्च लोकान् ये यज्वनामभिजिताः स्वर्गाः ।
तेषां ज्योतिष्मान् मधुमान् यो अग्रे तस्मिन् पुत्रैर्जरसि सं श्रयेथाम् ॥ ६ ॥

उभे इति । नभसी इति । उभयान् । च । लोकान् । ये । यज्वनाम् । अभि-जिताः । स्वः-गाः ॥ तेषाम् । ज्योतिष्मान् । मधुमान् । यः । अग्रे । तस्मिन् । पुत्रैः । जरसि । सम् । श्रयेथाम् ६

भाषार्थ—(ये) जो [लोक] (यज्वनाम्) यज्ञ [श्रेष्ठ व्यवहार] करने वालों के (अभिजिताः) सब ओर से जीते हुये और (स्वर्गाः) सुख पहुंचाने वाले हैं, (तेषाम्) उन [लोकों] के मध्य (यः) जो [परमेश्वर] (अग्रे) पहिले से (ज्योतिष्मान्) प्रकाशमय और (मधुमान्) ज्ञानमय है, (तस्मिन्) उस [परमेश्वर] में [वर्तमान] (उभे) दोनों (नभसी) सूर्य और पृथिवी [प्रकाशमान और अप्रकाशमान] लोकों को (च) और (उभयान्) दोनों [स्त्री पुरुष] समूह वाले (लोकान्) लोकों [समाजों वा घरों] को (पुत्रैः) अपने पुत्रों [दुःख से बचाने वालों] के साथ (जरसि) स्तुति में रहकर (सं श्रयेथाम्) तुम दोनों [स्त्री पुरुष] मिलकर सेवो ॥ ६ ॥

द्यावापृथिव्यौ । प्रकाशमानाप्रकाशमानौ लोकौ (महित्वा) महत्त्वेन ॥

६—(उभे) द्वे (नभसी) द्यावापृथिव्यौ (उभयान्) स्त्रीपुरुषसमूहद्वययुक्तान् (च) (लोकान्) समाजान् गृहाणि वा (ये) लोकाः (यज्वनाम्) अ० ४ । २१ । २ । यज—ङ्वनिप् । वेदविधानेन कृतधर्मणाम् (अभिजिताः) अभिप्राप्ताः (स्वर्गाः) सुखप्रापकाः (तेषाम्) लोकानां मध्ये (ज्योतिष्मान्) तेजोमयः (मधुमान्) विज्ञानमयः (यः) परमेश्वरः (अग्रे) आदौ (तस्मिन्) परमेश्वरे (पुत्रैः) म० ४ । नरकात् त्रायकैः सह (जरसि) अ० १ । ३० । २ । जॄ स्तुतौ—असुन् । स्तुतौ (संश्रयेथाम्) युवां परस्परं सेवेथाम् ॥

भावार्थ—स्त्री पुरुषों को चाहिये कि विद्वानों के समान परमात्मा के रचे पदार्थों से यथावत् उपकार लेकर अपने विद्वान् धीर सन्तानों के साथ कीर्तिमान् होकर आनन्द पावें ॥ ६ ॥

प्राचींप्राचीं प्रदिशमा रभेथामेतं लोकं श्रद्दधानाः सचन्ते ।
यद् वां पक्वं परिविष्टमग्नौ तस्य गुप्तये दंपती सं श्रयेथाम् ॥७॥

प्राचीम्-प्राचीम् । प्र-दिशम् । आ । रभेथाम् । एतम् । लोकम् । श्रत्-दधानाः । सचन्ते ॥ यत् । वाम् । पक्वम् । परि-विष्टम् । अग्नौ । तस्य । गुप्तये । दंपती इति दम्-पती । सम् । । श्रयेथाम् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(प्राचींप्राचीम्) प्रत्येक आगे वाली (प्रदिशम्) बड़ी दिशा को (आ रभेथाम्) तुम दोनों आरम्भ करो, (एतम्) इस [आगे बढ़ाने वाले] (लोकम्) दर्शनीय पद को (श्रद्दधानाः) श्रद्धा रखनेवाले लोग (सचन्ते) सेवते हैं। (यत्) जो कुछ (वाम्) तुम दोनों का (पक्वम्) परिपक्व [दृढ़ ज्ञान] (अग्नौ) प्रकाश स्वरूप [परमात्मा] में (परिविष्टम्) प्रविष्ट है, (तस्य) उस [ज्ञान] की (गुप्तये) रक्षा के लिये, (दम्पती) हे पति पत्नी ! (सं श्रयेथाम्) तुम दोनों मिलकर आश्रय लो ॥ ७ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार प्रमात्मा में श्रद्धा वाले पुरुष शुभकामों में बढ़ते जाते हैं, उसी प्रकार विद्वान् पति पत्नी उस जगदीश्वर में पूर्ण विश्वास करके परस्पर प्रीति से ज्ञान की रक्षा और वृद्धि करें ॥७॥

यह मन्त्र कुछ भेद से आचुका है—अ० ६। १२२। ३॥

७—(प्राचींप्राचीम्) अ० ३। २७। १। प्रत्येकाभिमुखीभूताम् (प्रदिशम्) प्रकृष्टां दिशाम् (आ रभेथाम्) आरम्भं कुरुतम् (एतम्) (लोकम्) दर्शनीयं पदम् (श्रद्दधानाः) श्रद्धावन्तः (सचन्ते) सेवन्ते (यत्) ज्ञानम् (वाम्) युवयोः (पक्वम्) दृढं ज्ञानम् (परिविष्टम्) प्रविष्टम् (अग्नौ) ज्ञानस्वरूपे परमात्मनि (तस्य) ज्ञानस्य (गुप्तये) रक्षायै (दम्पती) हे भार्यापती (सम्) परस्परम् (श्रयेथाम्) सेवेथाम् ॥

दक्षिणां दिशमभि नक्षमाणौ पर्यावर्तेथामभि पात्रमेतत् ।
तस्मिन् वां यमः पितृभिः संविदानः पक्वाय शर्म बहुलं नि यच्छात् ॥ ८ ॥

दक्षिणाम् । दिशम् । अभि । नक्षमाणौ । परि-आवर्तेथाम् । अभि । पात्रम् । एतत् ॥ तस्मिन् । वाम् । यमः । पितृभिः । सम्-विदानः । पक्वाय । शर्म । बहुलम् । नि । यच्छात् ॥८॥

भाषार्थ—(दक्षिणाम्) दाहिनी (दिशम् अभि) दिशा की ओर (नक्षमाणौ) चलते हुये तुम दोनों (एतत्) इस (पात्रम् अभि) रक्षासाधन [ब्रह्म] की ओर (पर्यावर्तेथाम्) घूमते हुये वर्तमान हो। (तस्मिन्) उस [ब्रह्म] में (वाम्) तुम दोनों का (यमः) नियम (पितृभिः) रक्षक [विद्वानों] के साथ (संविदानः) मिला हुआ (पक्वाय) परिपक्व [दृढ़ ज्ञान] के लिये (बहुलम्) बहुत (शर्म) आनन्द (नि) निरन्तर (यच्छात्) देवे ॥ ८ ॥

भावार्थ—दाहिनी दिशा को भी चलते हुये स्त्री पुरुष परमात्मा को साक्षात् करके विद्वानों के सत्संग से ब्रह्मचर्य आदि नियम पालते हुये ज्ञान के साथ आनन्द प्राप्त करें ॥ ८ ॥

प्रतीची दिशामियमिद् वरं यस्यां सोमो अधिपा मृडिता च ।
तस्यां श्रयेथां सुकृतः सचेथामधा पक्वान्मिथुना सं भवाथः ॥ ९ ॥

प्रतीची । दिशाम् । इयम् । इत् । वरम् । यस्याम् । सोमः । अधि-पाः । मृडिता । च ॥ तस्याम् । श्रयेथाम् । सु-कृतः । सचेथाम् । अध । पक्वात् । मिथुना । सम् । भवाथः ॥ ९ ॥

८—(दक्षिणाम्) दक्षिणहस्तगताम् (दिशम्) (अभि) प्रति (नक्षमाणौ) गच्छन्तौ—निघ० २। १४। (पर्यावर्तेथाम्) परित आगत्य वर्तेथाम् (अभि) प्रति (पात्रम्) रक्षासाधनं ब्रह्म (एतत्) प्रत्यक्षम् (तस्मिन्) ब्रह्मणि (वाम्) युवयोः (यमः) नियमः (पितृभिः) रक्षकैर्विद्वद्भिः (संविदानः) संगच्छमानः (पक्वाय) दृढज्ञानाय (शर्म) सुखम् (बहुलम्) (नि) नित्यम् (यच्छात्) दद्यात् ॥

भाषार्थ—(दिशाम्) दिशाओं के मध्य (इयम्) यह (प्रतीची) पीछे वाली [दिशा] (इत्) भी (वरम्) श्रेष्ठ है, (यस्याम्) जिस [दिशा] में (सोमः) जगत् का उत्पन्न करनेवाला [परमेश्वर] (अधिपाः) अधिष्ठाता (च) और (मृडिता) सुखदाता है। (तस्याम्) उस [दिशा] में (सुकृतः) सुकर्मी लोगों का (श्रयेथाम्) तुम दोनों आश्रय लो और (सचेथाम्) संसर्ग करो, (अध) सो, (मिथुना) हे तुम दोनों विद्वानो ! (पक्वात्) परिपक्व [ज्ञान] से (सं भवाथः) शक्तिमान् हो जाओ ॥ ९ ॥

भावार्थ—अन्य दिशाओं के समान पीछे की दिशा में भी परमेश्वर को साक्षी जानकर विद्वानों से मिलकर स्त्री पुरुष ज्ञान पूर्वक आनन्दित होवें ९

इस मन्त्र का अन्तिम पाद ऊपर मन्त्र २ में आ चुका है ॥

उत्त॑रं रा॒ष्ट्रं प्र॒जयो॑त्त॒राव॑द् दि॒शामुदी॑ची कृणवन्नो॒ अग्र॑म् ।
पाङ्क्तं॒ छन्द॒ः पुरु॑षो बभूव॒ विश्वै॑र्वि॒श्वाङ्गैः॑ स॒ह सं भ॑वेम १०(१३

उत्त॑रम् । रा॒ष्ट्रम् । प्र॒-जया॑ । उ॒त्त॒र-व॑त् । दि॒शाम् । उदी॑ची । कृ॒ण॒व॒त् । नः॒ । अग्र॑म् ॥ पाङ्क्त॑म् । छन्दः॑ । पुरु॑षः । ब॒भू॒व॒ । वि॒श्वैः॑ । वि॒श्व-अ॒ङ्गैः॑ । स॒ह । सम् । भ॒वे॒म॒ ॥ १० ॥ (१३)

भाषार्थ—(दिशाम्) दिशाओं के बीच (उदीची) बायीं [दिशा] (नः) हमारे (उत्तरम्) अधिक उत्तम (राष्ट्रम्) राज्य को (प्रजया) प्रजा के साथ (उत्तरावत्) अधिक उत्तम व्यवहार वाला और (अग्रम्) अगुआ

९—(प्रतीची) अ० ३।२७।३। पश्चाद्भागस्था दिक् (दिशाम्) दिशानां मध्ये (इयम्) दृश्यमाना (इत्) अपि (वरम्) यथा तथा वरणीया (यस्याम्) दिशि (सोमः) जगदुत्पादकः परमेश्वरः (अधिपाः) अधिपतिः (मृडिता) मृडयिता। सुखयिता (च) (तस्याम्) (श्रयेथाम्) सेवेथाम् (सुकृतः) पुण्यकर्मणः पुरुषान् (सचेथाम्) संगच्छेथाम् । अन्यत् पूर्ववत्—म० २॥

१०—(उत्तरम्) उत्तमतरम् (राष्ट्रम्) राज्यम् (प्रजया) प्रजासमूहेन सह (उत्तरावत्) मतौ बह्वचोऽनजिरादीनाम्। पा० ६।३।११९। इति दीर्घः। अधिकोत्तमव्यवहारयुक्तम् (दिशाम्) दिशानां मध्ये (उदीची) अ० ३।२७।४।

(कृणवत्) करे। (पुरुषः) पुरुष ने (पाङ्क्तम्) विस्तार वा गौरव से युक्त (छन्दः) स्वतन्त्रता को (बभूव) पाया है, (विश्वाङ्गैः) सब उपायों वाले (विश्वैः सह) सब [विद्वानों] के साथ (सं भवेम) हम शक्तिमान् होवें ॥ १० ॥

भावार्थ--सब स्त्री पुरुष अन्य दिशाओं के समान बायीं दिशा में धर्म से राज्य बढ़ाकर कीर्ति और स्वतन्त्रता के साथ विद्वानों के समागम से कीर्तिमान् होवें ॥ १० ॥

ध्रुवेयं वि॒राण्नमो॑ अस्त्वस्यै॑ शि॒वा पु॒त्रेभ्य॑ उ॒त मह्य॑मस्तु ।
सा नो॑ देव्यदिते विश्ववार॒ इर्य॑ इव गो॒पा अ॒भि र॑क्ष प॒क्वम् ॥११॥

ध्रु॒वा । इ॒यम् । वि॒-राट् । नमः॑ । अ॒स्तु॒ । अ॒स्यै॒ । शि॒वा । पु॒त्रेभ्यः॑ । उ॒त । मह्य॑म् । अ॒स्तु॒ ॥ सा । नः॒ । दे॒वि॒ । अ॒दि॒ते॒ । वि॒श्व॒-वा॒रे॒ । इर्यः॑-इव । गो॒पाः । अ॒भि । र॒क्ष॒ । प॒क्वम् ११

भाषार्थ—(ध्रुवा=ध्रुवायाम्) नीचे वाली [दिशा] में (इयम्) यह (विराट्) विराट् [विविध ऐश्वर्य वाली शक्ति परमेश्वर] है, (अस्यै) उस [शक्ति परमेश्वर] को (नमः) नमस्कार (अस्तु) होवे, वह (पुत्रेभ्यः) पुत्रों [नरक से बचाने वालों] को (उत) और (मह्यम्) मुझ को (शिवा) मङ्गलकारी (अस्तु) होवे । (सा) सो तू, (देवि) हे देवी ! [उत्तम गुण वाली], (अदिते) हे अखण्ड व्रत वाली ! (विश्ववारे) हे सब श्रेष्ठ गुणों

वामभागवर्तमाना दिशा (कृणवत्) कुर्यात् (नः) अस्माकम् (अग्रम्) प्रधानम् (पाङ्क्तम्) पचि विस्तारे व्यक्तीकरणे च—क्तिन् । पङ्क्ति—अण् । पङ्क्त्या विस्तारेण गौरवेण वा युक्तम् (छन्दः) छदि आवरणे—असुन् । स्वातन्त्र्यम् (पुरुषः) मनुष्यः (बभूव) भू प्राप्तौ । प्राप (विश्वैः) सर्वैर्विद्वद्भिः (विश्वाङ्गैः) सर्वोपाययुक्तैः (सह) (संभवेम) शक्ता भवेम ॥

११—(ध्रुवा) सप्तम्यां लुः । ध्रुवायामधःस्थायां दिशि (इयम्) सर्वत्र वर्तमाना (विराट्) विविधैश्वरी शक्तिःपरमेश्वरः (नमः) सत्कारः (अस्तु) (अस्यै) विराजे (शिवा) कल्याणी (पुत्रेभ्यः) म० ४ । नरकात् त्रायकेभ्यः (उत) अपि (मह्यम्) उपासकाय (अस्तु) (सा) सा त्वम् (नः) अस्मान् (देवि) हे दिव्यगुणे (अदिते) हे अखण्डव्रते (विश्ववारे) अ० ७ । २० । ४ । हे सर्ववरणीयगुणयुक्ते (इर्यः) ईर गतौ—क्यप्, छान्दसो ह्रस्वः ।

वाली ! [शक्ति परमेश्वर] (इर्यः) फुरतीले (गोपाः इव) गोप [ग्वाला] के समान (पक्वम् अभि) परि पक्व [दृढ़ ज्ञान] में (नः) हमारी (रक्ष) रक्षा कर ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य अन्य दिशाओं के समान नीची तथा उपलक्षण से ऊंची दिशा में परमेश्वर को व्यापक जान कर ज्ञान सहित सब की रक्षा करें ॥ ११ ॥

पितेव पुत्रानभि सं स्वजस्व नः शिवा नो वाता इह वान्तु भूमौ। यमोदनं पचतो देवते इह तं नस्तप उत सत्यं च वेत्तु १२

पिता-इव । पुत्रान् । अभि । सम् । स्वजस्व । नः । शिवाः । नः । वाताः । इह । वान्तु । भूमौ । यम् । ओदनम् । पचतः । देवते इति । इह । तम् । नः । तपः । उत । सत्यम् । च । वेत्तु ॥ १२ ॥

भाषार्थ—[हे विराट् परमेश्वर !] (नः) हमें (अभि सं स्वजस्व) भले प्रकार गले लगा, (पिता इव) जैसे पिता (पुत्रान्) पुत्रों [नरक से बचाने वालों] को, (नः) हमारे लिये (शिवाः) मङ्गलकारी (वाताः) पवनें (इह) यहां (भूमौ) भूमि पर (वान्तु) चलें । (यम्) जिस (ओदनम्) ओदन [सुख बरसाने वाले परमेश्वर] को (देवते) दो देवता [स्त्री पुरुष] (इह) यहां [हम सब में] (पचतः) परिपक्व [दृढ़] करते हैं, (तम्) उस [परमेश्वर] को (नः) हमारा (तपः) तप [ब्रह्मचर्य आदि व्रत] (उत) और (सत्यम्) सत्य [निष्कपट व्यवहार] (च) निश्चय करके (वेत्तु) जाने ॥ १२ ॥

गमनशीलः । वेगवान् (इव) यथा (गोपाः) गोरक्षकः (अभि) प्रति (रक्ष) (पक्वम्) दृढं ज्ञानम् ॥

१२—(पिता) (इव) (पुत्रान्) म० ४ (अभि) सर्वतः (सम्) सम्यक् (स्वजस्व) आलिङ्ग (नः) अस्मान् (शिवाः) मङ्गलकराः (नः) अस्मभ्यम् (वाताः) पवनाः (इह) अत्र (वान्तु) गच्छन्तु (भूमौ) (यम्) (ओदनम्) सुखवर्षकं परमेश्वरम् (पचतः) दृढीकुरुतः (देवते) विद्वांसौ स्त्रीपुरुषौ (इह) (तम्) परमेश्वरम् (तपः) ब्रह्मचर्यादिव्रतम् (उत) अपि (सत्यम्) यथार्थव्यवहारः (च) अवधारणे (वेत्तु) जानातु ॥

भावार्थ—मनुष्य परमेश्वर को पिता के समान हितकारी जानकर अपने सब व्यवहारों को स्वस्थ रक्खें और ब्रह्मचर्य आदि तप और सत्य व्यवहार से ईश्वर ज्ञान में तत्पर रहें ॥ १२ ॥

यद्यंत् कृष्णः शंकुन एह गत्वा त्सरन् विषंक्तं बिलं आससादं । यद्वा दास्यार्द्रहंस्ता समुङ्क्त उलूखलं मुसंलं शुम्भतापः ॥ १३ ॥

यत्-यंत् । कृष्णः । शकुनः । आ । इह । गत्वा । त्सरंन् । वि-संक्तम् । बिलें । आ-ससादं ॥ यत् । वा । दासी । आर्द्र-हंस्ता । सम्-अङ्क्ते । उलूखलम् । मुसंलम् । शुम्भत । आपः १३

भाषार्थ—(यद्यत्) जब कभी (कृष्णः) कुरेदने वाला (शकुनः) चिल्ल आदि पत्ती [समान दुष्ट पुरुष] (इह) यहां (आ गत्वा) आकर (विषक्तम्) विरुद्ध मेल से (त्सरन्) टेढ़ा चलता हुआ (बिले) बिल [हमारे घर आदि] में (आससाद) आया है । (वा) अथवा (यत्) यदि (आर्द्रहस्ता) भीगे हाथ वाली (दासी) हिंसक स्त्री (उलूखलम्) ओखली और (मुसलम्) मूसल को (समङ्क्ते) लिथेड़ देती है, (आपः) हे आप्त प्रजाओ ! [उस दोष को] (शुम्भत) नाश करो ॥ १३ ॥

भावार्थ—यदि कोई कपटी दुष्ट पुरुष हमारे व्यवहारों में अथवा कोई कुटिला स्त्री हमारे घर के वस्त्र बासन आदि में बखेड़ा डाले, विद्वान् स्त्री पुरुष उस दोष का प्रतीकार करें ॥ १३ ॥

अयं ग्रावा पृथुबुंध्नो वयोधाः पूतः पवित्रैरपं हन्तु रक्षंः ।

१३—(यद्यत्) यस्मिन्नेवकाले (कृष्णः) कृष विलेखने—नक् । विलेखकः (शकुनः) अ० ११ । २ । २४ । चिल्लपक्षिसमानदुष्टः पुरुषः (इह) (आ गत्वा) आगत्य (त्सरन्) कपटेन गच्छन् (विषक्तम्) यथा तथा विरुद्धमेलनेन (बिले) छिद्रे । गृहे (आससाद) आजगाम (यत्) यदि (वा) अथवा (दासी) अ० ५ । १३ । ८ । दास हिंसायाम्—घञ् । ङीष् । हिंस्रा स्त्री (आर्द्रहस्ता)क्लिन्नहस्ता । मलिनकरा (समङ्क्ते) लिम्पते (उलूखलम्) (मुसलम्) (शुम्भत) शुम्भ हिंसायाम् नाशयत दोषम् (आपः) हे आप्ताः प्रजाः ॥

आ रो॑ह॒ चर्म॒ महि॒ शर्म॑ यच्छ॒ मा दंप॑ती॒ पौत्र॑म॒घं नि गा॑ताम् ॥ १४ ॥

अ॒यम् । ग्रावा॑ । पृ॒थु॒-बु॒ध्नः । व॒यः॒-धाः । पू॒तः । प॒वित्रैः॑ । अप॑ । ह॒न्तु॒ । रक्षः॑ ॥ आ । रो॒ह॒ । चर्म॑ । महि॑ । शर्म॑ । य॒च्छ॒ । मा । दंप॑ती॒ इति॒ दम्-प॑ती । पौत्र॑म् । अ॒घम् । नि । गा॒ता॒म् १४

भाषार्थ—(अयम्) यह (ग्रावा) शास्त्रों का उपदेशक (पृथुबुध्नः) विस्तृत ज्ञान वाला, (वयोधाः) जीवन धारण करने वाला, (पवित्रैः) शुद्ध व्यवहारों से (पूतः) पवित्र किया हुआ [पुरुष] (रक्षः) राक्षस [विघ्न] को (अप हन्तु) नाश कर दे । [हे विद्वान् !] (चर्म) ज्ञान में (आ रोह) ऊंचा हो, (महि) बड़ा (शर्म) सुख (यच्छ) दे, (दम्पती) पति पत्नी (पौत्रम्) पुत्र सम्बन्धी (अघम्) दुःख को (मा नि गाताम्) कभी न पावें ॥ १४ ॥

भावार्थ—जहां पर स्त्री पुरुष विद्वानों से सुशिक्षित होकर अपना कर्तव्य करते हैं, वहां उनके सन्तान धार्मिक होकर माता पिता को सुख देते हैं ॥ १४ ॥

वन॒स्पतिः॑ स॒ह दे॒वैर्न॒ आग॒न् रक्षः॑ पिशा॒चाँ अ॑प॒बाध॑मानः । स उच्छ्र॑याते॒ प्र व॑दाति॒ वाचं॒ तेन॑ लो॒काँ अ॒भि सर्वा॑न् जयेम १५

वन॒स्पतिः॑ । स॒ह । दे॒वैः । नः॒ । आ । अ॒ग॒न् । रक्षः॑ । पि॒शा॒चान् । अ॒प॒-बाध॑मानः ॥ सः । उत् । श्र॒या॒तै॒ । प्र । व॒दा॒ति॒ । वाच॑म् । तेन॑ । लो॒कान् । अ॒भि । सर्वा॑न् । ज॒ये॒म॒ ॥ १५ ॥

१४—(अयम्) (ग्रावा) अ० ३। १० । ५ । गॄ विज्ञापे स्तुतौ च—क्वनिप् । शास्त्रोपदेशकः पण्डितः (पृथुबुध्नः) इण् शिञ्जिदीङुष्यविभ्यो नक् । उ० ३। २। बुध ज्ञाने – नक् । विस्तृतबोधयुक्तः (वयोधाः) जीवनधारकः (पूतः) शोधितः (पवित्रैः) शुद्धव्यवहारैः (अप हन्तु) विनाशयतु (रक्षः) राक्षसम् । विघ्नम् (आ रोह) अधितिष्ठ (चर्म) ज्ञानम् (महि) महत् (शर्म) सुखम् (यच्छ) देहि (दम्पती) जायापती (पौत्रम्) पुत्रसम्बन्धि (अघम्) दुःखम् (मा नि गाताम्) इण् गतौ – लुङ् । नैव प्राप्नुताम् ॥

भाषार्थ—(वनस्पतिः) सेवनीय शास्त्र का रक्षक [विद्वान् पुरुष] (रक्षः) राक्षस [विघ्न] और (पिशाचान्) मांस भक्षक [मनुष्य रोग आदिकों] को (अपबाधमानः) हटाता हुआ (देवैः सह) अपने उत्तमगुणों के साथ (नः) हम में (आ अगन्) आया है। (सः) वह (उत् श्रयातै) ऊँचा चढ़े और (वाचम्) वेद वाणी का (प्र वदाति) उपदेश करे; (तेन) उस [विद्वान्] के साथ (सर्वान् लोकान्) सब लोकों को (अभि) सब ओर से (जयेम) हम जीतें ॥ १५ ॥

भावार्थ—जब ब्रह्मचारी विद्वान् लोग अपने अज्ञान आदि दोषों को हटाकर विद्या से उच्च पद पाकर उपदेश करते हैं, तब लोग कष्टों से छूटकर सुखी होते हैं ॥ १५ ॥

सप्त मेधान् पशवः पर्यगृह्णन् य एषां ज्योतिष्माँ उत यश्च-कर्श । त्रयस्त्रिंशद् देवतास्तान्त्सचन्ते स नः स्वर्गमभि नेष लोकम् ॥ १६ ॥

सप्त । मेधान् । पशवः । परि । अगृह्णन् । यः । एषाम् । ज्योतिष्मान् । उत । यः । चकर्श ॥ त्रयः-त्रिंशत् । देवताः । तान् । सचन्ते । सः । नः । स्वः-गम् । अभि । नेष । लोकम् ॥१६॥

भाषार्थ—(पशवः) सब जीवों ने (सप्त) सात [त्वचा, नेत्र कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि] (मेधान्) परस्पर मिले हुये [पदार्थों] को

१५—(वनस्पतिः) वनस्य संभजनीयस्य शास्त्रस्य पालको विद्वान्—यथा दयानन्दभाष्ये, यजु० २७। २१ (सह) (देवैः) उत्तमगुणैः (नः) अस्मान् (आ अगन्) अ० २। ६। ३। आ-अगमत्। प्राप्तवान् (रक्षः) राक्षसम्। विघ्नम् (पिशाचान्) मांसभक्षकान् मनुष्यरोगादीन् (अपबाधमानः) निवारयन् (सः) विद्वान् (उच्छ्रयातै) लेटि रूपम्। उच्छ्रित उन्नतो भूयात् (प्र वदाति) उपदिशेत् (वाचम्) वेदवाणीम् (तेन) विदुषा सह (लोकान्) (अभि) अभितः (सर्वान्) (जयेम) जयेन प्राप्नुयाम ॥

१६—(सप्त) सप्तसंख्याकान् (मेधान्) मिधृ मेधृ संगमे हिंसामेधयोश्च-घञ् । परस्परसंगतान् त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धिरूपान्

(परि अगृह्णन्) ग्रहण किया है, (त्रयस्त्रिंशत्) तेतीस [वसु आदि] (देवता) देवता (तान्) उन [जीवों] को (सचन्ते) सेवते हैं, (यः) जो [पुरुष] (एषाम्) इन [जीवों] में से (ज्योतिष्मान्) तेजस्वी है, (उत) और (यः) जिसने [विज्ञान को] (चकर्श) सूक्ष्म किया है, (सः) वह तू (नः) हमको (स्वर्गम्) सुख पहुंचाने वाले (लोकम् अभि) समाज में (नेष) पहुंचा ॥१६॥

भावार्थ-सब मनुष्यों में त्वचा, नेत्र, कान आदि समान हैं और सब पर वसु आदि प्राकृत पदार्थों का समान प्रभाव है, परन्तु विज्ञानी पुरुष ही आप सुखी रहते और सब को सुखी रखते हैं ॥ १६ ॥

सप्त मेधान् के विषय में (सप्तऋषयः) पद देखो—अ० ४ । ११ । ९ । और तेतीस देवता यह हैं—८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य वा महीने, १ इन्द्र वा बिजुली, १ प्रजापति वा यज्ञ—इन की विशेष व्याख्या अ० १० । ७ । १३ । के भावार्थ में देखो ॥

स्वर्गं लोकमभि नो नयासि सं जायया सह पुत्रैः स्याम ।
गृह्णामि हस्तमनु मैत्वत्र मा नस्तारीन्निर्ऋतिर्मो अरातिः॥१७

स्वः-गम् । लोकम् । अभि । नः । नयासि । सम् । जायया । सह । पुत्रैः । स्याम ॥ गृह्णामि । हस्तम् । अनु । मा । आ । एतु । अत्र । मा । नः । तारीत् । निः-ऋतिः । मो इति । अरातिः ॥ १७ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वान् !] (स्वर्गम्) सुख पहुंचाने वाले (लोकम्

पदार्थान् । यज्ञान्--निघ० ३ । १७ (पशवः) जीवाः (पर्यगृह्णन्) स्वीकृतवन्तः (यः) विद्वान् (एषाम्) पशूनां मध्ये (ज्योतिष्मान्) तेजस्वी (उत) अपि (यः) (चकर्श) कृश तनूकरणे—लिट् । सूक्ष्मीकृतवान् विज्ञानम् (त्रयस्त्रिंशत्) वस्वादयः—अ० १० । ७ । १३ । (देवताः) देवाः (तान्) जीवान् (सचन्ते) सेवन्ते (सः) स त्वम् (नः) अस्मान् (स्वर्गम्) सुखप्रापकम् (अभि) प्रति (नेष) अ० ७ । ९७ । २ । णीञ् प्रापणे—लेट्, सिप् । नय । प्रापय (लोकम्) समाजम् ॥

१७—(स्वर्गम्) सुखप्रापकम् (लोकम्) जनसमाजम् (अभि) प्रति

अभि) समाज में (नः) हमको (नयासि) तू पहुंचा, हम (जायया) पत्नी के साथ और (पुत्रैः सह) पुत्रों [दुख से बचाने वालों] के साथ (सं स्याम) मिले रहें। मैं [प्रत्येक मनुष्य] (हस्तम्) [प्रत्येक का] हाथ (गृह्णामि) पकड़ता हूं, वह (अत्र) यहां (मा अनु) मेरे साथ साथ (आ एतु) आवे, (नः) हमको (मा) न तौ (निर्ऋतिः) अलक्ष्मी [दरिद्रता] (मो) और न (अरातिः) कंजूसी (तारीत्) दबावे ॥ १७ ॥

भावार्थ—मनुष्य विद्वानों के सत्संग से उत्तम स्त्री और सन्तानों में रहकर अपना घर स्वर्गलोक बनावें और परस्पर सहाय करके धनी और दानी होवें ॥ १७ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम पाद भेद से आ चुका है-अथर्व० ६ । १३४ । ३ ॥

ग्राहिं पाप्मानमति ताँ अयाम तमो व्यस्य प्र वदासि वल्गु ।
वानस्पत्य उद्यतो मा जिहिंसीर्मा तण्डुलं वि शरीर्देवयन्तम् ॥ १८ ॥

ग्राहिम् । पाप्मानम् । अति । तान् । अयाम । तमः । वि । अस्य । प्र । वदासि । वल्गु ॥ वानस्पत्यः । उत्-यतः । मा । जिहिंसीः । मा । तण्डुलम् । वि । शरीः । देव-यन्तम् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(ग्राहिम्) जकड़ने वाली [गठिया आदि शारीरिक पीड़ा] और (पाप्मानम्) पाप [मिथ्या कथन आदि मानसिक रोग] को (अति) लांघ कर (तान्) उन [पुत्र आदि] को (अयाम) हम प्राप्त करें, [हे

(नः) अस्मान् (नयासि) प्रापय (सम्) संगत्य (जायया) पत्न्या (सह) (पुत्रैः) म० ४ । नरकात् त्रायकैः (स्याम) (गृह्णामि) आददे (हस्तम्) (अनु) अनुसृत्य (मा) माम् (ऐतु) आगच्छतु (अत्र) संसारे (नः) अस्मान् (मा तारीत्) अ० २ । ७ । ४ । तॄ अभिभवे—लुङ् । माभिभवतु (निर्ऋतिः) अलक्ष्मीः (मो) मैव (अरातिः) अदानता । कृपणता ॥

१८—(ग्राहिम्) अ० २ । ६ । १ । ग्रहणशीलां शारीरिकपीडाम् (पाप्मानम्) पापं मानसिकदोषम् (अति) अतीत्य (तान्) पुत्रादीन् (अयाम) अय गतौ । प्राप्नुयाम (तमः) अन्धकारम् (वि) विविधम् (अस्य) क्षिप (प्र

विद्वान् !] (तमः) अन्धकार को (वि) अलग (अस्य) फेंक दे और (वल्गु) सुन्दर (प्र वदासि) उपदेश कर। तू (वानस्पत्यः) सेवनीय शास्त्रों के पालने वालों का हितकारी और (उद्यतः) उद्यमी होकर [हमें] (मा जिहिंसीः) मत दुःख दे और (देवयन्तम्) विद्वानों के स्नेही (तण्डुलम्) चावल [अन्न] की राशि को (मा वि शरीः) मत इतर वितर कर ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य शारीरिक और मानसिक रोग मिटाकर हित का उपदेश करें और परस्पर सुख बढ़ाकर अन्न आदि पदार्थों का संग्रह करें ॥१८॥

विश्वव्य॑चा घृतपृ॑ष्ठो भविष्यन्त्सयो॑निर्लो॒कमुप॑ याह्ये॒तम् ।
वर्षवृ॑द्धमुप॑ यच्छ शूर्पं॒ तुषं॑ पलावानप॒ तद् विनक्तु ॥ १९ ॥

विश्व-व्यचाः । घृत-पृष्ठः । भविष्यन् । स-योनिः । लोकम् । उप॑ । याहि । एतम् ॥ वर्ष-वृद्धम् । उप॑ । यच्छ । शूर्पम् । तुषम् । पलावान् । अप॑ । तत् । विनक्तु ॥ १९ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वान् !] (विश्वव्यचाः) सब व्यवहारों में फैला हुआ, (घृतपृष्ठः) प्रकाश से सींचता हुआ और (सयोनिः) समान घर वाला (भविष्यन्) भविष्यत् में होता हुआ तू (एतम्) इस (लोकम्) लोक [व्यवहार मण्डल] में (उप याहि) पहुंच। (वर्षवृद्धम्) वरणीय गुणों से

वदासि) उपदिश (वल्गु) बलेर्गुक् च । उ० १ । १९ । बल प्राणने—उप्रत्ययो गुक् च । शोभनम् (वानस्पत्यः) म० १५ । वनस्पति—एय । वनस्पतिभ्यः सेवनीयशास्त्रपालकेभ्यो हितः (उद्यतः) उद्यमी (मा जिहिंसीः) मा वधीः (तण्डुलम्) धान्यराशिम् (वि) विविधम् (मा शरीः) शॄ हिंसायाम्—लुङ् । मा शारीः । मा क्षिप (देवयन्तम्) अ० ७ । २७ । १ । सुप आत्मनः क्यच् । पा० ३ । १ । ८ । देव—क्यच्, शतृ । नच्छन्दस्यपुत्रस्य । पा० ७ । ४ । ३५ । ईत्वदीर्घयोर्निषेधः । देवान् श्रेष्ठपुरुषान् आत्मन इच्छन्तम् ॥ १८ ॥

१९—(विश्वव्यचाः) सर्वव्यवहारेषु विस्तारशीलः (घृतपृष्ठः) अ० २ । १३ । १ । पृषु सेके—थक् । घृतेन प्रकाशेन सेचकः (भविष्यन्) भविष्यति भवन् (सयोनिः) योनिर्गृहनाम—निघ० ३ । ४ । समानगृहः (लोकम्) समाजम् (उप याहि) प्राप्नुहि (एतम्) (वर्षवृद्धम्) अ० ६ । ३० । ३ । वृञ्

बढ़े हुये (शूर्पम्) सूप को (उप यच्छ) ले, (तत्) तब [आप] (तुषम्) बुसी और (पलावान्) तिनके आदि को (अप विनक्तु) फटक डालें ॥ १९ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि जैसे जैसे वे बढ़ते जावें, भली-भांति देख भालकर दोषों का त्याग और गुणों का ग्रहण करें, जिस प्रकार सूप से कूड़ा करकट फटक कर अन्न आदि सार पदार्थ ले लेते हैं ॥ १९ ॥

इस मन्त्र का पूर्व भाग आगे मंत्र ५३ में है ॥

त्रयो लोकाः संमिता ब्राह्मणेन द्यौरेवासौ पृथिव्यं१न्तरिक्षम् । अंशून् गृभीत्वान्वारभेथामा प्यायन्तां पुनरा यन्तु शूर्पम् ॥ २० ॥ (१४)

त्रयः । लोकाः । सम्-मिताः । ब्राह्मणेन । द्यौः । एव । असौ । पृथिवी । अन्तरिक्षम् ॥ अंशून् । गृभीत्वा । अनु-आरभेथाम् । आ । प्यायन्ताम् । पुनः । आ । यन्तु । शूर्पम् २० ।१४

भाषार्थ—(ब्राह्मणेन) ब्राह्मण [ब्रह्म ज्ञानी] करके (त्रयः लोकाः) तीनों लोक [उत्तम निकृष्ट और मध्यम अवस्थायें] (संमिताः) यथावत नापे गये हैं, [जैसे] (असौ) वह (एव) ही (द्यौः) सूर्य लोक, (पृथिवी) पृथिवी लोक और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष [मध्य लोक] हैं । [हे स्त्री पुरुषो !] (अंशून्) सूक्ष्म पदार्थों को (गृभीत्वा) ग्रहण करके [अपना कर्तव्य]

वरणे सम्प्रत्ययः । वर्षैर्वरणीयगुणैः प्रवृद्धम् (उप यच्छ) यमु उपरमे । गृहाण (शूर्पम्) शूर्प माने—घञ् । धान्यस्फोटकम् (तुषम्) धान्यत्वचम् (पलावान्) पल गतौ रक्षणे च—अप्+अव रक्षणे गतौ च–अण् । पलान् शस्यशून्यधान्य-मालान् अवन्ति प्राप्नुवन्ति ये ते पलावास्तान् तृणादीन् पदार्थान् (तत्) तदा (अपविनक्तु) विजिर् पृथग्भावे । वियोजयतु भवान् ॥

२०—(त्रयः) उत्तम निकृष्टमध्यमाः (लोकाः) अवस्थाभेदाः (संमिताः) सम्यक् परिमाणीकृताः (ब्राह्मणेन) ब्रह्मज्ञानिना (द्यौः) सूर्यलोकः (एव) (असौ) (पृथिवी) (अन्तरिक्षम्) (अंशून्) सूक्ष्मविभागान् (गृभीत्वा) गृहीत्वा । आदाय (अन्वारभेथाम्) निरन्तरमारम्भं कुरुतम् (आ) समन्तात्

(अन्वारभेथाम्) तुम दोनों आरम्भ करते रहो, वे [सूक्ष्म द्रव्य] (आ व्यायन्ताम्) फैलें और (पुनः) फिर फिर (शूर्पम्) सूप में (आ यन्तु) आवें ॥ २० ॥

भावार्थ—जैसे ब्रह्मज्ञानी पुरुष ऊंच, नीच, मध्य तीनों दशाओं को हस्तामलक कर लेता है, वैसे ही सब स्त्री पुरुष परीक्षा करके सार पदार्थ ग्रहण करें, जैसे सूप में द्रव्य को बार बार फैला कर और शुद्ध करके ग्रहण करते हैं ॥ २० ॥

पृथग्रूपाणि बहुधा पशूनामेकरूपो भवसि सं समृद्ध्या ।
एतां त्वचं लोहिनीं तां नुदस्व ग्रावा शुम्भाति मलग इव वस्त्रा ॥ २१ ॥

पृथक् । रूपाणि । बहु-धा । पशूनाम् । एक-रूपः । भवसि । सम् । सम्-ऋद्ध्या ॥ एताम् । त्वचम् । लोहिनीम् । ताम् । नुदस्व । ग्रावा । शुम्भाति । मलगः-इव । वस्त्रा ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(पृथक्) अलग अलग (रूपाणि) रूप [आकार आदि] (बहुधा) प्रायः (पशूनाम्) जीवों के होते हैं, [हे विद्वान्] (समृद्ध्या) समृद्धि [पूर्ण सिद्धि] के साथ (एकरूपः) एक स्वभाव वाला [दृढ़चित्त] होकर तू (सं भवसि) शक्तिमान् होता है । (एताम्) इस और (ताम्) उस (लोहिनीम्) लोहिनी [लोहे की बनी जैसे कठिन] (त्वचम्) ढकनी [अविद्या] को (नुदस्व) हटा, (ग्रावा) शास्त्रों का उपदेशक [उसको] (शुम्भाति)

(व्यायन्ताम्) वर्धन्ताम् । विस्तीर्यन्ताम् (पुनः) वारंवारम् (आयन्तु) आगच्छन्तु (शूर्पम्) म० १६ ॥

२१—(पृथक्) भिन्नभावेन (रूपाणि) आकाराः । स्वभावाः (बहुधा) प्रायः (पशूनाम्) जीवानाम् (एकरूपः) निश्चतस्वभावः (सं भवसि) शक्तो भवसि (समृद्ध्या) पूर्णसिद्ध्या (एताम्) समीपस्थाम् (त्वचम्) त्वच संवरणे-क्विप् । आवरणम् (लोहिनीम्) लोह-इनि । लोहमयीम् । अतिकठिनाम् (ताम्) दूरस्थाम् (नुदस्व) प्रेरय (ग्रावा) म० १४ । शास्त्रोपदेशकः (शुम्भाति) शोधयेत् (मलगः) मृजेष्टिलोपश्च । उ० १ । ११० । मृजूष् शुद्धौ-कल, धातोष्टिलोपश्च + गल भक्षणे स्रावे क्षारणे च-ड । मलं शोधनीयं

शुद्ध करे, (मलग इव) जैसे धोबी (वस्त्रा) वस्त्रों को ॥ २१ ॥

भावार्थ—मनुष्यों में प्रायः पृथक् पृथक् आकार होते हैं, परन्तु वेद ज्ञान की पूर्णता से अविद्या रूप आवरण को हटाकर समान दृढ़चित्त होकर निर्दोष हो जाते हैं, जैसे चतुर धोबी के धोने से वस्त्र उजले होते हैं ॥ २१ ॥

पृथिवीं त्वा पृथिव्यामा वेशयामि तनूः समानी विकृता त एषा । यद्यद् द्युत्तं लिखितमर्पणेन तेन मा सुस्रोर्ब्रह्मणापि तद् वपामि ॥ २२ ॥

पृथिवीम् । त्वा । पृथिव्याम् । आ । वेशयामि । तनूः । समानी । वि-कृता । ते । एषा ॥ यत्-यत् । द्युत्तम् । लिखितम् । अर्पणेन । तेन । मा । सुस्रोः । ब्रह्मणा । अपि । तत् । वपामि ॥ २२ ॥

भावार्थ—[हे प्रजा ! स्त्री वा पुरुष] (पृथिवीम् त्वा) तुझ प्रख्यात को (पृथिव्याम्) प्रख्यात [विद्या] के भीतर (आ वेशयामि) मैं [परमेश्वर] प्रवेश करता हूं, (एषा) यह (ते) तेरी (विकृता) भिन्न रूप वाली (तनूः) आकृति (समानी) समान [हो जावे] । (यद्यत्) जो जो(अर्पणेन)कुव्यवहार से (द्युत्तम्) जल गया और (लिखितम्) खरोंचा गया है, (तेन) उस [कारण] से (मा सुस्रोः) तू मत बहजा, (ब्रह्मणा) वेद द्वारा (अपि)

कलङ्कं गलयति क्षारयतीति यः । रजकः । धावकः (इव) यथा (वस्त्रा) वस्त्राणि ॥

२२—(पृथिवीम्) प्रथेः षिवन्षवन्ष्वनः संप्रसारणं च । उ० १ । १५० । प्रथ प्रख्याने-षिवन्, ङीष् । प्रख्याताम् (त्वा) त्वां प्रजाम् (पृथिव्याम्) प्रख्यातायां विद्यायाम् (आवेशयामि) प्रविष्टां करोमि (तनूः) आकृतिः (समानी) तुल्यगुणा (विकृता) विकारंगता । भिन्नभावं प्राप्ता (ते) तव (एषा) दृश्यमाना (यद्यत्) यत् किंचित् (द्युत्तम्) अ० ४ । १२ । २ । द्योतते = ज्वलतिकर्मा-निघ० १ । १६ । द्योतितम् । प्रज्वलितम् (लिखितम्) विलिखितम् । विदारितम् (अर्पणेन) ऋ हिंसायाम्--णिच् पुक्—ल्युट । हिंसनेन । कुव्यवहारेण (तेन) कारणेन (मा सुस्रोः) स्रु गतौ क्षरणे च—लङ् । बहुलं छन्दसि । पा० २ । ४ ।

ही (तत्) उस को (वपामि) मैं [बीज समान] फैलाता हूं ॥ २२ ॥

भावार्थ—स्त्री पुरुषों की आकृति एक दूसरे से भिन्न भिन्न है, परन्तु परमेश्वर ने शक्ति दी है कि वे वेदद्वारा अपनी हानि को पूरा करके समान गुण वाले होवें जैसे बीज के बोने से घटी पूरी हो जाती है ॥ २२ ॥

जनित्रीव प्रति हर्यासि सूनुं सं त्वा दधामि पृथिवीं पृथिव्या। उखा कुम्भी वेद्यां मा व्यथिष्ठा यज्ञायुधैराज्येनातिषक्ता ॥ २३ ॥

जनित्री-इव । प्रति । हर्यासि । सूनुम् । सम् । त्वा । दधामि । पृथिवीम् । पृथिव्या ॥ उखा । कुम्भी । वेद्याम् । मा । व्यथिष्ठाः । यज्ञ-आयुधैः । आज्येन । अति-सक्ता ॥ २३ ॥

भाषार्थ—[हे प्रजा ! स्त्री वा पुरुष] (प्रति) निश्चय करके (हर्यासि) [परस्पर] प्यार कर, (जनित्री इव) जैसे माता (सूनुम्) पुत्र को, (पृथिवीम् त्वा) तुझ प्रख्यात को (पृथिव्या) प्रख्यात [विद्या] के साथ (सं दधामि) मैं [परमेश्वर] संयुक्त करता हूं । (वेद्याम्) वेदी [अंगीठी आदि] के ऊपर (यज्ञायुधैः) यज्ञ के शस्त्रों से (आज्येन) घी के साथ (अतिषक्ता) दृढ़ जमाई हुयी (उखा) हांडी [वा] (कुम्भी) बटलोयी [के समान] (मा व्यथिष्ठाः) तू मत डगमगा ॥ २३ ॥

भावार्थ—सब स्त्री पुरुष वेद द्वारा विद्या प्राप्त करके परस्पर प्रीति पूर्वक रहें और कठिनायी पड़ने पर निरन्तर धर्म में जमे रहें, जैसे दृढ़ जमाई हुयी कढ़ाही आदि भट्टे चूल्हे आदि पर निरन्तर ठहरी रहती है ॥ २३ ॥

---

७६ । शपः श्लुः । मा स्रवः । मा क्षर (ब्रह्मणा) वेदेन (अपि) एव (तत्) (वपामि) डुवप बीजसन्ताने । रूपेण विकिरामि । विस्तारयामि ॥

२३—(जनित्री) जनयित्री । जननी (इव) यथा (प्रति) निश्चयेन (हर्यासि) लेटि रूपम् । हर्य । परस्परं कामयस्व (सूनुम्) पुत्रम् (सम्) संयुज्य (दधामि) धरामि (पृथिवीम्) म० २२ । प्रख्याताम् (पृथिव्या) प्रख्यातया विद्यया सह (उखा) पाकपात्रम् (कुम्भी) स्थाली (वेद्याम्) अग्न्याधारे (मा व्यथिष्ठाः) व्यथां मा प्राप्नुहि (यज्ञायुधैः) यज्ञोपकरणैः (आज्येन) घृतेन सह (अतिषक्ता) षञ्ज सङ्गे—क्त । अतिदृढीकृता ॥

अ॒ग्निः पच॑न् रक्षतु त्वा पु॒रस्ता॒दिन्द्रो॑ रक्षतु दक्षिण॒तो म॒रुत्वा॑न्। वरु॑णस्त्वा दृंहाद्ध॒रुणे॑ प्र॒तीच्या॑ उत्त॒रात् त्वा॒ सोमः॒ सं द॑दातै ॥ २४ ॥

अ॒ग्निः। पच॑न्। र॒क्ष॒तु॒। त्वा॒। पु॒रस्ता॑त्। इन्द्रः॑। र॒क्ष॒तु॒। द॒क्षि॒ण॒तः। म॒रुत्वा॑न् ॥ वरु॑णः। त्वा॒। दृं॒हा॒त्। ध॒रुणे॑। प्र॒तीच्याः॑। उ॒त्त॒रात्। त्वा॒। सोमः॑। सम्। द॒दा॒तै॒ ॥ २४ ॥

भाषार्थ—(अग्निः) ज्ञानस्वरूप परमेश्वर (त्वा) तुझ को (पचन्) परिपक्व [दृढ़] करता हुआ (पुरस्तात्) पूर्व वा सन्मुख से (रक्षतु) बचावे, (मरुत्वान्) प्रशस्त धनवाला (इन्द्रः) पूर्ण ऐश्वर्य वाला [परमेश्वर] (दक्षिणतः) दक्षिण वा दाहिने से (रक्षतु) बचावे। (वरुणः) सब में उत्तम परमेश्वर (त्वा) तुझको (धरुणे) धारण सामर्थ्य के बीच (प्रतीच्याः) पश्चिम वा पीछे वाली [दिशा] से (दृंहात्) दृढ़ करे, (सोमः) सब जगत् का उत्पन्न करनेवाला परमेश्वर (त्वा) तुझको (उत्तरात्) उत्तर वा बायें से (सं ददातै) संभाले ॥ २४ ॥

भावार्थ—सब स्त्री पुरुष परमात्मा को सर्वत्र व्यापक जानकर पापों से बचकर धर्म में प्रवृत्त रहें ॥ २४ ॥

इस मन्त्र का मिलान करो—अथर्व० ३। २७। १—४ ॥

पू॒ताः प॒वित्रैः॑ पवन्ते अ॒भ्राद् दिवं॑ च यन्ति पृथि॒वीं च॑ लो॒कान्।

२४—(अग्निः) ज्ञानस्वरूपः परमेश्वरः (पचन्) पक्वं दृढं कुर्वन् (रक्षतु) पालयतु (त्वा) त्वां पुरुषम् (पुरस्तात्) पूर्वदिक्प्रकाशात्। अग्रतः (इन्द्रः) परमेश्वर्ययुक्तः परमेश्वरः (दक्षिणतः) दक्षिणदिशायाः। दक्षिणदेशात् (मरुत्वान्) मरुत्, हिरण्यनाम-निघ० १। २। प्रशस्तधनवान्। रत्नधातमः (वरुणः) वृञ्—उनन्। सर्वोत्तमः परमेश्वरः (त्वा) (दृंहात्) वर्धयेत्। दृढीकुर्यात् (धरुणे) धृञ् धारणे—उनन्। धारणसामर्थ्ये (प्रतीच्याः) पश्चिमायाः पश्चाद्भागस्थिताया वा दिशः (उत्तरात्) उत्तरदेशाद् वामदेशाद् वा (त्वा) (सोमः) सर्व जगदुत्पादकः (सं ददातै)सेदिरूपम्। स्वीकरोतु ॥

ता जीवला जीवधन्याः प्रतिष्ठाः पात्र आसिक्ताः पर्यग्निरिन्धाम् ॥ २५ ॥

पूताः । पवित्रैः । पवन्ते । अभ्रात् । दिवम् । च । यन्ति । पृथिवीम् । च । लोकान् ॥ ताः । जीवलाः । जीव-धन्याः । प्रति-स्थाः । पात्रे । आ-सिक्ताः । परि । अग्निः । इन्धाम् २५

भाषार्थ—(पवित्रैः) शुद्ध व्यवहारों से (पूताः) शुद्ध किये गये [प्रजाजन—मन्त्र २७] (अभ्रात्) उपाय से (पवन्ते) [दूसरों को] शुद्ध करते हैं, वे (दिवम्) जय की इच्छा को (च) और (पृथिवीम्) प्रख्यात विद्या को (च) और (लोकान्) दर्शनीय घरों को (यन्ति) प्राप्त होते हैं। (ताः) उन (जीवलाः) जीवते हुये, (जीवधन्याः) जीवों में धन्य, (प्रतिष्ठाः) दृढ़ जमे हुये, (पात्रे) रक्षा साधन [ब्रह्म] में (आसिक्ताः) भली भांति सींचे हुये [प्रजा जनों] को (अग्निः) प्रकाश स्वरूप परमेश्वर (परि) सब ओर से (इन्धाम्) प्रकाशमान करे ॥ २५ ॥

भावार्थ—जो स्त्री पुरुष अपने शुद्ध आचरणों से जय पाने के लिये उत्तम विद्यायें और उत्तम गुण प्राप्त करते हैं, उन पुरुषार्थी प्रशंसनीय जनों को परमेश्वर अपने नियम से कीर्तिमान् करता है ॥ २५ ॥

आ यन्ति दिवः पृथिवीं सचन्ते भूम्याः सचन्ते अध्यन्त-

२५—(पूताः) शोधिताः—म० २७ (पवित्रैः) शुद्धाचारैः (पवन्ते) शोधयन्ति (अभ्रात्) अभ्र गतौ-अप् । ल्यब्लोपे कर्मण्युपसंख्यानम् । वा० पा० ३ । २ । २८ । अभ्रमुपायं संसाध्य (दिवम्) विजिगीषाम् (च) (यन्ति) प्राप्नुवन्ति (पृथिवीम्) प्रख्यातां विद्याम् (च) (लोकान्) दर्शनीयान् निवासान्, (ताः) प्रजाः—मा २७ (जीवलाः) अ० ६ । ५६ । ३ । सिध्मादिभ्यश्च । पा० ५ । २ । ९७ । जीव-लच् मत्वर्थे । जीवनयुक्ताः (जीवधन्याः) जीवेषु प्रशस्ताः (प्रतिष्ठाः) प्रतिष्ठां प्राप्ताः (पात्रे) रक्षासाधने ब्रह्मणि (आसिक्ताः) समन्तात् सेचनयुक्ताः (परि) सर्वतः (अग्निः) प्रकाशस्वरूपः परमेश्वरः (इन्धाम्) दीपयतु ॥

रिक्षम् । शुद्धाः सतीस्ता उ शुम्भन्त एव ता नः स्वर्गमभि लोकं नयन्तु ॥ २६ ॥

आ । यन्ति । दिवः । पृथिवीम् । सचन्ते । भूम्याः । सचन्ते । अधि । अन्तरिक्षम् ॥ शुद्धाः । सतीः । ताः । ऊं इति । शुम्भन्ते । एव । ताः । नः । स्वः-गम् । अभि । लोकम् । नयन्तु ॥ २६ ॥

भाषार्थ—[वे प्रजाजन—मन्त्र २७] (दिवः) विजय की इच्छा से (पृथिवीम्) प्रख्यात [विद्या] को (आ यन्ति) प्राप्त होते हैं और (सचन्ते) सेवते हैं, (भूम्याः) [अन्तःकरण की] शुद्धि से (अधि) अधिकार पूर्वक (अन्तरिक्षम्) भीतर दीखते हुये [परब्रह्म] को (सचन्ते) सेवते हैं। (ताः) वे (शुद्धाः) शुद्ध (सतीः) होकर, (उ) ही [दूसरों को] (एव) भी (शुम्भन्ते) शुद्ध करते हैं, (ताः) वे [प्रजायें] (नः) हमको (स्वर्गम्) सुख पहुंचाने वाले (लोकम् अभि) दर्शनीय समाज में (नयन्तु) पहुंचावें ॥२६॥

भावार्थ—विद्वान् स्त्री पुरुष परमेश्वर को साक्षात् करके आत्म बल बढ़ाते हुये सब को धर्म में प्रवृत्त करके सुखी रक्खें ॥ २६ ॥

उतेव प्रभ्वीरुत संमितास उत शुक्राः शुचयश्चामृतासः । ता ओदनं दम्पतिभ्यां प्रशिष्टा आपः शिक्षन्तीः पचता सुनाथाः २७

उत-इव । प्र-भ्वीः । उत । सम्-मितासः । उत । शुक्राः ।

२६—(आ यन्ति) आगच्छन्ति (दिवः) विजिगीषासकाशात् (पृथिवीम्) प्रख्यातां विद्याम् (सचन्ते) सेवन्ते (भूम्याः) भू शुद्धौ—मि। योगिनां चित्तावस्थाभेदात्। अन्तःकरणशुद्धेः (सचन्ते) (अधि) अधिकारपूर्वकम् (अन्तरिक्षम्) मध्ये दृश्यमानं परब्रह्म (शुद्धाः) पवित्राचाराः (सतीः) सत्यः (ताः) म० २७। प्रजाः (उ) एव (शुम्भन्ते) शोधयन्ति (एव) निश्चयेन (ताः) (नः) अस्मान् (स्वर्गम्) सुखप्रापकम्, (अभि) प्रति (लोकम्) दर्शनीयं समाजम् (नयन्तु) प्रापयन्तु ॥

शुचयः । च । अमृतासः ॥ ताः । ओदनम् । दंपति-भ्याम् । प्र शिष्टाः । आपः । शिक्षन्तीः । पचत । सु-नाथाः ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(उत इव) और जैसी (प्रभ्वीः) प्रबल, (उत) और (संमितासः) सन्मान की गयी, (च) और (शुक्राः) वीर्यवाली, (शुचयः) शुद्ध आचरण वाली, (च) और (अमृतासः) अमर [सदा पुरुषार्थ युक्त], (प्रशिष्टाः) बड़ी शिष्ट [वेद वाक्य में विश्वास करनेवाली वा सुबोध], (शिक्षन्तीः) उपकार करती हुयी (ताः) वे तुम सब, (आपः) हे आप्त प्रजाओ ! (सुनाथाः) हे बड़ी ऐश्वर्य वालियो ! (दम्पतिभ्याम्) दोनों पति पत्नी के लिये (ओदनम्) सुख बरसाने वाले [परमेश्वर] को (पचत) परिपक्व करो, [हृदय में दृढ़ करो] ॥ २७ ॥

भावार्थ—पति पत्नी के हित के लिये अर्थात् गृहाश्रम की सिद्धि के लिये, तुम सब प्रकार से समर्थ और उपकारी होकर परमात्मा पर सदा विश्वास रक्खो ॥ २७ ॥

संख्याता स्तोकाः पृथिवीं स॑चन्ते प्राणापानैः संमिता ओषधीभिः । असंख्याता ओप्यमानाः सुवर्णाः सर्वं व्यापुः शुचयः शुचित्वम् ॥ २८ ॥

सम्-ख्याताः । स्तोकाः । पृथिवीम् । सचन्ते । प्राणापानैः । सम्-मिताः । ओषधीभिः ॥ असम्-ख्याताः । आ-उप्यमानाः ।

२७—(उत) अपि (इव) यथा (प्रभ्वीः) प्रभ्व्यः । समर्थाः (उत) (संमितासः) असुगागमः । संमानिताः (उत) (शुक्राः) वीर्यवत्यः (शुचयः) शुद्धाचरणाः (च) (अमृतासः) मरणरहिताः । पुरुषार्थयुक्ताः (ताः) तथाविधाः (ओदनम्) सुखवर्षकं परमात्मानम् (दम्पतिभ्याम्) जायापतिभ्याम् (प्रशिष्टाः) शासु अनुशिष्टौ—क्त । प्रकर्षेण शिष्टाः । वेदवाक्ये विश्वासकारिण्यः । सुबोधाः (आपः) हे आप्ताः प्रजाः (शिक्षन्तीः) अ० ६ । ११४ । २ । शक्लृ शक्तौ—सन्, शतृ, ङीप् । शक्तुमुपकर्तुमिच्छन्त्यः (पचत) पक्वं दृढं कुरुत (सुनाथाः) नाथृ ऐश्वर्ये—अच्, टाप् । हे बह्वैश्वर्यवत्यः ॥

सु-वर्णाः । सर्वम् । वि । आपुः । शुचयः । शुचि-त्वम् ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(संख्याताः) समान ख्याति वाले, (स्तोकाः) प्रसन्न चित्त वाले, (प्राणापानैः) प्राण और अपान व्यवहारों से और (ओषधीभिः) ओषधियों [अन्न सोम लता आदि] से (संमिताः) सन्मान किये गये लोग (पृथिवीम्) प्रख्यात [भूमि अर्थात् राज्यश्री] को (सचन्ते) सेवते हैं। (असंख्याताः) निर्व्याकुलता [दृढ़ स्वभाव] से प्रसिद्ध, (ओप्यमानाः) यथाविधि [बीज समान] फैलते हुये, (सुवर्णाः) सुन्दर [ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य] वर्ण वाले, (शुचयः) शुद्ध आचार वाले पुरुषों ने (सर्वम्) सब में (शुचित्वम्) पवित्रता को (वि आपुः) फैलाया है ॥ २८ ॥

भावार्थ—जो पुरुष प्रत्येक श्वास प्रश्वास पर शुभ कर्म करके अन्न आदि प्राप्त करते हैं, वे सन्मानित और प्रसन्नचित्त लोग विद्या वा राज श्री को भोगते हैं, जैसे पूर्वज दृढ़ स्वभाव वालों ने बाहिर भीतर शुद्ध होकर संसार को शुद्ध बनाया है ॥ २८ ॥

उद्योधन्त्यभि वल्गन्ति तप्ताः फेनमस्यन्ति बहुलांश्च बिन्दून्।
योषेव दृष्ट्वा पतिमृत्वियायैतैस्तण्डुलैर्भवता समापः ॥ २९ ॥

उत् । योधन्ति । अभि । वल्गन्ति तप्ताः । फेनम् । अस्यन्ति । बहुलान् । च । बिन्दून् ॥ योषा-इव । दृष्ट्वा । पतिम् । ऋत्वियाय । एतैः । तण्डुलैः । भवत । सम् । आपः ॥ २९ ॥

२८—(संख्याताः) समानख्याताः प्रसिद्धाः (स्तोकाः) अ० ४ । ३८ । ६ । ष्टुच प्रसादे दीप्तौ च-घञ् । प्रसन्नचित्ताः पुरुषाः (पृथिवीम्) प्रख्यातां राज्यश्रियम् (सचन्ते) सेवन्ते (संमिताः) सम्मानिताः (ओषधीभिः) सोमलतान्नादिभिः (असंख्याताः) षम वैकल्ये अवैकल्ये च-क्विप् + ख्या प्रकथने-क । असमि निर्वैकल्ये शान्तौ प्रसिद्धाः (ओप्यमानाः) आङ् + डु वप बीजसन्ताने—कर्मणि शानच् । समन्ताद् बीजवत् प्रसार्यमाणाः (सुवर्णाः) ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशोभनवर्णाः (सर्वम्) निखिलं जगत् (व्यापुः) अन्तर्गतण्यर्थः । व्यापितवन्तः । प्रसारयामासुः (शुचयः) शुद्धाचरणाः (शुचित्वम्) अन्तर्बाह्यपवित्रव्यवहारम् ॥

भाषार्थ—वे [जल] (तप्ताः) तप्त होकर (उत् योधन्ति) भिड़ जाते हैं, (अभि) सब ओर को (वल्गन्ति) फुदकते हैं, (फेनम्) फेन को (च) और (बहुलान्) बहुत से (बिन्दून्) बिन्दुओं को (अस्यन्ति) फेंकते हैं। (आपः) हे आप्त प्रजाओ ! (एतैः) इन (तण्डुलैः) चावलों [अन्न-आदि] के साथ (सं भवत) तुम शक्तिमान् बनो, (इव) जैसे (योषा) सेवा योग्य पत्नी (ऋत्वियाय) ऋतु [गर्भधारण योग्य काल] पाने के लिये (पतिम्) पति को (दृष्ट्वा) देखकर [शक्ति वाली होती है] ॥ २९ ॥

भावार्थ—जैसे जल अग्नि के संयोग से खौलने लगता है, अथवा जैसे पत्नी ऋतुकाल में पति को प्राप्त होकर अभीष्ट सन्तान उत्पन्न करती है, वैसे ही सब पुरुषों को पुरुषार्थ के साथ अपना अभीष्ट सिद्ध करना चाहिये ॥ २९ ॥

उत्थापय सीदतो बुध्न एनानुद्भिरात्मानमभि सं स्पृशन्ताम् । अमासि पात्रैरुदकं यदेतन्मितास्तण्डुलाः प्रदिशो यदीमाः ॥ ३० ॥ (१५)

उत् । स्थापय । सीदतः । बुध्ने । एनान् । अत्-भिः । आत्मानम् । अभि । सम् । स्पृशन्ताम् ॥ अमासि । पात्रैः । उदकम् । यत् । एतत् । मिताः । तण्डुलाः । प्र-दिशः । यदि । इमाः ॥ ३० ॥ (१५)

भाषार्थ—[हे वीर !] (बुध्ने) तले पर (सीदतः) बैठे हुये (एनान्)

२९—(उद्योधन्ति) उत्कर्षेण संप्रहरन्ति (अभि) सर्वतः (वल्गन्ति) उत्प्लुत्य गच्छन्ति (तप्ताः) अग्निसंयुताः सत्यः । आपः—इति शेषः (फेनम्) फेनमीनौ । उ० ३ । ३ । स्फायी वृद्धौ—नक् । बुद्बुदाकारं पदार्थम् (अस्यन्ति) क्षिपन्ति (बहुलान्) बहून् (च) (बिन्दून्) (योषा) सेवनीया पत्नी (इव) यथा (दृष्ट्वा) निरीक्ष्य (पतिम्) भर्तारम् (ऋत्वियाय) अ० ३ । २० । १ । छन्दसि घस् । पा० ५ । १ । १०६ ऋतु—घस्, इयादेशः । क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः । पा० २ । ३ । १४ । ऋतुं गर्भाधानयोग्यकालं प्राप्तुम् (एतैः) (तण्डुलैः) (संभवत) शक्तिमत्यो भवत (आपः) हे आप्ताः प्रजाः ॥

३०—(उत्थापय) ऊर्ध्वं धारय (सीदतः) उपविशतः (बुध्ने) मूले

इन [चावलों] को (उत् स्थापय) ऊंचा उठा, वे [चावल] (अद्भिः) जल के साथ (आत्मानम्) अपने को (अभि) सब प्रकार (सं स्पृशन्ताम्) मिला देवें। (पात्रैः) पात्रों [चमचे आदि] से, (यत्) जो कुछ (एतत्) यह (उदकम्) जल है, [उसे] (अमासि) मैं ने नाप लिया है, (यदि) यदि (तण्डुलाः) चावल (इमाः प्रदिशः) इन दिशाओं में [बटलोही के भीतर] (मिताः) नापे गये हैं ॥ ३० ॥

भावार्थ—जैसे रसोइया बटलोही के पैंदे में बैठे हुये चावलों को उठाकर जल से मिलाता है, और बार बार जल और चावलों को नाप कर ठीक ठीक पकाता है, वैसे ही मनुष्य यथावत् उपाय से दूसरों को उन्नत करके योग्य बनावें ॥ ३० ॥

प्र यच्छ पर्शुं त्वरया हरौषमहिंसन्त ओषधीर्दान्तु पर्वन् ।
यासां सोमः परि राज्यं बभूवामन्युता नो वीरुधो भवन्तु ३१

प्र । यच्छ । पर्शुम् । त्वरय । आ । हर । ओषम् । अहिंसन्तः । ओषधीः । दान्तु । पर्वन् ॥ यासाम् । सोमः । परि । राज्यम् । बभूव । अमन्युताः । नः । वीरुधः । भवन्तु ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्य !] (पर्शुम्) हंसिया [दरांती] को (प्र यच्छ) ले, (त्वरय =०—या) वेग से (आ हर) ले आ, (ओषधीः) ओषधियों [अन्न आदि] को (अहिंसन्तः) हानि न करते हुये वे [लावा लोग] (पर्वन्) गांठ पर (ओषम्) झटपट (दान्तु) काटें। (यासाम्) जिन [अन्न आदि] के (राज्यम्)

(एनान्) तण्डुलान् (अद्भिः) जलैः (आत्मानम्) (अभि) सर्वतः (संस्पृशन्ताम्) संयोजयन्तु (अमासि) माङ् माने-लुङ्। अहं परिमितवानस्मि (पात्रैः) चमसादिभिः (उदकम्) जलम् (यत्) (एतत्) (मिताः) परिमिताः (तण्डुलाः) (प्रदिशः) प्रकृष्टा दिशाः, प्रतीति शेषः (यदि) (इमाः) उखायां वर्तमानाः ॥

३१—(प्र यच्छ) नियमय। संगृहाण (पर्शुम्) आङ्परयोः खनिशृभ्यां डिच्च। उ० १। ३३। पर+शृ हिंसायाम्—कु, अकारलोपः। शस्त्रभेदम्। कुठारादिकम् (त्वरय) त्वरया। वेगेन (आहर) आनय (ओषम्) क्षिप्रम्—निघ० २। १५। (अहिंसन्तः) अहानिं कुर्वन्तः (ओषधीः) अन्नादीन् (दान्तु)

राज्य को (सोमः) चन्द्रमा [वा जल] ने (परि बभूव) घेर लिया था, (अमन्युताः) क्रोध को न फैलाती हुयी (वीरुधः) वे ओषधें [अन्न आदि] (नः) हमें (भवन्तु) प्राप्त होवें ॥ ३१ ॥

भावार्थ—जैसे जब खेती चन्द्रमा और जल के संयोग से पक जाती है, तब किसान चतुर कटवैयों से यथाविधि कटवा कर अन्न आदि पाता है, वैसे ही विद्वान् पुरुष विद्वानों के संयोग से ईश्वरज्ञान प्राप्त करके सुखी होता है॥३१॥

पदपाठ में (त्वरय) के स्थान पर [त्वरया] सुबन्त मान कर हम ने अर्थ किया है। यदि तिङन्त होता तो [तिङ्ङतिङः। पा० ८।१।२८।] इस सूत्र से वह सब अनुदात्त होता ॥

नवं बर्हिरोदनाय स्तृणीत प्रियं हृदश्चक्षुषो वल्ग्वस्तु ।
तस्मिन् देवाः सह दैवीर्विशन्त्विमं प्राश्नन्त्वृतुभिर्निषद्य ॥ ३२ ॥

नवम् । बर्हिः । ओदनाय । स्तृणीत । प्रियम् । हृदः । चक्षुषः । वल्गु । अस्तु ॥ तस्मिन् । देवाः । सह । दैवीः । विशन्तु । इमम् । प्र । अश्नन्तु । ऋतु-भिः । नि-सद्य ॥३२॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (नवम्) नवीन (बर्हिः) आसन (ओदनाय) भात [रंधे चावल जीमने] के लिये (स्तृणीत) बिछाओ, वह [आसन] (हृदः) हृदय का (प्रियम्) प्रिय और (चक्षुषः) नेत्र का (वल्गु) रमणीय (अस्तु) होवे। (तस्मिन्) उस [आसन] पर (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] और (दैवीः) देवियां [विदुषी स्त्रियां] (सह) साथ साथ (विशन्तु)

लुनन्तु (पर्वन्) पर्वणि। ग्रन्थौ (यासाम्) ओषधीनाम् (सोमः) चन्द्रः। जलम् (परि) परितः (राज्यम्) राष्ट्रम् (बभूव) प्राप (अमन्युताः) अमन्यु+तनु विस्तारे—ड, टाप्। अमन्योरक्रोधस्य विस्तारिकाः (नः) अस्मान् (वीरुधः) ओषधयः (भवन्तु) प्राप्नुवन्तु ॥

३२—(नवम्) नवीनम् (बर्हिः) आसनम् (ओदनाय) भक्तं जेमितुम् (स्तृणीत) आच्छादयत (प्रियम्) हितकरम् (हृदः) हृदयस्य (चक्षुषः) नेत्रस्य (वल्गु) रमणीयम् (अस्तु) (तस्मिन्) बर्हिषि (देवाः) विद्वांसः (सह) परस्परम् (दैवीः) विदुष्यः (विशन्तु) निषीदन्तु (इमम्) ओदनम्

बैठें और (ऋतुभिः) सब ऋतुओं के साथ (निषद्य) बैठकर (इमम्) इस [भात] को (प्र अश्नन्तु) स्वाद से जीमें ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्य रुचिर भोजन को रमणीक स्थान में ऋतुओं के अनुसार जीमकर प्रसन्न होते हैं, वैसे ही योगी जन शुद्ध अन्तःकरण में परमात्मा के अनुभव से मोक्ष सुख पाते हैं ॥ ३२ ॥

वनस्पते स्तीर्णमा सीद बर्हिरग्निष्टोमैः संमितो देवताभिः।
त्वष्ट्रेव रूपं सुकृतं स्वधित्यैना एहाः परि पात्रे ददृश्राम् ३३

वनस्पते । स्तीर्णम् । आ । सीद । बर्हिः । अग्नि-स्तोमैः । सम्-मितः । देवताभिः ॥ त्वष्ट्रा-इव । रूपम् । सु-कृतम् । स्व-धित्या । एना । एहाः । परि । पात्रे । ददृश्राम् ॥३३॥

भाषार्थ—(वनस्पते) हे सेवनीय शास्त्र के रक्षक विद्वान् ! तू (स्तीर्णम्) फैले हुये (बर्हिः) आसन पर (आ सीद) बैठ जा, तू (अग्निष्टोमैः) ज्ञानस्वरूप परमेश्वर की स्तुतियों से और (देवताभिः) व्यवहार कुशल पुरुषों से (संमितः) सन्मान किया गया है। (एना) इस [पुरुष] करके (एहाः) चेष्टायें (पात्रे) पात्र में [चित्त में] (परि) सब ओर से (ददृश्राम्) देखी जावें, (त्वष्ट्रा इव) जैसे शिल्पीकरके (स्वधित्या) बसूले आदि से (सुकृतम्) सुन्दर बनाया गया (रूपम्) वस्तु [देखा जाता है] ॥ ३३ ॥

(प्राश्नन्तु) स्वादु भक्षयन्तु (ऋतुभिः) समुचितकालैः (निषद्य) उपविश्य ॥

३३—(वनस्पते) म० १५। हे सेवनीयस्य शास्त्रस्य रक्षक (स्तीर्णम्) विस्तीर्णम् (आसीद) उपविश (बर्हिः) आसनम् (अग्निष्टोमैः) ज्ञानस्वरूपस्य परमेश्वरस्य स्तुतिभिः (संमितः) सन्मानितः (देवताभिः) व्यवहारकुशलैः (त्वष्ट्रा) शिल्पिना (इव) यथा (रूपम्) द्रव्यम् (सुकृतम्) सुनिर्मितम् (स्वधित्या) कुठारविशेषेण (एना) एनेन पुरुषेण (एहाः) आङ्+ईह चेष्टायाम्—अङ्, टाप्। सम्यक् चेष्टाः (परि) सर्वतः (पात्रे) भाजने। चित्ते (ददृश्राम्) दृशिर् दर्शने—कर्मणि लोट्। बहुलं छन्दसि। पा० २।४।७६। शपः श्लुः, द्वित्वम्। ऋस्य अत्, तलोपे पररूपे च कृते, एत्वे। आमेतः। पा० ३।४।९०। आम्। बहुलं छन्दसि। पा० ७।१।८। रुट्। दृश्यन्ताम् ॥

भावार्थ—जब मनुष्य ईश्वर के यथार्थ ज्ञान से और विद्वानों के सत्संग से संसार में मान्य और स्वस्थ होकर बैठता है, वह चित्त की वृत्तियों को ऐसा स्पष्ट देखता है, जैसे शिल्पी अपने बनाये पदार्थ को निरखता है ॥ ३३ ॥

षुष्टयां शुरत्सु निधिपा अभीच्छात् स्वः पुक्वेनाभ्यंश्नवातै ।
उपैनं जीवान् पितरश्च पुत्रा एतं स्वुर्गं गमयान्तमुग्नेः ॥३४॥

षुष्टयाम् । शुरत्-सु । निधि-पाः । अभि । इुच्छात् । स्वः ।
पुक्वेन । अभि । अश्नवातै ॥ उप । एनम् । जीवान् । पितरः ।
च । पुत्राः । एतम् । स्वः-गम् । गुमय । अन्तम् । अग्नेः ३४

भाषार्थ—(षष्ट्याम्) साठ [बहुत] (शरत्सु) बरसों में (निधिपाः) निधियों का रक्षक [मनुष्य] (स्वः) सुख को (पक्वेन) परिपक्व [ज्ञान] के साथ (अभि इच्छात्) सब ओर खोजे और (अभि) सब प्रकार (अश्नवातै) प्राप्त करे। (पितरः) पितर [रक्षक ज्ञानी) (च) और (पुत्राः) पुत्र [कष्ट से बचाने वाले लोग] (एनम्) इस [वीर] के (उप जीवान् आश्रय से जीवते रहें, [हे परमेश्वर !] (एतम्) इस [वीर] को (अग्नेः) ज्ञान के (अन्तम्) अन्त [सीमा], (स्वर्गम्) सुख समाज में (गमय) पहुंचा ॥३४॥

भावार्थ—जो मनुष्य बड़े अभ्यास से परिपक्व ज्ञानी होकर मोक्ष सुख पाता है, उस विद्वान् वीर पुरुष का सब विद्वान् लोग आश्रय लेते हैं, और वह परमेश्वर के अनुग्रह से सब का अग्रगामी होकर आनन्दित होता है ॥ ३४ ॥

इस मन्त्र का प्रथम पाद आगे मन्त्र ४१ में है ॥

धुर्ता ध्रियस्व धुरुणे पृथिव्या अच्युतं त्वा देवताश्च्यावय-

३४—(षष्ट्याम्) षष्टिसंख्यायुक्तासु । अनेकासु-इत्यर्थः (शरत्सु) संवत्सरेषु (निधिपाः) निधिपालकः (अभि इच्छात्) अन्विच्छेत् (स्वः) सुखम् (पक्वेन) दृढज्ञानेन (अभि) (अश्नवातै) प्राप्नुयात् (एनम्) विद्वांसम् (उप जीवान्) लेट् । उपेत्य जीवन्तु (पितरः) पालका विज्ञानिनः (च) (पुत्राः) पुतो नरकात् त्रायकाः पुरुषाः (एतम्) (विद्वांसम्) (स्वर्गम्) सुखप्रापकं लोकम् (गमय) प्रापय (अन्तम्) सीमाम् (अग्नेः) ज्ञानस्य ॥

न्तु । तं त्वा दंपती जीवन्तौ जीवपुत्रावुद् वासयातः पर्यग्निधानात् ॥ ३५ ॥

धर्ता । ध्रियस्व । धरुणे । पृथिव्याः । अच्युतम् । त्वा । देवताः । च्यवयन्तु ॥ तम् । त्वा । दंपती इति दम्-पती । जीवन्तौ । जीव-पुत्रौ । उत् । वासयातः । परि । अग्नि-धानात् ॥ ३५ ॥

भाषार्थ—[हे वीर !] तू (धर्ता) धर्ता [धारण करने वाला] होकर (पृथिव्याः) पृथिवी के (धरुणे) धारण में (ध्रियस्व) दृढ़ रह, (अच्युतम् त्वा) तुझ निश्चल को (देवताः) देवता [विद्वान् लोग] (च्यवयन्तु) सहन करें। (तम् त्वा) उस तुझको (जीवन्तौ) जीवते हुये [पुरुषार्थी] (जीव-पुत्रौ) जीवते [पुरुषार्थी] पुत्रों वाले (दम्पती) दोनों पति पत्नी (परि) सब ओर से (अग्निधानात्) ज्ञान के आधार [होने के कारण] से (उत्) उत्कर्षता से (वासयातः) निवास करावें ॥ ३५ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् पराक्रमी दृढ़स्वभाव पुरुष प्रजापालन में चतुर हो, विद्वान् लोग उसका आश्रय लेवें, और ऐसे पुत्र से माता पिता पुत्रवान् होकर उसको उच्च बनावें ॥ ३५ ॥

सर्वान्त्समागा अभिजित्य लोकान् यावन्तः कामाः समतीतृपस्तान् । वि गाहेथामायवनं च दर्विरेकस्मिन् पात्रे अध्युद्धरैनम् ॥ ३६ ॥

३५—(धर्ता) धारकः सन् (ध्रियस्व) धृतः स्थिरो भव (धरुणे) धारणे (पृथिव्याः) भूमिराज्यस्य (अच्युतम्) च्युङ् गतौ—क । निश्चलम् (त्वा) वीरम् (देवताः) विद्वांसः (च्यवयन्तु) च्यु हसने सहने च । सहन्ताम् (तम्) तादृशम् (त्वा) (दम्पती) जायापती (जीवन्तौ) प्राणान् धरन्तौ पुरुषार्थं कुर्वन्तौ (जीवपुत्रौ) जीविताः पुरुषार्थयुक्ताः पुत्रा ययोस्तौ (उत्) उत्कर्षेण (वासयातः) लेट् । निवासयताम् (परि) सर्वतः (अग्निधानात्) ज्ञानधारणकारणात् ॥

सर्वान् । सम्-आगाः । अभि-जित्य । लोकान् । यावन्तः । कामाः । सम् । अतीतृपः । तान् ॥ वि । गाहेथाम् । आ-यवनम् । च । दर्विः । एकस्मिन् । पात्रे । अधि । उत् । हर । एनम् ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—[हे वीर !] (सर्वान् लोकान्) सब लोकों को (अभिजित्य) भले प्रकार जीतकर (समागाः) तू आकर मिला है, (यावन्तः) जितनी (कामाः) कामनायें हैं, (तान्) उन सब को (सम्) यथावत् (अतीतृपः) तू ने तृप्त किया है। (आयवनम्) मन्थन दण्डी (च) और (दर्विः) चमचा [दोनों] (एकस्मिन् पात्रे) एक पात्र में (वि गाहेथाम्) डूबें [हे वीर !] (एनम्) इस [आत्मा] को (अधि) अधिकार पूर्वक (उत् हर) ऊंचा ले चल ॥ ३६ ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि सब विघ्नों को पार करके शुभ कामनाओं को पूरा करे और एक परमात्मा में वा जगत् की रक्षा में तत्पर होकर आत्मा की उन्नति करता रहे, जैसे एक बटलोही में शाक आदि को दण्डी से कूटकर सिद्ध करते और चमचे से निकालते हैं ॥ ३६ ॥

उप स्तृणीहि प्रथय पुरस्ताद् घृतेन पात्रमभि घारयैतत्।
वाश्रेवोस्रा तरुणं स्तनस्युमिमं देवासो अभिहिङ्कृणोत ॥३७॥

उप । स्तृणीहि । प्रथय । पुरस्तात् । घृतेन । पात्रम् । अभि । घारय । एतत् ॥ वाश्रा-इव । उस्रा । तरुणम् । स्तनु-

३६—(सर्वान्) (समागाः) सम्+आङ्+इण् गतौ-लुङ्। समागतोऽसि (अभिजित्य) (लोकान्) (यावन्तः) (कामाः) इष्टपदार्थाः (सम्) सम्यक् (अतीतृपः) तर्पितवानसि (तान्) कामान् (वि) विविधम् (गाहेथाम्) थस्य तकारश्छान्दसः । गाहेताम् । निमग्ने भवताम् (आयवनम) आङ+यु मिश्रणामिश्रणयोः—ल्युट् । विलोडनदण्डः (च) (दर्विः) चमसः (एकस्मिन्) (पात्रे) भाजने (अधि) अधिकार पूर्वकम् (उत् हर) उच्चं प्राप्नुहि (एनम्) आत्मानम् ॥

स्तनस्युम् । इमम् । देवासः । अभि- हिङ्कृणोत ॥ ३७ ॥

भाषार्थ—[हे विद्वान् !] (एतत्) इस (पात्रम्) पात्र [योग्य पुरुष] को (उप स्तृणीहि) फैला, (पुरस्तात्) आगे को (प्रथय) प्रसिद्ध कर, और (घृतेन) सार पदार्थ [तत्त्वज्ञान] से (अभि) भले प्रकार (धारय) प्रकाशमान कर। (देवासः) हे विद्वानो ! (इमम्) इस [आत्मा] को (अभिहिङ्कृणोत) बहुत वृद्धि वाला करो, (इव) जैसे (वाश्रा) रंभाती हुयी (उस्रा) गाय (तरुणम्) नवीन (स्तनस्युम्) थन चाहने वाले [बछड़े] को ॥ ३७ ॥

भावार्थ—आचार्य को उचित है कि सुयोग्य ब्रह्मचारियों को उत्तम विद्या देकर बढ़ावे, जैसे गौ नवोत्पन्न बच्चे को दूध से बढ़ाती है ॥ ३७ ॥

उपास्तरीरकरो लोकमेतमुरुः प्रथतामसमः स्वर्गः । तस्मिञ्छ्रयातै महिषः सुपर्णो देवा एनं देवताभ्यः प्र यच्छान् ॥३८॥

उप । अस्तरीः । अकरः । लोकम् । एतम् । उरुः । प्रथताम् । असमः । स्वः-गः ॥ तस्मिन् । श्रयातै । महिषः । सु-पर्णः । देवाः । एनम् । देवताभ्यः । प्र । यच्छान् ॥ ३८ ॥

३७—(उपस्तृणीहि) स्तृञ् आच्छादने । विस्तारय (प्रथय) प्रख्यातं कुरु (पुरस्तात्) अग्रतः (घृतेन) घृ दीप्तौ—क्त । सारपदार्थेन । तत्त्वज्ञानेन (पात्रम्) पा रक्षणे—ष्ट्रन् । विद्यादियुक्तं दानयोग्यं ब्राह्मणम् (धारय) धृ दीप्तौ—णिच् । प्रकाशय (एतत्) (वाश्रा) स्फायितञ्चिवञ्चि० । उ० २ । १३ । वाशृ शब्दे—रक् । शब्दायमाना (इव) यथा (उस्रा) स्फायितञ्चिवञ्चि० । उ० २ । १३ । वस निवासे—रक्, टाप् । गौः (तरुणम्) नूतनम् (स्तनस्युम्) सुप आत्मनः क्यच् । पा० ३ । १ । ८ । स्तन—क्यच् । सर्वप्रातिपदिकानां क्यचि लालसायां सुगसुकौ । वा० पा० ७ । १ । ५१ । सुगागमः । क्याच्छन्दसि । पा० । ३ । २ । १७० । उप्रत्ययः । स्तनमिच्छन्तं वत्सम् (इमम्) आत्मानम् (देवासः) हे विद्वांसः (अभिहिङ्कृणोत) अ० ७ । ७३ । ८ । हि गतिवृद्ध्योः—डि । अभिगतवृद्धिं कुरुत ॥

भाषार्थ—[हे विद्वान् !] तू ने (एतम्) इस [पुरुष] को (उप अस्तरीः) बढ़ाया और (लोकम्) दर्शनीय (अकरः) बनाया है, (उरुः) विस्तृत (असमः) व्याकुलता रहित (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला व्यवहार (प्रथताम्) बढ़े। (तस्मिन्) उस [सुख व्यवहार] में (महिषः) महान् (सुपर्णः) बड़ी पूर्ति वाला [वह पुरुष] (श्रयातै) आश्रय लेवे, (देवाः) विद्वान् लोग (एतम्) इस [सुख व्यवहार] को (देवताभ्यः) आनन्दों के लिये (प्र यच्छान्) देवें ॥ ३८ ॥

भावार्थ—विद्वानों का कर्तव्य है कि संसार में सुख के साधनों को फैलाकर सब को सुखी करके आप भी सुखी होवें ॥ ३८ ॥

यद्यज्जाया पचति त्वत् परःपरः पतिर्वा जाये त्वत् तिरः। सं तत् सृजेथां सह वां तदस्तु संपादयन्तौ सह लोकमेकम् ॥३९॥

यत्-यत्। जाया। पचति। त्वत्। परः-परः। पतिः। वा। जाये। त्वत्। तिरः॥ सम्। तत्। सृजेथाम्। सह। वाम्। तत्। अस्तु। सम्-पादयन्तौ। सह। लोकम्। एकम् ॥ ३९ ॥

भाषार्थ—[हे पति !] (यद्यत्) जो कुछ [वस्तु] (जाया) पत्नी (त्वत्) तुझ से (परः परः) अलग अलग (पचति) पकाती है, (वा) अथवा,

३८—(उप अस्तरीः) विस्तारितवानसि (अकरः) कृतवानसि (लोकम्) दर्शनीयम् (एतम्) पुरुषम् (उरुः) विस्तीर्णः (प्रथताम्) प्रख्यातो भवतु (असमः) षम वैकल्ये—अच्। वैकल्यरहितः (स्वर्गः) सुखप्रापको व्यवहारः (तस्मिन्) सुखव्यवहारे (श्रयातै) श्रिञ् सेवायाम्—लेट्। श्रयतु। सेवताम् (महिषः) अविमह्योष्टिषच्। उ० १।४५। मह पूजायाम्—टिषच्। महान्। पूजनीयः (सुपर्णः) पॄ पालनपूरणयोः—न। बहुपूर्तिमान् (देवाः) विद्वांसः (एतम्) सुखव्यवहारम् (देवताभ्यः) मोदानां प्राप्तये (प्र यच्छान्) लेटि रूपम्। प्रयच्छन्तु। ददतु॥

३९—(यद्यत्) यत्किंचित् (जाया) पत्नी (पचति) पक्वं करोति (त्वत्) तव सकाशात् (परः परः) पॄ पालनपूरणयोः—असुन्। दूरं दूरम्

(जाये) हे पत्नी ! (पतिः) पति (त्वत्) तुझ से (तिरः) गुप्त गुप्त [कुछ पकाता है] । (एकम्) एक (लोकम्) घर को (सह) मिलकर (सम्पादयन्तौ) बनाते हुये तुम दोनों (तत्) उस [गृह कर्म] को (सं सृजेथाम्) मिलाओ, (तत्) वह [गृहकर्म] (वाम्) तुम दोनों का (सह) मिलकर (अस्तु) होवे ॥ ३९ ॥

भावार्थ—पति पत्नी परस्पर विरोध न करें, सदा एकमत होकर ही प्रसन्नता पूर्वक गृहाश्रम पूरा करें ॥ ३९ ॥

यावन्तो अस्याः पृथिवीं सचन्ते अस्मत् पुत्राः परि ये संबभूवुः । सर्वांस्ताँ उप पात्रे ह्वयेथां नाभिं जानानाः शिशवः समायान् ॥ ४० ॥ (१९)

यावन्तः । अस्याः । पृथिवीम् । सचन्ते । अस्मत् । पुत्राः । परि । ये । सम्-बभूवुः ॥ सर्वान् । तान् । उप । पात्रे । ह्वयेथाम् । नाभिम् । जानानाः । शिशवः । सम्-आयान् ४०(१९

भाषार्थ—(अस्याः) इस [पत्नी] के (यावन्तः) जितने (पुत्राः) पुत्र (पृथिवीम्) पृथिवी को (सचन्ते) सेवते हैं, और (ये) जो [पुत्र] (अस्मत् परि) हम से पृथक् (संबभुवुः) उत्पन्न हुये हैं । (तान् सर्वान्) उन सब को (पात्रे) रक्षणीय व्यवहार में (उप ह्वयेथाम्) तुम दोनों निकट बुलाओ, (नाभिम्) बन्धुधर्म (जानानाः) जानते हुये (शिशवः) वे बालक (समायान्) मिलकर चलें ॥ ४० ॥

(पतिः) (वा) (जाये) हे पत्नि (त्वत्) (तिरः) अन्तर्धाने (तत्) गृहस्थकर्म (संसृजेथाम्) संयोजयतम् (सह) साहित्ये (वाम्) युवयोः (तत्) (अस्तु) (संपादयन्तौ) संसाधयन्तौ (सह) (लोकम्) गृहम् (एकम्) ॥

४०—(यावन्तः) (अस्याः) जायायाः (पृथिवीम्) (सचन्ते) सेवन्ते (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (पुत्राः) (परि) पृथग् भूय (संबभूवुः) उत्पन्ना बभूवुः (सर्वान्) (तान्) (उप) समीपम् (पात्रे) रक्षणीये व्यवहारे (ह्वयेथाम्) आह्वयतं युवाम् (नाभिम्) बन्धुत्वम् (जानानाः) ज्ञा अवबोधने-चानश् । जानन्तः (शिशवः) बालकाः (समायान्) सम्+आङ्+या गतौ—लेट् । समागच्छन्ताम् ॥

भावार्थ—चाहे कोई सन्तान विवाह विधि से वा नियोग विधि से उत्पन्न हों, वे सब दाय भाग में यथावत् भाग पावें ॥ ४० ॥

वसो॒र्या धारा॒ मधु॑ना॒ प्रपी॑ना घृ॒तेन॑ मि॒श्रा अ॒मृत॑स्य॒ नाभ॑यः। सर्वा॒स्ता अव॑ रुन्धे स्व॒र्गः ष॒ष्ट्यां श॒रत्सु॑ नि॒धि॒पा अ॒भी-च्छात् ॥ ४१ ॥

वसोः । याः । धाराः । मधु॑ना । प्र-पी॑नाः । घृ॒तेन॑ । मि॒श्राः। अ॒मृत॑स्य । नाभ॑यः ॥ सर्वाः । ताः । अव॑ । रु॒न्धे॒ । स्वः॒-गः। ष॒ष्ट्याम् । श॒रत्-सु॑ । नि॒धि॒-पाः । अ॒भि । इ॒च्छात् ॥ ४१ ॥

भाषार्थ—(वसोः) श्रेष्ठ गुण की (याः धाराः) जो धारायें (मधुना) विज्ञान [मधुविद्या] से (प्रपीनाः) बढ़ी हुयी और (घृतेन) सार [तत्त्वज्ञान] से (मिश्राः) मिली हुयी (अमृतस्य) अमृत [मोक्ष सुख] की (नाभयः) नाभियें [मध्यभाग] हैं। (ताः सर्वाः) उन सब [धाराओं] को (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला [पुरुष] (अव रुन्धे) चौकसी से रख लेता है, और [उन को] (षष्ट्याम्) साठ [अनेक] (शरत्सु) बरसों में (निधिपाः) निधियों का रक्षक [मनुष्य] (अभि इच्छात्) खोजे ॥ ४१ ॥

भावार्थ—श्रेष्ठ गुण संसार में ईश्वर के विज्ञान और सृष्टि के तत्त्व ज्ञान से मनुष्य को बड़े प्रयत्न और बड़े अभ्यास से प्राप्त होते हैं ॥ ४१ ॥

इस मन्त्र का चौथा पाद ऊपर मन्त्र ३४ में आ चुका है ॥

नि॒धिं नि॑धि॒पा अ॒भ्ये॑नमिच्छा॒दनी॑श्वरा अ॒भितः॑ सन्तु॒ ये॒ऽन्ये । अ॒स्माभि॑र्द॒त्तो निहि॑तः स्व॒र्गस्त्रि॒भिः काण्डै॒स्त्रीन्त्स्व॒-र्गान॑रुक्षत् ॥ ४२ ॥

४१—(वसोः) श्रेष्ठगुणस्य (याः) (धाराः) प्रवाहाः (मधुना) विज्ञानेन । मधुविद्यया (प्रपीनाः) प्रवृद्धाः (घृतेन) घृ सेके दीप्तौ—क्त । सारेण । तत्त्वज्ञानेन (मिश्राः) संयुक्ताः (अमृतस्य) मोक्षसुखस्य (नाभयः) मध्यभागाः (सर्वाः) (ताः) धाराः (अव रुन्धे) सावधानतया रक्षति (स्वर्गः) सुखप्रापकः पुरुषः । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३४ ॥

नि-धिम् । निधि-पाः । अभि । एनम् । इच्छात् । अनीश्वराः । अभितः । सन्तु । ये । अन्ये ॥ अस्माभिः । दत्तः । नि-हितः । स्वः-गः । त्रि-भिः । काण्डैः । त्रीन् । स्वः-गान् । अरुक्षत् ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—(निधिपाः) निधियों का रक्षक [पुरुष] (एनम्) इस (निधिम्) निधि [अर्थात् मोक्ष] को (अभि इच्छात्) खोजे, (ये) जो (अन्ये) दूसरे (वेदविरोधी] हैं, वे (अभितः) सब ओर से (अनीश्वराः) बिना ऐश्वर्य (सन्तु) होवें । (अस्माभिः) हम [धर्मात्माओं] से (दत्तः) रक्षित, (निहितः) स्थापित (स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाला [मनुष्य] (त्रिभिः) तीन [मानसिक, वाचिक और शारीरिक](काण्डैः) कामना योग्य कर्मों से (त्रीन्) तीन [आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक] (स्वर्गान्) स्वर्गों [सुख पहुंचाने वाले व्यवहारों] को (अरुक्षत्) ऊंचा चढ़ा है ॥ ४२ ॥

भावार्थ—मनुष्य ईश्वरनियमों पर चलकर ऐश्वर्य पाते हैं, अधर्मी लोग नहीं पाते, पहिले भी मनुष्यों ने मन, वाणी, और शरीर के उत्तम उपयोगों से आध्यात्मिक आदि सुख पाये हैं ॥ ४२ ॥

अग्नी रक्षस्तपतु यद् विदेवं क्रव्यात् पिशाच इह मा प्र पास्त । नुदाम एनमप रुध्मो अस्मदादित्या एनमङ्गिरसः सचन्ताम् ४३

अग्निः । रक्षः । तपतु । यत् । वि-देवम् । क्रव्य-अत् ।

४२—(निधिम्) कोशम् । मोक्षमित्यर्थः (निधिपाः) कोशपालकः (एनम्) (अभि इच्छात्) अन्वेषणेन प्राप्नुयात् (अनीश्वराः) ईश ऐश्वर्ये-वरच् । अनैश्वर्यवन्तः (अभितः) सर्वतः (ये) (अन्ये) वेदविरोधिनः (अस्माभिः) विद्वद्भिः (दत्तः)—देङ् पालने—क्त । दाधाघ्वदाप् । पा० १ । १ । २० । इति घुसंज्ञा । दो दद्घोः । पा० ७ । ४ । ४६ । दद् इत्यादेशः । रक्षितः(निहितः) स्थापितः (स्वर्गः) सुखप्रापकः पुरुषः (त्रिभिः) मानसिकवाचिकशारीरिकैः (काण्डैः) कादिभ्यः कित् । उ० १ । ११५ । कमु कान्तौ—ड । यद्वा, कण शब्दे—ड । अनुनासिकस्य क्विझलोःक्ङिति । पा० ६ । ४ । १५ । इति दीर्घः । कमनीयैः कर्मभिः (त्रीन्) आध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकान् (स्वर्गान्) सुखप्रापकान् व्यवहारान् (अरुक्षत्) अध्यतिष्ठत् ॥

पिशाचः । इह । मा । प्र । पास्त ॥ नुदामः । एनम् । अप ॥

रुध्मः । अस्मत् । आदित्याः । एनम् । अङ्गिरसः । सचन्ताम् ४३

भाषार्थ—(अग्निः) अग्नि [समान तेजस्वी पुरुष] (रक्षः) उस राक्षस को (तपतु) जलावे (यत्) जो (विद्वेषम्) विरुद्ध व्यवहारी (क्रव्यात्) मांस खाने वाला है, (पिशाचः) पिशाच [मांस खाने वाला पुरुष] (इह) यहां पर (मा प्र पास्त) [जलादि] पान न करे । (एनम्) इस [पिशाच] को (अस्मत्) अपने से (नुदामः) हम हटाते हैं और (अप रुध्मः) निकाले देते हैं, (आदित्याः) आदित्य [अखण्ड ब्रह्मचारी] (अङ्गिरसः) ऋषि लोग (एनम्) इस [तेजस्वी पुरुष] को (सचन्ताम्) मिलते रहें ॥ ४३ ॥

भावार्थ—विद्वान् तेजस्वी पुरुष कलहकारी दुराचारियों को निकालें और महात्मा लोग विद्वान् का सहाय करें ॥ ४३॥

आदित्येभ्यो अङ्गिरोभ्यो मध्विदं घृतेन मिश्रं प्रति वेदयामि ।

शुद्धहस्तौ ब्राह्मणस्यानिहत्यैतं स्वर्गं सुकृतावपीतम् ॥ ४४ ॥

आदित्येभ्यः अङ्गिरःऽभ्यः । मधु । इदम् । घृतेन । मिश्रम् । प्रति । वेदयामि ॥ शुद्धऽहस्तौ । ब्राह्मणस्य । अनिऽहत्य । एतम् । स्वःऽगम् । सुऽकृतौ । अपि । इतम् ॥ ४४ ॥

भाषार्थ—(आदित्येभ्यः) अखण्डब्रह्मचारी (अङ्गिरोभ्यः) ऋषियों

४३—(अग्निः) अग्निवत्तेजस्वी पुरुषः (रक्षः) राक्षसम् (तपतु) दहतु (यत्) (विद्वेषम्) दिवु व्यवहारे—अच् । विरुद्धव्यवहारिणम् (क्रव्यात्) मांसभक्षकम् (पिशाचः) अ० १ । १६ । ३ । मांसभक्षकः (इह) अत्र (मा प्र पास्त) पा पाने—लुङ् । आत्मनेपदं छान्दसम् । जलादिपानं मा कुर्यात् (नुदामः) प्रेरयामः (एनम्) पिशाचम् (अप रुध्मः) बहिष्कुर्मः (अस्मत्) अस्माकं सकाशात् (आदित्याः) अ० १ । ६ । १ । अदिति—ण्य । अखण्डब्रह्मचारिणः (एनम्) तेजस्विनं विद्वांसम् (अङ्गिरसः) अ० २ । १२ । ४ । ऋषयः (सचन्ताम्) षच समवाये । संगच्छन्तु ॥

४४—(आदित्येभ्यः) मू० ४३ । अखण्डब्रह्मचारिभ्यः (अङ्गिरोभ्यः)

के लिये (घृतेन) सार [तत्त्वज्ञान] से (मिश्रम्) मिले हुये (इदम्) इस (मधु) विज्ञान [मधुविद्या] को (प्रति वेदयामि) मैं [ईश्वर] जताये देता हूं [हे पति पत्नी !] तुम दोनों (शुद्धहस्तौ) शुद्ध हाथों वाले और (सुकृतौ) सुकर्मी होकर (ब्राह्मणस्य) वेद वा ब्रह्माण्ड के स्वामी [परमेश्वर] के (एतम्) इस (स्वर्गम्) सुख पहुंचाने वाले व्यवहार को (अनिहत्य) नष्ट न करके [सदा मानकर] (अपि इतम्) चलते चलो ॥ ४४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर पूर्ण विदुषी स्त्रियों और पूर्ण विद्वान् पुरुषों को आज्ञा देता है कि वे सदा धर्मात्मा रहकर ईश्वर की आज्ञा माने और उन्नति करते जावें ॥ ४४ ॥

इदं प्रापमुत्तमं काण्डमस्य यस्माल्लोकात् परमेष्ठी समाप ।
आ सिञ्च सर्पिर्घृतवत् समङ्ग्ध्येष भागो अङ्गिरसो नो अत्र॥४५

इदम् । प्र । आपम् । उत्-तमम् । काण्डम् । अस्य । यस्मात् । लोकात् । परमे-स्थी । सम्-आप ॥ आ । सिञ्च । सर्पिः । घृत-वत् । सम् । अङ्ग्धि । एषः । भागः । अङ्गिरसः । नः । अत्र ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—(इदम्) यह (उत्तमम्) उत्तम (काण्डम्) कामना योग्य पद (अस्य) उस [समाज] का (प्र आपम्) मैं [ब्रह्मचारी] ने पाया है, (यस्मात्) जिस (लोकात्) समाज से (परमेष्ठी) बड़े ऊंचे पद वाले [ब्रह्मचारी] ने [उत्तम पद को] (समाप) पूरा पूरा पाया था । [हे आचार्य!]

म० ४३ । ऋषिभ्यः (मधु) विज्ञानम् (इदम्) (घृतेन) सारेण । तत्त्वज्ञानेन (मिश्रम्) संयुक्तम् (प्रति) प्रत्यक्षम् (वेदयामि) विज्ञापयामि (शुद्धहस्तौ) पवित्रहस्तकर्माणौ (ब्राह्मणस्य) ब्रह्म—अण् । ब्रह्मणो वेदस्य ब्रह्माण्डस्य वा स्वामिनः परमेश्वरस्य (अनिहत्य) अनाशयित्वा (एतम्) (स्वर्गम्) सुख-प्रापकं व्यवहारम् (सुकृतौ) धर्मकर्माणौ (अपि) अवधारणे (इतम्) गच्छतम् ॥

४५—(इदम्) प्रत्यक्षम् (प्रापम्) प्राप्तवानस्मि (उत्तमम्) श्रेष्ठम् (काण्डम्) म० ४२ । कमनीयं पदम् (अस्य) तस्य । समाजस्य (यस्मात्) (लोकात्) समाजात् (परमेष्ठी) उत्कृष्टे पदे वर्तमानो ब्रह्मचारी (सम्) सम्यक् (आप) प्राप्तवान् (आ) समन्तात् (सिञ्च (सर्पिः) अर्चि—

तू (घृतवत्) प्रकाश युक्त (सर्पिः) ज्ञान को (आ सिञ्च) सब ओर सींच और (सम्) ठीक ठीक (अङ्ग्धि) प्रकट कर, (अङ्गिरसः) विद्वान् [आचार्य] का (एषः) यह (भागः) सेवनीय व्यवहार (नः) हमारे लिये (इह) यहां [संसार में] [होवे] ॥ ४५ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारिणी और ब्रह्मचारी पूर्व विद्यार्थियों के समान नियम पूर्वक विद्या का अभ्यास करें और आचार्य से विद्या के लिये प्रार्थना किया करें ॥ ४५ ॥

सत्याय॑ च॒ तप॑से दे॒वताभ्यो नि॒धिं शे॑व॒धिं परि॑ दद्म ए॒तम् । मा नो॑ द्यू॒तेऽव॑ गा॒न्मा समि॑त्यां॒ मा स्मा॒न्यस्मा॒ उत्सृ॑जता पु॒रा मत् ॥ ४६ ॥

स॒त्याय॑ । च॒ । तप॑से । दे॒वताभ्यः । नि॒-धिम् । शे॒व॒-धिम् । परि॑ । द॒द्म॒ः । ए॒तम् ॥ मा । न॒ः । द्यू॒ते । अव॑ । गा॒त् । मा । सम्-इ॑त्याम् । मा । स्म॒ । अ॒न्यस्मै॑ । उत् । सृ॒ज॒त॒ । पु॒रा । मत् ॥ ४६ ॥

भाषार्थ—(सत्याय) सत्य [यथार्थ कर्म करने] के लिये (च) और (तपसे) तप [ऐश्वर्य बढ़ाने] के लिये (देवताभ्यः) विजय चाहने वाले [ब्रह्मचारियों] को (एतम्) यह (शेवधिम्) सुखदायक (निधिम्) निधि [विद्याकोश] (परिदद्मः) हम [आचार्य लोग] सौंपते हैं । (नः) हमारा

शुचिह्रुसृपि० । उ० २ । १०८ । सृप गतौ—इसि । ज्ञानम् (घृतवत्) प्रकाशयुक्तम् (सम्) सम्यक् (अङ्ग्धि) अञ्जू व्यक्तीकरणे । व्यक्तं प्रकटं कुरु (एषः) (भागः) सेवनीयो व्यवहारः (अङ्गिरसः) विदुषः पुरुषस्य । आचार्यस्य (नः) अस्मभ्यम् (अत्र) संसारे ॥

४६—(सत्याय) यथार्थकर्मकरणाय (च) (तपसे) ऐश्वर्यवर्धनाय (देवताभ्यः) विजिगीषुभ्यो विद्यार्थिभ्यः (निधिम्) विद्याकोशम् (शेवधिम्) शेवं सुखम्—निघ० ३ । ६ । सुखप्रदम् (परिदद्मः) समर्पयामः (एतम्) प्रत्यक्षम् (नः) अस्माकम् (द्यूते) पाशादिक्रीडायाम् । कैतवे (मा अव गात्)

वह [निधि] (द्यूते) जुये में (मा अव गात्) न चला जावे और (मा) न (समित्याम्) संग्राम में और (मा स्म) न कभी वह [निधि] (अन्यस्मै) अन्य [अधर्मी) पुरुष को (मत्) मुझ [धर्मात्मा] से (पुरा) आगे होकर (उत् सृजत) छुट जावे ॥ ४६ ॥

भावार्थ—आचार्य ब्रह्मचारियों को उपदेश करे कि इस विद्याकोश को धर्म की वृद्धि के लिये हम तुम्हें देते हैं, हमारे उपदेश से विरुद्ध इस विद्या-रत्न को जुये आदि खोटे कामों में मत बिगाड़ो ॥ ४६ ॥

अहं पचाम्यहं ददामि ममेदु कर्मन् करुणेऽधि जाया । कौमारो लोको अजनिष्ट पुत्रो३ऽन्वारभेथां वय उत्तरावत् ॥ ४७ ॥

अहम् । पचामि । अहम् । ददामि । मम । इत् । ऊं इति । कर्मन् । करुणे । अधि । जाया ॥ कौमारः । लोकः । अजनिष्ट । पुत्रः । अनु-आरभेथाम् । वयः । उत्तर-वत् ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—(अहम्) मैं [आचार्य] [विद्याकोश को मन्त्र ४६] (पचामि) पक्का [दृढ़] करता हूं, और (अहम्) मैं (ददामि) देता हूं, (मम) मेरी (जाया) पत्नी (इत्) भी (उ) निश्चय करके (करुणे) करुणायुक्त (कर्मन्) कर्म में (अधि) अधिकृत है। (कौमारः) उत्तम कुमारियों वाला और (पुत्रः) उत्तम पुत्रों वाला (लोकः) यह लोक (अजनिष्ट) हुआ है, [हे कुमारी कुमारो !] तुम दोनों (उत्तरावत्) अधिक उत्तम गुण वाला

मा नश्येत् (मा) निषेधे (समित्याम्) सङ्ग्रामे—निघ० २। १७ (मा स्म) नैव (अन्यस्मै) विरुद्धस्वभावाय। अधर्मिणे (उत् सृजत) सृज विसर्गे—लङ्, आत्मनेपदं छान्दसम्। स्मोत्तरे लङ् च। पा० ३। ३। १७६। मास्मेत्युपपदे-लङ्। त्यज्यताम् (पुरा) अग्रतः (मत्) मत्सकाशात् ॥

४७—(अहम्) आचार्यः (पचामि) पक्वं दृढं करोमि, निधिम्—म० ४६ (अहम्) (ददामि) (मम) (इत्) एव (उ) निश्चयेन (कर्मन्) विहितकर्मणि (करुणे) करुणा—अर्श आद्यच्। करुणावति। दयावति (अधि) अधिकृता (जाया) पत्नी (कौमारः) कुमारी—अण्। श्रेष्ठकुमारीयुक्तः (लोकः) समाजः (अजनिष्ट) प्रादुरभवत् (पुत्रः) पुत्र—अर्श आद्यच्। श्रेष्ठपुत्रयुक्तः (अन्वारभेथाम्) निरन्तरमारम्भं कुरुतम् (वयः) जीवनम्

(वयः) जीवन (अन्वारभेथाम्) निरन्तर आरम्भ करो ॥ ४७ ॥

भावार्थ—आचार्य और आचार्यानी विद्या का उपदेश दृढ़ता से करें जिससे कुमारी और कुमार संसार में धर्म के उदाहरण बनकर सदा श्रेष्ठ जीवन बितावें ॥ ४७ ॥

न किल्बिषमत्र नाधारो अस्ति न यन्मित्रैः समममान एति ।
अनूनं पात्रं निहितं न एतत् पक्तारं पक्वः पुनरा विशाति ४८

न । किल्बिषम् । अत्र । न । आ-धारः । अस्ति । न । यत् । मित्रैः । सम्-अममानः । एति ॥ अनूनम् । पात्रम् । नि-हितम् । नः । एतत् । पक्तारम् । पक्वः । पुनः । आ । विशाति ४८

भाषार्थ—(अत्र) इस [हमारे समाज] में (न) न तो (किल्बिषम्) कोई दोष, (न) न (आधारः) गिर पड़ने का व्यवहार (अस्ति) है और (न) न [वह कर्म है] (यत्) जिससे (मित्रैः) मित्रों के साथ (समममानः) बहुत पीड़ा देने वाला व्यवहार (एति) चलता है । (एतत्) यह (नः) हमारा (पात्रम्) पात्र [हृदय] (अनूनम्) बिना रीता [परिपूर्ण] (निहितम्) रक्खा हुआ है, (पक्वः) परिपक्व [दृढ़ बोध] (पक्तारम्) दृढ़ करने वाले पुरुष में (पुनः) निश्चय करके (आ विशाति) प्रवेश करेगा ॥ ४८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य अपने और अपने सम्बन्धियों के दोषों को हटाकर सब को उत्तम गुणी बनाता है, तब उनके हृदयों में परिपक्व ज्ञान प्रवेश करता है ॥ ४८ ॥

(उत्तरावत्) म० १० । अधिकोत्तमगुणयुक्तम् ॥

४८—(न) निषेधे (किल्बिषम्) अ० ५ । १६ । ५ । किल पीडायाम्—टिषच् बुक् च । अपराधः (अत्र) समाजे (न) (आधारः) आङ्+धृङ् अवध्वंसने अवस्थाने च—घञ् । संपतनव्यवहारः (अस्ति) (न) (यत्) यस्मात् (मित्रैः) (समममानः) सम्+अम गतौ पीडने च—चानश् । संपीडको व्यवहारः (एति) गच्छति । वर्तते (अनूनम्) परिपूर्णम् (पात्रम्) रक्षासाधनम् । हृदयम् (निहितम्) स्थापितम् (नः) अस्माकम् (एतत्) प्रत्यक्षम् (पक्तारम्) दृढीकर्तारम् (पक्वः) दृढो बोधः (पुनः) अवधारणे (आ विशाति) लेट् । प्रविशेत् ॥

प्रियं प्रियाणां कृणवाम् तम॒स्ते य॑न्तु यत॒मे द्वि॒षन्ति । धे॒नु- र॑नड्वान् वयो॑वय आयदे॒व पौरु॑षेय॒मप॑ मृ॒त्युं नु॑दन्तु ॥ ४८ ॥

प्रियम् । प्रि॒याणाम् । कृ॒णवाम । तमः॑ । ते । य॒न्तु । य॒त॒मे । द्वि॒षन्ति ॥ धे॒नुः । अ॒नड्वान् । वयः॑-वयः । आ॒ यत् । ए॒व । पौरु॑षेयम् । अप॑ । मृ॒त्युम् । नु॒द॒न्तु ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—(प्रियाणाम्) अपने प्यारों का हम (प्रियम्) प्रिय [कर्म] (कृणवाम) करें (ते) वे [दुष्ट] (तमः) अन्धकार [कारागार] में (यन्तु) जावें (यतमे) जो कोई (द्विषन्ति) [हम से] बैर करते हैं। (धेनुः) दुधैल गाय, (अनड्वान्) छकड़ा ले चलने वाला बैल और (आयत्) आता हुआ (वयोवयः) प्रत्येक अन्न (एव) निश्चय करके (पौरुषेयम्) पुरुष की (मृत्युम्) मृत्यु को (अप नुदन्तु) ढकेल देवें ॥ ४८ ॥

भावार्थ—धर्मात्मा लोग धर्मात्मा हितकारियों से प्रिय व्यवहार करें और दुष्टों को कष्ट देते रहें, जिससे गौ, बैल, अन्न आदि आवश्यक पदार्थ बढ़कर संसार की वृद्धि करें ॥ ४८ ॥

सम॒ग्नयो॑ विदुर॒न्यो अ॒न्यं य ओष॑धीः सच॑ते॒ यश्च॒ सिन्धू॑न् । याव॑न्तो दे॒वा दि॒व्या॑३॒ तप॑न्ति॒ हिर॑ण्यं॒ ज्योति॑: पच॑तो ब॒भूव ॥ ५० ॥ (१७)

सम् । अ॒ग्नयः॑ । वि॒दुः । अ॒न्यः । अ॒न्यम् । यः । ओष॑धीः । सच॑ते । यः । च॒ । सिन्धू॑न् ॥ याव॑न्तः । दे॒वाः । दि॒वि ।

४८—(प्रियम्) प्रीतिकरं कर्म (प्रियाणाम्) स्वहितकारकाणाम् (कृणवाम) कुर्याम (तमः) अन्धकारम् । कारागारम् (ते) दुष्टाः (यन्तु) गच्छन्तु (यतमे) ये केचित् (द्विषन्ति) वैरायन्ते (धेनुः) दोग्ध्री गौः (अनड्वान्) शकटवाहको बलीवर्दः (वयोवयः) प्रत्येकप्रकारमन्नम् (आयत्) इण् गतौ—शतृ । आगच्छत् (एव) निश्चयेन (पौरुषेयम्) पुरुष-ढञ् । मानुषम् (अप) दूरे (मृत्युम्) मरणम् (नुदन्तु) प्रेरयन्तु ॥

आ-तपन्ति । हिरण्यम् । ज्योतिः । पचतः । बभूव ॥५०॥ १७)

भाषार्थ—(अग्नयः) सब आग [के ताप] (अन्यो अन्यम्) परस्पर (सं विदुः) मिलते हैं, (यः) जो [ताप] (ओषधीः) ओषधियों [अन्न सोमलता आदि] को (च) और (यः) जो (सिन्धून्) [पृथिवी और अन्तरिक्ष के] समुद्रों को (सचते) सेवता है । (यावन्तः) जितने (देवाः) चमकते हुये लोक (दिवि) आकाश में (आतपन्ति) सब ओर तपते हैं, [वैसेही] (पचतः) सब के परिपक्व करने वाले वा विस्तारक [परमेश्वर] के (हिरण्यम्) कमनीय प्रकाश ने (ज्योतिः) [प्रत्येक] ज्योति में (बभूव) मेल किया है ॥ ५० ॥

भावार्थ—जैसे भौतिक अग्नि, बिजुली आदि के रूप से सब पदार्थों और सब लोकों को सहारता और चमकाता है, वैसेही जगत्स्रष्टा परमात्मा प्रत्येक अग्नि आदि को सहारता और चमकाता है ॥ ५० ॥

एषा त्वचां पुरुषे सं बभूवानग्नाः सर्वे पशवो ये अन्ये ।
क्षत्रेणात्मानं परि धापयाथोमोतं वासो मुखमोदनस्य ॥५१॥

एषा । त्वचाम् । पुरुषे । सम् । बभूव । अनग्नाः । सर्वे । पशवः । ये । अन्ये ॥ क्षत्रेण । आत्मानम् । परि । धापयाथः । अमा-उतम् । वासः । मुखम् । ओदनस्य ॥ ५१ ॥

भाषार्थ—(त्वचाम्) त्वचाओं [शरीर की खालों] में से (एषा)

५०—(अग्नयः) अग्नितापाः (संविदुः) सं गच्छन्ते (अन्यो अन्यम्) परस्परम् (यः) अग्निः (ओषधीः) अन्नसोमलतादीन् (सचते) सेवते (यः) (च) (सिन्धून्) पृथिव्यन्तरिक्षस्थान् समुद्रान् (यावन्तः) (देवाः) प्रकाशमाना लोकाः (दिवि) आकाशे (आतपन्ति) (हिरण्यम्) अ० १ । ६ । २ । हर्यतेः कन्यन् हिर् च । उ० ५ । ४४ । हर्य गतिकान्त्योः—कन्यन्, हिरादेशः । कमनीयः प्रकाशः (ज्योतिः) तेजः (पचतः) पच पाके व्यक्तीकरणे च-शतृ । पक्वं दृढं कुर्वतो व्यक्तीकुर्वतो वा परमेश्वरस्य (बभूव) भू मिश्रीकरणे-लिट् । मिश्रीकृतवान् ॥

५१—(एषा) दृश्यमाना (त्वचाम्) शरीरचर्मणां मध्ये (पुरुषे)

यह (पुरुषे) पुरुष [शरीर] पर (सम् बभूव) मिली है, और (ये) जो (अन्ये) दूसरे (पशवः) जीव हैं, (सर्वे) वे सब [भी] (अनग्नाः) बिना नंगे [खाल वाले] हैं। [हे स्त्री पुरुषो !] तुम दोनों (क्षत्रेण) हानि से बचाने वाले बल से (आत्मानम्) अपने को (परि धापयाथः) ढंपवाओ, [जैसे] (अमोतम्) ज्ञान से बुना हुआ (वासः) कपड़ा (ओदनस्य) अन्न आदि का (मुखम्) मुख्य [रक्षासाधन] है ॥ ५१ ॥

भावार्थ—मनुष्यों में मनुष्य शरीर और अन्य जीवों में अन्य प्रकार के शरीर व्यक्ति सूचक हैं, किन्तु मनुष्यही परमात्मा के ज्ञान से मनुष्यत्व पाकर उन्नति करते हैं, जैसे समझ बूझकर बनाया हुआ वस्त्र पदार्थों के रखने में समर्थ होता है ॥ ५१ ॥

यद॒क्षेषु॒ वदा॒ यत् समि॑त्यां॒ यद्वा॒ वदा॒ अनृ॑तं वित्तका॒म्या । स॒मा॒नं तन्तु॑म॒भि सं॒वसा॑नौ॒ तस्मि॒न्त्सर्वं॒ शम॑लं सादयाथः ॥ ५२ ॥

यत् । अ॒क्षेषु॑ । वदाः॑ । यत् । सम्-इ॒त्याम् । यत् । वा । वदाः॑ । अनृ॑तम् । वि॒त्त॒-का॒म्या ॥ स॒मा॒नम् । तन्तु॑म् । अ॒भि । स॒म्-वसा॑नौ । तस्मि॑न् । सर्व॑म् । शम॑लम् । सा॒द॒या॒थः॒ ॥ ५२ ॥

भाषार्थ—[हे स्त्री वा पुरुष !] (यत्) जो कुछ [झूठ] (अक्षेषु) अभियोगों [राजगृह के विवादों] में, [अथवा] (यत्) जो कुछ [झूठ] (समित्याम्) संग्राम में (वदाः) तू बोले, (वा) अथवा (यत्) जो कुछ

पुरुषशरीरे (संबभूव) उत्पन्ना बभूव (अनग्नाः) नञ् ओनजी व्रीडायाम्—क्त। सवस्त्राः। सचर्माणः (सर्वे) (पशवः) प्राणिनः (ये) (अन्ये) (क्षत्रेण) क्षतः क्षतात् त्रायकेण बलेन (आत्मानम्) (परि धापयाथः) आच्छादयतं युवाम् (अमोतम्) अ० ६। ५। १४। अम गतौ—घप्रत्ययः, टाप्+वेञ् तन्तुसन्ताने-क्त। ज्ञानेन उतं स्यूतम् (वासः) वस्त्रम् (मुखम्) प्रधानं रक्षासाधनम् (ओदनस्य) अन्नस्य ॥

५२—(यत्) असत्यम् (अक्षेषु) व्यवहारेषु। राजगृहविवादेषु (वदाः) लेट्। कथयेः (यत्) समित्याम्) सङ्ग्रामे (यत्) (वा) अथवा (वदाः) (अनृतम्) असत्यम् (वित्तकाम्या) वसिवपियजि०। उ० ४। १२५। कमु

(अनृतम्) झूठ (वित्तकाम्या) धन की कामना से (वदाः) तू बोले। (समानम्) एक ही (तन्तुम् अभि) तन्तु [वस्त्र] में (संवसानौ) ढके हुये तुम दोनों [स्त्री पुरुषो] (तस्मिन्) उस [झूठ] में (सर्वम्) सब (शमलम्) भ्रष्ट कर्म को (सादयाथः) स्थापित करोगे ॥ ५२ ॥

भावार्थ—सब स्त्री पुरुषों को योग्य है कि एक दूसरे को अपने सदृश समझ कर कठिन से कठिन आपत्ति में भी असत्य न बोलें, असत्य ही सब पापों का मूल है ॥ ५२ ॥

वर्षं वनुष्वापि गच्छ देवांस्त्वचो धूमं पर्युत्पातयासि। विश्वव्यंचा घृतपृष्ठो भविष्यन्त्सयोनिर्लोकमुप याह्येतम् ॥५३॥

वर्षम्। वनुष्व। अपि। गच्छ। देवान्। त्वचः। धूमम्। परि। उत्। पातयासि ॥ विश्व-व्यंचाः। घृत-पृष्ठः। भविष्यन्। स-योनिः। लोकम्। उप। याहि। एतम् ॥ ५३ ॥

भाषार्थ—[हे पुरुष !] तू (वर्षम्) वरणीय [श्रेष्ठ] कर्म का (वनुष्व) सेवन कर, (देवान्) कामना योग्य गुणों को (अपि) अवश्य (गच्छ) प्राप्त हो, (त्वचः) अपनी खाल [देह] से (धूमम्) धुयें [मैल] को (परि) सब ओर (उत् पातयासि) उड़ा दे। (विश्वव्यचाः) सब व्यवहारों में फैला हुआ, (घृतपृष्ठः) प्रकाश से सींचता हुआ और (सयोनिः) समान घर वाला (भविष्यन्) भविष्यत् में होता हुआ तू (एतम्) इस (लोकम्) लोक [व्यवहार मण्डल] में (उप याहि) पहुंच ॥ ५३ ॥

कान्तौ—इञ्। धनकामनया (समानम्) तुल्यम् (तन्तुम्) सूत्रम्। वस्त्रमित्यर्थः (अभि) प्रति (संवसानौ) सम्यग् आच्छादितौ (तस्मिन्) अनृते (सर्वम्) संपूर्णम् (शमलम्) भ्रष्टकर्म (सादयाथः) लेट्। स्थापयिष्यथः ॥

५३—(वर्षम्) वृतॄवदिवचि०। उ० ३। ६२ वृञ् वरणे—सप्रत्ययः। वरणीयं स्वीकरणीयं कर्म (वनुष्व) सेवस्व (अपि) अवश्यम् (गच्छ) प्राप्नुहि (देवान्) कामनीयान् गुणान् (त्वचः) चर्मणः। देहात् (परि) सर्वतः (उत्) ऊर्ध्वम् (पातयासि) लेट्। गमय। अन्यत् पूर्ववत्—म० १६ ॥

भावार्थ—सब स्त्री पुरुष शुभ कर्म और शुभ गुणों को प्राप्त होकर अज्ञान को दूर फेंकें, जैसे प्रकाश के बल से धुआं इतर बितर हो जाता है। और वे ज्ञानी पुरुष संसार के सब काम साधने में साधु होवें ॥ ५३ ॥

इस मन्त्र का दूसरा भाग ऊपर मन्त्र १६ में आचुका है ॥

तन्वं स्वर्गो बहुधा वि चक्रे यथा विद आत्मन्नन्यवर्णाम् । अपाजैत् कृष्णां रुशतीं पुनानो या लोहिनी तां ते अग्नौ जुहोमि ५४ ॥

तन्वम् । स्वः-गः । बहु-धा । वि । चक्रे । यथा । विदे । आत्मन् । अन्य-वर्णाम् ॥ अप । अजैत् । कृष्णाम् । रुशतीम् । पुनानः । या । लोहिनी । ताम् । ते । अग्नौ । जुहोमि ५४

भाषार्थ—(स्वर्गः) सुख पहुंचाने वाले [परमेश्वर] ने (तन्वम्) इस फैलावट [सृष्टि] को (बहुधा) बहुत प्रकार से (वि) विशेष करके (चक्रे) बनाया है, (यथा) जैसा (आत्मन्) परमात्मा के भीतर (अन्यवर्णाम्) भिन्नवर्ण [रूप] वाली [सृष्टि] को (विदे) मैं पाता हूं। (कृष्णाम्) काली [अन्धकार युक्त] (रुशतीम्) कष्ट देने वाली [फैलावट] को (पुनानः) शुद्ध करने वाले [परमेश्वर] ने (अप अजैत्) जीत लिया है, (या) जो (लोहिनी) लोहमयी [कठोर फैलावट] है, (ताम्) उस [फैलावट] को (ते) तेरे (अग्नौ) ज्ञान पर (जुहोमि) मैं छोड़ता हूं ॥ ५४ ॥

५४—(तन्वम्) विस्तृतिम् । सृष्टिम् (स्वर्गः) सुखप्रापकः परमेश्वरः (बहुधा) विविधप्रकारेण (वि) विशेषेण (चक्रे) रचितवान् (यथा) येन प्रकारेण (विदे) नकारलोपः । अहं विन्दे । लभे (आत्मन्) परमात्मनि (अन्यवर्णाम्) भिन्नभिन्नरूपाम् (अप अजैत्) अजयत् । अवश्यं जितवान् । वशीकृतवान् (कृष्णाम्) कालीम् । अन्धकारयुक्ताम् (रुशतीम्) रुश हिंसायाम्-शतृ । हिंसन्तीम् । करालीं विस्तृतिम् (पुनानः) पावकः । शोधकः (या) तनूः (लोहिनी) म० २१ । लोहमयी (ताम्) विस्तृतिम् (ते) तव (अग्नौ) ज्ञाने (जुहोमि) ददामि । त्यजामि ॥

भावार्थ—परमात्मा ने विविध सृष्टि को हमारे सुख के लिये रचकर अपने वश में रक्खा है और सब रुकावटों को हटाया है मनुष्यों को जितना जितना ज्ञान होता जाता है, उतना उतना ही वह परमेश्वर पर विश्वास करता है ॥ ५४ ॥

प्राच्यै त्वा दिशे३ऽग्नयेऽधिपतयेऽसितायं रक्षित्र आदित्यायेषुमते । एतं परि दद्मस्तं नो गोपायतास्माकमैतोः । दिष्टं नो अत्र जरसे नि नेषज्जरा मृत्यवे परि णो ददात्वथं पक्वेनं सह सं भवेम ॥ ५५ ॥

प्राच्यै । त्वा । दिशे । अग्नये । अधि-पतये । असितायं । रक्षित्रे । आदित्यायं । इषु-मते ॥ एतम् । परि । दद्मः । तम् । नः । गोपायत । आ । अस्माकम् । आ-एतोः ॥ दिष्टम् । नः । अत्र । जरसे । नि । नेषत् । जरा । मृत्यवे । परि । नः । ददातु । अथ । पक्वेन । सह । सम् । भवेम ॥५५॥

भाषार्थ—(प्राच्यै दिशे) पूर्व वा सन्मुख वाली दिशा में जाने के निमित्त (अग्नये) ज्ञानस्वरूप, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (असिताय) बन्धन रहित, (रक्षित्रे) रक्षक परमेश्वर को (इषुमते) बाण वाले [वा हिंसा वाले] (आदित्याय) सूर्य [के ताप] रोकने के लिये (एतम्) इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को] (परि दद्मः) हम सौंपते हैं । (तम्) उस [जीवात्मा] को (नः) हमारे अर्थ, (अस्माकम्) हमारी (ऐतोः) सब ओर गति के

५५—(प्राच्यै दिशे) अ० ३ । २७ । १ । क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः । पा० २ । ३ । १४ । इति चतुर्थी । प्राचीं पूर्वामभिमुखीभूतां वा दिशां गन्तुम् (त्वा) त्वां जीवात्मानम् (अग्नये) ज्ञानस्वरूपाय (अधिपतये) अधिष्ठात्रे (असिताय) अबद्धाय (रक्षित्रे) रक्षकाय परमेश्वराय (आदित्याय) अ० १ । ६ । १ । सूर्यतापं निवारयितुम् (इषुमते) ईषेः किच्च । उ० १ । १३ । ईष गतौ हिंसायां च-उ, कित् । इषुरीषतेर्गतिकर्मणो बधकर्मणो वा—निरु ६ ।

लिये (आ) सब ओर से (गोपायत) तुम [विद्वानो] बचाओ। वह [परमेश्वर] (नः) हमें (अत्र) यहां [संसार में] (दिष्टम्) नियत कर्म की ओर (जरसे) स्तुति के लिये (नि नेषत्) ले ही चले। और (जरा) स्तुति [ही] (नः) हमें (मृत्यवे) मृत्यु को (परि ददातु) सौंपे [अर्थात् हम स्तुति के साथ मरें]। (अथ) सो (पक्वेन सह) परिपक्व [दृढ़] स्वभाव वाले परमात्मा के साथ (सं भवेम) हम समर्थ होवें ॥ ५५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को उचित है कि पूर्व वा सन्मुख वाली तथा दूसरी दिशाओं में चलते हुये वे उस सर्वज्ञ, सर्वस्वामी, सर्वरक्षक परमात्मा को ध्यान में रखकर विद्वानों के सत्संग से अपनी गति बढ़ावें और वेदविहित कर्म करके संसार में कीर्तिमान् होवें और प्रयत्न करके कीर्ति के साथ ही वे शरीर को छोड़ें। यही प्रार्थना परमात्मा से सदा करते रहें। यही भावार्थ अगले मन्त्रों में लगा लें ॥ ५५ ॥

मन्त्र ५५–६० के प्रथम भागों का मिलान—अथर्व० का० ३ सू० २७ म० १—६ के प्रथम भागों से यथाक्रम करें (अथ पक्वेन...) अन्तिम भाग अथर्व० ६। ११९। २ के अन्त में आया है ॥

दक्षिणायै त्वा दिश इन्द्रायाधिपतये तिरश्चिराजये रक्षित्रे यमायेषुमते। एतं ०।०॥ ५६ ॥

१८। बाणवन्तं हिंसावन्तं वा निवारयितुम् (एतम्) आत्मानम् (परिदद्मः) समर्पयामः (तम्) जीवात्मानम् (नः) अस्मभ्यम् (गोपायत) रक्षत हे विद्वांसः (आ) समन्तात् (अस्माकम्) (एतोः) कमिमनिजनि०। उ० १। ७३। आ + इण् गतौ—तु। चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि। पा० २। ३। ६२। चतुर्थ्यर्थे षष्ठी। समन्ताद् गत्यै (दिष्टम्) नियतं विहितं कर्म प्रति (नः) अस्मान् (अत्र) संसारे (जरसे) म० ६। स्तुतिप्राप्तये (नि) निश्चयेन (नेषत्) अ० ७। ६। २। नयेत् स परमेश्वरः (जरा) जॄ स्तुतौ—अङ्। जरा स्तुतिर्जरतेः स्तुतिकर्मणः—निरु० १०। ८। स्तुतिः (मृत्यवे) मरणाय (नः) अस्मान् (परि ददातु) समर्पयतु (अथ) अनन्तरम् (पक्वेन) दृढस्वभावेन परमात्मना (सह) (संभवेम) समर्था भवेम ॥

दक्षिणायै । त्वा । दिशे । इन्द्राय । अधि-पतये । तिरश्चि-राजये । रक्षित्रे । यमाय । इषु-मते ॥ ० ॥ ५६ ॥

भाषार्थ—(दक्षिणायै दिशे) दक्षिण वा दाहिनी दिशाओं में जाने के निमित्त (इन्द्राय) पूर्ण ऐश्वर्य वाले, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (तिरश्चि—राजये) तिरछे चलने वाले [कीट पतङ्ग बिच्छू आदि] की पंक्ति हटाने के अर्थ (रक्षित्रे) रक्षक परमेश्वर को (इषुमते) बाण वाले [वा हिंसा वाले] (यमाय) मृत्यु के रोकने के लिये (एतम्) इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को]......... [मन्त्र ५५] ॥ ५६ ॥

भावार्थ—मन्त्र ५५ देखो ॥ ५६ ॥

प्रतीच्यै त्वा दिशे वरुणायाधिपतये पृदाकवे रक्षित्रेऽन्नायेषु-मते । एतं ० । ० ॥ ५७ ॥

प्रतीच्यै । त्वा । दिशे । वरुणाय । अधि-पतये । पृदाकवे । रक्षित्रे । अन्नाय । इषु-मते ॥ ० ॥ ५७ ॥

भाषार्थ—(प्रतीच्यै दिशे) पश्चिम वा पीछे वाली दिशा में जाने के निमित्त (वरुणाय) सब में उत्तम, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (पृदाकवे) बड़े बड़े अजगर सर्प आदि [विषधारी प्राणियों] के समूह हटाने के अर्थ (रक्षित्रे) रक्षा करने वाले परमेश्वर को (इषुमते) बाण वाले [वा हिंसा वाले] (अन्नाय) अन्न रोकने के लिये (एतम्) इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को]...... [म० ५५] ॥ ५७ ॥

५६—(दक्षिणायै दिशे) म० ५५ । दक्षिणां दक्षिणहस्तस्थां वा दिशां गन्तुम् (त्वा) जीवात्मानम् (इन्द्राय) परमैश्वर्ययुक्ताय (तिरश्चिराजये) अ० ३ । २७ । २ । तिर्यग्गतीनां कीटपतङ्गवृश्चिकादीनां पङ्क्तिं निवारयितुम् (यमाय) अन्तकं मृत्युं निवारयितुम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

५७—(प्रतीच्यै दिशे) पश्चिमां पश्चाद् भागस्थां वा दिशां गन्तुम् (वरुणाय) सर्वश्रेष्ठाय (पृदाकवे) अजगरसर्पादिमहाविषधारिणां समूहं निवारयितुम् (इषुमते अन्नाय) बाणयुक्तं हिंसायुक्तं वान्नं दूरीकर्तुम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भावार्थ—मन्त्र ५५ देखो ॥ ५७ ॥

उदीच्यै त्वा दिशे सोमायाधिपतये स्वजायं रक्षित्रेऽशन्या इषुमत्यै । एतं ०।०॥ ५८ ॥

उदीच्यै । त्वा । दिशे । सोमाय । अधि-पतये । स्वजायं । रक्षित्रे । अशन्यै । इषु-मत्यै ॥ ० ॥ ५८ ॥

भाषार्थ—(उदीच्यै दिशे) उत्तर वा बाईं दिशा में जाने के निमित्त (सोमाय) सब जगत् के उत्पन्न करने वाले, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (स्वजाय) अच्छे प्रकार अजन्मे [अथवा सब में चिपटे हुये] (रक्षित्रे) रक्षक परमेश्वर को (इषुमत्यै) तीरवाली [वा हिंसावाली] (अशन्यै) बिजुली हटाने के लिये (एतम्) इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को]...... [मन्त्र ५५] ॥ ५८ ॥

भावार्थ— मन्त्र ५५ देखो ॥ ५८ ॥

ध्रुवायै त्वा दिशे विष्णवेऽधिपतये कल्माषग्रीवाय रक्षित्र ओषधीभ्य इषुमतीभ्यः । एतं ०।०॥ ५९ ॥

ध्रुवायै । त्वा । दिशे । विष्णवे । अधि-पतये । कल्माष-ग्रीवाय । रक्षित्रे । ओषधीभ्यः । इषु-मतीभ्यः ॥ ० ॥ ५९ ॥

भाषार्थ—(ध्रुवायै दिशे) नीचे वाली दिशा में जाने के निमित्त(विष्णवे) सर्वव्यापक, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (कल्माषग्रीवाय) हरित रंग वाले [वृक्ष आदि] की ग्रीवा वाले, [रक्षित्रे] रक्षक परमेश्वर को (इषुमतीभ्यः) बाण वाली [विषैली] (ओषधीभ्यः) ओषधियों के हटाने के लिये (एतम्)

५८—(उदीच्यै दिशे) म० ५५ । उत्तरां वामभागस्थां वा दिशां गन्तुम् (सोमाय) सर्वजगदुत्पादकाय (स्वजाय) अ० ३ । २७ । ४ । सुष्ठु अजन्मने । यद्वा, ष्वञ्ज सङ्गे—क । सर्वालिङ्गनशीलाय (इषुमत्यै अशन्यै) बाणवतीं हिंसावतीं वा विद्युतं निवारयितुम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

५९—(ध्रुवायै दिशे) म० ५५ । अधःस्थां दिशां गन्तुम् (विष्णवे) सर्वव्यापकाय (कल्माषग्रीवाय) कल्माषा हरितवर्णा वृक्षादयो ग्रीवावद् यस्य तस्मै

इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को]......[मन्त्र ५५] ॥ ५६ ॥

भावार्थ—मन्त्र ५५ देखो ॥ ५६ ॥

ऊर्ध्वायै त्वा दिशे बृहस्पतयेऽधिपतये श्वित्राय रक्षित्रे वर्षायेषुमते । एतं परि दद्मस्तं नो गोपायतास्माकमैतोः । दिष्टं नो अत्र जरसे नि नेषज्जरा मृत्यवे परि णो ददात्वथ पक्वेन सह सं भवेम ॥ ६० ॥ (१८)

ऊर्ध्वायै । त्वा । दिशे । बृहस्पतये । अधि-पतये । श्वित्राय । रक्षित्रे । वर्षाय । इषु-मते ॥ एतम् । परि । दद्मः । तम् । नः । गोपायत । आ । अस्माकम् । आ-एतोः ॥ दिष्टम् । नः । अत्र । जरसे । नि । नेषत् । जरा । मृत्यवे । परि । नः । ददातु । अथ । पक्वेन । सह । सम् । भवेम ६०(१८

भाषार्थ—(ऊर्ध्वायै दिशे) ऊपर वाली दिशा में जाने के निमित्त (बृहस्पतये) बड़ी वाणी अर्थात् वेदशास्त्र और बड़े आकाश आदि के स्वामी, (अधिपतये) अधिष्ठाता, (श्वित्राय) ज्ञानमय (रक्षित्रे) रक्षा करने वाले परमेश्वर को (इषुमते) बाण वाली [वा हिंसा वाली] (वर्षाय) बरसा रोकने के लिये (एतम्) इस (त्वा) तुझे [जीवात्मा को] (परि दद्मः) हम सौंपते हैं......[मन्त्र ५५] ॥ ६० ॥

भावार्थ—मन्त्र ५५ देखो ॥ ६० ॥

इति तृतीयोऽनुवाकः ॥

(इषुमतीभ्यः ओषधीभ्यः) बाणवतीर्हिंसावतीरौषधीर्निवारयितुम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

६०—(ऊर्ध्वायै दिशे) म० ५५ । उपरिवर्तमानां दिशां गन्तुम् (बृहस्पतये) बृहत्या वाचो बृहतो वेदशास्त्रस्य बृहतामाकाशादीनां च स्वामिने (श्वित्राय) अ० ३ । २७ । ६ । टुओ श्वि गतिवृद्ध्योः—क्त्र । ज्ञानमयाय (इषुमते वर्षाय) बाणयुक्तं हिंसायुक्तं वा वृष्टिजलं निवारयितुम् । अन्यत् पूर्ववत्—म० ५५ ॥

अथ चतुर्थोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ४ ॥

१—५३ ॥ वशा देवता ॥ १—६, ८—१३, १७-१६, २१-२३, २६-३१, ३३, ३६-३८, ४०, ४१, ४५, ४८, ५१-५३ अनुष्टुप्; ७, ३२, ३४, ३६, ४२-४४, ४६, ४७ भुरिगनुष्टुप्; १४, १५, २०, २४, ४६; निचृदनुष्टुप्; १६, ५० विराडनुष्टुप्; ३५ निचृदार्च्यनुष्टुप् छन्दः ॥

वेदवाणीप्रकाशनसद्गुणोपदेशः—वेद वाणी के प्रकाश करने के श्रेष्ठ गुणों का उपदेश ॥

ददामीत्येव ब्रूयादनु चैनामभुत्सत ।
वशां ब्रह्मभ्यो याचद्भ्यस्तत् प्रजावदपत्यवत् ॥ १ ॥

ददामि । इति । एव । ब्रूयात् । अनु । च । एनाम् । अभुत्सत ॥ वशाम् । ब्रह्म-भ्यः । याचत्-भ्यः । तत् । प्रजा-वत् । अपत्य-वत् ॥ १ ॥

भाषार्थ—"(वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (याचद्भ्यः) मांगने वाले (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्माओं [वेद जिज्ञासुओं] को (ददामि) मैं देता हूं, (च) निश्चय करके (एनाम्) इस [वेदवाणी] को (अनु) ध्यान देकर (अभुत्सत) उन [पूर्व ऋषियों] ने जाना है, (तत्) यह [विद्यादान] (प्रजावत्) श्रेष्ठ प्रजाओं वाला [और] (अपत्यवत्) उत्तम सन्तानों वाला है"।

१—(ददामि) प्रयच्छामि (इति) वाक्यसमाप्तौ (एव) एवम् (ब्रूयात्) उपदिशेत्—आचार्यः (अनु) अनुलक्ष्य (च) अवधारणे (एनाम्) वेदवाणीम् (अभुत्सत) बुध अवगमने—लुङ्। ज्ञातवन्तः-पूर्वे विद्वांसः (वशाम्) अ० १०। १०। २। वशिरण्योरुपसंख्यानम्। वा० पा० ३। ३। ५८। वश कान्तौ प्रभुत्वे च—अप्, टाप्। वशा स्वाधीना-महीधरभाष्ये-यजु० २। १६। वशा कमनीयानि-दयानान्दभाष्ये, ऋक्० २। २४। १३। कमनीयां प्रभ्वीं वा वेदवाणीम् (ब्रह्मभ्यः) ब्राह्मणेभ्यः। ब्रह्मजिज्ञासुभ्यः (याचद्भ्यः)

-(इति) बस (एव) ऐसा (ब्रूयात्) वह [आचार्य] कहे ॥ १ ॥

भावार्थ—आचार्य अधिकारी ब्रह्मचारियों को निश्चय करावे कि पूर्व ऋषियों ने वेद को मनन करके माना है कि वेदविद्या के अभ्यास से संसार के सब मनुष्य और सन्तान उत्तम होते हैं, उसी का उपदेश तुम को मैं करता हूं॥१॥

इस वशा सूक्त का मिलान—अथर्व० का० १० सू० १० [वशा सूक्त] से करो ॥

प्र॒जया॒ स वि क्री॑णीते प॒शुभि॑श्चोप॑ दस्यति ।
य आ॑र्षे॒येभ्यो॒ याच॑द्भ्यो दे॒वानां॒ गां न दित्स॑ति ॥ २ ॥

प्र॒-जया॑ । सः । वि । क्री॒णी॒ते॒ । प॒शु-भिः॑ । च॒ । उप॑ । द॒स्य॒ति॒ ॥ यः । आ॒र्षे॒येभ्यः॑ । याच॑त्-भ्यः । दे॒वाना॑म् । गाम् । न । दित्स॑ति ॥ २ ॥

भाषार्थ—(सः) वह पुरुष (प्रजया) अपने सन्तान [पुत्र पुत्री आदि] के साथ (वि क्रीणीते) बिक जाता है (च) और (पशुभिः) अपने पशुओं [गाय घोड़े आदि] के साथ (उप दस्यति) नष्ट हो जाता है। (यः) जो पुरुष (याचद्भ्यः) मांगते हुये (आर्षेयेभ्यः) ऋषि सन्तानों को (देवानाम्) विजय चाहने वालों के बीच (गाम्) वेदवाणी (न) नहीं (दित्सति) देना चाहता है ॥ २ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् विद्वानों के बीच जिज्ञासुओं को वेदविद्या नहीं देता, वह निर्धन होकर अपने आप और उसके सन्तान पराधीन होकर कष्ट सहते हैं ॥ २ ॥

इस मन्त्र का दूसरा आधा भाग आगे मन्त्र १२ में आया है ॥

प्रार्थयमानेभ्यः (तत्) विद्यादानम् (प्रजावत्) प्रशस्यप्रजायुक्तम् (अपत्यवत्) श्रेष्ठसन्तानोपेतं कर्म ॥

२—(प्रजया) स्वसन्तानेन सह (सः) (वि क्रीणीते) परिव्यवेभ्यः क्रियः। पा० १। ३। १८। इत्यात्मनेपदम्। विक्रीयते (पशुभिः) गवाश्वादिभिः सह (च) समुच्चये (उप दस्यति) उपदस्यते। उपक्षीयते (यः) (आर्षेयेभ्यः) अ० ११। १। १६। इतश्चानिञः। पा० ४। १। १२२। ऋषि—ढक्। ऋषिसन्तानेभ्यः (याचद्भ्यः) (देवानाम्) विजिगीषूणां मध्ये (गाम्) वेदवाणीम्। गौर्वाङ्नाम—निघ० १। ११ (न) (निषेधे) (दित्सति) दातुमिच्छति ॥

कूट्यास्य सं शीर्यन्ते श्लोण्यां काटमर्दति ।
वण्ड्या दह्यन्ते गृहाः काण्या दीयते स्वम् ॥ ३ ॥

कूट्या । अस्य । सम् । शीर्यन्ते । श्लोण्या । काटम् । अर्दति ॥
वण्ड्या । दह्यन्ते । गृहाः । काण्या । दीयते । स्वम् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(कूट्या) [वेद वाणी के] नहीं देने से (अस्य) उस पुरुष के (गृहाः) घर (सं शीर्यन्ते) सर्वथा नष्ट किये जाते हैं, और (वण्ड्या) ढक देने से (दह्यन्ते) जलाये जाते हैं, (श्लोण्या) बटोर रखने से (काटम्) अपनी प्रसिद्धता को (अर्दति) वह नष्ट करता है, और (काण्या) मूद रखने से (स्वम्) [उसका] सर्वस्व (दीयते) घट जाता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—वेदवाणी के उपदेश और प्रचार के बिना मनुष्य तनक्षीण, मनमलीन और धनहीन होकर महाकष्ट पाते हैं ॥ ३ ॥

विलोहितो अधिष्ठानाच्छक्नो विन्दति गोपतिम् ।
तथा वशायाः संविद्यं दुरदभ्ना ह्यु१च्यसे ॥ ४ ॥

वि-लोहितः । अधि-स्थानात् । शक्नः । विन्दति । गो-पतिम् ॥
तथा । वशायाः । सम्-विद्यम् । दुरदभ्ना । हि । उच्यसे ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(अधिष्ठानात्) [ब्रह्मचर्य के] प्रभाव से (विलोहितः) विविध उगा हुआ, (शक्नः) शक्तिमान् पुरुष (गोपतिम्) पृथिवी की पालने वाली

३—(कूट्या) कूट दानाभावे - घञ् । टाप् । अदानेन (अस्य) पुरुषस्य (सं शीर्यन्ते) सर्वथा नाश्यन्ते (श्लोण्या) श्लोणृ संघाते-घञ् । राशीकरणेन (काटम्) कटी गतौ-घञ् । प्राकट्यम् । प्रसिद्धिम् (अर्दति) नाशयति (वण्ड्या) वडि विभाजने वेष्टने च-घञ् । वेष्टनेन (दह्यन्ते) भस्मीक्रियन्ते (गृहाः) निवासाः (काण्या) कण निमीलने-घञ् । निमीलनेन (दीयते) दीङ् क्षये । नश्यति (स्वम्) सर्वस्वम् ॥

४—(विलोहितः) रुहेश्च लो वा । उ० ३ । ९४ । रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च—इतन्, रस्य लः । प्रादुर्भूतः पुरुषः (अधिष्ठानात्) प्रभावात्

[वेद वाणी] को (विन्दति) पाता है। (तथा) वैसा ही (वशायाः) वशा [वश में करने वाली वा कामना योग्य वेदवाणी] का (संविद्यम्) जानने योग्य नाम है—"(हि) क्योंकि (दुरदभ्ना) कभी भी न दबने वाली (उच्यसे) तू कही जाती है" ॥ ४ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचर्य के प्रभाव से मनुष्य उच्च होकर वेदवाणी जानकर पृथिव की रक्षा कर सकता है, इसी से उसका नाम (वशा) वश में करने वाली है ॥४॥

पुदोरस्या अधिष्ठानाद्द् विक्लिन्दुर्नाम विन्दति ।
अनामनात् सं शीर्यन्ते या मुखेनोपुजिघ्रति ॥ ५ ॥

पुदोः। अस्याः। अधि-स्थानात्। वि-क्लिन्दुः। नाम। विन्दति ॥
अनामनात्। सम्। शीर्यन्ते। याः। मुखेन। उप-जिघ्रति ५

भाषार्थ—(अस्याः) इस [वेदवाणी] के (पदोः) स्थिर वा पाने योग्य (अधिष्ठानात्) प्रभाव से (विक्लिन्दुः) विगत शोक मनुष्य (नाम) नाम [बड़ाई] (विन्दति) पाता है। [वेदवाणी के] (अनामनात्) यथावत् न विचारने से वे [प्रजायें, मनुष्य] (सं शीर्यन्ते) सर्वथा नष्ट किये जाते हैं, (याः) जो [प्रजाजन] (मुखेन) मुख से [उस को] (उपजिघ्रति) तुच्छ-

(शक्रः) धापॄवस्यज्यतिभ्यो नः। उ० ३। ६। शक्लृ शक्तौ—नप्रत्ययः। शक्तिमान् (विन्दति) प्राप्नोति (गोपतिम्) पृथिवीपालिकां वशाम् (तथा) तेन प्रकारेण (वशायाः) म० १। वशयित्र्याः कमनीयाया वा वेदवाण्याः (संविद्यम्) विद ज्ञाने-क्यप्। सम्यग् ज्ञातव्यं नाम (दुरदभ्ना) इण्शिञ्जि०। उ० ३। २। दुर+नञ्+दम्भु दम्भने—नक्, टाप्। दभ्नोतिर्गतिकर्मा—निघ० २। १४, वधकर्मा—निघ० २। १९। दुर् दुःखेन कदापि नहि दम्भनीया पराजेया (हि) यतः (उच्यसे) कथ्यसे ॥

५—(पदोः) भृमृशीङ्०। उ० १। ७। पद स्थैर्ये गतौ च—उ। स्थिरात् प्रापणीयात् (अस्याः) वेदवाण्याः (अधिष्ठानात्) प्रभावात् (विक्लिन्दुः) भृमृशीङ्०। उ० १। ७। वि+क्लिदि रोदने शोके च-उ। विगतशोकः (नाम) यशः (विन्दति) प्राप्नोति (अनामनात्) नञ्+आङ्+मन बोधे--अच्। सर्वथा मननराहित्यात् (संशीर्यन्ते) सम्यग् नाश्यन्ते (मुखेन) (उपजिघ्रति)

पन के साथ ग्रहण करते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि वेदवाणी के विचार से प्रधानता पाकर क्लेशों से छूटकर सुख भोगें। जो वेदवाणी को बिना विचारे दिखावे के लिये रटते हैं वे कष्ट पाते हैं ॥ ५ ॥

यो अ॒स्याः कर्णा॑वास्कु॒नोत्या स दे॒वेषु॑ वृश्चते ।
लक्ष्म॑ कुर्व॒ इति॒ मन्य॑ते॒ कनी॑यः कृणुते॒ स्वम् ॥ ६ ॥

यः । अ॒स्याः । कर्णौ॑ । आ॒-स्कु॒नोति॑ । आ । सः । दे॒वेषु॑ । वृ॒श्च॒ते॒ ॥ लक्ष्म॑ । कु॒र्वे॒ । इति॑ । मन्य॑ते । कनी॑यः । कृ॒णु॒ते॒ । स्वम् ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(यः) जो मनुष्य (अस्याः) इस [वेदवाणी] के (कर्णौ) दो विज्ञानों [अभ्युदय और निःश्रेयस अर्थात् तत्त्वज्ञान और मोक्षज्ञान] को (आस्कुनोति) ढक देता है, (सः) वह (देवेषु) स्तुति योग्य गुणों में (आ) सब ओर से (वृश्चते) कतर जाता है। "(लक्ष्म) प्रधान कर्म (कुर्वे) मैं करता हूं"—(इति) ऐसा [जो] (मन्यते) मानता है, वह [पुरुष] (स्वम्) अपना सर्वस्व (कनीयः) अधिक थोड़ा (कृणुते) करता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—जो नास्तिक पाखण्डी मनुष्य वेदवाणी के तत्त्वज्ञान और मोक्षज्ञान को न मानकर आडम्बर रचता है, वह तुच्छ हो जाता है ॥ ६ ॥

यद॑स्याः कस्मै॑ चि॒द् भोगा॑य॒ बाला॒न् कश्चि॑त् प्रकृ॒न्तति॑ ।
ततः॑ किशो॒रा म्रि॑यन्ते व॒त्सांश्च॒ घातु॑को॒ वृकः॑ ॥ ७ ॥

ग्रा ग्रहणे भ्वादिः, जुहोत्यादित्वं छान्दसम्। बहुलं छन्दसि। पा० ७। ४। ७८। अभ्यासस्य इत्वम्। उप हीनतया जिघ्रति गृह्णन्ति ॥

६—(यः) पुरुषः (अस्याः) वेदवाण्याः (कर्णौ) कृवृजॄ०। उ०। ३। १०। कॄ विक्षेपे हिंसने विज्ञाने च-नप्रत्ययो नित्। अभ्युदयनिःश्रेयसबोधौ (आस्कुनोति) स्कुञ् आप्रवणे आच्छादने। समन्तादाच्छादयति (आ) समन्तात् (सः) (देवेषु) स्तुत्यगुणेषु (वृश्चते) छिद्यते (लक्ष्म) लक्ष दर्शनाङ्कनयोः—मनिन्। प्रधानत्वम् (कुर्वे) करोमि (इति) (मन्यते) जानाति (कनीयः) अल्प-ईयसुन्। अल्पतरम् (कृणुते) करोति (स्वम्) सर्वस्वम् ॥

यत् । अस्याः । कस्मै । चित् । भोगाय । बालान् । कः । चित् । प्र-कृन्तति ॥ ततः । किशोराः । म्रियन्ते । वत्सान् । च । घातुकः । वृकः ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यत्) यदि (कस्मैचित्) किसी ही (भोगाय) कुटिलता के लिये (अस्याः) इस [वेदवाणी] के (बालान्) बलों को (कश्चित्) कोई पुरुष (प्रकृन्तति) कतर लेता है । (ततः) उस [कुटिलता] से (किशोराः) किशोर [तरुण अवस्था वाले] (म्रियन्ते) मर जाते हैं, (च) और (वृकः) वह भेड़िया [समान हिंसक] (वत्सान् घातुकः) [बोलते हुये] बच्चों का हत्यारा [होता है] ॥ ७ ॥

भावार्थ—जो कुटिल कुचाली मनुष्य पवित्र वेदवाणी को चोरी, डकैती, व्यभिचार आदि कुनीति में लगाता है, वह अपने प्रिय सम्बन्धियों को भी मारकर नरक में पड़ता है ॥ ७ ॥

यदस्या गोपतौ सत्या लोम ध्वाङ्क्षो अजीहिडत् ।
ततः कुमारा म्रियन्ते यक्ष्मो विन्दत्यनामनात् ॥ ८ ॥

यत् । अस्याः । गो-पतौ । सत्याः । लोम । ध्वाङ्क्षः । अजीहिडत् ॥ ततः । कुमाराः । म्रियन्ते । यक्ष्मः । विन्दति । अनामनात् ॥ ८ ॥

७—(यत्) यदि (अस्याः) वेदवाण्याः (कस्मैचित्) अनिश्चिताय (भोगाय) भुजो कौटिल्ये-घञ् । कौटिल्याय (बालान्) बल प्राणने-घञ् । पराक्रमान् (कश्चित्) दुष्टः (प्रकृन्तति) प्रकर्षेण छिनत्ति (ततः) तस्मात् कारणात् (किशोराः) किशोरादयश्च । उ० १ । ६५ । किम्+शॄ हिंसायाम्—ओरन् । तरुणावस्थाः पुरुषाः (म्रियन्ते) प्राणांस्त्यजन्ति (वत्सान्) वृतॄवदिवचिवसि० । उ० ३ । ६२ । वद व्यक्तायां वाचि-सप्रत्ययः । वदनशीलान् बालकान् (च) (घातुकः) लषपतपदस्थाभूवृषहन० । पा० ३ । २ । १५४ । हन हिंसागत्योः-उकञ् । नलोकाव्यय० । पा० २ । ३ । ६९ । इति सकर्मकता । घ्नन् । हन्ता (वृकः) वृक इव हिंसकः ॥

भाषार्थ—(यत्) यदि (गोपतौ) वेदवाणी के रक्षक [ब्रह्मचारी] में (सत्याः) वर्तमान (अस्याः) इस (वेदवाणी] के (लोम) गमन को (ध्वाङ्क्षः) कांव कांव करने वाले [कौवे समान दुष्ट मनुष्य] ने (अजीहिडत्) तुच्छ माना है। (ततः) उस कारण से (कुमाराः) कुमार [शत्रुमारक बालक] (म्रियन्ते) मर जाते हैं और (अनामनात्) यथावत् न विचारने से [उस कुमार्गी को] (यक्ष्मः) राजरोग (विन्दति) पकड़ लेता है ॥ ८ ॥

भावार्थ—जब कुकर्मी मनुष्य सर्वरक्षक वेद आज्ञा से उलटा चलता है, वह आप और उसके बच्चे आदि महा विपत्ति में पड़ते हैं ॥ ८ ॥

यद॑स्याः पल्पू॑लनं॒ शकृ॑द्दा॒सी स॒मस्य॑ति ।
ततोऽप॑रूपं जायते॒ तस्मा॒दव्ये॑ष्यदेन॑सः ॥ ९ ॥

यत् । अ॒स्याः । प॒ल्पू॒लन॑म् । शकृ॑त् । दा॒सी । स॒म्-अस्य॑ति ॥
तत॑ः । अप॑-रूपम् । जा॒य॒ते॒ । तस्मा॑त् । अवि॑-एष्यत् । एन॑सः ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(यत्) यदि (अस्याः) इस [वेदवाणी] के (शकृत्) शक्ति वाले (पल्पूलनम्) ज्ञान समूह को (दासी) हिंसक प्रजा [स्त्री वा पुरुष] (समस्यति) फेंक देती है। (ततः) तो (तस्मात् एनसः) उस पाप

८—(यत्) यदि (अस्याः) वेदवाण्याः (गोपतौ) म० ४। गोर्वेदवाण्या रक्षके ब्रह्मचारिणि (सत्याः) वर्तमानायाः (लोम) नामन्सीमन्व्योमन्रोमन्-लोमन्०। उ० ४। १५१ रु गतौ—मनिन्, रस्य लः, यद्वा लूञ् छेदने—मनिन्। गमनम्। दुःखच्छेदनम् (ध्वाङ्क्षः) ध्वाक्षि घोरशब्दे—अच्। घोरध्वनिः पुरुषः, यद्वा काकतुल्यहिंसकः (अजीहिडत्) हेडृ अनादरे वेष्टने च। तिरस्कृतवान् (ततः) तस्मात् (कुमाराः) कुमार क्रीडायाम्—अच्, यद्वा कुत्सितो मारो यस्मात्, कौ पृथिव्यां मारयति दुष्टान्। क्रीडाशीलाः। पृथिव्यां शत्रुनाशकाः (म्रियन्ते) (यक्ष्मः) राजरोगः (विन्दति) गृह्णाति (अनामनात्) म० ५ सर्वथा मननराहित्यात् ॥

९—(यत्) यदि (अस्याः) वेदवाण्याः (पल्पूलनम्) पल गतौ—क्विप् + पूल संघाते—ल्युट्। ज्ञानसमूहम् (शकृत्) शकेर्ऋतिन्। उ० ४। ५८। शक्लृ शक्तौ—ऋतिन्। शक्तियुक्तम् (दासी) अ० १२। ३। १३। हिंसिका

से [उस पापी को] (अव्येष्यत्) न दूर होने वाला (अपरूपम्) कुरूप [कलङ्क का टीका] (जायते) हो जाता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—जब कोई दुराचारी वेद आज्ञा न मानकर भारी पाप कर बैठता है, तो उसका सारा जीवन कलङ्कित हो जाता है ॥ ६ ॥

जायमानाभि जायते देवान्त्सब्राह्मणान् वशा । तस्माद् ब्रह्मभ्यो देयैषा तदाहुः स्वस्य गोपनम् ॥ १० ॥ (१८)

जायमाना । अभि । जायते । देवान् । स-ब्राह्मणान् । वशा ॥ तस्मात् । ब्रह्म-भ्यः । देया । एषा । तत् । आहुः । स्वस्य । गोपनम् ॥ १० ॥ (१८)

भाषार्थ—(जायमाना) प्रकट होती हुई (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (सब्राह्मणान्) ब्राह्मणों [वेद जिज्ञासुओं] सहित (देवान् प्रति) विजय चाहने वालों को (जायते) प्रकट होती है। (तस्मात्) इस लिये (एषा) यह [वेदवाणी] (ब्रह्मभ्यः) वेद जिज्ञासुओं को (देया) देनी चाहिये, (तत्) उस [कर्म] को (स्वस्य) सर्वस्व का (गोपनम्) रक्षण (आहुः) वे [विद्वान्] कहते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ—परोपकारी ब्रह्मजिज्ञासु शूर पराक्रमी वेदवाणी को प्राप्त करके संसार का सुधार करते हैं, वैदिक उपदेश से सब के सर्वस्व की रक्षा होती है ॥ १० ॥

य एनां वनिमायन्ति तेषां देवकृता वशा ।

प्रजा (समस्यति) सर्वथा क्षिपति (ततः) तस्मात् कारणात् (अपरूपम्) कुत्सितरूपम् (जायते) प्रादुर्भवति (तस्मात्) (अव्येष्यत्) नञ्+वि+इण् गतौ—स्यत् । अपृथग् गमिष्यत् (एनसः) पापात् ॥

१०—(जायमाना) प्रादुर्भवन्ती (अभि) प्रति (जायते) प्रादुर्भवति (देवान्) विजिगीषून् (सब्राह्मणान्) ब्रह्मजिज्ञासुभिः सहितान् (वशा) म० १ । कमनीया वेदवाणी (तस्मात्) (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मजिज्ञासुभ्यः (देया) दातव्या (एषा) वेदवाणी (तत्) (आहुः) कथयन्ति (स्वस्य) सर्वस्वस्य (गोपनम्) रक्षणम् ॥

ब्रह्मज्येयं तदब्रुवन् य एनां निप्रियायते ॥ ११ ॥

ये । एनाम् । वनिम् । आ-यन्ति । तेषाम् । देव-कृता । वशा ॥
ब्रह्म-ज्येयम् । तत् । अब्रुवन् । यः । एनाम् । नि-प्रियायते ।११।

भाषार्थ—(ये) जो पुरुष (वनिम्) सेवनीय (एनाम्) इस [वेदवाणी] को (आयन्ति) प्राप्त करते हैं, (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (तेषाम्) उनकी (देवकृता) विजय इच्छा सिद्ध करने वाली है। (तत्) यह [वचन] (ब्रह्मज्येयम्) ब्रह्माओं [वेद वेत्ताओं] के हानि करने योग्य [पुरुष] से (अब्रुवन्) उन [विद्वानों] ने कहा है, (यः) जो (एनाम्) इस [वेदवाणी] को (निप्रियायते) तुच्छपन से प्रिय सा मानता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो ब्रह्मचारी श्रम करके वेद विद्या प्राप्त करते हैं, वे विजयी होते हैं, और दम्भी पाखण्डी पण्डित मन्यमानी मनुष्य को विद्वान् लोग त्याग देते हैं, ऐसा निश्चय करना चाहिये ॥ ११ ॥

य आर्षेयेभ्यो याचद्भ्यो देवानां गां न दित्सति ।
आ स देवेषु वृश्चते ब्राह्मणानां च मन्यवे ॥ १२ ॥

यः । आर्षेयेभ्यः । याचत्-भ्यः । देवानाम् । गाम् । न । दित्सति ॥
आ । सः । देवेषु । वृश्चते । ब्राह्मणानाम् । च । मन्यवे ।१२।

भाषार्थ—(यः) जो पुरुष (याचद्भ्यः) मांगते हुये (आर्षेयेभ्यः) ऋषि सन्तानों को (देवानाम्) विजय चाहने वालों के बीच (गाम्) वेदवाणी

११—(ये) विद्वांसः (एनाम्) वेदवाणीम् (वनिम्) सेवनीयाम् (आयन्ति) समन्तात् प्राप्नुवन्ति (तेषाम्) विदुषाम् (देवकृता) देवो विजिगीषा कृता साधिता यया सा (वशा) म० १। कमनीया वेदवाणी (ब्रह्मज्येयम्) ब्रह्म+ज्या वयोहानौ-यत्, आकारस्य ईत्वम्। ब्रह्मणो वेदविदो ज्येया हानियोग्या यस्य तं विदुषां हानिकरम् (तत्) वचनम् (अब्रुवन्) अकथयन् विद्वांसः (यः) मूर्खः (एनाम्) वेदवाणीम् (निप्रियायते) कर्तुः क्यङ् सलोपश्च। पा० ३। १। १०। इति प्रिय-क्यङ्। नि नीचभावेन प्रिय इवाचरति ॥

१२—(आ) समन्तात् (सः) मूर्खः (देवेषु) स्तुत्यगुणेषु (वृश्चते)

(न) नहीं (दित्सति) देना चाहता है। (सः) वह (देवेषु) स्तुति योग्य गुणों में (आ) सब ओर से (वृश्चते) कट जाता है, (च) और (ब्राह्मणानाम्) ब्राह्मणों [वेद ज्ञानियों] के (मन्यवे) क्रोध के लिये [होता है] ॥१२॥

भावार्थ—जो मनुष्य योग्य ब्रह्मचारियों को वेदवाणी देने में बाधा डालता है, वह अपने शुभ गुणों में हेटा होकर विद्वानों के बीच अनादर पाता है ॥ १२ ॥

इस मन्त्र का प्रथम आधा भाग ऊपर मन्त्र २ में आचुका है॥

यो अस्य स्याद् वंशाभोगो अन्यामिच्छेत् तर्हि सः ।
हिंस्ते अदत्ता पुरुषं याचितां च न दित्सति ॥ १३ ॥

यः । अस्य । स्यात् । वशा-भोगः । अन्याम् । इच्छेत् । तर्हि । सः ॥ हिंस्ते । अदत्ता । पुरुषम् । याचिताम् । च । न । दित्सति ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यः) जो मनुष्य (अस्य) अपनी (वशाभोगः) वेदवाणी का सुख पाने वाला (स्यात्) होना चाहे, (तर्हि) तब (सः) वह (अन्याम्) जीवन देने वाली [वेदवाणी] को (इच्छेत) चाहे। (अदत्ता) न दी हुयी [वेदवाणी] (पुरुषम्) [उस] पुरुष को (च) अवश्य (हिंस्ते) मार डालती है, [जो] (याचिताम्) मांगी हुयी [वेदवाणी] को (न) नहीं (दित्सति) देना चाहता है ॥ १३ ॥

भावार्थ—वेद विज्ञान को प्रीति से खोजता हुआ और प्रकाश करता हुआ मनुष्य सुख भोगता है, और जो उसके प्रवृत्ति को रोकता है, वह आत्मा को संकुचित करने से दुःख पाता है॥ १३ ॥

वृश्च्यते। छिद्यते। हीयते (ब्राह्मणानाम्) वेदवेतॄणां मध्ये (च) (मन्यवे) क्रोधाय भवतीति शेषः। अन्यत् पूर्ववत्—म० २ ॥

१३—(यः) पुरुषः (अस्य) स्वकीयस्य (स्यात्) भवेत् (वशाभोगः) वशायाः कमनीयाया वेदवाण्या भोगः सुखानुभवो यस्य सः (अन्याम्) माछाससिभ्यो यः। उ० ४। १०६। अन जीवने-यः। जीवयित्रीम्। जीवनदात्रीम् (इच्छेत) प्रीणीयात् (तर्हि) तदा सः (हिंस्ते) नाशयति (अदत्ता) वेदवाणी (पुरुषम्) (याचिताम्) प्रार्थिताम् (च) अवश्यम् (न) निषेधे (दित्सति) दातुमिच्छति ॥

यथा॑ शे॒वधि॒र्निहि॑तो ब्राह्म॒णानां॒ तथा॑ व॒शा ।
ताम॒ेतद॒च्छाय॑न्ति॒ यस्मि॑न् कस्मि॑श्च॒ जाय॑ते ॥ १४ ॥
यथा॑ । शे॒व॒-धिः । नि-हि॑तः । ब्रा॒ह्म॒णाना॑म् । तथा॑ । व॒शा ॥
ताम् । ए॒तत् । अ॒च्छ॒-आय॑न्ति । यस्मि॑न् । कस्मि॑न् । च॒ ।
जाय॑ते ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (निहितः) नियम से रक्खा हुआ (शेवधिः) निधि [सुखदायक पदार्थ] होता है, (तथा) वैसे ही (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (ब्राह्मणानाम्) ब्राह्मणों [वेद ज्ञानियों] की है। (एतत्) इसी लिये (ताम्) उस [वेदवाणी] को (अच्छ—आयन्ति) अच्छे प्रकार प्राप्त करते हैं, (यस्मिन् कस्मिन् च) चाहे जिस किसी में (जायते) वह होवे ॥ १४ ॥

भावार्थ—यह वेदवाणी ईश्वर ने वेदवेत्ताओं को संसार के सुख के लिये निधि के समान सौंपी है। मनुष्य उसको वेदद्वारा परमाणु से लेकर ईश्वर पर्यन्त खोजकर प्राप्त करें ॥ १४ ॥

स्वम॒ेतद॒च्छाय॑न्ति॒ यद् व॒शां ब्रा॑ह्म॒णा अ॒भि ।
यथै॑नान॒न्यस्मि॑न् जिनी॒याद॒ेवास्या॑ नि॒रोध॑नम् ॥ १५ ॥
स्वम् । ए॒तत् । अ॒च्छ॒-आय॑न्ति । यत् । व॒शाम् । ब्रा॒ह्म॒णाः ।
अ॒भि ॥ यथा॑ । ए॒नान् । अ॒न्यस्मि॑न् । जि॒नी॒यात् । ए॒व ।
अ॒स्याः । नि॒-रोध॑नम् ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(ब्राह्मणाः) ब्राह्मण [ब्रह्मचारी लोग] (वशाम्) वशा

१४—(यथा) येन प्रकारेण (शेवधिः) सुखप्रदः। निधिः—निरु० २। ४ (निहितः) नियमेन स्थापितः (ब्राह्मणानाम्) ब्रह्मज्ञानिनाम् (तथा) (वशा) कमनीया वेदवाणी (ताम्) वेदवाणीम्) (एतत्) एतस्मात् कारणात् (अच्छायन्ति) आभिमुख्येन प्राप्नुवन्ति (यस्मिन्) (कस्मिन्) (च) सम्भावनायाम् (जायते) वर्तते ॥

१५—(स्वम्) धनम् (एतत्) (अच्छायन्ति) म० १४ (यत्) यतः

[कामना योग्य वेदवाणी] को (अभि) सब ओर से (अच्छ—आयन्ति) अच्छे प्रकार प्राप्त करते हैं, (यत्) क्योंकि (एतत्) यह (स्वम्) [उनका] सर्वस्व है, [और] (यथा) क्योंकि (एनान्) इन [ब्रह्मचारियों] को (अन्यस्मिन्) भिन्नकर्म [अधर्म] में (जिनीयात्) मनुष्य हानि करे, [वह] (अस्याः) इस [वेदवाणी] का (निरोधनम्) रोकदेना (एव) ही है ॥१५॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानियों का धर्म है कि वेदवाणी को ही अपना कोश समझकर प्राप्त करें और प्रकाश करें और जो पुरुष अधर्म के कारण उसको रोकते हैं वे आत्मघाती होने से नष्ट भ्रष्ट हो जाते हैं ॥ १५ ॥

चरे॑दे॒वा त्रै॑हाय॒णाद॑विज्ञातगदा स॒ती ।
व॒शां च॑ वि॒द्यान्ना॑रद ब्राह्म॒णास्तर्ह्ये॒ष्याः॑ ॥ १६ ॥

चरे॑त् । ए॒व । आ । त्रै॒हा॒य॒नात् । अवि॑ज्ञात-गदा । स॒ती ॥
व॒शाम् । च॒ । वि॒द्यात् । ना॒र॒द॒ । ब्रा॒ह्म॒णाः । तर्हि॑ । ए॒ष्याः॑ ॥१६

भाषार्थ—(अविज्ञातगदा) नहीं जाना गया है दोष जिसमें ऐसी [निर्दोष], (सती) सद्गुणों वाली [वेदवाणी] (आ त्रैहायणात्) तीन उद्योगों [परमेश्वर के कर्म, उपासना, ज्ञान] तक (एव) अवश्य (चरेत्) विचरती रहे। (नारद) हे नारद ! [नीति, यथार्थ ज्ञान, देने वाले विद्वान्] (वशाम्) वशा [कमना योग्य वेदवाणी] को (च) निश्चय करके (विद्यात्)

(वशाम्) म० १। कमनीयां वेदवाणीम् (ब्राह्मणाः) ब्रह्मचारिणः (अभि) सर्वतः (यथा) यस्मात् कारणात् (एनान्) ब्रह्मचारिणः (अन्यस्मिन्) धर्मविरुद्धे कर्मणि (जिनीयात्) ज्या वयोहानौ। न्यूनयेत् मनुष्यः (एव) अवश्यम् (अस्याः) वेदवाण्याः (निरोधनम्) प्रतिबन्धनम् ॥

१६—(चरेत्) विचरेत् (एव) निश्चयेन (आ) मर्यादायाम् (आ त्रैहायणात्) अ० १० । ५ । २२ । हश्च व्रीहिकालयोः । पा० ३ । १ । १८४ । ओहाक् त्यागे, ओहाङ् गतौ च—ण्युट् । आतो युक् चिण्कृतोः । पा० ७ । ३ । ३३ । युक्, बाहुलकात् । तस्य समूहः । पा० ४ । २ । ३७ । अण् । त्रयाणां हायनानां गतीनां परमेश्वरस्य कर्मोपसनाज्ञानरूपाणामुद्योगानां समूहप्राप्तिपर्यन्तम् (अविज्ञातगदा) गद रोगे—अच् । अविज्ञातो गदो रोगो दोषो यस्यां सा ।

[मनुष्य] जाने, (तर्हि) तब (ब्राह्मणाः) ब्राह्मण [पूरे वेद ज्ञाता लोग] (एष्याः) ढूढ़ने योग्य हैं ॥ १६ ॥

भावार्थ- वेदवाणी सर्वथा निर्दोष और श्रेष्ठगुण वाली है, मनुष्य पूर्ण विद्वानों द्वारा उसको प्राप्त करके ईश्वर के कर्म, उपासना और ज्ञान से अपनी उन्नति करे ॥ १६ ॥

य एनामवशामाह देवानां निहितं निधिम् ।
उभौ तस्मै भवाशर्वौ परिक्रम्येषुमस्यतः ॥ १७ ॥

यः । एनाम् । अवशाम् । आह । देवानाम् । नि-हितम् । नि-धिम् ॥ उभौ । तस्मै । भवाशर्वौ । परि-क्र-म्य । इषुम् । अस्यतः ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [मूर्ख] (देवानाम्) विजय चाहने वालों के (निहितम्) नियम से रक्खे हुये (निधिम्) निधि, (एनाम्) इस [वेदवाणी] को (अवशाम्) नहीं कामना योग्य [वा असमर्थ] (आह) बताता है। (तस्मै) उस [पुरुष] के लिये (उभौ) दोनों (भवाशर्वौ) भव [सुख देनें वाला प्राण] और शर्व [दोष मिटाने वाला अपान वायु] (परिक्रम्य) घूम घूमकर (इषुम्) तीर [अर्थात् पीड़ा] (अस्यतः) फेंकते हैं ॥ १७ ॥

अविदितदोषा (सती) सद्गुणवती (वशाम्) वेदवाणीम् (च) अवश्यम् (विद्यात्) जानीयात् (नारद) अ० ५ । १६ । ६ । नृ नये—घञ्, नारं नयं नीतिं ददातीति, दा—क । हे नयप्रद विद्वन् (ब्राह्मणाः) पूर्णवेदज्ञानिनः (तर्हि) तदा (एष्याः) अन्वेषणीयाः ॥

१७—(यः) मूर्खः (एनाम्) वेदवाणीम् (अवशाम्) म० १ । अकमनीयाम् । असमर्थाम् (आह) कथयति (देवानाम्) विजिगीषूणाम् (निहितम्) नियमेन स्थापितम् (निधिम्) धनकोशम् (उभौ) (तस्मै) मूर्खाय (भवाशर्वौ) अ० ८ । २ । ७ । सुखस्य भावयिता कर्ता भवः प्राणः, दुःखस्य शारिता नाशकः शर्वोऽपानवायुश्च तौ (परिक्रम्य) परितो गत्वा (इषुम्) बाणम् । पीडाम् (अस्यतः) क्षिपतः ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेदवाणी के गुण न जानकर अपने आत्मा को दूषित करता है, श्वास प्रश्वास की असावधानी से उसकी शारीरिक अवस्था भी बिगड़ जाती है ॥ १७ ॥

यो अस्या ऊधो न वेदाथो अस्या स्तनानुत ।
उभयेनैवास्मै दुहे दातुं चेदशकद् वशाम् ॥ १८ ॥

यः । अस्याः । ऊधः । न । वेद । अथो इति । अस्याः । स्तनान् । उत ॥ उभयेन । एव । अस्मै । दुहे । दातुम् । च । इत् । अशकत् । वशाम् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(यः) जो [विद्वान्] (अस्याः) इस [वेदवाणी] के (ऊधः) सींचने को, (अथो उत) और भी (अस्याः) इसके (स्तनान्) गर्जनशब्दों [बड़े उपदेशों] को (न) अब [विद्या प्राप्त करके] (वेद) जानता है। वह [वेदवाणी] (उभयेन) दोनों [इस लोक और परलोक के सुख] से (एव) ही (अस्मै) इस [ब्रह्मज्ञानी] को (दुहे) भर देती है, (च, इत्=चेत्) जो (वशाम्) वशा [कामनायोग्य वेदवाणी] (दातुम् अशकत्) दे सका है ॥ १८ ॥

भावार्थ—जब मनुष्य वेदों के पवित्र लाभों और उपदेशों को समझ लेता है और संसार में प्रकाश करता है, वह इस जन्म और दूसरे जन्म का आनन्द पाता है ॥ १८ ॥

दुरदभ्नैनमा शये याचितां च न दित्सति ।

१८—(यः) विद्वान् (अस्याः) वेदवाण्याः (ऊधः) उन्दी क्लेदने—असुन्, पृषोदरादिरूपम्। सेचनम्। वर्धनम् (न) संप्रति—निरु० ७। ३१। (वेद) जानाति (अथो) अपि च (अस्याः) (स्तनान्) स्तन मेघशब्दे—अच्। मेघशब्दान्। उच्चोपदेशान् (उत) एव (उभयेन) ऐहिकपारमार्थिक-सुखद्वयेन (एव) अवधारणे (अस्मै) विदुषे (दुहे) दुग्धे। प्रपूरयति वशा (दातुम्) (चेत्) यदि (अशकत्) शक्तोऽभूत् (वशाम्) कमनीयां वेद-वाणीम् ॥

नास्मै कामाः समृध्यन्ते यामदत्त्वा चिकीर्षति ॥ १९ ॥

दुरदभ्ना । एनम् । आ । शये । याचिताम् । च । न । दित्सति ॥ न । अस्मै । कामाः । सम् । ऋध्यन्ते । याम् । अदत्त्वा । चिकीर्षति ॥ १९ ॥

भाषार्थ—(दुरदभ्ना) कभी न दबने वाली [वह वेदवाणी (एनम्) इस [मनुष्य] पर (आ शये) आ पड़ती है, (च) यदि वह (याचिताम्) मांगी हुई [वेदवाणी] को (न) नहीं (दित्सति) देना चाहता है। (अस्मै) इस [मनुष्य] के लिये (कामाः) वे कामनायें (न) नहीं (सम् ऋध्यन्ते) सिद्ध होती हैं, [जिन कामनाओं को] (याम् अदत्त्वा) जिस [वेदवाणी] के न देने पर (चिकीर्षति) पूरा करना चाहता है ॥ १९ ॥

भावार्थ—वेदवाणी के प्रसिद्ध करने में जो लोग बाधा डालते हैं, उनकी कामनायें कभी पूरी नहीं होती हैं ॥ १९ ॥

देवा वशामयाचन् मुखं कृत्वा ब्राह्मणम् ।
तेषां सर्वेषामददद्धेडं न्येति मानुषः ॥ २० ॥ (२०)

देवाः । वशाम् । अयाचन् । मुखम् । कृत्वा । ब्राह्मणम् ॥ तेषाम् । सर्वेषाम् । अददत् । हेडम् । नि । एति । मानुषः २० (२०

भाषार्थ—(देवाः) विजय चाहने वालों ने (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [वेदज्ञानी] को (मुखम्) मुख [मुखिया] (कृत्वा) बनाकर (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] को (अयाचन्) मांगा है। (अददत्) [वेद-

१९—(दुरदभ्ना) म० ४। कदापि नहि दम्भनीया पराजेया (एनम्) मनुष्यम् (आ शये) आशेते। प्राप्नोति (याचिताम्) प्रार्थिताम् (च) यदि (न) निषेधे (दित्सति) दातुमिच्छति (न) (अस्मै) (कामाः) अभिलाषाः (समृध्यन्ते) संसिध्यन्ति (याम्) वेदवाणीम् (अदत्त्वा) (चिकीर्षति) कर्तुमिच्छति ॥

२०—(देवाः) विजिगीषवः (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (अयाचन्) याचितवन्तः (मुखम्) मुख्यम्। प्रधानम् (कृत्वा) विधाय (ब्राह्मणम्) वेदज्ञम् (तेषाम्) विजिगीषूणाम् (सर्वेषाम्) (अददत्) ददातेः शतृ।

वाणी] न देता हुआ (मानुषः) मनुष्य (तेषां सर्वेषाम्) उन सब [विद्वानों] के (हेडम्) क्रोध को (नि) निश्चय करके (एति) पाता है ॥ २० ॥

भावार्थ—सब मनुष्य विजय पाने के लिये निर्भय पूर्ण विद्वान् द्वारा वेदों का उपदेश चाहते हैं, इस लिये उसके बाधक को सब विद्वान् धिक्कारते हैं ॥२०॥

हेडं पशूनां न्यैति ब्राह्मणेभ्योऽददद् वशाम् ।
देवानां निहितं भागं मर्त्यश्चेन्निप्रियायते ॥ २१ ॥

हेडम् । पशूनाम् । नि । एति । ब्राह्मणेभ्यः । अददत् । वशाम् ॥ देवानाम् । नि-हितम् । भागम् । मर्त्यः । च । इत् । नि-प्रियायते ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(ब्राह्मणेभ्यः) ब्राह्मणों [ब्रह्मचारियों] को (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (अददत्) न देता हुआ पुरुष (पशूनाम्) सब प्राणियों का (हेडम्) क्रोध (नि) निश्चय कर के (एति) पाता है। (च इत् = चेत्) यदि (मर्त्यः) मनुष्य (देवानाम्) विजय चाहने वालों के (निहितम्) नियम से रक्खे हुये (भागम्) ऐश्वर्यों के समूह [वेदवाणी] को (निप्रियायते) ओछे पन से प्रिय सा मानता है ॥ २१ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य संकुचित मन होकर वेदवाणी के प्रकाश करने में विघ्न डालता है, वह सब ही प्राणियों का शत्रु होता है ॥ २१ ॥

यदन्ये शतं याचेयुर्ब्राह्मणा गोपतिं वशाम् ।
अथैनां देवा अब्रुवन्नेवं ह विदुषो वशा ॥ २२ ॥

अप्रयच्छन् (हेडम्) क्रोधम् (नि) निश्चयेन (एति) प्राप्नोति (मानुषः) मनोर्जातावञ्यतौ षुक् च । पा० ४ । १ । १६१ । मनु-अञ् षुक् च । मनुर्मननं यस्य सः । मनुष्यः ॥

२१—(हेडम्) अनादरम् । क्रोधम् (नि) निश्चयेन (एति) प्राप्नोति (ब्रह्मणेभ्यः) ब्रह्मचारिभ्यः (अददत्) म० २०। अप्रयच्छन् (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (देवानाम्) विजिगीषूणाम् (निहितम्) नियमेन स्थापितम् (भागम्) भग-अण् समूहे । भगानामैश्वर्याणां समूहं वेदवाणीम् (मर्त्यः) मनुष्यः (चेत्) यदि (नि प्रियायते) म० ११ । नीचभावेन प्रिय इवाचरति ॥

यत् । अन्ये । शतम् । याचेयुः । ब्राह्मणाः । गो-पतिम् । वशाम् ॥ अथ । एनाम् । देवाः । अब्रुवन् । एवम् । ह । विदुषः । वशा ॥ २२ ॥

भाषार्थ—(यत्) यदि (ब्राह्मणाः = ब्राह्मणेभ्यः) ब्राह्मणों [ब्रह्मचारियों] से (अन्ये) दूसरे [निर्बलेन्द्रिय] (शतम्) सौ [पुरुष] (गोपतिम्) पृथिवी की पालने वाली (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] को (याचेयुः) मांगें। (अथ) तौ (देवाः) देवताओं [विद्वानों] ने (एनाम्) इस [वेदवाणी] को (अब्रुवन्) बताया है—"(एवम्) इस प्रकार [पूरे पूरे] (विदुषः) विद्वान् की (ह) ही (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] है" ॥ २२ ॥

भावार्थ—दुर्बलेन्द्रिय अश्रद्धालु मनुष्य सैकड़ों मिल कर भी वेदवाणी से उपकार नहीं कर सकते, परन्तु पूर्ण विद्वान् जितेन्द्रिय ब्रह्मचारी अकेला ही संसार भर को लाभ पहुंचाता है ॥ २२ ॥

य एवं विदुषेऽदत्त्वाथान्येभ्यो ददद् वशाम् ।
दुर्गा तस्मा अधिष्ठाने पृथिवी सहदेवता ॥ २३ ॥

यः । एवम् । विदुषे । अदत्त्वा । अथ । अन्येभ्यः । ददत् । वशाम् ॥ दुः-गा । तस्मै । अधि-स्थाने । पृथिवी । सह-देवता ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(यः) जो पुरुष (एवम्) इस प्रकार (विदुषे) विद्वान् को (अदत्वा) न देकर (अथ) फिर (अन्येभ्यः) दूसरों [दुर्बलेन्द्रियों] को

२२—(यत्) यदि (अन्ये) विरोधिनः । अब्राह्मणाः (शतम्) बहुसंख्याकाः (याचेयुः) प्रार्थयेरन् (ब्राह्मणाः) सुपां सुपो भवन्तीति वक्तव्यम् । वा० पा० ७ । १ । ३९ । इति पञ्चमीस्थाने प्रथमा । ब्राह्मणेभ्यः । ब्रह्मचारिभ्यः (गोपतिम्) पृथिवीपालिकाम् (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (अथ) तदा (एनाम्) वेदवाणीम् (देवाः) विद्वांसः (अब्रुवन्) अकथयन् (एवम्) अनेन प्रकारेण (ह) निश्चयेन (विदुषः) जानतः पुरुषस्य (वशा) ॥

२३—(यः) एवम्) ईदृग्विधम् (विदुषे) ज्ञानिने (अदत्त्वा) (अथ)

(वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (ददत्) देता हुआ है। (तस्मै) उस पुरुष के लिये (अधिष्ठाने) प्रभाव के बीच (सहदेवता) देवताओं विद्वानों सहित (पृथिवी) पृथिवी (दुर्गा) दुर्गम [कठिन] होती है ॥ २३ ॥

भावार्थ—जो पुरुष अधिकारी ब्रह्मचारियों का अनादर करके दुर्बलेन्द्रिय लम्पटों को वेदविद्या का अधिकार देता है, वह तो न पृथिवी का राज्य कर सकता है और न विद्वानों में आदर पा सकता है ॥ २३ ॥

देवा वशामयाचन् यस्मिन्नग्रे अजायत ।
तामेतां विद्यान्नारदः सह देवैरुदाजत ॥ २४ ॥

देवाः। वशाम् । अयाचन् । यस्मिन् । अग्रे । अजायत । ताम् । एताम् । विद्यात् । नारदः। सह । देवैः। उत् । आजत ॥४२॥

भाषार्थ—(देवाः) विजय चाहने वालों ने (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] को [उस परमेश्वर से] (अयाचन्) मांगा है, (यस्मिन्) जिस [परमेश्वर] में (अग्रे) पहिले ही पहिले (अजायत) वह उत्पन्न हुयी। (ताम्) उस [दूर वर्तमान] और (एताम्) इस [समीप वर्तमानवेदवाणी] को (नारदः) नारद [नीति, यथार्थ ज्ञान देने वाला विद्वान्] (विद्यात्) जान लेवे, वह [वेदवाणी] (देवैः सह) दिव्य गुणों के सहित (उत् आजत) उदय हुयी है ॥ २४ ॥

भावार्थ—परमेश्वर की वाणी वेद को विद्वानों ने भक्तिपूर्वक परमेश्वर से पाया है, उस वेदवाणी को प्रत्येक विद्वान् जानकर उसके दिव्य गुणों का प्रकाश करे ॥ २४ ॥

पुनः (अन्येभ्यः) दुर्बलेन्द्रियेभ्यः (ददत्) प्रयच्छन् (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (दुर्गा) दुष्प्राप्या (तस्मै) अविदुषे (अधिष्ठाने) प्राधान्ये (पृथिवी) (सहदेवता) विद्वद्भिः सहिता ॥

२४—(देवाः) विजिगीषवः (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (अयाचन्) याचितवन्तः परमेश्वरमिति शेषः (यस्मिन्) परमेश्वरे (अग्रे) आदौ (अजायत) प्रादुरभवत् (ताम्) दूरस्थाम (एताम्) समीपस्थाम् (विद्यात्) जानीयात् (नारदः) म० १६। नीतिप्रदो विद्वान् (सह) (देवैः) दिव्यगुणैः (उत् आजत) अज गतिक्षेपणयोः—लङ्, आत्मनेपदं छान्दसम्। उदाजत् उदयं प्रापत् ॥

अनपत्यमल्पपशुं वशा कृणोति पूरुषम् ।
ब्राह्मणैश्च याचितामथैनां निप्रियायते ॥ २५ ॥

अनपत्यम् । अल्प-पशुम् । वशा । कृणोति । पुरुषम् ॥
ब्राह्मणैः । च । याचिताम् । अथ । एनाम् । नि-प्रियायते ।२५

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (पुरुषम्) पुरुष को (अनपत्यम्) बिन सन्तान और (अल्पपशुम्) थोड़े पशुओं [गौ आदि] वाला (कृणोति) कर देती है। (अथ च) यदि वह [पुरुष] (ब्राह्मणैः) ब्राह्मण [ब्रह्मचारियों] करके (याचिताम्) मांगी हुयी (एनाम्) इस [वेद-वाणी] को (निप्रियायते) ओछेपन से प्रिय सा मानता है ॥ २५ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेदवाणी को संकुचित करके योग्य ब्रह्मचारियों की उन्नति रोककर अपनी ही उन्नति चाहता है, वह दुर्बलेन्द्रिय पुरुष अपना सर्वस्व नाश कर देता है ॥ २५ ॥

अग्नीषोमाभ्यां कामाय मित्राय वरुणाय च ।
तेभ्यो याचन्ति ब्राह्मणास्तेष्वा वृश्चतेऽददत् ॥ २६ ॥

अग्नीषोमाभ्याम् । कामाय । मित्राय । वरुणाय । च ॥ तेभ्यः।
याचन्ति । ब्राह्मणाः । तेषु । आ । वृश्चते । अददत् । २६ ।

भाषार्थ—(कामाय) इष्ट पदार्थ पाने के लिये (अग्नीषोमाभ्याम्) अग्नि और जल, (मित्राय) प्राण (च) और (वरुणाय) अपान वायु, (तेभ्यः) इन सब की सिद्धि के लिये (ब्राह्मणाः) ब्राह्मण [ब्रह्मचारी लोग] (याचन्ति)

२५—(अनपत्यम्) सन्तानरहितम् (अल्पपशुम) पशुभिर्न्यूनम् (वशा) कमनीया वेदवाणी (कृणोति) करोति (पुरुषम्) (ब्राह्मणैः) ब्रह्मचारिभिः (च) (याचिताम्) प्रार्थिताम् (अथ) यदि (एनाम्) वेदवाणीम् (निप्रियायते) म० २१ । नीचभावेन प्रिय इवाचरति ॥

२६—(अग्नीषोमाभ्याम्) अग्निजलविद्यासिद्धये (कामाय) इष्ट-पदार्थप्राप्तये (मित्राय) प्राणविद्याप्राप्तये (वरुणाय) अपानविद्याप्राप्तये

[वेदवाणी को] मांगते हैं, (अददत्) न देता हुआ पुरुष (तेषु) उन [विद्वानों] में (आ) सब ओर से (वृश्चते] छिन्न हो जाता है ॥ २६ ॥

भावार्थ—ब्रह्मचारी अग्निविद्या, जलविद्या, वायु के उतार चढ़ाव की विद्या और अन्य विद्वानों की सिद्धि के लिये वेदविद्या में परिश्रम करते हैं। ऐसे शुभ कर्म में विघ्नकारी मनुष्य कष्ट में पड़ते हैं ॥ २६ ॥

यावदस्या गोपतिर्नोपशृणुयादृचः स्वयम् ।
चरेदस्य तावद् गोषु नास्य श्रुत्वा गृहे वसेत् ॥ २७ ॥

यावत् । अस्याः । गो-पतिः । न । उप-शृणुयात् । ऋचः । स्वयम् ॥ चरेत् । अस्य । तावत् । गोषु । न । अस्य । श्रुत्वा । गृहे । वसेत् ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(गोपतिः) वेदवाणी का रक्षक [ब्रह्मचारी] (यावत्) जब तक (स्वयम्) सुन्दर रीति से (अस्याः) इस (ऋचः) स्तुति योग्य [वेदवाणी] का (न) न (उपशृणुयात्) यथा विधि श्रवण कर लेवे, (तावत्) तब तक (अस्य) इस [परमेश्वर] की (गोषु) वाणियों में (चरेत्) चलता रहे, और (श्रुत्वा) श्रवण करके (अस्य) अपने (गृहे) घर में (न) अब (वसेत्) बसे ॥ २७ ॥

भावार्थ—जब ब्रह्मचारी, पुत्र वा पुत्री, यथा विधि श्रवण, मनन और निदिध्यासन से वेदविद्या प्राप्त कर चुके, तब समावर्तन करके गृहाश्रम में प्रवेश करे ॥ २७ ॥

(च) (तेभ्यः) पूर्वोक्तेभ्यः (याचन्ति) प्रार्थयन्ते (ब्राह्मणाः) वेदाध्येतारः (तेषु) ब्राह्मणेषु (आ) समन्तात् (वृश्चते) छिद्यते (अददत्) अप्रयच्छन् ॥

२७—(यावत्) (अस्याः) पुरोवर्तिन्याः (गोपतिः) वेदवाणी रक्षको ब्रह्मचारी (न) निषेधे (उपशृणुयात्) गुरुकुले श्रवणं कुर्यात् (ऋचः) स्तुत्याया वेदवाण्याः (स्वयम्) सु + अय गतौ—असु । सुष्ठु शास्त्ररीत्या यथा तथा (चरेत्) विचरेत् । अभ्यस्येत् (अस्य) व्यापकस्य परमेश्वरस्य (तावत्) (गोषु) वेदवाक्षु (न) संप्रति (अस्य) स्वकीयस्य (श्रुत्वा) श्रवणं कृत्वा (गृहे) गृहाश्रमे (वसेत्) निवसेत् ॥

यो अ॑स्या ऋ॒चं उ॑पश्रु॒त्याथ॒ गोष्वची॑चरत् ।
आयु॑श्च॒ तस्य॒ भूतिं॑ च दे॒वा वृ॑श्चन्ति हीडि॒ताः ॥ २८ ॥

यः । अ॒स्याः । ऋच॑ः । उ॒प॒ऽश्रुत्य॑ । अथ॑ । गोषु॑ । अचीचरत् ॥
आयु॑ः । च॒ । तस्य॑ । भूति॑म् । च॒ । दे॒वाः । वृ॒श्च॒न्ति॒ ।
ही॒डि॒ताः ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(अथ) यदि (यः) जिस [मनुष्य] ने (अस्याः) इस (ऋचः) स्तुति योग्य वेदवाणी का (उपश्रुत्य) यथाविधि श्रवण करके (गोषु) इन्द्रियों में [इन्द्रियों के कुविषयों में अपने को] (अचीचरत्) चलाया है। (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (हीडिताः) क्रुद्ध होकर (तस्य) उस [पुरुष] का (आयुः) जीवन (च) और (भूतिम्) ऐश्वर्य (च) भी (वृश्चन्ति) काट देते हैं ॥ २८ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् वेदवाणी को जानकर कुविषयों में फंसता है, वह विद्वानों का क्रोधपात्र होकर संसार में उन्नति नहीं करता ॥ २८ ॥

व॒शा चर॑न्ती बहु॒धा दे॒वानां॒ निहि॑तो नि॒धिः ।
आ॒विष्कृ॑णुष्व रू॒पाणि॒ य॒दा स्थाम॒ जिघां॑सति ॥ २९ ॥

व॒शा । चर॑न्ती । ब॒हु॒ऽधा । दे॒वाना॑म् । नि॒ऽहि॑तः । नि॒ऽधिः ॥
आ॒विः । कृ॒णु॒ष्व॒ । रू॒पाणि॑ । य॒दा । स्थाम॑ । जिघां॑सति ॥२९॥

भाषार्थ—(देवानाम्) विद्वानों का (निहितः) नियम से रक्खा हुआ

२८—(यः) पुरुषः (अस्याः) (ऋचः) स्तुत्यायाः वेदवाण्याः (उपश्रुत्य) यथाविधि श्रवणं कृत्वा (अथ) यदि (गोषु) इन्द्रियेषु । इन्द्रियाणां कुविषयेषु (अचीचरत्) चर गतिभक्षणयोः—णिच्, लुङ् । आत्मानं चालितवान् (आयुः) जीवनम् (च) (तस्य) पुरुषस्य (भूतिम्) ऐश्वर्यम् (च) अपि (देवाः) विद्वांसः (वृश्चन्ति) छिन्दन्ति (हीडिताः) हेडृ अनादरे क्रोधे च—क्त, ईकारश्छान्दसः । हेडते क्रुध्यतिकर्मा—निघ० २ । १२ । क्रुद्धाः सन्तः ॥

२९—(वशा) कमनीया वेदवाणी (चरन्ती) विचरन्ती (बहुधा)

(निधिः) निधि, [अर्थात्] (बहुधा) नाना प्रकार से (चरन्ती) विचरती हुयी (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] तू (रूपाणि) रूपों [तत्त्वज्ञानों] को (आविः कृणुष्व) प्रकट कर, (यदा) जब वह [ब्रह्मचारी] (स्थाम) ठिकाने पर (जिघांसति) जाना चाहता है ॥ २९ ॥

भावार्थ—जब ब्रह्मचारी कटिबद्ध होकर वेदवाणी का उपार्जन करता है। तब ही वह तत्त्वज्ञानों को जानता चला जाता है ॥ २९ ॥

आविरात्मानं कृणुते यदा स्थाम जिघांसति ।

अथो ह ब्रह्मभ्यो वशा याच्ञ्यायं कृणुते मनः ॥ ३० ॥ (२१)

आविः । आत्मानम् । कृणुते । यदा । स्थाम । जिघांसति ॥

अथो इति । ह । ब्रह्म-भ्यः । वशा । याच्ञ्याय । कृणुते । मनः ॥ ३० ॥ (२१)

भाषार्थ—वह [वेदवाणी] (आत्मानम्) अपने स्वरूप [तत्त्वज्ञान] को (आविः कृणुते) प्रकट करती है, (यदा) जब वह [ब्रह्मचारी] (स्थाम) ठिकाने पर (जिघांसति) जाना चाहता है। (अथो ह) तब ही (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारियों के पाने को (याच्ञाय) मांगने के लिये (मनः) मनन (कृणुते) करती है ॥३०॥

भावार्थ—जैसे जैसे ब्रह्मचारी प्रयत्न करता है वेदवाणी भी उसको वैसे वैसे ही अधिक अधिक मिलती चली आती है ॥३०॥

मनसा सं कल्पयति तद् देवाँ अपि गच्छति ।

ततो ह ब्रह्माणो वशामुपप्रयन्ति याचितुम् ॥ ३१ ॥

नानाप्रकारेण (देवानाम्) विदुषाम् (निहितः) नियमेन स्थापितः (निधिः) कोशः (आविष्कृणुष्व) प्रकाशय (रूपाणि) तत्त्वज्ञानानि (यदा) (स्थाम) सर्वधातुभ्यो मनिन्। उ० ४। १४५। ष्ठा गतिनिवृत्तौ—मनिन्। स्थितिस्थानम् (जिघांसति) हन हिंसागत्योः-सन्। गन्तुमिच्छति ॥

३०—(आत्मानम्) तत्त्वबोधम् (आविष्कृणुते) प्रकटयति (अथो ह) तदैव (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारिभ्यः (वशा) कमनीया वेदवाणी (याच्ञाय) याचृ याच्ञायाम्—नङ्। याचनाय (कृणुते) करोति (मनः) मननम्। अन्यत् पूर्ववत्—म० २९ ॥

मन॑सा । सम् । कल्पयति । तत् । दे॒वान् । अपि॑ । गच्छति॥
तत॑: । ह । ब्रह्माण॑: । व॒शाम् । उप-प्रय॑न्ति । याचि॑तुम् ।३१।

भाषार्थ—वह [वेदवाणी] (मनसा) मनन के साथ (देवान्) विजय चाहने वाले [ब्रह्मचारियों] को (सम्) यथावत् (कल्पयति) समर्थ करती है, (तत्) तब [उनको] (अपि गच्छति) अवश्य मिलती है। (तथा ह) इसी कारण से (ब्रह्माणः) ब्रह्मचारी लोग (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] के (याचितुम) मांगने के लिये (उपप्रयन्ति) पहुंचते जाते हैं ॥३१॥

भावार्थ—जैसे जैसे ब्रह्मचारी लोग वेदवाणी के लिये प्रयत्न करते हैं, वैसे वैसे ही वेदवाणी उन्हें समर्थ करके मिलती जाती है ॥३१॥

स्व॒धा॒का॒रेण॑ पि॒तृभ्यो॑ य॒ज्ञेन॑ दे॒वता॑भ्यः ।
दाने॑न राज॒न्यो॑ व॒शाया॑ मा॒तुर्हेड॑ं न ग॑च्छति ॥ ३२ ॥

स्व॒धा-का॒रेण॑ । पि॒तृ-भ्य॑: । य॒ज्ञेन॑ । दे॒वता॑भ्यः ॥ दाने॑न ।
रा॒ज॒न्य॑: । व॒शाया॑: । मा॒तुः । हेड॑म् । न । ग॒च्छ॒ति ॥ ३२ ॥

भाषार्थ - (राजन्यः) ऐश्वर्यवान् [राजा] (पितृभ्यः) पालन करने वाले [विज्ञानियों] और (देवताभ्यः) विजय चाहने वाले [शूरवीरों] को (स्वधाकारेण) स्वधारण सामर्थ्य देने से (यज्ञेन) सत्कार से और (दानेन) दान से (वशायाः) वशा [कामनायोग्य वेदवाणी] (मातुः) माता के

३१—(मनसा) मननेन (सम्) सम्यक् (कल्पयति) समर्थयति वेदवाणी (तत्) तदा (देवान्) विजिगीषून् ब्रह्मचारिणः (अपि) एव (गच्छति) प्राप्नोति (ततः) तस्मात् कारणात् (ह) एव (ब्रह्माणः) ब्रह्मचारिणः (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (उपप्रयन्ति) समीपे गच्छन्ति (याचितुम्) प्रार्थयितुम् ॥

३२—(स्वधाकारेण) स्वधारणसामर्थ्यदानेन (पितृभ्यः) पालकेभ्यो विद्वद्भ्यः (यज्ञेन) सत्कारेण (देवताभ्यः) विजिगीषुभ्यः शूरेभ्यः (दानेन) पालनेन (राजन्यः) राजेरन्यः । उ० ३ । १०० । राजृ दीप्तौ ऐश्वर्ये च—अन्य । ऐश्वर्यवान् । राजा (वशायाः) कमनीयाया वेदवाण्याः (मातुः) मानकर्त्र्याः

(हेडम्) क्रोध को (न) नहीं (गच्छति) पाता है ॥ ३२ ॥

भावार्थ—जहां राजा विद्वानों के दान मान से वेदविद्या का प्रकाश करता है, वह राज्य चिरस्थायी होता है ॥ ३२ ॥

व॒शा मा॒ता रा॑ज॒न्य॑स्य॒ तथा॒ संभू॑तमग्र॒शः ।

तस्या॑ आहु॒रन॑र्पणं॒ यद् ब्र॒ह्मभ्यः॑ प्रदी॒यते॑ ॥ ३३ ॥

व॒शा । मा॒ता । रा॒ज॒न्य॑स्य । तथा॑ । सम्-भू॑तम् । अ॒ग्र॒-शः ॥

तस्याः॑ । आ॒हुः॒ । अन॑र्पणम् । यत् । ब्र॒ह्म-भ्यः॑ । प्र॒-दी॒यते॑ ॥३३॥

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (राजन्यस्य) ऐश्वर्यवान् [राजा] की (माता) माता [मान करने वाली] है, (तथा) वैसा ही (अग्रशः) पहिले से (संभूतम्) ठहरा हुआ [कर्म] है । (तस्याः) उस [वेदवाणी] का (अनर्पणम्) अत्याग (आहुः) वे [विद्वान्] कहते हैं, (यत्) जब कि (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारियों को (प्रदीयते) वह दे दी जाती है ३३

भावार्थ—परमेश्वर का नियम है कि विद्या के दान से राजा का मान बढ़ता है और विद्या भी अधिक अधिक प्रचार से अधिक अधिक बढ़ती है ३३

यथाज्यं॒ प्रगृ॑हीतमालु॒म्पेत् स्रु॒चो अ॒ग्नये॑ ।

ए॒वा ह॑ ब्र॒ह्मभ्यो॑ व॒शाम॒ग्नय॒ आ वृ॑श्च॒तेऽद॑दत् ॥ ३४ ॥

यथा॑ । आज्य॑म् । प्र-गृ॑हीतम् । आ॒-लु॒म्पेत् । स्रु॒चः । अ॒ग्नये॑ ॥

ए॒व । ह॒ । ब्र॒ह्म-भ्यः॑ । व॒शाम् । अ॒ग्नये॑ । आ । वृ॒श्च॒ते॒ । अद॑दत् ॥ ३४ ॥

(हेडम्) कोपम् (न) निषेधे (गच्छति) प्राप्नोति ॥

३३—(वशा) कमनीया वेदवाणी (माता) मानकर्त्री (राजन्यस्य) म० ३२ । ऐश्वर्यवतः क्षत्रियस्य (तथा) तेन प्रकारेण (सम्भूतम्) समर्थितं परमेश्वरेण (अग्रशः) आदौ (तस्याः) वेदवाण्याः (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (अनर्पणम्) अत्यागम्) सदावर्धनम् (यत्) यदा (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारिभ्यः (प्रदीयते) प्रकर्षेण दीयते सा ॥

भाषार्थ—(यथा) जैसे (प्रगृहीतम्) फैला कर लिया गया (आज्यम्) घी (स्रुचः) स्रुचा [चमचा] से (अग्नये) अग्नि को (आलुम्पेत्) छोड़ दिया जावे। (एव ह) वैसे ही (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारियों को (वशाम्) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (अददत्) न देता हुआ पुरुष (अग्नये) अग्नि [सन्ताप] पाने के लिये (आ वृश्चते) छिन्न भिन्न हो जाता है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—जैसे प्रज्वलित हवन अग्नि में छोड़ा हुआ घी शीघ्र भस्म हो जाता है, वैसे ही वेदविद्या के रोकने से संसार की हानि करके मनुष्य क्लेश में पड़कर नष्ट हो जाता है ॥ ३४ ॥

पुरोडाशवत्सा सुदुघा लोकेऽस्मा उप तिष्ठति ।
सास्मै सर्वान् कामान् वशा प्रददुषे दुहे ॥ ३५ ॥

पुरोडाश-वत्सा । सु-दुघा । लोके । अस्मै । उप । तिष्ठति ॥
सा । अस्मै । सर्वान् । कामान् । वशा । प्र-ददुषे । दुहे ॥३५॥

भाषार्थ—(पुरोडाशवत्सा) बढ़कर दान करने [वा उत्तम अन्न पाने] के लिये उपदेश करने वाली, (सुदुघा) सुन्दर रीति से पूर्ण करने वाली (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (लोके) संसार में (अस्मै) उस पुरुष के लिये (उप तिष्ठति) उपस्थित होती है। (सा) वह (अस्मै) इस (प्रददुषे) बड़े दानी के लिये (सर्वान्) सब (कामान्) श्रेष्ठ कामनायें (दुहे) पूरी

३४—(यथा) येन प्रकारेण (आज्यम्) घृतम् (प्रगृहीतम्) प्रकर्षेण धृतम् (आलुम्पेत्) लुप्लृ छेदने विनाशने च। समन्ताद् नश्येत् (स्रुचः) चिक् च। उ० २। ६२। स्रु गतौ—चिक्। यज्ञपात्रविशेषात्। चमसात् (अग्नये) पावकाय (एव) तथा (ह) हि (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारिभ्यः (वशाम्) वेदवाणीम् (अग्नये) सन्तापाय । क्लेशाय (आ) समन्तात् (वृश्चते) वृश्च्यते। छिद्यते (अददत्) अप्रयच्छन् पुरुषः ॥

३५—(पुरोडाशवत्सा) पुरो अग्रे दाश्यते दीयते, दाशृ दाने-घञ् + वृतृवदिवचिवसि०। उ० ३। ६२। वद व्यक्तायां वाचि—स, टाप्। पुरोडाशाय उत्तमदानाय परिपक्वान्नाय वा वदत्युपदिशति या सा (सुदुघा) अ० ७। ७३। ७। यथाविधि पूरयित्री। कामदा (लोके) संसारे (अस्मै) पुरुषाय (उपतिष्ठति) उपस्थिता भवति (सा) (अस्मै) (सर्वान्) (कामान्) श्रेष्ठाभिला-

करती है ॥ ३५ ॥

भावार्थ—मनुष्य सब गुणों की खानि वेदविद्या के अभ्यास और प्रकाश से धार्मिक होकर अपनी सब कामनायें पूरी करता है ॥ ३५ ॥

सर्वा॒न् कामा॑न् यम॒राज्ये॑ व॒शा प्र॑द॒दुषे॑ दुहे ।

अथा॑हु॒र्नार॑कं लो॒कं नि॑रु॒न्धा॒नस्य॑ याचि॒ताम् ॥ ३६ ॥

सर्वा॑न् । कामा॑न् । य॒म-रा॒ज्ये॑ । व॒शा । प्र॒-द॒दुषे॑ । दु॒हे॒ ॥ अथ॑ । आ॒हुः॒ । नर॑कम् । लो॒कम् । नि॒-रु॒न्धा॒नस्य॑ । या॒चि॒ताम् ॥ ३६ ॥

भाषार्थ—(वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (यमराज्ये) न्यायकारी [परमेश्वर] के राज्य में (प्रददुषे) अपने बड़े दानी के लिये (सर्वान्) सब (कामान्) श्रेष्ठ कामनायें (दुहे) पूरी करती है। (अथ) और (याचिताम्) उस मांगी हुयी को (निरुन्धानस्य) रोकने वाले का (लोकम्) लोक [घर] (नरकम्) नरक [महाकष्टस्थान] (आहुः) वे [विद्वान्] बताते हैं ॥ ३६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा की व्यवस्था समझ कर वेदवाणी का प्रकाश करते हैं, वे अपने सब अभीष्ट सुख पाते हैं, और उसके रोकने वाले मूर्ख अज्ञान बढ़ने से क्लेश में पड़ते हैं ॥ ३६ ॥

प्र॒वी॒यमा॑ना चरति क्रु॒द्धा गोप॑तये व॒शा ।

वे॒हतं॑ मा॒ मन्य॑मानो मृ॒त्योः पाशे॑षु बध्यताम् ॥ ३७ ॥

प्र॒-वी॒यमा॑ना । च॒र॒ति॒ । क्रु॒द्धा । गो-प॑तये । व॒शा ॥ वे॒हत॑म् । मा॒ । मन्य॑मानः । मृ॒त्योः । पाशे॑षु । ब॒ध्य॒ता॒म् ॥ ३७ ॥

मान् (वशा) (प्रददुषे) प्रकर्षेण दत्तवते (दुहे) दुग्धे । प्रपूरयति ॥

३६—(यमराज्ये) न्यायकारिणः परमेश्वरस्य राज्यनियमे (अथ) पुनः (आहुः) कथयन्ति विद्वांसः (नरकम्) नृणाति क्लेशं प्रापयतीति नरकः । कृञादिभ्यः संज्ञायां वुन् । उ० ५ । ३५ । नॄ नये—वुन् । सांहितिको दीर्घः । महाक्लेशस्थानम् (लोकम्) गृहम् (निरुन्धानस्य) प्रतिरोधकस्य (याचिताम्) प्रार्थितां ताम् । अन्यत् पूर्ववत्–म० ३५ ॥

भाषार्थ—(प्रवीयमाना) फेंकी जाती हुयी (वशा) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] (गोपतये) पृथिवी पालक [राजा] के लिये (क्रुद्धा) क्रुद्ध होकर (चरति) विचरती है। "(मा) मुझ को (वेहतम्) गर्भघातिनी स्त्री [के समान रोगिणी] (मन्यमानः) मानता हुआ [वह राजा] (मृत्योः) मृत्यु के (पाशेषु) फन्दों में (बध्यताम्) बांधा जावे" ॥ ३७ ॥

भावार्थ—जिस राजा के राज्य में वेदवाणी प्रचार से रोकी जाती है, वह राजा अपने राज्य सहित अधर्म बढ़ने से नष्ट होजाता है ॥ ३७ ॥

यो वे॒हतं॒ मन्य॑मानो॒ऽमा च॒ पच॑ते व॒शाम् ।
अप्य॑स्य पु॒त्रान् पौत्रां॑श्च या॒चय॑ते॒ बृह॒स्पति॑: ॥ ३८ ॥

यः । वे॒ह॒तम् । मन्य॑मानः । अ॒मा । च॒ । पच॑ते । व॒शाम् ।
अपि॑ । अ॒स्य॒ । पु॒त्रान् । पौत्रा॑न् । च॒ । या॒चय॑ते । बृह॒स्पति॑: ॥ ३८

भाषार्थ—(च) और (वशाम्) वशा [कामनायोग्य वेदवाणी] को (वेहतम्) गर्भघातिनी स्त्री [के समान रोगिणी] (मन्यमानः) मानता हुआ (यः) जो पुरुष (अमा) अपने घर में [उसकी निन्दा] (पचते) विख्यात करता है। (बृहस्पतिः) बड़े बड़े लोकों का स्वामी [परमेश्वर] (अस्य) उस पुरुष के (पुत्रान्) पुत्रों (च) और (पौत्रान्) पौत्रों को (अपि) भी

३७—(प्रवीयमाना) वी गत्यसनादिषु—कर्मणि शानच्, असनं क्षेपणम्, प्रक्षिप्यमाणा (चरति) विचरति (क्रुद्धा) कुपिता (गोपतये) भूपालाय। राज्ञे (वशा) कमनीया वेदवाणी (वेहतम्) अ० ३।२३।१। संश्चत्तृपद्वेहत्। उ० २। ८५। वि+हन हिंसागत्योः—अति। पृषोदरादिरूपम्। गर्भघातिनीस्त्रीतुल्यरोगिणीम् (मा) माम् (मन्यमानः) जानन् (मृत्योः) मरणस्य (पाशेषु) बन्धेषु (बध्यताम्) गृह्यताम् ॥

३८—(यः) पुरुषः (वेहतम्) म० ३७। गर्भघातिनीस्त्रीतुल्यरोगिणीम् (मन्यमानः) जानन् सन् (अमा) गृहे (च) (पचते) पच व्यक्तीकरणे। व्यक्तीकरोति (वशाम्) कामनीयां वेदवाणीम् (अपि) एव (अस्य) (पुत्रान्) (पौत्रान्) (च) (याचयते) याचृ याच्ञायाम्, णिच्। भिक्षुन् करोति।

(याचयते) भिखारी बना देता है ॥ ३८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वृथा दोष लगाकर वेदवाणी से अपने सन्तानों को रोकता है, वह उन्हें अविवेकी करके निर्धनी और नीच बनाता है ॥३८॥

म॒हदे॒षाव॑ तपति॒ चर॑न्ती॒ गोषु॒ गौरपि॑ ।

अथो॑ ह॒ गोप॑तये व॒शाद॑दुषे वि॒षं दु॑हे ॥ ३९ ॥

म॒हत् । ए॒षा । अव॑ । त॒प॒ति॒ । चर॑न्ती । गोषु॑ । गौः । अपि॑ ॥

अथो॒ इति॑ । ह॒ । गो-प॑तये । व॒शा । अद॑दुषे । वि॒षम् । दु॒हे ३९

भाषार्थ—(एषा) यह (गौः) प्राप्तियोग्य [वेदवाणी] (गोषु) सब भूमि प्रदेशों में (अपि) ही (चरन्ती) विचारती हुयी (महत्) बहुत (अव) निश्चय करके (तपति) प्रताप [ऐश्वर्य] वाली होती है । (अथो ह) और कि (वशा) वशा [वह कामनायोग्य वेदवाणी] (अददुषे) [उसके] न देनेवाले (गोपतये) भूपति [राजा] के लिये (विषम्) विष [महाकष्ट] (दुहे) पूर्ण करती है ॥ ३९ ॥

भावार्थ—वेदवाणी की प्रवृत्ति होने से संसार में ऐश्वर्य बढ़ता है, और जो दुष्ट राजा उसे रोकता है, वह नष्ट हो जाता है ॥ ३९ ॥

प्रि॒यं प॑शू॒नां भ॑वति॒ यद् ब्र॒ह्मभ्यः॑ प्र॒दीय॑ते ।

अथो॑ व॒शाया॒स्तत् प्रि॒यं यद् दे॑व॒त्रा ह॒विः स्यात् ॥४०॥(२२)

प्रि॒यम् । प॒शू॒नाम् । भ॒व॒ति॒ । यत् । ब्र॒ह्म-भ्यः॑ । प्र॒-दीय॑ते ॥

अथो॒ इति॑ । व॒शायाः॑ । तत् । प्रि॒यम् । यत् । दे॒व॒-त्रा । ह॒विः । स्यात् ॥ ४० ॥ (२२)

भिक्षयते ॥

३९—(महत्) बृहत् (एषा) वर्तमाना (अव) निश्चयेन (तपति) तप ऐश्वर्ये । ईष्टे । प्रतापिनी भवति (चरन्ती) विचरन्ती (गोषु) भूमिप्रदेशेषु (गौः) प्राप्तव्या वेदवाणी (अपि) (अथो ह) पुनश्च (गोपतये) भूपालाय । राज्ञे (वशा) (अददुषे) ददातेः क्वसु । अदत्तवते (विषम्) गरलम् (दुहे) दुग्धे । प्रपूरयति ॥

भाषार्थ—(पशूनाम्) सब प्राणियों का (प्रियम्) प्रिय [हित] (भवति) होता है, (यत्) जब (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारियों को (प्रदीयते) वह दी जाती है। (अथो) और (तत्) यह (वशायाः) वशा [कामना योग्य वेदवाणी] का (प्रियम्) प्रिय [हित] है, (यत्) कि वह [वेदवाणी] (देवत्रा) विद्वानों में (हविः) ग्राह्य वस्तु (स्यात्) होवे ॥ ४० ॥

भावार्थ—ब्रह्मचर्य आदि विधि से वेदविद्या के दान और ग्रहण से सब संसार का हित होता है ॥ ४० ॥

या वशा उदकल्पयन् देवा यज्ञादुदेत्य ।
तासां विलिप्त्यं भीमामुदाकुरुत नारदः ॥ ४१ ॥

याः । वशाः । उत्-अकल्पयन् । देवाः । यज्ञात् । उत्-एत्य ॥
तासाम् । वि-लिप्त्यम् । भीमाम् । उत्-आकुरुत । नारदः ॥ ४१

भावार्थ—(याः) जिन (वशाः) कामना योग्य [शक्तियों] को (देवाः) विजय चाहने वाले [जिज्ञासुओं] ने (यज्ञात्) यज्ञ [परमेश्वर की पूजा, संगतिकरण और दानव्यवहार] से (उदेत्य) ऊंचे होकर (उदकल्पयन्) उत्तम माना है। (तासाम्) उन [शक्तियों] के बीच (विलिप्त्यम्) विशेष वृद्धि वाली और (भीमाम्) भयानक [वेदवाणी] को (नारदः)

४०—(प्रियम्) हितम् (पशूनाम्) प्राणिनाम् (भवति) (यत्) यदा (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारिभ्यः (प्रदीयते) प्रकर्षेण दीयते वेदवाणी (अथो) अपिच (वशायाः) कमनीयाया वेदवाण्याः (तत्)प्रियम् । हितम् (यत्) (देवत्रा) देवमनुष्यपुरुषपुरुमर्त्येभ्यो द्वितीयासप्तम्योर्बहुलम् । पा० ५ । ४ । ५६ । इति त्रा । विद्वत्सु (हविः) ग्राह्यं वस्तु (स्यात्) ॥

४१—(याः) (वशाः) कमनीयाः शक्तयः (उदकल्पयन्) उत्तमाः कल्पितवन्तः (देवाः) विजिगीषवः । जिज्ञासवः (यज्ञात्) ईश्वरपूजासंगतिकरणदानव्यवहारात् (उदेत्य) उदयं प्राप्य (तासाम्) वशानां मध्ये (विलिप्त्यम्) वि + लिप उपदेहे-क्तिन्, उपदेहो वृद्धिः । नित्यं छन्दसि । पा० ४ । १ । ४६ । इति ङीष् । अमि यणादेशश्छान्दसः । विशेषा वृद्धिर्यस्यास्ताम् (भीमाम्)

नीति देने वाले [आचार्य] ने (उदाकुरुत) स्वीकार किया है ॥ ४१ ॥

भावार्थ—सदा से विद्वानों ने अनेक शक्तियों की कल्पना करके यही निश्चय किया है कि संसार में शिष्टों की वृद्धि करने वाली और दुष्टों की ताड़ने वाली इस वेदवाणी के तुल्य अन्य कोई शक्ति नहीं है ॥ ४१ ॥

तां दे॒वा अ॑मीमांसन्त व॒शेया३मव॒शेति॑ ।

तामब्रवीन्नार॒द ए॒षा व॒शानां॑ व॒शत॒मेति॑ ॥ ४२ ॥

ताम् । दे॒वाः । अ॒मी॒मां॒स॒न्त॒ । व॒शा । इ॒या३म् । अव॑शा३ । इति॑ ॥ ताम् । अ॒ब्र॒वी॒त् । ना॒र॒दः । ए॒षा । व॒शाना॑म् । व॒श-त॑मा । इति॑ ॥ ४२ ॥

भाषार्थ—(देवाः) विजय चाहने वाले [जिज्ञासुओं] ने (ताम्) उस [वेदवाणी] को (अमीमांसन्त) विचारा—"(इयम्) यह [वेदवाणी] (वशा) कामना योग्य है, [अथवा] (अवशा इति) कामना योग्य नहीं है"। (ताम्) उसके विषय में (नारदः) नीति बताने वाले [आचार्य] ने (अब्रवीत्) कहा—"(एषा) यह [वेदवाणी] (वशानाम्) सब कामना योग्य [शक्तियों] में (वशतमा इति) अत्यन्त कामना योग्य है" ॥ ४२ ॥

भावार्थ—प्रथम से जिज्ञासु ब्रह्मचारियों ने परस्पर प्रश्नोत्तर और परीक्षा करके निश्चय किया है कि यह वेदवाणी ही संसार भर में ऐसी है कि जिसके अभ्यास से मनुष्य सब इष्ट पदार्थ पा लेता है ॥ ४२ ॥

कति॒ नु व॒शा ना॑रद॒ यास्त्वं वे॑त्थ मनुष्य॒जाः ।

तास्त्वां॑ पृच्छामि वि॒द्वांसं॒ कस्या॒ नाश्नी॑या॒दब्रा॑ह्मणः ॥ ४३ ॥

भयङ्करम् (उदाकुरुत) स्वीकृतवान् (नारदः) म० १६ । नीतिप्रदो विद्वान् ॥

४२—(ताम्) वेदवाणीम् (देवाः) विजिगीषवः (अमीमांसन्त) मान जिज्ञासायाम्—स्वार्थे सन्—लङ् । विचारितवन्तः (वशा) कमनीया (इयम्) वेदवाणी (अवशा) अकमनीया (इति) (ताम्) वेदवाणीम् (अब्रवीत्) कथितवान् (नारदः) म० १६ । नीतिप्रदः (एषा) वेदवाणी (वशानाम्) कमनीयानां शक्तीनां मध्ये (वशतमा) अतिशयेन कमनीया (इति) ॥

कर्ति । नु । वशाः । नारद । याः । त्वम् । वेत्थ । मनुष्य-जाः ॥
ताः । त्वा । पृच्छामि । विद्वांसम् । कस्याः । न । अश्नीयात् ।
अब्राह्मणः ॥ ४३ ॥

भाषार्थ—"(नारद) हे नीति बताने वाले [आचार्य] ! (कति नु) कितनी ही (वशाः) कामना योग्य [शक्तियां] हैं, (याः) जिनको (मनुष्यजाः) मनन शीलों में उत्पन्न हुआ (त्वम्) तू (वेत्थ) जानता है, (ताः) उन को (विद्वांसम्) जानने वाले (त्वा) तुझसे (पृच्छामि) मैं पूछता हूं, (अब्राह्मणः) अब्रह्मचारी [ब्रह्मचर्य न रखता हुआ पुरुष] (कस्याः) कौनसी [शक्ति] का (न) नहीं (अश्नीयात्) भोग [अनुभव] कर सकता" ॥ ४३ ॥

भावार्थ—जिज्ञासु बहुश्रुत विद्वान् से निश्चय करे कि जितनी शक्तियां आप जानते हैं, उनमें वह कौनसी है जिससे मनुष्य बिना ब्रह्मचर्य धारण किये सुख पा लेवे । इस प्रश्न का उत्तर आगे है ॥ ४३ ॥

विलिप्त्या बृहस्पते या च सूतवंशा वशा ।
तस्या नाश्नीयादब्राह्मणो य आशंसेत भूत्याम् ॥ ४४ ॥

वि-लिप्त्याः । बृहस्पते । या । च । सूत-वंशा । वशा ॥ तस्याः ।
न । अश्नीयात् । अब्राह्मणः । यः । आ-शंसेत । भूत्याम् ॥४४॥

भाषार्थ—"(बृहस्पते) हे बड़ी वेदवाणियों के रक्षक [जिज्ञासु] ! (या) जो (च) निश्चय करके (सूतवशा) उत्पन्न जगत् को वश में करने वाली (वशा) कामना योग्य [वेदवाणी] है, (तस्याः) उस (विलिप्त्याः)

४३—(कति) किंपरिमाणाः (नु) प्रश्ने (वशाः) कमनीयाः शक्तयः (नारद) म० १६ । हे नीतिप्रद (याः) (त्वम्) (वेत्थ) जानासि (मनुष्यजाः) मनुष्य+जनी प्रादुर्भावे—विट् । मनुष्येषु मननशीलेषूत्पन्नः (ताः) (त्वा) (पृच्छामि) अहं जिज्ञासे (विद्वांसम्) जानन्तम् (कस्याः) (न) निषेधे (अश्नीयात्) भुञ्जीत । अनुभवेत् (अब्राह्मणः) अब्रह्मचारी ॥

४४—(विलिप्त्याः) म० ४१ । विशेषवृद्धियुक्तायाः (बृहस्पते) हे बृहतीनां वेदवाणीनां रक्षक (या) (च) निश्चयेन (सूतवशा) सूतस्योत्पन्नस्य

विशेष वृद्धि वाली का (न अश्नीयात्) वह भोग [अनुभव] नहीं कर सकता, (यः) जो (अब्राह्मणः) अब्रह्मचारी [ब्रह्मचर्य न रखने वाला पुरुष] (भूत्याम्) ऐश्वर्य में (आशंसेत) इच्छा करे" ॥ ४४ ॥

भावार्थ—जिस वेदवाणी के वश में सब संसार है, उसको वही मनुष्य पाकर प्रभुता कर सकता है, जो पूरा ब्रह्मचारी हो, अन्यथा नहीं। यह गत मन्त्र का उत्तर है ॥ ४४ ॥

नम॑स्ते अस्तु नारदानु॒ष्ठु वि॒दुषे॑ व॒शा ।
क॒त॒मासां॑ भी॒मत॑मा॒ यामद॑त्त्वा परा॒भवे॑त् ॥ ४५ ॥

नमः॑ । ते॒ । अ॒स्तु॒ । ना॒र॒द॒ । अ॒नु॒ष्ठु॒ । वि॒दुषे॑ । व॒शा ॥ क॒त॒मा । आ॒सा॒म् । भी॒म-त॑मा । याम् । अद॑त्त्वा । प॒रा॒-भवे॑त् ॥ ४५ ॥

भाषार्थ—"(नारद) हे नीति बताने वाले [ऋषि] ! (अनुष्ठु) अनुष्ठान [कर्मारम्भ] (विदुषे) जानते हुये (ते) तुझ को (नमः) नमस्कार (अस्तु) होवे । (आसाम्) इन [संसार की शक्तियों] में से (कतमा) कौनसी (वशा) कामना योग्य शक्ति (भीमतमा) अत्यन्त भयानक है, (याम्) जिस को (अदत्त्वा) न देकर (पराभवेत्) [मनुष्य] हार पावे" ॥ ४५ ॥

भावार्थ—जिज्ञासु विद्वान् से प्रश्न करे कि संसार के बीच शक्तियों में से वह कौन सी शक्ति है जिसकी प्रवृत्ति रोकने से मनुष्य गिरकर कष्ट पाता है ॥ ४५ ॥

वि॒लि॒प्ती या बृ॑हस्पते॒ऽथो॑ सू॒तव॑शा व॒शा ।
तस्या॒ नाश्नी॑याद॒ब्राह्म॑णो॒ य आ॒शंसे॑त॒ भूत्या॑म् ॥ ४६ ॥

जगतो वशयित्री (वशा) कमनीया वेदवाणी (तस्याः) (न) निषेधे (अश्नीयात्) भुञ्जीत । अनुभवेत् (यः) (आशंसेत) इच्छेत् (भूत्याम्) ऐश्वर्ये ॥

४५—(नमः) सत्कारः (ते) तुभ्यम् (अस्तु) (नारद) म० १६ । हे नीतिप्रद (अनुष्ठु) अपदुःसुषु स्थः । उ० १ । २५ । अनु + ष्ठा गतिनिवृत्तौ—कु । अनुष्ठानम् । कर्मारम्भम् (विदुषे) जानते (वशा) कमनीया शक्तिः (कतमा) बह्वीषु का (आसाम्) वशानाम् (भीमतमा) अतिशयेन भयङ्करा (याम्) (अदत्त्वा) (पराभवेत्) पराजयं प्राप्नुयात् पुरुषः ॥

वि-लिप्ती । या । बृहस्पते । अथो इति । सूत-वंशा । वशा ॥ तस्याः । न । अश्नीयात् । अब्राह्मणः । यः । आ-शंसेत । भूत्याम् ४६

भाषार्थ—"(बृहस्पते) हे बड़ी वेदवाणियों के रक्षक ! (या) जो (विलिप्ती) विशेष वृद्धि वाली (अथो) और भी (सूतवशा) उत्पन्न जगत् को वश में करने वाली (वशा) कामना योग्य [वेदवाणी] है । (तस्याः) उस [वेदवाणी] का (न अश्नीयात्) वह भोग [अनुभव] नहीं कर सकता, (यः) जो (अब्राह्मणः) अब्रह्मचारी [ब्रह्मचर्य न रखने वाला पुरुष] (भूत्याम्) ऐश्वर्य में (आशंसेत) इच्छा करे ॥ ४६ ॥

भावार्थ—संसार का हित करने वाली वेदवाणी को मनुष्य विना ब्रह्मचर्य कभी नहीं पा सकता और न ऐश्वर्यवान् हो सकता है । यह गत मन्त्र का उत्तर है ॥ ४६ ॥

इस मन्त्र का मिलान ऊपर मन्त्र ४४ से करो ॥

त्रीणि वै वशाजातानि विलिप्ती सूतवशा वशा ।
ताः प्र यच्छेद् ब्रह्मभ्यः सोऽनाव्रस्कः प्रजापतौ ॥ ४७ ॥

त्रीणि । वै । वशा-जातानि । वि-लिप्ती । सूत-वशा । वशा ॥ ताः । प्र । यच्छेत् । ब्रह्म-भ्यः । सः । अनाव्रस्कः । प्रजा-पतौ ॥ ४७ ॥

भाषार्थ—(त्रीणि) तीन [कर्म, उपासना, ज्ञान] (वै) ही (वशाजातानि) कामना योग्य [वेदवाणी] के प्रसिद्ध कर्म हैं, (विलिप्ती) वह विशेष वृद्धि वाली (सूतवशा) उत्पन्न जगत् को वश में करने वाली (वशा)

४६—(विलिप्ती) म० ४१ विशेषवृद्धियुक्ता (अथो) अपि च । अन्यत् पूर्ववत्—म० ४४ ॥

४७—(त्रीणि) कर्मोपासनाज्ञानानि (वै) एव (वशाजातानि) वशायाः कमनीयाया वेदवाण्याः प्रसिद्धकर्माणि (विलिप्ती) म० ४१ । विशेषवृद्धियुक्ता (सूतवशा) म० ४४ । उत्पन्नस्य जगतो वशयित्री (वशा) कमनीया वेदवाणी (ताः) एकवचनस्य बहुवचनम् । ताम् (प्र) (यच्छेत्) दद्यात् (ब्रह्मभ्यः)

कामना योग्य [वेदवाणी] है। (सः) वह [विद्वान्] (प्रजापतौ) प्रजा-पालक [परमेश्वर] में (अनाव्रस्कः) अच्छेद्य [अति दृढ़] होकर (ताः=ताम्) उसे (ब्रह्मभ्यः) ब्रह्मचारियों को (प्र यच्छेत्) दान करे ॥ ४७ ॥

भावार्थ—मनुष्य सर्वनियन्त्री वेदवाणी द्वारा कर्म, उपासना, ज्ञान प्राप्त करके आस्तिक बुद्धि से ब्रह्मचारियों को विद्या दान करे ॥ ४७ ॥

एतद् वो ब्राह्मणा ह॒विरिति॑ मन्वीत याचि॒तः ।
व॒शां चेदे॑नं॒ याचे॑यु॒र्या भी॒माद॑दुषो गृ॒हे ॥ ४८ ॥

ए॒तत् । व॒ः। ब्रा॒ह्म॒णाः। ह॒विः । इति॑ । म॒न्वी॒त॒ । या॒चि॒तः॥ व॒शाम् । च॒ । इत् । ए॒नम् । याचे॑युः । या । भी॒मा । अद॑-दुषः । गृ॒हे ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—"(ब्राह्मणाः) हे ब्रह्मचारियो ! (एतत्) यह (वः) तुम्हारा (हविः) ग्राह्य द्रव्य है"—(इति) ऐसा (याचितः) जिससे [वेदवाणी] मांगी जावे वह [विद्वान्] (मन्वीत) माने । (वशाम्) कामना योग्य [वेदवाणी] को (च इत्) ही (एनाम्) इस [विद्वान्] से (याचेयुः) वे [ब्रह्मचारी] मांगे, (या) जो [वेदवाणी] (अददुषः) दान न करने वाले के (गृहे) घर में (भीमा) डरावनी है ॥ ४८ ॥

भावार्थ—विद्वान् को चाहिये कि ब्रह्मचारियों को वेदवाणी का दान करके संसार का उपकार करे। विद्या की रोक से अविद्या के कारण विपत्तियां फैलती हैं ॥ ४८ ॥

ब्रह्मचारिभ्यः (अनावृस्कः) नञ्+आङ्+ओव्रश्चू छेदने-घञ् । चजोः कु घिण्-ण्यतोः । पा० ७ । ३ । ५२ । इति कुत्वम् । अच्छेद्यः । सुदृढः (प्रजापतौ) जीवानां पालके परमेश्वरे ॥

४८—(एतत्) (वः) युष्माकम् (ब्राह्मणाः) हे ब्रह्मचारिणः (हविः) ग्राह्यं वस्तु (इति) एवम् (मन्वीत) जानीयात् (याचितः) प्रार्थितः पुरुषः (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (च इत्) एव (एनम्) पुरुषम् (याचेयुः) भिक्षेरन् (या) वेदवाणी (भीमा) भयङ्करा (अददुषः) अदत्तवतः पुरुषस्य (गृहे) गेहे ॥

दे॒वा व॒शां पर्य॑वद॒न् न नो॑ऽदा॒दिति॒ ही॑डि॒ताः ।
ए॒ताभि॑र्ऋ॒ग्भिर्भे॒दं तस्मा॒द् वै स परा॑भवत् ॥ ४८ ॥

दे॒वाः । व॒शाम् । परि॑ । अ॒व॒द॒न् । न । नः॒ । अ॒दा॒त् । इति॑ । ही॒डि॒ताः ॥ ए॒ताभिः॑ । ऋ॒क्-भिः॑ । भे॒दम् । तस्मा॑त् । वै । सः । परा॑ । अ॒भ॒व॒त् ॥ ४८ ॥

भाषार्थ—(हीडिताः) क्रोधित (देवाः) विद्वान् लोग (एताभिः) इन (ऋग्भिः) स्तुति योग्य वेदवाणियों द्वारा (भेदम्) फूट डालने वाले से (परि) घिर कर (अवदन्) बोले—"(वशाम्) कामना योग्य [वेदवाणी] (नः) हमको (न अदात्) उसने नहीं दी है, (इति) सो (तस्मात् वै) इसले ही (सः) वह (परा अभवत्) हारा है" ॥ ४९ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग निश्चय कर देते हैं कि वेदवाणी का रोकने वाला पुरुष अज्ञान बढ़ने से क्लेश में पड़ता है ॥ ४९ ॥

उ॒तैनां॑ भे॒दो नाद॑दाद् व॒शामिन्द्रे॑ण याचि॒तः ।
तस्मा॒त् तं दे॒वा आग॒सोऽवृ॑श्चन्नहमुत्त॒रे ॥ ५० ॥

उ॒त । ए॒नाम् । भे॒दः । न । अ॒द॒दा॒त् । व॒शाम् । इन्द्रे॑ण । या॒चि॒तः ॥ तस्मा॑त् । तम् । दे॒वाः । आग॑सः । अवृ॑श्चन् । अ॒हम्-उ॒त्त॒रे ॥ ५० ॥

भाषार्थ—(उत) और (इन्द्रेण) ऐश्वर्यवान् [ब्रह्मचारी] से (याचितः) याचना किये हुये (भेदः) फूट डालने वाले ने (एनाम्) इस (वशाम्)

४९—(देवाः) विद्वांसः (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (परि) परीत्य (अवदन्) अब्रुवन् (न) निषेधे (नः) अस्मभ्यम् (अदात्) दत्तवान् (इति) एवम् (हीडिताः) म० २८। क्रुद्धाः (एताभिः) (ऋग्भिः) स्तुत्याभिर्वेदवाणीभिः (भेदम्) भिदिर् विदारणे—अच्। भेदकम्। कुटिलम् (तस्मात्) कारणात् (वै) (एव) (सः) भेदकः (पराभवत्) पराजितो ऽभवत् ॥

५०—(उत) अपि च (एनम्) (भेदः) म० ४९। भेदकः। कुटिलः (न) निषेधे (अददात्) दत्तवान् (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (इन्द्रेण) परमै-

[कामना योग्य वेदवाणी] को (न अददात्) नहीं दिया। (देवाः) विद्वानों ने (तस्मात् आगसः) उस पाप से (अहमुत्तरे) संग्राम में [जहां अपनी अपनी बड़ाई के लिये झगड़ते हैं] (तम्) उस [वेद शत्रु] को (अवृश्चन्) छिन्न भिन्न किया है ॥ ५० ॥

भावार्थ--जो मनुष्य वेदविद्या के दान को रोकता है, विद्वान् लोग उस जगत् के हानिकारक को नष्ट कर देते हैं ॥ ५० ॥

ये वशाया अदानाय वदन्ति परिरापिणः।
इन्द्रस्य मन्यवे जाल्मा आ वृश्चन्ते अचित्त्या ॥ ५१ ॥

ये। वशायाः। अदानाय। वदन्ति। परि-रापिणः ॥
इन्द्रस्य। मन्यवे। जाल्माः। आ। वृश्चन्ते। अचित्त्या ५१

भाषार्थ—(ये) जो (परिरापिणः) बतबने लोग (वशायाः) कामना योग्य [वेदवाणी] के (अदानाय) न दान करने के लिये (वदन्ति) कहते हैं। (जाल्माः) वे क्रूर (अचित्त्या) अज्ञान से (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् पुरुष के (मन्यवे) क्रोध के कारण (आ) सब ओर से (वृश्चन्ते) छिन्न भिन्न होते हैं ५१

भावार्थ—जो लोग वेदवाणी के प्रकाश रोकने के लिये दूसरों को बहकाते हैं, उन दुष्टों को प्रतापी मनुष्य नष्ट कर देवे ॥ ५१ ॥

ये गोपतिं पराणीयाथाहुर्मा ददा इति।
रुद्रस्यास्तां ते हेतिं परि यन्त्यचित्त्या ॥ ५२ ॥

श्वर्यवता ब्रह्मचारिणा (याचितः) प्रार्थितः (तम्) (देवाः) विद्वांसः (आगसः) पापात् (अवृश्चन्) छिन्नभिन्नं कृतवन्तः (अहमुत्तरे) अ० ४। २२। १। अहम्+ उत्तरे। अहमुत्तरो भवामि अहमुत्तरो भवामीति कथनं यत्र। परस्परोत्कर्षाय योधानां धावनकर्मणि। महासंग्रामे ॥

५१—(ये) (वशायाः) कमनीयाया वेदवाण्याः (वदन्ति) (परिरापिणः) रप व्यक्तायां वाचि—णिनि। परिलपनशीलाः (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवतः पुरुषस्य (मन्यवे) क्रोधाय (जाल्माः) जल अपवारणे-णिच्-मप्रत्ययः। पामराः। क्रूराः (आ) समन्तात् (वृश्चन्ते) छिद्यन्ते (अचित्त्या) अज्ञानेन ॥

ये । गो-पतिम् । पुरा-नीय । अथ । आहुः । मा । ददाः । इति ॥ रुद्रस्य । अस्ताम् । ते । हेतिम् । परि । यन्ति । अचित्त्या ॥ ५२ ॥

भाषार्थ—(अथ) और (ये) जो (गोपतिम्) भूपति [राजा] को (पराणीय) बहका कर (आहुः) कहते हैं—"(मा ददाः इति) मत दे ।" (ते) वे लोग (अचित्त्या) अज्ञान से (रुद्रस्य) दुःख नाशक शूर पुरुष के (अस्ताम्) चलाये हुये (हेतिम्) वज्र को (परि) सब ओर से (यन्ति) पाते हैं ॥ ५२ ॥

भावार्थ—जो दुष्ट दुर्बलेन्द्रिय राजा को कुमार्ग में डाल कर वेदवाणी के प्रचार में रुकावट डाले, उसको शूरवीर पुरुष यथावत् दण्ड देवे ॥ ५२ ॥

यदि हुतां यद्यहुताममा च पचते वशाम् ।
देवान्त्सब्राह्मणानृत्वा जिह्मो लोकान्निर्ऋच्छति ॥ ५३ ॥ (२३)

यदि । हुताम् । यदि । अहुताम् । अमा । च । पचते । वशाम् ॥ देवान् । स-ब्राह्मणान् । ऋत्वा । जिह्मः । लोकात् । निः । ऋच्छति ॥ ५३ ॥ (२३)

भाषार्थ—(यदि) यदि (हुताम्) दान की हुयी [आचार्य से सीखी हुयी], (यदि) यदि (अहुताम्) न दान की हुयी [बल से ली हुयी] (वशाम्) कामना योग्य [वेदवाणी] को (अमा) अपने घर में (च) ही (पचते) मनुष्य

५२—(ये) दुष्टाः (गोपतिम्) भूपालम् । राजानम् (पराणीय) कुमार्गं नीत्वा (अथ) पुनः (आहुः) कथयन्ति (मा ददाः) मा देहि (इति) (रुद्रस्य) दुःखनाशकस्य (अस्ताम्) क्षिप्ताम् (ते) दुष्टाः (हेतिम्) वज्रम् (परि) सर्वतः (यन्ति) प्राप्नुवन्ति (अचित्त्या) अज्ञानेन ॥

५३—(यदि) सम्भावनायाम् (हुताम्) दत्ताम् । आचार्येण दत्ताम् (यदि) (अहुताम्) अदत्ताम् । बलात्कारेण गृहीताम् (अमा) गृहे (च) (पचते) व्यक्तीकरोति (वशाम्) कमनीयां वेदवाणीम् (देवान्) विदुषः (स-

विख्यात करता है। (सब्राह्मणान्) ब्रह्मचारियों सहित (देवान्) विद्वानों को (ऋत्वा) दुखाकर (जिह्मः) वह कुटिल (लोकात्) समाज से (निःऋच्छति) निकल जाता है ॥ ५३ ॥

भावार्थ—जो पुरुष वेदविद्या को प्राप्त करके या छल कपट से लेकर उसके प्रचार से विद्वानों को रोके, उस दुःखदायी को विद्वान् लोग पद से गिरा देवें ॥ ५३ ॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥

अथ पञ्चमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ५ ॥

१—७३ ॥ सप्त पर्यायाः ॥ ब्रह्मगवी देवता ॥

वेदवाणी निरोधनदोषोपदेशः—वेदवाणी रोकने के दोषों का उपदेश ॥

पर्यायः १ ॥

१—६ ॥ १, ६ प्राजापत्यानुष्टुप्; २ भुरिक् साम्न्यनुष्टुप्; ३ स्वराडुष्णिक्; ४ आसुर्यनुष्टुप्; ५ साम्नी पङ्क्तिः ॥

श्रमे॑ण॒ तप॑सा सृ॒ष्टा ब्रह्म॑णा वि॒त्तर्ते॑ श्रि॒ता ॥ १ ॥

श्रमे॑ण । तप॑सा । सृ॒ष्टा । ब्रह्म॑णा । वि॒त्ता । ऋ॒ते । श्रि॒ता ॥ १ ॥

स॒त्येनावृ॑ता श्रि॒या प्रावृ॑ता॒ यश॑सा॒ परी॑वृता ॥ २ ॥

स॒त्येन॑ । आ-वृ॑ता । श्रि॒या । प्रावृ॑ता । यश॑सा । परि॑-वृता २

स्व॒धया॒ परि॑हिता श्र॒द्धया॒ पर्यू॑ढा दी॒क्षया॑ गु॒प्ता य॒ज्ञे प्रति॑-ष्ठिता लो॒को नि॒धन॑म् ॥ ३ ॥

ब्राह्मणान्) ब्रह्मचारिभिः सहितान् (ऋत्वा) हिंसित्वा (जिह्मः) जहातेः सन्वदाकारलोपश्च । उ० १ । १४१ । ओहाक् त्यागे—मन् । कुटिलः । मन्दः (लोकात्) दर्शनीयात् समाजात् (निर्ऋच्छति) बहिर्गच्छति ॥

स्वधया । परि-हिता । श्रद्धया । परि-ऊढा । दीक्षया । गुप्ता । यज्ञे । प्रति-स्थिता । लोकः । नि-धनम् ॥ ३ ॥

ब्रह्म पदवायं ब्राह्मणोऽधिपतिः ॥ ४ ॥

ब्रह्म । पद-वायम् । ब्राह्मणः । अधि-पतिः ॥ ४ ॥

तामाददानस्य ब्रह्मगवीं जिनतो ब्राह्मणं क्षत्रियस्य ॥ ५ ॥

ताम् । आ-ददानस्य । ब्रह्म-गवीम् । जिनतः । ब्राह्मणम् । क्षत्रियस्य ॥ ५ ॥

अप क्रामति सूनृता वीर्यं१ पुण्या लक्ष्मीः ॥ ६ ॥ (२४)

अप । क्रामति । सूनृता । वीर्यम् । पुण्या । लक्ष्मीः ॥६॥ (२४)

भाषार्थ—[जो वेदवाणी] (श्रमेण) प्रयत्न के साथ और (तपसा) तप [ब्रह्मचर्य आदि धर्मानुष्ठान] के साथ (सृष्टा) उत्पन्न की गयी, (ब्रह्मणा) ब्रह्मचारी करके (वित्ता) पायी गयी, (ऋते) सत्यज्ञान में (श्रिता) ठहरी हुयी है ॥ १ ॥

भाषार्थ—[जो वेदवाणी] (सत्येन) सत्य [यथार्थ नियम] से (आवृता) सब प्रकार स्वीकार की गयी, (श्रिया) श्री [चक्रवर्ती राज्य आदि लक्ष्मी] से (प्रावृता) भले प्रकार अङ्गीकार की गयी और (यशसा) यश [कीर्ति] के साथ (परीवृता) सब ओर से मान की गयी है ॥ २ ॥

भाषार्थ—[जो वेदवाणी] (स्वधया) अपनी धारण शक्ति से

१—(श्रमेण) प्रयत्नेन । पुरुषार्थेन (तपसा) ब्रह्मचर्यादिधर्मानुष्ठानेन (सृष्टा) उत्पादिता (ब्रह्मणा) ब्राह्मणेन । ब्रह्मचारिणा (वित्ता) लब्धा (ऋते) सत्यज्ञाने (श्रिता) स्थिता ॥

२—(सत्येन) यथार्थनियमेन (आवृता) समन्तात् स्वीकृता (श्रिया) चक्रवर्तिराज्यादिलक्ष्म्या (प्रावृता) प्रकर्षेणाङ्गीकृता (यशसा) कीर्त्या (परीवृता) सर्वतो गृहीता ॥

३—(स्वधया) स्व + दधातेः—अङ्, टाप् । स्वधारणशक्त्या (परिहिता)

(परिहिता) सब ओर धारण की गयी, (श्रद्धया) श्रद्धा [ईश्वर विश्वास] से (पर्यूढा) अति दृढ़ की गयी, (दीक्षया) दीक्षा [नियम, व्रत, संस्कार] से (गुप्ता) रक्षा की गयी, (यज्ञे) यज्ञ [विद्वानों के सत्कार, शिल्प विद्या और शुभ गुणों के दान] में (प्रतिष्ठिता) प्रतिष्ठा [सन्मान] की गयी है, और [जिस वेदवाणी का] (लोकः) यह संसार (निधनम्) स्थिति स्थान है ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(ब्रह्म) वेद [ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद] [जिस वेदवाणी का] (पदवायम्) प्राप्तियोग्य ज्ञान और (ब्राह्मणः) ब्रह्म [ब्रह्माण्ड का जानने वाला] परमेश्वर [जिसका] (अधिपतिः) अधिपति [परम स्वामी] है ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(ताम्) उस (ब्रह्मगवीम्) वेदवाणी को (आददानस्य) छीनने वाले, (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [ब्रह्मचारी] को (जिनतः) सताने वाले (क्षत्रियस्य) क्षत्रिय की ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(सूनृता) प्रिय सत्य वाणी [वा सुकीर्ति] (अप क्रामति)

सर्वतो धृता (श्रद्धया) ईश्वरविश्वासेन (पर्यूढा) वह प्रापणे—क्त । सर्वतो दृढीकृता (दीक्षया) नियमेन । व्रतेन । संस्कारेण (गुप्ता) रक्षिता (यज्ञे) विदुषां सत्कारे शिल्पविद्यायां शुभगुणदाने च (प्रतिष्ठिता) प्राप्तसन्माना (लोकः) संसारः (निधनम्) नितरां धीयते यत्र । स्थितिस्थानम् ॥

४—(ब्रह्म) ऋग्यजुःसामाथर्वाख्यो वेदः (पदवायम्) पद गतौ स्थैर्ये च—अच् + वा गतिगन्धनयोः—घञ् युक् च । प्राप्तव्यं ज्ञानम् (ब्राह्मणः) ब्रह्म-अण् । ब्रह्म ब्रह्माण्डं सर्वं जगत् वेत्ति यः । सर्वसंसारज्ञः परमेश्वरः (अधिपतिः) अधिराजः ॥

५—(ताम्) तथाभूताम् (आददानस्य) अपहारकस्य (ब्रह्मगवीम्) गोरतद्धितलुकि । पा० ५ । ४ । ९२ । ब्रह्म+गो—टच्, टित्वाद् ङीप् । ब्रह्मणः परमेश्वरस्य गां वाचम् । वेदवाणीम् (जिनतः) ज्या वयोहानौ-शतृ, अन्तर्गतणिजर्थः । अभिभवतः (ब्राह्मणम्) ब्रह्मचारिणम् (क्षत्रियस्य) राजन्यस्य ॥

६—(अपक्रामति) अपगच्छति । विनश्यति (सूनृता) अ० ३ । १२ । २ ।

चली जाती है, (वीर्यम्) वीरता और (पुण्या) मङ्गलमयी (लक्ष्मीः) लक्ष्मी [चक्रवर्त्ति राज्य आदि सामग्री] [भी चली जाती है] ॥ ६ ॥

भावार्थ—जिस वेदवाणी की प्रवृत्ति से संसार में सब प्राणी आनन्द पाते हैं, उस वेदवाणी को जो कोई अन्यायी राजा प्रचार से रोकता है, उसके राज्य में मूर्खता फैलती है और वह धर्म हीन राजा संसार में निर्बल और निर्धन हो जाता है ॥ १—६ ॥

टिप्पणी १—मन्त्र १, २, ३ महर्षि दयानन्द कृत, ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका वेदोक्त धर्मविषय पृष्ठ १०१—२ में तथा संस्कारविधि गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं ॥

टिप्पणी २—इस सूक्त का सम्बन्ध गत सूक्त ४ से यह है कि सूक्त ४ में वेदवाणी के प्रचार करने से लाभ का वर्णन है और इस सूक्त५ में वेदवाणी के प्रचार रोकने से हानि का व्याख्यान है ॥

पर्यायः २ ॥

७--११ ॥ ७ साम्नी त्रिष्टुप्; ८ भुरिगार्च्यनुष्टुप्; ९ आर्च्यनुष्टुप्; १० आर्च्युष्णिक्; ११ निचृदार्ची पङ्क्तिः ॥

ओज॑श्च॒ तेज॑श्च॒ सह॑श्च॒ बलं॑ च॒ वाक् चे॑न्द्रि॒यं च॒ श्रीश्च॒ धर्म॑श्च ॥ ७ ॥

ओजः॑। च॒। तेजः॑। च॒। सहः॑। च॒। बल॑म्। च॒। वाक्। च॒। इ॒न्द्रि॒यम्। च॒। श्रीः। च॒। धर्मः॑। च॒ ॥ ७ ॥

ब्रह्म॑ च क्ष॒त्रं च॑ रा॒ष्ट्रं च॒ विश॑श्च॒ त्विषि॑श्च॒ यश॑श्च॒ वर्च॑श्च॒ द्रवि॑णं च ॥ ८ ॥

ब्रह्म॑। च॒। क्ष॒त्रम्। च॒। रा॒ष्ट्रम्। च॒। विशः॑। च॒। त्विषिः॑। च॒। यशः॑। च॒। वर्चः॑। च॒। द्रवि॑णम्। च॒ ॥ ८ ॥

सु+नृत नर्तने—क, यद्वा, सु यथाविधि नॄन् नरान् तनोतीति या। सु+नृ+तनु विस्तारे—ड, टाप् सोर्दीर्घः। सत्यप्रियवाक्। सुकीर्त्तिः (वीर्यम्) वीरत्वम् (पुण्या) मङ्गलमयी (लक्ष्मीः) चक्रवर्तिराज्यादिसम्पत्तिः ॥

आयु॑श्च रूपं च नाम॑ च कीर्तिश्च॑ प्राणश्चा॑पानश्च चक्षु॑श्च श्रोत्रं॑ च ॥ ९ ॥

आयुः॑ । च । रूपम् । च । नाम॑ । च । कीर्तिः॑ । च । प्राणः । च । अपानः । च । चक्षुः॑ । च । श्रोत्र॑म् । च ॥ ९ ॥

पय॑श्च रस॑श्चान्नं॑ चान्नाद्यं॑ चर्तं॑ च सत्यं॑ चेष्टं॑ च पूर्तं च॑ प्रजा च पशव॑श्च ॥ १० ॥

पयः॑ । च । रसः॑ । च । अन्नं॑म् । च । अन्न-अद्यं॑म् । च । ऋतम् । च । सत्यम् । च । इष्टम् । च । पूर्तम् । च । प्र-जा । च । पशवः॑ । च ॥ १० ॥

तानि सर्वाण्यप॑ क्रामन्ति ब्रह्मगवीमाददानस्य जिनतो ब्राह्मणं क्षत्रियस्य ॥ ११ ॥ (२५)

तानि॑ । सर्वाणि । अप॑ । क्रामन्ति । ब्रह्म-गवीम् । आ-ददा-नस्य । जिनतः । ब्राह्मणम् । क्षत्रियस्य ॥ ११ ॥ (२५)

भाषार्थ—(च) और (ओजः) पराक्रम, (च) और (तेजः) तेज [प्रगल्भता, निर्भयता], (च) और (सहः) सहन सामर्थ्य, (च) और (बलम्) बल [शरीर की दृढ़ता] (च) और (वाक्) विद्या, (च) और (इन्द्रियम्) इन्द्रिय [मन सहित पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय], (च) और (श्रीः) श्री [लक्ष्मी, सम्पत्ति, अर्थात् चक्रवर्ति राज्य की सामग्री], (च) और (धर्मः) धर्म [वेदोक्त पक्षपात रहित न्याय का आचरण] ॥ ७ ॥

७—(ओजः) पराक्रमः (च) समुच्चये (तेजः) प्रतापः । प्रगल्भता । निर्भयता (च) (सहः) सुखदुःखादिसहनम् (च) (बलम्) सामर्थ्यम् शरीरस्य दृढत्वम् (च) (वाक्) विद्या (च) (इन्द्रियम्) मनःसहितानि पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि पञ्च कर्मेन्द्रियाणि च (च) (श्रीः) लक्ष्मीः । सम्पत्तिः । चक्रवर्तिराज्यसामग्री (च) (धर्मः) वेदोक्तं पक्षपातरहितं न्यायाचरणम् (च) ॥

भाषार्थ—(च) और (ब्रह्म) ब्राह्मण [सब में उत्तम विद्वान् और सद्गुण प्रचारक जन], (च) (क्षत्रम्) क्षत्रिय [विद्वान् चतुर शूरवीर पुरुष] (च) (राष्ट्रम्) राज्य [न्याय से प्रजापालन], (च) और (विशः) प्रजा-जन, (च) और (त्विषिः) कान्ति [शरीर की आरोग्यता और आत्मबल], (च) और (यशः) यश [शूरता आदि की प्रख्याति], (च) और (वर्चः) ब्रह्मवर्चस [वेद का विचार और प्रचार], (च) और (द्रविणम्) धन [सम्पत्ति की रक्षा और वृद्धि] ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(च) और (आयुः) जीवन [ब्रह्मचर्य सेवन और वीर्य-रक्षण से जीवन का बढ़ाना], (च) और (रूपम्) रूप [शरीरपुष्टि से सुन्दरता], (च) और (नाम) नाम [सत्कर्मों से प्रसिद्धि], (च) और (कीर्तिः) कीर्ति [श्रेष्ठ गुणों के ग्रहण के लिये ईश्वर के गुणों का कीर्तन और विद्या दान आदि सत्य आचरणों से प्रशंसा को स्थिर रखना], (च) और (प्राणः) प्राण वायु (च) और (अपानः) अपान वायु (च) और (चक्षुः) दृष्टि [प्रत्यक्ष, अनुमान और उपमान प्रमाण], (च) और (श्रोत्रम्) श्रवण [शब्द, ऐतिह्य, अर्थापत्ति, संभव और अभाव प्रमाण] ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(च) और (पयः) दूध, जल आदि, (च) और (रसः)

८—(ब्रह्म) सर्वोत्तमविद्यायुक्तं सद्गुणप्रचारकं ब्राह्मणोपलक्षणकं कुलम् (च) (क्षत्रम्) विद्याचातुर्यशौर्यवीरत्वयुक्तं क्षत्रियोपलक्षणकं कुलम् (च) (राष्ट्रम्) न्यायेन प्रजापालनम् (च) (विशः) प्रजागणाः (च) (त्विषिः) कान्तिः । शरीरनैरोग्यमात्मबलं च (च) (यशः) शौर्यादिप्रभूताख्यातिः (च) (वर्चः) ब्रह्मवर्चसम् । वेदस्याध्ययनं प्रचारणं च (च) (द्रविणम्) धनम् । सम्पत्तिरक्षणं वर्धनं च (च) ॥

९—(आयुः) ब्रह्मचर्यसेवनेन वीर्यरक्षणेन च जीवनवर्धनम् (च) (रूपम्) शरीरपुष्ट्या सौन्दर्यम् (च) (नाम) सत्कर्मानुष्ठानेन प्रसिद्धिः (च) (कीर्तिः) सद्गुणग्रहणार्थमीश्वरगुणानां कीर्तनं विद्यादानादिसत्याचरणेन स्वप्रशंसा स्थिरीकरणं च (च) (प्राणः) (च) (अपानः) (च) (चक्षुः) दर्शनम् । प्रत्यक्षानुमानोपमानप्रमाणजातम् (च) (श्रोत्रम्) श्रवणम् । शब्दैतिह्यार्थापत्तिसंभवाभावप्रमाणजातम् (च) ॥

१०—(पयः) दुग्धजलादिकम् (च) (रसः) घृतमधुसोमरसादिः-

रस [घृत, मधु, सोमरस आदि], (च) और (अन्नम्) अन्न [गेहूं, जौ, चावल आदि], (च) और (अन्नाद्यम्) खाने योग्य पदार्थ [दाल, शाक, फल आदि], (च) और (ऋतम्) वेदज्ञान, (च) और (सत्यम्) सत्य [हृदय, वाणी और शरीर से यथार्थ कर्म] (च) और (इष्टम्) यज्ञ [अग्निहोत्र, वेदाध्ययन, अतिथिसत्कार आदि], (च) और (पूर्तम्) पूर्णता [सर्वोपकारी कर्म, कूप, तड़ाग, आराम, वाटिका, आदि], (च) और (प्रजाः) प्रजायें [सन्तान आदि और राज्य जन] (च) और (पशवः) सब पशु [हाथी, घोड़े, गोयें आदि जीव] ॥ १० ॥

भाषार्थ—(तानि सर्वाणि) ये सब (ब्रह्मगवीम्) वेदवाणी को (आददानस्य) छीनने वाले, (ब्राह्मणम्) ब्राह्मण [ब्रह्मचारी] को (जिनतः) सताने वाले (क्षत्रियस्य) क्षत्रिय के (अप क्रामन्ति) चले जाते हैं ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो राजा के कुप्रबन्ध से वेदविद्या प्रचार से रुक जाती है, अविद्या के फैलने से वह राजा और उसका राज्य सब नष्ट भ्रष्ट हो जाता है ॥ ७-११ ॥

१—मन्त्र ११ का मिलान ऊपर मन्त्र ५, ६ से करो ॥

२—मन्त्र ७—१० महर्षि दयानन्दकृत, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका वेदोक्त धर्मविषय पृष्ठ १०२—३ में तथा संस्कारविधि गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात हैं॥

(च) (अन्नम्) कॄवॄजॄसिद्रु० । उ० ३ । १० । अन जीवने--नप्रत्ययः. नित् । जीवनसाधनम् । गोधूमयवव्रीह्यादिकम् (च) (अन्नाद्यम्) अन्न + अद भक्षणे—यत् । वाहिताग्न्यादिषु । पा० २ । २ । ३७ । इति रूपसिद्धिः । अत्तुं योग्यमद्यं च तदन्नं च सूपशाकफलादिकं भक्ष्यद्रव्यम् (च) (ऋतम्) वेदज्ञानम् (च) (सत्यम्) मानसिकवाचिककायिकयथार्थकर्म (च) (इष्टम्) अ० २ । १२ । ४ । अग्निहोत्रवेदाध्ययनाऽऽतिथ्यादि कर्म (च) (पूर्तम्) अ० २ । १२ । ४ । पॄ पालनपूरणयोः—क्त । सर्वोपकारि कर्म कूपतडागारामवाटिकादिकम् (च) (प्रजाः) सन्तानादयो राज्यजनाश्च (च) (पशवः) हस्तितुरगगवादयः (च) ॥

११—(तानि) पूर्वोक्तानि (सर्वाणि) समस्तानि (अप क्रामन्ति) अपगच्छन्ति । विनश्यन्ति । अन्यत् पूर्ववत्—म० ५ ॥

पर्यायः ३ ॥

१२—२७ ॥ १२ विराडार्षी गायत्री ; १३ आसुर्यनुष्टुप् ; १४, २६ साम्न्युष्णिक् ; १५ आर्षी गायत्री ; १६, १७, १९, २० प्राजापत्याऽनुष्टुप् ; १८ याजुषी जगती ; २१, २५ साम्न्यनुष्टुप् ; २२ भुरिक् साम्नी बृहती; २३ याजुषी त्रिष्टुप् ; २४ आसुरी गायत्री; २७ आच्युष्णिक् ॥

सैषा भीमा ब्रह्मगव्य१घविषा साक्षात् कृत्या कूल्बजमावृता१२

सा । एषा । भीमा । ब्रह्म-गवी । अघ-विषा । सु-अक्षात् । कृत्या । कूल्बजम् । आ-वृता ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(सा एषा) वह यही (ब्रह्मगवी) वेदवाणी [वेदनिन्दक को] (भीमा) डरावनी (अघविषा) महाघोर विषैली, (साक्षात्) साक्षात् [प्रत्यक्ष] (कृत्या) हिंसा रूप और (कूल्बजम्) भूमि पर दाह उपजाने वाली वस्तु रूप [हो जाती है, जब वह] (आवृता) रोक दी गयी हो ॥ १२ ॥

भावार्थ—शान्तिकारक वेदविद्या के रोक देने से अधर्म बढ़ने पर संसार में बड़े बड़े उपद्रव फैलते हैं ॥ १२ ॥

इस मन्त्र का मिलान मन्त्र ५३ से करो ॥

सर्वाण्यस्यां घोराणि सर्वे च मृत्यवः ॥ १३ ॥

सर्वाणि । अस्याम् । घोराणि । सर्वे । च । मृत्यवः ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(अस्याम्) इस [वेदवाणी] में [रोके जाने पर—मन्त्र

१२—(सा एषा) पूर्वोक्तैव (भीमा) भयंकरा (ब्रह्मगवी) म० ५। वेदवाणी (अघविषा) अघ पापकरणे—अच्+विष विप्रयोगे—क, टाप्। अतिशयेन विषमयी यथा (साक्षात्) प्रत्यक्षम् (कृत्या) अ० ४। ६। ५। कृञ् हिंसायाम्—क्यप्+तुक्, टाप्। हिंसाक्रिया (कूल्बजम्) कु+उल्ब+जम्। उल्बादयश्च। उ० ४। ९५। कु+उल दाहे-वन्+अन्येष्वपि दृश्यते। पा० ३। २। १०१। जन जनने-ड। कौ भूमौ दाहजनकं वस्तु यथा (आवृता) आच्छादिता। निरुद्धा ॥

१३—(सर्वाणि) समस्तानि (अस्याम्) वेदवाण्याम् (घोराणि) महा-

१२] [वेद निरोधक को] (सर्वाणि) सब (घोराणि) घोर [महाभयानक] कर्म (च) और (सर्वे) सब प्रकार के (मृत्यवः) मृत्यु होते हैं ॥ १३ ॥

सर्वाण्यस्यां क्रूराणि सर्वे पुरुषवधाः ॥ १४ ॥

सर्वाणि । अस्याम् । क्रूराणि । सर्वे । पुरुष-वधाः ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(अस्याम्) इस [वेदवाणी] में [रोकने वाले को] (सर्वाणि) सब (क्रूराणि) क्रूर [निठुर] कर्म और (सर्वे) सब प्रकार के (पुरुषवधाः) मनुष्य वध होते हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ—धर्मनिरूपक वेदवाणी में रोक डालने से संसार में घोर पाप छा जाता है, और सब प्राणी महाकष्ट पाते हैं ॥ १३, १४ ॥

सा ब्रह्मज्यं देवपीयुं ब्रह्मगव्यादीयमाना मृत्योः पड्वीश आ द्यति ॥ १५ ॥

सा । ब्रह्म-ज्यम् । देव-पीयुम् । ब्रह्म-गवी । आ-दीयमाना । मृत्योः । पड्वीशे । आ । द्यति ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(सा) वह (आदीयमाना) छीनी जाती हुयी (ब्रह्मगवी) वेदवाणी (ब्रह्मज्यम्) ब्रह्मचारियों के हानिकारक, (देवपीयुम्) विद्वानों के सताने वाले पुरुष को (मृत्योः) मृत्यु की (पड्वीशे) बेड़ी में (आ द्यति) बांध देती है ॥ १५ ॥

भयानककर्माणि (सर्वे) (च) (मृत्यवः) मरणहेतवः ॥

१४—(सर्वाणि) (अस्याम्) (क्रूराणि) निर्दयकर्माणि (पुरुषवधाः) पुरुषाणां हत्याव्यापाराः ॥

१५—(सा) पूर्वोक्ता (ब्रह्मज्यम्) अ० ५ । १८ । ७ । कविधौ सर्वत्र प्रसारणिभ्यो डः । वा० पा० ३ । २ । ३ । ब्रह्म+ज्या वयोहानौ—ड । ब्रह्मचारिणां हानिकरम् (देवपीयुम्) अ० ४ । ३५ । ७ । विदुषां हिंसकम् (ब्रह्मगवी) म० ५ । वेदवाणी (आदीयमाना) अपह्रियमाणा (मृत्योः) मरणस्य (पड्वीशे) अ० ६ । ९६ । २ । पश बन्धने-अटि, डित्+विश प्रवेशने-क, दीर्घश्च । पाशप्रवेशे । शृङ्खलायाम् (आद्यति) आङ्पूर्वो दो बन्धने । बध्नाति ॥

भावार्थ—आप्त वैदिक विद्वानों को रोकने वाला पुरुष मूर्खता के कारण महा विपत्तियों में पड़ता है ॥ १५ ॥

मे॒निः श॒तव॑धा॒ हि सा ब्र॑ह्म॒ज्यस्य॒ क्षिति॒र्हि सा ॥ १६ ॥

मे॒निः । श॒त-व॑धा । हि । सा । ब्र॒ह्म॒-ज्यस्य॑ । क्षिति॑ः । हि । सा ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(सा) वह [वेदवाणी] (हि) निश्चय करके (ब्रह्मज्यस्य) ब्रह्मचारियों के हानिकारक की (शतवधा) शतघ्नी [सैकड़ों को मारने वाली] (मेनिः) वज्र, (सा हि) वह ही [उसकी] (क्षितिः) नाश शक्ति है ॥ १६ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य वेदप्रचारकों को हानि पहुंचाता है, वह संसार की हानि कर के आप भी अनेक विपत्तियों में पड़ता है ॥ १६ ॥

तस्मा॒द् वै ब्रा॑ह्म॒णानां॒ गौर्दु॑रा॒धर्षा॑ विजान॒ता ॥ १७ ॥

तस्मा॑त् । वै । ब्रा॒ह्म॒णाना॑म् । गौः । दुः-आ॒धर्षा॑ । वि॒-जा॒न॒ता १७

भाषार्थ—(तस्मात्) इस लिये (वै) ही (ब्राह्मणानाम्) ब्रह्मचारियों की [हित कारिणी] (गौः) वेदवाणी (विजानता) विरुद्ध जानने वाले करके (दुराधर्षा) कभी न जीतने योग्य है ॥ १७ ॥

भावार्थ—जितेन्द्रिय पुरुष ही वेदवाणी से आनन्द पाते हैं और दुरात्मा अत्याचारी उसे कभी नहीं प्राप्त कर सकते ॥ १७ ॥

वज्रो॒ धाव॑न्ती वैश्वान॒र उद्वी॑ता ॥ १८ ॥

वज्रः॑ । धाव॑न्ती । वै॒श्वा॒न॒रः । उत्-वी॑ता ॥ १८ ॥

१६—(मेनिः) अ० २ । ११ । १ । डु मिञ् प्रक्षेपणे-नि । वज्रः-निघ० २ । २० (शतवधा) शतघ्नी । बहुहन्त्री (हि) निश्चयेन (सा) वेदवाणी (ब्रह्मज्यस्य) म० १५ । ब्रह्मचारिणां हानिकारकस्य (क्षितिः) नाशशक्तिः ॥

१७—(तस्मात्) कारणात् (वै) निश्चयेन (ब्राह्मणानाम्) ब्रह्मचारिणां हितकरी (गौः) वेदवाणी (दुराधर्षा) सर्वथा दुर्जेया (विजानता) विरुद्धं विदुषा पुरुषेण ॥

भाषार्थ—(धावन्ती) दौड़ती हुयी वह [वेदवाणी] [दुष्ट के लिये] (वज्रः) वज्र रूप, और (उद्वीता) ऊंची हुयी वह [सज्जन के लिये] (वैश्वानरः) सर्वनायक पुरुष [के समान हितकारी] है ॥ १८ ॥

भावार्थ—वेदवाणी की प्रवृत्ति से संसार में पापियों का नाश और धर्मात्माओं को आनन्द का प्रकाश होता है ॥ १८ ॥

हे॒तिः श॒फानु॑त्खि॒दन्ती॑ महादे॒वो३॒ऽपेक्ष॑माणा ॥ १९ ॥

हे॒तिः। श॒फान्। उ॒त्ऽखि॒दन्ती॑। म॒हा॒ऽदे॒वः। अ॒प॒ऽईक्ष॑माणा १९

भाषार्थ—वह [वेदवाणी] [पापी के] (शफान्) शान्ति व्यवहारों को (उत्खिदन्ती) नाश करती हुयी (हेतिः) वज्ररूप है, और (अपेक्षमाणा) सब ओर दृष्टि फैलाती हुयी वह (महादेवः) बड़े विजय चाहने वाले [शूर पुरुष के समान] है ॥ १९ ॥

भावार्थ—वेदवाणी की प्रवृत्ति में विघ्नकारी पुरुष मूर्खता के कारण सर्वथा नष्ट हो जाता है ॥ १९ ॥

